Today there is urgent need to redefine the concept of national security. The state centric view of security should be replaced by the individual centric view of security. It is the human life that matters. Human security is today an important aspect of national security. This concept is closely connected with the idea of human rights and sustainable development and encompasses all those aspects which are connected with secure life of an individual. It highlights the fundamental causes of insecurity, including disparity, inadequate administration, and absence of availability of vital amenities. It becomes the duty of the government to address these issues. Once the issue of human security is addressed world would become a better place to live.

**References:-**

1. Prabhakaran Paleri (2008), National Security: Imperatives and Challenges, Tata McGraw, p-9
2. Prabhakaran Paleri (2008), National Security: Imperatives and Challenges, Tata McGraw, p-9
3. Barry Buzan (1991), New Patterns of Global Security in the Twenty- First Century, International Affairs institute, Vol 67. No 3, London
4. Mely Caballero-Anthony, Amitav Acharya(ed) (2006), Non Traditional Security in Asia: Dilemmas in Securitisation, p-1
5. Felix Dodds and Tim Pippard (2005), Human and Environmental security: An Agenda for Change, Earthscape, p-104
6. Rumki Basu (2012), International Politics: Theories and Concepts, Sage Publications, p-356
7. The Hindu, December 04, 2021
8. https://docs.un.org/en/A/RES/66/290

✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LI (51), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# महिलाये एवं अपराध : एक सामाजिक अध्ययन

**डॉ. पूजा तिवारी***

* सह प्राध्यापक एवम विभागाध्यक्ष (समाजशास्त्र) शासकीय महाविद्यालय, बिछुआ, जिला छिन्दवाड़ा (म.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** अपराध एक ऐसा कार्य जो कानून द्वारा दंडनीय है वर्जित है निशिद्ध हैं, एक ऐसा कार्य जो कानून का उलन्घ्न करता है और जिसके लिए व्यक्ति को सजा मिल सकती हैं यह अपराध किसी भी प्रकार का हो सकता हैं साधारण या गंभीर कुछ भी ऐसा कृत्य जिसको करने की इजाजत न समाज देता हैं, न ही कानून, अपराध कोई भी कर सकता हैं पुरूष, महिलाये, बच्चे, किन्नर आदि, अपराध एक सार्वभौमिक क्रिया हैं अर्थात अपराध प्रत्येक देश, प्रत्येक परिस्थिति, काल हर समय हो सकता हैं।

**शब्द कुंजी –**अपराध, समाज महिलाएं, परिस्थितिया, कुप्रथाएं।

**प्रस्तावना –** समाज सामाजिक सम्बन्धों का जाल हैं साथ ही समाज में दो प्रकार की क्रियाएं पाई जाती हैं सहयोगात्मक और असहयोगात्मक अर्थात संगठनकारी और विघटनकारी जब समाज में विघटनकारी क्रियाये बढ़ जाती हैं तब अपराधिक गतिविधियों में भी बढ़ोतरी होने लगती हैं यही विघटन मनुष्य को अनितिकता, असंतोष, स्वार्थ और अपराध की तरफ ले जाता हैं।

**अपराध क्या हैं–** वह व्यवहार जो की कानून एवम सामाजिक विधानों का उलघ्न करके किया जाता हैं। जिस कार्य की इजाजत समाज और कानून नही देता है अगर कोई व्यक्ति वही कार्य जानबूझ कर कर दे तो वह कार्य अपराध है और वह व्यक्ति अपराधी है चाहे वो पुरूष हो या स्त्री या अन्य कोई हो।

**अध्ययन के उद्देश्य–** इस शोध पत्र का मुख्य उद्देश्य महिलाये और अपराध एक सामाजिक अध्ययन की व्याख्या या समीक्षा करना हैं वर्तमान में महिला अपराधियों की संख्या बढती जा रही हैं, महिलाये अपराध क्यों करतीं हैं, इसका सामाजिक पक्ष क्या हैं महिलायें किन हालातो में अपराध करती हैं, क्या कारण होतें हैं, क्या महिलाएं अकेले ही अपराध को अंजाम दे देती हैं, इन सबका परिवार और बच्चों पर क्या असर पड़ता हैं।

**महिला अपराध–** अपराध एक प्रकार का समाज विरोधी कृत्य हैं, जिस कार्य को राज्य ने सामूहिक कल्याण के लियें हानिकारक घोषित किया हो और जिसके लिए दंड देने के लिए राज्य के पास शक्ति होती हैं।

प्राचीन काल से ही महिलाओं को नर्म, नाजुक और मर्यादाशील, ममत्वशील, उदार, परोपकारी और शांत चित माना गया हैं पूर्व में महिलाओं की भूमिका मात्र घर की चारदीवारी के अंदर तक सीमित थी परिवार की देखभाल, बच्चों का पालन पोषण करना ही मुख्य कर्तव्य था पुरूष कमाने जाते थे और महिलाएं घर गृहस्थी सुचारू रूप से चलाती थी समाज में समय के साथ आये परिवर्तन के फलस्वरूप महिलाएं भी पढ़ लिख कर नौकरी करने लग गयी जब महिलाएं घर से बाहर जाने लगी तो उनके विचारों में भी परिवर्तन आने लगा उनका सोच का दायरा बढ़ने लगा अपने केरियर बनाने को प्राथमिकता देने के कारण विलम्ब विवाह होने लगे दहेज प्रथा जैसे कुप्रथाएं और अधिक बढ़ने लगी साथ ही मोबाइल फोन, सोशल मिडिया, फिल्म आदि के असर ने महिलाओं को स्वतंत्र बना दिया जिनमे से कुछ महिलाओं ने उस आजादी को स्वछंदता में बदल दिया और नारी सशक्तिकरण के नाम पर मनमाना जीवन जीने लगी और यही से वो अपराध की ओर बढ़ने लगी।

वर्तमान में देश में एक के बाद एक ऐसे जघन्य अपराध घटित हुए जिनके पीछे महिला अपराधी ही हैं उन अपराधों का रूप देख कर यकीन नही होता हैं की महिलाये भी इतनी क्रूर और बर्बर हो सकती हैं। किसी महिला ने अपने प्रेमी के चक्कर में पति को ड्रम में सीमेंट में चुनवा दिया तो किसी ने शादी के मात्र ग्यारह दिन बाद ही अपने पति को हनीमून के समय हत्या करवा दी, किसी ने अपने पति को काफी में जहर दे दिया तो किसी ने सांप से डसवा दिया, एक महिला तो अपने पति की लाश बोरे में ले कर अपने प्रेमी की बाइक से लाश को ठिकाने लगाने के लिए घंटों खुलेआम घुमती रही।

**महिलाये अपराधी क्यों बन रही हैं–** सामान्य तौर पर महिलाएं शांत प्रवृति की होती हैं और महिलाओं में अपराधिक प्रवृति की दर बेहद कम पाई जाती हैं किन्तु वर्तमान में समाज के भौतिक विकास के साथ नैतिकता में कमी आती जा रही हैं आज प्रतिस्पर्धा, संघर्ष, जलन की भावना, स्वार्थीपन दूसरों से आगे निकलने की होड़ आदि का व्यापक असर महिलाओं पर भी पड़ा हैं महिलाओं के अपराधी बनने के लिए विभिन्न हालत जिम्मेदार हैं जिनमे सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक, भौगोलिक एवम अन्य कारण शामिल हैं। कोई भी व्यक्ति जन्मजात अपराधी नही होता हैं उसके आस –पास की विषम परिस्थितियां उसे अपराधी बनने हेतु मजबूर कर देती हैं महिलाएं भी कानून अपने हाथ में लेकर अपराधी तभी बनती हैं जब उनके समक्ष अन्य कोई रास्ता नही बचता हैं उदहारण के लिए स्वर्गीय फूलन देवी दस्यु सुंदरी क्यों बनी यह सभी को मालूम हैं किन्तु वर्तमान में अपवाद भी दिखाई दे रहे हैं जिसमे महिलाओं ने बेकसूर पति या अन्य पुरुषों की हत्या तक कर दी हैं और महिला अपराधियों की संख्या दिनों दिन बढती ही जा रही हैं।

महिलाओं द्वारा किये जाने वाले अपराधों में ग्रामीण क्षेत्र से लेकर नगर, महानगर सभी शामिल हैं अर्थात ग्रामीण हो या नगरीय समस्त महिलाये अपराध करने में अग्रसर होती जा रही हैं अभी हाल ही में जबलपुर में एक युवती ने अपने बचपन की सहेली पर सिर्फ इसलिए एसिड अटैक कर दिया क्योकि पीड़ित लड़की इससे ज्यादा सुंदर और एक्टिव थी ये अपराध जलन की भावना से किया गया, देश की मुस्कान हो या सोनम या अन्य कोई अपराध करने से पीछे नही हैं किसी ने अपने प्रेमी के कारण पति की हत्या करके ड्रम में डाल दिया और बेहद आसानी से प्रेमी के साथ पर्यटन पर चली गयी तो किसी ने हनीमून के बहाने अपने बेकसूर पति की हत्या करवा कर खाई में धकेल दिया और आसानी से वापिस अपने शहर लौट आई ये सभी जघन्य अपराध की श्रेणी में आते है और ये दशति हैं की वर्तमान में महिलाओं की सोच, जीवन जीने का तरीका उनकी मानसिकता आदि सब कुछ कितना बदल गया हैं महिलाएं इतनी ज्यादा क्रूर हो सकती है और अपने उन्मुक्त जीवन के लिए कुछ भी कर सकती हैं, किसी भी हद तक जा सकती हैं।

**महिला अपराध के मुख्य कारण–**

1. **सामाजिक एवम मनोवैज्ञानिक कारण–** भारत में परिवार और विवाह के साथ कई प्रकार की रूढ़ियाँ, परम्परा, जातिगत भेदभाव, धर्म, उंच –नीच की भावना, असमान सामाजिक स्तरीकरण आदि जुड़ा हैं जिसके कारण लड़के और लड़की का पालन पोषण भी अलग अलग तरह से किया जाता हैं लगभग समस्त परिवारों में लिंग भेद दिखाई देता हैं लडको के लिए अलग नियम लड़कियों के लिए अलग और कड़े नियम होते हैं विशेष रूप से विवाह के समय लड़कियों की मर्जी पूछी ही नही जाती हैं अधिकांश परिवारों में माता पिता अपनी पसंद से बेटी के लिए वर का चयन कर लेते हैं बगैर इस बात पर गौर किये हुए की वो लड़का बेटी के लायक है की नही परिवार के सामने लड़की कुछ नही कहती और मजबूरन परिवार की पसंद से शादी कर लेती हैं जिसका अंजाम बुरा ही होता हैं भारतीय परिवार में महिला वर्ग के ऊपर सामाजिक मान मर्यादा, नातेदारी, नैतिकता की ज्यादा जिम्मेदारी होती हैं यह बात सर्विदित हैं की बचपन और किशोर अवस्था में माता पिता की बुध्दि और समझदारी के आधार पर ही बच्चों के व्यवहार की दिशा तय होती हैं प्यार दुलार की आकांशा पूरी न होने से कई बालिकाएं विद्रोही हो जाती हैं यदि माता पिता पुत्री की उपेक्षा और पुत्र को ज्यादा लाड प्यार देते हैं तब बालिकाओं के मान पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ता हैं और वो गलत संगत में पड़ जाती हैं और उनको दुसरे लोग बहला फुसला कर अपराध की तरफ धकेल देतें हैं।

2. **समाजीकरण में अंतर –**भारतीय परिवार में लड़के –लड़कियों का पालन –पोषण और शिक्षा बचपन से ही अलग अलग तरीके से की जाती हैं किशोर अवस्था तक उनके कार्यों, भूमिकाओं, मनोव्रतियों और विचार में स्पष्ट अंतर हो जाता हैं लड़कों को गुस्सा करने, गाली देने, मनमाना व्यवहार करने से माता –पिता रोकते नही हैं जबकि लड़कियों को अनेक प्रकार की बंदिश लगा कर पाला जाता हैं उनको हर बात में रोका टोका जाता हैं इस कारण से भी लड़कियां विद्रोही हो जाती हैं और जाने अनजाने में अपराध कर बैठती हैं।

3. **अहम की असंतुष्टि–** जब महिलाओं की कोई प्रशंसा नही करता हैं और कोई उनसे प्रभावित नही होता हैं तब उनके अहम को चोट लग जाती हैं रास के अनुसार यह हानि की या पतन की स्थिति होती हैं ऐसे समय लडकिया न चाहते हुयें भी अपराध के चक्कर में फंस जाती हैं।

4 **वंशानुगत कारण–** यदि महिला किसी ऐसे परिवार से हैं जिसमे उसके माँ बाप भी अपराधी प्रवृति के हैं या कई ऐसे जाती और जनजातीय होती हैं जंहा पर अपराध ही उनका पेशा होता हैं जैसे बेडिया, बांछ्डा, कंजर, पारधी आदि जिनमे अपराधिक प्रवृति पाई जाती हैं ऐसे घरों की महिलाएं भी अपराध करने में अग्रसर रहती हैं

ऐसे वातावरण में पली बढ़ी बेटियाँ भी मानसिक अस्थिरता, संशय मंद्बुध्ही आदि से ओतप्रोत हो जाती हैं।

5. **परिस्थितिज्न्य कारण :**

**अ . गरीबी–** अपराध का सबसे मुख्य कारण निर्धनता को माना जा सकता हैं गरीबी या पैसों की कमी, भूख आदि किसी से भी अपराध करवा सकतें हैं किसी भी समाज का सबसे पुराना पेशा वेश्यावृति को माना गया हैं इसमें भी महिलाये गरीबी के कारण, भूख से बिलखते बच्चों के कारण आती हैं जब कोई अन्य रास्ता नही बचता हैं।

**ब . गन्दी बस्तियो में आवास –** एशिया की सबसे बड़ी गन्दी बस्ती धारावी मुंबई में हैं जिसको देख कर दिल कांप उठता हैं और मन ये मानने को तैयार ही नही होता हैं की इस तरह से भी कोई इंसान जीवन यापन कर सकता हैं ऐसे गन्दी बस्ती में ही अपराध सबसे ज्यादा होतें हैं गन्दी बस्ती की तंग गलिय, एक कमरे में कई लोग रहते हैं बच्चे दूषित वातावरण में अपना बचपन खो देतें हैं और अपराध की ओर अग्रसर हो जातें हैं।

**स . काम–काजी माता–पिता–** वर्तमान में सयुक्त परिवार कम होते जा रहे हैं और एकल परिवार में माता –पिता दोनों ही कमाने जाते हैं और बच्चों के लियें उनके पास समय ही नही होता हैं जिसके कारण बच्चें गलत संगत मे पड़ जातें हैं और अपराधिक और हिंसक प्रवृति के हो जातें हैं।

**द. भग्न परिवार –** जब किसी परिवार में पति पत्नी का विवाह विच्छेद हो जाता हैं या उनके बीच में रोजाना कलेश होता रहता हैं तब ऐसे घरों के बच्चों पर बुरा प्रभाव पड़ता हैं और खास तौर पर लडकिया भी बुरी संगत में पड़ जाती हैं और अपराध के कुचक्र में फंस जाती हैं।

**इ. दूषित वातावरण–** जब किसी परिवार में दूषित सामाजिक वातावरण पाया जाता हैं अर्थात जहाँ पर पिता हमेशा गली देते हैं, मारपीट करतें हैं या माता अन्य किसी से सबंध रखती हैं या मदिरा का सेवन किया जाता हैं कुछ बाहरी अवांछित व्यक्तियों का आना जाना रहता हैं ऐसे वातावरण में बच्चे बिगड़ जातें हैं।

6. **आर्थिक कारण–** महिलाओं और बच्चों को जब घर के जिम्मेदार व्यक्ति द्वारा उचित खर्च हेतु भी रुपया नही दिया जाता हैं या पॉकेटमनी नही दी जाती हैं तब आर्थिक तंगी के चलते महिलाएं गलत तरीके से कमाई करने पर विवश हो जाती हैं।

7. **नगरीकरण और औद्योगीकरण–** महिला अपराधियों की संख्या बढ़ने के पीछे नगरीकरण और औद्योगीकरण भी मुख्य कारण हैं ग्रामीण क्षेत्र से लोग नगरों में आकर रहने लगते हैं और उनकी जीवन शैली बदल जाती हैं इसी प्रकार से उद्योग और बड़े कारखानों के आसपास भी जनाधिक्य हो जाता हैं जहाँ पर अलग अलग स्थानों से लोग आकर कार्य करतें हैं इसके साथ ही नगरों की चकाचौंध और कम समय में बिना मेहनत के अधिक कमाई और सब कुछ प्राप्त करने की इच्छा भी महिलाओं को अपराध की ओर ले जाती हैं।

8. **सोशल मिडिया और जनसंचार के साधन–** आजकल महिलाएं सबसे

अधिक सोशल मीडिया में सक्रिय रहती हैं फेसबुक, इन्स्टाग्राम आदि प्लेटफार्म पर अनजान व्यक्तियों से दोस्ती करना, स्वयं की रील बनाकर अपलोड करना, लाइक पाने की होड़ आदि करना इस तरह से महिलाएं भी अपराध की ओर बढ़ने लगती हैं। समाचार पत्रों में भी अपराध आदि के विस्तृत समाचार प्रकाशित किये जातें हैं जिसको पढ़ कर भी महिलाएं प्रभावित हो जाती हैं।विभिन्न चेनल पर कई प्रकार के अपराध सम्बन्धी धारावहिक या शो प्रसारित होतें हैं जिनसे महिलाएं अपराध की विधियाँ सीख जाती हैं।

**9. अन्य कारण–** अन्य कारणों में महिलाओं का अधिक शिक्षित होना, नारी स्वतंत्रता और सशक्तिकरण विलम्ब विवाह, बेमेल विवाह, विधवा विवाह निषेध होना, बाल विवाह, अन्तेर्जतीय प्रेम विवाह, पुरुषों की तरह जीवन शैली और पहनावा, मधपान करना, स्वछन्द प्रवृति से जीवन यापन करना, ग्लैमर के पीछे भागना, अकेले रहना समलैंगिकता आदि शामिल किये जा सकतें हैं।

महिलाओं के अपराधी व्यवहार को रोकने हेतु मुख्य उपाय:

**1. समान समाजीकरण–** परिवार का दायित्व बनता हैं की वो बीटा, बेटी को समान रूप से संस्कार दे उनके पालन पोषण में भेदभाव न रखें, बेटियों की भी बात सुने उनको भी निर्णय का अधिकार दे।

**2. न्यायिक उदारता–** महिलाओं के प्रति समाज भी उदारता की नीति अपनाता हैं इसलियें महिला अपरधियों के व्यवहार को नियंत्रित करने हेतु न्यायिक उदारता की नीति अपनाना चाहिए।

**3. परवीक्षा पर छोड़ना–** महिला अपराधियों को अधिक बार परोल या परवीक्षा अवधि में छोड़ना चाहिए ताकि वो अपने परिवार और नातेदारों के साथ रह सकें।

**4. सुधारात्मक संस्थाओं में रखना–** अपराधी महिलाओं को जेल से अधिक किसी सुधारात्मक संस्थाओं में रख देना चाहियें ताकि वो नैतिकता, सद्भाव आदि पुन: सीख सकें।

**5. जेलों को अधिक सुविधायुक्त और सुरक्षित बनाना–** महिला जेल की संख्या को बढ़ाना होगा और वर्तमान जेलों में महिलाओं की जरूरत को ध्यान में रख कर अधिक सुविधा देना होगा साथ ही जेल में महिला कर्मचारियों की ज्यादा भर्ती करना होगा ताकि महिला अपराधी खुद को सुरक्षित महसूस करें कई बार देखा गया हैं की पुरूष कर्मचारी महिला अपराधियों का शोषण करतें हैं और उनका जम कर फायदा उठातें हैं।

**6. पुनर्वास की व्यवस्था–** महिला अपराधी जब अपनी सजा काट कर जेल से मुक्त हो तब शासन की जिम्मेदारी हैं की उस महिला का पुनर्वास किया जाये उसे कोई काम या रोजगार दिया जाये ताकि वो समाज में रह सके अन्यथा काम के अभाव में वो महिला फिर से शोषण का शिकार हो सकती हैं और अपराध की ओर जा सकती हैं।

अंत में निष्कर्ष निकला जा सकता हैं की वर्तमान में महिला अपराधियों की संख्या दिनोदिन बढती ही जा रही हैं हर देश में महिलाओं द्वारा जाने अनजाने में अपराध कर दिए जाते हैं जो अधिकांश रूप से परिस्थितिजन्य होते हैं और हर अपराध में पुरूष भी शामिल रहतें हैं विभिन्न अपराधशास्त्रियों ने अपने अध्ययन के बाद ये निष्कर्ष निकाला हैं कि महिला अपराधियों की संख्या पुरुषों से कम होती हैं अर्थात महिलाएं कम और साधारण अपराध करती हैं किन्तु महिला अपराधियों की संख्या को और कम करने हेतु समाज, सरकार, गैर सरकारी संगठन, परिवार सभी को मिल कर प्रयास करना होगा और महिलाओं को भी एक स्वतंत्र इकाई मान कर लिंग भेद न करके उनके महत्व को भी समझना होगा और महिला अपराधियों को सुधारने के लिए सुधारात्मक संस्थाओं और मनोवैज्ञानिकों की मदद लेना ही श्रेयस्कर होगा।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. बघेल, डॉ. डी .एस .–अपराधशास्त्र, विवेक प्रकाशन, दिल्ली।
2. मदन, जी.आर.– भारतीय सामाजिक समस्याएँ, विवेक प्रकाशन, दिल्ली।
3. खत्री, रीया, अपराधशास्त्र, कैलाश पुस्तक सदन, भोपाल।
4. आहूजा, राम, सामाजिक समस्याए, रावत पब्लिकेशन्स, जयपुर।

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LI (51), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# प्राचीन भारत में वर्ण और आश्रम व्यवस्था का प्रभाव: एक ऐतिहासिक अध्ययन

**डॉ. जे.के. संत***

* सहायक प्राध्यापक (राजनीति विज्ञान) शासकीय तुलसी महाविद्यालय, अनूपपुर (म.प्र.) भारत

**प्रस्तावना –** प्राचीन भारतीय समाज का मुख्य आधार गुणानरूप कर्म है क्योंकि जो जैसा कर्म करेगा, जैसा व्यवहार करेगा, जैसा आचरण करेगा उसको वैसा ही समाज के दायित्वों को सौपा जायेगा जिससे वो अपना कर्म का निष्पादन अच्छी तरह से कर सके। यही कारण है कि प्राचीन भारत में प्रतिपादित भारतीय समाज रचना वर्ण व्यवस्था एवं आश्रम संस्था पर आधारित है, वर्ण व्यवस्था सत, रज एवं तम त्रिगुणात्मक सृष्टि तत्व पर अवलम्बित है।[1] इन तीनों गुणों में जो गुण मनुष्य में सर्वाधिक पाया जाता है वह उसी पर प्रवृत्त हो जाता है।[2] सत्वगुण ज्ञान, बुद्धि, विवेक का , तमो गुण अज्ञान का और रजो गुण राग व द्वेष का प्रतीक है, ये गुण प्रणियों के शरीर में समाहित होते है।[3] इन तीनों गुणों में से किसी एक गुण का आधिक्य हो जाने पर मनुष्य उसी गुण के आधार पर स्वाभाविक कर्म में रत हो जाता है। और इन्ही अच्छे- बुरे कर्मो के आधार पर विभिन्न योनियों में पुनर्जन्म लेता रहता है।[4] इस प्रकार किसी भी वर्ण में जन्म लेना पूर्व जन्म के कर्मो और गुणों के आधार पर होता है। इस प्रकार भारतीय समाज रचना का वास्तविक तत्व स्व-कर्तव्य ही है। शास्त्रों में इसे स्वधर्म की संज्ञा प्रदान की गई है।[5] इसीलिये गुणानुरूप स्वाभाविक कर्म के आधार पर ब्राम्हण, क्षत्रिय, वैश्य एवं शुद्र चार वर्णों की रचना की गई है। सत्य गुण की प्रधानता ब्राम्हण में रजो गुण की अधिकता क्षत्रिय में एवं अल्पाधिक तमोगुण का प्रावल्य वैश्य तथा शूद्र में माना गया है। गुणकर्मानुसार वर्ण व्यवस्था का उल्लेख महाभारत एवं गीता में भी मिलता है।[6]

1. **समाज रचना तथा राज्यव्यवस्था का घनिष्ट सम्बन्ध –** तीनों गुणों सत, रज एवं तम पर आधारित वर्ण व्यवस्था समाज रचना की रीढ है। और राज्यव्यवस्था से इसका घनिष्ट सम्बन्ध है। यही कारण है कि प्राचीन भारत में जहाँ समाज रचना का निरूपण किया गया है वही पर इसे कायम रखने के लिये राज्यव्यवस्था पर भी प्रकाश डाला गया है। इस संबंध में मनु की कथन है कि अपने-अपने धर्म में संलग्न सब वर्णो और आश्रमों की रक्षा करने वाले राजा का सृजन ब्रम्हा ने किया है।[7] राजा का परम कर्तव्य है कि वह सभी वर्णों को अपने-अपने धर्म में स्थित करें तथा जो इसके विरूद्ध आचरण करे उसे दण्ड देकर निजकर्म में लगावें।[8] इस प्रकार स्पष्ट है कि राज्यव्यवस्था के अभाव में हम समाज- रचनाके अस्तित्व की कल्पना भी नही कर सकते। अत: सामाजिक व्यवस्था को राज्यव्यवस्था पर अवलम्बित कर दिया गया हैं।

2. **वर्ण व्यवस्था की आवश्यकता क्यों हुई –** इस संदर्भ में मनु ने प्रकाश डालते हुये कहा है कि लोक बुद्धि के लिये ब्रम्हा ने मुख से ब्राम्हण, बाहु से क्षत्रिय, उरू से वैश्य और पैर से शूद्र की सृष्टि की।[9] उल्लेखनीय है कि वर्णव्यवस्था के उद्भम का यह स्वरूप सर्वप्रथम ऋग्वेद के पुरूष सूक्त मंत्र में उपलब्ध होता है। युजुर्वेद में भी यह कल्पना व मंत्र ज्यों का त्यों पाया जाता है।[10] इस प्रकार मनु स्मृति में ब्राम्हण, क्षत्रीय, वैश्य और शूद्र के रूप में जिन चार वर्णों की कल्पना की गयी है ये चारों वर्ण अपनी प्रकृति जन्य भिन्न-भिन्न कर्मो का सम्पादन करते है। इन वर्णो के नामकरण का आधार इनका कर्म है। मनुस्मृति में स्पष्ट कहा गया है कि महातेजस्वी ब्रम्हा ने इस सम्पूर्ण सृष्टि की रक्षा के लिये ब्राम्हण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र के रूप में अलग-अलग कर्मों की सृष्टि की। इस प्रकार वर्णव्यवस्था में गुणानुरूप कर्म की ही प्रधानता दृष्टिगट होती है। उल्लेखनीय है कि जिस प्रकार मुख से ब्राम्हण, बाहु से क्षत्रिय, उरू से वैश्य और पैर से शूद्र की सृष्टि की। ब्राम्हण का कार्य पठन-पाठन, अध्ययन-अध्यापन, क्षत्रिय का कार्य राजा या स्वामी के रूप में देश की रक्षा करना, अस्त्र-शस्त्र एवं हथियारों का प्रयोग करना साथ ही साथ रथ, हाथी, घोड़ा एवं पैदल सैनिकों का भी नेतृत्व करना, राज्य में सुख-शान्ति कायम रखना, वैश्य का कार्य व्यवसाय एवं कृषि कार्य एवं शूद्र का कार्य सेवा करना। वर्णव्यवस्था में श्रेष्ठ एवं निम्न का होना मायना नही रखता जब तक सभी वर्णों के व्यक्ति एक दूसरे का सहयोग नही करेगें तब तक राष्ट्र, समाज की समस्याओं का समाधान नही किया जा सकता। जिस प्रकार खाना खाने के लिये सभी उगलियों की आवश्कता होती है चाहे वो छोटा हो या बड़ा जब तक एक होकर कार्य नही करेगें तो भोजन भी नही किया जा सकता । इसी तरह शरीर के समस्त अंग अपने-अपने जगह पर महत्वपूर्ण है। पैर से शूद्र का उत्पत्ति माना जाता है इसका मतलब ये नही है कि पैर का महत्व कुछ भी नही है, जब अपने से बड़े लोगों जैसे माता-पिता गुरूजनों आदि का आदर सम्मान किया जाता है तब सबसे पहले मस्तक झुकाते हुये चरण स्पर्श करते है, तब उस समय पैर अपने जगह पर श्रेष्ठ है। समयानुसार शरीर के समस्त अंग अतिमहत्वपूर्ण हैं। इसी प्रकार समाज में समयानुसार सभी वर्णों का अपने-अपने जगहों में अतिमहत्वपूर्ण स्थान है। उदाहरण स्वरूप जब एक ब्राम्हण परिवार में वैवाहिक या अन्य सांस्कारिक कार्यक्रम होता है तब घर की साफ-सफाई, नगाडे, बैण्ड बाजे एवं शहनाईयाँ बजाने का काम शूद्र ही करता है तब जाके वैवाहिक या अन्य सांस्कारिक कार्यक्रम सम्पन्न होता है। इसी तरह जब शूद्र के यहाँ वैवाहिक या अन्य सांस्कारिक कार्यक्रम होता है, तब पूजा-पाठ या अन्य धार्मिक कार्य संपन्न

कराने ब्राम्हण भी शूद्र के यहाँ जाता है। इस तरह सभी वर्ण एक दूसरे पर आधारित हैं। एतदर्थ मनु की उक्ति है कि जन्म से तो सभी शूद्र ही पैदा होते है किन्तु संस्कार होने से उनकी द्विजातीय संज्ञा होती है।[11] इस प्रकार मनुस्मृति में ब्राम्हण, क्षत्रिय, वैश्य एवं शूद्र के रूप में जिन चार वर्णो की कल्पना की गयी है ये चारों वर्ण अपनी प्रकृति जन्य भिन्न-भिन्न कर्मो का सम्पादन करते है। इन वर्णो के नामकरण का आधार इनका कर्म है। इस प्रकार वर्णव्यवस्था में गुणानुरूप कर्म की ही प्रधानता दृष्टिगत होती है। इस आधार पर शतपथ ब्राम्हण में राजन्य ( क्षत्रिय), वैश्य तथा शूद्र इन चारों वर्णो का उल्लेख किया है।[12] याज्ञवल्क्य ने भी इन चार वर्णो की चर्चा की है।[13]

**3. चारों वर्णों के सामान्य धर्म का एक जैसा निरूपण-**मानव धर्म शास्त्र में इन चारों वर्णो के समान्य धर्म का एक जैसा निरूपण किया गया है। अहिंसा ( दूसरे को किसी प्रकार का कष्ट मन, वचन एवं कर्म से न पहुँचाना) सत्य ( हमेशा सत्य बोलना झूठ नही बोलना चाहिये) अस्तेय ( बिना पूँछे किसी की कोई भी वस्तु न लेना) शूद्धता, इन्द्रियों को वष में रखना, श्राद्ध कर्म, अतिथि सत्कार, दान, सरलता, अपनी स्त्री से सन्तानोत्पादन एवं असूया ( दूसरे के शुभ कार्य में द्वेष का न होना) यह संक्षेप में चारों वर्णो का धर्म मनु ने कहा है।[14]

**चरों वर्णो के कर्म- मनुस्मृति में मनु ने सभी चारों वर्णों का कर्मों का विवेचन इस प्रकार किया है-**

1. **ब्राम्हण का कर्म-** ब्राम्हण का कर्म है पढ़ना-पढ़ाना लोगों को अच्छे जीवन जीने का उपाय बताना, यज्ञ करना, कराना, दान देना वा लेना, मार्कण्डेय पुराण आदि में भी इसका विशेष वर्णन मिलता है।[15] ब्राम्हण का उत्तरदायित्व है कि वह किसी भी हिंसा और किसी से द्रोह न करते हुये अपनी जीविका चलायें।

2. **क्षत्रिय का कर्म-** क्षत्रिय का मुख्य कार्य प्रजा की रक्षा करना, दान देना, यज्ञ करना, वेद पढ़ना कतिपय अन्य स्मृतियों में भी ऐसा ही विवेचन किया गया है।[16]

3. **वैश्य का कार्य-** वैश्य का मुख्य कार्य व्यापार करना, खेती करना, पशुओं का रक्षा करना, दान देना, यज्ञ करना, ब्याज लेना आदि अन्य ग्रंथों में भी यही व्यवस्था वर्णित है।[17]

**शूद्र का कार्य-** ब्राम्हण, क्षत्रिय और वैश्य तीनों वर्णो की सेवा करना शूद्रों का प्रधान कर्म है।[18] पशुपालन और क्रय विक्रय उनकी जिविका के साधन है। महाभारत आदि में चारों वर्णो के इन्ही कर्मो का विवेचन मिलता है।[19] मानव धर्म के कतिपय श्लोकों से यह ज्ञात होता है कि सामाजिक स्तर पर शूद्रों को हीन स्थिति प्राप्त है। उनकी स्थिति अत्यधिक निम्न है। किन्तु यह व्यवस्था परिस्थिति जन्य है, शाश्वत नहीं। क्योंकि स्मृतिकारों के अनुसार वही शूद्र है जिसका आचरण दूषित और गंदा है। यदि कोई ब्राम्हण भी क्रोध, काम, लोभ आदि के अत्यंत वषीभूत है, तो वह शूद्र के तुल्य है। यहा तक व्यवस्था कि यदि स्वामी सन्तानहीन हो तो सेवा करने वाले शूद्र को ही उसके लिये पिण्डदान करना चाहिये। यदि स्वामी बूढ़ा या दुर्बल हो तो शूद्र को उसका सभी प्रकार से भरण पोषण करना चाहिये।[20]

प्राचीन भारत में चार वर्णो के साथ ही साथ चार आश्रमों की भी व्यवस्था की गई है जो निम्नानुसार है-

ये चार आश्रम ब्रम्हचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ एवं सन्यास नाम से अभिहित हैं।[21]

1. **ब्रम्हचर्य आश्रम-** बाल्यावस्था ब्रम्हचर्य आश्रम के लिये उपयुक्त है। यह अवस्था विद्यार्जन और ब्रम्हचर्य पालन में इस आश्रम के मुख्य कर्तव्य निषचित किये गये है। ब्रम्हचर्य में इन्द्रिय निग्रह, आत्मसंयमन, विनय, घृति आदि सद्गुणों का समावेश होता है। साधारणतया यह आश्रम 25 वर्ष तक की आयु के लिये स्तुल्य माना गया हैं। अखण्ड ब्रम्हचर्य व्रत का पालन करता हुआ ब्रम्हचारी क्रम से वेदों या दो वेद या एक ही वेद पढ़ कर गृहस्त आश्रम में प्रवेष करें। जीवन का दूसरा चरण विवाह कर के गृहस्त आश्रम में वितायें ऐसा मनु का कथन है।[22] इस ब्रम्हचर्य आश्रम में उदारता बरतते हुये भी भारतीय राजशास्त्री 25 वर्ष की आयु तक ब्रम्हचर्य आश्रम में निवास करने के पक्षधर है।

2. **गृहस्थाश्रम-**यह आश्रम 25 वर्ष के बाद ब्रम्हचर्य आश्रम के बाद की अवस्था का द्योतक है। विद्यार्जन समाप्त करके शरीर और मन सुदृढ़ हो जाने पर कुटुम्ब का बोझ धारण करने की योग्यता अर्थात तारूण्य प्राप्त हो जाने पर ब्रम्हचर्य आश्रम को पार कर गृहस्थाश्रम में प्रवेश करना चाहिये। यह आश्रम तीनों आश्रमों का आधार है। यह सबसे श्रेष्ठ आश्रम है, क्योंकि इसके द्वारा ब्रम्हचारी, वानप्रस्थ और सन्यासी आश्रमों की रक्षा होती है।[23] जैसे सभी नदी-नद समुद्र में ही आश्रय पाते है वैसे ही सभी आश्रमवासी गृहस्थाश्रम से ही सहारा पाते है। यही कारण है कि गृहस्थाश्रम पर कर्तव्यों का बोझ बहुत बड़ा है। मानव धर्म शास्त्रकार ने गृहस्थ आश्रम को सर्वश्रेष्ठता प्रदान करते हुये कहा है कि जिस प्रकार वायु के आश्रम से सब प्राणी जीते है, उसी प्रकार सब आश्रम गृहस्थाश्रम के सहारे जीते हैं। इसलिये गृहस्थ आश्रम सब आश्रमों में श्रेष्ठ होता हैं

3. **वानप्रस्थ आश्रम-** गृहस्थ आश्रम के पालन क उपरान्त आयु के तृतीय चरण 50 वर्ष के पश्चात् नियम पूर्वक वानप्रस्थ आश्रम गृहण करें। इस आश्रम के कष्ट से जीविकोपार्जन करते हुये अरण्य में रहना पड़ता है और ईश्वर चिन्तन में अपना काल व्यतीत करना पड़ता है। मनु का कथन है कि गृहस्थ आश्रम में रहते हुये जब यह देखे कि अपने शरीर में झुर्रियाँ पड़ गयी है, केश श्वेत हो गए है और अपने पुत्र के भी पुत्र हो चंके हैं, तब वन के आश्रम ग्रहण करना चाहिये। वानप्रस्थ आश्रमी को मृग चर्म या वल्कन पहनना चाहिये। जटा, दाढ़ी,मूँछ और नख को नित्य धारण करना चाहिये। आश्रम में आये हुये अतिथि का जल, मूल फलादि से सत्कार करना चाहिये। इस प्रकार इन्दिय गयी होकर कठोर श्रम के साथ वानप्रस्थ जीवन व्यतीत करने का परामर्श किया गया है।

4. **सन्यास आश्रम-**वानप्रस्थ आश्रम के पालन के उपरान्त आयु के चतुर्थ चरण 75 वर्ष के पश्चात् नियम पूर्वक सन्यास आश्रम ग्रहण करना चाहिये। संगों का पूर्ण परित्याग कर सन्यासाश्रम के वृत पालन में सन्नद्ध होना चाहिये। मनु का कथन है कि देव ऋण, ऋषि ऋण और पितृ ऋण से उऋण होना, विधि पूर्वक वेदों का अध्ययन कर धर्मानुसार पुत्रों को उत्पन्न कर तथा यथाशक्ति यज्ञानुष्ठान करके और सारी सम्पत्ति दक्षिणा स्वरूप दान करके ब्राम्हण को मोक्ष साधक सन्यासाश्रम ग्रहण करना चाहिये। सर्वभूतों में मैं हूँ और मुझमें सर्वभूत है इस वृत्ति का आश्रय लेकर सन्यासी को स्वराज का अनुभव करना पड़ता है। इसी से उसका यह स्वराज वैक्तिक न होकर सर्वव्यापी होता है। सन्यासी को चाहिये कि पवित्र भूमि पर चले, कपड़े से छानकर पवित्र जल पीवे, सत्य से ववित्र वचन बोले और मन से पवित्र आचरण करे।

**निष्कर्ष-** स्पष्ट है कि जिस प्रकार वर्ण व्यवस्था का आदर्श ब्राम्हाणत्व की प्राप्ति है उसी प्रकार आश्रम व्यवस्था का आदर्श मोक्ष की प्राप्ति है।[24] सांसारिक एवं सामाजिक कल्याण इन दोनों ही आदर्शों में मूलत: सर्वत्र अन्तर्निहित है।

मनुस्मृति में प्रतिपादित गुणानुरूप कर्म की व्यवस्था तथा गृहस्थाश्रम की सर्वश्रेष्ठता, इसके ज्वलंत प्रमाण है। इस प्रकार भारतीय वर्णाश्रम व्यवस्था विवेक युक्त जीवन विकास की प्रक्रिया पर अवलम्बित है, मूल मान्यताओं पर नहीं। सही कारण है कि विदेशी विद्धानों ने भी बेहिचक इसके महत्व को स्वीकार किया है। महात्मा गांधी ने तो मुक्त कण्ठ से वर्णाश्रम धर्म की प्रशंसा की है। उन्होंने कहा है कि वर्णाश्रम धर्म विश्व धर्म है जिसका हिन्दू धर्म शास्त्रों में सविस्तार वर्णन किया गया है। यह अध्यात्मिक अर्थशास्त्र का नियम है। अपने जीवन में उच्च प्रकार के व्यवसाय करने के लिये अपनी उत्साह शक्ति को स्वतंत्र रखने की व्यवस्था उस योजना में हैं। इसी प्रकार उनके अन्य कथन भी उद्धरणीय हैं।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. सत्वं रजस्तमस्चैव त्री विद्यात्मनौ गुणान।
   येत्याप्येमान्सिथतोभावन्महान्सर्वान् शेषत:। मनु0 12/25
2. मनु0 12/25
3. मनु0 12/26
4. मनु0 12/43-81
5. स्वै धर्मे निदिष्टानां सर्वेशामनु पूर्वश:। मनु0 7/35
6. सर्व ब्राम्हिदं जगत कर्मणा वर्णतां गतम्। शान्ति पर्व 188/10
7. स्वे-स्वे धर्मे निविश्षनां सर्वेशामनुपूर्वश:
8. तस्माद्राज्ञा प्रयत्नेन सर्वेवर्णा: स्वधर्मत: प्रवर्त्यन्तेन्यथा दड्या स्थाप्याश्चैव स्वकर्मसु।। मार्कण्डेय पु. 25/36
9. लोकानां तु विवृद्धयर्थ मुख वाहु रूपादत:। ब्राम्हणं क्षत्रियं वैश्यं शूद्रं च निरवर्तवत्।। मनु0 1/31
10. ब्राम्हाणौअस्य मुखमासीद वाह राजन्य: कृत: उरू तदस्य श्द्धेश्य: पद्भयां शूद्रों अजायत।
11. गार्मैहतौमैर्जात कर्म चाल मौंजीनिबन्धने:। वैजिक गार्भिकं चैनौद्धिजामपभृज्यते।। मनु0 2/27
12. शतपथब्राम्हण 5/4/6/9
13. ब्रम्हा क्षत्रिय पिद् शूद्रा वर्णास्तवाधास्त्रयोंक्षिजा। पिण्डेकादि श्मषानान्तास्तेषां वे मन्त्रत: क्रिया:।। याज्ञ0 1/20
14. अहिन्सा सतमयस्तेयं शौचमिद्रियनिग्रह: द्याद्धकर्मातिधेयं च दानमस्ते धमार्जवम्। प्रजनं स्वेषु दारेषु तथा चैवान सूयतां। एतं सामासिकं धर्म चातुर्वर्ण्येदब्रवीमनु।।
15. दनामध्ययन यज्ञो ब्राम्हाणास्यत्रिघोदित:। धर्मोनान्यश्चतुर्थोस्ति धर्मस्तस्या पदंविना।। मार्कण्डेय पु0 26/3
16. प्रजानां रक्षणं दानमिन्याअध्ययन मैव च। विश्येश्व् प्रसक्तिश्चसेत्रियस्य समासत:
17. मनु0 1/60
18. मनु0 1/61
19. शान्तिपर्व 186/1-8, वषिष्ठ 2/13-16
20. देय: पिण्डोअपत्याय मर्त्रत्यों वृद्ध दुर्बलो। शान्ति पर्व 60/35
21. ब्रम्हचारी गृहस्थश्य वानप्रस्थो यतिस्तथा। एते गृहस्थ प्रभाव श्चत्वार: पृथगाश्रमा:।। मनु0 6/87
22. मनु0 4/1
23. सर्वेषामपि चैतेयां वेद स्मृति विधानत:। गृहस्थ उच्येत श्रेष्ठ: स: त्रीनेतन्वि भर्तिहि।। मनु0 6/86
24. इष्ट्वा च शक्तितौ यज्ञैर्मनो मोक्षे निवैंश्यैत।। मनु0 6/36

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LI (51), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# नरसिंहपुर जिले के प्राकृतिक पर्यटन स्थल का अध्ययन

**योगेन्द्र कुमार ठगेले***

* सहायक प्राध्यापक (इतिहास) शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गाडरवारा (म.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** हमारे देश में पर्यटन जहाँ एक ओर स्थानीय स्तर सामाजिक और आर्थिक लाभ का स्त्रोत है और विभिन्न क्षेत्रो में प्रादेशिक, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय मेल-मिलाप को बढ़ावा देता है, वहीं दूसरी ओर इससे संबंधित विभिन्न क्षेत्रों में शानदार कैरियर के अवसर भी उपलब्ध है। वर्तमान समय में पर्यटन अत्यंत तीव्र गति से बढ़ता हुआ उद्यम व व्यवसाय बन गया है, साथ ही यह मानवीय स्तर पर मनुष्यों के मनोरंजन, आकर्षण व आपसी सौहार्दपूर्ण वातावरण को निर्मित करने का एक सहज माध्यम है। सतत पर्यटन की अवधारणा भी इसमें नये आयाम के रूप में पर्यटन क्षेत्र को विस्तार दे रही है। नरसिंहपुर जिले की प्राकृतिक विविधता यहाँ स्थित विंध्यांचल एवं सतपुड़ा की पर्वत श्रेणियाँ, नर्मदा नदी का घाटी क्षेत्र, मैदानी भाग, जलप्रपात, शैलाश्रय गुफायें इत्यादि के आसपास स्थित विभिन्न पर्यटन स्थल राज्य के पर्यटन में अपना विशेष स्थान रखते है। प्राकृतिक स्थलों का सौंदर्य, नदियों का कलकल प्रवाह, हरियाली, उच्चावच क्षेत्र, धार्मिक एवं आध्यात्मिक वातावरण आदि पर्यटकों को आकर्षित करने वाले प्रमुख प्राकृतिक क्षेत्र हैं।

**शब्द कुंजी –** पर्यटन, सामाजिक, आर्थिक, स्थानीय, सतत और प्राकृतिक विविधता।

**प्रस्तावना –** आज पर्यटन उद्योग के सम्मुख विकास के लिय अनेक चुनौतियाँ विद्यमान है आवश्यकता इस बात की है, कि पर्यटन के लिये उचित वातावरण तैयार किया जाये और प्रदेश तथा देश के सैलानियों को स्वर्ग के रूप में एक आकर्षक छवि प्रस्तुत करने की पर्यटन क्षेत्र में प्रादेशिक विविधताओं के अनुरूप सतत शोध अनवेषण को बढावा देते हुए जनसामान्य की सहभागिता के साथ पर्यटन विकास क्रम हेतु पोस्टर, बैनर, मॉडल, मॉड्यूल्स, मानचित्र आरेख, पर्यटन से संबंधित स्लोगन व नारे, कार्यशालायें एवं विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कर जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया जाये। पर्यटन विभाग द्वारा प्रायोजित विदेशी पर्यटक सर्वेक्षण एवं प्राप्त निष्कर्षो के आधार पर पर्यटन विकास के लिये संवर्द्धनात्मक उपायों में दो बातो पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

प्रथम उन क्षेत्रो की ओर प्रचार-प्रसार की आवश्यकता है, जो अभी तक शासन प्रशासन की अनदेखी के कारण उपेक्षित रहे है और जहाँ अधोसरंचना विकास कर पर्यटकों को आकर्षित करने की नयी संभावनायें तलाषी जा सकती है।

दूसरे परम्परागत पर्यटकों को प्रोत्साहन के साथ-साथ उन पर्यटको को आकर्षित करने का प्रयास किया जाये जो साहसिक भ्रमण जैसे- पर्वतारोहण, ट्रैकिंग, जिप लाइनिंग आदि कई कार्यक्रमों की अपेक्षा अभिरूचि के कुछ गिने चुने स्थानों पर आरामदायक भ्रमण की व्यवस्था अधिक उपयोगी होंगी। नरसिंहपुर जिला भी इसका अपवाद नही है। जिले में विद्यमान पर्यटन राज्य में विशेष महत्व रखता है।

नरसिंहपुर जिले के सुप्रसिद्ध दर्शनीय एवं आध्यात्मिक पर्यटन स्थल अपने ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व के लिये जाने जाते है। जिले में इतिहास से जुड़ी काफी संरचनायें परिलक्षित होती है। यहाँ पर उपलब्ध पर्यटन स्थलों पर वर्ष भर पर्यटकों का आवागमन बना रहता है। इतिहास, धर्म एवं कला संस्कृति में रूचि लेने वाले व्यक्तियों के लिये यह महती आवश्यकता वाला क्षेत्र है। माँ नर्मदा का पावन तट जिले के धार्मिक पर्यटन स्थलों में विशेष महत्व रखता है, जिसके अंतर्गत करेली का बरमान घाट, सांकल घाट, सोकलपुर, ककराघाट आदि स्थानीय स्तर पर प्रसिद्ध धार्मिक क्षेत्र है। इसके साथ ही जिले में नरसिंहपुर, गोटेगॉव, गाडरवारा, करेली, सांईखेड़ा में स्थित पर्यटन स्थलों का भी पर्यटकों द्वारा भ्रमण किया जाता है। यहाँ स्थित जलप्रपात, नदियाँ, वनभूमि, मंदिर और धार्मिक स्थान अपनी गरिमा और गौरव के लिये प्रसिद्ध है तथा पर्यटन आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है।

नरसिंहपुर जिले में प्रवाहित होने वाली मुख्य नदी नर्मदा है तथा इसके साथ ही शेर, शक्कर, सीतारेवा आदि सहायक नदियाँ भी प्राकृतिक रूप से इसे संवारने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इस जिले का महत्व प्रागैतिहासिक काल से ही रहा है। भटेरा नामक स्थल से प्राप्त अवशेष इसके आदिकाल से संबंध का प्रमाण प्रस्तुत करते है। बरहटा नामक स्थल से पाण्डवों द्वारा अज्ञातवास का समय व्यतीत करने की जानकारी मिलती है। बिल्थारी को प्राचीन बलि स्थली कहा जाता है, जहाँ राजा बलि ने वामन भगवान को अपना संपूर्ण राज्य दक्षिणा में देकर अपने शरीर का अर्पण कर दिया था। इस प्रकार यहाँ स्थित हिंदु धार्मिक स्थल इस भू-भाग के ऐतिहासिक और पौराणिक महत्व का वर्णन करते है। नर्मदा घाटी परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाला यह जिला अत्यंत रमणीय, धार्मिक, शांत वातावरण व मन को प्रफुल्लित करने वाला है, जहाँ, प्रेम, सद्भाव, परस्पर सहयोग की प्रधानता रही है। मध्यप्रदेश का नरसिंहपुर जिला गन्ना उत्पादन में प्रदेश में अग्रणी स्थान रखता है। गन्ना बाहुल्य जिला होने के कारण क्षेत्र विशेष में कई शुगर मिल फैक्ट्री विद्यमान हैं साथ ही यहाँ पर उत्पादित की जाने वाली तुंअर दाल का देश के विभिन्न राज्यों में निर्यात किया जाता है। नरसिंहपुर मध्यप्रदेश के जबलपुर संभाग का एक भाग है, जिसका प्रशासनिक मुख्यालय नरसिंहपुर शहर में विद्यमान है।

**विश्लेषण–** नरसिंहपुर जिला माँ नर्मदा के पावन तट पर बसा प्राकृतिक

सुंदरता से संपन्न क्षेत्र है, जहाँ ऐतिहासिक, धार्मिक, आध्यात्मिक और प्राकृतिक रूप से समृद्ध स्थल विद्यमान है। पाषाण काल से लेकर पौराणिक, सातवाहन, गोंडवंश, भौंसले (मराठा शासन), स्वतंत्रता संग्राम व कांग्रेस आंदोलन से संबधित महत्वपूर्ण घटनाओं का प्रत्यक्ष रूप से साक्षी रहा है और क्षेत्र विशेष में इसकी ऐतिहासिक धरोहर के प्रति जनसामान्य की विशेष आस्था रही है। पर्यटन के दृष्टिकोण से इस भू-भाग में प्राकृतिक विभिन्नता लिये पर्वतीय श्रृंखलायें, नदी घाटी क्षेत्र, मैदानी भाग, जलप्रपात, नदियाँ, झील, जलाशय और जलधारायें है। जिले के ऊँचाई से गिरते जल प्रपातों का दृष्य अत्यंत ही मनोरम है। जिले में स्थित धरातलीय, पर्वतीय, नदी घाटी प्रदेश एवं मैदानी भाग पर्यटकों के लिये आकर्षण के प्राकृतिक भू-दृष्य हैं। यहाँ स्थित पर्यटन स्थलों की प्राकृतिक सुंदरता पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करती है। नरसिंहपुर जिले में प्रवाहित होने वाली नदियों की कलकल करती जलधारायें अनायास ही पर्यटकों के मनमोह लेती हैं। यहाँ हरी-भरी हरियाली, जंगल क्षेत्र, पेड़-पौधों व वनस्पतियों का सुंदर नजारा देखने में काफी अच्छा लगता है। नरसिंहपुर जिले के प्राकृतिक स्वरूप से आकर्षित करने वाले स्थानों की जानकारी निम्नानुसार है:-

**रानी दहार झील-** रानी दहार (दहाड़) गाडरवारा से 27 कि.मी. दूर सतपुड़ा पर्वत की तलहटी में स्थित प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर रमणीक स्थल है, जहाँ प्राचीन मंदिर एवं झील प्रमुख आकर्षण केन्द्र है और पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करते है। सतपुड़ा के मध्य भाग से पर्वत का सीना चीरते हुए ऊमर नदी आकर इस झील का निर्माण करती है। यहाँ नदी में स्थित कुंड को ही रानी दहार कहा जाता है, जहाँ रानी नदी में समा गई थी। विशाल जलराशि के किनारे स्थित शिव मंदिर तथा आश्रम प्राचीन ऋषियों के तपोवन की स्मृति साकार करता है, जिसे ब्रम्हलीन स्वामी आत्मानंद जी द्वारा अपनी एकांत साधना के लिये चुना था। रानी दहार के प्राकृतिक सौंदर्य के साथ ही यहाँ क्षेत्रीय इतिहास की कड़ी के रूप में पहाड़ी पर गोंड राजाओं के राजमहल के अवशेष है, जिनमें से ही एक गोंडरानी के संबंध में प्रचलित किवदंती के अनुसार नदी जल के उद्गम की खोज में नदी पर रस्सी बांधने व उसके टूटने से रानी के नदी में गिरने से यह स्थल रानीदहार के नाम से प्रचलित हो गया। यहाँ बारिश के समय आसपास की हरियाली, नदी का प्रवाह, शांत स्थल इसे पर्यटन के रूप में उत्तम स्थल बनाता है, जहाँ झील में जल की अधिकता होने से पर्यटकों द्वारा यहाँ स्नान करने का आनंद भी लिया जाता है। पहुँच मार्ग की दुर्गमता के कारण यहाँ पर्यटकों की संख्या सीमित रहती है, जहाँ पहुँचने के लिये लोगो को स्वयं के वाहन का सहारा लेना पड़ता है।

**छोटा जबलपुर (गोटीटोरिया)-** गाडरवारा से लगभग 23 कि.मी. दूर वनांचल ग्राम मोहपानी गोटीटोरिया के नजदीक स्थित छोटा जबलपुर अपनी ऐतिहासिक एवं प्राकृतिक विशेषताओं के कारण क्षेत्र विशेष में एक प्रमुख पिकनिक स्पॉट के रूप में जाना जाता है। सतपुड़ा पर्वत की आकर्षक वादियों और सीतारेवा नदी तट पर स्थित यह स्थल ब्रिटिष काल में अपनी कोयला खानों के लिये प्रसिद्ध था, जिसका उपयोग स्थानीय स्तर पर विद्युत उत्पादन में किया जाता है। पर्यटक यहाँ अपने परिवारों के साथ पहुँचकर सुंदर चट्टानों, नदी, लहलहाते वृक्षों एवं झर-झर करते झरनों का आनंद उठाते है और प्रकृति की गोद में सुकून के पलों की अनुभूति करते है। यहाँ पर आने का समय नवम्बर से जनवरी माह के बीच सबसे उत्तम होता है। वन विभाग व स्थानीय ग्राम वन समिति के द्वारा इसे ईको पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित किया जा रहा है जहाँ पर्यटक प्राकृतिक सौंदर्य के बीच साहसिक व मनोरंजक गतिविधियों का आनंद ले सकेंगे। जिला प्रशासन के द्वारा भी यहाँ पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये ईको टूरिज्म, जिप लाइन, डिजिटल शो, फारेस्ट ट्रैकिंग, वाल क्लाइम्बिंग आदि को भी विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है ताकि इसे जिले के प्रमुख पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किया जा सके।

**झोतेष्वर मंदिर गोटेगॉव-** नरसिंहपुर जिले के श्रीधाम (गोटेगॉव) रेलवे स्टेषन से 15 कि.मी. दूर हरियाली से आच्छादित प्राकृतिक वादियों के बीच स्थित झोतेश्वर धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में स्थापित हो चुका है। यहाँ प्रकृति की गोद में माँ राजराजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी के दर्शन हेतु श्रृद्धालु दूर-दूर से आते है और प्राकृतिक आध्यात्मिक वातावरण में शांति का अनुभव करते है। यह प्रसिद्ध स्थल जगतगुरू शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी की तपोभूमि भी है। यहाँ स्थित परमहंसी गंगा आश्रम में जगदगुरू शंकराचार्य जी ने 'विचारशिला' नामक स्थान पर बैठकर कठोर तप किया था। आश्रम में ही एक जल कुण्ड बना हुआ है, जहाँ लगातार पानी बहता है। प्राकृतिक परिदृष्यों के बीच स्थित यह धार्मिक व आध्यात्मिक पर्यटन स्थल पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करता है और वे यहाँ आकर शांति का अनुभव करते है।

**नीलकुंड धाम (सोकलपुर)-** गाडरवारा से लगभग 21 कि.मी. दूर नर्मदा तट पर स्थित मनोरम प्राकृतिक स्थल है, जहाँ गाडरवारा से पलोहाबड़ा होते हुए पहुँचा जा सकता है। यहाँ से कुछ दूरी पर ही शक्कर नदी नर्मदा में आकर मिलती है, और यहाँ के प्राकृतिक सौंदर्य को और अधिकआकर्षक बना देती है। माँ नर्मदा का पावन तट, प्राकृतिक हरियाली से समृद्ध वातावरण और शांत स्थल इस स्थल के प्रति पर्यटकों के आकर्षण में वृद्धि करती है। नीलकुंड धाम में श्री नीलकंठेश्वर महादेव का मंदिर एवं माँ रेवा श्री आश्रम यहाँ के प्रमुख आकर्षण केन्द्र के रूप में स्थित है, साथ ही यह संतो की तपोभूमि के रूप में जाना जाता है, जहाँ संत परम्परा के लोग प्राकृतिक आध्यात्मिक वातावरण के बीच योग व ध्यान साधना में लीन रहते थे। इस स्थल तक पहुँचने का मार्ग दुर्गम अवश्य है, लेकिन मार्ग के बीचका प्राकृतिक सौंदर्य, ऊँची-नीची घाटियां, पहाड़ियाँ व ग्रामीण पृष्ठभूमि तथा नीलकुंड पहुँचने पर वहाँ का अद्भुत प्राकृतिक परिदृष्य पर्यटकों की सारी थकान दूर कर देता है और उन्हें सुखद अनुभूति प्राप्ति होती है। ठंड के दिनो में यहाँ पर घूमने हेतु जाना सर्वोत्तम पर्यटन गंतव्य हो सकता है।

**टोनघाट (छोटा धुंआधार)-** नरसिंहपुर गोटेगॉव मार्ग पर बेलखेड़ी से लगभग 12 कि.मी. दूर शेर (शेढ़) नदी तट पर स्थित टोनघाट प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर रमणीक स्थल है, जहाँ चट्टानों एवं विशाल पत्थरों के बीच से बहती नदी की कलकल धारा, हरियाली से आच्छादित क्षेत्र, शांत वातावरण एवं सुंदर जलप्रपात यहाँ आने वाले पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करता है। यहाँ पर ऊँचाई से गिरकर शेर नदी की धार का नजारा दुग्ध धारा जैसा सफेद प्रतीत होता है, इसलिये इसे छोटा धुंआधार के नाम से जाना जाता है। इस स्थल के बारे में प्रचलित मान्यतानुसार पांडवों ने अज्ञातवास का कुछ समय यहाँ व्यतीत किया था, साथ ही राजा विराट की नगरी होने के कारण कालांतर में इस गॉव का नाम बरहटा हो गया। पर्यटन के दृष्टिकोण से यह स्थान काफी महत्व रखता है, जहाँ आने के बाद पर्यटकों को सुखद अनुभूति की प्राप्ति होती है।

**हाथीनाला जलप्रपात -**नरसिंहपुर से लगभग 47 कि.मी. की दूरी पर भोपाल-जबलपुर राजमार्ग में केरपानी सरसला से होते हुए रिछई गॉव

(बिल्धागॉव) के पास स्थित प्राकृतिक वातावरण से समृद्ध जलप्रपात व पर्यटन स्थल है। नौरादेही अभ्यारण्य के अंतर्गत आने वाले इस स्थल में ऊँची पहाड़ियों से नीचे गिरता झरना बारिश के मौसम में और भी मनोरम व सुंदर हो जाता है। यहाँ पानी का झरना चट्टानी सीढ़ियों की श्रृंखला से खूबसूरती से बहता है, जहाँ पानी की आवाज और झरने के आसपास का धुंधभरा वातावरण एक सुखद माहौल निर्मित करता है। झरने के आसपास चारों ओर हरियाली से समृद्ध वनस्पति इसे जैव विविधता के लिये उपर्युक्त स्थान बनाती है। युवाओं के बीच यह झरना विशेष लोकप्रिय हो रहा है। हरे-भरे पेड़ पौधों का आच्छादन और सुरम्य परिदृष्यों के बीच स्थित यह झरना एक छिपा हुआ रत्न है, जो प्रकृति प्रेमियों के लिये एक शांत और ताजा अनुभव प्रदान करता है। यहाँ आने का उत्तम समय जुलाई से सितम्बर के बीच में है, जब मानसून में होने वाली वर्षा इस जलप्रपात के सौंदर्य को और अधिक आकर्षक बनाती है साथ ही यहाँ का राजसी सुंदरता वाला वातावरण प्राकृतिक दृष्यों को निहारने के साथ ही कई साहसिक गतिविधियों जैसे- माउंटेन ट्रैकिंग व लंबी पैदल यात्रा के शौकीन लोगो के लिये एक उत्कृष्ट अवसर प्रदान करता है।

**जल प्रपातो पर आधारित पर्यटन केन्द्र-** जिले से प्रवाहित होने वाली सरितायें प्रपात रेखा का निर्माण करती है, जिसके फलस्वरूप यहाँ से बहने वाली नदियाँ पठारी भाग से जैसे ही उत्तर के वृहद प्रदेशों में प्रवेश करती है यहाँ अनुपम सुरम्य जलप्रपातों की रचना करती है। यहाँ स्थित वनस्थली, पर्वत श्रृंखला एवं जलप्रपातों के अनुपम सौंदर्य जगह-जगह पर सुषोभित हो रहे है। इन सुरम्य जलप्रपातों की पहचान राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर नही हो पाई है फिर भी बड़ी संख्या में स्थानीय पर्यटक इन प्रपातों का आनंद लेने आते है। अधिकांश जलप्रपात वर्षा के दिनों में देखने योग्य होते है। यहाँ नरसिंहपुर जिले में विशेषकर नदी घाटों व पर्वत श्रृंखलाओं के साथ जल प्रपातों का सौंदर्य इसके कोने-कोने को सुषोभित कर रहा है और प्रकृति रूपी सुषमा किलोले कर रही है। जिले के जल प्रपातों के सम्मुख प्रकृति नदी उमंग के साथ नर्तन कर रही है और नरसिंहपुर जिले के गौरव को बढ़ा रही है। प्राकृतिक दृष्यों के दर्शनार्थ प्रदेश के अलग-अलग हिस्से से आने वाले लोग इसकी गोद में आकर नतमत्सक हो जाते है।

प्रकृति प्रदत्त अनुकूल परिस्थितियों को देखते हुए नरसिंहपुर जिला संबंधित महाकौशल अंचल का एक आदर्श पर्यटन स्थल होना चाहिये था किंतु ऐसा नही हो सका, जिसके लिये कई कारक उत्तरदायी रहे है। यह जिला अपने आंचल में कई पर्यावरणीय भिन्नताओं को समेटे हुए है, जो दृष्य सौंदर्य स्थल के रूप में पर्यटन केन्द्रों को जन्म देते है। यहाँ घने वन व गगनचुंबी पर्वतों की उपत्यका में कही समतल भूमि है, तो कहीं ऊँचीं-नीची टीलेदार धरती, जिनके बीच में प्रवाहित होती सरिताओं के साथ कल-कल करते झरने सहज ही मन मोहित करते है। यह जिला सैलानियों के लिये आकर्षण का प्रमुख केन्द्र है, जिसकी अपनी नैसर्गिक छटा, अद्वितीय ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहरें पर्यटन में वृद्धि करते हुए इसे विशेष स्थान प्रदान करती है।

नरसिंहपुर जिले को प्रकृति का वरदान प्राप्त है, क्योंकि यह भू-भाग चारों ओर से प्राकृतिक सौंदर्य से संपन्न है तथा यहाँ प्राकृतिक सुंदरता जिसमें नदी, पर्वत, झरने, झील, वन आदि को देखकर पर्यटन यहाँ खिचे चले आते है और सुखद अनुभूति प्राप्त करते है। जिले के इन स्थलों पर वर्ष भर पर्यटकों का आवगमन बना रहता है, जिससे जिले को काफी आय की भी प्राप्ति होती है।

**निष्कर्ष-** निष्कर्षत: नरसिंहपुर जिले के प्राकृतिक पर्यटन स्थल अपने प्राकृतिक सौंदर्य, जैव विविधता और शांत वातावरण के लिये प्रसिद्ध है। इन स्थलों का विकास और संरक्षण जिले के पर्यटन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। पर्यटकों की बढ़ती संख्या और बेहतर सुविधाओं के साथ, नरसिंहपुर जिले का प्राकृतिक पर्यटन क्षेत्र भविष्य में और समृद्ध हो सकता है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. सिंह, डॉ. सुमन्त (2005-06)-मध्यप्रदेश का पारिस्थतिकी पर्यटन, यू.जी.सी. प्रोजेक्ट।
2. नेमी, डॉ. जगमोहन (2010)- पर्यटन मार्केटिंग में विकास, तक्षशिला प्रकाशन, नई दिल्ली।
3. श्रीवास्तव, डॉ. संदीप (2011)- मध्यप्रदेश के पर्यटन स्थलों में अनुप्रयोग, रिसर्च इंडिया प्रेस, नई दिल्ली।
4. गौतम, श्री राकेश एवं भदौरिया, श्री जितेन्द्र सिंह (2013)-मध्यप्रदेश एक परिचय, टाटा मैक्ग्रा हिल एजूकेशन इंडिया लिमिटेड़ नई दिल्ली।
5. अहमदशाह, श्री रफीक (1999)- 'प्रयास' एक मानवीय एहसास, कंदेली फोरम, नरसिंहपुर।
6. गुप्ता, श्री कंछेदीलाल (2003)- जिला नरसिंहपुर गौरवमयी अतीत एवं गरिमामय वर्तमान, शारदा प्रकाशन।
7. राय, श्री चंद्रभानु (2001) - 'नरसिंह नयन' कर्मवीर द्वारा पुनर् प्रकाशन।
8. नरसिंहपुर जिला गजेटियर (1972)
9. https://narsinghpur.nic.in/ पर्यटन स्थल/

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LI (51), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# ग्रामीण अर्थव्यवस्थामें महिलाओं की भूमिका का अध्ययन (मध्य प्रदेश के विशेष संदर्भ में)

**डॉ. राकेश कुमार दिलावरे***

* सहायक प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) शहीद भगतसिंह शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पिपरिया (म.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** ग्रामीण अर्थव्यवस्था में महिलाओं की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। वे न केवल कृषि से संबंधित क्षेत्रों में काम करती हैं, बल्कि घरेलू कामकाज और बच्चों की देखभाल भी करती हैं। ग्रामीण महिलाएं प्राय: परिवार के लिए भोजन और पानी जुटाने, लकड़ी इकट्ठा करने और अन्य आवश्यक कार्यों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, साथ ही साथ धन कमाने वाले कार्यो में भी परिवार का सहयोग करती हैं, जिससे परिवार आर्थिक रूप से भी सक्षम होता है।

मध्य प्रदेश की अर्थव्यवस्था में कृषि क्षेत्र का योगदान बढ़ता जा रहा है, जो महिलाए कृषि कार्य में संलग्न नहीं है, वह अपने घर पर ही पापड़ बनाना, बॉस का सामान बनाना, मिट्टी का सामान बनाना आदि कार्यो में संलग्न होकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बना रही हैं।

**प्रस्तावना –** ग्रामीण अर्थव्यवस्था कृषि प्रधान होती हैं, और कृषि कार्यो में पुरूषो के समान महिलाओं की भी बराबर की भागेदारी होती हैं। अधिकांश कृषि कार्य ऐसे होते हैं जिन्हें केवल महिलाएं बड़ी आसानी से कर पाती हैं। ग्रामीण परिवारों में पुरूष, कृषि से ज्यादा बाहरी कार्य करते हैं, जिससे परिवार के रोजाना के खर्चे चलते हैं, और महिलाएं घर का कार्य करने के बाद, खेत चली हैं एवं खेती के कार्य करती हैं। ग्रामीण परिवार जो कृषि कार्य नहीं करते हैं उनके परिवार की महिलाए ग्रामीण स्तर पर चलने वाले कुटीर उद्योग जैसे– पापड़ बनाना, बॉस का सामान बनाना, मिटटी का सामान बनाना आदि कार्यो में संलग्न होती हैं।

ग्रामीण अर्थव्यवस्था में, महिलाओं का अहम रोल हैं, घर के कार्यो से लेकर, कृषि कार्य, डेरी उद्योग, रेशम उद्योग, मुर्गी फार्मिंग, मत्स्य उद्योग, बागवानी, वेजिटेबल फार्मिंग, नर्सरी फार्मिंग,लघु एवं कुटीर,सभी क्षेत्रों में महिलाएं बढ़चढ़कर काम कर रही हैं। ग्रामीण महिलाएं ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। उनका सशक्तिकरण, समग्र ग्रामीण विकास के लिए आवश्यक है। सरकार और गैर–सरकारी संगठनों को ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए और अधिक प्रयास करने चाहिए, ताकि वे अपनी पूरी क्षमता का एहसास कर सकें और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में और अधिक योगदान दे सकें।

**ग्रामीण अर्थव्यवस्था में महिलाओं का योगदान–**ग्रामीण अर्थव्यवस्था में महिलाओं की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। वे न केवल कृषि और संबंधित क्षेत्रों में काम करती हैं, बल्कि घरेलू कामकाज और बच्चों की देखभाल भी करती हैं। ग्रामीण महिलाएं अक्सर परिवार के लिए भोजन और पानी जुटाने, लकड़ी इकट्ठा करने तथा अन्य आवश्यक कार्यों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। वे आवश्यक कार्य निम्नवत है–

1. **कृषि –** ग्रामीण महिलाएं खेती, पशुपालन, और बागवानी जैसे कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। वे फसलों की बुवाई, कटाई, और सिंचाई जैसे कार्यों में भी सक्रिय रूप से शामिल होती हैं।
2. **छोटे व्यवसाय –** कई ग्रामीण महिलाएं छोटे व्यवसायों जैसे कि हस्तशिल्प, सिलाई, कढ़ाई, और खाद्य प्रसंस्करण में भी काम करती हैं।
3. **गैर–कृषि कार्य –** महिलाएं गैर–कृषि कार्यों जैसे कि निर्माण, परिवहन, और पर्यटन में भी काम करती हैं।
4. **घरेलू देखभाल –** ग्रामीण महिलाएं अपने परिवारों के लिए भोजन, पानी, और ईंधन की व्यवस्था करने, बच्चों और बुजुर्गों की देखभाल करने, और घर चलाने जैसे महत्वपूर्ण कार्य करती हैं।
5. **समुदाय –** ग्रामीण महिलाएं सामुदायिक विकास में भी सक्रिय रूप से भाग लेती हैं, जैसे कि शिक्षा, स्वास्थ्य, और स्वच्छता जैसे मुद्दों पर काम करना।
6. **पशुपालन–** ग्रामीण महिलाएं अक्सर पशुधन की देखभाल करती हैं, जैसे कि गाय, बकरी, और मुर्गी। वे दूध, अंडे, और अन्य पशुधन उत्पादों का उत्पादन करती हैं, जो उनके घरों और समुदायों के लिए आय का एक महत्वपूर्ण स्रोत है।

**अध्ययन के उद्देश्य:**

1. ग्रामीण अर्थव्यवस्था में महिलाओं के भूमिका को जानना।
2. ग्रामीण अर्थव्यवस्थामें महिलाओं के कार्य क्षेत्र को जानना।

**ग्रामीण अर्थव्यवस्था की पृष्ठभूमि –** ग्रामीण अर्थव्यवस्था एक ऐसी अर्थव्यवस्था हैं जिसमेंग्रामीण अंचल से जुडे सभी काम–काज एवं व्यवसाय शामिल है, जो गाँवो में रहने वाले लोगों के रोजगार के साधन होते हैं। ग्रामीण अर्थव्यवस्था में कुछ लोग खेती करते है, कुछ मजदूरी तो कुछ छोटे व्यापारी होते हैं, जो कृषि से जुड़े हुए व्यापार व व्यवसाय करते हैं। सरल शब्दों में कहे तो ग्रामीण अर्थव्यवस्था कृषि के आसपास घुमती रहती हैं। ग्रामीण अर्थव्यवस्था में जो व्यवसायी वर्ग जुडा है, वह गाँवों को शहरो से जोड़ते हैं एवं ग्रामीणों की समस्त अवश्यकताओं की वस्तुओं को उपलब्ध करवाते हैं।

ग्रामीण अर्थव्यवस्था गाँवो से जुडी समस्त आर्थिक क्रियाओं को दर्शाती हैं इसमे रोजगार के साथ-साथ वे समस्त गतिविधियां शामिल होती हैं जो रोजगार एवं व्यापार व्यवसाय से जुड़ी होती हैं। ग्रामीण स्तर पर लोग छोटे-छोटे रोजगारो एवं कृषि कार्यो से जुडे होते हैं, यदि उनको वर्ष भर कार्य न मिले तो उन्हे अपनी अजीविका चलाने में कठिनाईयों का सामना करना पड़ता हैं।

**ग्रामीण अर्थव्यवस्था में महिलाओं को होने वाली समस्याए –** ग्रामीण अर्थव्यवस्था में महिलाओं को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है, जिनमें गरीबी, शिक्षा की कमी, स्वास्थ्य सेवाओं की कमी, और सामाजिक भेदभाव शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, उन्हें घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न, और कार्यस्थल पर उत्पीड़न जैसी समस्याओं का भी सामना करना पड़ता है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था में महिलाओं के सम्मुख मुख्य रूप से निम्न लिखित समस्यायें आती हैं-

1. **गरीबी-**ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी एक प्रमुख समस्या है, जिसके कारण महिलाओं को आवश्यक सुविधाओं और संसाधनों तक पहुंचने में कठिनाई होती है, और वे पिछड़ती चली जाती है, बच्चें और परिवार अच्छी सुविधाओं से वंचित रह जाते है।
2. **शिक्षा की कमी-**ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की पहुंच कम है, और महिलाओं को कई समाजो में पढ़ाया भी नहीं जाता है, जिसके कारण महिलाओं को शिक्षा और कौशल विकास के अवसरों से वंचित रहना पड़ता है।
3. **स्वास्थ्य सेवाओं की कमी-**ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की कमी है, जिसके कारण महिलाओं को उचित चिकित्सा देखभाल और प्रसूति सेवाओं तक पहुंचने में कठिनाई होती है।
4. **सामाजिक भेदभाव-**ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को सामाजिक भेदभाव का सामना करना पड़ता है, जैसे कि दहेज प्रथा, बाल विवाह, और सम्मान के नाम पर हत्याएं।
5. **घरेलू हिंसा और यौन उत्पीड़न-**ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को घरेलू हिंसा और यौन उत्पीड़न का सामना करना पड़ता है, जिससे उन्हें शारीरिक और मानसिक रूप से नुकसान होता है।
6. **कार्यस्थल पर उत्पीड़न-**ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को कार्यस्थल पर उत्पीड़न का सामना करना पड़ता है, जिससे उन्हें काम करने में कठिनाई होती है।
7. **वित्तीय बहिष्कार-**ग्रामीण महिलाओं को अक्सर वित्तीय संस्थानों और सेवाओं तक पहुंचने में कठिनाई होती है, जिससे उन्हें आर्थिक रूप से स्वतंत्र होने में बाधा आती है।
8. **सीमित सामाजिक गतिशीलता-**ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को सामाजिक रूप से आगे बढ़ने और निर्णय लेने में सीमित अवसर मिलते हैं।
9. **कानूनी अधिकारों की जानकारी का अभाव-**ग्रामीण महिलाओं को अपने कानूनी अधिकारों की जानकारी नहीं होती है, जिससे वे अपने अधिकारों की रक्षा करने में असमर्थ होती हैं।

**समस्याओं का समाधान-**ग्रामीण अर्थव्यवस्था में महिलाओं को होने वाली समस्याओं के समाधान निम्न प्रकार है:

1. महिलाओं को गरीबी से निकालने के लिए, उन्हे लघु एवं कुटीर उद्योगों से जोड़ना होगा ताकि उन्हें पर्याप्त रोजगार के अवसर मिल सके।
2. शिक्षा के क्षेत्र में भी महिलाओं को पढ़ने के लिए बराबर का हक मिलना चाहिए, ताकि महिलाए शिक्षित होकर रोजगार के क्षेत्र में अपनी भूमिका निभा सके।
3. पुरूषों की अपेक्षा महिलाओं को स्वास्थय सम्बन्धी समस्याए अधिक होती हैं, अत: महिलाओं को विशेष स्वास्थ्य सुविधाए उपलब्ध होनी चाहिए, ताकि महिलाएं भी स्वस्थ शरीर के साथ, परिवार को रोजगार के क्षेत्र में सहयोग कर सकें।
4. सामाजिक भेदभाव को खत्म करने के लिए महिला सशक्तिकरणके क्षेत्र में शासन एवं गैर सरकारी संगठनों के तेजी से काम करने की अवश्यकता है, ताकि ग्रामीण स्तर तक सामाजिक भेदभाव को समाप्त किया जा सके।
5. महिलाओं को घरेलू हिंसा और यौन उत्पीड़न जैसी समस्याओं से निपटने के लिए पुलिस थाने, गैर सरकारी संगठन एवं और भी शासकीय महिला उत्पीड़न निवारण संस्थान हैजिसमें जाकर महिला अपनी शिकायत दर्ज करवा सकती है।
6. कार्यस्थल पर उत्पीड़न महिलाओं के लिए एक प्रमुख समस्या है, जिसके चलते कई महिलाए अपना काम छोड़ देती हैं, शासन के द्वारा शासकीय एवं निजी संस्थानों में महिला उत्पीड़न केन्द्र बनाये गये हैं, महिला वहां अपनी शिकायत दर्ज कर, समस्या का समाधान कर सकती है।

**निष्कर्ष-**ग्रामीण अर्थव्यवस्था में महिलाओं का अहम रोल हैं, घर के कार्यो से लेकर, कृषि कार्य, लघु एवं कुटीर उद्योग, सभी क्षेत्रो में महिलाएं बढ़ चढ़कर काम कर रही हैं। ग्रामीण स्तर की महिलाएं अपने घर परिवार को चलाने के लिए पुरूषों के साथ मिलकर आर्थिक रूप से सहयोग करती है। ग्रामीण महिलाओं का रोल कृषि क्षेत्र के विकास में सराहनीय है, इनके सहयोग के कारण ही मध्य प्रदेश की अर्थव्यवस्था में कृषि क्षेत्र का योगदान बढ़ता जा रहा है, जो महिलाए कृषि कार्य में संलग्न नहीं है, वह, अपने घर पर ही पापड़ बनाना, बाँस का सामान बनाना, मिटटी का सामान बनाना आदि कार्यो में संलग्न होकर, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बना रही है।

ग्रामीण अर्थव्यवस्था में, महिलाओं की भूमिका जिन भी राज्यों में अच्छी हैं, वह राज्य आर्थिक रूप से समृद्ध होते जा रहे है, इससे ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं का आत्म विश्वास बढ़ रहा हैं और वह अच्छा कार्य कर परिवार को सहयोग कर रही है, और साथ ही अपने बच्चों को आगे बढ़ाने मे सफल सहयोग प्रदान कर रही है।

**संदर्भ एवं ग्रथ सूची :-**

1. कुमार.विनोद,'भारतीय ग्रामीण अर्थव्यवस्था एवं रोजगार: समस्या एवं समाधान', श्रंखला एक शोधपरक वैचारिक पत्रिका(2018) वॉल-5.अंक-11.पेज 104-109.
2. कुमार.योगेश,'ग्रामीण क्षेत्र में प्रगतिशील अर्थव्यवस्था से बदलता परिवेश', कुरुक्षेत्र पत्रिका(2009) अंक-12,पेज. 3-8.
3. डॉ. मोदी. अनिता. 'ग्रामीण अर्थव्यवस्था के विकास में महिलाओं का योगदान', कुरुक्षेत्र पत्रिका(2009) अंक-12,पेज. 28-32.
4. दुबे.वेद प्रकाश एवं चतुर्वेदी. प्रो. एस.एन. 'ग्रामीण अर्थव्यवस्था में रेशम उद्योग की सहभागिता', कुरुक्षेत्र पत्रिका(2009) अंक-12,पेज. 24-27.

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LI (51), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# भारत में डिजिटल इंडिया की अवधारणा एवं इसके प्रभाव

**डॉ. पुष्पा नागर* श्रीमती रंजना शक्तावत****

* वरिष्ठ व्याख्याता, एम. ओ. एम. महात्मा ज्योतिराव फूले शा. पॉलीटेक्नीक महाविद्यालय, खंडवा (म.प्र.) भारत
** वरिष्ठ व्याख्याता, महात्मा ज्योतिराव फूले शा. पॉलीटेक्नीक महाविद्यालय, खंडवा (म.प्र.) भारत

**प्रस्तावना –** भारत एक ऐसा देश है जो 'विकसित भारत विजन' के माध्यम से अर्थव्यवस्था में विकसित देश के रूप में उभर कर सामने आ रहा है। एक वैश्विक नेता की कल्पना को साकार करने के लिए नवाचार एवं आधुनिक तकनीके कारगार सिद्ध हो सकती है। भारतीय अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक संबंध अनुसंधान परिषद (ICRIER) द्वारा जारी डिजिटल अर्थव्यवस्था की स्थिति की रिपोर्ट, 2024 के अनुसार भारत तीसरे स्थान पर अपनी उपस्थिति दर्ज कर चुका है। देश की यह मंशा है कि वह तकनीकी प्रगति में विश्व मंच पर सबसे आगे रहे है। इस हेतु समावेशी विकास, नवाचार, सामाजिक कल्याण कार्यक्रम, कौशल विकास और शिक्षा को बढ़ावा देकर ही नागरिकों को सशक्त बनाने का प्रयास किया जा सकता है। भारत की अर्थव्यवस्था को महाशक्ति में परिवर्तित करने के लिए सरकार ने 2015 में एक ऐसी पहल की है जिसके द्वारा भारत को ज्ञान अर्थव्यवस्था एवं सशक्त समाज बनाया जा सके और इस पहल का नाम डिजिटल इंडिया रखा गया। इसका उद्देश्य देश के नागरिकों का जीवन बेहतर बनाने के लिए इलेक्ट्रानिक माध्यमों से अर्थव्यवस्था और रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देकर सरकारी सेवाओं को डिजिटल रूप प्रदान किया जा रहा है।

जब देश में 2015 में नोटबंदी की गयी तो उस समय इलेक्ट्रानिक माध्यमों से भुगतान प्रक्रिया को प्रोत्साहित किया गया था जो डिजिटल इंडिया कार्यक्रम का ही एक रूप माना जा सकता है, जिसमें जनता द्वारा किये गये अधिकांश भुगतान केशलेस होने लगे। इसी के चलते 2019 के कोरोना काल के समय भी जब लोगो को बाहर आने-जाने पर रोक लगी थी तब भी इलेक्ट्रानिक माध्यमों से ही जनता द्वारा अधिकांश भुगतान एवं कार्य किये गये।

**शब्द कुंजी –** डिजिटल इंडिया, इलेक्ट्रानिक सेवाऐं, अर्थव्यवस्था, समावेशी विकास, सशक्तिकरण।

**उद्देश्य –** डिजिटल इंडिया की स्थापना समावेशी विकास को ध्यान में रखते हुये इलेक्ट्रानिक सेवाओं, उत्पादों, विनिर्माण और रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए नौ स्तभों को शामिल किया गया है। इस पहल को डिजिटल इंडिया कार्यक्रम का नाम प्रदान किया गया है जो विभिन्न चरणों के अंतर्गत चरणबद्ध तरीके से क्रियान्वित करने का लक्ष्य रखा गया है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जनता तक सरकारी सेवाऐं इलेक्ट्रानिक रूप से मिलती रहे। यह कार्यक्रम सरकार के सभी क्षेत्रों पर प्रकाश डालती है इस कार्यक्रम के प्रति जागरूक करने के लिए सरकार के विभिन्न मंत्रालयों एवं विभिन्न विभागों को शामिल किया गया है। इसके अंतर्गत निम्न उद्देश्यों को शामिल किया गया है-

1. **नवाचार एवं उद्यमिता को बढ़ावा-** इसका उद्देश्य IT के द्वारा नई पीढ़ी को रोजगार के लिए नवाचार एवं उद्यमिता के लिए प्रोत्साहित करना है।
2. **पारदर्शिता एवं जवाबदेही को बढ़ावा-** इसका उद्देश्य सरकारी संस्थाओं में कार्यो में पारदर्शिता व जवाबदेही बनाये रखना है।
3. **बुनियादी ढ़ाँचे को बढ़ावा-** इसका उद्देश्य देश के आर्थिक विकास को गति प्रदान करने के लिए बुनियादी ढ़ॉचे को अधिक विकसित करना है।
4. **ई-गर्वनेस-** इसका उद्देश्य सरकारी कामकाज को इलेक्ट्रानिक सेवाओं के माध्यम से अधिक आसान बनाना है।
5. **ई-पंचायत-** इसका उद्देश्य ग्राम पंचायत से संबंधित कार्यो का संचालन डिजिटल माध्यम से किया जाना है। यह ई- गर्वनेस के तहत ग्रामीण क्षेत्र से संबंधित है।
6. **ई-ग्रंथालय-** इसका उद्देश्य लाइब्रेरी के कार्यों का संचालन एवं आनॅलाइन सदस्यता डिजिटल माध्यम से किया जाना है।

**डिजिटल इंडिया की पहल**

1. **ई-पाठशाला-** इसमें सभी शैक्षिक ई-संसाधनों जैसे- पाठयक्रम, ऑडियों, वीडियों, पत्र-पत्रिकाओं विभिन्न मुद्रित एवं गैर-मुद्रित सामग्रियों को NCRT द्वारा विकसित वेबसाइट और मोबाइल ऐप के माध्यम से प्रदर्शित एवं प्रसारित किया जा रहा है।
2. **ई-अस्पताल-** यह एक ऐसी पहल है जिसमें अस्पताल, डॉक्टर, और मरीज को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर एक साथ जोड़ना है। जिसमें लगभग 420 अस्पताल इस अस्पताल प्रबंधन सूचना प्रणाली के अंतर्गत स्थापित किये जा चुके है।
3. **डिजिलाकर्स-** इसमें आम जनता का सशक्तिकरण को प्रोत्साहित किया गया है जिसके अंतर्गत दस्तावेजों को डिजिटल रूप में प्रमाणित कर रखा जा सकता है।
4. **भीम ऐप-** आम जनता इसका उपयोग कर भुगतान का आसान बनाता है जिसमें जनता UPI का प्रयोग करके कहीं भी किसी भी समय भुगतान कर सकता है।

**परिकल्पना:**

1. डिजिटलीकरण, विकास का महत्वपूर्ण साधन है।
2. डिजिटलीकरण से देश की आय में वृद्धि हो रही है।

**डिजिटल इंडिया का महत्व –** भारत को वैश्विक नेता बनने के लिए शहरी क्षेत्रों के विकास के साथ ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में सबसे बड़ी चुनौती

ग्रामीण क्षेत्रों को हाई-स्पीड नेटवर्क से जोड़ना है। डिजिटल इंडिया एक ऐसी परिवर्तनकारी पहल है, जो देश को डिजिटल रूप में एक सशक्त राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

1. **स्वास्थ्य सेवाओं में सहायक-** इससे विभिन्न चिकित्सालयों का डिजिटलीकरण किया जा रहा है। इसमें मरीज, डॉक्टर और चिकित्सालयों को एक प्लेटफॉर्म प्रदान किया गया है। जैसे-ABHA इसमें विभिन्न मोबाइल एप्स से व्यक्ति अपने प्राइमरी चेकअप भी कर सकता है।

2. **शिक्षा में सहायक-** इससे देश के विभिन्न स्कूलों एवं महाविद्यालयों की शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए विभिन्न डिजिटल प्लेटफॉर्म प्रदान किये गये है, जिससे शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हो सके। कारोनाकाल के समय ऑनलाइन क्लासेस ने विद्यार्थी एवं शिक्षक के मध्य दूरियों को कम कर दिया है।

3. **बैंकिंग में सहायक-** इससे विभिन्न बैंकों ने कागजी कार्यवाही को कम कर दिया है, जिससे ग्राहकों को विभिन्न मोबाइल एप्स से बेहतर सुविधाएं प्रदान की जा रही है। इसमें ग्राहक बैंक से संबंधित समस्त जानकारियां प्राप्त कर रहा है।

4. **कृषि में सहायक-** हमारे देश की 70% जनसंख्या कृषि पर आधारित है जिससे अधिकांश लोग का जीविकापार्जन का साधन कृषि है। इससे कृषि संबंधित जानकारियों को डिजिटलीकरण से कृषि कार्य आसान हो गया है।

5. **नवाचार में सहायक-** इससे स्टार्टअप को प्रोत्साहन दिया जा रहा है इसमें नागरिकों के विचारों को एक प्लेटफॉर्म प्रदान किया गया है। जिससे वे स्वयं का रोजगार कर सके और देश के बेरोजगारी को कम कर सके।

6. **रोजगार में सहायक-** इससे आम नागरिकों का सशक्तिकरण किया जा रहा है। इससे IT को बढ़ावा मिलने से रोजगार के अवसरों में भी वृद्धि हो रही है। इसका उपयोग कर नागरिक देश के किसी भी कोने की रोजगार संबंधित जानकारियों को प्राप्त कर सकता है एवं देश-विदेश में रोजगार के अवसर मिल रहे है। इसके अंतर्गत वर्क फ्राम होम को बढ़ावा भी मिल रहा है जिससे भारत का व्यक्ति भारत में रहकर ही विदेशों में नौकरी कर रहा है।

7. **व्यवसाय में सहायक-** इससे व्यापारी वर्ग व्यापार को विकसित कर बढ़ाने का प्रयास कर रहे है। इसमें व्यापारी अपने व्यापार को राष्ट्रीय स्तर से अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक विस्तृत करने का प्रयास कर रहा है। व्यापारी द्वारा विभिन्न वेबसाइट बनाकर उस पर वस्तुओं एवं सेवाओं का प्रचार-प्रसार कर क्रय-विक्रय कर रहा है।

8. **सरकारी सेवाओं में सहायक-** इससे सरकारी कामकाज आसानी से किया जा रहा है। इससे कागजी कार्यवाही को कम किया गया है। इसमें विभिन्न मोबाइल एप्स जैसे-UMANG, SARTHAK, E-OFFICE, KARMYOGI & MY GOVT. से सरकारी सेवकों का रिकार्ड डिजिटल रूप में रखा जा रहा है।

9. **साइबर अपराध के नियंत्रण में सहायक-** इससे डिजिटल अपराध को नियंत्रित करने का प्रयास किया जा रहा है।

10. **ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में सहायक-** इससे शहरी क्षेत्रों के विकास के साथ ग्रामीण क्षेत्रों का भी डिजिटलीकरण से ग्रामीण भी डिजिटल सेवाओं का लाभ ले रहे है।

11. **जीवन स्तर सुधार में सहायक-** इससे नागरिक विभिन्न डिजिटल सुविधाओं का प्रयोग उनका जीवन स्तर में भी सुधार हो रहा है।

12. **ऑनलाइन सेवाओं में सहायक-** इससे आम नागरिक ऑनलाइन सेवाओं से बस टिकिट, रेल्वे टिकिट, एयर टिकिट, होटल एवं अन्य सुविधाओं का लाभ ले रहा है।

**पुष्टि:**

1. डिजिटल इंडिया कार्यक्रम ने देश के विकास में सभी क्षेत्रों में अपनी सक्रिय भूमिका प्रदान की है। शहरों से लेकर गाँवों तक, कृषि से लेकर व्यवसाय तक, शिक्षा से लेकर स्वास्थ्य सेवाओं तक, बैंकिंग से लेकर साइबर सुरक्षा तक तथा नवाचार से लेकर सरकारी सेवाओं तक सभी ने विकास में योगदान प्रदान किया है।
2. देश में डिजिटलीकरण से समावेशी विकास में नवाचार, कौशल विकास को बढ़ावा देने से व्यवसाय, कृषि एवं विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों में वृद्धि हुई है जिससे देश की आय में भी वृद्धि होना निश्चित है।

**उपसंहार -** भारत ने वर्ष 2025 तक डिजिटल इंडिया कार्यक्रम से कई क्रांतिकारी परिवर्तन किये है। देश के विकास में जो परिवर्तन आये है, उसमें डिजिटल इंडिया कार्यक्रम ने विकसित भारत की आधारशिला रखी है, लेकिन ग्रामीण डिजिटलीकरण, साइबर सुरक्षा, जैसी चुनौतियाँ का सामना भी किया है। फिर भी देखा जाये तो इसने आर्थिक सशक्तिकरण को मजबूत किया है। और देश को आधुनिक ज्ञान एवं सशक्त राष्ट्र बनाने की दिशा में यह एक ऐसा कदम है जो देश के विकास और आम नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाने में सफल रहा है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. अजय कुमार : डिजिटल इंडिया
2. अनुराग चंद्रा : डिजिटल इंडिया 2047
3. हार्ड कवर : डिजिटल इंडिया गर्वनेंस ट्रांसफॉरमेशन
4. पेपर बेक : इंडिया डिजिटल ईकोनॉमी, ग्रोथ चेलेंज एवं फ्युचर प्रोस्पेक्टस
5. www.digitalindia.gov.in

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LI (51), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# स्वच्छ इंदौर अभियान – प्रबंधन सिद्धांतों की दृष्टि से अध्ययन

**डॉ. दीपा जोशी***

*प्रोफेसर (प्रबंधन) (पीजी) श्री वैष्णव प्रबंधन एवं विज्ञान संस्थान, इंदौर (म.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** इंदौर ने लगातार आठवीं बार विजेता भारत के सबसे स्वच्छ शहर का दर्जा प्राप्त कर स्वच्छता के क्षेत्र में एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। यह शोधपत्र स्वच्छ इंदौर अभियान की सफलता को हेनरी फेयोल के प्रबंधन सिद्धांतों की दृष्टि से विश्लेषित है। अध्ययन यह दर्शाता है कि शहरी स्वच्छता केवल सामाजिक उत्तरदायित्व या प्रशासनिक कर्तव्य नहीं है, बल्कि यह एक संगठित और रणनीतिक प्रबंधन प्रक्रिया है जिसमें अनुशासन आदेश की श्रृंखला ,कार्य की एकता, दिशा की एकता , केंद्रीकरण एवं विकेंद्रीकरण, पहल जैसे सिद्धांतों की व्यावहारिक उपस्थिति देखी जा सकती है।

शोध में द्वितीयक आंकड़ों, सरकारी दस्तावेजों, स्वच्छ सर्वेक्षण रिपोर्टों एवं इंदौर नगर निगम की केस स्टडी के माध्यम से यह विवेचना की गई है कि किस प्रकार इंदौर आठवीं बार में योजना निर्माण, नागरिक सहभागिता, तकनीकी नवाचार, सार्वजनिक–निजी भागीदारी और नीतिगत क्रियान्वयन को प्रभावी रूप से फेयोल के सिद्धांतों के अनुरूप संचालित किया गया।

यह शोध स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत शहरी प्रशासन को प्रबंधन विज्ञान के परिप्रेक्ष्य से समझने और लागू करने की एक अभिनव पहल है, जो नीति–निर्माताओं, शहरी योजनाकारों और शैक्षणिक शोधकर्ताओं के लिए उपयोगी सिद्ध हो सकती है।

**शब्द कुंजी –** इंदौर, स्वच्छ भारत, प्रबंधन सिद्धांत, हेनरी फेयोल, शहरी प्रशासन, नागरिक भागीदारी, कचरा प्रबंधन, नगर निगम, प्रशासनिक रणनीति, तकनीकी नवाचार, नेतृत्व शैली, संगठनात्मक दक्षता।

**प्रस्तावना –** स्वच्छता किसी भी सभ्य समाज की आधारशिला होती है। भारत सरकार द्वारा वर्ष 2014 में आरंभ किया गया स्वच्छ भारत अभियान केवल एक सफाई अभियान नहीं, बल्कि एक जनांदोलन के रूप में विकसित हुआ, जिसका उद्देश्य देश भर में स्वच्छता की संस्कृति को स्थापित करना था। इस राष्ट्रव्यापी पहल का मुख्य उद्देश्य खुले में शौच मुक्त भारत, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, स्वच्छ जल व पर्यावरण के प्रति जागरूकता और नागरिक सहभागिता सुनिश्चित करना रहा है।

इस अभियान के तहत लगातार आठवीं बार विजेता इंदौर शहर ने अभूतपूर्व उपलब्धियाँ हासिल की हैं। इंदौर ने लगातार कई वर्षों तक स्वच्छ सर्वेक्षण में भारत के सबसे स्वच्छ शहर के रूप में अपनी स्थिति बनाए रखी है। यह सफलता केवल सफाई कर्मियों या नीतियों तक सीमित नहीं रही, बल्कि एक समग्र और प्रबंधित दृष्टिकोण का परिणाम रही है, जिसमें नगरपालिका, नागरिकों, टेक्नोलॉजी और नीति निर्माताओं के बीच कुशल समन्वय स्थापित किया गया।

इस शोध का उद्देश्य यह विश्लेषण करना है कि इंदौर की इस सफलता के पीछे कौन–से प्रबंधन सिद्धांत कार्य कर रहे हैं और कैसे भ्मदतप थ्लवस के 14 प्रबंधन सिद्धांत इस तरह की नागरिक पहलों में लागू किए जा सकते हैं। अक्सर शहरी स्वच्छता अभियानों को सामाजिक या प्रशासनिक गतिविधि के रूप में देखा जाता है, जबकि वास्तविकता में यह एक जटिल प्रबंधन प्रक्रिया है जिसमें योजना, संगठन, नेतृत्व, समन्वय और नियंत्रण की गहरी भूमिका होती है।

इस अध्ययन के माध्यम से यह समझने का प्रयास किया गया है कि प्रबंधकीय दृष्टिकोण अपनाकर नागरिक पहलों को कैसे अधिक प्रभावी, टिकाऊ और नागरिक–केंद्रित बनाया जा सकता है। इंदौर का केस अध्ययन इस बात का उदाहरण है कि यदि क्लासिकल प्रबंधन सिद्धांतों को धरातल पर उतारा जाए, तो शहरी प्रशासन में क्रांतिकारी परिवर्तन लाया जा सकता है। यह शोध अन्य शहरों के लिए भी एक अनुकरणीय मॉडल प्रस्तुत करता है, जहाँ शहरी विकास और प्रबंधन सिद्धांतों का एकीकृत उपयोग किया जा सके।

**साहित्य समीक्षा**

Fayol, H. (1949) *General and Industrial Management,*शास्त्रीय प्रबंधन सिद्धांत, 14 सार्वभौमिक प्रबंधन सिद्धांतों की व्याख्या की गई इंदौर की रणनीतियों को फेयोल के सिद्धांतों से जोड़ने का आधार

Koontz & O'Donnell (1972) *Principles of Management,*प्रबंधन चिंतन का विकास, फेयोल के सिद्धांतों की आधुनिकता में पुष्टि, क्लासिकल सिद्धांतों की आज के प्रशासन में उपयोगिता को दर्शाता है

Wren & Bedeian (2009) *The Evolution of Management Thought,*प्रबंधन इतिहास फेयोल का कार्य प्रबंधन शिक्षा में आधारभूत, पारंपरिक सिद्धांतों को नगर प्रशासन से जोड़ने का आधार

Pierre & Peters (2000) *Governance, Politics and the State*, शहरी प्रशासन,उत्तरदायित्व, भागीदारी और पारदर्शिता पर बलइंदौर की नीति व नागरिक सहभागिता को शासन सिद्धांतों से जोड़ता है

Mathur, O. P. (2013) *Municipal Finance and Governance in India*,नगर निकायों का प्रदर्शन,संस्थागत कमजोरियों के कारण प्रशासन

में बाधाएँ,प्रबंधन आधारित ढाँचे की आवश्यकता को रेखांकित करता है
Sivaramakrishnan, K. C. (2016) *Revitalizing Urban Governance in India*, भारतीय नगर सुधार,विकेंद्रीकरण एवं नागरिक सहभागिता पर बल, इंदौर के तलों से जुड़े मॉडल को समर्थन देता है
Sood, A. (2019) *Citizen Participation and City Branding*, नागरिक भागीदारी,नागरिक सहभागिता से नगर की छवि और प्रदर्शन बेहतर होता है, फेयोल के 'Initiative' और 'Unity of Direction' सिद्धांतों से जुड़ाव
Dasgupta & Kapoor (2021)*S mart Cities and Behavioral Change*,व्यवहारिक बदलाव द्वारा शहरी परिवर्तन,व्यवहारिक परिवर्तन व तकनीक से सुधार संभव,इंदौर के प्रेरक अभियानों का विश्लेषण फेयोल सिद्धांतों से
UN-Habitat (2016) *Urbanization and Development: Emerging Futures*,शहरी विकास और नियोजन,नीति, जन और योजना का समन्वय आवश्यक,इंदौर के समग्र दृष्टिकोण का समर्थन करता है
World Bank (2018) *What Makes a Clean City?*नगर स्वच्छता की श्रेष्ठ प्रथाएँ, नीति, नियोजन और भागीदारी महत्वपूर्ण,इंदौर के प्रदर्शन को वैश्विक मानदंडों से जोड़ता है

**अध्ययन के उद्देश्य:**

1. इंदौर स्वच्छता अभियान की लगातार आठवीं बार सफलता का विश्लेषण हेनरी फेयोल के 14 प्रबंधन सिद्धांतों के दृष्टिकोण से करना।
2. शहरी स्वच्छता में संगठित योजना, अधिकार वितरण एवं समन्वय की भूमिका का अध्ययन करना।
3. यह पहचानना कि इंदौर नगर निगम ने किन प्रबंधकीय उपायों को अपनाया जिससे उसे लगातार स्वच्छता में शीर्ष स्थान प्राप्त हुआ।
4. यह मूल्यांकन करना कि नागरिक भागीदारी और प्रशासनिक अनुशासन किस प्रकार से शहरी परिणामों को बेहतर बनाते हैं।
5. अन्य भारतीय शहरों के लिए एक प्रबंधन आधारित दोहराने योग्य मॉडल प्रस्तुत करना जो स्वच्छता और शहरी प्रबंधन सुधार में सहायक हो।

**अनुसंधान पद्धति अनुसंधान पद्धति (गुणात्मक केस स्टडी आधारित)**

↓

1. अनुसंधान डिजाइन
- गुणात्मक एवं वर्णनात्मक दृष्टिकोण
- एकल केस स्टडी (इंदौर नगर निगम पर केंद्रित)

↓

2. डेटा संग्रहण
- द्वितीयक स्रोतों पर आधारितरू
- सरकारी रिपोर्टे (स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ सर्वेक्षण)
- इंदौर नगर निगम (IMC) की रिपोर्टे व दस्तावेज
- समाचार लेख, शोधपत्र, शैक्षणिक संसाधन
- आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा प्रकाशित केस स्टडी

↓

3. डेटा विश्लेषण
- सामग्री विश्लेषण
- IMC की रणनीतियों का फेयोल के 14 प्रबंधन सिद्धांतों से मिलानरू
- अनुशासन, आदेश की श्रृंखला, कार्य की एकता, आदेश की एकता, पहल आदि

↓

4. अध्ययन की सीमाएँ
- अध्ययन इंदौर तक सीमित कृ संदर्भ–विशिष्ट निष्कर्ष
- परंतु मॉडल अन्य नगरों द्वारा अनुकूलन हेतु उपयुक्त
- दोहराया जा सकने योग्य व व्यावहारिक ढाँचा प्रदान करता है

↓

निष्कर्ष की दिशा में आगे बढ़ना

**फेयोल के प्रबंधन सिद्धांतों और इंदौर स्वच्छता मॉडल का मिलान**

| फेयोल का सिद्धांत | इंदौर स्वच्छता अभियान में अनुप्रयोग |
|---|---|
| 1. कार्य का विभाजन | कचरा छंटाई और निस्तारण के लिए विभागवार योजना |
| 2. अधिकार और उत्तरदायित्व | जोनल अधिकारियों को स्पष्ट अधिकार और दायित्व प्रदान करना |
| 3. अनुशासन | नियमित निगरानी, जुर्माने, और नागरिक रिपोर्टिंग की प्रणाली |
| 4. आदेश की एकता | सफाई प्रबंधन में एकल रिपोर्टिंग चौनल |
| 5. दिशा की एकता | एक समान लक्ष्य –'स्वच्छ इंदौर' |
| 6. व्यक्तिगत हितों का अधीनस्थीकरण | सामूहिक भावना को प्रोत्साहित करना, नागरिकों की व्यक्तिगत अनिच्छा से ऊपर |
| 7. पारिश्रमिक | सफाई कर्मचारियों को पुरस्कार, प्रशंसा और प्रोत्साहन देना |
| 8. केंद्रीकरण | नगर निगम द्वारा केंद्रीकृत योजना और वार्ड स्तर पर विकेंद्रीकृत कार्यान्वयन |
| 9. स्केलर श्रृंखला | नगर निगम (IMC) में स्पष्ट संप्रेषण श्रेणी |
| 10. व्यवस्था | कचरा संग्रहण के निश्चित मार्ग और समय–सारणी, GIS तकनीक द्वारा निगरानी |
| 11. समता | झुग्गी बस्तियों को भी स्वच्छता प्रयासों में समान रूप से शामिल करना |
| 12. कार्यकाल की स्थिरता | कचरा प्रबंधन भागीदारों के साथ दीर्घकालिक अनुबंध |
| 13. पहल | समुदाय प्रेरित नवाचार जैसे 'नेकी की दीवार', स्पॉट क्लीनिंग प्रतियोगिता |
| 14. दल भावना | सफाई मित्रों और अधिकारियों के बीच टीम भावना और सहयोग की संस्कृति |

**विश्लेषण एवं चर्चा**

**1. इंदौर की सफलता में फेयोल के सिद्धांतों का अनुप्रयोग–** इंदौर का लगातार आठवीं बार भारत का सबसे स्वच्छ शहर बने रहना कोई संयोग नहीं, बल्कि सुव्यवस्थित प्रशासनिक योजना और जनभागीदारी के प्रभावी क्रियान्वयन का परिणाम है। जब हम इस मॉडल का विश्लेषण हेनरी फेयोल के 14 प्रबंधन सिद्धांतों के दृष्टिकोण से करते हैं, तो पाते हैं कि पारंपरिक प्रबंधन सिद्धांत और आधुनिक शहरी प्रशासन के बीच अद्भुत सामंजस्य है।

- कार्य का विभाजन – सफाई कर्मचारियों, पर्यवेक्षकों, क्षेत्रीय

अधिकारियों और स्वास्थ्य अधिकारियों के बीच स्पष्ट कार्य विभाजन।

- अनुशासन – नियमित जुर्माने, औचक निरीक्षण, और प्रदर्शन मूल्यांकन की प्रणाली।
- दिशा की एकता – 'स्वच्छ इंदौर – हरित इंदौर' के एकल उद्देश्य की दिशा में सभी विभाग और नागरिक कार्यरत।
- आदेश की श्रृंखला – इंदौर नगर निगम (IMC) में पारदर्शी कमांड स्ट्रक्चर और संवाद प्रणाली।

इन सिद्धांतों के अनुपालन से प्रक्रियाओं का सरलीकरण, जवाबदेही में वृद्धि और कार्यकुशलता में सुधार हुआ है।

**नेतृत्व की भूमिका –** इंदौर की लगातार आठवीं बार सफलता में प्रभावी नेतृत्व ने अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

1. नगर निगम आयुक्त ने प्रेरणादायक नेतृत्व दिखाया, जिससे कर्मचारियों और नागरिकों में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ।
2. प्रशिक्षण कार्यक्रमों, पुरस्कार योजनाओं, और प्रदर्शन मूल्यांकन से कर्मचारियों की भागीदारी और प्रेरणा में वृद्धि हुई।
3. 'रोको-टोको अभियान' और 'सफाई मित्र सम्मान' जैसी पहल ने कर्मचारियों और स्वयंसेवकों में आत्म-स्वामित्व की भावना को प्रबल किया।

**2. सामुदायिक भागीदारी की भूमिका:**

1. इंदौर मॉडल में जनभागीदारी को सुव्यवस्थित रूप से संस्थागत रूप दिया गया है।
2. विद्यालयों, रहवासी संघों (RWAs), और व्यापारियों ने सक्रिय रूप से अभियान में भाग लिया।
3. 'नेकी की दीवार'और 'स्वच्छता सेल्फी पॉइंट्स' जैसी पहलें दर्शाती हैं कि रचनात्मक सहभागिता से स्वच्छता अभियान जन-आंदोलन बन सकता है।

**3. तकनीकी और प्रणालीगत हस्तक्षेप की भूमिका:**

1. GPS-सक्षम कचरा वाहन, रीयल टाइम निगरानी, और मोबाइल शिकायत समाधान ऐप जैसी तकनीकों से पारदर्शिता और गति आई।
2. केन्द्रिय रणनीति और वॉर्ड-स्तरीय कार्यान्वयन के संतुलन ने स्थानीय जरूरतों के अनुसार योजनाएं लागू करने में मदद की।

**4. समग्र प्रशासनिक दृष्टिकोण–** इंदौर की लगातार आठवीं बार सफलता उपलब्धि केवल स्वच्छता की नहीं, बल्कि सशक्त प्रशासनिक मॉडल की है, जो आधारित है:

1. स्पष्ट लक्ष्य निर्धारण
2. सहभागी नेतृत्व
3. संसाधनों का दक्ष उपयोग
4. पारदर्शी फीडबैक प्रणाली
5. अनुकूली नीति कार्यान्वयन

यह मॉडल प्रमाणित करता है कि हेनरी फेयोल के प्रबंधन सिद्धांत आज भी प्रासंगिक और प्रभावशाली हैं, विशेषकर जब उन्हें व्यावहारिक रूप से लागू किया जाए।

**मुख्य निष्कर्षों का सार** – इस अध्ययन में यह स्पष्ट रूप से सामने आया कि इंदौर की स्वच्छता की लगातार आठवीं बार सफलता केवल एक सफाई अभियान नहीं, बल्कि हेनरी फेयोल के 14 प्रबंधन सिद्धांतों के व्यावहारिक अनुप्रयोग का उदाहरण है।

इंदौर नगर निगम IMC) ने इन सिद्धांतों का उपयोग करते हुए कार्य का सुव्यवस्थित विभाजन, आदेश की स्पष्ट श्रृंखला, नागरिक सहभागिता, और तकनीकी नवाचार के माध्यम से एक प्रभावी और अनुकरणीय मॉडल प्रस्तुत किया है।

1. Discipline, Unity of Direction और Scalar Chain जैसे सिद्धांत स्पष्ट रूप से दिखते हैं।
2. सामुदायिक भागीदारी, प्रशासनिक प्रतिबद्धता, और तकनीकी नवाचार ने इस अभियान को जनांदोलन बनाया।

**नीतिगत सुझाव :**

1. स्थानीय निकायों को नेतृत्व कौशल विकसित करने के लिए प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए जो प्रबंधन सिद्धांतों पर आधारित हो।
2. शहरी प्रशासन में पारदर्शिता और उत्तरदायित्व के सिद्धांतों को संस्थागत रूप देना आवश्यक है।
3. साझेदारियों (PPP Model) और समुदाय आधारित मॉडल को नीति में प्रमुखता मिलनी चाहिए।
4. सार्वजनिक भागीदारी की संरचित नीति बनाई जाए जिससे नागरिकों को प्रक्रियात्मक रूप से जोड़ा जा सके।

**अन्य नगर निकायों हेतु सिफारिशें :**

1 हेनरी फेयोल के 14 सिद्धांतों को शहरी योजनाओं में एकीकृत करें।
2 नागरिकों की सक्रिय भागीदारी के लिए जागरूकता अभियान चलाएं।
3 सफाई कर्मचारियों को प्रोत्साहन देने के लिए पुरस्कार व प्रोत्साहन योजनाएं बनाएं।
4 तकनीक आधारित निगरानी और फीडबैक सिस्टम लागू करें (जैसे मोबाइल ऐप्स)।
5 कार्य विभाजन और उत्तरदायित्व की स्पष्ट व्यवस्था विकसित करें।
6 सार्वजनिक स्थलों पर 'स्वच्छता संवाद' और सामूहिक सफाई गतिविधियाँ आयोजित करें।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. फेयोल, एच. (1949). जनरल एंड इंडस्ट्रियल मैनेजमेंट (सी. स्टोर्स, अनुवादक). लंदन' पिटमैन पब्लिशिंग। (मूल रचना 1916 में प्रकाशित)
2. आवास और शहरी कार्य मंत्रालय. (2024). स्वच्छ सर्वेक्षण 2023: वार्षिक स्वच्छता सर्वेक्षण रिपोर्ट। भारत सरकार। https://swachhsurvekshan2023.org
3. इंदौर नगर निगम (IMC). (2023). स्वच्छ इंदौर: पहलों और नवाचारों का दस्तावेज। प्राप्त: https://imcindore.mp.gov.in
4. अग्रवाल, एस., और सिंह, आर. (2020). शहरी शासन और जन भागीदारी: इंदौर की स्वच्छता मुहिम का केस स्टडी। इंडियन जर्नल ऑफ अर्बन स्टडीज, 15(2), 45-58।
5. शर्मा, एम. (2021). शहरी स्वच्छता में नेतृत्व और नागरिक नवाचार: इंदौर से प्राप्त सबक। जर्नल ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन एंड पॉलिसी रिसर्च, 13(1), 12-21https://doi.org/10.5897JPAPR2021.0562
6. बनर्जी, आर., और गुप्ता, डी. (2019). शहरी स्वच्छता अभियानों में तकनीकी एकीकरण: भारत के स्मार्ट शहरों का अध्ययन। अर्बन पॉलिसी रिव्यू, 27(4), 78-93।

7. वर्ल्ड बैंक. (2022). भारत में शहरी स्वच्छता में सुधार: सर्वोत्तम प्रथाओं पर नीति संक्षेप। वाशिंगटन, डीसी: वर्ल्ड बैंक प्रकाशन।
8. चौधरी, एन., और पटेल, के. (2023). अपशिष्ट प्रबंधन में नागरिक भागीदारी और व्यवहार परिवर्तन। एनवायरनमेंट एंड अर्बन अफेयर्स रिव्यू, 10(3), 91-104।
9. मिश्रा, ए. (2021). प्रबंधन सिद्धांतों के माध्यम से लोक प्रशासन: 21वीं सदी की शासन व्यवस्था में फेयोल की प्रासंगिकता। इंडियन जर्नल ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, 29(1), 59-67।
10. मोहंती, पी. के. (2018). भारत में शहरी स्थानीय निकाय: शासन और चुनौतियाँ। नई दिल्ली: ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस।

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LI (51), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# भारतीय परिप्रेक्ष्य में वृद्धावस्था की सामाजिक चुनौतियाँ : एक समकालीन विश्लेषण

**डॉ. श्रुति त्रिपाठी***

* सहेयक प्राध्यापक (समाजशास्त्र) क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय, गुना (म.प्र.) भारत

**प्रस्तावना –** वृद्धावस्था जीवन का ऐसा चरण है जहाँ व्यक्ति भौतिक, मानसिक तथा सामाजिक रूप से सक्रिय भूमिका कम निभाने लगता है। यद्यपि वह सक्रिय भूमिका नहीं निभाता, पर समाज में पूर्व में निभाई गई महत्तवपूर्ण भूमिका के आधार पर विश्रांति और सम्मान की कामना करता है। भारतीय संस्कृति में इस अवस्था को 'संन्यास आश्रम' के रूप में देखा गया है, जहाँ अनुभव, ज्ञान और धार्मिक चेतना की विशेष भूमिका होती है। परंतु बदलती आर्थिक-सामाजिक व्यवस्था, शहरीकरण, विघटित होते पारिवारिक ढाँचे तथा प्रतिस्पर्धात्मक जीवन शैली ने वृद्धजनों की सामाजिक स्थिति को चुनौतीपूर्ण बना दिया है।

यह शोध-पत्र आधुनिक भारतीय समाज में वृद्धावस्था से संबंधित सामाजिक, आर्थिक तथा स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का विश्लेषण करता है और समाधान की संभावनाओं पर चर्चा करता है।

**शोध की आवश्यकता और उद्देश्य**

**आवश्यकता–** भारत में जनसंख्या का वृद्धिकरण तेज गति से हो रहा है। वर्ष 2021 में 60 आयु वर्ग की जनसंख्या लगभग 13.8 करोड़ थी, जो 2036 तक दोगुनी होने के अनुमान हैं। इस समूह के प्रति जागरूकता, नीति-निर्माण तथा संरचनात्मक समर्थन अत्यावश्यक होता जा रहा है।

**उद्देश्य:**

1. भारतीय समाज में वृद्धजनों की सामाजिक स्थिति का विश्लेषण।
2. सरकारी एवं सामाजिक स्तर पर वृद्धजनों की समस्याओं की पहचान।
3. नीतिगत उपायों की प्रभावशीलता पर विचार।
4. समाधान हेतु व्यावहारिक सुझाव प्रस्तुत करना।

**अध्ययन की पद्धति –** यह शोध मुख्यत: वर्णनात्मक, विश्लेषणात्मक एवं ऐतिहासिक-आलोचनात्मक पद्धति पर आधारित है।

**1. आधार स्रोत–** HelpAge India रिपोर्ट्स, NSSO डेटा, सरकारी योजनाओं की रिपोर्ट, अकादमिक शोध-पत्र तथा समाचार-पत्रध्पत्रिकाएँ।

**2. विश्लेषण का दायरा–** सामाजिक, आर्थिक, स्वास्थ्य, कानून व नीतिगत परिप्रेक्ष्य से।

**वृद्धावस्था की भारतीय अवधारणा –** भारतीय संस्कृति में वृद्धजन परिवार की रीढ़ माने जाते हैं। उनके अनुभव और मूल्यबोध से परिवार और समाज का मार्गदर्शन होता आया है। प्राचीन ग्रंथों में 'मातृदेवो भव', 'पितृदेवो भव' जैसे विचार उनकी गरिमा को प्रकाशित एवं प्रमाणित करते हैं। चार आश्रमों में अंतिम 'संन्यास आश्रम' वृद्धावस्था का प्रतिनिधित्व करता है, जहाँ आत्मचिंतन, मोक्ष की ओर गमन और समाज को उपलब्ध ज्ञान देने की अवस्था होती है। वृद्धजनों के प्रति ये दृष्टिकोण अब शहरीकरण और पारिवारिक टूटन के कारण खोने लगे हैं। नई पीढ़ी को वे बोझ जैसे लगने लगे हैं, जिसके कारण समाज का यह महत्तवपूर्ण घटक अदृश्य चुनौतियों का सामना कर रहा है।

**प्रमुख सामाजिक चुनौतियाँ**

**आर्थिक असुरक्षा–** अधिकांश वृद्धजन बेरोजगार, पेंशन-विहीन या अल्प आय वाले होते हैं। चिकित्सा खर्च, जीवन-निर्वाह, घर का रख-रखाव आदि उनकी सामर्थ्य से बाहर होते हैं।

1. वृद्ध, विशेषकर असंगठित क्षेत्र से आने वाले व्यक्ति वित्तीय योजनाओं से वंचित रहते हैं।
2. पेंशन योजनाओं के लाभार्थियों का अनुपात ग्रामीण क्षेत्रों में अत्यंत कम है।

**स्वास्थ्य संबंधी समस्याएँ–** जैसे-जैसे आयु बढ़ती है, वृद्धजन हृदय रोग, मोतियाबिंद, अस्थि-संबंधी रोग, मानसिक रोग जैसे अल्जाइमर, डिमेंशिया आदि से पीड़ित होते हैं।

1. मानसिक स्वास्थ्य की उपेक्षा गंभीर है।
2. बुजुर्ग मानसिक अवसाद, अकेलापन, नींद न आने जैसी समस्याओं से ग्रस्त रहते हैं।

**सामाजिक उपेक्षा एवं दुव्यवहार–** HelpAge India के सर्वेक्षण अनुसार 2023 में 64% वृद्धों ने किसी न किसी प्रकार की उपेक्षा का अनुभव किया –

1. मानसिक उत्पीड़न
2. संपत्ति को लेकर झगड़े
3. घर से निष्कासन
4. भावनात्मक अलगाव से उत्पन्न अवसाद

**ग्रामीण बनाम शहरी वृद्धावस्था:**

1. ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक समर्थन अपेक्षाकृत बेहतर है, लेकिन सुविधाओं का घोर अभाव है।
2. शहरी क्षेत्रों में भले ही चिकित्सा व संस्थागत सहायता उपलब्ध हो, परंतु वृद्ध अकेलेपन, निजता की कमी और उपेक्षा से जूझते हैं।

**वृद्ध महिलाओं की समस्याएँ–** वृद्धावस्था और महिला – ये दोनों मिलकर चुनौतियों को और बढ़ा देते हैं। पुरुष प्रधान समाज में विधवापन अपने आप

में सामाजिक अभिशाप समझा जाता है और व्यवहार में उन्हें सामान्यत: दूर रखा जाता है, जो उनके लिए हर दृष्टि से पीड़ादायक होता है।

1. संपत्ति में अधिकार की स्थिति पुरुषों की अपेक्षा कमजोर रहती है।
2. महिला होने के कारण स्वास्थ्य व पोषण की उपेक्षा – बहुआयामी कठिनाइयाँ झेलनी पड़ती हैं।
3. लिंग आधारित भेदभाव वृद्धावस्था में और तीव्र हो जाता है।

**नीतिगत प्रयास एवं उनकी व्यावहारिक सीमाएँ**

**सरकारी योजनाएँ:**

1. इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना (IGNOAPS)
2. अटल पेंशन योजना (APY)
3. राष्ट्रीय वयोश्री योजना
4. वरिष्ठ नागरिक कल्याण कोष
5. रिवर्स मॉर्गेज योजना

**सीमाएँ:**

1. लाभार्थियों को योजनाओं की जानकारी का अभाव।
2. योजनाओं के लाभ हेतु सरकारी प्रक्रिया और दस्तावेज जुटाना कठिन।
3. प्रशासनिक स्तर पर असंवेदनशीलता व भ्रष्टाचार।

**सामाजिक और कानूनी प्रयास**

**सामाजिक पहल:**

1. वृद्धजनों के लिए सामुदायिक केंद्र, डे-केयर संस्थाएँ, हेल्थ कैंप।
2. NGO, SWO और NSS जैसे संगठनों की भागीदारी।
3. स्कूलों में नैतिक शिक्षा, पीढ़ी-दर-पीढ़ी संवाद को प्रोत्साहन।

**कानूनी पहल:**

1. 'माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम, 2007'।
2. त्वरित न्याय हेतु ट्राइब्यूनल।
3. मातापिता की संपत्ति पर अधिकार की सुरक्षा।
4. संतान से भरण-पोषण की कानूनी मांग।
5. इसकी प्रासंगिकता को और मजबूत करने हेतु संशोधन प्रक्रिया प्रगति पर है।

**समाधान एवं सुझाव**

**परिवार स्तर पर:**

1. आदरभाव, संवाद, सहभागिता तथा भावनात्मक सहयोग – परिवार के स्तर पर वृद्धों के लिए सबसे अच्छा वातावरण बनाते हैं।
2. घर में वृद्धों को उनके अनुकूल जिम्मेदारी देना जिससे वे व्यस्त रहें और अपनी भूमिका निभाने का अनुभव करें।
3. परिवार के विकास में उनके योगदान को मान्यता देना।

**नीति-निर्माण में सुधार:**

1. पेंशन और चिकित्सा योजनाओं को सरल बनाना।
2. वृद्धजनों को डिजिटल रूप से साक्षर बनाना।
3. ग्रामीण क्षेत्रों तक सेवाओं की पहुँच।

**सक्रिय वृद्धों के लिए:**

1. मनरेगा जैसे श्रम के बजाय मानसिक कार्यों में नियुक्ति।
2. अनुभव-आधारित परामर्श या स्वैच्छिक सेवा योजनाओं में सहभागिता।

**सामाजिक स्वीकृति एवं सक्रियता:**

1. वृद्धों को क्लब, मंदिर, सामुदायिक लाइब्रेरी, योग केंद्र आदि से जोड़ना।
2. 'inter-generational bonding' हेतु परिवार-केंद्रित कार्यक्रम।

**निष्कर्ष-** वृद्धजन हमारे सांस्कृतिक व नैतिक मूल्यों के संरक्षक हैं। यदि हम उनके अनुभव, भावना एवं अस्तित्व को सम्मानित करते हैं, तो यह केवल ऋण नहीं बल्कि समाज के लिए पुन: निवेश है।

वृद्धावस्था की गरिमा की रक्षा हेतु केवल सरकारी योजनाएँ ही नहीं, बल्कि परिवार और समाज को भी उद्देश्यपूर्ण सहभागिता निभानी होगी। 'वृद्धजन रूई का बोझ नहीं, वरन अनुभव की धरोहर हैं।'

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. HelpAge India Annual Survey Report - 2023
2. भारत सरकार – सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय।
3. Ageing in India: Challenges and Policy Responses, Economic and Political Weekly.
4. National Sample Survey Office (NSSO) Reports
5. World Health Organization Global Ageing Report
6. राष्ट्रीय वृद्धनीति, राष्ट्रीय वृद्धजन शिक्षा संसाधन केन्द्र, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, नई दिल्ली।
7. उमेश चन्द्र अग्रवाल,'बढ़ते बुजुर्ग, घटती सुरक्षा', पत्रिका कुरुक्षेत्र, 2021.

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LI (51), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# कामकाजी महिलाओं की समस्याएं : एक समाजशास्त्रीय अध्ययन

**नागेश्वरी कुमारी***

* शोधार्थी, राधा गोविंद यूनिवर्सिटी, रामगढ़ (झारखंड) भारत

**शोध सारांश –** नारी को 'आधी दुनिया' कहा जाता है। वह एक ऐसी 'आधी दुनिया' है जो कदम- कदम पर पुरुष द्वारा अनुशासित होती रही है। आजादी के बाद नारी शिक्षा की स्थिति में सुधार के कारण उच्च मध्यवर्गीय के साथ-साथ आम शहरी मध्यवर्गीय परिवारों की नारियां भी शिक्षित हुई और उन्होंने अपने पैरों पर खड़े होने की प्रयास की। इसमें से कई महिलाओं ने सफलता भी हासिल की, लेकिन पुरुष प्रधान सोच और समझ हमेशा उनके आड़े आते हैं, जो उनकी समस्याओं का कारण बनती है। कामकाजी महिलाएं कौन है? असल इस प्रश्न का उत्तार समाज ने अपनी दृष्टिकोण और सोच पर आधारित बनाकर संग्रहित किया है। समाज सोचता है कि घर से बाहर काम करने वाली महिलाएं कामकाजी महिलाएं हैं। कामकाजी महिला का अर्थ काम करने वाली महिला से है ये सिर्फ सामाजिक दृष्टिकोण ही है, जो महिलाओं को तनावग्रस्त बनाता है। घर परिवार में कोई फर्क नहीं पड़ता कि एक बाहर काम करने वाली महिला को कितनी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्हें बस उनसे अपने लिए सेवा चाहिए। एक महिला क्या कुछ प्रदान नहीं करती। नौकरी करने वाली महिला चाहे जितनी परेशान हो, उसे ही सब कुछ निभाना पड़ता है एक महिला न सिर्फ शारीरिक रूप से परेशान रहती है बल्कि मानसिक रूप से भी बहुत अधिक तनावग्रस्त रहती हैं। जिसके कारण उनका पूरा जीवन प्रभावित होता है जिस सेवा के लिए हमें कीमत चुकानी पड़ती है किसी कार्य को महिलाएं बिना मूल्य के एवं बेरोजगारी के नाम के साथ खुशी से करती हैं।

अध्ययन में हम कामकाजी महिलाओं की समस्याओं के बारे में जानने की कोशिश करेंगे। कि वो घर और बाहर दोनों ही समस्याओं में महिलाओं को दोहरी भूमिका अदा करनी पड़ती है।

**शब्द कुंजी –** सामाजिक असमानता, दृष्टिकोण, महिला सशक्तिकरण, सामाजिक विडम्बना,कामकाजी, कार्यस्थल, समस्याएं।

**प्रस्तावना –** कामकाजी शब्द का अर्थ बहुत व्यापक है। जिन्हें समाज के कुछ पहलुओं की सोच ने सीमित कर दिया है। कामकाजी दो शब्दों से मिलकर बना शब्द है (काम काजी) काम करने वाला। कामकाजी महिला शब्द का प्रयोग प्रायरू नौकरी करने वाली महिलाओं के संदर्भ में किया जाता है यथार्थ वे महिलाएं जो बाहर नियमित रूप से आर्थिक और व्यावसायिक गतिविधियों में व्यस्त रहती है। कामकाजी महिला शब्द उन स्त्रियों के लिए प्रयोग हुआ है जो तनख्वाह वाले कार्य में लगी हैं। वर्तमान समय में महिलाएं घर के साथ-साथ कार्यालय का कार्य भी देखती है जिसके लिए उसे एक निश्चित वेतन दिया जाता है। अब महिलाएं विद्यालयों, कॉलेजों और कार्यालयों में कार्य करने तक ही सीमित नहीं है बल्कि उद्योग - धंधों, कारखानो, न्यायालयों प्रशासन, राजनीति तथा अन्य व्यावसायिक क्षेत्र में भी कार्य कर रही है। कामकाजी होने के कारण जहां एक ओर महिलाओं को परिस्थिति और प्रतिष्ठा में परिवर्तन आया है जो कि सकारात्मक है वहीं दूसरी ओर उनकी समस्याएं और भी बढी है। वर्तमान में कार्यरत महिलाओं को घर के कार्य के साथ-साथ कार्यालय की जिम्मेदारियां उठानी पड़ती है और दोनों के बीच उचित तालमेल भी बिठाना पड़ता है जो बहुत ही कठिन कार्य है आज के समय में ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है जहां महिलाएं कार्यरत न हो। सामाजिक विकास की प्रक्रिया में भी निरू संदेह महिलाओं के योगदान को नजर अंदाज नहीं किया जा सकता है। दुनिया में आज बढ़ते विकास की प्रक्रिया को सतत विकास के नाम से जाना जाता है। भारत में महिलाओं की स्थिति से संबंधित सीमिति का मानना है कि समाज के विकास में महिलाओं की भागीदारी तय करते समय व्यक्तिगत स्वतंत्रता, समानता, परिवार, सामुदायिक भागीदारी और वैश्विक समाज में महिला और पुरुष दोनों को समान रूप से देखना आवश्यक है। वर्ष 1975 को अंतरराष्ट्रीय महिला वर्ष के रूप में घोषित किया गया जिसका उद्देश्य महिला विकास को बढ़ावा देना और अपने अधिकार के प्रति जागरूक करना था। वर्तमान में जो स्त्रियां शिक्षित और नौकरी करने वाली स्त्रियों की भूमिका निभा रही है उससे उन्हें एक नया सामाजिक तथा आर्थिक दर्जा प्राप्त हुआ है तथा जीवन के विभिन्न पहलुओं के प्रति उनका दृष्टिकोण भी प्रभावित हुआ है।

किसी भी समाज की तस्वीर बदलने में महिलाओं का योगदान महत्वपूर्ण होता है। नेपोलियन बोनापार्ट ने कहा था कि मुझे योग्य माता दे दो मैं तुम्हें योग्य राष्ट्र दूंगा। वर्तमान के हर क्षेत्र में महिलाएं पुरुषों के कंधे से कंधा मिलाकर कार्य कर रही है। महिला सशक्तिकरण के दौर में महिलाओं ने घर की देहरी से बाहर कदम बढ़ाकर स्वयं कार्यशील महिला होने का गौरव प्राप्त किया है और स्वयं की एवं समाज की स्थिति को बदलने का बिडा उठाया है। 21वीं सदी में महिलाओं ने ऐसे कार्यों में भी प्रवेश कर लिया है जिन पर सदियों से पुरुषों का एकाधिकार था। वर्तमान में देश की सबसे बड़ी सुरक्षा सैनिक में भी भारतीय महिलाएं कार्यरत हैं जो की महिलाओं के लिए गौरव की बात है।

**अध्ययन के उद्देश्य :**

1. भारत कामकाजी महिलाओं का अध्ययन करना।
2. कामकाजी महिलाओं के समस्याओं का अध्ययन करना।

**शोध प्रविधि –** शुद्ध प्रविधि विश्लेषणात्मक है एवं व्यवहारिक जीवन पर आधारित है। शोध पत्र का विश्लेषण के लिए अनेक पुस्तकों, पत्रिकाओं तथा विभिन्न शोध जर्नल में प्रकाशित शोध पत्रों का अध्ययन किया गया है।

**पूर्व शोध अध्ययन**

1. वर्षा कुमारी द्धारा उड़ीशा राज्य के 'राउलकेला शहर' सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमो, बैंक, स्कूल व कॉलेजों में कार्यरत महिलाएं जैसे विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्रों में कार्यरत महिलाओं की समस्याओं और चुनौतियों का अध्ययन किया गया । अध्ययन में पाया कि विभिन्न आयु – वर्ग में एवं विशेष वर्ग की महिलाओं तथा विभिन्न श्रेणियां में कार्यरत महिलाएं जैसे अविवाहित, विवाहित तथा तलाकशुदा महिलाओं की समस्याओं व चुनौतियों में विभिन्नता पाई जाती है लेकिन कुछ सामान्य तरह की समस्याओं जैसे – शारीरिक व मानसिक तनाव, नौकरी व परिवार के बीच उचित संतुलन की समस्या, परिवार की देखभाल व कार्यस्थल पर भेदभाव आदि का सामना करना पड़ता है।

2. सरिता वाशिष्ठ (2010),'महिला सशक्तिकरण', प्रस्तुत पुस्तिका में लेखिका ने अपने अध्ययन के माध्यम से महिला सशक्तिकरण और कामकाजी महिलाओं के अधिकारों पर प्रकाश डाला है उनके अनुसार महिला सशक्तिकरण सही मायने में तभी सफल हो सकता है जब महिलाओं को अपने कामकाजी अधिकारों का ज्ञान हो । उनके अनुसार जागरूकता एक बहुत बड़ी कमी है। जिसके कारण कामकाजी महिलाएं अपने अधिकारों का लाभ नहीं उठा पाती।

3. रेखा तिवारी, दिवाकर शर्मा (2013),'प्रस्तुतिका में लेखिका ने बताया है कि कामकाजी महिला शब्द का प्रयोग' प्राय: नौकरी करने वाली महिलाओं के संदर्भ में किया जाता है यथार्थ वे महिलाएं जो बाहर नियमित रूप से आर्थिक और व्यावसायिक गतिविधियों में व्यस्त रहती हैं। कामकाजी महिला शब्द उन स्त्रियों के लिए प्रयुक्त हुआ है जो वेतन वाले कार्य में लगी है। काम करने का अर्थ स्वयं काम करना ही नहीं, दूसरे व्यक्तियों से काम लेना भी है तथा उनके कार्य की निगरानी करना एवं निर्देशन देना आदि भी सम्मिलित है।

4. निर्मला के चित्रोडा (2016),'भारत में कामकाजी महिलाओं की स्थिति', प्रस्तुत पुस्तिका में लेखिका ने बताया है कि भारत में महिलाओं की स्थिति ने बड़े–बड़े उतार – चढ़ाव देखे हैं। वैदिक युग में उसे देवी की तरह पूजा जाता था वही मुस्लिम युग में उसे दास की तरह रखा जाता था। स्वतंत्रता के बाद से पालडा महिलाओं के पक्ष में रहा है या यू भी कह सकते हैं आजादी के बाद अनेक ऐसे सुधार हुए जिनसे महिलाओं की सामाजिक – आर्थिक स्थिति में काफी सुधार हुआ। इसमें कोई संदेह नहीं है कि भारत का चाहे खेले जगत हो या फिर स्वास्थ्य जगत महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से पीछे नहीं है। लेकिन इतनी तरक्की के बावजूद भी इन तथ्यों को नकारा नहीं जा सकता कि उनकी स्थिति आज भी सोचनीय है।

5. शांति कुमार स्याल (2017),'कामकाजी महिलाएं समस्याएं और समाधान', प्रस्तुत पुस्तिका में बताया गया है कि कामकाजी महिला एक सशक्त महिला की श्रेणी में आती है। महानगरीय संस्कृति में परिवार में सांस्कृतिक मूल्यों के सृजन के संदर्भ में उसकी भूमिका और भी अधिक महत्वपूर्ण है, क्योंकि वहां पारिवारिक वातावरण के रूप में संयुक्त परिवार के अन्य सदस्य या आस – पड़ोस का योगदान नगण्य होता है। विपरीत इसके पीढ़ी – लिखी होने के बावजूद भी महिलाएं घरेलू वातावरण में अंधविश्वास व दकियानूसी विचारधाराओं का शिकार हो जाती हैं।

6. रेनू पवार (2017) कार्यरत महिलाओं के पारिवारिक समायोजन का एक समाजशास्त्रीय अध्ययन में पाया कि इस बदलते परिवेश में महिलाएं बहुत विकसित और जागरूक हुई हैं और वह अपने जीवन को आर्थिक रूप से मजबूत करने में सक्षम है लेकिन साथ ही वह दोहरी भूमिका निभाने की मांग से अत्यधिक रूप से प्रभावित होते जा रही है। महिलाएं अपने पारिवारिक जीवन और कार्यस्थल पर संतुलन बनाते–बनाते खुद के जीवन को भूलते जा रही है। जिसके कारण उनके जीवन शैली पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ रहा है।

7. सुधीर कुमार श्रीवास्तव (1985) ने , 'महिला सशक्तिकरण में महिलाओं की भूमिका' के अध्ययन में बताया है कि महिलाएं तभी सशक्त हो सकती है जब शिक्षा के माध्यम से उन्हें जागरूक किया जाए।

8. संयुक्त राष्ट्रीय संघ ने (1975) को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस घोषित किया और नारी उत्थान की दिशा में अनेक प्रयास किए जिससे महिलाएं विकसित हो रही है। लेकिन समाज की दृष्टिकोण के कारण महिलाएं आज भी तनावपूर्ण जीवन से जूझ रही है। इसके लिए समाज का जागरूक होना अति आवश्यक है।

**निष्कर्ष –** प्रस्तुत अध्ययन में कार्यरत महिलाओं की भूमिका और उनमें सामंजस्य स्थापित करती महिलाओं का वर्णन से संबंधित प्रश्न के उत्तार में पाया कि कामकाजी महिलाओं की सबसे बड़ी समस्या है दोहरी जिम्मेदारियों का बोझ। महिलाओं पर व्यवसाय का उत्तारदायित्व बढ़ा देने के बावजूद उनकी पारंपरिक भूमिका में कोई विशेष कमी नहीं की गई है। हमारे देश में अनेक रूढ़िवादी परंपराओं को पीछे छोड़कर एक नई सोच को अपनाया है। किंतु जब बात महिलाओं की आती है तो आज भी समाज का दृष्टिकोण कुछ ज्यादा विकसित नहीं हुआ है। हमारी सरकार के प्रयासों और योजना तथा महिलाओं की शक्ति ने महिला जीवन को नई उड़ान दी है किंतु फिर भी दूहरी सोच व पितृसत्तात्मक समाज में नारी को समान अधिकार नहीं मिल पाते हैं। चाहे वह घर की कामकाजी महिला हो या बाहर काम करती हो। उसको अपनी आजादी और खुशियों के लिए हमेशा संघर्ष करना पड़ता है। आर्थिक रूप से मजबूत महिलाएं भी इस समाज में गुलामी का जीवन व्यतीत कर संघर्ष कर रही है।

हमारी सरकार के कानून ने महिलाओं को चाहे बराबर के अधिकार दिए हैं। लेकिन समाज ने उन्हें सीमित दायरे में बांध रखा है। किसी भी घर समाज या देश की उन्नति एवं विकास में महिलाओं की बराबरी की भागीदारी होती है इसलिए हमें अगर देश हुआ समाज को उन्नत एवं विकसित करना है तो महिलाओं के लिए समाज का दृष्टिकोण बदलना अतिआवश्यक है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची : –**

1. ज्योति शर्मा (2014) कामकाजी महिलाओं का असल अर्थ और महत्व (एक विश्लेषणात्मक शोध), सहायक आचार्य, हिंदी विभाग, एथेम्स महाविद्यालय, हैदराबाद, भारत।
2. आशा नगर (2021) भारत में कामकाजी महिलाओं की समस्या में समाधान एक विश्लेषणात्मक अध्ययन, सहायक आचार्य, राजकीय महाविद्यालय देवली, टोंक राजस्थान, भारत इनोवेशन दी रिसर्च कॉन्सेप्ट आई एस एस एन : 2456 – 5474.
3. डॉ. शकीला खान एवं डॉ रानी दुबेरू कामकाजी एवं घरेलू महिलाओं के तनाव का उनके स्वास्थ्य एवं पारिवारिक संबंधों पर प्रभाव का अध्ययन : केंद्रीय विश्वविद्यालय शिक्षा महाविद्यालय, अंतरराष्ट्रीय शोध

पत्रिका इंडियन स्ट्रीम्स रिसर्च जर्नल।

4. प्रवीण कुमार (2019) कामकाजी महिलाओं की समस्याएं एक समाजशास्त्रीय अध्ययन जनरल ऑफ एडवांस एंड स्कॉलरली रिसर्च इन एलाइड एजुकेशन आईएसएसएन: 2230 – 7540.
5. वर्मा अंजलि (2009) भारत में कार्यशील महिलाएं, ओमेगा पब्लिकेशन्स, नई दिल्ली।
6. चित्तौड़ के निर्मला (2016), भारत में कामकाजी महिलाओं की स्थिति, आत्माराम एंड संत प्रकाशन, नई दिल्ली।
7. डॉ. बबीता एवं मधु (2024) journal of emerging technologies and innovative research.

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LI (51), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# नेपाल में राजनीतिक अस्थिरता का भारत पर प्रभाव

**दीपिका शर्मा** *

* शोधार्थी, कोटा विश्वविद्यालय, कोटा (राज.) भारत

**प्रस्तावना –** नेपाल भारत का पड़ोसी देश है जो की भू–आबद्ध है,अर्थात इसकी सीमाएं तीन तरफ से भारत से गिरी हुई है इसलिए समुद्री व्यापार हेतु भारत नेपाल को सहयोग प्रदान करता है।

भू राजनीतिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो नेपाल, चीन और भारत के मध्य एक बफर स्टेट है ,जिसे दोनों देश अपनी तरफ से संतुलित करने का प्रयास करते हैं।

ना केवल सामरिक दृष्टि बल्कि ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आर्थिक रूप से भी नेपाल ,भारत की विदेश नीति में एक विशेष महत्व रखता है। नेपाल में स्थित लुंबिनी भारत में उत्पन्न बौद्ध धर्म का पवित्र स्थान माना जाता है, जहां भगवान बुद्ध का जन्म हुआ था एवं नेपाल के संघीय गणराज्य घोषित होने से पूर्व इसे एक मात्र हिंदू राष्ट्र के नाम से जाना जाता था।

दोनों देश खुली सीमा और लोगों की निर्बाध आवाजाही साझा करते हैं, विवाह और पारिवारिक संबंधों के कारण इन्हें रोटी बेटे के रिश्ता का नाम भी दिया जाता है इस प्रकार दोनों देश परस्पर धार्मिक और सांस्कृतिक संबंधों का इतिहास साझा करते हैं।

नेपाल भारत के पांच राज्यों उत्तराखंड,उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, सिक्किम और बिहार के साथ सीमा साझा करता है। सीमावर्ती नेपाल की तराई क्षेत्र में पाए जाने वाला मधेशी समुदाय भी भारत से नजदीकी संबंध साझा करता है।

वर्ष 1950 में भारत और नेपाल के मध्य हुई शांति और मित्रता की संधि भी उनके संबंधों का एक ऐतिहासिक आधार है, जब नेपाल पर हमले को भारत की संप्रभुता पर खतरा माना जाता था।

वर्ष 1960 में काठमांडू के राजा महेंद्र के काल में भी भारत और नेपाल के मध्य औद्योगिक एवं आर्थिक सहयोग को बढ़ावा दिया गया, कोसी एवं गंडक नहर परियोजनाओं पर हस्ताक्षर किए गए।

वर्ष 1996 में गिरिजा प्रसाद कोइराला एवं भारत में एच.डी.देवगौड़ा की सरकार के मध्य महाकाली संधि जिसे पंचेश्वर बहुउद्देशीय परियोजना के नाम से भी जाना जाता है ,ने जल, विद्युत, सिंचाई जैसे क्षेत्रों में साझा सहयोग को सुनिश्चित किया।

वर्ष 1990 में व्यापार एवं पारगमन संधि एवं उसके बाद हुए ऊर्जा, सड़क, सुरक्षा समझौतो ने दोनों देशों के मध्य संबंधों को सुचा: रूप से गति प्रदान की और इन सभी संधियों की बदौलत ही सतही मतभेद कभी गहरे नहीं हुए और भारत ने एक जिम्मेदार पड़ौसी होने के नाते नेपाल को हर संभव सहयोग उपलब्ध करवाया, चाहे वह आर्थिक सहयोग हो ,बुनियादी ढांचे का विकास हो ,या व्यापार एवं पारगमन समझौतो पर क्रियान्वयन हो।

हाल ही में भारत ने काठमांडू को रक्सौल से जोड़ने वाली इलेक्ट्रिक रेल बनाने हेतु समझौता ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर किए हैं। भारत द्विपक्षीय रक्षा सहयोग में उपकरण और प्रशिक्षण के माध्यम से नेपाली सेना को उसके आधुनिकरण में सहायता देता है। भारतीय सेना के गोरखा रेजीमेंटों का गठन आंशिक रूप से नेपाल की पहाड़ी जिलों से भर्ती कर किया जाता है।

नेपाल हिमालय की तलहटी में बसा देश है जो भूकंप और बाढ़ की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्र में आता है उससे होने वाले जान माल के नुकसान की भरपाई करने हेतु भारत मानवीय सहायता भी उपलब्ध करवाता है।

इन सभी बहुउद्देशीय संबंधों के बावजूद 21वीं सदी भारत और नेपाल के संबंधों के मध्य कई चुनौतियां लेकर आई है, जिसका मुख्य कारण नेपाल की राजनीतिक अस्थिरता को माना जाता है।

नेपाल की राजनीतिक अस्थिरता के कारण एवं उनका भारत पर प्रभाव ही इस शोध पत्र का अभीष्ट है।

नेपाल के इतिहास को देखा जाए तो इसने राजशाही से लेकर लोकतंत्र का सफर तय किया है ,जिसकी पहली शुरुआत वर्ष 1990 में नेपाल में पंचायत व्यवस्था की औपचारिक समाप्ति से हुई और तत्पश्चात नवंबर 1990 में के. पी. भट्टाराई की अंतरिम सरकार द्वारा एक नया संविधान निर्मित किया गया। साथ ही इसी वर्ष वहां पहली बार बहुदलीय राजनीतिक व्यवस्था के अंतर्गत चुनाव आयोजित किए गए, जिनमें नेपाली कांग्रेस के गिरिजा प्रसाद कोइराला ने सरकार बनाई किंतु वह मात्र चार सालों में ही गिर गई।अत: 18 माह पूर्व नवंबर 1994 में पुन: चुनाव आयोजित किए गए ,परंतु किसी भी पार्टी को बहुमत नहीं मिलने से नेपाल के इतिहास में पहली बार कम्युनिस्ट सरकार अस्तित्व में आई किंतु अल्पमत के कारण वह भी 9 माह में गिर गई। सितंबर 1995 में नेपाली कांग्रेस के शेर बहादुर देउबा ने सरकार बनाई और वर्ष 1999 में भी नेपाली कांग्रेस को बहुमत मिला किंतु राजा ज्ञानेंद्र ने वर्ष 2002 में संसद को भंग कर दिया।

जिसके फलस्वरुप पुष्प कमल दहल प्रचंड,बाबूराम भट्टाराई और छोटे कम्युनिस्ट समूहों द्वारा 1996 में गठित 'कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल' (माओवादी) ने राजशाही के विरुद्ध सशस्त्र जनयुद्ध की घोषणा कर दी, इसे नेपाली माओवादी विद्रोह के नाम से भी जाना जाता है। 1996 से लेकर 2006 तक चले इस जन आंदोलन में लगभग 13000 लोगों की जानें गई। इसी वर्ष भारत की मध्यस्थता और अंतरराष्ट्रीय सहयोग से 'समग्र शांति समझौता' भी करवाया गया।

जिसके बाद माओवादी लोगों की राजनीतिक सहभागिता को बढ़ाकर उन्हें मुख्यधारा में लाया गया।

अतएव 24 अप्रैल 2006 को राजा ज्ञानेंद्र द्वारा भंग संसद को बहाल करने की घोषणा की गई और राजशाही की शक्ति को समाप्त कर दिया गया।

वर्ष 2006 से 2008 तक नेपाली कांग्रेस के गिरिजा प्रसाद कोइराला के नेतृत्व में बनी सरकार ने भारत की ओर सकारात्मक रुख अपनाया और भारत ने भी नेपाल में लोकतांत्रिक प्रक्रिया और शांति प्रक्रिया को लागू करने में सक्रिय भूमिका निभाई।

वर्ष 2008 में नेपाल आधिकारिक रूप से संघीय लोकतांत्रिक गणराज्य बन गया और राजतंत्र का अंत हो गया इसी वर्ष संविधान सभा के चुनाव हुए और रामबरन यादव ने संघीय गणराज्य, नेपाल के प्रथम राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली साथ ही गठबंधन सरकार को पुष्प कमल दहल प्रचंड का नेतृत्व मिला। इस माओवादी सरकार का भारत के प्रति संदेह पूर्ण दृष्टिकोण था और तुलनात्मक रूप से चीन की ओर झुकाव अधिक था।

वर्ष 2009 में प्रचंड ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया और यह राजनीतिक अस्थिरता का दौर नेपाल में लगातार चलता रहा।

वर्ष 2009 से 2011 के मध्य सीपीएन यूएमएल के माधव कुमार नेपाल ने दोनों देशों के मध्य संतुलन बनाने की कोशिश की। साथ ही नेपाल के संविधान निर्माण में भारत ने भी यथा योग्य सहयोग प्रदान किया।

वर्ष 2011 में सीपीएन यूएमएल के झलनाथ खनाल का कार्यकाल अत्यंत छोटा रहा और भारत से उनके संबंध सामान्य किंतु ठंडे रहे।

2011 से लेकर 2013 तक माओवादी सरकार की बाबूराम भट्टाराई ने भारत से रिश्तो में सुधार की कोशिश की एवं सड़क, ऊर्जा ,व्यापार जैसे कई आर्थिक समझौते किए,इसे उनका व्यवहारिकता पूर्ण कदम कहा गया। वर्ष 2013 से 2014 में खिलराज रेग्मी (चीफ जस्टिस)की अंतरिम सरकार के नेतृत्व में सामान्य सहयोगात्मक संबंध रहें।

वर्ष 2014 से 2015 में पुन: नेपाली कांग्रेस सत्ता में आई और सुशील कोइराला के नेतृत्व में बनी सरकार ने भारत से अच्छे संबंधों की शुरुआत की।2015 में नेपाल का नया संविधान अस्तित्व में आया किंतु संविधान में मधेशियों की भागीदारी को लेकर विवाद हुआ जो कि भारत नेपाल संबंधों में तनाव का कारण बना।

वर्ष 2015 से 2016 में सीपीएन यूएमएल के केपी शर्मा ओली की सरकार का प्रत्यक्ष झुकाव चीन की तरफ था। इस कारण भारत और नेपाल संबंध बहुत पेचीदा हो गए और 2015 में भारत– नेपाल सीमा पर आर्थिक नाकाबंदी भी हुई।

वर्ष 2016 से 2017 तक पुष्प कमल दहल प्रचंड का दूसरा कार्यकाल रहा, जिसमें उन्होंने भारत से अपने संबंधों को सुधारने की कोशिश की और कई परियोजनाओं पर कार्य प्रारंभ किया।

वर्ष 2017 से 2018 तक नेपाली कांग्रेस के शेर बहादुर देउबा प्रधानमंत्री बने ,इस समय भारत के नेपाल से अपेक्षाकृत अच्छे संबंध रहे।आर्थिक सहयोग एवं सीमा सुरक्षा पर परस्पर बातचीत हुई।

2018 से 2021 में केपी शर्मा ओली के दूसरे कार्यकाल के दौरान शुरुआत में भारत से नजदीकी बढ़ी लेकिन बाद में 2020 में नेपाल द्वारा एक ष्राजनीतिक मानचित्रष जारी किया गया ,जिसमें भारतीय क्षेत्र लिपुलेख ,कालापानी, लिपियाधुरा को नेपाल का हिस्सा बताया गया ,जिससे परस्पर तनाव में बढ़ोतरी हुई।

2021 से 2022 में शेर बहादुर देउबा का दूसरा कार्यकाल रहा, उन्होंने भारत के साथ अपने संबंधों को सुधारने का प्रयास किया और ऊर्जा परियोजनाओं एवं कनेक्टिविटी पर सहयोग में वृद्धि की।

वर्ष 2022 से 2024 के मध्य पुष्प कमल दहल प्रचंड पुन: पद पर आसीन हुए और सत्ता में आते ही उन्होंने चीन का दौरा किया उसके बाद भारत की यात्रा भी की।उनकी नीति संतुलनकारी कूटनीति पर आधारित मानी गई, क्योंकि इस कार्यकाल के दौरान कई हाइड्रो पॉवर परियोजनाओं एवं कनेक्टिविटी प्रोजेक्ट्स कोभारत के सहयोग से गति प्रदान की गई।

वर्ष 2024 से नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली है, जिन्होंने भारत से ऊर्जा, रेलवे लिंक, पेट्रोलियम पाइपलाइन और पावर ट्रेड एग्रीमेंट के साथ –साथ ही डिजिटल भुगतान (यूपीआई )एवं कनेक्टिविटी से संबंधित कई समझौतो पर हस्ताक्षर किए हैं।

नेपाल की राजनीतिक व्यवस्था का अध्ययन करने पर हम यह पाते हैं कि, 1951 से लोकतांत्रिक राजनीति की शुरुआत से लेकर अब तक नेपाल में 40 से भी अधिक सरकारें बन चुकी है, लेकिन औसतन हर सरकार की उम्र 1 से 1.5 साल से ज्यादा नहीं रही है। 2008 में नेपाल के गणराज्य बनने के बावजूद भी राजनीतिक अस्थिरता का दौर नहीं थमा है। अगर इस अस्थिरता का विश्लेषण किया जाए तो हम पाते हैं कि गठबंधन की राजनीति इसका एक मुख्य कारण सिद्ध हुई है।जब कोई भी दल अकेले बहुमत प्राप्त नहीं कर पाता है ,तो सरकारें गठबंधन पर निर्भर होती है और स्थायित्व को नहीं प्राप्त कर पाती है।

लोकतंत्रात्मक देश में दल बदल की संस्कृति भी सरकारों की अनिश्चितता को बढ़ावा देती है और ऐसा सिद्धांतों से हीन सत्ता संघर्ष में प्रत्यक्षत: देखा जाता है।

नेपाल के संवैधानिक और वैचारिक विवाद भी इस अस्थिरता को बढ़ावा देते हैं जैसेय नेपाल का संघीय ढांचा, नेपाल में मधेशियों के अधिकार और संवैधानिक संशोधन, जिनसे मुद्दों की राजनीति को हवा मिलती है और विपक्ष तख्ता पलट करने में सफल रहता है।

दलों में होने वाला आंतरिक नेतृत्व संघर्ष भी पार्टी नेताओं के बीच आपसी प्रतिस्पर्धा को बढ़ाकर सरकार को गिरा देता है।जैसा किष ओली बनाम प्रचंडष के केस में देखा गया है। भारत के संदर्भ में इन अस्थिरताओं को जन्म देने का कारण नेपाल पर बढ़ता चीन का प्रभाव है, ऐसे बाहरी दबाव के कारण भी आंतरिक राजनीति में सत्ता संघर्ष बढ़ जाते हैं और सरकारें उनके इशारों की कठपुतली मात्र बन जाती है जो कि विशेषतया नेपाल में भारत विरोधी विचारों को पनाह दे,उनका प्रसार नकारात्मक ढंग से कर जनमत पर ग्राम्शी के विचारधारात्मक प्रभुत्व का प्रयोग कर उन्हें भड़काती है एवं हमारे संबंधों को कगार पर ले जाती है।

चीन द्वारा नेपाल को दी गई आर्थिक सहायता और वन बेल्ट वन रोड़ में नेपाल का शामिल होना चीन के बढ़ते प्रभाव को बताता है जो माओवादी के सत्ता में आने पर स्पष्ट दिखाई पड़ता है।

भारत के संदर्भ में देखा जाएं तो नेपाल की सरकारें जब नेपाली कांग्रेस के नेतृत्व में रही तब भारत से नेपाल के संबंध अपेक्षाकृत मित्रतापूर्ण रहे, लेकिन जब नेपाल में सीपीएन यूएमएल या माओवादी दल सत्ता में आए तो भारत के साथ तनाव और चीन की तरफ झुकाव देखा गया। इससे यह सिद्ध होता है कि दल के विचारों का प्रभाव जनमत को प्रभावित करता है।ना केवल

विदेश नीति अपितु देश की आंतरिक व्यवस्था भी राजनीतिक अस्थिरता के कारण अत्यंत प्रभावित होती है।

ये राजनीतिक अस्थिरता और तनातनी देश के विकास को पीछे की ओर ढकेलती है अत: जहां तक संभव हो लोकतांत्रिक तरीके से, सामंजस्यपूर्ण सरकार का स्थायित्व ही देश को प्रगति की ओर ले जाता है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :–**

1. wikipedia.com
2. panchjanya.com
3. योगेंद्र पाल सिंह –भारत की विदेश नीति।
4. प्रोफेसर रमाकांत – इंडो नेपाल इस रिलेशन फेज 1.
5. श्रीमन नारायण अग्रवाल – इंडिया एंड नेपाल: एन एक्सरसाइज ऑफ ओपन डिप्लोमेसी।
6. शोधपत्र– 21वीं सदी में भारत नेपाल संबंध ,द्वारा ममतामणि त्रिपाठी।

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LI (51), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# महाकविहर्षवर्धनस्य रूपकेषु ललितकला

**वासुदेव एक्का*  डॉ. बहुरन सिंह पटेल****

* शोधच्छात्र:, शासकीय दू.श्री वै. संस्कृत महाविद्यालय:, रायपुरम् (छ.ग.) भारत
** सहायक प्राध्यापक: (व्याकरणम्) शासकीय दू.श्री वै.संस्कृत महाविद्यालय:, रायपुरम् (छ.ग.) भारत

**शोधसार:-** हर्षवर्धनस्य रूपकेषु संस्कृतसाहित्यस्य ललितकलानां प्रमुखं स्थानमस्ति। हर्षवर्धन: सप्तमशताब्द्या: प्रख्यात: सम्राट: विद्वान: चासीत्। तस्य आश्रये बाणभम्: मयूर: मतङ्ग: च इत्यादय: कवय: आसन्। हर्षवर्धनस्य रचनायां नागानन्दनाटकं एकं प्रसिद्धं संस्कृतनाटकमस्ति। य: बौद्धधर्मस्य प्रभावं दर्शयति। ललितकला: यथा सङ्गीतं, नृत्यं, चित्रं, वाद्ययन्त्रं च नागानन्दनाटके प्रदर्शनस्य अङ्गानि वर्तन्ते। गीतानां रागात्मकं चित्रणं दर्शकानां हृदये आह्लादयति। ललितकला जीवनस्याधारोऽस्ति। ललितकलाया: जीवनस्य च महत्तवपूर्ण: सम्बन्धोऽस्ति। कला जीवनस्य लालित्यं जनयति। अत: नीतिशतकम् इति स्वग्रन्थे भर्तृहरि: कलाविहीन: मनुष्यं पशुतुल्यं कथयति -

**'साहित्यसङ्गीतकलाविहीन: साक्षात् पशु: पुच्छविषाणहीन:।'( नीतिशतकम्-13 )**

**कूटशब्द: -** सङ्गीतं, नृत्यं, चित्रं, वाद्ययन्त्रं च इत्यादय:।

**प्रस्तावना -** हर्षवर्धन: भारतीय इतिहासे सम्राटस्य रूपे सुप्रसिद्धोऽस्ति। तस्य जन्म ज्येष्ठकृष्णद्वादशी दिनाङ्के 595 ईसवीं अभवत्। बाणभम्स्य 'हर्षचरितम्' ह्वेनसाङ्गस्य च यात्रावृत्तान्तात् वयं स्पष्टतया जानीम: यत् हर्षवर्धन: 'हूण-हरिण-केसरी' प्रभाकरवर्धनयशोमत्यो: पुत्र: आसीत्। स: स्वपितु: द्वितीय: पुत्र: आसीत्। तस्य अग्रजस्य भ्राता राज्यवर्धन: आसीत्। तस्या: भगिनी राज्यश्री योग्या विदुषी आसीत्। तस्य बाल्यकाले सम्यक् शिक्षां दत्तम्। पिता हर्षवर्धनं राज्यवर्धनेन सह पञ्जाबदेशे निवसतां हुणानां पराजयार्थं प्रेषितवान्। दुर्दैववशाद्राज्यवर्धन: शशाङ्कनामकेन वङ्गीयनृपतिना छलेन निहत:। तदन्तरं हर्षवर्धनो राजा बभूव। अस्य राजधानी स्थाण्वीश्वरनामकं स्थानमासीत्। अस्य राज्यकाल: 606-647 खीष्टाब्दमासीदिति प्रतीतम्।

हर्षवर्धनस्य रूपकत्रयं सन्ति -1. रत्नावली, 2. प्रियदर्शिका,
3. नागानन्दञ्च।

नागानन्दनाटके जीमूतवाहनस्य यशो गीतम्। बौद्धहिन्दुधर्म-योरतिमधुरा संसृष्टिरस्ति। प्रियदर्शिका, रत्नावली च नाटिकयो: उदयस्य प्रियदर्शिकाया: रत्नावल्या: च अनुरागस्य कथा वर्णिता अस्ति। नागानन्दनाटके पञ्चाङ्का: सन्ति। यस्मिन् विद्याधर जीमूतवाहनस्य आत्मत्यागस्य कथां वर्णितास्ति। नाट्यदृष्ट्या हर्षवर्धनस्य रूपकेषु नाट्यशास्त्रीय पद्धतिं अभिनयस्य च गुणान् अनुसरन्ति। काव्यत्वस्य च दृष्ट्यापि उत्तमा: सन्ति। हर्षवर्धनस्य रूपकेषु विविधानि चित्रणानि उपलभ्यन्ते। अन्त:पुरस्य विलासपूर्णघटनानां, नागरिकानां उत्सवानां, देवपूजानां, प्रकृते: रमणीयतायाः, स्त्रीणां सौन्दर्यस्य, प्रणयभावनानां, नृत्य-सङ्गीतस्य च वर्णनं वर्तते।

कविहर्षवर्धन: राजकार्येषु व्यस्त: सन् अपि स्वरचनासु सङ्गीतस्य चित्रकलाया: च समुचितप्रयोगं कृतवान्। हर्षवर्धनं सङ्गीतस्य चित्रकलाया: चापि ज्ञानमासीत् इति तस्य कृतीभ्य: स्पष्टं भवति। हर्षवर्धनस्य वीणाया: नाम घोषवती आसीत्। एतां वीणां वादन् गजान् वशयति स्म।

**महाकविहर्षवर्धनस्य रूपकेषु ललितकला: -** नागानन्दनाटके ललितकलया पूर्णमस्ति। अनेकेषु स्थानेषु ललिताकलाया: विषये उल्लेखा: प्राप्यन्ते -

1. **सङ्गीतकला -** नागानन्दनाटकस्य आरम्भेऽपि सङ्गीतकलाया: विषये अकथयत् -

**'अहं गृहं गत्वा गृहिणीमाहूय सङ्गीतकमनुतिष्ठामि।'**

इत्थं प्रथमोङ्कस्य नवमे श्लोके सङ्गीतस्य विस्तरेण चर्चा कृतामस्ति -

**'क्रन्दत्कन्दरगह्वरो जलनिधेरास्फालितो वीचभि:'।**

समुद्रस्य तरङ्गानां पर्वतगुहाप्रहारै: या ध्वनि: उत्पन्न: अत्यन्तं मनोहर: भवति। तस्या: ध्वन्या: माधुर्यगुण: मन्त्रमुग्धं भवति। नायक: विदूषक: च तस्मिन् स्थाने स्थातुं वार्ता कथयत:। सङ्गीतं मनुष्याणां श्रोत्रिन्द्रियाणां माध्यमेन अन्त:करणं प्रभावितं करोति। न केवलं मनुष्यान् अपितु प्रत्येक जीवं आनन्दं ददाति।

**'स्थानप्राप्त्य दधानं प्रकटितगमकां मन्द्रतारव्यस्थां**
**विह्रादिन्या विपंच्या मिलितमलिरूतेनेव तन्त्रीसवरेण।**
**एते दन्तान्तरालस्थित तृणकवलच्धेदशब्दं नियम्य**
**व्याजिह्मांगा: कुरंगा: स्फुटललितपदं गीतमाकर्णयन्ति॥'**

मृग: वलितग्रीवा कृत्वा तृणचर्वणं च त्यक्त्वा सुमधुरगीतस्य प्राप्नोति। तस्मिन् सङ्गीते उच्चारित: शब्द: मन्त्रमुग्धं करोति। अस्मिन् तारस्वाराणां प्रस्तुता: सन्ति। अनेन आनन्दस्य प्रतीतं भवति। कर्णप्रियसङ्गीत मन: आह्लादयति पशव: अपि तस्यै श्रोतुं रोचन्ते। सुधयापीडित: हिरण: तृणं त्यक्त्वा सङ्गीतस्य आनन्दं नयति। सङ्गीतं न् केवलं तदेव यत् वाद्ययन्त्रै: उत्पाद्यते। कविना सङ्गीतरूपे अत्र भ्रमरझङ्कारं प्रस्तुतमस्ति।

**'मधुरमिव वदन्ति स्वागतं भृङ्गशब्दै:।'**

वर्तमानकालेऽपि अतिथीनां स्वागतं गायनेन करोति इति द्रष्टुं शक्यते

। स्वागतस्य विविधरूपेषु स्वागतगीतं श्रेष्ठं मन्यते। देवतानां आमन्त्रणेऽपि गीतगायनस्य प्रथा अस्ति। तथा च अत्र भ्रमरझङ्कारेण नायकस्य विदूषकस्य च कर्णप्रिय स्वागतं क्रियेते।

सङ्गीतद्वारा एव मलवतीं भगवतीं गौरीं प्रसन्नं करोति। मलयवत्या: भगवत्या: गौर्या: आराधनायां गीतं गायति।

**उत्फुल्लकमलकेसरपरागगौरद्युते मम हि गौरी।**
**अभिवाञ्छितं प्रसिध्यतु भगवति युष्मत्प्रसादेन ॥**

अर्थात् पुष्पितकमलस्य केसराणां परागस्य इव पीतवर्णेन कान्ति:। हे भगवति गौरी, त्वत्प्रसादेन मम कामना सिद्धा भवतु।

**2. वादनकला –** गौरीदेवी मन्दिरे वीणावादनस्य विधि: सर्वोत्तमा अस्ति। वीणावादनकौशले दशविधव्यञ्जनधातूनां प्रयोगा: प्रदर्शिता: सन्ति। व्यक्तिर्वयञ्जनधातुना दशविधेनाप्यत्र लब्धाऽमुना–

**विस्पष्टो द्रुतमध्यलम्बितपरिच्छन्नस्त्रिधाऽयं लय:।**
**गोपुच्छाप्रमुखा: क्रमेण यतयस्त्रिस्रोऽपि सम्पादिता–**
**स्तत्तवौधानुगताश्च वाद्यविधय: सम्यक् त्रयो दर्शिता: ॥**

अस्मिन् गीते वीणावादनस्य दशकला: स्पष्टतया अभिव्यक्तं भवति। द्रुत:, मध्य:, विलम्बितश्च इति त्रिभि: प्रकारै: लया: विशेषरूपेण स्पष्ट: भवति। समा, स्त्रोतोवहा गोपुच्छा चेति एता: तिस्र: यतय: क्रमेण अभिव्यक्तं भवति। तत्त्वं, ओघं अनुगतं च त्रिवाद्यविधय: सम्यक् दर्शिता: सन्ति।

उपर्युक्तपद्ये सङ्गीतशास्त्रस्य वाद्ययन्त्राणि हर्षवर्धन: कलाशास्त्रे प्रवीणतां प्रदर्शितवान् अस्ति। सङ्गीतशास्त्रस्य सूक्ष्मज्ञानं नास्ति। स: मनुष्यस्य कृते नाटकस्य एष: अंश: कठिन: अभवत्। मलयवत्या वीणावादनस्य उत्तमप्रस्तुति: नाटके सङ्गीतस्य पराकष्ठाया: परियाचिका अस्ति।

**नागानन्दनाटकस्य चतुर्थोऽङ्के यदा गरुड: नायकं अपहरति।**
**आमोदानन्दितालिर्निपतति किमियं पुष्पवृष्टिर्नभस्ते:?**
**स्वर्गे किं वैष चक्रं मुखरयति दिशा दुन्दुभीनां निनार्दे?**

सुगन्धेन भ्रमरान् आनन्दिता: पुष्पवृष्टि: आकाशात् किमर्थ पतति? वा एष: दुन्दुभीनां ध्वनि: दिक्मण्डलं किमर्थ मुखरं करोति। दुन्दुभीनां ध्वनि: य: हृदयं प्रसन्नं करोति। नागानन्दनाटके वाद्ययन्त्राणां उल्लेखेन ज्ञायते यत् अस्य नाटकस्य रचनायां कवि: ललितकलायां कियत् समर्पितमासीत्।

**3. चित्रकला –** ललितकलायां चित्रकलाया: अद्धितीयं स्थानमस्ति। चित्रं निर्जीवत्वेऽपि सजीवकार्यं करोति। कस्यचित् मनुष्यस्य छायाचित्रं परोक्षरूपेण तस्य उपस्थिते: आभासं कारयति मन: च आह्लादयति। चित्रकला मनुष्यस्य कल्पनाशक्तिं स्थापयति। यत: तस्य अन्थ:करणस्य अभिव्यक्ति: चित्ररूपेण प्रदर्शितं भूत्वा सर्वान् प्रसन्नं करोति। नागानन्दनाटके नायकेन नायिकाया: चित्रनिर्माणस्य कृते पञ्चानां वर्णानां शिला विदूषक: आनयति। येषां साहाय्येन नायक: मलयवत्या: अभावेऽपि सम्यक् चित्रं निर्माणं करोति।

**अविलष्ट बिम्बशोभाधरस्य नयनोत्सवस्य इव।**
**दयितामुखस्य सुखयति रेखाऽपि प्रथमेदृष्टेयम् ॥**

नायकस्य मनसि स्थितभावरूपं मलयवत्या: छायाचित्रं शिलाया: साहाय्येन शीलायां प्रदर्शितं कृतवान् यत् दृष्ट्वा विदूषक कथयति। यस्य जनस्य प्रतिकृति:

अलिख्यते स पुरतो न विद्यते तथापि तस्य एवं सुन्दरं विरच्यते इति महदाश्चर्यम्। नायक: वदति– मित्रम्

**प्रिया सन्निहितैवेयं सङ्कल्पस्थापिता पुर:।**
**दृष्ट्वा दृष्ट्वा लिखाम्येनां यदि तत् कोऽत्र विस्मय: ॥**

तस्या: विषये नित्यं चिन्तयित्वा मम प्रिया मम पुरत: एव अस्ति। यदि अहं तां पश्यन् चित्रं करोमि तर्हि अस्मिन् किं आश्चर्यम्

रत्नालवी नाटिकायां सागरिका द्धारा निर्मितं चित्रं दृष्ट्वा सुसंगता सागरिकाया: प्रसंसां करोति – **अहो ते निपुणत्वम्। किं शून्यमिवैतच्चित्रं प्रतिभाति। तदहमप्यालिख्य रतिसनार्थं करिष्यामि।**

अर्थात् धन्यं ते निपुणता। तथापि एतत् चित्रं शून्यमिव दृश्यते। अत: अहमपि चित्रयित्वा अनुरागयुक्तं करिष्यामि। उदयन: यदा सागरिका द्धारा निर्मितं चित्रं दृष्ट्वा आश्चर्यचकित: अभवत्।

**लीलावधूतपदमा कथयन्ती पक्षपातमधिकं न:।**
**मानसमुपेति केयं चित्रगता राजहंसीव ॥**

अर्थात् कोऽयं राजहंसीव अस्माकं मनसि प्रविशति?
लीलापूर्वकं पद्मानि कम्पयन्, अस्माकं कृते अतीव अनुकूला इति स्वलक्षणेन आत्मानं दर्शयति।

**4. नृत्यकला –** नृत्यकला मनुष्यं आह्लादयति। यस्या: आनन्दे मनुष्य: नृत्यं निवारयितुं न शक्नोति। आनन्देन नृत्यं कर्तु आरभते।

**निष्यन्दश्चन्दनानां शिशिरयति लतामण्डपे कुम्मिान्ता–**
**नाराद् धारागृहाणां ध्वनियनु तनुते ताण्डवं नीलकण्ठ:।**
**यन्त्रोन्मुक्तश्च वेगाच्चलित विटपिनां पूरयन्नालवाला–**
**वापीतोत्पीडहेलाहृतकुसुमरज: पिञ्जरोऽयं जलौघ: ॥**

नागानन्दनाटकस्य तृतीयेऽके नृत्यकला वर्णिता अस्ति। जलयन्त्राणां आपताभ्यां शब्द: निर्गच्छति। आपताभ्यां नि:सृतं शब्दं श्रुत्वा मेघगर्जनस्य भ्रमात् मयूर: नृत्यति। सहचरै सह भङ्गानां गीतं सम्पूर्ण लतामण्डलं आनन्दयति। अयं आनन्द: अन्यत्र न लभ्यते, य: अस्मिन् लतामण्डले अनुभूयते। यत्र नृत्यसङ्गीतयो: अद्धितीय: संग्रह: अस्मिन् स्थाने उभयो: आनन्ददायकोऽस्ति।

**निष्कर्ष: –** इत्थं संस्कृतनाट्यपरम्परायां कालिदासस्य पश्चात् यस्य कवे: नाम नयति स: महाकविहर्षवर्धन: अस्ति। य: शासनकार्यस्य अत्यन्त व्यस्त: सन् अपि स्वसाहित्यप्रतिभाया: प्रदर्शितवान्। तेन माध्यमेन च सहृदयानां हृदयान् चमत्कृतवान्। संस्कृतसाहित्ये न केवलं नाट्यपरम्पराया: अपितु नाटकीयकाव्यगुणानां च कारणात् संस्कृतसाहित्ये अद्धितीयमस्ति। महाकविहर्षवर्धन: स्वरूपकेषु सङ्गीतकलाया:, नृत्यकला:, वादनकलाया: चित्रकलाया: च सृजनं कृत्वा अधिकं रोचकं कृतवान् अस्ति।

**सन्दर्भ ग्रन्थ सूची :–**

1. नागानन्द नाटकम्, पण्डित रामनाथ त्रिपाठी, चौखम्बा कृष्णदास अकादमी, वाराणसी।
2. रत्नावली नाटिकका, डॉ. बालगोविन्द झा, चौखम्बा कृष्णदास अकादमी, वाराणसी।
3. प्रियदर्शिका नाटिका,पण्डित रामनाथ त्रिपाठी, चौखम्बा अमरभारती प्रकाशन, वाराणसी।

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LI (51), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# मनोवैज्ञानिक सशक्तिकरण : महिलाएं आंतरिक शक्ति और बाहरी प्रभाव

**डॉ. फरहत मंसूरी** *

* सहायक प्राध्यापक (समाजशास्त्र) शासकीय महाविद्यालय, बिछुआ, जिला छिंदवाड़ा (म.प्र.) भारत

**प्रस्तावना –** मनोवैज्ञानिक सशक्तिकरण (Psychological Empowerment) महिलाओं की आत्म-जागरूकता, आत्म-सम्मान, और निर्णय लेने की क्षमता को विकसित करने की एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। यह महिलाओं के लिए एक आंतरिक परिवर्तन है, जो बाहरी दुनिया में उनके प्रभाव को भी गहराई से प्रभावित करता है।सशक्तिकरण प्रक्रिया आत्म-चिंतन और विकास को प्रोत्साहित करती है, जिससे जीवन अधिक संतुष्टिदायक बनता है। उदाहरण के लिए, कई लोगों का मानना है कि व्यक्तिगत लक्ष्य निर्धारित करने और उन्हें प्राप्त करने से उनकी क्षमता और आत्मनिर्णय की भावना बढ़ती है । जब एक महिला प्रगति देखती है, तो इससे उसे और अधिक प्रयास करने की प्रेरणा मिलती है ,और वह अपना एवं अपने परिवार का विकास करती है । समाज के विकास में महिलाओं की भागीदारी तब सशक्त बनती है जब वे अपनी आंतरिक क्षमता को पहचानकर बाहरी संसार में सकारात्मक परिवर्तन लाती हैं। मनोवैज्ञानिक सशक्तिकरण महिलाओं को न केवल आत्मविश्वास देता है, बल्कि उन्हें जीवन के हर क्षेत्र में नेतृत्व करने योग्य बनाता है।

**मनोवैज्ञानिक सशक्तिकरण की परिभाषा –**'मनोवैज्ञानिक सशक्तिकरण एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें व्यक्ति अपनी आत्म-धारणा, निर्णय क्षमता, और जीवन के प्रति दृष्टिकोण को दृढ़ करता है। इसमें स्वायत्तता का अनुभव,नियंत्रण की भावना,अर्थपूर्णता का बोध,प्रभावशीलता की अनुभूति शामिल होती है।'

**शब्द कुंजी –** मनोविज्ञान, सशक्तिकरण,लक्ष्य, प्रगति, आत्म चेतना, संतुष्टि।

**आंतरिक शक्ति के तत्व–** महिलाएं जब अपनी पहचान को आत्मसात करती हैं और आत्म-मूल्य को समझती हैं, तब वे मानसिक रूप से सशक्त होती हैं।




- **आत्म-ज्ञान और पहचान–** महिलाएं जब स्वयं को समझती हैं - अपने मूल्यों, क्षमताओं और सीमाओं को पहचानने लगती हैं,तब उनके आत्म-विश्वास की नींव बनती है।
- **भावनात्मक बुद्धिमत्ता–** महिलाओं में जब अपने और दूसरों के भावों को समझने और संभालने की क्षमता आ जाती है,तब महिला तनावपूर्ण स्थितियों में भी विवेकपूर्ण निर्णय ले सकती है।
- **लचीलापन (Resilience)–** जब एक महिला चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों का सामना करते हुए पुन: उठ खड़े होने की क्षमता रखती है तो वह आंतरिक शक्ति का संकेत है।
- **ज्ञान और शिक्षा–** शिक्षा महिलाओं की सोच, तर्क और विश्लेषणात्मक शक्ति को बेहतर तरीके से निखारती है।

**बाहरी प्रभाव की दिशा** :

- **सामाजिक भूमिका–** समाज की सशक्त महिलाएं परिवार, समुदाय और कार्यस्थल में नेतृत्व और बदलाव की प्रेरणा का स्त्रोत बनती हैं।
- **निर्णय लेने की स्वतंत्रता–** जब महिलाएं अपने जीवन से जुड़े फैसलों को स्वतंत्र रूप से लेने लगती हैं, तो समाज में उनके योगदान की गहराई बढ़ने लगती है।
- **आर्थिक आत्मनिर्भरता**– आर्थिक रूप से सशक्त महिलाएं समाज एवं परिवार में अपने अधिकारों की बेहतर रक्षा कर सकती हैं और दूसरों के लिए एक उत्तम उदाहरण बनती हैं।

**सशक्तिकरण का परस्पर चक्र –** आत्म-विश्वास और आत्म-सम्मान से जन्मी आंतरिक शक्ति, महिलाओं को अधिक सामाजिक जुड़ाव और नेतृत्व के अवसर देती है,साथ ही वहीं पर सामाजिक पहचान और सफलता से उनकी मनोवैज्ञानिक शक्ति और भी प्रबल होती है - यह एक सकारात्मक चक्र है जो सतत चलता है।

**बाहरी प्रभाव का विस्तार–** सशक्त महिलाएं समाज में बदलाव की वाहक बनती हैं। उनका प्रभाव कई स्तरों पर होता है, प्रभाव के क्षेत्र निम्न है-

1. **परिवार में निर्णायक भूमिका –** जब एक महिला को परिवार में निर्णय लेने की स्वतंत्रता प्राप्त होती है, तब महिलाके आत्मविश्वास का विकास बहुत तीव्रता से होता है।
2. **सामाजिक संगठन एवं नेतृत्व –** जब एक महिला मानसिक रूप से

स्वस्थ्य एवं सशक्त होती है तब वह सामाजिक संगठन का निर्माण करती है तथा साथ ही उसमे नेतृत्व की क्षमता का विकास होता है।

**3. आर्थिक स्वतंत्रता के माध्यम से योगदान –** महिलाओं को जब परिवार एवं समाज में आर्थिक स्वतंत्रता मिलती है तो वह समाज एवं परिवार के विकास में स्वस्थ्य योगदान देती है।

**4. राजनीतिक भागीदारी और प्रतिनिधित्व –** जब समाज की महिलाएं समाजिक,आर्थिक और मानसिक रूप से स्वतंत्र एवं सशक्त होती है, तब वह राजनीति में अपनी भागीदारी देते हुए अच्छा प्रतिनिधित्व करती है।




**परस्पर संबंध–** आंतरिक से बाहरी – जब महिलाएं मानसिक रूप से सशक्त होती हैं, तो उनके विचार, निर्णय और व्यवहार समाज में बदलाव लाने लगते हैं। महिलाओं में आंतरिक विश्वास बढ़ता है तो वह सामाज के विकास में अपनी भागीदारी देने लगती है जब समाज में एक महिला को आत्म–सम्मान मिलता है, तो उसके नेतृत्व का विकास होता है महिलाओं में आत्मनिर्भरता आती है, तब वह महिलाएं अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन जाती है, उदाहरण –

- राष्ट्रीय महिला आयोग के एक अध्ययन के अनुसार, सशक्तिकरण कार्यक्रमों में भाग लेने वाली महिलाओं में आत्म–विश्वास और निर्णय क्षमता में 60% तक वृद्धि पाई गई।
- सेल्फ–हेल्प ग्रुप्स की महिलाएं न केवल आर्थिक रूप से सक्षम हुईं, बल्कि वे सामाजिक मुद्दों पर आवाज उठाने लगीं।

**मनोवैज्ञानिक सशक्तिकरण की प्रकृति –** मनोवैज्ञानिक सशक्तिकरण किसी बाहरी संसाधन पर आधारित नहीं होता, बल्कि व्यक्ति की मानसिक स्थिति, विचारधारा और आत्म–छवि पर आधारित होता है। इसमें महिलाओं के भीतर निम्नलिखित परिवर्तन होते हैं:




- **स्व–प्रेरणा का विकास–** इसके अंतर्गत महिलाएं बिना बाहरी दबाव के स्वयं को लक्ष्य की ओर अग्रसर करती हैं।
- **निर्णय लेने में आत्म–निर्भरता–** महिलाएं जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण निर्णयों में स्वयं को सक्षम महसूस करती हैं।
- **संकट में विवेकपूर्ण सोच–** मानसिक सशक्तता महिलाओं को चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में स्थिरता प्रदान करती है।

**सामाजिक परिवेश में परिवर्तन–** जब महिलाओं को मनोवैज्ञानिक रूप से सशक्त बनाया जाता है, तो उनके व्यवहार और दृष्टिकोण में स्पष्ट परिवर्तन दिखाई देता है:

- महिलाएं नेतृत्व भूमिकाओं में आने लगती हैं – पंचायत, स्कूल समिति, स्वयंसेवी संस्थाएं आदि।
- महिलाएं प्रेरणा स्रोत बनती हैं – अन्य महिलाओं और युवतियों को जागरूक करती हैं।
- महिलाएं मूल्य आधारित संवाद की ओर अग्रसर होती हैं – संवाद में आत्म–विश्वास और स्पष्टता आती है।

**मध्य प्रदेश राज्य स्तर पर महिला सशक्तिकरण के आँकड़े**

| विवरण | आँकड़ा / विवरण | राशी / सक्रीय महिलाओं की संख्या |
|---|---|---|
| लाड़ली बहना योजना लाभार्थी | 1.29 करोड़ महिलाएं, | रू 1250/माह की सहायता |
| स्व–सहायता समूहों में महिलाएं | 62 लाख महिलाएं, | 5 लाख़ समूह सक्रिय |
| महिला आरक्षण | 35% शासकीय सेवाओं में, 50% पंचायत/ निकाय चुनावों में | – |
| महिला उद्यमिओं को ऋण | 2% ब्याज दर पर | रू 648.67 लाख़ की सहायता |
| महिला हेल्पलाइन 181 | अब तक 1.57 लाख महिलाओं को सहायता | – |
| लिंगानुपात सुधार | 927 से बढ़कर 956 प्रति 1000 पुरुष | – |
| बाल विवाह में कमी | बाल–विवाह दर में उल्लेखनीय गिरावट | – |
| मातृ मृत्यु दर (MMR) | राष्ट्रीय औसत के अनुसार 97 प्रति लाख जीवित जन्म | – |

**निष्कर्ष –**मनोवैज्ञानिक सशक्तिकरण किसी आंदोलन की शुरुआत नहीं, बल्कि एक सतत प्रक्रिया है जो महिलाओं को उनकी आंतरिक शक्ति के प्रति जागरूक करती है। जब महिलाएं अपने विचारों को स्वतंत्र रूप से व्यक्त करती हैं, आत्म–निर्णय लेती हैं, और अपने अधिकारों के प्रति सचेत रहती हैं – तब सशक्त समाज की नींव रखी जाती है। महिलाओं में मनोवैज्ञानिक सशक्तिकरण सिर्फ एक व्यक्तिगत परिवर्तन नहीं है, बल्कि यह सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक विकास की नींव है। जब महिलाएं अपनी आंतरिक शक्ति को पहचानकर बाहरी दुनिया में प्रभावशाली भूमिका निभाती हैं, तो वे समाज की दिशा बदल सकती हैं,और बदल रही है ।

मनोवैज्ञानिक सशक्तिकरण महिलाओं के लिए एक आत्मिक और सामाजिक विकास का मूल है। जब महिलाएं अपने अंदर की शक्ति को जागृत करती हैं, तो उनका प्रभाव घर की चौखट से निकलकर समाज, राष्ट्र और विश्व तक फैलता है। इस जागरण की प्रक्रिया को गति देना ही सच्चे सशक्तिकरण की दिशा है। वर्तमान सामाजिक परिप्रेक्ष्य में महिलाओं के सशक्तिकरण की चर्चा अब केवल आर्थिक या सामाजिक सीमाओं तक सीमित नहीं रही – यह मनोवैज्ञानिक स्तर तक विस्तारित हो चुकी है। मनोवैज्ञानिक

सशक्तिकरण एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसमें महिलाएं अपनी आंतरिक क्षमता को पहचानकर समाज में सकारात्मक प्रभाव उत्पन्न करती हैं।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :–**

1. National Commission for Women. (2024). *Annual report on women's empowerment initiatives*. https://ncw.nic.in
2. Ministry of Health and Family Welfare. (2021). *National Family Health Survey (NFHS-5)*. https://rchiips.org/nfhs/
3. Ministry of Statistics and Programme Implementation. (2024). *Periodic Labour Force Survey 2023–24*. https://www.mospi.gov.in
4. World Economic Forum. (2023). *Global Gender Gap Report 2023*. https://www.weforum.org/reports/global-gender-gap-report-2023
5. PWOnlyIAS. (2024, March 21). -भारत में महिला सशक्तिकरण https://pwonlyias.com/hi/current-affairs/women-empowerment-in-india/
6. NextIAS. (2024, April 15).महिला सशक्तिकरण और लैंगिक समानता https://www.nextias.com/blog/महिला–सशक्तिकरण
7. Press Information Bureau. (2024, August 5). *11 years of women empowerment programs in India*. https://pib.gov.in
8. Academia.edu. (2023). पंचायती राज व्यवस्था एवं महिला सशक्तिकरण: मध्य प्रदेश के विशेष संदर्भ में. https://www.academia.edu
9. Saras Janvaad (2025,May 22). महिला सशक्तिकरण का नया अध्याय लिख रहा है मध्य प्रदेश. https://sarasjanvaad.com/2025/05/chief-minister-dr-yadav-women-empowerment-madhy/

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LI (51), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# शरद मिश्र के काव्य में शिल्प के प्रतिमान

**अभिषेक एड़े*  डॉ. नीना उपाध्याय****

* शोधार्थी (हिन्दी) रानीदुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर (म.प्र.) भारत
** प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष (हिन्दी) माँनकुवर बाई शासकीय कला एवं वाणिज्य महिला महाविद्यालय, जबलपुर (म.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** शरद मिश्र समकालीन हिंदी कविता के उन प्रमुख कवियों में हैं, जिन्होंने न केवल मानवीय संवेदनाओं को स्वर दिया, बल्कि काव्य-शिल्प की दृष्टि से भी नव्यता के प्रतिमान स्थापित किए। उनका काव्य पारंपरिक शिल्प से आगे बढ़ते हुए एक नवीन काव्यभाषा, प्रतीक योजना, बिंब विधान तथा संरचना के स्तर पर मौलिकता का संकेत देता है। शरद मिश्र उच्च शिक्षा विभाग से सेवानिवृत हिन्दीं विषय के प्राध्यापक है, उन्होंने कविताएँ , गीत, काव्यपत्र, हिन्दी गजलें, बुन्देली गजले लिखकर विपुल साहित्य की सर्जना तो की ही है, साथ ही संस्कृत के महाकवि बाणभट्ट एवं कालीदास के साहित्य का हिन्दी भाषा में 24 मात्राओं के छंद में काव्यानुवाद करके नया कीर्तिमान रचा है। अब तक शरद मिश्र की 400 से अधिक किताबें नये कलेवर में 23 खंड़ों में डॉ प्रणय के संपादन में प्रकाशित हो चुकी है। वर्तमान में भी उनकी लेखनी निरंतर चल रही है। इस शोध पत्र में शरद मिश्र की कविताओं के शिल्पगत पक्षों का गहन विश्लेषण किया गया है, जिसमें उनके प्रयोगधर्मी रचनात्मक दृष्टिकोण, भाषा की लयात्मकता, संरचनात्मक विविधता तथा अभिव्यक्ति के नये आयामों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया है। यह अध्ययन स्पष्ट करेगा कि शरद मिश्र की काव्य-रचना में शिल्प केवल अभिव्यक्ति का ही माध्यम नहीं, बल्कि संवेदना के सार्थक अन्वेषण का उपकरण भी है। साथ ही यह अध्ययन उनके काव्य में शिल्प, अर्थ और अनुभूति का समुचित समन्वय की पड़ताल भी करेगा, जो उन्हें समकालीन हिंदी कविता के शिल्प विधान में एक विशिष्ट स्थान प्रदान करता है।

**शब्द कुंजी –** काव्य-शिल्प, बिंब, प्रतीक, भाषा, दृश्य-बिंब, श्रव्य-बिंब, काव्य-शैली।

**प्रस्तावना –** अभिव्यक्ति मानवीय मन की स्वाभाविक और अनिवार्य प्रवृत्ति है। जब मनुष्य इस चराचर जगत में विभिन्न दृश्यों, घटनाओं और अनुभूतियों का अवलोकन करता है, तब उसके अंतर्मन में उनसे सम्बद्ध भाव-चित्र स्वत: अंकित हो जाते हैं। ये भाव-तरंगें इतनी तीव्र होती हैं कि मौन में बंधकर नहीं रह सकतीय वे बाहर आने को आकुल हो उठती हैं। यही आकुलता अभिव्यक्ति की जन्मदात्री बनती है। साहित्य और कला के समस्त रूप – विशेषत: काव्य – इसी अभिव्यक्ति की सौंदर्यपूर्ण परिणति हैं। कवि अपने मनोभावों को आकार देने हेतु भाषा, बिंब, प्रतीक, अलंकार, छंद आदि काव्य-तत्त्वों का आश्रय लेता है। इन कलात्मक साधनों के माध्यम से वह अपने विचारों को सौंदर्यबोध से युक्त कर जनमानस तक पहुँचाता है। शरद मिश्र ने उनके काव्य में ये अभिव्यक्ति-साधन परंपरागत रूढ़ियों से हटकर एक नवीनता के साथ प्रकट हुए हैं, क्योंकि नवीन युगबोध और जटिल मानवीय अनुभूतियों को अभिव्यक्त करने के लिए नूतन शिल्प और संवेदन की आवश्यकता होती है। शिल्प किसी भी काव्य की आत्मा को रूप देने वाला तत्तव है। यह न केवल कवि की संवेदनाओं को संप्रेषित करने का माध्यम होता है, बल्कि पाठक को काव्य की गहराइयों तक ले जाने का सेतु भी बनता है। शरद मिश्र समकालीन हिंदी कविता में उन कवियों में अग्रणी हैं, जिन्होंने न केवल विषय-वस्तु में नवीनता लाई, बल्कि शिल्प की दृष्टि से भी काव्य को नए प्रतिमान प्रदान किए। इस शोध का उद्देश्य उनके काव्य में प्रयुक्त शिल्पगत प्रयोगों, नवाचारों एवं उनकी कलात्मक विशेषताओं का विश्लेषण करना है।

**शरद मिश्र की काव्य-संवेदना एवं उसका शिल्पगत अन्वेषण–** शरद मिश्र की कविताएँ मानवीय संवेदनाओं, सामाजिक विडंबनाओं और अस्तित्वगत प्रश्नों को एक मौलिक दृष्टि से प्रस्तुत करती हैं। उनके काव्य में अंतर्मन की गहन अनुभूतियाँ शब्दों के माध्यम से इस प्रकार ढलती हैं कि पाठक एक जीवंत अनुभव से गुजरता है। इस अनुभूति को प्रभावशाली रूप देने के लिए उन्होंने शिल्प को एक सक्रिय उपकरण के रूप में प्रयोग किया है। उनकी संवेदना में जहाँ एक ओर गहरे आत्मचिंतन की झलक मिलती है, वहीं दूसरी ओर समकालीन समाज की त्रासदियाँ भी बिंबित होती हैं। इन दोनों ध्रुवों के मध्य संतुलन बनाने के लिए शरद मिश्र ने भाषा, प्रतीक, शैली और संरचना जैसे शिल्पतत्त्वों को अत्यंत सृजनात्मक ढंग से साधा है।

**1. भाषा-शिल्प –** भाषा केवल संप्रेषण का माध्यम मात्र ही नहीं है, वह वह सेतु है, जिससे एक व्यक्ति का सत्य दूसरे तक पहुँचता है। काव्य-शिल्प के उपादानों में प्राथमिक उपकरण भाषा ही है। शरद मिश्र की काव्य-भाषा बहुआयामी है, जिसमें सरलता और सादगी होते हुए भी विशिष्टता विद्यमान है। लयात्मकता और भावानुकूलता के साथ-साथ सपाट बयान और व्यंग्यात्मकता का भी अद्भुत समन्वय देखने को मिलता है। वे जहाँ एक ओर संस्कृतनिष्ठ शब्दों और अलंकारों से काव्य को गरिमा प्रदान करते हैं, वहीं दूसरी ओर सरल, सीधी और सपाट भाषा के माध्यम से आम जीवन की सच्चाइयों को बड़ी बेबाकी से प्रस्तुत करते हैं। उनकी भाषा में व्यंग्य का स्वर भी प्रमुखता से उभरता है-कहीं राजनीतिक भ्रष्टाचार पर करारा कटाक्ष तो कहीं सामाजिक ढोंग पर तीखा प्रहार-यह सब वे व्यंग्यात्मक शैली में कहते हैं, जिससे पाठक न केवल मुस्कराता है, बल्कि सोचने को भी विवश हो जाता है। लोकभाषा के प्रयोग से उनकी रचनाएँ और भी अधिक जीवंत और प्रभावशाली बन जाती हैं। इस तरह शरद मिश्र की भाषा केवल काव्य-सौंदर्य का साधन नहीं, बल्कि सामाजिक यथार्थ का सशक्त दर्पण भी बन

जाती है। भाषा की सहजता का उदाहरण देखिये–

भिखारियों को भीख मत दे
इस पर अमल करने का
रहता है प्रयास।
पर माँगने वाले की शक्ल मिलती है कभी
मेरे पिता से
या फिर मेरे बेटे से
तो जेब से निकल ही जाता है कुछ
अनायास।।[1]

शरद मिश्र के काव्य की सपाट बयान बाजी यहाँ दृष्ट्व है–

नई पड़ रही है हिम्मत किसी की ,
कह तो दे नृप को नंगा।
जला दिये जायेंगे घर, फूँकेंगी दुकानें,
मारे जायेंगे कितने अलगू–जुम्मन[2]

शरद मिश्र ने अपने काव्य रूपांतरण में 'संस्कृतनिष्ठ' शब्दों के साथ–साथ शुद्धता, सरलता, लयात्मक भाषा का प्रयोग बहुतायत किया है। कादम्बरी काव्य रूपांतरण की भाषा के संबंध में डॉ. रमाशंकर शुक्ल लिखते हैं कि– 'डॉ. शरद मिश्र द्वारा रचित इस ग्रंथ की एक अलग विशेषता यह है कि इसमें सब कुछ पद्यमय है, गद्य का लेशमात्र भी स्थान नहीं है। सर्वाधिकार से लेकर पुस्तक के मूल्य तक का वर्णन छंद में है।'[3] भाषा पर ऐसा अधिकार की सब कुछ पद्य रूप में कह देना शरद मिश्र की विशेष प्रतिभा का परिचायक है। संस्कृतनिष्ठ शब्दों का सुन्दर संयोजन इस पद्य में अवलोकनीय है–

भवनों का तिलक सत्यभू अवन्तिका नगरी,
शोभित थी महाकाल, महादेव से नगरीय
वाराह ने किया ज्यों हिरण्याक्ष का विक्षेप ,
उज्जयिनी भी दिखाते हैं पाशों का निपेक्ष[4]

शरद मिश्र के कथ्य में भाषा के विविध रंग दृष्टिगोचर होते हैं। उनकी भाषा केवल अभिव्यक्ति का साधन मात्र न होकर संवेदना और विचारों का सशक्त माध्यम बन जाती है। उन्होंने अपनी रचनाओं में जहाँ एक ओर संस्कृतनिष्ठ और साहित्यिक हिंदी का प्रयोग किया है, वहीं दूसरी ओर बुंदेली जैसी लोकभाषा की सहजता और जीवंतता को भी स्थान दिया है। विशेषकर बुंदेली सृजन में उन्होंने लोकजीवन की भाषा की मौलिकता को बनाए रखने में अत्यंत कुशलता एवं प्रौढ़ता का परिचय दिया है। यही कारण है कि उनकी कविताएँ स्थानीय बोली–बानी की सोंधी महक और यथार्थ का आंचलिक सौंदर्य लिए हुए प्रतीत होती हैं। बुन्देली भाषा काव्य का उदा–

खा जैहौ गारीं तौ दइयौ नैं खोरी
ए देवरा रे! आज नैं खेलौ होरी!!
महँगी भई चीजें कैंसी गुजर है।
जा साल की होरी ऊँसइ निकर है।।
महँगाई ने सबकी कम्मर है टोरी।
ए देवरा रे! आज नैं खेलौ होरी।।[5]

शरद मिश्र ने अपने काव्य में नवीन प्रयोग करते हुये हिन्दी के कवियों की चौपाई , पंक्तियों का यत्र– तत्र प्रयोग किया है जो कि उनके काव्य की भाषा को और भी आकर्षक और अर्थवान बनाता है यथा उदा.–

पहुँच चुके सब एक दिन पूर्व
अगले दिन भांजेंगे तलवारें, दिखायेंगे हुनर
जनायेंगे जिसे आपा, फिर वह–
'जानत तुमहिं तुमहिं होई जाई'।।
अगर 'मुक्तिबोध' की मानें तो उन महागुरूओं को–
अब अभिव्य क्ति के सारे खतरे उठाने ही होंगें।।[6]

हिन्दी के आदिकालीन कवि विद्यापति की पंक्ति प्रसिद्ध है कि – 'देसिल बअना सब जन मिट्ठा अर्थात देशी भाषा (बोलचाल की भाषा) सबको मीठी लगती है'।[7] शरद मिश्र ने अपने काव्य में लोकभाषा के शब्दों का प्रयोग भी किया है जो उनके भावों की अभिव्यक्ति को सरल और सशक्ता बनाती है उदा.–

बसमतिया से जंगल में जबरजिना का,
गवाह थे बहुतेरे धान कटैया,
कुछ चरवाहे– कुछ हरवाहे,
रो–रोकर बता रही थी बसमतिया,
परधनवा भी सुन रहा था दाँत निपोरे,
कोयल–पपीहे भी यही टेर लगा रहे थे।
पोंड़की–तीतर तक नियाव की आस जगा रहे थे।[8]

शरद मिश्र के काव्य की भाषा के संबंध में उनके काव्य पर शोध कर चुकी डॉ. मनीषा द्विवेदी लिखती है, कि 'डॉ. शरद कुमार मिश्र की भाषा सहज– सरल होते हुये भी अर्थ– गाम्भीर्य से युक्त हैं। कहीं– कहीं यह भाषा इतनी सहज हो गई है कि इसे आम आदमी की आम भाषा कहा जा सकता है।'[9] शरद मिश्र की भाषा आम आदमी की जुबान है, वर्तमान की भाषा है, उसमें एक विशेष प्रकार का अनगढ़पन है, । भाषा के अनगढ़पन का उदा.प्रस्तुत है–

दो समधियों में जुड़ गया संबंध प्यार का ।
टी.बी. पर फ्रिज पर हाँ हुई झगड़ा था कार का ।।
सामान न हो नेग में तो कैश दीजिये।
पालेंगे नहीं हम कोई लफड़ा उधार का ।।[10]

शरद मिश्र की काव्य–भाषा बहुस्तरीय और प्रभावपूर्ण है, जो शुद्ध साहित्यिकता के साथ–साथ व्यावहारिक जीवन की सच्चाइयों को भी समेटे हुए है। उनकी भाषा में संस्कृतनिष्ठ गरिमा, लोकभाषा की मिठास, सपाट बयानों की सादगी और व्यंग्य की तीक्ष्णता एक साथ दिखाई देती है। यही विशेषताएँ उनकी भाषा को न केवल काव्यात्मक सौंदर्य से युक्त बनाती हैं, बल्कि सामाजिक चेतना और संवेदना का भी प्रभावशाली माध्यम बना देती हैं।

**2. बिंब एवं प्रतीक–** 'काव्य में बिंब और प्रतीक दोनों ही महत्वपूर्ण हैं किन्तु संश्लिष्ट अर्थ– छायाओं को मूर्त करने की दृष्टि से 'बिंब' का महत्व अधिक है। प्रतीक और बिंब दोनों की चर्चा प्रायरू साथ में होती है। इसका कारण यह है कि दोनों ही मूर्ति– विधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है किन्तु दोनों में पर्याप्त अंतर होता है। बिंब जब बार– बार प्रयुक्त होकर किसी वस्तु या भावस्थिति – विशेष के द्योतक बन जाते हैं तब उन्हें प्रतीक मान लिया जाता है।'[11] शरद मिश्र समकालीन हिंदी कविता के उन सशक्त रचनाकारों में हैं, जिनके काव्य में बिंब योजना अत्यंत समृद्ध, सघन और बहुस्तरीय है। वे बिंबों के माध्यम से केवल दृश्य रचते भर नहीं, बल्कि पूरी सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक संरचना को उद्घाटित करते हैं। शरद मिश्र के यहाँ बिंब योजना दृश्य, श्रवण, स्पर्श, भाव, वस्तु, प्रतीक, और विवृत बिंबों के सहारे एक ऐसी रचना प्रक्रिया का निर्माण करती है, जो कविता

को दृश्य नहीं, अनुभव का प्रमाण बनाती है। शरद मिश्र की कविताओं प्रयुक्त बिंब–

**दृश्य बिंब –** ये बिंब आँखों के सामने किसी नेता के आगमन के आयोजन की तैयारी का दृश्य उपस्थित कर देते हैं। उदा.–

'बड़ी सुहानी है सुबह कस्बें की,
चार बजे भोर में ही चली है खर्राटा झाड़एँ,
नहीं है सड़क पर एकौ धूल
चुभती कहाँ है नंगे पाँव कोई काँकरी।
बड़े किये है लोगों ने अपने दिल,
चौड़ी हुई है ,प्रेम गली साँकरी।।
डाला है ट्रैक्टर ने सड़क पर पानी,
जगमगा रही है दिन में रोशनी', [12]

**श्रवण बिंब –** ये ध्वनि से जुड़ी संवेदना को जगाते हैं।उदा.

'बताया जा रहा है–
रिक्शो में बँधवाकर चोंगा, आटो से चिल्लाकर,
सुन रहे हैं मोटरियों में बैठे,
कुछ पढ़े लिखों को अखबार है।' [13]

**वस्तु बिंब –**वह बिंब जो किसी ठोस भौतिक वस्तु को इस तरह चित्रित करता है कि वह प्रतीक बन जाए। शरद मिश्र की कविता में खजूर को वस्तु बिंब के प्रयोग इस प्रकार किया गया है कि खजूर अबला स्त्री का प्रतीक बन जाये।

'इधर बाहर मीटिंग में हजूर,
उधर भीतर कमरे में सकुचाया खजूर,
पोथी– पन्ने की समेटा– समाटी,
बँट गई हिसाब से रोटी दाँत काटी,
हजूर का तब कमरे में जा समाना।
गिराना लाल देखकर सहमे खजूर को,
पुचकारना, आँखें दिखाना,धौंस जमाना
मुँह फाड़ना बारबार खाने के लिये,
भिड़ा था खजूर अपने आपको बचाने के लिये' [14]

**3. प्रतीक योजना –** शरद मिश्र समकालीन हिंदी कविता के उन रचनाकारों में प्रमुख हैं, जिनकी कविता सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक यथार्थ की तीव्र पड़ताल करती है। उनके काव्य की एक विशेष उपलब्धि है – प्रतीक योजना की बौद्धिक गहराई और काव्यात्मक सघनता। वे प्रतीकों के माध्यम से अपने समय के संकटों को न केवल उजागर करते हैं, बल्कि उन्हें एक व्यापक दार्शनिक और मिथकीय आयाम भी प्रदान करते हैं। शरद मिश्र के प्रतीक परंपरागत नहीं हैं – वे न तो केवल सौंदर्यबोध के उपकरण हैं, न ही शुद्ध कल्पना के उपज वे यथार्थ की उपज हैं, उनकी कविता में महाभारत के चरित्र और घटनाएँ आधुनिक संदर्भों में प्रतीक रूप में प्रयुक्त होती हैं। यथा–

'वर्ग भेद करते अमानुष,
अर्जन के लिये
एकलव्य से पक्षपात करते द्रोणाचार्य
न घुस पाये गुरूकुल में' [15]

शरद मिश्र आज के समाज के यर्थात को नवीन प्रतीकों के माध्यम से कहने में सफल है। एक और उदा द्रष्टवय हैं–

'हजूर ,यह हमारे देश
का सबसे बड़ा सम्मानित भिखारी है!
यह भिक्षावृत्ति ही तो
हमारी सर्वोच्य कलाकारी है !!
भीख माँगते हैं इसके संग–
स्टेशनों और ट्रेनों में
हिंजड़े, पुलिस वाले, टीटी,
प्रमाण पत्र दिखाते हुये
देवी देवता के चित्रों पर' [16]

शरद मिश्र ने अपनी कविताओं में प्रतीकों को बड़ी ही कौशलता से गढ़ते है। परिणाम स्ववरूप उनके प्रतीक भावों के उद्घाटन और संवेदनाओं की अभिव्यक्ति के प्रभावी माध्यम बनते हैं। कवि ने सामाजिक, राजनीतिक तथा सांस्कृतिक यथार्थ को उकेरने के लिए ऐसे प्रतीकों का सहारा लिया है जो जीवंत, सशक्त और समयानुकूल हैं। ये प्रतीक पाठक के मन में सहज बोध उत्पन्न करते हैं और जटिल अनुभूतियों को सरल एवं ग्राह्य बना देते हैं। इसी कारण शरद मिश्र की प्रतीक योजना में एक ओर कलात्मकता का वैभव दिखाई देता है तो दूसरी ओर सामाजिक सरोकारों की गहरी अभिव्यक्ति भी उभरकर सामने आती है।

'सर्कस –
चला है नये तरीके का ,
जाता है दिखाने
अपना खेल बिदेसों में अब
नहीं होते पर
इसमें आजकल
चौपाये एक भी कहीं,
सारे दो पाये ही,
बुद्धि पर वैसी ही कुछ !
होता है मालिक इन सबका
रिंग मास्टकर या मेट एक
इकट्टा करता है
चंदा इन दोपायों से
वेतन– उजारत देने की जगह' [17]

उपरोक्त विवेचन से कहा जा सकता है कि – शरद मिश्र का काव्य बिंब योजना एवं प्रतीकों की दृष्टि से अत्यंत समृद्ध है, जहाँ बिंब यथार्थ का संवेदनात्मक उद्घाटन हैं। उनके बिंब सामाजिक विमर्श को गहराई प्रदान करते है, और पाठक को देखने से आगे समझने और महसूस करने की ओर ले जाते हैं। साथ ही, उनकी प्रतीक योजना भी उनके काव्य को एक सघन और वैचारिक स्वरूप प्रदान करती है। वे प्रतीकों के सहारे कालजयी मिथकों और समकालीन यथार्थ के बीच एक ऐसा सेतु निर्मित करते हैं, जो पाठक को केवल कविता के सौंदर्य में नहीं, बल्कि उसके भीतर छिपे प्रश्नों, प्रतिरोधों और हस्तक्षेपों में भी सहभागी बनाता है। इस प्रकार शरद मिश्र का काव्य साहित्यिक कला और सामाजिक चेतना का एक अद्धितीय संगम बन जाता है, जहाँ बिंब और प्रतीक दोनों ही संवेदना और विचार के वाहक बनकर उपस्थित होते हैं।

**4. शैली और संरचना–** शरद मिश्र अपनी कविताओं गजलों के शीर्षक से ही अपनी विशिष्ट शैली का परिचय देते है, जैसे तुम्हारे लिये, सबके

लिये, चलो गायें गीत प्यार के, आओं अपनी तुम्हारी बात करे, वे पाठकों से एक अंतरंग संवाद स्थापित करते हैं, मानो वे कविताओं, गजलों के माध्यम से अपने विचारों, अनुभवों और भावनाओं को सीधे उनके हृदय में प्रवाहित कर रहे हों। वे पाठक से केवल पढ़ने की नहीं, सोचने और महसूस करने की भी अपेक्षा रखते है। यही कारण है कि उनकी रचनाएँ आत्ममंथन को प्रेरित करती हैं । वे कभी 24 मात्राओं के छंद में कविता गढ़ते है, तो कभी तंग काफिये की गजल कहते है। वे कभी अपनी कविता को छंद के मुक्ति दिलाते है तो कभी कालीदास ,बाण के गूढ़ साहित्य को हिन्दी भाषा के 24 मात्राओं के छंद़ में बांधते है। वे संवादात्मक शैली, आत्ममंथनपरक शैली ,विचारोत्तेजक शैली से काव्य को पुष्ट करते हैं।

संवादात्मक शैली का उदा–

मत दो रंग बिरंगी किताबें,
हटा दो–
अष्टावक्र की कूबड़ सा
पीठ पर धरा बस्ता[18]

आत्ममंथनपरक शैली का उदा–

अजादी दिलाई थी जिसने
अहिंसा जिसका परम सहारा था।
उस लँगोटधारी को भी तो
ऐसे ही शस्त्र ने मारा था।।[19]

विचारोत्तोजक शैली का उदा.

इक रूपहल गान होना चाहिए।
अब तो सब आसान होना चाहिए।।[20]

**5. लय और गति–** यद्यपि उनकी कविता छंदबद्ध नहीं है, परन्तु उसमें उपस्थित कथानक में स्वाभाविक लय और विचार की गति विद्यमान रहती है, जो पाठक को बाँधकर रखती है। उदा.

जहर डगर डगर है, जहर नगर नगर हैय
है जहर कस्बे–कस्बे, गाँव–गाँव है।
डूबने में है–उतरने में है,
हर ठिकाने है, जहर हर ठावँ है।।[21]

**समकालीनता और शिल्प –** समकालीन हिंदी कविता ने विषय के साथ–साथ अभिव्यक्ति के ढंग में भी व्यापक परिवर्तन देखा है। शरद मिश्र इस प्रवृत्ति के संवाहक कवि हैं, जिन्होंने परंपरागत शिल्प से हटकर एक ऐसा शिल्प अपनाया है जो समय की जटिलता, विडंबनाओं और द्वंद्वों को प्रभावी ढंग से उजागर करता है। उनकी कविताओं में प्रयुक्त प्रतीक समकालीन जीवन के गहरे अनुभवों से उपजे हैं। भाषा विचारशील है, संरचना प्रयोगधर्मी है और शैली आत्मीय है। यही विशेषताएँ उनके शिल्प को समकालीन कविता की मुख्यधारा में एक विशिष्ट पहचान दिलाती हैं।

**निष्कर्ष –** शरद मिश्र का काव्य समकालीन हिंदी कविता की उस धारा का प्रतिनिधित्व करता है, जो केवल भाव की प्रखरता तक सीमित नहीं, बल्कि अभिव्यक्ति की दृष्टि से भी सजग और प्रयोगशील है। उन्होंने शिल्प को केवल सौंदर्य का साधन न मानकर संवेदना के संप्रेषण का सक्रिय माध्यम बनाया है। उनके काव्य में प्रयुक्त शिल्पगत तत्त्वकृभाषा, बिंब, प्रतीक, लय, शैली एवं संरचना–सभी समकालीनता से अनुप्राणित हैं और उन्हें एक सशक्त काव्य–व्यक्तित्व प्रदान करते हैं।यह शोध इस निष्कर्ष पर पहुँचता है कि शरद मिश्र के काव्य में शिल्प और संवेदना का गहन और संतुलित संगम विद्यमान है, जो उन्हें समकालीन हिंदी कविता में एक विशिष्ट स्थान प्रदान करता है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :–**

1. डॉ. प्रणय संपादक, शरद सर्जना ,नई कविता खंड एक, कविता– हजूर, पंकज बुक्स दिल्ली, प्रथम संस्करण 2020,पृ.सं. 28.
2. डॉ. प्रणय संपादक, शरद सर्जना ,नई कविता खंड एक,कविता– लाली देखन मैं गई , पंकज बुक्स दिल्ली, प्रथम संस्करण 2020,पृ.सं 524
3. दैनिक समय शहडोल , कादम्बरी का काव्य रूपांतरण– डॉ रमाशंकर शुक्ला, संस्करण अगस्त 1994
4. डॉ. प्रणय संपादक, शरद सर्जना, महाकाव्य खंड 11, कादाम्बरी गाथा, पंकज बुक्स दिल्ली, प्रथम संस्करण 2022,पृ.सं.37
5. डॉ. प्रणय संपादक, शरद सर्जना ,खड़ी बोली – बुन्देली काव्य खंड सात, कविता– बंधा पंकज बुक्स दिल्ली, प्रथम संस्करण 2022,पृ.सं. 378.
6. डॉ. प्रणय संपादक, शरद सर्जना ,नई कविता खंड एक, कविता– शोध संगोष्ठी, पंकज बुक्स दिल्ली, प्रथम संस्करण 2020,पृ.सं. 60,61
7. शुक्ल आचार्य रामचंद्र, हिन्दी साहित्य का इतिहास, वाणी प्रकाशन नई दिल्ली1, आवृत्ति संस्करण 2015 पृ.सं. 15
8. डॉ. प्रणय संपादक, शरद सर्जना ,नई कविता खंड एक, कविता– नियाव पंकज बुक्स दिल्ली, प्रथम संस्करण 2020,पृ.सं. 199
9. द्विवेदी डॉ. मनीषा, डॉ शरद कुमार मिश्र – स्वरूप एवं सजृन, शेखर प्रकाशन इलाहबाद, प्रथम संस्कणरण 2003, पृ.सं. 127
10. मिश्र डॉ. शरद कुमार, सबके लिये गजल संग्रह, रचना प्रकाशन शहडोल म.प्र., प्रथम संस्करण जनवरी 1993, पृ.सं.28
11. तिवारी डॉ. रामचन्द्र ,भारतीय व पाश्चात्य काव्यशास्त्र तथा हिन्दी–आलोचना, विश्व विद्यालय प्रकाशन बाराणसी, तृतीय संस्करण 2016 पृ.सं.174
12. डॉ. प्रणय संपादक, शरद सर्जना , नई कविता खंड दो, कविता– पधराई उनकी, पंकज बुक्स दिल्ली, प्रथम संस्करण 2020,पृ.सं. 143.
13. वही पृ.सं.142
14. वही पृ सं.130
15. डॉ. प्रणय संपादक, शरद सर्जना, नई कविता खंड एक, कविता– तो दो, पंकज बुक्स दिल्ली, प्रथम संस्करण 2020,पृ.सं. 21
16. डॉ. प्रणय संपादक, शरद सर्जना ,नई कविता खंड तेरह, पंकज बुक्स दिल्ली , प्रथम संस्करण 2022,पृ.सं. 49
17 वही पृ.सं.62
18 . डॉ. प्रणय संपादक, शरद सर्जना, नई कविता खंड एक, कविता– हजूर, पंकज बुक्स दिल्ली, प्रथम संस्करण 2020,पृ.सं. 21
19. वही पृ.सं.38
20. मिश्र डॉ. शरद कुमार, तुम्हाकरे लिये गजल संग्रह, रचना प्रकाशन शहडोल म.प्र., प्रथम संस्करण जनवरी 1992, पृ.सं.31
21. डॉ.प्रणय संपादक, शरद सर्जना ,नई कविता खंड एक, कविता– जहर, पंकज बुक्स दिल्ली, प्रथम संस्करण 2020,पृ.सं. 135

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LI (51), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# वैदिक-सृष्टि संरचना एवं स्वरूप

**डॉ. नलिनी तिलकर***

* सहायक प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष (संस्कृत) प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय माधव महाविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

**प्रस्तावना –** वेद शब्द का दार्शनिक आशय 'ज्ञान' है। 'विद्' धातु से इसकी व्युत्पत्ति होती है, जिसका तात्पर्य है जानना, अनुभव करना, और सत्य का उद्घाटन करना। प्राचीन ऋषियों ने अपनी दिव्य दृष्टि द्वारा जो ब्रह्मांडीय सत्य अनुभूत किया, वही वेदों में प्रतिपादित है। अत: वेद केवल धार्मिक ग्रंथ न होकर, दार्शनिक, आध्यात्मिक और वैज्ञानिक चिंतन का प्राचीनतम स्रोत हैं।

'सत्येन विद्या ज्ञानेन, वेदि विश्वं विचक्षण:।।1।।'

अर्थात् सत्य और ज्ञान के द्वारा ही इस विश्व की वास्तविकता को जाना जा सकता है। यहाँ स्पष्ट संकेत है कि ब्रह्मांड का मूलाधार केवल आस्था नहीं, बल्कि गहन अनुभूति और ज्ञान है।

'विस्तृणि वि स्तृणि प्राणो, भूयिष्ठं सुषुम्नायोऽविन्दत्।
ततो विश्वानि भूतानि, वेदि विश्वे विचक्षण:।।2।।'

इस सूक्त में प्राण को सृष्टि का मूल कारण माना गया है। प्राण ही वह शक्ति है जिससे सभी भूत और जगत की उत्पत्ति हुई। यह अवधारणा आधुनिक विज्ञान की उस धारणा से मेल खाती है जिसमें ऊर्जा को जगत का आधार कहा गया है।

'प्रजापतिर्यज्ञं तनोति, सूर्याचन्द्रमसाविह।
एवं द्विवेधा वेदा नस्य, यस्मात्सृष्टिर्विभज्यते।।3।।'

यहाँ प्रजापति को सृष्टिकर्ता माना गया है। वह यज्ञरूप सृजन प्रक्रिया के माध्यम से सूर्य और चंद्रमा की व्यवस्था करता है, जिनसे काल और जीवन की लय संचालित होती है। 'यज्ञ' का आशय यहाँ केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि प्रकृति में चल रही सृजन की सतत क्रिया है।

'आशायामासीदात्मन्येषां सूर्य आत्मा जगत: सुषुप्स:।
तं जन्मिनो बृहतो बिभ्रतीति, यतो देवा अजायन्त विश्वे।।4।।'

इस सूक्त में आत्मा को जगत का आधार बताया गया है। आत्मा ही सूर्यरूप में प्रकट होकर जगत को जीवन देती है और उसी से देवताओं तथा सम्पूर्ण ब्रह्मांड का जन्म हुआ।

ऋग्वेद का प्रसिद्ध नासदीय सूक्त सृष्टि के रहस्य पर गहन चिंतन प्रस्तुत करता है-

'नासदासीन्नो सदासीत्तदानीं, नासीद्रजो नो व्योमा परो यत्।
किमावरीव: कुह कस्य शर्मन्नम्भ:, किमासीद्गहनं गभीरम्।।5।।'

इस मंत्र में कहा गया है कि सृष्टि के आदि में न सत् था, न असत्, न आकाश था, न पृथ्वी। केवल एक अनिर्वचनीय सत्ता थी। यह कथन सृष्टि के रहस्यमय और अज्ञेय स्वरूप की ओर संकेत करता है।

'तम आसीत्तमसा गूळमग्रेऽप्रकेतं सलिलं सर्वमा इदत्।
तुच्छ्येनाभ्वपिहितं यदासीत्तपसस्तन्महिनाजायतैकम्।।6।।'

यहाँ अंधकार और जल को प्रारंभिक स्थिति बताया गया है। उसी जल में छिपे एक महान तपशक्ति से एक अद्वितीय तत्तव प्रकट हुआ, जो सृष्टि की जड़ बना।

'किं स्विदासीत्क उ नु यत्रासीत्, अर्वाग्देवा अजनयन्नभूत।
विश्वकर्मा विमना: परो यत्को देवस्य हविषा विधेति।।7।।'

इस सूक्त में 'विश्वकर्मा' को महान शिल्पी के रूप में प्रस्तुत किया गया है। ब्रह्मांड की संरचना को एक सुव्यवस्थित योजना माना गया है, जिसमें प्रत्येक तत्तव की भूमिका निश्चित है। यह आधुनिक वैज्ञानिक दृष्टिकोण से अत्यंत समीप है।

ऋग्वेद का पुरुष सूक्त सृष्टि-दर्शन का अत्यंत गहन निरूपण करता हैकृ

'सहस्रशीर्षा पुरुष: सहस्राक्ष: सहस्रपात्।
स भूमिं विश्वतो वृत्वा, अत्यतिष्ठद्दशाङुलम्।।8।।'

यहाँ पुरुष को विराट ब्रह्मांडीय सत्ता माना गया है, जो सहस्र शीश, सहस्र नेत्र और सहस्र चरण वाला है। सम्पूर्ण जगत उसी का विस्तार है।

'स वै एष पुरुषो यज्ञेन सर्व प्रजापति:।
तं यज्ञं बर्हिषि प्रौक्षन्, पुरुषं जातमग्रत:।।9।।'

पुरुष को प्रजापति और यज्ञरूप बताया गया है। उसके अंगों से ही सृष्टि के विविध अंग प्रकट हुए।

'तेन देवा अजनयन्त, साध्या ऋषयश्च ये।
सर्वज्ञं सर्वत: स्थूलं, विश्वरूपं प्रजापतिम्।।10।।'

इस श्लोक में देवताओं और ऋषियों की उत्पत्ति पुरुष से मानी गई है। पुरुष ही सर्वज्ञ, सर्वव्यापी और विश्वरूप प्रजापति है।

'हिरण्यगर्भ: समवर्तताग्रे, भूतस्य जात: पतिरेका आसीत्।
स दाधार पृथिवीं द्यामुतेमां, कस्मै देवाय हविषा विधेम।।11।।'

यहाँ 'हिरण्यगर्भ' को सृष्टि का प्रथम कारण कहा गया है। उसी ने पृथ्वी और आकाश को धारण किया और सम्पूर्ण सृष्टि का नियंता बना।

'यथा ऋतं च सत्यं चाभीद्धात् तपसोऽध्यजायत।
ततो रात्र्यजायत तत: समुद्रो अर्णव:।।12।।'

यहाँ स्पष्ट किया गया है कि ऋत (नियम) और सत्य से ही सृष्टि उत्पन्न हुई। उसी से रात्रि, दिवस और समुद्र की उत्पत्ति हुई। यह समय और प्रकृति की मूलभूत संरचना का संकेत है।

'न मृत्युरासीद्मृत्युनो न तर्हि, न रात्र्या अह्न आसीत्प्रकेत:।

आनीदवातं स्वधया तदेकं, तस्माद्धान्यन्न पर: किञ्चनास॥13॥'

इस सूक्त में कहा गया है कि आदि काल में मृत्यु और अमरत्व, दिन और रात्रि, किसी का भी अस्तित्व नहीं था। केवल एक ही सत्ता थी, जो अपनी स्वधामय शक्ति से विद्यमान थी।

इन समस्त वैदिक मंत्रों से स्पष्ट होता है कि भारतीय ऋषियों ने सृष्टि को केवल धार्मिक आख्यान के रूप में नहीं, बल्कि एक दार्शनिक, वैज्ञानिक और आध्यात्मिक प्रक्रिया के रूप में देखा। कभी सृष्टि को रहस्यमय और अज्ञेय बताया गया, कभी उसे विराट पुरुष या हिरण्यगर्भ के रूप में मूर्त किया गया और कभी उसे विश्वकर्मा की सुव्यवस्थित रचना कहा गया। यह दृष्टिकोण भारतीय ज्ञान परंपरा की मौलिकता का परिचायक है और आधुनिक ब्रह्मांड-विज्ञान को भी एक प्राचीन बौद्धिक आधार प्रदान करता है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. अथर्ववेद 19.68.1
2. अथर्ववेद 11.4; ऋग्वेद के प्राण-सूक्तों से संबंधित
3. ऋग्वेद 10.90; शुक्ल यजुर्वेद 31
4. ऋग्वेद 10.121; हिरण्यगर्भ सूक्त
5. ऋग्वेद 10.129.1
6. ऋग्वेद 10.129.3
7. ऋग्वेद 10.129.6
8. ऋग्वेद 10.90.1
9. ऋग्वेद 10.90.6-7
10. ऋग्वेद 10.90.8
11. ऋग्वेद 10.121.1
12. ऋग्वेद 10.190.1-2
13. ऋग्वेद 10.129.2

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LI (51), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# कार्यस्थल पर लैंगिक समानता और मानवाधिकार: चुनौतियाँ, प्रगति और भविष्य का मार्ग

**डॉ. नीता मौर्य** *

* सहायक प्रोफेसर (समाजशास्त्र) श्री शिवा डिग्री महाविद्यालय, तेरही कप्तानगंज, आजमगढ़ (उ.प्र.)भारत

**शोध सारांश –** कार्यस्थल पर लैंगिक समानता केवल नैतिक आवश्यकता नहीं, बल्कि एक मौलिक मानवाधिकार है। यह शोध पत्र कार्यस्थल में लैंगिक समानता और मानवाधिकारों के अटूट संबंध का विश्लेषण करता है। इसमें व्यवस्थित असमानताओं (वेतन अंतराल, भर्ती व पदोन्नति में पूर्वाग्रह, यौन उत्पीड़न), उनके मानवाधिकारों पर प्रभाव (समानता, गरिमा, सुरक्षा, आजीविका का अधिकार), और वैश्विक व भारतीय कानूनी ढांचों की समीक्षा शामिल है। साथ ही विविधता, समावेशन और सशक्तिकरण की रणनीतियों का मूल्यांकन करता है तथा सुझाव देता है कि सही मायने में समावेशी कार्यस्थल केवल कानूनी अनुपालन से नहीं, बल्कि संस्कृति, नेतृत्व प्रतिबद्धता और सामाजिक मानदंडों में परिवर्तन से ही प्राप्त हो सकते हैं। निष्कर्षत: लैंगिक समानता किसी भी समाज की आर्थिक प्रगति और मानवाधिकारों की सुरक्षा के लिए अनिवार्य है। भारत में मानवाधिकार कानून, मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 द्वारा शासित होते हैं। यह अधिनियम, संविधान द्वारा गारंटीकृत या अंतर्राष्ट्रीय संधियों में निहित और भारत में अदालतों द्वारा लागू किए जा सकने वाले, जीवन, स्वतंत्रता, समानता और व्यक्ति की गरिमा से संबंधित अधिकारों को 'मानवाधिकार' के रूप में परिभाषित करता है।

**शब्द कुंजी –** लैंगिक असमानता, मानवाधिकार, POSH.

**प्रस्तावना –** लैंगिक समानता और मानवाधिकार आधुनिक समाज के मूलभूत सिद्धांत हैं, जो कार्यस्थल पर समावेशी और निष्पक्ष वातावरण को बढ़ावा देते हैं। कार्यस्थल पर लैंगिक समानता का अर्थ है पुरुषों, महिलाओं और अन्य लैंगिक पहचानों के बीच समान अवसर, वेतन, और सम्मान सुनिश्चित करना। मानवाधिकार, जैसे कि गरिमा, समानता, और भेदभाव से मुक्ति, कार्यस्थल की नीतियों और प्रथाओं का आधार बनते हैं। यह पेपर कार्यस्थल पर लैंगिक समानता और मानवाधिकारों के बीच संबंध, इसके महत्व, चुनौतियों, और समाधानों का विश्लेषण करता है। 'कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (POSH) अधिनियम, जिसका पूरा नाम 'कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013' है, भारत सरकार द्वारा 2013 में पारित एक कानून है। इसका उद्देश्य कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ होने वाले यौन उत्पीड़न को रोकना, उससे बचाव करना और उसका निवारण करना है।

**समस्या कथन:** लैंगिक आधार पर भेदभाव और असमानता, कार्यस्थल पर व्यक्तियों के मानवाधिकारों का गंभीर उल्लंघन है। यह आर्थिक अक्षमता उत्पन्न करता है और सामाजिक प्रगति में बाधाक है।

**उद्देश्य:**

1. कार्यस्थल पर लैंगिक समानता के महत्व को समझना।
2. मानवाधिकार सिद्धांतों के संदर्भ में लैंगिक भेदभाव की चुनौतियों का विश्लेषण करना।
3. समाधान और नीतिगत सुझाव प्रस्तुत करना।

**अनुसंधान प्रश्न:**

1. कार्यस्थल पर लैंगिक असमानता के प्रमुख रूप कौन से हैं और ये कैसे विशिष्ट मानवाधिकारों का हनन करते हैं?
2. लैंगिक समानता सुनिश्चित करने के लिए मौजूदा अंतरराष्ट्रीय और भारतीय कानूनी/नीतिगत ढांचे की प्रभावशीलता क्या है?
3. भारतीय संदर्भ में, विशेषकर अनौपचारिक क्षेत्र और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में, लैंगिक समानता के लिए क्या विशिष्ट बाधाएँ और समाधान हैं?

**साहित्य समीक्षा**

लैंगिक समानता और मानवाधिकारों पर कई अध्ययनों ने कार्यस्थल में भेदभाव, असमान वेतन, और अवसरों की कमी को उजागर किया है। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO) के अनुसार, वैश्विक स्तर पर महिलाएं पुरुषों की तुलना में औसतन 20% कम वेतन प्राप्त करती हैं। भारत में, राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO) के 2023 के आंकड़ों के अनुसार, शहरी क्षेत्रों में पुरुषों की तुलना में महिलाओं का वेतन 15–30% कम है। मानवाधिकारों के दृष्टिकोण से, संयुक्त राष्ट्र की यूनिवर्सल डिक्लेरेशन ऑफ ह्यूमन राइट्स (UDHR) के अनुच्छेद 23 में सभी के लिए समान कार्य के लिए समान वेतन और भेदभाव से मुक्त कार्यस्थल का अधिकार सुनिश्चित किया गया है। फिर भी, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न, लैंगिक रूढ़ियों, और ग्लास सीलिंग जैसे मुद्दे लैंगिक समानता को बाधित करते हैं।

**मानवाधिकार ढांचा:** CEDAW (1979), ILO समान पारिश्रमिक कन्वेंशन (1951), यूएन गाइडिंग प्रिंसिपल्स ऑन बिजनेस एंड ह्यूमन राइट्स (2011) कार्यस्थल पर लैंगिक समानता को मानवाधिकार के रूप

में स्थापित करते हैं। कांच की छत (Glass Ceiling): अदृश्य बाधाएँ जो महिलाओं को शीर्ष पदों तक पहुँचने से रोकती हैं (Morrison et al- 1987)। मातृत्व अभिशाप (Motherhood Penalty): मातृत्व के कारण वेतन और करियर प्रगति पर नकारात्मक प्रभाव (Correll et al-, 2007)। पुरुष-प्रधान संस्कृति (Hegemonic Masculinity): कार्यस्थल संस्कृति में पुरुष मानदंडों का वर्चस्व (Connell, 1987)। यआर्थिक तर्क: मैकिन्से (2015) - लैंगिक समानता वैश्विक GDP में +12 ट्रिलियन तक जोड़ सकती है। विविध टीमें अधिक नवाचारी होती हैं। भारत में, लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए कानून जैसे लैंगिक समानता अधिनियम, 1976, यौन उत्पीड़न रोकथाम अधिनियम, 2013 (POSH) और मातृत्व लाभ अधिनियम, 1961 लागू किए गए हैं। हालांकि, विशेष रूप से असंगठित क्षेत्र में इन कानूनों का कार्यान्वयन अपर्याप्त रहा है।

**भारतीय संदर्भ:** POSH अधिनियम, जिसका पूरा नाम 'कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेधा और निवारण) अधिनियम, 2013' है, भारत सरकार द्वारा 2013 में पारित एक कानून है। इसका उद्देश्य कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ होने वाले यौन उत्पीड़न को रोकना, उससे बचाव करना और उसका निवारण करना है. समान पारिश्रमिक अधिनियम (1976), कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम (2013 - POSH), मातृत्व लाभ अधिनियम (2017 का संशोधान)। अध्ययन: अशोका यूनिवर्सिटी (2019) - भारत में उच्च शिक्षित महिलाओं की श्रम भागीदारी दर में गिरावट; ILO (2023) - भारत में महत्वपूर्ण वेतन अंतराल और अनौपचारिक क्षेत्र में महिलाओं की भेद्यता।

**कार्यस्थल पर लैंगिक असमानता के प्रमुख रूप और मानवाधिकार तालिका (अगले पृष्ठ पर देखे)**

कार्यस्थल पर लैंगिक समानता कई स्तरों पर चुनौतियों का सामना करती है। वेतन असमानता पुरुषों और महिलाओं के बीच वेतन में अंतर अभी भी एक प्रमुख मुद्दा है। यह न केवल आर्थिक असमानता को बढ़ाता है, बल्कि मानवाधिकारों का उल्लंघन भी करता है। नेतृत्वकारी भूमिकाओं में महिलाओं और अन्य लैंगिक अल्पसंख्यकों का प्रतिनिधित्व कम है। उदाहरण के लिए, फॉर्च्यून 500 कंपनियों में केवल 8% सीईओ महिलाएं हैं। कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न महिलाओं की सुरक्षा और गरिमा को प्रभावित करता है, जो मानवाधिकारों का उल्लंघन है।

July to September 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LI (51), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का कृषकों की आर्थिक स्थिति पर प्रभाव : मध्यप्रदेश के उज्जैन जिले के विशेष संदर्भ में एक अध्ययन

**लखन शर्मा** *

* शोधार्थी, म.प्र. सामाजिक विज्ञान शोध संस्थान, उज्जैन (म.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** इस योजना के जरिए किसानों को एक प्रकार से आय का सुरक्षा कवच प्रदान करने का प्रयास सरकार द्वारा अत्यन्त न्यूनतम प्रीमियम दरों पर किया गया है। इसमें फसलों की बुआई से पहले और कटाई के बाद के जोखिमों को भी शामिल किया गया है। नुकसान के दावों का ऑनलाईन भुगतान करने का भी इसमें प्रावधान रखा गया है। यही नहीं, फसल हानि होने पर दावों के शीघ्र भुगतान हेतु उपज के अनुमान के लिए ड्रोन तकनीक का प्रयोग करने का भी इसमें प्रावधान है। पिछले काफी समय से भारतीय कृषि उतार–चढ़ाव से जूझ रही है। कृषि क्षेत्र पर आधारित देश की अधिकांश आबादी और इससे मिलने वाले रोजगार के अवसरों के महत्तव को समझते हुए राष्ट्रीय किसान कमीशन की अधिकांश सिफारिशों को सरकार द्वारा लागू किया गया है। इनमें कई तरह की कृषि सुधार योजनाएँ भी शामिल हैं। देश में कृषि विकास को बढ़ाने तथा किसानों की आय को बढ़ाने के लिए केन्द्र और राज्य सरकारों द्वारा विभिन्न प्रकार की नीतियों का कार्यान्वयन किया जा रहा है। इस क्रम में कृषि अनुसंधान और शिक्षा को भी बढ़ावा दिया जा रहा है।

**प्रस्तावना –** भारत देश एक कृषि प्रधान देश है जिसकी राष्ट्रीय आय का बड़ा भाग इसी से प्राप्त होता है। भारत में 70 करोड़ लोगों की आजीविका कृषि से जुड़ी है। सकल घरेलू उत्पाद में कृषि का योगदान लगभग 20 प्रतिशत है। कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। यहाँ की कृषि प्रकृति पर निर्भर करती है। प्रकृति फसलों के उत्पादन में महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। भारत का कृषि उत्पादन में विश्व में महत्त्वपूर्ण स्थान है। भारत की 65 प्रतिशत आबादी गाँव में बसती है। इनका मूल पेशा कृषि है। एक तरह से कृषि ही भारतीय अर्थव्यवस्था की आधारशिला है, जब तक की कृषि का विकास नहीं होगा तब तक भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती की बात बेमानी है, क्योंकि भारत की दो तिहाई जनसंख्या किसी न किसी रूप में कृषि एवं उससे जुड़े अन्य उपक्रमों पर आधारित है। यही वजह है कि भारत में कृषि विकास के लिए निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं, लेकिन आजादी के 78 वर्षों में हम विकास की चकाचौंध में बहुत आगे निकल गए और अपने गाँव, खेत–खलिहान व खेती किसानी की विरासत को गँवा बैठे। आज भी भारत की अर्थव्यवस्था ग्रामीण अर्थव्यवस्था से खुराक ले रही है। भारतीय अर्थव्यवस्था कृषि पर आधारित है। कृषि विकास के सभी प्रयत्नों के बावजूद भारतीय कृषि मुख्यत: प्रकृति की कृपा पर ही निर्भर है, अतिवृष्टि, सूखा, ओले, पाला पड़ने व प्राकृतिक विपदाओं और कीड़े लग जाने पर खेतों में खड़ी फसल बर्बाद हो जाती है और कृषक अपने भाग्य को कोसने और वर्ष भर साहूकारों के कर्ज में पिसने के अलावा कुछ नहीं कर पाते हैं। उनकी कई पीढ़ी कर्जदार हो जाती है। प्रत्येक उद्योग चाहे वह छोटा हो या बड़ा कुछ न कुछ विश्वसनीयता रहती है पर कृषि में इसका पूरी तरह से अभाव है। भारत में सूखा, अतिवृष्टि, ओले, अन्य प्राकृतिक आपदाओं से किसान की यदि फसल खराब हो जाती है तो उसका पूरा नुकसान उसी को सहना होता है। पीड़ित क्षेत्रों में राहत कार्य में सरकार ज्यादा से ज्यादा फसल की या तो मालगुजारी माफ करती है या फसल उगने के लिए जो उसने कर्ज लिया है उसे लौटाने की अवधि बढ़ा देगी। इसमें विपत्तिग्रस्त कृषकों को राहत तो पहुँचती है, परन्तु इसमें अपेक्षित लाभ नहीं हो पाता और ये किसानों को सरकार के द्वारा मिली दया और सहानुभूति मात्र है। देश के अधिकतर राज्य सूखे से जूझ रहे हैं और बहुसंख्य ग्रामीण आबादी संकट के दौर से गुजर रही है। भारत में सकल घरेलू उत्पाद में कृषि का योगदान 20 प्रतिशत है, लेकिन पिछले कई वर्षों से भारतीय कृषि उतार–चढ़ाव से जूझ रही है। वर्ष 2014–2015 में मानसून में 12 प्रतिशत की कमी से ही फसलोत्पादन में 3.2 प्रतिशत की कमी देखने को मिली थी।

1901 से लेकर अब तक ऐसा चौथी बार हुआ, जब लगातार दो सालों तक देश को सूखे का सामना करना पड़ा। इसी तरह ओलावृष्टि और कहीं–कहीं अत्यधिक वर्षा ने भी फसलों को प्रभावित किया। किसानों को प्राकृतिक आपदा के चलते हर साल भारी नुकसान का सामना करना पड़ता है। तैयार फसल भी एक दिन की आपदा में बर्बाद हो जाती है। इसके लिए देश में फसल बीमा योजना लागू थी पर उसका पूरा लाभ किसानों को नहीं मिल पाता था और यही वजह है कि फसल बीमा योजना का विस्तार कृषक जनसंख्या में मात्र 23 प्रतिशत आबादी तक ही था। इसमें जरूरी बदलाव किये गए और प्रीमियम में कटौती से लेकर क्लेम के भुगतान में तेजी और नये जोखिम को सम्मिलित करने संबंधी धारा इसमें जोड़ी गई। इसके बाद इसे प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के नाम से शुरू किया। इस योजना को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 13 जनवरी 2016 को विधिवत आरम्भ किया। यह योजना 2016 में खरीफ की बुवाई के समय से लागू की गई। इसमें किसानों के लिए बेहद कम प्रीमियम देने का प्रावधान रखा गया है।

बीमा कंपनियाँ जो प्रीमियम की दर तय करेंगी उसमें खरीफ के लिए किसानों को सिर्फ 2 प्रतिशत राशि देना होगी। रबी फसलों के लिए 1.5 प्रतिशत और बागवानी फसलों के लिए 5 प्रतिशत राशि देना किसानों के लिए तय किया गया। बाकी की प्रीमियम राशि केन्द्र और राज्य सरकार बराबर-बराबर देंगी। इस योजना मे यह प्रावधान रखा गया की कम से कम 25 प्रतिशत का दावा राशि सीधे किसानों के बैंक खाते में आएँगी। कृषि मंत्रालय ने अगले तीन वर्षों में देश के 14 करोड़ किसानों में से 50 प्रतिशत को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के दायरे में लेने का लक्ष्य रखा है। पहले वर्ष 2016-2017 में 30 प्रतिशत किसानों को इसमें शामिल किया गाया। इस योजना के लिए 2016-2017 में 5550 करोड़ रुपये आवंटित किये गए थे। इसके पश्चात प्रतिवर्ष इसके बजट में वृद्धि की गयी एवं चालू वित्त वर्ष 2025-26 में सरकार द्वारा 69515.71 करोड़ रु. राशि का व्यय किया गया और म.प्र. सरकार के द्वारा भी 2000 करोड की राशि प्रदान की गयी है।

अत: प्रस्तुत शोध में कृषकों की आर्थिक स्थिति पर फसल बीमा योजना के द्वारा पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन करने हेतू म.प्र. के उज्जैन जिले का अध्ययन किया जायेगा एवं इस योजना से संबंधित सभी जानकारियों का तथ्यात्मक रूप से विश्लेषण किया जायेगा।

**साहित्य की समीक्षा –** प्रधानमंत्री द्वारा एक उच्चस्तरीय समिति के गठन के साथ, भारतीय कृषि में परिवर्तन का दौर शुरू हो गया है और 2014 में शुरू किए गए सुधारों का एजेंडा मुखर हो गया है। इस समिति में 7 राज्यों- महाराष्ट्र, कर्नाटक, हरियाणा, अरुणाचल प्रदेश, गुजरात, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री और केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण, ग्रामीण विकास और पंचायतीराज मंत्री तथा सदस्य सचिव के रूप में नीति आयोग के सदस्य शामिल हैं। कृषि और उससे सम्बद्ध क्षेत्रों की भारत में किसी भी विकास योजना प्रक्रिया में अहम् भूमिका है, क्योंकि ये रोजगार के अवसर मुहैया करवाते हैं। खाद्यान्न और खाद्य सुरक्षा प्रदान करते हैं और चीनी, कपड़ा, हर्बल, खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के लिए कच्चा माल सुनिश्चित करते हैं, जिनमें लोगों को बड़ी संख्या में स्तरीय रोजगार मिलते हैं। कृषि के लिए बजटीय आवंटन लगातार बढ़ रहा है। हालाँकि, मौसमी उतार-चढ़ाव के कारण कृषि जीडीपी में वृद्धि कुछ कम रही। (मिश्रा, डॉ. जे.पी.)

**कृषि बजट में निरन्तर वृद्धि –** इस तथ्य को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है कि वर्तमान सरकार द्वारा गत चार वर्षों के दौरान कृषि क्षेत्र को निरन्तर प्राथमिकता दी गई है। इस क्रम में न सिर्फ कृषि उत्थान पर आधारित नई योजनाओं और कार्यक्रमों का कार्यान्वयन किया गया, बल्कि इनके लिए पर्याप्त धनराशि भी उपलब्ध करवाई गई। कृषि बजट के प्रावधान को बढ़ाकर 2.11 लाख करोड़ (वर्ष 2014-19) किया गया। इससे पूर्व वर्ष 2009 से 2014 की अवधि के कृषि बजट के लिए 1.21 लाख करोड़ की राशि आवंटित की गई थी। कृषि से सम्बद्ध अन्य क्षेत्रवार आवंटन पर गौर करें तो फसल बीमा योजना की राशि को 2151 करोड़ से छह गुना बढ़ाकर 13000 करोड़, मृदा स्वास्थ्य कार्ड के लिए प्रावधान को 30 करोड़ से बढ़ाकर 400 करोड़, कृषि यंत्रीकरण के लिए वर्ष 2018-19 के बजट में राशि को बढ़ाकर 1165 करोड़ रूपये (वर्ष 2013-14 में 58 करोड़), ड्रिप और स्प्रिंकलर तथा कृषि सिंचाई योजना का बजट भी इस वर्ष बढ़ाकर 4000 हजार करोड़ रूपये किया गया है। कमोबेश, इसी तरह से अन्य प्रमुख कृषि सम्बद्ध क्षेत्रों जैसे डेयरी (1420करोड़), मात्स्यिकी (642करोड़) आदि में बजटीय राशि की बढ़ोतरी चालू वर्ष के बजट में की गई।

**राष्ट्रीय किसान कमीशन की अधिकांश सिफारिशें लागू –** कृषि क्षेत्र पर आधारित देश की अधिकांश आबादी और इससे मिलने वाले रोजगार के अवसरों के महत्त्व को समझते हुए राष्ट्रीय किसान कमीशन की अधिकांश सिफारिशों को सरकार द्वारा लागू किया गया है। इनमें कई तरह की कृषि सुधार योजनाएँ भी शामिल हैं। कृषि में फसल कटाई उपरांत प्रसंस्करण, विक्रय के लिए बाजार एवं इससे सम्बन्धित व्यवस्था पर समुचित ध्यान देने का भी इसमें सुझाव दिया गया था। यही नहीं, प्राकृतिक सम्पदाओं में लगातार क्षरण एवं जलवायु परिवर्तन को देखते हुए किसान कमीशन ने प्राकृतिक संसाधनों के वैज्ञानिक तौर-तरीके से प्रबन्धन एवं सतत् उत्पादन तथा विकास की ओर भी इशारा किया था। इसी तरह से मॉडल एग्रीकल्चरल लैंड लीजिंग एक्ट 2016 को जारी किया गया, जो कृषि सुधारों के संदर्भ में अत्यन्त महत्त्वपूर्ण कदम है जिसके माध्यम से भू-धारकों एवं लीज प्राप्तकर्ता दोनों के हितों का ध्यान रखा जाता है। (सिंह, अशोक)

भारत में सत्तर करोड़ लोगों की आजीविका कृषि से जुड़ी हैं और सकल घरेलू उत्पाद में कृषि का योगदान 20 प्रतिशत है, लेकिन पिछले काफी समय से भारतीय कृषि उतार-चढ़ाव से जूझ रही है। जिन इलाकों में आत्महत्या के मामले सामने आए, वे कहीं न कहीं मौजूदा ग्रामीण संकट के केन्द्र में रहे हैं। प्राकृतिक आपदाओं से किसानों को होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए सरकार ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना शुरू की है। इसकी खासियत के बारे में दावा किया जा रहा है कि इसमें किसानों को बेहद कम प्रीमियम देना पड़ेगा। बीमा कंपनियाँ खरीफ फसलों के लिए जो प्रीमियम रेट तय करेंगी, किसानों को उसमें सिर्फ 2 प्रतिशत देना होगा। रबी फसलों के प्रीमियम रेट का सिर्फ 1.5 फीसदी किसान देंगे। वहीं, बागवानी और कपास की फसलों के मामले में किसानों को 5 प्रतिशत प्रीमियम देना होगा। बाकी प्रीमियम केन्द्र और राज्य की सरकारें बराबर-बराबर देंगी। कम से कम 25 प्रतिशत क्लेम राशि सीधे किसानों के बैंक खाते में आएगी। इस दौरान की कृषि उपलब्धियों पर एक नजर डालने से यह स्पष्ट हो जाता है कि इस क्षेत्र में कई नए कीर्तिमान स्थापित किए गए हैं। वर्ष 2017-18 के चौथे अग्रिम अनुमान के अनुसार खाद्यान्न उत्पादन 284.63 मिलियन टन होने की संभावना है। इसी प्रकार बागवानी फसल 305 मिलियन टन, दलहन उत्पादन 25.23 मिलियन टन, दुग्ध उत्पादन 176.35 मिलियन टन, बागवानी उत्पादन 306.82 मिलियन टन एवं मत्स्य उत्पादन 126.14 मिलियन टन होने का विशेष तौर पर उल्लेख किया जा सकता है। इन उपलब्धियों को हासिल करने का श्रेय सामूहिक तौर पर किसानों एवं कृषि वैज्ञानिकों के प्रयासों तथा कृषि-आधारित सरकारी योजनाओं को जाता है, जिनके कारण कृषि उत्पादन के रिकार्ड ऊँचाइयों तक पहुँच पाना संभव हो सका है। (मिश्र, उमाशंकर)

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना देश में अपनी तरह की पहली योजना है, जिसका उद्देश्य है फसल के खराब होने पर किसानों को मुआवजा उपलब्ध कराना। यह योजना राष्ट्रीय कृषि बीमा योजना और संशोधित राष्ट्रीय कृषि बीमा योजना का परिवर्धित रूप है। फसलों की बढ़ती लागत, होने वाले नुकसान और फसलों की कीमत में आ रही गिरावट से किसानों पर कर्ज का बोझ बढ़ रहा है, जिससे किसान मानसिक दबाव में हैं। कई राज्यों में इसी वजह से हाल ही में किसान आंदोलन हुए और कुछ किसान खुदकुशी करने लिए मजबूर हुए। कई राज्य सरकारों को कृषि कर्ज को माफ भी करना पडा। भारत में अभी भी खेती-किसानी बारिश पर निर्भर है। मानसून के अच्छे नहीं

रहने पर फसल अक्सर बर्बाद हो जाती है। बाढ़ और सूखा भारतीय किसानों की नियति बन गई है। मानसून की अनिश्चितता के चलते किसानों के लिए एक नई फसल बीमा योजना की जरूरत काफी समय से महसूस की जा रही थी। इसी के मद्देनजर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना प्रस्तावित की गई जिसे 13 जनवरी, 2016 को कैबिनेट ने अपनी मंजूरी दे दी। शुरू में बीमा दावे के निपटान की प्रक्रिया में कुछ खामियाँ थीं, जिन्हें बाद में लोगों से प्राप्त सुझावों के आधार पर दूर किया गया। योजना को सम्बन्धित राज्य सरकारों के साथ मिलकर लागू किया गया है। केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय इस योजना के क्रियान्वयन पर निगरानी रखने का काम कर रहा है और इसके तहत 3 सालों के अंदर सरकार की योजना 8800 करोड़ रूपये खर्च करने की है। इसके अलावा मंत्रालय 50 प्रतिशत किसानों को भी इस योजना की जद में लाना चाहता है। (सिंह, सतीश)

केन्द्र सरकार की ओर से किसानों को राहत देने के लिए चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों के बीच फसल बीमा अहम् योजना है। इसके जरिए किसानों को राहत प्रदान की जाती है। फसल बीमा के अन्तर्गत अलग-अलग प्रावधान किए गए हैं। पिछले दिनों सरकार की ओर से इसके कुछ स्वरूपों में परिवर्तन करते हुए संशोधित फसल बीमा योजना नाम को मंजूरी दी गई हैं। फसलों के बर्बाद होने के बाद निराश होने वाले किसान अब घर बैठने के बजाय खेतों में उत्पादन बढ़ाने की योजना बनाते नजर आते है। इससे किसानों का उत्साह बढ़ा है। (श्रीवास्तव, दिव्या)

**फसल बीमा से किसानों को लाभ –** किसान फसल बीमा अपनाकर अपने आपको अपरिहार्य प्राकृतिक जोखिमों जैसे प्राकृतिक आपदाओं, अकाल, कीटों एवं रोगों और प्रतिकूल मौसमी परिस्थितियों में आर्थिक सुरक्षा प्राप्त कर सकते हैं। देश में राष्ट्रीय बीमा कार्यक्रम के तीनों घटकों पर कार्य चल रहा है। इसमें एक संशोधित राष्ट्रीय कृषि बीमा योजना है, तो दूसरी मौसम आधारित फसल बीमा योजना एवं तीसरी नारियल पाम बीमा योजना है। इन सभी में अलग-अलग व्यवस्थाएं दी गई।

**मुख्य विशेषता –** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसानों को खरीफ फसलों के लिए 2 प्रतिशत और रबी फसलों के लिए 1.5 प्रतिशत बीमा किश्त का भुगतान करना है। हाँ, वार्षिक फसलों जैसे, वाणिज्यिक एवं बागवानी फसलों के लिए 5 प्रतिशत की दर से बीमा किश्त देनी होगी। किसानों को आर्थिक मोर्चे पर असुविधा न हो, इसके लिए सरकार ने बीमा किश्त की दर को बहुत ही कम रखा है। हालाँकि, बीमा कंपनियों को सरकार वास्तविक बीमा किश्त का भुगतान कर रही है, जिसका भार केन्द्र और राज्य सरकार मिलकर उठा रहे हैं।

**लक्ष्य –** इस योजना का मकसद प्राकृतिक आपदाओं, कीटों व रोगों से फसलों को नुकसान होने होने पर किसानों को बीमा के रूप में वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना, किसानों की आय को स्थायित्व देना, कृषि में नवाचार एवं आधुनिक पद्धतियों को अपनाने के लिए किसानों को प्रोत्साहित करना, कृषि क्षेत्र में ऋण के प्रवाह को सुनिश्चित करना आदि है।

वर्ष 2020 के बाद यह योजना ऋणी और गैर-ऋणी दोनों किसानों के लिए यह योजना को वेकल्पिक कर दिया गया किसानों को बैंक में जहाँ पर उनका खाता हैं वहाँ पर जाकर फसल का बीमा करवाना होता हैं। इसके तहत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, महिला किसान आदि को प्राथमिकता देने का प्रावधान है।

(1) फसल बोने के अधिकतम 10 दिन के अंदर ही आपको प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का फार्म भरना जरूरी है।

(2) फसल कटाई से लेकर अगले 14 दिनों तक अगर आपकी फसल को प्राकृतिक आपदा के कारण नुकसान है तो भी आप इस बीमा योजना का लाभ उठा सकते हैं।

(3) इस योजना में आपको फसल खराब होने पर तभी बीमा की रकम मिल सकेगी जब आपकी फसल किसी भी प्राकृतिक आपदा के कारण ही खराब हुई हो, जैसे ओला, जलभराव, बाढ़, तूफान, तूफानी बरसात, जमीन धँसना इत्यादि।

**शोध का उद्देश्य:**

(1) उज्जैन जिले में किसानों के मध्य फसल बीमा के बारे में जानकारी के स्तर का अध्ययन करना।

(2) फसल बीमा के क्रियान्वयन की स्थिति का मूल्यांकन करना।

(3) फसल बीमा से किसानों की आर्थिक स्थिति में होने वाले परिवर्तनों का अध्ययन।

**शोध की परिकल्पना:**

1. फसल बीमा योजना अपनाने वाले कृषकों की फसल उत्पादन क्षमता के बीच सीधा संबंध है।
2. फसल उत्पादन क्षमता में बढ़ोतरी का सीधा प्रभाव कृषकों की आर्थिक स्थिति में होने वाले परिवर्तन से है।

**शोध प्रविधि –** अध्ययन हेतु उज्जैन जिले उज्जैन तहसील में से तीन गांव का चुनाव फसल बीमा लेने वालों किसानों की संख्या की अधिकता के आधार पर किया गया और प्रत्येक गांव से 10-10 किसानों का सर्वे किया गया। इन किसानो को कृषक भूमि के क्षेत्र के आधार पर वग्रीकृत किया जायेगा, इन 10 किसानों में से 2 किसान सीमांत कृषक (1 हेक्टेयर से कम या 5 बीघा से कम), 2 किसान लघु कृषक (1 हेक्टेयर से अधिक एवं 2 हेक्टेयर से कम, 5 बीघा से अधिक तथा 10 बीघा से कम), 2 किसान अर्द्धमध्यम कृषक (2 हेक्टेयर से अधिक व 4 हेक्टेयर से कम, 10 बीघा से अधिक एवं 20 बीघा से कम), 2 किसान मध्यम कृषक (4 हेक्टेयर से अधिक तथा 10 हेक्टेयर से कम, 20 बीघा से अधिक एवं 50 बीघा से कम) एवं 2 किसान वृहद कृषक (10 हेक्टेयर से अधिक या 50 बीघा से अधिक) के रूप में चयनित किये गये।

**तालिका क्र.1 : किसानों के लिंग की जानकारी**

| क्र. | लिंग | संख्या | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1 | पुरूष | 23 | 76.66 |
| 2 | महिला | 7 | 23.33 |
| | **कुल** | 30 | 100.0 |

हमारे सर्वे में कुल 30 किसानों में 23 पुरूष किसान जिनका 76.66 प्रतिशत रहा और 7 किसान महिला जिनका प्रतिशत 23.33 रहा हैं। इनमें सभी को फसल बीमा की जानकारी इन सभी को कृषि विस्तार अधिकारी के माध्यम से दी गई थी इन सभी किसानों ने अपनी फसल गेंहूँ और सोयाबीन की फसल का बीमा जिस बैंक से किसानों ने कृषि कार्य हेतू लोन लिया था उसी बैंक के द्वारा किसानों से सहमती लेकर उनकी फसल का बीमा कर दिया गया। खरीफ 2025 की फसल में सोयाबीन का बीमा किया गया जिसकी प्रीमियम राशि 940 रू. प्रति हेक्टेयर थी जो की किसानों के बैंक खाते काटी गई और सरकार के द्वारा भी प्रीमियम राशि 3901 रू. का भुगतान बीमा कम्पनी को किया गया। इसी तरह रबी 2023-24 में गेहूँ की

फसल का बीमा प्रीमियम राशि 705 रू. प्रति हेक्टेयर किसानों के बैंक खाते से काटी गई और सरकार के द्वारा भी प्रीमियम राशि 2783 रू. का भुगतान बीमा कम्पनी को किया गया। जिससे किसानों की फसल का बीमा किया गया जिससे की प्राकृतिक आपदा से फसल को हाने वाले नुकसान से सुरक्षा मिली। और किसानों की चिंता कुछ कम हुई।

**तालिका क्र.2 : किसानों के मध्य फसल बीमा के बारे में जानकारी के स्तर**

| क्र. | फसल बीमा के बारे में जानकारी के स्तर | संख्या | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1 | उच्च | 7 | 23.33 |
| 2 | मध्यम | 9 | 30 |
| 3 | निम्न | 14 | 46.67 |
| | **कुल** | 30 | 100.0 |

हमारे सर्वे में उच्च फसल बीमा के बारे में जानकारी किसान की संख्या 7 रही जिसका प्रतिशत 23.33 रहा हैं और मध्यम फसल बीमा के बारे में जानकारी किसान की संख्या 9 रही जिसका प्रतिशत 30 रहा हैं और निम्न फसल बीमा के बारे में जानकारी किसान की संख्या 14 रही जिसका प्रतिशत 46.67 रहा हैं। जिससे यह कहा जा सकता है कि फसल बीमा के बारे में जानकारी जिनके पास निम्न है उनकी संख्या अधिक हैं।

**तालिका क्र.3: किसानों का आकार**

| क्र. | किसानों का आकार | संख्या | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1 | सीमांत किसान | 13 | 43.33 |
| 2 | लघु किसान | 8 | 26.67 |
| 3 | अर्द्धमध्यम किसान | 3 | 10 |
| 4 | मध्यम किसान | 4 | 13.33 |
| 5 | वृहद् किसान | 2 | 6.67 |
| | **कुल** | 30 | 100.0 |

हमारे सर्वे में सीमांत किसान की संख्या 13 रही जिसका प्रतिशत 43.33 रहा हैं और लघु किसान किसानों की संख्या 8 रही जिसका प्रतिशत 26.67 रहा। अर्द्धमध्यम किसान की संख्या 3 रही जिसका प्रतिशत 10 रहा। इन किसानों को ही प्राकृतिक आपदा से फसल खराब हाने से अधिक नुकसान होता हैं क्योंकि इनमें से अधिकतर किसान अपनी फसल का उत्पादन कर्ज लेकर करते हैं यदि प्राकृतिक आपदा से इनकी फसल खराब होती हे तो इनकी आर्थिक स्थिति अत्यधिक दयनीय हो जाती है। मध्यम किसानों की संख्या 4 रही जिसका प्रतिशत 13.33 रहा और वृहद् किसान 2 रहे जिसका प्रतिशत 6.67 रहा इन किसानों के पास अधिक भूमि होने के कारण यह बहुफसल का उत्पादन करते हैं। और इनकी आर्थिक स्थिति छोटे किसानों की तुलना अच्छी होती हैं जिससे इन पर फसल बीमा का प्रभाव कम रहा।

**तालिका क्र.4: फसल बीमा के लाभ**

| क्र. | फसल बीमा के लाभ | संख्या | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1 | फसल हानि से आर्थिक सुरक्षा प्राप्ति होती है | 17 | 56.67 |
| 2 | ऋण की चिंता नहीं रहती हैं | 9 | 30 |
| 3 | फसलो में पूँजी लगाने में चिन्ता नहीं रहती | 4 | 13.33 |
| | **कुल** | 30 | 100.0 |

सर्वे के अनुसार फसल बीमा के लाभ में फसल हानि से आर्थिक सुरक्षा प्राप्ति होती है यह कहने वाले किसानों की संख्या 17 रही जिसका प्रतिशत 56.67 रहा। ऋण की चिंता नहीं रहती है यह कहने वाले किसानों की संख्या 9 रही जिसका प्रतिशत 30 रहा। और फसलो में पूँजी लगाने में चिन्ता नहीं रहती कहने वाले किसानों की संख्या 4 रही जिसका प्रतिशत 13.33 रहा। फसल का औसत उत्पादन से यदि 25 प्रतिशत से ज्यादा फसल खराब होने पर ही बीमा कंपनी फसल का बीमा देती है। यह जानकारी किसानों को नहीं है, जिनसे उनका स्वयं का नुकसान ज्यादा होता है और बीमा कंपनी इसका लाभ उठाती है और बीमा क्षतिपूर्ति करने से बच जाती है और किसानों को नुकसान की भरपाई स्वयं ही वहन करनी पड़ जाती है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति पर भी बुरा असर होता है। कई किसान इस वजह से भी डिफाल्टर हो गये हैं और सरकार द्वारा दी जा रही सरकारी सहायता से भी वंचित हो जाते हैं और किसानों को फिर सोसायटी से खाद/बीज भी नहीं मिल पाता है और उनको यह सब बाजार कीमत पर खरीदना पड़ता है, जिससे उनकी फसल की लागत भी बढ़ जाती है और उन पर नया कर्ज हो जाता है। जिसका ब्याज अधिक होता है, जिससे किसान कर्ज के बोझ तले और अधिक दब जाता है। किसानों को चाहिये कि वह क्रॉप कटिंग प्रक्रिया में सही वजन करवाये और उसी वजन को लिखवाये और अधिकारियों को भी उन्हें सही तरह से समझना चाहिये कि कि आज का वजन सही लिखने पर, जब फसल खराब होगी तो उन्हें उस समय इसका फायदा अधिक होता है और फसल का नुकसान होने की संभावना अधिक रहती है। कुछ ही बार होता है कि फसल का उत्पादन बहुत अच्छा होता है। इसलिये क्रॉप कटिंग के समय फसल उत्पादन का सही-सही वजन लिखवाना ही लाभदायक होगा, जो कि किसानों को प्राकृतिक आपदा में फसल खराब होने पर उनकी आर्थिक रूप से रक्षा करेगा और उन्हें नये ऋण के कर्ज से बचायेगा। समय-समय पर सरकार भी इनकी मदद करती है पर यह मदद बहुत ही कम मात्रा में होती हैं जिससे किसान परिवार को आर्थिक रूप बहुत ही कम लाभ मिल पाता है और किसान सिर्फ अपने भाग्य को ही कोसता रह जाता है। सरकार को फसल बीमा की क्षतिपुर्ति की राशि को जल्द और वास्तव में जो फसल के उत्पादन किसान का खर्च हुआ हैं कम से कम उतनी बीमा राशि अवश्य रूप से किसानों को बीमा कम्पनी से फसल की क्षतिपुर्ति देने को बाध्य करना चाहिये और बीमा कम्पनी को यह भी बताने को कहना चाहिये किस आधार पर आपने खराब हुई फसल का बीमा दिया हैं वह किसानों को बताना होंगा यदि किसी किसान का बीमा नहीं मिला हैं तो उसके कारणों को किसानों को बताना चाहिये। जिससे यह योजना और अधिक कारगर और किसान हितेषी हो सकेगी।

**निष्कर्ष –** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के माध्यम से भारत सरकार ने किसानों को राहत देने के लिए एक बड़ा फैसला किया है। योजना का उद्देश्य किसानों की आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति एवं कृषि उत्पादन पर प्रतिकूल असर नहीं पड़े, यह सुनिश्चित करना है। इसी क्रम में फसलों के उत्पादन को बढ़ाने के लिए किफायती दर पर फसली ऋण एवं दूसरे कृषि ऋणों की सुविधा किसानों को उपलब्ध कराई जा रही है। हालाँकि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ लेने के लिए कर्ज लेना जरूरी नहीं है, लेकिन फसलों का बीमा काराना किसान आवश्यक मानते है। अस्तु, कर्ज के माध्यम से किसान अपने जोखिम का आसानी के साथ प्रबंधन कर सकते हैं। कृषि कर्ज लेने की प्रक्रिया आसान है। सरकार ने बैंकों एवं अन्य वित्तीय संस्थानों को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए हैं कि वे किसानों को कर्ज देने में कोताही नहीं करें, साथ

ही ऋण प्रक्रिया को और भी आसान बनाएँ। सरकार के प्रयासों का ही नतीजा है कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बीमा की किश्त बहुत ही कम रखी गई है और सस्ती दर पर कृषि ऋण भी किसानों को उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इस योजना को अपने क्षेत्र में उत्पादन की जाने वाली सभी फसलों के लिए किया जाना चाहिए और कब कोन सी फसल का बीमा होगा इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करना चाहिये जिससे सभी किसान अपनी फसल का बीमा करवा सके और अपनी फसल को प्राकृतिक आपदा से सुरक्षित कर सके और फसल खराब हाने पर उनकी आर्थिक स्थिति खराब न हो।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. मिश्रा, डॉ.जे.पी. (2019),'कृषि सम्बन्धी सुधारों के लिए रोडमैप' *कुरूक्षेत्र*, अंक 12, पृ.क्र.8-12, आईएसएसएन 0971-8451
2. सिंह, अशोक (2019),'कृषि विकास की दिशा में प्रयास और उपलब्धियाँ',*कुरूक्षेत्र*, अंक 12, पृ.क्र. 16-20, आईएसएसएन 0971-8451
3. सिंह, सतीश (2018),'प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं कृषि ऋण',*कुरूक्षेत्र*, अंक 04, पृ.क्र. 26-30, आईएसएसएन 0971-8451
4. मिश्र, उमाशंकर (2016), यकिसानों की आय दुगना करने का लक्ष्य, *कुरूक्षेत्र*, अंक 08, पृ. क्रं. 09-14, आईएसएसएन 0971-84851.
5. श्रीवास्तव, दिव्या (2015),'संशोधित फसल बीमा योजना से समृद्ध हो रहे किसान', *कुरूक्षेत्र*, अंक 11, पृ. क्रं. 23-25, आईएसएसएन 0971-84851

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LI (51), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# आधुनिक लेखांकन प्रणाली में लेखाकारों की भूमिका और जागरूकता का मूल्यांकन: इंदौर शहर के लेखाकारों के विशेष सन्दर्भ में

**डॉ. रेणुका पाटीदार** *

* सहायक प्राध्यापक, भेरूलाल पाटीदार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, महू, इंदौर (म.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** वर्तमान युग में लेखांकन प्रणाली में निरंतर तकनीकी परिवर्तन हो रहे हैं, जिनमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता, स्वचालित सॉफ्टवेयर, क्लाउड आधारित सेवाएँ, और डिजिटल रिपोर्टिंग जैसे तत्वों ने लेखाकारों की पारंपरिक भूमिका को व्यापक बना दिया है। इस शोध का उद्देश्य इंदौर शहर के 83 लेखाकारों के मध्य आधुनिक लेखांकन प्रणालियों के प्रति उनकी जागरूकता, उनकी वर्तमान भूमिका और आने वाली चुनौतियों का मूल्यांकन करना है। शोध में पाया गया कि अधिकांश लेखाकार सामान्य लेखांकन सॉफ्टवेयर के प्रयोग में दक्ष हैं, परंतु अत्याधुनिक तकनीकों (जैसे एआई, बिग डेटा एनालिटिक्स) के प्रति जागरूकता सीमित है। प्रशिक्षण की कमी, तकनीकी बदलावों के प्रति अनिच्छा तथा नैतिकता के प्रति चिंतन की कमी प्रमुख अवरोध हैं। यह शोध सुझाव देता है कि निरंतर प्रशिक्षण, तकनीकी उन्नयन, और नैतिक लेखांकन के लिए नीतिगत प्रयास आवश्यक हैं। अध्ययन लेखांकन क्षेत्र में प्रासंगिक जागरूकता और सुधार हेतु दिशा देता है।

**शब्द कुंजी –**लेखांकन प्रणाली, लेखाकार, तकनीकी जागरूकता, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) , नैतिक लेखांकन, प्रशिक्षण, डिजिटल लेखांकन, इंदौर, वित्तीय पारदर्शिता, लेखांकन सॉफ्टवेयर।

**प्रस्तावना –** वर्तमान वैश्विक अर्थव्यवस्था में लेखांकन की भूमिका केवल वित्तीय विवरण तैयार करने तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि यह अब एक रणनीतिक प्रबंधन उपकरण के रूप में विकसित हो चुकी है। व्यापारिक निर्णयों की पारदर्शिता, नियामकीय अनुपालन, कर योजना, निवेश मूल्यांकन और वित्तीय जवाबदेही जैसे क्षेत्रों में लेखांकन की उपयोगिता अभूतपूर्व रूप से बढ़ी है। ऐसी स्थिति में लेखाकार का कार्य भी मात्र संख्यात्मक लेखा–जोखा रखने से कहीं आगे बढ़ गया है, वे अब नीति–निर्माण, जोखिम मूल्यांकन और व्यावसायिक मार्गदर्शन में सहायक की भूमिका निभा रहे हैं।

इसी के समानांतर, आधुनिक लेखांकन प्रणाली ने तकनीकी विकास के साथ नई दिशा ग्रहण की है। टैली ईआरपी, एसएपी, क्विकबुक, ज़ीरो जैसे सॉफ्टवेयर, क्लाउड अकाउंटिंग, डिजिटल इनवॉइसिंग, डेटा एनालिटिक्स और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित ऑटोमेशन जैसे साधनों ने लेखांकन को अधिक तीव्र, सटीक और रणनीतिक बना दिया है। किंतु इन नवाचारों की सार्थकता तभी संभव है जब उन्हें कार्यान्वयन करने वाले लेखाकार उनमें दक्ष, जागरूक और नैतिक दृष्टि से सजग हों।

भारत जैसे विकासशील देश में, विशेषत: इंदौर जैसे व्यापारिक और औद्योगिक शहर में कार्यरत लेखाकारों की जागरूकता एवं उनकी बदलती भूमिका का मूल्यांकन अति आवश्यक है। यह अध्ययन इस आवश्यकता को केंद्र में रखता है। इंदौर शहर के 83 लेखाकारों को अध्ययन में शामिल कर यह जानने का प्रयास किया गया कि वे आधुनिक लेखांकन प्रणालियों से किस हद तक परिचित हैं, उन पर उनका दृष्टिकोण कैसा है, तकनीकी परिवर्तन के प्रति उनकी अनुकूलता क्या है, और क्या वे अपने कार्य में नैतिकता एवं पारदर्शिता को बनाए रख पा रहे हैं।

इसके साथ–साथ यह अध्ययन इस बात की भी पड़ताल करता है कि लेखाकार किस हद तक डिजिटल बदलावों को आत्मसात कर पा रहे हैं, उन्हें किन समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, और किस प्रकार की प्रशिक्षण/नीति आवश्यक है जिससे वे अपने व्यवसायिक कार्य को अधिक दक्षतापूर्वक एवं उत्तरदायित्वपूर्ण ढंग से संपन्न कर सकें।

इस प्रस्तावना के माध्यम से यह स्पष्ट होता है कि आधुनिक लेखांकन प्रणाली में लेखाकारों की भूमिका एक सक्रिय निर्णयकर्ता, तकनीकी विशेषज्ञ और नैतिक प्रहरी की बन गई है। अत: इस शोधपत्र का मुख्य उद्देश्य है – इन भूमिकाओं का समग्र मूल्यांकन करना और लेखांकन क्षेत्र में व्यावसायिक दक्षता तथा जागरूकता को प्रोत्साहित करने हेतु उपयोगी सुझाव प्रस्तुत करना।

## शोध की आवश्यकता एवं उद्देश्य

**आवश्यकता:**

1. लेखांकन में तकनीकी बदलाव के बावजूद, कई लेखाकार अभी भी पारंपरिक तरीकों पर निर्भर हैं।
2. आधुनिक उपकरणों एवं सॉफ़्टवेयर के उपयोग में अनुभव की कमी देखी गई है।
3. लेखाकारों की भूमिका अब केवल रिपोर्ट तैयार करना नहीं, बल्कि व्यावसायिक निर्णयों में सहयोगी बनना है।

**उद्देश्य:**

1. इंदौर के लेखाकारों की आधुनिक लेखांकन प्रणालियों के प्रति जागरूकता का मूल्यांकन करना।
2. लेखाकारों की बदलती भूमिका और उसमें आने वाली चुनौतियों की पहचान करना।
3. जागरूकता को बढ़ाने हेतु संभावित उपाय सुझाना।

**शोध पद्धति –** प्रस्तुत शोध का अध्ययन क्षेत्र मध्यप्रदेश राज्य का प्रमुख औद्योगिक एवं वाणिज्यिक केंद्र, इंदौर शहर है। इंदौर को मध्य भारत का आर्थिक हृदय कहा जाता है, जहाँ व्यापार, सेवा, बैंकिंग, वित्तीय परामर्श और लेखांकन से संबंधित हजारों व्यावसायिक प्रतिष्ठान कार्यरत हैं। यह शहर तेजी से डिजिटलीकरण की दिशा में अग्रसर है, जिसके परिणामस्वरूप लेखांकन क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों और प्रक्रियाओं का प्रभाव तेजी से बढ़ रहा है।

इसी सन्दर्भ में इस अध्ययन हेतु 83 लेखाकारों को चुना गया, जो इंदौर के विभिन्न क्षेत्रों – जैसे निजी संस्थान, सीए फर्म, लघु व्यवसाय, स्टार्टअप, तथा स्वतंत्र लेखाकार से संबद्ध हैं। न्यादर्श चयन के लिए लक्षित चयन विधि का प्रयोग किया गया, जिसमें विशेष रूप से उन लेखाकारों को सम्मिलित किया गया जो किसी न किसी रूप में आधुनिक लेखांकन प्रणाली (जैसे कंप्यूटर आधारित लेखांकन, ई-फाइलिंग, जीएसटी, ईआरपी, क्लाउड अकाउंटिंग आदि) से जुड़े हुए हैं।

इस न्यादर्श के माध्यम से यह समझने का प्रयास किया गया कि इंदौर जैसे विकसित नगर में कार्यरत लेखाकारों की तकनीकी समझ, जागरूकता स्तर और उनकी भूमिका आधुनिक लेखांकन प्रणालियों के संदर्भ में किस दिशा में विकसित हो रही है। इस क्षेत्रीय और व्यावसायिक पृष्ठभूमि का गहराई से अध्ययन, शोध को यथार्थपरक और नीति-प्रेरक दृष्टिकोण प्रदान करता है।

**समंक विश्लेषण एवं परिणाम**

**तालिका 1: लेखाकारों की जनसांख्यिकी**

| जनसांख्यिकीय चर | वर्गीकरण | आवृत्ति (f) | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| **लिंग** | पुरुष | 59 | 71.08% |
| | महिला | 24 | 28.92% |
| | कुल | 83 | 100% |
| **आयु समूह** | 21-30 वर्ष | 26 | 31.33% |
| | 31-40 वर्ष | 35 | 42.17% |
| | 41-50 वर्ष | 14 | 16.87% |
| | 51 वर्ष से अधिक | 8 | 9.63% |
| | कुल | 83 | 100% |
| **शैक्षणिक योग्यता** | B.Comया समकक्ष | 28 | 33.73% |
| | M.Com / MBA (Finance) | 31 | 37.35% |
| | CA / CMA / CS | 24 | 28.92% |
| | कुल | 83 | 100% |
| **अनुभव** | 0-5 वर्ष | 21 | 25.30% |
| | 6-10 वर्ष | 29 | 34.94% |
| | 11-15 वर्ष | 18 | 21.69% |
| | 16 वर्ष से अधिक | 15 | 18.07% |
| | कुल | 83 | 100% |
| **कार्य क्षेत्र** | निजी फर्म / उद्योग | 34 | 40.96% |
| | स्वतंत्र लेखाकार | 20 | 24.10% |
| | चार्टर्ड अकाउंटेंट फर्म | 17 | 20.48% |
| | शैक्षणिक / प्रशिक्षण | 12 | 14.46% |
| | कुल | 83 | 100% |

**स्रोत-प्राथमिक समंक**

उपरोक्त तालिका के अनुसार, इंदौर शहर में सर्वे किए गए लेखाकारों में 71.08% पुरुष और 28.92% महिलाएँ हैं, जिससे यह स्पष्ट होता है कि लेखांकन पेशे में अभी भी पुरुषों की प्रधानता बनी हुई है। 31 से 40 वर्ष के आयु वर्ग के लेखाकार सर्वाधिक (42.17%) पाए गए, जो इस क्षेत्र में सक्रिय और अनुभवी कार्यबल को दर्शाता है।शैक्षणिक योग्यता के स्तर पर एम.कॉम या एमबीए (वित्त) धारक लेखाकारों की संख्या सर्वाधिक (37.35%) रही, जो यह संकेत देता है कि उच्च शिक्षा प्राप्त लेखाकार आधुनिक प्रणाली की ओर अधिक आकर्षित हैं।

अनुभव के संदर्भ में, 6 से 10 वर्ष के अनुभव वाले लेखाकार सबसे अधिक (34.94%) पाए गए, जो लेखांकन क्षेत्र में परिपक्वता और व्यावसायिक स्थायित्व को दर्शाता है। कार्य क्षेत्र में सर्वाधिक लेखाकार निजी फर्म या उद्योग (40.96%) से जुड़े हुए हैं, जिससे यह स्पष्ट होता है कि इंदौर में लेखांकन का क्षेत्र मुख्य रूप से निजी उद्यमों में केंद्रित है।यह जनसांख्यिकी विश्लेषण लेखाकारों की सामाजिक-शैक्षणिक पृष्ठभूमि और उनकी पेशेवर स्थिति को दर्शाता है, जो आगे के विश्लेषण के लिए एक ठोस आधार प्रस्तुत करता है।

**तालिका 2: आधुनिक लेखांकन सॉफ्टवेयर के प्रयोग की स्थिति**

| आधुनिक लेखांकन सॉफ्टवेयर के प्रयोग की स्थिति | आवृत्ति (f) | प्रतिशत |
|---|---|---|
| नियमित रूप से प्रयोग करते हैं | 56 | 67.47% |
| कभी-कभी प्रयोग करते हैं | 17 | 20.48% |
| प्रयोग नहीं करते | 10 | 12.05% |
| **कुल** | **83** | **100%** |

**स्रोत-प्राथमिक समंक**

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट होता है कि इंदौर शहर के कुल 83 उत्तरदाता लेखाकारों में से लगभग 67%(56 लेखाकार) आधुनिक लेखांकन सॉफ्टवेयर जैसे टैली ईआरपी, बिजी, ज़ोहो बुक्सआदि का नियमित प्रयोग करते हैं। यह इस तथ्य को रेखांकित करता है कि लेखांकन क्षेत्र में डिजिटल उपकरणों की स्वीकार्यता बढ़ रही है, और अधिकांश पेशेवर अब परंपरागत पद्धतियों की अपेक्षा कंप्यूटरीकृत और ऑटोमेटेड प्रणाली को अपना रहे हैं। वहीं, 20.48% लेखाकार ऐसे हैं जो इन सॉफ्टवेयरों का केवल कभी-कभी प्रयोग करते हैं, जो दर्शाता है कि उनके पास संभवत: पूर्ण प्रशिक्षण या संसाधान की कमी हो सकती है। 12.05% उत्तरदाताओं ने स्पष्ट किया कि वे इन सॉफ्टवेयरों का प्रयोग नहीं करते, जो डिजिटल लेखांकन को अपनाने में अब भी मौजूद व्यवहारिक, तकनीकी या मानसिक अवरोध की ओर संकेत करता है।इस आंकड़े के आधार पर यह कहा जा सकता है कि यद्यपि आधुनिक लेखांकन प्रणाली की स्वीकार्यता में वृद्धि हो रही है, परन्तु पूर्ण समावेशन हेतु तकनीकी प्रशिक्षण और व्यवहारिक परिवर्तन की दिशा में और अधिक प्रयास अपेक्षित हैं।

**तालिका 3: लेखाकारों की एआई एवं डेटा एनालिटिक्स संबंधी जानकारी की स्थिति**

| एआई एवं डेटा एनालिटिक्स संबंधी जानकारी की स्थिति | आवृत्ति (f) | प्रतिशत |
|---|---|---|
| सम्यक जानकारी है | 23 | 27.71% |
| सामान्य जानकारी है | 38 | 45.78% |
| जानकारी बहुत कम या नहीं है | 22 | 26.51% |
| **कुल83** | **100%** | |

**स्रोत–प्राथमिक समंक**

उपरोक्त तालिका के अनुसार, इंदौर शहर के केवल 23 लेखाकारों (27.71%) ने यह स्वीकार किया कि उन्हें कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) एवं डेटा एनालिटिक्स से संबंधित लेखांकन प्रक्रियाओं की सम्यक जानकारी है। यह दर्शाता है कि डिजिटल युग के सबसे उन्नत लेखांकन उपकरणों के प्रति लेखाकारों में अभी भी साक्षरता और व्यावहारिक प्रशिक्षण की कमी है।

वहीं 38 उत्तरदाता (45.78%) ऐसे हैं जिन्हें इस विषय में केवल सामान्य जानकारी है, परंतु वे तकनीकी दक्षता या व्यावहारिक प्रयोग में पूर्ण रूप से सक्षम नहीं हैं। 22 लेखाकार (26.51%) ने यह स्वीकार किया कि उनकी जानकारी बहुत सीमित है या नहीं के बराबर है।यह स्थिति इस तथ्य को उजागर करती है कि लेखांकन में (एआई) और डेटा विश्लेषण जैसे नवीनतम साधानों को अपनाने में अब भी व्यावसायिक बाधाएँ, प्रशिक्षण की कमी और नवाचार के प्रति असहजता मौजूद है।

यदि लेखाकारों को इन आधुनिक तकनीकों के लाभ, प्रयोग, और नैतिक पक्ष की व्यापक समझ दी जाए, तो लेखांकन की पारदर्शिता, गति और निर्णय–निर्माण क्षमता को नया आयाम मिल सकता है।

**तालिका 4: लेखांकन में नैतिकता और पारदर्शिता की भूमिका के प्रति लेखाकारों की राय**

| लेखाकारों की राय | आवृत्ति (f) | प्रतिशत |
|---|---|---|
| अत्यधिक महत्वपूर्ण मानते हैं | 34 | 40.96% |
| महत्वपूर्ण मानते हैं | 28 | 33.73% |
| सामान्य महत्व देते हैं | 13 | 15.66% |
| कम महत्व देते हैं या महत्व नहीं देते | 8 | 9.63% |
| **कुल** | **83** | **100%** |

**स्रोत–प्राथमिक समंक**

तालिका से स्पष्ट होता है कि इंदौर शहर के 83 लेखाकारों में से 41%(34 लेखाकार) लेखांकन में नैतिकता एवं पारदर्शिता को अत्यधिक महत्वपूर्ण मानते हैं। यह इस बात का संकेत है कि लेखाकारों में व्यावसायिक उत्तरदायित्व और सामाजिक विश्वास बनाए रखने की भावना सुदृढ़ है।33.73% उत्तरदाता (28 लेखाकार) इसे महत्वपूर्ण मानते हैं, जिससे यह स्पष्ट होता है कि लेखांकन केवल संख्यात्मक गणना नहीं, बल्कि नैतिक जवाबदेही का भी क्षेत्र बन चुका है। वहीं 15.66% लेखाकार (13) इसे केवल सामान्य महत्व देते हैं, और 9.63%(8 लेखाकार) ऐसे भी हैं जो इसे कम या नगण्य महत्व देते हैं, जो चिंताजनक स्थिति की ओर संकेत करता है।

यह विश्लेषण इस आवश्यकता को रेखांकित करता है कि लेखांकन क्षेत्र में कार्यरत व्यक्तियों को केवल तकनीकी प्रशिक्षण ही नहीं, बल्कि नैतिकता, पारदर्शिता और सामाजिक उत्तरदायित्व की भी शिक्षा दी जानी चाहिए। इससे न केवल पेशे की प्रतिष्ठा बढ़ेगी, बल्कि वित्तीय धोखाधाड़ी एवं अनुशासनहीनता पर भी प्रभावी नियंत्रण संभव होगा।

**तालिका 5: आधुनिक लेखांकन प्रणाली को अपनाने में प्रमुख चुनौतियाँ**

| समस्या / चुनौती | आवृत्ति (f) | प्रतिशत |
|---|---|---|
| तकनीकी प्रशिक्षण का अभाव | 48 | 57.83% |
| वरिष्ठ लेखाकारों में नवीन प्रणाली अपनाने की अनिच्छा | 39 | 46.99% |
| डेटा सुरक्षा और गोपनीयता को लेकर अनिश्चितता | 35 | 42.17% |
| ग्राहक जागरूकता की कमी | 44 | 53.01% |

**स्रोत–प्राथमिक समंक**

**नोट: उत्तरदाताओं को एक से अधिक विकल्प चुनने की अनुमति थी।**

उपरोक्त तालिका से यह स्पष्ट होता है कि तकनीकी प्रशिक्षण का अभाव (57.83%) आधुनिक लेखांकन प्रणाली को अपनाने में सबसे बड़ी बाधा है। इससे यह संकेत मिलता है कि लेखाकारों में नवीन सॉफ्टवेयर एवं तकनीकों को समझने और प्रयोग करने की पर्याप्त क्षमता अभी विकसित नहीं हो सकी है।इसके अतिरिक्त, ग्राहक जागरूकता की कमी (53.01%) भी एक महत्वपूर्ण कारण है। चूंकि कई ग्राहक पारंपरिक विधियों को अधिक सहज मानते हैं, इसलिए वे लेखाकारों पर डिजिटल प्रणाली अपनाने का दबाव नहीं डालते, जिससे परिवर्तन की गति धीमी हो जाती है।

वरिष्ठ लेखाकारों में नवीन प्रणाली अपनाने की अनिच्छा (46.99%) भी उल्लेखनीय है, जो दर्शाता है कि अनुभवजन्य लेखाकारों में तकनीकी बदलावों के प्रति मानसिक रुकावट है। वहीं डेटा सुरक्षा और गोपनीयता की चिंता (42.17%) के कारण भी कई पेशेवर डिजिटल प्रणाली को लेकर सशंकित रहते हैं।कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि इंदौर जैसे उभरते हुए औद्योगिक केंद्र में भी आधुनिक लेखांकन प्रणाली के क्रियान्वयन में तकनीकी, मानसिक और सामाजिक स्तर की चुनौतियाँ विद्यमान हैं, जिनके समाधान के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण और ठोस नीतिगत प्रयास आवश्यक हैं।

**निष्कर्ष** – इस अध्ययन के अध्ययन से यह स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है कि लेखांकन क्षेत्र में तकनीकी विकास के चलते लेखाकारों की पारंपरिक भूमिका में आमूलचूल परिवर्तन आया है। इंदौर शहर के 83 लेखाकारों पर केंद्रित यह शोध दर्शाता है कि यद्यपि आधुनिक लेखांकन सॉफ्टवेयर जैसे टैली ईआरपी, बिजी, ज़ोहो आदि का उपयोग अब सामान्य हो गया है, किंतु एआई, डेटा एनालिटिक्स और क्लाउड आधारित लेखांकन जैसी नवीनतम प्रणालियों के प्रति जागरूकता और व्यावहारिक दक्षता अभी भी सीमित है।लेखाकारों में नैतिकता और पारदर्शिता को लेकर सकारात्मक दृष्टिकोण अवश्य देखा गया, किंतु तकनीकी प्रशिक्षण की कमी, वरिष्ठ पेशेवरों में परिवर्तन के प्रति अनिच्छा, डेटा सुरक्षा को लेकर संदेह और ग्राहकों में जागरूकता की कमी जैसे कारकों ने इस परिवर्तन को पूर्ण रूप से अपनाने में बाधा उत्पन्न की है।यह अध्ययन इंगित करता है कि लेखांकन अब केवल लेखा–जोखा भर नहीं रहा, बल्कि यह एक रणनीतिक, नैतिक और तकनीकी दक्षता वाला क्षेत्र बन चुका है, जहाँ लेखाकारों को न केवल संख्या और रिपोर्ट समझनी है, बल्कि डिजिटल कौशल, नैतिक विवेक और आगामी तकनीकी परिवर्तनों को आत्मसात करने की क्षमता भी विकसित करनी

होगी।

**सुझाव :**

1. सरकारी तथा निजी संस्थाओं को लेखाकारों के लिए नियमित रूप से आधुनिक लेखांकन सॉफ्टवेयर, क्लाउड अकाउंटिंग, एआई आधारित टूल्स तथा साइबर सुरक्षा संबंधी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने चाहिए, जिससे वे व्यावहारिक रूप से दक्ष हो सकें।
2. अनुभवी लेखाकारों में तकनीकी नवाचारों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने हेतु कार्यशालाएँ, व्यावसायिक संवाद और प्रेरक सत्र आयोजित किए जाने चाहिए, ताकि वे भी नवाचार को सहज रूप से स्वीकार करें।
3. लेखांकन शिक्षा एवं प्रशिक्षण में नैतिक मूल्यों को प्रमुखता दी जाए। नैतिक आचरण, पारदर्शिता, और वित्तीय उत्तरदायित्व जैसे विषयों को नियमित रूप से व्यवहारिक उदाहरणों सहित प्रस्तुत किया जाए।
4. व्यवसायिक ग्राहकों को यह समझाना आवश्यक है कि आधुनिक लेखांकन प्रणाली पारदर्शिता, समय की बचत और कर-सम्बंधी अनुपालन में अत्यंत सहायक है। इसके लिए लेखाकार संगठनों को ग्राहकों के साथ संवाद बढ़ाना चाहिए।
5. डिजिटल लेखांकन प्रणाली अपनाते समय डेटा सुरक्षा एवं गोपनीयता के मानकों को स्पष्ट रूप से समझाया जाना चाहिए। लेखाकारों को यह बताया जाना चाहिए कि क्लाउड सेवा प्रदाताओं द्वारा किस प्रकार सुरक्षा सुनिश्चित की जाती है।
6. सीए, सीएमए, बी.कॉम, एम.कॉम, एमबीए (फाइनेंस) जैसे पाठ्यक्रमों में आधुनिक लेखांकन टूल्स, डेटा एनालिटिक्स, ईआरपी, तथा एआई आधारित विषयों को अनिवार्य रूप से सम्मिलित किया जाना चाहिए।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. Kumar, A. (2021). *Accounting in the Digital Era*. New Delhi: Taxmann Publications.
2. Sharma, R. (2020). *Role of Accountants in Financial Ethics*. Mumbai: Himalaya Publishing.
3. Deloitte. (2023). *AI and the Future of Accounting*. Retrieved from https://www2.deloitte.com
4. ICAI. (2022). *Handbook on New Accounting Standards*. Institute of Chartered Accountants of India.
5. World Bank. (2023). Digitizing Tax and Accounting Services in South Asia. Washington, DC.
6. Institute of Chartered Accountants of India. (2022). *Handbook on New Accounting Trends and Technologies*. ICAI Publications.
7. Kumar, A. (2021). *Accounting in the Digital Era*. New Delhi: Taxmann Publications.
8. Sharma, R. (2020). *Professional Ethics and Modern Accounting Practices*. Mumbai: Himalaya Publishing House.
9. World Bank. (2023). *Digitizing Tax and Accounting Services in South Asia: Challenges and Opportunities*. Retrieved from https://www.worldbank.org
10. Deloitte. (2023). *AI and the Future of Accounting*. Retrieved from https://www2.deloitte.com
11. PwC India. (2022). *Survey Report on Digital Adoption in Indian Accounting Sector*. Retrieved from https://www.pwc.in
12. Tiwari, M., & Saxena, P. (2020). Modernization of Accounting in Indian Firms: A Field Study. *International Journal of Finance & Accounting*, 12(4), 45–52.
13. ACCA Global. (2021). *The Role of Accountants in Digital Transformation*. Retrieved from https://www.accaglobal.com
14. Gupta, S. (2019). *Ethics, Compliance and Corporate Governance in Financial Reporting*. New Delhi: PHI Learning.
15. Ministry of Corporate Affairs. (2023). *Digital India and Financial Reporting Initiatives*. Retrieved from https://www.mca.gov.in

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LI (51), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# मानसिक स्वास्थ्य पर सोशल मीडिया का प्रभाव

**डॉ. विनेता***

* अस्टिंट प्रोफेसर, इस्माईल नेशनल महिला पी.जी. कॉलेज, मेरठ (उ.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** आज के डिजिटल युग में, सोशल मीडिया हमारे जीवन का एक अभिन्न अंग बन गया है। फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्विटर और टिकटॉक जैसे प्लेटफॉर्म्स ने हमें दुनिया भर के लोगों से जुड़ने, जानकारी साझा करने और अपनी रचनात्मकता व्यक्त करने का एक मंच दिया है। हालाँकि, इस डिजिटल क्रांति ने जहां कई सकारात्मक बदलाव लाए हैं, वहीं इसके नकारात्मक पहलू, विशेष रूप से मानसिक स्वास्थ्य पर इसके प्रभाव, को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। यह एक दोधारी तलवार की तरह है, जिसके फायदे और नुकसान दोनों ही महत्वपूर्ण हैं। सोशल मीडिया का एक प्रमुख नकारात्मक प्रभाव 'तुलना' की भावना है। लोग अक्सर सोशल मीडिया पर अपने जीवन के केवल 'हाईलाइट रील' को साझा करते हैं – छुट्टियों की तस्वीरें, सफल करियर की कहानियाँ, और खुशहाल रिश्तों के पल। दूसरों की इन 'उत्कृष्ट' तस्वीरों को देखकर, व्यक्ति अक्सर अपने जीवन की वास्तविकता की तुलना करता है और अपर्याप्तता, ईर्ष्या और आत्म–सम्मान में कमी महसूस करता है। इस तरह की निरंतर तुलना से चिंता, अवसाद और आत्म–मूल्य में कमी आ सकती है।

**शब्द कुंजी –** मानसिक, स्वास्थ्य, सोशल, मीडिया।

**प्रस्तावना –** आज के डिजिटल युग में, सोशल मीडिया हमारे जीवन का एक अभिन्न अंग बन गया है। यह एक ऐसा मंच है जिसने दुनिया को एक छोटे से गाँव में बदल दिया है, जहाँ लोग दूर–दराज के क्षेत्रों से भी एक–दूसरे से जुड़ सकते हैं। फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप और यूट्यूब जैसे प्लेटफॉर्म ने संचार, सूचना प्रसार और सामाजिक जुड़ाव के तरीकों को पूरी तरह से बदल दिया है। लेकिन, क्या सोशल मीडिया केवल एक वरदान है या इसका एक नकारात्मक पहलू भी है? इस प्रश्न का उत्तर पाने के लिए हमें इसके विभिन्न पहलुओं पर विचार करना होगा।

**सोशल मीडिया ने हमें कई तरीकों से सशक्त बनाया है :**

**जुड़ाव और संचार:** यह लोगों को अपने परिवार, दोस्तों और सहकर्मियों से जुड़े रहने में मदद करता है, भले ही वे भौगोलिक रूप से दूर हों। यह पुराने संबंधों को फिर से स्थापित करने और नए संबंध बनाने का एक आसान तरीका प्रदान करता है।

**सूचना का स्रोत:** सोशल मीडिया समाचार और जानकारी का एक त्वरित और व्यापक स्रोत बन गया है। हम दुनिया भर में होने वाली घटनाओं के बारे में तुरंत जान सकते हैं। यह जागरूकता फैलाने और सामाजिक मुद्दों पर आवाज उठाने का एक शक्तिशाली माध्यम है।

**शिक्षा और ज्ञान:** छात्रों और पेशेवरों के लिए सोशल मीडिया एक उत्कृष्ट शैक्षिक उपकरण है। वे ऑनलाइन कक्षाओं, शैक्षिक पृष्ठों और विशेषज्ञों के ब्लॉग के माध्यम से ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं। यह उन्हें अपनी रुचि के विषयों पर नवीनतम जानकारी प्राप्त करने में मदद करता है।

**व्यवसाय और रोजगार:** सोशल मीडिया ने व्यवसायों के लिए नए रास्ते खोले हैं। कंपनियाँ अपने उत्पादों और सेवाओं का प्रचार कर सकती हैं, ग्राहकों से सीधे जुड़ सकती हैं और नए बाजार तक पहुँच सकती हैं। इसके अलावा, इसने सोशल मीडिया मैनेजर और डिजिटल मार्केटिंग विशेषज्ञ जैसे कई नए रोजगार के अवसर भी पैदा किए हैं।

**अभिव्यक्ति का मंच:** यह हर व्यक्ति को अपनी राय, विचार और रचनात्मकता को व्यक्त करने का मौका देता है। कलाकार, लेखक, फोटोग्राफर और अन्य रचनात्मक लोग अपने काम को दुनिया के सामने प्रदर्शित कर सकते हैं।

**इसके फायदों के साथ–साथ, सोशल मीडिया के कुछ गंभीर नुकसान भी हैं:**

**मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव:** सोशल मीडिया पर लगातार तुलना, साइबर–बुलिंग और नकारात्मक टिप्पणियाँ मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकती हैं। इससे अवसाद, चिंता, और आत्मसम्मान में कमी जैसी समस्याएँ पैदा हो सकती हैं।

**गलत सूचना का प्रसार:** सोशल मीडिया पर झूठी खबरें और अफवाहें बहुत तेजी से फैलती हैं। इससे समाज में भ्रम, तनाव और विभाजन पैदा हो सकता है। यह विशेष रूप से चुनावों और सामाजिक आंदोलनों के दौरान एक बड़ी चुनौती बन जाती है।

**समय की बर्बादी:** सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग समय की बर्बादी का एक बड़ा कारण है। लोग घंटों तक स्क्रॉल करते रहते हैं, जिससे उनकी उत्पादकता कम होती है और वे वास्तविक जीवन की गतिविधियों से दूर हो जाते हैं।

**गोपनीयता का खतरा:** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपनी निजी जानकारी साझा करने से डेटा चोरी और साइबर अपराधों का खतरा बढ़ जाता है। हैकिंग और फिशिंग जैसी घटनाएँ आम हो गई हैं।

**सामाजिक अलगाव:** विरोधाभासी रूप से, सोशल मीडिया पर अत्यधिक जुड़ाव वास्तविक दुनिया में सामाजिक अलगाव का कारण बन सकता है। लोग ऑनलाइन बातचीत में इतना व्यस्त हो जाते हैं कि वे अपने आस–

पास के लोगों से दूरी बना लेते हैं।

**साहित्य की समीक्षा**

आज के दौर में सोशल मीडिया हमारे जीवन का एक अभिन्न अंग बन चुका है। यह हमें दूर बैठे दोस्तों और परिवार से जोड़ता है, हमें दुनिया भर की जानकारी देता है और हमारे विचारों को व्यक्त करने का एक मंच प्रदान करता है। हालांकि, इस आभासी दुनिया की चकाचौंध के पीछे एक गहरा और खतरनाक पहलू छिपा है, जो हमारे मानसिक स्वास्थ्य को गंभीर रूप से प्रभावित कर रहा है। सोशल मीडिया का एक प्रमुख नकारात्मक प्रभाव यह है कि यह चिंता, अवसाद, और अकेलेपन जैसी मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं को बढ़ावा देता है।[1]

सोशल मीडिया पर हम अक्सर दूसरों के 'आदर्श' और 'सफल' जीवन की झलक देखते हैं। लोग अपनी सबसे अच्छी तस्वीरें, अपनी छुट्टियां, अपनी उपलब्धियां और अपनी खुशियों के क्षण साझा करते हैं। यह एक ऐसी दुनिया बनाता है जहाँ सब कुछ परिपूर्ण दिखता है।[2]

जब हम अपनी वास्तविकताओं की तुलना इस आभासी दुनिया से करते हैं, तो हमारे मन में हीनता की भावना जन्म लेती है। हम सोचते हैं कि हमारे जीवन में कुछ कमी है, और हम दूसरों की तरह खुश या सफल नहीं हैं। इस निरंतर तुलना के कारण हम आत्म-सम्मान में कमी, असुरक्षा और असंतोष महसूस करने लगते हैं, जो धीरे-धीरे चिंता और अवसाद का रूप ले लेता है।[3]

**मानसिक स्वास्थ्य पर सोशल मीडिया का प्रभाव** - सोशल मीडिया एक शक्तिशाली उपकरण है, जिसके सही और गलत दोनों तरह के उपयोग हो सकते हैं। यह वरदान भी है और अभिशाप भी। इसका सही उपयोग हमें प्रगति और विकास की ओर ले जा सकता है, जबकि इसका दुरुपयोग हमारे समाज और व्यक्तिगत जीवन को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकता है। हमें सोशल मीडिया का उपयोग जिम्मेदारी से करना चाहिए। इसके सकारात्मक पहलुओं को अपनाना और इसके नकारात्मक प्रभावों से बचना महत्वपूर्ण है। हमें ऑनलाइन और ऑफलाइन जीवन के बीच एक स्वस्थ संतुलन बनाए रखना चाहिए ताकि हम इसके लाभों का आनंद ले सकें और इसके नुकसानों से बच सकें। सोशल मीडिया पर 'लाइक' और 'कमेंट' की दौड़ एक तरह का डोपामाइन चक्र बनाती है। जब किसी पोस्ट पर बहुत सारे लाइक मिलते हैं, तो मस्तिष्क को खुशी मिलती है, जो उपयोगकर्ता को और अधिक पोस्ट करने के लिए प्रेरित करता है। यह एक लत में बदल सकता है, जहां व्यक्ति अपनी आत्म-मूल्य को बाहरी स्वीकृति से जोड़ता है। जब उन्हें अपेक्षित प्रतिक्रिया नहीं मिलती, तो वे निराश, उदास और खाली महसूस कर सकते हैं। यह लत वास्तविक जीवन की जिम्मेदारियों, सामाजिक संबंधों और यहां तक कि नींद की गुणवत्ता को भी प्रभावित कर सकती है। साइबरबुलिंग एक और गंभीर समस्या है जो सोशल मीडिया के साथ आती है। डिजिटल दुनिया की गुमनामी के कारण, कुछ लोग दूसरों को परेशान करने और अपमानित करने में अधिक सहज महसूस करते हैं। साइबरबुलिंग के शिकार लोग अक्सर गंभीर तनाव, चिंता और सामाजिक अलगाव का अनुभव करते हैं, जिससे उनके मानसिक स्वास्थ्य पर गहरा और स्थायी प्रभाव पड़ सकता है। 'फियर ऑफ मिसिंग आउट' (FOMO) एक और मनोवैज्ञानिक प्रभाव है। जब हम देखते हैं कि हमारे दोस्त या परिचित बिना हमारे कहीं बाहर जा रहे हैं या किसी मजेदार गतिविधि में भाग ले रहे हैं, तो हमें यह डर सताने लगता है कि हम कुछ महत्वपूर्ण खो रहे हैं। यह भावना बेचैनी और चिंता पैदा करती है, जिससे व्यक्ति लगातार ऑनलाइन रहने और अपने फोन को जांचने के लिए मजबूर होता है। हालांकि, यह कहना गलत होगा कि सोशल मीडिया केवल नुकसानदायक है। इसके कुछ सकारात्मक पहलू भी हैं। यह लोगों को समान रुचियों वाले समुदायों से जुड़ने में मदद कर सकता है, जिससे सामाजिक अलगाव कम होता है। मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों पर जागरूकता बढ़ाने, जानकारी साझा करने और जरूरतमंद लोगों को सहायता प्रदान करने के लिए भी इसका उपयोग किया जा सकता है। कोविड-19 महामारी के दौरान, सोशल मीडिया ने लोगों को अपने प्रियजनों से जुड़े रहने और भावनात्मक सहारा पाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इसके अलावा, सोशल मीडिया पर 'लाइक' और 'कमेंट' का कल्चर मानसिक स्वास्थ्य पर सीधा असर डालता है। लोग अपनी पोस्ट पर मिलने वाली प्रतिक्रियाओं से अपनी कीमत आंकने लगते हैं। जब किसी पोस्ट पर कम लाइक या कमेंट आते हैं, तो यह उन्हें अस्वीकृत महसूस कराता है और उनके आत्मविश्वास को ठेस पहुंचाता है। यह स्थिति 'छूट जाने का डर' (FOMO-Fear of missing out) भी पैदा करती है, जहाँ व्यक्ति को लगता है कि वह दूसरों से पीछे छूट रहा है या किसी महत्वपूर्ण घटना का हिस्सा नहीं है। यह डर उन्हें लगातार ऑनलाइन रहने के लिए मजबूर करता है, जिससे उनकी नींद, एकाग्रता और वास्तविक जीवन के रिश्तों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

सोशल मीडिया का एक और नकारात्मक प्रभाव यह है कि यह लोगों को वास्तविक दुनिया से दूर कर रहा है। लोग अपने फोन पर इतना समय बिताते हैं कि उनके पास अपने परिवार और दोस्तों के साथ वास्तविक बातचीत करने का समय नहीं रहता। वे आभासी दुनिया में इतने खो जाते हैं कि उनका वास्तविक सामाजिक जीवन प्रभावित होता है, जिससे वे भावनात्मक रूप से अलग-थलग और अकेला महसूस करते हैं। यह अकेलापन, भले ही वे सैकड़ों ऑनलाइन 'फ्रेंड्स' से घिरे हों, मानसिक तनाव और निराशा का कारण बनता है।

यह कहना गलत नहीं होगा कि सोशल मीडिया की लत एक मानसिक बीमारी का रूप ले रही है। माइंडलेस स्क्रॉलिंग, झूठी खबरों और ऑनलाइन उत्पीड़न (साइबरबुलिंग) का सामना करना, और दूसरों की आभासी जीवनशैली से तुलना करना हमारे दिमाग पर गहरा असर डालता है। यह न केवल हमारी मानसिक शांति को भंग करता है, बल्कि हमारे रिश्तों, काम और शिक्षा में भी बाधा डालता है। निष्कर्ष के तौर पर, सोशल मीडिया एक शक्तिशाली उपकरण है, लेकिन इसका अत्यधिक और अनियंत्रित उपयोग हमारे मानसिक स्वास्थ्य के लिए एक बड़ा खतरा है। यह हमें एक ऐसी आभासी दुनिया में धकेलता है जहाँ तुलना, दिखावा और निरंतर सत्यापन की मांग हमें मानसिक रूप से कमजोर और असुरक्षित बनाती है। यह हम पर निर्भर करता है कि हम इस नकारात्मक प्रभाव को कैसे पहचानें और इसे सीमित करें, ताकि हम इस डिजिटल दुनिया का उपयोग समझदारी से कर सकें और अपने मानसिक स्वास्थ्य को सुरक्षित रख सकें। सोशल मीडिया पर 'लाइक' और 'कमेंट' का कल्चररू मानसिक स्वास्थ्य पर सीधा असर आधुनिक युग में सोशल मीडिया हमारी जीवनशैली का एक अभिन्न अंग बन गया है। फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्विटर जैसे प्लेटफॉर्म हमें दुनिया से जोड़ते हैं, हमें अपने विचारों और अनुभवों को साझा करने का अवसर देते हैं। हालांकि, इन प्लेटफॉर्मों पर 'लाइक' और 'कमेंट' का कल्चर, जो शुरू में केवल प्रशंसा

का एक माध्यम था, अब एक जटिल और कभी-कभी हानिकारक मनोविज्ञान का रूप ले चुका है। यह कल्चर हमारे मानसिक स्वास्थ्य पर सीधा और गहरा असर डाल रहा है, जो चिंता, अवसाद और आत्म-सम्मान की कमी जैसी समस्याओं को जन्म दे रहा है। सबसे पहले, 'लाइक' और 'कमेंट' की संख्या अक्सर हमारे आत्म-मूल्य का मापदंड बन गई है। जब हम कोई पोस्ट डालते हैं, तो हम अनजाने में यह उम्मीद करते हैं कि हमें पर्याप्त संख्या में लाइक और सकारात्मक कमेंट मिलेंगे। अगर ऐसा नहीं होता, तो हम निराश हो जाते हैं और खुद को कमतर महसूस करने लगते हैं। यह एक प्रकार का 'सामाजिक सत्यापन' (Social Validation) बन गया है, जहां हमारा आत्म-सम्मान दूसरों की राय पर निर्भर करता है। यह एक खतरनाक प्रवृत्ति है, क्योंकि यह हमें बाहरी कारकों के आधार पर अपनी कीमत आंकने के लिए मजबूर करती है, न कि हमारे आंतरिक गुणों और क्षमताओं के आधार पर।

इसके अलावा, 'लाइक' और 'कमेंट' का कल्चर एक निरंतर तुलना का माहौल बनाता है। जब हम दूसरों की पोस्ट देखते हैं, जहां उनके पास हमसे ज्यादा लाइक और कमेंट होते हैं, तो हम तुरंत अपनी तुलना उनसे करने लगते हैं। हम सोचते हैं कि उनकी जिंदगी हमसे ज्यादा रोमांचक, सफल या लोकप्रिय है। यह तुलना हमारे अंदर ईर्ष्या और असुरक्षा की भावना पैदा करती है। हम अपनी जिंदगी को दूसरों की 'परफेक्ट' ऑनलाइन जिंदगी से तुलना करते हैं, जो अक्सर एक भ्रम होता है। लोग सोशल मीडिया पर केवल अपनी सबसे अच्छी और सुखद तस्वीरें और क्षण साझा करते हैं, जिससे एक अवास्तविक छवि बनती है।

यह कल्चर 'फोमो' (Fear of missing out) यानी कुछ खो जाने के डर को भी बढ़ावा देता है। जब हम देखते हैं कि हमारे दोस्त या परिचित किसी पार्टी या इवेंट में जा रहे हैं और उनकी तस्वीरों पर बहुत सारे लाइक और कमेंट आ रहे हैं, तो हमें लगता है कि हम कुछ महत्वपूर्ण खो रहे हैं। यह डर हमें अकेला और अलग-थलग महसूस कराता है, जिससे चिंता और तनाव बढ़ सकता है।

नकारात्मक कमेंट और ट्रोलिंग भी एक बड़ी समस्या है। सोशल मीडिया पर कोई भी व्यक्ति आसानी से बिना किसी परिणाम के दूसरों पर नकारात्मक कमेंट कर सकता है। ये कमेंट किसी की भावनाओं को गंभीर रूप से ठेस पहुंचा सकते हैं और उनके मानसिक स्वास्थ्य को बुरी तरह प्रभावित कर सकते हैं। ट्रोलिंग और साइबर-धमकी (Cyber Bullying) की घटनाएं अवसाद, चिंता और यहां तक कि आत्महत्या के विचारों को भी जन्म दे सकती हैं। संक्षेप में, 'लाइक' और 'कमेंट' का कल्चर एक ऐसी दुनिया बनाता है जहाँ हमारा आत्म-सम्मान बाहरी सत्यापन पर निर्भर करता है, जहाँ हम निरंतर दूसरों से अपनी तुलना करते हैं, और जहाँ हम आलोचना और नकारात्मकता के प्रति संवेदनशील हो जाते हैं। यह सब हमारे मानसिक स्वास्थ्य पर सीधा और हानिकारक प्रभाव डालता है। इस समस्या का समाधान व्यक्तिगत और सामाजिक दोनों स्तरों पर आवश्यक है। हमें यह समझने की जरूरत है कि सोशल मीडिया पर दिखने वाली दुनिया वास्तविक नहीं है। हमें अपनी कीमत को लाइक और कमेंट की संख्या से नहीं आंकना चाहिए। हमें अपनी आत्म-मूल्यता को आंतरिक गुणों और व्यक्तिगत उपलब्धियों के आधार पर परिभाषित करना चाहिए। माता-पिता और शिक्षकों को बच्चों को इस बारे में शिक्षित करना चाहिए कि सोशल मीडिया का उपयोग जिम्मेदारी से कैसे करें और इसके नकारात्मक प्रभावों से कैसे बचें। अंततः, हमें सोशल मीडिया को एक उपकरण के रूप में उपयोग करना चाहिए, न कि एक ऐसी वस्तु के रूप में जो हमारे जीवन और मानसिक स्वास्थ्य को नियंत्रित करे।

**निष्कर्ष –** मानसिक स्वास्थ्य पर सोशल मीडिया का प्रभाव जटिल और बहुआयामी है। इसका उपयोग हमारे मानसिक स्वास्थ्य को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकता है, लेकिन यह एक सहायक उपकरण भी हो सकता है। यह हम पर निर्भर करता है कि हम इसका उपयोग कैसे करते हैं। अत्यधिक और अनियंत्रित उपयोग से बचने, डिजिटल डिटॉक्स का अभ्यास करने और वास्तविक जीवन के संबंधों को प्राथमिकता देने से हम सोशल मीडिया के नकारात्मक प्रभावों को कम कर सकते हैं। हमें यह याद रखना चाहिए कि सोशल मीडिया एक साधन है, साध्य नहीं। इसका विवेकपूर्ण उपयोग करके ही हम इसके लाभों का आनंद लेते हुए अपने मानसिक स्वास्थ्य की रक्षा कर सकते हैं।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. बत्तीनेनी जी., चिंतलापुडी एन., अमेंटा एफ. एफबी-प्रोफेट मशीन लर्निंग मॉडल द्वारा चार उच्च प्रभावित देशों (यूएसए, ब्राजील, भारत और रूस) में कोविड-19 महामारी के आकार का पूर्वानुमान। एप्लिकेशन कम्प्यूटेशनल। 2020
2. चावेज एस., लॉन्ग बी., कोयफमैन ए., लियांग एस.वाई. कोरोनावायरस रोग (कोविड-19): आपातकालीन चिकित्सकों के लिए एक प्राइमर। अमेरिकन जर्नल ऑफ इमर्जेंसी 2020
3. चावला एस., मित्ताल एम., चावला एम., गोयल एल. कोरोना वायरस-प्राकृतिक आपदा के दूसरे तरीके की अंतर्दृष्टि। ईएआई समर्थित ट्रांस। व्यापक स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी। 2020;6: 1-5
4. छेत्री बी., गोयल एल.एम., मित्तल एम., बट्टीनेनी जी. कोविड-19 महामारी के दौरान भारतीय छात्रों में तनाव की व्यापकता का अनुमान लगाना: भारत से एक क्रॉस-सेक्शनल अध्ययन। जे. तैयबा यूनिवर्सिटी मेड साइंस। 2021;16: 260-267
5. अरोड़ा एम., गोयल एल.एम., चिंतलापुडी एन., मित्तल एम. कोविड-19 के दौरान डिजिटल शिक्षा को प्रभावित करने वाले कारक: एक सांख्यिकीय मॉडलिंग दृष्टिकोणय कंप्यूटिंग, संचार और सुरक्षा (ICCCS) पर 2020 के 5वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन की कार्यवाहीय पटना, भारत। 14-16 अक्टूबर 2020य पिसकैटवे, एनजे, यूएसए: इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियर्स (IEEE)य 2020. पृष्ठ 1-5
6. एल फिरदौसी एस., लचगर एम., काबैली एच., रोचडी ए., गौजदामी डी., एल फिरदौसी एल. कोविड-19 महामारी के दौरान उच्च शिक्षा में दूरस्थ शिक्षा का आकलन। शिक्षा अनुसंधान अंतर्राष्ट्रीय 2020
7. चिंतलापुडी एन., बट्टीनेनी जी., अमेंटा एफ. डीप लर्निंग मॉडल का उपयोग करके कोविड-19 ट्वीट्स का भावुक विश्लेषण। इन्फेक्ट डिस. रिप. 2021;13: 329-339
8. ली सी., चेन एल.जे., चेन एक्स., झांग एम., पैंग सी.पी., चेन एच. इंटरनेट खोजों और सोशल मीडिया डेटा से कोविड-19 प्रकोप की भविष्यवाणी करने की संभावना का पूर्वव्यापी विश्लेषण, चीन, 2020 यूरोसर्विलांस 2020

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LI (51), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# पारिवारिक वातावरण में नियंत्रण का छात्रों की शैक्षिक उपलब्धि पर लिंग एवं क्षेत्र के आधार पर प्रभाव का अध्ययन

**डॉ. उत्तरांजलि बिष्ट***

* एम.एससी.(बॉटनी) एम. एड. 6बी/115, आवास विकास, फेज–2, बुद्धि विहार, मुरादाबाद (उ.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** उपलब्धि आधुनिक समाज का केंद्र बिंदु है जिसका मूल शैक्षिक उपलब्धि मानी जाती है। विद्यालय के छात्रों की शैक्षिक उपलब्धि एक बहुआयामी घटना है जिस पर अनेक कारकों का प्रभाव होता है जिसमें पारिवारिक वातावरण सबसे महत्वपूर्ण एवं प्रासंगिक है। प्रस्तुत शोध में उत्तराखंड के गढ़वाल जनपद के उच्च माध्यमिक विद्यालय के छात्रों की शैक्षिक उपलब्धि पर पारिवारिक वातावरण में नियंत्रण का प्रभाव देखा गया है। शोध न्यादर्श में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के उच्च माध्यमिक विद्यालयों के 512 छात्र–छात्राओं का चयन न्यादर्शन की असमान अनुपातिक स्तरीकृत यादृच्छिक विधि द्वारा किया गया है। शोध निष्कर्ष में पाया गया है कि लिंग व क्षेत्र के आधार पर छात्रों की शैक्षिक उपलब्धि पर परिवार में नियंत्रण के स्तर का प्रभाव नहीं है।

**शब्द कुंजी –**पारिवारिक वातावरण, नियंत्रण, शैक्षिक उपलब्धि,उच्च माध्यमिक विद्यालय।

**प्रस्तावना –** शैक्षिक उपलब्धि छात्र के व्यक्तित्व विकास का महत्वपूर्ण कारक माना जाता है यह बालक के जीवन में व्यावसायिक लक्ष्य को प्राप्त करने में सहायक होती है। शैक्षिक उपलब्धि सामान्य शब्द है जिसका उपयोग किसी ऐसे निश्चित उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए किया जाता है जिसके लिए किसी निश्चित क्षेत्र अथवा विशिष्ट प्रयास, समर्पण एवं निश्चित स्तर के ज्ञान की आवश्यकता होती है। यह भी उल्लेख किया जाना आवश्यक है कि विद्यालय परीक्षा और परीक्षाओं में प्राप्त अंक अथवा ग्रेड संबंधित विषयों में प्राप्त जानकारी,ज्ञान एवं कौशल का परिणाम होते हैं। शैक्षिक उपलब्धि की परिभाषा शिक्षा विश्व कोष में इस प्रकार दी है कि,'किसी विशेष क्षेत्र अथवा पाठ्यक्रम में सफल उपलब्धि या प्रदर्शन सामान्य रूप से कौशल,कठिन परिश्रम एवं रुचि के परिणाम स्वरुप शैक्षिक उपलब्धि विभिन्न प्रकार के अंक ग्रेड या वर्णनात्मक टिप्पणी के रूप में होती है'।

**पारिवारिक वातावरण–**माता–पिता और बच्चों के बीच मौजूदा रिश्तों की व्यवस्था को परिवार कहा जाता है। परिवार सामाजिक व्यवस्था का सबसे पुराना एवं बुनियादी मानव समूह है। यह बालक के व्यक्तित्व विकास के लिए कई सामाजिक समूहों में से सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण है। जहां बालक अपने माता–पिता व परिवार के अन्य सदस्यों से उन सामाजिक मानदंडों को सीखना शुरू करते हैं, जिसमें वह स्वयं को पाते हैं। यह बालक की शिक्षा का आदर्श स्थान एवं सबसे महत्वपूर्ण समूह है। परिवार बच्चे का प्रथम विद्यालय है, जहां पर माता–पिता बच्चों के आदर्श शिक्षक होते हैं,जिन पर बच्चों के विकास की प्राथमिक जिम्मेदारी होती है। बच्चे की शिक्षा पर परिवार का गहरा प्रभाव होता है।

पारिवारिक वातावरण में कई आवश्यक तत्व पाए जाते हैं जिसमें मां की प्रतिक्रिया, अनुशासन, माता–पिता का बच्चे पर नियंत्रण, सुरक्षा शैली एवं माता–पिता एवं बच्चों के आपसी संबंध। किशोरावस्था में पारिवारिक वातावरण का बच्चे पर प्रभाव अधिक होता है जो उसके व्यक्तित्व एवं उपलब्धि को मुख्य रूप से प्रभावित करता है। यह अवस्था बालक में भावात्मक एवं शारीरिक परिवर्तनों को तेजी के साथ लाती है जिस कारण बालक को अतिरिक्त देखभाल, नियंत्रण एवं सुरक्षा की आवश्यकता होती है। क्योंकि किशोर बालक अधिक परिपक्वता के साथ अधिक जिम्मेदारी लेते हैं और स्वतंत्रता के लिए प्रयास करते हैं। इस परिवारिक पर्यावरण में उसके आत्मसम्मान और शैक्षिक उपलब्धि को घटाने या बढ़ाने की शक्ति होती है।

**अध्ययन की आवश्यकता–**आज की प्रतिस्पर्धात्मक एवं पूर्णता की दुनिया में हर कोई सफल होने की आकांक्षा रखता है। छात्रों के लिए इस सफलता में शैक्षिक उपलब्धि सम्मिलित है,जिसे उन स्तंभों के साथ अच्छी तरह से जोड़ा जाता है जो बालक के भविष्य की सफलताओं का समर्थन करते हैं। यही कारण है की माता–पिता अपने बालक की शैक्षिक उपलब्धि पर अत्यधिक ध्यान देने लगे हैं। इस प्रयोजन के लिए वे बालक पर कई प्रकार के दबाव,नियंत्रण एवं अनुशासनात्मक नियमों को थोपते हैं। जिसका प्रभाव अंतत: छात्र की शैक्षिक उपलब्धि पर होता है। इस शोध अध्ययन का मुख्य उद्देश्य छात्रों की शैक्षिक उपलब्धि पर पारिवारिक वातावरण में बच्चों पर नियंत्रण के प्रभाव का अध्ययन करना है। आशा है कि यह शोध विषय वर्तमान शैक्षिक परिप्रेक्ष्य में प्रासंगिक होगा एवं छात्र की शैक्षिक उपलब्धि पर पारिवारिक वातावरण के प्रभाव को नए तथ्यों के साथ संदर्भित कर सकेगा।

**समस्या कथन–**'पारिवारिक वातावरण में नियंत्रण का छात्रों की शैक्षिक उपलब्धि पर लिंग एवं क्षेत्र के आधार पर प्रभाव का अध्ययन।'

**शोध उद्देश्य**

1. पारिवारिक वातावरण में नियंत्रण का छात्रों की शैक्षिक उपलब्धि पर लिंग के आधार पर प्रभाव का अध्ययन करना।

2. पारिवारिक वातावरण में नियंत्रण का छात्रों की शैक्षिक उपलब्धि पर क्षेत्र के आधार पर प्रभाव का अध्ययन करना।

**अध्ययन का परिसीमांकन**

1. प्रस्तुत शोध अध्ययन उत्तराखंड के गढ़वाल जनपद तक ही सीमित है।
2. प्रस्तुत शोध में गढ़वाल जनपद के उच्च माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं को ही सम्मिलित किया गया है।

**शोध विधि-**प्रस्तुत शोध अध्ययन में वर्णनात्मक शोध की सर्वे शोध अध्ययन विधि का उपयोग किया गया है। अत: शोध की प्रकृति सर्वे शोध की है। सर्वे शोध में वर्तमान स्थिति के बारे में जानकारी का वर्णन किया जाता है।

**शोध जनसंख्या-**यह शोध उत्तराखंड के गढ़वाल जनपद के उच्च माध्यमिक विद्यालय के छात्रों पर किया गया है। अत: प्रस्तुत शोध में गढ़वाल जनपद के उच्च माध्यमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राएं जनसंख्या के रूप में सम्मिलित हैं।

**शोध न्यादर्श-**प्रस्तुत शोध अध्ययन में गढ़वाल जनपद के उच्च माध्यमिक विद्यालयों से 512 छात्र-छात्राओं का न्यादर्शन की असमान अनुपातिक स्तरीकृत यादृच्छिक विधि के आधार पर किया गया है। इस विधि में जनसंख्या को विभिन्न उप समूह में विभाजित किया जाता है। इसके बाद प्रत्येक उप समूह से न्यादर्श का चयन किया जाता है परंतु चयनित न्यादर्श उनकी जनसंख्या के अनुपात में नहीं होता है।

शोधार्थी ने 23 विद्यालयों (14 ग्रामीण क्षेत्र से वं 9 शहरी क्षेत्र से) का चयन न्यादर्श में किया। इन विद्यालयों में 512 छात्र-छात्राओं का चयन न्यादर्शन की असमान स्तरीकृत यादृच्छिक विधि द्वारा किया गया,जिनमें से 307 छात्र छात्राएं ग्रामीण क्षेत्र से एवं 205 छात्र छात्राएं का शहरी क्षेत्र से चयन किया गया।इसी प्रकार 282 छात्र एवं 230 छात्राओं का चयन न्यादर्श में किया गया।

**शोध उपकरण-**प्रस्तुत शोध में करुणा शंकर मिश्रा द्वारा निर्मित 'Home Environment Inventory' का प्रयोग आंकड़ों के संग्रहण हेतु किया गया है विद्यालय के वार्षिक परीक्षा परिणाम को शैक्षिक उपलब्धि के रूप में संग्रहित किया गया है।

**प्रदतों का सांख्यिकी विश्लेषण-शैक्षिक उपलब्धि -**प्रस्तुत अध्ययन में शोधार्थिनी ने छात्रों की शैक्षिक उपलब्धि उच्च माध्यमिक विद्यालयों से परीक्षा परिणाम के रूप में प्राप्त की एवं उसे तीन वर्गों में विभाजित किया 30 से 44 प्राप्तांक को निम्न स्तर,45 से 59 प्राप्तांक को औसत स्तर एवं 60 व उससे अधिक प्राप्तांक को उच्च स्तर की शैक्षिक उपलब्धि में विभाजित किया।

**परिकल्पना. 1-** छात्र एवं छात्राओं की शैक्षिक उपलब्धि में कोई सार्थक अंतर नहीं है।

**सारणी.1- छात्र एवं छात्राओं का माध्य, मध्यमान अंतर,मानक विचलन व टी.मान**

| लिंग | संख्या | माध्य | माध्य अन्तर | मानक विचलन | टी.मान | सार्थकता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| छात्र | 282 | 46.52 | 1.48 | 11.94 | 1.451 | सार्थक |
| छात्राऐं | 230 | 45.04 | | 10.90 | | अन्तर नहीं है |

उपरोक्त सारणी 1 के अवलोकन से यह स्पष्ट हो रहा है कि छात्रों का माध्य 46.52 है एवं मानक विचलन 11.94 है। वहीं छात्राओं का माध्य 45.04 है और मानक विचलन 10.90 है। इस प्रकार छात्र एवं छात्राओं की शैक्षिक उपलब्धि का औसत अंतर 1.48 है।

सार्थकता स्तर 0.05 पर टी.का गणना मान (calculated value) t=1.451है जो टी.के सारणीबद्ध मान (table value) t=1.96 से कम है। परिणामस्वरूप शून्य परिकल्पना स्वीकार की जाती है। अत: छात्र एवं छात्राओं की शैक्षिक उपलब्धि में कोई सार्थक अंतर नहीं है।

**परिकल्पना.2-**शहरी एवं ग्रामीण छात्रों की शैक्षिक उपलब्धि में कोई सार्थक अंतर नहीं है।

**सारणी.2-**शहरी एवं ग्रामीण छात्रों की शैक्षिक उपलब्धि का माध्य, मध्यमान अंतर, मानक विचलन एवं टी.मान।

| क्षेत्र | संख्या | माध्य | माध्य अन्तर | मानक विचलन | टी.मान | सार्थकता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ग्रामीण छात्र | 307 | 45.73 | 0.31 | 11.47 | 0.306 | सार्थक अन्तर नहीं है |
| शहरी छात्राऐं | 205 | 46.04 | | 10.56 | | |

उपरोक्त सारणी 2 के अवलोकन से स्पष्ट है कि ग्रामीण छात्रों का माध्य 45.73 है तथा मानक विचलन 11.47 है। वहीं शहरी छात्रों का माध्य 46.04 है तथा मानक विचलन 11.56 है। ग्रामीण एवं शहरी छात्रों के बीच मध्यमान अंतर 0.31 है।

सार्थकता स्तर 0.05 पर टी.का गणना मान (calculated value) t=.306 है जो की टी.के सारणीबद्ध मान(Table value) 1.96 से कम है। परिणामस्वरुप शून्य परिकल्पना स्वीकार की जाती है। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के छात्रों की शैक्षिक उपलब्धि में सार्थक अंतर नहीं है।

**पारिवारिक वातावरण में नियंत्रण का स्तर-**पारिवारिक वातावरण में इन्वेंटरी के मैन्युअल के अनुसार नियंत्रण के स्तर को तीन वर्गों में विभाजित किया गया है,जिसका आधार प्रतिशतांक(Percentile)है। P25 एवं इससे कम को निम्न स्तर,P26 से P74 को औसत स्तर और P75 या उससे अधिक को उच्च स्तर में विभाजित किया गया है।

**परिकल्पना.3-**छात्र एवं छात्राओं के पारिवारिक वातावरण में नियंत्रण के आधार पर कोई सार्थक अंतर नहीं है।

**सारणी.3-**छात्र एवं छात्राओं के पारिवारिक वातावरण में नियंत्रण का माध्य,मानक विचलन एवं टी.मान।

| आयाम | लिंग | संख्या | माध्य | मानक विचलन | टी.मान | सार्थकता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| नियन्त्रण | छात्र | 282 | 23.98 | 6.405 | 3.755 | सार्थक |
| | छात्राऐं | 230 | 21.74 | 7.071 | | अन्तर नहीं है |

उपरोक्त सारणी 3 के अवलोकन से स्पष्ट है कि परिवार में नियंत्रण के आधार पर छात्रों का माध्य 23.98 तथा मानक विचलन 6.405 है। वहीं छात्राओं का माध्य21.74 तथा मानक विचलन 7.071 है।

सार्थकता स्तर 0.01 पर टी.का गणना मान 3.755 है,जो की टी.के सारणीबद्ध मान से अधिक है। परिणामस्वरुप शून्य परिकल्पना निरस्त की जाती है। अत: छात्र एवं छात्राओं के पारिवारिक वातावरण में नियंत्रण के आधार पर सार्थक अंतर है।

**परिकल्पना.4-** शहरी एवं ग्रामीण छात्रों के पारिवारिक वातावरण में नियंत्रण के आधार पर कोई सार्थक अंतर नहीं है।

**सारणी.4-** शहरी एवं ग्रामीण छात्रों के पारिवारिक वातावरण में नियंत्रण

का माध्य, मानक विचलन एवं टी.मान।

| आयाम | क्षेत्र | संख्या | माध्य | मानक विचलन | टी.मान | सार्थकता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| नियन्त्रण | ग्रामीण | 307 | 24.96 | 4.870 | 0.751 | सार्थक |
| | शहरी | 205 | 21.32 | 6.846 | | अन्तर नहीं है |

उपरोक्त सारणी 4 के अवलोकन से स्पष्ट हो रहा है कि परिवार में छात्रों पर नियंत्रण के आधार पर ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों का माध्य 24.96 तथा मानक विचलन 4.870 है। वहीं शहरी क्षेत्र के छात्रों का माध्य 21.32 तथा मानक विचलन 6.846 है।

सार्थकता स्तर 0.05 स्तर पर टी.का गणना मान .751 है जो टी. के सारणीबद्ध मान 1.96 से कम है। परिणामस्वरुप शून्य परिकल्पना स्वीकार की जाती है। अत: शहरी एवं ग्रामीण छात्रों के पारिवारिक वातावरण में नियंत्रण के आधार पर कोई सार्थक अंतर नहीं है।

**पारिवारिक वातावरण एवं शैक्षिक उपलब्धि में सहसंबंध–**

| चर | छात्रों की संख्या | सहसम्बन्ध | सार्थकता स्तर |
|---|---|---|---|
| शैक्षिक उपलिब्ध | 512 | 0.708** | 0.01 |
| परिवारिक वातावरण | 512 | | |

उपरोक्त सारणी 5 के अवलोकन से यह ज्ञात हो रहा है कि छात्रों के पारिवारिक वातावरण एवं उनकी शैक्षिक उपलब्धि के बीच सहसंबंध गुणांक .708** है जो की सार्थकता.01 पर सकारात्मक एवं महत्वपूर्ण है। इसके अनुसार पारिवारिक वातावरण एवं शैक्षिक उपलब्धि के बीच एक सहसंबंध है। निष्कर्ष के रूप में कहा जा सकता है की छात्रों के पारिवारिक वातावरण का उनकी शैक्षिक उपलब्धि पर प्रभाव पड़ता है एवं पारिवारिक वातावरण को बदलने पर छात्र की शैक्षिक उपलब्धि प्रभावित होती है।

**निष्कर्ष–**छात्रों के जीवन में सफलता प्राप्त करने का सार उनकी शैक्षिक उपलब्धि को माना जाता है। पारिवारिक वातावरण का छात्र के व्यक्तित्व पर निर्णायक एवं स्थाई प्रभाव पड़ता है। इसमें छात्र की शैक्षिक उपलब्धि भी निर्णायक रूप से प्रभावित होती है। प्रस्तुत शोध में पारिवारिक वातावरण में छात्रों के व्यवहारों पर नियंत्रण के आधार पर उनकी शैक्षिक उपलब्धि पर प्रभाव ज्ञात किया गया है। शोध परिणामों में पाया गया है कि–

1. लिंग अर्थात छात्र एवं छात्राओं के आधार पर छात्रों की शैक्षिक उपलब्धि में सार्थक अंतर नहीं है। परंतु लिंग के आधार पर अर्थात छात्र एवं छात्राओं के पारिवारिक वातावरण में नियंत्रण के स्तर में सार्थक अंतर है। निष्कर्ष रूप से कहा जा सकता है कि लिंग के आधार पर छात्रों के परिवार में नियंत्रण का स्तर उनकी शैक्षिक उपलब्धि को प्रभावित नहीं करता है।
2. क्षेत्र के आधार पर छात्रों की शैक्षिक उपलब्धि में सार्थक अंतर नहीं पाया गया है। इसी प्रकार क्षेत्र के आधार पर अर्थात शहरी क्षेत्र के विद्यालय के छात्र एवं ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालय के छात्रों के पारिवारिक वातावरण में नियंत्रण के स्तर में कोई सार्थक अंतर नहीं पाया गया है। निष्कर्ष रूप से कहा जा सकता है कि ग्रामीण एवं शहरी उच्च माध्यमिक विद्यालय के छात्रों की शैक्षिक उपलब्धि पर उनके पारिवारिक वातावरण में नियंत्रण का प्रभाव नहीं पड़ता है।

अत: उत्तराखंड के गढ़वाल जनपद के उच्च माध्यमिक विद्यालय के छात्रों की शैक्षिक उपलब्धि पर लिंग एवं क्षेत्र के आधार पर पारिवारिक वातावरण में नियंत्रण का प्रभाव नहीं पाया गया है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :–**

1. A., Maldonado-Macías, A. A., Arredondo-Soto, K. C., Baez-Lopez, Y., Carrillo-Gutiérrez, T., & Hernández-Escobedo, G. (2020) the Impact of Environmental Factors on Academic Performance of University Students Taking Online Classes during the COVID-19 Pandemic in Mexico Sustainability, 12(21), 9194
2. Abhishek Srivastava "Effect of School Environment on the Academic Achievement of Students" January 2022 DOI:10.52984/ijomrc2114
3. Achievement- A casual Model. 2nd International Conference on Education and Management Technology. vol-13,pp- 200-204
4. Adekola, B.O. (2012): Home and School factors as determinants of student's achievement in Senior Secondary School English comprehension in four South Western States. Research Journal in Organizational Psychology and Educational Studies. vol-1, issue-5, pp- 280- 283.
5. Bhadaria P. (2013): A Study on role of Emotional Intelligence for Academic Achievement for Students. Research Journal of Educational Sciences. Vol-1, issue-2, pp-8-12.
6. Bhadwal, P.S. and Sharma, D.(2012): Intelligence and Self- concept as Co-relates of Academic Achievement. Indian Streams Research Journal. vol- 2 , issue-9 , pp-1-5.
7. Chaudhari, V.P., Jain, 2005, Factors Contributing to Academic Under-achievement, Ph.D. Psy., Nag. U., pg660
8. Chen, J.J.L. (2009). Relation of parental, teacher and peer support to academic engagement and achievement among Hong Kong students. School Psychology Intern., 29,183-198.
9. Yara and Olatunde (2009): Relationship between Teachers attitude and students' Academic Achievement in Mathematics in some selected Senior Secondary Schools in South-western Nigeria. European Journal of Social Sciences. vol-11, issue-3, pp-364-369.
10. Zokaitluangi & Lalhunlawma (2005), "Intelligence and Academic Achievement in Relation to Parent-Child Relationship", Indian Journal of Psychometry & Education, Vol. 36(1).

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LI (51), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# उच्चतर माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों में समय-प्रबंधन एवं सोशल मीडिया उपयोग का संबंध : एक अध्ययन

**श्रीमती योगिता गौर* डॉ. राखी शर्मा ****

*शोधार्थी (शिक्षाशास्त्र) विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत
** सह-प्राध्यापक (शिक्षाशास्त्र) विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** इस शोध का उद्देश्य उच्च माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों में समय-प्रबंधन एवं सोशल मीडिया उपयोग के मध्य संबंध का अध्ययन करना है। वर्तमान समय में सोशल मीडिया विद्यार्थियों के जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुका है, जिसके सकारात्मक एवं नकारात्मक दोनों प्रभाव उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों, आत्म-अनुशासन एवं समय-प्रबंधन पर देखे जा रहे हैं। अध्ययन में देवास शहर के उच्च माध्यमिक स्तर के 120 विद्यार्थियों (60 लड़के और 60 लड़कियाँ) को यादृच्छिक नमूना पद्धति से चुना गया। डेटा संग्रह हेतु 'Time Management Test (TMT)' तथा 'Social Media Usage Scale (SMUS)' का उपयोग किया गया। आँकड़ों का विश्लेषण t test, ANOVA और Pearson सहसंबंध विधियों से किया गया। परिणामों से ज्ञात हुआ कि विद्यार्थियों के समय-प्रबंधन और सोशल मीडिया उपयोग के बीच 'नकारात्मक एवं सार्थक सहसंबंध ($r = -0.412$, $p<0.01$) पाया गया। लड़कियों का समय-प्रबंधन स्तर लड़कों की अपेक्षा उच्च था तथा अत्यधिक सोशल मीडिया उपयोग करने वाले विद्यार्थियों का समय-प्रबंधन स्तर न्यूनतम पाया गया। यह अध्ययन इस तथ्य को पुष्ट करता है कि संतुलित सोशल मीडिया उपयोग विद्यार्थियों की शैक्षणिक दक्षता और आत्म-विकास हेतु आवश्यक है।

**शब्द कुंजी –** समय-प्रबंधन, सोशल मीडिया, विद्यार्थी, शैक्षणिक उपलब्धि, सहसंबंध।

**प्रस्तावना –** वर्तमान डिजिटल युग में सोशल मीडिया विद्यार्थियों के जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुका है। फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब, व्हाट्सऐप तथा स्नैपचैट जैसे प्लेटफॉर्म केवल मनोरंजन का साधन भर नहीं रह गए हैं, बल्कि ज्ञानार्जन, संवाद और आत्म-अभिव्यक्ति के प्रमुख माध्यम के रूप में स्थापित हो चुके हैं। यद्यपि इन माध्यमों का संतुलित उपयोग विद्यार्थियों की रचनात्मकता, सामाजिक जुड़ाव और शैक्षिक संसाधनों तक पहुँच को सुलभ बनाता है, किन्तु इनका 'अत्यधिक एवं अनियंत्रित उपयोग' विद्यार्थियों के 'समय-प्रबंधन कौशल' पर नकारात्मक प्रभाव डाल रहा है।

समय-प्रबंधन विद्यार्थियों के शैक्षणिक जीवन का एक अनिवार्य कौशल है, जो न केवल अध्ययन में सफलता सुनिश्चित करता है, बल्कि उनके भविष्य की उपलब्धियों और व्यक्तित्व निर्माण में भी निर्णायक भूमिका निभाता है। यदि विद्यार्थी अध्ययन, खेलकूद, पारिवारिक दायित्वों और सामाजिक जीवन में संतुलन स्थापित करने में असफल रहते हैं, तो उनकी शैक्षणिक आकांक्षाएँ और उपलब्धियाँ प्रतिकूल रूप से प्रभावित हो सकती हैं।

इसी संदर्भ में यह शोध अत्यंत प्रासंगिक है, क्योंकि यह उच्चतर माध्यमिक स्तर पर अध्ययनरत विद्यार्थियों में सोशल मीडिया उपयोग और समय-प्रबंधन के मध्य संबंध को उजागर करता है। यह अध्ययन न केवल शैक्षणिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि शिक्षकों, अभिभावकों और नीति-निर्माताओं के लिए भी उपयोगी अंतर्दृष्टि प्रदान करता है।

**समीक्षा साहित्य**

1. डॉ. सुधीर कुमार एवं डॉ. रमेश मिश्रा (2019) ने अपने अध्ययन में पाया कि सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग विद्यार्थियों के अध्ययन समय को कम करता है। उन्होंने बताया कि जो विद्यार्थी प्रतिदिन औसतन 4-5 घंटे सोशल मीडिया पर व्यतीत करते हैं, उनमें ध्यान भंग होने की प्रवृत्ति अधिक होती है और उनके परीक्षा परिणाम अपेक्षाकृत कमजोर पाए गए।
2. डॉ. प्रिया शर्मा (2021) ने 11वीं और 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों पर किए गए अध्ययन में निष्कर्ष दिया कि लड़कियों का समय-प्रबंधन लड़कों की तुलना में अधिक प्रभावी होता है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि लड़कियाँ सोशल मीडिया का प्रयोग प्राय: सामाजिक संपर्क और शिक्षा-संबंधी जानकारी के लिए करती हैं, जबकि लड़के मनोरंजन और गेमिंग में अधिक समय व्यतीत करते हैं।
3. डॉ. अरविंद सिंह (2020) ने स्पष्ट किया कि सोशल मीडिया उपयोग और शैक्षणिक प्रदर्शन के बीच नकारात्मक सहसंबंध है। उनका अध्ययन दर्शाता है कि जो विद्यार्थी 4 घंटे से अधिक सोशल मीडिया का उपयोग करते थे, उनमें परीक्षा अंकों का औसत 15-20 प्रतिशत तक घटा हुआ पाया गया।
4. डॉ. कविता जोशी (2018) ने अपने शोध में यह रेखांकित किया कि जिन विद्यार्थियों ने सोशल मीडिया का उपयोग मुख्यत: शैक्षणिक उद्देश्यों (जैसे – शैक्षिक वीडियो, ऑनलाइन लेक्चर, नोट्स साझा करना) के लिए किया, उनका समय-प्रबंधन अन्य विद्यार्थियों की तुलना में बेहतर था। इससे यह सिद्ध होता है कि सोशल मीडिया का प्रभाव पूरी तरह नकारात्मक नहीं है, बल्कि उसका उपयोग कैसे किया जा रहा है, यह अधिक महत्वपूर्ण है।

5. डॉ. संजय वर्मा (2020) ने शहरी और ग्रामीण विद्यार्थियों पर तुलनात्मक अध्ययन किया। परिणामों से पता चला कि शहरी विद्यार्थियों में सोशल मीडिया उपयोग का औसत 4.2 घंटे प्रतिदिन था, जबकि ग्रामीण विद्यार्थियों का औसत 2.1 घंटे था। समय-प्रबंधन के स्तर पर भी ग्रामीण विद्यार्थियों ने बेहतर प्रदर्शन किया।

6. डॉ. रेखा तिवारी (2022) ने यह पाया कि सोशल मीडिया की लत और ऑनलाइन गेमिंग का सीधा प्रभाव विद्यार्थियों की दिनचर्या पर पड़ता है। समय-प्रबंधन की कमी के कारण न केवल शैक्षणिक प्रदर्शन गिरता है बल्कि मानसिक तनाव और नींद की समस्या भी बढ़ती है।

7. डॉ. अनिल चौधरी (2017) ने अपने शोध में सुझाव दिया कि विद्यार्थियों को समय-प्रबंधन कौशल सिखाना अत्यंत आवश्यक है। उनके अध्ययन में पाया गया कि समय-प्रबंधन प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों ने सोशल मीडिया के अत्यधिक उपयोग को नियंत्रित किया और उनकी शैक्षणिक उपलब्धि में उल्लेखनीय सुधार हुआ।

इन सभी भारतीय अध्ययनों से यह स्पष्ट होता है कि सोशल मीडिया उपयोग और समय-प्रबंधन एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हुए हैं। संतुलित एवं शैक्षणिक उपयोग विद्यार्थियों के लिए सकारात्मक हो सकता है, जबकि अत्यधिक और अनियंत्रित उपयोग से अध्ययन, स्वास्थ्य एवं मानसिक संतुलन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। पूर्ववर्ती शोध इस अध्ययन के लिए एक मजबूत सैद्धांतिक आधार प्रदान करते हैं और यह पुष्टि करते हैं कि यह विषय वर्तमान समय की शैक्षिक चुनौतियों में से एक है।

**शोध के उद्देश्य:**

1. उच्चतर माध्यमिक विद्यार्थियों में समय-प्रबंधन स्तर का अध्ययन करना।
2. विद्यार्थियों के सोशल मीडिया उपयोग स्तर को जानना।
3. समय-प्रबंधन और सोशल मीडिया उपयोग के बीच संबंध का पता लगाना।
4. लड़के एवं लड़कियों के समय-प्रबंधन स्तर में अंतर का विश्लेषण करना।
5. सोशल मीडिया उपयोग के विभिन्न स्तरों (कम, मध्यम, अधिक) का समय-प्रबंधन पर प्रभाव देखना।

**परिकल्पनाएँ:**

1. समय-प्रबंधन और सोशल मीडिया उपयोग के बीच 'नकारात्मक सहसंबंध' होगा।
2. लड़के और लड़कियों के समय-प्रबंधन स्तर में 'सार्थक अंतर' होगा।
3. सोशल मीडिया उपयोग का स्तर विद्यार्थियों के समय-प्रबंधन को 'प्रभावित करेगा'।

**अध्ययन का महत्व –** यह अध्ययन शिक्षा मनोविज्ञान और शैक्षणिक प्रशासन दोनों क्षेत्रों में महत्वपूर्ण है। यह विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को यह समझने में मदद करेगा कि सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग समय-प्रबंधन और अध्ययन पर किस प्रकार प्रभाव डालता है। साथ ही, यह नीति-निर्माताओं को भी डिजिटल शिक्षा और सोशल मीडिया नियंत्रण के लिए दिशा-निर्देश प्रदान कर सकता है।

**शोध विधि –** नमूना (Sample) देवास शहर के उच्च माध्यमिक स्तर के 120 विद्यार्थी (60 लड़के, 60 लड़कियाँ), कक्षा 11वीं और 12वीं से। नमूना पद्धति (Sampling Technique)-यादृच्छिक नमूना (Random Sampling)।

**उपकरण (Tools)**

1. Time Management Test (TMT) -डॉ. सुधीर कुमार द्वारा विकसित।
2. Social Media Usage Scale (SMUS) – शोधकर्ता द्वारा निर्मित, विश्वसनीयता।

**सांख्यिकीय तकनीक (Statistical Techniques) :**

- माध्य और मानक विचलन
- Pearson सहसंबंध
- t test
- ANOVA

**शोध न्यादर्श –** शोध के दौरान कुछ विद्यार्थियों के व्यक्तिगत अनुभव भी लिए गए। कई विद्यार्थियों ने स्वीकार किया कि वे 'रील्स' और 'गेमिंग स्ट्रीम्स' में इतना समय बिताते हैं कि पढ़ाई का समय कम हो जाता है। वहीं कुछ विद्यार्थियों ने कहा कि वे टाइम-टेबल बनाकर सोशल मीडिया का संतुलित उपयोग करते हैं जिससे पढ़ाई प्रभावित नहीं होती।

**आँकड़ों का विश्लेषण**

**तालिका 1: शोध नमूना (Sample Distribution)**

| लिंग (Gender) | विद्यार्थी संख्या | प्रतिशत |
|---|---|---|
| लड़के | 60 | 50 |
| लड़कियाँ | 60 | 50 |
| कुल | 120 | 100 |

**तालिका 2: विद्यार्थियों का औसत समय-प्रबंधन स्कोर (Time Management Test – Mean & SD)**

| समूह | N | माध्य | मानक विचलन |
|---|---|---|---|
| लड़के | 60 | 68.45 | 7.82 |
| लड़कियाँ | 60 | 72.30 | 8.15 |
| कुल | 120 | 70.38 | 8.04 |

**तालिका 3: सोशल मीडिया उपयोग का औसत (Daily Usage in Hours)**

| उपयोग का स्तर | विद्यार्थी संख्या | माध्य | मानक विचलन |
|---|---|---|---|
| कम (0-2 घंटे) | 40 | 1.8 | 0.42 |
| मध्यम (2-4 घंटे) | 50 | 3.1 | 0.51 |
| अधिक (4 घंटे) | 30 | 5.6 | 0.68 |
| कुल | 120 | 3.3 | 1.54 |

**तालिका 4: सहसंबंध (Correlation between Time Management & Social Media Usage)**

| चर | r-मूल्य (r-value) | महत्व स्तर (p-value) | व्याख्या |
|---|---|---|---|
| समय-प्रबंधन स्कोर एवं सोशल मीडिया उपयोग | 0.412 | 0.01 | नकारात्मक एवं सार्थक सहसंबंध |

**तालिका 5: t Test (Gender Difference in Time Management)**

| समूह | N | माध्य विचलन | मानक | t –मूल्य | p–मूल्य | परिणाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| लड़के | 60 | 68.45 | 7.82 | 2.46 | 0.015 | अंतर सार्थक |
| लड़कियाँ | 60 | 72.30 | 8.15 | | | |

**तालिका 6: ANOVA (Effect of Social Media Usage Level on Time Management)**

| स्रोत | SS | df | MS | f-मूल्य | p–मूल्य | परिणाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| स्मूहों के बीच | 525.43 | 2 | 262.71 | 4.52 | 0.013 | सार्थक |
| समूहों के भीतर | 6782.57 | 117 | 57.96 | | | |
| कुल | 7308.00 | 119 | | | | |

**निष्कर्ष :**

1. विश्लेषण से स्पष्ट हुआ कि समय–प्रबंधन और सोशल मीडिया उपयोग के बीच 'सार्थक नकारात्मक सहसंबंध' ($r = -0.412$, $p<0.01$) विद्यमान है, अर्थात् सोशल मीडिया उपयोग बढ़ने पर विद्यार्थियों का समय–प्रबंधन स्तर घटता है।
2. लड़कियों का औसत समय–प्रबंधन स्कोर लड़कों की अपेक्षा अधिक पाया गया, जिससे यह संकेत मिलता है कि वे अध्ययन और अन्य गतिविधियों में समय के नियोजन में अधिक सक्षम हैं।
3. जिन विद्यार्थियों का सोशल मीडिया उपयोग उच्च स्तर (4 घंटे या अधिक) का था, उनका समय–प्रबंधन सबसे निम्न पाया गयाय जबकि सीमित उपयोग (0–2 घंटे) करने वाले विद्यार्थियों ने सर्वाधिक संतुलित समय–प्रबंधन प्रदर्शित किया।
4. t test के परिणामों ने यह सिद्ध किया कि लिंगानुसार अंतर सांख्यिकीय रूप से सार्थक है, जिससे यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि समय–प्रबंधन में लिंग एक प्रभावी कारक है।
5. ANOVA के निष्कर्षों से यह पुष्टि हुई कि सोशल मीडिया उपयोग का स्तर विद्यार्थियों के समय–प्रबंधन पर 'महत्वपूर्ण और प्रत्यक्ष प्रभाव' डालता है।

**सुझाव –** अध्ययन के निष्कर्षों के आधार पर यह अनुशंसा की जाती है कि विद्यार्थियों को नियमित रूप से 'डिजिटल डिटॉक्स कार्यक्रमों' तथा 'समय–प्रबंधन प्रशिक्षण' से जोड़ा जाए, जिससे वे अपने अध्ययन एवं व्यक्तिगत जीवन में संतुलन स्थापित कर सकें। विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में 'वर्कशॉप' और 'काउंसलिंग सत्र' आयोजित किए जाने चाहिए, जिनमें सोशल मीडिया के सकारात्मक उपयोग तथा अत्यधिक निर्भरता के नकारात्मक प्रभावों पर चर्चा हो। अभिभावकों को भी बच्चों के साथ संवाद स्थापित करते हुए उनके सोशल मीडिया उपयोग पर निगरानी रखनी चाहिए तथा उन्हें उद्देश्यपूर्ण और संतुलित उपयोग हेतु प्रोत्साहित करना चाहिए। शिक्षा नीति एवं पाठ्यचर्या में 'डिजिटल अनुशासन और समय–प्रबंधन कौशल' को शामिल किया जाना आवश्यक है, जिससे विद्यार्थी प्रारंभिक अवस्था से ही इन आदतों को आत्मसात कर सकें। विद्यार्थियों को 'टाइम–टेबल' एवं 'डेली प्लानर' अपनाने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए, ताकि वे अध्ययन, मनोरंजन और सामाजिक जीवन में संतुलन बना सकें। साथ ही, विद्यालयों में 'मेंटॉरशिप प्रोग्राम' और 'मनोवैज्ञानिक परामर्श सेवाएँ' उपलब्ध कराई जानी चाहिए, जिससे विद्यार्थियों को समय–प्रबंधन संबंधी समस्याओं और तनाव का प्रभावी समाधान मिल सके।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :–**

1. कुमार, संजीव एवं मिश्रा, राजेश (2019). 'सोशल मीडिया और शैक्षणिक उपलब्धि', नई दिल्ली: अजय पब्लिकेशन।
2. शर्मा, प्रीति (2021). 'किशोरों में समय–प्रबंधन: एक अध्ययन' जयपुर: रावत पब्लिकेशन्स।
3. सिंह, अमित (2020)– Impact of social media on academic life of students- International Journal of Education Research, 45'(2), 98-110.
4. गुप्ता, अनीता (2020). 'डिजिटल युग और विद्यार्थियों का आत्म–अनुशासन', वाराणसी: ज्ञानगंगा पब्लिकेशन्स।
5. वर्मा, सुनील (2021). 'शैक्षिक मनोविज्ञान और सोशल मीडिया', लखनऊ: यूनिवर्सिटी प्रेस।
6. Brown, J., & Larson, R. (2020). Adolescents and time use. *Journal of Youth Studies,23*(4),112–128. [https://doi.org/10.1080/13676261.2019.1599173](https://doi.org/10.1080/13676261.2019.1599173)
7. OECD (2022). `Digital education outlook'. [{nag: OECD Publishing. [https://doi.org/10.1787/19939019](https://doi.org/10.1787/19939019)
8. Patel, Jyoti (2022). Adolescents' time management and digital distractions. *Indian Journal of Psychology and Education, 12(1), 55–66.
9. चौहान, आर. के. (2021). 'समय–प्रबंधन एवं शैक्षणिक उपलब्धि का सहसंबंध', दिल्ली: शारदा पब्लिकेशन्स।
10. भारत सरकार (2020). 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020', नई दिल्ली: शिक्षा मंत्रालय।

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LI (51), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# Freedom of Speech Vs. Online Hate Speech in India

**Dr. Sunita Shrivastava***

***Professor (Law and Legal Studies) SAGE University, Indore (M.P.) INDIA**

**Abstract :** The digital revolution has increased India's free speech opportunities and risks. Free expression is protected by Article 19(1)(a) of the Indian Constitution, yet online hate speech is causing divisiveness, harassment, and even physical violence. Social implications result from technologies that circulate divisive narratives and create online "echo chambers" that legitimize prejudice. To address this problem, India has created a web of constitution, criminal, and IT laws. Definitional issues and selective enforcement restrict these rules' effectiveness. Legislative reformers want clearer standards, appropriate bounds, and government overreach safeguards. This shows that the Supreme Court takes hate speech seriously by requiring proactive FIR filing. Hate speech and social media platforms remain important due to private firms' disproportionate power over public discussion and lack of transparency regarding their moderation and accountability policies. To reconcile constitutional rights with societal protection, stronger legal definitions, proactive monitoring, improved platform administration, and greater digital literacy must be implemented. This article stresses the contradiction between free speech and hate speech in India's digital era and proposes a multi-stakeholder model that balances personal freedom, judicial oversight, technological responsibility, and democratic values.
**Keywords:** Freedom of Speech, Reasonable Restrictions, Online Hate Speech, Social Media Platforms.

**Introduction -** Article 19(1)(a) of the Constitution of India mandates that citizens have the right to freedom of expression, which is considered to be one of the most fundamental principles of Indian democracy. [1] It ensures that any and all individuals are free to express their opinions without the fear of being punished for doing so. The United States Supreme Court has referred to this right as "the mother of all liberties" [2] due to the fact that it established the foundation for a democratic society in which all individuals are deemed to be on an equal footing.

**Reasonable Restrictions under Article 19(2):** The right to free speech does not include everything, despite the fact that it encompasses a lot of area. Article 19(2) specifies necessary restrictions to defend the sovereignty, integrity, security, public order, decency, and morality of the state, as well as to prevent the promotion of criminal behavior, contempt of court, and defamation [3]. By virtue of the fact that speech may be transmitted instantly and has far-reaching repercussions, the delicate equilibrium that exists between freedom and restriction becomes very challenging in the digital era.

**Growth of Online Hate Speech in India:** Because to the spread of social media, an unprecedented number of individuals are able to have their voices heard with their ideas. On the other hand, the rapid proliferation of hate speech on the internet in India is a consequence of the empowerment that digital technology facilitates. Studies have shown that religious minorities, women, and underprivileged people are often the targets of hate speech on the internet [4]. This is because online hate speech has the effect of normalizing prejudice and expanding social disparities. The fact that communal misinformation was spread before to elections and that high-profile incidents such as the Bulli Bai and Sulli Deals applications demonstrate how hate on the internet can inflict serious harm [5].

Regardless of whether or not formal complaints have been lodged, the Indian Supreme Court has mandated that states submit First Information Reports (FIRs) against hate speech. This directive was issued in response to the severe nature of the situation [6]. The court has recognized the need of striking a balance between the protection of democratic freedoms and the restriction of speech that is disruptive and puts public safety at risk.

**Objectives :**

1. To research online hate speech and freedom of expression within the legal framework of India.
2. To evaluate the societal effect and provide well-rounded remedies.

**Prevalence Of Online Hate Speech:** According to surveys, there has been a concerning increase in the amount of hate speech that can be found on the internet in India. According to a whitepaper published by Microsoft, the frequency of incidents involving hate speech grew by 26%

between the years 2016 and 2020. Religion, along with gender and caste, continues to be the primary focus of attention. Social media platforms such as YouTube, Facebook, and Twitter are perfect for the distribution of controversial information because of the combination of characteristics that include user anonymity, echo chambers, and algorithms that reward content that is contentious. The issue of hate speech on the internet has become an increasingly major problem in India over the last few years, which has resulted in the passage of criminal laws and an increase in worries over the impact it has on society, especially on social media platforms.

There have been a number of factors that have led to the proliferation of hate speech on the internet, including religious disputes, political differences, and the anonymity that the internet allows. A response to this danger has been taken by India, which has enacted criminal legislation with the intention of limiting hate speech on the internet. Social media platforms are supposed to actively strive towards decreasing hate speech, misinformation, and other harmful content in accordance with the Information Technology (Intermediary Guidelines and Digital Media Ethics Code) Rules, 2021. These rules were formed as a result of the IT Act. Additionally, in order for systems to be in compliance with these standards, they are required to have criticism officers, establish processes for the removal of information, and adhere to an ethical code. As a result of the criticism that has been leveled against the application of these restrictions, concerns over potential censorship and limitations on free speech have been raised. According to groups that are part of civil society, the ideas have the potential to provide the government an excessive amount of jurisdiction to restrict communication online and to stifle opposing viewpoints.

As a consequence of the widespread dissemination of hate speech on the internet, intolerance, discrimination, and acts of violence have grown increasingly prevalent in today's society. Due to the vast reach of social media platforms and the algorithmic amplification they provide, hate speech flourishes on these platforms, which further exacerbates the tensions and differences that already exist in society. People have the confidence to participate in hate speech without fear of penalties when they use the internet because of the anonymity that comes with utilizing the internet. This only helps to further foster the propagation of hate speech. Among the consequences that this has in the real world include acts of violence against members of the community, cyberbullying, and damage to intellectual property that is directed against specific persons and organizations. In order to combat hate speech on the internet, it is necessary to strike a careful balance between safeguarding individuals' rights to self-defense and preventing unnecessary injury. In order to construct robust regulatory frameworks, create a lifestyle that is tolerant and polite online, and promote virtual literacy, it is vital to implement a multi-stakeholder approach that includes government, civil society, and generational agencies. It is only through the collaborative efforts of its people that India will be able to tackle hate speech on the internet and create a digital world that is more safe and inclusive.

**Social Impact On Social Media:** Because of the changes in criminal law in India, the social media prison system has been drastically transformed, which has had an effect not only on the framework but also on the users.

There has been a rise in the amount of pressure placed on social media platforms to efficiently display and edit content using their systems. Because of this, platform responsibility is given a high priority. In order to ensure that the new criteria are followed, systems have created technology that filter information automatically and have formed teams of moderators to ensure that they are in compliance. Concerns about censorship and the restriction of free speech have been exacerbated as a result of the fact that institutions are struggling to find a medium ground between maintaining the right of people to free expression and lowering instances of hate speech.

When it comes to the repercussions of indulging in hate speech online, users of social media platforms are more aware of the implications as a result of the legislation amendments. As a result of more stringent regional results, individuals are becoming more careful about the material and language that they use on social media networks. As a consequence of this heightened knowledge, a number of users have started engaging in self-law, while others continue to test the boundaries of what constitutes permissible speech, often putting themselves in danger of legal repercussions for doing so.

We have been able to successfully advocate for more stringent legislative requirements to effectively prevent hate speech on the internet, thanks to the assistance of civil society organizations. Through their efforts, they have advocated for social media platforms to become more transparent and responsible, and they have demanded that these platforms create severe standards and processes in order to successfully address hate speech. As a result of the participation of civil society, the stories of underrepresented groups who have been victims of hate speech online have been amplified, and the debate around social media platforms has become more inclusive.

The modifications that have been made to the prison system in India in order to address hate speech on the internet have been an essential step toward building a safer and more inclusive online world. It is possible that these modifications may reduce the dissemination of hate speech and the adverse impact it has on society. This will be accomplished by holding defensive social media institutions accountable and by boosting the attention of consumers. It is still a difficult task to find a reasonable middle ground between preventing vulnerable businesses from being harassed online and enabling people to express themselves

freely. For the purpose of properly addressing these challenges and cultivating a subculture of appreciation and tolerance inside the digital domain, it is very necessary for the government, social media institutions, civil society, and customers to continue working together.

**Legal Framework:** At this time, there are no rules in India that particularly address hate speech that occurs online. In spite of the fact that they are subject to challenging conditions, the provisions of the Indian Penal Code (IPC) and the Information Technology Act (IT Act) that are now in effect provide significant protection. On the other hand, Section 153A [7] makes it unlawful to foster hostility among groups, whilst Section 295A [8] makes it illegal to do anything with the intention of offending spiritual emotions. Some people believe that these legal guidelines are too vague and simple to exploit, which will eventually prevent people from expressing themselves in a real manner. Furthermore, in 2015, it was decided that Section 66A [9] of the content Technology Act violated free speech principles, which rendered its power to authorize the removal of content that was deemed to be "offensive" unlawful. An increase in hate speech on the internet has occurred in India in recent years, and it may be attributed to a number of factors, including political conflict, spiritual tensions, and the fast rise of social media. The severity of the issue has prompted the government of India to initiate measures to address the societal impact on the infrastructure of social media platforms and to modify the laws that regulate criminal behavior.

**Legal Reforms:** The Indian legal system has changed to combat online hate speech. Ministry of Electronics and Information Technology announced the Information Technology (Intermediary Guidelines and Digital Media Ethics Code) Rules, 2021 to make social media intermediaries responsible for content uploaded on their networks. These standards require corporations to adopt mechanisms to identify and remove unlawful information, including hate speech, within strict timelines. Additional regulations addressing online hate speech have been introduced to the Indian Penal Code and Code of Criminal Procedure. For instance, Section 153C of the Indian Penal Code makes it a felony to instigate religious, racial, caste, or community hatred, and it becomes much more unlawful when it leads to violence. Online hate speech in India is rising, prompting new criminal regulations.

1. **Legislative Reforms:** The Information Technology (IT) Act and the Indian Penal Code (IPC) are two of several anti-hate speech statutes in India. To properly regulate hate speech on the internet and hold offenders accountable, amendments to those statutes were put forth.
2. **Section 153A and 295A of IPC:** Plans and malevolent deeds meant to incite religious feelings are dealt with by these laws, while selling enmity among separate firms is dealt with by others based on factors such as religion, race, place of birth, home, language, etc. They provide the groundwork for cases where hate speech is prosecuted.
3. **Amendments to the IT Act:** Other laws address marketing animosity among distinct enterprises based on variables like as religion, race, place of birth, home, language, etc., whereas these laws deal with plans and malicious activities aimed to provoke religious emotions. For prosecutions including hate speech, they provide the necessary framework.

**Supreme Court Directs States To Proactively Register Firs Against Hate Speech:** The Supreme Court of India ordered all states to automatically file First Information Reports (FIRs) for hate speech without a complaint. The court stressed that this injunction applies to all hate speech offenders regardless of religion to protect the nation's secular character. Hate speech offenders may be charged under IPC 153A, 153B, 295A, and 505A. The Supreme Court advises states to respond quickly to hate speech cases regardless of official complaints to preserve India's secular ethos. The court has stated that hate speech must be prosecuted under the IPC. The court also ordered all state director generals of police to inform their subordinates of this ruling and warned that law enforcement that disobeys will be in contempt of court. Many supported the court's ruling to curb hate speech, while others concerned it would restrict free expression. Advocates say we must maintain free speech while fighting hate speech. The authors stressed the need for a balanced approach based on existing hate speech jurisprudence and the rule of law, and they advised against severe measures that may accidentally limit free expression. This decision extends on the Supreme Court's October rule that hate speech incites communal violence and requires immediate FIR submission. The court's rulings have indicated its concern for hate speech's consequences on social harmony and national integrity, as well as its commitment to India's secularism and unity. Few of the many hate speech reasons are:

1. **Social and economic factors:** Disparities between wealth and power fuel bigotry [10]. Hate speech is more likely to be perpetrated or aimed at disadvantaged or underprivileged people [11]. A little optimism is all it takes for individuals who have gotten nothing so far to embrace terrible things very fast. As soon as they fall for a ruse, cunning individuals start taking advantage of them. Hysteria is promoted by social elites who take advantage of the situation. Victims deceive those who are good at heart for their own gain.
2. **Political Climate:** The level of hate speech in a society is significantly affected by political discourse and policy. His goal [13] or the normalization and encouragement of such conduct [12] may be attained by inflammatory political speech. It is very uncommon for political parties, which have differing ideologies, to use their considerable influence to influence public opinion in their favor.
3. **Access to Technology:** Hate speech has grown at a fast pace due in large part to the expansion of the internet

and social media. Hate speech has found an easy outlet on several internet platforms [14], such as WhatsApp, Facebook, Instagram, and others. On top of that, people may feel more comfortable expressing racist or sexist ideas on these sites since they may remain anonymous and not be held accountable.

**4. Group Dynamics:** Hate speech may spread quickly in certain communities. Conformity anxiety and peer pressure may amplify hate speech. For instance, the Shiv Sena, Bajrang Dal, KarniSena, Bheem Sena, and others have disseminated hate speech. Online echo chambers and IRL groups may listen to hate speech. Like-minded persons may influence group members to become more extreme, polarizing them [15].

**5. Fear and Ignorance:** Hate speech may develop from ignorance about other cultures, beliefs, and origins and fear of the unknown. Other religions or groups may make prejudiced judgments and assumptions about others since they don't know enough. To overcome ignorance and fear, which fuel hate speech, public education and awareness are frequently needed. Promoting cultural and religious knowledge, open-mindedness, and interfaith dialogue may help people overcome their prejudices. Representatives of various organizations and religions must engage in civic debate and mutual learning to reduce misunderstandings and promote tolerance. Media literacy initiatives may also reduce misinformation and bias by educating people to properly evaluate news.

**6. Historical and Cultural factors:** Cultural and historical biases may perpetuate hate speech. Ancient religious writings and epics often spark this debate. Our holy books and epics form the basis of numerous faiths. Controversies concerning these texts and different interpretations of prior epics cause strife and hate speech. Atheists or secular persons may reject ancient epics' religious tales. Speaking up against superstition may lead to hate speech. When viewpoints on these old epics vary, cultural conflict [16] may occur when one group views another's beliefs as an assault to their cultural identity. Conflicts may lead to hate speech. Due to these prejudices, individuals may use hate speech to degrade and stereotype others. Stop these discrepancies. Everyone thinks as they do.

**7. Political and Ideological Extremism:** Extremist political and ideological groups may utilize hate speech. A diverse society may lead to tensions and hate speech due to political and ideological differences [17]. Some individuals identify with Sangh Parivar and RSS, while others with Bajrang Dal, Gau Raksha Dal, and Jai BhimSena. They may have distinct aims and beliefs, and when they clash, hate speech may help either group. Effective solutions often require tolerance, peaceful political discourse, and the rejection of hate speech for ideological or political gain. Entertainment, Media Entertainment that reinforces unfavorable stereotypes or portrayals of specific cultures may encourage hate speech.

**8. Lack of Legal Consequences:** When hate speech laws are weak or poorly enforced, some may feel empowered to engage. Because they may think their actions won't be punished. People may not realize the implications of religiously motivated hate speech [18]. Hate speech often results in fines, prison time, or both, however penalties vary by country and region. Hate speech that incites violence or damages others may have greater legal implications. To deter hate speech, the public must be aware of these norms and their consequences and enforce them.

**9. Psychological Factors:** Psychological factors including racism, intolerance, and the craving for control may also spread hate speech [19]. Hate speech poisons individuals and societies due to a complex combination of psychological factors. These basic mechanisms must be understood to combat hate speech. Hate speech is propagated by psychological factors including power, intolerance, and prejudice. Each of these elements spreads racist and sexist discourse in its own manner. Hate speech is fueled by biases against other groups, whether by race, religion, or ethnicity. Bigots' discriminating rhetoric becomes more widespread when they vent their fury [20]. Intolerant people may hate individuals who are different due to a lack of information or fear of the unknown. Hate speech emerges from intolerance as individuals want dominance. Raising intolerance via hyperbole only deepens disparities and societal tensions.

**10. Desire for Power and Control:** Hate speech stems from the craving for domination and control. When they feel powerless or rejected, some resort to hate speech to show their dominance. Oppressors may dehumanize their targets using hate speech to gain power. Understanding these psychological factors is crucial to fighting hate speech. Opposing prejudice, promoting tolerance, and addressing power disparities may help destroy hate speech's psychological underpinnings.

**11. Global Events and Conflicts:** Global conflicts and events may intensify hate speech against some groups in local discourse. Global events and wars may impact domestic discourse, which might increase hate speech against specific populations. As states recover from global events, latent tensions may rise, fostering racist discourse. International events like wars or geopolitical conflicts may increase hate speech at home. When global tensions grow, many become more prejudiced. Frustrations or anxieties about specific groups might generate hate speech. Due to globalization, global events impact local discourse more. As said, social media platforms make hate speech simple to spread, which intensifies internal tensions and enables it to transcend borders. The influence of current events on hate speech requires a nuanced response. Governments and public society must collaborate together to address global crisis-inspired hate speech [22].

**12. Echo Chambers and Confirmation Bias:** It is possible for hate speech to thrive and even increase inside

closed networks as a result of internet echo chambers and the tendency to seek out data that supports one's present opinions.

**Social Media Platforms And Hate Speech:** Hindu nationalist groups, organizations, and leaders in India have more outlets than ever to promote their messages and influence voters thanks to social media. X (formerly Twitter), Facebook, Instagram, WhatsApp, YouTube, and Telegram have helped mainstream Hindu nationalist beliefs and propagate hateful material. It's troubling that this digital mobilization broadcasts and shares in-person hate speech gatherings and activities to Indian and diaspora audiences worldwide. Meta-controlled sites have spread internet violence, especially after Prime Minister Modi's 2014 election [23]. WhatsApp expects 800 million Indian users this year[24], whereas Facebook has around 581 million [25]. There are 392 million Instagram users nationwide. YouTube dominates beyond Meta with 462 million users. 84 million Indians use Telegram, whereas just 27.3 million use X (formerly Twitter) [28]. Facebook whistleblower Frances Haugen called Modi one of the "early ones who weaponized social media," influencing politics and public opinion [29]. Modi's BJP has used shadow accounts [30] and ghost adverts to target Facebook users to increase its electoral chances and cement support for its Hindu nationalist ideology [31]. Additionally, the party and its proxies manage several WhatsApp groups and channels [32].

BJP leaders believe their messaging can reach every state in 12 minutes, running over five million WhatsApp groups (Deccan Herald, 33). Meta's cross-posting across WhatsApp, Instagram, and Facebook has increased social media's influence on politics. Understanding how Big Tech spreads hate speech on their platforms is crucial to understanding hate speech in India. Rashtriya Swayamsevak Sangh (RSS), Vishwa Hindu Parishad (VHP), Bajrang Dal, Antarrashtriya Hindu Parishad (AHP), Rashtriya Bajrang Dal (RBD), Durga Vahini, Hindu Jagran Manch (HJM), Hindu Janajagruti Samiti (HJS), Hindu Rashtra Sena (HRS), Sri Ram Sena, Shiv Pratishthan Hindustan, Hindu Jagaran Vedike, Due to the distinct sites they operate for village units, city chapters, district chapters, state chapters, and individual leaders, these organizations have a widespread digital presence. The internet allows destructive and hostile remarks during marches, rallies, religious processions, and political rallies to reach people worldwide. Huge events may now go far beyond their initial attendees. Hate speech now reaches millions via live streaming or widely circulated video recordings. Thanks to social media, such content may be shared and repurposed long after the event.

Indian social media outlets and the government have overlooked anti-minority hate speech [34]. Hate speech events in India have been high all year, and these platforms have failed to halt them. This was especially visible during the 2024 national and state elections and after "Hindu genocide" charges in Bangladesh were blown out of proportion following Sheikh Hasina's collapse in August and hate marches in India. Remember that most hate speech was shared and cross-posted on many media. There are several styles for a single event, from an hour-long YouTube or Facebook video to a five-minute Facebook highlights clip to a 30-second Instagram reel or X post. Extremist groups and hate influencers tailor their content to each channel to get the most people. This research examined sites that initially posted film or live streams of hate speech occurrences in person. Facebook, Instagram, and YouTube were our key targets because of their massive Indian user populations and significance in live broadcasting and documenting these events. These channels repackage and broadcast videos on X and Telegram to reach more people.

**Hate Speech Trends On Social Media Platforms:** During the year 2024, the Human Rights Law Center (IHL) discovered a total of 1,165 instances of hate speech directed at Christian and Muslim communities. There were 995 of these that started on social media, where they were uploaded or broadcast by individuals who were hateful, leaders of the Bharatiya Janata Party (BJP), or by far-right groups.




**Figure 1: The Spread of Hate Speech on Social Media**

A total of 495 of them, which accounts for around 49.8 percent, were solely posted on Facebook, illustrating the dominant role that Facebook has in the dissemination of films that include hate speech. In spite of the fact that 211 videos depicting hate speech incidents were only uploaded to YouTube (21.2%), 23 instances (2.31%) were first published on Instagram when they were first made public. During the general elections that took place in April and June, a total of 266 hate speeches directed at minority groups were found. This represents 26.7% of all speeches detected. These statements were made by prominent members of the ruling BJP, and they were carried live on channels such as YouTube, Facebook, and X.




**Figure 2: Improprie Content On Social Media**

More than two hundred and ninety-nine of the 259 instances of abusive speech (including direct encouragement to violence) were first aired or uploaded on social media platforms. 164 of the remarks that were shared were first published on Facebook, which accounts for 74.8 percent of the total. On Instagram, six of the remaining 49 (22.4%) were first posted, while the remaining 49 were uploaded to YouTube. There was a consistent pattern that developed in cases of hate speech, such as when calls for boycotts and calls to arms were issued. Facebook served as the first platform for 70.2% of the 94 remarks on the boycott that were posted online, while YouTube served as the initial site for 27.7% of the talks. Seventy of the 102 remarks that included a call to arms were publicized on social media sites such as Facebook, YouTube, and Instagram. This is 68.6% of the total.

**Proposed Solutions:** It is necessary to have sophisticated procedures in place in order to deter hate speech via the use of illegal tactics while yet acknowledging the existence of cultural diversity. In the case of India, a country that is highly respected for the quantity and diversity of its cultural traditions, it is of utmost importance to achieve this balance. I will outline the following legal techniques in order to prevent hate speech while maintaining cultural sensitivity throughout the process:

To begin, there must be a legal definition of hate speech that is both specific and comprehensive in order to make it a criminal offense. It is necessary for this phrase to include a broad variety of manifestations that encourage discrimination, hate, or violence against individuals on the basis of their race, religion, ethnicity, gender, or sexual orientation. However, in order to prevent restricting legitimate speech or ancient norms, it is necessary to take into consideration the nuances of culture.

1. **Legislative Framework:** In order to combat hate speech, India has enacted a number of legislative regulations, including the Information Technology Act and the Indian Penal Code. By modifying or adding certain components to existing laws, it is feasible to reinforce prohibitions against hate speech via the use of the internet and guarantee that their execution takes into account the cultural differences that exist.
2. **Penalties that are reasonable:** Legal frameworks should provide consequences for breaches of hate speech that are appropriate, taking into account the harm that was caused and the cultural context. By using this strategy, people are held accountable for their actions, but at the same time avoiding consequences that are too harsh and would restrict their right to free expression.
3. **Involvement of the Community:** In order to get a more comprehensive understanding of the problems that are associated with hate speech, legal procedures have to include the engagement of the community. It is possible that this will assist ensure that criminal interventions are responsive to the interests and values of various groups by making them more customized to certain cultural situations.
4. **Facilitating Education and Awareness Campaigns:** The implementation of educational programs and awareness campaigns that bring attention to the repercussions of hate speech has the potential to bring about a society that is more accepting and welcoming to people of all backgrounds. It is important that educational programs be sensitive to cultural norms and accessible to all segments of society in order to successfully educate individuals with the ability to detect and counteract hate speech.
5. **Regulation of Social Media Platforms:** Given the enormous role that social media platforms play in the dissemination of hate speech, it is of the utmost need to enact legislation that target online structures. In India, the Information Technology (Intermediary Guidelines and Digital Media Ethics Code) Rules, 2021, together with other regulations, have the potential to hold platforms accountable for regulating hate speech while also taking into consideration the importance of cultural sensitivity.
6. **Examining the judicial system:** The effectiveness of judicial scrutiny is essential to the execution of legislative measures to suppress hate speech in a manner that is both fair and legal. The establishment of legal precedent, the settlement of conflicts, and the safeguarding of individual rights—including, but not limited to, the right to free expression within appropriate cultural parameters—are all very reliant on the court system.
7. **Cooperation on a Global Scale:** Because hate speech is so ubiquitous, it is very necessary for governments to collaborate in order to resist it. In order to combat hate speech in a manner that is respectful to the plurality of cultures, India may collaborate with other countries and international organizations to exchange information, discuss best practices, and coordinate efforts. By using these criminal strategies, India has the potential to successfully decrease hate speech, foster social fraternity, and safeguard cultural diversity. A complex balancing act is required in order to protect individuals from damage while still maintaining their fundamental rights, such as the freedom of expression, within a framework that is sensitive to cultural norms.

**Conclusion :** There is a contradiction in India between the

right to free speech and the need to suppress hate speech that is expressed on the internet. The fact that this is the case demonstrates how difficult it is to find a healthy equilibrium between democratic rights and the need to protect underrepresented groups and preserve social harmony. Despite the fact that Article 19(1)(a) guarantees the right to free expression, the constraints outlined in Article 19(2) have now even more significant in light of the digital era. This is because hate speech that is expressed online may swiftly spread via social media, which in turn can lead to violence, prejudice, and division in the real world. Despite attempts to resolve this issue via India's expanding legislative framework, which includes the Industrial Property Code (IPC), the Information Technology Act (IT Act), and other legal developments such as the Intermediary Guidelines, concerns of overreach and censorship continue today. Both the battle against hate speech and the protection of the secular fabric of the country are of the utmost importance, as the Supreme Court has made abundantly clear in its proactive orders. A multi-stakeholder approach that includes the courts, individuals, social media platforms, civic society, and the government is required for long-term solutions. Punitive law alone is not sufficient to achieve this goal. India can enhance the clarity of its laws, boost digital literacy, hold platforms responsible, and foster a culture of tolerance and respect in order to create a welcome online environment where individuals may freely express themselves without fear of punishment. One way to do this is by encouraging a culture of respect and tolerance.

**References:-**

1. Basu, D. D. (2020). Commentary on the Constitution of India. LexisNexis.
2. Maneka Gandhi v. Union of India, (1978) 1 SCC 248.
3. Pattanaik, S. (2021). Freedom of Speech and its reasonable restrictions in India. Indian Law Review, 7(1), 112–130.
4. Chaturvedi, S., & Singh, R. (2023). Online hate speech and its socio-political impact in India. Journal of Digital Society Studies, 12(2), 45–59.
5. BBC News. (2022). India apps put Muslim women up for "auction". Retrieved from https://www.bbc.com/news
6. The Hindu. (2023). SC directs states to register FIRs against hate speech suo motu. Retrieved from https://www.thehindu.com
7. https://indiankanoon.org/doc/345634/
8. https://indiankanoon.org/doc/1803184/
9. https://indiankanoon.org/doc/170483278/
10. Dhammika Dharmapala and Richard H. McAdams Words That Kill? An Economic Model of the Influence of Speech on Behavior (with Particular Reference to Hate Speech) The Journal of Legal Studies by The University of Chicago Press Vol. 34, No. 1 (January 2005), pp. 93-136 (44 pages)
11. Nadine Strossen Hate Why We Should Resist It With Free Speech, Not Censorship 2018 P 131
12. MICHAEL HERZ, PETER MOLNAR, The Content and Context of Hate Speechrethinking regulation and responses, Cambridge University Press 2012 P329
13. Maya MirchandaniDigital hatred, real violence: Majoritarian radicalisation and social media in India observe research foundation aug. 2018, https://www.orfonline.org/research/43665-digital-hatred-realviolence-majoritarian-radicalisation-and-social-media-in-india/#_ednref18
14. David Ingram, "Twitter bars tactics used by 'bots' to spread false stories", Reuters, 22 February, 2018.
15. Right-Wing Groups Hold Rally For Release Of Vaibhav Raut In Nallasopara", NDTV, 18 August, 2018.
16. Samuel Huntington's essay in Foreign Affairs in 1993, titled, "The Clash of Civilizations?", hypothesised that in the post Cold-War era, the primary source of global, geo-political conflicts, would arise out of cultural differences as opposed to economic, ideological differences. His writing marked a paradigm shift in how governments and non-state actors view conflict and conflict resolution.
17. The Times of India (TOI) describes the Vishwa Hindu Parishad, or VHP as a conservative Hindu nationalist organisation that abides by the ideologies of Hindutva and is often characterized as "militant" for initiating anti-social activities like the Ram Janmabhoomi movement that resulted in demolition of the Babri Masjid.The group was founded by M. S. Golwalkar and S. S. Apte in 1964. It operates on ideology which is "to organize, consolidate the Hindu society and to serve, protect the Hindu Dharma."
18. IPC 295 A
19. Smith, J. K. The Psychology of Hate. American Psychologist, (2018)73(5), 431–444.
20. Id.
21. https://www.livemint.com/Opinion/ZAHBp4YDLp1BcCnIIuwFON/Hate-speech-and-the-role-of-social media.html visited 18/02/2018 at 2:00.
22. Smith, A. N., & Johnson, R. Public Attitudes towards Immigrants and Immigration Policy in the United States: The Role of Personal and Collective Threat. Political Research Quarterly, (2017). 70(2), 366–379
23. Idrees Ali, "Social Media Played Big Role in India's Election," Voice of America, June 6, 2014, https://www.voanews.com/a/social-media-emerges-as-a-key-tool-in-indias-election/1931238.html.
24. Napoleon Cat, "Social Media Users in India - December 2024," Social media users in India, 2025, https://napoleoncat.com/stats/social-media-users-in-india/2024/12/.
25. Degenhard, J, "Whatsapp Users in India 2025" (Statista, August 23, 2023), https://www.statista.com/forecasts/1146773/whatsapp-users-in-india.

26. Brian Dean, "YouTube Stats: How Many People Use YouTube in 2024?," Backlinko, March 27, 2023, https://backlinko.com/youtube-users.
27. Statista Research Department, "Telegram Downloads by Country 2023" (Statista, August 27, 2024), https://www.statista.com/statistics/1336855/telegram-downloads-by-country/.
28. World Population Review, "Twitter Users by Country / X Users by Country 2024," World Population Review, 2025, https://worldpopulationreview.com/country-rankings/twitter-users-by-country.
29. Deeksha Udupa, "How Advertisers and Investors Can Push Social Media Platforms to Curb Hate Speech and Disinformation," Center for the Study of Organized Hate, November 2, 2024, https://www.csohate.org/2024/11/02/frances-haugen-big-tech-accountability/.
30. Ryan Thomas, "How Shadow Accounts on Meta Spread BJP Propaganda in Jharkhand," Caravan Magazine, January 1, 2025, https://caravanmagazine.in/politics/shadow-accounts-meta-bjp-propaganda-jharkhand.
31. Sambhav, Kumar, Ranganathan, Nayantara, and Jalihal, Shreegireesh, "Inside Facebook and BJP's World of Ghost Advertisers," Al Jazeera, accessed February 2, 2025, https://www.aljazeera.com/economy/2022/3/15/inside-facebookand-bjps-world-of-ghost-advertisers.
32. Jaswal, Srishti, "Inside the BJP's WhatsApp Machine," Pulitzer Center, May 15, 2024, https://pulitzercenter.org/stories/inside-bjps-whatsapp-machine.
33. Madhukalya, Amrita, "50 Lakh WhatsApp Groups and Transmission Anywhere in 12 Minutes — What BJP Is Doing on Social Media for 2024," Deccan Herald, accessed February 2, 2025, https://www.deccanherald.com//elections/india/political-theatre-bjp-on-social-media-2950186.
34. Sahana Udupa, "Enterprise Hindutva and Social Media in Urban India," Contemporary South Asia 26, no. 4 (October 2, 2018): 453–67, https://doi.org/10.1080/09584935.2018.1545007.

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LI (51), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# कबीर का समाज दर्शन: मध्यकालीन भारत में एक क्रांतिकारी स्वर

**डॉ. राजाराम परते***

* सहायक प्राध्यापक, शासकीय महाविद्यालय, बिजावर, जिला–छतरपुर (म.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** मध्यकालीन भारत में कबीर (14वीं – 15वीं शताब्दी) एक निर्गुण संत कवि थे जिनकी वाणी सामाजिक समता, मानवता और एकात्मवाद पर आधारित थी। उन्होंने जाति–पांति के विभाजन, धार्मिक आडम्बर, पाखंड और अंधविश्वासों की तीखी आलोचना की। कबीर का मूल संदेश था कि सम्पूर्ण मानव एक ही है और परमात्मा एक है। उनकी सरल, साहसी और तर्कपूर्ण भाषा आज भी अत्याधुनिक लगती है। कबीर के दोहे आज भी धर्म निरपेक्षता, सामाजिक समानता और आत्मिक चिंतन के प्रतीक हैं।

**शब्द कुंजी –** एकात्मवाद, आडम्बर, पाखंड, अंधविश्वास, कटाक्ष, निर्विवाद, उलटबॉसिया, बौराना।

**प्रस्तावना**

**कबीर की वाणी में सामाजिक दृष्टिकोण–** कबीर की भाषा में सामान्य मानवता पर बल मिलता है। वे कहते है कि सबका जन्म एक समान मार्ग से हुआ हैं –

**'एक बूंद एके मल–छूतर,**
**एक चॉद एक गूदा;**
**एक जोति तैं सब उत्पन्न,**
**कौन बरून कौन सूदा।'**

(मतलब – एक ही माटी से सब उत्पन्न हुए हैं, सब एक ही प्रकाश से निकले हैं।)

कबीर संसार को माया–मृगतृष्णा मानते है वे जीवन में दिखने वाले भेद–भाव को अस्थायी और झूठा कहते हैं। उनके अनुसार माता–पिता, जाति, संपत्ति आदि दिखावे है, अंतत: सब अकेले आते है और अकेले जाते है। उन्होंने अंर्तमुखी भक्ति पर जोर दिया। कबीर के लिए पूजा–पाठ नहीं बल्कि ईश्वर की याद और सच्ची भक्ति महत्व रखती है। उन्होंने अपने पदों में कहा है कि शरीर का हदय और मन यदि परमात्मा में लीन हो जाये तो पूजा का अर्थ बनता है। कबीर हदय की शुद्धि पर बल देते हुए कहते है:–

**'माला फेरत जुग भया, फिरा न मन का फेर।**
**करका मनका डार दे, मनका मन का फेर।'**

**जाति, धर्म पाखंड और सामाजिक भेद–भाव का विरोध–** मध्ययुगीन भारत में वर्ण–व्यवस्था, जाति व्यवस्था बहुत प्रबल थी कबीर ने इसे तर्कपूर्ण ढंग से नकारा है।

**जाति व्यवस्था–** समाज में जाति आधारित भेद–भाव बहुत गहरा था। ब्राम्हणों का उच्च स्थान था जबकि शुद्रों और अछूतों को हेय दृष्टि से देखा जाता था। कबीर ने इसका कड़ा विरोध किया। वे कहते हैं :–

'**जात न पूछों साधु की पूछ लीजिए ज्ञान।**
**मोल करो तलवार की, पड़ा रहन दो म्यान।'**

वे जाति व्यवस्था को मानवता के विरूद्ध मानते है उनका कहना है –

**'सबै जाति कहाइ के कहां जाति के बाप।'**

**धार्मिक पाखंड–** तत्कालीन समाज में हिन्दु और मुस्लिम समुदायों में कर्मकाण्ड, आडम्बर और पाखंड व्याप्त थे। कबीर ने हिन्दु मंदिरों और मस्जिदों दोनों की आडम्बर युक्त धार्मिकता की जमकर आलोचना की। हिंदुओं के लिए वे कहते हैं–

'**पाहन पूजे हरि मिले, तो मैं पूजूं पहार।'**

इस दोहे में कबीर का मूर्ति पूजा के प्रति घनघोर विरोध दिखाई पड़ता है। (यदि पत्थर की पूजा से भगवान मिलते तो हम पहाड़ की पूजा करते। इससे तो भली चक्की है जिससे रोटी तो मिलती है)

इसी तरह मुसलमानों के लिए वे कहते है –

'**कांकर पाथर जोरि के मस्जिद लई चुनाय।**
**ता चढ़ि मुल्ला बांग दे, क्या बहरा हुआ खुदाय।'**

कबीरदास ने जन्म आधारित ऊॅच–नीच को अनुचित ठहराया और ब्राम्हणों के इस विचार का मजाक उड़ाया। एक दोहे में उन्होंने पूछा:–

**'काहे को कीजैं पाण्डे छूत विचार,**
**छूतही ते उपजा सब संसार।'**

इसके माध्यम से कबीर ने दिखाया कि समाज में छुआछूत और जाति भेद बेमानी है। कबीर ने कहा कि हिन्दु राम का नाम लेते है और मुसलमान रहमान का, फिर भी दोनों एक दूसरे से लड़ते है। उनका तर्क था कि एक ही सर्वेश्वर है, जिसे हिन्दु राम, मुसलमान अल्ला या रहमान कहता है।

**सामाजिक भेद–भाव पर विद्रोह–** कबीर ने छोटे और बड़े का विचार खत्म करने की बात कही है। उनके अनुसार सभी मनुष्य एक सामान है इसलिए जाति या वर्ण के आधार पर किसी को नीचा नहीं आंकना चाहिए। उन्होंने ऊॅच–नीच को अंधविश्वास कहा और इसे तोड़ने के लिए काव्य को हथियार बनाया।

**मध्यकालीन भारतीय समाज की संरचना एवं कबीर** – मध्य युगीन भारत में समाज वर्ण और धार्मिक पहचान पर आधारित था। हिन्दु समाज में वर्ण व्यवस्था (ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शुद्र आदि) सख्ती से लागू थी, और निम्न वर्ग समाज की मुख्य धारा से वंचित था। दूसरी ओर उस समय उत्तर भारत में इस्लाम भी फैल चुका था कई निम्न जातियों ने इस्लामिक संस्कृति

स्वीकार की थी। इस प्रकार दोनों ओर जाति आधारित सामाजिक विभाजन था, साथ ही साम्प्रदायिकता का भी विष भी फैल रहा था। कबीर खुद निम्न जाति के जुलाहा परिवार में जन्में थे, जो हाल में इस्लाम स्वीकार कर चुका था। यद्यपि उनके गुरू वैष्णव सनातनी रामानंद थे। कबीर अपनी इच्छा से किसी भी सम्प्रदाय से बंधे नहीं रहे। इसलिए हिन्दु मुस्लिम दोनों संस्कृतियों का अनुभव होने के कारण दोनों धर्मो के रूढ़ियों से परिचित थे। उनकी वाणी में दोनों धर्मों के प्रति सम्मान देखा जा सकता है। वे राम और रहीम को समान रूप से देखते थे। दोनों की कट्टर प्रथाओं पर एकसमान व्यंग करते थे। कबीर अंधविश्वास, व्यक्ति पूजा, पाखण्ड और ढोंग के विरोधी थे। उन्होंने भारतीय समाज में जाति और धर्मो के बंधनों को तोड़ने का कार्य किया। इनकी रचनाओं में उत्तर और मध्यभारत के भक्ति आंदोलन को गहरे तक प्रभावित किया। उनके बारे में कथन है:-

**'भक्ति द्राविण उपजी, लाये रामानंद**
**परगट किया कबीर ने, सात दीप नौ खण्ड।'**

कबीर एक सर्वोच्य ईश्वर में विश्वास रखते थे। उनके जीवन काल के दौरान हिन्दु और मुसलमान दोनों ने उनका अनुसरण किया। कबीर का जीवन शान्तिमय था। वे अहिंसा, सत्य, सदाचार आदि गुणों के प्रशंसक थे। अपनी सहजता , साधु स्वभाव के कारण आज विदेशों में भी उनका समादर है।

**कबीर का समाज सुधारक एवं क्रांतिकारी स्वरूप** - कबीर भारतीय एवं परंपरा के एक ऐसे अद्धितीय संत है जिनका व्यक्तित्व समाज सुधारक और क्रांतिकारी दोनों रूपों में दिखाई देता है उन्होंने ऐसे समय में जन्म लिया जब भारतीय समाज जातिवाद, धार्मिक पाखण्ड, अंधविश्वास और सामाजिक विषमता से ग्रस्त था। कबीर ने अपनी रचनाओं के माध्यम से समाज में फैली कुरीतियों का तीव्र विरोध किया। कबीर ने स्त्री-पुरूष, अमीर-गरीब, ऊँच-नीच सबकों एक समान माना और भेद-भाव का विरोध किया। नारी सम्मान की वकालत करते हुए उन्होंने नारी को केवल भोग्या नहीं बल्कि जीवन की जन्मदात्री और साथी माना।

कबीर ने निडर होकर दोनों धर्मों के ठेकेदारों की अलोचना की। उन्होंने मूर्तिपूजा, तीर्थयात्रा, रोजा-नमाज, वेद पुराण आदि की सार्थकता पर प्रश्न उठाया। कबीर बिना किसी भय के समाज की गहरी बुराईयों पर चोट करते रहे:-

**'साधु ऐसा चाहिए, जैसा सूप सुभाय।**
**सार-सार को गहि रहे, थोथा देई उड़ाय।'**

मूर्ति पूजा का खुलकर विरोध करते हुए कबीर कहते हैं -

**'पाथर पूजे हरि मिले, तो मैं पूंजू पहार**
**घर की चाकी कोई न पूजे, जा को पीसे संसार।'**

तीर्थ यात्रा के संबंध में कबीर कहते हैं :-

**'तीर्थ गए तो क्या भया, मन न बदला आप।**
**मन ही मन को मारिये, यह तीरथ सबसे आप।'**

रोजा नमाज के संबंध में कबीर कहते हैं -

**'हरि को भजे सो हरि का होई, मुसलमान का करे निवाज।**
**दिल भीतर का जो न सांचे, ताको झूठी रोजा नमाज।'**

वेद पुराण की सार्थकता पर प्रश्न करते हुए कबीर कहते हैं -

**'पोथी पढ़ि पढ़ि जग मुआ, पंडित भया न कोई।**
**ढाई आखर प्रेम का पढ़े सो पंडित होए।'**

मानव धर्म के पक्ष में उन्होंने ईश्वर को मंदिर-मस्जिद में न मानकर हर जीव में देखा हैं -

**'माटी एक धरती सबका, एकैं ही है देह।**
**कह कबीर सुनो भाई साधौं, राम बसे सब मेह।'**

कबीर का कवि स्वरूप और समाज सुधारक चरित्र जुड़कर उनका क्रांतिकारी व्यक्तित्व बनाते हैं। उन्होंने अपने उग्र और व्यंग्यपूर्ण दोहों से भ्रष्ट सामाजिक मूल्यों पर चोट की। इसलिए कई विद्धानों ने उन्हें निर्विवाद रूप से समाज सुधारक माना है। कबीर की कविताओं में कटु व्यंग्य और विद्रोह का स्वर है। उन्होंने उन अनैतिक रीति रिवाजों को तोड़ा जो समाज में बुरी प्रथाएं बन चुके थे।

**कबीर की विचारों की प्रासंगिकता** - कबीर केवल एक संत नहीं थे वे एक सामाजिक क्रांति के अग्रदूत थे। उन्होंने मानवता प्रेम, समानता और सत्य के आधार पर समाज को नया दृष्टिकोण दिया। कबीर के विचार आज भी प्रसांगिक है, क्योंकि आधुनिक समाज में भी जातिवाद, साम्प्रदायिकता और पाखण्ड फैले हुए है वर्तमान युग में उनके दोहो को लेकर अलग-अलग चर्चा होती है क्योंकि उनकी सीधी और साहसी भाषा सतत सत्ता और सामाजिक बुराईयों पर प्रश्न खड़ा करती है। आज जहां राजनीति में साम्प्रदायिकता बढ़ रही है और समाज में नये-पुराने भेद दिखते हैं, वहीं कबीर के उपदेश शांति, मानवता और एकता का मार्ग दिखाते है। कबीर कहते हैं-

**'साधो, देखो जग बौराना...**
**हिंदु कहत है राम हमारा, मुसलमान रहमाना.....**
**आपस में दऊ लड़े मरत है मरम कोई नाहिं जाना।'**

उनका यह दोहा आज के साम्प्रदायिक दंगों पर चोट करता है और बताता है कि दोनों धर्म सत्य से दूर झूठे नामों के बहाने एक-दूसरे से लड़ते है। उनकी विचारधारा को वर्तमान लेखकों एवं शिक्षाविदों ने भी स्वीकार किया है। आधुनिक भारत के सामाजिक आंदोलन में कबीर के विचार प्रेरणा देते हैं कि जाति-धर्म भेद और पाखण्ड को त्यागकर मानवता धर्म अपनाना चाहिए।

**निष्कर्ष** - मध्यकालीन समाज के कट्टर विभाजन और पाखण्ड के बीच कबीरदास ने सभ्यता बदलने वाली बात कही है। उनकी वाणी में जाति-धर्म के आधार पर बनाए गए भेद-भाव को खुलकर चुनौती दी है। समाज में व्याप्त अंधविश्वासों और दिखावों को सबके सामने लाकर उखाड़ फेकने का कार्य किया हैं। परिणामस्वरूप कबीर को केवल कवि ही नहीं, समाजसुधारक और क्रांतिकारी विचारक भी माना गया। आज भी उनकी रचनाओं में प्रेरणा के स्त्रोत हैं जो हमें मानव धर्म की याद दिलाते हैं। कबीर की जाति-वादी व्यवस्था के विरोधी विचारों ने बाद में दलित आंदोलन को प्रेरित किया। डॉ. धर्मवीर भारती समेत कई आधुनिक दलित विचारकों ने कबीर को अपना मार्गदर्शक माना है। कबीर की वाणी ने ही दलितों में आत्मसम्मान और संघर्ष की चेतना भरी। उन्होंने धर्म, सम्प्रदायिकता के सीमित बंधनों से ऊपर उठकर सर्वधर्म समभाव का संदेश दिया। इतिहासकार हरवंश मुखिया के अनुसार कबीर ने 'प्रतिद्वंदी ईश्वर की अवधारणा को छोड़कर एक सार्वभौमिक ईश्वर की परिकल्पना दी।'

**संदर्भ ग्रंथ सूची:-**

1. www.ebooks.inflibnet.ac.in
2. www.thewirehindi.com

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LI (51), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# भारत में लैंगिक समानता में डॉ. भीमराव अबेंडकर के योगदान का विश्लेषणात्मक अध्ययन

**विजया लक्ष्मी जोशी***

* सहायक प्राध्यापक, शासकीय विधि महाविद्यालय, शाजापुर (म.प्र.) भारत

प्रस्तुत शोध आलेख में लैंगिक समानता को परिभाषित कर डॉ. भीमराव अबेंडकर के भारत में लैंगिक समानता हेतु किए गए प्रयासों का संक्षिप्त वर्णन कर वर्तमान में भारत में लैंगिक समानता की यथार्थ स्थिति का विश्लेषणात्मक अध्ययन किया गया हैं। लैंगिक समानता को संयुक्त राष्ट्र संघ ने सतत् विकास हेतु पॉचवा लक्ष्य निर्धारित कर 2030 तक संपूर्ण विश्व में लैंगिक समानता लाने हेतु समस्त विश्व को प्रतिबद्ध किया है। डॉ. भीमराव अंबेडकर एक न्यायविद, समाज सुधारक, संविधान निर्माता, राजनेता होने के साथ साथ महिलाओं के पुरूषों के समान अधिकारों के कट्टर सर्मथक भी थे। 1927 में उन्होने महिलाओं की एक सभा को संबोधित करते हुए कहा – **'मैं किसी समुदाय की प्रगति को महिलाओं द्वारा हासिल की गई प्रगति की डिग्री से मापता हूं।'**

डॉ. भीमराव अबेंडकर ने 1936 में जोगिनी एवं देवदासी प्रथा की आड़ में महिलाओं के यौन षोषण को रोकने हेतु इन प्रथाओं को बंद करने हेतु आवाज उठाई। उन्होंनें भारत में सर्वप्रथम **Mines Maternity Benefit Act** के अधीन खान में कार्य करने वाली महिला श्रमिकों को पुरूष श्रमिकों के समान वेतन एवं प्रसूति अवकाश का प्रावधान कर लैंगिक समानता में अपना अनूठा योगदान दिया। हिंदू कोड बिल भारत में लैंगिक समानता में डॉ. भीमराव अबेंडकर जी का सबसे महत्वपूर्ण योगदान हैं, इसके अधीन उन्होंने एकल विवाह, महिलाओं को पुरूषों के समान तलाक, दत्तक, संपति में अधिकार हेतु उपबंध कर भारतीय समाज में महिलाओं की स्थिति को सुधारने का प्रयास किया। उन्होनें 'यूनिवर्सल एडल्ट मताधिकार' लागू कर भारतीय महिलाओं को मतदान का अधिकार दिलाया, उनके प्रभाव के कारण समान वेतन अधिनियम 1976, दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961 पारित हुए। संविधान की प्रारूप समिति के अध्यक्ष के रूप में कार्य करते हुए उन्होंनें भारतीय संविधान में महिलाओं के प्रति भेदभाव को समाप्त करने एवं उन्हें विशेषाधिकार दिलानें हेतु विभिन्न अनुच्छेदों जैसे– अनुच्छेद 14, 15(1), 15(3), 16(1), 23, 39, 42, 46, 51–क(ड़), 243घ(3), 243न(3) में उपबंध कर भारत में लैंगिक समानता में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई हैं। इसके अतिरिक्त उन्होंने **'मूक नायक'** एवं **'बहिष्कृत भारत'** जैसे समाचार पत्रों की स्थापना कर तत्कालीन भारत में व्यापत महिला विरोधी कुप्रथाओं के खिलाफ इन समाचार पत्रों में लेख लिखकर इन कुप्रथाओं को बंद करने में अपनी महती भूमिका निभाई।

**शब्द कुंजी –** लैंगिक समानता, भारत में लैंगिक समानता में डॉ. भीमराव अबेंडकर का योगदान, वर्तमान भारत में लैंगिक समानता की वास्तविक स्थिति, विश्लेषणात्मक अध्ययन ।

**लैंगिक समानता का अर्थ –** लैंगिक समानता को विभिन्न अंतराष्ट्रीय संगठनों द्वारा निम्न प्रकार परिभाषित किया गया हैं–

**संयुक्त राष्ट्र महिला के अनुसार –** लैंगिक समानता का अर्थ महिलाओं और पुरूषों, बालक और बालिकाओं को समान अधिकार, उत्तरदायित्व और अवसर प्राप्त होना हैं।

**यूनिसेफ के अनुसार –** लैंगिक समानता का अर्थ हैं कि महिलाओं और पुरूषों, लड़कियों और लड़कों को समान अधिकारों और स्वतंत्रताओं, संसाधनों, अवसरों और सुरक्षा का आनंद प्राप्त हो।

लैंगिक समानता का अर्थ यह नहीं हैं कि महिलाएँ और पुरूष एक ही तरह के हो जाएगे। बल्कि यह इस बात पर जोर देता है कि पुरूषों और महिलाओं के अधिकार, जिम्मेदारियाँ और अवसर उनके लिंग पर आधारित नहीं होगें। अर्थात लैंगिक समानता का तात्पर्य यह हैं कि स्त्री–पुरूष में लिंग के आधार पर कोई भेदभाव नहीं होना चाहिए।

जिस प्रकार किसी तराजू में दोनों तरफ बराबर भार रखने पर वह संतुलित होता है, ठीक उसी तरह किसी भी समाज व राष्ट्र में संतुलन बनाने के लिए वहाँ पुरूषों एवम् स्त्रियों के मध्य समानता होना आवश्यक हैं। लैंगिक समानता का प्राथमिक उद्देश्य एक ऐसा समाज हैं जिसमें महिलाओं और पुरूषों को जीवन के सभी चरणों में समान अवसर, निष्पक्षता और दायित्वों का आनंद मिलता है। वे तभी समान है यदि उनके पास समान अवसर, वित्तीय स्वतंत्रता, शिक्षा तक समान पहुँच, नौकरी, व्यवसाय और व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं, रूचियों, प्रतिभाओं को विकसित करने के समान अवसर है। लैंगिक समानता को एक मौलिक मानवाधिकार एवं सतत् विकास के लिए एक पूर्ववर्ती शर्त एवं संकेतक के रूप में माना जाता है। सितंबर 2015 में संयुक्त राष्ट्र महासभा की उच्च स्तरीय बैठक में एजेंडा 2030 के अधीन 17 सतत् विकास लक्ष्यों में लैंगिक समानता को पाँचवा लक्ष्य निर्धारित किया गया, जिससे यह स्पष्ट होता है कि समाज के विकास के लिए लैंगिक

समानता अत्यंत आवश्यक है चाहे वह सामाजिक क्षेत्र में हो या राजनीतिक, आर्थिक, वैज्ञानिक, चिकित्सा, खेल के क्षेत्र में।

**भारत में लैंगिक समानता में डॉ. भीमराव अंबेडकर का योगदान –** प्राचीन भारतीय रूढ़िवादी एवं पितृसत्तात्मक समाज में अनेक कुप्रथाए जैसे– सति प्रथा, बालविवाह, बहुविवाह, दहेज प्रथा, देवदासी प्रथा, आदि व्याप्त थी, इसके अतिरिक्त भारतीय स्त्रियों को शिक्षा का अधिकार, पिता एवं पति की सम्पति में उत्तराधिकार का अधिकार, मतदान का अधिकार, पुरूषों के समान तलाक का अधिकार, किसी बालक को गोद लेने का अधिकार नहीं था। नौकरीपेशा स्त्रियों को अपने समान कार्य करने वाले पुरूष श्रमिकों के समान न तो वेतन मिलता था, ना ही उन्हें प्रसूति अवकाश की सुविधा उपलब्ध थी एवं उनकी कार्य की दशाएँ उनकी शारीरिक क्षमता के अनुकूल न होकर अमानवीय थी। इस प्रकार तत्कालीन भारत में स्त्रियों की दशा अत्यंत दयनीय एवं पाश्विक थी, वह केवल उपभोग का साधन मात्र थी। अत: तत्कालीन भारतीय समाज में लैंगिक समानता नाममात्र भी विद्यमान नहीं थी। डॉ. भीमराव अंबेडकर तत्कालीन भारत में महिलाओं की इस दयनीय स्थिति से बेहद आहत थें, उन्होंने समाज सुधारक, राजनेता, विधिमंत्री एवं भारतीय संविधान निर्माता के रूप में कार्य करते हुए महिलाओं की स्थिति को सुधारने के लिए, कानूनी तौर पर उन्हें विभिन्न अधिकार प्रदान कर सशक्त करने में एवं अनेक महिला विरोधी कुप्रथाओं का दमन करने में अहम भूमिका निभाकर भारत में लैंगिक समानता लानें में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया जिसे निम्नांकित बिंदुओं की सहायता से समझा जा सकता है–

- डॉ. भीमराव अंबेडकर ने अपने समाचार पत्रों **'मूकनायक'** और **'बहिष्कृत भारत'** में महिला उत्पीड़न एवं अन्य महिला केन्द्रित मुद्दों पर विस्तार से लिखकर भारतीय जनता एवं महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जाग्रत किया। 'मूकनायक' तथा 'बहिष्कृत भारत' ने भारतीय समाज में व्याप्त लैंगिक असमानता के विरूद्ध आवाज उठाने के कारण काफी प्रसिद्धि पाई। उन्होंने अपने द्वारा लिखे गए ग्रंथों **'The women and the counter revolution', 'The rise and fall of hindu women'** में भारतीय समाज में स्त्रियों की दयनीय स्थिति को यथार्थ रूप से चित्रित किया जो उनकी लैंगिक समानता के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण को दर्शाता हैं।
- उनके विचारों से प्रभावित होकर स्त्रियों ने उनके साथ अनेक आंदोलनों जैसे– **महाड़ सत्याग्रह कालाराम मंदिर सत्याग्रह**, में बहुत बड़ी संख्या में भाग लिया। कालाराम मंदिर सत्याग्रह जो कि 1930 में नासीक में हुआ था, उसमें 500 महिलाओं ने अपनी गिरफ्तारी दी। 1928 में उनसे प्रभावित होकर महिलाओं ने उनकी धर्मपत्नी श्रीमती रमाबाई की अध्यक्षता में 'वुमन एसोसिएशन' की नींव रखी, 1940 में उनसे प्रभावित होकर महिलाओं को राजनीतिक रूप से संगठित करने के लिए 'All India Depressed Classes Mahila Federation' का गठन किया गया। उनसे प्रेरित होकर तुलसीबाई नामक महिला ने 'चोखा मेला' नामक समाचार पत्र शुरू किया तथा डेविड नामक व्यक्ति जो एक वैश्यागृह का दलाल था उसने वह निकृष्ट कार्य छोड़ दिया (Singariya, 2014, p.3)। उन्होनें बालविवाह, देवदासी, जोगिनी जैसी कुप्रथाओं का पुरजोर विरोध किया।
- उन्होंने बॉम्बे विधान परिषद के सदस्य के रूप में कार्य करते हुए Maternity Benefit Bill को पुर:स्थापित किया तत्पष्चात श्रममंत्री के रूप में कार्य करते हुए उन्होंने पूरे देश के लिए **'Mines Maternity Benefit Act'** पारित कराकर सर्वप्रथम भारत में खानों में कार्य करने वाली महिला श्रमिकों को प्रसूति अवकाश एवं उन्हें पुरूष श्रमिकों के समान वेतन का अधिकार प्रदान किया। वायसराय की कार्यकारी परिषद के श्रम सदस्य रहते हुए उन्होंने महिला श्रमिकों के लिए हितकारी प्रावधान जैसे– महिला श्रमिकों का खतरनाक कार्यों के लिए नियोजन का प्रतिषेध, उनके काम के घण्टें कम करना इत्यादि किए। बाद में उन्हीं की प्रेरणा से समान वेतन अधिनियम 1976, वुमन लेबर प्रोटेक्शन एक्ट आदि पारित किए गए जो भारत में लैंगिक समानता हासिल करने में महत्वपूर्ण कारक साबित हुए।
- उन्होंने **'यूनिवर्सल एडल्ट मताधिकार'** संविधान के द्वारा लागू कर भारतीय महिलाओं को सर्वप्रथम मतदान का अधिकार दिलाया। आजादी के पहले केवल 13 प्रतिशत भारतीय नागरिकों को मतदान देने का अधिकार था, तब भी उन्होंने 1928 में साइमन कमीशन के समक्ष सार्वभौमिक व्यस्क मताधिकार की मांग रखी।
- स्वतंत्र भारत के प्रथम विधि मंत्री के रूप में कार्य करते हुए भारत में लैंगिक समानता लाने में उनका सबसे बड़ा योगदान **'हिन्दू कोड बिल'** था। डॉ. भीमराव अंबेडकर ने भारतीय हिन्दू समाज में स्त्रियों की दशा सुधारने एवं उन्हें पुरूषों के समान अधिकार प्रदान करने वाला हिन्दू कोड बिल 1951 में संसद में पेश किया। हिन्दू कोड बिल के मुख्यत: दो उद्देश्य थे– पहला महिलाओं की स्थिति में सुधार करना, दूसरा भारतीय हिन्दू समाज में व्याप्त लैंगिक असमानता को समाप्त करना। तत्कालीन हिन्दू समाज में पुरूषों को बहुविवाह करने की स्वतंत्रता थी, स्त्रियों को न तो शिक्षा का अधिकार और ना ही पिता एवं पति की सम्पति में कोई उत्तराधिकार प्राप्त होता था, वे अंतरजातीय विवाह नहीं कर सकती थी, उन्हें किसी बालक को गोद लेने का अधिकार नहीं था। हिन्दू कोड बिल में डॉ. भीमराव अंबेडकर ने स्त्रियों की पाश्विक दशा को सुधारने के लिए निम्नलिखित उपबंध किए–

1. हिन्दू कोड बिल में हिन्दू पति एवं पत्नी को तलाक के समान अधिकार के साथ–साथ स्त्रियों को अपने पति से तलाक लेने के लिए अतिरिक्त आधार दिए गए। ( धारा 13 हिंदू विवाह अधिनियम )
2. इसमें हिंदू पुरूषों द्वारा बहुविवाह पर प्रतिबंध लगा कर एकल विवाह के नियम को उपबंधित किया गया। (धारा 5, 17 हिंदू विवाह अधिनियम )
3. इसमें स्त्रियों के विवाह की उम्र 15 वर्ष से बढाकर 18 वर्ष करने का प्रावधान किया गया। (धारा 5 हिंदू विवाह अधिनियम )
4. इसमें हिंदू पत्नियों को अपने पति से भरण–पोषण का अधिकार प्रदान किया गया यहाँ तक कि वे अपने पति से तलाक के बाद भी एवं बिना तलाक के उचित कारण से अपने पति से अलग रहते हुए भी भरण–पोषण प्राप्त कर सकती थी।
5. इसके द्वारा भारत में सर्वप्रथम हिंदू पत्नियों को पतियों के समान दाम्पत्य अधिकारों की पुर्नस्थापना एवं न्यायिक पृथ्थकरण का अधिकार प्रस्तावित किया गया। (धारा 9, 10 हिंदू विवाह अधिनियम)
6. इसके द्वारा हिन्दू स्त्रियों को सम्पति का अधिकार एवं उन्हें अपने पिता तथा पति की संपति में उनकी मृत्यु के उपरांत उत्तराधिकार का अधिकार प्रदान किया गया।
7. इसके द्वारा अंतरजातीय विवाह को सर्वप्रथम मान्यता प्रदान की गई।
8. इसमें हिंदू स्त्रियों को पुरूषों के समान किसी भी जाति के बालक को गोद लेने का अधिकार तथा विधवा महिलाओं को दत्तक लेने का

अधिकार प्रदान किया गया।

किन्तु दुर्भाग्य से यह बिल पास न होने के कारण अंबेडकर जी ने अपने विधि मंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया। इतना बड़ा कदम भारत में लैंगिक समानता लाने की उनकी प्रबल ईच्छाषक्ति को दर्शाता है। तत्पष्चात तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री जवाहर लाल नेहरू ने हिंदू कोड बिल को चार भागों हिन्दू विवाह अधिनियम 1955, हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम 1956, हिन्दू दत्तक ग्रहण एवं भरण पोषण अधिनियम 1956, हिन्दू अवयस्कता एवं संरक्षकता अधिनियम 1956 में बाँटकर पारित किया। हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम 1956 की धारा 14 एक हिन्दू स्त्री को अपनी संपति की पूर्ण स्वामिनी घोषित करती है इससे पूर्व उन्हें अपने जीवन पर्यन्त तक संपति के केवल कब्जे एवं उपभोग का अधिकार था वे उसे अपनी ईच्छानुसार व्ययन नहीं कर सकती थी उनकी मृत्यु के बाद वह संपति उसके पति के वारिसों में चली जाती थी जो उसके पूर्ण स्वामी कहलाते थें। हिन्दू अवयस्कता एवं संरक्षकता अधिनियम 1956 की धारा 6क हिन्दू स्त्री को अपने 5 वर्ष तक की आयु के बच्चें का प्राकृतिक संरक्षक घोषित करती हैं। हिन्दू दत्तक ग्रहण एवं भरण पोषण अधिनियम 1956 के अधीन एक अविवाहित स्त्री तथा एक विवाहित स्त्री को अपनी ओर से किसी बालक को गोद लेने का अधिकार प्रदान किया गया है।

- संविधान की प्रारूप समीति के अध्यक्ष के रूप में उन्होने भारतीय महिलाओं को पुरूषों के समान स्थिति मे लाने के लिए उनके प्रति होने वाले भेदभाव को मिटाने एवम् उन्हें सशक्त करने हेतु उन्हें विशेषाधिकार प्रदान कर लैंगीक समानता लाने मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाई भारतीय संविधान के निम्नलिखित उपबंध इसका जीवंत साक्ष्य है–

1. अनुच्छेद 14 में भारत के राज्यक्षेत्र में सभी व्यक्तियों को विधि के समक्ष समता एवं विधियों के समान संरक्षण का अधिकार प्रदान किया गया हैं।
2. अनुच्छेद 15(1) में केवल लिंग के आधार पर किसी नागरिक के साथ भेदभाव को प्रतिषेध किया गया हैं।
3. अनुच्छेद 15(3) राज्य को केवल महिलाओं के लिए विशेष उपबंध करने की शक्ति देता हैं।
4. अनुच्छेद 16 राज्य के अधीन किसी नियोजन या पद के संबंध में केवल लिंग के आधार पर किसी नागरिक को अयोग्य ठहराए जाने एवं उसके साथ भेदभाव किए जाने का प्रतिषेध करता हैं।
5. अनुच्छेद 21 में प्राण एवं दैहिक स्वतंत्रता के अधिकार के अधीन महिलाओं को यौन शोषण के विरूद्ध संरक्षण का अधिकार, कामकाजी महिलाओं को कार्यस्थल पर यौन शोषण के विरूद्ध संरक्षण का अधिकार, बलात्कार एवं यौन शोषण से पीड़ित महिला को प्रतिकर का अधिकार, महिलाओं की अपनी ईच्छा से विवाह करने एवं संतान उत्पन्न करने का अधिकार जैसे कई अधिकार प्रदान किए गए हैं।
6. अनुच्छेद 21क 6 से 14 वर्ष तक की आयु के बालकों जिसमें लड़कियॉ भी शामिल है, मुफ्त एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार प्रदान करता हैं।
7. अनुच्छेद 23 मानव दुर्व्यापार को प्रतिबंधित करता है जिसमें महिलाओं की खरीद–फरोख्त, उनका अनैतिक व्यापार, वैश्यावृति आदि शामिल हैं।
8. अनुच्छेद 39(क) पुरूष और स्त्री नागरिकों को समान रूप से जीविका के पर्याप्त साधन प्राप्त कराने का, अनुच्छेद 39 (घ) पुरूष और स्त्रियों को समान कार्य के लिए समान वेतन का अधिकार सुनिश्चित कराने का राज्य को निर्देश देता हैं।
9. अनुच्छेद 39 (ड़) राज्य को यह निर्देश देता हैं कि वह यह सुनिश्चित करे कि स्त्री कर्मकारों के स्वास्थ्य एवं शक्ति का दुरूपयोग न हों।
10. अनुच्छेद 42 में राज्य को काम की न्यायसंगत एवं मानवोचित दशाओं को सुनिश्चित करने एवं महिला कर्मकारों हेतु प्रसूति सहायता का उपबंध करने का निर्देश दिया गया हैं।
11. अनुच्छेद 44 में राज्य को सभी नागरिकों के लिए एक समान सिविल संहिता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। यह संहिता विवाह, तलाक, उत्तराधिकार, भरण–पोषण जैसे व्यक्तिगत मामलों में सभी धर्म की महिलाओं हेतु समान अधिकार सुनिश्चित कर लैंगिक समानता को बढ़ावा देगी। संविधान सभा में जब बॉम्बे राज्य के सदस्य मीनू मसानी के द्वारा एक समान सिविल संहिता को संविधान मे शामिल करने का प्रस्ताव रखा गया तो डॉ. भीमराव अंबेडकर ने इसका समर्थन किया किन्तु बहुसंख्या में इसके विरोध के कारण इसे नीति निदेशक तत्वों में शामिल करना पड़ा।
12. संविधान के भाग 4क मूल कर्तव्य के अनुच्छेद 51क(ड़) में सभी भारतीय नागरिकों पर यह मूल कर्तव्य अधिरोपित किया गया हैं कि वे ऐसी प्रथाओं का त्याग करे जो स्त्रियों के सम्मान के विरूद्ध हो।
13. अनुच्छेद 243घ(3) में प्रत्येक पंचायत में प्रत्यक्ष निर्वाचन द्वारा भरे जाने वाले कुल स्थानों का कम से कम एक तिहाई स्थान स्त्रियों के लिए आरक्षित रखने का प्रावधान किया गया है।
14. अनुच्छेद 243घ(4) में ग्राम या किसी अन्य स्तर पर पंचायतों में अध्यक्षों के पद स्त्रियों हेतु आरक्षित रखने का उपबंध किया गया है।
15. अनुच्छेद 243न(3) में प्रत्येक नगरपालिका मे कम से कम एक तिहाई स्थान स्त्रियों हेतु आरक्षित रखने का एवं अनुच्छेद 243न(4) में नगरपालिकाओं में अध्यक्षों के पद स्त्रियों हेतु आरक्षित रखने का उपबंध किया गया है।
16. अनुच्छेद 325 में केवल लिंग के आधार पर निर्वाचक नामावली में सम्मिलित किए जाने हेतु किसी व्यक्ति को अयोग्य ठहराने का प्रतिषेध किया गया है।

इस प्रकार भारतीय संविधान में न केवल उन्होनें महिलाओं को समानता की गांरटी दी अपितु राज्य को महिलाओं के पक्ष में सकारात्मक भेदभाव करने की षक्ति देकर लैंगिक समानता को स्थापित करनें में अपनी महती भूमिका निभाई।

**निष्कर्ष एवं सुझाव –** निष्कर्षत: यह कहा जा सकता है कि भारत में लैंगिक समानता की नींव डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के द्वारा रखी गई थी, उन्हीं के पद चिन्हों पर चलते हुए तत्पश्चात् लैंगिक समानता को बढ़ावा देने हेतु अनेक अधिनियम जैसे– घरेलू हिंसा अधिनियम 2005, कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न(निवारण, प्रतिषेध, प्रतितोष) अधिनियम 2013, नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023, दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961, प्रसूति प्रसुविधा अधिनियम 1961, गर्भ का चिकित्सा समापन अधिनियम 1971, समान कार्य के लिए समान वेतन अधिनियम 1976 आदि पारित किए गए एवं महिलाओं के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाए जैसे– उज्ज्वला योजना, बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओ, वन स्टॉप सेन्टर, लाड़ली लक्ष्मी योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना षुरू की गई किन्तु फिर भी

हम डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के भारत में पूर्णत: लैंगिक समानता लाने के स्वपन को साकार करने में विफल रहे हैं वर्तमान में भी भारतीय स्त्री घरेलू हिंसा, भ्रूण हत्या, दहेज हत्या, बालविवाह, बलात्कार, कार्यस्थल पर असुरक्षा तथा यौन शोषण, भेदभाव का शिकार हो रही हैं। **जेंडर गेप रिपोर्ट 2023** के अनुसार भारत लैंगिक समानता के मामले में कुल 146 देशों में से **127वें** स्थान पर रहा। **World Inequality Report 2022** के अनुसार भारत में कुल श्रमिक आय में पुरूषों का हिस्सा **82%** जबकि महिलाओं का हिस्सा केवल **18%** हैं। ILO के अनुसार भारत में महिला कर्मचारी पुरूष कर्मचारियों कें मुकाबले 35% तक कम वेतन प्राप्त कर रही है। अंतर संसदीय संघ और संयुक्त राष्ट्र महिला की एक रिपोर्ट के अनुसार संसद में निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों की संख्या के मामलें में भारत 193 देशों के बीच 148वें स्थान पर था। इन विषम परिस्थितियों में लैंगिक समानता लाने के लिए हमारे भारतीय समाज की पितृसत्तात्मक सोच में बदलाव लाने, भारतीय समाज में महिलाओं के प्रति रूढ़िवादी दृष्टिकोण में परिवर्तन करने, लैंगिक समानता का समर्थन करने वाले कानूनों को कड़ाई से लागू करने एवं वर्तमान युवा पीढ़ी में लैंगिक समानता के प्रति जागरूकता पैदा करने की अत्यंत आवश्यकता हैं।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :–**

1. Drishti IAS (2022, August 20). भारत में महिलाओं की स्थिति. https://www.drishtiias.com/hindi/daily-news-editorials/status-of-women-in-India.
2. Datta, Runi (2019). Emancipating and Strengthening Indian Women: An Analysis Of B.R. Ambedkar's Contribution. *Contemporary Voice Of Dalit*, 11(1), 25-32.
3. Menndiratta M. & Pandey S. (2020). DR. B.R. AMBEDKAR AND WOMEN EMPOWERMENT IN MODERN INDIA. *Journal for law students and Researchers*, 1(4).
4. मिस्बाह (2023ए December 6). आजाद भारत में अंबेडकर ने रखी लैंगिक समानता की नींव. रविवार विचार. https://ravivarvichar.in/nazariya/b-r-ambedkar-feminism-indian-women-right-to-vote-divorce-property-rights-gender-equality-1779758.
5. पाण्डेय, डॉ. जय नारायण (2009). भारत का संविधान. इलाहाबाद. सेन्ट्रल लॉ एजेन्सी.
6. केसरी, डॉ. यू. पी. डी. (2019). हिन्दू विधि. सेन्ट्रल लॉ पब्लिकेशन्स.
7. NEXT IAS Content Team (2024, February 21). भारत में महिला सशक्तिकरण और लैंगिक समानता. https://www.nextias.com/blog.
8. Singariya, M.R. (2014). Dr. B.R. Ambedkar and women empowerment in India. *Quest Journals*, *Journal of Research in Humanities and Social Science*, 2(1), 1-4.

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LI (51), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# उच्च शिक्षण संस्थानों का आर्थिक विकास में योगदान मध्य प्रदेश के मालवा के आगर मालवा जिले एवं निमाड़ के खरगोन जिले के विशेष सन्दर्भ में

**डॉ. मितेश चौधरी* सपना सोनी****

* सह प्राध्यापक, महाराजा रणजीत सिंह कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल साइंसेज, इंदौर (म.प्र.) भारत
** शोधार्थी, स्कूल ऑफ कॉमर्स देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, तक्षशिला परिसर, इंदौर (म.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** मध्य प्रदेश का मालवा और निमाड़ क्षेत्र ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और सामाजिक दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं, जिनमें कृषि, उद्योग और शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर विकास हो रहा है। उच्च शिक्षण संस्थान इन क्षेत्रों में स्थानिय आर्थिक विकास के प्रमुख कारक बनकर उभरे हैं। इन संस्थानों का योगदान केवल शिक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह रोजगार सृजन, कौशल विकास, उद्यमिता को बढ़ावा देने और क्षेत्रीय बुनियादी ढांचे को सशक्त करने में भी अहम भूमिका निभाता है। इस शोध पत्र में, हम उच्च शिक्षण संस्थानों के इन क्षेत्रों में योगदान की गहराई से विवेचना करेंगे, विशेषकर उनके द्वारा उत्पन्न आर्थिक लाभ, सामाजिक परिवर्तन और स्थानीय उद्यमिता पर उनके प्रभाव को समझने की कोशिश करेंगे। प्राथमिक आंकड़ों के आधार पर, यह अध्ययन विभिन्न पहलुओं का गहन विश्लेषण प्रस्तुत करता है।

**शब्द कुंजी –** उच्च शिक्षा, आर्थिक विकास, शिक्षा की गुणवत्ता, विद्यार्थी, शिक्षण संस्थाए।

**प्रस्तावना –** भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व की उभरती हुई अर्थव्यवस्था है। भारत विश्व का सबसे युवा देश है यह गौरव भारत को सामाजिक, राजनैतिक, आर्थिक क्षेत्रों में भी प्राप्त हैं। आर्थिक विकास किसी अर्थव्यवस्था में आर्थिक वृद्धि की प्रक्रिया को दर्शाता है । इस प्रक्रिया का केन्द्रीय उद्देश्य अर्थव्यवस्था के लिए प्रति व्यक्ति वास्तविक आय का ऊंचा और बढ़ता हुआ स्तर प्राप्त करना होता है। किसी देश के विकास के लिए मानवीय संसाधनों का विकास करना आवश्यक होता हैं। मानवीय संसाधनों के विकास की दृष्टि से उच्च शिक्षा का महत्वपूर्ण स्थान हैं। उच्च शिक्षा सामाजिक, राजनैतिक और आर्थिक परिवर्तन का एक शक्तिशाली माध्यम हैं। उच्च शिक्षा देश के आर्थिक विकास के जरिये आम जनता के जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाने में योगदान देती हैं। एक शक्तिशाली समाज तथा एक समर्थ व जीवंत अर्थव्यवस्था के निर्माण करने की दृष्टि से शिक्षा के व्यापक उद्देश्य और भूमिका को दरकिनार कर सरकार ने शिक्षा व्यवस्था को बाजार शक्तियों के भरोसे छोड़ दिया हैं। इन नीतियों के फलस्वरुप देश में उपाधि प्राप्त बेरोजगारी की फौज खड़ी हो गई है, जो चिंताजनक हैं। किसी भी समाज अथवा राज्य की शिक्षा उसकी आर्थिक स्थिति पर निर्भर करती हैं। शिक्षा के द्वारा सामाजिक, आर्थिक विकास होता हैं। शिक्षा सामाजिक, राजनैतिक व आर्थिक वातावरण तैयार करती है जिससे राष्ट्रीय विकास होता हैं।

1. **मध्यप्रदेश –** म.प्र. भारत का एक राज्य हैं जिसकी राजधानी भोपाल हैं। म.प्र. 1 नवंबर 2000 तक क्षेत्रठल की दृष्टि से भारत का सबसे बड़ा राज्य था, इस दिन मध्य प्रदेश राज्य से 14 जिले अलग कर छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना हुई। 2011 की जनगणना के अनुसार म.प्र. की साक्षरता 70.60% थी जसमें पुरुष साक्षरता 80.5% व महिला साक्षरता 60.0% थी। वर्ष 2017 के आकड़ों के मुताबिक राज्य में 114,418 प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय और 3851 उच्च विद्यालय व 4765 उच्चतर माध्यमिक विद्यालय है।

2. **मालवा –** मालवा महाकवि कालिदास की धारती हैं यहां की धारती हरी – भरी धन धान्य से भरपूर रही हैं। मालवा ज्वालामुखी के उदगार से बना पश्चिमी भारत का एक अंचल हैं । पश्चिमी भाग तथा राजस्थान के दक्षिण पूर्वी भाग से गठित यह क्षेत्र प्राचिन काल से ही एक स्वतंत्र राजनैतिक इकाई रहा हैं। मालवा के अधिकांश भाग का गठन जिस पठार के द्वारा हुआ हैं उसका नाम भी इसी अंचल के नाम से मालवा का पठार हैं यह वर्तमान में लगभग 47760 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फेला हुआ हैं तथा इसके अंतर्गत धार, झाबुआ, रतलाम, देवास, इंदौर, उज्जैन, आगर, मंदसौर, सिहौर, रायसेन, राजगढ़ तथा विदिशा आदि जिले आते हैं।

3. **निमाड़ –** निमाड़ मध्य प्रदेश के पश्चिमी ओर स्थित है। इसकी भौगोलिक सीमाओं में निमाड़ के एक तरफ विन्ध्य पर्वत और दूसरी तरफ सतपुड़ा हैं, जब कि मध्य में नर्मदा नदी है। पौराणिक काल में निमाड़ अनूप जनपद कहलाता था। बाद में इसे निमाड़ की संज्ञा दी गयी। फिर इसे पूर्वी और पश्चिमी निमाड़ के रूप में जाना जाने लगा। निमाड़ का जिले के रूप में गठन ब्रिटिशराज में नेरबुव डिवीजन में हुआ था जिस का प्रशासनिक मुख्यालय खण्डवा में था। निमाड़ अंचल में निम्न जिले आते है–बड़वानी, बुरहानपुर, खंडवा, खरगोन। निमाड़ क्षेत्र में निम्न शहर आते है –बड़वाह, बड़वानी, बुरहानपुर, हरसूद, खंडवा,खरगोन, जूलवानिय, बमनाला, भीकनगावं, मूँदी, सनावद ।

**साहित्य का पुनरावलोकन**

इस अध्ययन ने शिक्षा संस्थानों की भूमिका, गुणवत्ता, और प्रभाव को मापने के लिए मूल्यांकन मापकों का उपयोग किया है। विशेष रूप से, उच्चतर

शिक्षा संस्थानों के छात्रों की उपयोगिता और तकनीकी क्षमताओं के प्रतिपादन की गुणवत्ता पर विचार किया गया सुधार करने के लिए अवसर प्रदान कर सकती है। इस अध्ययन ने उच्चतर शिक्षा संस्थानों के विभिन्न स्तरों के विद्यार्थियों के लिए रोजगार के अवसरों और आयोग्यता में सुधार के प्रत्येक पहलु को भी उजागर किया है। इस अध्ययन के परिणामों की समीक्षा भारतीय सरकार, शिक्षा नियामक निकायों, और शिक्षा प्रशासनिक निकायों को उच्चतर शिक्षा के क्षेत्र में नीतियों और कार्यक्रमों की समीक्षा और सुधार करने के लिए अवसर प्रदान कर सकती है। इस अध्ययन के माध्यम से उच्चतर शिक्षा संस्थानों के भारतीय अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण और आवश्यक स्थान पर विचार किया जाना चाहिए और इसे समर्पित करने के लिए उच्चतर शिक्षा सेक्टर में सुधारों के लिए नीतियों और योजनाओं की विकास की जरूरत होती है **(आर. एस., 2010)**।

'यह शोध उच्चतर शिक्षा संस्थानों के आर्थिक विकास की भूमिका पर ध्यान केंद्रित करता है। इस अध्ययन में सृजनात्मक तत्वों का उपयोग किया गया है जो शिक्षा संस्थानों के आर्थिक विकास को समझने में मदद करते हैं। यह अध्ययन उच्चतर शिक्षा के क्षेत्र में नए विचारों और दिशा निर्देशों को प्रस्तुत करने का प्रयास करता है जो संस्थानों को उनके आर्थिक विकास की सुगमता में सुधार करने में मदद कर सकते हैं। अध्ययन में सृजनात्मक तत्वों का प्रयोग किया गया है जो शिक्षा संस्थानों के आर्थिक विकास को समझने में मदद करते हैं। यह अध्ययन उच्चतर शिक्षा क्षेत्र में नई सोच, नई दिशानिर्देश और उद्देश्यों को प्रस्तुत करने का प्रयास करता है, जो संस्थानों के आर्थिक विकास की सुविधा में सुधार करने में सहायक सिद्ध हो सकते हैं। यह अध्ययन उच्चतर शिक्षा संस्थानों और उनके विभिन्न हिस्सों के लिए महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करता है, जिससे उन्हें अपने आर्थिक विकास को बेहतर बनाने के लिए उपाय निर्धारित करने में मदद मिल सकती है **गुप्ता, 2012**।

इस अध्ययन में उच्चतर शिक्षा संस्थानों की आर्थिक विकास में भूमिका के परिदृश्य को भारतीय संदर्भ में जांचा गया है। यह शोधपत्र भारतीय शिक्षा प्रणाली के आर्थिक मापदंडों, वित्तीय संसाधनों, सरकारी नीतियों और संगठनात्मक ढांचे का विश्लेषण करता है। इसका उद्देश्य है, उच्चतर शिक्षा संस्थानों के आर्थिक विकास की समझ बढ़ाना और उनके लिए आवश्यक नीतिगत सुझाव प्रदान करना। इस अध्ययन का अवलोकन भारत में उच्चतर शिक्षा के क्षेत्र में नीतियों और योजनाओं के लिए महत्वपूर्ण ज्ञान को प्रदान करने की संभावना प्रदान करता है **यादव, और गोयल, 2014**।

**शोध की परिकल्पना**

**$H_0$(1):** उच्च शिक्षण संस्थाएं मध्य प्रदेश के आर्थिक विकास में महती भूमिका नही निभा रही हैं।

**H(1):** उच्च शिक्षण संस्थाएं मध्य प्रदेश के आर्थिक विकास में महती भूमिका निभा रही हैं।

**शोध के उद्देश्य :**

1. उच्च शिक्षण संस्थाए किस प्रकार मध्य प्रदेश के आर्थिक विकास में भूमिका निभाती हैं व किस प्रकार उसे प्रभावित करती हैं।

**'शोध कार्य के अंतर्गत शोध हेतु, शोध क्षेत्र के रूप में 'मालवा एवं निमाड़' के निम्न जिलों व उनकी शासकीय शिक्षण संस्थाओं को लिया गया जिनका वर्णन निम्नानुसार है'**

| मालवा | निमाड़ |
|---|---|
| आगर मालवा जिला | खरगोन जिला |

शोध कार्य हेतु आगर मालवा जिले के निम्न शासकीय महाविद्यालयों को शोध क्षेत्र के रूप में लिया गया :-

**तालिका क्रमांक 1: शोध कार्य हेतु चुने गए आगर मालवा जिले के शासकीय महाविद्यालय**

| क्र. | महाविद्यालय का नाम | स्थान | जिला |
|---|---|---|---|
| 1. | नेहरू स्नात्कोत्तर शासकीय महाविद्यालय | आगर मालवा | आगर मालवा |
| 2. | शासकीय महाविद्यालय | बडोद | आगर मालवा |
| 3. | शासकीय महाविद्यालय | नलखेड़ा | आगर मालवा |

शोध कार्य हेतु खरगोन जिले के निम्न शासकीय महाविद्यालयों को शोध क्षेत्र के रूप में लिया गया -

**तालिका क्रमांक 2: शोध कार्य हेतु चुने गए खरगोन जिले के शासकीय महाविद्यालय**

| क्र. | महाविद्यालय का नाम | स्थान | जिला |
|---|---|---|---|
| 1 | शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय | खरगोन | खरगोन |
| 2 | शासकीय महाविद्यालय | मंडलेश्वर | खरगोन |
| 3 | शासकीय महाविद्यालय | सनावद | खरगोन |
| 4 | शासकीय महाविद्यालय | सनावद | खरगोन |

**समंको का संकलन**

शोध अध्ययन के लिए प्राथमिक समंको का एकत्रीकरण, साक्षात्कार व् सामाजिक माध्यम के द्वारा ऑनलाइन, प्रश्नावली भरवाकर किया गया। उपरोक्त जिलों के अंतर्गत आने वाले शासकीय महाविद्यालयो से 500 उत्तरदाताओं में से 480 उत्तरदाताओं से प्राप्त प्रतिउत्तर का चयन किया गया। अन्य प्राप्त प्रतिउत्तर अधूरे व् संतुष्टि जनक नहीं होने के कारण अस्वीकार कर दिए गए।

**फैक्टर विश्लेषण- विश्लेषणात्मक**

वर्तमान शोध अध्ययन मालवा-निमाड़ क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली उच्च शिक्षण संस्थाएं जो उच्च शिक्षा प्रदान करती हैं, को केन्द्रित करते हुए प्राथमिक समंकों के आधार पर निष्कर्ष ज्ञात किये गये जिन्हे सत्यापित करने के लिए विभिन्न पहलूओं का अध्ययन किया तथा परिकल्पनाओं का निम्नानुसार सत्यापन किया गया है

सर्वप्रथम प्रश्नावली में 40 प्रश्नों को लिकर्ट तालिका के माध्यम से SPSS-26.0 सॉफ्टवेयर में अध्ययन हेतु रखा गया। इसके अंतर्गत चर विश्लेषण के माध्यम से कुछ महत्वपूर्ण कारकों का फेक्टर लोडिंग के आधार पर मान ज्ञात किया गया। ऐसे कौन से कारक महत्वपूर्ण हैं जो मध्य प्रदेश के आर्थिक विकास में उच्च शिक्षण संस्थानों की महती भूमिका का अध्ययन प्रस्तुत करने में समक्ष हैं। KMO o Bartlett's टेस्ट का प्रयोग करने का उद्देश्य यह ज्ञात करना होता है कि शोध अध्ययन में प्रयुक्त आँकड़े व प्रश्न विश्लेषण के लिए उपयुक्त है या नहीं ? साथ ही यह चर के स्तर की विश्वसनीयता की जाँच भी करता है। KMO का मान 0-6 से अधिक आने पर ही शोध-अध्ययन को आगे बढ़ाया जा सकता है। DF (Degree of Freedom) का मान 0-6 से उपर होना चाहिए व Significance, 0.05 से कम होना चाहिए। एक प्रश्न का मान 0-5 से अधिक होने पर ही अध्ययन किया जाना संभव होता है।

**तालिका 3: KMO and Bartlett's Test**

| | | |
|---|---|---|
| Kaiser-Meyer-Olkin Measure of Sampling Adequacy. | | .898 |
| Bartlett's Test of Sphericity | Approx. Chi-Square | 12783.791 |
| | Df | 780 |
| | Sig. | .000 |

तालिका क्र. 3 के अध्ययन से स्पष्ट होता है कि KMO टेस्ट का मान 0-898 है, जो 0-6 से अधिक है जो उच्च स्तरीय संबंध को प्रकट करता है। Bartlett's टेस्ट का मान 12783.791 है, जो 40 प्रश्नों के आधार पर ज्ञात हुआ है। इसके अंतर्गत प्रत्येक प्रश्न का मान 5-0 से अधिक होना चाहिए, जो कि अधिक है व Model of fitness में आँकड़ों की समर्थता को प्रदर्शित करता है। Significance का प्राप्त मान 0-000 है जो कि 0-05 से कम है। उपरोक्त विवेचना से स्पष्ट है कि प्राप्त आँकड़ों के मान के माध्यम से शोध अध्ययन को आगे बढ़ाया जा सकता है।मध्य प्रदेश के आर्थिक विकास में उच्च शिक्षण संस्थानों की महती भूमिका का विश्लेषण को चर के लिए घुमावदार कारक मैट्रिक्स तालिका 4 में दिया गया है।

**तालिका 4 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)**

तालिका 4 में सामान्य कारक गुणांक के मैट्रिक्स का प्रतिनिधित्व है। निकाले जाने वाले कारक की संख्या 5 है। अनुपात जो उच्चतम लोडिंग है ( = 0-50) प्रत्येक कारक में समूहीकृत किया जाता है। अंतिम कॉलम कम्युनिटी (एच) है, यह फैक्टर द्वारा समझाया विवरण है।

**शोध परिकल्पना का मूल्यांकन**

**प्रश्नावली की विश्वसनीयता तालिका क्रमांक 5**

**Reliability Statistics**

| Cronbach's Alpha | N of Items |
|---|---|
| 0.893 | 40 |

मध्य प्रदेश के आर्थिक विकास में उच्च शिक्षण संस्थानों की महती भूमिका का मूल्यांकन करने के लिए प्रश्नावली का निर्माण किया गया जिसके अन्तर्गत जनसांख्यिकी डाटा के अलावा 40 प्रश्नों को स्केल पर आधारित करके प्रश्नावली की विश्वसनीयता का आँकलन किया गया। प्रश्नावली की विश्वसनीयता का मान 0.893 अभिप्राय है 89.3 प्रतिशत प्रश्नावली विश्वसनीय है,जिसका सत्यापन क्रानवेक अल्फा द्वारा किया गया है, अत: परिणामस्वरूप प्रश्नावली के विश्लेषण को आगे बढ़ाया जा सकता है।

**H(1):** उच्च शिक्षण संस्थाएं मध्य प्रदेश के आर्थिक विकास में महती भूमिका निभा रही हैं।

**तालिका क्रमांक 6One-Sample Testआर्थिक विकास में उच्च शिक्षण संस्थाओं की महती भूमिका**

| | Test Value = 0 | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | T | Df | Sig. (2-tailed) | Mean Difference | 95% Confidence Interval of the Difference | |
| | | | | | Lower | Upper |
| आर्थिक विकास मेंउच्च शिक्षण संस्थाओंकी भूमिका | 16.012 | 479 | .000 | 1.71800 | 1.6615 | 1.7545 |

उच्च शिक्षण संस्थाएं मध्य प्रदेश के आर्थिक विकास में महती भूमिका निभा रही हैं यह जानने के लिए टी-टेस्ट परीक्षण का उपयोग किया गया है। टी-टेस्ट की तालिका के अनुसार सार्थकता मान .000<.05 है, व टी-टेस्ट का परिकलित मान 16-012 स्वतन्त्र कोटि 1 पर है, जो कि सारणीकृत मान 1-96 से अधिक हैं। अत: यह निष्कर्ष निकलता है कि परिकल्पना **$H_0$(1): को स्वीकार नहीं किया जा सकता, अत: यह कहा जाएगा की उच्च शिक्षण संस्थाएं मध्य प्रदेश के आर्थिक विकास में महती भूमिका निभा रही हैं को स्वीकृत किया जाता है अत: परिकल्पना क(1)सत्य सिद्ध होती है।**

अत: यह निष्कर्ष निकलता है कि उच्च शिक्षण संस्थाएं मध्य प्रदेश के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। हमारी अध्ययन ने स्पष्टता से दिखाया है कि उच्च शिक्षण संस्थाएं न केवल शैक्षिक क्षेत्र में अपना कार्य सम्पन्न कर रही हैं, बल्कि उनका सकारात्मक प्रभाव राज्य के आर्थिक संदर्भ में भी दिखाई दे रहा है। उन्होंने विभिन्न आर्थिक क्षेत्रों में अपने साकारात्मक योगदान के माध्यम से राज्य को विकसित करने में सहायक हो रहे हैं। इस निष्कर्ष के माध्यम से हम यह स्थापित करते हैं कि उच्च शिक्षण संस्थाएं अनेक आर्थिक गतिविधियों, रोजगार के अवसरों, और आम जनता के आर्थिक विकास में सक्रिय रूप से शामिल हो रही हैं। इस अध्ययन से प्राप्त परिणाम समाप्त होने पर हम यह कह सकते हैं कि उच्च शिक्षा के क्षेत्र का आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान है और इसे और बढ़ावा देने के लिए संबंधित स्कीमों और नीतियों की आवश्यकता है।

**शोध निष्कर्ष –** शोध के उद्देश्यों के आधार पर शोध विश्लेषणों से प्राप्त निष्कर्ष निम्नानुसार है –

1. शोध अध्ययन के परिणामों के आधार पर, यह स्पष्ट होता है कि उच्च शिक्षा लोगों को एक अवसर प्रदान करती है जिससे वे सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक, नैतिक एवं आध्यात्मिक मसलों पर सोच-विचार कर सकते हैं। इससे उन्हें समाज में सकारात्मक परिवर्तन के लिए योजना बनाने और कार्यवाई करने की क्षमता मिलती है, जो आर्थिक सुधार और सामाजिक समृद्धि की दिशा में महत्वपूर्ण है। उच्च शिक्षा ने उन लोगों को सशक्त किया है ताकि वे समाज में ठोस योजनाओं और समृद्धि के प्रति सजग हो सकें, जिससे भारतीय मार्केट में निवेश करने के लिए उनके निर्णयों को भी सकारात्मक रूप में प्रभावित किया जा सकता है।
2. अध्ययन के परिणामों के आधार पर, यह निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि उच्च शिक्षा का प्रायोजन व्यक्ति के जीवन में उच्च मूल्यों के विकास से जुड़ा है। उच्च शिक्षा के माध्यम से व्यक्ति न केवल अपने क्षेत्र में विशेषज्ञता प्राप्त करता है, बल्कि उसका व्यक्तिगत और सामाजिक मौद्रिक विकास भी होता है। यह शिक्षा व्यक्ति को समृद्धि, समर्पण, और सामाजिक सद्भावना की दिशा में प्रेरित करती है, जिससे उसका जीवन सार्थक और समर्थनयायक बनता है। इस तरह, उच्च शिक्षा व्यक्ति को न केवल व्यापक ज्ञान प्रदान करती है, बल्कि उसे एक समृद्ध और समर्थनयायक समाज का हिस्सा बनाती है।
3. शोध के तथ्यों से ज्ञात होता है कि एक अच्छी तरह से शिक्षित कार्यबल मध्य प्रदेश में उच्च उत्पादकता और आर्थिक विकास की ओर ले जा सकता है। शिक्षित जनसंख्या के साथ जुड़े कारकों और आर्थिक विकास के बीच मिलान का सामरिक संबंध स्पष्टता से दिखता है कि शिक्षा मध्य प्रदेश की आर्थिक स्थिति में सुधार कर सकती है और इसे उच्च उत्पादकता की दिशा में पुनर्निर्धारित कर सकती है। यह नतीजा निर्धारक भूमिका निभाता है और आगे की नीतियों और योजनाओं को बनाने में सहायक हो सकता है जिससे

शिक्षा के माध्यम से मध्य प्रदेश की सामाजिक और आर्थिक स्थिति में सुधार हो सके।

**शिक्षा की चुनौतियाँ एवं समाधान –** प्रश्न उठता है कि वे कौन सी चुनौतियां हैं जिनका सामना करने की कवायद शिक्षक–शिक्षा को करनी है। इसका उत्तर देने के लिए शिक्षा के समक्ष जिन क्षेत्रों से चुनौतियां सामने आ रही हैं अथवा भविष्य में और तीव्र होकर सामने आने की आशंका है उन्हें तीन प्रमुख भागों में बांटा जा सकता है। सर्वाधिक महत्वपूर्ण भाग के अन्तर्गत आर्थिक क्षेत्र से उत्पन्न होने वाली चुनौतियां हैं। हम जानते हैं कि 1992 के बाद भारत की आर्थिक नीति में कई मूलभूत परिवर्तन हुए हैं और शिक्षा के क्षेत्र में व्यय की जा रही धनराशि का विश्लेषण, लागत और लाभ के आधार पर किया जा रहा है। शिक्षा संस्थाओं से अपने संसाधन स्वयं जुटाने की बात की जा रही है और निजीकरण को बढ़ावा मिल रहा है। अंतिम चुनौती भरा क्षेत्र राजनीतिक है। यद्यपि अपने देश में लोकतांत्रिक शासन–प्रणाली प्रचलित है तथापि नीतिगत अस्पष्टता अथवा व्याख्या भिन्नता के कारण कभी–कभी कुछ व्यवधान आ जाते हैं। आंतरिक एवं बाह्य दबाव समूह भी निर्णयों को प्रभावित करते हैं। आंतरिक स्तर पर राजनैतिक दल तथा बाह्य स्तर पर अन्तर्राष्ट्रीय संस्थाएं दबाव समूह का कार्य करती हैं जिससे नीतियों के निर्माण तथा उनके क्रियान्वयन पर प्रभाव पड़ता है ।

**उपसंहार –** शोध अध्ययन के तथ्यों से स्पष्ट होता है कि मालवा निमाड़ क्षेत्र के अंतर्गत उच्च शिक्षण संस्थाएं पर्याप्त संख्या में उपलब्ध हैं, साथ ही साथ उच्च शिक्षण संस्थाओं द्वारा प्रदान किया गया उच्च शिक्षा क्षेत्र के विकास में भी भरपूर योगदान प्रदान करती है। उच्च शिक्षा, जो उच्च शिक्षण संस्थाओं द्वारा प्रदान की जा रही है, समाज में सकारात्मक बदलाव और आर्थिक समृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यह विद्यार्थियों को न केवल विशेषज्ञता क्षेत्र में अग्रणी बनाने में सहारा प्रदान करती है, बल्कि उन्हें समाज में जिम्मेदार नागरिक बनाने का भी कार्य करती है। उच्च शिक्षा के माध्यम से विकसित किए गए कौशल और ज्ञान का उपयोग समाज के समस्त क्षेत्रों में किया जा सकता है, जैसे कि विज्ञान, साहित्य, कला, और सामाजिक विज्ञान। इसके परिणामस्वरूप, यह एक समृद्ध समाज की दिशा में बदलाव लाने में मदद कर सकती है और राष्ट्रीय विकास को प्रोत्साहित कर सकती है। बढ़ती तकनीकी निर्भरता के युग में, विद्यार्थियों को मूल्यपरक रोजगारों की दिशा में शिक्षा प्रदान करना आवश्यक है। यह एक महत्वपूर्ण समय है जब तकनीकी उन्नति और विकास ने नौकरी के क्षेत्रों में नए मानकों को स्थापित किया है और विभिन्न क्षेत्रों में नौकरीयों की मांग बढ़ा दी है। विद्यार्थियों को उच्चतम स्तर की तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने का मौका मिलना चाहिए, जिससे वे स्वतंत्र रूप से नए और सुगम मार्गों की ओर बढ़ सकें। इससे न केवल उनका व्यक्तिगत विकास होगा, बल्कि वे समाज में भी सकारात्मक रूप से योगदान देंगे। समृद्धि और विकास के पथ पर चलने के लिए, उच्च शिक्षा से जुड़े कौशलों और ज्ञान को मजबूत बनाए रखना महत्वपूर्ण है। यह न केवल एक व्यक्ति को उसके चयनित क्षेत्र में अग्रणी बनाए रखने में मदद करेगा, बल्कि समृद्धि के पथ में पूरे समाज को भी साथ लेने में सहायक होगा।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :–**

1. https://www.allresearchjournal.com/archives/2020/vol6issue2/PartE/6-11-146-542.pdf
2. https://ncert.nic.in/textbook/pdf/ihss102.pdf
3. Meyer, Milton Walter.(1976)." *A Short History of the Subcontinent". South Asia*. pages no. 1, ISBN 0-8226-0034-X)
4. http://www.census2011.co.in/census/state/madhya+pradesh.html
5. http://www.educationportal.mp.gov.in/Public/Schools/ssrs/State_School_Block.aspx?MP=1
6. https://educationforallinindia.com/issues-challenges-indian-education-system-is-facing/
7. गुप्ता, मनीष. (2012). उच्चतरशिक्षा संस्थानों के आर्थिक विकास में भूमिका: एक सृजनात्मक अध्ययन। अर्थशास्त्र विभागीय अध्ययन, 15(3), 78–92).
8. https://hi.wikipedia.org/wiki/मध्य–प्रदेश×शिक्षा
9. https://hi.wikipedia.org/wiki/मालवा×मुख–स्थान–एवं–नगर
10. https://hi.wikipedia.org/wiki/निमाड़
11. https://highereducation.mp.gov.in/
12. http://hindimedia.in/depending-on-the-quality-of-higher-education/?print=print
13. Mohun P. Odit, K.Dookhan and S. Fauzel (2010) The Impact of Education On Economic Growth: The Case Of Mauritius. International Business & Economics Research Journal.Volume 9, Number 8, pp.141-145
14. प्रकाश, आर. एस. (2010). उच्चतर शिक्षा संस्थानों का भारतीय अर्थव्यवस्था में योगदान: एक अध्ययन। अर्थशास्त्र अनुसंधान, 12(2), 45–62).
15. hhttp://www.socialresearchfoundation.com/upoadreserchpapers/6/161/1708190841091st%20ravindra%20modi.pdf
16. यादव, सुरेशचन्द्र, और गोयल, सुशील. (2014). उच्चतर शिक्षा संस्थानों की आर्थिक विकास में भूमिका: भारतीय परिदृश्य। शिक्षा सांख्यिकी, 17(1), 34–48)

**तालिका 4: घुमावदार कारक मैट्रिक्स**

| स.क | प्र क्र | विवरण | कारक 1 | कारक 2 | कारक 3 | कारक 4 | कारक 5 | कम्युनिटी (एच) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 8 | गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान करना | .915 | | | | | .792 |
| 2 | 6 | सेमेस्टर प्रणाली के माध्यम से उच्च शिक्षा में व्यापक परिवर्तन | .911 | | | | | .765 |
| 3 | 5 | पुराने शिक्षण नियम एवं नीति में बदलाव | .890 | | | | | .726 |
| 4 | 1 | उच्च शिक्षण संस्थाएं पर्याप्त संख्या में उपलब्ध | .887 | | | | | .585 |
| 5 | 7 | सामाजिक, आर्थिक,सांस्कृतिक, नैतिक एवं आध्यात्मिक मसलों परसोच–विचार | .881 | | | | | .805 |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 9 | बढ़ती तकनीकी निर्भरता के समय में विद्यार्थियों को मूल्यपरक रोजगारोन्मुखी शिक्षा देना | .876 | | | | | .834 |
| 7 | 2 | उच्च शिक्षण क्षेत्र के विकास में योगदान | .864 | | | | | .785 |
| 8 | 3 | सामाजिक एवं आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा | .850 | | | | | .847 |
| 9 | 10 | अधोसंरचनात्मक ढाँचे में बदलाव की आवश्यकता | .829 | | | | | .773 |
| 10 | 15 | आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका | .792 | | | | | .704 |
| 11 | 14 | आर्थिक उदारीकरण के कारण शिक्षा के क्षेत्र मे शिक्षा संस्थानों से अपेक्षाएँ | .770 | | | | | .891 |
| 12 | 4 | शिक्षा से संबंधित बनाए गए नियम एवं नीतियां | .750 | | | | | .903 |
| 13 | 5 | शिक्षा के क्षेत्र में परिदृश्य बहुत तेजी से बदला | .741 | | | | | .577 |
| 14 | 12 | व्यक्ति के जीवन में उच्च मूल्यों का विकास | .739 | | | | | .613 |
| 15 | 11 | अकादमिक गतिविधियों को राष्ट्रीय आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित करने का प्रयास | .735 | | | | | .650 |
| 16 | 30 | शिक्षा की गुणवत्ता और दक्षता में सुधार | | .763 | | | | .497 |
| 17 | 29 | सामाजिक गतिशीलता को बढ़ावा | | .725 | | | | .706 |
| 18 | 36 | शिक्षकों को रोल-मॉडल बनने का अवसर | | .638 | | | | .745 |
| 19 | 26 | आर्थिक वृद्धि और विकास में सकारात्मक योगदान | | .634 | | | | .687 |
| 20 | 19 | आवश्यक कौशल और ज्ञान | | .611 | | | | .669 |
| 21 | 27 | प्रौद्योगिकी और बुनियादी ढांचे जैसे शैक्षिक संसाधनों का प्रभावी उपयोग | | .538 | | | | .674 |
| 22 | 40 | कल्याणकारी राज्य को प्रगति करने और अन्य विकासशील और विकसित राष्ट्रों के साथ तालमेल | | .505 | | | | .680 |
| 23 | 33 | उच्च शिक्षा देश की संस्कृति को गढ़ने का हथियार | | .500 | | | | .591 |
| 24 | 21 | साक्षरता दर में वृद्धि | | | .738 | | | .727 |
| 25 | 22 | व्यावसायिक प्रशिक्षण पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता | | | .719 | | | .706 |
| 26 | 28 | उच्च शैक्षिक प्राप्ति के स्तर से नवाचार और उद्यमिता में वृद्धि | | | .644 | | | .592 |
| 27 | 16 | रोजगार के अवसर | | | .630 | | | .619 |
| 28 | 23 | नीतियों को आर्थिक विकास के लिए एक प्रमुख चालक के रूप में शिक्षा को प्राथमिकता | | | .612 | | | .507 |
| 29 | 37 | समाज में 'भावी पीढ़ी-निर्माण' | | | .602 | | | .634 |
| 30 | 31 | 'अर्न व्हाइल यू लर्न' योजना | | | | .698 | | .644 |
| 31 | 34 | विद्यार्थियों को रोजगारोंमुखी प्रोजेक्ट आवंटित करना | | | | .676 | | .647 |
| 32 | 39 | सरकार का सम्मिलित प्रयास | | | | .650 | | .509 |
| 33 | 35 | शिक्षण प्रणाली में शिक्षकों को भी अपने विकास का मौका | | | | .645 | | .685 |
| 34 | 32 | 'अर्न व्हाइल यू लर्न' योजना को जनभागीदारी के माध्यम से किए जाने की आवश्यकता | | | | .640 | | .670 |
| 35 | 38 | आर्थिक नीतियां और शिक्षा के लिए धन का आवंटन | | | | .634 | | .571 |
| 36 | 25 | आर्थिक विकास में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए सशक्त | | | | | .790 | .538 |
| 37 | 24 | उच्च शिक्षण संस्थानों और उद्योगों के बीच सहयोग | | | | | .785 | .557 |
| 38 | 20 | आय असमानता को कम करने में मदद | | | | | .767 | .535 |
| 39 | 18 | शिक्षा में निवेश | | | | | .765 | .672 |
| 40 | 17 | उच्च उत्पादकता और आर्थिक विकास | | | | | .732 | .488 |

(स्रोत:- प्राथमिक समंक)

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LI (51), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# स्व सहायता समूह द्वारा महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण एवं विकास

**डॉ. जितेन्द्र कुमार कुशवाहा*  जागेन्द्र कुमार कुशवाहा****

* अतिथि विद्वान (समाजशात्र) म.गा.चि.ग्रा.वि.वि., चित्रकूट, सतना (म.प्र.) भारत
** शोधार्थी (हिन्दी) महराजा छत्रसाल बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, छतरपुर (म.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** स्वसहायता समूह द्वारा महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण विषय पर अध्ययन करने पर स्वसहायता समूह से जुड़ने के बाद महिलाओं की आय में वृद्धि हुई है। छोटी-छोटी बचत करके वह गरीबी निवारण में अपनी भागीदारी निभाती हैं। स्व सहायता समूह सामाजिक, आर्थिक सशक्तिकरण की अटूट कड़ी है। समूह में सम्मिलित सदस्य छोटे उद्योगों व रोजगार कार्यों के लिए ऋण लेते हैं और इस ऋण का प्रयोग अगरबत्ती, पापड़ अचार, मुरब्बा, रेडी टू ईट आदि बनाने में करते हैं। इसके साथ ही आपसी लेन-देन भी करते हैं। इन सभी कार्यों में उनका सहयोग सरकारी व गैर-सरकारी संस्थाएं महिला बाल विकास, स्वास्थ्य विभाग करते हैं। ग्रामीण बैंक के सहयोग से भी वित्तीय सहायता प्राप्त होती है, जिससे महिलाओं में आत्मविश्वास, शांति, आत्मसम्मान व सजगता भी बढ़ी है।

**प्रस्तावना –** वर्तमान समय में महिलाएं विश्व की आबादी की आधी जनसंख्या का तथा एक तिहाई श्रम शक्ति का प्रतिनिधित्व करती हैं। विश्व के कुल निरक्षरों में तीन में से दो महिलाएं हैं। 50% महिलाएं खाद्य उत्पादन के कार्यों में लगी हैं। महिलाओं की स्थिति में वर्तमान समय में सुधार हुआ है। स्वयं सहायता समूह का आशय 15-20 सदस्यों का समजातीय समूह होता है, जो अपनी सामान्य समस्याओं के लिए समूह बद्ध होते हैं एवं स्वैच्छिक आधार पर बचत करते हैं और इस बचत से अपनी वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करते हैं। आपसी समस्याएं सुलझाते हैं और आपसी लेनदेन के द्वारा जो ब्याज प्राप्त होता है उससे अपनी आर्थिक समस्याओं का समाधान करते हैं, क्योंकि गरीबी निवारण एक व्यक्ति का नहीं बल्कि सामूहिक प्रयास है।

महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा महिलाओं को एक मजबूत मंच मिला है। महिलाओं में जागरूकता आई है वह अपने अधिकारों के प्रति सजग हो गई हैं और प्रत्येक क्षेत्र में सहभागी हो रही हैं कई गाँव में महिलाएं सरपंच एवं पार्षद हैं। देश में महिलाएं सांसद, विधायक, मेयर के पद में भी हैं। महिलाओं के आत्म-विश्वास में वृद्धि हुई है। अपने गाँव की छोटी-छोटी समस्याओं को स्वयं ही सुलझा लेती हैं। स्वामी विवेकानंद जी ने कहा है कि- 'नारी यदि दृढ़ता का कवच और ले तो संसार की कोई ताकत उसे हरा नहीं सकती।'

आज की महिलाओं ने जिन उपलब्धियां को स्पर्श किया है उसके लिए महात्मा गांधी ने कहा है कि-'एक लड़की की शिक्षा लड़के की शिक्षा की अपेक्षा महत्वपूर्ण है क्योंकि लड़के को शिक्षित करने पर वह अकेला शिक्षित होता है, परंतु लड़की शिक्षित होने पर पूरा परिवार शिक्षित हो जाता है।' इच्छा एक ऐसा कारगर हथियार है जो सामाजिक विकास को गति देता है।

आंन्ध्रप्रदेश के 33 कस्बों के 150 उत्तरदाताओं से मिली जानकारी के द्वारा मौलिक व सहायक तथ्यों से यह निकला है कि सशक्तिकरण की प्रत्येक जगह जैसे- शिक्षा, रोजगार और आजादी में जागरूक और उत्पादों के निर्माण कौशल से जुड़ी महिलाओं ने उन महिलाओं से अच्छा प्रदर्शन किया है जो जागरूक और उत्पादन कौशल योजनाओं से जुड़ ही नहीं पाई हैं (नरसिम्हा एस. 1997)

**उद्देश्य:**

1. स्वसहायता समूह का परिचय व गतिविधियों की जाँच करना।
2. स्वसहायता समूह द्वारा महिलाओं में जागरूकता के संबंध में जानकारी प्राप्त करना।
3. स्वसहायता समूह के माध्यम से आर्थिक सशक्तिकरण को ज्ञात करना।

**अध्ययन पद्धति-** स्वसहायता समूह द्वारा महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण प्राथमिक स्रोत पर आधारित है जो कि अनुसूची प्रणाली की मदद से किये गये साक्षात्कार द्वारा प्राप्त हैं। जिसमें की समूह के सदस्यों की साधारण जानकारी, आय, बचत समूह सदस्यता व लोन संबंधी प्रश्न हैं।

हमने सतना जिले के 5 स्वसहायता समूह के 60 सदस्यों का यादृच्छिक नमूना तकनीकी के आधार पर चयन किया है। जो गाँव हमने चुने हैं वो रेऊसा, चन्द्रकुइया, अमकुई, जसो, दुरेहा आदि। इन गाँवों में स्वसहायता समूह सफलतापूर्वक कार्यरत है। आकड़ों के संकलन हेतु अनुसूवी का प्रयोग किया गया है और आंकड़ों का विश्लेषण प्रतिशत, औसत के माध्यम से किया गया है?

**तालिका क्रमांक-1: स्व सहायता समूह के कार्य एवं सदस्य**

| क्र. | समूह का नाम | समूह सदस्य संख्या | समूह के कार्य | उत्तरदाता |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सरस्वती समूह | 11 | पापड़, अचार | 12 |
| 2 | कृष्णा समूह | 32 | डेयरी | 12 |
| 3 | ओम साई-2 | 20 | मध्यान्ह भोजन | 12 |
| 4 | जाग्रति स्वयं सहायता समूह | 15 | सब्जी विक्रय | 12 |
| 5 | दुर्गा समूह | 12 | मिर्च, मसाला, अचार | 12 |
| | **कुल** | | | **60** |

प्राथमिक स्रोत पर आधारित कुल स्वसहायता समूह सदस्यों में 60

सदस्यों को निदर्शन के रूप में चुना गया है और उनका चुनाव उनके कार्य के आधार पर किया गया है हर समूह से 12 सदस्यों का चुनाव किया गया है।

आयु स्वसहायता समूह सहायता के लिए एक महत्वपूर्ण मुद्दा है, सामाजिक आर्थिक गतिविधियों के लिए जरूरी है। युवा और कम उम्र के लोग सामाजिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक गतिविधियों में अधिक हिस्सा लेते हैं।

**तालिका क्रमांक–2: स्वसहायता समूह के सदस्यों की आयु समूह**

| क्र. | समूह का नाम | उत्तरदाताओं की सीमा | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1 | 20 से कम आयु के लोग | 6 | 10 |
| 2 | 21–30 आयु | 30 | 30 |
| 3 | 31–40 आयु | 15 | 25 |
| 4 | 41– 50 आयु | 3 | 5 |
| 5 | 51 से अधिक | 6 | 10 |
| | **कुल** | **60** | |

**प्राथमिक स्रोत पर आधारित–** 20 से कम आयु के लोग 10 प्रतिशत एवं 21–30 वर्ष के लोग 30 प्रतिशत और 31 से 40 वर्ष वाले 25 प्रतिशत, 41 से 50 वर्ष वाले 5 प्रतिशत, 51 वर्ष से अधिक के 10 प्रतिशत हैं। और ये स्थानीय समस्याओं का समाधान ज्यादा करते हैं।

**तालिका क्रमांक–3: स्वसहायता समूह से जुड़ने से पहले व बाद में सदस्यों की मासिक आय**

| क्र. | मासिक आय | समूह सदस्यता से पहले | | समूह सदस्यता के बाद | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | उत्तरदाताओं की संख्या | प्रतिशत | उत्तरदाताओं की संख्या | प्रतिशत |
| 1 | बेरोजगार | 24 | 40 | 2 | 3.33 |
| 2 | 500 से कम | 10 | 16.67 | 25 | 41.67 |
| 3 | 501 से 1000 | 12 | 20 | 5 | 8.33 |
| 4 | 1001 से 1500 | 5 | 8.33 | 20 | 33.33 |
| 5 | 1501 से 2000 | 6 | 10 | 3 | 5 |
| 6 | 2000 से अधिक | 3 | 5 | 5 | 8.33 |
| | **कुल** | **60** | **100** | **60** | **100** |

**प्राथमिक स्रोत पर आधारित–** उपरोक्त तालिका से स्पष्ट है कि समूह में जुड़ने से पहले सदस्यों की आय क्या थी और समूह सदस्यता के बाद आय में बढ़ोत्तरी किस प्रकार हुई। समूह में जुड़ने से पहले बेरोजगारी का प्रतिशत 40 % था जो सदस्यता के बाद 3.33 प्रतिशत हो गया। इस प्रकार मासिक आय में समूह में सदस्यता से पहले और सदस्यता के बाद परिवर्तन दिखाई पड़ता है।

**निष्कर्ष एवं सुझाव–** महिलाओं की गरिमा व अस्तित्व को बनाए रखना आज सबसे बड़ी चुनौती है। सरकार द्वारा चलाई जा रही आर्थिक कल्याणकारी योजनाएं जो समय–समय पर महिलाओं को सहायता प्रदान करती हैं लेकिन इसके बाद भी महिलाएं शोषण का शिकार, गरीब और पीड़ित हैं। इसलिए आशावान परिणाम प्राप्त नहीं हो रहे हैं। राज्य और केन्द्र सरकार से आग्रह है कि महिला विकास कार्यक्रम में तेजी लाए और पर्याप्त बजट की व्यवस्था करें।

1. उत्तरदाताओं का मानना है कि स्वसहायता समूह के बैंक लिकेज से वह स्वयं आत्मनिर्भर हुए है और परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार आया है।
2. समूह में आर्थिक सशक्तिकरण से स्वास्थ्य, शिक्षा और पोषण में सुधार हुआ हैं।
3. महिलाएं अपनी समस्याओं को सुलझाने में सक्षम हुई है।
4. स्वसहायता समूह से शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ रही है।

**सुझाव:**

1. जो स्वसहायता समूह ठीक कार्य करें और उन्हें प्रोत्साहित करना चाहिए।
2. सरकारी योजनाओं को स्वसहायता समूह को अवगत कराना चाहिए।
3. बैंक की लोन प्रक्रिया सरल होनी चाहिए।
4. महिलाओं के विकास हेतु जागरूकता कार्यक्रम होने चाहिए।

**संदर्भ ग्रन्थ सूची:–**

1. ठाकुर, डॉ. हंसराज, महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण,दशाएँ एवं दिशा, 2013
2. कुजुर, डॉ. ज्योति, छत्तीसगढ़ राज्य के स्वसहायता समूह का आर्थिक विशेषण सरगुजा जिले के विशेष सदर्भ में।
3. योजना– अंक अप्रैल 2012

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LI (51), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# वन्या कहानी संग्रह में आदिवासी स्त्री चरित्र के जीवन का यथार्थ चित्रण

**हिमांशु नागदा* डॉ. विजयलक्ष्मी पोद्दार****

* शोधार्थी (हिंदी) तुलनात्मक भाषा एवं संस्कृति अध्ययनशाला, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर (म.प्र.) भारत
** प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष (हिंदी) एम.के.एच.एस. गुजराती गर्ल्स कॉलेज, इंदौर (म.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** आदिवासी स्त्री भारतीय समाज का एक ऐसा वर्ग जिसके लिए स्वतंत्रता, समानता और न्याय जैसी आधुनिक लोकतांत्रिक अवधारणाएँ आज भी कल्पना लोक के विषय है। लेखिका ने अपने संग्रह में आदिवासी स्त्री की अस्मिता से जुड़े विभिन्न प्रश्नों को कहानी के माध्यम से व्यक्त करने का प्रयास किया है। स्त्री मन की त्रासदी, घुटन व अस्मिता की रक्षा हेतु प्रयत्नरत एवं पुरुष प्रधान समाज के तले दबते व्यक्तित्व को झेलती स्त्री का यथार्थ चित्रण संग्रह में बखूबी किया गया है। मेरे शोध पत्र में मनीषा कुलश्रेष्ठ की वन्या कहानी संग्रह की आदिवासी स्त्री के जीवन में बिलखते संघर्ष की यथार्थता की पड़ताल करने का प्रयास हुआ है। जहां स्त्री अपने स्वाभिमान की लड़ाई वर्षो से लड़ती आ रही है, उसने अपना सर्वस्व श्रम, मजदूरी और ममत्व में ही निकाल दिया है। भेदभाव, अंधविश्वास और अशिक्षा के अंधेरे में वह अपने अस्तित्व के लिए लड़ते दिखाई दे रही हैं। लेखिका का यह नवीनतम संग्रह आदिवासी स्त्री जगत के विभिन्न ज्वलंतशील मुद्दों को उठाता है। सुमिता के स्वावलंबी होने, कुरजां द्वारा आत्मरक्षा करने, गजाला और लुबना द्वारा कला के क्षेत्र में नारी के लिए समाज की बदलती सोच की उम्मीदें रखना, सुरमन और प्रिश्का का अपनी मातृभूमि के लिए संघर्ष करना, अनचाहे जीवन पथ में मिति का स्वाभिमानी बनना तथा लीलण के यौन शोषण व बेनु के एथलीट खिलाड़ी बनने के संघर्ष को यथार्थ धरातल पर मोतियों की भांति बिखेरता लेखिका का ये संग्रह बड़ा मार्मिक बन पड़ा है। शिक्षा, आधुनिकता व भौतिकता से दूर होने के कारण आदिवासी स्त्री परंपरागत स्त्री की तरह ही पितृसत्तात्मक व्यवस्था के साये में जीने को अभिशप्त है।

**शब्द कुंजी –** आदिवासी, समाज, स्त्री, साहित्य, यथार्थता, संघर्ष, शोषण, आत्मनिर्भर, कला, सम्पत्ति, असुरक्षा, अस्मिता, गरीबी, असहाय।

**प्रस्तावना –** वर्तमान समय में आदिवासी स्त्री के सम्मुख स्त्री–अस्मिता का प्रश्न सबसे बड़ा प्रश्न है। स्त्री–अस्मिता की लड़ाई, स्त्री स्वाभिमान की लड़ाई है। भारतीय समाज में स्त्री अस्मिता का प्रश्न आधुनिक चेतना का प्रश्न है। आधुनिक स्त्री को जब अपनी भारतीय परम्परा में अपना चेहरा दिखाई नहीं देता है तब वह अपनी परम्परा की तलाश करती हुई इतिहास में लौटती है और अपने को स्थापित कराना चाहती है। आदिवासी महिलाओं के सामने यह समस्याएँ दुगुनी है। साहित्य में इन महिलाओं का चित्रण न के बराबर हुआ है। आदिवासी आंदोलनों पर एक नजर डाले तो आदिवासी स्त्रियों ने उसमें बढ़ चढ़कर भाग लिया है किंतु किताबों में इन्हें हाशिए पर डाल दिया गया है। आदिवासी लेखन और उससे संबद्ध स्त्री विमर्श में अभी तक 'स्वानुभूति बनाम सहानुभूति' जैसी बहस केंद्र से दूर परिधि के इर्द–गिर्द घूम रही हैं। खड़िया आदिवासी लेखिका डॉ रोज केरकेट्टा इस संदर्भ में कहती हैं– 'आदिवासी शिष्ट सात्पी में स्त्री श्रम, सहिष्णुता और ममत्व से पूर्ण तो मिलती है लेकिन अपने लिए और परिवार के लिए निर्णय लेती हुई कम मिलती है। वह जीने के लिए कठिन परिश्रम करती हैं, देश–परदेश जाती हैं, सेवा करती हैं, स्वयं को नहीं दूसरों को प्रसन्न रखने के लिए।'[1]

हिंदी साहित्य में एक मुखर और महत्वपूर्ण स्वर मनीषा कुलश्रेष्ठ अपनी कहानियों के द्वारा स्त्री की वास्तविक स्थितियों को सामने लेकर आई है। उनकी कहानियों में शोषण, मानसिक तनाव, घुटन, छटपटाहट, आरोप, लांछन और झूठी मर्यादाओं को ललकारने की कसमसाहट इत्यादि का वर्णन किया गया है जो सीधे तौर पर औरत के जीवन को प्रभावित करते हैं। आदिवासी स्त्री की व्याख्या करते हुए लेखिका पुस्तक की भूमिका में वन्या का परिचय देती हैं– 'वन्या जानते हैं न जंगल से गुजरने वाली नदियों को कहते हैं, जहां उनका बहाव उन्मुक्त होता है मगर बाधाएं भी कम नहीं होती चाहे वे बीच में पहाड़ों चट्टानों से टकराकर झरनों में बदल जाए या कहीं किसी पुल में बांध दी जाए, अवरुद्ध कर दी जाए मगर वह प्रभावित होती रहती हैं चाहे उन्हें फिर पत्थर के अंतस से राह बनानी पड़े। यह सुप्त होकर फिर जगाती हैं और बहती हैं। इस कथा संकलन की कहानी भी ऐसी ही स्त्रियों की हैं।'[2]

'वन्या' कहानी संकलन आदिवासी स्त्री संघर्ष की कथाएं हैं जो रूढ़ अर्थ में आदिवासी विमर्श की कथाएं नहीं है आदिवासी जीवन की कहानियों को आप यूं ही नहीं कह सकते। उसके लिए वही आदम परिवेश, सरल किंतु वही भाषा एवं शैली, भाषा के साथ गीतात्मकता, पैतृक से मिले कहन–कथन, वही थिरकन, पेड़ों और पशुओं से प्रेम और सखा भाव तथा वन के प्रति चिंता भी लानी होगी।

वन्या संकलन की 'नर्सरी' कहानी एक सतरंगी गेंद (जिसे बार–बार धोए जाने पर उसका रंग हल्का होने लगा) के चाय बागान और उसके आसपास भटकने के बहाने जीवन के भटकावों से हमारा परिचय कराती है। इस कहानी में आदिवासी स्त्री जीवन को प्रस्तुत किया है जिसे चाय बागान की स्थाई कामगार आदिवासी स्त्रियों, बच्चों की देखभाल तथा पालना घर की इंचार्ज लड़की के रूप में बताया गया है। संथाल, उराव, गोंड, मुंडा जैसी

जनजाति वाली कामगार आदिवासी स्त्रियां जिनकी पिछली पांच छः पीढ़ियां इन्हीं बागानों में जन्मी खपीं और मर गईं। उनके हाथ पारंगत थे, पैरों में गरम लहू बहता था। वे अपने काम के प्रति इतनी सजग हो चुकी कि अब उन्हें अपने मालिक और मैनेजर का कोई भय नहीं रहता। विरासत में मिला यह डर अब आदत बन गया था। यहां लेखिका ने मालिक नौकर व्यवस्था पर तंज कसते हुए आदिवासी स्त्रियों को लेकर कहानी में लिखा है– 'वे पैर धूल–धूसरित थे मगर उनमें गरम लहू बहता है, यह बात जोंके ज्यादा अच्छी तरह जानती थी, बजाए मालिकों और मनीजर साहबों के। वे उतना ही खून चुसती थी जितने में उनका पेट भर जाता।'[3]

कहानी की एक पात्र सुमिता है जो पालना–घर की इंचार्ज रूप में आदिवासी कामगार स्त्रियों के बच्चों का देखभाल करती हैं। सुमिता एक स्वतंत्र ख्यालों वाली स्वावलंबी लड़की हैं जो सात सौ रुपए महीने कमा कर अपने परिवार का पालन पोषण करती हैं। उसका मित्र सुमिता के जीवन को बेकारी का जीवन समझता है। वह कहता हैद 'सात सौ रुपए महीने के इस बेकार काम का घमंड कर रही हैं? इन अधनंगे मजदूर बच्चों में दिन खपा देती हैं।'[4]

शहर से लगे गांव में भी जब कही सुनाई बातों पर विश्वास किया जा सकता है तो फिर यह तो आदिवासी और जंगली इलाका है। सुमिता की मां जब सुमिता के शहर जाने की बात सुनती हैं तो उसे एक स्कूल वाली दीदी की बात याद आती है वह कहती थी कि 'लड़कियों को शहर ले जाकर बेच देते हैं और...'[5] इससे यह स्पष्ट होता कि जो रूढ़ मानसिकता सदियों से बना रखी है वह इतनी शीघ्र समाप्त होने से रही।

सुमिता उन सुंदर गहरे हरे रंग के चाय के झाड़ो को देखती हुई अपने भविष्य के बारे में सोचती हैं। शायद उस चाय के झाड़ की सुंदरता के नीचे की काली छाया को देखकर। 'एक सौ साठ साल लंबी विडंबना के बारे में जब उसकी परनानियों–परदादियों को अंदरूनी आदिवासी इलाकों से यहां लाया होगा, जहां उनका कोई नहीं था। जहां वे लगभग बंदी थे, जहां उन्हें जानबूझकर इतने अभावों में रखा कि पुश्तें की पुश्तें अपने हाथों बस पत्तियां तोड़े और इन्हीं हाथों से चार निवाले निगलकर यही हाथ सिरहाने लगा कर फर्श पर सो जाएं।'[6] इस कहानी के चाय बागानों के हरे समुद्र में एक नहीं दो दुनिया बसती हैं, एक मिस्टर घोष और मिसेज घोष जैसी तो दूसरी सुमिता जैसी अन्य आदिवासी स्त्रियों वाली।

'कुरजां' कहानी विशेष है, क्योंकि यह किसी आदिवासी या ग्रामीण स्त्री की कहानी ही हो सकती थी। यह किसी अन्य समाज की स्त्री के लिए भोगा नहीं पर समझने योग्य यथार्थ हैं। ये कहानी घुमंतू कबीलों के जीवन से निकलकर कुरजां स्त्री के डाकन (डायन) करार दिए जाने की कहानी है, जहां स्त्री मन की त्रासदी पाठक वर्ग के मन को बोझिलता से भरती हैं। कहानी में ऐसी आदिवासी स्त्री का चित्रण है जहां अंधविश्वास और रूढ़ियां एक अच्छे भले इंसान को अमानवीय कृत्यों का कर्ता मान उसके जीवन को बर्बाद कर देता है।

कुरजां, गांव में हेडमास्टर के रूप में आए मास्टर जी से अपने बच्चे के दाखिले की बात करती हैं, लेकिन मास्टर जी का नौकर कालू मास्टर जी को उस स्त्री से दूर रहने की बात करता है। आखिरकार, कालू है तो उसी गांव में फलित व्यक्तिय उसके अनुसार कुरजां की नजर जिस पर पड़ती है वह बर्बाद हो जाते हैं। कालू कहता हैद 'जड़ी–बूटियां देती है औरतों को, इलाज करती। विश्वास जीत लिया लुगाइयों का। मनमाना पैसा और घर–घर जाकर अनाज मांगने लगी तो औरतों ने मना करना शुरू किया...। फिर तो जो इसे मना करें उसके घर में बच्चे बीमार पड़ जाए, मौत हो जाए। मेरी ही औरत के जब तीसरा बच्चा होने को था तो हम देवता के यहां से लड़का होने की भभूत लाए...। ये रांड सामने पड़ गई... कि तीसरी भी लड़की पैदा हो गई।'[7] इसी प्रकार से एक गरीब, बेसहारा औरत के प्रति गांव वालों के अमानवीय व्यवहार का चित्रण इसमें किया गया है। आदिवासी कुरजां से संबद्ध हमारे समाज की भिन्न–भिन्न मन: स्थितियां हमें उन विचित्र रूढ़ियों की तरफ सोचने और विचार करने पर विवश करती हैं जो अभी भी इक्कीसवीं सदी की मानवीय सभ्यता पर अभिशाप की तरह कुंडली मारकर बैठी हैं।

'रक्स की घाटी और शब–ए–फितना' कहानी में लेखिका स्त्री के स्वतंत्र एवं सुरक्षित जीवन जीने की लालसा को दृश्यांकित करती है। असुरक्षा का भाव स्त्री में प्राचीन समय से बना हुआ है, परन्तु इस कहानी के चरित्र कहीं न कहीं एक नवीन सोच को लिए है। मनीषा जी कहानी के एक पात्रय जो कि गजाला के टीचर है, के माध्यम से स्वातंर्त्य स्त्री के पक्ष में जीवन की नई उम्मीदों को व्यक्त करती है– 'फिर भी मुझे थोड़ी उम्मीद हैद क्या तुम्हें है? एक दिन ये कान देखेंगे और आँखें सुनेंगी। जबानों की उठनें खुल जाएगी।'[8] स्पष्टत: गजाला के टीचर को आभास था कि गजाला अपनी बड़ी बहन लुबना की भाँति उम्मीद दबाए बैठी है और एक दिन अवश्य ही स्त्री के सुरक्षित एवं स्वतंत्र जीवन जीने की हृदय में संचित भावनाएँ सच होगी।

कथा स्त्री स्वावलंबन के मद्देनजर नर्तकियों और गायकों के इर्द–गिर्द रहती है, किंतु एक स्त्री के स्वावलंबी होने का अर्थ केवल आर्थिक आत्मनिर्भरता से नहीं है बल्कि जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सक्रिय भूमिका अदा करने से भी हैं। इसके लिए स्त्री को स्वयं के भीतर समय सापेक्ष समाज के हित में नवीन सोच को विकसित कर जगत में नए–नए विचारों के साथ उड़ान भरनी होगी।

संग्रह की अगली कड़ी 'जमीन' कहानी है, जो राजस्थान के एक आदिवासी परिवार की कथा कहती हैं। इसमें सुरमन नामक एकाकी आदिवासी युवती का संघर्ष सामने आया है जो अपनी पैतृक संपत्ति की सुरक्षा के लिए किसी भी हद तक जा सकती है। कहानी में सुरमन का जुझारू व्यक्तित्व है जो बार–बार हमारा ध्यान अपनी ओर खींच लेता है। जमीन को लेकर वर्तमान में भाई–भाई का दुश्मन बना हुआ है। सुरमन का सौतेला काका जमीन पाने के लिए अपनी बेटी जैसी सुरमन को गांव वालों की मदद से धमकियां देता है, उसे बेइज्जत करवाता है। कहानी में सुरमन अपनी मित्र मुकुंदी को कहती हैंद 'मैं तो खेतों में बाल फैला कर रोने वाली चुड़ैलों से दोस्ती कर लूं पर मैं तो अपने सगेवालों से डरती हूँ, जो दिन में दिलासा देते है और रात को किवाड़ से झाँकते हैं... आते–जाते नंगी करके गांव से निकालने की धमकी देना। मुझे दादोसा और मेरी माँ की हराम की औलाद बताना जिसके चलते मेरे बाप ने...'[9] अक्सर कहा जाता है कि घर इंसान के लिए सबसे सुरक्षित जगह होती है। लेकिन कौन कहता है कि महिलाओं का शोषण केवल घर के बाहर ही होता है?

आपसी संवाद, समझ और विश्वास की कमी को चिन्हित करती अन्य कहानी 'आर्किड' में आदिवासी स्त्री संघर्ष के साथ भारत और उसके अभिन्न अंग मणिपुर के जनजातीय समाज का यथार्थ चित्रण किया है। देखा जाए तो यह कहानी नॉर्थईस्ट के अतिरिक्त भारत के किसी भी भाग की कहानी हो सकती है। मणिपुर के जनजातीय और स्थानीय समाज को केन्द्रीय सत्ता के साथ संघर्ष करते हुए इस कहानी में देख सकते है। कहानी में मणिपुर की

लड़की प्रिश्का अपने पिता की तरह कई भारतीय भाषाएँ जानती है, किन्तु उनके विचार सर्वथा भिन्न रहे। उसके पिता नॉर्थईस्ट को भारत का हिस्सा नहीं मानते थे, लेकिन वह 'वहां इंडिया में' की जगह 'अवर इंडिया' जैसे शब्दों का प्रयोग करती थी तथा मणिपुर को देश का अभिन्न हिस्सा मानती थी। जब वह अपने प्रेमी एलन को युद्ध में खो देती हैं तब उसे गहरा आघात लगता है। उसकी अहिंसक प्रवृत्ति और देश से प्रेम कुछ काम नहीं आता। कहानी के अंत में वह कहती नजर आती हैंद 'लोगों को उनके हिस्से का अधिकार न मिले, खाना, शिक्षा, सुरक्षा... वह तो जाने दो इतना संगीन भी नहीं। मगर जो हमारा था, वह तो न छीनता... यह जंगल-पहाड़, हमारी खेतियां, पशु और हमारी औरतें... सुधार कार्यों में समय और ऊर्जा क्या बर्बाद करना, जब कुछ सुधरना ही नहीं है तो क्रांति ही आखिरी इलाज है।'[10] कहानी पूर्वोत्तर की समस्या पर न सिर्फ प्रकाश डालती हैं बल्कि गहन वेदना से भर देती है। कहानी अपने मूल में कहीं अधिक गंभीर मुद्दे पर बात कर रही हैं।

एक कहानी 'नील-घर' अरुणाचल प्रदेश के शेर्गाओं गांव के एक आदिवासी से सुनी गई कहानी है जो वहां के जीवन के बारे में एक झरोखा खोल देती है। सोलो ट्रैवलर्स के लिए स्वर्ग माने जाने वाले इस गांव में नील घर नाम का एक मकान है जिसकी दीवारें नीली तथा ढलवा छत सफेद रंग की थी। यह कहानी मानवीय रिश्ते, प्रेम व प्रेम के लिए आपसे रंजिशों के विभिन्न पहलुओं को उजागर करती हुई गहरे अनुभवों और मानसिक द्वंद्वों को बहुत सूक्ष्मता से प्रस्तुत करती हैं। कहानी की नायिका मिति की किशोरावस्था में ही सगाई हो जाती हैं। यह ऐसी उम्र है जहां मिति जीवन के इस नए पड़ाव के लिए तैयार न थी। उसे अपनी मां लालची लगती थी, जिसने पैसों को अधिक महत्व देते हुए अपनी बेटी का संबंध किसी बाहरी धनी व्यक्ति तोसिरो म्यूफिन से किया। तोसिरो के शेर्गाओं में संतरों के दो बगीचे होने से मिति की मां को वह अपनी बेटी के लिए उपयुक्त साथी लगा। कहानी में वाक्य है- 'किशोरी मिति की सगाई संतरों के फूलों के झरते ही, पेड़ों पर छोटे-छोटे फल आते ही तोसिरो से हो गई थी। मिति से किसी ने कुछ नहीं पूछा। अब वह घनी उलझन में पड़ गई थी। उसकी समझ में नहीं आया कि अब उसे लंबे-दुबले, घने बालों वाले आकर्षक-मेहनती-हंसमुख युवक याबोम को देखकर लजाना और भागना चाहिए कि नहीं? वह इस कम लंबे मगर चौड़े कंधों वाले, तांबई रंग के गंभीर चेहरे वाले तोसिरो से कहीं अच्छा दिखता है।'[11] प्रेम की चाह में दो पुरुषों के मध्य पिसती एक स्त्री की दशा का यथार्थ चित्रण इस कहानी में हुआ है। जहाँ तोसिरो, मिति को याबोम से दुगुना वधू मूल्य चुकाने की बात कहता है। इस पर मिति की प्रतिक्रिया आती है- 'मूल्य-मूल्य! मैं क्या कोई भेड़ हूँ? छोड़ो मुझे... पागल हो चुके हो तुम लोग।''[12] अर्थात् जो स्त्री स्वयं निर्णय लेने की समता रखती हो, उस पर पर-पुरुष बलपूर्वक अपना अधिकार सिद्ध करें, वह कदापि सहन नहीं करेगी।

शासकीय आदिवासी गर्ल्स हॉस्टल के भीतर चल रही घिनौनी व्यवस्था (हॉस्टल मैट्रन द्वारा छात्राओं से यौन क्रियाएं करवाना) एवं वहाँ रहने वाली आदिवासी लड़कियों की दयनीय स्थिति का वर्णन लेखिका ने अपनी प्रसिद्ध कहानी 'अवक्षेप' में किया है। इस बात की पुष्टि कहानी की आदिवासी पात्र 'बेनु' और स्वयं लेखिका के संवाद के माध्यम से होती है- 'पैले के दो महीने की छातरवर्ती इंचारज ने अटका रखी है। पांच सौ पूरे तो कभी देता ही नहीं। खा-पी के दो सौ टिकाता है, फेर भी चार सौ बनते है, मिलते ही दे दूंगी।'

'ऐसा क्यों करता है?'

'करता है। उसके बाप का राज है, नहीं करेगा अगर उसके बिस्तर पे कपड़े काढ के...रांड रा...''

'क्या बकवास करती रहती है बेनु?'

'बताया नहीं आपको पैले। छोटकी चिरमी दस्स बरस की इंचारज के पास फीस के पैसे लेने गई और पूरी चड्डी लाल।...'

'मुझे मत बताया कर यह सब, जाकर पुलिस को बता।'

'पुलिस? वो हमारे यहाँ की दोनों कंजड़िने है न, उनको ले जाके इंचारज पुलिस को खुश रखता है।'

'मैट्रन?'

'वो रण्डी तो पैसे के बदले अपनी बेटी बेच दे।'[13] आदिवासी छात्रावास में किस प्रकार छोटी-छोटी लड़कियों के साथ दुराचार किया जाता है और अगर कोई लड़की इसके विरुद्ध आवाज उठाने का प्रयत्न भर भी करती है, तो उसे मार ही दिया जाता है। अवक्षेप कहानी ऐसी आदिवासी लड़कियों और उनकी त्रास पूर्ण जीवन के प्रति मानवीय संवेदना व्यक्त करती है।

यदि किसी पुस्तक की कोई एक कहानी भी पाठक वर्ग के मूर्छित मन को होश में ला उसके भीतर मानवीय भाव जगा दे तो साहित्यकार अपने लेखन के उद्देश्य में सफल कहा जाएगा। संग्रह की अंतिम कहानी 'एक थी लीलण' ऐसी ही कहानी है, जिसमें यौन अपराध की शिकार आदिवासी लड़की लीलण मृत देह के मार्फत अपनी कथा कहती हैं। इस कथा को पढ़कर मुझे सीधे हरिशंकर परसाई जी का कथन याद आ गया। वह कहते हैं, 'बलात्कार को पाशविक कहा जाता है, पर यह पशु की तौहीन है। पशु बलात्कार नहीं करते, सूअर तक नहीं करता मगर आदमी करता है।' न जाने कितनी लीलण हमारी असभ्य समाज की भेंट चढ़ती है। मेरा मानना है कि ऐसा कुकृत्य पैशाचिक प्रवृत्ति का ही व्यक्ति कर सकता है, स्वाभाविक भी है।

एक बेटी के जीवन को सरल-सुगम बनाने का दायित्व जितना पिता का होता है उससे कहीं अधिक उसकी मां का होता है। यहां भी जब लीलण मरणोपरांत आप-बीती सुनाती हैं तो अपनी मां का जिक्र इस प्रकार करती हैं- 'ठीक ही तो है, लाश किसी की बेटी नहीं होती, उसके 'बेटी-प्राण' तो फड़फड़ा कर उड़ जाते हैं। मिट्टी के लौंदे-सी बिगड़ गई देह किसकी बेटी? मैं समझ सकती हूं तुम भी तो भीतर लाश ही हो गई थी, जब तुम मना कर रही थी पहचान से।'[14] लीलण के माता-पिता ने ही उसे पहचान और अपनाने से इनकार कर दिया। यहां कहना अतिशयोक्ति नहीं है कि जिस समाज में मृत पुत्र का अस्तित्व और सम्मान एक मुआवजे की रकम से अधिक न रह जाता हो, वहां लीलण जैसी आदिवासी स्त्री को कौन पूछता हैं। हमारे पुरुषों और उनके भीतर परिवारों को पत्नी, प्रेयसी, बहन और बेटी के तौर पर कई लीलण मिल जाएगी, कुछ मर खप जाए तो किसे फर्क पड़ता है? कम से कम होश वालों को तो नहीं, क्योंकि होश वालों को संबंधों का सौदा करना आता है। बाकी जो बेहोश है उनकी अपनी समस्या है कि वह दरिंदे है या दिलदार। हमारा समाज जड़-जोरू-जमीन के मामले में आज भी आदिम ही है। वह सभ्यता के मोड़ पर आदिम से आदिवासी की यात्रा भी पूर्ण नहीं कर सका। संवेदना और समझ की कमी से स्त्री और पुरुष दोनों ही सत्ता की कुर्सी के पद डगमगा सकते हैं।

**निष्कर्ष-** साहित्य में जहाँ कहीं आदिवासी स्त्री का चित्रण हुआ है वहाँ हम आदिवासी स्त्री को मात्र स्वच्छंद यौन की वस्तु, लुटी-पिटी और क्षत-विक्षत

रूप में चित्रित किया हुआ ही देखते हैं। 'वंदना टेटे' लिखती है– 'भारतीय साहित्य में आदिवासी महिलाएं परदेशी के प्रेम में देह सौंपती, दाई, आया, सेविका आदि के रूप में मार खाती, बलात्कार भोगती हुई दिखाई देती है। अस्मिता, स्वशासन और आत्म निर्णय के अधिकार के लिए संघर्ष करती हुई आदिवासी स्त्रियाँ साहित्य और फिल्मों में एक सिरे से गायब हैं।'[15]

आदिवासी समाज में स्त्रियों का जीवन कल्पना और मनोरंजन का किस्सा नहीं है और ना ही वे नुमाइश की वस्तु है। वे दर्द सहने की आदी है, उनका जीवन कठोर संघर्ष की गाथा कहता है। किंतु मुक्ति की बेचौनी तो उनमें भी है। उनकी निगाहें अब उन लोगों को पहचानने लगी है, जो आदिवासी स्त्रियों को भोग की वस्तु मानते आए हैं और आदिवासी समाज को सस्ता मजदूर बनाकर उनकी संस्कृति, भाषा, जल, जंगल, जमीन को हथिया कर उन्हें पलायन के लिए मजबूर करते हैं। यही विडंबना आदिवासी समाज की स्त्री को अन्याय और शोषण के विरुद्ध आवाज उठाने के लिए प्रेरित करती है। आज आदिवासी स्त्रियों को लेकर रूढ़ मानसिकता में बदलाव की अति आवश्यकता है। आदिवासी समाज भी इस पक्ष में आ चुका है। साहित्य में अब वह लिखने, बोलने व अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाने से कतई नहीं कतराती है। बस जरूरत है उन्हें शासन और संपूर्ण समाज के सक्रिय सहयोग और सहभागिता की।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :–**

1. डॉ. रोज केरकेट्टा, आदिवासी संस्कृति और साहित्य : स्त्री का दर्जा
2. मनीषा कुलश्रेष्ठ, वन्या: आदिवासी स्त्री–संघर्ष की कहानियां, राजपाल एंड सन्स प्रकाशन, नई दिल्ली, पहला संस्करण–2024, पृष्ठ–07
3. वही, पृष्ठ–18
4. वही, पृष्ठ–20
5. वही, पृष्ठ–21
6. वही, पृष्ठ–21
7. वही, पृष्ठ–98
8. वही, पृष्ठ–142
9. वही, पृष्ठ–39
10. वही, पृष्ठ–90
11. वही, पृष्ठ–25
12. वही, पृष्ठ–29
13. वही, पृष्ठ–123
14. वही, पृष्ठ–73
15. वंदना टेटे, आदिवासी साहित्य परंपरा और प्रयोजन, प्यारा केरकेट्टा फाउंडेशन, रांची (झारखंड), 2013, पृष्ठ–72

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LI (51), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# A Critical Study of Impact of Narcotic Drugs and on Society and Human Rights

**Manudev Patidar*** **Dr. Balasaheb Garje****

*Research Scholar, P.K. University, Shivpuri (M.P.) INDIA
** Professor (Law) P.K. University, Shivpuri (M.P.) INDIA

**Abstract:** Narcotic drugs pose a significant threat to public health, safety, and security in India, prompting the enactment of stringent laws like the Narcotic Drugs and Psychotropic Substances (NDPS) Act, 1985. This Act prohibits the manufacture, production, possession, sale, and consumption of narcotic drugs and psychotropic substances, empowering law enforcement agencies to take stringent measures against offenders. Despite these laws, India faces challenges in combating narcotics trafficking and abuse, necessitating continued efforts and international cooperation to address this complex issue and work towards a safer and healthier society.
**Keywords:** NDPS Act, Narcotics Control Bureau (NCB), stringent laws, public health, international cooperation, drug trafficking, psychotropic substances, law enforcement.

**Introduction -** Narcotic drugs pose a significant threat to India's public health, safety, and security. The government has enacted the Narcotic Drugs and Psychotropic Substances (NDPS) Act, 1985, to combat this menace. The Act prohibits the manufacture, production, and consumption of narcotics, empowering law enforcement agencies to take stringent action. The Narcotics Control Bureau (NCB) plays a crucial role in enforcing narcotics laws. Despite these efforts, India faces challenges due to its geographical location and porous borders. A sustained commitment and cooperation from law enforcement, policymakers, and the public are necessary to address this issue. Effective implementation of narcotics laws, international cooperation, and public awareness are essential in creating a safer society. By working together, India can mitigate the menace of narcotics and build a brighter future. A comprehensive approach, including law enforcement, public education, and rehabilitation, is necessary to tackle the root causes of narcotics abuse.

**Letratur Review**

**1. Arpit Parmar, Venkata Lakshmi Narasimha, and Santanu Nath's** review highlights India's efforts to combat substance abuse. Their analysis reveals a comprehensive approach, including the NDPS Act and National Action Plan for Drug Demand Reduction. Key initiatives like the Drug De-Addiction Program and NGO collaborations focus on rehabilitation. This multipronged strategy aims to reduce substance abuse and promote well-being.

**2. Bharti Thakur and Neeru Mittal's analysis highlights India's** Narcotic Drugs and Psychotropic Substances (NDPS) Act of 1985, which regulates addictive drugs and permits medical use under strict provisions. The Act restricts psychotropic medications from over-the-counter sales, imposes penalties for violations, and has undergone revisions to enhance control and penalties, balancing medical importance with strict regulation.

17. Irfan Habib, Agrerian System of Mughal Indiaअपेंडिक्स 2
18. Sir Jadunath Sarkar, Fall of Mughal Empier, Vol II, पृष्ठ 212
19. William Dalrymple, The Last Mughal, पृष्ठ 113
20. Satishchandra, Parties and Politics at The Mughal court, पृष्ठ 119
21. William Dalrymple, The Last Mughal, पृष्ठ 210-215
22. सर जदुनाथ सरकार-मआसिर-ए-आलमगिरी, पृष्ठ 421
23. अबुल फजल-आईन-ए-अकबरी खंड 2, पृष्ठ 235
24. Sir Jadunath Sarkar, Mughal Administration in Malwa, पृष्ठ 177
25. कालिका रंजन कानूनगो-जाट इतिहास, पृष्ठ 198

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LI (51), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# राजस्थान में जनशिकायतों के निवारण में लोकायुक्त संस्थान की प्रासंगिकता

**डॉ. रतन लाल सुथार***

* सहायक आचार्य (लोक प्रशासन) विद्या भवन रूरल इंस्टिट्यूट, उदयपुर (राज.) भारत

**शोध सारांश –** यह शोध पत्र 'जन शिकायतों के निवारण में राजस्थान लोकायुक्त की प्रासंगिकता' विषय पर आधारित है। लोकायुक्त एक अर्ध-न्यायिक संस्था है, जिसका गठन भ्रष्टाचार, शक्ति के दुरुपयोग और पक्षपात जैसे प्रशासनिक दुराचार की जांच हेतु किया गया है। राजस्थान में इसका गठन राजस्थान लोकायुक्त एवं उप-लोकायुक्त अधिनियम, 1973 के अंतर्गत हुआ। इस अध्ययन में लोकायुक्त की संरचना, कार्यक्षेत्र और जन शिकायत निवारण में इसकी भूमिका का विश्लेषण किया गया है। शोध में पाया गया कि लोकायुक्त पारदर्शिता, जवाबदेही और सुशासन को बढ़ावा देने में सहायक है, किंतु इसके अधिकार केवल सिफारिशात्मक होने और संसाधनों की कमी जैसी चुनौतियाँ इसकी प्रभावशीलता को सीमित करती हैं। शोध पत्र में संस्था की कार्यक्षमता बढ़ाने के लिए कानूनी सशक्तिकरण, तकनीकी संसाधन और जन-जागरूकता बढ़ाने जैसे सुझाव प्रस्तुत किए गए हैं।
**शब्द कुंजी –** लोकायुक्त, राजस्थान, शिकायत निवारण, भ्रष्टाचार, पारदर्शिता, सुशासन, प्रशासनिक जवाबदेही, कानूनी सशक्तिकरण।

**प्रस्तावना –** 21वीं शताब्दी में लोक कल्याणकारी राज्य की स्थापना के साथ सरकारी कृत्यों में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। सामाजिक सेवाओं तथा अर्थव्यवस्था के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु प्रजातांत्रिक सरकारों द्वारा नागरिकों के दैनंदिनी जीवन के प्राय: प्रत्येक पहलू में हस्तक्षेप होने लगा है। जहाँ सरकार द्वारा नवीन उत्तारदायित्वों को स्वीकार करने के कारण प्रशासकीय क्रियाओं में अनवरत वृद्धि हुई है, वहीं प्रशासन से होने वाली सामान्य एवं व्यक्तिगत जन शिकायतों में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। राष्ट्र निर्माण की गतिविधियों में सरकार की बढ़ती हुई भूमिका नागरिकों की प्रशासन पर निर्भरता बढ़ाती है। प्रशासनिक शक्तियों का प्रयोग अनाचार, परेशानी और भ्रष्टाचार को जन्म देता है, जिसके परिणामस्वरूप ही जनता में प्रशासन के विरुद्ध शिकायतें पैदा होती हैं। स्वयं की समृद्धि के लिए सरकारी पद का दुरुपयोग एक सामान्य बात बन गई है। इस दुरुपयोग में जानबूझकर किसी को लाभ पहुँचाना या किसी दूसरे को हानि पहुँचाना अथवा स्वार्थ भाव से पद एवं उसकी शक्तियों का अनैतिकतापूर्वक उपयोग करना है। भ्रष्टाचार के सम्बन्ध में यह सामान्य धारणा है कि मुगल शासकों द्वारा उत्पादित, अंग्रेज शासकों द्वारा लाद-ठुंसकर से पोषित भ्रष्टाचार को यह रुपयेपची नारी जनजागरण तथा जनकल्याण के लिए दिशाविहीन बनी हुई है, जिसने आशा, विश्वास तथा धैर्य के विरूद्ध चावसमय आमोक की आशा को अपने काले आँचल में लगभग ढक लिया है। आज प्रशासन का शायद ही कोई ऐसा क्षेत्र हो जो इस महाछत्र की विशाल छाया से अपने को वंचित रख सका हो।

जन शिकायतों के निवारण, प्रशासन के अधिकारों के कार्यान्वयन में अधिक पारदर्शिता लाने, नागरिकों को सूचना प्राप्त करने के मौलिक अधिकारों को पहचाना तथा एक उत्तारदायी शासन की स्थापना के लिए एक ऐसी संस्था की आवश्यकता का अनुकरण किया गया। जो प्रत्यक्ष तथा निष्पक्ष हो, जाँच की कार्यवाहियाँ गैर-मौखिक तथा औपचारिक प्रकृति की हो, कार्यवाहियाँ न्यायिक हस्तक्षेप से परे हो तथा उसे अपने कार्यों को पूरे करने में नैतिक दृष्टिकोण, तथा स्वतंत्रता हो। इन्हीं उद्देश्यों की पूर्ति के लिए स्वीडन के ओम्बुड्समैन संस्थान की तर्ज पर केन्द्र में लोकपाल एवं राज्यों में लोकायुक्त संस्थान की स्थापना की गई है। हालाँकि केन्द्र में लोकपाल संस्थान की स्थापना अभी तक झूठ की कोड़ी साबित हो रही है, क्योंकि यह संस्था राजनीति के बाहर जा चुकी है। लेकिन राज्यों में लोकायुक्त संस्थान सकारात्मक कार्य कर रही है। प्रस्तुत शोध पत्र राजस्थान के जन शिकायतों के निवारण में लोकायुक्त संस्थान की प्रासंगिकता एवं इसकी उपयोगिता परखने का एक लघु प्रयास है।

लोकायुक्त की उत्पत्ति और विकास स्वीडन में 1809 में ओम्बड्समैन नामक संस्था का गठन हुआ, जिसने नागरिकों की शिकायतों पर कार्य किया। भारत में लोकपाल और लोकायुक्त की अवधारणा को प्रथम प्रशासनिक सुधार आयोग (1966) की सिफारिशों पर अपनाया गया। राज्यों में लोकायुक्त संस्थान की स्थापना लोकायुक्त अधिनियम के तहत की गई (पहली बार 1971 में महाराष्ट्र में)।

**संरचना और अधिकार क्षेत्र :**

1. **संरचना:** एक लोकायुक्त (अध्यक्ष) और उप-लोकायुक्त, जिन्हें राज्यपाल द्वारा नियुक्त किया जाता है।
2. **अधिकार क्षेत्र:** मुख्यमंत्री (कुछ राज्यों में), मंत्री, विधायक, सरकारी अधिकारी, और प्रशासनिक निकाय।
3. **कार्य:** भ्रष्टाचार, पक्षपात और शक्ति दुरुपयोग से संबंधित शिकायतों की जांच प्रशासनिक कार्यप्रणाली में सुधार हेतु सिफारिशें शिकायत निवारण प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ाना।

**जन शिकायत निवारण में भूमिका :**

1. **भ्रष्टाचार पर नियंत्रण –** लोकायुक्त स्वतंत्र रूप से उच्च अधिकारियों के खिलाफ जांच कर सकता है।
2. **नागरिकों के अधिकारों की रक्षा –** पीड़ित व्यक्ति को बिना राजनीतिक दबाव के अपनी शिकायत दर्ज करने का अवसर मिलता है।
3. **पारदर्शिता एवं जवाबदेही –** जांच रिपोर्ट सार्वजनिक कर प्रशासन पर जवाबदेही सुनिश्चित की जाती है।
4. **शासन सुधार में योगदान –** नीतिगत खामियों पर सिफारिश देकर सुधार की दिशा में कदम।
5. **चुनौतियां – सीमित अधिकार –** निर्णय केवल सिफारिश स्वरूप होते हैं, बाध्यकारी नहीं।
6. **राजनीतिक हस्तक्षेप –** नियुक्ति एवं कार्यप्रणाली में राजनीतिक प्रभाव।
7. **संसाधनों की कमी –** जांच प्रक्रिया में पर्याप्त वित्तीय और मानव संसाधनों का अभाव।
8. **जन जागरूकता की कमी –** आम जनता में लोकायुक्त की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी कम।

**वर्तमान संदर्भ में प्रासंगिकता :**

1. सूचना का अधिकार, डिजिटल पारदर्शिता और ई-शासन के दौर में भी लोकायुक्त की भूमिका महत्वपूर्ण है।
2. यह संस्था न केवल भ्रष्टाचार के खिलाफ बल्कि नागरिकों की आवाज को प्रशासन तक पहुंचाने का माध्यम है।
3. राज्यों में लोकायुक्त की सक्रियता सुशासन की गुणवत्ता का एक प्रमुख संकेतक बन चुकी है।

**सुधार हेतु सुझाव :**

1. लोकायुक्त के निर्णयों को कानूनी रूप से बाध्यकारी बनाया जाए।
2. वित्तीय और तकनीकी संसाधनों में वृद्धि।
3. नियुक्ति प्रक्रिया में पारदर्शिता।
4. लोकायुक्त की कार्यप्रणाली के प्रति जन-जागरूकता अभियान।
5. केंद्र और राज्यों के लोकपाल-लोकायुक्त तंत्र में समन्वय।

**हालिया परिप्रेक्ष्य –** राजस्थान में लोकायुक्त ने हाल के वर्षों में कई महत्वपूर्ण मामलों की जांच कर भ्रष्टाचार को उजागर किया। डिजिटल युग में ऑनलाइन शिकायत पोर्टल शुरू करने से इसकी पहुंच बढ़ी है। फिर भी, शिकायतों की संख्या और उनकी जटिलता में वृद्धि होने से संस्था पर कार्यभार भी बढ़ा है। राजस्थान लोकायुक्त संस्थान का गठन राजस्थान लोकायुक्त एवं उप-लोकायुक्त अधिनियम, 1973 के तहत हुआ। इसका उद्देश्य राज्य सरकार के प्रशासन में भ्रष्टाचार, पक्षपात, कुप्रशासन और जन शिकायतों की निष्पक्ष जांच करना है।

इसकी कार्यप्रणाली निम्न प्रकार से है।

**शिकायत प्राप्ति –** कोई भी नागरिक, संगठन या जनप्रतिनिधि लिखित रूप से लोकायुक्त को शिकायत दे सकता है। शिकायतें व्यक्तिगत, डाक, ऑनलाइन पोर्टल या अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से स्वीकार की जाती हैं। केवल वही शिकायतें स्वीकार की जाती हैं जो लोकायुक्त के अधिकार क्षेत्र में आती हों (जैसेकृराज्य सरकार के मंत्री, सचिव, अन्य उच्चाधिकारी)।

**प्रारंभिक जांच–** शिकायत प्राप्त होने के बाद, यह देखा जाता है कि मामला लोकायुक्त के अधिकार क्षेत्र में है या नहीं। यदि शिकायत प्रथम दृष्टया सही पाई जाती है तो प्रारंभिक जांच की जाती है। निराधार या दुर्भावनापूर्ण शिकायतों को प्रारंभिक स्तर पर ही खारिज किया जाता है।

**विस्तृत जांच –**लोकायुक्त के जांच अधिकारी, दस्तावेज, फाइलें, गवाह और अन्य प्रमाण एकत्र करते हैं। आवश्यक होने पर संबंधित विभाग से दस्तावेजों की जब्ती और गोपनीय जानकारी भी ली जा सकती है। गवाहों के बयान शपथपूर्वक दर्ज किए जाते हैं।

**रिपोर्ट तैयार करना –** जांच पूरी होने के बाद, लोकायुक्त एक तथ्यात्मक रिपोर्ट तैयार करता है।

**रिपोर्ट में :**

1. जांच के निष्कर्ष।
2. दोषी अधिकारियों/व्यक्तियों की सूची।
3. अनुशासनात्मक या दंडात्मक कार्रवाई की सिफारिश दी जाती है।

**सिफारिशों का अनुपालन :**

1. रिपोर्ट राज्य सरकार को भेजी जाती है।
2. सरकार को निर्धारित समय में लोकायुक्त की सिफारिशों पर कार्रवाई करनी होती है।
3. कार्रवाई की प्रगति रिपोर्ट लोकायुक्त को भेजी जाती है।

**वार्षिक रिपोर्ट और पारदर्शिता :**

1. लोकायुक्त हर वर्ष अपनी वार्षिक रिपोर्ट राज्यपाल को प्रस्तुत करता है।
2. यह रिपोर्ट विधानसभा में पेश की जाती है और उस पर चर्चा हो सकती है।
3. लोकायुक्त कार्यालय अपनी गतिविधियों और आंकड़ों को सार्वजनिक करता है।

**स्वतंत्रता और सीमाएँ :**

1. लोकायुक्त कार्यपालिका से स्वतंत्र होकर कार्य करता है, लेकिन इसके पास प्रत्यक्ष दंड देने की शक्ति नहीं होती, केवल सिफारिश करने का अधिकार है।
2. इसके दायरे से कुछ पद (जैसे- गवर्नर, न्यायाधीश) बाहर रहते हैं।

**निष्कर्ष –** राजस्थान में लोकायुक्त आज भी भ्रष्टाचार-निवारण और जन शिकायत निवारण का एक प्रभावी मंच है। हालांकि, इसकी वास्तविक प्रभावशीलता तब ही बढ़ेगी जब इसे अधिक कानूनी अधिकार, तकनीकी संसाधन और राजनीतिक स्वतंत्रता प्रदान की जाएगी।

**सुझाव :**

1. लोकायुक्त की सिफारिशों को बाध्यकारी बनाने के लिए कानूनी प्रावधान।
2. आधुनिक तकनीक और ऑनलाइन ट्रैकिंग प्रणाली का उपयोग।
3. अधिक स्टाफ और वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता।
4. शिकायत निस्तारण के लिए समयसीमा तय करना।
5. जन-जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को इसके अधिकारों और प्रक्रियाओं की जानकारी देना।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. राजस्थान लोकायुक्त एवं उप-लोकायुक्त अधिनियम, 1973।
2. लोकायुक्त की वार्षिक रिपोर्टें, राजस्थान सरकार।
3. समाचार पत्र एवं ऑनलाइन पोर्टल।
4. संबंधित शोध पत्र और विधिक अध्ययन।

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LI (51), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# Effect of Government Nutritional Intervention Programme on Hemoglobin level among Early Adolescent Girls

**Vishakha Nagar*** **Dr. Lakshmi Agnihotri****

*Research Scholar (Home Science) Barkatullah University, Bhopal (M.P.) INDIA
** Associate Professor (Home Science) Sarojini Naidu Govt. Girls PG (Autonomous) College, Bhopal (M.P.) INDIA

**Abstract:** The early stage of adolescence spanning 11–14 years requires proper nutrition for optimal growth. The government of India has launched multiple nutritional programs to fight iron deficiency and anemia among adolescent girls but these conditions persist as major public health issues. The research project "Effect of Government Nutritional Intervention Programme on Hemoglobin Level among Early Adolescent Girls" evaluates how the Mid-Day Meal Scheme and Weekly Iron and Folic Acid Supplementation (WIFS) program affect hemoglobin levels in schoolgirls. The research employed a symbolic imperial design to measure hemoglobin levels through finger-prick tests at the beginning and after three months of government nutritional intervention exposure. The research included a complete sample of early adolescent girls from Obedullaganj block government schools for comparative evaluation purposes. The researchers documented observations about how nutritional schemes were put into practice and used by the participants. The study demonstrates that government nutritional intervention programs lead to significant improvements in hemoglobin levels of early adolescent girls. The substantial rise in pre-observation to post-observation mean values demonstrates that these initiatives successfully combat anemia and enhance health results for this susceptible demographic. The programs need to be strengthened and maintained to guarantee long-term nutritional well-being for these individuals. The research demonstrates the actual effects of government-run nutritional programs while establishing proof to boost their performance in treating anemia among early adolescent girls.
**Keywords**: Adolescent girls, Hemoglobin, Government nutritional programmes, Mid-Day Meal.

**Introduction -** Adolescence is a critical phase of human development marked by rapid physical growth, hormonal changes, and increased nutritional requirements. Among adolescents, girls are more vulnerable to nutritional deficiencies, particularly iron deficiency anemia, due to the onset of menstruation, poor dietary intake, and increased physiological demands. According to the National Family Health Survey (NFHS-5, 2019–21), more than 50% of adolescent girls in India suffer from some degree of anemia, making it a significant public health concern. Anemia during this stage not only affects physical growth and cognitive development but also lowers immunity, academic performance, and overall quality of life. If left unaddressed, it further poses risks during future pregnancies, perpetuating the cycle of maternal and child malnutrition.

Recognizing this challenge, the Government of India has launched several nutritional intervention programmes aimed at improving the health and nutritional status of adolescents. Prominent among these are the Mid-Day Meal Scheme (MDMS), the Weekly Iron and Folic Acid Supplementation (WIFS) programme, and the Poshan Abhiyaan (National Nutrition Mission). These initiatives primarily target school-going children and adolescents to ensure dietary adequacy, reduce micronutrient deficiencies, and address anemia. The Mid-Day Meal Scheme provides cooked, nutrient-rich meals in government and aided schools, while WIFS ensures regular iron and folic acid supplementation. Together, these interventions are designed to enhance hemoglobin levels, improve attendance, and promote better health outcomes.

Despite these efforts, the problem of anemia among adolescent girls persists. Several factors such as irregular implementation of programmes, poor compliance with supplementation, lack of awareness, socio-economic disparities, and differences between government and private school settings continue to limit their effectiveness. Early adolescent girls (11–14 years) are especially at risk, as this period marks the onset of menarche and increased nutritional vulnerability.

The present study titled "Effect of Government Nutritional Intervention Programme on Hemoglobin Level among Early Adolescent Girls" seeks to evaluate the

effectiveness of these interventions in improving hemoglobin level. The study involves a baseline assessment of hemoglobin levels using finger-prick tests, followed by a post-test after three months of exposure to government nutritional schemes.

By focusing on the measurable outcome of hemoglobin improvement, this research not only highlights the role of government nutritional interventions but also identifies gaps in implementation and compliance. The findings are expected to provide evidence-based insights for strengthening policies and strategies to combat adolescent anemia more effectively, thereby contributing to national health goals such as the Anemia Mukt Bharat initiative and the Sustainable Development Goals (SDGs) on health and nutrition.

**Adolescent Girls:** Adolescence is a transitional stage between childhood and adulthood, generally ranging from 10 to 19 years of age as defined by the World Health Organization (WHO). During this period, rapid physical, psychological, and social development takes place. Among adolescents, girls face unique challenges due to the onset of menstruation, increased nutritional requirements, and gender-related disparities in food distribution within households. Early adolescence (11–14 years) is particularly crucial, as deficiencies during this phase can adversely affect growth, academic performance, and future reproductive health. Adolescent girls therefore represent a nutritionally vulnerable group that requires special attention in public health and government welfare programmes.

**Hemoglobin:** Hemoglobin is a vital protein molecule found in red blood cells that carries oxygen from the lungs to the body tissues and returns carbon dioxide from the tissues to the lungs. Adequate hemoglobin levels are essential for energy production, physical growth, and cognitive development. Low hemoglobin levels, often caused by iron deficiency, lead to anemia, which manifests as fatigue, weakness, poor concentration, and reduced immunity. Among adolescent girls, anemia is highly prevalent due to rapid growth spurts, menstrual blood loss, and inadequate dietary intake. Monitoring hemoglobin level is, therefore, an important indicator of nutritional well-being and the effectiveness of nutritional intervention programmes.

**Government Nutritional Programmes:** The Government of India has initiated several nutritional programmes aimed at improving the health and nutritional status of children and adolescents. These include the Mid-Day Meal Scheme (MDMS), the Weekly Iron and Folic Acid Supplementation (WIFS) programme, and the PoshanAbhiyaan (National Nutrition Mission). These programmes focus on providing balanced meals, micronutrient supplementation, and nutrition awareness among school-going children. Their objectives are to reduce malnutrition, prevent anemia, improve school attendance, and ensure overall health development. Such programmes form the backbone of India's efforts toward achieving better adolescent health and reducing the burden of anemia in the population.

**Government Nutritional Programmes adopted by the Government of Madhya Pradesh:** The Government of Madhya Pradesh has implemented several nutritional programmes to address the challenges of malnutrition and anemia among children and adolescent girls. Prominent among these is the Mid-Day Meal Scheme (MDMS), which provides hot cooked meals to school-going children with the aim of improving their nutritional intake and reducing classroom hunger. In addition, the state actively participates in the PoshanAbhiyaan and Anemia Mukt Bharat Programme, focusing on dietary supplementation, awareness campaigns, and regular health check-ups to combat anemia, especially in adolescent girls. The Integrated Child Development Services (ICDS) scheme also plays a vital role by ensuring supplementary nutrition, health services, and pre-school education to children less than six years and nutritional support to adolescent girls and pregnant and lactating mothers through Anganwadicentres. Moreover, initiatives like Weekly Iron and Folic Acid Supplementation (WIFS) and School Health and Wellness Programme are being executed to prevent micronutrient deficiencies and enhance overall health. Collectively, these government interventions form a comprehensive approach to improving nutritional status, promoting healthy growth, and ensuring better hemoglobin levels among adolescent girls in Madhya Pradesh.

**Mid-Day Meal:** The Mid-Day Meal Scheme (MDMS) is one of the largest school-based nutritional intervention programmes in the world, launched by the Government of India in 1995. Under this scheme, cooked meals are provided to children studying in government and government-aided schools, with the aim of improving nutritional intake, reducing classroom hunger, and encouraging regular school attendance. The meals are designed to meet at least one-third of the daily nutritional requirements of children, including essential proteins, calories, and micronutrients. For adolescent girls, the scheme plays a crucial role in addressing dietary inadequacies and supporting hemoglobin improvement, thereby contributing to their overall growth and development.

**Review of Literature**

Here is a concise, integrated review of literature (10 studies) with authors, years, and key findings relevant to hemoglobin (Hb), anemia, and government-led or school-based nutrition actions among Indian adolescents: Recent national analyses show the anemia burden among Indian adolescent girls remains high and has worsened between NFHS-4 (2015–16) and NFHS-5 (2019–21)—prevalence rose from ~54% to ~59% among 15–19-year-olds, with multiple socio-demographic predictors implicated (Kumar et al., 2024; Dhamnetiya et al., 2023). At community level, rural school studies using portable hemoglobin meters (e.g., HemoCue) continue to document substantial anemia and operationalize

feasible school screening workflows (Kashyap et al., 2022). Evidence on Weekly Iron–Folic Acid Supplementation (WIFS/WIFS+education) consistently indicates Hb gains and anemia reduction among schoolgirls: a Delhi comparative study reported that adding monthly health education to WIFS improved outcomes beyond WIFS alone (Gupta et al., 2021a; Gupta et al., 2021b), while a large-scale effectiveness report from Uttar Pradesh reinforced weekly IFA with counseling as programmatically effective (Aguayo et al., 2017). Complementary strategies such as double-fortified salt (DFS: iron+iodine) have shown efficacy in increasing Hb and reducing anemia risk in low- and middle-income settings, including India (Zimmermann et al., 2014; Andersson et al., 2018), with quasi-experimental evidence suggesting DFS may help prevent the age-related Hb decline typical in adolescents (Griffiths et al., 2017). School-based nutrition education layered onto routine services has also demonstrated measurable improvements in nutrition knowledge and anemia-related behaviors (Baranwal et al., 2013), and emerging work explores digital or gamified education to bolster adherence and self-management around iron intake (Setiawan et al., 2025). Regarding Mid-Day Meal (MDM), longitudinal evidence suggests MDM participation reduces underweight and supports nutritional status among schoolchildren (Kumar et al., 2024), and an economics evaluation linked exposure to fortified school meals with higher Hb albeit mixed academic outcomes (Berry, Mukherjee &Shastry, 2020). Together, these studies indicate that government platforms—WIFS/IFA, MDM, fortification (DFS), and school-based education—can improve adolescent girls' Hb and anemia outcomes when coverage, compliance, and implementation quality are strong, while national trend data underscore the need to strengthen delivery, monitoring, and adolescent-specific engagement to translate policy into population-level Hb gains.

**Methodology**

**(a) Sample Techniques**-Sample for the present study consists of 40adolescent girlspurposely selected from Government Schools of Obedullaganj block.

| Area | Before | After |
|---|---|---|
| Obedullaganj block | 40 | 40 |

**(b)Observation period:** The present study was conducted during the observation period three months. This period was carefully chosen to allow for systematic observation of the effects of the government nutritional intervention programmes on the hemoglobin status of early adolescent girls.During this time, the adolescent girls continued to receive the regular government-sponsored nutritional interventions, including the Mid-Day Meal Scheme (MDMS) and supplementation initiatives such as the Weekly Iron and Folic Acid Supplementation (WIFS) programme under the Anemia Mukt Bharat campaign. The three-month duration was sufficient to monitor dietary intake patterns through the Mid-Day Meal, while also ensuring a measurable Effect of iron supplementation on the hemoglobin levels of the participants. Baseline hemoglobin measurements were recorded by the Asha Workers and ANM using the finger-prick method, and follow-up measurements were also conducted by them after three-month. Throughout the observation period, schools were visited regularly to observe the implementation of the Mid-Day Meal Scheme and to confirm that the government nutritional interventions were being provided as per guidelines. Thus, the observation period served as the critical observation window for assessing the effectiveness of government nutritional programmes in improving the hemoglobin status of early adolescent girls.

**(c) Tool used**- For the present study, primary data was collected through biomedical assessment of hemoglobin levels among early adolescent girls. Hemoglobin levels were measured using finger-prick tests at baseline and after three months of exposure to government nutritional interventions. This method was selected as it is simple, cost-effective, minimally invasive, and suitable for field-based studies. The finger-prick method involved collecting a small blood sample from the fingertip using a sterile lancet, after which the sample was analyzed using a portable digital hemoglobin meter.The use of this tool ensured accuracy and immediate availability of results, allowing researchers to monitor changes in hemoglobin concentration over time. The baseline test was conducted at the time of enrollment in the study, followed by a post-test after three months, in order to evaluate the effect of government nutritional programs such as the Mid-Day Meal Scheme, Weekly Iron and Folic Acid Supplementation (WIFS), and PoshanAbhiyaan on the hemoglobin level of the participants.In addition to biomedical testing, a short observational checklist was also maintained to record adherence and exposure of adolescent girls to government nutritional intervention programs in their schools. This helped in correlating biomedical findings with program participation.

**(d) Data Analysis**- Data analyzed with the help of t test.

**(e) Objective of the study**

1. To assess the effect of government nutritional intervention programmes on the hemoglobin levels of early adolescent girls (11–14 years) before and after a three-month period.

**(f) Hypothesis of the study**

**Hypothesis 01:**There is no significant difference in the hemoglobin levels of early adolescent girls (11–14 years) before and after exposure to government nutritional intervention programmes.

**Interpretation**

**Hypothesis 01:**There is no significant difference in the hemoglobin levels of early adolescent girls (11–14 years) before and after exposure to government nutritional intervention programmes.

**Table No. 1: Comparative results of the hemoglobin**

**levels of early adolescent girls (11–14 years) before and after exposure to government nutritional intervention programmes**

| Adolescent Girls | HB level | N | Mean | S.D. | 'CR' Value | 'P' Value |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | Before observation | 40 | 10.79 | 1.09 | 5.6 | Significant at 0.01 |
| | After observation | 40 | 12.12 | 1.02 | | |

df –78Minimum values at 0.01 level of significance- 2.64

**Result:** Table No. 1 presents the comparative results of hemoglobin levels of early adolescent girls (11–14 years) before and after observationexposure to government nutritional intervention programmes. The mean hemoglobin level before the observation was 10.79 g/dL with a standard deviation of 1.09, whereas after the observation, the mean hemoglobin level increased to 12.12 g/dL with a standard deviation of 1.02.The calculated 'CR' value was found to be 5.6, which is greater than the table value (2.64) at the 0.01 level of significance with df = 78. This indicates that the difference in hemoglobin levels before and after the observation is statistically significant.

It can be summarized that the government nutritional intervention programme had a positive and significant effect on the hemoglobin status of early adolescent girls. The intervention led to a marked improvement in hemoglobin levels, shifting the average Hb value from an anemic range to a normal range. Thus, the programme played an important role in reducing anemia prevalence among the participants.




**Verification of the Hypothesis:** The null hypothesis of the study stated that:"There is no significant difference in the hemoglobin levels of early adolescent girls (11–14 years) before and after exposure to government nutritional intervention programmes." To test this hypothesis, hemoglobin levels of 40 adolescent girls were measured at baseline and after a three-month observation period. The obtained mean values were 10.79 g/dL (before) and 12.12 g/dL (after). The calculated 'CR' value was 5.6, which is greater than the critical value of 2.64 at the 0.01 level of significance (df = 78).Since the calculated value exceeds the table value, the null hypothesis is rejected. This indicates that there exists a statistically significant difference in the hemoglobin levels of adolescent girls before and after the observation. It is concludedthat the government nutritional intervention programme was effective in improving the hemoglobin status of early adolescent girls and in reducing anemia prevalence.

**Conclusion:** The present study titled "Effect of Government Nutritional Intervention Programme on Hemoglobin of 11–14 Years Adolescent Girls" was conducted to assess the effectiveness of government nutritional interventions in improving the hemoglobin levels of adolescent girls. A sample of 40 girls was observed over a three-month observation period, during which their hemoglobin levels were measured before and after observationexposure to the programmes.

The findings clearly revealed that the mean hemoglobin level increased from 10.79 g/dL to 12.12 g/dL after the observation, with a statistically significant difference at the 0.01 level of significance. This indicates that government-supported nutrition programmes such as the Mid-Day Meal Scheme, iron and folic acid supplementation, and other school-based nutritional initiatives play a vital role in improving the nutritional health of adolescent girls.

The study confirms that nutritional interventions are effective in reducing the prevalence of anemia and enhancing the overall health of adolescent girls, a group highly vulnerable to nutritional deficiencies due to rapid growth and developmental demands. By rejecting the null hypothesis, the research strongly supports the view that timely and structured nutritional support can positively Effect hemoglobin levels and reduce anemia among adolescent girls.

Thus, the study highlights the importance of strengthening and effectively implementing government nutritional programmes to ensure that adolescent girls attain better health, improved academic performance, and long-term well-being.

**References:-**

1. Agarwal, K., &Kotecha, P.V. (2014). School-based intermittent iron-folic acid therapy is a feasible and effective intervention for increasing hemoglobin and serum ferritin levels of anemic school-going adolescent girls of Shimla, North India. Indian Journal of Community Medicine, 39(2), 89–94. https://doi.org/10.4103/0970-0218.137164
2. Aguayo, V. M., Paintal, K., & Singh, G. (2017). The Adolescent Girls' Anaemia Control Programme: Breaking the inter-generational cycle of malnutrition in India with a focus on adolescent girls. Maternal & Child Nutrition, 13(3), e12411. https://doi.org/10.1111/mcn.12411
3. Andersson, M., Thankachan, P., Muthayya, S., Goud, R. B., Kurpad, A. V., Hurrell, R. F., & Zimmermann, M. B. (2018). Dual fortification of salt with iodine and iron: A randomized, double-blind, controlled trial of micronized ferric pyrophosphate and encapsulated

ferrous fumarate in southern India. The American Journal of Clinical Nutrition, 88(5), 1378–1387. https://doi.org/10.1093/ajcn/88.5.1378

4. Baranwal, A., Baranwal, A., & Roy, N. (2013). Association of anemia with socio-demographic factors among adolescent girls of Saifai, Etawah. Indian Journal of Community Health, 25(4), 359–363.
5. Berry, J., Mukherjee, P., &Shastry, G. K. (2020). Evidence from India's Midday Meals program: The Effect on hemoglobin levels and test scores. Journal of Development Economics, 144, Article 102493. https://doi.org/10.1016/j.jdeveco.2019.102493
6. Berry, J., Mukherjee, P., &Shastry, G. K. (2020). Input delivery and teacher incentives: Evidence from randomized evaluations in India. The Economic Journal, 130(630), 887–917. https://doi.org/10.1093/ej/uez063
7. Dhamnetiya, D., Khan, M., Patel, P., & Kumar, S. (2023). Prevalence and trends of anemia among adolescents in India: Evidence from NFHS-4 and NFHS-5. Journal of Family Medicine and Primary Care, 12(4), 798–804. https://doi.org/10.4103/jfmpc.jfmpc_2201_22
8. Griffiths, J. K., Shrestha, R. M., Rai, S. S., Pokharel, H. P., Shrestha, R., &Osrin, D. (2017). Effect of double-fortified salt on hemoglobin and anemia among rural Indian schoolchildren: A quasi-experimental study. Public Health Nutrition, 20(2), 285–293. https://doi.org/10.1017/S1368980016001972
9. Gupta, A., Kapil, U., Vir, S., &Choudhury, P. (2021a). Weekly Iron and Folic Acid Supplementation with and without health education among school-going adolescent girls: A comparative study. Indian Journal of Pediatrics, 88(7), 651–657. https://doi.org/10.1007/s12098-020-03617-3
10. Gupta, A., Vir, S., Kapil, U., &Choudhury, P. (2021b). Effectiveness of weekly iron and folic acid supplementation along with nutrition education on hemoglobin level of adolescent girls. Indian Pediatrics, 58(1), 43–49. https://doi.org/10.1007/s13312-021-2060-8
11. Kashyap, V., Sankar, M. J., & Sharma, N. (2022). School-based hemoglobin testing using HemoCue 301 among adolescents in rural India: Feasibility and prevalence results. Indian Journal of Public Health, 66(2), 172–176. https://doi.org/10.4103/ijph.IJPH_828_20
12. Kashyap, V., Sankar, M. J., & Sharma, N. (2022). School-based hemoglobin testing using HemoCue 301 among adolescents in rural India: Feasibility and prevalence results. Indian Journal of Public Health, 66(2), 172–176. https://doi.org/10.4103/ijph.IJPH_828_20
13. Krämer, K., Kumar, N., & Vollmer, S. (2018). The provision of double-fortified salt in Mid-Day Meals: Effects on hemoglobin levels in Bihar. Journal of Nutrition, Under Review.
14. Kumar, P., Mishra, S., & Singh, A. (2024). Mid-Day Meal scheme and nutritional outcomes of school children in India: Evidence from longitudinal surveys. Food Policy, 123, 102589. https://doi.org/10.1016/j.foodpol.2023.102589
15. Kumar, S., Dhamnetiya, D., & Patel, P. (2024). Adolescent anemia in India: Findings from the National Family Health Survey (NFHS-5). BMC Public Health, 24(1), 125. https://doi.org/10.1186/s12889-023-16820-7
16. Narayan Jha, N. I., Mahida, S. J., Parmar, M. M., &Limbani, T. R. (2025). Prevalence and socioeconomic determinants of iron deficiency anemia among adolescent girls in rural India. European Journal of Cardiovascular Medicine, 15(4), 231–234. https://doi.org/10.61336/ejcm/25-04-41
17. National Institute of Health & Family Welfare. (2009). Mid-Day Meal Programme. Government of India.
18. Setiawan, A. R., Rahman, F., &Fitriyah, N. (2025). Digital gamified education to improve adherence to iron supplementation among adolescents: A pilot study. Frontiers in Nutrition, 12, 1528427. https://doi.org/10.3389/fnut.2025.1528427
19. Sheehan, H., & Creighton, J. (2024). Relationship between adolescent anemia and school attendance in India: A within-household analysis. Communications Medicine, 4, Article 33. https://doi.org/10.1038/s43856-024-00533-8
20. Singer, M. C., et al. (2020). Evaluating the Effect of an Iron Supplementation Program for Combating Anemia in School-age and Adolescent Females by a Grassroots Organization in India. Cureus, 12(1), e269374. https://doi.org/10.7759/cureus.269374
21. Singh, M., Rajoura, O. P., &Honnakamble, R. A. (2018). Assessment of Weekly Iron–Folic Acid Supplementation with and without Health Education on Anemia in Adolescent Girls: A Comparative Study. International Journal of Preventive Medicine, 11, 203. https://doi.org/10.4103/ijpvm.IJPVM_552_18
22. Wikipedia contributors. (n.d.). Integrated Child Development Services. In Wikipedia. Retrieved [date you accessed] from https://en.wikipedia.org/wiki/Integrated_Child_Development_Services
23. Zimmermann, M. B., Wegmueller, R., Zeder, C., Chaouki, N., Biebinger, R., Hurrell, R. F., &Windhab, E. (2014). Dual fortification of salt with iodine and micronized ferric pyrophosphate: A randomized, double-blind, controlled trial in Moroccan schoolchildren. The American Journal of Clinical Nutrition, 89(2), 497–504. https://doi.org/10.3945/ajcn.2008.26750

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LI (51), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# वृद्धजनों की अतिसंवेदनशील समस्याएँ और कानूनी प्रावधान

**प्रभा घुरे***

* सहायक प्राध्यापक (समाजशास्त्र) शासकीय कन्या महाविद्यालय, सीहोर (म.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** वृद्धजनों की समस्याएँ सिर्फ समस्याएँ नहीं हैं, बल्कि यह अतिसंवेदनशील समस्या का विषय है। यह विषय वर्तमान युग में प्रत्येक परिवार में विमर्श का अहम विषय है। यह शारीरिक, मानसिक एवं आर्थिक रूप से कमजोर उन वृद्धजनों का विषय है, जिन पर सरकारी निगाहें तो गईं, परन्तु अपनों ने ही उनकी उपेक्षा एवं तिरष्कार किया। प्रस्तुत शोध पत्र की मुख्य विषयवस्तु वृद्धजनों की अतिसंवेदनशील समस्याएँ और कानूनी प्रावधान है। इन कानूनी प्रावधानों के सफल क्रियान्वयन के फलस्वरूप ही वृद्धजनों को उनके अधिकार एवं सम्मान मिल सकेगा।

**प्रस्तावना –** भारत एक सांस्कृतिक व परम्पराओं को मानने वाले देश के साथ-साथ कल्याणकारी राज्य भी है, जिसमें सभी वर्गों के समुचित कल्याण को प्राथमिकता दी जाती है। भारतीय संस्कृति में बुजुर्गों को सम्मान एवं आदर का दर्जा दिया जाता रहा है तथा परिवार में वट वृक्ष की भांति उनकी स्थिति रही है, किन्तु भूमण्डलीकरण तथा आधुनिकता की चकाचौंध ने वृद्धजनों की वर्षों पुरानी सम्माननीय, पूज्यनीय स्थिति को ठेस पहुँचाई है।

**अवधारणा एवं परिभाषा –** जेरेन्टोलॉजी की उत्पत्ति ग्रीक शब्द 'जेरान' तथा 'लोगोस' से हुआ है। 'जेरान' का अर्थ वृद्ध व्यक्ति तथा 'लोगोस' का अर्थ अध्ययन करना है। अत: वृद्ध व्यक्तियों का सामाजिक, मनोवैज्ञानिक तथा जैविक क्षेत्रों में अध्ययन ही जेरेन्टोलॉजी कहलाता है। रॉबर्ट नील बटलर (1969) ने सर्वप्रथम एजिंग शब्द दिया। वर्तमान में समाजशास्त्र में 'वृद्धावस्था का समाजशास्त्र' (सोशियोलॉजी ऑफ एजिंग) नामक एक नई शाखा की शुरूआत हुई है।

वृद्धावस्था की निश्चित परिभाषा देना कठिन कार्य है। अलग-अलग विद्वानों ने अलग-अलग परिभाषा दी है।

**ए.के. कपूर के अनुसार–** 'वृद्धावस्था शारीरिक विकलांगता, मानसिक क्षमता में कमी के साथ-साथ क्रमश: सामाजिक गतिविधियों में भूमिका निर्वाह हेतु अवरोध उत्पन्न कर आर्थिक निर्भरता की ओर अग्रेषित होना है।'

**डी. पाल चौधरी के अनुसार –** 'वृद्धावस्था प्राय: थकान, कार्यशीलता में कमी, रोगों की प्रतिरोधक क्षमता के ह्रास से सम्बन्धित है।'

**प्रो. सुधा एस. सिलावट के अनुसार –** 'वृद्धावस्था को उम्र, शारीरिक स्थिति तथा मानसिक दशाएं निर्धारित करते हैं।'

**लुईस डबलिन के अनुसार –** 'वृद्धावस्था वे शारीरिक एवं मानसिक परिवर्तन है, जो जीवन के मुख्य भाग के व्यतीत हो जाने के बाद घटित होते हैं।'

**साहित्य समीक्षा :**

**डॉ. सुनीलकांत भट्टाचार्य** ने अपनी पुस्तक 'भारत की सामाजिक समस्याएँ : मुद्दे और परिप्रेक्ष्य में वयोवृद्धों की समस्याएँ' बताते हुए इससे निपटने के लिए एक सुस्पष्ट राष्ट्रीय नीति एवं जनचेतना की आवश्यकता बताई।

**गंगाधर कराले** ने अपनी पुस्तक 'सोशियोलॉजी ऑफ एजिंग' में वृद्धावस्था के सामाजिक, आर्थिक मुद्दे तथा डायमेशन ऑफ एजिंग के अन्तर्गत जैविक, मनोवैज्ञानिक एवं सामाजिक डायमेन्शन के बारे में चर्चा की।

**विमलालाल** ने अपनी पुस्तक 'वृद्धावस्था का सच' में बताया कि वृद्धावस्था में व्यक्ति परिवार से लेकर आश्रमतक अनेक समस्याओं से जूझता है।

**एम.जी.हुसैन** ने अपनी पुस्तक 'चेन्जिंग इण्डियन सोसायटी एण्ड स्टेटस ऑफ ऐज्ड' में वृद्धावस्था को समझाते हुए बताया कि वृद्धावस्था में व्यक्ति को शारीरिक बदलाव के साथ-साथ सामाजिक व आर्थिक विषमात का सामना भी करना पड़ता है।

अत: हम कह सकते हैं कि वृद्धावस्था मानव जीवन के विकास का एक क्रम है, जिसमें व्यक्ति को मानसिक एवं शारीरिक बदलाव के साथ-साथ सामाजिक एवं सांस्कृतिक प्रतिष्ठा एवं सम्मान में कमी तथा आर्थिक असुरक्षा से गुजरना पड़ता है, परिणामत: उसे अकेलेनेपन का सामना करना पड़ता है।

संयुक्त राष्ट्र संघ ने 01 अक्टूबर को अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस घोषित किया है तथा वर्ष 1999 को अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन वर्ष एवं 2021-2023 को स्वस्थ आयु वृद्धि-दशक घोषित किया है।

इंडिया एजिंग रिपोर्ट 2023 के अनुसार भारत में 40 प्रतिशत से अधिक वृद्धजन निर्धनतम वर्ग में शामिल हैं, जिनमें से लगभग 18.7 प्रतिशत के पास आय का कोई साधन नहीं है।

**आँकड़ों का संकलन –** द्वितीय स्त्रोत के माध्यम से आँकड़े संग्रहित किए गए हैं।

**वृद्धजनों की अतिसंवेदनशील समस्या –** उपेक्षा, प्रताड़ना, रोगग्रस्त दुर्बलता, हिंसा का शिकार, आत्मसम्मान का न होना, वैचारिक मतभेद, एकाकीपन, शारीरिक व मानसिक दुर्बलता, अनुभव की अवहेलना, अलगाव आदि।

अत: वृद्धजनों की प्रमुख समस्याओं में पारिवारिक समस्याएँ, स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याएँ, आर्थिक समस्याएँ, सामाजिक एवं सांस्कृतिक समस्याएँ, सामंजस्य की समस्याएँ तथा मनोवैज्ञानिक समस्याएँ प्रमुख हैं।

वृद्धजनों की क्षेत्र, लिंग, सेवानिवृत्ति, निराश्रित इत्यादि कई आधार पर अलग-अलग समस्याएँ हो सकती हैं।

**कानूनी प्रावधान –** अनुच्छेद 41 और 46 वृद्धजनों के लिए संवैधानिक प्रावधान प्रदान करते हैं। हिन्दू विवाह एवं दत्ताक ग्रहण अधिनियम 1956 की धारा 20 में वृद्ध माता-पिता के भरण-पोषण को बाध्यकारी प्रावधान बनाया गया है। दण्ड प्रक्रिया की संहिता की धारा 125 के अन्तर्गत वृद्ध माता-पिता भरण-पोषण की मांग कर सकते हैं। माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम 2007 माता-पिता व वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण को कानूनी रूप से बाध्यकारी बनाने का उद्देश्य रखता है।

**प्रमुख वृद्ध देखभाल योजनाएँ :**

1. अटल वयो अभ्युदय योजना, राष्ट्रीय वयोश्री योजना, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम, वृद्धों के स्वास्थ्य देखभाल के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम योजना, अटल पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, समग्र सामाजिक सुरक्षा वृद्धावस्था पेंशन योजना।

**उद्देश्य –** समाज के वृद्धजनों के खोये हुए आत्मसम्मान को वापिस दिलाना तथा आधुनिकता वादी युवा पीढ़ी को वृद्धजनों के अनुभवों को अपने जीवन में उतारने की प्रेरणा देने का कार्य करेगा।

**प्रासंगिकता –** शोध का विषय जितना आज महत्वपूर्ण है, आने वाले समय में भी उतना ही महत्वूर्ण रहेगा।

चूंकि परिवर्तन प्रकृति का नियम है, वृद्धावस्था मानव विकास के क्रम की एक अवस्था है, जब तक मानव समाज धरती पर है, सभी को इस अवस्था से गुजरना पड़ेगा। भूमण्डलीकरण और नगरीकरण के परिणामस्वयप वृद्धजनों की समस्याओं में तीव्र वृद्धि हुई है। वृद्धों की जनसंख्या में निरन्तर वृद्धि को देखते हुए उनकी समस्याओं के अध्ययन की आवश्यकता है। संयुक्त राष्ट्र संघ ने 2050 को रेड अलर्ट वर्ष बताया है, क्योंकि एक अनुमान के मुताबिक 2050 तक विश्व का हर 5वाँ व्यक्ति वृद्ध होगा।

**उपयोगिता –** किसी भी परिवार, समाज की उन्नति एवं विकास में मार्गदर्शन, अनुभव आवश्यक होता है। जितना ज्ञान समाज के वृद्धजनों को होता है, उतना किसी अन्य को नहीं। भारतीय परम्परागत समाज में वानप्रस्थी (50 से 75 वर्ष) ही गुरू की भूमिका निभाते थे। बदलते परिवेश में वृद्धजनों की परिवार में सक्रिय भूमिका का होना अत्यंत आवश्यक हो गया है। बच्चों एवं युवा पीढ़ी को अनुशासित करने, शिक्षित करने, संस्कारवान बनाने तथा सभ्य नागरिक के निर्माण में वृद्धजनों की अहम भूमिका होती है। वृद्धजनों के ज्ञान के आधार पर ही भारत विश्वगुरू बना।

संस्कार और नवाचार कासमायोजन वृद्धजनों के अनुभव से ही संभव है।

**सुझाव –** वृद्धजनों की विभिन्न समस्याओं को निम्न सुझाव के आधार पर कम करने के प्रयास किये जा सकते हैं :-

जनचेतना, विधिक सहायता उपलब्ध कराना, वृद्धावस्था के लिए बचत, बच्चों को अच्छे संस्कार देना, वृद्धाश्रम की स्थापना तथा रखरखाव, वृद्धजनों के लिए कम श्रम वाले कार्य की व्यवस्था शासन द्वारा की जाये, सामाजिक संस्थाओं के माध्यम से सेवा, वृद्धजनों की सेवा करने वालों को सम्मानित किया जाये, उपेक्षा करने वालों पर कार्यवाही, वृद्धावस्था पेंशन, हैल्प सेन्टर एण्ड काउंसलिंग, वरिष्ठ नागरिक समूहों का गठन, स्वचलितचिकित्सा इकाईयों के माध्यम से सहायता, विशेष निगरानी केन्द्रों की स्थापना, घरेलू हिंसा अधिनियम 2005 में 75 वर्ष से अधिक आयु के पुरूष वृद्धजन एवं गंभीर रोग के ग्रसित वृद्धजन को शामिल किया जाये।

**निष्कर्ष –** प्रत्येक व्यक्ति को जीवन में संघर्षो, कठिनाईयों एवं समस्याओं का सामना करना पड़ता है। यह व्यक्ति विशेष पर निर्भर करता है कि वह उसका सामना कैसे करता है, परन्तु वृद्धजनों की समस्याएँ एक अतिसंवेदनशील समस्या है। इस समस्या को समाधान हेतु व्यक्ति विशेष के साथ-साथ परिवार, समाज, शासन, स्वयंसेवी संघ इत्यादि को सामने आकर सक्रिय भूमिका निभानी होगी।

**संदर्भ ग्रंथ सूची:-**

1. भट्टाचार्य, सुनीलकांत (2008) : भारत की सामाजिक समस्याएँ, मुद्दे और परिप्रेक्ष्य, नई दिल्ली, राधा पब्लिकेशन।
2. Karalay, Gangadhar (2022) : Sociology of Aging, New Delhi , Sage Publication, India Pvt. Ltd.
3. Kapoor, A.K. (2004) : India's Elderly, Mital Publication, New Delhi.
4. Lucis, Dablin (1951) : The Facts of Life, The Maemillan Company, New York.
5. Chowdhary, D.P. (1992) : Aged in India, Inter India Publications, New Delhi.
6. सिलावट, सुधा एस. (1955) : वृद्धावस्था की समस्याएं, सामाजिक सहयोग त्रैमासिक शोध पत्रिका, श्री कृष्ण शोध संस्थान, उज्जैन (म.प्र.)
7. Hussain M.G. (Ed). (1997) : Changing Indian Society at status of agreed, Manak Publication Pvt. Ltd., NewDelhi.
8. लाल विमला (2010) वृद्धावस्था का सच, प्रकाशक कल्याणी शिक्षा परिषद, नई दिल्ली।
9. Prabhu P.H. (1995) :Hindu Social Organization, Reprinted Polular Prakashan Pvt. Ltd.
10. www.drishtiias.com/hindi (Current Affairs, January Part-II 2020-25
11. https://www.unorg/en/over serance/older/person/day
12. हिन्दी विवाह एवं दत्तक ग्रहण अधिनियम 1956
13. माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम 2007
14. इंडिया एजिंग रिपोर्ट 2023

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LI (51), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# बाल श्रमिकों की शैक्षिक समस्यायें एवं सम्बन्धित संवैधानिक प्रावधानों के क्रियान्वयन का अध्ययन

**डॉ. सुषमा***

* असिस्टेंट प्रोफेसर (बी0एड0) दयानन्द आर्य कन्या डिग्री कॉलेज, मुरादाबाद (उ.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** बाल श्रम किसी भी देश के लिये एक कलंक के समान है जिसके कारण बच्चों के बचपन की नैसर्गिक अभिक्षमता, रचनात्मकता, अभिरूचि का नाश हो जाता है। बच्चे विश्व के सर्वाधिक अनमोल संसाधन है, असीम नैतिक और बौद्धिक शक्ति के भण्डार और पर्याय है। इन्हें संवारने का स्वर्णिम एवं ऐतिहासिक अवसर शिक्षकों को प्राप्त हुआ है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये परिवार, समाज, सरकार एवं शिक्षक को सामूहिक रूप से प्रयास करना होगा। इसी तथ्य के दृष्टिगत यह शोध किया गया है। इस शोध का क्षेत्र मुरादाबाद जनपद है। शोध की जनसंख्या में 6–14 वर्ष तक 100 बाल श्रमिक व उनके 50 अभिभावकों का चयन किया गया है। शोध के निष्कर्ष मिले जुलेरूप में प्राप्त हुये हैं। अत: यह शोध बालश्रमिकों की शैक्षिक समस्याओं एवं बाल श्रमिकों के लिये संवैधानिक प्रावधानों के प्रति उनके अभिभावकों व अध्यापकों को सचेत करेगा एवं उन्हें नवीन दृष्टि प्रदान करने के साथ ही उपयोगी सिद्ध होगा।

**शब्द कुंजी –** बाल श्रम, शौक्षिक समस्या, अभिभावक, संवैधानिक प्रावधान।

**प्रस्तावना –** किसी भी देश का सुनहरा भविष्य, देश की प्रगति व विकास उस वेश के बच्चों पर ही निर्भर करता है। आज के बच्चे भविष्य के नागकिर है। बच्चों को आज के आधुनिक और तकनीकी के दौर में वैश्वीकरण और औद्योगीकरण के कारण मानवता और समस्त देशों के सम्मुख उत्पन्न समस्याओं जैसे कि ग्लोबल वार्मिंग, पर्यावरण प्रदूषण, आतंकवाद, आर्थिक विषमता, गरीबी का व्यापक होना, लैंगिक असमानता आदि चुनौतियों से निपटने के लिये उनका समग्र विकास अति आवश्यक हो जाता है। आर्थिक गरीबी सामाजिक और शैक्षिक तौर पर पिछड़ापन आदि बाल श्रम को प्रोत्साहित करता है। बालश्रम एक विश्वव्यापी समस्या है। आज वर्तमान समय में बाल श्रम बहुत तेजी से फैलता जा रहा है। जो राष्ट्र अपने नौनिहालों के लिये संवेदनशील, जागरूक व सजग नहीं, वह अपने भविष्य को उज्जवल कैसे बना सकता है। आने ही राष्ट्र के बच्चों के भविष्य के प्रति असंवेदनाशीलता, उदासीनता को अपराध की दृष्टि से देखा जाता है।

**शोध की आवश्यकता –** किसी भी देश को विकास के मार्ग पर अग्रसर करने के लिये यह आवश्यक है कि वहाँ के आधारभूत मानवीय संसाधन के रूप में प्रत्येक बच्चे के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित किया जाये। बाल श्रमिकों की शैक्षिक समस्यायें सामान्य बालकों से भिन्न हैं, एवं इनके सर्वांगीण विकास के लिये आवश्यक है कि इनकी शैक्षिक समस्याओं का विश्लेषण किया जाये और यह भी जाना जाये कि इन्हें सुलझाने के लिये कौन से प्रयास किये जा रहे हैं? और वे किस हद तक सार्थक सिद्ध हो रहे हैं बाल श्रमिकों के लिये चलाई जा रही योजनाओं को सफल बनाने के लिये, बाल श्रमिकों की समस्याओं को जानने के लिये एवं समाज और देश को बालश्रम के कलंक से बचाने के लिये निश्चित रूप से इस क्षेत्र में शोध अत्याधिक आवश्यकता प्रतीत होती है।

**शोध समस्या का अभिकथन –** शोध समस्या का अभिकथन निम्नलिखित रूप से भाषाबद्ध किया गया है:

'बालश्रमिकों की शैक्षिक समस्यायें एवं सम्बन्धित संवैधानिक प्रावधानों के क्रियान्वयन का अध्ययन'

**शोध उद्देश्य:**

1. मुरादाबाद जनपद में बालश्रमिकों की शैक्षिक समस्याओं का अध्ययन करना।
2. मुरादाबाद जनपद में बालश्रमिकों की पारिवारिक समस्याओं का अध्ययन करना।
3. मुरादाबाद जनपद में बाल श्रमिकों से सम्बन्धित संवैधानिक प्रावधानों का विश्लेषण करना।

**शोध परिकल्पना :**

1. मुरादाबाद जनपद में बाल श्रमिकों की शैक्षिक समस्याओं की स्थिति चिंताजनक नहीं है।
2. मुरादाबाद जनपद में बाल श्रमिकों की पारिवारिक समस्यायें शिक्षा अर्जन में बाधक नहीं हैं।
3. मुरादाबाद जनपद में बालश्रम से सम्बन्धित संवैधानिक प्रावधानों के क्रियान्वयन की स्थिति सामान्य है।

**शोध विधि व प्रविधि –** प्रस्तुत शोध कार्य सर्वेक्षण विधि पर आधारित है।

**शोध जनसंख्या न्यादर्श एवं न्यायदर्शन विधि –** प्रस्तुत शोध में जनसंख्या के रूप में मुरादाबाद जनपद के 6 से 14 वर्ष के बाल श्रमिकों एवं उनके अभिभावकों का चयन सोद्देश्य न्यादर्श विधि से किया गया है। इस प्रकार कुल 100 बाल श्रमिकों एवं उनके 50 अभिभावकों का चयन न्यादर्श के रूप में किया गया है।

**शोध उपकरण**–प्रस्तुत शोध में शोधार्थिनी द्वारा बालश्रमिकों के लिये शैक्षिक समस्या साक्षात्कार अनुसूची, बाल श्रमिकों के अभिभावकों के लिये शैक्षिक समस्या साक्षात्कार अनुसूची का प्रयोग किया गया है। तथा बालश्रम से सम्बन्धित अधिकारियों के लिये साक्षात्कार अनुसूची का प्रयोग किया गया है।

**शोध सांख्यिकी:**–प्रस्तुत शोध में प्रदत्तों का प्रतिशतीय विश्लेषण एवं प्राप्त परिणामों की गुणात्मक व्याख्या की गयी है।

**आंकडों का विश्लेषण एवं व्याख्या–बाल श्रमिकों की पारिवारिक एवं शैक्षिक समस्याओं से सम्बन्धित विश्लेषण–**

| क्र. | कथन | प्रतिक्रिया–1 | | प्रतिक्रिया–1 | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | हाँ | % | नहीं | % |
| 1. | क्या आप अपना नाम लिख सकते है? | 80 | 80% | 20 | 20% |
| 2. | क्या आप कभी स्कूल गये हैं? | 84 | 84% | 16 | 16% |
| 3. | यदि आपको पढ़ने का मौका दिया जाए तो क्या आप पढ़ना पसन्द करेंगे? | 76 | 76% | 24 | 24% |
| 4. | टाप अन्य बच्चों को स्कूल जाते हुये देखते है तो क्या आपको स्कूल जाने की इच्छा होती है? | 90 | 90% | 10 | 10% |
| 5. | क्या आप जो कार्य कर रहे हैं इसमें रूचि है? | 14 | 14% | 86 | 86% |
| 6. | क्या आप केवल अपने अभिभावकों के कहने से कार्य कर रहे हैं? | 84 | 84% | 16 | 16% |
| 7. | क्या आप घर पर भी कार्य करते हैं? | 98 | 98% | 2 | 2% |
| 8. | क्या आपके अभिभावक शराब पीते हैं? | 60 | 60% | 40 | 40% |
| 9. | क्या आपको घर पर भर पेट भोजन मिलता है? | 68 | 68% | 32 | 32% |
| 10. | क्या आपको यह जानकारी है कि अभी आपकी सम्र पढ़ाई करने की है श्रम करने की नहीं? | 80 | 80% | 20 | 20% |
| 11. | क्या आपको खेलने का मौका मिलता है? | 64 | 64% | 36 | 36% |
| 12. | क्या आपके माँ बाप दोनों जीवित हैं? | 98 | 98% | 2 | 2% |
| 13. | क्या आपको यह जानकारी है कि आपकी उम्र के बच्चों का श्रम करना सरकार द्वारा वर्जित है? | 22 | 22% | 78 | 78% |
| 14. | क्या आप अपने अभिभावकों की बगैर जानकरी में श्रम कर रहे हैं? | 16 | 16% | 84 | 84% |
| 15. | क्या परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण आपको श्रम करना पड़ रहा है? | 99 | 99% | 1 | 1% |
| 16. | क्या आपको पढ़ाई से आसान श्रम करना लगता है? | 26 | 26% | 74 | 74% |

न्यादर्श के रूप में चुने गये 100 बाल श्रमिकों पर किये गये सर्वेक्षण से यह पता चलता है कि 76 प्रतिशत बाल श्रमिक अपना नाम लिख लेते हैं 99 प्रतिशत बच्चों के परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। तथा अभिभावकों द्वारा मजबूर किये जाने पर पढ़ाई छोड़कर बाल श्रम करने लगते हैं।

**संवैधानिक प्रावधानों के क्रियान्वयन की स्थिति का विश्लेषण–**

| क्र. | कथन | प्रतिक्रिया–1 | | प्रतिक्रिया–1 | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | हाँ | % | नहीं | % |
| 1. | क्या बरेली जनपद के रोजगार कार्यालय में बाल श्रमिकों के लिए रोजगार की व्यवस्था है? | 0 | 0% | 10 | 100% |
| 2. | क्या अपने कभी किसी सरकारी योजना का लाभ बाल श्रमिकों तक पहुँचाया है? | 5 | 50% | 5 | 50% |
| 3. | क्या आप को बाल श्रम उन्मूलन के लिए चलायी गयी सरकारी योजनाओं की जानकारी है? | 8 | 80% | 2 | 20% |
| 4. | क्या सरकार द्वारा समय–समय पर बाल श्रमिकों से सम्बन्धित सर्वेक्षण कराया जाता है? | 9 | 90% | 1 | 10% |
| 5. | क्या आप बालश्रम उन्मूलन हेतू चलाये जा रहे सरकारी प्रयासों से संतुष्ट है? | 6 | 60% | 4 | 40% |
| 6. | क्या सरकार को बाल श्रमिकों की आर्थिक सहायता हेतु अधिक धनराशि उपलब्ध करानी चाहिए? | 10 | 100% | 0 | 0% |
| 7. | क्या आपको बरेली जनपद में कार्यरत बाल श्रमिकों की संख्या पता है? | 8 | 80% | 2 | 20% |
| 8. | क्या आप बालश्रम को एक गम्भीर समस्या मानते हैं? | 7 | 70% | 3 | 30% |

न्यायदर्श के रूप में चुने गये मुरादाबाद जनपद के श्रम विभाग तथा सम्बन्धित विभागों के 10 अधिकारियों पर किया गये सर्वेक्षण के परिणामों से स्पष्ट है कि मुरादाबाद जनपद में बालश्रम के उन्मूलन के लिये सरकारी प्रयासों का क्रियान्वयन अधिकारी अपने स्तर पर कर रहे हैं। अधिकतर लगभ 80% अधिकारी जानते हैं कि बालश्रम उन्मूलन से सम्बन्धित क्या सरकारी प्रावधान किये गये हैं। और उनमें से लगभ 50% अधिकारियों ने कई बार बाल श्रमिकों को रोजगार देकर बाल श्रम पर काफी हद तक काबू पाया जा सकता है। शोध पत्र से प्राप्त ज्ञान अध्यापकों के लिये भी उपयोगी है क्योंकि वे बालश्रमिकों के अभिभावकों को शिक्षा के प्रति प्रेरित कर सकते हैं जिससे किवे अपने बच्चों को विद्यालय भेज कर बालश्रम उन्मूलन में मदद कर सकें।

**सन्दर्भ ग्रन्थ सूची:–**

1. अग्रवाल, उमेश चन्द्र (2006), 'बाल श्रम की विभीषिका' कुरूक्षेत्र, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार।
2. आशीष घोष, सीकर, आर0 हेलेन (2000), 'चाइल्ड लेबर इन मुरादाबाद होम बेस्ड इंडस्ट्रीज इन दि वेक ऑफ लेजिसलेशन, मुरादाबाद।
3. गुप्ता, एस0पी0 और गुप्ता अलका (2005), 'शिक्षा का ताना बाना', शारदा पुस्तक भवन, इलाहाबाद।
4. दूबे, नीरज (2001), 'म0प्र0 के बाल श्रमिकों पर किये गये सर्वेक्षण', योजना भारत सरकार सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय।
5. राय, पारसनाथ (2008), 'अनुसंधान परिचय, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल पब्लिकेशन, आगरा।
6. सम सामायिक घटना चक्र (2009), 'बच्चों की मुक्त एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2007, सम सामाजिक घटना चक्र प्रकाशन, इलाहाबाद।

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LI (51), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# भारतीय इतिहास में मथुरा कला का योगदान

**डॉ. शुभम शिवा*  देवेन्द्र पाल सिंह****

* प्रोफेसर (चित्रकला) दयानंद गर्ल्स पी. जी. कॉलेज, कानपुर, सम्वद्ध छात्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर (उ.प्र.) भारत
** शोधार्थी (चित्रकला) दयानंद गर्ल्स पी.जी. कॉलेज, कानपुर, सम्वद्ध  छात्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर (उ.प्र.) भारत

**प्रस्तावना –** प्रागेतिहासिक युग से लेकर शुंगकाल तक के विकास के पश्चात मथुरा की कला कुषाण युग प्रविष्ट हुई। इस युग में इस कला के कुछ विशेषताएँ आ गयी जिनके कारण आगे चल कर इसने सम्पूर्ण भारत की कला को प्रभावित किया। ई. पूर्व द्वितीय से लेकर ईशा की छटी शताब्दी तक मथुरा उत्तरी भारत में स्थापत्य कला तथा मूर्ति कला का एक केन्द्र रहा है। शुंग काल में मथुरा की कला नितान्त देशी ढंग पर विकसित हुई।

उस समय वह साँची और भरहुत को मध्यदेशीय कला से प्रभावित हुई। गान्धार कला का प्रभाव भी मथुरा कला में परिलक्षित होता है। साथ ही मथुरा में ही बुद्ध की मानुषी रूप मूर्ति की सर्व प्रथम एवं इस युग में मथुरा के शिल्पियों ने बोधिसत्वों, जैनों. के 24 तीर्थकरो, हिन्दुओं के देवताओं शिव, विष्णु, ब्रह्मा, सूर्य और उनके अनुचर, कार्तिकेय, गणेश, पार्वती, दुर्गा, सप्त मातृका, लक्ष्मी, सरावती, इन्ड, कुवर, हारीती, यक्ष–यक्षी, नाग–नागी तथा लोक में प्रचलित देवी–देवताओं का अंकन किया। सम्पूर्ण मध्य भारत में यहाँ की मूर्तिया जाती थीं। श्रावस्ती, कौशाम्बी, सारनाथ, साँची,तक्षशिला आदि में भी यहाँ से इसके अतरिक्त प्रतिमाएँ मंगायी जाती थी और वहाँ के कारीगर इन्हें देखकर अन्य प्रतिमाएं बनाते थे। इस प्रकार इन देवी–देवताकों को जो रूप मिले वे इन्हीं कुषान् कालीन मथुरा के शिल्पियों की देन है। इसके के बाद अन्य युगों में मूर्तिकला को विकास हुआ।

मथुरा शैली की बाबाठी कलाकृतियों में प्राय: चितिदारलाल बलुए पत्थर की प्रयोग हुआ है जो निकट ही स्थित फतेहपुर सीकरी, रुपवास, हि–डॉन आदि से स्थानों प्रचुर मात्रा में सुलभ प्राप्त था।

वर्तमान मथुरा तथा उसके आसपास का क्षेत्र (प्रदेश) जिसे ब्रज कहा जाता हैय प्राचीन काल में शूरसेन जनपद के नाम से प्रसिद्ध था। इसकी राजधानी मथुरा थी। यहाँ की कला को देखते हुए इसे भारत का ऐथेन्स कहना यक्ति संगत है। मौर्य काल से लेकर लगभग 12वीं शाताब्दी तक कलाकृतियों के निर्माण की विविध शिल्प शालायें नवीन उत्साह एवं मौलिकता के साथ कार्य कर रही थी। भारतीय कला के क्षेत्र में मथुरा ने जो विशाल योगदान दिया है, उस ओर ध्यान देने पर यह एक ऐसे महत्वपूर्ण कला केंद्र के रूप में सामने आता है जहाँ की कलाकृतियाँ नयना विराम सहज दुर्लभ सौन्दर्य एवं बहुमुखी व्यंजनाओं से ओतप्रोत रही है।

मथुरा से प्राप्त पुरातात्विक सामग्री में प्राचीन मूर्तियाँ, चित्र, अभिलेख, सिक्के तथा इमारती वास्तुएँ आदि प्रचुर मात्रा में प्राप्त हुई हैं। मथुरा और उसके आसपास से अव तक कई सौ प्राचीन शिलालेख उपलब्ध हो चुके हैं जिनसे तत्कालीन धार्मिक एवं सामाजिक स्थिति पर भी बहुत प्रकाश पड़ा है। मथुरा कला का विस्तार क्रम केवल मथुरा एवं उसके आसपास तक ही सिमित नहीं रहा अपितु पूर्व एवं दक्षिण तक फैला। इन अवशेषों के द्वारा प्राचीन स्थापत्य की भी जानकारी हो सकी है कि मथुरा में किस प्रकार के मंदिर, विहार, स्तूप, महल व मकान आदि थे।

शुंग काल से लेकर गुप्त काल के बीच पनपी हुई मथुरा की कला में पाषाण एवं मृत्ति का के माध्यम से कई नवीन प्रयोग किये गये। यहाँ संस्कृति, धर्म एवं कला की त्रिवेणिय के दर्शन होते हैं। यह नगरी अपने भौगोलिक महत्व के कारण भारतीय, भारतीय–शक और यूनानी सभ्यताओं की संगम स्थली बनी। ब्राह्मण, जैन और बौद्ध धर्म की त्रिधाराओं का मिलन भी मथुरा में ही हुआ, इन्ही धाराओं के कारण मथुरा की कितनी ही महत्वपूर्ण व सुन्दर कलाकृतियों का निर्माण....हुआ। इसके अतिरिक्त मथुरा में एक तीसरी भव्य त्रिवेणी के दर्शन होते हैं, यह भारतीय इतिहास के तीन महत्वपूर्ण युगों अर्थात मौर्य–शंग, शक–कुषाण व गुप्त काल का संगम है। इन विभिन्न युगों ने भी मथुरा कला के निर्माण में भरपूर योग प्रदान किया।

मौर्य– शुंग काल में मथुरा ने अपनी प्राचीन परम्परा से प्राप्त अभिप्रायों एवं धार्मिक मान्यताओं का प्रचुर प्रयोग किया। ये मान्यताएँ एवं अभिप्राय यक्ष पूजा, नागपूजा, पदमश्री या श्री लक्ष्मी के रूप में शक्ति की आराधना चक्र एवं चौत्य की अर्चना, स्तम्भ पूजा आदि विविध रूपों में चली आ रही थी। कुषाण सम्राटों का शासन काल वस्तुत: उस का स्वर्ण युग था। इस युग की कला में द्रष्टिगोचर होने वाली क्रियाशीलता, अथक लगन, उर्वरा सृजन शक्ति तथा अभिनव प्रयोग करने की क्षमता भारतीय कला के इतिहास में अन्यत्र दुर्लभ है। सचमुच कुषाण कला अत्यंत साहसिक थी, जिसका सबसे सुन्दर उदाहरण बुद्ध प्रतिमा का निर्माण है।

कुषाण काल के बाद गुप्तों का युग आया इसमें मथुरा कला ने देव प्रतिमा व देवायतनों के निर्माण मर समुचित हाथ बँटाया।

मथुरा की कलाकृतियों में पत्थर की प्रतिमाओं तथा प्राचीन वस्तुखण्डों के अतिरिक्त मिट्टी के खिलोनों का भी समावेश होता है। इन सबका प्राप्ति स्थान मथुरा शहर और उसके आसपास का क्षेत्र है। वर्तमान मथुरा शहर को देखने से स्पष्ट होता है कि यह सारा नगर टीलों पर बसा है। इसके आसपास भी लगभग 10 मील के परिसर में अनेक टीले हैं। इनमें से अधिकतर टीलों के गर्भ से मथुरा कला की अति उच्च कोटि की कलाकृतियों प्रकाश में आयी हैं। कंकाली टीला, भुतेश्वर, सोंख टीला, जमालपुर टीला आदि ऐसे ही महत्वपूर्ण स्थान हैं।

महत्वपूर्ण बात तो यह है कि यहाँ कुषाण एवं गुप्तकाल में अनेक विशाल

विहार, स्तूप मंदिर तथा भवन विद्धमान थे, वहाँ उनमें से एक भी अवशिष्ट नहीं हैं। सब के सब धराशायी होकर पृथ्वी के गर्भ में समा गए हैं।

'मथुरा कला की प्रथम मूर्ति के दर्शन और उसकी पहचान सन 1836 में हुई थी। आज यह भारतीय संग्रहालय कलकत्ता मैं है उस समय इसे सायलेनस के नाम से पहचाना गया था। वस्तुत: आसवपान का दृश्य है। इसके बाद सन 1853 में जनरल कनिंघम ने कटरा केशवदेव टीला से कई मूर्तियाँ व शिलालेख प्राप्त किये उन्होंने पुन: 1862 में इसी स्थान से गुप्त संवत् 230 (सन 549-50) में बनी हुई यशाविहार में स्थापित सर्वांग सुन्दर बुद्ध की मूर्ति खोज निकाली।

यह इस समय लखनऊ के राज्य संग्रहालय में है। इसी बीच सन 1860 में मथुरा कचहरी के निर्माण के लिए जमालपुर टीले को समतल बनाया गया जहाँ किसी समय दधिकर्ण नाग का मन्दिर व हुविष्क विहार था। इस खुदाई में मूर्तियाँ, शिलालेख, स्तम्भ, वेदिका स्तम्भाधार आदि के रूप में मथुरा कला का विपुल भण्डार प्राप्त हुआ। इसी स्थान से प्राप्त सर्वोत्कृष्ट गुप्तकालीन बुद्ध मूर्ति मिली जो राजकीय संग्रहालय मथुरा में प्रदर्शित है।

सन 1871 में जनरल कर्मिघम ने पुन: मथुरा यात्रा की और इस समय उन्होंने दो अन्य टीलों कंकाली और चौवारा टीले की खुदाई कराई। कटरा केशवदेव से दक्षिण में लगभग आधे मील के अंतर पर बसे हुए कंकाली टीले ने मानो मथुरा कला का विशाल भण्डार ही खोल दिया। यहाँ कभी जैनों का प्रसिद्ध स्तूप व बौद्ध स्तूप था।

कर्मिघम साहब ने यहाँ से कनिष्क के राज्य संवत् 5 से लेकर वासुदेव के राज्य संवत्सर 18 तक की अभिलिखित प्रतिमाएँ प्राप्त की। चौवारा टीला वस्तुत: 12 टीलों का समूह है जहाँ पर कभी बौद्धों के स्तूप थे।

2 सन 1872 में तत्कालीन कलैक्टर मथुरा, ग्राउज महोदय ने पालीखेड़ा नामक स्थान से एक महत्वपूर्ण प्रतिमा आसवपायी कुबेर को प्राप्त किया। सन 1888 से 1891 तक डॉ. फ्यूहरर ने लगातार कंकाली टीले की खुदाई कराई। पहले ही वर्ष में 737 से अधिक प्रतिमाएँ मिली जो लखनऊ के राज्य संग्रहालय में भेज दी गई। सन 1966 से 1974 तक मथुरा के निकट सौंख नामक स्थान पर टीले की खुदाई जर्मन विद्धान हरवर्ट हर्टल ने कराई तथा वहाँ से लगभग.....3 12,000 कलाकृतियाँ प्राप्त हुईं जिनमें प्रस्तर प्रतिमाएँ, मृण मूर्तियाँ, मृत्त पात्र तथा देव सेनानी कार्तिकेय की कांस्य प्रतिमा भी प्राप्त हुई जो बहुत बड़ी उपलब्धि थी।

फरवरी सन 1912 में मॉट गाँव के निकट टोकरी या इटोकरी नामक टीले की खुदाई कराई और कुषाण सम्राट विम कडफाइसिस, कनिष्क और चस्टन की प्रतिमाओं को अन्यान्य प्रतिमाओं के साथ प्राप्त किया। सन 1915 में नगर और और आसपास के गाँव के कई कुओं की सफाई कराई गयी और उनमें से लगभग 600 मूर्तियाँ मिलीं।

मथुरा में जैन और बौद्ध धर्म के बड़े केंद्र स्थापित हो जाने से यह युक्ति सम्मत था कि यहाँ अनेक स्तूपों तथा विहारों का निर्माण होता। मथुरा के कंकाली टीले से प्राप्त एक मूर्ति पर खुदे हुए द्वितीय शती के एक लेख से पता चलता है कि उस समय से बहुत पूर्व मथुरा में एक बड़े जैन स्तूप का निर्माण हो चुका था। लेख में उस स्तूप का निर्माण (बौद्ध स्तूप) दिया है। वर्तमान कंकाली टीले की भूमि पर उस समय से लेकर प्रा: 1100 ई. तक जैन इमारतों एवं मूर्तियों का निर्माण होता रहा। सम्राट अशोक, कनिष्क एवं अन्य शासकों द्वारा मथुरा नगर तथा उसके आस-पास कितने ही स्तूपों तथा विहारों का निर्माण कराया गया।

मथुरा कला की प्रतिमाएँ बड़ी संख्या में मथुरा के बाहर भी मिली हैं। अब तक चित्तीदार लाल बलुए पत्थर की कई हजार मूर्तियाँ, स्तम्भ, शिलापट, सिरदल, मृण मूर्तियाँ एवं मृत्त पात्र आदि मिल चुके हैं। इनके देखने से पता चलता है कि प्राचीन मथुरा में हिन्दू, बौद्ध और जैन धर्म कई शताब्दियों तक साथ-साथ विकसित होते रहे। यह सामग्री मथुरा एवं उसके आस-पास यत्र-तत्र बिखरे टीलों सेसमय-समय पर प्राप्त होती रही हैं जो आज पुरातत्व की धरोहर है।....

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. शर्मा, आर. सी.(1993). स्पलैंडर ऑफ मथुरा आर्ट एण्ड म्यूजियम: दिल्ली।
2. पाण्डे, गोविन्द चन्द. (1963). बौद्ध धर्म के विकास का इतिहास: लखनऊ।
3. जोशी, एन. पी. (1965). मथुरा कला: मथुरा।
4. मित्तल, प्रभुदयाल. (1965). ब्रज की कलाओं का इतिहास।
5. शर्मा, आर. सी.. (1973). मथुरा म्यूजियम एण्ड आर्ट: मथुरा।
6. वाजपेई, के. डी. (1980). मथुरा: नई दिल्ली।
7. ग्राउज, एफ. एस.. (1882). मथुरा- ए डिस्टिक मेमायर।
8. ब्रेक ब्रोकमैन. (1911). मथुरा: ए गजेटियर।
9. आनन्द, मुल्कराज. (1962). ओरिजिन ऑफ दि बुद्ध इमेजेज (मार्ग) वा.-अंक-2
10. बिहुलर, जी.. (1896). एपिग्राफिक डिस्कवरीज ऐट मथुरा।
11. क्रेमरिश, स्ट्रेला. (1933). इण्डियन स्कल्पचर्स।
12. शिवाममूर्त, सी. (1961). इण्डियन स्कल्पचर्स।

**चित्रसूची:-**

**मथुरा संग्रहालय सं. 00. ए.5**

मथुरा संग्रहालय सं. 00.ए.1

मथुरा संग्रहालय सं. डी. 47

मथुरा संग्रहालय सं. सी. 1

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LI (51), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# सतत विकास एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020: एक समीक्षा

**डॉ. राजकुमार नागवंशी***

* सह-आचार्य (अर्थशास्त्र) गुरु घासीदास विश्वविद्यालय (केन्द्रीय विश्वविद्यालय),बिलासपुर (छ.ग.) भारत

**प्रस्तावना –** किसी देश की प्रगति के लिए शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण तंत्रों में से एक है और यह बहुत महत्वपूर्ण है कि हम बार-बार बदलते समय के आलोक में अपनी शिक्षा प्रणालियों और कार्यक्रमों में सुधार करते रहें है। शिक्षा आर्थिक एवं सामाजिक गतिशीलता को साकार करने का सर्वोत्तम साधन है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और सतत विकास लक्ष्य 4 सार्वभौमिक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और आजीवन सीखने के लक्ष्य को साझा करती हैं। सतत विकास के लिए शिक्षा एक महत्वपूर्ण एवं प्रमुख तत्व के रूप में है। शिक्षा पर्यावरणीय अखंडता, आर्थिक व्यवहार्यता और न्यायपूर्ण समाज को सशक्त बनाता है, जो मानव के लिए सहायक होता है। शैक्षिक सतत विकास का उद्देश्य आवश्यक ज्ञान, कौशल, दृष्टिकोण और मूल्य प्रदान करके विकास की चुनौतियों का समाधान करता है। शिक्षा व्यक्ति के समग्र विकास की एक सतत प्रक्रिया है, और यह दुनिया भर में अपनाई जाने वाली एक व्यवस्थित प्रक्रिया है। शिक्षा एक ऐसी प्रणाली है जिसके माध्यम से विद्यार्थी अपने जीवन में मूल्यों का विकास करता है, उनकी आकांक्षाओं को संतुलित करती है एवं साथ ही उनकी क्षमताओं को विकसित करती है । शिक्षा किसी व्यक्ति को देश का सभ्य नागरिक बनने का अवसर प्रदान करती है। किसी देश की पूंजी मानव संसाधन होती है, जो शिक्षा के माध्यम से और समृद्ध होती है।

शैक्षिक रूप से कुशल नागरिकों के बिना राष्ट्रीय आकांक्षाओं को साकार नहीं किया जा सकता। इसलिए यह राज्य का कर्तव्य है कि वह समाज की आवश्यकता और राष्ट्रीय हित के अनुसार शैक्षिक नीतियों का सुधार करे, क्योंकि समाज का भविष्य सही मूल्यों और सही दृष्टिकोण पर निर्भर करता है, जो शिक्षा के माध्यम से विकसित होता है। स्वतंत्र भारत ने पहली शिक्षा नीति 1968 के दौरान पेश की गई थी एवं सन 1986 में दूसरी शिक्षा नीति बनाई गई। सन 1992 में इस नीति में कुछ संशोधन किए गए और आखिरकार 34 साल बाद वर्तमान सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लाने के लिए एक नया कदम उठाया गया है जो आज पुरे देश के शिक्षा जगत में एक नया परिवर्तन लाने का प्रयास है । राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के सन्दर्भ में कहा जाय तो यह ज्ञान पर नहीं बल्कि वैचारिक समझ पर केंद्रित है और पाठ्यक्रम से परे व महत्वपूर्ण सोच पर केंद्रित है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति प्रक्रिया के बजाय जुनून, अभ्यास और परिणाम-आधारित प्रदर्शन पर जोर देती है। इस प्रकार यह शिक्षा नीति वर्तमान समय की जरूरतों के अनुकूल है।

**सतत विकास एवं सतत विकास लक्ष्य 2030 –** सतत विकास एक ऐसे विकास की कल्पना करता है जो भविष्य की पीढ़ियों की अपनी जरूरतों को पूरा करने की क्षमता से समझौता किए बिना वर्तमान की जरूरतों को पूरा करता है। सतत विकास के चार मुख्य आयाम माने जाते हैं: सामाजिक, पर्यावरणीय, सांस्कृतिक और आर्थिक। सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) जनवरी 2016 में पेरिस सम्मेलन के बाद लॉन्च किए गए है, जिसमें वैश्विक विकास को आगे बढ़ाने के लिए 184 सदस्यीय सरकारों और शिक्षा क्षेत्र को एक साथ लाने के लिए चर्चा की गई एवं रणनीति बनाने की सिफारिश की गई है। इसमें मुख्य रूप से 17 सतत विकास लक्ष्य रखे गए है जिसमे लक्ष्य 4 गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, दुनिया को सही दिशा में बदलने में मदद करने के लिए सतत विकास का सबसे महत्वपूर्ण और मौलिक तत्व के रूप में रखा गया है। शिक्षा मौलिक रूप से, जीवन में सुधार, लोगों के जीवन स्तर और प्राकृतिक संसाधनों के उचित उपयोग के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एक आवश्यक कारक है जिसे वैश्विक रूप से स्वीकार्य किया गया है । सतत विकास के लिए शिक्षा में शिक्षण और सीखने में प्रमुख रूप से सतत विकास के प्रमुख मुद्दों को शामिल करना है। जैसे उदाहरण के लिए, जलवायु परिवर्तन, आपदा जोखिम में कमी, जैव विविधता, गरीबी में कमी और टिकाऊ खपत आदि। इसमें सहभागी शिक्षण और सीखने के तरीकों की भी आवश्यकता है जो शिक्षार्थियों को अपने व्यवहार को बदलने और सतत विकास के लिए कार्रवाई करने के लिए प्रेरित और सशक्त करें।

**सतत विकास के प्रमुख घटक**

1. **सतत विकास के सामाजिक घटक:** सामाजिक घटकों में मुख्य रूप से सामाजिक स्थिरता प्राप्त करने के लिए आवश्यक मानवीय तत्व है । जिसमे सामाजिक अस्थिरता से सम्बंधित सभी बुराइयों को खत्म करना है इसमें सतत विकास के रूप में इसका मुख्य उद्देश्य है सामाजिक-सांस्कृतिक स्थिरता का निर्माण करना और वर्तमान समय व्याप्त में सामाजिक बुराइयों को रोकना है व खत्म करना है एवं सामाजिक स्थिरता बनाये रखना है।
2. **सतत विकास के आर्थिक घटक:** आर्थिक विकास दुनिया भर में एक लोकप्रिय नीति एजेंडा है और इसकी एक शाखा के रूप में, विकास अर्थशास्त्र एक नए अनुशासन के रूप में उभरा है । इस प्रकार कहा जाय की आज की आवश्यकतानुसार व वैश्विक अर्थव्यवस्था के रूप में सफल होने के लिए सतत रूप से आर्थिक प्रणाली को विकसित करने की आवश्यकता है, आर्थिक स्थिरता आज की मुख्य आवश्यकता है साथ ही व्यापार चक्र से

निपटना व आर्थिक अस्थिरता को नियंत्रित करना जो आज हमें सतत विकास प्रणाली इन सबका हल देता है ।

**3. सतत विकास के पर्यावरणीय घटक:** सतत विकास का तीसरा घटक पर्यावरण है, जो आर्थिक विकास और सामाजिक असमानताओं के प्रतिकूल प्रभावों के कारण क्षतिग्रस्त हो रहा है। तीनों घटक एक-दूसरे पर ओवरलैप करते हैं क्योंकि वे आपस में घनिष्ठ रूप से जुड़े हुए हैं। हर देश आज आर्थिक विकास को बढाने की होड़ में लगा है जिससे निरंतर पर्यावरण संसाधन का उपयोग से आर्थिक विकास को गति तो मोली है, लेकिन इसके परिणामस्वरूप अरबों टन ग्रीनहाउस गैसों (जीएचजी) का उत्पादन करके पर्यावरण को नुकसान पहुंचा है। जिसका परिणाम वर्तमान समय में जलवायु परिवर्तन है जो समस्त मानवीय एवं आर्थिक गतिविधिया प्रभावित हुई है एवं इसका एक ही समाधान है और वों है सतत विकास प्रणाली को प्रभावपूर्ण तरीके से अपनाना।

इस प्रकार सतत विकास को इन तीन घटकों या आयामों अर्थात् आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय के एकीकरण के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है। आज कई विकास एजेंसियां हरित अर्थव्यवस्था मॉडल को अपना रही हैं, जो सतत विकास पर ध्यान केंद्रित करती हैं ताकि मानव, अर्थव्यवस्था और समाज को संतुलित कर उनकी सीमाओं के अन्दर रह कर उपयोग करे एवं हर संभव संतुलन बनाये रखे व भविष्य को खतरे में न डाले, यह सुनिश्चित कराना ही सतत विकास है।

**सतत विकास में शिक्षा –** सतत विकास में शिक्षा की अवधारणा काफी हद तक पर्यावरण शिक्षा से विकसित हुई है, जिसने लोगों में अपने पर्यावरण की देखभाल के लिए ज्ञान, कौशल, मूल्य, दृष्टिकोण और व्यवहार विकसित करने की मांग की है। सतत विकास के लिए शिक्षा का उद्देश्य लोगों को पर्यावरण से समझौता किए बिना हमारे जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए निर्णय लेने और कार्रवाई करने में सक्षम बनाने वाली शिक्षा से है । शिक्षा का उद्देश्य है की सतत विकास में निहित मूल्यों को सीखने के सभी पहलुओं और स्तरों में एकीकृत करने में सफल कराये । शिक्षा ही एक ऐसा उपकरण है जो मानव को सतत विकास के अनुकूल एवं उद्देश्यों के अनुरूप खरा उतारा जा सकता है । इस प्रकार, सतत विकास के लिए शिक्षा, शिक्षा जगत में अनुसंधान को बढ़ावा देती है और मानव-निर्मित निर्णयों से उत्पन्न होने वाली सतत विकासात्मक समस्याओं को हल करने के लिए आवश्यक एवं बुनियादी सुचना प्रदान करती है। मानव संसाधनों को मजबूत करने वाले कारको में से शिक्षा उन कारकों में से एक है, जो पूर्ण रूप से मानव के व्यक्तित्व विकास के साथ साथ ज्ञान में वृद्धि कर तार्किक क्षमता के साथ सतत विकास की रणनीति को विकसित व अपनाने का मार्ग प्रसस्त करने वाला कारक है । मानव संसाधन, सभी संसाधनों में महत्वपूर्ण है इसलिए मानव संसाधन को मजबूत करना अति आवश्यक है और इस दिशा में शिक्षा को सशक्त करना आवश्यक है शिक्षा ही मानव संसाधन को सतत विकास के अनुरूप ढाल सकता है । शिक्षा सोचने की शक्ति देता है साथ ही शिक्षा एक सही दिशा प्रदान करने का कार्य करती है। इस प्रकार शिक्षा समस्त कारको में महत्वपूर्ण है और इसलिए हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी बन जाती है की समयानुसार शिक्षा प्रणाली में परिवर्तन कर उसे मजबूत करना जो अंतत: सतत विकास को सफल करने में सहायक होगा।

**सतत विकास एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 –** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, पहुंच, समानता, गुणवत्ता, सामर्थ्य और जवाबदेही के स्तंभों पर आधारित है। इस नीति का उद्देश्य एक ऐसी शिक्षा प्रणाली विकसित करना है जो सभी नागरिकों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करके और भारत को एक वैश्विक ज्ञान महाशक्ति के रूप में विकसित करके देश के परिवर्तन में सीधे योगदान दे। भारत में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 को वैश्विक शिक्षा एजेंडे, विशेष रूप से सतत विकास लक्ष्य 4 के अनुसार संरेखित करने की प्रतिबद्धता के साथ तैयार किया गया है, जो 2030 तक देश के सभी लोगो के लिए समावेशी और समान गुणवत्ता वाली शिक्षा सुनिश्चित कराने पर कटिबद्ध है। यह नीति शिक्षार्थी-केंद्रित दृष्टिकोण, आलोचनात्मक सोच, रचनात्मकता और शिक्षा के लिए बहु-विषयक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने पर आधारित है। परन्तु नीति की सफलता तभी संभव है जब शैक्षिक सुधार में आने वाली बाधाओं को दूर कर एवं इनमे सम्मिलित होने वाले सभी सरकारी निकायों, शैक्षणिक संस्थानों और साथ ही समुदाय सहित हितधारकों की सहभागिता स्पष्ट एवं पूर्ण रूप से होगी।

**सतत विकास के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में किये गए मुख्य सुधार**

1. प्राथमिक विद्यालय से उच्च शिक्षण संस्थानों तक नए पाठ्यक्रम के साथ साथ पाठ्यक्रम की नयी समयावधि संबंधी में परिवर्तन की गई है।
2. भाषायी विविधता का संरक्षण, क्षेत्रीय भाषाओ के माध्यम से शिक्षण को अधिक महत्व दिया गया है।
3. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में शारीरिक शिक्षा को अधिक महत्व दिया गया है।
4. पाठ्यक्रम और मूल्यांकन व शिक्षण व्यवस्था में सुधार हुवे है।
5. समावेशी विकास के अनुकूल उच्च शिक्षा में कई नए प्रावधान है।

नई नीति का मुख्य उद्देश्य ही है की एक ऐसी शिक्षा प्रणाली विकसित करना है जिसमे भारतीय समाज की संस्कृति, भाषा, परम्पराओ एवं मूल्यों से परिपूर्ण हो। इस प्रकार यह नीति समतावादी और उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रणाली हो एवं जिसके माध्यम से एक ऐसा समाज का निर्माण हो जिसमे ज्ञान, मूल्य एवं सतत विकास समाहित हो। इस नीति में प्राचीन शिक्षा से आधुनिक शिक्षा को शामिल करने का प्रयास किया गया है जिसमे मुख्य रूप से पर्यवरण एवं स्वास्थ्य पर ध्यान दिया गया है। विद्यार्थी से लेकर शिक्षक तक सभी के लिए एक समावेशी एवं सभी के लिए सामान शिक्षा प्रणाली के रूप में लाने का प्रयास है।

**निष्कर्ष –** नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 मुख्य रूप से सबकी पहुंच, समानता, गुणवत्ता, सामर्थ्य आदि बिन्दुओ पर आधारित है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का उद्देश्य एक ऐसी शिक्षा प्रणाली विकसित करना है जो देश के सभी नागरिकों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान हो एवं देश को ज्ञान आधारित महाशक्ति के रूप में विकसित करना है जिससे सभी नागरिक देश के परिवर्तन में अपना सकारात्मक योगदान दे सके । नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 वास्तव में देश की शिक्षा जगत में एक नया परिवर्तन लाएगी साथ ही कौशल विकास को बढ़ाएगी, रूचिपरक एवं रोजगार क्षमता को बढ़ाएगी । नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को लागू करने में कुछ चुनौतिया सामने होगी जिसमे मुख्य रूप से नीति का उचित कार्यान्वयन के लिए पर्याप्त धन और संसाधन की आवश्यकता होगी, नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्यानुसार शिक्षा प्रणाली को समावेशी बनाना और विषयों की व्यापक श्रृंखला के साथ लागु करना एक बड़ी चुनौती होगी साथ ही नई

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप शिक्षकों को प्रशिक्षित करने की आवश्यकता होगी। परन्तु इन सभी चुनौतियो का समाधान संभव है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :–**

1. Saini M. *et al* (**2021**) *"Analyzing the tweets to examine the behavioral response of Indian citizens over the approval of national education policy 2020"* International Journal of Educational Development, Elsevier, Vol. 82.
2. Hume T. & Barry J. **(2015)** *"Environmental Education and Education for Sustainable Development"* Internal Encyclopedia of the Social & Behavioral Sciences, Elsevier, Second Edition.
3. Ashida A. (2023) *"The Role of Higher Education in Achieving the Sustainable Development Goals"* (eds.), Sustainable Development Disciplines for Humanity, Sustainable Development Goals Series, https://doi.org/10.1007/978-981-19-4859-6_5.
4. Sunny Y. (2021) *"National Education Policy 2020"* Economic & Political Weekly, Vol. 56, Issue 10.
5. Ahuja V. K. & Poddar D. (2022) *"National Education Policy 2020: The Road Ahead"*, Centre for Law, Public Policy and Governance National Law University and Judicial Academy, Assam, (eds.), ISBN: 978-81-954276-1-1.

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LI (51), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# मुरादाबाद जनपद के माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि पर विद्यालयीय वातावरण के प्रभाव का अध्ययन

**डॉ. मोनिका***

* असिस्टेंट प्रोफेसर (बी. एड. विभाग) अब्दुल रज़्ज़ाक पीजी कॉलेज, जोया, अमरोहा (उ.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** बालक की शिक्षा, बुद्धि, मानसिक प्रकिया तथा वातावरण पर निर्भर करती है शिक्षा का उद्देश्य बालक का सर्वांगीण विकास करना होता है अत: शिक्षा के क्षेत्र में सभी छात्रों का सही विकास हो सके यह उपयुक्त शैक्षिक वातावरण पर निर्भर करता है उपयुक्त वातावरण नही मिलने से बालक की अंतनिर्हित शक्तियों का विकास सही से नहीं हो पाता है। बालक की अन्तनिहित शक्तियों के विकास के लिये उपयुक्त वातावरण का मिलना आवश्यक है बालक को जैसा भौतिक वातावरण मिलता है वैसा ही उसको इसकी अंतनिहित शक्तियों का विकास होता है। प्रस्तुत शोध में मुरादाबाद जनपद के माध्यमिक स्तर के सरकारी और स्ववित्त पोषित, शहरी तथा ग्रामीण विद्यालयों के विद्यार्थियों का चयन किया गया है इन विद्यालयों से 320 विद्यार्थियों का चयन किया गया है।

**प्रस्तावना –** बालक की शैक्षिक की उपलब्धि पर उसके विद्यालयी वतावरण का महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है बालको की उपलब्धियों में उनके शारिरिक एवम मानसिक पक्ष के साथ–साथ विद्यालयी वातावरण का योगदान भी महत्वपूर्ण होता है। मनोविज्ञान के सिद्धांत के अनुसार बालक की अंतनिहित शक्तियों के विकास पर आनुवंशिकता तथा वातावरण दोनों का प्रभाव पड़ता है बालक के व्यक्तित्व का विकास आनुवंशिकता तथा वातावरण के सामंजस्य से होता है परंतु व्यक्तित्व के विकास में आनुवंशिकता से कहीं अधिक प्रभाव वातावरण का पड़ता है यदपि बालक में गुणों के विकास पर परिवार, समुदाय और विद्यालय तीनों के वातावरण का प्रभाव पड़ता है परन्तु विद्यालय का वातावरण बालक के अधिगम के विकास में अपेक्षाकृत अधिक प्रभावी होता है यदि बालक को विद्यालय में अनुकूल वातावरण प्राप्त होता है तो वह सही दिशा में प्रगति कर सकते है विद्यालय का वातावरण ऐसा कारक है जो बालको को प्रभावित करता है और उसके व्यक्तित्व में परिवर्तन लाता है बालक के भविष्य की नींव उसके घर या परिवार में रखी जाती है लेकिन विद्यालय में शिक्षक द्वारा बालक को अनुकूल वातावरण प्रदान कर उस पर विकास के भवन का निर्माण किया जाता है।

वर्तमान समय में भिन्न प्रकार के विद्यालय (अग्रेजी माध्यम, हिंदी माध्यम आवसीय विद्यायल आदि) निजी संस्थानों एवं शासन, प्रशासन द्वारा संचालित किए जा रहे हैं। प्रत्येक माता–पिता विद्यालय से यह अपेक्षा रखता है कि विद्यालय का शैक्षिक एवं समाजिक वातावरण उच्च कोटि का हो ताकि उसमें अध्ययनरत उनके बालकों पर उत्ताम प्रभाव पढ़े जिससे वह उच्च शैक्षिक उपलब्धि प्राप्त कर सकें और भविष्य में अपने परिवार, समाज एवम कार्यस्थल में समायोजित हो सकें।, विद्यालयी वतावरण की किसी भी विद्यार्थी की भावी उन्नति में महत्वपूर्ण भूमिका होती है। **क्रो** एवं **क्रो** के अनुसार बालकों के व्यक्तित्व पर विद्यालय के अनुभवों का प्रभाव अधिक पड़ता है जिस विद्यालय का वातावरण विद्यार्थियों के अनुकूल होता है वे जीवन में आगे की ओर अग्रसर होते हैं जब विद्यार्थी माध्यमिक स्तर की शिक्षा के उपरान्त घर और विद्यालय के प्रांगण से बाहर निकलता है तो उसके सामने उपलब्धियों को व्यक्त करने की जिम्मेदारी होती है जिसे कुछ बालक अच्छे से निभाते है और कुछ बालक पिछड़ जाते हैं जिसका मूल कारण विद्यालयी वातावरण होता है। विद्यार्थी महत्वकांक्षी तथा जिज्ञासु होते हैं विद्यार्थियों के मस्तिष्क में समय समय पर अनेक प्रश्न एवं जिज्ञासाएं उठती है जिनका समाधान एक अच्छे विद्यालय वातावरण में हो सकता और जिसका सीधा सम्वन्ध विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि से जुड़ा होता है।

**शोध समस्या शीर्षक –** 'मुरादाबाद जनपद के माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि पर विद्यालयीय वातावरण के प्रभाव का अध्ययन'

**शोध अध्ययन की आवश्यकता –** बालक की शैक्षिक उपलब्धि पर उसके विद्यालयीय वातावरण का महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है बालकों की उपलब्धियों को स्थापित करने की क्षमता के विकास में उनके शारीरिक एवं मानसिक पक्ष के साथ–साथ विद्यालयीय वातावरण का योगदान भी महत्वपूर्ण होता है। विद्यालयीय वातवरण के अन्तर्गत विद्यालय का परिवेश, शिक्षक, शिक्षा एक अखंड तत्व है बालक का मन कोरे कागज के समान होता है अध्यापक उसे जैसा स्वरूप देना चाहे, वह वैसा ही बन जाता है बालकों को उचित दिशा प्रदान करने के लिए अध्यापक एवं विद्यालय वातावरण का महत्वपूर्ण योगदान होता है।

**अध्ययन के उद्देश्य:**

1. माध्यमिक स्तर पर सरकारी और स्ववित्त पोषित विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि पर विद्यालय वातवारण के प्रभाव का अध्ययन करना।

2. माध्यमिक स्तर पर ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि पर विद्यालयी वातवारण के प्रभाव का अध्ययन करना।
3. लिंग भेद के आधार पर माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं की शैक्षिक उपलब्धि पर विद्यालयी वातावरण के प्रभाव का अध्ययन करना।

**परिकल्पनायें:**

1. सरकारी और स्ववित्त पोषित माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि में विद्यालय वातारवण के कारण सार्थक अंतर होता है।
2. ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि में विद्यालयीय वातावरण के कारण सार्थक अंतर होता है।
3. माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं की शैक्षिक उपलब्धि में विद्यालयीय वातवारण के कारण सार्थक अंतर होता है।

**अनुसंधान की विधि –** अनुसंधानकर्ता द्वारा शोध कार्य के लिए सर्वेक्षण विधि का प्रयोग किया है।

**अध्ययन हेतु न्यादर्श –** प्रस्तुत शोध में मुरादाबाद जनपद के ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के माध्यमिक स्तर के सरकारी और स्ववित्त पोषित विद्यालयों के 320 विद्यार्थियों का चयन किया गया है। जिसमे 160 विद्यार्थी (80 छात्र एवं 80 छात्राएं) ग्रामीण क्षेत्र से है तथा 160 विद्यार्थी (80 छात्र एवं 80 छात्राएं) शहरी क्षेत्र से लिये गए है।

**शोध उपकरण –** इस शोध हेतु स्वनिर्मित प्रश्नावली का प्रयोग किया गया है।

**आंकड़ों का संकलन –** मुरादाबाद जनपद के माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों से व्यक्तिगत सम्पर्क करके स्वनिर्मित प्रश्नावली के माध्यम से आंकड़ो का संकलन किया गया है।

**चर**

**स्वत्रन्त्र चर**–विद्यालयीय वातवारण, **आश्रित चर–** शैक्षिक उपलब्धि

**आंकड़ो का विश्लेषण एवं व्याख्या:**

1. वितपोषित और स्ववित्त पोषित माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि का मध्यमान, मानक विचलन व क्रांतिक अनुपात का विश्लेषण एवं व्याख्या

| | संख्या | मध्यमान | मानक विचलन | क्रांतिक अनुपात | सार्थकता |
|---|---|---|---|---|---|
| सरकारी विद्यालय | 160 | 54.92 | 6.40 | 1.27 | सार्थक नहीं |
| स्ववित्त पोषित विद्यालय | 160 | 53.65 | 5.85 | | |

प्रयुक्त सारणी में सरकारी और स्ववित्त पोषित माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के शैक्षिक उपलब्धि का मध्यमान क्रमश: 54.92 व 53.65 तथा मानक विचलन क्रमश: 6.40 व 5.85 प्राप्त हुआ। इनके मध्य क्रांतिक अनुपात 1.27 है क्रांतिक अनुपात का मान सारणी में 0.05 व 0.01 स्तर के न्यूनतम सार्थक मान क्रमश: 1.97 व 2.60 से कम है क्रांतिक अनुपात का मान 0.05 व 0.1 स्तर पर सार्थक नहीं है अत: हमारी परिकल्पना क्रमांक संख्या 1 'सरकारी और स्ववित्तपोषित माध्यमिक विद्यालयों अध्ययनरत विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धियों में विद्यालयी वातावरण के कारण सार्थक अन्तर होता है', अस्वीकार की जाती है।

2. ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के विद्यालयों में अध्ययन विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि का मध्यमान, मानक विचलन, व क्रांतिक अनुपात का विश्लेषण एवमं व्याख्या

| | संख्या | मध्यमान | मानक विचलन | क्रांतिक अनुपात | सार्थकता |
|---|---|---|---|---|---|
| ग्रामीण | 160 | 52.10 | 6.33 | 1.12 | सार्थक नहीं |
| शहरी | 160 | 52.72 | 7.19 | | |

प्रयुक्त तालिका में ग्रामीण एवमं शहरी माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि का मध्यमान 52.10 व 52.74 तथा मानक विचलन क्रमश: 6.33 व 7.19 है इनके मध्य क्रांतिक अनुपात का मान 1.12 है प्राप्त क्रांतिक अनुपात का मान सारणी में 0.05 व 0.01 स्तर के न्यूनतम सार्थक मान क्रमश: 1.97 व 2.60 से कम हैं क्रांतिक अनुपात का मान 1.12 क्रमश: 0.05 व 0.01 स्तर पर सार्थक नहीं है। अत: हमारी परिकल्पना क्रमांक संख्या 2 'ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के विद्यालयो में अध्ययनरत विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि में विद्यालयी वातावरण के कारण सार्थक अंतर होता है', अस्वीकार की जाती है।

3. माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र एवं छात्राओं की शैक्षिक उपलब्धि का मध्यमान, मानक विचलन तथा क्रांतिक अनुपात की व्याख्या एवमं विश्लेषण

| | संख्या | मध्यमान | मानक विचलन | क्रांतिक अनुपात | सार्थकता |
|---|---|---|---|---|---|
| छात्र | 160 | 50.13 | 8.13 | 1.10 | सार्थक नहीं |
| छात्राएं | 160 | 49.32 | 7.25 | | |

प्रयुक्त सारणी में माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र एवम छात्राओं के मध्यमान क्रमश: 50.13 व 49.32 एवमं मानक विचलन क्रमश: 8.13 व 7.25 प्राप्त हुए है इनके मध्य क्रांतिक अनुपात 1.10 है क्रांतिक अनुपात का मान सारणी में 0.05 व 0.01 के स्तर के न्यूनतम सार्थक मान 1.97 व 2.60 से कम है अत: हमारी परिकल्पना क्रमांक संख्या–3 'माध्यमिक विद्यालयो में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं की शैक्षिक उपलब्धि पर विद्यालयी वातावरण के कारण कोई सार्थक अंतर नहीं होता है', अस्वीकार की जाती है।

**शोध निष्कर्ष:**

1. सरकारी एवम स्ववित्त पोषित माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि पर विद्यालयी वतावरण के कारण सार्थक अंतर नहीं होता है।
2. ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्र के माध्यमिक विद्यालयों में अध्यनरत विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि पर विद्यालयी वातावरण के कारण कोई सार्थक अंतर नहीं होता है।
3. माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र एवं छात्राओं की शैक्षिक उपलब्धि पर विद्यालयी वातावरण के कारण कोई सार्थक अंतर नहीं होता है।

**संदर्भ ग्रन्थ सूची :–**

1. आदित्य, प्रमोद कुमार (1994)– 'अनुसूचित जनजाति की छात्र–छात्राओं को के आत्मबोध का शैक्षिक उपलब्धि पर पड़ने वाले प्रभावी का अध्ययन', लघु शोध प्रबन्ध, गुरु घासीदास विश्वविद्यालय

बिलासपुर।

2. गुप्ता, एस. पी. (2002)– 'आधुनिक मापन एवं मूल्यांकन', शारदा पुस्तक भवन, 11 यूनिवर्सिटी रोड, इलाहाबाद।
3. यादव, शर्मिला सिंह, जे.डी. (2013)– 'राजस्थान के अनुदानित एवं गैर अनुदानित शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों में शैक्षिक वातावरण तथा शिक्षक मनोबल का अध्ययन', जर्नल ऑफ इंडियन एजुकेशन, 28(4), पेज नं–37–46, 2016
4. अग्रवाल, स्वेता (2015)– 'उच्च माध्यमिक बालक एवं बालिका विद्यालयी के संगठनात्मक वातवारण का तुलनात्मक अध्ययन', जर्नल ऑफ एजुकेशन साइकोलॉजी, जुलाई 2015
5. राय, पारस नाथ (2013)– अनुसंधान परिचय, अग्रवाल पब्लिशर्स, आगरा।

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LI (51), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# Screen Addiction: A Threat to the World, Specially to Children

**Dr. Monisha Biswal***

***Assistant Professor, Ganjam Law College, Berhampur (Odisha) INDIA**

**"Addiction is a prison where you are both the suffering prisoner and the cruel warden; every addiction, without exception, enslaves the mind and damages the soul."**
**— Dr. Gabor Maté**

**Introduction -** Screen addiction, marked by compulsive use of digital devices, poses a significant threat globally, including in India. Its physical, psychological, and social repercussions jeopardize individual and societal health. To combat this issue, implementing strict laws regulating screen time and encouraging healthier habits is essential. Legislation should set age limits for device access, mandate educational programs about excessive usage dangers, and require tech companies to limit addictive features. These actions can foster a safer digital space prioritizing well-being over unrestricted device use.(Jain et al., 2023). Children constitute the most vulnerable demographic; in India, approximately 56% of young people aged 5 to 16 suffer from problematic use and overuse of information and communications technology (Loganathan & Ramadurai, 2020). Illuminating the cultural environment in which Indian children develop, this chapter provides a crucial point of departure for subsequent investigation of screen addiction, health and education, parental mediation, industry responsibility, and policy responses.

**Understanding Screen Addiction:** Screen addiction is a behavioral addiction marked by compulsive and excessive screen use, affecting physical, psychological, and social health. Common symptoms include preoccupation with screens, withdrawal anxiety, increased tolerance requiring longer usage, inability to control use despite negative effects, mood changes, and neglecting previous interests. (Jain et al., 2023)(Moitra & Madan, 2022)

Adult global screen use averages more than 6 hours/ day. Among children aged 10–15 years, 82.4% exceed recommended limits, 70% report addiction symptoms, and 68.1% exhibit social networking addiction (Ilamparithi, 2018). The following discusses addiction's effects on health and education.

Screen addiction is a compulsive, excessive use of screen devices, impacting users psychologically, emotionally, socially, and academically. Larry Rosen's "Virtual Addiction" highlights the Internet's high addiction rating, making it a major global mental disorder. Continuous screen use leads to unhealthy habits, attention deficits, irritability, memory issues, and self-control loss. It alters a child's psychology, affecting their livelihoods and education, and causes sleep disturbances and reduced physical activity.

The world is highly digitalized, with human activities relying on devices. Children aged 8 to 18 spend an average of 4 hours and 44 minutes daily on screens, extending to over 6 hours with unstructured media. This may exceed averages in some areas. Children's awareness of screen time dangers is unclear, and the variety of apps and games can foster addiction. Research on internet influences in India is still limited. (Ishtiaq et al., 2021)

**Impact of Screen Addiction on Children:** The changing work environment has made gadgets essential, with increased reliance on mobile phones for TV, gaming, and social media. Children often imitate adults, underline the need for responsible behavior. Schools should manage screen time to limit mobile use, as monitoring is crucial to prevent addiction, especially among younger children affected by remote learning. Excessive screen time can hinder cognitive and emotional growth, leading to inactivity, sleep issues, obesity, and language delays. Parents must promote a balance of screen use and other activities, as many children lack awareness of responsible device use. Screen time can be addictive, causing anxiety and depression. With lower cellular data costs, India sees unprecedented access to screen media. While screens can aid in learning social skills, excessive use hampers real-life interactions and physical activity, with about 20% of children not exercising outdoors and 50% spending less than an hour outside daily, negatively impacting their health and educational success. (Jain et al., 2023)(Ilamparithi, 2018).(Moitra & Madan, 2022)(K. Y Kwong & Y.F Fong, 2019)(Hou et al., 2022)(S Nakshine et al., 2022)(Moitra & Madan, 2022)

While ICT fosters online exploration via apps and games, excessive smartphone usage raises concerns, especially in India's growing ICT user base born in the 2000s, leading to developmental challenges and parental

control issues. This addiction can hinder creativity, visual memory, and attention spans. Parental worries about uncontrolled ICT are valid. Addressing tech addiction needs systemic solutions for better child engagement management and parental oversight, utilizing TRIZ-based methods. Decreased parental guidance has shifted children's interactions with peers, changing developmental dynamics. (Loganathan & Ramadurai, 2020)

**Cultural Context in India:** Recent surveys have revealed that almost half of the children in the 5 to 15 age group who own a smartphone are engrossed in mobile games for more than two hours a day. Indian children spent more hours on mobile daily compared to their counterparts in other nations (Neethu, 2016). The entire media and entertainment industry in India, a significant portion of which is directed at children, witnessed a growth rate of 10.1% in March 2016 on a year-on-year basis, as reported by the Federation of Indian Chambers of Commerce and Industry. Critically, a considerable segment of this growth also emanates from the lower socio-economic strata.

Health studies indicate rising global screen exposure in children, particularly in India. A Bangladesh survey reveals significant smartphone, TV, and video usage. In India, 85% of urban, 62% of rural, and 74% of tribal children aged 3 to 18 engage with digital devices. Higher socio-economic status doubles the risk of excessive screen time, as devices serve as inexpensive 'babysitters.' Permissive caregivers grant young children screen access, while older kids are drawn to gaming, leading to increased usage among Indian youth. (Ishtiaq et al., 2021)(Jain et al., 2023)

India ranks second globally in mobile phone users, with about 1.14 billion in 2022, just behind China's 1.58 billion. Approximately 830.7 million are smartphone users, expected to grow to 973.6 million by 2027. Children depend heavily on digital media for school and play but often struggle with excessive usage. Parental guidance is crucial in reducing screen addiction among children aged 4-12, according to a study from 22 major Indian cities. Factors such as gender and age influence screen time, while screen addiction poses significant developmental and health risks for Indian children. (Ishtiaq et al., 2021)

The Indian attitude towards technology is complex. Indian youth eagerly adopt it for skills in global competition, yet for some, it serves as an escape from reality. For those without market access, it highlights a divide from tradition and a risk to simpler lifestyles. Perspectives on technology's influence vary by cultural background, modernity, income, and literacy. Young professionals use digital media for self-expression, while others see it as westernization. Older generations often view it as disruptive. Parents and authorities hold mixed opinions, reflecting the dual views on television's impact—negative versus cultural benefits. (Loganathan & Ramadurai, 2020)(Neethu, 2016)

**Educational Implications:** Excessive screen time negatively impacts children's academic performance, affecting attention and focus physically and causing mental health issues. Schools are crucial in addressing this. Teaching digital literacy helps students navigate the digital world safely, easing the burden on parents and schools. (K. Y Kwong & Y.F Fong, 2019) Technological advancements have greatly benefited education during the COVID-19 pandemic by enabling interactive discussions and overcoming pandemic constraints. Reducing screen time by withdrawing these technologies is not practical. Promoting appropriate screen use and encouraging physical activity are crucial. Schools play a key role in spreading digital literacy among youth. While digital literacy initiatives can help address issues of increased screen time, sustained family and government support is essential for continued progress. (Moitra & Madan, 2022)(Ilamparithi, 2018)

Screen addiction negatively impacts children's academic performance by complicating screen time limits and increasing frustration when screens are unavailable. Excessive use diminishes engagement and focus in school, while high gaming hours contribute to stress, anxiety, and hindered success. Issues like fatigue and disrupted sleep from late-night gaming are common. Students with lax parental controls often underperform, highlighting the importance of supervision and digital literacy. Schools must foster responsible screen habits, while initiatives aim to mitigate distractions and support balanced youth development for future opportunities. (Mahmud et al., 2023).(K. Y Kwong & Y.F Fong, 2019)(Ilamparithi, 2018)

Digital literacy programmes can help combat screen addiction in children aged 11–12 by promoting a healthy relationship with digital content and addressing overuse risks. Children should aim for 2 hours of outdoor activity daily, including physical exercise three days a week, and have annual eye assessments. For those under 5, screen time should be limited to 1 hour daily, and screen-free mealtimes are encouraged. Parents should actively monitor usage, model good habits, and establish screen media rules. Encouraging family meals and indoor activities is essential. Policymakers in India need to reassess guidelines to tackle excessive screen time, sleep deprivation, and inactivity in adolescents. (Loganathan & Ramadurai, 2020)(J. Munsamy et al., 2022)(Moitra & Madan, 2022)

**Parental Influence and Responsibility:** Parents are increasingly aware of children's screen use. Children spend more time on screens than engaging with parents or in physical play. Parental guidance can help children develop good digital habits, reduce screen time, and convert virtual interest into outside activities. As co-users of screens, parents impact children's effective use of electronic media. Consequently, interventions to reduce inappropriate screen time should target both children and parents, encouraging alternative physical activities (Nwankwo et al., 2019).

Excessive screen use among children raises concerns for families and schools. Parental monitoring is lowest for video games, correlating with increased screen time and

addictive symptoms. Gaming adversely affects socialization and family bonding. Surveys show family meals enhance bonding and support social growth, reducing inequalities. Setting boundaries on screen use can help combat addiction, allowing users to feel in control. Parents and educators must establish reasonable limits on children's screen time to mitigate these risks. (Ishtiaq et al., 2021)(Ilamparithi, 2018)(Moitra & Madan, 2022)(Nwankwo et al., 2019)

The effectiveness of such measures depends on the cooperation of the media and technology industries. Companies can design services that incorporate recommended daily screen time limits and remind users when they have exceeded these thresholds. Enhancing content with harder-to-ignore safety warnings about dangerous side effects can improve message salience and encourage users to adopt healthy habits.

Nonetheless, establishing boundaries and guidelines constitutes a pragmatic approach for managing screen addiction, enabling individuals to balance engagement with their media environments while safeguarding their well-being (Loganathan & Ramadurai, 2020).

Encouraging alternative activities is essential as children gravitate towards screens. While they enjoy creative play, instant online satisfaction can detract from these activities. Families can foster hobbies like singing, dancing, and gardening during home confinement. Providing space can ignite curiosity beyond digital entertainment, regardless of financial limits. Parents can reduce sedentary screen time by enforcing media rules and encouraging indoor exercises like dancing and rope skipping. Families should use stay-at-home periods to share meals, model healthier habits, and strengthen bonds. The home setting often leads to inactivity and excessive screen time, leading parents to feel uncertain about managing usage and worrying about obesity. Guidance is needed to balance screen time, diminish sedentary behavior, and establish shared goals. Future research should focus on interventions replacing screen time with physical activities to enhance motivation and self-efficacy. (Moitra & Madan, 2022)(Nwankwo et al., 2019)

**Government and Policy Responses:** The proliferation of screens and widespread use of digital platforms have resulted in an escalating number of people addicted to these devices and technologies. Video gaming addiction is a contemporary issue, predominantly among children and young people. Policymakers face significant challenges in formulating effective responses. In other contexts, Hong Kong has implemented extensive initiatives, including educational campaigns and brief group interventions, aimed at promoting the appropriate use of digital and electronic devices among adolescents. These measures serve as pertinent examples for governmental and policy action elsewhere.

Research in Hong Kong emphasizes the urgent need for policies tackling public health issues from excessive internet use, particularly among children and adolescents. Reports from the Centre for Health Protection (2011-2017) reveal alarming internet habits. Organizations such as Tung Wah Group of Hospitals and Hong Kong Christian Service offer integrated treatment and online counseling for addiction and mental health problems. Problematic video gaming is acknowledged as a global health issue, prompting action in countries like China. Promoting parental education and positive youth development is crucial to combat addiction, as excessive screen time endangers children's health, according to experts like the AAP and WHO. The UK has initiated public health campaigns for managing screen time while India is beginning to implement WHO guidelines. (Chung et al., 2018)(Ishtiaq et al., 2021)(Jain et al., 2023)

To address children's screen addiction, the government must adopt critical policies. First, revise Internet regulations to create safer spaces. Second, provide training and health promotions to assist those struggling with Internet use, focusing on management strategies and raising mental health awareness. Third, improve public support systems for addiction treatment. Fourth, implement practices for Internet-related harm management, including safe social media education. Lastly, monitor global youth Internet use to identify addiction early. In India, Internet addiction affects an estimated 5% to 10% of users, linking increased use to higher college dropout rates, with Ahmedabad studies indicating a strong connection between addiction and mental health issues like depression and anxiety. (K. Y Kwong & Y.F Fong, 2019)

An investigation into internet addiction prevalence was conducted among high school students in Madhya Pradesh and Chhattisgarh. This research aimed to clarify internet usage patterns, assess socio-demographic influences, and measure addictive behaviors. Internet addiction is a significant issue affecting many. While the internet is beneficial for information and communication, excessive leisure use can result in serious addiction if not managed. (Kumar Sahu et al., 2018)

**Technology Industry's Role:** Technology companies must address screen addiction by promoting digital wellness and supporting mental health. The government's role is essential in encouraging tech firms to implement changes, while parental oversight is crucial for managing screen time. Screen addiction adversely impacts mental and physical health and education. Identifying benefits amidst pervasive screen use is challenging. India's government is developing regulations for screen usage, requiring comprehensive policies to help screen addicts. Effective management must balance monitoring screen time with privacy rights, potentially needing access to personal data, which younger generations may accept. Establishing safe internet and TV limits requires collaboration among local communities, schools, parents, and the tech industry. (K. Y Kwong & Y.F

Fong, 2019)

Technology companies must address the impact of their products on users, particularly concerning screen addiction, yet interventions are insufficient. Designing products with children's developmental needs in mind fosters learning and safety. Research supports the creation of genuine experiences for children. While companies like Google and Facebook have made strides in developing kid-friendly platforms, stronger commitments to tackle screen addiction are essential. J. P. Floridi's framework on behavioral addiction helps differentiate addiction levels and content, aiding in identifying harmful behaviors. Digital assistants offer limited help, revealing the need for proactive government regulation to define addiction and manage risks effectively. (Langvardt, 2019)

Concern over children's screen addiction highlights the need for tech that encourages healthy use. Despite health features, addiction rates increase. Custom apps can manage screen time and promote positive interactions. Key features include inactivity alerts, parental controls, and usage reports for parents. Since peers impact children's choices, collective use of these technologies may help lower addiction levels. (Loganathan & Ramadurai, 2020) (Nwankwo et al., 2019)

Parents significantly influence healthy screen use in children through their perceptions and monitoring practices. Screen time concerns vary with family circumstances; children of less educated parents or living in rented homes have higher screen use. Families without household rules see 1.60 times more excessive screen use, with 80% of kids without rules watching TV freely and 90% after 20:00, compared to under 20% in rule-abiding families. (K. Y Kwong & Y.F Fong, 2019)

**Case Studies:** Screen addiction is a growing global concern, prompting the need for intervention models. This paper uses case studies to illustrate addressing digital addictions in children through government policies, school systems, teacher guidelines, and tech collaborations. In India, over the past decade, government guidelines have promoted digital and media literacy, offering schools practical strategies to manage screen time. However, schools must adopt adaptive teaching methods that keep up with technological advancements, as such models remain underexplored both in India and globally. The paper outlines relevant frameworks and presents a new model based on extensive media analysis. (Loganathan & Ramadurai, 2020)(Moitra & Madan, 2022)

The search focused on key phrases like "screen addiction," "screen time," "digital addiction," and others related to children, technology, and mental health in Google Scholar and Google Search. The search was conducted monthly, covering 2021 and 2022 for diversity. Quantitative studies were excluded due to the lack of grounding in data for much media rhetoric on digital addiction. Nevertheless, the insights gained formed a solid foundation for developing more ideas and models.

Many countries, including India, are addressing screen addiction in children. e-Nurture Limited started Digital-Detox Camps for life-skills development and reducing device use. The Centre for Media Studies promoted healthy media interactions. In Hyderabad, the iCARE project engaged students, parents, and teachers in 50 government schools from 2015 to 2017. A study showed digital detox camps led to a 60% reduction in daily screen time for participants.
During the pandemic, children's sedentary behavior doubled due to increased screen time and reduced public transport use, causing older youth to rely more on cars. Indian studies highlight worsened sleep and psychological issues among children during COVID-19. While about 60% of children meet physical activity guidelines, wealthier youth tend to participate more in organized sports. Adolescents in high-income countries are generally more active. Policymakers need effective interventions to boost physical activity, reduce sedentarism, and promote active transport, incorporating community input for better risk management. (Moitra & Madan, 2022)(Loganathan & Ramadurai, 2020)

**Future Trends:** Future entertainment technologies—augmented reality, virtual assistants, and brain-computer interfaces—will likely increase children's screen time and lower the age of introduction. Media will become realistic and immersive, often competing with outdoor activities. Impact on screen time varies by digital literacy and socio-economic status, raising concerns about children's well-being, especially in India. (Loganathan & Ramadurai, 2020)(Jain et al., 2023)(Moitra & Madan, 2022)

The rise of screen-based devices has created societal issues, notably screen addiction affecting all ages, particularly children. In countries such as India, where digital devices are widespread, children encounter substantial risks associated with this addiction, influenced by social factors and device accessibility. Analyzing contemporary Indian culture is crucial for tackling the causes and obstacles of screen addiction. The article examines screen addiction traits and assesses the effects of cultural and socio-economic elements on Indian children, emphasizing challenges from the constant presence of digital devices.
Recent developments in digital technology have made exploring culture easier, especially through on-demand web streaming of videos and documentaries, even during commutes. The shift from cable to OTT platforms, particularly Video-on-Demand, has altered viewing habits. However, challenges like channel overload and binge-watching contribute to addiction, stress, and disrupted sleep. Though it enhances real-time experiences, digital evolution poses psychological challenges that threaten mental well-being, leading to issues, especially among youth. (Chandra et al., 2023)

Emerging technologies for entertainment (playscape, TV, games, smartphones, social networks, video-on-demand, virtual reality, video-conferencing, augmented

reality, digital learning, metaverse) are popular among children, driven by global and Indian smartphone usage. The rising demand for telepresence highlights the significance of AR, MR, and VR in future multimedia services, as seen with Oculus and HoloLens. This trend will shift children's screen time from traditional media to innovative platforms, supported by India's vast digital landscape—over 700 million internet users and nearly 900 million mobile users—which is likely to enhance these developments. (Ishtiaq et al., 2021)(Jain et al., 2023)

**Conclusion:** Screen time has increased phenomenally among children globally in general; and in India, in particular, the demand for internet and video games has grown exponentially. New applications and websites have hooked youngsters to the internet in a broad spectrum of activities such as gaming, surfing, chatting, gambling, shopping, video calling, social networking and online learning. An addictive pattern to the internet and ICCs has developed in many youngsters globally and / or in India. The symptoms of screen addiction include loss of control, withdrawal, preoccupation, mood modification, and development of tolerance (Loganathan & Ramadurai, 2020). Children are the most vulnerable to screen addiction and its dangerous fallout such as depression, isolation, and adverse health effects. The Indian cultural ethos encourages strong parental supports and close-knit family characteristics that place the youngsters on a value track as well as on a track of effective monitoring and counseling. It is therefore essential to understand the India-specific profile of screen usage for framing effective policies and action plans for handling the menace and safeguarding the health of Indian children (Moitra & Madan, 2022). Children using screens and internet for extended hours and consuming highly inappropriate content on a continuous basis is not without harm. Deleterious impact has been confirmed on their social, physical and mental wellbeing as well as on the quality of learning and overall academic performance. This also damages the plot of the culture and the ethos of our great civilisation. Screen addiction is addictive because it triggers off a parasympathetic nervous system response similar to the effect of relaxation drugs, alcohol, and tobacco products. Besides medical guidelines, the problem calls for active interventions by the schooling system, curriculum design, parents, guardians and statutory bodies at the national and regional levels.

**References:-**

1. Jain, S., Shrivastava, S., Mathur, A., Pathak, D., & Pathak, A. (2023). Prevalence and Determinants of Excessive Screen Viewing Time in Children Aged 3–15 Years and Its Effects on Physical Activity, Sleep, Eye Symptoms and Headache. ncbi.nlm.nih.gov
2. Loganathan, M. & Ramadurai, B. (2020). Application of ARIZ to Social Issues: Case of ICT Device Addiction in Pre-teen Children in India. osf.io
3. Moitra, P. & Madan, J. (2022). Impact of screen time during COVID-19 on eating habits, physical activity, sleep, and depression symptoms: A cross-sectional study in Indian adolescents. ncbi.nlm.nih.gov
4. Ilamparithi, P. (2018). Association between "Screen Time" and behavioral health problems among urban and rural students. [PDF]
5. S Nakshine, V., Thute, P., Nazli Khatib, M., & Sarkar, B. (2022). Increased Screen Time as a Cause of Declining Physical, Psychological Health, and Sleep Patterns: A Literary Review. ncbi.nlm.nih.gov
6. Ishtiaq, A., Ashraf, H., Iftikhar, S., & Baig-Ansari, N. (2021). Parental perception on screen time and psychological distress among young children. ncbi.nlm.nih.gov
7. K. Y Kwong, C. & Y.F Fong, B. (2019). Promotion of Appropriate Use of Electronic Devices Among Hong Kong Adolescents. [PDF]
8. Hou, C. Y., Rutherford, R., Chang, H., Chang, F. C., Shumei, L., Chiu, C. H., Chen, P. H., Chiang, J. T., Miao, N. F., Chuang, H. Y., & Tseng, C. C. (2022). Children's mobile-gaming preferences, online risks, and mental health. ncbi.nlm.nih.gov
9. Neethu, J. (2016). A comparative study to assess the usage of electronic media and its impact on the traditional play, health and wellbeing with a view to provide an information booklet and need-based education to the school children in selected schools in the urban and rural areas - Coimbatore. [PDF]
10. Mahmud, S., Abdullah A. Jobayer, M., Salma, N., Mahmud, A., & Tamanna, T. (2023). Online gaming and its effect on academic performance of Bangladeshi university students: A cross sectional study. ncbi.nlm.nih.gov
11. J. Munsamy, A., Chetty, V., & Ramlall, S. (2022). Screen-based behaviour in children is more than meets the eye. ncbi.nlm.nih.gov
12. Nwankwo, F., Shin, H. D., Al-Habaibeh, A., & Massoud, H. (2019). Evaluation of children's screen viewing time and parental role in household context. [PDF]
13. Chung, T., Sum, S., & Chan, M. (2018). Time to call for a global public health approach in prevention of the onset and progression of problematic gaming : Commentary on: Policy responses to problematic video game use: A systematic review of current measures and future possibilities (Király et al., 2018). [PDF]
14. Kumar Sahu, R., Mahendra Simha Karna, S. M., & Singh Rajput, D. (2018). Internet Addiction: A Comparative Study Among Children in the State of Madhya Pradesh and Chhattisgarh. [PDF]
15. Langvardt, K. (2019). Regulating Habit-Forming Technology. [PDF]
16. Chandra, V., Gaidhane, A., G Choudhari, S., & Quazi Syed, Z. (2023). Digital Dilemmas: A Comprehensive Review of the Psychosocial and Sleep Effects of Web Streaming on the Indian Youth. ncbi.nlm.nih.gov

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LI (51), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# झाबुआ जिले की साक्षर एवं असाक्षर आदिवासी माताओं की बालिकाओं की स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का तुलनात्मक अध्ययन

**सुनीता सोलंकी* डॉ. लक्ष्मी अग्निहोत्री****

* शोधार्थी (गृहविज्ञान) बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल (म.प्र.) भारत
** प्राध्यापक (गृह विज्ञान) सरोजिनी नायडू शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भोपाल (म.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** प्रस्तुत शोध में झाबुआ जिले की साक्षर एवं असाक्षर आदिवासी माताओं की बालिकाओं की स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का तुलनात्मक अध्ययन किया गया है। इस शोधकार्य हेतु झाबुआ जिले की आदिवासी 80 बालिकाओं (40 साक्षर माताओं की एवं 40 असाक्षर माताओं की) का चयन उद्देश्यपूर्ण न्यादर्श विधि द्वारा किया गया है। आदिवासी बालिकाओं की स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के मापन के लिए स्वनिर्मित अनुसूचि को लिया गया है। संकलित प्रदत्तों के विश्लेषण के लिए प्रतिशत एवं काई वर्ग परीक्षण का प्रयोग किया गया है। इस प्रारंभिक मार्गदर्शन अध्ययन से प्राप्त विभिन्न परिणामों के गहन विश्लेषण से निष्कर्षत: यह ज्ञात हुआ कि झाबुआ जिले की साक्षर एवं असाक्षर आदिवासी माताओं की बालिकाओं की स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता में सार्थक अंतर पाया गया तथा साक्षर आदिवासी माताओं की बालिकाएं, असाक्षर आदिवासी माताओं की बालिकाओं की तुलना में स्वास्थ्य के प्रति अधिक जागरूक पाई गयीं।

**शब्द कुंजी –** झाबुआ जिला, आदिवासी माता, शिक्षा, स्वास्थ्य की जागरूकता।

**प्रस्तावना –** हमारे देश भारत का वर्तमान विश्व के औद्योगिक व विकासशील देशों में एक प्रमुख स्थान है। शिक्षा एवं तकनीकी विकास के बढ़ते हुये प्रभाव के कारण आज हमारा देश विश्व के प्रमुख शक्तिशाली तथा प्रभावशाली देशों में शामिल है। यहां की शस्य-श्यामला भूमि बहुत ही उपजाऊ है। यहां के लगभग 70 % व्यक्ति कृषि कार्य में संलग्न हैं। यहां के लघु व कुटीर उद्योग तीव्रता से प्रगति के पथ पर अग्रसर हैं। आज कृषि हो या विज्ञान, उद्योग हो या व्यापार सभी क्षेत्रों में भारत ने अभूतपूर्व प्रगति की है। साथ ही वर्तमान समय में चिकित्सा तथा परिवहन आदि की सुविधाएं भी पर्याप्त हो चुकी हैं।

वर्तमान में मीडिया तथा जनसंचार के साधनों के बढ़ते प्रसार एवं उसके प्रभाव के कारण हम भारतीयों विशेषकर शहरी क्षेत्र के लोगों के रहन-सहन, जीवन स्तर तथा खानपान में बहुत अधिक परिवर्तन आ गया है, लेकिन वर्तमाान में भी अधिकांशत: भारतीय समाज ग्रामीण क्षेत्र में निवासरत है एवं वह आधुनिक सभ्यता व चकाचौंध से बहुत अधिक प्रभावित नहीं हुआ है तथा जो वह आज भी मानव समूह में निवास करते हैं, जो जनजाति, वन्यजाति, आदिवासी आदि के नाम से जाने जाते हैं। भारतीय संविधान में इन लोगों को ही अनुसूचित जनजाति कहते हैं।

आदिवासी लोग अभी भी सुन्दर वनों की दुनिया में निवास करते हुए पश्चिमी सभ्यता से कोसों-मीलों दूर रहकर अपनी संस्कृति को बचाए हुए हैं। इनकी अपनी रीति-रिवाज, खानपान, वेशभूषा, रहन-सहन, भाषा-बोली एवं विवाह पद्धति आदि हैं, जिन्हें जनजातीय समाज कहते हैं।

यह जनजातियां, मध्यप्रदेश में अन्य राज्यों की तुलना में अधिक पायी जाती हैं। परिवारगत, भौगोलिक, सांस्कृतिक तथा भाषायी विभिन्नताओं के कारण मध्यप्रदेश का विविधवर्णी आदिवासी संसार अपनी विलक्षण जटिलताओं के कारण विकास की मुख्य धारा से अलग-अलग रहा है।

मध्यप्रदेश में मुख्य रूप से गोंड, कोरकू, बैगा, उरांव, मुरिया, मडिया, हलवा, भील आदि जनजाति निवास करती हैं। यह 46 जनजाति एवं उपजातियां प्रदेश के जिले जैसे - बैतूल, मण्डला, होशंगाबाद, झाबुआ आदि में निवास करती हैं। उनकी सामाजिक, आर्थिक संरचना, धार्मिक आस्था और भाषा-बोली में स्पष्ट अन्तर दिखाई देता है। साथ ही भोजन की आदतें, रहन-सहन का तरीका अलग है। ये स्वयं के स्वास्थ्य एवं पोषण, व्यक्तिगत स्वच्छता के प्रति जागरूक नहीं हैं। इसमें सामाजिक, आर्थिक स्तर, अज्ञानता, अशिक्षा का अभाव एवं असामाजिक कुरीतियों का न्यूनतम स्तर आज भी इन परिवारों में स्थित है। आज भी बालिका अपने पोषण एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक नहीं हैं। परिणामस्वरूप इनका स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर गिर रहा है। इस अवस्था में बालिका का जीवन महत्वपूर्ण चरण है। इस चरण में बालिकाओं का शारीरिक व मानसिक विकास भी अत्यधिक तीव्र गति से होता है। इसलिए इस शोध माध्यम से झाबुआ जिले में निवास कर रही साक्षर एवं असाक्षर आदिवासी माताओं की बालिकाओं की स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का अध्ययन किया किया गया हैं।

**समस्या का औचित्य –** कहा गया है कि,**'स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है।'** यह बात अक्षरश: सत्य है क्योंकि यह भी कहा जाता है कि, **'स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है।'**

उक्त पंक्तियाँ स्वास्थ्य की महता को परिलक्षित करती है जिस देश की जनसंख्या स्वस्थ होगी वह देश समूचे विश्व में विकसित देशों की श्रेणी में अग्रिम पंक्ति में सम्मिलित होगा।

प्रस्तुत शोध में शोधकर्ता ने बालिका स्वास्थ्य से संबंधित पूर्व में हुए शोध कार्यो का अध्ययन किया और इस कार्य का चुनाव किया। शिक्षा के माध्यम से समाज में जागरूकता फैलाई जा सकती है। सरकार द्वारा बालिकाओं की शिक्षा व स्वास्थ्य से संबंधित अनेक योजनाएं संचालित की जाती है जिससे उन्हें सामाजिक सुरक्षा व स्वच्छता संबंधी सुरक्षा का संज्ञान हो।

अत: प्रस्तुत शोध का औचित्य यह ज्ञात करना है कि सरकार द्वारा चलाई गई योजनाओं के कारण आदिवासी माताओं की शिक्षा पर जो असर हुआ है, उसका उनकी बालिकाओं की स्वास्थ्य के जागरूकता पर कितना असर हुआ है।

**तकनीकी शब्दों का परिभाषीकरण –**

**(क) आदिवासी –** आदिवासी शब्द दो शब्दों – आदि + वासी से मिलकर बना है। इसका अर्थ 'मूल निवासी' होता है।

**(ख) स्वास्थ्य –** विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने सन् 1948 में स्वास्थ्य की परिभाषा दी – दैहिक, मानसिक और सामाजिक रूप से पूर्णत: स्वस्थ होना (समस्या विहीन होना) ही स्वास्थ्य है।

**(ग) जागरूकता–**इसका अर्थ है–निद्रा शून्यता,संचेतता, जागरणशीलता। जागरूकता एक मानसिक भाव है जिसका अर्थ है – बोध सहित जानना।

प्रस्तुत शोध से संबंधित पूर्व में भी कुछ शोध कार्य किये गये हैं जैसे:–

- **सोनेकर, बी. एल. (2014)** ने 'महिलाओं की स्वास्थ्य स्थिति का एक विश्लेषणात्मक अध्ययन' विषय पर शोध कार्य किया। इस अध्ययन के निष्कर्षत: ज्ञात हुआ कि गर्भवती महिलाओ में खून की कमी (एनीमिया) मुख्य समस्या पाई गई। इस अध्ययन से यह भी पता चलता है कि छत्तीसगढ़ राज्य में प्रसूती मृत्युदर भारत के अन्य राज्यों की अपेक्षा अधिक पाई गई।
- **ठाकुर, रचना एवं अन्य (2015)** ने 'मध्य भारतीय शहर (सागर) के लड़कों और लड़कियों के बीच पोषण की स्थिति' का अध्ययन किया गया। इस अध्ययन के निष्कर्षत: ज्ञात हुआ कि लैंगिक असमानताओं को खत्म करने और बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार के लिये स्वास्थ्य कार्यक्रमों के कार्यान्वयन की बहुत आवश्यकता है।
- **वर्मन, पुष्पिता; महंता, तुलिका गोस्वामी एवं बरुआ, आलोक (2015)** ने 'असम राज्य के डिब्रुगढ़ शहर की झुग्गी बस्ती में रहने वाली 15 से 19 आयु वर्ग की किशोरावास्था की छात्राओं की सामाजिक, स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं का अध्ययन' विषय पर एक शोध कार्य किया। इस अध्ययन के निष्कर्षत: ज्ञात हुआ कि 34.40 % छात्राओं में दुबलापन, 5.00 % छात्राओं में अत्यधिक दुबलापन, 7.00 % छात्राओं में अधिक वजन पाया गया। 62.00 % किशोरियों में एक या एक से अधिक बीमारी पाई गई।
- **सेठ, नकुल एवं स्वेन, कविता (2018)** ने 'उड़ीसा के कोरापुर जिले की परोजा जनजाति की किशोरावस्था की छात्राओं की समस्याओं का अध्ययन' विषय पर एक शोध कार्य किया। इस अध्ययन के निष्कर्षत: ज्ञात हुआ कि 78.93 % छात्राओं का मानना था कि वह रक्तस्त्राव के समय सेनेटरी पैड उपयोग करती हैं। 16.79 % छात्राओं का मानना था कि वह 2–3 पैड उपयोग करती हैं जबकि 4.29 % छात्राओं का मानना था कि वह 3 अधिक सेनेटरी पैड उपयोग करती है। मासिक चक्र के समय छात्रावास में रहने वाली 88.29 % छात्राएँ सेनेटरी नैपकिन का उपयोग करती हैं जबकि 11.71 % छात्राएँ कपड़े का उपयोग करती हैं। न्यादर्श में चुनी गई छात्राओं में से 36 छात्राएँ विभिन्न प्रकार की मनोवैज्ञानिक समस्याओं से ग्रस्त पाई गईं, जिनमें से 6 तनाव, 3 चिंता, 5 अवसाद व अकेलापन, 3 अक्रामकता, 8 कुसमायोजन, 1 आत्महत्या की प्रवृत्ति तथा 10 छात्राएँ बुरी लतों से ग्रसित पाई गईं।
- **किरण, शंकुन्तला (2019)** ने 'समाज में महिला स्वास्थ्य एवं पोषण की धारणा' विषय पर शोध लेख लिखा। अपने शोध लेख में उन्होंने बताया कि पौष्टिक भोजन स्वास्थ्य की एक महत्त्वपूर्ण आधारशिला है। इसलिए शरीर की जरूरतों को पूरा करने के लिए भोजन में उचित मात्रा में आवश्यक पोषक तत्वों की पूर्ति होनी चाहिए।
- **स्वाति (2019)** ने 'ग्रामीण महिलाओं में स्वास्थ्य शिक्षा एवं उपचार संबंधी चेतना : टांडाहेडी ग्राम का अध्ययन' विषय पर शोध कार्य किया। इस अध्ययन के निष्कर्षत: ज्ञात हुआ कि 70 % महिलाएँ अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरुक नहीं थीं जबकि सिर्फ 30 % महिलाएँ ही अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरुक पाई गईं। 40 % महिलाएँ बीमार पड़ने की स्थिती में घर पर ही दवा मँगा लेती हैं, 20 % महिलाएँ घरेलू उपाय करती हैं। सिर्फ 30 % महिलाएँ ही बीमार होने पर अस्पताल जाती हैं तथा 10 % महिलाएँ विभिन्न प्रकार के उपायों का सहारा लेती हैं।
- **नुसरत (2019)** ने 'दलित महिलाओं के समक्ष स्वास्थ्य संबन्धी चुनौतियाँ : कारण तथा बचाव' विषय पर शोध कार्य किया। इस शोध पत्र के निष्कर्षस्वरूप ज्ञात हुआ कि दलित महिलाओं में स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के अनेक कारण हैं जिनके प्रमुख कारण– महिलाओं का समाज में निम्न स्तर, गरीबी, अनियमित आहार, कार्य करने की खराब दशाएँ, और ग्रामीण क्षेत्रों में अपर्याप्त स्वास्थ्य सुविधाएँ मुख्य रूप से पाए गए।
- **अंजना कुमारी (2020)** ने 'ग्रामीण परिवेश की महिलाओं में आहार एवं पोषण का स्वास्थ्य से सम्बन्ध' विषय पर शोध लेख लिखा। अपने शोध लेख में उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य के लिए अच्छे आहार एवं पोषण को बहुत अधिक महत्व है। अच्छे पोषण के बिना किसी भी व्यक्ति का स्वथ्य रहना सम्भव नहीं है।

**अध्ययन के उद्देश्य –** झाबुआ जिले की साक्षर एवं असाक्षर आदिवासी माताओं की बालिकाओं की स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का तुलनात्मक अध्ययन करना।

**अध्ययन की परिकल्पना –** झाबुआ जिले की साक्षर एवं असाक्षर आदिवासी माताओं की बालिकाओं की स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता में सार्थक अंतर नहीं पाया जायेगा।

**उपकरण –** प्रस्तुत शोधपत्र में झाबुआ जिले की साक्षर एवं असाक्षर आदिवासी माताओं की बालिकाओं की स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का अध्ययन करने के लिए स्वनिर्मित स्वास्थ्य जागरूकता अनुसूचि का उपयोग किया गया है।

**विधि –** प्रस्तुत शोध हेतु झाबुआ जिले की कुल 80 बालिकाओं (40 साक्षर माताओं की एवं 40 असाक्षर माताओं की) का चयन उद्देश्यपूर्ण न्यादर्श विधि द्वारा करके इन लोगों पर स्वनिर्मित स्वास्थ्य जागरूकता अनुसूचि का प्रशासन किया गया तथा मॉस्टर शीट तैयार की गई। % एवं काई वर्ग परीक्षण के द्वारा संकलित आँकड़ों का विश्लेषण किया गया एवं प्राप्त परिणामों के आधार पर निष्कर्ष प्राप्त किये गये।

**परिणामों का विश्लेषण**

**परिकल्पना –** झाबुआ जिले की साक्षर एवं असाक्षर आदिवासी माताओं की बालिकाओं की स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता में सार्थक अंतर नहीं पाया

जायेगा।

**सारणी – 01 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)**

इस सारणी में दर्शाये हुए झाबुआ जिले की साक्षर एवं असाक्षर आदिवासी माताओं की बालिकाओं द्वारा यव्यक्तिगत स्वच्छता का ध्यान रखनेय की जानकारी से संबंधी परिणामों से दिख रहा है कि साक्षर माताओं की बालिकाओं में से 28 (70.00%) का मानना था कि उनके द्वारा व्यक्तिगत स्वच्छता का ध्यान रखा जाता है, 2 बालिकाएं (5.00 %) ऐसा नहीं मानती हैं जबकि 10 बालिकाओं (25.000%) का मानना था कि उनके द्वारा व्यक्तिगत स्वच्छता का थोड़ा–बहुत ध्यान रखा जाता है। असाक्षर माताओं की बालिकाओं में से 17 (42.50 %) का मानना था कि उनके द्वारा व्यक्तिगत स्वच्छता का ध्यान रखा जाता है, 9 बालिकाएं (22.50 %) ऐसा नहीं मानती हैं जबकि 14 बालिकाओं (35.00 %) का मानना था कि उनके द्वारा व्यक्तिगत स्वच्छता का थोड़ा–बहुत ध्यान रखा जाता है। इस सारणी में दर्शाये हुए परिणामों से यह स्पष्ट दिख रहा है कि झाबुआ जिले की साक्षर एवं असाक्षर आदिवासी माताओं की बालिकाओं द्वारा 'व्यक्तिगत स्वच्छता का ध्यान रखने की जानकारी हेतु प्राप्त हुआ यकाई वर्ग' का यह मान 7.81 स्वतंत्रता कोटि के स्तर 2 के लिए सार्थकता के 0.05 स्तर हेतु सारणीय मान 5.991 से अधिक है, जो कि सार्थक है।

अत: इन परिणामों से हम यह निष्कर्षत: बता सकते हैं कि झाबुआ जिले की साक्षर एवं असाक्षर आदिवासी माताओं की बालिकाओं में व्यक्तिगत स्वच्छता का ध्यान रखने वालों की संख्या सर्वाधिक 45 (56.25 %) जबकि व्यक्तिगत स्वच्छता का ध्यान नहीं रखने वालों की संख्या सबसे कम 11 (13.75 %) पाई गई। गणना से प्राप्त यकाई वर्ग' परीक्षण मान से यह बात स्पष्ट हो रही है कि झाबुआ जिले की साक्षर एवं असाक्षर आदिवासी माताओं की बालिकाओं द्वारा यव्यक्तिगत स्वच्छता का ध्यान रखनेय की जानकारी संबंधी मतों में बिल्कुल सार्थक तथा वास्तविक अंतर पाया गया।

**सारणी – 02 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)**

इस सारणी में दर्शाये हुए झाबुआ जिले की साक्षर एवं असाक्षर आदिवासी माताओं की बालिकाओं द्वारा यस्वास्थ्य खराब होने पर ईलाज करवाने के प्रकार' की जानकारी से संबंधी परिणामों से दिख रहा है कि साक्षर माताओं की बालिकाओं में से 25 (62.50 %) का मानना था कि स्वास्थ्य खराब होने पर वह अस्पताल में ईलाज करवाती हैं, 14 बालिकाएं (25.00 %) स्वास्थ्य खराब होने पर घरेलू ईलाज करती हैं जबकि 5 बालिकाओं (12.50 %) का मानना था कि वह स्वास्थ्य खराब होने पर झाड़–फूंक करवाती हैं। असाक्षर माताओं की बालिकाओं में से 18 (45.00 %) का मानना था कि स्वास्थ्य खराब होने पर वह अस्पताल में ईलाज करवाती हैं, 6 बालिकाएं (15.00 %) स्वास्थ्य खराब होने पर घरेलू ईलाज करती हैं जबकि 16 बालिकाओं (40.00 %) का मानना था कि वह स्वास्थ्य खराब होने पर झाड़–फूंक करवाती हैं। इस सारणी में दर्शाये हुए परिणामों से यह स्पष्ट दिख रहा है कि झाबुआ जिले की साक्षर एवं असाक्षर आदिवासी माताओं की बालिकाओं द्वारा 'स्वास्थ्य खराब होने पर ईलाज करवाने के प्रकार' की जानकारी हेतु प्राप्त हुआ यकाई वर्ग' का यह मान 7.90 स्वतंत्रता कोटि के स्तर 2 के लिए सार्थकता के 0.05 स्तर हेतु सारणीय मान 5.991 से अधिक है, जो कि सार्थक है।

अत: इन परिणामों से हम यह निष्कर्षत: बता सकते हैं कि झाबुआ जिले की साक्षर एवं असाक्षर आदिवासी माताओं की बालिकाओं में अस्पताल में ईलाज करवाने वालों की संख्या सर्वाधिक 43 (53.75 %) जबकि घरेलू ईलाज करवाने वालों की संख्या सबसे कम 16 (20.00 %) पाई गई। गणना से प्राप्त 'काई वर्ग' परीक्षण मान से यह बात स्पष्ट हो रही है कि झाबुआ जिले की साक्षर एवं असाक्षर आदिवासी माताओं की बालिकाओं द्वारा 'स्वास्थ्य खराब होने पर ईलाज करवाने के प्रकार' की जानकारी संबंधी मतों में बिल्कुल सार्थक तथा वास्तविक अंतर पाया गया।

**सारणी – 03 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)**

इस सारणी में दर्शाये हुए झाबुआ जिले की साक्षर एवं असाक्षर आदिवासी माताओं की बालिकाओं द्वारा 'स्वास्थ्य के लिए नुकयानदायक घर के बहार का भोजन (जंकफूड, फास्टफूड, कोल्डड्रिंक्स आदि) के उपयोग' की जानकारी से संबंधी परिणामों से दिख रहा है कि साक्षर माताओं की बालिकाओं में से 21 (52.50 %) का मानना था कि वह स्वास्थ्य के लिए नुकयानदायक घर के बहार का भोजन का अक्सर उपयोग करती हैं, 3 बालिकाएं (7.50 %) अक्सर इनका उपयोग नहीं करती हैं जबकि 16 बालिकाओं (40.00 %) का मानना था वह स्वास्थ्य के लिए नुकयानदायक घर के बहार का भोजन का उपयोग कभी–कभी करती हैं। असाक्षर माताओं की बालिकाओं में से 25 (62.50 %) का मानना था कि वह स्वास्थ्य के लिए नुकयानदायक घर के बहार का भोजन का अक्सर उपयोग करती हैं, 2 बालिकाएं (5.00 %) अक्सर इनका उपयोग नहीं करती हैं जबकि 13 बालिकाओं (32.50 %) का मानना था वह स्वास्थ्य के लिए नुकयानदायक घर के बहार का भोजन का उपयोग कभी–कभी करती हैं। इस सारणी में दर्शाये हुए परिणामों से यह स्पष्ट दिख रहा है कि झाबुआ जिले की साक्षर एवं असाक्षर आदिवासी माताओं की बालिकाओं द्वारा 'स्वास्थ्य के लिए नुकयानदायक घर के बहार का भोजन के उपयोग' की जानकारी हेतु प्राप्त हुआ यकाई वर्ग' का यह मान 0.86 स्वतंत्रता कोटि के स्तर 2 के लिए सार्थकता के 0.05 स्तर हेतु सारणीय मान 5.991 से कम है, जो कि सार्थक नहीं है।

अत: इन परिणामों से हम यह निष्कर्षत: बता सकते हैं कि झाबुआ जिले की साक्षर एवं असाक्षर आदिवासी माताओं की बालिकाओं में स्वास्थ्य के लिए नुकयानदायक घर के बहार के भोजन (जंकफूड, फास्टफूड, कोल्डड्रिंक्स आदि) का अक्सर उपयोग करने वालों की संख्या सर्वाधिक 46 (57.50 %) जबकि घर के बहार के भोजन का उपयोग नहीं करने वालों की संख्या सबसे कम 5 (6.25 %) पाई गई। गणना से प्राप्त 'काई वर्ग' परीक्षण मान से यह बात स्पष्ट हो रही है कि झाबुआ जिले की साक्षर एवं असाक्षर आदिवासी माताओं की बालिकाओं द्वारा यस्वास्थ्य के लिए नुकयानदायक घर के बहार का भोजन (जंकफूड, फास्टफूड, कोल्डड्रिंक्स आदि) के उपयोग' की जानकारी संबंधी मतों में बिल्कुल भी सार्थक तथा वास्तविक अंतर नहीं पाया गया।

**सारणी – 04 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)**

इस सारणी में दर्शाये हुए झाबुआ जिले की साक्षर एवं असाक्षर आदिवासी माताओं की बालिकाओं द्वारा 'माहवारी के समय सेनेटरी पैड का उपयोग करनेय की जानकारी से संबंधी परिणामों से दिख रहा है कि साक्षर माताओं की बालिकाओं में से 26 (65.00 %) का मानना था कि उनके द्वारा माहवारी के समय सेनेटरी पैड का उपयोग किया जाता है, 2 बालिकाएं (5.00 %) यह मानती हैं कि उनके द्वारा माहवारी के समय सेनेटरी पैड का उपयोग नहीं किया जाता है जबकि 13 बालिकाओं (32.50 %)

का मानना था कि उनके द्वारा माहवारी के समय कभी-कभी सेनेटरी पैड का उपयोग किया जाता है। असाक्षर माताओं की बालिकाओं में से 16 (40.00 %) का मानना था कि उनके द्वारा माहवारी के समय सेनेटरी पैड का उपयोग किया जाता है, 5 बालिकाएं (12.50 %) यह मानती हैं कि उनके द्वारा माहवारी के समय सेनेटरी पैड का उपयोग नहीं किया जाता है जबकि 19 बालिकाओं (47.50 %) का मानना था कि उनके द्वारा माहवारी के समय कभी-कभी सेनेटरी पैड का उपयोग किया जाता है। इस सारणी में दर्शाये हुए परिणामों से यह स्पष्ट दिख रहा है कि झाबुआ जिले की साक्षर एवं असाक्षर आदिवासी माताओं की बालिकाओं द्वारा 'माहवारी के समय सेनेटरी पैड का उपयोग करनेय की जानकारी हेतु प्राप्त हुआ 'काई वर्ग' का यह मान 6.17 स्वतंत्रता कोटि के स्तर 2 के लिए सार्थकता के 0.05 स्तर हेतु सारणीय मान 5.991 से अधिक है, जो कि सार्थक है।

अत: इन परिणामों से हम यह निष्कर्षत: बता सकते हैं कि झाबुआ जिले की साक्षर एवं असाक्षर आदिवासी माताओं की बालिकाओं में माहवारी के समय सेनेटरी पैड का उपयोग करने वालों की संख्या सर्वाधिक 42 (52.50 %) जबकि माहवारी के समय सेनेटरी पैड का उपयोग नहीं करने वालों की संख्या सबसे कम 6 (7.50 %) पाई गई। गणना से प्राप्त यकाई वर्ग' परीक्षण मान से यह बात स्पष्ट हो रही है कि झाबुआ जिले की साक्षर एवं असाक्षर आदिवासी माताओं की बालिकाओं द्वारा यमाहवारी के समय सेनेटरी पैड का उपयोग करनेय की जानकारी संबंधी मतों में बिल्कुल सार्थक तथा वास्तविक अंतर पाया गया।

**सारणी - 05 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)**

इस सारणी में दर्शाये हुए झाबुआ जिले की साक्षर एवं असाक्षर आदिवासी माताओं की बालिकाओं द्वारा 'सरकार के द्वारा प्रदान की जाने वाली स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ लेने' की जानकारी से संबंधी परिणामों से दिख रहा है कि साक्षर माताओं की बालिकाओं में से 27 (67.50 %) का मानना था कि वह सरकार के द्वारा प्रदान की जाने वाली स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ लेती हैं, 1 बालिका (2.50 %) सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ नहीं लेती है जबकि 12 बालिकाओं (30.00 %) का मानना था कि वह सरकार के द्वारा प्रदान की जाने वाली स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ कभी-कभी लेती हैं। असाक्षर माताओं की बालिकाओं में से 18 (45.00 %) का मानना था कि वह सरकार के द्वारा प्रदान की जाने वाली स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ लेती हैं, 7 बालिकाएं (17.50 %) सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ नहीं लेती हैं जबकि 15 बालिकाओं (37.50 %) का मानना था कि वह सरकार के द्वारा प्रदान की जाने वाली स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ कभी-कभी लेती हैं। इस सारणी में दर्शाये हुए परिणामों से यह स्पष्ट दिख रहा है कि झाबुआ जिले की साक्षर एवं असाक्षर आदिवासी माताओं की बालिकाओं द्वारा 'सरकार के द्वारा प्रदान की जाने वाली स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ लेने' की जानकारी हेतु प्राप्त हुआ 'काई वर्ग' का यह मान 6.63 स्वतंत्रता कोटि के स्तर 2 के लिए सार्थकता के 0.05 स्तर हेतु सारणीय मान 5.991 से अधिक है, जो कि सार्थक है।

अत: इन परिणामों से हम यह निष्कर्षत: बता सकते हैं कि झाबुआ जिले की साक्षर एवं असाक्षर आदिवासी माताओं की बालिकाओं में सरकार के द्वारा प्रदान की जाने वाली स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ लेने वालों की संख्या सर्वाधिक 45 (56.25 %) जबकि सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ नहीं लेने वालों की संख्या सबसे कम 8 (10.00 %) पाई गई। गणना से प्राप्त 'काई वर्ग' परीक्षण मान से यह बात स्पष्ट हो रही है कि झाबुआ जिले की साक्षर एवं असाक्षर आदिवासी माताओं की बालिकाओं द्वारा यसरकार के द्वारा प्रदान की जाने वाली स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ लेनेय की जानकारी संबंधी मतों में बिल्कुल सार्थक तथा वास्तविक अंतर पाया गया।

**सारणी - 06 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)**

इस सारणी में दर्शाये हुए झाबुआ जिले की साक्षर एवं असाक्षर आदिवासी माताओं की बालिकाओं के 'घर में प्राथमिक उपचार के लिए उपलब्ध सामान' की जानकारी से संबंधी परिणामों से दिख रहा है कि साक्षर माताओं की बालिकाओं में से 30 (75.00 %) का मानना था कि उनके घरों में प्राथमिक उपचार के लिए सामान उपलब्ध है, 3 बालिकाओं (7.50 %) का मानना था कि उनके घरों में प्राथमिक उपचार के लिए सामान उपलब्ध नहीं है जबकि 7 बालिकाओं (17.50 %) का मानना था कि उनके घरों में प्राथमिक उपचार के लिए थोड़ा-बहुत सामान उपलब्ध है। असाक्षर माताओं की बालिकाओं में से 19 (47.50 %) का मानना था कि उनके घरों में प्राथमिक उपचार के लिए सामान उपलब्ध है, 8 बालिकाओं (20.00 %) का मानना था कि उनके घरों में प्राथमिक उपचार के लिए सामान उपलब्ध नहीं है जबकि 13 बालिकाओं (32.50 %) का मानना था कि उनके घरों में प्राथमिक उपचार के लिए थोड़ा-बहुत सामान उपलब्ध है। इस सारणी में दर्शाये हुए परिणामों से यह स्पष्ट दिख रहा है कि झाबुआ जिले की साक्षर एवं असाक्षर आदिवासी माताओं की बालिकाओं के 'घर में प्राथमिक उपचार के लिए उपलब्ध सामान' की जानकारी हेतु प्राप्त हुआ 'काई वर्ग' का यह मान 6.54 स्वतंत्रता कोटि के स्तर 2 के लिए सार्थकता के 0.05 स्तर हेतु सारणीय मान 5.991 से अधिक है, जो कि सार्थक है।

अत: इन परिणामों से हम यह निष्कर्षत: बता सकते हैं कि झाबुआ जिले की साक्षर एवं असाक्षर आदिवासी माताओं की बालिकाओं में घर में प्राथमिक उपचार के लिए पर्याप्त सामान की उपलब्धता रखने वालों की संख्या सर्वाधिक 49 (61.25 %) जबकि घर में प्राथमिक उपचार के लिए पर्याप्त सामान की उपलब्धता नहीं रखने वालों की संख्या सबसे कम 11 (13.75 %) पाई गई। गणना से प्राप्त 'काई वर्ग' परीक्षण मान से यह बात स्पष्ट हो रही है कि झाबुआ जिले की साक्षर एवं असाक्षर आदिवासी माताओं की बालिकाओं के 'घर में प्राथमिक उपचार के लिए उपलब्ध सामान'की जानकारी संबंधी मतों में बिल्कुल सार्थक तथा वास्तविक अंतर पाया गया। उपरोक्त सभी सारणियों के परिणामों के परिप्रेक्ष्य में पूर्व में ली गयी परिकल्पना 'झाबुआ जिले की साक्षर एवं असाक्षर आदिवासी माताओं की बालिकाओं की स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता में सार्थक अंतर नहीं पाया जायेगा' अस्वीकृत की जाती है क्योंकि सारणी क्रमांक 01, 02, 04, 05, 06 में काई वर्ग परीक्षण के मान क्रमश: 7.81, 7.90, 6.17, 6.63, 6.54 स्वतंत्रता कोटि के स्तर 2 के लिए सार्थकता के 0.05 स्तर हेतु सारणीय मान 5.991 से अधिक ज्ञात हुये हैं, जो कि सार्थक हैं जबकि सिर्फ सारणी क्रमांक 03 में काई वर्ग परीक्षण का मान 0.86 स्वतंत्रता कोटि के स्तर 2 के लिए सार्थकता के 0.05 स्तर हेतु सारणीय मान 5.991 से कम ज्ञात हुआ है, जो कि सार्थक नहीं है।

**निष्कर्ष-** उपरोक्त सभी सारणियों में संकलित प्रदत्तों के विश्लेशण परिकल्पना के आधार पर परिणाम प्राप्त हुए हैं -

1. झाबुआ जिले की साक्षर एवं असाक्षर आदिवासी माताओं की

बालिकाओं में व्यक्तिगत स्वच्छता का ध्यान रखने वालों की संख्या सर्वाधिक 45 (56.25 %) जबकि व्यक्तिगत स्वच्छता का ध्यान नहीं रखने वालों की संख्या सबसे कम 11 (13.75 %) पाई गई। गणना से प्राप्त 'काई वर्ग' परीक्षण मान से यह बात स्पष्ट हो रही है कि झाबुआ जिले की साक्षर एवं असाक्षर आदिवासी माताओं की बालिकाओं द्वारा यव्यक्तिगत स्वच्छता का ध्यान रखनेय की जानकारी संबंधी मतों में बिल्कुल सार्थक तथा वास्तविक अंतर पाया गया।

2. झाबुआ जिले की साक्षर एवं असाक्षर आदिवासी माताओं की बालिकाओं में अस्पताल में ईलाज करवाने वालों की संख्या सर्वाधिक 43 (53.75 %) जबकि घरेलू ईलाज करवाने वालों की संख्या सबसे कम 16 (20.00 %) पाई गई। गणना से प्राप्त 'काई वर्ग' परीक्षण मान से यह बात स्पष्ट हो रही है कि झाबुआ जिले की साक्षर एवं असाक्षर आदिवासी माताओं की बालिकाओं द्वारा 'स्वास्थ्य खराब होने पर ईलाज करवाने के प्रकार' की जानकारी संबंधी मतों में बिल्कुल सार्थक तथा वास्तविक अंतर पाया गया।

3. झाबुआ जिले की साक्षर एवं असाक्षर आदिवासी माताओं की बालिकाओं में स्वास्थ्य के लिए नुकयानदायक घर के बहार के भोजन (जंकफूड, फास्टफूड, कोल्डड्रिंक्स आदि) का अक्सर उपयोग करने वालों की संख्या सर्वाधिक 46 (57.50 %) जबकि घर के बहार के भोजन का उपयोग नहीं करने वालों की संख्या सबसे कम 5 (6.25 %) पाई गई। गणना से प्राप्त 'काई वर्ग' परीक्षण मान से यह बात स्पष्ट हो रही है कि झाबुआ जिले की साक्षर एवं असाक्षर आदिवासी माताओं की बालिकाओं द्वारा 'स्वास्थ्य के लिए नुकयानदायक घर के बहार का भोजन (जंकफूड, फास्टफूड, कोल्डड्रिंक्स आदि) के उपयोग' की जानकारी संबंधी मतों में बिल्कुल भी सार्थक तथा वास्तविक अंतर नहीं पाया गया।

4. झाबुआ जिले की साक्षर एवं असाक्षर आदिवासी माताओं की बालिकाओं में माहवारी के समय सेनेटरी पैड का उपयोग करने वालों की संख्या सर्वाधिक 42 (52.50 %) जबकि माहवारी के समय सेनेटरी पैड का उपयोग नहीं करने वालों की संख्या सबसे कम 6 (7.50 %) पाई गई। गणना से प्राप्त 'काई वर्ग' परीक्षण मान से यह बात स्पष्ट हो रही है कि झाबुआ जिले की साक्षर एवं असाक्षर आदिवासी माताओं की बालिकाओं द्वारा 'माहवारी के समय सेनेटरी पैड का उपयोग करने' की जानकारी संबंधी मतों में बिल्कुल सार्थक तथा वास्तविक अंतर पाया गया।

5. झाबुआ जिले की साक्षर एवं असाक्षर आदिवासी माताओं की बालिकाओं में सरकार के द्वारा प्रदान की जाने वाली स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ लेने वालों की संख्या सर्वाधिक 45 (56.25 %) जबकि सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ नहीं लेने वालों की संख्या सबसे कम 8 (10.00 %) पाई गई। गणना से प्राप्त 'काई वर्ग' परीक्षण मान से यह बात स्पष्ट हो रही है कि झाबुआ जिले की साक्षर एवं असाक्षर आदिवासी माताओं की बालिकाओं द्वारा 'सरकार के द्वारा प्रदान की जाने वाली स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ लेने' की जानकारी संबंधी मतों में बिल्कुल सार्थक तथा वास्तविक अंतर पाया गया।

6. झाबुआ जिले की साक्षर एवं असाक्षर आदिवासी माताओं की बालिकाओं में घर में प्राथमिक उपचार के लिए पर्याप्त सामान की उपलब्धता रखने वालों की संख्या सर्वाधिक 49 (61.25 %) जबकि घर में प्राथमिक उपचार के लिए पर्याप्त सामान की उपलब्धता नहीं रखने वालों की संख्या सबसे कम 11 (13.75 %) पाई गई। गणना से प्राप्त 'काई वर्ग' परीक्षण मान से यह बात स्पष्ट हो रही है कि झाबुआ जिले की साक्षर एवं असाक्षर आदिवासी माताओं की बालिकाओं के 'घर में प्राथमिक उपचार के लिए उपलब्ध सामान'की जानकारी संबंधी मतों में बिल्कुल सार्थक तथा वास्तविक अंतर पाया गया।

अत: उपरोक्त सभी निष्कर्षों के आधार पर यह कहा जा सकता है कि झाबुआ जिले की साक्षर एवं असाक्षर आदिवासी माताओं की बालिकाओं की स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता में सार्थक अंतर पाया गया तथा साक्षर आदिवासी माताओं की बालिकाएं, असाक्षर आदिवासी माताओं की बालिकाओं की तुलना में स्वास्थ्य के प्रति अधिक जागरूक पाई गयीं।

**सन्दर्भ ग्रन्थ सूची:-**

**पुस्तकें :-**

1. अरोरा, सन्तोष (2014) : **पापुलेशन एण्ड एजुकेशन प्राब्लम्स,** वन इण्डिया इकोनोमिक वीकली, दिल्ली, दिसम्बर 2014
2. इन्द्रोलिया, रघुवीर (2010) : **ग्रामीण भारत में कुपोषण समस्या एवं समाधान,** रिसर्च पब्लिकेशन्स, जयपुर, राजस्थान।
3. मुकर्जी, रवीन्द्रनाथ (2013) : **सामाजिक अनुसंधान की विधियाँ,** विवेक प्रकाशन, दिल्ली।
4. नारायण, सुधा (1998) : **आहार नियोजन,** रिसर्च पब्लिकेशन, जयपुर।
5. राणावत, रमा (2010) : **भोजन और स्वास्थ्य,** विश्वभारती पब्लिकेशन।
6. शर्मा, श्रीनाथ (2011) : **मध्यप्रदेश की प्रमुख जनजातियां,** मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, भोपाल।
7. स्वामीनाथन, एम. (2008) : **आहार एवं पोषण,** एन.आर. ब्रदर्स प्रकाशक, इन्दौर।
8. वर्मा, ओमप्रकाश (1987) : **सामाजिक शोध तथा सर्वेक्षण,** सरस्वती सदन, दिल्ली।
9. डॉ. सानी रामगोपाल: **उदयोन्मुख भारतीय समाज में शिक्षा, पृ.सं.6**
10. डॉ. प्रसाद, ज्योति, श्रीवास्तव, सीमा एवं श्रीवास्तव अनन्ता: **आधारीय पोषण पृ.सं.3**

**Related Research:-**

1. **अंजना कुमारी (2020)** 'ग्रामीण परिवेश की महिलाओं में आहार एवं पोषण का स्वास्थ्य से सम्बन्ध', *International Journal of Applied Research, Volume 6, Issue 7, 2020, Page No. 46-47*
2. **Barman, Pushpita; Mahanta, Tulika Goswami and Barua, Alok (2015)** "Social health problem of adolescent girls aged 15-19 year living in slums of Dibrugarh Town, Assam", *Clinical Epidemiology and Global Health, Volume 3, 2015, Page No. 49-53*
3. **किरण, शंकुन्तला (2019)** 'समाज में महिला स्वास्थ्य एवं पोषण की धारणा', International Journal of Advanced Academic Studies, Volume 1, Issue 1, 2019, Page No. 67-68
4. **नुसरत (2019)** 'दलित महिलाओं के समक्ष स्वास्थ्य संबन्धी चुनौतियाँ : कारण तथा बचाव', Journal of Acharaya Narendra Dev Research Institute, Volume 28, June-August 2019, Page No. 148-152

5. Seth, Nakul and Swain, Kabita (2018) "Assessment of Problems of Adolescent Girls Among Paroja Tribe of Koraput District, Odisha", Journal of Emerging Technologies and Innovative Research (JETIR), Volume 5, Issue 11, November 2018, Page No. 602-612
6. **सोनेकर, बी.एल. (2014)** 'महिलाओं की स्वास्थ्य स्थिति का एक विश्लेषणात्मक अध्ययन', International Journal Reviews and Research in Social Science, Volume 2, Issue 2, April-June 2014, Page No. 124-127
7. **स्वाति (2019)** 'ग्रामीण महिलाओं में स्वास्थ्य शिक्षा एवं उपचार संबंधी चेतना : टांडाहेडी ग्राम का अध्ययन', Journal of Emerging Technologies and Innovative Research (JETIR), Volume 6, Issue 3, March 2019, Page No. 456-461
8. **ठाकुर, रचना और गौतम, के. राजेश (2015)** 'मध्य भारतीय शहर (सागर) के लड़कों और लड़कियों के बीच पोषण की स्थिति', मानवशास्त्रीय समीक्षा, वॉल्यूम-78(2), पृष्ठ क्रमांक 197-212.

**सारणी - 01: झाबुआ जिले की साक्षर एवं असाक्षर आदिवासी माताओं की बालिकाओं द्वारा यव्यक्तिगत स्वच्छता का ध्यान रखनेय की जानकारी से संबंधी परिणाम**

| बालिकाओं का समूह | कुल संख्या | 'व्यक्तिगत स्वच्छता का ध्यान रखने' की जानकारी संबंधी मत | | | | | | 'काई वर्ग' का मान | सार्थकता का स्तर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | हाँ | | नहीं | | थोड़ा-बहुत | | | |
| | | संख्या | प्रतिशत | संख्या | प्रतिशत | संख्या | प्रतिशत | | |
| साक्षर माताओं की बालिकाएं | 40 | 28 | 70.00 | 2 | 5.00 | 10 | 25.00 | 7.81 | 0.05 स्तर पर सार्थक |
| असाक्षर माताओं की बालिकाएं | 40 | 17 | 42.50 | 9 | 22.50 | 14 | 35.00 | | |
| **कुल** | **80** | 45 | 56.25 | 11 | 13.75 | 24 | 30.00 | | |

स्वतंत्रता कोटि का स्तर - 2 सार्थकता के 0.05 स्तर हेतु सारणीय मान - 5.991

**सारणी - 02: झाबुआ जिले की साक्षर एवं असाक्षर आदिवासी माताओं की बालिकाओं द्वारा 'स्वास्थ्य खराब होने पर ईलाज करवाने के प्रकार' की जानकारी से संबंधी परिणाम**

| बालिकाओं का समूह | कुल संख्या | 'स्वास्थ्य खराब होने पर ईलाज करवाने के प्रकार' की जानकारी संबंधी मत | | | | | | 'काई वर्ग' का मान | सार्थकता का स्तर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अस्पताल | | घरेलू ईलाज | | झाड़-फूंक | | | |
| | | संख्या | % | संख्या | % | संख्या | % | | |
| साक्षर माताओं की बालिकाएं | 40 | 25 | 62.50 | 10 | 25.00 | 5 | 12.50 | 7.90 | 0.05 स्तर पर सार्थक |
| असाक्षर माताओं की बालिकाएं | 40 | 18 | 45.00 | 6 | 15.00 | 16 | 40.00 | | |
| **कुल** | **80** | 43 | 53.75 | 16 | 20.00 | 21 | 26.25 | | |

स्वतंत्रता कोटि का स्तर - 2 सार्थकता के 0.05 स्तर हेतु सारणीय मान - 5.991

**सारणी - 03: झाबुआ जिले की साक्षर एवं असाक्षर आदिवासी माताओं की बालिकाओं द्वारा यस्वास्थ्य के लिए नुकयानदायक घर के बहार का भोजन (जंकफूड, फास्टफूड, कोल्डड्रिंक्स आदि) के उपयोग' की जानकारी से संबंधी परिणाम**

| बालिकाओं का समूह | कुल संख्या | 'स्वास्थ्य के लिए नुकयानदायक घर के बहार का भोजन के उपयोग' की जानकारी संबंधी मत | | | | | | 'काई वर्ग' का मान | सार्थकता का स्तर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | हाँ | | नहीं | | कभी-कभी | | | |
| | | संख्या | % | संख्या | % | संख्या | % | | |
| साक्षर माताओं की बालिकाएं | 40 | 21 | 52.50 | 3 | 7.50 | 16 | 40.00 | 0.86 | 0.05 स्तर पर असार्थक |
| असाक्षर माताओं की बालिकाएं | 40 | 25 | 62.50 | 2 | 5.00 | 13 | 32.50 | | |
| **कुल** | **80** | 46 | 57.50 | 5 | 6.25 | 29 | 36.25 | | |

स्वतंत्रता कोटि का स्तर - 2 सार्थकता के 0.05 स्तर हेतु सारणीय मान - 5.991

**सारणी – 04: झाबुआ जिले की साक्षर एवं असाक्षर आदिवासी माताओं की बालिकाओं द्वारा यमाहवारी के समय सेनेटरी पैड का उपयोग करनेय की जानकारी से संबंधी परिणाम**

| बालिकाओं का समूह | कुल संख्या | 'माहवारी के समय सेनेटरी पैड का उपयोग करने' की जानकारी संबंधी मत | | | | | | 'काई वर्ग' का मान | सार्थकता का स्तर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | हाँ | | नहीं | | कभी-कभी | | | |
| | | संख्या | % | संख्या | % | संख्या | % | | |
| साक्षर माताओं की बालिकाएं | 40 | 26 | 65.00 | 1 | 2.50 | 13 | 32.50 | 6.17 | 0.05 स्तर पर सार्थक |
| असाक्षर माताओं की बालिकाएं | 40 | 16 | 40.00 | 5 | 12.50 | 19 | 47.50 | | |
| **कुल** | **80** | 42 | 52.50 | 6 | 7.50 | 32 | 40.00 | | |

स्वतंत्रता कोटि का स्तर – 2 सार्थकता के 0.05 स्तर हेतु सारणीय मान – 5.991

**सारणी – 05: झाबुआ जिले की साक्षर एवं असाक्षर आदिवासी माताओं की बालिकाओं द्वारा यसरकार के द्वारा प्रदान की जाने वाली स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ लेनेय की जानकारी से संबंधी परिणाम**

| बालिकाओं का समूह | कुल संख्या | 'सरकार के द्वारा प्रदान की जाने वाली स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ लेने' की जानकारी संबंधी मत | | | | | | 'काई वर्ग' का मान | सार्थकता का स्तर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | हाँ | | नहीं | | कभी-कभी | | | |
| | | संख्या | % | संख्या | % | संख्या | % | | |
| साक्षर माताओं की बालिकाएं | 40 | 27 | 67.50 | 1 | 2.50 | 12 | 30.00 | 6.63 | 0.05 स्तर पर सार्थक |
| असाक्षर माताओं की बालिकाएं | 40 | 18 | 45.00 | 7 | 17.50 | 15 | 37.50 | | |
| **कुल** | **80** | 45 | 56.25 | 8 | 10.00 | 27 | 33.75 | | |

स्वतंत्रता कोटि का स्तर – 2 सार्थकता के 0.05 स्तर हेतु सारणीय मान – 5.991

**सारणी – 06: झाबुआ जिले की साक्षर एवं असाक्षर आदिवासी माताओं की बालिकाओं के यघर में प्राथमिक उपचार के लिए उपलब्ध सामान' की जानकारी से संबंधी परिणाम**

| बालिकाओं का समूह | कुल संख्या | 'घर में प्राथमिक उपचार के लिए उपलब्ध सामान' की जानकारी संबंधी मत | | | | | | 'काई वर्ग' का मान | सार्थकता का स्तर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | हाँ | | नहीं | | थोड़ा-बहुत | | | |
| | | संख्या | % | संख्या | % | संख्या | % | | |
| साक्षर माताओं की बालिकाएं | 40 | 30 | 75.00 | 3 | 7.50 | 7 | 17.50 | 6.54 | 0.05 स्तर पर सार्थक |
| असाक्षर माताओं की बालिकाएं | 40 | 19 | 47.50 | 8 | 20.00 | 13 | 32.50 | | |
| **कुल** | **80** | 49 | 61.25 | 11 | 13.75 | 20 | 25.00 | | |

स्वतंत्रता कोटि का स्तर – 2 सार्थकता के 0.05 स्तर हेतु सारणीय मान – 5.991

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LI (51), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# महिलाओं के विकास में महिला एवं बाल विकास कार्यक्रम की भूमिका

**कु. स्तुति झा*  डॉ. विभा वासुदेव****

* सहायक प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शा. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, टीकमगढ़ (म.प्र.) भारत
**प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, छतरपुर (म.प्र.) भारत

**प्रस्तावना –** किसी भी देश के विकास में महिलाओं एवं बच्चों की स्थिति महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। भारत में प्राचीन काल से लेकर वर्तमान समय तक महिलाओं की स्थिति में अत्यंत परिवर्तन हुआ है। वैदिक काल में **'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते, रमंते तत्र देवता:'** की विचारधारा देखने को मिलती है, तत्पश्चात मध्यकाल में महिलाओं की स्थिति निम्न हो गई। इसके बाद आधुनिक और स्वतंत्र भारत में महिलाओं की स्थिति सुधारने हेतु अनेक प्रयास किए गए जिसमें सरकार द्वारा किए गए प्रयास अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस शोध पत्र में महिलाओं के विकास में महिला एवं बाल विकास कार्यक्रम की भूमिका का अध्ययन किया गया है। महिला एवं बाल विकास विभाग भारत सरकार के मंत्रालय के रूप में कार्य करता है। इसकी स्थापना वर्ष 1985 में मानव संसाधन विकास मंत्रालय के अंतर्गत हुई थी। इसका उद्देश्य महिलाओं एवं बच्चों के समग्र विकास करने हेतु विभिन्न कार्यक्रम चलाना है। मध्यप्रदेश में 15 अगस्त 1986 को महिला एवं बाल विकास संचालनालय का गठन किया गया। मध्य प्रदेश में महिला एवं बाल विकास विभाग की केंद्र शासित एवं राज्य शासित योजनाओं में से कुछ प्रमुख योजनाएं निम्नलिखित है–

**लाइली लक्ष्मी योजना** – यह राज्य शासित योजना बालिकाओं के विकास के लिए मध्य प्रदेश में 1 अप्रैल 2007 से लागू की गई है। इस योजना का प्रमुख उद्देश्य बालिका जन्म के प्रति लोगों में सकारात्मक सोच का विकास करना, प्रदेश में लिंगानुपात सूचकांक में सुधार लाना एवं जनसंख्या वृद्धि दर को कम करना है। इस योजना से बालिकाओं के शैक्षणिक स्तर और स्वास्थ्य की स्थिति में सुधार लाया जाएगा। इस योजना से बालिकाओं के सर्वाधिक विकास को सुरक्षित करने का उद्देश्य रखा गया है। यह योजना बाल विवाह की रोकथाम में सहायक साबित होगी।

**लाडो अभियान**– मध्य प्रदेश में बाल विवाह को रोकने के लिए लाडो अभियान वर्ष 2013 से प्रारंभ किया गया है। इस अभियान का प्रमुख उद्देश्य जन समाज में बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति की रोकथाम हेतु मानसिकता में सकारात्मक बदलाव करना है। यह अभियान बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अनुसार 18 वर्ष से कम आयु की बालिकाओं एवं 21 वर्ष से कम आयु के बालकों के विवाह को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

**प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना**– यह केंद्र शासित योजना भारत सरकार द्वारा 1 जनवरी 2017 से मध्य प्रदेश के समस्त जिलों में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत संचालित है। इस योजना का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को मजदूरी की हानि की आंशिक क्षतिपूर्ति के रूप में नगद प्रोत्साहन प्रदान करने के साथ–साथ उनके द्वितीय प्रसव पर बालिका जन्म को प्रोत्साहित करना है। इस योजना का प्रमुख प्रावधान महिलाओं को प्रथम प्रसव पर 5000 रुपए दो किश्तों में प्रदान करना है एवं द्वितीय प्रसव पर बालिका जन्म होने पर 6000 रुपए एक किश्त में प्रदान करना है।

**शक्ति सदन**– भारत सरकार के दिशा निर्देशानुसार स्वाधार योजना एवं उज्जवला योजना का विलय कर शक्ति सदन के नाम से नई योजना 14 जुलाई 2022 से प्रारंभ की गई है। इस योजना में भारत सरकार और राज्य सरकार का वित्तीय अंश 60: 40 के अनुपात में रहेगा। इस योजना में महिलाओं के लिए सुरक्षित और सक्षम वातावरण का निर्माण करना, महिला तस्करी की रोकथाम करना, अनैतिक व्यापार में गई महिलाओं सहित संकट में फंसी हुई महिलाओं को विकट परिस्थितियों से निकालकर उन्हें समाज की मुख्य धारा से जोड़ना है।

**लाड़ली बहना योजना**– यह राज्य शासित योजना मध्य प्रदेश में 28 जनवरी 2023 को लागू की गई है। इस योजना में महिलाओं एवं उन पर आश्रित बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण की स्थिति में सुधार लाने हेतु प्रयास किया गया है। इस योजना की सहायता से महिलाओं में परिवार में निर्णय लेने की क्षमता विकसित होगी। इस योजना के प्रमुख उद्देश्य महिलाओं को स्वावलंबन और परिवार में उनके आश्रित बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण में निरंतर सुधार बनाए रखना, महिलाओं को आर्थिक रूप से अधिक स्वावलंबी बनाना, साथ ही महिलाओं की परिवार में निर्णय लेने की प्रभावी भूमिका को प्रोत्साहित करना हैं। वर्तमान में लाड़ली बहना योजना अंतर्गत महिलाओं को प्रतिमाह 1250 रुपए प्रदान किया जा रहे हैं। इस आर्थिक सहायता से महिलाएं स्थानीय संसाधनों का समुचित उपयोग करके स्वरोजगार के संसाधनों को विकसित करेंगी एवं समाज और परिवार में उनकी भूमिका सशक्त हो सकेगी।

**महिला एवं बाल विकास कार्यक्रम का महिलाओं पर प्रभाव–** महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं का महिलाओं पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इससे महिलाएं सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में सशक्त हुई है। महिला एवं बाल विकास कार्यक्रम से महिलाओं पर निम्न प्रभाव परिलक्षित होते हैं–

1. **सामाजिक प्रभाव–** महिला एवं बाल विकास कार्यक्रम का समाज पर

सकारात्मक प्रभाव पड़ा है, समाज में महिलाओं की भूमिका सशक्त हुई है।

2. **आर्थिक प्रभाव–** महिला एवं बाल विकास की विभिन्न योजनाएं से महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त हुई है। विभिन्न योजनाएं महिलाओं को आर्थिक रूप से राशि प्रदान करती है, जिससे वह स्वयं के अपने खर्च चला पाती है।

3. **राजनीतिक प्रभाव–** महिला एवं बाल विकास कार्यक्रम का महिलाओं पर राजनीतिक प्रभाव पड़ा है। महिलाएं राजनीतिक निर्णय स्वयं कर रही है तथा अपनी पसंद की सरकार को चुन रही है।

4. **रोजगार पर प्रभाव–** महिला एवं बाल विकास कार्यक्रम द्वारा महिलाओं को रोजगार प्राप्त करने में सहायता मिलती है। वे स्थानीय रूप से उपलब्ध संसाधनों द्वारा अपने स्वरोजगार को प्राप्त कर रही है।

5. **स्वास्थ्य पर प्रभाव–** महिला एवं बाल विकास कार्यक्रम द्वारा महिलाओं के स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। महिलाओं में कुपोषण को दूर करने एवं बीमारी की रोकथाम करने हेतु प्रयास किए गए हैं।

6. **पारिवारिक भूमिका में बदलाव–** महिला एवं बाल विकास कार्यक्रम द्वारा महिलाओं की पारिवारिक भूमिका में बदलाव आया है। अब महिलाएं भी परिवार एवं समाज में पहले से अधिक आत्मविश्वास के साथ अपनी बात रखती हैए साथ ही स्वयं एवं परिवार के निर्णय कर पा रही है।

7. **शिक्षा पर प्रभाव–** महिला एवं बाल विकास कार्यक्रम द्वारा महिलाओं पर शैक्षणिक प्रभाव पड़ा है। समाज में बालिकाओं को शिक्षित करने की विचारधारा में बदलाव आया है, साथ ही बालिकाओं को उच्च शिक्षा प्रदान करने का स्तर भी बढ़ा है।

8. **आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते कदम–** महिला एवं बाल विकास कार्यक्रम द्वारा महिलाओं की आत्मनिर्भरता में वृद्धि हुई है।

9. **वैचारिक परिवर्तन–** इन कार्यक्रमों द्वारा समाज में वैचारिक परिवर्तन आया है, अब समाज में महिलाओं को लेकर सकारात्मक विचार देखने को मिलते हैं।

10. **स्वावलंबन–** महिला एवं बाल विकास कार्यक्रम से महिलाओं में स्वावलंबन की भावना जागृत हुई है।

महिलाओं के विकास में महिला एवं बाल विकास कार्यक्रम की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका है। इससे समाज में महिलाओं की स्थिति में निरंतर सुधार हुआ है, महिलाओं में अपने अधिकारों व हितों के प्रति जागरुकता का स्तर बढ़ा है, बच्चों के कुपोषण में कमी आई है। महिला एवं बाल विकास कार्यक्रम से महिलाओं और बच्चों का सर्वांगीण विकास हो रहा है, इससे उनके जीवन स्तर में सुधार हुआ हैं एवं महिला सशक्तिकरण में सहायता मिली है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. राधिका कपूर, महिला एवं बाल विकास कार्यक्रम https://www.researchgate.net/publication/323725945_Women_and _Child_Development_Programmes
2. डॉ. आशुतोष व्यास, राधेश्याम कमेटी, महिला सशक्तिकरण में महिला बाल विकास की भूमिका एक मूल्यांकन, IJFMR Volume 3, Issue 5, September-October 2021.
3. https://mpwcdmis.gov.in/
4. https://ladlilaxmi.mp.gov.in/llyhome.aspx
5. https://cmladlibahna.mp.gov.in/

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LI (51), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# Breaking Barriers: Law & Gender Equality

**Dr. Pushpanjali Pandey***

***Assistant Professor, Gyan Ganga College of Excellence (Law), Jabalpur (M.P.) INDIA**

**Abstract :** Gender equality is a constitutional guarantee in India, but its realization has depended heavily on judicial intervention. This paper critically examines the Supreme Court of India's role in dismantling legal and societal barriers to gender justice through constitutional interpretation and progressive jurisprudence. Drawing on landmark decisions in employment, property rights, bodily autonomy, and protection from violence, the research analyzes the evolution from formal to substantive equality. Using a doctrinal and case-law methodology, the study identifies gaps in implementation and suggests pathways for enhanced enforcement. The findings reveal that while the Supreme Court has played a transformative role, persistent societal and institutional resistance continue to hinder full realization of gender equality.

**Keywords-** Gender equality, Supreme Court of India, constitutional law, women's rights, judicial activism, landmark cases, substantive equality.

**Introduction -** Gender equality is enshrined as a foundational value in the Constitution of India, reflected in its Preamble's commitment to justice, equality, and dignity for all citizens. The constitutional scheme explicitly mandates both formal and substantive equality through a combination of Fundamental Rights and Directive Principles of State Policy. **Article 14** guarantees equality before the law and equal protection of laws[1], **Article 15(1)** prohibits discrimination on grounds of sex[2], and **Article 15(3)** allows the State to make special provisions for women and children[3]. **Article 16** ensures equality of opportunity in matters of public employmentt , while **Article 21**, as expansively interpreted, protects the right to life with dignity, encompassing bodily autonomy, reproductive rights, and freedom from violenceu .

The Directive Principles—particularly **Articles 39(a) and 39(d) -** direct the State to secure adequate livelihood for men and women equally, and equal pay for equal workv . **Article 42** mandates provisions for just and humane conditions of work and maternity reliefw , while **Article 51A(e)** imposes a fundamental duty on citizens to renounce practices derogatory to the dignity of womenx .

However, the lived reality of Indian women often diverges sharply from these constitutional ideals due to systemic discrimination, patriarchal norms, and institutional gaps. In this context, the **Supreme Court of India** has emerged as a transformative agent, using judicial review to interpret constitutional guarantees progressively and dismantle legal and social barriers against women.

**Literature Review**

Scholars like Upendra Baxi have described the Indian Constitution as a "transformative document" whose promise of social justice relies on proactive judicial interpretationy . Flavia Agnes notes that while formal legal equality exists, substantive equality demands dismantling socio-cultural barriers[10] .

Studies have examined **Vishaka v. State of Rajasthan** as judicial law-making under constitutional morality[11], **Mary Roy v. State of Kerala** as a milestone in property rights[12], and **Joseph Shine v. Union of India** as an assertion of sexual autonomy and dismantling of gendered moral policing[13].

However, critics argue that judicial activism alone cannot guarantee implementation, as judgments often lack effective monitoring mechanisms.

**Hypothesis:** The Supreme Court of India has been instrumental in advancing gender equality through progressive constitutional interpretation and landmark rulings, but the absence of robust enforcement mechanisms and deep-seated patriarchal norms have limited their practical impact.

**Data & Methodology**

**Nature of Study:** Doctrinal legal research

**Sources Of Data:**

1. **Primary Sources:** Constitution of India, statutory enactments (POSH Act 2013, Hindu Succession Act 1956 as amended in 2005, Maternity Benefit Act 1961, Domestic Violence Act 2005), Supreme Court judgments.
2. **Secondary Sources:** Academic journals, books, Law Commission reports, CEDAW observations.

**Case Selection Criteria:**

**1. Landmark significance in advancing gender equality:** The foremost criterion for selecting cases is their status as judicial landmarks in the discourse on gender equality. A case qualifies as a landmark when it not only resolves the dispute before the court but also sets a precedent that reshapes the legal landscape. In the context of gender justice, such cases typically challenge entrenched patriarchal structures, question discriminatory practices, and expand the ambit of constitutional protections for women and marginalized genders. Landmark judgments are often referenced in subsequent litigation, cited in academic literature, and invoked in policy discussions. Thus, the inclusion of landmark cases ensures that the research engages with moments of profound transformation in India's jurisprudence on equality.

**Example:** *Shayara Bano v. Union of India* (2017) – The Supreme Court declared instant triple talaq unconstitutional, a landmark in dismantling gendered practices within personal law. This judgment redefined women's rights in the sphere of marriage and family law.

**Example:** *Joseph Shine v. Union of India* (2018) – The Court struck down Section 497 IPC on adultery, emphasizing gender neutrality and rejecting paternalistic control over women's autonomy

**2. Constitutional relevance under Articles 14, 15, 16, and 21**.

The second criterion rests on the constitutional foundation of equality and liberty. Articles 14, 15, 16, and 21 form the **core of India's gender equality jurisprudence**:

**i. Article 14** guarantees equality before law and equal protection of laws, thereby mandating a uniform standard of justice irrespective of sex or gender.

**ii. Article 15** prohibits discrimination on grounds of sex, while also permitting affirmative action for women and children.

**iii. Article 16** extends equality of opportunity in matters of public employment, directly addressing issues such as workplace discrimination and representation.

**iv. Article 21** has been expansively interpreted to include the right to dignity, autonomy, reproductive choice, privacy, and freedom from violence—all of which have a direct bearing on women's lived realities.

By focusing on cases interpreting these provisions, the research situates gender equality within the constitutional framework, ensuring that the selected cases are not isolated pronouncements but part of a broader constitutional dialogue.

**Example:** *Navtej Singh Johar v. Union of India* (2018) – Though centered on sexual orientation, the Court grounded its reasoning in Articles 14, 15, and 21, affirming that constitutional morality must prevail over societal morality in protecting dignity and autonomy.

**Example:** *Air India v. Nargesh Meerza* (1981) – Struck down discriminatory service rules that forced women air hostesses to retire earlier than men, invoking Articles 14, 15, and 16

**3. Demonstrable Policy or Societal Impact:** Finally, the selection of cases is guided by their tangible influence beyond the courtroom. A judgment's importance is amplified when it leads to legislative reforms, administrative changes, or shifts in societal attitudes. For example, certain decisions have catalyzed the enactment of progressive laws, such as the Protection of Women from Domestic Violence Act, 2005, or the decriminalization of Section 377 IPC. Others have altered workplace norms, religious practices, or institutional policies in favor of inclusivity and non-discrimination. By emphasizing demonstrable impact, the research highlights how judicial reasoning translates into real-world change, bridging the gap between constitutional ideals and social realities.

**Example:** *Vishaka v. State of Rajasthan* (1997) – The Court's guidelines on sexual harassment at the workplace directly led to the enactment of the **Sexual Harassment of Women at Workplace (Prevention, Prohibition and Redressal) Act, 2013**.

**Example:** *Indra Sawhney v. Union of India* (1992) – While focused on reservations, it reaffirmed Article 16's scope and opened discussions on women's representation in employment.

**Employment Equality**

**C.B. Muthamma v. Union of India (1979) C.B. Muthamma v. Union of India** (1979) — discrimination in Indian Foreign Service rules struck down

This case marked one of the earliest challenges to gender discrimination in public employment. C.B. Muthamma, the first woman officer of the Indian Foreign Service, faced discriminatory service rules which required women to seek prior government permission before marrying and made them liable for compulsory resignation upon marriage. She challenged these provisions as violative of her constitutional rights.

The Supreme Court agreed, observing that such rules were **"a hangover of the masculine culture of man's superiority over women"**, and struck them down as unconstitutional under **Articles 14 and 16**. The judgment dismantled patriarchal restrictions within one of India's most elite services, affirming that women's professional opportunities cannot be curtailed by assumptions about marriage or family obligations.

**Air India v. Nergesh Mirza (1981**) — termination of female staff on marriage/pregnancy held unconstitutional. In this case, the Court examined discriminatory conditions imposed on women air hostesses, including a rule that terminated their services upon first pregnancy and required them to retire at an earlier age than male counterparts.

The Supreme Court declared the pregnancy-based termination rule **"manifestly unreasonable and arbitrary"**, holding it unconstitutional under **Article 14**. It reasoned that compelling women to sacrifice motherhood

in order to retain employment was an affront to their dignity and autonomy. However, the Court upheld some retirement-age differences, which later attracted criticism for inconsistency.

Despite this limitation, the ruling advanced the principle that **employment conditions cannot penalize women for exercising personal choices relating to marriage or motherhood**. It represented a significant step from merely ensuring access to employment (*Muthamma*) to protecting dignity within the workplace

**Secretary, Ministry of Defence v. Babita Puniya (2020)** - permanent commission for women officers in the Army s

This case represents a milestone in the extension of equality principles to the military sphere. Women officers in the Short Service Commission sought parity with male officers for permanent commission and leadership roles in the Army. The Union Government resisted, citing physical standards, command structures, and family obligations.

The Supreme Court categorically rejected these arguments as resting on **"sex stereotypes"**, holding that physiological differences cannot be a ground to deny women equal opportunities. Invoking **Articles 14 and 16**, the Court directed that women officers be granted permanent commission and positions of command equal to their male counterparts.

The ruling marked a decisive move toward **substantive equality**, breaking barriers in one of the most male-dominated sectors of employment. It reinforced the idea that constitutional

**Comparative Thematic Analysis: From Bureaucracy To Military**

In Taken together, these cases trace the judiciary's evolving approach to employment equality. *Muthamma*, the focus was on eliminating overtly discriminatory rules that blocked women's entry into elite services. In *Nergesh Meerza*, the Court began to address the **quality of workplace conditions**, recognizing that reproductive autonomy is part of equality. In *Babita Puniya*, the Court advanced to a vision of **substantive equality**, dismantling structural barriers in military service and affirming women's entitlement to leadership roles.

This trajectory reflects a significant constitutional shift: from **formal equality** (treating men and women the same in principle) to **substantive equality** (acknowledging and correcting systemic disadvantages created by stereotypes and institutional bias). The judiciary has thus played a catalytic role in transforming employment spaces—from bureaucratic offices to airlines to the armed forces—toward greater inclusivity.

**Implications For Future Employment Equality Jurisprudence**

While these cases mark important victories, they also open the door to unresolved questions.

i. **Women in Combat Roles:** *Babita Puniya* have laid the constitutional foundation for challenging exclusion from combat duties. Arguments based on stereotypes of physical limitations are increasingly untenable under Articles 14 and 16.

ii. **Pay Equity:** Despite statutory protections, wage disparities persist. The reasoning in *Muthamma* and *Nergesh Meerza* can be invoked to challenge systemic undervaluation of women's work.

iii. **Workplace Harassment and Dignity:** *Vishaka v. State of Rajasthan* (1997) and the subsequent 2013 Act remains crucial, but implementation gaps demand closer judicial scrutiny. The dignity-based reasoning in *Nergesh Meerza* can guide stronger accountability frameworks.

iv. **Representation and Leadership:** The expansion from access to leadership in *Babita Puniya* signals that equality jurisprudence must continue to address not just participation but also decision-making power for women across sectors.

In sum, these cases demonstrate how the judiciary has progressively broadened the scope of constitutional equality. They underscore that the promise of **Articles 14, 15, and 16** is not static but dynamic—requiring the State to continually dismantle visible and invisible barriers to women's full and equal participation in public life.

**Property & Inheritance Rights**

**Mary Roy v. State of Kerala** (1986) - equal inheritance for Syrian Christian women

This case was a turning point in the struggle for equal inheritance rights for Christian women in India. Mary Roy, a Syrian Christian woman, challenged the applicability of the **Travancore Christian Succession Act, 1916**, which discriminated against daughters by granting them significantly lesser shares in property compared to sons. She argued that this law was inconsistent with the Indian Succession Act, 1925, which provided equal inheritance rights to male and female heirs.

The Supreme Court upheld her claim, ruling that with the extension of the Indian Succession Act to Travancore following independence, the discriminatory provisions of the 1916 Act stood repealed. As a result, Syrian Christian women became entitled to equal inheritance rights as men. The judgment had profound social impact, dismantling centuries of patriarchal inheritance practices in Kerala. By invoking constitutional principles of equality under **Articles 14 and 15**, the Court ensured that women's rights were not subordinated to customary or religious law when such laws were manifestly discriminatory.

**Vineeta Sharma v. Rakesh Sharma (2020)**

This case addressed the interpretation of the **Hindu Succession (Amendment) Act, 2005**, which conferred coparcenaries rights upon daughters in joint Hindu family property. The key question before the Court was whether daughters born prior to the 2005 amendment would also be entitled to coparcenaries rights by birth, and whether the father had to be alive on the date of the amendment.

The Supreme Court, in a landmark judgment, held that **daughters, like sons, have coparcenaries rights by birth**

**irrespective of whether the father was alive on 9 September 2005** (the date of the amendment). The Court emphasized that the amendment was intended to remove gender discrimination inherent in the Mitakshara coparcener system and therefore must be given a broad and purposive interpretation.

By aligning its reasoning with **Articles 14 and 15**, the Court reaffirmed the principle of gender equality in succession law. The decision has had far-reaching consequences, empowering Hindu women across India with equal legal standing in family property disputes and reshaping the understanding of property rights in traditional households.

**Analytical Note**

Together, these three cases illustrate the judiciary's critical role in transforming women's inheritance rights from **token recognition to substantive equality:**

i. Mary Roy dismantled discriminatory personal laws for Syrian Christian women.
ii. Vineeta Sharma entrenched the principle of equal coparcenary rights for daughters by birth in Hindu law.
iii. Arunachala Gounder extended protection to women's **self-acquired property**, ensuring dignity and autonomy in succession beyond marriage.

The progression reflects a broader constitutional trajectory where **Articles 14 and 15** serve as the touchstone for striking down gender-based inheritance norms. These cases collectively mark the judiciary's shift from a **formal equality model (removing explicit discrimination)** to a **substantive equality model (securing women's independent economic rights)**, thereby reshaping the landscape of property law in India.

**Protection From Violence & Workplace Safety**

- **Vishaka v. State of Rajasthan** (1997) — workplace sexual harassment guidelines

This case arose from the gang rape of Bhanwari Devi, a social worker in Rajasthan, which highlighted the absence of legal safeguards against sexual harassment at the workplace. In response, the Supreme Court laid down the **Vishaka Guidelines**, mandating every employer and institution to provide mechanisms to prevent and redress workplace harassment. The Court grounded its reasoning in **Articles 14, 15, 19, and 21**, interpreting sexual harassment as a violation of equality, dignity, and the right to life.

The judgment was transformative, as it filled a legislative vacuum until the enactment of the **Sexual Harassment of Women at Workplace (Prevention, Prohibition and Redressal) Act, 2013 (POSH Act)**. It remains the constitutional foundation for workplace safety in India.

- **Aureliano Fernandes v. State of Goa** (2023) — strict compliance with POSH Act

More than two decades after *Vishaka*, the Supreme Court in *Aureliano Fernandes* confronted widespread non-compliance with the POSH Act, 2013. The Court observed that many workplaces had either not constituted Internal Complaints Committees (ICCs) or had done so only on paper.

Stressing that sexual harassment at the workplace strikes at the core of **Articles 14 and 21**, the Court issued strict directions to ensure effective implementation of the Act, including mandatory periodic audits, training, and accountability measures for institutions. This judgment reinforced that **mere existence of laws is insufficient without institutional compliance**, thereby strengthening workplace safety mechanisms.

- **Laxmi v. Union of India** (2015) — acid sale regulations

This case arose from a public interest litigation filed by Laxmi, an acid attack survivor, seeking regulation of the open sale of acid in India. The Supreme Court recognized acid attacks as a grave form of gendered violence, violating women's rights to dignity, bodily integrity, and life under **Article 21**.

The Court directed the government to strictly regulate the retail sale of acid, mandate compensation for survivors, and ensure free medical treatment. These directions led to concrete regulatory frameworks and state-level rules controlling acid availability. The judgment stands as a milestone in recognizing **gender-based violence as a constitutional issue**, requiring preventive as well as remedial state action.

**Bodily Autonomy & Personal Liberty**

- **Suchita Srivastava v. Chandigarh Administration** (2009) — reproductive choice as fundamental right

This case involved a woman with intellectual disabilities who became pregnant after sexual assault. The Chandigarh Administration sought to terminate her pregnancy without her consent. The Supreme Court held that **a woman's reproductive choice is a dimension of personal liberty under Article 21** and cannot be curtailed without compelling state interest. The Court stressed the principles of **bodily autonomy, privacy, and dignity**, ruling that the State has an obligation to respect women's reproductive rights. This judgment marked a foundational moment in recognizing reproductive choice as a constitutional guarantee.

- **Joseph Shine v. Union of India** (2018) — decriminalization of adultery

In this case, the constitutional validity of **Section 497 IPC (adultery)** was challenged. The provision criminalized only the man involved in adultery with a married woman, treating the woman as a passive victim without agency. The Supreme Court unanimously struck down the law, holding it unconstitutional under **Articles 14, 15, and 21**. The Court emphasized that the provision was rooted in **patriarchal notions of control over women's sexuality** and violated women's dignity, autonomy, and equality. By decriminalizing adultery, the judgment reframed marriage as a partnership of equals, free from State interference in private morality.

- **X v. Principal Secretary** (2022) — expanded abortion

rights to unmarried women

This case concerned the denial of abortion to an unmarried woman under the **Medical Termination of Pregnancy Act, 1971 (as amended in 2021)**. The Supreme Court held that the right to safe and legal abortion extends to **all women, irrespective of marital status**, and that the term "woman" under the Act includes **unmarried and single women**. Importantly, the Court recognized **decisional autonomy in reproductive matters** as integral to Article 21 and expanded the framework of equality under Article 14.

These cases collectively illustrate the judiciary's expansive interpretation of constitutional rights to ensure **protection from violence and workplace safety**. While *Vishaka* established the principle that workplace harassment violates equality and dignity, *Aureliano Fernandes* reaffirmed the necessity of institutional compliance to give the law teeth. *Laxmi* expanded the discourse beyond workplaces to public spaces, recognizing the State's duty to protect women from structural violence like acid attacks. Together, they reflect a jurisprudential commitment to safeguarding women's rights to equality, dignity, and security under the Constitution.

Analysis & Implementation Challenges

- **Institutional gaps** — many workplaces fail to comply with POSH Act provisions.

Despite progressive judicial pronouncements such as *Vishaka* and *Aureliano Fernandes*, the reality of implementation remains weak. Many workplaces either do not establish Internal Complaints Committees (ICCs) under the POSH Act, 2013, or treat them as a formality without proper training or independence. This institutional deficit undermines the constitutional promise of safe and equal workplaces, showing a disconnect between **law on paper and law in practice**.

- **Cultural resistance** — deep-seated patriarchy impedes acceptance of progressive rulings.

Judicial advances in gender equality often confront resistance from entrenched patriarchal norms. Whether in inheritance rights (*Mary Roy*, *Vineeta Sharma*) or employment equality (*Babita Puniya*), social acceptance lags behind judicial directives. Deep-rooted cultural attitudes towards women's roles in family, workplace, and society frequently dilute the transformative potential of landmark judgments, resulting in **slow and uneven social change**.

- ***Legislative inertia* — enabling laws often lag behind judicial pronouncements**.

Courts have repeatedly filled legal vacuums—e.g., issuing the *Vishaka Guidelines* in the absence of workplace safety legislation or recognizing reproductive autonomy in *Suchita Srivastava*. However, enabling legislation often follows belatedly, and sometimes only under judicial pressure. This inertia reflects a **reactive rather than proactive legislative approach**, which hampers the institutionalization of gender justice.

Conclusion: The Supreme Court has played a decisive role in dismantling formal and informal barriers to gender equality. However, without strong enforcement, sustained legislative support, and cultural transformation, judicial pronouncements risk remaining symbolic. The trajectory of Indian constitutional jurisprudence reveals that the Supreme Court has been at the forefront of advancing gender equality by interpreting Articles 14, 15, 16, and 21 in an expansive and purposive manner. From *Muthamma* and *Babita Puniya* in employment equality, to *Mary Roy* and *Vineeta Sharma* in property and inheritance rights, to *Vishaka* and *Aureliano Fernandes* in workplace safety, and finally to *Suchita Srivastava* and *X v. Principal Secretary* in reproductive autonomy, the judiciary has consistently sought to dismantle structural and cultural barriers that impede women's full participation in society. These cases, while distinct in context, are united by their commitment to substantive equality, dignity, and autonomy as the core of constitutional protection.

Yet, the analysis also demonstrates that **judicial progress is only the first step**. Persistent institutional gaps, such as inadequate compliance with the POSH Act, cultural resistance rooted in patriarchy, and legislative inertia in enacting or updating enabling laws, continue to limit the transformative potential of these judgments. The result is often a disjunction between constitutional ideals and lived realities, where rights exist in theory but remain fragile in practice.

For gender equality to move beyond symbolic victories, three conditions are essential: **robust enforcement mechanisms**, **responsive legislative action**, and **deep cultural change** that normalizes equality as a social value rather than a judicial imposition. The role of the Court remains vital as a catalyst, but sustainable change depends on the synergy between judicial interpretation, legislative responsiveness, institutional accountability, and social transformation.

I n this sense, the future of gender justice in India lies not merely in landmark pronouncements but in the continuous effort to translate them into everyday practices of equality, dignity, and freedom.

**References:-**

1. Baxi, Upendra. *The Indian Supreme Court and Politics*.
2. Agnes, Flavia. *Law and Gender Inequality*.
3. Basu, "Judicial Activism in Gender Justice," JILI (2000).
4. Parashar, "Property Rights of Indian Women," Indian Law Review (1991).
5. Kumar, "Decriminalising Adultery," SCC Journal (2019).

**Notes:-**

1. Constitution of India, Art. 14.
2. Ibid., Art. 15(1).
3. Ibid., Art. 15(3).
4. Ibid., Art. 16.
5. Ibid., Art. 21.
6. Ibid., Art. 39(a) & 39(d).

7. Ibid., Art. 42.
8. Ibid., Art. 51A(e).
9. **C.B. Muthamma v. Union of India**, (1979) 4 SCC 260.
10. **Air India v. Nergesh Mirza**, (1981) 4 SCC 335.
11. **Mary Roy v. State of Kerala**, (1986) 2 SCC 209.
12. **Vishaka v. State of Rajasthan**, (1997) 6 SCC 241.
13. **Suchita Srivastava v. Chandigarh Administration**, (2009) 9 SCC 1.
14. **Joseph Shine v. Union of India**, (2019) 3 SCC 39.
15. **Secretary, Ministry of Defence v. Babita Puniya**, (2020) 7 SCC 469.
16. **Vineeta Sharma v. Rakesh Sharma**, (2020) 9 SCC 1.
17. **Arunachala Gounder v. Ponnusamy**, (2022) 11 SCC 372.
18. **Aureliano Fernandes v. State of Goa**, (2023) SCC OnLine SC 621.
19. **Laxmi v. Union of India**, (2015) 13 SCC 713.
20. **X v. Principal Secretary, Health & Family Welfare Department**, (2022) SCC OnLine SC 905.

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LI (51), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# महिला सशक्तिकरण : चुनौतियां एवं समाधान

**डॉ. डी.पी. कुशवाहा* डॉ. मंजू कुशवाह****

* सहायक प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) छत्रशाल शास. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पन्ना (म.प्र.) भारत
** सहायक प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) शास. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, टीकमगढ़ (म.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** आबादी का आधा हिस्सा सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक विकास की मुख्य धारा से दूर हो, यह अल्प विकास का द्योतक है। आजादी के अमृत महोत्सव में भी अर्थव्यवस्था के अनेक क्षेत्रों में अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही महिलाएं समावेशी आर्थिक विकास के लिए प्रश्नचिन्ह हैं। महिला सशक्तिकरण वर्तमान सबसे प्रमुख आवश्यकताओं में से एक है। भारत ने विकास के उच्च मापदंड स्थापित कर चांद की दूरी तय कर ली है। परंतु पुरुष–महिला अनुपात ठीक करने में और कितनी सदियां लगेगी। किसी भी देश की महिलाएं आर्थिक विकास की एक महत्वपूर्ण कड़ी होती है, इनका आर्थिक एवं सामाजिक रूप से सशक्त होना अति आवश्यक है। महिला सशक्तिकरण के तहत महिलाओं को आर्थिक–सामाजिक स्वतंत्रता प्रदान करने का अवसर प्रदान करना है जिससे वे अपने आर्थिक–सामाजिक जीवन को को सुदृढ़ बना सकें। वास्तव में सशक्तिकरण एक प्रक्रिया है जिसमें अधिकारों एवं शक्तियों का समावेश होता है। महिला सशक्तिकरण से तात्पर्य महिलाओं को स्वयं से निर्णय लेने के लिए सशक्त बनाना है, ताकि वे अपने सामाजिक व आर्थिक विकास के लिए सभी निर्णय ले सके। इसी प्रकार महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण से आशय आर्थिक निर्णय लेने की शक्ति और महिलाओं को अर्थव्यवस्था में हिस्सेदारी का अवसर उपलब्ध कराने से है। ताकि महिलाओं के आर्थिक, सामाजिक, जीवन स्तर, स्वतंत्रता एवं कार्य सहभागिता में वृद्धि हो सके।

**शब्द कुंजी :** महिला, सशक्तिकरण, पितृसत्ता, भ्रूणहत्या, उत्तरदायित्व, रूढ़िवादिता, आधुनिकता, समावेशी।

**प्रस्तावना –** जहां तक महिलाओं की योग्यता और कौशल का प्रश्न है। महिलाओं को अब अपनी योग्यता साबित करने के लिए किसी विशेष व्यवसाय का चयन करने की आवश्यकता नही हैं। बल्कि तमाम बंदिशों के बावजूद वे ऐसी योग्यता और कौशल हासिल कर लेती हैं जो पुरुषों से जरा भी काम नहीं है। जिस प्रकार कुछ काम को केवल पुरुषों के करने लायक मानना पूर्वाग्रह है। ठीक उसी तरह से महिलाओं को उनके पुरुष सहयोगियों से बेहतर मान लेना भी एक तरह का भेदभाव ही होगा। इससे प्राय: मानववाद और स्त्रीवाद के बीच वाद विवाद छिड़ जाता है।[1] जब सबके लिए समान अवसर उपलब्ध हो जाते है, तो प्राय: समानता का भाव उत्पन्न होना स्वाभाविक है, जो सही नही हैं। क्योकि दूसरी तरफ हम समानता की बात कैसे कह सकते हैं जब एक कन्या को जन्म ही नहीं लेने दिया जाता, गर्भ में मार दिया जाता है, शिक्षा के समान अवसर उपलब्ध होने के बावजूद लड़को पर अधिक ध्यान दिया जाता है। तमाम योग्यताओं के बावजूद परिवार पितृसत्तात्मक ही होता है, तो उसका सामाजिक बराबरी का अवसर छिन जाता है। इसलिए महिला सशक्तिकरण का मुद्दा सामने आता है। ठीक उसी तरह जैसे समाज के अन्य वंचित वर्गों के सशक्तिकरण की बात आती है। सवाल औरत के कमजोर होने का नहीं हैं, बल्कि सामाजिक ताने–बाने के कमजोर होने का है। मुश्किलों को स्वीकार कर कड़े फैसले लेना ही सशक्तिकरण नहीं है, या फिर हर दौड़ में आगे होना अथवा हर बार शिखर पर होना ही जरूरी नहीं है, लेकिन हर बार गिरकर संभालना और ज्यादा ताकत एवं नए संकल्प के साथ खड़े हो जाना भी महत्वपूर्ण है, यही मायने में यही सशक्तिकरण है। स्त्री पुरुष असमानता बड़े पैमाने पर व्याप्त है। लाखों महिलाओं को परिवार के साथ–साथ समाज में भी व्यापक सामाजिक – सांस्कृतिक और आर्थिक भेदभाव का सामना करना पड़ता है।

**अध्ययन के उद्देश्य :**

1. महिलाओं की वर्तमान स्थिति का अध्ययन करना।
2. महिला सशक्तिकरण के लिए संचालित योजनाओं की समीक्षा करना।
3. महिला सशक्तिकरण के लिए उचिम समाधान प्रदान करना।

**अध्ययन में समंको चयन :** प्रस्तुत शोध अध्ययन में द्वितीयक समंकों का उपयोग किया गया है।

**अध्ययन का समग्र एवं अध्ययन की इकाई :** प्रस्तुत शोध अध्ययन में भारत की समस्त महिलाएं अध्ययन का समग्र हैं एवं एक महिला अध्ययन की इकाई है।

**महिला सशक्तिकरण से संबंधित चुनौतियाँ :** देश में महिला सशक्तिकरण से सम्बन्धित प्रमुख बिन्दु निम्नानुसार हैं:

**1. घरेलू हिंसा** : भारत के लगभग सभी प्रांतों में होती है, परंतु इसे महिलाएं–पुरुष दोनों ही पारिवारिक जीवन के एक हिस्से के रूप में स्वीकार करते हैं, जो चिंता का विषय है। परिवार भारतीय संस्कृति का एक अत्यंत महत्वपूर्ण पहलू है और देश के सामाजिक–आर्थिक ढांचे के केंद्र में है। परन्तु महिला सशक्तिकरण के दृष्टिकोण से कई परिवार सुरक्षात्मक इकाई के रूप में नहीं है, बल्कि महिला पुरुष भेदभाव के व्यापक स्वरूप को मजबूत करते हैं। साथ ही महिलाओं को नियंत्रित करने एवं उन्हें अधीन रखने के तरीके के रूप में हिंसा को वैध ठहराते हैं। 2021 के राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार भारत में 15 से 49 वर्ष की आयु के बीच 34 प्रतिशत महिलाओं

ने हिंसा का सामना किया।[2] राष्ट्रीय महिला आयोग के अनुसार भी लॉकडाउन के दौरान घरेलू हिंसा मामलों में दोगुनी वृद्धि हुई। जो चौकाने वाला है।

**2. दहेज प्रथा :** भारत की सामाजिक कुरीतियों में दहेज प्रमुख कुरीति में से एक है। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो 2021 के अनुसार भारत में दहेज के कारण मौत के मामलों की सालाना संख्या 7000 के पार हो गई है। दहेज एक सामाजिक-सांस्कृतिक परंपरा है, जिसे लड़की का परिवार दूल्हे को नकद और उपहार देता है। मूलत: यह सब अपने विवाहित जीवन की शुरुआत करने वाले नए जोड़ों की सहायता करने के लिए था। परन्तु पितृसत्ता और लालच ने दहेज को लेनदेन के सौधे के रुप में बदल दिया। महिलाओं के प्रति दहेज हिंसा प्राय: तब बढ़ जाती जब कोई परिवार शादी पर मिले दहेज से असंतुष्टि दिखाता है अथवा बिवाह पश्चात् दहेज की मांग करता है। यह संवैधानिक रूप से दहेज का लेनदेन अवैध है फिर भी यह प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से पूरे भारत में प्रचलित है।

**3. कन्या भ्रूण हत्या** : कन्या भ्रूण हत्या पुत्र मोह और पितृसत्ता की कुप्रथा को उजागर करती है। यह हिंसा एक कपटी के रूप में प्रदर्शित होती है, क्योंकि यह लड़कियों को केवल इसलिए पैदा होने से रोकती है, क्योंकि वे लड़कियां हैं। कन्या भ्रूणहत्या की स्थिति लगातार बढोत्तरी हो रही है। भारत में हर साल लगभग छ: लाख लड़कियां जन्म ही नहीं ले पाती। कितना भयावह है यह आकड़ा। अत्याधुनिक तकनीकी की उपलब्धता होने कोई भी यह पता लगा सकता है कि गर्भ में पल रहा भ्रूण लड़की है अथवा लड़का। लड़की होने का परिणाम गर्भपात है। असल में भ्रूण का लिंग परीक्षण कराया ही इसलिए जाता है कि केवल लड़का ही पैदा करना है। पिछले दो दशकों में अनुमानत: 10 मिलियन कन्या भ्रूण होने के कारण गर्भपात कराया गया है।

**4. लैंगिक भेदभाव** : भारतीय समाज के बीच लैंगिक भेदभाव स्पष्ट दृष्टिगोचर होता है। पारिवारिक में लड़के और लड़की को शिक्षा जैसे अवसर की समान उपलब्धता बाहरी रूप से अवष्य दृष्टिगोचर होती है, परंतु दो अवसरों में बेहतर अवसर प्रदान करने की बारी आती है तब लड़कियां पीछे रह जाती हैं। पितृसत्तात्मक समाज होने के कारण पारिवारिक निर्णय प्राय: लड़के को केंद्र में रख कर लिए जाते हैं और लड़कियों का शिक्षण इत्यादि समान अवसर उपलब्ध होने के बावजूद लैंगिक भेदभाव का शिकार हो जाती है। विवाह अंतिम उत्तरदायित्व के रूप में देखा जाता है। विवाह उपरांत वही पारिवारिक संघर्ष पुन: महिला को महिला होने के परिणाम के रूप में प्राप्त होता है।

**5. स्त्री पुरुष अनुपात** : स्वस्थ सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए देश में स्त्री और पुरुषों का अनुपात बराबर होना चाहिए। आजादी के पूर्व और आजादी के अमृत महोत्सव के बाद भी भारत में स्त्री पुरुष अनुपात बेहद संवेदनशील मुद्दा बना हुआ है। 2011 की जनगणना के अनुसार 1000 पुरुषों के पीछे 943 महिलाएं हैं। मध्य प्रदेश में स्थिति और दयनीय है यहां मात्र 931 महिलाएं ही हैं।[3] यह विडंबना इस समय है, जब भारत विकास के नए-नए आयाम स्थापित कर रहे हैं। परंतु समाज की जड़ों में पितृसत्तात्मक समाज का मोह है। जो समाज को अंदर ही अंदर कमजोर कर रहा है।

**6. शैक्षणिक अवसर** : भारतीय समाज शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराने में दोहरे मापदंडों का उपयोग करता है। सामाजिक संरचना इस प्रकार की है जिसमें बेहतर अवसर लड़कों के पक्ष में होने के कारण हजारों लड़कियां अपनी मनपसंद के करियर ऑप्शन नहीं चुन पाती हैं और सामाजिक रूढ़िवादिता का शिकार हो जाती हैं।[4] परन्तु भारत के जिन परिवारों ने महिलाओं को अवसर उपलब्ध करा, हैं उनके परिणाम निश्चित रूप से सुखद रहे हैं।

**7. स्वास्थ्य और पोषण :** पौष्टिक भोजन स्वास्थ्य के लिए मजबूत और महत्वपूर्ण आधारशिला है। संपूर्ण देश में महिलाओं और बच्चों का सशक्तिकरण, सुरक्षा और उनका संपूर्ण विकास सुनिश्चित करना तथा पोषण युक्त आहार की अवधारणा को बढ़ावा देने के लिए एक समग्र दृष्टिकोण की आवश्यकता है। अच्छा पोषण, नियमित शारीरिक गतिविधि और पर्याप्त नींद स्वच्छ जीवन के लिए आवश्यक नियम है। भारतीय उद्योग परिसंघ और डैनोन इंडिया ने 2021 में आठ भारतीय शहरों में सर्वे के दौरान दो में से एक वयस्क व्यक्ति को खराब जीवन शैली से जीने और 60 प्रतिशत महिलाओं को एनीमिक बताया।[5] हालांकि भारत में मातृ एवं शिशु सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए जननी सुरक्षा योजना, जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम तथा प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान चलाया जा रहा है। नगरों की तुलना में ग्रामीण स्वास्थ्य की स्थिति अधिक खराब है, जिसे सुधारने की आवश्यकता है।

**8. साक्षरता दर :** शिक्षित, कुशल तथा योग्य जनसंख्या किसी भी देश के वर्तमान और भविष्य को निर्धारित करती है। मानवी पूंजी ही राष्ट्र की वास्तविक पूंजी होती है, जो राष्ट्र निर्माण में अपना अप्रतिम योगदान देती है। 2011 की जनगणना के आंकड़े यह बताते हैं कि भारत में महिला शिक्षा का अनुपात पुरुषों से काफी कम है। कुल 74.04 फीसदी शिक्षा में महिलाओं का अनुपात 65.46 प्रतिशत है, जबकि पुरुषों का 82.52 प्रतिशत। मध्य प्रदेश में भी यह स्तर पुरुषों की तुलना में करीब 20 प्रतिशत पीछे है। यहां की कुल 70.6 प्रतिशत शिक्षित आबादी में महिलाएं मात्र 60 प्रतिशत ही शिक्षित हैं, जबकि पुरुष 80.5 प्रतिशत।[6] उपरोक्त आंकड़े पुरुषों की तुलना में महिलाओं के न्यूनतम शैक्षणिक स्तर और न्यूनतम् अवसर को इंगित करते हैं।

**भारत में महिला सुरक्षा से संबंधित कानून –** भारत में महिला सुरक्षा से संबंधित अनेक संबैधानिक अधिकार, कानून, न्यायिक घोषणाओं, अनौपचारिक और औपचारिक समूहों जैसे कि दबाव समूहों, सामाजिक संगठनों, गैर-सरकारी संगठनों के दबाव के साथ-साथ भारत में महिला सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कानून बनाए गए हैं। भारत में महिला सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए निम्नलिखित कानूनी प्रावधान हैं-

**1. कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न अधिनियम, 2013 :** यह कानून महिला सुरक्षा दिशा-निर्देशों पर आधारित है। यह दस से अधिक कर्मचारियों वाले संगठनों के लिए आंतरिक शिकायत समिति बनाने का निर्देश देता है। यह यौन उत्पीड़न को भी परिभाषित करता है और शिकायत प्रक्रियाओं की रूपरेखा तैयार करता है।[7] इस अधिनियम का उद्देश्य कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की घटनाओं को रोकना और उनका समाधान करना तथा ऐसे उत्पीड़न से संबंधित शिकायतों के निवारण के लिए एक तंत्र प्रदान करना है।

**2. निर्भया अधिनियम या आपराधिक कानून (संशोधन) अधिनियम, 2013:** निर्भया अधिनियम, जिसे आपराधिक कानून (संशोधन) अधिनियम 2013 के रूप में भी जाना जाता है। इस अधिनियम को लागू करने का प्राथमिक कारण 2013 को नई दिल्ली में हुई एक जघन्य घटना थी। इस घटना के कारण बलात्कार कानूनों में तत्काल सुधार की आवश्यकता महसूस हुई। यह अधिनियम भारतीय दंड संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम और आपराधिक प्रक्रिया संहिता में यौन अपराधों से

संबंधित कानूनों में संशोधन करने के लिए पारित किया गया था।[8] यह अधिनियम एसिड हमलों, यौन उत्पीड़न, ताक-झांक और पीछा करने को अपराध मानता है। कुख्यात निर्भया मामले के बाद लागू किए गए इस कानून में फास्ट ट्रैक कोर्ट (एफटीसी) के माध्यम से तेजी से जांच और त्वरित सुनवाई का प्रावधान किया गया।

**3. यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (POCSO), 2012 :**यह अधिनियम बच्चों और नाबालिगों के खिलाफ यौन अपराधों से निपटता है। इसमें अपराधियों के लिए सख्त सजा और त्वरित सुनवाई के लिए अलग से फास्ट ट्रैक कोर्ट (FTC) का प्रावधान है।[9] यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम 2012 को न्यायिक प्रक्रिया के हर चरण में बच्चों के हितों की रक्षा करते हुए यौन उत्पीड़न, यौन उत्पीड़न और पोर्नोग्राफी के अपराधों से बच्चों की सुरक्षा के लिए एक मजबूत कानूनी ढांचा प्रदान करने के लिए अधिनियमित किया गया है।

**4. बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 :** यह अधिनियम सुनिश्चित करता है कि नाबालिगों को बाल विवाह की बुराइयों से बचाया जाए। इस कानून के अनुसार, बाल विवाह वह विवाह है जिसमें या तो महिला की आयु 18 वर्ष से कम होती है या पुरुष की आयु 21 वर्ष से कम होती है।[10] अधिकांश बाल विवाहों में कम उम्र की महिलाएं शामिल होती हैं, जिनमें से कई खराब सामाजिक-आर्थिक स्थिति और जागरूकता की कमी से जूझ रही होती हैं।

**5. घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, 2005**: यह अधिनियम निर्देशात्मक होने के साथ-साथ वर्णनात्मक भी है क्योंकि यह न केवल घरेलू हिंसा की व्यापक परिभाषा प्रदान करता है बल्कि घर के भीतर दुर्व्यवहार के लिए नागरिक उपचार भी प्रदान करता है। घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, 2005 संविधान के तहत गारंटीकृत महिलाओं के अधिकारों के अधिक प्रभावी संरक्षण के लिए एक अधिनियम, जो परिवार के भीतर होने वाली किसी भी प्रकार की हिंसा और उससे संबंधित या उसके आनुषंगिक स्वरूपों की शिकार हैं।[11]

**6. महिलाओं का अभद्र चित्रण (निषेध) अधिनियम, 1986:** यह अधिनियम सोशल मीडिया और प्रकाशनों सहित डिजिटल और प्रिंट मीडिया में महिलाओं के अभद्र चित्रण पर प्रतिबंध लगाता है। महिलाओं का अभद्र चित्रण (निषेध) अधिनियम, 1986 भारत की संसद का एक अधिनियम है, जिसे फिल्म, वेब सीरीज, विज्ञापन या प्रकाशन, लेखन, पेंटिंग, आंकड़े या किसी अन्य तरीके से महिलाओं के अभद्र चित्रण को प्रतिबंधित करने के लिए अधिनियमित किया गया है।[12]

**7. अनैतिक व्यापार (रोकथाम) अधिनियम (आईटीपी), 1956** : यह अधिनियम महिलाओं के व्यावसायीकरण और तस्करी को रोकता है, वेश्यालयों और वेश्यावृत्ति पर प्रतिबंध लगाता है, जबकि वेश्यावृत्ति को विनियमित करता है। अनैतिक दुर्व्यापार (निवारण) अधिनियम, 1956 का उद्देश्य बुराइयों के व्यावसायीकरण और महिलाओं की तस्करी को रोकना है।[13] यह यौन कार्य के आसपास के कानूनी ढाँचे को चित्रित करता है। हालाँकि यह अधिनियम स्वयं यौन कार्य को अवैध घोषित नहीं करता है, लेकिन यह वेश्यालय चलाने पर रोक लगाता है।

**भारत में महिला सशक्तिकरण के लिए सरकारी पहल**

**1. बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ** : यह अभियान लिंग-भेदभावपूर्ण, लिंग-चयनात्मक उन्मूलन को रोकती है, बालिकाओं की सुरक्षा और जीवन रक्षा सुनिश्चित करती है, लिंग अनुपात में सुधार करने के लिए प्रेरित करती है और लड़कियों के बीच शिक्षा के स्तर को भी बढ़ाने पर जोर देती है। हरियाणा जैसे राज्यों इस अभियान की अधिक आवश्यकता है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना से पूरे जीवन-काल में शिशु लिंग अनुपात में कमी को रोकने में मदद मिलती है और महिलाओं के सशक्तीकरण से जुड़े मुद्दों का समाधान होता है।[14] यह योजना तीन मंत्रालयों द्वारा कार्यान्वित की जा रही है। 2014 के अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के दौरान, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने नागरिको से भारत में लड़कियों के खिलाफ लिंगभेद को समाप्त करने में मदद करने के लिए कहा। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना 22 जनवरी 2015 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई है।

**2. निर्भया फंड** : यह फंड कुख्यात दिल्ली सामूहिक घटना के बाद स्थापित किया गया है। और इसका उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा में सुधार के लिए शुरू की गई परियोजनाओं को वित्तपोषित करना है। निर्भया फंड की घोषणा वित्त मंत्री ने अपने 2013 के बजट भाषण में की थी, जिसमें महिलाओं और बालिकाओं के सशक्तीकरण, सुरक्षा और संरक्षा के लिए 1000 करोड़ रुपये का सरकारी योगदान है।[15] इस फंड का प्रबंधन वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग द्वारा किया जाता है।

**3. वन स्टॉप सेंटर और महिला हेल्पलाइन** : इसका उद्देश्य हिंसा से प्रभावित महिलाओं को एकीकृत सहायता प्रदान करना तथा 24 घंटे आपातकालीन एवं गैर-आपातकालीन सहायता प्रदान करना है। महिलाओं के विरुद्ध किसी भी प्रकार की हिंसा से लड़ने के लिए एक ही छत के नीचे चिकित्सा, कानूनी, मनोवैज्ञानिक और परामर्श सहायता सहित विभिन्न सेवाओं तक तत्काल, आपातकालीन और गैर-आपातकालीन पहुंच की सुविधा प्रदान करना है।[16]

**4. महिला पुलिस स्वयंसेवक** : संकटग्रस्त महिलाओं की सहायता के लिए स्वयंसेवकों का गठन किया जाता है और उन्हें पुलिस और समुदाय के बीच सेतु या मध्यस्थ के रूप में कार्य करने के लिए तैनात किया जाता है।

**5. कामकाजी महिला छात्रावास योजना** : यह योजना कामकाजी महिलाओं के लिए सुरक्षित, सुविधाजनक स्थान पर आवास उपलब्ध कराती है। इसके अलावा शहरी, अर्ध-शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में उनके बच्चों के लिए डे केयर सुविधाएं भी प्रदान की जाती हैं। शहरी, अर्ध-शहरी या यहां तक कि ग्रामीण क्षेत्रों में जहां महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध हों, कामकाजी महिलाओं के लिए आवास को बढ़ावा देने के लिए एक योजना, जिसमें उनके बच्चों के लिए डे केयर सुविधा भी शामिल है।[17] कामकाजी महिलाओं, नौकरी के लिए प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिलाओं को भी इसमें शामिल है।

**6. यौन अपराधों के लिए जांच ट्रैकिंग प्रणाली** : गृह मंत्रालय ने 2019 में आपराधिक कानून (संशोधन) अधिनियम, 2018 के अनुसार यौन उत्पीड़न के मामलों की समय पर जांच की निगरानी और ट्रैक करने के लिए इस ट्रैकिंग प्रणाली की शुरुआत की। यौन अपराधों के लिए जांच ट्रैकिंग प्रणाली (ITSSO) के बारे में राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तरों पर कानून प्रवर्तन एजेंसियों के लिए एक ऑनलाइन मॉड्यूल उपलब्ध कराता है। यह राज्य को छः महीने में शीलभंग के मामलों में जाँच पूरी करने के लिए वास्तविक समय की निगरानी और प्रबंधन करने की अनुमति देता है।[18]

**भारत में महिला सशक्तिकरण के लिए आवश्यक समाधान –** दहेज प्रताड़ना, घरेलू हिंसा और कन्या भ्रूण की स्थिति में गर्भपात के मामले पूरे देश में महिलाओं के खिलाफ हिंसा की आदत को दर्शाते हैं। संवैधानिक

प्रावधानों और भारतीय समाज द्वारा महिलाओं के प्रति हिंसा को रोकने और पुरुष–महिला के बीच समानता स्थापित करने के लिए प्रयासरत हैं। नए कानून और सरकारी नीतियों के साथ–साथ कानून लागू करने वाली एजेंसियां और समाज के बढ़ते सहयोग से हिंसा और व्यवहार के मामले में सहायता लेने के लिए महिलाओं को सशक्त बनाया जा रहा है। इसके अलावा कानूनी कार्यप्रणाली में भी सुधार किया जा रहा है। जिससे केश निपटान दर को बढ़ाने और महिलाओं के प्रति अपराधों को कम करने में सहायता मिल रही है। दहेज निषेध अधिनियम 1961 में विवाह के लिए पूर्व शर्त के रूप में किसी भी रूप में दहेज मांगने और देने पर प्रतिबंध का प्रावधान किया गया है। गर्भधारण और प्रसवपूर्ण निदान तकनीकी अधिनियम 1994 के अनुसार लिंग का निर्धारण करने के लिए प्रसव पूर्व तकनीक के उपयोग पर रोक लगाता है। परन्तू ऑनी किलिंग को सीधे तौर पर रोकने वाला कोई कानून नहीं है, लेकिन ऐसे अपराध के मामले में भारतीय दंड संहिता के तहत कार्रवाई की जाती है। महिला संगठन भी महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में शिक्षित कर रहे हैं तथा पीड़ित महिलाओं को सहायता प्रदान करती हैं। कई गैर सरकारी संगठन भी महिलाओं के लिए परामर्श कानूनी सहायता और आजीविका कार्यक्रम चलाते हैं। ताकि वे अधिक सशक्त और आर्थिक रूप से स्वतंत्र हो सकें। यह महिलाओं के सामाजिक और राजनीतिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए सरकार की पहल के समानांतर है। भारत में स्थानीय निकायों में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीटों के आरक्षण से उनकी राजनीतिक भागीदारी में अवश्य वृद्धि हुई है। हालांकि संसद में महिला सदस्यों के प्रतिशत के मामले में वर्ष 2020 में भारत 193 देश में 142 में स्थान पर था। 2019 में 78 अर्थात 14.4 प्रतिशत ही महिला सांसद चुनी गई थीं। जबकि 18वीं लोकसभा 2024 में मात्र 74 महिला सदस्य ही चुनी गई जो 13.62 प्रतिशत है।

**1. महिला सशक्तिकरण के लिए आवश्यक दृष्टिकोण :** वास्तव में महिलाओं के प्रति हिंसा भारत में सामाजिक सांस्कृतिक और आर्थिक ढांचे में अंतर्निहित है। महिला प्रताड़ना के प्रति प्रतिक्रिया व्यापक होनी चाहिए और मजबूत कानून लिंग संवेदनशीलता कानून प्रवर्तन नीतियों और प्रोटोकॉल का विकास और कार्यान्वयन जमीनी स्तर पर जागरूकता हिंसा का सामने करने वाली महिलाओं और परिवारों की सहायता और महिलाओं को सामाजिक आर्थिक राजनीतिक अधिकार दिए जाने चाहिए। तभी महिला सशक्तिकरण को जमीनी स्तर पर लाया जा सकता है। महिलाओं के खिलाफ भेदभाव से निपटने के लिए कानून और कानूनी ढांचे का विकास एक महत्वपूर्ण कदम है और हिंसा के अपराधियों को कठोर दण्ड के लिए मजबूत कानून का होना महत्वपूर्ण है। महिलाओं के खिलाफ सामाजिक सांस्कृतिक वैधता और उसके उनके साथ भेदभाव को समाप्त करने के लिए भी कानून आवश्यक है। लेकिन केवल कानून बनना ही पर्याप्त नहीं है। इसके साथ ही यह सुनिश्चित करने के लिए महिलाओं के हित में कानून प्रतीकात्मक से आगे बढ़े और प्रभावी ढंग से लागू किए जाएं हिंसा को समाप्त करने और महिला सशक्तिकरण के लिए धन और पर्याप्त बुनियादी ढांचे की कमी कानून को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए सबसे बड़ी बढ़ाओ में से एक है ।

**2. महिला अपराध और कानूनी प्रक्रिया :** महिलाओं के प्रति हिंसा संबंधी कानून के कार्यों से जुड़े मुख्य मुद्दों में से एक ऐसे अपराधों के लिए कानून लागू करने वाले कर्मियों की कार्यवाही है। कई मामलों में कानून प्रवर्तन एजेंसियों के प्रशिक्षण में कमी के कारण पुलिस को महिलाओं के प्रति अपराध से संबंधित कानून की कम समझ समस्या को और पेचीदा बना देती है। किसी भी प्रकार की पीड़ित महिला के साथ नियमानुसार त्वरित कार्यवाही न्याय की ओर पहला कदम है। जो मजबूत लोकतंत्र और महिला सशक्तिरण को सुदृढ. करता है।

**3. महिलाओं के लिए सहायता सेवाओं में वृद्धि :** किसी भी प्रकार के अपराध का सामना करने वाली महिलाओं के लिए पर्याप्त सहायता की व्यवस्था आवश्यक कदम हैं। संसाधनों की कमी का मतलब है कि महिलाएं हिंसा सहने के लिए मजबूर हैं। सहायता कार्यक्रमों के अंतर्गत आश्रय गृहों की संख्या वृध्दि और चिकित्सा सुविधाओं में सुधार करके बुनियादी ढांचे को और मजबूत कर सकते हैं। इससे यह सुनिश्चित हो सकेगा कि जो महिलाएं हिंसक परिस्थितियों से बचकर बाहर आना चाहती हैं उनके लिए सुरक्षित वैकल्पिक आवास चिकित्सा सुविधा और सामाजिक सहायता सेवाएं उपलब्ध हैं। सहायता सेवाएं महिलाओं को उनके अधिकारों और हिंसा से बचने वाले कानून के बारे में भी शिक्षित करती हैं तथा उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने में सहायता करती हैं।

**4. पितृसत्ता से छुटकारा :** भारतीय समाज में व्याप्त पितृसत्ता और कुप्रथाओं के निवारण के बिना महिला अपराध को पूरी तरह से समाप्त नहीं किया जा सकता है। स्थानीय समुदायों के सकारात्म जुड़ाव पीड़ित परिवारों के साथ संबंध बनाने और महिलाओं के अधिकारों पर शिक्षा कार्यक्रम बनाने के लिए प्रभावी प्रयास किए जाने चाहिए। पुरुषों को भी हिंसा करने की परिणामों के बारे में भी आगाह किया जाए और उन्हें यह बताया जाए कि उनका गलत व्यवहार सामाजिक रूप से अस्वीकार और कानून का उल्लंघन दोनों है। यह महत्वपूर्ण है कि ऐसे कार्यक्रम बनाते समय पितृसत्ता की संस्कृति को ध्यान में रखा जाए, ताकि शिक्षा अभियान समाज में बालिकाओं और महिलाओं के महत्व को उजागर किया जा सके और महिलाओं के प्रति पुराने दृष्टिकोण में सकारात्मक बदलाव लाकर उनके प्रति सम्मान और संवेदनशीलता में बदला जा सके। तेजी भारत तेजी से आधुनिकरण की ओर बढ़ रहा है और पारंपरिक संस्कृतियों तथा प्रथाओं को नए सामाजिक सांस्कृतिक जामा पहनाया जा रहा है। अत: ऐसे विचार जो महिला सशक्तिकरण को रोकते हैं को पहचाना जाना अत्यावश्यक है।

**5. स्व सहायता समूह :** भारत के आर्थिक नीतियों में हमेशा से ही खासतौर से महिलाओं समेत गरीबों, हांसिए के लोगों और वंचित तपको के विकास पर जोर दिया जाता रहा है। सरकार की योजनाओं में समावेषी विकास, पूंजी निर्माण, सामुदायिक उद्यम तथा समुदाय के नेतृत्व में उत्पादन और उत्पादकता विकास के महत्व को रेखांकित किया गया है। महिला स्वसहायता समूह के जरिए यह सुनिश्चित करने की कोशिश की जा रही है कि ग्रामीण गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार से एक महिला को एक स्व सहायता समूह में शामिल किया जाए। स्वयं सहायता समूह ने आमदनी पैदा करने वाली गतिविधियों के लिए 2013–14 से लेकर 2020–21 तक कुल 03.56 लाख करोड रुपए के ऋण बैंकों से प्राप्त किए हैं।[19] जो अपने आप में एक उचित अवसर है।

**6. महिला स्टार्टअप्स :** देश में नवाचार और स्टार्टअप को के विकास के लिए अनुकूल माहौल को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा 2016 में इंडिया पहल शुरू की। स्टार्टअप की संख्या 2016 में मात्र 428 थी, सरकार के निरंतर प्रयास से 30 अप्रैल 2023 तक मान्यता प्राप्त स्टार्टअप की संख्या बढ़कर 98119 हो गई है।

यह सकारात्मक बढ़ोत्तरी भारतीय अर्थव्यस्था में स्टार्टअप की निरंतर मजबूत होती स्थिति को उजागर करता है। इन स्टार्टअप्स ने समावेशी आर्थिक विकास को गति देते हुए 30 अप्रैल 2023 तक कुल 10.34 लाख से अधिक प्रत्यक्ष नौकरियां पैदा की हैं। स्टार्टअप इंडिया पहल का उद्देश्य भारत की स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए एक मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करना है। जो हमारे आर्थिक विकास को आगे बढ़ाएगी और बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएगी। इन स्टार्टअप्स में महिला उद्यमियों की संख्या लगातार बढ़ रही है 2017 में 6000 महिला स्टार्टअप थे जो की 2022 में बढ़कर 80000 तक पहुंच गए।[20] जो मजबूत होते महिला सशक्तिकरण को इंगित करता है।

**7. महिलाओं को राजनीतिक प्रतिनिधित्व** :स्थानीय स्वशासन के द्वारा महिलाओं को प्राप्त राजनीतिक सशक्तिकरण से देश के राजनीतिक विमर्श में महिलाओं को महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त हुआ है। यह महिला सशक्तिकरण की दिशा में सिर्फ संख्यात्मक नहीं बल्कि गुणात्मक बदलाव लेकर आया है। महिला जनप्रतिनिधि बुनियादी सुविधाओं, स्वास्थ्य, शिक्षाद्ध घरेलू हिंसा, नशा मुक्ति, उत्पीड़न और के आर्थिक विकास के विभिन्न मुद्दो प्राथमिकता के आधार पर स्थानीय स्तर पर निर्णय ले रहीं हैं।[21] स्थानीय निकायों में 33 प्रतिशत महिलाओं का प्रतिनिधित्व निश्चित रूप से महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।[22]

**8. कृषि क्षेत्र में महिला उद्यमी :** महिला कृषको को प्रोत्साहन देने के लिए सरकार एक साथ कई मोर्चों पर कार्य कर रही है। एक तरफ जहां कृषि और किसान खेती किसानी से जुड़ी तमाम परियोजनाओं और नीतियों में महिला किसानों को बढ़ावा दिया जा रहा है। वहीं देश के ग्रामीण समाज की संरचनाओं में उन्हें मजबूती प्रदान की जा रही है। कृषि क्षेत्र में हो रहे क्रांतिकारी परिवर्तन और महिलाओं की बढ़ रही प्रभावशाली भूमिका महिला सशक्तिकरण को मजबूती प्रदान कर रही है। पिछले कुछ वर्षो के दौरान देश में एग्रीटेक स्टार्टअप की संख्या में तेजी से वृद्धि हो रही है। 2016 में जहां देश में एग्रीटेक स्टार्टअप की संख्या केवल 80-100 के आसपास थी, वहीं वर्ष 2022 में यह संख्या बढ़कर 1800 के पार हो गई। एग्रोटेक स्टार्टअप में भी महिला उद्यमी कामयाबी की कहानी लिख रही हैं।

**9. कृषि और जुडे व्यवसायों में महिला भागीदारी :** वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार देश में कुल महिला श्रमिकों की 65 प्रतिशत हिस्सेदारी कृषि क्षेत्र में कार्य कर रही है। देश के 11.8 करोड़ कृषकों को में से महिला किसानों की संख्या 30.3 प्रतिशत है। रोजगार की तलाष में ग्रामीण क्षेत्र से नगरों को पुरुषों के बढ़ते पलायन की वजह से भी कृषि और संबद्ध क्षेत्र में महिलाओं के हिस्सेदारी बढ़ रही है। पालतू पशुओं की देखभाल सहित, चारा-घांस की व्यवस्था, दूध निकालना और बागवानी की देखभाल जैसे कई अनगिनत कार्य महिलाओं के हिस्से में आ गये है। कुल कामगार का अखिल भारतीय स्तर पर वर्तमान में सबसे अधिक महिलाएं कृषि क्षेत्र में ही काम कर रही हैं। वहीं सरकार की भी कृषि और कृषि से जुड़े बागवानी एवं पशुपालन जैसे सभी क्षेत्रों में महिलाओं के उत्थान के लिए लगातार प्रयासरत हैं।

इस प्रकार स्वस्थ सामाजिक लोकतंत्र स्थापित करने के लिए महिलाओं के विरुद्ध होने वाले समस्त अत्याचारों को संवैधानिक प्रावधानों के तहत न्यूनतम स्तर तक लाना अत्यावश्यक है। महिलाओं की इस विकास यात्रा में पुरुषों की भागीदारी और सहयोग सुनिश्चित करना अति आवश्यक है। महिलाओं-पुरुषों में आपसी प्रतिद्धंद्धिता का भी खतरा है। विकास के लिए जितना बाधक पुरुष प्रधान का होना है, उतना ही बाधक महिला प्रधान भी साबित होगा। अत: स्वस्थ जबकि समावेशी विकास के लिए दोनों का तालमेल होना आवश्यक है। राजनीतिक भागीदारी सुदृढ़ करना भी आवश्यक है। आर्थिक लोकतंत्र स्थापित करने के लिए महिला उद्यमीकरण एवं पितृसत्तात्मक समाज से बाहर निकलकर स्वस्थ समाज की स्थापना हेतु महिला सशक्तिकरण आवश्यक है। महिला उत्थाप के बिना स्वस्थ समाज की परिकल्पना नहीं की जा सकती। भारतीय अर्थव्यवस्था निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है उसमें महिलाओं की समुचित भागीदारी आवश्यक है। तभी हम आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत को साकार कर पाएंगे। सरकार द्धारा संचालित महिला सशक्तिकरण से संबंधित योजनाएं सत प्रतिशत धरातल पर लागू हों यह केवल सरकारी जिम्मेदारी न होकर सभी का समान उत्तरदायित्व है। तभी समावेशी विकास के साथ विकसित भारत साकार होगा।

**संदर्भ ग्रंथ सूची:-**

1. कुमारी डॉ. रंजना, (सितंबर 2011), 'स्त्री हत्या की रोकथाम', योजना, पृ.क्र. 06-11
2. वर्मा मंजुला, भगवंता सिंह बघेल, चिंतामणि टांडिया, शिवाजी चौधरी (जुलाई दिसंबर 2023), 'वनाश्रित जनजातीय जीवन में महिलाओं की भूमिका', मेकल मीमांसा, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक (मप्र) पृ.क्र. 159-170
3. के.के.डॉ. त्रिपाठी एवं डॉ. एस.के. वाडकर (सितंबर 2021) 'स्वयं सहायता समूह', योजना पृ.क्र. 20-25
4. एस. पुरकायस्थ बी. (जनवरी 2024),'महिलाओं के नेतृत्व वाले स्टार्टअप्स को प्रोत्साहन', कुरुक्षेत्र पृ.क्र. 45-49
5. मिश्रा अरविंद कुमार (अप्रैल 2023), 'महिला सशक्तिकरण की वाहक ग्राम पंचायतें', कुरुक्षेत्र, पृ.क्र. 36-40
6. गोयल डॉ. पीयूष (अगस्त 2023),'मातृ शिशु स्वास्थ्य और पोषण', कुरुक्षेत्र, पृ.क्र. 16-21
7. पाठक संतोष कुमार (जुलाई 2023), 'कृषि क्षेत्र में बढ़ती महिला उद्यमी', कुरुक्षेत्र, पृ.क्र. 45-50
8. सुगंधे आनंद, सिंपल मिश्रा एवं विनोद सेन (जनवरी-जून 2022), 'महिलाओं की सामाजिक आर्थिक स्थिति पर स्वयं सहायता समूह के प्रभाव का अध्ययन', मेकल मीमांसा, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक (मप्र) पृ.क्र. 47-56
9. भारत की जनगणना 2011
10. पंचायत राज अधिनियम 1994
11. नम्रता डॉ. कुमारी (2018), 'महिला सशक्तिकरण की चुनौतियां एवं समाधान', इंटरनेशनल जनरल ऑफ साइंटिफिक रिसर्च इन साइंस एंड टेक्नोलॉजी (ऑनलाइन) पृ.क्र. 481-485
12. दुबे अनीता (2015), 'आधुनिक समाज में महिलाओं की स्थिति तथा सुरक्षा हेतु महत्वपूर्ण उपाय', इंटरनेशनल रिसर्च जनरल ऑफ सोशल साइंस एंड ह्यूमैनिटीज (ऑनलाइन) पृ.क्र. 81-85
13. प्रजापति शक्ति कुमार (2017), 'महिलाओं के प्रति अपराध एवं कन्या भ्रूण हत्या उपाय', इंटरनेशनल रिसर्च जनरल ऑफ सोशल साइंस एंड ह्यूमैनिटीज (ऑनलाइन) पृ.क्र. 46-50
14. शुक्ला डॉ. अंजू (जून 2021), बालिका वधरू एक चुनौती,

इंटरनेशनल पीयर रिव्यूड मल्टीएगुंअल रिसर्च जनरल, हर्षवर्धन पब्लिकेशन, बीड, महाराष्ट्र, पृ.क्र. 162-168

15. स्वामी रामचंद्र (जून 2021), 'महिला शिक्षा की आवश्यकता', इंटरनेशनल पीयर रिव्यूड मल्टीएगुंअल रिसर्च जनरल, हर्षवर्धन पब्लिकेशन, बीड, महाराष्ट्र, पृ.क्र. 176-178
16. पाण्डेय डॉ. सीमा (अप्रैल 2021), 'स्त्री अस्मिता मीडिया और बाजार', प्रिंटिंग एरिया, इंटरनेशनल पीयर रिव्यूड मल्टीएगुंअल रिसर्च जनरल, हर्षवर्धन पब्लिकेशन, बीड, महाराष्ट्र, पृ.क्र. 192
17. कुजूर डॉ. जे.पी. (सितंबर 2012), 'नगरीय महिला श्रम शक्ति की व्यावसायिक संरचना', माइंड एंड सोसाइटी, मानव नवनिर्माण संस्थान, राजनांदगांव, छत्तीसगढ़, पृ.क्र. 118-122
18. सोनकर डॉ. बी.एल. एवं डॉ अर्चना सेठी (मार्च 2015), 'भारत में महिला सशक्तिकरण और समावेशी विकास', माइंड एंड सोसाइटी, मानव नवनिर्माण संस्थान, राजनांदगांव, छग़,पृ.क्र. 55-61
19. वर्मा अरुण कुमार (2013), 'स्त्री शिक्षा:एक ऐतिहासिक अध्ययन', डॉ. आंबेडकर सामाजिक विज्ञान शोध पत्रिका, डॉ अंबेडकर नगर (महू), इंदौर पृ.क्र. 74-78
20. गुप्ता वंदना (2013), 'महिलाओं के सामाजिक आर्थिक सशक्तिकरण में स्व सहायता समूह की भूमिका', डॉ. आंबेडकर सामाजिक विज्ञान शोध पत्रिका, डॉ अंबेडकर नगर (महू), इंदौर पृ.क्र. 187-191
21. https://www.google.com/search?q=karya+sthal+par+mahilao+ka+youn
22. https://www.google.com/search?q=nirbhaya+act+2013+in+hindi&oq=nirbhaya+&gs
23. https://www.google.com/search?q=youn+apradho+se+baccho+ka+sanrakshan+adhiniyam+2012
24. https://www.google.com/search?q=bal+vivah+pratishedh+adhiniyam+2006
25. https://www.google.com/search?q=gharelu+hinsa+se+mahilaon+ka+sanrakshan+adhiniyam+2005
26. https://www.google.com/search?q=mahilao+ka+abhadra+chitran+adhiniyam+1986
27. https://www.google.com/search?q=anaitik+vyapar+nivaran+adhiniyam+1956
28. https://www.google.com/search?q=beti+bachao+beti+padhao+yojana&sca
29. https://www.google.com/search?q=nirbhaya+fund+in+hindi&sca
30. https://www.google.com/search?q=one+stop+centre+and+mahila+helpline+in+hindi&sca
31. https://www.google.com/search?q=kamkaji+mahila+chhatrawas+yojana+kya+hai
32. https://www.google.com/search?q=youn+aparadho+ke+lia+youn+traking+system

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LI (51), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# एक परिपक्व सामाजिक संवेदना – 'कसक' (गीतांजलि श्री)

**डॉ. मनीषा सिंह मरकाम***

* सहायक प्राध्यापक (हिन्दी) प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, श्री अटल बिहारी वाजपेयी, शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

**शोध सरांश–** इतना हक सिर्फ एक दोस्त का ही दोस्त के प्रति हो सकता है दोस्ती की चेतना के तल पर कौन से बीज बोए गए हैं यह एक दोस्त का स्पर्श ही उसे महसूस कर सकता है उनकी भावनाओं की गहराई ही उनकी मित्रता की सुंदरता और मिठास है वहीं उनकी सार्थकता भी है। दोनों अपने–अपने जीवन के मकसद को जताने में लगी थी। ऐसा प्रतीत होता है कि दोनों की मित्रता कभी–कभी दार्शनिक मोड़ ले लेती है। दूसरों के मन की बात जान लेने की उत्सुकता में व्यक्ति अपने आप को आईने में देखना पसंद नहीं करता। प्रसिद्ध दार्शनिक लाओत्से ने लिखा है– 'यदि आप दूसरों को समझते हैं तो आप होशियार हैं। यदि आप खुद को समझते हैं तो आप प्रबुद्ध हैं।' ऐसा ही कुछ लेखिका ने कसक कहानी में महसूस किया है– 'बचपन में मैं कहानी करती थी कि मैं दूसरों के मन के अंदर का खूब भाँप लेती हूँ, कब कोई डींग हाक रहा है कब कोई खास मतलब से बात बना रहा है, कौन निर्दोष है कौन कपटी, सब मुझसे पूछ लो।

**शब्द कुन्जी–** नजरअंदाज, घमंक, खासियत, परिपक, झांपना।

**प्रस्तावना –** गीतांजलि श्री के प्रत्येक कहानी लेखन की अपनी तमाम खूबियाँ है। उनके लेखन के पीछे छिपे भावों में अद्भुत कलात्मकता हैं जो सहज ही अभिव्यक्त नहीं हो पाती। ध्यानमग्न होकर उनके लेखन को अनुभव करना पड़ता है तब कहीं जाकर कहानी के तार पकड़ में आते हैं। यह कहानी 'कसक' दो मित्रों के बीच हुए वार्तालाप और उनकी अपनी–आपनी तमीज एवम् जिन्दगी जीने के सलीके को दर्शाती है अलग–अलग स्वभाव होते हुए भी दोनों की मित्रता में ठहराव की अच्छी तैयारी को गीतांजलि श्री ने प्रस्तुत किया है। इस कहानी की खासियत यह है कि दोनों के मिजाज अलग होते हैं हुए भी दोस्ती को ग्रहण करने की क्षमता सबसे अच्छी दर्शाई गई है। दोनों की अपनी जिज्ञासा, कड़ी मेहनत और ज्ञान की भूख है। दोनों के अपने जाने– अनजाने जीवन के सबक हैं, दोनों ही अपने–अपने क्षेत्र में संलग्न होकर अपनी पूरी दक्षता के साथ काम करना चाहते हैं दोनों की उम्र ऐसी है कि सीखने की गति तेज और व्यापक हैं– 'वह दोस्त जो मेरी बचपन की सहेली है। उस बचपन की जिसने मेरी घुन्नेपन और उसकी चपलता बहिरंगता को लेकर हमें किसी किस्म की असंगति के एहसास में पीड़ित नहीं होने दिया कितने अच्छे मित्र बन गए हम –वह खिलाडू, मैं पढ़ाकू, वह बिगाढू, मैं संभालू!' दोनों मित्रों की अपनी सफलता और विफलता थी। उनके भीतर मौजूद संभावनाएं ही उन्हें आगे ले जाने में मदद करती थी विभिन्न विषयों पर लड़–झगड़कर विचार –विमर्श भी करती थी। दोनों का अपना–अलग ही रेशमी अहसास था विभिन्न प्रकार की अटखेलियाँ थी। दोनों में समय–समय पर टकराव की स्थिति बनती रहती थी परन्तु लेखिका ने यहाँ यह दर्शाने का प्रयास किया है कि गैरजरूरी टकराव को हमेशा नजरअंदाज करना चाहिए क्योंकि इससे किसी का भला नहीं हुआ है। कहानी में दोनों के किशोरावस्था की हंसी मजाक को भी बताया गया है उसे विनोद प्रियता में जो अपनी जिद को पूरी करने की ताकत को इस कहानी में बताई गई है वह भी प्रशंसनीय है। कहानी में सदाचार और नैतिकता का ध्यान रखा गया है जिससे इस कहानी की व्यवहार की ताकत का पता चलता रहता है– 'किसी छोटी सी बात पर हँसते चले गए थे, एक दिन। हाँ याद आ रहा है, एक कॉलोनी में फँस गए थे। सड़क गोलाकार थी। एक जगह पर दायाँ मोड था जिस पर आकर गोल सड़क से हट सकते थे, किंतु उसी मोड़ पर ढलान था बाई ओर यानि वापस गोल सड़क पर। अब दोस्त है कि जिद्दिया गई की साइकिल से बिना उतरे एक जोरदार मोड़ दूँगी और हम दाई तरफ निकल जाएंगे।'

'कसक' कहानी की खासियत यह है कि दोनों मित्र विचारधारा से अलग हैं पर संवाद के स्तर जुड़ाव की कमी कहीं भी महसूस नहीं की गई। दोस्ती हर स्तर पर सुदृढ़ है। इसे अलग–अलग रंगों में लेखिका द्वारा पिरोने का प्रयास किया गया है। खुशी के सूत्र पीडादायक पलों में महसूस होते रहे है उन्ही पलों को दोनों मित्रों ने अपने–अपने जीवन की प्रक्रिया को समझने में लगा दिया। खुशियों के साथ एक अजीव सा अल्हड़पन था। यही अल्हड़पन दोनों को बरसों दूर रहने के बाद भी बांधे रखता था, एक अजीब सी मस्ती भरा शोर था उनकी खुशियों के आसपास जो बतलाता था कि हम कभी जुदा नही हो सकते। खुशी में दोनें अपने गंतव्य की ओर चल दी फिर से मिलने के लिए। दोनों अपनें जीवन को सुंदर बनाना चाहती थी। अपने गुणों और अवगुणों के साथ बार–बार झगड़ना पर मित्र बने रहना मित्रता में कोई अहम भाव नही स्पष्ट रूप से सब कह देना इतने पर भी मित्रता बनी रहना यह बड़ी बात है। इस कहानी की, मित्रों की स्पष्टवादिता की चेतना के धरातल पर आधारित है, यह कहानी इंतजार न होते हुए भी अतिशय मित्र के इंतजार से सिंचित है इस कहानी के शब्द–दर–शब्द 'अगर ..... यह ख्त ..... जो उसके पति ने लिखा ..... न आया होता.....।

कहना चाहती हूँ वह अचानक धमक पडेगी। पर कहीं इस निहायत घिसे पिटे खयाल का कौंधना मन को बेतरक सालने लगता है। पर ऐसे ही तो

धमक पड़ती थी। अचानक। बिन बताए। या ऐसे बताकर कि न बताती तो ही खैर थी!

एक बार तार मिला था–'रीचिंग सिक्सटींथ रिसीव स्टेशन।' मैं इस शहर में आई ही थी। पर तार भी तो ऐसा था कि उसका नाम न होता तो भी मैं समझ लेती कि यह काबिलियत किसमें है। लेकिन दोस्ती का अपना तकाजा है, क्या–क्या नहीं माफ उसमें।

इतना हक सिर्फ एक दोस्त का ही दोस्त के प्रति हो सकता है दोस्ती की चेतना के तल पर कौन से बीज बोए गए हैं यह एक दोस्त का स्पर्श ही उसे महसूस कर सकता है उनकी भावनाओं की गहराई ही उनकी मित्रता की सुंदरता और मिठास है वहीं उनकी सार्थकता भी है। दोनों अपने–अपने जीवन के मकसद को जताने में लगी थी। ऐसा प्रतीत होता है कि दोनों की मित्रता कभी–कभी दार्शनिक मोड़ ले लेती है। दूसरों के मन की बात जान लेने की उत्सुकता में व्यक्ति अपने आप को आईने में देखना पसंद नहीं करता। प्रसिद्ध दार्शनिक लाओत्से ने लिखा है– 'यदि आप दूसरों को समझते हैं तो आप होशियार हैं। यदि आप खुद को समझते हैं तो आप प्रबुद्ध हैं।' ऐसा ही कुछ लेखिका ने कसक कहानी में महसूस किया है– 'बचपन में मैं कहानी करती थी कि मैं दूसरों के मन के अंदर का खूब भाँप लेती हूँ, कब कोई डींग हाक रहा है कब कोई खास मतलब से बात बना रहा है, कौन निर्दोष है कौन कपटी, सब मुझसे पूछ लो।'

आगे चलकर वह मेरी इस प्रवृत्ति को मेरी 'पॉलीटिक्स' से जोड़ने लगी –तुम लोगों को अपना कपट, अपनी तानाशाही नहीं दिखती?..... वैसे हमारे साथ बिताए वक्त का लेखा–जोखा कहीं है तो जरूर तीन चौथाई भाग हमारी लड़ाइयों का ही हिसाब देगा। बात –बेबात जंग छिड़ जाती।

दोनों मित्रों की अपनी गति थी दोनों अपनी–अपनी दिशा में प्रयास कर रहे थे, दोनों की नोक–झोंक पूरी कहानी का परीक्षण है, दोनों की दिशा मायने रखती है। दोनों एक दूसरे के विरोधी नहीं थे बल्कि एक दूसरे का हर स्तर पर समझने का प्रयास करते थे उनकी मित्रता के रिश्ते खासे मजबूत थे, दोनों बेहतर कल की ओर समन्वय और सम्मान से बढ़ना चाहते थे। दोनों किसी भी निर्णय पर पहुँचने से पहले परिपक्व संवाद खुले मन से कर लेती है। एक दूसरे को नकारती भी, वह बहस के माध्यम से ही थी इसके पीछे कारण यही था कि कोई भी बात आदर्श स्थिति तक पहुँचे सके।

'कसक' कहानी के अंत में अच्छी खासी आत्मान्वेषी यात्रा हो गई। कहानी के जिस पात्र के बारे में बात हो रही है उसे कभी भी अकेलापन बोझ नहीं लगा। मानसिक संताप और संबंधों में सिलवटों की स्थिति कभी भी उत्पन्न नहीं हुई। फिर कब उसके मन में भय बैठ गया स्वयं को दूसरों से कब अलग समझने की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई ? क्यों वह अपनी किसी भी अवधारणा को किसी के समक्ष नहीं रख पाई ? स्वयं को उपेक्षित समझने लगी। क्यों चिंता के इतने भंवर में फंस गई कि अकेलेपन की घबराहट वाली स्थिति से भी पार पहुंच गई। उसका पति, उसके मित्र, उसके सहयोगी, उसके आसपास के लोग कोई उसकी मदद नहीं कर पाए। वह भी किसी से इतनी परिपक्व अवस्था में होने पर भी कुछ कह नहीं पाई। अत्मविश्वास की इतनी बलिष्ठ होने पर भी अत्मविश्वास कहां जाकर टूटा जहाँ सब खुद ने अपने हाथों से समाप्त कर लिया। कसक कहानी के एक–एक मोती एक–एक विचार है जो कहानी को विचारों से वैभवशाली और संपन्न बनाते हैं समाज के लिए उपयोगी विचारों की विकास यात्रा छोड़ते हैं– झूठी और कोरी कल्पनाशीलता से मुक्ति दिलाते हैं। समाज के सामने एक यह प्रश्न खड़ा करते हैं कि परिपक्वता के बाद भी ऐसी हृदय विदारक स्थिति समाज को कहाँ लेकर जाएगी 'फिर मन व्याकुल होने लगता है। नि: शब्द सवाल जी को घेरने लगते हैं। ऐसे में मेरे पास एक ममता भरी रूह बैठ जाती है। किसी के कोमल सान्निध्य का एहसास होता है।'

पूछना चाहती हूँ उससे क्या था तुम्हारे मन में जब तुम 'उड़ती' हुई नीचे चली आ रही थी उसे तेरहवीं मंजिल से ? क्या तब भी तुम जीव के भीतर थी ? प्रमाणिकता से बात कहना इस कहानी का विशेष गुण है समाज और दुनिया नित– नवीन संभावनाओं से भर रही है। बहुआयामी अवधारणाओं के कारण कभी–कभी व्यक्ति ऐसा रास्ता चुन लेता है जहाँ वह स्वयं के द्वारा उत्पन्न किये गए सवालों के घेरे में खुद को अकेला खड़ा पाता है। बचाव में वह यह नहीं सोच पाता की सबसे बड़ी बात जिंदगी के बचे रहने की है। बाकी सभी बातें तबाही से कम की नहीं है। जीवन को किसी भी स्थिति में सुरक्षित रखा जाए जीवन जीने की नई दिशा का रास्ता तलाशने की गुंजाइश हमेशा रहना चाहिए।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :–**

1. समकालीन महिला लेखन – डॉ. ओम प्रकाश शर्मा
2. भारतीय नारी दशा और दिशा – आशारानी ब्होरा
3. हिन्दी के आधुनातन नारी उपन्यास – इन्दु प्रकाश पाण्डेय
4. हिन्दी उपन्यासों में स्त्री अस्मिता की अभिव्यक्ति – डॉ. वीनारानी यादव

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LI (51), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# लोक संस्कृति का बदलता स्वरूप

**अक्षय कुमार*  डॉ. मनीषा सिंह मरकाम****

* शोधार्थी, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर (म.प्र.) भारत
** सहायक प्राध्यापक (हिन्दी) प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, श्री अटल बिहारी वाजपेयी, शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** लोक संस्कृति मनुष्य को श्रेष्ठता की ओर ले जाती है। किसी भी संस्कृति का मूल उद्देश्य मनुष्य में अच्छे गुणों का विकास करना है। मनुष्य जन्म से संस्कृति के मूल सिद्धांतों को ग्रहण करता है और धीरे-धीरे मनुष्य के प्रत्येक क्रियाकलापों पर संस्कृति का प्रभाव पड़ता है। यह कहना बिल्कुल भी अनुचित नहीं होगा कि संस्कृति के जरिये ही मनुष्य, मनुष्य बनता है। लोक और संस्कृति को विखंडित करके नहीं देखा जा सकता है। जब मनुष्य को अपनी संस्कृति पर गर्व होता है तो उसमें अपनी संस्कृति की रक्षा की प्रबल भावना जाग्रत हो जाती है। संस्कृति न केवल मनुष्य को पहचान देती है बल्कि देश को भी पहचान देती है। लोक संस्कृति का केन्द्रीय विषय मनुष्य ही है। मनुष्य के द्वारा अलग-अलग समय में विशेष पृष्ठभूमि को आधार बनाकर जो रचनाएँ की गई हैं वे सभी रचनाएँ लोक संस्कृति की धरोहर है। मनुष्य की उपलब्धियाँ लोक से बाहर नहीं होती।

**कुंजी शब्द –** लोक संस्कृति, विखंडित, केन्द्रीय, पृष्ठभूमि।

**प्रस्तावना –** लोक शब्द का शाब्दिक अर्थ है 'देखना' या 'देखने वाला'

वेद व्यास के अनुसार – 'प्रत्यक्षदर्शी लोकानां सर्वदर्शी भवेन्नरः' अर्थात् जो लोक को स्वयं अपनी आँखों से देखता है, वही व्यक्ति लोक को समझ सकता है।

हजारी प्रसाद द्विवेदी के अनुसार – 'लोक शब्द का अर्थ जनपद या ग्राम नहीं है बल्कि नगरों और गाँवों में फैली हुई वह समूची जनता है, जिसके व्यवहारिक ज्ञान के आधार पर पोथियाँ नहीं हैं।'

लोक में न केवल भूतकाल में घटी हुई घटनाओं का विवरण होता है बल्कि वर्तमान और भविष्य का भी समायोजन होता है। लोक शब्द अत्यन्त प्राचीन है। वेदों, पुराणों, ब्राह्मण ग्रंथों, बौद्ध धर्म के ग्रंथों में भी 'लोक' शब्द प्रयुक्त हुआ है।

डॉ. वासुदेवषरण अग्रवाल के अनुसार – 'लोक हमारे जीवन का महासमुद्र है, उसमें भूत, भविष्य और वर्तमान सभी कुछ संचित रहता है। लोक ही राष्ट्र का अमर स्वर है।' लोक संस्कृति के बिना सभी अधूरे हैं और जो ज्ञान लोक हित के काम न आए ऐसा ज्ञान अधूरा है। लोक के केन्द्र में मनुष्य है। स्त्री-पुरूष लोक रूपी रथ के दो पहिए हैं। दोनों से मिलकर लोक का निर्माण हुआ है। मनुष्य पृथ्वी पुत्र है इसलिए कहा जाता है, 'माता भूमि': पुत्रोहंऽपृथिव्याः।

जब तक मनुष्य का अस्तित्व रहेगा तब तक लोक संस्कृति रहेगी। लोक संस्कृति मनुष्य के विश्वासों, रीतियों, रिवाजों, रूढ़ियों, व्यवहारों एवं परम्पराओं से बनती है।

लोक संस्कृति का बदलता स्वरूप वर्तमान में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। किसी स्थान विशेष की संस्कृति वहाँ की लोक संस्कृति जनजीवन से परिलक्षित होती है, क्योंकि लोक संस्कृति मानव जीवन का दर्पण है, जिसमें जनता की भावनाओं की सुख-दुःख भरी अनेकों प्रवृत्तियाँ दिखाई देती है। वर्तमान में नई पीढ़ी के नव युवक-युवतियों में फिल्मी दुनिया की नयी-नयी वेशभूषा और हेयर स्टाइल देखकर फिल्मों के अभिनेता, नायक-नायिका की तरह ही कपड़े पहनने और बाल रखने की होड़ देखी जा सकती है। उन्हीं की तरह कपड़े पहनना, उन्हीं की तरह चश्मा लगाना, फिल्मों में दिखाई जाने वाली बाईक, कार एवं अन्य संसाधन जैसे मोबाईल आदि लांच होने के तुरन्त बाद ही खरीद लेने का मानो फैशन बन गया है। इस प्रकार हम देख सकते हैं कि बाह्य अनुकरण अपनाने का जैसे फैशन सा हो गया है। आन्तरिक अनुकरण को अपनाने की आवश्यकता है। आवश्यकता है आज संतों, महात्माओं, अच्छे नेताओं और अच्छी पुस्तकों का अनुकरण करने की जिनसे आज की युवा पीढ़ी दूर होते जा रही है। राम, कृष्ण, गौतमबुद्ध, महावीर स्वामी, ईसा मसीह, हजरत मोहम्मद, गुरू नानक, महात्मा गांधी ऐसे ही व्यक्ति या विचारक हैं, जिन्होंने अपने समय की रूढ़ी परम्पराओं को बदलकर नई चेतना और नयी विचारधारा को समाज के सामने रखा।

किसी रीति-रिवाज को ज्यों का त्यों पालन करना परम्परा का निर्वाह करना है, किन्तु इस परम्परा में किंचित परिवर्तन के साथ अपनाने में कुछ अनुचित भी नहीं है क्योंकि समय और परिस्थितियों के साथ बदलाव आवष्यक हो जाता है। आजकल ग्रामीण और जनजातीय जीवन पद्धति में परिवर्तन हो रहा है अब ग्रामीण जन सामान्य हृदय के साथ-साथ बुद्धि को भी महत्व दे रहा है इसका अर्थ यह बिल्कुल भी नहीं है कि वहाँ की लोक संस्कृति नष्ट हो रही है।

आजकल लोक-कलाओं का उपयोग व्यवसायिक दृष्टि से या नाम कमाने की दृष्टि से हो रहा है क्योंकि वैश्वीकरण के इस युग में पूँजीवादी संस्कृति ने व्यक्ति को उपभोक्तावादी बना दिया है। यदि परम्परा में परिवर्तन के बावजूद कला की गुणवत्ता में कोई कमी नहीं आये तो लोक संस्कृति की परम्परा प्रभावित नहीं होती।

पश्चिमी सभ्यता का अनुकरण बुरा नहीं है, बुरा है उसका अन्धानुकरण अपनी मिट्टी, अपनी परम्परा के लोक को सुरक्षित रखते हुए यदि हम उसके सारतत्व को ग्रहण करें तो लोक संस्कृति के प्रति हमारी संवेदनाएँ भी सुरक्षित रहेंगी। पश्चिमी सभ्यता के प्रभाव से हमारी संस्कृति में बदलाव देखा जा सकता है। अब लोग पाश्चात्य संगीत, नृत्य और पहनावे को अपनाने पर जोर दे रहे हैं।

हमें हमारी सांस्कृतिक धरोहर की रक्षा करना अति आवश्यक है। हमारी पुरातन संस्कृति, हमारे देश की पहचान है। पश्चिमी सभ्यता के अंधानुकरण से हमारी मातृभाषा, बोली, संस्कृति एकरूपता और पारम्परिक कला और शिल्प पर विपरित प्रभाव पड़ सकता है।

लोक संस्कृति का स्वरूप समय के साथ-साथ बदल रहा है और यह बदलाव आज भी जारी है। पहले हमारी संस्कृति में पारम्परिक मूल्य और आदर्शों को महत्व दिया जाता था, लेकिन अब इसमें बदलाव आ रहा है। पहले हमारी संस्कृति में प्रकृति को महत्व दिया जाता था परन्तु अब आधुनिकता के नाम पर प्रकृति का दोहन हो रहा है। इससे पर्यावरण प्रदूषण और अन्य समस्याएँ लगातार बढ़ रही है। पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड, हिमाचलप्रदेश और दिल्ली में आई बाढ़ इसके उदाहरण हैं। उत्तराखण्ड के उत्तरकाशी जिले के धराली गाँव जहाँ भूस्खलन हुआ वहाँ कल्प केदार का मंदिर था जिसके बारे में कहा जाता है कि कई वर्षों पूर्व यह मन्दिर मलबे में ही दबा हुआ मिला था जो बादल फटने के बाद आये सैलाब में पुन: गुम हो गया।

आजकल के युवक-युवतियाँ अपने अंगों पर टैटू बनवाते हैं जो पुरानी गोदना परम्परा का ही एक रूप है। क्लबों और पार्टियों में आज आधुनिक जोडे मुखौटा लगाकर एक-दूसरे के साथ नाचते दिखाई पड़ते हैं जो पहले कई जनजातियों में सामूहिक नृत्य में उपयोग में लाया जाता था। पहले बच्चों को जुकाम होने पर गले में लहसुन पहनाया जाता था, नजर न लगे इसलिए काला टीका लगाया जाता था और लड़कियों का आज भी पैर में काला धागा बाँधना इसके लिये उदाहरण है कि प्राचीन समय में ऐसे किये जाने वाले कार्य वर्तमान में भी प्रासंगिक बने हुए हैं।

वास्तविकता यह है कि विज्ञान के इस युग में भी पढ़े-लिखे लोग पूजन कार्य में या संस्थाओं के उद्घाटन में नारियल फोड़ते हैं, शंख फूंकते हैं, घण्टी बजाते हैं। आज के पढ़े-लिखे लोग नई बहु के आगमन पर गृह प्रवेश की रस्म अदा करते हैं। सच यही है कि जीवनशैली आधुनिक पहवाना, साज-सज्जा और आधुनिक ज्ञान-विज्ञान की सूचना सभी को प्राचीन लोक संस्कृति से ही मिली है। परिवर्तन या विकास से लोक संस्कृति को मिटाया नहीं जा सकता और मानव को भी अपनी लोक संस्कृति के प्रति सजग रहने की आवश्यकता है। आजकल नाना-नानी की कहानियाँ, दादा-दादी की कहानियाँ शहरी और महानगरीकरण की चकाचौंध में कहीं गुम सी होती जा रही है। आज के बच्चे कम्प्यूटर और मोबाइल के इस युग में बचपन के खेल जैसे - गुल्ली-डण्डा, कंचे खेलना, लंगड़ी खेलना आदि खेल तो भूलते ही जा रहे हैं। साथ-साथ शारीरिक व्यायाम के खेल जैसे - फुटबॉल, वालीवॉल, बास्केटबॉल, क्रिकेट और हॉकी जैसे खेल भी खेलना कम कर चुके हैं जो बच्चों के स्वास्थ्य के लिए बिल्कुल भी ठीक नहीं है।

आज विकास के नाम पर हम हमारी लोक संस्कृति से दूर होते जा रहे हैं। जंगलों का कटाव, शहरीकरण, औद्योगिकीकरण और अत्यधिक संसाधनों के दोहन के कारण हो रहे प्रदूषण से मानवीय जीवन आज खतरे में है। समय पर वर्षा का न होना, जलवायु परिवर्तन के कारण आज हम विनाश की कगार पर हैं। विकास की आड़ में प्रकृति के दोहन को रोकना होगा। संस्कृति को बचाना है तो पर्यावरण को बचाना होगा तभी हम अपनी परम्परा को सुरक्षित रख पायेंगे और अपनी लोक संस्कृति को संरक्षित कर सकेंगे। यह लोक संस्कृति ही है जो हमारी जड़ होती हुई संवेदनाओं को जगाकर हमें बेहतर इंसान बनाती है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. लोक संस्कृति, मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी, वसंत निरगुणे, सातवां संस्करण, 2022
2. साहित्य में जनजातीय जीवन दर्शन, संपादक डॉ. योग्यता भार्गव, संस्करण प्रथम, 2022
3. मानव और संस्कृति - प्रगति प्रकाशन, ब्रोमलेय युलिआन।
4. डॉ. वासुदेवशरण अग्रवाल - लोक संस्कृति, सम्मेलन पत्रिका

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LI (51), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# Chemical Fingerprinting of Root Extracts from *Withaniasomnifera.*

**Dr. Ragini Sikarwar***

***Assistant Professor and HOD (Botany & Biotechnology) Govt. Home Science PG Lead College, Narmadapuram (M.P.) INDIA**

**Abstract:** *Withaniasomnifera*(Ashwagandha) is a medicinal plant of high therapeutic value, traditionally used in Ayurveda for stress management, immune modulation, and neuroprotection. Its pharmacological potential is largely attributed to diverse phytochemicals, particularly withanolides, alkaloids, and phenolic compounds. In the present study, root extracts of W. somnifera were subjected to chemical fingerprinting using advanced analytical techniques to establish a comprehensive phytochemical profile. Standardized chromatographic and spectroscopic methods were employed to identify key bioactive constituents and to generate reproducible chemical patterns. The results revealed the presence of characteristic secondary metabolites that can serve as quality markers for authentication and standardization. This study highlights the importance of fingerprinting approaches in ensuring consistency, efficacy, and safety of herbal preparations derived from W. *somnifera*. The findings also provide a foundation for future pharmacological investigations and the development of standardized formulations.

**Keywords**: *Withaniasomnifera*; Ashwagandha; Chemical fingerprinting; Phytochemical profiling; Withanolides; Standardization; Medicinal plants; Root extracts

**Introduction -** Medicinal plants remain a cornerstone of traditional healthcare systems and continue to provide valuable leads for modern drug discovery. Among them, *Withaniasomnifera* (L.) Dunal, commonly known as Ashwagandha, occupies a prominent place in Ayurveda and other indigenous systems of medicine. Classified under the family Solanaceae, the plant is widely distributed across India, the Middle East, and parts of Africa. Its roots, in particular, have been employed for centuries as a restorative tonic to manage conditions such as stress, fatigue, inflammation, arthritis, and neurological disorders.

The pharmacological relevance of W. *somnifera* has been attributed to its wide spectrum of secondary metabolites, including alkaloids, steroidal lactones (withanolides), flavonoids, saponins, and phenolic compounds. These bioactive molecules have been associated with adaptogenic, immunomodulatory, anti-inflammatory, and neuroprotective effects. Given the increasing global demand for herbal products and nutraceuticals containing W. somnifera, there is a pressing need for standardized analytical methods that ensure quality, safety, and reproducibility of plant-derived formulations.

Chemical fingerprinting is a modern approach that provides a holistic representation of the phytochemical composition of plant extracts. Techniques such as High-Performance Thin Layer Chromatography (HPTLC), High-Performance Liquid Chromatography (HPLC), Gas Chromatography–Mass Spectrometry (GC–MS), and Fourier Transform Infrared Spectroscopy (FTIR) are widely employed to generate reproducible chemical patterns. These fingerprints not only help in identifying marker compounds but also serve as quality assurance tools for herbal medicines.

Despite the widespread use of W. *somnifera*, variations in phytochemical content often arise due to differences in geographical location, cultivation practices, harvesting time, and post-harvest processing. Such variations can influence therapeutic efficacy and limit the reliability of herbal preparations. Therefore, establishing a robust chemical fingerprint of W. *somnifera* root extracts is essential to ensure authenticity and consistency across formulations.

The present study was undertaken to generate a comprehensive chemical fingerprint of W. *somnifera* root extracts using advanced chromatographic and spectroscopic methods. The findings are expected to contribute toward the standardization of Ashwagandha-based products and provide a foundation for further pharmacological research.

**Materials and Methods:**

**Plant Material Collection:** Roots of Withaniasomnifera (L.) Dunal were collected from cultivated fields during the flowering season. Fresh samples were selected, cleaned to remove soil and other impurities, and used for further

analysis.

**Preparation of Root Extracts:** The collected roots were washed thoroughly with distilled water, shade-dried at room temperature for 20 days, and ground into fine powder using a mechanical grinder. Fifty grams of powdered root material was extracted with 95% ethanol using a Soxhlet apparatus for 48 hours. The extract was concentrated under reduced pressure with a rotary evaporator and stored at 4 °C until analysis.

**Preliminary Phytochemical Screening:** Standard qualitative tests were performed on the ethanolic root extract to detect the presence of alkaloids, flavonoids, tannins, saponins, steroids, phenolics, and glycosides.

**High-Performance Thin Layer Chromatography (HPTLC):** HPTLC was carried out on silica gel 60 F254 plates. Extract samples were applied with a CAMAG Linomat V applicator, and chromatograms were developed in a mobile phase of toluene:ethylacetate:formic acid (5:5:1 v/v). Plates were visualized under UV light at 254 and 366 nm and after derivatization with anisaldehyde–sulfuric acid reagent. Retention factor (Rf) values and band patterns were recorded.

**High-Performance Liquid Chromatography (HPLC):** HPLC analysis was performed on a C18 reverse-phase column using a gradient mobile phase of acetonitrile and water. Detection was carried out at 254 nm with a UV detector, and reference standards of withanolides were used for comparison.

**Gas Chromatography–Mass Spectrometry (GC–MS):** GC–MS was performed using a capillary column with helium as the carrier gas at 1.0 mL/min. The injector temperature was maintained at 250°C, and the oven temperature was programmed from 60°C to 280°C at 10°C/min. Mass spectra were obtained in electron impact mode (70 eV), and compounds were identified by comparison with the NIST library.

**Fourier Transform Infrared Spectroscopy (FTIR):** FTIR spectra were recorded using KBr pellet technique in the range of 400–4000 $cm^{-1}$. Functional groups corresponding to phytochemicals were identified from the absorption peaks.

**Statistical Analysis:** All analyses were carried out in triplicate, and results were expressed as mean ± standard deviation (SD). Data were analyzed using SPSS version 22.0 for statistical reliability.

**Results and Discussion:**

**Phytochemical Profile of *Withaniasomnifera* Roots:** The chemical fingerprinting of W. *somnifera* root extracts revealed the presence of a diverse range of secondary metabolites. Preliminary screening confirmed the abundance of alkaloids, flavonoids, tannins, saponins, phenolics, and steroidal lactones, consistent with previous reports highlighting the rich phytochemical repertoire of this species. Chromatographic separation produced distinct peaks corresponding to characteristic withanolides and their derivatives, which are regarded as the principal bioactive compounds responsible for the plant's therapeutic efficacy. The reproducibility of peak patterns across replicates indicates a stable phytochemical composition under the applied extraction and analytical conditions.

**Identification of Bioactive Compounds:** High-performance chromatographic analysis demonstrated major peaks in the retention range commonly associated with withaferin A, withanolide D, and other steroidal lactones. Spectral analyses further supported these findings by confirming functional groups typical of steroidal structures. The detection of phenolic compounds, including catechin-like molecules, suggests additional antioxidant potential of the root extract. These compounds are known to contribute to free radical scavenging activity and may synergistically enhance the pharmacological effects of withanolides.

**Importance of Chemical Fingerprinting:** The establishment of a reproducible chemical fingerprint provides an essential tool for quality assurance and standardization of W. somnifera-based herbal formulations. Adulteration and variability in raw material sources are common issues in medicinal plant use; thus, the identification of marker peaks ensures authenticity and therapeutic consistency. Previous studies have emphasized that variation in metabolite concentration can occur due to geographical location, cultivation practices, and extraction methods. The fingerprinting approach adopted here minimizes such uncertainties by generating a baseline profile for reference.

**Comparative Insights with Previous Reports:** The phytochemical spectrum observed in this study aligns with earlier investigations that documented withanolides as the dominant class of compounds in W. *somnifera*. However, the relative intensity of secondary metabolites differed, possibly due to differences in environmental conditions and extraction solvents. Similar findings have been reported in comparative analyses of Indian and African accessions of W. *somnifera*, where variability in withanolide concentration was evident. Such variations underscore the necessity of standardized fingerprinting to ensure therapeutic reliability.

**Pharmacological Relevance:** The presence of multiple bioactive compounds supports the broad pharmacological profile attributed to W. *somnifera*, including adaptogenic, anti-inflammatory, and neuroprotective properties. Withaferin A and related withanolides have been extensively studied for their anticancer and immunomodulatory activities. Meanwhile, phenolic constituents contribute to antioxidant defense, suggesting a multifaceted mechanism of action. The synergistic presence of these compounds reinforces the therapeutic potential of root extracts and justifies their use in both traditional and modern formulations.

**Table 1. Phytochemical constituents identified in Withaniasomnifera root extract.**

| Phytochemical Class | Test / Detection Method | Major Identified Compounds | Pharmacologi -cal Relevance |
|---|---|---|---|
| Alkaloids | Dragendorff's reagent | Withanine, Somniferine | Neuroprotetive ,anti-stress |
| Steroidal lactones | HPTLC/HP-C peaks | Withaferin A, Withanolide D | Anticancer, immuno modulatory |
| Phenoalics | Folin-Ciocalteu reagent/UV | Catechin-like compounds | Antioxidant, anti-inflammatory |
| Flavonoids | AICI3, colorimetric assay | Quercetin derivatives | Free radical scavenging, cardio-protective |
| Tannins | Ferric chloride test | Hydrolysable tannins | Antimicrobial, astringent |
| Saponins | Foam test | Triterpenoid saponins | Immunostim -ulatory, anti-fatigue |

(+++ = strongly present, ++ = moderately present, + = mildly present)

**Figure 1. Representative chromatographic fingerprint of Withaniasomnifera root extract**




The chromatogram (HPLC/HPTLC) shows multiple peaks.

Major peaks observed at retention times corresponding to withaferin A (~4.2 min), withanolide D (~6.8 min), and other minor metabolites. The reproducibility of peak patterns across triplicate analyses confirms the stability of the extract.

**Conclusions**: Chemical fingerprinting of Withaniasomnifera root extract produced a reproducible chromatographic and spectroscopic profile dominated by steroidal lactones (withanolides) together with phenolics, flavonoids, alkaloids and minor saponins and tannins. The detection of major withanolides (e.g., withaferin A and related compounds) supports the pharmacological relevance of the root extract and is consistent with previous phytochemical surveys of the species (Bashir et al., 2023; Mikulska et al., 2023).

These marker compounds provide useful quality-control targets: a validated HPTLC/HPLC fingerprint can be used to authenticate raw material, detect adulteration, and standardize formulations to ensure batch-to-batch consistency. Chemical fingerprinting therefore strengthens the scientific basis for product standardization and regulatory quality control of Ashwagandha preparations (Bashir et al., 2023).

The presence of withanolides such as withaferin A also has clear pharmacological implications. Withanolides show multiple bioactivities-including anti-inflammatory, antioxidant, immunomodulatory and anticancer effects-through diverse molecular targets and pathways. This supports continued pharmacological investigations of standardized extracts and isolated compounds for therapeutic development (Atteeq, 2022; Wadhwa et al., 2024).

Safety and translational considerations must be emphasized alongside efficacy. Preclinical and some clinical evidence indicate generally favorable tolerability for W. somnifera preparations, but herb–drug interactions and variable metabolite content remain concerns; for example, effects on drug-metabolizing enzymes have been reported and merit attention during formulation and clinical testing (Mikulska et al., 2023). Consequently, standardized finger-printing should be paired with quantification of key constituents & with toxicological screening before clinical use.

In summary, the combined chromatographic and spectroscopic fingerprint generated in this study establishes a robust baseline for authenticating W. somnifera root material and supports its continued preclinical and clinical evaluation. Future work should (a) quantify major withanolides in diverse accessions to define acceptable quality ranges, (b) correlate chemical profiles with bioactivity (bioassay-guided fractionation), and (c) perform formal safety and interaction studies to facilitate clinical translation of standardized Ashwagandha products (Atteeq, 2022; Bashir et al., 2023; Wadhwa et al., 2024; Mikulska et al., 2023).

**References**:-

1. Atteeq, M. (2022). Evaluating anticancer properties of Withaferin A — a potent phytochemical. Frontiers in Pharmacology, 13, 975320. https://doi.org/10.3389/fphar.2022.975320
2. Bashir, A., Nabi, M., Tabassum, N., Afzal, S., &Ayoub, M. (2023). An updated review on phytochemistry and molecular targets of Withaniasomnifera (L.) Dunal (Ashwagandha). Frontiers in Pharmacology, 14, Article 1049334. https://doi.org/10.3389/fphar.2023.1049334
3. Mikulska, P., Malinowska, M., Ignacyk, M., Szustowski, P., Nowak, J., Pesta, K., … Cielecka-Piontek, J. (2023). Ashwagandha (Withaniasomnifera)—current research on the health-promoting activities: A narrative review. Pharmaceutics, 15(4), 1057. https://doi.org/10.3390/pharmaceutics15041057
4. Wadhwa, R., Wang, J., Shefrin, S., Zhang, H., Sundar, D., &Kaul, S. C. (2024). Molecular insights into the anticancer activity of withaferin-A: The inhibition of survivin signaling. Cancers, 16(17), 3090. https://doi.org/10.3390/cancers16173090

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LI (51), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# पर्यटन विकास में सांस्कृतिक विरासत की भूमिका

**डॉ. राम सिंह धुर्वे** *

* सहायक प्राध्यापक (भूगोल) शासकीय स्नातक महाविद्यालय, नैनपुर, जिला–मण्डला (म.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** पर्यटन आज विश्व अर्थव्यवस्था और सामाजिक–सांस्कृतिक विकास का महत्वपूर्ण क्षेत्र बन चुका है। इसमें सांस्कृतिक विरासत की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। सांस्कृतिक विरासत को दो भागों में बाँटा जा सकता है– भौतिक (स्मारक, मंदिर, किले, शिल्प, स्थापत्य) और अभौतिक (लोकगीत, नृत्य, त्योहार, परंपराएँ, भोजन, भाषा) ये तत्व न केवल किसी क्षेत्र की ऐतिहासिक पहचान को दर्शाते हैं बल्कि पर्यटन के प्रमुख आकर्षण भी बनते हैं। भारत जैसे बहुसांस्कृतिक देश में सांस्कृतिक पर्यटन का विशेष महत्व है। ताजमहल, खजुराहो, अजंता–एलोरा, वाराणसी और अमृतसर जैसे स्थल देश की विविध सांस्कृतिक धरोहर के उदाहरण हैं। इन स्थलों के कारण न केवल विदेशी पर्यटन आकर्षित होते हैं, बल्कि स्थानीय समुदाय को रोजगार, हस्तशिल्प और कला के विकास के अवसर भी मिलते हैं। सांस्कृतिक पर्यटन से आर्थिक लाभ के साथ–साथ सांस्कृतिक संरक्षण और अंतर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक आदान–प्रदान को भी बढ़ावा मिलता है। इसमें चुनौतियाँ भी हैं जैसे वाणिज्यीकरण, सांस्कृतिक क्षरण और विरासत स्थलों पर दबाव। अत: सतत् पर्यटन की रणनीति से ही संतुलित विकास संभव है। सांस्कृतिक विरासत पर्यटन की आत्मा है जो न केवल क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को गति देती है बल्कि समाज को अपनी जड़ों से जोड़ती है।

**शब्द कुंजी–** सांस्कृतिक पर्यटन, सांस्कृतिक विरासत।

**प्रस्तावना –** पर्यटन 21 वीं सदी की सबसे तेजी से विकसित होने वाली आर्थिक और सामाजिक गतिविधियों में से एक है। संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन के अनुसार पर्यटन विश्व अर्थव्यवस्था में तीसरे सबसे बड़े उद्योगों में गिना जाता है जो प्रतिवर्ष अरबों डॉलर का राजस्व उत्पन्न करता है। यह न केवल देशों की विदेशी मुद्रा आय का प्रमुख स्रोत है बल्कि करोड़ों लोगों के लिए रोजगार भी सुनिश्चित करता है। वैश्विक स्तर पर पर्यटन देशों को एक–दूसरे को जोड़ने वाला एक सशक्त माध्यम है। यह सांस्कृतिक आदान–प्रदान और मानव सहयोग को बढ़ावा देता है। पर्यटक जब एक देश से दूसरे देश की यात्रा करते हैं तो वे वहाँ की संस्कृति, परंपरा, खान–पान और जीवन शैली को समझते हैं। इससे विभिन्न समाजों के बीच आपसी समझ और सहिष्णुता बढ़ती है जो विश्व शांति और सहयोग की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। पर्यावरणीय दृष्टि से भी पर्यटन का बहुत महत्व है जब प्राकृतिक स्थल, वन्यजीव अभ्यारण्य और ऐतिहासिक धरोहरें पर्यटन आकर्षक बनती हैं तो उनके संरक्षण पर अधिक ध्यान दिया जाता है। कई देशों ने सतत् पर्यटन की अवधारणा को अपनाकर विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन स्थापित करने का प्रयास किया है। अंतर्राष्ट्रीय राजनीति और कूटनीति में भी पर्यटन एक प्रभावी भूमिका निभाता है। यह किसी देश की अंतर्राष्ट्रीय पहचान को सुदृढ़ करता है। पर्यटन केवल आर्थिक लाभ तक सीमित नहीं है बल्कि यह सांस्कृतिक समझ, पर्यावरणीय संरक्षण और वैश्विक शांति का भी माध्यम है। यही कारण है कि पर्यटन को आधुनिक विश्व में वैश्विक विकास और सहयोग का सेतु माना जाता है।

**अध्ययन के उद्देश्य:**

1. सांस्कृतिक विरासत की अवधारणा को स्पष्ट करना।
2. पर्यटन विकास में सांस्कृतिक विरासत की भूमिका का विश्लेषण करना।
3. आर्थिक एवं सामाजिक योगदान का अध्ययन करना।
4. सांस्कृतिक संरक्षण और संवर्धन की प्रक्रिया को समझना।
5. स्थानीय समुदाय की भागीदारी की भूमिका को रेखांकित करना।
6. चुनौतियों और समस्याओं की पहचान करना।
7. सतत् पर्यटन की संभावनाओं का आकलन करना।
8. नीतिगत सुझाव प्रस्तुत करना।

**सांस्कृतिक विरासत की अवधारणा एवं स्वरूप–** सांस्कृतिक विरासत किसी समाज, समुदाय या राष्ट्र द्वारा संरक्षित और पीढ़ी दर पीढ़ी संचारित की जाने वाली परंपराओं, स्मारकों , कलाओं, रीति–रिवाजों, विश्वासों और सामाजिक मूल्यों का संग्रह है। यह केवल भौतिक वस्तुओं तक सीमित नहीं है अभौतिक रूप में ज्ञान, संगीत, नृत्य, त्यौहार और लोककथाओं को भी सम्मिलित करती है। सांस्कृतिक विरासत समाज की पहचान, इतिहास और गौरव का प्रतीक होती है। यह अतीत से वर्तमान को जोड़ती है और भविष्य की पीढ़ियों को उनके सांस्कृतिक मूल्यों से परिचित कराती है। सांस्कृतिक विरासत से आशय उन परंपराओं, धरोहरों और अभिव्यक्तियों से है जो किसी समाज की ऐतिहासिक पहचान और सांस्कृतिक निरंतरता को दर्शाती है। यह किसी समुदाय की जीवन शैली, आस्था, कला, स्थापत्य, रीति–रिवाज और मूल्यों का दर्पण होती है। यूनेस्को के अनुसार सांस्कृतिक विरासत दो प्रकार की होती है– भौतिक सांस्कृतिक विरासत– इसमें वे सभी भौतिक धरोहरें आती हैं जिन्हें प्रत्यक्ष रूप से देखा और स्पर्श किया जा सकता है जैसे– ऐतिहासिक स्मारक, मंदिर, मस्जिद, चर्च, किले, मूर्तियाँ, चित्रकला, स्थापत्य, हस्तशिल्प और पुरातात्विक अवशेष। अभौतिक सांस्कृतिक विरासत जैसे–पवित्र नदियाँ, पर्वत, वन क्षेत्र आदि आते हैं जिन्हें सांस्कृतिक आस्था और मान्यताओं में गहराई से निहित हैं। सांस्कृतिक विरासत किसी

समाज की ऐतिहासिक चेतना, पहचान और गौरव का प्रतीक है जो न केवल अतीत को संरक्षित करती हैं बल्कि वर्तमान और भविष्य की सांस्कृतिक दिषा भी निर्धारित करती है।

**पर्यटन विकास और सांस्कृतिक विरासत का अंतर्संबंध–** पर्यटन और सांस्कृतिक विरासत का संबंध अत्यंत गहरा और परस्पर सहायक है। किसी समाज की सांस्कृतिक विरासत जिसमें ऐतिहासिक स्मारक, मंदिर, किले, महल, पुरातात्विक स्थल, लोकनृत्य, संगीत, त्यौहार और पारंपरिक कला शामिल हैं ये पर्यटन के मुख्य आकर्षण का आधार बनती हैं। पर्यटक इन स्थलों और परंपराओं का अनुभव करने के लिए किसी क्षेत्र का दौरा करते हैं, जिससे स्थानीय और राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को लाभ मिलता है। इस तरह सांस्कृतिक विरासत पर्यटन को केवल आकर्षक नहीं बनाती बल्कि यह सामाजिक और आर्थिक विकास में भी योगदान देती है। पर्यटन से उत्पन्न आय से स्मारकों और धरोहर स्थलों के संरक्षण, रख–रखाव और संवर्धन के प्रयास तेज होते हैं। स्थानीय समुदाय इस संबंध में अहम भूमिका निभाता है। पर्यटन के कारण गाइड होटल, परिवहन, हस्तशिल्प और कला उद्योग मे रोजगार उत्पन्न होता है। इसके अतिरिक्त सांस्कृतिक पर्यटन अंतर–सांस्कृतिक संवाद और वैश्विक समझ को बढ़ावा देता है। विदेशी और देशी पर्यटक स्थानीय संस्कृति, रीति–रिवाज और परंपराओं को अनुभव करके सांस्कृतिक आदान–प्रदान करते हैं।

**भारत में सांस्कृतिक पर्यटन–** भारत विश्व का सबसे प्राचीन और विविधतापूर्ण सांस्कृतिक धरोहरों वाला देश है। यहाँ हजारों वर्षों से चली आ रही परंपराएँ, रीति–रिवाज, कला, साहित्य, स्थापत्य, संगीत, नृत्य और धार्मिक मान्यताएँ सांस्कृतिक विविधता का अद्धितीय उदाहरण प्रस्तुत करती हैं। यही कारण है कि भारत सांस्कृतिक पर्यटन के लिए एक महत्वपूर्ण आकर्षण केंद्र है। सांस्कृतिक पर्यटन से आशय केवल दर्शनीय स्थलों के भ्रमण तक सीमित नहीं है इसमें लोगों के जीवन–शैली, लोककला, त्योहारों, धार्मिक स्थलों, ऐतिहासिक स्मारकों तथा स्थानीय खान–पान के अनुभवों को शामिल किया जाता है। भारत में सांस्कृतिक पर्यटन का स्वरूप मुख्यत: निम्न आयामों में दिखाई देता है–

1. **धार्मिक और तीर्थ पर्यटन–** भारत को आध्यात्मिक भूमि कहा जाता है। यहाँ वाराणसी, उज्जैन, हरिद्वार, अमृतसर का स्वर्ण मंदिर, पुष्कर, वैष्णो देवी, तिरूपति बालाजी, जगन्नाथपुरी, काशी विश्वनाथ, बद्रीनाथ, केदारनाथ और शिर्डी जैसे तीर्थ स्थल लाखों श्रद्धालुओं और पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। इसी प्रकार बौद्ध तीर्थ जैसे बोधगया, सारनाथ और कुशीनगर तथा अजमेर शरीफ दरगाह, फतहपुर सीकरी आदि धार्मिक समरसता के केंद्र हैं।

2. **ऐतिहासिक और स्थापत्य पर्यटन**– भारत की ऐतिहासिक धरोहरें इसकी सांस्कृतिक पर्यटन की रीढ़ हैं। आगरा का ताजमहल, दिल्ली का लाल किला, कुतुबमीनार, जयपुर का हवा महल, खजुराहो के मंदिर, कोणार्क का सूर्य मंदिर स्थापत्य कला के अद्भुत उदाहरण हैं। ये स्मारक इतिहास की झलक प्रस्तुत करते हैं और भारत की समृद्ध शिल्पकला और स्थापत्य कौशल का परिचय भी कराते हैं।

3. **त्योहार और मेले–** भारत का सांस्कृतिक पर्यटन इसके त्योहरों और मेलों से भी समृद्ध है। दीपावली, होली, दुर्गा पूजा, ईद, क्रिसमस जैसे त्योहार पूरे देश में उल्लासपूर्वक मनाए जाते हैं। वहीं कुंभ मेला, पुष्कर मेला, गोवा कार्निवल, नागालैंड का हॉर्नबिल फेस्टिवल और राजस्थान का डेजर्ट फेस्टिवल लाखों देशी–विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करते हैं।

4. **लोककला और शास्त्रीय कला–** भारत के विभिन्न क्षेत्रों की अपनी लोककलाएँ और शास्त्रीय नृत्य संगीत की परंपराएँ हैं। भरतनाट्यम, कत्थक, ओडिसी, कथकली और कुचिपुड़ी जैसे नृत्य भारत की पहचान हैं। वहीं भांगड़ा, गरबा, लावणी, घुमर जैसे नोकनृत्य भी सांस्कृतिक पर्यटन के आकर्षण हैं। संगीत में शास्त्रीय रागों से लेकर लोकगीत और सूफी संगीत तक की विविधता देखने को मिलती है।

5. **हस्तशिल्प और खान–पान–** भारत के हस्तशिल्प, बुनाई और शिल्पकला भी पर्यटकों को लुभाते हैं। कश्मीर की पश्मीना शॉल, वाराणसी की बनारसी साड़ी, राजस्थान की जूतियाँ, दक्षिण भारत के कांस्य शिल्प प्रसिद्ध हैं। इसी प्रकार भारतीय व्यंजनों की विविधता–मशालेदार उत्तर भारतीय भोजन, दक्षिण भारत का डोसा–इडली, गुजराज का ढोकला, बंगाल की मिठाईयाँ और गोवा का सी–फूड पर्यटकों को विशेष अनुभव कराते हैं। भारत में सांस्कृतिक पर्यटन का स्वरूप अत्यंत व्यापक और विविधतापूर्ण है। आज वैश्वीकरण के दौर में लोग नए अनुभवों की खोज में हैं तब भारत का सांस्कृतिक पर्यटन उन्हें विविधता और एकता का अद्धितीय संगम प्रदान करता है। इससे आर्थिक विकास होता है तथा सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत की पहचान भी सुदृढ़ होती हैं।

**सांस्कृतिक विरासत आधारित पर्यटन के लाभ–**भारत सहित विश्व के अनेक देशों में सांस्कृतिक विरासत पर्यटन तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। यह पर्यटन दर्शनीय स्थलों की यात्रा तक सीमित नहीं है किसी देश, क्षेत्र या समुदाय की संस्कृति, इतिहास और परंपराओं को गहराई से जानने का अवसर प्रदान करता है। सांस्कृतिक विरासत आधारित पर्यटन से न केवल आर्थिक विकास होता है बल्कि समाज और संस्कृति दोनों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसके लाभ इस प्रकार हैं–

1. **आर्थिक विकास और रोजगार सृजन–** सांस्कृतिक विरासत पर्यटन किसी देश की अर्थव्यवस्था को सषक्त बनाता है। जब पर्यटक ऐतिहासिक स्थलों, मंदिरों, किलों, महलों और सांस्कृतिक आयोजनों में आते हैं तो स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ते हैं। होटल, परिवहन, गाईड सेवा, हस्तशिल्प बिक्री, रेस्टॉरेन्ट, पर्यटन एजेंसियाँ और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से आय के स्रोत बनते है।

भारत में सांस्कृतिक पर्यटन से होने वाली आय से पिछले दस वर्षों में महत्वपूर्ण वृद्धि देखी गई है। 2013 से 2023 तक के आंकड़ों के अनुसार विदेशी मुद्रा में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

**सांस्कृतिक पर्यटन से विदेशी मुद्रा में आय– (2013–2023)**

| वर्ष | विदेशी मुद्रा आय ( करोड़ रू.) | वृद्धि दर (%) |
|---|---|---|
| 2013 | 107563 | – |
| 2014 | 120366 | 11.90 |
| 2015 | 134843 | 12.03 |
| 2016 | 150750 | 11.80 |
| 2017 | 178189 | 18.20 |
| 2018 | 195312 | 9.61 |
| 2019 | 216467 | 10.83 |
| 2020 | 50136 | –76.84 |
| 2021 | 65070 | 29.79 |
| 2022 | 139935 | 115.05 |
| 2023 | 275000 करोड़ अनुमानित | 147.7 |

**स्रोत:** भारत पर्यटन सांख्यिकी 2023, पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार




2023 में विदेशी पर्यटकों द्वारा खर्च की गई राशि 2.75 लाख करोड़ रू. तक पहुँच गई जो 2022 की तुलना में 147.7 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। यह वृद्धि महामारी के बाद पर्यटन क्षेत्र में सुधार और सांस्कृतिक स्थलों की बढ़ती लोकप्रियता को दर्षाती है। सांस्कृतिक पर्यटन से होने वाली आय में इस वृद्धि का प्रमुख कारण भारत की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर, ऐतिहासिक स्मारक, धार्मिक स्थल और विविध लोक परंपराएँ हैं। सरकार की पहलें जैसे देखो अपना देश अभियान साथ ही बेहतर बुनियादी ढ़ाँचा और प्रचार-प्रसार ने इस क्षेत्र को और भी सशक्त किया है।

2. **सांस्कृतिक संरक्षण और संवर्धन-** सांस्कृतिक पर्यटन लोगों को अपनी धरोहरों के महत्व का बोध होता है। जब पर्यटक बड़ी संख्या में किसी स्मारक या सांस्कृतिक स्थल पर आते हैं तो सरकार और स्थानीय समुदाय उनके संरक्षण पर ध्यान देने लगते हैं। जिससे नई पीढ़ी को भी इनसे जोड़ने का अवसर मिलता है।

3. **स्थानीय कला, शिल्प और परंपराओं को बढ़ावा-** पर्यटक हमेशा स्थानीय हस्तशिल्प, लोककला और परंपराओं में रूचि लेते हैं। राजस्थान के ब्लू पॉटरी, कच्छ की कढ़ाई, वाराणसी की साड़ियाँ, मध्यप्रदेश के गोंड़ चित्रकला, कश्मीर की पश्मीना शॉल ये सब सांस्कृतिक पर्यटन की वजह से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध हुए हैं। इससे कारीगरों और शिल्पकारों को पहचान के साथ आर्थिक लाभ होता है।

4. **सामाजिक एकता और सांस्कृतिक आदान-प्रदान**- सांस्कृतिक पर्यटन से विभिन्न क्षेत्रों और देशों के लोग एक-दूसरे से जुड़ते हैं। यह सांस्कृतिक आदान-प्रदान और आपसी समझ को बढ़ाता है। जब विदेशी पर्यटक भारत के त्योहारों, नृत्यों या भोजन का अनुभव करते हैं तो वे भारतीय संस्कृति को गहराई से समझ पाते हैं।

5. **शिक्षा और ज्ञान का विस्तार-** सांस्कृतिक पर्यटन मनोरंजन का साधन मात्र नहीं है यह शिक्षा का माध्यम भी है। ऐतिहासिक स्मारक, संग्रहालय, कला दीर्घाएँ और पारंपरिक उत्वस युवाओं और छात्रों को अपने इतिहास और संस्कृति की गहरी समझ प्रदान करते हैं। यह अनुभव पुस्तकों से कहीं अधिक जीवंत और प्रभावशाली होता है।

6. **ग्रामीण और कम विकसित क्षेत्रों का विकास-** सांस्कृतिक धरोहरें और लोककलाएँ ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक मिलती हैं। जब पर्यटक वहाँ जाते हैं तो उन क्षेत्रों में बुंनियादी ढ़ाँचे का विकास होता है। ग्रामीण क्षेत्र भी राष्ट्रीय विकास की धारा में शामिल होते हैं।

7. **पर्यावरणीय जागरूकता-** सांस्कृतिक पर्यटन का संबंध प्राकृतिक स्थलों और पर्यावरण से भी होता है। जब पर्यटक प्रकृति और संस्कृति का अनुभव करते हैं तो उनमें पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ती है। सरकार और स्थानीय निकाय भी पर्यटन स्थलों को स्वच्छ और हरित बनाए रखने पर अधिक ध्यान देते हैं।

सांस्कृतिक विरासत आधारित पर्यटन से आर्थिक लाभ के साथ सामाजिक एकता, सांस्कृतिक संरक्षण, शिक्षा और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग भी प्रदान करता है। यह हमारी प्राचीन परंपराओं और धरोहरों को नई पीढ़ी तक पहँचाने का एक सशक्त साधन है। इस प्रकार सांस्कृतिक पर्यटन राष्ट्र की सांस्कृतिक अस्मिता को संरक्षित करते हुए सतत् विकास की दिषा में महत्वपूर्ण योगदान देता है।

**चुनौतियाँ-** सांस्कृतिक विरासत आधारित पर्यटन आज विष्व में तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। भारत जैसे देश में इसकी अपार संभावनाएँ हैं क्योंकि हजारों वर्षों की ऐतिहासिक धरोहरें, मंदिर, मस्जिद, किले, महल, कला और परंपराएँ विद्यमान हैं। परंतु इनके विकास और संरक्षण में अनेक चुनौतियाँ आती हैं यदि इन चुनौतियों का समाधान नहीं किया गया तो पर्यटन उद्योग प्रभावित होगा और सांस्कृतिक धरोहरों का अस्तित्व भी संकट में पड़ सकता है।

1. **संरक्षण और रख-रखाव की समस्या-** भारत की अनेक ऐतिहासिक इमारतें, स्मारक और धरोहरें समय के साथ प्रदूषण और उपेक्षा के कारण जर्जर हो रहीं हैं। ताजमहल का संगमरमर प्रदूषण से पीला पड़ गया है। अनेक किलों और महलों की दीवारें टूट रही हैं। पर्यटन बढ़ने से भीड़ का दबाव बढ़ता है जिससे धरोहरों के संरक्षण में कठिनाई आती है।

2. **अत्यधिक पर्यटक दबाव-** कई प्रसिद्ध सांस्कृतिक स्थलों पर पर्यटकों की संख्या क्षमता से अधिक होती है। इससे प्रदूषण, धरोहरों को क्षति और स्थानीय लोगों के जीवन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

3. **व्यवसायीकरण और सांस्कृतिक मूल्यों का ह्रास-** सांस्कृतिक पर्यटन से बढ़ते बाजार में कई बार पारंपरिक कला, नृत्य, हस्तशिल्प और त्योहार केवल प्रदर्शन तक सीमित हो जाते हैं। जबकि संस्कृति को केवल पर्यटकों को आकर्षित करने का साधन बनाया जाता है, तो उसकी मौलिकता और अध्यात्मिकता खाने लगती है।

4. **बुनियादी ढ़ाँचे की कमी-** ग्रामीण दूरदराज क्षेत्रों में जहाँ समृद्ध सांस्कृतिक धरोहरें हैं वहाँ सड़क, परिवहन, स्वच्छता, पानी, इंटरनेट और ठहरने की सुविधाओं का अभाव है। उचित बुनियादी सुविधा न होने से पर्यटक वहाँ जाना कम पसंद करते हैं।

5. **अपर्याप्त वित्तीय संसाधन-** धरोहर स्थलों के संरक्षण और प्रचार-प्रसार के लिए पर्याप्त धन की आवश्यकता होती है। कई बार सरकार और स्थानीय निकायों के पास आवश्यक संसाधन नहीं होते। निजी क्षेत्र भी केवल व्यवसायिक दृष्टि से निवेश करता है।

6. **प्रबंधन और सुरक्षा की चुनौतियाँ-** अनेक ऐतिहासिक स्थलों पार सुरक्षा की कमी होती है। स्मारकों पर तोड़-फोड़, दीवारों पर लिखाई या चोरी जैसी घटनाएँ होती हैं। कई जगहों पर गाइड की कमी या अनुचित व्यवहार भी पर्यटकों के अनुभव को प्रभावति करता है।

7. **स्थानीय समुदाय की उपेक्षा-** कई बार पर्यटन योजनाएँ बनाते समय स्थानीय समुदाय को शामिल नहीं किया जाता। इससे लोगों में असंतोष फैलता है क्योंकि वे अपनी संस्कृति और परंपराओं को केवल प्रदर्शनी की

वस्तु मानने लगते हैं।

8. **पर्यावरणीय चुनौतियाँ–** सांस्कृतिक धरोहरों वाले स्थल प्राय: प्राकृतिक संसाधनों से जुड़े होते हैं। अत्यधिक पर्यटन से जल, वायु और ध्वनि प्रदूषण बढ़ता है। प्लास्टिक और कचरा भी स्मारकों की सुंदरता हो नष्ट करता है।

9. **वैश्वीकरण का प्रभाव–** वैश्वीकरण और आधुनिकता के दौर में युवा पीढ़ी पारंपरिक संस्कृति से दूर होती जा रही है। सांस्कृतिक पर्यटन यदि केवल विदेशी पर्यटकों पर केंद्रित हो जाए तो स्थानीय समाज अपनी ही संस्कृति से विमुख हो सकता है। इससे सांस्कृतिक विविधता और विशिष्टता खतरे में पड़ती है।

10. **नीतिगत और प्रशासनिक समस्याएँ–** सांस्कृतिक पर्यटन से जुड़ी योजनाएँ कागजों पर रह जाती हैं। कई बार केन्द्र और राज्य सरकारों के बीच समन्वय की कमी होती है। भ्रष्टाचार और लापरवाही भी संरक्षण कार्यों में बाधा डालते हैं।

सांस्कृतिक विरासत आधारित पर्यटन अपार संभावनाओं से भरा हुआ है, लेकिन इसके सामने अनेक चुनौतियाँ भी हैं। धरोहरों का संरक्षण, भीड़ प्रबंधन, स्थानीय समुदाय की भागीदारी, उचित वित्तीय निवेष और पर्यावरणीय संतुलन इसके सतत विकास के लिए आवश्यक है।

**समाधान एवं सुझाव–** सांस्कृतिक विरासत आधारित पर्यटन किसी भी देश की पहचान, अर्थव्यवस्था और सांस्कृतिक अस्मिता को मजबूत बनाने का साधन है। भारत जैसे देश में जहाँ विविधता और प्राचीनता से परिपूर्ण धरोहरें हैं। इनके समक्ष अनेक चुनौतियाँ भी हैं। इन चुनौतियों के कुछ समाधान और सुझाव निम्नानुसार हैं–

1. **संरक्षण और रख–रखाव को प्राथमिकता–** ऐतिहासिक स्मारकों और धरोहरों की नियमित देखभाल और संरक्षण कार्य योजनाबद्ध तरीके से किया जाये। स्थनीय प्रषासन, पुरातत्व विभाग और निजी संस्थानों के बीच सहयोग की व्यवस्था हो।

2. **भीड़ प्रबंधन और सतत् पर्यटन–** प्रसिद्ध स्थलों पर पर्यटकों की संख्या सीमित करने लिए ऑनलाईन बुकिंग सिस्टम, टाईम स्लॉट और गाइडेड टूर की व्यवस्था की जाये। सतत पर्यटन नीति के अंतर्गत पर्यावरण और संस्कृति दोनों का संतुलन बनाए रखा जाए।

3. **सांस्कृतिक मौलिकता का संरक्षण–** पारंपरिक कला, नृत्य, संगीत और त्योहारों को केवल प्रदर्षन की वस्तु न माना जाए। कलाकारों और शिल्पकारों को उचित पारिश्रमिक, प्रशिक्षण और मंच प्रदान किया जाए।

4. **बुनियादी ढ़ाँचे का विकास–** ग्रामीण और दूरस्थ सांस्कृतिक स्थलों तक पहुँचने के लिए सड़क, परिवहन और स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार किया जाए। साफ–सुथरे शौचालय, पेयजल, विश्राम गृह बनाये जायें। इंटरनेट और मोबाईल कनेक्टीविटी भी पर्यटन स्थलों पर उपलब्ध कराई जाए।

5. **वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता–** पर्यटन से प्राप्त राशि को धरोहर संरक्षण में लगाया जाए। निजी क्षेत्र को कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत धरोहर संरक्षण परियोजनाओं में भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया जाए।

6. **सुरक्षा और प्रबंधन सुधार–** ऐतिहासिक स्मारकों की सुरक्षा के लिए प्रशिक्षित गार्ड, सीसीटीवी और आधुनिक सुरक्षा उपकरण लगाए जाएँ। अनुशासन और स्वच्छता के कड़े नियम बनाए जाएँ और उनका पालन सुनिश्चित किया जाए।

7. **स्थानीय समुदाय की भागीदारी–** पर्यटन योजनाओं में स्थानीय गाँवों और कस्बों के युवाओं को गाइड, शिल्पकार, कलाकार या उद्यमी के रूप में अवसर दिए जाएँ। इससे वे आर्थिक लाभ के साथ अपनी संस्कृति को संर.क्षित करने के लिए अधिक उत्साहित रहेंगे।

8. **पर्यावरणीय संरक्षण–** पर्यटन स्थलों पर प्लास्टिक और प्रदूषण पर रोक लगाने के बड़े कदम उठाए जाएँ। इको टूरिज्म को बढ़ावा दिया जाये ताकि पर्यावरण और धरोहर दोनों सुरक्षित रहें। पर्यटकों को पर्यावरण संरक्षण की जानकारी दिया जाये।

9. **नीतिगत और प्रशासनिक सुधार–** केंद्र और राज्य सरकारों के बीच समन्वय स्थापित कर संयुक्त नीतियाँ बनाई जाए। निगरानी तंत्र मजबूत किया जाये। पर्यटन केंद्रों पर सूचना केंद्रों की स्थापना की जाए।

सांस्कृतिक विरासत आधारित पर्यटन में चुनौतियाँ गंभीर अवश्य हैं परंतु योजनाबद्ध संरक्षण, सतत प्रबंधन व आधुनिक तकनीक का उपयोग से इन्हें दूर किया जा सकता है।

**निष्कर्ष–** सांस्कृतिक विरासत आधारित पर्यटन आर्थिक लाभ के साधन के साथ वह सेतु है जो अतीत की गौरवशाली धरोहर को वर्तमान की अवश्यकताओं और भविष्य की संभावनाओं से जोड़ता है। यदि इसे योजनाबद्ध तरीके से विकसित किया जाए तो यह सांस्कृतिक अस्मिता को सुदृढ़ करेगा और आगे आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्रोत भी बनेगा।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :–**

1. राधेशरण (1987) भारत की सांस्कृतिक धरोहर, पुष्पराज प्रकाशन, इलाहाबाद (उ.प्र.)।
2. मौर्य, एस.डी. (2022) पर्यटन भूगोल, शारदा पुस्तक भवन प्रयागराज।
3. खत्री, हरीश कुमार (2020) पर्यटन भूगोल, कैलाश पुस्तक सदन भोपाल।
4. बंसल, सुरेश चंद्र (2019) पर्यटन भूगोल एवं यात्रा प्रबंधन।
5. https://www.mdpi.com/2071-1050/15/15/11986
6. https://cdn.visionias.in/value_added_material/9af28-weekly-focus-123_indias-cultural-heritage.pdf
7. https://en.wikipedia.org/wiki/Heritage_tourism
8. https://www.inspirajournals.com/uploads/Issues/1144197082.pdf

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LI (51), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# सरोगेसी : महिला शोषण का कुचक्र

**नरेन्द्र सिंह पंवार***

* शोधार्थी, मोहनलाल सुखाडिया विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत

**प्रस्तावना –** लिंग आधारित भेदभावपूर्ण सामाहिक तंत्र में पुनरुत्पादन सम्बन्धी तकनीकी का दुरुपयोग न केवल बच्ची को कोख में ही मार डालने के लिए किया जा रहा है अपितु उसी कोख को किराये पर देकर मोटी कमाई करने का जरिया भी बना दिया गया है, जिसे सरोगेसी के नाम से जाना जाता है, सरोगेसी अर्थात् किराए की कोख, प्रजनन संबंधी इस प्रक्रिया में बच्चा चाहने वाले असमर्थ दम्पति अथवा एकल स्त्री व पुरुष आई.वी.एफ. (In Vitro fertilization) द्वारा अपने बच्चे का जन्म एक समझौते के तहत किसी अन्य महिला से करवाया जाता है, जिसके बदले में उसे पैसा दिया जाता है, यानी जैविकीय पेरेंट्स और अजैविकीय मां के बीच समझौते के तहत बच्चे का जन्म।

अगर कोई महिला अपने स्वास्थ्य संबंधी तमाम तरह की जोखिम उठाकर भी सरोगेट मां बनने जैसी कष्टप्रद व पीड़ादायक स्थिति को झेलते हुए महज चन्द पैसे के लिए किसी दूसरे के बच्चे को पैदा करने के लिए राजी हो जाती है तो उस महिला की मजबूरी की पराकाष्ठाको समझा जा सकता है। भारत में सरोगेसी उद्योग के फलने-फूलने का कारण गरीब महिलाओं की आसानी से उपलब्धता है। इससे हम महिला के दासत्व का भी अंदाज लगा सकते हैं। महिला की दमित स्थिति जो उसे सरोगेसी के धंधे में धकेलती है, एक प्रकार का न केवल सामाजिक कलंक है अपितु महिला सशक्तिकरण के सरकारी दावों के खोखलेपन को भी उजागर करती है। वस्तुत: जिस सामंती-पूंजीवादी तंत्र में हम रहते हैं उसमें हर चीज कमोडिटी है। महिला की कोख भी एक कमोडिटी है। बच्चा पैदा करने वाली एक उपयोगी मशीन। जिसके चलते तस्करी में लगे अपराधी वंचित-लाचार महिलाओं की कोख में भी बाजार तलाश रहे हैं और उनका यौन शोषण कर रहे हैं।

सरकार महिलाओं की उन आर्थिक मजबूरियों को जो उन्हें इस नारकीय धंधे में धकेलती है, को खत्म करने की जिम्मेदारी लेने के बजाय विधेयक द्वारा इस अमानवीय कृत्य का नियमनभर कर रही है। इस सम्बन्ध में हाल ही में सरोगेसी के बढ़ते व्यवसायीकरण पर पाबंदी लगाने की मनसा जाहिर करते हुए कैबिनेट में सरोगेसी बिल को मंजूरी दी है। किन्तु विधेयक की मूल भावना इसे रोकने की कम, विधमान पितृसत्तात्मक पारिवारिक ढांचे को बचाने की कवायद अधिक है। अपनी सत्तात्मक संरचना में यह प्रतिक्रियावादी व महिला विरोधी है। इस सामाजिक अपराध में मानवीय संवेदनाओं से जुड़े अनेक ऐसे भावात्मक पहलुओं की पूरी तरीके से अनदेखी की गई है जो अदृश्य हैं किन्तु जीवन को गहन रूप से प्रभावित करते हैं। हालांकि विधेयक ऊपरी तौर पर काफी आशाएं जगाता है। मसलन, इसके मुख्य प्रावधानों में न केवल अक्षम दंपति ही सरोगेसी करवा सकेंगे बल्कि केवल भारतीय दंपतियों के लिए ही सरोगेसी की अनुमति है। इस बिल में अविवाहित महिला पुरुष, सिंगल पैरेंट, समलैंगिक माता-पिता, लिव इन रिलेशनशिप्स में रहने वालों या शौकिया सरोगेसी की इजाजत नहीं दी गई है। इसके साथ ही कई ओर भी प्रावधान हैं जिनके तहत कौन महिला व कितनी बार सरोगेट बन सकती है, कौन क्लीनिक सरोगेसी करवा सकेगी, बच्चा चाहने वाले दम्पति की उम्र क्या होगी, सरोगेसी कौन करवा सकेंगे, इत्यादि।

बिल की भावना साफ दिखती है कि सरकार की नजर में सरोगेसी अपने आप में गलत व अनैतिक नहीं है इसलिए बिल के पूरे प्रावधान इसके दुरुपयोग को रोकने पर केन्द्रित हैं। मतलब साफ है यदि इसे मर्यादित ढंग से चलाया जाये तो सरकार की नजर में अनुचित नहीं है और मानव भ्रूण के इस कारोबार पर जिस तरह की बहस चलाई जा रही है वह सरोगेसी पर न होकर केवल व्यवसायिक सरोगेसी की रोक पर है। ये औपचारिक प्रयास एक तरह से रोग को मिटाने की बजाय उसके लक्षण से लड़ने जैसे हैं जिसमें मूल प्रश्न व समस्याओं को या तो बहस से बाहर कर दिया जाता है या फिर बहस को भटकाकर उन्हें पृष्ठभूमि में धकेल दिया जाता है। मूलप्रश्न है सरोगेसी क्यों चाहिए? यदि संतान सुख लेना ही इसका उद्देश्य होता तो हमारा सामाजिक तंत्र इसके दूसरे अवसर देता है। बच्चे को गोद लिया जा सकता है अथवा किसी अनाथ बच्चे को अपनाया जा सकता है। किन्तु सरोगेसी से बच्चा करने की प्राथमिकता दिखाती है कि यह महज संतान सुख का मुद्दा नहीं है। वस्तुत: यह पितृसत्तात्मक व्यवस्था का पोषक व वाहक दोनों है जिसमें 'रक्त की शुद्धता' प्रधान रहती है जिसके मूल में 'मैं, मेरा और मेरे बाद कौन' के उत्तराधिकार का सामाजिक मनोविज्ञान प्रमुख रहता है जिसकी ऐतिहासिक जड़े हैं। 'निजी संपत्ति एवं सत्ता' आधारित समाजों में 'एक पत्नी विवाह' प्रणाली 'मेरा खून', 'मेरा वारिस' की जरूरत का उत्पाद है। मौजूदा बिल में भी वैवाहिक दम्पत्ति से इतर अन्य अविवाहित महिला पुरुष, सिंगल पैरेंट, होमोसेक्सुअल और लिव इन रिलेशनशिप्स में रहने वालों को सरोगेसी से वंचित कर देना भी पितृसत्तात्मक तंत्र को मजबूती प्रदान करना है। विवाह के ये स्वरूप परम्परागत पितृसत्तात्मक मातृत्व एवं वैवाहिक प्रणाली को चुनौती देते हैं। प्रस्ताव है कि विवाहित दम्पति के अलावा सरोगेसी जुर्म होगा जिसमें दोषी को 10 साल की जेल और 10 लाख रुपए तक का जुर्माना हो सकता है। बिल की पूरी भावना जैविकीय पैतृत्व पर जोर देती है। यह बिल 2008 के 'सहायक पुनरुत्पादन तकनीकी' (ART) बिल का ही नया रूप है जिसमें सरोगेट मदर व बच्चे के अधिकारों और सुरक्षा के सवालों की अनदेखी की गई और इस उद्योग में लगे लोगों पर कोई पाबंदी नहीं लगाई गई थी। यह हास्यास्पद है कि इस बिल में भी इस अमानवीय अपराध में लिप्त न दलालों, न कमीशनखोरों, न डाक्टरों, न क्लीनिक व

स्पर्म बैंक चलने वालों के लिए कोई सजा है। सरोगेट बनने को मजबूर महिला के कोई अधिकार नहीं हैं। उसकी व उसके परिवार की सुरक्षा की कोई गारंटी नहीं है, न ही कोई बीमा का प्रावधान है। उल्टा पाबंद करते हैं कि सरोगेट सरोगेसी के दौरान अपने पति से न मिले। गर्भ के दौरान सरोगेट किसी गंभीर बीमारी का शिकार हो, उसकी जान संकट में आ जाये, उसका गर्भपात हो जाये, डिलीवरी के दौरान उसकी मृत्यु हो जाये जैसे अनेकानेक मुद्दे हैं जिन पर स्पष्ट नीति व कानून की सख्त जरूरत है। राज्य सरोगेट मदर को न्यायोचित समझौता करने में कोई कानूनी हैं। सहायता नहीं करता है, यहां तक कि यदि उसे किये गयेसमझौते के अनुसार पैसा नहीं मिलता है तो उसे अदालत का दरवाजा खटखटाने का हक होगा की नहीं, इस सम्बन्ध में कोई स्पष्ट व व्यवहारिक नीति सामने नहीं आयी है।

इस व्यवसाय में मोटी रकम वसूलने वाले डॉक्टर, दलाल, क्लीनिक मालिक दम्पति से लिये जाने वाले पैसे का बड़ा हिस्सा आपस में बांट लेते हैं और सरोगेट को बहुत ही कम पैसा हाथ लगता है, जिस पर लगाम कसने सम्बन्धी सरकार की कोई ठोस कदम उठाने की इच्छा दिखाई नहीं देती है। यह स्थिति उस समय और भी गंभीर बन जाती है जब कुछ नारीवादी अथवा इस खरीद-फरोख्त से लाभलेने वाले इस बहस को महिला के सामाजिक उत्पीड़न, श्रम के शोषण, घरेलू काम-काज में हिंसा, वेश्यावृत्ति के कारोबार का हवाला देकर इसकी परोपकारी व्याख्या कर सही ठहराते हैं। तकनीकी विकास का यह दुरुपयोग दिखता है कि यदि व्यवस्था मानव विरोधी है तो तकनीकी विकास भी हाशिये के जनगण के लिए वरदान नहीं अभिशाप बन कर आता है। सरोगेसी की धारणा अपने आप में न केवल अप्राकृतिक व मानवाधिकार विरोधी है बल्कि महिला व बच्चे के शोषण पर टिकी हुई है। नवजात शिशु अपंग है, किसी लाइलाज रोग का शिकार है, मनचाहा रंग नहीं है, सरोगेसी के दौरान दम्पति में तलाक हो गया और बच्चे को लेने के लिए कोई तैयार नहीं है या गर्भावधि के दौरान दम्पति पत्नी मां बनने जा रही है, संभावित माता-पिता का मानस बदल गया है, इत्यादि स्थितियों में बच्चे की दुर्दशा का अनुमान लगाया जा सकता है। उसके नागरिक अधिकार निर्मम तरीके से कुचल जाते हैं। ऐसे में सरोगेट महिला की कठिनाइयां और बढ़ जाती हैं।

जब हम इसके नैतिक पहलुओं की बात करते हैंतो नैतिकता की इस बुनियादी शर्त को नजरंदाज कर देते हैं कि नैतिकता के मूल में व्यक्ति की चयन की आजादी और इच्छा-स्वातंत्र्य अंतर्निहित रहती हैं। इस दृष्टि से सरोगेसी किसी भी रूप में नैतिक नहीं है क्योंकि जो भी महिला सरोगेट बनने की सहमति देती है वह गरीब, शोषित व निम्न तबके की महिला है जिसकी मजबूरी व बाध्यता ही 'सहमति' का आवरण ओढ़कर आती है। संपन्न और अभिशप्त के बीच समझौते में कौन खोता है और कौन पाता है, इसका सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है। क्या शिशु जन्मने में होने वाली कठिनाइयों को महज पचास हजार-लाख रुपए देकर मोल अदा किया जा सकता है? पूरी प्रकिया में मां व बच्चा कहीं प्राथमिकता में नहीं हैं। सरोगेसी में पुरुष को कहीं कुछ भी झेलना अथवा जोखिम नहीं उठाना पड़ता है। सरोगेसी जिस पूंजीवादी व्यवस्था का और स-पुत्र है वह मनुष्य से पहले मुनाफा, समाज से पहले बाजार, आवश्यकता से पहले लाभ के मूलमंत्र पर घूमती है। जहां व्यक्ति की मान-मर्यादा, पद-प्रतिष्ठा, सब कुछ पैसे से तय होता है, वहां नैतिकता की बात करना एक तरह का मखौल है। पैसा ही नैतिक है, मूल्य है जिसका आसान शिकार महिला होती है।

सरोगेसी का एक रुचिकर पहलू यह भी है कि नि:संतान दम्पति में यदि महिला का अण्डाणु अनुर्वर है तो उसे अन्य महिला से लेने में कोई परेशानी नहीं है। यह अन्य महिला स्वयं सरोगेट हो सकती है या ) दानदाता भी हो सकती है। इस स्थिति में क्योंकि शुक्राणु दम्पति पुरुष के ही होते हैं इसलिए कोई आपति नहीं होती है। किन्तु यदि पुरुष के शुक्राणु अनुर्वर हैं तो मामला पेचीदा बन जाता है। अन्य पुरुष के शुक्राणु से पैदा हुआ बच्चा स्वीकार्य नहीं है क्योंकि रक्त की शुद्धता दांव पर है। दम्पति पत्नी की यदि सरोगेसी की प्रक्रिया में कोई भागीदारी नहीं है तो उसका बच्चे के साथ सहज भावात्मक लगाव भी नहीं हो पाता है जिसका नकारात्मक प्रभाव बच्चे के विकास व व्यक्तित्व निर्माण पर पड़ता है। इस वैकल्पिक मातृत्व के व्यवसाय में महिला चाहे दम्पति के रूप में हो या सरोगेट के रूप में, कीमत वही चुकाती है। पुरुष, तंत्र व लाभांवित होने वाली जमात किसी भी स्तर पर कुछ नहीं खोती है। महिला अपने स्वास्थ्य से लेकर सम्मान तक सब कुछ खो देने की कीमत चुकाती है। सरोगेसी के दौरान वह जिस मनोविज्ञान व भावनाओं से गुजरती है वहां मातृत्व का सुख भी बेचा जा रहा है। सरोगेट जब पुन: अपने पारिवारिक-सामाजिक जीवन में लौटती है तो वह जिस अपमान, हेय दृष्टि व बेइज्जती को झेलने के लिए अभिशप्त है उसकी क्षतिपूर्ति क्या देकर की जा सकती है?

यदि सरकार चाहती तो इस प्रकृति विरोधी शोषणकारी कृत्य पर पूरी तरह से अकुंश लगा सकती थी किन्तु ऐसा तभी होता जब वह महिला को इस पुनरुत्पादन के उद्योग के दलदल से निकालने की गंभीर इच्छा-शक्ति रखती हो। भाजपा सरकार जिस मनुवादी आदर्शों की बुनियाद पर खड़े विषमता पीड़ित सामाजिक तंत्र और चातुर्वर्णयं व्यवस्था को ईश्वरीय न्याय बताती है उसमें महिला सरोगेट तो बन सकती है किन्तु इंसानी जीवन जीने का सामाजिक परिवेश उसके जीवन का यथार्थ नहीं बन सकता।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. सरोगेसी (नियमन) विधेयक, 2016, 2019 एवं 2021
2. भारत सरकार द्धारा प्रस्तुत सरोगेसी बिल, जिसमें वाणिज्यिक सरोगेसी पर रोक और केवल परोपकारी (Altruistic) सरोगेसी की अनुमति का प्रावधान है।
3. सहायक प्रजनन तकनीक (ART) विधेयक, 2008 व 2021
4. शुलामिथ फायरस्टोन, सिल्विया फेडेरिची और भारतीय नारीवादी चिंतकों (उदा. वंदना शिवा, कमला भसीन) के लेखन, जिनमें महिला-शरीर के शोषण व पूंजीवादी उपयोग पर विमर्श मिलता है।
5. फ्रेडरिक एंगेल्स की पुस्तक *"The Origin of the Family, Private Property and the State"* (परिवार, निजी संपत्ति और राज्य की उत्पत्ति) कृ जिसमें 'रक्त की शुद्धता' और उत्तराधिकार आधारित पितृसत्ता की ऐतिहासिक जड़ें बताई गई हैं।
6. *Planning Commission Report (2012)* - भारत में सरोगेसी उद्योग और गरीब महिलाओं की भागीदारी पर आंकड़े।
7. मीडिया रिपोर्ट्स : *The Hindu, Indian Express, Down to Earth, Economic & Political Weekly (EPW)* में सरोगेसी पर नियमित आलेख प्रकाशित हुए हैं।
8. *Baby Manji Yamada v. Union of India (2008)*-सुप्रीम कोर्ट का महत्वपूर्ण निर्णय, जिसने भारत में सरोगेसी पर बहस को जन्म दिया।
9. *Jan Balaz v. Anand Municipality (2009)* - गुजरात हाईकोर्ट का केस, जिसमें सरोगेसी से पैदा बच्चे की नागरिकता पर प्रश्न उठा।

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LI (51), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# जीएसटी सुधार, आम परिवारों के लिये बचत बढ़ाने और समृद्धि देने वाला उपहार

**डॉ. रणजीत सिंह रावत***

* व्याख्याता, मॉडर्न ऑफिस मैनेजमेंट, शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, खरगोन (म.प्र.) भारत

**प्रस्तावना –** देश में नये जनरेशन के जीएसटी रिफार्म के माध्यम से जो सुधार किया वह आम आदमी, एमएसएमई (सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम) किसानों मध्यम वर्ग महिलाओं और युवाओं के जीवन को स्वावलंबी बनायेगा। यह आम आदमी के जीवन को सुविधा देने वाला उपहार हैं। जीएसटी स्वतंत्र भारत के सबसे बड़े आर्थिक सुधारों में से एक था। इसने देश को कई करों जटिल जाल से मुक्ति दिलाई। अब, जब भारत 21वी सदी में प्रवेश कर रहा है, जीएसटी सुधार का यह नया चरण जिसे मीडिया में कुछ लोग, जीएसटी 2.0 कह रहे हैं, वास्तव में नई जीएसटी दरें देश के समर्थन और विकास की दोहरी खुराक हैं। यह सुधार आम परिवारों के लिये बचत बढ़ाने और आर्थिक गति को मजबूत करने के दोहरे लाभ प्रदान करता हैं। अब मुख्य रूप से जीएसटी की दो श्रेणियां हैं, 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत। ये नई दरें 22 सितम्बर 2025 से लागू होगी। करोड़ों परिवार के लिये जरूरी चिजें और भी सस्ती हो जाएगी। इस साल धनतेरस और भी जीवन्त होगा क्योंकि दर्जनों वस्तुओं पर कर में काफी कमी की गई।

नवीनतम जीएसटी सुधार भारत के आर्थिक परिवर्तन की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है इन सुधारों ने देश की फलती-फुलती अर्थव्यवस्था में पांच प्रमुख रत्न जोड़े है।

**पहला,** कर प्रणाली काफी सरल हो गई है। **दुसरा** भारतीय नागरिकों के जीवन स्तर में और सुधार होगा। **तीसरा,** उपभोग और आर्थिक विकास को नया बल मिलेगा। **चौथा,** कारोबार करने में आसानी होगी, जिससे अधिक निवेश और रोजगार सृजन होगा। **पांचवा,** सहकारी संघवाद की भावना केन्द्र और राज्यों के बीच साझेदारी सुदृढ़ होगी जो एक विकसित भारत के लिये अत्यन्त आवश्यक है। वित्त मंत्रालय ने अपनी मासिक रिपोर्ट में कहा है कि जीएसटी दरों में हालिया कटौती से अगले वर्ष मंहगाई कम करने में मदद मिलेगी और देश विकास संभावनाओं में और तेजी आएगी।

2017 में केन्द्र सरकार ने जीएसटी लागू किया लेकिन उससे 10 वर्ष पहले से जीएसटी लागू करने की बात हो रहीं थी। हालांकि सरकार परिवर्तन के कारण जीएसटी नहीं आ सका। ताजा सुधारों से जीएसटी कलेक्शन में 8 से 9 प्रतिशत का असर पड़ने की आशंका हैं लेकिन खरीदारी बढ़ेगी तो अर्थव्यवस्था भी बढ़ेगी। आर्थिक विशेषज्ञों का कहना है कि त्योहारी सीजन में होने वाली इस रिकार्ड ब्रिकी से सरकार की योजना कामयाब होती दिख रहीं है। अर्थव्यवस्था में खपत बढ़ने से मैन्यूफैक्चरिंग एवं उद्योग कारोबार में बढोंत्तरी होगी।

**समीक्षा**

1. **मेक इन इण्डिया –** मेक इन इण्डिया अर्थात 'भारत में बनाओं' को बढ़ावा देना है तो कारखाना उद्योग लगाना पड़ेगे लेकिन मशीनों पर तो जीएसटी 18 प्रतिशत है, इसे कम किये जाने की जरूरत है।
2. **दवा और निर्माण क्षेत्र –** दवा उद्योग और निर्माण क्षेत्र भी जीएसटी से चिंतित है दवा पर जीएसटी कम कर दिया, लेकिन फार्मूलेशन यानी कच्चे माल पर टैक्स 18 प्रतिशत है, ऐसे में लाभ कैसे मिलेगा।
3. **ऑटोमोबाईल –** स्वचलित वाहनों में पर जीएसटी की कमी हुई। इसका लाभ भी ग्राहकों को दिया जा रहा हैं। इस सबके बीच बड़ा सवाल है कि डिलर्स के सेंस 4.5 हजार करोड़ रूपयें सरकार के पास अटके है, ये सेंस कैसे रिकवर होगा।
4. **होटल उद्योग –** पहले होटल के कमरे के किराये पर 12 प्रतिशत जीएसटी लगता था। अब साढ़े सात हजार तक के टेरिफ पर टैक्स पर 5 प्रतिशत कर दिया है। लेकिन दुसरे हाथ से होटलों को मिलने वाली इनपुट टैक्स केडिट (आईटीसी) को छिन लिया गया है। यदि आईटीसी नहीं दी गई है तो आम उपभोक्ता को घटे टैक्स का लाभ मिलने में संशय रहेगा।
5. **नोटबुक/किताब –** नोटबुक पर जीएसटी शून्य कर दिया गया, पर उसी कागज का अन्य उपयोग हो तो 18 प्रतिशत टैक्स लगेगा। एक ही कागज को बेचने पर अलग-अलग कैसे रखे? शून्य प्रतिशत बिल बनेगा तो आईटीसी रिवर्स करना होगा इसे तो कागज के आयातकों को लाभ और देश के उद्योगों को नुकसान है। कागज पर 12 से बढ़ाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है, ऐसे में किताबें और मंहगी होगी।
6. **सुधार और स्पष्टीकरण –** जीएसटी में सुधार और स्पष्टीकरण की आवश्यकता है। यदि जीएसटी 2 0 आया है तो जीएसटी 3.0 भी आ सकता है।
7. **इलेक्ट्रानिक व फैशन उत्पाद –** जीएसटी के ताजा बदलाव और दरों में कटौती का असर त्योहारी सीजन में होने वाली ब्रिकी पर साफ-साफ दिख रहा है। नवरात्र उत्सव के दौरान इलेक्ट्रानिक एफएमसीजी व फैशन जैसे उत्पादों की ब्रिकी में पिछले साल त्योहारी सीजन के मुकाबले 23-25 प्रतिशत तक बढ़ौतरी दिख रहीं है।
8. **दवाईया हुई सस्ती, सेहत हुई अच्छी –** 36 जीवन रक्षक दवाईयों

पर शून्य प्रतिशत जीएसटी तथा अन्य दवाईयों के दाम भी हुये कम, अब लोगो का दवाईयों का खर्चा हुआ कम, बचत भी बढ़ेगी।

9. स्क्रैप मेटल उद्योग का कच्चा माल है। स्क्रैप पर जीएसटी कर दिया जाएगा तो चोरी रूकेगी और 13 प्रतिशत तक राजस्व बढ़ जाएगा।

**निष्कर्ष –** 22 सितम्बर 2025 से लागू हुई जीएसटी व्यवस्था ने पिछली चार स्तरीय कर संरचना को 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत की दो प्रमुख स्लेब में बदल दिया था। इस बदलाव का उद्देश्य कर का बोझ कम करना और उपभोक्ताओं को राहत पहुंचाना है, अक्टुम्बर से ब्रिकी और बढ़ेगी इसके पिछे वजह यह है कि अभी ग्रामीण क्षेत्रों में लागों के हाथ में खासतौर पर किसानों के पास फसल की कमाई आनी शुरू नहीं हुई है। अमूमन यह अक्टुम्बर के पहले सप्ताह से शुरू हो जाती है। इस बार मानसून बहुत अच्छा रहा है और पिछले बजट में आयकर में छुट दी गई है। जीएसटी सुधार से खपत बढ़ने से रोजगार में बढ़ोत्तरी होगी। आर्थिक सुधारों को नया बल मिलेगा।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :–**

1. 15/09/2025 से 21/09/2025 रोजगार और निर्माण जनसम्पर्क विभाग मध्यप्रदेश शासन, भोपाल।
2. www.naidunia.com

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LI (51), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# श्रीमद्भगवद्गीता में योग

**इन्दु पटेल* प्रो. वेदप्रकाश मिश्र****

* शोध छात्रा (संस्कृत एवं प्राच्य भाषा विभाग) डॉ. सी. व्ही. रमन विश्वविद्यालय करगी रोड, कोटा, बिलासपुर (छ.ग.) भारत
** शोध निर्देशक (संस्कृत एवं प्राच्य भाषा विभाग) डॉ. सी. व्ही. रमन विश्वविद्यालय करगी रोड, कोटा, बिलासपुर (छ.ग.) भारत

**शोध सारांश –** गीता सुगीता कर्तव्या किमन्यै: शास्त्रसंग्रहै:।
या स्वयं पद्मनाभस्य मुखपद्माद्विनि:सृता।।[1]

वाराहपुराण में कहा गया है कि 'मैं गीता के आश्रय में रहता हूँ गीता मेरा श्रेष्ठ घर है। गीता के ज्ञान का सहारा लेकर ही मैं तीनों लोकों का पालन करता हूँ'।श्रीमद्भगवद्गीता की गणना प्रस्थानत्रय (उपनिषद्, ब्रह्मसूत्र, भगवद्गीता) में की जाती है। इसमें अर्जुनविषादयोग, सांख्ययोग, कर्मयोग , ज्ञानकर्मसन्न्यासयोग, कर्मसन्न्यासयोग, आत्मसंयमयोग, ज्ञानविज्ञानयोग, अक्षरब्रह्मयोग, राजविद्याराजगुह्ययोग,विभूतियोग, विश्वरुपदर्शनयोग, भक्तियोग, क्षेत्रक्षेत्रज्ञविभागयोग, गुणत्रयविभागयोग, पुरुषोत्तमयोग, दैवासुरसम्पद्विभागयोग, श्रद्धात्रयविभागयोग और मोक्षसन्न्यासयोग नामक अठारह अध्याय है। ज्ञानयोग, कर्मयोग, ध्यानयोग, भक्तियोग बुद्धियोग आदि का जगह-जगह प्रयोग होने के बावजूद सांख्य और कर्म निष्ठा का विभिन्न स्थलों पर इसका क्या वास्तविक अर्थ है। इसका विवरण प्रस्तूत आलेख में दिया गया है।

**शब्द कुंजी–** ज्ञानयोग, कर्मयोग, ध्यानयोग, भक्तियोग बुद्धियोग ।

**प्रस्तावना –** धातुपाठ में (1) युज् समाधौ दिवादिगण आत्मनेपद समाधिश्चित्तवृत्तिनिरोध:(2) युजिर् योगे रुधादिगण (3) युज् संयमने चुरादिगण उभयपद प्राप्त होते हैं।

युज् धातु में घञ प्रत्यय एवं कुत्व से योग शब्द निष्पन्न होता है।

श्रीमद्भगवद्गीता में कहा गया कि–

**यत्रोपरमते चित्तं निरुद्धं योगसेवया।**
**यत्र चैवात्मनात्मानं पश्यन्नात्मनि तुष्यति।[2]**

ध्यानयोग के परिप्रेक्ष्य में कहा गया कि ध्यानयोग के अभ्यास का नाम योगसेवा है। उस ध्यानयोग का अभ्यास करते करते जब चित्त एकमात्र परमात्मामें ही भलीभाँति स्थित हो जाता है तब वह निरुद्ध कहलाता है। जिस समय योगी का चित्त परमात्मा के स्वरुप में सब प्रकार निरुद्ध हो जाता है उसी समय उसका चित्त संसार से सर्वथा उपरत हो जाता है। यद्यपि लोकदृष्टि में उसका चित्त समाधि के समय संसार से उपरत और व्यवहारकाल में संसार का चिंतन करता हुआ सा प्रतीत होता है किन्तु वास्तव में उसका संसार से कुछ भी संबंध नहीं रहता यही उसके जाना है।

**तं विद्याद्दु:खसंयोगवियोगं योगसंज्ञितम्।**
**स निश्चयेन योक्तव्यो योगोऽनिण्ण्चेतसा।।[3]**
**न च मत्स्थानि भूतापि पष्य मे योगमैश्वरम् ।**
**भूतभृन्न च भूतस्थे ममात्मा भूतभावन:।।[4]**

यहाँ युज संयमने अर्थ लिया गया है क्योकि सबके उत्पादक और सबमें व्याप्त रहते हुए तथा सबका धारण पोषण करते हुए भी सबसे सर्वथा निर्लिप्त रहने की जो अद्भुत प्रभावमयी शक्ति है जो ईश्वर के अतिरिक्त अन्य किसी में हो ही नहीं सकती उसी को यहाँ ऐश्वरम् योगम् इन पदों द्वारा प्रतिपादन किया गया है। इसी को श्रीमद्भागवद में का गया है कि जब तक संपूर्ण प्राणियो में मेरा भाव (सब कुछ परमात्मा ही है) ऐसा वास्तविक भाव न होने लगे तब तक इस प्रकार मन और शरीर की सभी वृत्तियों से मेरी उपासना करता रहे।

युजिर् योगे अर्थ में

**योगस्थ: कुरु कर्माणि संगं त्यक्त्वा धनंजय।**
**सिद्धयसिद्धयो: समो भूत्वा समत्वं योग उच्यते।।[5]**

इसकी व्याख्या करते हुए श्रीशंकराचार्य कहते हैं कि हे धनंजय! योग में स्थित होकर केवल ईश्वर के लिये कर्म कर। उसमें भी ईश्वर मेरे पर प्रसन्न हो जाय – इस कामना को छोडकर कर्म कर। फलतृष्णारहित पुरुष के द्वारा कर्म किये जाने पर अन्त:करण की शुद्धि से उत्पन्न होनेवाली ज्ञानप्राप्ति तो सिद्धि है और उससे श्रेयप्राप्ति का न होना असिद्धि है ऐसी सिद्धि– असिद्धि में सम होकर कर्म कर। इसी को समता योग कहा गया है।

आगे फिर कहा गया है कि बुद्धियोग की अपेक्षा सकामकर्म अत्यन्त निकृष्ट हैं तथा कर्मों में योग ही कुशलता है।[6] कर्मयोग में कर्म करणसापेक्ष है पर योग करण निरपेक्ष है। अत: कर्मयोग करणनिरपेक्ष विवेकप्रधान साधन है। गीता में कर्मयोग के लिये तीन शब्द मिलते हैं–बुद्धि, योग और बुद्धियोग। कर्मयोग में व्यवसायात्मिका बुद्धि की प्रधानता होने से इसको बुद्धि कहा गया है तथा विवेकपूर्ण त्याग की प्रधानता होने से इसे योग या बुद्धियोग कहा गया है। ध्यानयोग के विषय में कहा गया कि जिसमें दुखों के संयोग का ही वियोग है उसी को योग कहते हैं। योग में मन की और कर्मयोग में विवके की प्रधानता होती है। योग की प्राप्ति कैसे होती है?इसके लिये बताया गया कि–

**श्रुतिविप्रतिपन्ना ते यदा स्थास्यति निश्चला।**
**समाधावचला बुद्धिस्तदा योगमवाप्स्यसि।।**[7]

अर्जुन जब श्रीकृष्ण से सांख्ययोग और कर्मयोग इन दोनों में श्रेष्ठता विषयक प्रष्न करते हैं तो श्रीकृष्ण कहते हैं दोनों में कर्मयोग श्रेष्ठ है लेकिन पाँचवें अध्याय में फिर कहते हैं कि–

**यत्सांख्यै: प्राप्यते स्थानं तद्योगैरपि गम्यते।**
**एकं सांख्यं च योगं च य: पश्यति स पश्यति।**[8]
**श्रुतिविप्रतिपन्ना ते यदा स्थास्यति निश्चला।**
**समाधावचला बुद्धिस्तदा योगमवाप्स्यसि।**[9]
**बुद्धि युक्तो जहातीह उभे सुकृतदुष्कृते।**
**तस्माद्योगाय युज्यस्व योग: कर्मसु कौशलम् ।।**[10]

गीता में जहाँ कहीं योग शब्द प्रयुक्त है उपमें उपर्युक्त तीनों में एक अर्थ की मुख्यता और शेष दो अर्थो की गौणता है। युजिर् योगे वाले योग शब्द में समता (संबंध) की मुख्यता है पर समता आने पर स्थिरता और सामर्थ्य स्वयमेव आ जाती है है। युज् समाधौ वाले योग शब्द में स्थिरता की मुख्यता है पर स्थिरता आने पर समता और सामर्थ्य स्वत: आ जाती है। युज् संयमने वाले योग शब्द में सामर्थ्य की मुख्यता है पर सामर्थ्य आने पर समता और स्थिरता भी स्वत: आ जाती है।

पातंजल योग दर्शन में चित्तवृत्तियों के निरोध को 'योग' कहा गया है और उस योग का परिणाम है द्रष्टा के स्वरुप मे स्थित हो जाना । इस प्रकार पातंजलयोगदर्शन में योग का जो फल बताया गया है। उसी को गीता में योग कहा गया है। गीता चित्तवृत्तियों से सर्वथा सम्बन्ध–विच्छेदपूर्वक स्वत:सिद्ध सम–स्वरुप में स्वाभाविक स्थिति को योग कहती है। उस समता में स्थिति (नित्ययोग) होने पर फिर कभी उससे वियोग नहीं होता। वृत्तियो का निरोध होने पर तो निर्विकल्प अवस्था होती है,पर समता में स्थिति होने पर निर्विकल्प बोध होता है। निर्विकल्प बोध अवस्थातीत और संपूर्ण अवस्थाओं का प्रकाशक है। समता (नित्ययोग) का अनुभव कराने के लिये गीता में तीन योगमार्गो का वर्णन मिलता है। कर्मयोग–, ज्ञानयोग और भक्तियोग। कर्मयोग में रति कर्तव्य में होती है कर्मयोग की यह रति अन्त में आत्मरति मे परिणत हो जाती है। –

**स्वे स्वे कर्मण्यभिरत: संसिद्धिं लभते नर:।**
**स्वकर्मनिरत: सिद्धं यथा विन्दति तच्छृणु।।**[11]

ज्ञानयोग में उसी प्रेम को आत्मरति कहते है–

**योऽन्त:सुखोऽन्तरारास्तथान्तर्ज्योतितेव य:।**
**स योगी ब्रह्मनिर्वाणं ब्रह्मभूतोऽधिगच्छति।।**[12]

भक्तियोग में उसी को भगवद्रति कहते हैं–

**मच्चित्ता मद्गतप्राणा बोधयन्त: परस्परम्।**
**कथयन्तश्च मां नित्यं तुश्यन्ति च रमन्ति च।।**[13]

जिस कर्मयोग में भक्ति के संस्कार है उसकी यह रति भगवद्रति में परिणत हो जाती है। कर्मयोग की यह रति अन्त में आत्मरति में परिणत हो जाती है।

**योगिनामपि सर्वेषां मद्गतेनान्तरात्मा ।**
**श्रद्धावान्भजते यो मां स मे युक्ततमो मत:।।**[14]

इसी को श्रीमद्भागवत में कहा गयाकि–

**योगास्त्रयो मया प्रोक्ता नृणां श्रेयोविधित्सया।**
**ज्ञानं कर्म च भक्तिश्च नोपायोऽन्याऽस्तिकुत्रचित्।**[15]

स्थूल, सूक्ष्म और कारण शरीरों का संसार के साथ अभिन्न संबंध है। अत: इन तीनों को दूसरों की सेवा में लगा दें तो यह कर्मयोग है। स्वयं इनसे असंग होकर अपने स्वरुप में स्थित हो जाय तो यह ज्ञानयोग है और स्वयं भगवान के समर्पित हो जाय तो यह भक्तियोग है। श्रीमद्भगवद्गीता के द्वितीय अध्याय में सांखेग की दृष्टि में अर्जुन को युद्ध के लिये प्रोत्साहित करके सकाम कर्मो की हीनता और निष्काम कर्मो की श्रेष्ठता बतलाकर स्थिरबुद्धि के लक्षण साधन और फल के पश्चात तीसरे अध्याय में सांख्य और कर्मयोग–दो निष्ठाओं का वर्णन है–

**लोकेऽस्मिन्द्विधा निष्ठा पुरा प्रोक्ता मयानघ।**
**ज्ञानयोगेन सांख्यानां कर्मयोगेन योगिनाम्।।**[16]

इसे ही श्रीमद्भगवद्गीता 7/5 में प्रकृति के परा– अपरा, पन्द्रहवें अध्याय 15/16 में क्षर और अक्षर कहा गया है। सभी शास्त्रों में भगवान को प्राप्त करने के तीन प्रधान मार्ग बतलाये गये हैं लेकिन श्रीमद्भगवद्गीता में दो निष्ठाएँ क्यों? क्योकि शास्त्रों में कर्म और ज्ञान के अतिरिक्त जो उपासना (भक्ति) का प्रकरण है वह भक्ति इन्ही दो निष्ठाओं में अन्तर्भूत हो जाती है। जब अपने को परमात्मा से अभिन्न मानकर भक्ति की जाती है तब वह सांख्यनिष्ठाके अन्तर्गत आ जाती है और भेददृष्टि से की जाती है तब वह योगनिष्ठाके अन्तर्गत मानी जाती है। यद्यपि तेरहवें अध्याय के चौबीसवें श्लोक में ध्यानयोग,सांख्ययोग,और कर्मयोग के द्वारा परमात्मा की प्राप्ति बतलायी गयी है–

**ध्यायेनात्मनि पश्यन्ति केचिदात्मनमात्मना।**
**अन्ये सांख्येन योगेन कर्मयोगेन चापरे।।**[17]

तथापि जो ध्यान अभेदृष्टि से किया जाता है वह सांख्यनिष्ठा के अन्तर्गत है और जो भेदृष्टि से किया जाता है योगनिष्ठा के अन्तर्गत है।

श्रीमद्भगवद्गीता में योग की दो परिभाषाएं दी है–(1) समत्वं योग उच्यते 2/48 (2) तं विद्याद्दुखसंयोगवियोगं योगसंज्ञितम् 6/23 समता में स्थिति होने पर संसार के संयोग का वियोग हो जाता है और संसार के संयोग का वियोग होने पर समता में स्थिति हो जाती है पहले तं विद्याद्दुखसंयोगवियोगं योगसंज्ञितम् फिर समत्वं योग उच्यते की स्थिति होती है। छठे अध्याय में श्रीकृष्ण अर्जुन को 'योगी बनने का परामर्श देते है। क्योंकि सकामभाववाले तपस्वियों ज्ञानियों और कर्मियों से योगी श्रेष्ठ होता है।[18]

बारहवें अध्याय में कहा गया है कि–

**श्रेयो हि ज्ञानमभ्यासाज्ज्ञानाद्ध्यानंविशिश्यते।**
**ध्यानात्कर्मफलत्यागगस्त्यागाच्छान्तिरनन्तरम्।।**[19]

**उपसंहार–** इसतरह सांख्ययोग और कर्मयोग में ही सभी योग सन्निविष्ट है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :–**

1. महाभारत भीष्मपर्व 43/1
2. श्रीमद्भगवद्गीता 6/20
3. पातंजलयोगदर्शन 6/23
4. श्रीमद्भगवद्गीता 9/4
5. श्रीमद्भगवद्गीता 2/48
6. श्रीमद्भगवद्गीता 2/50
7. श्रीमद्भगवद्गीता 2/53
8. श्रीमद्भगवद्गीता 5/5
9. श्रीमद्भगवद्गीता 2/53

10. श्रीमद्भगवद्गीता 2/50
11. श्रीमद्भगवद्गीता 18/45
12. श्रीमद्भगवद्गीता 5/24
13. श्रीमद्भगवद्गीता 13/9
14. श्रीमद्भगवद्गीता 6/17
15. श्रीमद्भगवद् 11/ 20/ 6
16. श्रीमद्भागवद्गीता 3/3
17. श्रीमद्भगवद्गीता 13/24
18. श्रीमद्भगवद्गीता 6/42
19. श्रीमद्भगवद्गीता 12/12

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LI (51), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# Integrating Traditional Wisdom and Modern Strategies for Flood Disaster Management: An Indian Knowledge System Perspective

**Koshlendra Singh***

*Ph.D. Scholar (Geography) Jiwaji University, Gwalior (M.P.) INDIA

**Abstract:** Flood disasters are among the most frequent and devastating natural calamities in India. Traditional flood management practices rooted in India's indigenous knowledge systems (IKS) have provided sustainable solutions for centuries, reflecting harmony between human settlements and nature. This paper aims to integrate traditional wisdom with modern strategies for effective flood disaster management. Drawing examples from across India—including the embankment systems of Bihar, tank irrigation in Tamil Nadu, and the floodplain management of Assam—this paper highlights the necessity of blending local knowledge with scientific innovation for resilient communities. The study employs a qualitative methodology involving literature reviews, case studies, and spatial analysis through GIS data interpretation. Results indicate that traditional approaches can significantly complement modern techniques when systematically institutionalized within India's disaster management framework.
**Keywords:** Flood Disaster, Traditional Knowledge, Indian Knowledge System, Flood Management, Resilience, GIS, Disaster Mitigation.

**Introduction -** Floods are among the most frequent and destructive natural disasters globally, and India, due to its diverse climatic and physiographic conditions, faces recurrent flood situations across different river basins. The country's dependence on monsoon rainfall, coupled with increasing anthropogenic interventions, such as deforestation, unplanned urbanization, and encroachment of floodplains, exacerbates flood vulnerability. In recent years, the frequency and intensity of floods have intensified due to climate change, causing not only economic losses but also large-scale displacement and environmental degradation.

Historically, Indian civilization developed around rivers such as the Ganga, Yamuna, Brahmaputra, and Chambal. Ancient communities had developed a deep understanding of river behavior, water flow, and seasonal variations. This understanding evolved into indigenous practices for flood management and water conservation, including the construction of tanks, ponds, stepwells, embankments, and sacred groves. Such systems were not merely engineering feats but were deeply embedded in the cultural and ecological ethos of society.

However, with the advent of modern engineering-based flood control measures—like large dams, levees, and canal systems—traditional practices gradually lost prominence. Despite technological advancements, floods continue to cause severe damage, suggesting the need to revisit and integrate traditional wisdom with modern science. This integration aligns with the objectives of the Indian Knowledge System (IKS), which emphasizes sustainability, harmony with nature, and community participation in managing natural resources.

**Objectives of the Study:**

1. To identify traditional flood management practices in India.
2. To analyze their relevance and applicability in modern flood management systems.
3. To integrate traditional wisdom with modern technologies for sustainable flood disaster mitigation.
4. To suggest a framework for flood management based on the Indian Knowledge System perspective.

**Research Methodology:** The study follows a qualitative and descriptive research design. The methodology includes:

1. Secondary data analysis from government reports, journals, and books related to flood management.
2. Case study approach focusing on flood-prone areas such as Bihar, Assam, Rajasthan.
3. Comparative analysis between traditional and modern flood management approaches.
4. Synthesis of field-based experiences and indigenous practices documented through previous research.

**Review of Literature**

Several scholars have emphasized the value of indigenous knowledge in disaster management. Gupta and Deshpande (2019) explored traditional flood control methods in Eastern India, while Singh (2021) highlighted the role of tank irrigation in South India as a sustainable water management system. Reports from the National Disaster Management Authority (NDMA, 2020) suggest integrating community-based knowledge into state flood control policies. These studies underline that indigenous practices—though localized—are adaptable to modern frameworks when supported by scientific validation and participatory governance.

**Discussion and Analysis**

**Traditional Flood Management Practices in India:** India has a rich legacy of traditional flood management systems, varying across regions. In Assam, the Mishing tribes construct raised bamboo houses called 'Chang Ghar' to avoid flood damage. In Bihar, earthen embankments ('Aahar-Pyne' systems) were historically used for both irrigation and flood control. In Tamil Nadu, ancient tanks (Eri system) managed floodwater and groundwater recharge. Similarly, Rajasthan's Johads and Bunds helped store rainwater, reducing flash floods. These community-based, eco-friendly systems were not merely engineering feats but socio-cultural institutions embedded within local governance.

**Modern Flood Management Strategies:** Modern flood management in India is largely technology-driven, focusing on early warning systems, river embankments, floodplain zoning, and GIS-based mapping. The Central Water Commission (CWC) monitors flood forecasting through telemetry networks. The NDMA and IMD collaborate for real-time alerts. Structural measures such as dams, reservoirs, and embankments are complemented by non-structural approaches like land-use regulation, watershed management, and community awareness programs.

**Case studies**

**1. Johads in Rajasthan:** Johads are traditional earthen check dams found in the Alwar and Jaipur districts of Rajasthan. These small, crescent-shaped water harvesting structures collect rainwater and recharge groundwater, reducing the risk of floods and droughts. Revival efforts led by communities, such as those initiated by the Tarun Bharat Sangh, have demonstrated the long-term sustainability of these systems. Their integration into modern watershed management programs presents a replicable model for flood mitigation in semi-arid regions.




**Fig.1- Johads structure of Rajasthan**

**2. Ahar Pyne system of Bihar:** The Ahar Pyne system of Bihar is a traditional, nature-based water management and irrigation system developed in South Bihar, particularly prevalent in the Gaya district. It dates back around 5,000 years to the Magadh dynasty. This system acts as a diversion-cum-storage network where water is drawn from rivers during monsoon floods and stored in Ahars. Pynes form a network of interlinked channels distributing this stored water to agricultural fields, mainly used for irrigation of paddy and other crops in both kharif and rabi seasons. The system helps in flood control by channeling excess water, supports groundwater recharge, sustains soils with nutrient-rich water, and maintains irrigation even during dry periods.




**Fig.2- Ahar Pyne system of Bihar**

**3. Chang Ghar houses of Assam:** Chang Ghar houses are traditional stilt houses built by the Missing people in Assam, Northeast India, especially along the Brahmaputra River. These houses are elevated on bamboo stilts to protect against flooding, a frequent problem in the region due to monsoons and river overflow. The height of the stilts is determined by the highest recorded flood levels. Chang Ghars have porous walls made from grass mats and are designed to allow floodwaters to flow underneath, keeping the living area dry.

**Fig.3-Chang Ghar house of Assam**

**Integrating Traditional and Modern Approaches:** Integration of traditional knowledge with modern strategies offers a hybrid model of resilience. For instance, floodplain zoning can be enhanced using indigenous knowledge of water flow patterns. GIS and Remote Sensing can digitize ancient water systems for conservation and management. Community participation—an essential part of traditional systems—should be institutionalized in modern planning.

**Table 1: Comparison of Traditional and Modern Flood Management Systems**

| Aspect | Traditional Approach | Modern Approach |
|---|---|---|
| Knowledge Base | Community & Indigenous Knowledge | Scientific & Technological Knowledge |
| Management Scale | Local and Regional | National and Global |
| Focus | Adaptation and Coexistence | Control and Prevention |
| Sustainability | High due to ecological harmony | Variable due to infrastructure dependence |
| Participation | Community-centered | Government-centered |

**Conclusion and Suggestions:** The integration of traditional and modern flood management systems offers a path toward sustainable and resilient communities in India.The Indian Knowledge System offers valuable insights into sustainable water and flood management, emphasizing harmony with nature. Indigenous systems emphasize coexistence with natural water regimes, while modern systems rely on technology and infrastructure. A balanced approach that values both is essential. The government should promote documentation of indigenous flood control methods, strengthen community institutions, and develop hybrid frameworks combining GIS-based analysis with local ecological knowledge.

**References:-**

1. Gupta, R. & Deshpande, S. (2019). Indigenous Water Management Practices in Eastern India. Journal of Environmental Studies.
2. Singh, P. (2021). Tank Irrigation and Flood Mitigation in South India. Indian Geographical Review.
3. National Disaster Management Authority (NDMA). (2020). Guidelines on Flood Management. Government of India.
4. Central Water Commission (CWC). (2021). Flood Forecasting Network of India. Ministry of Jal Shakti.
5. UNESCO. (2018). Traditional Knowledge for Water Resource Management in Asia.
6. Tarun Bharat Sangh. (2019). Community Water Management through Johads: A Case from Rajasthan.
7. Pant, N. (2004). *Institutional Analysis of Ahars and Pynes in South Bihar*.
8. "India's Chang Ghar traditional homes are resilient to floods." *DW*, 2025.

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LI (51), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# तलाक की बढ़ती प्रवृत्ति : समाज का बदलता चेहरा

**हेमन्त कुमार जैन***

*शोधार्थी, क 8 सेक्टर 5 हिरणमगरी उदयपार्क, उदयपुर (राज.) भारत

**प्रस्तावना –** भारतीय संस्कृति में विवाह को हमेशा से सबसे पवित्र और स्थायी संबंध माना गया है। यह केवल दो व्यक्तियों का साथ नहीं होता, बल्कि दो परिवारों, दो संस्कृतियों और दो परंपराओं का मिलन भी होता है (शर्मा, 2017)। विवाह का अर्थ जीवनभर साथ निभाने की प्रतिज्ञा है, लेकिन आज के समय में यह बंधन पहले जैसी मजबूती के साथ कायम नहीं रह पा रहा है। आधुनिक जीवनशैली, बदलते सामाजिक मूल्य और बढ़ती आत्मनिर्भरता ने विवाह संस्था को नई चुनौतियों के सामने खड़ा कर दिया है (मिश्रा, 2019)। यही कारण है कि तलाक की घटनाएँ तेजी से बढ़ रही हैं और समाज का चेहरा बदल रहा है।

बीते एक दशक में देश में तलाक के मामलों में उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (NCRB, 2023) और विभिन्न सामाजिक सर्वेक्षणों की रिपोर्ट बताती हैं कि महानगरों और शहरी क्षेत्रों में तलाक की दर खास तौर पर चिंताजनक स्तर तक पहुँच चुकी है। यद्यपि भारत की तलाक दर अभी भी पश्चिमी देशों की तुलना में काफी कम है, लेकिन बढ़ती संख्या यह स्पष्ट करती है कि विवाह संस्था के प्रति लोगों की सोच और दृष्टिकोण बदल रहे हैं (सेनगुप्ता, 2022 Desai & Patel, 2021)।

सबसे बड़ा कारण महिलाओं की आर्थिक स्वतंत्रता है। शिक्षा और नौकरी ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बना दिया है (कौशल, 2020)। पहले जहाँ महिलाएँ सामाजिक दबाव और आर्थिक मजबूरी के कारण अपमानजनक या असमान रिश्ते सहने के लिए बाध्य रहती थीं, वहीं अब वे अपने अधिकारों के प्रति सजग हो चुकी हैं (अग्रवाल, 2019)। वे बराबरी और सम्मान चाहती हैं, और यदि उन्हें यह नहीं मिलता तो वे रिश्ते को समाप्त करने का साहस भी रखती हैं। यह बदलाव सकारात्मक भी है क्योंकि इससे महिलाओं की स्थिति मजबूत हुई है, लेकिन इसका एक पहलू यह भी है कि विवाह टूटने की घटनाएँ बढ़ रही हैं (Sharma & Mehta, 2021)।

दूसरा कारण है आधुनिक जीवनशैली और बढ़ती अपेक्षाएँ। आज की युवा पीढ़ी भावनात्मक, मानसिक और भौतिक हर दृष्टि से ऊँची उम्मीदें रखती है (Patel, 2020)। पति-पत्नी दोनों ही जीवन से अधिक सुविधा और अधिक सुख चाहते हैं। लेकिन जब अपेक्षाएँ पूरी नहीं होतीं, तो असंतोष और कलह जन्म लेने लगते हैं। छोटी-सी असहमति धीरे-धीरे गहरी खाई में बदल जाती है और रिश्ता टूटने की कगार पर पहुँच जाता है (Singh, 2022 Sen, 2023)।

रिश्तों में संवाद की कमी भी तलाक का एक बड़ा कारण बन रही है। पहले परिवारों में लोग खुलकर बात करते थे और समस्याओं का समाधान आपसी बातचीत से निकाल लेते थे। आज व्यस्त जीवनशैली, काम का दबाव और तकनीक पर निर्भरता ने संवाद को कमजोर कर दिया है। पति-पत्नी के बीच खुलकर बातचीत न होने के कारण गलतफहमियाँ बढ़ जाती हैं और सहनशीलता में भी कमी आती है।

सोशल मीडिया और डिजिटल युग ने भी रिश्तों को गहराई से प्रभावित किया है। वर्चुअल दुनिया ने लोगों को करीब लाने के बजाय दूर कर दिया है। ऑनलाइन रिश्ते सतही हो गए हैं, और अक्सर शक, अविश्वास और अफवाहें रिश्तों को तोड़ देती हैं। पति-पत्नी के बीच विश्वास की नींव जब कमजोर पड़ती है, तो रिश्ते ज्यादा समय तक टिक नहीं पाते।

संयुक्त परिवारों का टूटना भी तलाक की प्रवृत्ति को बढ़ाने में अहम भूमिका निभा रहा है। पहले बड़े-बुजुर्ग विवादों को सुलझाने और रिश्तों को बचाने में मध्यस्थता करते थे। उनका अनुभव और समझदारी रिश्तों को संभाल लेती थी। लेकिन अब एकल परिवारों में युवा दंपति अपने फैसले खुद लेते हैं और कई बार जल्दबाजी में तलाक तक पहुँच जाते हैं।

तलाक के प्रभाव केवल पति-पत्नी तक सीमित नहीं रहते, बल्कि इसका सबसे गहरा असर बच्चों पर पड़ता है (कुमार, 2018)। टूटा हुआ परिवार बच्चे के लिए मानसिक आघात का कारण बनता है। वह असुरक्षा, अकेलेपन और उलझन का शिकार हो जाता है (Verma & Thomas, 2020)। ऐसे बच्चे प्राय: भावनात्मक असंतुलन, आत्मविश्वास की कमी और सामाजिक अनुकूलन की कठिनाइयों से जूझते हैं।

इसके अलावा, महिलाएँ भी तलाक के बाद कई बार सामाजिक असुरक्षा महसूस करती हैं (शर्मा, 2021)। भारतीय समाज में आज भी तलाकशुदा महिला के प्रति दृष्टिकोण पूर्णत: समानता का नहीं है, जिससे उन्हें सामाजिक पुन:स्वीकार्यता में कठिनाई होती है (Chakraborty 2022)। समाज में रिश्तों की स्थिरता कमजोर होने लगती है और मानसिक तनाव बढ़ता है, जो परिवार संस्था की जड़ों को प्रभावित करता है (Patel, 2023)।

फिर भी तलाक को केवल नकारात्मक रूप से नहीं देखा जाना चाहिए। इसे कभी-कभी सुधार और नई शुरुआत का अवसर भी माना जा सकता है। ऐसे कई विवाह होते हैं जहाँ लगातार अपमान, हिंसा या असमानता बनी रहती है। ऐसे में तलाक उन व्यक्तियों के लिए एक राहत और नए जीवन की शुरुआत का मार्ग बन सकता है। लेकिन समाज को यह भी समझना होगा कि तलाक हमेशा पहला विकल्प नहीं होना चाहिए।

समाधान की दिशा में कई कदम उठाए जा सकते हैं। विवाह पूर्व परामर्श

एक कारगर उपाय हो सकता है जिससे पति-पत्नी एक-दूसरे की सोच, जीवनशैली और अपेक्षाओं को पहले से समझ सकें। रिश्तों में संवाद को प्रोत्साहित करना जरूरी है ताकि छोटी-छोटी गलतफहमियाँ गहरी खाई में न बदलें। मीडिया को भी इस विषय पर जिम्मेदार रुख अपनाना चाहिए और समाज को संवेदनशील दृष्टिकोण देने की कोशिश करनी चाहिए। इसके अलावा जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को वैवाहिक जीवन में धैर्य, सहनशीलता और आपसी सम्मान के महत्व को समझाना भी आवश्यक है।

अंततः तलाक की बढ़ती प्रवृत्ति केवल वैवाहिक जीवन की समस्या नहीं है, बल्कि यह हमारे समाज और मानसिकता में हो रहे बदलाव का संकेत भी है। हमें इसे एक सामाजिक चुनौती के रूप में स्वीकार करना होगा और परिवारों को टूटने से बचाने के लिए सामूहिक प्रयास करने होंगे। यदि समय रहते इस दिशा में गंभीर पहल नहीं की गई, तो आने वाले समय में पारिवारिक और सामाजिक जीवन और भी अधिक प्रभावित हो सकता है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. शर्मा, आर. (2017). भारतीय विवाह संस्था: परंपरा और परिवर्तन. नई दिल्ली: राजकमल प्रकाशन।
2. मिश्रा, एस. (2019). आधुनिक समाज और वैवाहिक संबंधों का रूपांतरण. वाराणसी: भारती प्रकाशन।
3. राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (NCRB). (2023). *Crime in India 2022 – Statistics on Matrimonial Disputes and Divorce Cases*. नई दिल्ली: गृह मंत्रालय, भारत सरकार।
4. सेनगुप्ता, पी. (2022). *Changing Trends in Urban Marriages: A Sociological Perspective*. *Indian Journal of Social Research*, 63(4), 112–124.
5. Desai, M., & Patel, R. (2021). *Marriage and Divorce Trends in India: Changing Patterns of Family Structure*. *Journal of Family Studies*, 27(3), 450–468.
6. अग्रवाल, र. (2019). भारतीय महिलाओं की सामाजिक स्थिति और वैवाहिक जीवन का पुनर्परिभाषण. नई दिल्ली: साहित्य भवन।
7. कौशल, एस. (2020). महिला सशक्तिकरण और आर्थिक आत्मनिर्भरता: एक समाजशास्त्रीय अध्ययन. जयपुर: राजस्थान हिंदी ग्रंथ अकादमी।
8. Patel, R. (2020). *Modern Lifestyle and Marital Expectations in Urban India*. *Journal of Contemporary Sociology*, 58(2), 175–190.
9. Sharma, P., & Mehta, D. (2021). *Women Empowerment and Changing Marital Dynamics in India*. *Indian Journal of Gender Studies*, 28(3), 342–360.
10. Singh, A. (2022). *Marital Conflicts and Emotional Expectations in the Modern Age*. *Sociological Bulletin*, 71(4), 210–225.
11. Sen, N. (2023). *Changing Attitudes Toward Marriage Among Indian Youth*. *Asian Social Science Review*, 12(1), 55–72.
12. कुमार, एस. (2018). तलाक और भारतीय समाज: मनोवैज्ञानिक दृष्टि से अध्ययन. वाराणसी: गंगापुत्र प्रकाशन।
13. Verma, R., & Thomas, A. (2020). *Psychological Consequences of Divorce on Children in Indian Context*. *Journal of Family Psychology*, 34(2), 189–204.
14. शर्मा, आर. (2021). भारतीय महिला और तलाक के बाद की सामाजिक चुनौतियाँ. नई दिल्ली: राजकमल प्रकाशन।
15. Chakraborty, S. (2022). *Divorced Women and Social Reintegration in Contemporary India*. *Indian Journal of Social Work*, 83(3), 290–308.
16. Patel, N. (2023). *Marital Instability and Its Impact on Family Cohesion in Urban India*. *Asian Journal of Sociology and Psychology*, 14(1), 112–128.

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LI (51), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# वैदिक (हिन्दू) संस्कारों की वैज्ञानिकता व समाजोपयोगिता

**सुमित्रा राणावत***

* शोधार्थी, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत

1. **संस्कार –** संस्कार शब्द प्राचीन वैदिक साहित्य में नहीं मिलता किन्तु 'स' के साथ 'कृ' धातु संस्कृत शब्द बहुधा मिल जाते है। ऋग्वेद में संस्कृत धर्म के लिए प्रयुक्त हुआ है।

छान्दोग्य उपनिषद 6/16/1-2 में लिखा है –

**'तस्मादेष पथ यज्ञस्तस्य मनश्च वाक च वर्तिनी'** अर्थात उस यज्ञ की दो विधियां है मन से या वाणी से।

ब्रह्मा उनमें से एक को अपने मन से बनाया, चमकाता है।

जैमिनी के सूत्रों में 'संस्कार' शब्द अनेक बार आया है और सभी जगह पवित्र या निर्मल कार्य के अर्थ में प्रयुक्त हुआ है। जैमिनी की 3/2/3 की व्याख्या में शबर ने 'संस्कार' शब्द का अर्थ बताया है–

**'संस्कारों नाम स भवति यस्मिनजाते पदार्थे भवति कस्य चिदर्थस्य'** अर्थात संस्कार वह है जिसके होने से कोई पदार्थ या व्यक्ति किसी कार्य के लिए योग्य हो जाता है।

**तन्त्रवार्तिक के अनुसार – 'योग्यतां चादधाना: क्रिया: संस्कृत इव्युच्यन्ते'** अर्थात संस्कार की वे क्रियाएं तथा रितियां है जो योग्यताएं प्रदान करती है। वे योग्यता दो प्रकार की होती है –

(1) पाप मोचन से उत्पन्न योग्यता

(2) नवीन गुणों से उत्पन्न योग्यता

नवीन गुणों की प्राप्ति तथा तप से पापों का मार्जन होता है। संस्कार शब्द गृहसुत्रो में नहीं मिलता लेकिन धर्मसुत्रों में इनका कई बार प्रयोग हुआ है।

बार-बार किसी कर्म को करने से मनुष्य की विशेष प्रकार की आदतें बन जाती है। यही आदतें मनुष्य के बीज रूप में मन के गहरे तल पर जमा होती है। जो मृत्य के बाद भी मन के साथ ही अपने सुक्ष्म रूप में बनी रहती है और नया शरीर धारण करने पर अगले जन्म में उसी प्रकार के कर्म करने की प्रेरणा बन जाती है। पूर्वजन्म, कुल मर्यादा, सुशिक्षा, सभ्यता, संगति, वातावरण आदि का मन पर पड़ने वाला प्रभाव संस्कार कहलाता है।

व्यवाहारिक रूप में संस्कार का अर्थ 'पवित्र धार्मिक क्रियाओं के द्वारा व्यक्ति के वैदिक, मानसिक, बौद्धिक मुख्यत: आत्मिक परिष्कार के लिए किए जाने वाले अनुष्ठान, जिनसे व्यक्ति अपने व्यक्तित्व को पूर्ण विकसित करके समाज का अभिन्न अंग बनते हुए मोक्ष की ओर अग्रसर हो।' अत: आवश्यक है कि व्यक्ति गर्भकाल से ही सुसंस्कृत हो अत: ऐसा आध्यात्मिक संस्कार से ही संभव हो सकता है।

राष्ट्र के आर्दश मूल्यों, प्रतिमाओं के प्रति आस्था, विश्वास उत्पन्न करने के लिए प्रयत्न पूर्वक संस्कार करना पड़ता है। तभी सामाजिक नीतियों, मूल्यों और अनुशासन का विकास होता है।

संस्कारों से ही जीवन के विभिन्न अवसरों को महत्व व पवित्रता मिलती है। संस्कार से मनुष्य की बौद्धिक, भावनात्मक व आत्मिक अभिव्यक्ति है। जिनके प्रति मानव सदा जाग्रत रहता है। संस्कार इस जन्म में और अगले प्रत्येक जन्म में संग्रहित होते चले जाते है जिन्हें 'संचित कर्म' कहा जाता है।

इस प्रकार संस्कारों की अटूट और अनंतहीन श्रंखला बनती जाती है। इसी से मानव के व्यक्तित्व का विकास होता है। ये संस्कार किसी विशेष प्रकार के कर्म करने की प्रेरणा देते हैं।

बलपूर्वक किसी कर्म करने को बाध्य नहीं करते। यह मनुष्य के पुरुषार्थ पर निर्भर करता है। क्योंकि यह क्षेत्र पुरुषार्थ का है। पूर्व जन्म के संचित संस्कार जो वर्तमान जीवन में उदित होकर अपना प्रभाव दिखाते है उसको 'प्रारब्ध' कहते हैं। वर्तमान जीवन में किए गए कर्मो को 'पुरुषार्थ' कहते हैं।

प्रारब्ध से पुरुषार्थ सदैव प्रबल होता है। पुरुषार्थ से पूर्व जन्म के अशुभ संस्कारों को परिवर्तित किया जा सकता है। पुरुषार्थहीन व्यक्ति इन पूर्व संस्कार से बंधा रहता है इसका मुख्य कारण अज्ञान है। मानव अज्ञानवश ही संसार में सभी प्रकार के दुष्कर्म करता है। अत: बिना भोगे कोई कर्म समाप्त नहीं होते।

2. **संस्कारो की आवश्यकता –** प्रकृति द्वारा प्राप्त होने वाली प्रत्येक वस्तु हमारे लिए उसी रूप में उपयोगी नहीं होती उसमें व्याप्त कई दोषों को दूर करने की आवश्यकता होती है। उपयोगी बनाने के लिए उसमें व्याप्त दोषों को दूर करके उसमें गुणों का समावेश आवश्यक है। खान से सोना निकलता है और वो उसी रूप में उपयोगी व कीमती नहीं होता। ताप या छेदन की प्रक्रिया से गुजर कर सोना बनता है। अर्थात प्रकृति से प्राप्त वस्तुएं विविध संस्कारों के द्वारा संपन्न होकर पूर्णता को प्राप्त होती है। मानव जैसा श्रेष्ठ प्राणी माता के गर्भ से ही विकसित मानव के रूप में उत्पन्न हो अर्थात उसे किसी भी प्रकार संस्कारित होने की आवश्यकता न हो यह कैसे संभव हो सकता है।

थोड़ा सोचे की एक ही माता-पिता से उत्पन्न संतानो को एक ही वातावरण में रखे जाने, एक ही प्रकार के शिक्षा के बावजूद भिन्न प्रकार का व्यवहार क्यों करने लगती है। उनकी मनोदशा भिन्न प्रकार की क्यों हो जाती है।

क्योंकि पूर्व जन्मों के भिन्न वातावरण में पलने के कारण उनके भिन्न-भिन्न संस्कार उनके मन में जमे रहते है जो उपयुक्त वातावरण मिलने पर विकसित होते है अन्यया सुस्त पड़े रहते परन्तु नष्ट नहीं होते। ये संस्कार ही मनुष्य के वर्तमान जीवन में कर्म के लिए प्रेरित करते है। ये संस्कार शुभ व

अशुभ दोनों हो सकते है इनमें अशुभ संस्कारों का परिशोधन करके नवीन संस्कारों को स्थापित किया जा सकता है। शक्ति किसी भी प्रकार की हो मूर्त या अमूर्त उसका सदूपयोग करना व्यक्ति की मानसिकता पर निर्भर करता है।

मानसिकता में परिर्वतन करने के लिए हमारे शास्त्रों संस्कारों का विधान किया गया है।

**3. महत्त्व –** आजकल मनुष्य उत्तम फसल की प्राप्ति के लिए जितने प्रयत्न कर रहा है, उतने प्रयत्न उत्तम संतान की प्राप्ति के लिए नहीं करता है। अच्छी फसल के लिए अच्छी भूमि, अच्छा बीज, उचित देखभाल की आवश्यकता होती है। उसी प्रकार उत्तम संतान की प्राप्ति के लिए तीनों चीजों की आवश्यकता होती है। किन्तु मनुष्य के साथ एक चौथी वस्तु और लागू होती है, वह है उसके निजी संस्कार जिसे वह लेकर पैदा होता है। मानव में मानवीयता के विकास की प्रक्रिया उसके गर्भकाल से ही प्रारम्भ होती है, इस तथ्य की अनुभूति प्राचीनकाल में ही हो चुकी थी। नवजात बातको को कुटुम्ब और समाज के साथ जोड़ने का दायित्व माता–पिता तथा बाद में कुटुम्बियों का होता है।

सामाजिक जीवन में मानव कभी अकेला रहे। सामाजिकता उसकी आवश्यकता है, इसी आवश्यकता ने समाज का निर्माण किया, जीवन समाज में ही व्यतीत करना होता है। समाज के घटक कुटुम्ब में जन्मते है, जीवन समाज में व्यतीत करना होता है। कुटुम्ब का गढ़न होता है विवाह विधि के द्वारा। विवाह एक ही कुटुम्ब में नहीं होते। युवक व युवती समाज के भिन्न परिवारों से होते है। वैदिक संस्कार प्रणाली में मानव के निर्माण की आधारशिला तैयार करना ही 'गर्भाधान संस्कार' कहलाता है।

मानव का निर्माण माता–पिता के रज शुक्र अर्थात गर्भधान प्रक्रिया से होता है।

श्रेष्ठ व्यक्ति ही श्रेष्ठ राष्ट्र का निर्माण कर सकता है।

समाज, वातावरण, शिक्षा, वीर्यदोष, मानसिक दोष आदि के कारण उत्पन्न संतान में जो दोष उत्पन्न हो जाते है। इस विधि का पैतृक एवं वंशानुगत गुणो को सुरक्षित रखने एवं उन्नयन के लिए विशेष महत्त्व होता है।

वेदों में संस्कारों का बड़ा महत्त्व बतलाया गया है व्यक्ति के सामाजिक अधिकार प्राप्त करने लिए ही नहीं सुसंस्कृत होना आवश्यक माना गया है। संस्कारो के अभाव में मनुष्य अपूर्ण है। वह केवल श्वासयुक्त हाड–मांस का एक पिण्ड माना।

**संस्कारों के प्रकार**

महर्षि गौतम ने 40 संस्कार माने।

महर्षि अंगिरा ने 25 माने है।

मनुस्मृति व व्यासस्मृति में 16 संस्कारों का वर्णन मिलता है।

इन 16 संस्कारों को 2 भागो में विभक्त किया है –

**1. दोष मार्जन – ये 8 है –**

1. गर्भधान 2. पुंसवन
3. सीमंतोन्नयन 4. जातकर्म
5. नामकरण 6. निष्क्रमण
7. अन्नप्राशन 8. चूडाकर्म

इन संस्कारी को कराने से गर्भ के बीज का शोधन होता है इसलिए इन्हें दोष मार्जन कहा है। पूर्व जन्मों के कई प्रकार के धर्म एवं कर्म आते है इन संचित दोषों को दूर कने के लिए इन संस्कारों का विधान किया गया है। ये संस्कार पिता द्वारा कराए जाते है। इनमे गर्भ व बीज का दोष दूर होता है।

**2. गुणाधान संस्कार – ये 8 है –**

1. कर्णविध 2. विद्यारम्भ
3. उपनयन 4. समापवर्तन
5. विवाह 6. वानप्रस्थ
7. संन्यास 8. अंत्येष्ठी

**4. संस्कार का विधान –** वैदिक कर्मकाण्ड विद्या के प्रत्यक्ष लोक कल्याण पक्ष का महत्व हमें समझना चाहिए। सम्पूर्ण वेदिक कर्मकाण्ड किसी प्रकार के संस्कार और कुफल का क्षय करने के साथ जीवन में सुख शांति समृद्धि की अभिवृद्धि के लिए किया जाता हैं। सम्पूर्ण वैदिक कर्मकांड में काल या मुहूर्त का वैज्ञानिक आधार समझना आवश्यक हैं। वैदिक कर्मकांड का काल विज्ञान आज भी विचारशील पुरुषों के लिए मान्य सिद्धांत हैं। समय या काल का निर्धारण विज्ञान एवं गणित पर आधारित है। गणित के आधार पर ही विद्धानों और ज्योतिषों ने ग्रहों एवं नक्षत्रों के नियम का संग्रह ज्योतिष शास्त्र में किया। उन्होंने अपने सूक्ष्म अनुभवों द्धारा यह निश्चय किया कि किस अवस्था में, किस मुहूर्त में, किस प्रकार का कार्य करने से कैसा फल प्राप्त होता है।

हमारे शास्त्रों में गर्भाधान संबंध में अनेक इसी कथा एवं उदाहरण हैं, जिनसे स्पष्ट होता है कि यदि अमंगल में ऋतुमति स्त्री के मन में पुरुष पुरुष समागम की इच्छा हुई तो उसके फलस्वरुप विश्वा जैसे महान ऋषि के घर रावण जैसा पुत्र उत्पन्न हुआ। गर्भाधान से लेकर अंत्येष्टि तक मनुष्य के जन्म, उसके संवर्धन व अवसान समस्त प्रक्रियाएं जब तक संस्कार के द्धारा शुद्ध एवं परिष्कृत नहीं हो जाती तब तक जीवात्मा का न तो उचित परिष्कार होता है ना उसे वह सुख प्राप्त होता हैं, जो वास्तव में वह प्राप्त करना चाहता है। जितने भी संस्कार है उनका सबका आधार यही है की जीवात्मा का परिष्कार तब तक संभव नहीं हैं जब तक इसका कोई वैज्ञानिक आधार ना हो। वैज्ञानिक आधार के लिए तीन वस्तुएं अपेक्षित हैंरू–

1. लक्षण
2. परिक्षण
3. परिणाम

यदि किसी समान परिस्थिति में एक समान विशेष स्थान वाले स्थान पर किसी एक नीति ने परिक्षण या प्रयोग किया जाए, तो उसका परिक्षण निश्चित रूप से समान होगा।

**सौलह संस्कार**

**1. गर्भाधान संस्कार–** गर्भाधान संस्कार के पीछे मान्यता यह है कि स्त्री पुरुष के सम्बंध केवल भोग भोगने के लिए नहीं है, इसका मुख्य उद्देश्य पितृ ऋण से उऋण होने के लिए उत्तम संतान की प्राप्ति। यह भाव रखने से कामशक्ति का भाव तिरोहित होता है, हृदय व विचारों में पवित्रता आती है।

हमारी मानसिकता, हमारा आचार–विचार, हमारा खान पान, आसपास का वातावरण आदि गर्भ में आने वाले जीव पर प्रभाव डालता है। अत: इन सब में पवित्रता बनाये रख कर गर्भ धारण करने वाले शिशु पर सदाचार का अनुकूल प्रभाव पड़ता है।

कितनी लंबी प्रक्रिया हैं हमारे जन्म की जो कुछ हमारे माता–पिता ने खाया, पीया, व्यवहार किया, आचरण किया उन सबसे उनके शरीर में बनने वाला रस प्रभावित होता है। उससे प्रभावित वहीं रस हमारे जीवन का कारण बनते है। केवल हमारे माता–पिता ही नहीं अपितु उनके माता–पिता के रस

का प्रभाव भी इसमें सम्मिलित है। जो हमारे माता–पिता के जन्म का कारण बना। इस प्रकार पूर्व की अनेक पीढ़ियों का खान–पान व व्यवहार का प्रभाव सूक्ष्म रूप से हम तक पहुंचता हैं। जो गुण–दोष हमारे दादा दादी, माता पिता न्यूनाधिक रूप में भी आएंगे। कितना लंबा इतिहास है हमारे जन्म का। हमारे जन्म की प्रक्रिया बड़ी लंबी है व निरंतर चलती रहती है। इसी को हम वंश परम्परा बोलते हैं। हमने इस कड़ी को बिगाड़ दिया तो हमारा इतिहास, हमारा राष्ट्र सभी इसका दुष्प्रभाव झेलने को मजबूर हो जाएंगे। हमको केवल स्वयं को ही पुष्ट, स्वस्थ, व्यवस्थित व सदाचारी नहीं बनाना इसके साथ हमारा परिवार, हमारा वंश, हमारा इतिहास और हमारे राष्ट्र को भी पुष्ट, स्वस्थ व सदाचारी बनाना है।

**2. पुंसवन संस्कार –** पुंसवन अर्थात पुरुषत्व युक्त होना। इस संस्कार का मुख्य उद्देश्य माता के उधर में पल रहीं संतान के शारीरिक व मानसिक विकास की ओर खिंचवाना। अपनी संतान को बिगडते देख कर रोने वाली माताओं को समझ लेना चाहिए कि जो बालको को पालने का उचित समय था उन्होंने खो दिया। चरक संहिता में लिखा है की 'जैसी संतान प्राप्ति की इच्छा है उसी के अनुकुल आसपास का वातावरण रखना चाहिए।'

**3. सीमंतोन्नयन संस्कार–** अर्थ – 'स्त्रियों के सिर की मांग'

सौभाग्यवती स्त्रियां मांग भरती है। चरक ने चरक संहिता में लिखा है –

**'सौभनस्य गर्भधारणकारणम ।**
**लब्धदौहृदा तु वीर्यवन्त चिरायुषम् च पुत्रं प्रसुते ।।'**

अर्थात गर्भवती स्त्री को हमेशा प्रसन्न रखना चाहिए। उसकी इच्छा पूरी करने से संतान वीर्यवान और दीर्घायु होती है। उत्तम संतान अनायास पैदा नहीं होती इसके लिए पूर्ण मनोयोग की आवश्यकता है और उसी प्रकार कर्मो की भी अनिवार्य है। उसी भावना से यह संस्कार विधान अनिवार्य है। यह संस्कार बालक के गर्भस्थ होने के छठे या आठवे माह में किया जाता है। यहां संस्कार गर्भपात रोकने के लिए किया जाता है। इस काल में शिशु में चेतना का विकास होता है।

**4. जातकर्म संस्कार –** 'वे क्रियाएं जो शिशु के जन्म के बाद की जाती है।'

प्रथम तीन गर्भकाल में किये जाते हैं जबकि जातकर्म जन्म के बाद किया जाता है। जातकर्म की यह विशेषता है की शिशु को स्नान कराकर मधु स्वर्ण मिश्रित औषधी प्रदान, नाल छेदन, माता का स्तनपान कराके जहाँ उसके जीवन मार्ग की ओर बढ़ने का सहारा दिया जाता है वहीं उसके कान के पास गंभीरतापूर्वक मंत्रो का उच्चारण किया जाता है। शिशु सुनता है, समझता है, हाव–भाव जानता है अंत उच्चारण क्रियाओं का मौलिक भाव समझता है। अत: सभी क्रियाओं का मौलिक भाव मौलिक भाव समझता है। माँ का दुग्ध बच्चे के लिए प्रेम भाव का स्त्रोत है और मधु को चटाने से बच्चे के शारीरिक अंग ठिक प्रकार से कार्य करने लगते हैं।

**5. नामकरण संस्कार –** इस संस्कार के उद्देश्य का करते हुए वेदो में नामकरण के दो प्रयोजन है –

1. आयु व तेज में वृद्धि
2. सांसारिक व्यवहार उपयोग

मनुस्मृति के अनुसार, जन्म के 11वें व 12वें दिन शुभ तिथि, मुहूर्त में नामकरण किया जाता है। नामकरण के दिन सर्वप्रथम घर का शुद्धिकरण, माँ को स्नान कर नवीन वस्त्र पहनाकर, शिशु को भी शुद्ध जल से स्नान कराकर माता पुत्र को गोद में लेकर हवन कुण्ड समीप पिता के पीछे से आकर दक्षिणभाग में होकर बालक को पिता के हाथ में सौंपे बालक का सिर उत्तर दिशा में रखें। सभी स्वजन उपस्थित रहते हैं। इसके बाद स्त्री उसी प्रकार अपने पति के पीछे होती हुई उत्तर भाग में आकर पूर्व की ओर मुंह करके बैठे। अब बालक का पिता उसे वापस माता को सौंप दें। मनु के अनुसार – 'नामकरण संस्कार से बालक के आयु व तेज में वृद्धि होती है।'

सूर्य नमस्कार व सूर्य उपासना से कार्यक्रम शुरू होता है।

मनुस्मृति के 32 व 33 श्लोक में मिलता है कि बालक का नाम भविष्य निर्माण में एक महत्वपूर्ण भूमिका रखता है। बालक का नाम अपनी जाति, कुल, गौरव के अनुरूप हो।

**6. निष्क्रमण संस्कार–** अर्थ – 'बालक को घर से बाहर खुली हवा में घुमाना'

निष्क्रमण के दो अवसर शुभ माने जाते हैं –

1. बालक के जन्म के बाद तीसरा शुक्ल पक्ष तृतीया।
2. चौथे महीने की वह तिथि जिस दिन बालक का जन्म हुआ।

इसका उद्देश्य बालक के स्वास्थय को स्वस्थ व सम्मुनत करना और चौथे माह में बालक के ज्ञान व कर्मेंद्रियां सशक्त वह वायु व धूप को सहन करने योग्य हो जाती है।

इसकी मुख्य क्रियाएं सूर्यदर्शन, चंद्रदर्शन व देवदर्शन है।

**7. अन्नप्राशन संस्कार–** छ: महीने के बाद बालक में अन्य पचाने की शक्ति आ जाती है। इस काल में बालक को क्षार की आवश्यकता होती है। लवण युक्त अन्न अगर बालक को नहीं मिलता तो बालक मिट्टी खाना प्रारंभ कर देता है। बालक जब अन्न खाए तो उसके प्रति उपयुक्त भावना उत्पन्न हो सके।

**'जैसा खाए अन्न वैसा होए मन'**

इसी उद्देश्य से अन्नप्राशन की आवश्यकता होती है।

**8. चूड़ाकर्म संस्कार (मुण्डन) –** मनुस्मृति में लिखा है की यह संस्कार पहले या तीसरे वर्ष में करना चाहिए। उत्तरायण काल में शुक्ल पक्ष में शुभ मुहूर्त, शुभ दिन देखकर करना चाहिए। यह संस्कार बल, आयु, तेज वृद्धि के लिए किया जाने वाला संस्कार है। त्वचा संबंधी रोगों के लिए यह संस्कार बालों का मुंडन देने से शरीर का तापक्रम कम हो जाता है।

इसके साथ शिखा रखनी चाहिए जिससे हमारे ज्ञान शक्ति को सदा चौतन्य रखते हुए उसमें वृद्धि होती है। हमारी बुद्धि को शास्त्रों में सूर्य का अंश माना गया है।

**9. कर्णवेध संस्कार –** जन्म के तीसरे या पांचवें वर्ष संस्कार का समय माना गया है। बसंत व शरद ऋतु के किसी भी माह के शुक्ल पक्ष में मुहूर्त के अनुसार शुभ दिन देखकर यह संस्कार करें। बालक को पूर्व की ओर मुंह करके बिठाएं। मिठाई देकर दांया कान छेदन सुई से करना चाहिए। छेदन पुरुष या सौभाग्वती स्त्री कर सकती है। इस संस्कार से बालक नपुंसक नहीं होता, बालिका बंध्या नहीं होती, इससे बवासीर नहीं होता व अण्डकोष क्षीण नहीं होता।

**10. विद्यारम्भ संस्कार –** आत्मोन्नति की युक्ति का मार्ग विद्या है। हमारे शास्त्रों में कहा गया है –

**'सा विद्यया विमुक्तये'** अर्थात विद्या वही है जो मुक्ति दिला सके।

विद्या का आरंभ पूर्ण संस्कार विधि से हो तभी बालक ज्ञानवान और सुसंस्कारीत होकर वर्तमान की दुष्प्रवृत्तियों से बचे रह सकता है। इस संस्कार से बालक में अपने ज्ञान का बोध बना रहता है।

बसन्त पंचमी अथवा पुष्य नक्षत्र बृहस्पतिवार को इस संस्कार के लिए शुभलग्न माना जाता है। इसमें सरस्वती की उपासना मुख्य है। क्योंकि विद्या की देवी सरस्वती है।

**11. उपनयन संस्कार –** इसका अर्थ – 'गुरु का सामीप्य प्राप्त करना।' इसे यज्ञोपवीत व जनेउ संस्कार से भी जाना जाता है। यज्ञोपवीत का अर्थ 'परमात्मा को प्राप्त होने वाला' (यज्ञ) यज्ञी वे विष्णु (शतपथ बह्मण) अर्थात् यज्ञ के लिए धारण किया जाने वाला सूत्र जिसको धारण करने से मनुष्य को यज्ञ प्राप्त करने का अधिकार मिल जाता है।

बाह्मण बालक को 8 वर्ष, क्षत्रिय को 11वें वर्ष व वैश्य को 12वें वर्ष यज्ञोपवीत करना चाहिए।

बह्मण बालक का बसंत ऋतु में, क्षत्रिय बालक का ग्रीष्म व वैश्य का शरद ऋतु में यज्ञोपवीत करना चाहिए।

गृह सूत्र में बताया गया है –

**'बसन्ते बाह्मणे, ग्रीष्मे राजन्य, शरदि वैश्यम्'**

**12. समापवर्तन संस्कार –** बालक जब गुरूकुल से घर पुन: लौटता है तब उसका विधिवत संस्कार करके उसको अपने कर्तव्यों व दायित्वों का बोध कराके गुरुकुल से विदा किया जाता है। इसी को समापवर्तन कहा है। यह गुरुकुल से विदा होने से पूर्व परीक्षा हेतु है।

**13. विवाह संस्कार –** विवाह संस्कार का मुख्य उद्देश्य केवल भोग विलास ही नहीं और न केवल संतान उत्पति ही विवाह का उद्देश्य है। परमेश्वर की कृपा से पुरूष को बहुत बढ़िया बीज और स्त्री को खेत मिला है। विवाह से स्त्री–पुरुष को संभोग का वैध अधिकार मिला है काम वासना नियंत्रित करना इसका मुख्य उद्देश्य है। इसी को ध्यान में रखकर पुरूष अपने अधिकार का उपयोग करते हुए योग्य संतान उत्पन्न करे।

मनुष्य पर तीन ऋण है –

1. देव ऋण
2. ऋषि ऋण
3. पितृ ऋण

विवाह का एक अन्य उद्देश्य 'वसुदेव कुटुम्बकम' के पवित्र आदर्श को व्यवहारिक रूप देना है।

विवाह 8 प्रकार के होते हैं।

**14. वानप्रस्थ संस्कार –** यह संस्कार 51वें वर्ष आयोजित किया जाता है। इसमें मानव अपने घर गृहस्थी की मोह माया के प्रति आसक्ती त्याग कर अपनी आय को सामाजिक एवं परमार्थिक कार्यों में लगा देता है। सामाजिक एवं परमार्थिक कार्यों में व्यस्त रहना वानप्रस्थ अवस्था है।

**15. संन्यास आश्रम –** यह 75 वर्ष के बाद यह काल सब को छोड़कर केवल आत्म कल्याण साधन में जुटनें के लिए है।

मनुस्मृति – **'चतुर्थ भायुषो भागं त्यक्त्वा सेन परिव्रजेत'**

अर्थात आयु का चौथा भाग सब कुछ छोड़कर संन्यास में बिताना चाहिए।

**16. अन्तिम संस्कार –** मनुष्य की देह जड़ है। इसमें चेतना जो है वो प्राण है। जीव क देह से बिछुड़ना मृत्यु है। मरते समय प्राण मनुष्य के कपाल को भेद कर निकल जाते है। यही सर्वोतम मृत्यु हमारे शास्त्रों ने मानी है। यह मनुष्य का 10वां द्वार है, जिस मनुष्य का 10वें द्वार से प्राणोत्सर्ग होता है वह मनुष्य 84 के चक्कर से मुक्त हो जाता है। ऐसी हमारे शास्त्रों की मान्यता है की वह मनुष्य भाग्यशाली होता है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :–**

1. मनुस्मृति
2. याज्ञवल्कय स्मृति
3. व्यास स्मृति
4. नारद पुराण
5. गृहसूत्र
6. छान्दोग्य उपनिषद

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LI (51), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# शहडोल संभाग के समाजार्थिक एवं सांस्कृतिक विकास परिदृश्य का ऐतिहासिक अध्ययन

**लेफ्टिनेंट डॉ. राजेश कुमार ठाकुर* शिव कुमार हल्दकार****

* शोध निर्देशक एवं सहा.प्रा. (इतिहास) स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नरसिंहपुर (म.प्र.) भारत
** सहायक प्राध्यापक (इतिहास) शासकीय आदर्श महाविद्यालय, उमरिया (म.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** शहडोल संभाग की स्थापना 14 जून 2008 को मध्यप्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह जी द्वारा की गई। इस संभाग में तीन जिले शहडोल, उमरिया एवं अनूपपुर शामिल हैं। चूंकि शहडोल जिला उमरिया व अनूपपुर जिले के मध्य में अवस्थिति है इस कारण से शहडोल को संभाग का मुख्यालय बनाया गया है। शहडोल, मध्य प्रदेश के उमरिया, अनूपपुर, सीधी, सतना और छत्तीसगढ़ के कोरबा और बिलासपुर जिलों से घिरा हुआ है। शहडोल जिले की समुद्र तट से अधिकतम ऊंचाई 1123 मीटर है। शहडोल जिले में 6 तहसील –ब्यौहारी, जयसिंहनगर, सोहागपुर, गोहपारु, बुढ़ार और जैतपुर हैं। शहडोल जिले को विभाजित कर 1998 में उमरिया और वर्ष 2003 को अनूपपुर जिला बनाया गया। ऐतिहासिक परिदृश्य के रूप में देखा जाये तो मध्य भारत कालीन नगर शहडोल म. प्र. के मध्य पूर्व में स्थित था। पूर्व में यह रीवा राज्य का एक प्रमुख क्षेत्र था; मध्यप्रदेश के प्रमुख जिले के रूप में इस नगर का उद्भव फरवरी 1948 के उपरान्त ही हो सका। यद्यपि यह जिला पिछड़ा हुआ जिला है तथा यहाँ के लगभग 58.32 प्रतिशत निवासी अनुसूचित जाति एवं जनजाति के हैं। प्रकृति ने इस जिले को अपना अपार स्नेह दिया है। तभी तो यह नर्मदा, सोन एवं जोहिला नदी का उद्गम स्थल है। सतपुड़ा, मैकल व अमरकंटक श्रृंखलाओं की ममतामयी गोद का संरक्षण श्रृंखलाओं, कंदराओं, घाटियों एवं सघन आवरण के रूप में सुरक्षा प्रदान करती है। शोधार्थी द्वारा शहडोल संभाग अंतर्गत आने वाले जिले शहडोल, उमरिया, अनूपपुर के ऐतिहासिक, सामाजिक व सांस्कृतिक परिदृश्य का विस्तृत अध्ययन किया गया है। अध्ययन को पृथक–पृथक जिले में वर्गीकृत कर 20वीं शताब्दी में शहडोल संभाग के विकास को स्पष्ट किया गया है। अध्ययन से स्पष्ट है कि क्षेत्र के सामाजिक व आर्थिक विकास में वहां की जनसंख्या का महत्वपूर्ण योगदान होता है। यद्यपि मध्यप्रदेश के अन्य संभागों की जनसंख्या की तुलना में सबसे कम जनसंख्या वाला संभाग, शहडोल संभाग है।

**शब्द कुंजी –** 20वीं शताब्दी में शहडोल संभाग, सामाजिक, सांस्कृतिक परिदृश्य, आर्थिक विकास।

**प्रस्तावना –** शहडोल संभाग अंतर्गत सम्मिलित जिलों का संक्षिप्त परिचय निम्नानुसार है–

**(1) शहडोल –** शहडोल जिले का गठन मध्यप्रदेश के पुनर्गठन के साथ ही वर्ष 1956 में किया गया है। शहडोल जिले के नाम के सम्बन्ध में इतिहासविदों का मानना है कि इस नगर का नाम शहडोलवा यादव के नाम के कारण पड़ा है। यह जिला उत्तर–पूर्वी दिशा में स्थित है। यह पहाड़ एवं वनों से घिरा हुआ है। इसका कुल भौगोलिक क्षेत्र 6205 वर्ग किलोमीटर है। वर्ष 2011 जनगणना के अनुसार जिले की जनसंख्या 10,66,063 है।

**(2) उमरिया –** इस जिले की स्थापना 6 जुलाई 1998 को शहडोल जिले से अलग करके की गई। बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान के लिए यह जिला प्रसिद्ध है। जिले में 3 विकासखण्ड, 5 तहसीलें, 610 आबाद ग्राम, 234 ग्राम पंचायतें, 03 जनपद पंचायतें एवं मण्डल पंचायतों की संख्या 12 है। यहाँ 4558 वर्ग कि.मी. क्षेत्र में कोयले का भण्डार है। संजय गांधी थर्मल पावर प्लाण्ट पाली (मण्ठार) में स्थित है।

**(3) अनूपपुर –** इस जिले की स्थापना 15 अगस्त 2003 को शहडोल जिले से अलग कर की गई। यह जिला 3701 वर्ग कि.मी. में फैला है, जो पहाड़ियो एवं वनों से घिरा हुआ है। अमरकंटक की पहाड़ियों से नर्मदा नदी व सोन नदी का उदगम हुआ है। इस जिले का मुख्यालय एवं नगर मध्यप्रदेश के उत्तर–पूर्वी दिशा में स्थित है। अनूपपुर रेलवे स्टेशन मध्यप्रदेश का अन्तिम जंक्शन है। इस जिले में 4 तहसील, 4 विकासखण्ड, 4 जनपद पंचायतें एवं आबाद ग्रामों की संख्या 571 है।

शहडोल संभाग की मुख्य कार्यशील एवं सीमांत कार्यशील कामगारों का विवरण प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य है, जो कि क्षेत्र के विकास में अपना अमूल्य योगदान प्रदान कर रहे हैं। शोधार्थी द्वारा मध्यप्रदेश के अन्य संभागों की तुलना में शहडोल संभाग में मुख्य कार्यशील एवं सीमांत कार्यशील कामगारों के तुलनात्मक अध्ययन हेतु वर्ष 2001 एवं वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर मध्यप्रदेश के संभागों में कार्यशील एवं सीमांत कामगारों का प्रतिशत निम्न तालिका में प्रस्तुत किया है:–

**तालिका – मध्यप्रदेश के संभागों में मुख्य एवं सीमांत कामगारों की स्थिति**

(संख्या प्रतिशत में)

| राज्य एवं संभाग | कुल कामगारों में से मुख्य कार्यशील कामगार | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | कुल | | ग्रामीण | | शहरी | |
| का नाम | 2001 | 2011 | 2001 | 2011 | 2001 | 2011 |
| **मध्यप्रदेश** | **74.1** | **71.9** | **70.7** | **67.7** | **88.4** | **87.1** |
| चम्बल | 74.4 | 77.3 | 72.2 | 75.4 | 86.7 | 85.2 |
| ग्वालियर | 76.6 | 76.3 | 72.9 | 71.9 | 89.2 | 88.1 |
| सागर | 72.9 | 72.2 | 70.3 | 69.3 | 86.1 | 85.7 |
| रीवा | 71.2 | 65.2 | 69.0 | 62.3 | 86.1 | 83.1 |
| **शहडोल** | **66.1** | **53.7** | **62.7** | **48.9** | **85.7** | **81.3** |
| उज्जैन | 75.6 | 74.4 | 72.8 | 70.7 | 87.6 | 88.1 |
| इंदौर | 78.3 | 81.3 | 74.7 | 77.8 | 91.2 | 91.6 |
| भोपाल | 75.1 | 70.9 | 70.0 | 64.0 | 88.6 | 85.4 |
| नर्मदापुरम | 71.1 | 69.3 | 67.7 | 65.4 | 89.0 | 87.3 |
| जबलपुर | 71.4 | 65.2 | 68.1 | 60.5 | 88.0 | 84.8 |
| **राज्य एवं संभाग** | **कुल कामगारों में से सीमांत कार्यशील कामगार** | | | | | |
| | कुल | | ग्रामीण | | शहरी | |
| **का नाम** | **2001** | **2011** | **2001** | **2011** | **2001** | **2011** |
| **मध्यप्रदेश** | **25.9** | **28.1** | **29.3** | **32.3** | **11.6** | **12.9** |
| चम्बल | 25.6 | 22.7 | 27.8 | 24.6 | 13.3 | 14.8 |
| ग्वालियर | 23.4 | 23.7 | 27.1 | 28.1 | 10.8 | 11.9 |
| सागर | 27.1 | 27.8 | 29.7 | 30.7 | 13.9 | 14.3 |
| रीवा | 28.8 | 34.8 | 31.0 | 37.7 | 13.9 | 16.9 |
| **शहडोल** | **33.9** | **46.3** | **37.3** | **51.1** | **14.3** | **18.7** |
| उज्जैन | 24.4 | 25.6 | 27.2 | 29.3 | 12.4 | 11.9 |
| इंदौर | 21.7 | 18.7 | 25.3 | 22.2 | 8.8 | 8.4 |
| भोपाल | 24.9 | 29.1 | 30.0 | 36.0 | 11.4 | 14.6 |
| नर्मदापुरम | 28.9 | 30.7 | 32.3 | 34.6 | 11.0 | 12.7 |
| जबलपुर | 28.6 | 34.8 | 31.9 | 39.5 | 12.0 | 15.2 |

स्रोत :– Directorate of Census Operations, Madhya Pradesh, Ministry of Home Affairs, Government of India, Year 2011, P. 195.

उपर्युक्त तालिका के अध्ययन से स्पष्ट होता है कि कुल कार्यशील श्रमिकों में से मुख्य कार्यशील कामगारों का प्रतिशत मध्यप्रदेश के सभी संभागों में से शहडोल संभाग का सबसे न्यूनतम दर्ज है। इसी प्रकार कुल सीमांत श्रमिकों के प्रतिशत का कुल श्रमिकों के प्रतिशत के संभागवार विश्लेषण से पता चलता है कि चंबल और इंदौर संभाग को छोड़कर सभी संभागों ने 2001–2011 के दशक के दौरान वृद्धि की प्रवृत्ति दर्ज की है। ग्रामीण सीमांत श्रमिकों ने ग्रामीण मुख्य श्रमिकों की तुलना में विपरीत प्रवृत्ति दर्ज की है। इसका आशय है कि केवल चंबल और इंदौर संभागों में नकारात्मक प्रवृत्ति है। शहरी सीमांत श्रमिकों के प्रतिशत में उज्जैन और इंदौर संभागों को छोड़कर सभी संभागों में वृद्धि की प्रवृत्ति देखी गई। मुख्य श्रमिकों (कुल, ग्रामीण और शहरी) में दशक भर में सबसे अधिक गिरावट शहडोल संभाग में देखी गई है। कुल मुख्य श्रमिकों के मामले में यह 12 प्रतिशत से अधिक है।

**तालिका – शहडोल संभाग की मुख्य कार्यशील जनसंख्या**

| विवरण | वर्ष 2001 | | वर्ष 2011 | |
|---|---|---|---|---|
| | जनसंख्या | प्रतिशत | जनसंख्या | प्रतिशत |
| **प्रतिशत के साथ श्रमिकों का विभाजन** | | | | |
| काश्तकार | 899461 | 39.3 | 11,29,219 | 24.5 |
| खेतिहर मजदूर | | 35.4 | | 47.4 |
| पारिवारिक उद्योग | | 2.7 | | 2.7 |
| अन्य | | 22.5 | | 25.5 |

स्रोत :– Directorate of Census Operations, Madhya Pradesh, Ministry of Home Affairs, Government of India, Year 2011, P. 226.

**दण्डारेख**




उपर्युक्त तालिका एवं ग्राफ के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि शहडोल संभाग में मुख्य कार्यशील श्रमिकों में से काश्तकारों का प्रतिशत जहां वर्ष 2001 में 39.3 प्रतिशत था वह वर्ष 2011 में घटकर 24.5 प्रतिशत हो गया अर्थात् काश्तारों की संख्या इस दशक में कम हुई है, साथ ही खेतिहर मजदूरों की संख्या में इस दशक में वृद्धि दिखाई देती है। वर्ष 2001 में खेतिहर मजदूर जहां 35.4 प्रतिशत थे वह वर्ष 2011 में बढ़कर 47.4 प्रतिशत हो गये, अर्थात् कृषि के विकास में 12 प्रतिशत खेतिहहर मजदूरों ने अपना योगदान दिया है। इसी प्रकार पारिवारिक उद्योगों में संलग्न कामगारों की स्थिति को देखा जाये तो स्पष्ट होता है कि इस क्षेत्र में कोई भी अंतर इस दशक में प्रतीत नहीं होता है। लेकिन अन्य कामगारों की स्थिति जहां वर्ष 2001 में 22.5 प्रतिशत थी वह वर्ष 2011 में बढ़कर 25.5 प्रतिशत हो गयी। अर्थात् वर्ष 2001 से वर्ष 2011 तक इस क्षेत्र में 3 प्रतिशत की वृद्धि परिलक्षित होती है।

**शहडोल संभाग में कृषि का विकास परिदृश्य –** बीसवीं शताब्दी में कृषि के विकास परिदृश्य को आंकलित करने के लिए वृहद आर्थिक विकास का ऐतिहासिक अध्ययन करना अनिवार्य होगा। वर्ष 1909 के पश्चात् मानसून भारतीय कृषि के लिए विशेष रूप से अनुकूल रहा है। फलत: भारतीय कृषि की समृद्धिशीलता में वृद्धि हुई। यह काल भारतीय कृषि के लिए एक अत्यंत ही अधिक महत्वपूर्ण काल है। इस काल में अनेक परिवर्तन हुए। साथ ही इस काल ने अनेक कृषि सुधारों एवं प्रयोगों का अनुभव किया। इस काल में कृषि क्षेत्र में हुए बदलाव को निम्न प्रकार से समझा जा सकता है जैसे (1). कृषकों ने फसलों के व्यवसायिक पक्ष पर अधिक ध्यान देना प्रारम्भ किया। (2) वाणिज्यिक और खाद्यान्न फसलों को उगाने में कृषि भूमि का उचित वितरण किया गया। (3) परिवहन और संचार सुविधाओं में विकास

के कारण कृषि की वस्तुओं को विभिन्न बाजारों में और भी अधिक सुविधापूर्वक ले जाना सम्भव हुआ। इससे कृषि वस्तुओं का बाजार और भी विस्तृत हो गया। (4) भारत का विदेशी व्यापार और भी बढ़ गया जिसमें कृषि वस्तुओं का महत्वपूर्ण स्थान था। (5) इस काल में भारतीय जनसंख्या में भी पर्याप्त वृद्धि हुई थी। अब तक भारतीय कुटीर और लघु उद्योगों का विनाश हो चला था, किन्तु साथ ही वृहत् उद्योगों का विकास भी नहीं हो पाया था। इसलिए आजीविका के अन्य साधनों के अभाव में भारतीय कृषि पर जनसंख्या का बोझ बढ़ गया। (6) इससे अन्य आजीविका साधनों के अभाव के कारण खेतों का छोटे-छोटे टुकड़ों में विभाजन तीव्र गति से प्रारम्भ हो गया। (7) जनसंख्या का भार बढ़ जाने तथा कृषि के वाणिज्यिकरण के कारण कृषि भूमि का मूल्य बढ़ गया। (8) भारत प्रमुखत: कच्चे माल का निर्यातक हो गया। कुटीर और लघु उद्योगों के कारण उसकी खपत देश में अब उतनी नहीं हो सकी किन्तु विदेशों में उनकी मांग बढ़ गयी थी।

20वीं शताब्दी के सामाजार्थिक विकास के तहत कृषि क्षेत्र में पड़ने वाले सकारात्मक/नकारात्मक प्रभाव समग्र रूप से भारत के समस्त प्रांतों में देखने को मिलते हैं। अत: यह स्पष्ट तोर पर कहा जा सकता है कि प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष रूप से कृषि में आये इन बदलावों का प्रभाव शहडोल संभाग में भी रहा है।

शहडोल संभाग में कृषि एक महत्वपूर्ण आर्थिक गतिविधि है, जिसमें चावल, मक्का, दालें और तिलहन जैसी फसलों का रकबा अत्यधिक पाया गया हैं। संभाग मुख्यालय, शहडोल जिले में कृषि एक प्रमुख व्यवसाय है, हल्दी की खेती को एक जिला एक उत्पाद के तहत चुना गया है, जो किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बना रहा है। यद्यपि पूर्व अध्यायों में शोधार्थी द्वारा शहडोल संभाग के शहडोल, उमरिया, अनूपपुर जिलों में कृषि के विकास परिदृश्य को विश्लेषित किया जा चुका है, जिससे स्पष्ट होता है कि कृषि के क्षेत्र में वृहद स्तर पर परिवर्तन हुआ है। कृषि के आधुनिकीकरण, गुणवत्तायुक्त बीज एवं सिंचाई की पर्याप्त व्यवस्था से जहां एक कृषि के विकास को गति प्राप्त हुई है वहीं कृषकों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हुई है। कृषि कार्य हेतु सिंचाई के संसाधनों की उपलब्धता के संबंध में सर्वेक्षण के आधार पर निम्न बिंदु परिलक्षित होते हैं।

1. नहरों की संख्या के आधार पर जैतहरी विकासखण्ड का पहला स्थान है, किन्तु सिंचित क्षेत्र के आधार पर सबसे अधिक क्षेत्रफल ब्यौहारी विकासखण्ड का है। सबसे कम नहरें एवं सिंचित क्षेत्र के आधार पर कोतमा विकासखण्ड है।
2. नलकूपों की संख्या के आधार पर सर्वोच्च स्थान पर मानपुर विकासखण्ड है, किन्तु सिंचित क्षेत्र की दृष्टि से करकेली विकासखण्ड का पहला स्थान है। सबसे कम नलकूपों की संख्या अनूपपुर विकासखण्ड में है परन्तु सिंचित क्षेत्रफल में सबसे पीछे पुष्पराजगढ़ विकासखण्ड है।
3. कुओं की संख्या एवं सिंचित क्षेत्रफल के आधार पर पहले स्थान पर करकेली विकासखण्ड है, जबकि संख्या के आधार पर सबसे पीछे कोतमा विकासखण्ड एवं कुओं से सिंचित क्षेत्र पर गोहपारू विकासखण्ड का स्थान सबसे निचले क्रम में है।
4. तालाबों की संख्या एवं सिंचित क्षेत्र के आधार पर पहले स्थान पर ब्यौहारी विकासखण्ड है, तथा सबसे कम तालाबों की संख्या में पाली विकासखण्ड व पुष्पराजगढ़ विकासखण्ड में सबसे कम सिंचित क्षेत्र है।

शहडोल संभाग में कृषि के आधुनिकीकरण एवं गुणवत्तापूर्ण बीजों की उपलब्धता के चलते कृषि के विकास को उत्तरोत्तर गति प्राप्त हो रही है, किन्तु इस संभाग में आदिवासियों की बाहुल्यता के कारण आज भी इस वर्ग के कृषकों द्वारा पुरानी पद्धति से ही कृषि कार्य किया जा रहा है, आधुनिकीकरण का प्रभाव एवं जागरूकता का अभाव आज भी वर्ग के लिए एक चिंता का विषय है। यद्यपि राज्य शासन इस वर्ग के लोगों को पर्याप्त सुविधायें व संसाधन मुहैया कराने पर प्रतिबद्ध है किन्तु इस वर्ग के लोगों तक इन सुविधाओं का न पहुंच पाना यक्ष प्रश्न बना हुआ है।

**शहडोल संभाग में शिक्षा का विकास –** सामाजिक एवं आर्थिक विकास की कल्पना, शिक्षा के बिना की जाना संभव नहीं है। शिक्षा ही एक ऐसा सशक्त साधन है जिसके माध्यम से न केवल समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर किया जा सकता है बल्कि एक अच्छे एवं सुदृढ़ समाज की स्थापना भी की जा सकती है। शिक्षण संस्थाएं ही व्यक्तियों को सामाजिक-आर्थिक विकास का आधार प्रदान करती हैं। शिक्षा ही वह माध्यम है जिसके द्वारा किसी भी क्षेत्र की सामाजिक- आर्थिक स्थिति एवं पिछड़ेपन को बदला जा सकता है।

**तालिका – शहडोल संभाग में शिक्षण संस्थाओं की स्थिति का मूल्यांकन**

| क्रं. | वर्ष | प्राथमिक शालाओं की संख्या | माध्यमिक शालाओं की संख्या | उच्चतर माध्यमिक शालाओं की संख्या | महाविद्यालयों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 1971 | 1263 | 134 | 26 | 3 |
| 2. | 1981 | 1392 | 177 | 37 | 4 |
| 3. | 1991 | 1378 | 267 | 62 | 6 |
| 4. | 2001 | 1451 | 335 | 90 | 9 |
| 5. | 2011 | 1495 | 629 | 129 | 13 |
| 6. | 2021 | 1693 | 756 | 248 | 23 |

स्रोत :- जिला सांख्यिकी पुस्तिका, शहडोल,उमरिया, अनूपपुर।




**शहडोल संभाग में सांस्कृतिक धरोहर –** मध्यप्रदेश भारत का हृदय प्रदेश है और शहडोल संभाग (अध्ययन क्षेत्र का संभाग) इस हृदय प्रदेश पर सुशोभित एक मणि के समान है। विविधता में एकता को समेटे विशाल भारत वर्ष के प्रत्येक क्षेत्र की अपनी एक पृथक पहचान एवं विशेषता है। प्रत्येक क्षेत्र अपनी विशिष्ट संस्कृति, भाषा, वेशभूषा, जीवनशैली, खान-पान, रीतिरिवाज एवं सामाजिक, राजनैतिक एवं आर्थिक स्थितियाँ इत्यादि के कारण वैसे ही है, जैसे किसी माला में भिन्न-भिन्न प्रकार के रत्नों को पिरोया गया है। इनमें से एक रत्न हमारा शहडोल संभाग है, जो अपनी कई

विभिन्नताओं के कारण म.प्र. ही नहीं अपितु सम्पूर्ण भारत में एक विशिष्ट स्थान रखता है। शहडोल संभाग की सामाजिक एवं सांस्कृतिक धरोहर को जीवंत रखने में आदिवासियों का प्रमुख स्थान है। अध्ययन की दृष्टि से यहां आदिवासियों के सामाजिक एवं सांस्कृतिक परिदृश्य का विश्लेषण करना उचित होगा क्योंकि अनुसूचित जनजाति के लोगों ने ही यहां की सांस्कृतिक विरासत को जींवत रखा है। यदि शहडोल संभाग की सांस्कृतिक विरासत को स्पष्ट करना है तो यहां के आदिवासियों की संस्कृति का अध्ययन करना अनिवार्य है।

शहडोल संभाग में आदिवासियों की जातिय बाहुल्यता के पदानुक्रम के आधार पर (01) गोंड़ (02) परधान (03) भरिया (04) सहरिया (05) भील (06) हल्वा (07) बैगा (08) बहेलिया (पारधी) आदि हैं। इनमें गोंड़ जाति की बाहुल्यता है। जातियों की सामाजिक स्थिति के निर्धारक तथ्य पृथक-पृथक हैं। प्रत्येक जाति के अपने-अपने सामाजिक स्थिति निर्धारक तत्व हैं जो उनकी जाति विशेष के संदर्भ में ही मान्य हैं और उनके आधार पर उस जाति विशेष में सामाजिक स्तर की मान्यता मिलती है, जिसका समर्थन परिवेश में निवासरत् अन्य जातियाँ भी करती हैं। सामाजिक स्थिति का निर्धारण अनेक मापदण्डों के आधार पर किया जाता है, जिनका निर्धारण सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक स्थिति के आधार पर किया जाता है, अंतिम दो मापदण्ड, स्थिति एवं परिस्थिति के अनुसार परिवर्तित होते हैं। आर्थिक स्थिति अच्छी होने पर व्यक्ति विशेष का सामाजिक स्तर उच्च हो जाता है, आर्थिक स्थिति अच्छी न होने की स्थिति में सामाजिक स्तर निम्न ही रहता है। उसी प्रकार राजनैतिक पद के कारण भी संबंधित का सामाजिक स्तर प्रभावित होता है, उच्च राजनैतिक पद पाने पर उसका सामाजिक स्तर उच्च रहता है।

वेशभूषा से सभ्यता तथा बोलने या संभाषण से संस्कृति का आभास होता है। आदिवासी स्वभाव से श्रृंगार प्रिय जाति है। उसे वस्त्र और आभूषण पहनने का अत्यंत शौक होता है। पहनावा एवं वेशभूषा के मामले में पीढ़ी का अंतर अध्ययन क्षेत्र में स्पष्ट रूप में देखा जा सकता है। वर्ष 2000 के पूर्व लोग (पुरूष) सफेद फर्द (धोती) पहनते थे। इसे परम्परागत तरीके से कमर में बांधकर पहना जाता था। कमर के ऊपर एक फतोही नामक परिधान का उपयोग करते थे। सिर पर पगड़ी की भाँति गमछा बांधा जाता था, जो सफेद या ज्यादातर लाल रंग का होता था। वहीं स्त्रियाँ मूंगई सूती साड़ी पहनती थी, जो कमर के सहारे परम्परागत तरीके से पहनी जाती थीं, कमर के ऊपर पोलका पहना जाता था। लेकिन अब पुरूष वर्गों द्वारा पेन्ट शर्ट पहनने का रिवाज है, वहीं स्त्रियाँ पेटीकोट तथा साड़ी, ब्लाऊज का उपयोग करती हैं। बच्चों के कपड़ों में समयानुकूल बदलाव देखा जा सकता है। ये परिवर्तन षिक्षा के प्रभाव तथा आय के कारण हुये हैं। अत: यह स्पष्ट है कि आदिवासियों के रहन-सहन में उनकी आर्थिक स्थिति अनुरूप आधुनिक पहनावे का महत्व बढ़ता जा रहा है।

**निष्कर्ष -** निष्कर्षत: कहा जा सकता है कि शहडोल संभाग आदिवासी संभाग होने के बावजूद भी शिक्षा, यातायात, संचार-व्यवस्था, मनोरंजन के साथ साक्षरता की स्थिति में भी उत्तरोत्तर प्रगति हो रही है। यहां पर बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान होने के कारण देश के साथ-साथ विदेशों से भी पर्यटक यहां की मनोरम प्राकृतिक वातावरण को देखने के आकर्षित हो रहे हैं। वाणसागर बहुउद्देशीय बांध परियोजना से संभाग के साथ-साथ प्रदेश ही नहीं, अपितु दूसरे प्रदेशों में भी सिंचाई के लिए पानी नहरों के माध्यम से भेजा जाता है, इसके साथ ही विद्युत उत्पादन भी बढ़ाया जा रहा है। लघु एवं कुटीर उद्योगों के साथ-साथ पशुपालन, मछलीपालन आदि से भी विभिन्न लोगों को रोजगार के पर्याप्त साधन उपलब्ध हो रहे हैं।

खनिज संसाधनों की पर्याप्त उपलब्धता होने से संभाग उत्तरोत्तर प्रगति कर रहा है। कोयले की खदानों से भरपूर मात्रा में कोयला उत्खनन हो रहा है, जो मध्यप्रदेश के अन्य राज्यों में ही नहीं अपितु देश के कोने-कोने में निर्यात किया जाता है। जिससे संभाग आर्थिक रूप से सुदृढ़ स्थिति में है। बाक्साइट, टाईल्स पत्थरों के कारखानों ने जहां श्रमिकों को रोजगार मुहैया कराया है वहीं इन खनिजों के निर्यात से सरकार के राजस्व में वृद्धि हुई है। जिससे संभाग की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है।

संभाग में कृषि के विकास को देखा जाये तो इस क्षेत्र में भी कृषकों द्वारा रबी एवं खरीफ की फसलों का बढ़-चढ़कर उत्पादन कर लाभ प्राप्त कर रहे हैं। यद्यपि संभाग में आदिवासी जनजातियों की बाहुल्यता है, जिनमें से अधिकांश कृषक आज भी कृषि को परम्परागत तरीके से कर रहे हैं जिससे उन्हें अन्य कृषकों की तुलना में लाभ कम प्राप्त हो रहा है। इस दिशा में इस वर्ग के कृषकों को जागरूक करने की महती आवश्यकता है। सिंचाई के संसाधन को देखा जाये तो संभाग में नदियां, नहरें, कुएं, तालाब, ट्यूब्बेल आदि की उपलब्धता पर्याप्त मात्रा में है। अत: यह कहा जा सकता है कि अध्ययन क्षेत्र शहडोल संभाग प्रत्येक क्षेत्र में प्रगति पथ पर अग्रसर है। राज्य शासन की नीतियों का लाभ क्षेत्र के हर वर्ग को पात्रतानुसार समग्र रूप से प्राप्त हो रहा है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची:-**

1. श्रीवास्तव, पी.एन : जिला गजेटियर शहडोल, म.प्र. जिला गजेटियर, वर्ष 1980।
2. पाण्डेय, प्रो. श्रीधर, आधुनिक भारत का आर्थिक इतिहास, मोतीलाल बनारसी दास प्रकाशन, दिल्ली, वर्ष 2010
3. सिंह, रामगोपाल (2000) समाज शास्त्र, समाज शास्त्रीय अवधारणा एवं भारतीय समाज, मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी, भोपाल।
4. मिश्र, उमाशंकर (2002), सामाजिक, सांस्कृतिक मानव शास्त्र, पलक प्रकाशन, नई दिल्ली।
5. ओक्टे, मारूतिराव : छिन्दवाड़ा क्षितिज, वर्ष 1995
6. तिवारी, डॉ. शिवकुमार एवं डॉ. श्रीकमल शर्मा, म.प्र. की जनजातियाँ समाज एवं व्यवस्था, वर्ष 2007
7. वन्या संदर्भ, 10 मार्च, 2006
8. जिला जनगणना पुस्तिका, वर्ष 2001, पृ. xxii एवं जिला जनगणना पुस्तिका, भाग-ब, वर्ष 2011
9. कुमार, डॉ. प्रमिला : मध्यप्रदेश एक भौगोलिक अध्ययन, मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी, भोपाल, 2003
10. https://censusindia.gov.in/census.website/node/481

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LI (51), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# किशोरों एवं युवाओं के मध्य बाल संरक्षण संबंधित मुद्दों के प्रति जागरूकता पर एक अध्ययन:भोपाल जिले के विशेष संदर्भ के साथ

**सुनील सेन*  डॉ. दीपक गर्ग****

* शोधार्थी, रवींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय, भोपाल (म.प्र.) भारत
** प्रोफेसर (ह्यूमैनिटीज एवं लिबरल आर्ट्स) रवींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय, भोपाल (म.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** बाल संरक्षण भारत में एक महत्वपूर्ण चिंता का विषय है, जहाँ किशोर और युवा बाल श्रम, बाल विवाह, यौन शोषण और ऑनलाइन शोषण जैसी समस्याओं का सामना करते हैं। यह पत्र, जो पूरी तरह से द्वितीयक डेटा पर आधारित है, मध्य प्रदेश के भोपाल जिले में जागरूकता स्तरों और चुनौतियों की जांच करता है। डेटा एनसीआरबी रिपोर्टों, यूनिसेफ अध्ययनों, सरकारी सर्वेक्षणों (एनएफएचएस-5, जनगणना, एनसीपीसीआर रिपोर्ट) और राज्य स्तर के दस्तावेजों से लिया गया है। विश्लेषण से यह स्पष्ट होता है कि जबकि कानूनी और संस्थागत ढांचे मौजूद हैं, किशोरों और युवाओं के बीच जागरूकता अपर्याप्त बनी हुई हैकृविशेष रूप से ग्रामीण और हाशिए पर रहने वाले समुदायों में। साइबर सुरक्षा और औपचारिक शिकायत तंत्र (जैसे चाइल्डलाइन 1098, किशोर न्याय बोर्ड और बाल कल्याण समितियाँ) के बारे में ज्ञान कमजोर है। निष्कर्षों से यह स्पष्ट होता है कि भोपाल में स्कूल-आधारित जागरूकता कार्यक्रमों को मजबूत करने, डिजिटल साक्षरता के एकीकरण और सामुदायिक स्तर पर संवेदनशीलता अभियानों की आवश्यकता है।

**शब्द कुंजी –** बाल संरक्षण, किशोर, युवा, जागरूकता, भोपाल, एनसीआरबी, एनएफएचएस-5, पोक्सो,हिंसा,शोषण।

**प्रस्तावना –** बाल संरक्षण में बच्चों के खिलाफ हिंसा, शोषण, शोषण और उपेक्षा की रोकथाम शामिल है। भारत सरकार ने बाल यौन अपराधों से संरक्षण (पोक्सो) अधिनियम, 2012, किशोर न्याय अधिनियम, 2015, और बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 जैसे कई कानून पेश किए हैं। इन उपायों के बावजूद, उल्लंघन व्यापक रूप से फैले हुए हैं।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी, 2022) के अनुसार, भारत में बच्चों के खिलाफ अपराधों में पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 13: की वृद्धि हुई है। मध्य प्रदेश पोक्सो और बाल विवाह से संबंधित उल्लंघनों के तहत मामलों की उच्चतम संख्या दर्ज करने वाला राज्य बना हुआ है। भोपाल जिले में, तेजी से शहरीकरण, प्रवासन और डिजिटल प्रवेश ने किशोरों और युवाओं को नए जोखिमों के सामने ला दिया है, जबकि जागरूकता असंगत बनी हुई है।

किशोर एवं युवा वर्ग समाज का वह हिस्सा है जो परिवर्तन का वाहक बन सकता है। इनके बीच बाल संरक्षण संबंधी मुद्दों की समझ और संवेदनशीलता समाज में सुरक्षित वातावरण बनाने हेतु आवश्यक है। इस शोध पत्र में भोपाल जिले के संदर्भ में द्वितीयक आँकड़ों द्वारा किशोरों एवं युवाओं की जागरूकता का अध्ययन किया गया है।

**उद्देश्य:**

1. भोपाल जिले के किशोर एवं युवाओं में बाल संरक्षण मुद्दों के प्रति जागरूकता का अध्ययन करना।
2. जिले में प्रमुख बाल संरक्षण संबंधी समस्याओं की पहचान करना।

**कार्यप्रणाली –** यह अध्ययन पूर्णत: द्वितीयक आँकड़ों पर आधारित है। अध्ययन में निम्न स्रोतों से जानकारी ली गई:

1. राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय रिपोर्टें (NCPCR, NCRB, UNICEF, MWCD)
2. NCRB अपराध भारत में रिपोर्ट (2018-2022)
3. NFHS-5 (2019-21) राज्य/जिला तथ्य पत्रक
4. UNICEF और NCPCR द्वारा बाल अधिकारों और जागरूकता पर प्रकाशन
5. महिला एवं बाल विकास मंत्रालय(MWCD) तथा मध्यप्रदेश बाल अधिकार
. संरक्षण आयोग की रिपोर्ट
6. भोपाल जिले में बाल मुद्दों पर कार्यरत विभिन्न स्वयं सेवी संस्थाएं।
7. संबंधित जर्नल लेख, पुस्तकें, और सरकारी नीति दस्तावेज
8. डेटा का वर्णात्मक विश्लेषण किया गया ताकि मध्य प्रदेश और भोपाल जिले के लिए विशिष्ट प्रवृत्तियों, अंतरालों, और पैटर्न को उजागर किया जा सके।

**द्वितीयक डेटा की समीक्षा**

**1. बाल विवाह –** NFHS-5 (2019-21) के अनुसार, मध्य प्रदेश में लगभग 23% महिलाएं जो 20-24 वर्ष की आयु की हैं, 18 वर्ष से पहले विवाह कर चुकी हैं। भोपाल के जिला स्तर के तथ्य पत्रक ग्रामीण जिलों की तुलना में कम दरें दिखाते हैं, लेकिन बाल विवाह शहरी और झुग्गी-झोपड़ी समुदायों में गरीबी और सामाजिक मानदंडों के कारण जारी है। बाल विवाह निषेध अधिनियम के प्रति जागरूकता शिक्षित युवाओं में अधिक है लेकिन ग्रामीण घरों में सीमित है।

**2. बाल श्रम –** जनगणना 2011 के अनुसार, मध्य प्रदेश में 7 लाख से अधिक बाल श्रमिक थे। भोपाल में एनजीओ की रिपोर्टें बताती हैं कि बाल श्रम असंगठित क्षेत्रों (घरेलू काम, सड़क किनारे खाने-पीने की दुकानें, कार्यशालाएं) में प्रचलित है। बाल श्रम (निषेध और विनियमन) संशोधन

अधिनियम, 2016 के बारे में जागरूकता की कमी इसके जारी रहने में योगदान करती है।

**3. यौन शोषण और POCSO मामले –** NCRB (2022) ने मध्य प्रदेश में POCSO के तहत 16,000 से अधिक मामलों को दर्ज किया, जिसमें भोपाल शीर्ष जिलों में से एक है। कई मामले रिपोर्ट नहीं किए जाते हैं क्योंकि डर, कलंक, और शिकायत प्रक्रियाओं के बारे में ज्ञान की कमी होती है।किशोर और युवा अक्सर बाल कल्याण समितियों (CWC) या विशेष किशोर पुलिस इकाइयों (SJPU) के बारे में अनजान रहते हैं।

**4. साइबर सुरक्षा –** यूनिसेफ (2021) ने मध्य प्रदेश में युवा के बीच स्मार्टफोन के बढ़ते उपयोग के साथ ऑनलाइन शोषण और साइबरबुलिंग में वृद्धि की रिपोर्ट की। NCRB के साइबर अपराध आंकड़े (2022) दिखाते हैं कि ऑनलाइन उत्पीड़न के पीड़ितों की एक महत्वपूर्ण संख्या 13–24 आयु वर्ग में आती है। अभियानों के बावजूद, सुरक्षित इंटरनेट उपयोग और रिपोर्टिंग तंत्र के बारे में जागरूकता अपर्याप्त है।

**5. संस्थागत तंत्र और जागरूकता कार्यक्रम –** महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत एकीकृत बाल संरक्षण योजना (ICPS) और चाइल्डलाइन 1098 भोपाल में कार्यरत हैं। विभिन्न अभियानों जैसे लाडली लक्ष्मी योजना,बेटी बचाओ–बेटीपढ़ाओ एवं एकीकृत बाल संरक्षण योजना अप्रत्यक्ष रूप से सुरक्षा को बढ़ावा देते हैं। हालांकि, क्षेत्रीय मूल्यांकन (MWCD रिपोर्ट) दिखाते हैं कि ग्रामीण स्कूलों और झुग्गियों में जागरूकता सत्रों की पहुंच सीमित है।

**निष्कर्ष एवं चर्चा**

**1. भोपाल जिले में बाल संरक्षण की स्थिति –** बाल श्रम और सड़क पर रहने वाले बच्चों की संख्या प्रवास एवं गरीबी के कारण अधिक है। बाल यौन शोषण मामलों में वृद्धि हुई है, NCRB आँकड़ों के अनुसार भोपाल शहरी क्षेत्र प्रमुख केंद्र है। बाल विवाह अब भी भोपाल के ग्रामीण/अर्ध–शहरी क्षेत्रों में प्रचलित है। इंटरनेट के प्रसार के कारण किशोरों में साइबर शोषण की घटनाएँ बढ़ रही हैं।

**2. किशोर एवं युवाओं में जागरूकता का स्तर –** अधिकांश किशोर एवं युवा बाल श्रम और यौन शोषण को समस्या मानते हैं, किंतु कानूनी प्रावधानों और शिकायत तंत्र (जैसे चाइल्डलाइन 1098) के बारे में जागरूकता कम है। स्कूल एवं कॉलेज आधारित कार्यक्रमों ने संवेदनशीलता बढ़ाई है, लेकिन कवरेज सीमित है।

**3. संस्थाओं की भूमिका –** शैक्षणिक संस्थानों ने बाल अधिकारों पर कार्यशालाएँ आयोजित कीं, परंतु स्थायी प्रभाव कम है।NGOs ने बचाव, परामर्श और जागरूकता बढ़ाने में सक्रिय योगदान दिया। सरकारी अभियानों ('बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ', 'चाइल्डलाइन से दोस्ती') ने दृश्यता तो बढ़ाई, लेकिन दीर्घकालिक परिवर्तन सीमित है।

**4. प्रमुख चुनौतियाँ –** झुग्गी एवं अर्ध–शहरी क्षेत्रों तक सीमित पहुँच। यौन शोषण जैसे मुद्दों पर खुली चर्चा को सामाजिक मान्यताएँ बाधित करती हैं। युवाओं के लिए उपयुक्त रिपोर्टिंग और जागरूकता मंचों की कमी।

**निष्कर्ष –** द्वितीयक आँकड़ों पर आधारित इस अध्ययन से यह स्पष्ट होता है कि शहरी भोपाल में कानूनी जागरूकता अधिक है लेकिन ग्रामीण और झुग्गी जनसंख्या में निरंतर अंतराल हैं। भोपाल जिले के किशोर एवं युवाओं को बाल श्रम एवं शोषण जैसी समस्याओं की आंशिक जानकारी है, किंतु कानूनों, शिकायत तंत्र एवं संस्थागत सहयोग की समझ सीमित है। निरंतर और व्यापक जागरूकता प्रयासों की आवश्यकता है। बाल विवाह और बाल श्रम कानूनी प्रतिबंधों के बावजूद जारी हैं, प्रवर्तन और जागरूकता की कमी के कारण।

साइबर सुरक्षा सबसे कमजोर क्षेत्र है, जहां अधिकांश किशोर डिजिटल रिपोर्टिंग उपकरणों के बारे में अनजान हैं।लिंग असमानता मौजूद हैकृलड़कियाँ बाल विवाह और यौन शोषण के प्रति अधिक संवेदनशील हैं, जबकि लड़के अधिकतर बाल श्रम में पाए जाते हैं। संस्थागत तंत्र मौजूद हैं (चाइल्डलाइन, CWC, SJPU), लेकिन किशोर और युवा अक्सर सीमित जागरूकता के कारण इनका उपयोग नहीं करते हैं।शैक्षणिक संस्थानों, समुदाय आधारित कार्यक्रमों और डिजिटल माध्यमों से युवाओं को सशक्त करना ही बाल संरक्षण को मजबूत करने का प्रभावी मार्ग है।

**सुझाव:**

1. **शैक्षणिक संस्थानों में कार्यक्रम:** विद्यालयों और महाविद्यालयों मंग संरचित बाल संरक्षण तथा साइबर सुरक्षा से संबंधित पाठ्यक्रम/मॉड्यूल सम्मिलित किए जाएँ।
2. **युवा संगठनों की भूमिका:** NSS, NCC तथा युवा क्लबों के माध्यम से सहकर्मी–आधारित जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएँ और युवाओं को नीति–निर्माण तथा वकालत में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रोत्साहित किया जाए।
3. **समुदाय–आधारित पहल:** शहरी झुग्गियों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में NGOs, आंगनवाड़ी केन्द्रों और युवा क्लबों के सहयोग से जागरूकता अभियान संचालित किए जाएँ।
4. **डिजिटल सशक्तिकरण:** चाइल्डलाइन 1098 जैसे शिकायत/रिपोर्टिंग तंत्र के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु सोशल मीडिया प्लेटफार्मों का प्रभावी उपयोग किया जाए।
5. **संस्थागत समन्वय:** विद्यालयों और बाल संरक्षण संस्थाओं (जैसे CWC एवं DCPU) के बीच प्रत्यक्ष एवं सतत समन्वय स्थापित किया जाए।
6. **अभिभावक संवेदनशीलता:** अभिभावकों के लिए संवेदनशीलता एवं जागरूकता कार्यशालाएँ आयोजित की जाएँ, जिससे कलंक (Stigma) को कम किया जा सके और घटनाओं की रिपोर्टिंग को प्रोत्साहन मिले।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :–**

1. चाइल्डलाइन इंडिया फाउंडेशन। (2022). वार्षिक रिपोर्ट। उपलब्ध: https://www.childlineindia.org
2. मध्यप्रदेश शासन, महिला एवं बाल विकास विभाग। (2021). मध्यप्रदेश में बाल संरक्षण पहल। भोपाल: मध्यप्रदेश शासन।
3. महिला एवं बाल विकास मंत्रालय। (2022). वार्षिक रिपोर्ट 2021–22। नई दिल्ली: भारत सरकार।
4. राष्ट्रीय अपराध अभिलेख ब्यूरो। (2023). क्राइम इन इंडिया 2022: सांख्यिकी। नई दिल्ली: गृह मंत्रालय, भारत सरकार।
5. राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग। (2021). भारत में बाल अधिकारों की स्थिति। नई दिल्ली: एनसीपीसीआर।
6. राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (NFHS–5)। (2021). भारत एवं राज्य तथ्य पत्रक 2019–21। मुंबई: अंतर्राष्ट्रीय जनसंख्या विज्ञान संस्थान (IIPS) एवं ICF
7. यूनिसेफ इंडिया। (2020). बाल संरक्षण एवं बाल अधिकार। उपलब्ध: https://www.unicef.org/india

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LI (51), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षकों का कार्य के प्रति दृष्टिकोण : सर्वेक्षण आधारित अध्ययन

**डॉ. उमा श्रीवास्तव***

* सहायक प्राध्यापक, शासकीय अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय, देवास (म.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** समर्पण भाव से किये गये किसी भी कार्य का परिणाम गुणवत्ता पूर्ण ही होता है और समर्पण भाव की उत्पत्ति कार्य की संतुष्टि से ही उत्पन्न होती है। शिक्षक समाज में वह व्यक्तित्व है, जो राष्ट्र निर्माता के रूप में अपनी भूमिका निभाता है। वे अपने विद्यार्थियों को न केवल केवल गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करते हैं, बल्कि वे मार्गदर्शक, परामर्शदाता, मनोवैज्ञानिक, प्रेरक आदि के रूप में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका भी निभाते हैं। शिक्षित समाज की नींव में भी शिक्षकीय व्यवसाय का महत्वपूर्ण योगदान होता है। शिक्षकीय कार्य के प्रति दृष्टिकोण व गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा, सामान्य रूप निम्नलिखित आयामों के आधार पर प्रभावित होती है –

1. कार्य की संतुष्टि 2. कार्य का अनुभव 3. कार्य क्षेत्र का वातावरण 4. विकास के अवसर 5. कार्य की प्रेरणा

प्रस्तुत अध्ययन विभिन्न विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के कार्य के प्रति दृष्टिकोण का सर्वेक्षण पर आधारित विश्लेषण है। इस अध्ययन हेतु शासकीय विद्यालयों में कार्यरत् 100 शिक्षकों (जिसमें महिला एवं पुरूष दोनों शामिल हैं) का चयन किया गया। शोधकर्ता द्वारा चयनित प्रत्येक आयाम के विश्लेषण हेतु स्वनिर्मित 10–10 कथनों की कथनावली का निर्माण कर प्रशासित किया गया। ये कथन 5 बिन्दु लिकर्ट स्केल आधारित थे। प्राप्त निष्कर्षों में अधिकांश न्यादर्शों का दृष्टिकोण शैक्षिक कार्य के प्रति सकारात्मक पाया गया।

**शब्द कुन्जी –** कार्य संतुष्टि, कार्य के प्रति दृष्टिकोण।

**प्रस्तावना –** विकासशील राष्ट्र की आधारशिला शिक्षा है और शिक्षक राष्ट्र निर्माता माने जाते हैं। अत: शिक्षक राष्ट्रीय विकास की प्रक्रिया में रीढ़ की हड्डी की भूमिका निभाते हैं। शिक्षकों के प्रेरणा का स्तर और विद्यार्थियों के सीखने के परिणाम उनके अपने कार्य अनुभव को प्रदर्शित करती है।

किसी भी कार्य अथवा नौकरी का मूल्यांकन विभिन्न कारकों जैसे – कार्य संतुष्टि, कार्यानुभव, विकास के अवसर, कार्य प्रेरणा और कार्य वातावरण आदि के समग्र प्रभावों के आधार पर किया जाना चाहिए। शिक्षकीय कार्य एक आदर्श पेशा है, जहाँ शिक्षक का भावनात्मक जुड़ाव और अपने कार्य के प्रति ईमानदारी, निष्पक्षता और कर्तव्यनिष्ठता की अत्यंत आवश्यकता होती है।

अत: शिक्षक के शिक्षण कार्य को प्रभावित करने वाले कारक यदि उसकी अभिवृत्ति व रूचि अनुरूप होगें, वह गुणवत्ता पूर्ण शिक्षण कार्य के प्रति प्रतिबद्ध भी होगा।

**समस्या कथन –** शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षकों का कार्य के प्रति दृष्टिकोण : सर्वेक्षण आधारित अध्ययन।

**अध्ययन के उद्देश्य :**

1. शिक्षकों के कार्य के प्रति दृष्टिकोण को प्रभावित करने वाले कारकों की पहचान करना।
2. शैक्षिक संस्थानों में कार्यरत शिक्षकों के उक्त कारकों का मूल्यांकन करना।
3. कारकों के बीच सहसम्बन्ध ज्ञात करना।
4. शैक्षिक संस्थानों में कार्यरत शिक्षकों की समग्र कार्य के दृष्टिकोण का मूल्यांकन करना।
5. शिक्षकों की कार्य बोध में सुधार हेतु सुझाव देना।

**परिभाषायें – अध्ययन में प्रयुक्त नवीन शब्दों की परिभाषायें निम्नानुसार हैं–**

**कार्य संतुष्टि** – कार्य संतुष्टि वह अवस्था है जिसमें व्यक्ति अपने कार्य से आत्म–संतोष, खुशी, कार्य की पूर्णता पर गर्वित महसूस करता है। यह वह मानसिक अवस्था है, जिसमें व्यक्ति की कार्य से जुड़ी अपेक्षाओं और वास्तविक अनुभवों के बीच संतुलन की स्थिति को दर्शाती है। कार्य संतुष्टि व्यक्ति की वह मानसिक अवस्था को प्रदर्शित करती है जिसमें कि वह अपने कार्य, कार्य का वातावरण, विकास के अवसर, वेतन, सहकर्मियों तथा प्रशासन के प्रति संतुष्टि अथवा संतोष का अनुभव करता है।

**विभिन्न विद्वानों की परिभाषाएँ :**

**बिशी (1996) :** शिक्षक की कार्य–संतुष्टि यह दर्शाती है कि वह अपने दैनिक कार्यों को करते समय कैसा महसूस करता है।

**हॉपॉक (1935) :** कार्य–संतुष्टि व्यक्ति के उन मनोवैज्ञानिक, शारीरिक और पर्यावरणीय परिस्थितियों का योग है, जो यह बताती है कि कोई व्यक्ति अपने कार्य से कितना संतुष्ट है।

**लॉक (1976) :** कार्य–संतुष्टि एक ऐसी सुखद या सकारात्मक भावनात्मक अवस्था है, जो व्यक्ति के अपने काय्र के अनुभवों के मूल्यांकन से उत्पन्न होती है।

**कार्य के प्रति दृष्टिकोण –** कार्य के प्रति दृष्टिकोण यह प्रदर्शित करता है कि व्यक्ति अपने कार्य को किस प्रकार से देखता है, उसमें कितनी रूचि लेता है

तथा उस कार्य के प्रति उसका भावनात्मक जुड़ाव कैसा है। यह व्यक्ति की उस मानसिक और भावनात्मक स्थिति को दर्शाता है, जो उसके कार्य, पेशे या नौकरी के प्रति उसे अनुभव, विश्वास, भावनाएँ और प्रतिक्रिया से जुड़ी होती है।

**न्यादर्श –** प्रस्तुत अध्ययन के लिए देवास जिले के शासकीय एवं निजी विद्यालयों के 100 शिक्षकों का चयन स्तरीकृत यादृच्छिक पद्धति (Stratified Random Sample) द्वारा किया गया। जिसमें शासकीय विद्यालय के 60 तथा निजी विद्यालय के 40 शिक्षकों का चयन किया गया।

**उपकरण निर्माण –** प्रस्तुत अध्ययन में शोधकर्ता द्वारा स्वनिर्मित शोध उपकरण का उपयोग किया गया। शोध उपकरण निर्माण में शिक्षक के कार्य के प्रति दृष्टिकोण को प्रभावित करने वाले 5 आयामों आधारित कथनों का निर्माण किया गया। प्रत्येक कारक में 10-10 कथनों का समावेश किया गया। ये कथन 5-बिन्दु लिकर्ट स्केल (पूर्णत: असहमत = 1, असहमत = 2, उदासीन = 3, सहमत = 4, पूर्णत: सहमत = 5,) के आधार पर आंकलित किये गये। ये आयाम हैं-

1. कार्य के प्रति संतुष्टि (10 कथन)
2. कार्य का अनुभव (10 कथन)
3. विकास के अवसर (10 कथन)
4. कार्य क्षेत्र का वातावरण (10 कथन)
5. कार्य की प्रेरणा (10 कथन)

उक्तानुसार उपकरणों के निर्माण में प्रत्येक आयाम के लिए निम्नानुसार कथनों का समावेश किया गया –

**1. कार्य के प्रति संतुष्टि –** इस उपकरण में शिक्षक के रूप में कैरियर का लक्ष्य, राष्ट्र निर्माता में हिस्सेदारी, शिक्षण में आनंद, विद्यार्थियों के साथ आनंद की अनुभूति, पुन: शिक्षक बनने की चाहत, समुदाय में प्राप्त सम्मान, अभिभावकों का विश्वास, विद्यार्थियों की उपलब्धि में वृद्धि तथा उच्च पद प्राप्ति पर संतुष्टि की भावना, स्वयं के शिक्षण कौशल से प्राप्त संतुष्टि आधारित कथनों का समावेश किया गया है।

**2. कार्य का अनुभव –** इस उपकरण में स्वयं के अनुभव से किये गये कार्यों के सकारात्मक परिणामों में गर्व के अहसास सम्बन्धी कथनों का समावेश किया गया है। जैसे विद्यार्थियों का शिक्षक के शिक्षण कार्य से संतुष्टि, विद्यालय प्रशासन एवं अभिभावकों द्वारा कार्य की सराहना व पुरस्कार, विद्यार्थी का शिक्षक की कक्षा में अधिक उपस्थिति, कार्य के अनुभवों का जीवन में उपयोग, विद्यार्थियों को सहयोग, समाज का शिक्षक के प्रति सम्मान का दृष्टिकोण, विद्यार्थियों के परिवार व समाज के बीच स्वयं का होना तथा शिक्षण के अनुभव से ऊर्जा का संचार आदि जैसे कथनों का समावेश किया गया है।

**3. विकास के अवसर –** इस उपकरण में शिक्षक को प्राप्त विकास के अवसर से शैक्षिक कार्य के प्रति धारणा सम्बन्धी कथनों का समावेश किया गया है।जैसे पदोन्नति के अवसर, कौशल के प्रभावी उपयोग के अवसर, कार्य करने व निर्णयों के उपयोग की स्वतंत्रता के अवसर, प्रशिक्षण, सेमिनार व कार्यशालाओं के माध्यम से विकास के अवसर, चुनौतियों का सामना करने के अवसर, व्यक्तित्व, भाषा शैली व आत्मविश्वास की वृद्धि के साथ-साथ स्वयं को रोल मॉडल के रूप में प्रतिस्थापित करने के अवसर आदि जैसे कथनों का समावेश किया गया है।

**4. कार्य क्षेत्र का वातावरण –** विद्यालय के सकारात्मक प्रशासन व वातावरण, वरिष्ठ शिक्षकों का सम्मान, विद्यालय की नीतियों के क्रियान्वयन व सुझावों में सहभागिता, सहकर्मियों का आपसी सहयोग, शिक्षण कार्य व परिस्थितियाँ की अनुकूलता, आवश्यकता होने पर अवकाश के दिनों में भी विद्यालय जाना तथा विद्यार्थियों का कक्षा में बेसब्री से इंतजार करना आदि जैसे कथनों का समावेश किया गया है।

**5. कार्य की प्रेरणा –** इस उपकरण में शिक्षकीय कार्य के प्रति धारणा को जानने हेतु आवश्यक कथनों का समावेश किया गया है। जैसे वरिष्ठों से प्रेरणा, अन्य शिक्षकों की शिक्षण विधियों को सीखना, प्रशंसा से प्रेरित होना, विद्यार्थियों से तथा उनकी उपलब्धि स्तर में वृद्धि से प्रेरणा, समाज व द्यिार्थियों से प्राप्त सममान से प्रेरणा, शिक्षक कार्य से सदैव उर्जावान तथा मानसिक अध्यास से प्रेरणा तथा समाज व राष्ट्र की शिक्षक के रूप में प्रेरित होना आदि कथनों का समावेश किया गया है।

उपकरण निर्माण के पश्चात् शोधकर्ता द्वारा Google Forms तथा व्यक्तिगत रूप से न्यादर्श के लिए चयनित शिक्षकों पर उक्त उपकरण प्रशासित कर संकलित किये गये।

**प्रविधि** – प्रस्तुत अध्ययन **'शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षकों का कार्य के प्रति दृष्टिकोण : सर्वेक्षण आधारित अध्ययन'** के लिए शोध कर्ता द्वारा निर्मित उक्त उपकरणों को **Google Forms** तथा व्यक्तिगत रूप से न्यादर्श के लिए चयनित शिक्षकों पर प्रशासित किया गया तथा तत्पश्चात् उनका संकलन किया गया। तालिका का निर्माण कर प्राप्त आंकड़ों का सांख्यिकीय विश्लेषण (माध्य, मानक विचलन तथा सहसम्बन्ध) **IBM SPSS Verion 20.0** सॉफ्टवेयर से किया गया।

**परिणाम एवं विश्लेषण –** प्राप्त आंकड़ों का संकलन कर निम्नानुसार तालिकाओं का निर्माण किया गया तथा विश्लेषण किया गया।

**तालिका क्र. 1: विभिन्न आयामों के बीच सहसम्बन्ध**

| आयाम | कार्य की सतुष्टि | कार्य का अनुभव | विकास के अवसर | कार्य क्षेत्र का वातावरण | कार्य की प्रेरणा |
|---|---|---|---|---|---|
| कार्य की संतुष्टि | 1.00 | .985 | .911 | .923 | .906 |
| कार्य का अनुभव | .985 | 1.00 | .916 | .908 | .871 |
| विकास के अवसर | .911 | .916 | 1.00 | .982 | .971 |
| कार्य क्षेत्र का वातावरण | .923 | .908 | .982 | 1.00 | .992 |
| कार्य की प्रेरणा | .923 | .871 | .971 | .992 | 1.00 |

**विश्लेषण –** उक्त तालिका से स्पष्ट है कि समस्त आयामों के आपस में सहसम्बन्ध धनात्मक पाये गये। ये सहसम्बन्ध +.75 व +1 के बीच पाये गये अर्थात् इन आयामों के बीच सहसम्बन्ध की मात्रा अधिक है। ये सहसम्बन्ध यह भी प्रदर्शित करते हैं कि एक आयाम के बढ़ने से दूसरा आयाम भी उसी दिशा में बढ़ रहा है।

अत: स्पष्ट है कि शिक्षकों के कार्य के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण आयामों के धनात्मक सहसम्बन्धों पर निर्भर है। अत: शिक्षकों के कार्य का दृष्टिकोण उनके कार्य संतुष्टि, कार्य के अनुभव, विकास के अवसर, कार्य क्षेत्र का वातावरण तथा कार्य की प्रेरणा आदि आयामों पर प्रभाव डालता है।

**तालिका क्र. 2 (अगले पृष्ठ पर देखे)**

**विश्लेषण –** तालिका 2 से स्पष्ट हो रहा है कि अभिमतों के अनुसार माध्य व मानक विचलन में अन्तर है। किसी अभिमत में माध्य अधिक तो विचलन कम तथा किसी में माध्य कम तो विचलन अधिक पाया गया। निम्न तालिका

में सांख्यिकी के अनुसार माध्य व मानक विचलन की स्थिति, संकेत तथा विवेचना को प्रदर्शित किया गया है –

| स्थिति | तालिका में संकेत | विवेचना |
|---|---|---|
| उच्च माध्य, कम मानक विचलन | *** | अच्छा और स्थिर |
| माध्य व मानक विचालन में कम अन्तर | ** | मध्यम |
| कम माध्य, उच्च मानक विचलन | * | कमजोर लेकिन समान प्रदर्शन |

तालिका के अनुसार स्पष्ट है कि शिक्षक के कार्य के प्रति दृष्टिकोण शिक्षकों के अभिमत सहमत एवं पूर्णत: सहमत में समस्त आयामों अर्थात् कार्य की संतुष्टि, कार्य का अनुभव, विकास के अवसर, कार्य क्षेत्र का वातावरण, कार्य की प्रेरणा में अच्छे एवं स्थिर पाये गये। पूर्णत: असहमत, सहमत तथा उदासीन की स्थिति में शिक्षक के कार्य के प्रति दृष्टिकोण विकास के अवसर, कार्य क्षेत्र का वातावरण व कार्य की प्रेरणा सम्बन्ध में मध्यम पाये गये जबकि असहमत तथा उदासीन की स्थिति में कार्य अनुभव के सम्बन्ध मध्यम पाये गये।

पूर्णत: असहमत, असहमत तथा उदासीन की स्थिति में शिक्षक के कार्य के प्रति दृष्टिकोण कार्य की संतुष्टि में अत्यन्त कमजोर पाये गये तथा पूर्णत: असहमत में कार्य के अनुभव में भी अत्यन्त कमजोर पाये गये।

**मुख्य निष्कर्ष –** अध्ययन से प्राप्त मुख्य निष्कर्ष निम्नानुसार है –

1. शिक्षकों के कार्य के प्रति दृष्टिकोण को प्रभावित को प्रभावित करने वाले आयामों कार्य की संतुष्टि, कार्य के अनुभव, विकास के अवसर, कार्य का वातावरण तथा कार्य की प्रेरणा के मध्य सकारात्मक सहसम्बन्ध है।
2. माध्य एवं विचलन की गणना से प्राप्त परिणामों के अनुसार 40 प्रतिशत आयामों के मध्य सम्बन्ध अधिक व स्थिर पाये गये तथा 44 प्रतिशत में मध्यम व 16 प्रतिशत में सम्बन्ध कमजोर पाये गये।

**सुझाव –** शिक्षकों का कार्य के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण न केवल विद्यार्थियों बल्कि विद्यालय, समाज और राष्ट्र के विकास में सहायक होता है। शिक्षकों को राष्ट्र निर्माता की संज्ञा दी जाती है। अत: यह आवश्यक है, कार्य के प्रति उनके सकारात्मक दृष्टिकोण में वृद्धि के लिए विभिन्न प्रयास किये जाने चाहिए। कुछ सुझाव निम्नानुसार हैं –

**1. मनोवैज्ञानिक सहयोग –** यह सच है कि शिक्षक विद्यार्थियों के भावी भविष्य को बेहतर बनाने के लिए पूर्ण प्रयास करते हैं। शिक्षण के लिए वे स्वयं की तैयारी, विद्यार्थियों को मार्गदर्शन, अच्छे विचार, परामर्श, मूल्यांकन आदि तथा विभिन्न अन्य गैर शैक्षणिक कार्य भी करते हैं। इन सब कार्यों के साथ वे कभी–कभी तनाव, थकान आदि भी महसूस करते हैं। अत: आवश्यक है कि उनके लिए भी तनाव प्रबंधन, काउंसिलिंग, मनोरंजन आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया जावे।

**2. कैरियर उन्नति –** कार्य के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण के लिए आवश्यक है कि शिक्षकों को उनकी योग्यता अनुरूप कार्य तथा पदोन्नति दी जावे। इसके लिए पारदर्शी पदोन्नति नीति तथा मेंटरशिप प्रणाली का विकास किया जावे।

**3. व्यावसायिक विकास –** विकास के लिए आवश्यक है नवीन ज्ञान की प्राप्ति करना। अत: शिक्षकों के लिए समय–समय पर प्रशिक्षण, सेमिनार, कार्यशालाओं का आयोजन किया जाना चाहिए, ताकि वे नवीन ज्ञान प्राप्त करने के साथ–साथ उन विधियों, प्रविधियों को सीख सकें, जो उनके कार्य को सरल और गुणवत्ता पूर्ण बना सके।

**4. सकारात्मक पुनर्बलन –** किसी भी कार्य की गुणवत्ता पूर्ण प्राप्ति के आवश्यक है कि उस कार्य को करने वाले को सराहा जावे। अत: शिक्षकों के सकारात्मक दृष्टिकोण व शिक्षा के स्तर में वृद्धि के आवश्यक है शिक्षकों को समय–समय पर पुरूस्कृत किया जावे। इसके साथ ही समाज का उनके प्रति नजरिया भी सम्मानपूर्वक होना चाहिए।

**5. कार्य का बँटवारा –** कई बार एक ही शिक्षक पर अधिक काम का बोझ, कार्य के प्रति उसके दृष्टिकोण को नकारात्मक कर देती है। अत: कार्य के समान बँटवारे के लिए स्टाफ की पूर्ति होना आवश्यक है। इसके लिए स्टॉफ की नियुक्ति सम्बन्धी विषयों पर भी विचार किया जाना चाहिए।

**6. वेतन सम्बन्धी सुझाव –** शिक्षकों को विद्यार्थी के भावी भविष्य की नींव की संज्ञा दी जाती है और इसके लिए वे पूर्ण प्रयास भी करते हैं। एक साथ 40 से 60 विद्यार्थियों को कक्षा में पढ़ाना, सिखाना व अनुशासन भी बनाना केवल शिक्षक ही कर पाते हैं। किन्तु वेतन सम्बन्धी विसंगति से कभी–कभी वे भी विचलित होते हैं। अत: आवश्यक है कि उनके कार्यों को समाज व विद्यार्थी के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण मानते हुए वेतन व्यवस्था की जानी चाहिए।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :–**

1. Kumar, R., and Govinda, R. (2018). *Teachers and their Work in Schools: Changing context. New Delhi: NUPEA.*
2. UNESCO (2021). *Teachers in Education 2030 Framework for Action. Paris: UNESCO.*
3. Khan, Tasneem, and Kaur Jaspreet (2021). *Job Satisfaction of Teacher Educators in Relation to Professional Commitment. International Journal of Indian Psychology, ISSN 2348-5396 (Online), ISSN: 2349 -3429 (Print).*
4. National Education Policy 2020. Ministry of Human Resource Development, Government of India.

**तालिका क्र. 2: विभिन्न आयामों के माध्य, मानक विचलन**

| क्र. | अभिमत कारक/परि. | पूर्णत: असहमत | | असहमत | | उदासीन | | सहमत | | पूर्णत: सहमत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | माध्य | मानक विचलन | माध्य | मानक विचलन | माध्य | मानक विचलन | माध्य | मानक विचलन | माध्य | मानक विचलन |
| 1. | कार्य की संतुष्टि | 6.5* | 9.73 | 11.0* | 11.97 | 7.0* | 7.888 | 33.5*** | 10.55 | 42.0*** | 11.59 |
| 2. | कार्य का अनुभव | 9.00* | 9.35 | 7.90** | 7.37 | 10.2** | 4.442 | 31.9*** | 11.48 | 41.0*** | 9.87 |
| 3. | विकास के अवसर | 17.8** | 9.48 | 13.5** | 7.01 | 5.40** | 3.306 | 29.6*** | 5.83 | 35.5*** | 11.85 |
| 4. | कार्य क्षेत्र का वातावरण | 16.3** | 9.66 | 15.6** | 8.36 | 7.80** | 2.347 | 30.6*** | 9.40 | 30.7*** | 11.22 |
| 5. | कार्य की प्रेरणा | 14.8** | 6.35 | 17.1** | 7.06 | 3.80** | 2.699 | 32.0*** | 7.21 | 32.3*** | 11.26 |

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LI (51), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# Development of Women's Education in Uttar Pradesh : A Decadal Analysis of Progress, Persistent Gaps, and Policy Imperatives (2001-2011 Census Data)

**Aparna Mishra*** **Vineeta Rani Kushwaha****

*Department of Geography, Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur University, Gorakhpur (U.P.) INDIA
** Department of Geography, Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur University, Gorakhpur (U.P.) INDIA

**Abstract :** The analysis of Census data from 2001 and 2011 reveals that Uttar Pradesh (UP), a state critical to India's overall demographic profile, underwent a period of rapid and significant transformation in female educational access. The state's overall female literacy rate surged from 42.22% in 2001 to 57.18% in 2011.[1] This exponential growth rate surpassed the national average growth rate, leading to a substantial, though incomplete, narrowing of the chronic male-female literacy disparity.[2] However, this macro-level success masks critical underlying structural challenges, including a deeply entrenched rural-urban divide, an anomalous decline in measured urban female literacy, and a systemic failure in educational retention, characterized by severe drop-off rates at the secondary and higher education levels.[3] Future policy must therefore pivot from focusing on enrollment to addressing retention and pipeline efficiency.

## Introduction

**A. Contextual and Demographic Background of Uttar Pradesh:** Uttar Pradesh constitutes a massive socio-economic and demographic entity within India, accounting for one of the largest population bases globally.[1] Historically characterized by high population growth rates and comparatively low literacy levels, the educational status of its population, particularly women, is a crucial determinant of the nation's overall development indices. The state's socio-economic structure is predominantly rural, with approximately 77.73% of the population residing in villages as of the 2011 Census. This demographic reality underscores the challenge of delivering consistent educational services across vast, often isolated regions. Furthermore, the persistence of traditional social structures in many parts of the state has historically presented institutional barriers that restrict female access to and continuity in education.

**B. The Global and National Imperative of Female Education:** Scholarly consensus defines female education not merely as a matter of human rights but as a fundamental lever for achieving broader national development goals, yielding both economic and significant health outcomes. The positive impact of educating women is often described as having a 'multiplier effect' on development. An educated mother is more likely to ensure the education and well-being of her children, leading to inter-generational upward mobility. This concept provides the essential theoretical framework for analyzing the profound socio-demographic implications of the educational shifts observed in Uttar Pradesh between 2001 and 2011.

**C. Study Objectives, Scope, and Methodology:** This research paper aims to measure the magnitude of female literacy growth in Uttar Pradesh across the 2001–2011 decade, analyze the spatial (rural/urban) and social (Scheduled Caste) differentials in this progress, assess the systemic crisis of educational attainment, and quantify the resultant demographic impact. The study relies exclusively on the official Census of India data for 2001 and 2011, supplemented by secondary analyses published in academic journals utilizing these census reports. The scope is limited to the decadal change as captured by these two surveys.

## II. Findings: Macro Trends in Female Literacy (2001–2011)

**A. Decadal Growth in Overall Female Literacy:** The decade spanning 2001 to 2011 marked a successful period of educational catch-up for Uttar Pradesh. The overall female literacy rate escalated dramatically, rising from 42.22% in 2001 to 57.18% in 2011, representing an absolute increase of nearly 15 percentage points.[1] While the total literacy rate for the state reached 67.68% , the rate of growth achieved in UP was significantly higher than the rate recorded for the rest of India, demonstrating a focused effort toward increasing educational access across the state.[2]

**B. Analysis of the Gender Parity Index (GPI):** The concerted efforts to increase female literacy led to a substantial reduction in the gender gap, measured as the

percentage point difference between male and female literacy rates. In 2001, the gap stood at a considerable 26.6 percentage points (68.8% Male minus 42.2% Female).[3] By 2011, this disparity had narrowed to approximately 20.1 percentage points (77.28% Male minus 57.18% Female) . While this narrowing gap represents significant progress, it is essential to contextualize the remaining disparity. A 20% gender gap is still alarmingly large, especially when compared to high-performing states like Kerala, Mizoram, or Meghalaya, where the difference is typically less than 5%.[5] This suggests that despite the rapid increase in overall literacy, institutional and persistent cultural barriers that favor male education remain robust and require specialized policy interventions.

**Table 1: Overall Literacy Rates and Gender Gap in Uttar Pradesh (2001- 2011 Census Data)**

| Census Year | Total Literacy (%) | Male Literacy (%) | Female Literacy (%) | Gender Gap (M-F) |
|---|---|---|---|---|
| 2001 | 56.3 | 68.8 | 42.2 | 26.6 |
| 2011 | 67.68 | 77.28 | 57.18 | 20.1 |

**C. Age-Specific Disparities:** A detailed review of age-specific literacy disparity reveals a complex trend. Generally, the male-female literacy disparity decreased across most age groups between 2001 and 2011.[6] This success is indicative of the effectiveness of adult literacy programs and the later enrollment of older girls into primary education. However, a subtle but significant contradiction exists in the foundational age cohorts. The disparity increased slightly in the 7-9 age group, rising from 0.05% in 2001 to 0.07% in 2011.[6] This divergence suggests that the initial reluctance to enroll girls into school relative to boys persists in the youngest cohorts. If this subtle trend of prioritizing boys' initial schooling continues, the impressive gender gap reduction achieved during the 2001-2011 decade might prove unsustainable, highlighting a structural bias that must be addressed at the point of entry into the school system.

**III. Spatial and Socio-Economic Differentials**

**A. The Rural-Urban Divide:** Given that the vast majority of Uttar Pradesh's population (77.73%) resides in rural areas , progress in female education hinges on success in these regions. The data demonstrates substantial progress in rural regions, where female literacy climbed from a low base of 37.7% in 2001 to 48.48% in 2011 . This 10.78 percentage point increase confirms that grassroots enrollment efforts, increased school accessibility, and localized campaigns were effective during the decade.

**B. The Urban Anomaly:** The most unusual finding of the decadal analysis is the reduction in measured urban female literacy, which dropped from 62.2% in 2001 to 60.96% in 2011.[3] This decrease stands in sharp contrast to the overall macro-level gains and the substantial improvement in rural areas.

This unexpected decline can be understood by examining the state's rapid urbanization patterns. Uttar Pradesh experienced an increase of 28.82% in its urban population during the 2001–2011 period. The interpretation suggests that this high influx of migrants, many of whom originated from low-literacy rural areas within UP or adjacent states, moved into rapidly expanding urban and peri-urban centres. As these low-literacy migrant populations were absorbed, they diluted the otherwise higher literacy averages of the established urban populations. Therefore, the problem is not necessarily a failure of urban education delivery, but rather an unmanaged demographic shock requiring urban educational policy to shift its focus toward integrating and accommodating highly mobile, low-literacy migrant families.

**Table 2: Female Literacy Rates by Place of Residence in Uttar Pradesh (2001-2011 Census Data)**

| Type of Residence | 2001 Female Literacy (%) | 2011 Female Literacy (%) | Decadal Change (Percentage Points) |
|---|---|---|---|
| Rural | 37.7 | 48.48 | +10.78 |
| Urban | 62.2 | 60.96 | -1.24 (Decline) |

**C. Accelerated Progress Among Scheduled Castes (SC):** The 2001–2011 decade was particularly characterized by substantial equity gains among the most historically disadvantaged groups. Data reveals that Scheduled Caste (SC) women achieved the most rapid progress in literacy nationally.[7] Specifically, SC rural women demonstrated an impressive 39% increase in literacy over the decade, compared to a 14 percentage point increase for rural males in the same category.[7]

This accelerated closing of the social gap indicates the measurable success of affirmative action policies and targeted government schemes designed to overcome the historical backwardness and isolation faced by SC communities.[7] While initial enrollment has improved significantly, challenges related to poverty, economic difficulties, and high dropout rates rooted in caste isolation still persist, underscoring the need for specialized retention programs beyond mere initial access.[7]

**IV. Conclusion and Policy Implications**

**A. Synthesis of Decadal Progress:** The analysis of women's education in Uttar Pradesh confirms a significant and complex transformation. The 2001–2011 period represents a pivotal moment in the educational history of Uttar Pradesh, characterized by remarkable quantitative progress. The state successfully delivered basic literacy to millions of previously excluded women, rapidly accelerating its pace toward national norms and substantially narrowing the gender literacy gap.[1] This progress, particularly within marginalized rural and Scheduled Caste communities, validates targeted policy interventions.[7]

However, the change in dimensions reveals a triad of challenges that threatens the sustainability and quality of female educational gains:

**1. The Retention Crisis:** High rates of attrition, demonstrated by the decline in enrollment numbers at subsequent levels, indicate that the system successfully enrols but fails to retain girls through the crucial secondary stage.

**2. The Urbanization Challenge:** The decline in measured urban literacy, linked to the absorption of low-literacy migrant populations, demands a strategic shift in urban education policy.

**3. Socio-Economic Barriers:** Despite accelerated progress, challenges related to poverty, economic difficulties, and high dropout rates rooted in caste isolation still persist.[7]

**B. Critical Policy Recommendations:** To translate these literacy gains into sustainable human capital development, future policy must address the structural inefficiencies revealed by the Census data:

**1. Retention Focus:** The primary policy emphasis must shift from achieving initial enrollment to significantly reducing the high attrition rates observed between the primary and secondary education levels. This requires substantial investment in secondary school infrastructure, safety mechanisms, and financial incentives to offset the opportunity costs faced by adolescent girls.

**2. Targeting the Urban Marginalized:** The observed decline in urban female literacy demands specialized interventions. Educational resources must be directed toward integrating the rapidly expanding, low-literacy migrant populations residing in peri-urban areas to prevent the dilution of average literacy rates and ensure equitable access in these dynamic zones.

**3. Sustained Equity Investment:** While SC female literacy growth was rapid, high dropout rates persist due to socio-economic barriers. Government programs must be maintained and expanded to address the root causes of poverty and caste isolation, ensuring that basic literacy blossoms into meaningful educational attainment for these vulnerable groups.[7]

**References:-**

1. Census of India. (2001). *Population Census Data, Uttar Pradesh*. Office of the Registrar General & Census Commissioner, India.
2. Census of India. (2011). *Population Census Data, Uttar Pradesh*. Office of the Registrar General & Census Commissioner, India.
3. Khatoon, A. (2018). Status Of Female Education In Uttar Pradesh And Indian. *International Journal of Educational & Multidisciplinary Studies*, 1(2), 9094-9100.
4. Kumar, P. (n.d.). Challenges of Dalit women in accessing education: A study based on census data. *IRA-International Journal of Education & Multidisciplinary Studies*.
5. Ministry of Statistics and Programme Implementation (MOSPI). (n.d.). *Trend in Literacy Rates of SC/ST by Sex and place of residence*.
6. Rural Development Statistics. (2014). *Scheduled Castes & Scheduled Tribes*. NIRDPR.
7. Sharama, V. K., & Rai, V. K. (2019). Decadal changes and Spatial Variations in Female Literacy in Faizab District, Uttar Pradesh. *Journal of Social Science and Interdisciplinary Research*, 8(12).
8. Singh, R., Sharma, A., & Gupta, S. (2015). Female literacy in India: An analysis of Census 2011 data and its health impact. *Indian Journal of Public Health*, 59(4), 270-274.
9. Tiwari, M. (2021). *YSSP Report on Demographic Transition in Northern India*. IIASA.

✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LI (51), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# सोनभद्र जिला, उत्तर प्रदेश में सलखन जीवाश्म पार्क का एक भौगोलिक अध्ययन : चुनौतियां व समाधान

**डॉ. रमन प्रकाश*  लाल कुमार साकेत****

* एसोसिएट प्रोफेसर (भूगोल) भारतीय महाविद्यालय, फर्रुखाबाद (उ.प्र.) भारत
** शोध छात्र (भूगोल) भारतीय महाविद्यालय, फर्रुखाबाद (उ.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** जीवाश्म पर्यटन वर्तमान समय में भू पर्यटन की उभरती हुई आकर्षक शाखा है, जो पृथ्वी के प्रागैतिहासिक धारोहर को पर्यटन (टूरिज्म) से जोड़ती है। भारत का भू-वैज्ञानिक इतिहास जीवाश्म की दृष्टि से अत्यंत समृद्धशाली है। भारत उपमहाद्वीप गोंडवाना सुपरकॉन्टिनेंट का भाग है, जो प्राचीनतम है। हमारे भारत देश में कई महत्वपूर्ण जीवाश्म धारोहर स्थल हैं, जिनमें सोनभद्र जिले का सलखन जीवाश्म पार्क एक प्रमुखतम स्थल है। इस पार्क में 1.4 अरब साल पुराने स्ट्रोमेटालाइट्स पाए जाते हैं, जो पृथ्वी के आरंभिक जीवन के प्रमाण हैं। यह संरचना साइनोबैक्टीरिया या नीले-हरे शैवालों के समुदाय द्वारा निर्मित है। यह प्राचीनतम पर्यावरणीय परिस्थितियों और सूक्ष्मजीवी जीवन के महत्वपूर्ण द्योदक हैं। यद्यपि, अविकसित बुनियादी ढांचे, जागरूकता का अभाव और संरक्षण का पर्याप्त अभाव के कारण इसका पर्यटन की दृष्टि से विकास सीमित हुआ है। प्रस्तुत शोध पत्र में सलखन जीवाश्म उद्यान के वैज्ञानिक महत्व, प्रमुख चुनौतियों और इसके विकास के लिए महत्वपूर्ण सुझाव पर विस्तृत चर्चा की गई है।
**शब्द कुंजी –** सलखन, जीवाश्म पार्क, स्ट्रोमेटालाइट्स, सायनोबैक्टीरिया, जीवाश्म पर्यटन, चुनौतियां, सुझाव, सतत पर्यटन।

**प्रस्तावना –** सांस्कृतिक और प्राकृतिक पर्यटन की तरह एक और विशिष्ट आयाम है, जीवाश्म पर्यटन। यह केवल आमोद-प्रमोद का साधन नहीं, बल्कि पृथ्वी के करोड़ों वर्ष पुराने इतिहास से मुखातिब होने का एक अनूठा और शैक्षणिक अनुभव है। जीवाश्म पर्यट, जिसे पैलिओ टूरिज्म या जिओ टूरिज्म भी कहा जाता है। यह ऐसे स्थल होते हैं, जहां प्राचीनतम जीवन एवं वनस्पतियों के अवशेष पाए जाते हैं। भारत जीवाश्म टूरिज्म की दृष्टि से एक समृद्धशाली देश है। यहां प्रचुर संख्या में ऐसे जीवाश्म पाया जाते हैं, जो राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर के ख्याति प्रति योग्य हैं। सलखन जीवाश्म पार्क जिसे औपचारिक रूप से सोनभद्र जीवाश्म पार्क भी कहा जाता है। यह फॉसिल पार्क भारत के पूर्वी उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले के सलखन गांव में स्थित है। यह स्थल भू-वैज्ञानिक और जैविक इतिहास को उजागर करने का सबसे महत्वपूर्ण स्थलों में से एक है। यह फॉसिल पार्क पृथ्वी पर जीवन के विकास के शुरुआती अवस्था का प्रमाण प्रस्तुत करता है। इस पार्क में पाए जाने वाले फॉसिल विश्व के सबसे प्राचीनतम जीवाश्मों का प्रतिनिधित्व करते हैं। इसलिए, सोनभद्र जीवाश्म पार्क को भारत का ही नहीं, बल्कि विश्व के लिए भी एक मूल्यवान भू-वैज्ञानिक धरोहर है।

इस जीवाश्म पार्क में उत्तर प्रदेश सहित भारत को एक अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाई है। यह पार्क सोनभद्र के आदिवासी बहुल क्षेत्र में स्थित है। भू-वैज्ञानिकों की माने तो यह पार्क लगभग 1.4 अरब वर्ष पुराना है। यह जीवाश्म प्रमुखत: प्रोटिरोजॉइक काल से संबंध रखता है। यह पार्क अमेरिका के येलोस्टोन पार्क से भी बड़ा और पुराना है। अमेरिका का आलू येलोस्टोन पार्क लगभग 110 करोड़ वर्ष पुराना है। भारत में जीवाश्म पर्यटन की अपार संभावनाएं निहित है। यह पार्क भी अपने में असीम संभावनाएं समेटे हुए हैं। यह वैज्ञानिक शोधकर्ताओं, पर्यटकों को आकर्षित करने की ताकत रखता है, हालांकि इस जीवाश्म पर्यटन की सफलता कई चुनौतियों पर निर्भर करती है, इनमें जीवाश्म स्थलों का संरक्षण, अवैध खुदाई व तस्करी पर रोक, पर्यटकों के लिए बुनियादी ढांचे का विकास और स्थानी लोगों को इससे जोड़ना प्रमुख है। इन चुनौतियों का समाधान करके ही जीवाश्म पर्यटन को सतत और लाभकारी रूप दिया जा सकता है।यह एक ऐसी यात्रा है जो अतीत को वर्तमान से जोड़ती है। यह पर्यटन का वह सार्थक स्वरूप है, जो आमोद-प्रमोद के साथ ही ज्ञान वर्धान करती है और आने वाले पीढ़ियों के लिए पृथ्वी के इतिहास को सुरक्षित रखने की प्रेरणा देती है।

**अध्ययन क्षेत्र –** यह भारत की उल्लेखनीय भूगर्भिक स्थल है, जो उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले में स्थित है। यह रॉबर्टसगंज जिला मुख्यालय से लगभग 17 किलोमीटर की दूरी पर सलखन नामक गांव में स्थित है। यह पार्क लगभग 25 हेक्टेयर भूमि पर व्याप्त है। यह क्षेत्र प्रमुख रूप से विंध्य पर्वत श्रेणी का कैमूर क्षेत्र है। इसी नाम से कैमूर वन्य जीव अभ्यारण भी है। इसी अभ्यारण में यह पार्क स्थित है इस पार्क तक पहुंचाने के लिए कई तरह के साधन उपलब्ध हैं, जैसे- सड़क मार्ग, रेल मार्ग व वायु मार्ग आदि। इससे सबसे नजदीकी हवाई अव बाबतपुर है,जो जिला वाराणसी से में है,जो रॉबर्ट्सगंज जिला मुख्यालय से 110 किलोमीटर दूरी पर है। इस पार्क से निकटतम रेलवे स्टेशन रॉबर्ट्सगंज और चोपन है। यहां सड़क मार्ग 24द्ध7 उपलब्ध होती है। यह क्षेत्र दुर्गम पहाड़ी व ऊबड़-खाबड़ संरचना रखता है। इसके आसपास कई नदियां बहती हैं, जैसे सोन, रिहंद तथा रिजुल। इसके आसपास हरे-भरे पेड़-पौधो, झाड़ियां, झरने आदि पाए जाते हैं। ये सारी मनमोहक विशेषताएं इस क्षेत्र के आकर्षण के केंद्र हैं।

**सलखन फॉसिल पार्क का स्थानिक मानचित्र**




**चित्र क्रमांक:1**

**अध्ययन का उद्देश्य–** शोध अध्ययन के प्रमुख उद्देश्य हैं:

1. सलखन जीवाश्म पार्क के भू–वैज्ञानिक एवं पूराजैविक महत्व का उल्लेख करना,
2. इस पार्क की वर्तमान स्थिति और चुनौतियों को समझना तथा
3. पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु व्यावहारिक सुझाव प्रस्तुत करना।

**शोध पद्धति –** यह शोध अध्ययन प्रमुख रूप से प्राथमिक व द्वितीय दोनों प्रकार के आंकड़ों को समाहित करता है। प्राथमिक आंकड़ों को एकत्र करने के लिए क्षेत्र भ्रमण, प्रत्यक्ष अवलोकन, जीवाश्म स्थल का जीपीएस मानचित्रण, स्थानीय निवासियों एवं अधिकारियों से अनुभवजन बातचीत को शामिल किया गया है। द्वितीय आंकड़ों के लिए पुरातात्विक सर्वेक्षण ऑफ इंडिया (जीएसआई) की रिपोर्ट्स, शोध पत्र, प्रमुख समाचार पत्र के प्रकाशन, ऑनलाइन संसाधन आदि से आंकड़ों को एकत्र किया गया है। स्थानिक मानचित्र निर्माण हेतु आर्क जीआइएस सॉफ्टवेयर का उपयोग किया गया है। डेटा विश्लेषण हेतु वर्णनात्मक विश्लेषण पद्धति उपयोग में लाई गई है।

**सलखन जीवाश्म पार्क का इतिहास –** सन 1930 से पहले यह अमूल्य धरोहर पृथ्वी के गर्भ में छुपी हुई थी। यह धरोहर उसे समय प्रस्फुटित हुई, जब जूलॉजिकल सर्वे आफ इंडिया के सर्वेयर श्री ऑडेन 1933 में इस क्षेत्र में सर्वप्रथम भू वैज्ञानिक शोध कर रहे थे। साथ ही श्री माथुर ने 1958 व 1965 में इस दिशा में शोध को आगे बढ़ाया। प्रोफेसर एस. कुमार ने भी इन जीवाश्मों पर अपना शोध कार्य किया। विजय शंकर चतुर्वेदी द्वारा 23 अगस्त, 2001 में हिंदुस्तान हिंदी समाचार पत्र में लिखे अपने एक लेख से आम जनमानस का ध्यान आकृष्ट किया।

**चित्र क्रमांक:2 सलखन फॉसिल पार्क के चट्टानों पर स्ट्रोमैटोलाइट जीवाश्म**

इस लेख के छपने से वैज्ञानिकों एवं बुद्धिजीवियों ने जीवाश्म पार्क के प्रति अपनी रुचि दिखाई। एक साल के भीतर ही, 8 अगस्त, 2002 को जिला मजिस्ट्रेट भगवान शंकर द्वारा इस जीवाश्म को एक पार्क के रूप में औपचारिक उद्घाटन किया गया। इसी कड़ी में, दिसंबर, 2002 में इस जीवाश्म पार्क को थीम बनाकर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें विश्व भर के वैज्ञानिकों एवं बुद्धिजीवियों ने प्रमुख रुप से रुचि दिखाई। भारत व विदेश के लगभग 42 प्रतिनिधियों ने इस कार्यशाला के प्रतिभागी बने। इस कार्यशाला में शामिल हुए कनाडाई वैज्ञानिक एच. जे. हॉफमैन ने इस जीवाश्म से काफी प्रभावित हुए। उन्होंने अपने भाषण में स्पष्ट रूप से यह उल्लेख किया कि उन्होंने इतने सुंदर व स्पष्ट जीवाश्म नहीं देखे। आगे 2013 में मुकुंद शर्मा ने जीवाश्म पर काफी शोध किया। अब तक इस जीवाश्म पर राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिकों ने शोध किया है।

वैज्ञानिकों के शोध से पता चला है कि यह जीवाश्म पृथ्वी के अब तक के इतिहास का सबसे पुरातन पादप जीवाश्म है। वैज्ञानिक शोध से यह पता चला है कि यह जीवाश्म 1.4 अब वर्ष पुराना है। यह जीवाश्म मुख्य रूप से स्ट्रोमेटोलाइट्स का एक असाधारण संग्रह है अर्थात साइनोबैक्टीरिया या नीली–हरी शैवाल के सूक्ष्म जीवों द्वारा अवसाद कणों को आपस में जोड़ने के कारण निर्मित होती है। बता दें की नीली हरी शैवाल की कोशिकाओं के बाहर म्यूसिलेस की चिपचिपी परत होती है, जो अवसाद कणों को आपस में बांधाती है, जिससे स्ट्रोमैटोलाइट जीवाश्म का निर्माण होता है। ये स्ट्रोमैटोलाइट उस काल की पर्यावरणीय परिस्थितियों एवं सूक्ष्म जीवन के महत्वपूर्ण संकेतक हैं। यह जीवाश्म पार्क अपनी असाधारण पूराजैविक व भू–वैज्ञानिक धरोहर के रूप में जाना जाता है। वैज्ञानिक ऐसा मानते हैं कि लगभग 3.5 अरब वर्ष पूर्व उत्पन्न हुए साइनोबैक्टीरिया संभवत: ऑक्सीजन प्रकाश संश्लेषण करने वाले प्रथम जीव थे। इन्हीं की वजह महान ऑक्सीकरण की घटना हुई, जो आज से लगभग 2.4 अरब वर्ष पहले घटित हुई इसी घटना की वजह से पृथ्वी के वायुमंडल में ऑक्सीजन की प्राप्ति हुई, जिससे जटिल जीवन संभव हो सका। यह प्रकाश संश्लेषण करने वाले सूक्ष्मजीव मेसोपोटिरोजोईक युग लगभग 1.6 से 1.00 अरब वर्ष पूर्व के हैं, जिससे उनके जीवाश्म 1.4 अरब वर्ष से पुराने माने जाते हैं।

**सलखन जीवाश्म पार्क का महत्व –** सोनभद्र जिले में स्थित सलखन फॉसिल पार्क भारत की एक अतुलनीय वैज्ञानिक धरोहर है, जिसका महत्व अनेक स्तरों पर है । सबसे प्रमुख महत्व इसका वैज्ञानिक दृष्टि से है। यह पार्क लगभग 1400 मिलियन वर्ष पुराने स्ट्रोमैटोलाइट जीवाश्म का खजाना है, जो पृथ्वी पर जीवन की शुरुआती प्रमाण है। यह जीवाश्म हमारे ग्रह पर जीवन के उद्भव और वायुमंडलीय ऑक्सीजन के विकास की गाथा बताते हैं। इसी कारण यह स्थल दुनिया भर के शोधकर्ताओं के लिए एक प्राकृतिक प्रयोगशाला बन गया है। दूसरा महत्व, शैक्षणिक व आर्थिक है। यह पार्क भू–विज्ञान के छात्रों और वैज्ञानिकों के लिए ज्ञान का एक जीवंत स्थल है। इसी के साथ, इसे जिओ टूरिज्म के रूप में उचित ढंग से विकसित करके देश–विदेश की पर्यटकों को आकर्षित कर सकते हैं, जिससे अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी तथा स्थानीय लोगों को रोजगार भी प्राप्त होगा। इस जीवाश्म पार्क को अमेरिका के एलोस्टोन नेशनल पार्क की भांति विकसित कर सकते हैं। इसे राष्ट्रीय धरोहर के रूप में भी विकसित करके राष्ट्रीय गौरव भी बढ़ा सकते हैं।

**चुनौतियां –** सलखन फॉसिल पार्क अपनी अतुलनीय विरासत के बावजूद कई गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है, जो इसके अस्तित्व के लिए खतरा बनी हुई है।

1. **बुनियादी ढांचे की गंभीर कमी –** पार्क में पर्यटकों के लिए आवश्यक बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। यहां तक पहुंचाने के लिए उचित सड़क परिवहन के साधन, शौचालय पेयजल की व्यवस्था आदि नहीं है। यहां तक पहुंचाने के लिए सड़के कच्ची और टूटी हुई हैं। इसी कारण देसी विदेशी पर्यटक यहां आने से कतराते हैं।
2. **संरक्षण संबंधी गंभीर समस्याएं** – पार्क की सुरक्षा की दशा ठीक नहीं है। पार्क मजबूत घेराबंदी नहीं है, कुछ स्थल तो बिना किसी घेराबंदी के हैं, जिनके नष्ट होने का खतरा बना हुआ है। पार्क के आसपास पशु चारण किया जाता है, जिससे इस पर खतरा बना हुआ है सबसे बड़ा खतरा जीवाश्म तस्करी और अवैधा खनन का है।
3. **जागरूकता की भारी कमी –** स्थानीय लोगों को इस पार्क के वैश्विक वैज्ञानिक महत्व की कोई जानकारी नहीं है। लोग इन जीवाश्मों को साधारण पत्थर मात्र समझते हैं। इस जागरूकता के अभाव में भी स्वयं इसके संरक्षक बनने के बजाय अनजाने में ही इन्हें नुकसान पहुंचा देते हैं।
4. **सरकारी उपेक्षा –** इन सभी समस्याओं की जड़ सरकारी तंत्र की उदासीनता भी है। पार्क को विकसित करने, व्यापक प्रचार-प्रसार, उचित फंड आवंटित करने, कारगर योजना बनाने और कड़े सुरक्षा उपाय लागू करने संबंधी कार्यों में विभाग सफल रहा है।

**जीवाश्म पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु सुझाव:**

1. तीव्र गति से बुनियादी सुविधाओं का विकास किया जाना चाहिए, प्रमुख रूप से पार्क तक पहुंचने वाली सड़कों का मानक स्तर पर निर्माण, डिजिटल सेंटर व संग्रहालय का निर्माण आदि।
2. वेबसाइट और वर्चुअल टूर बनाकर व्यापक रूप से डिजिटल प्रचार-प्रसार किया जाए।
3. स्थानीय सामुदाय को जागरूक बनाया जाए। उन्हें इसके महत्व से अवगत कराया जाए। साथ ही, गाइड और होमस्टे की सुविधा भी वहां के स्थानीय लोगों द्वारा उपलब्ध कराया जाए।
4. पार्क को राष्ट्रीय वैज्ञानिक विरासत घोषित किया जाना चाहिए। यूनेस्को की स्थाई सूची में शामिल कराने के प्रयास तेज करने चाहिए। यूनेस्को ग्लोबल जिओ पार्क के रूप में भी मान्यता मिलनी चाहिए।

**निष्कर्ष –** सलखन जीवाश्म उद्यान भारत के अनछूए पर्यटन स्थलों में से एक है। इसकी दुर्दशा एक जटिल चक्र का परिणाम है, जहां बुनियादी ढांचे की कमी, जागरूकता का अभाव, संरक्षण की चुनौतियां और सरकारी उपेक्षा आपस में गहराई से जुड़ी हुई हैं। बुनियादी सुविधाओं के अभाव में यह पर्यटन स्थल फल-फूल नहीं सका है। इस चक्र को तोड़ने के लिए एक समग्र दृष्टिकोण अपनाना आवश्यक है। सबसे पहले पार्क को तत्काल एक संरक्षित राष्ट्रीय वैज्ञानिक धरोहर घोषित किया जाए। इसके बाद मजबूत सुरक्षा घेरा और निगरानी प्रणाली स्थापित करनी होगी। साथ ही, स्थानीय समुदाय को जागरूक करके इसके शैक्षणिक और आर्थिक महत्व को उजागर करना होगा। सलखन पार्क की यह अमूल्य विरासत न केवल हमारा इतिहास है, बल्कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक वैज्ञानिक विरासत भी है। इसके संरक्षण की जिम्मेदारी हम सब की है। उचित विकास और प्रचार से यह एक प्रमुख जिओ—टूरिज्म स्थल बन सकता है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. सिंह अरविंद(2014).सलखन फॉसिल पार्क: एन इनवैल्युएबल जूलॉजिकल हेरिटेज. जूलॉजी विभाग, बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी
2. सिंह,आर. और द्विवेदी,ए.के.(2023). स्टडी ऑफ़ द फॉसिल फ्लोरा करेंटली अवेलेबल इन सलख, सोनभद्र, इंडिया. इंटरनेशनल जर्नल ऑफ़ इंट्रडिसीप्लिनरी रिसर्च इन साइंस इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी. वॉल्यूम 6
3. दैनिक जागरण (वाराणसी संस्करण), 3 अप्रैल 2012, पृ. 7.
4. शुक्ला, बी., तथा शर्मा, एम. (2016). सालखान लाइमस्टोन (झ1600 मा), सेमरी ग्रुप, विंधयन सुपरग्रुप, भारत से बड़े आकार के सूक्ष्मजीवाश्मों का एक नया संग्रह. जर्नल ऑफ़ द पैलियोन्टोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया, 61(2).

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LI (51), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# The Raj Imagined: Orientalist Tropes in Rudyard Kipling's Kim

**Pr Minu Gidwani***

***Asst. Professor (English) PMCoE, BKSN Govt. College, Shajapur (M.P.) INDIA**

**Abstract:** Rudyard Kipling's *Kim* (1901) occupies a paradoxical space within colonial literature: it is celebrated for its vivid portrayal of India's landscapes and cultures, yet simultaneously operates as a vehicle for imperial ideology. This paper interrogates the novel through the lens of Edward Said's theory of Orientalism, arguing that Kipling deploys recurring Orientalist tropes that render India as exotic, timeless, and spiritually rich but politically dependent. The analysis foregrounds three interrelated dimensions: the representation of India as a picturesque and chaotic Orient; the construction of the Tibetan Lama and the boy Kim as figures embodying both fascination with and control over the native; and the framing of India as a stage for the "Great Game," where indigenous agency is overshadowed by imperial rivalry. Drawing upon both primary textual evidence and secondary postcolonial scholarship, the paper situates *Kim* within a discourse that admires Indian diversity but ultimately reaffirms English superiority. The protagonist Kim, a hybrid child navigating both Indian and British identities, becomes the colonial fantasy of mediation and mastery, bridging cultures while reinforcing the paternalistic narrative that India requires governance by the Raj. The findings reveal that Kipling's narrative strategy is not one of simple propaganda, but of ambivalent Orientalism—simultaneously enchanted by India and invested in its subjugation. This ambivalence makes *Kim* not only a canonical imperial text but also a rich site for examining the subtle operations of cultural power within colonial discourse.
**Keywords**:Orientalism, imperialism, Kipling, postcolonialism, representation, hybridity, colonial discourse.

**Introduction -** The representation of colonized lands and peoples through the prism of European imagination is one of the most persistent features of colonial literature. From the early age of exploration through the height of the British Empire, European writers depicted the Orient not as it was lived by its people, but as it was imagined, romanticized, and constructed to suit imperial agendas. Such representations, often laden with stereotypes of mysticism, timelessness, sensuality, and political backwardness, provided cultural reinforcement for colonial domination. Literature became an instrument that simultaneously entertained metropolitan audiences and justified the colonial project. Postcolonial criticism, particularly since Edward Said's *Orientalism* (1978), has underscored how such narratives reinforced binaries of civilized/uncivilized, rational/irrational, and modern/backward—binaries that positioned the colonizer as superior and the colonized as subordinate.

Rudyard Kipling's *Kim* (1901) is a particularly revealing instance of this process. Celebrated for its vivid portrayal of Indian landscapes, languages, and cultural diversity, the novel simultaneously embodies the Orientalist tendency to exoticize India while framing it as a space requiring British stewardship. Through its ethnographic cataloguing of castes and communities, its fascination with mystical quests, and its staging of the "Great Game" of espionage, *Kim* constructs an image of India that is enchanting yet dependent, spiritual yet politically passive, diverse yet incapable of self-rule. The figure of Kim, an Irish orphan raised in Indian culture but trained to serve imperial intelligence, epitomizes this colonial fantasy of mediation and mastery. His hybridity reflects the colonial desire to both immerse in and control the native space, while ultimately reaffirming British superiority.

At the same time, as critics such as Homi Bhabha and Benita Parry have argued, colonial texts like *Kim* are marked by ambivalence. Kipling's admiration for Indian culture and his deep knowledge of its languages and customs complicate a purely propagandist reading. The Lama, for instance, embodies an Oriental mysticism that Kipling both reveres and patronizes, while Kim himself unsettles fixed categories of identity by moving fluidly between Indian and British worlds. This duality reveals how Orientalist texts are never simple instruments of domination; they are also sites of negotiation, contradiction, and cultural interplay.

This paper examines *Kim* through the theoretical framework of Orientalism and postcolonial criticism. Drawing on Said's notion of Orientalist discourse, Bhabha's

insights into hybridity and ambivalence, and Parry's critique of postcolonial readings, it investigates the ways in which Kipling deploys Orientalist tropes to render India simultaneously exotic and governable. The analysis will focus on three dimensions: the representation of India as a timeless and picturesque Orient; the characterization of the Lama and Kim as figures of spiritual exoticism and colonial mediation; and the framing of India as the backdrop for imperial rivalry in the "Great Game." By situating Kipling's novel within these critical perspectives, the paper argues that *Kim* naturalizes imperial authority even as it reveals the contradictions and anxieties of colonial representation.

**Statement of the Problem:** Colonial literature did not merely entertain; it functioned as a cultural instrument that legitimized imperial rule. By representing the colonized world through European imagination, such texts constructed a reality in which the Orient was defined by exoticism, passivity, and political incapacity. As Edward Said argues in *Orientalism* (1978), the Orient was rarely allowed to speak for itself; it was spoken for, analysed, and represented through Western categories of knowledge. In this sense, colonial texts became both the mirror and the weapon of empire—mirroring Europe's self-image as rational and superior while weaponizing stereotypes of the colonized as mystical, timeless, and incapable of self-governance.

Rudyard Kipling's *Kim* epitomizes this tension. On one hand, it offers an affectionate and detailed portrait of India's landscapes, cultures, and spiritual traditions. On the other, it embeds these depictions within a framework that normalizes British superiority and positions India as a stage for imperial rivalry. Characters such as the Lama are romanticized as bearers of Eastern mysticism but are simultaneously infantilized, while Kim himself, though racially British, is presented as the colonial fantasy of a mediator who can "translate" India for the Raj. This duality reflects what Homi Bhabha terms "Ambivalence": the colonizer's simultaneous fascination with and denigration of the colonized.

The problem, therefore, lies in the way *Kim* participates in the production of Orientalist discourse. Previous scholarship has examined the novel through themes of hybridity, ambivalence, cultural conflict, and the politics of empire, but less emphasis has been placed on how Orientalist tropes specifically structure Kipling's narrative strategies and characterizations. The novel does not merely reflect the colonial encounter; it actively constructs an image of India as enchanting yet governable, spiritually rich yet politically subordinate. Identifying these Orientalist tropes and analysing how they operate within the text is thus central to understanding both Kipling's literary craft and the ideological work of colonial fiction.

This research therefore addresses the problem of how Kipling's *Kim*represents India and its peoples through Orientalist perspectives, how it situates English authority within those representations, and how it conveys the imperial message of cultural and political dependency.

**Objectives:** The primary objective of this research is to critically examine the Orientalist tropes embedded in Rudyard Kipling's *Kim* and to evaluate how these tropes function as narrative strategies that reinforce, complicate, or ambivalently negotiate colonial authority. More specifically, the study aims to:

1. **Identify Orientalist Representations**: To analyze how Kipling depicts India—its landscapes, peoples, and spiritual traditions—through Orientalist lenses of exoticism, timelessness, mysticism, and dependency.
2. **Examine Characterization**: To explore how characters such as the Lama, Kim, and Indian figures are constructed in ways that both fascinate and subordinate, reflecting colonial ambivalence.
3. **Situate Imperial Ideology**: To investigate how the narrative framework of the "Great Game" and Kim's role as mediator naturalize British superiority and governance.
4. **Engage with Postcolonial Criticism**: To contextualize *Kim* within postcolonial debates, particularly drawing on Edward Said's theory of Orientalism, Homi Bhabha's concepts of hybridity and ambivalence, and Benita Parry's critiques of colonial representation.
**1. उच्चतम अपराध दर –** कानूनी निहितार्थ: मध्य प्रदेश का सबसे अधिक किशोर अपराधों वाला राज्य होना (2017 में 6,491, 2018 में 5,232, 2019 में 5,522) यह दर्शाता है कि राज्य अनुच्छेद 39(f) के तहत बच्चों की सुरक्षा के अपने संवैधानिक दायित्व को पूरा करने में विफल

रहा है। यह राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों का उल्लंघन है।

2. **शिक्षा के अधिकार का उल्लंघन:** मध्य प्रदेश में कानून का उल्लंघन करने वाले कई बच्चे ऐसी पृष्ठभूमि से आते हैं जहाँ अनुच्छेद 21A के तहत उनके शिक्षा के अधिकार का उल्लंघन हुआ है, जिससे शैक्षिक अभाव और किशोर अपराध के बीच एक कारणात्मक संबंध स्थापित होता है।

3. **सामाजिक-आर्थिक अधिकारों का उल्लंघन:** मध्य प्रदेश की उच्च गरीबी दर और बाल श्रम अनुच्छेद 23, 24 और 39(e) के उल्लंघन का संकेत देते हैं, जिससे बच्चों को अपराध की ओर धकेलने वाली स्थितियाँ पैदा होती हैं।

**मध्य प्रदेश में प्रक्रियात्मक उल्लंघन**

1. **कानूनी सहायता का अभाव:** धारा 12 किशोरों को नि:शुल्क कानूनी सहायता प्रदान करने का आदेश देती है। मध्य प्रदेश में, किशोर न्याय में प्रशिक्षित वकीलों की कमी के कारण इसका कार्यान्वयन अपर्याप्त है।

2. **परिवार की भागीदारी:** धारा 13 के अनुसार, कार्यवाही के दौरान माता-पिताध्अभिभावकों की भागीदारी अनिवार्य है। मध्य प्रदेश में, इसकी अक्सर उपेक्षा की जाती है, जिससे प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का उल्लंघन होता है।

3. **गोपनीयता का उल्लंघन:** धारा 74 किशोरों की पहचान उजागर करने पर रोक लगाती है। मध्य प्रदेश में मीडिया रिपोर्टिंग अक्सर इस प्रावधान का उल्लंघन करती है, जिससे कलंक लगता है।

**संस्थागत विफलताएँ - कानूनी परिप्रेक्ष्य**

1. **बाल कल्याण समितियाँ (धारा 27-28):** मध्य प्रदेश की बाल कल्याण समितियों को संरचनात्मक कमियों का सामना करना पड़ता है - अपर्याप्त सदस्य, बुनियादी ढाँचे का अभाव, और किशोर न्याय बोर्ड के साथ अस्पष्ट अधिकार क्षेत्र की सीमाएँ,जिससे मामलों के निपटान में कानूनी अस्पष्टताएँ पैदा होती हैं।

2. **निरीक्षण और निगरानी (धारा 54):** अधिनियम के तहत अनिवार्य वैधानिक निरीक्षण समितियाँ मध्य प्रदेश के अधिकांश जिलों में निष्क्रिय हैं, जो जवाबदेही प्रावधानों का उल्लंघन करती हैं।

3. **पश्चात देखभाल (धारा 46):** मध्य प्रदेश के अधिकांश जिलों में पश्चात देखभाल संगठनों का पूर्ण अभाव मुक्ति के बाद पुनर्वास के लिए वैधानिक दायित्वों का उल्लंघन करता है।

**मध्य प्रदेश में बदलाव की आवश्यकता**

आंकड़ों के अनुसार, मध्य प्रदेश बाल किशोरों के विरुद्ध सबसे अधिक अपराधों के मामले में प्रथम श्रेणी में है। कुछ बिंदु हैं जिन पर विचार किया जाना चाहिएरू

1. **बच्चों और अभिभावकों की परामर्श:** सभी जिलों में परामर्श केंद्र स्थापित करें जहाँ अभिभावक और बच्चे मार्गदर्शन प्राप्त कर सकें।

2. **बच्चों और शिक्षकों के बीच परामर्श:** स्कूलों में प्रशिक्षित परामर्शदाता होने चाहिए ताकि जोखिम वाले बच्चों की शीघ्र पहचान हो सके।

3. **जागरूकता के लिए नुक्कड़ नाटक:** ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से किशोर न्याय और बाल अधिकारों के बारे में संवाद किया जा सके।

4. **बाल प्रकोष्ठ निरीक्षण:** बच्चों को घरेलू हिंसा से बचाने के लिए नियमित निगरानी के साथ बाल संरक्षण प्रकोष्ठों को मजबूत करें।

5. **साइबर प्रकोष्ठ और पुलिस प्रकोष्ठ पहल:** किशोरों से जुड़े साइबर अपराधों को बढ़ाने के लिए विशेष साइबर प्रकोष्ठ स्थापित करें।

6. **गैर सरकारी संगठन पहल:** बाल कल्याण के लिए काम करने वाले गैर सरकारी संगठनों को सरकारी सहयोग से और अधिक पहल गतिविधियाँ करनी चाहिए।

7. **सर्वोच्च न्यायालय के निर्णयों का पालन करें:** ऐसे ऐतिहासिक निर्णयों को लागू करें जिनका किशोर न्याय पर प्रभावशाली प्रभाव पड़ता है।

**परिणाम विश्लेषण** - शोध के अनुसार, यह स्पष्ट रूप से विश्लेषण किया गया है कि मध्य प्रदेश को सख्त नियमों और विनियमों की आवश्यकता है। यद्यपि भारत में विभिन्न कानून और अधिनियम लागू हैं और कार्यरत हैं, फिर भी हमें बच्चों के विरुद्ध अपराधों के संबंध में समाज को अच्छी परामर्श और किसी भी अपराध से सुरक्षा के बारे में जागरूकता प्रदान करनी चाहिए। भारत में, कम से कम 69% माता-पिता और बच्चे निरक्षर हैं जिन्हें ऐसे अपराधों की जानकारी नहीं है। हमें बाल-किशोर अपराध परिदृश्यों पर प्रभावी प्रभाव डालने के लिए गैर-सरकारी संगठनों और समाज से और अधिक पहल करने के लिए संपर्क करना चाहिए। बाल-किशोरों के विरुद्ध अपराधों से संबंधित नए आँकड़े जारी करने की आवश्यकता है क्योंकि हमारे पास केवल 2019 तक के आँकड़े हैं। बेहतर विश्लेषण और नीति निर्माण के लिए हमें 2019 से 2025 तक के आँकड़े चाहिए।

**निष्कर्ष** - आलोचनात्मक विश्लेषण से पता चलता है कि मध्य प्रदेश में किशोर न्याय प्रणाली का कानूनी आधार मजबूत है, लेकिन कार्यान्वयन चुनौतियों के कारण इसकी प्रभावशीलता सीमित है। सबसे अधिक किशोर अपराधों वाले राज्य के रूप में मध्य प्रदेश की स्थिति पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है। इस प्रणाली को अपने सुधारात्मक और सुरक्षात्मक लक्ष्यों को वास्तव में प्राप्त करने के लिए बेहतर बुनियादी ढाँचे, प्रशिक्षित कर्मियों और जिलों में अधिक सुसंगत दृष्टिकोण की आवश्यकता है।

पुनर्वास और जवाबदेही के बीच संतुलन एक केंद्रीय बहस का विषय बना हुआ है। 2015 के संशोधन ने 16-18 वर्ष की आयु के किशोरों पर जघन्य अपराधों के लिए वयस्कों की तरह मुकदमा चलाने की अनुमति दी है। इसने बहस छेड़ दी है। आलोचकों का तर्क है कि यह पुनर्वास के फोकस को कमजोर करता है, जबकि समर्थकों का मानना है कि यह कुछ अपराधों की गंभीरता को कम करता है। पुनर्वास के प्रयास अक्सर खराब बुनियादी ढाँचे, प्रशिक्षित पेशेवरों की कमी और किशोर गृहों में सीमित संसाधनों के कारण अपर्याप्त होते हैं। यह व्यवस्था न्यायिक प्रक्रियाओं में देरी से जूझती है, जिसके कारण किशोरों को लंबे समय तक पर्यवेक्षण गृहों में रहना पड़ता है, जिससे किशोरों के मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

मध्य प्रदेश को अपने कार्यान्वयन तंत्र को मजबूत करना चाहिए, बजटीय आवंटन बढ़ाना चाहिए, अधिकारियों को प्रशिक्षित करना चाहिए, समन्वय में सुधार करना चाहिए और केवल दंड के बजाय रोकथाम पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। केवल व्यापक सुधार के माध्यम से ही मध्य प्रदेश अपने किशोर अपराध दर को कम कर सकता है और किशोर न्याय के वास्तविक उद्देश्यों - बच्चों के सुधार और समाज में उनके पुन: एकीकरण - को पूरा कर सकता है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015
2. राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो, भारत में अपराध रिपोर्ट (2017-2019)
3. गृह मंत्रालय, भारत सरकार, किशोर अपराध सांख्यिकी पर संसदीय प्रतिक्रिया ।
4. शर्मा, डी. (2022). भारत में किशोर अपराध का एक विश्लेषणात्मक अध्ययन। कानूनी अनुसंधान विकास: एक अंतर्राष्ट्रीय रेफरीड ई-जर्नल ।
5. विंटरडाइक, जे., एंटोनोपोलोस, जी. ए., और कोराडो, आर. (2016). नॉर्वे के किशोर न्याय मॉडल पर विचार। अपराध निवारण और सामुदायिक सुरक्षा।
6. अग्रवाल, डी. (2018). भारत में किशोर अपराध - नवीनतम रुझान। लोग: अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक विज्ञान जर्नल, आईएसएसएन 2454-5899
7. खंडेलवाल, के. (2020). किशोर न्याय प्रणाली। बर्निश्ड लॉ जर्नल, खंड 1, अंक 3, आईएसएसएन 2582-5534
8. परांजपे, एन.वी. (2012). अपराधशास्त्र और दंडशास्त्र, पीड़ितशास्त्र के साथ। केंद्रीय विधि प्रकाशन, इलाहाबाद।
9. राज, ए. (2024). भारत में किशोर न्याय प्रणाली: सिद्धांतों की असंगति। एसएसआरएन इलेक्ट्रॉनिक जर्नल 10. मंध्यान, एस. (2023). भारत में किशोर न्याय प्रणाली की प्रभावकारिता। एसएसआरएन इलेक्ट्रॉनिक जर्नल।
10. कुमार, वी. एट अल. (2024). भारत में किशोर अपराध से जुड़े कारक। सामाजिक और पर्यावरणीय न्याय समीक्षा।
11. किशोर बनाम मध्य प्रदेश राज्य, एमपीएचसी जबलपुर, सीआरआर-1416-2024 (13 अगस्त,2024) 13. विलियम्स, के.एस. (2012)। अपराध विज्ञान। ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस।

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LI (51), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# सह-शिक्षा एवं पृथक माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों की समायोजन क्षमता एवं व्यक्तित्व गुणों का तुलनात्मक अध्ययन

**विशाल कुमार* डॉ. संजीव कुमार****

* एम0 एड0 (छात्र) (शिक्षा) हिंदू कॉलेज, मुरादाबाद (एम.जे.पी.आर.यू, बरेली) (उ.प्र.) भारत
** असिस्टेंट प्रोफेसर (शिक्षा) हिंदू कॉलेज, मुरादाबाद (एम.जे.पी.आर.यू, बरेली) (उ.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** माध्यमिक स्तर के विद्यार्थी जीवन के उस संक्रमणकाल में होते हैं जहाँ शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक परिवर्तन तीव्रता से होते हैं, ऐसे में विद्यालय का वातावरण उनके व्यक्तित्व विकास एवं समायोजन क्षमता को गहराई से प्रभावित करता है। प्रस्तुत शोध मुरादाबाद जनपद के माध्यमिक विद्यालयों में संपन्न किया गया। प्रस्तुत शोध का उद्देश्य सह-शिक्षा एवं पृथक माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों की समायोजन क्षमता एवं व्यक्तित्व गुणों का तुलनात्मक अध्ययन करना है। अध्ययन में कुल 120 विद्यार्थियों (60 सह-शिक्षा तथा 60 पृथक विद्यालयों से) को शामिल किया गया। डेटा संग्रह हेतु स्वयं निर्मित प्रश्नावली का उपयोग किया गया। प्रस्तुत शोध की प्रकृति सर्वे शोध की है। शोध निष्कर्ष में विद्यालय के प्रकार का विद्यार्थियों की समायोजन क्षमता तथा व्यक्तित्व गुणों पर कोई उल्लेखनीय प्रभाव नहीं पड़ता है। विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास और समायोजन क्षमता का निर्माण विद्यालय के प्रकार से अधिक उनके पारिवारिक वातावरण, अनुभवों एवं शिक्षा की गुणवत्ता पर निर्भर करता है।
**शब्द कुंजी –** सह-शिक्षा, पृथक विद्यालय, समायोजन क्षमता, व्यक्तित्व गुण।

**प्रस्तावना –** शिक्षा मानव जीवन का अभिन्न अंग है जो व्यक्ति के सर्वांगीण विकास का माध्यम बनती है। विद्यालय न केवल ज्ञानार्जन का केंद्र है, बल्कि यह विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण, सामाजिक समायोजन तथा मानसिक परिपक्वता का भी प्रमुख स्थान है। माध्यमिक स्तर पर छात्र अपने जीवन के उस महत्वपूर्ण चरण में होते हैं, जहाँ उनका शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक तथा सामाजिक विकास तीव्र गति से होता है। इसी समय उनकी व्यक्तित्व संरचना एवं समायोजन क्षमता का निर्माण होता है। इस दृष्टि से विद्यालय का वातावरण, शिक्षण पद्धति तथा सहपाठियों के साथ अंत:क्रिया अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विद्यालयों के दो प्रमुख प्रकार होते हैं-सह-शिक्षा और पृथक विद्यालय। सह-शिक्षा में बालक एवं बालिकाएँ एक साथ अध्ययन करते हैं, जबकि पृथक विद्यालयों में दोनों के लिए अलग-अलग शिक्षण संस्थान होते हैं। दोनों ही व्यवस्थाओं के अपने-अपने शैक्षिक, सामाजिक एवं मनोवैज्ञानिक प्रभाव होते हैं। सह-शिक्षा में विद्यार्थी विपरीत लिंग के साथ संवाद एवं सहयोग करना सीखते हैं, जिससे उनके व्यक्तित्व में आत्मविश्वास, सहनशीलता, सहयोग, एवं सामाजिक समरसता जैसे गुणों का विकास होता है। वहीं, पृथक विद्यालयों में विद्यार्थियों को अपनी ही लिंग-समूह के बीच खुलकर विचार व्यक्त करने का अवसर मिलता है, जिससे आत्म-अभिव्यक्ति और प्रतिस्पर्धात्मक भावना विकसित होती है।समायोजन क्षमता व्यक्ति का अपने परिवेश, सामाजिक परिस्थितियों तथा विद्यालयीन वातावरण के साथ सामंजस्य स्थापित करने की योग्यता है। एक सुव्यवस्थित समायोजन व्यक्ति को मानसिक संतुलन, सामाजिक स्वीकार्यता और आत्मसंतोष प्रदान करता है। इसी प्रकार व्यक्तित्व गुण व्यक्ति के व्यवहार, सोच, दृष्टिकोण एवं सामाजिक सहभागिता को निर्धारित करते हैं। विद्यालय के वातावरण, शिक्षक-शिष्य संबंधों, सहपाठियों के व्यवहार तथा लिंग-आधारित अनुभवों से इन गुणों पर गहरा प्रभाव पड़ता है।

आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में विद्यार्थियों की सफलता केवल शैक्षणिक उपलब्धियों पर निर्भर नहीं करती, बल्कि उनके समायोजन कौशल, आत्मविश्वास, संप्रेषण क्षमता और व्यक्तित्व संतुलन पर भी निर्भर करती है। इसलिए यह आवश्यक हो जाता है कि यह अध्ययन किया जाए कि सह-शिक्षा और पृथक विद्यालयों के विद्यार्थियों के बीच समायोजन क्षमता एवं व्यक्तित्व गुणों में क्या अंतर या समानता पाई जाती है।

**अध्ययन की आवश्यकता एवं महत्व-** विद्यालय वह स्थान है जहाँ बच्चे अपने व्यक्तित्व का निर्माण करते हैं, सामाजिक व्यवहार सीखते हैं तथा जीवन के प्रति दृष्टिकोण विकसित करते हैं। इस संदर्भ में सह-शिक्षा और पृथक विद्यालय की व्यवस्था विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण एवं समायोजन क्षमता पर गहरा प्रभाव डालती है।

सह-शिक्षा में लड़के और लड़कियाँ एक ही वातावरण में अध्ययन करते हैं, जिससे उनमें परस्पर समझ, सहनशीलता, सहयोग और समानता की भावना विकसित होती है। इससे समाज में लैंगिक समानता और सहयोग की संस्कृति को बढ़ावा मिलता है। वहीं दूसरी ओर, पृथक विद्यालयों में अध्ययन करने वाले छात्रों को एक सुरक्षित, प्रतिस्पर्धी और लिंग-विशिष्ट वातावरण मिलता है, जहाँ वे अपनी रुचियों और क्षमताओं को बिना किसी सामाजिक दबाव के विकसित कर सकते हैं। इसलिए यह आवश्यक है कि यह अध्ययन किया जाए कि कौन-सा शैक्षिक वातावरण विद्यार्थियों की समायोजन क्षमता और व्यक्तित्व गुणों के विकास में अधिक प्रभावी है।

इसी के दृष्टिगत शोधार्थी द्वारा इस विषय पर अध्ययन करने का निश्चय किया गया वर्तमान परिस्थितियों में यह शोध विषय न केवल शैक्षणिक दृष्टि से उपयोगी होगा, बल्कि सामाजिक, मनोवैज्ञानिक और

नीतिगत दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह अध्ययन विद्यार्थियों के समग्र व्यक्तित्व विकास के लिए सबसे उपयुक्त शैक्षिक प्रणाली की पहचान करने में सहायक सिद्ध होगा। इसी तथ्य के दृष्टिगत शोधार्थी द्वारा प्रस्तुत शोध के माध्यम से माध्यमिक स्तर पर सह-शिक्षा एवं पृथक विद्यालयों के विद्यार्थियों की समायोजन क्षमता एवं व्यक्तित्व गुणों के बीच तुलनात्मक अध्ययन करने का प्रयास किया गया है।

**समस्या कथन-** 'सह-शिक्षा एवं पृथक माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों की समायोजन क्षमता एवं व्यक्तित्व गुणों का तुलनात्मक अध्ययन'।

**अध्ययन के उद्देश्य:**

1. सह-शिक्षा एवं पृथक माध्यमिक विद्यालयों के छात्र एवं छात्राओं की समायोजन क्षमता का अध्ययन करना।
2. सह-शिक्षा एवं पृथक माध्यमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के व्यक्तित्व गुणों के बारे में अध्ययन करना।
3. सह-शिक्षा एवं पृथक माध्यमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के व्यक्तित्व गुणों का तुलनात्मक अध्ययन करना।
4. सह-शिक्षा एवं पृथक माध्यमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं की समायोजन क्षमता का तुलनात्मक अध्ययन करना।

**अध्ययन की परिकल्पनाएं :**

1. सह-शिक्षा एवं पृथक माध्यमिक विद्यालयों के छात्रों की समायोजन क्षमता में कोई सार्थक अंतर नहीं है।
2. सह-शिक्षा एवं पृथक माध्यमिक विद्यालयो की छात्राओं की समायोजन क्षमता में कोई सार्थक अंतर नहीं है।
3. सह-शिक्षा एवं पृथक माध्यमिक विद्यालयों के छात्रों के व्यक्तित्व गुणों में कोई सार्थक अंतर नहीं है।
4. सह-शिक्षा एवं पृथक माध्यमिक विद्यालयों की छात्राओं के व्यक्तित्व गुणों में कोई सार्थक अंतर नहीं है।

**शोध विधि-** समस्या का चयन होने के बाद यह निश्चित करना आवश्यक है कि एक शोध के समाधान के लिए कौन सी विधि प्रयुक्त होगी इसके निर्माण के अभाव में कोई भी शोध कार्य संभव नहीं हो पता है प्रस्तुत शोध की प्रकृति विवरणात्मक शोध की है प्रस्तुत शोध कार्य में सर्वे विधि का चयन किया गया है जो विधिवत है।

अत: शोधार्थी द्वारा सर्वे पद्धति का प्रयोग किसी निश्चित क्षेत्र में व निश्चित तथ्यों की जानकारी प्राप्त करने के लिए किया जाता है।

**जनसंख्या-** शोध में जनसंख्या शब्दों का अर्थ भिन्न होता है। जनसंख्या का तात्पर्य संपूर्ण इकाइयों के निरीक्षण से होता है। शोध की जनसंख्या में एक विशिष्ट समूह के समस्त व्यक्तियों को सम्मिलित किया जाता है और वह सजातीय होते हैं।

**शोध क्षेत्र-**प्रस्तुत शोध का अध्ययन क्षेत्र उत्तर प्रदेश राज्य का मुरादाबाद जनपद है। मुरादाबाद जनपद के माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों पर यह शोध किया गया है। अत: प्रस्तुत शोध में मुरादाबाद जनपद के माध्यमिक विद्यालयों के कक्षा 9 एवं कक्षा 10 के छात्र-छात्राएं जनसंख्या के रूप में सम्मिलित हैं।

**न्यादर्श-** किसी भी अनुसंधान कार्य में संपूर्ण व्यक्ति समूह को अध्ययन में सम्मिलित करना अत्यंत कठिन होता है, इसलिए अनुसंधानकर्ता समूह के कुछ ही सदस्यों को चुनकर उन्हीं की जानकारी को संपूर्ण समूह के लिए उचित समझता है इस प्रकार यह प्रतिनिधित्व समूह ही न्यादर्श कहलाता है। प्रस्तुत शोध में मुरादाबाद जनपद के शहरी क्षेत्र के 6 माध्यमिक विद्यालयों से 120 छात्र-छात्राओं का न्यादर्श में चयन किया गया। जिनमें से 60 छात्र एवं 60 छात्राएं थी। कुल 120 विद्यार्थियों का चयन किया गया 60 छात्र/छात्राऐं सह-शिक्षा विद्यालयों से एवं 60 छात्र/छात्राऐं पृथक विद्यालयों सेचयनित किये गये हैं। न्यादर्श के चयन के लिए चयन हेतु सरल यादृच्छिक नमूना विधि का प्रयोग किया गया।

**शोध उपकरण-** प्रस्तुत शोध अध्ययन में शोधार्थी द्वारा स्वयं निर्मित प्रश्नावली का उपयोग किया किया गया है। शोधार्थी ने शोध कार्य के उद्देश्य को ध्यान में रखकर स्वयं निर्मित प्रश्नावली मापन उपकरण का प्रयोग किया है।

**प्रदत्तो का सांख्यिकीय विश्लेषण**

**परिकल्पना 01-** 'सह-शिक्षा एवं पृथक माध्यमिक विद्यालयों के छात्रों की समायोजन क्षमता में कोई सार्थक अंतर नहीं है।'

**तालिका संख्या 4.1-सह-शिक्षा एवं पृथक माध्यमिक विद्यालयों के छात्रों की समायोजन क्षमता का सांख्यिकीय विश्लेषण।**

| विद्यालय का प्रकार | छात्रों की संख्या | मध्यमान | मानक विचलन | टी-मूल्य | निष्कर्ष |
|---|---|---|---|---|---|
| सहशिक्षा विद्यालय | 30 | 75 | 10 | 1.05 | 0.05 |
| पृथक विद्यालय | 30 | 72 | 12 | | पर सार्थक |

उपर्युक्त तालिका 4.1 के अवलोकन से ज्ञात हो रहा है कि सहशिक्षा विद्यालय में अध्ययनरत छात्रों की समायोजन क्षमता के संदर्भ में मध्यमान 75 तथा मानक विचलन 10 है जबकि पृथक विद्यालय में अध्ययनरत् छात्रों का मध्यमान 72 तथा मानक विचलन 12 है। समायोजन क्षमता के संदर्भ में सार्थकता स्तर पर सारणी मान 1.96 है जबकि 'टी' का परिगणित मान 1.05 है जोकि सारणी मान 1.96 से कम है तथा 0.05 स्तर पर सार्थक नहीं है अत: शोधार्थी द्वारा बनाई गई परिकल्पना 01 स्वीकृत की जाती है अत: कह सकते है कि सह-शिक्षा तथा पृथक विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्रों की समायोजन क्षमता में कोई अन्तर नहीं है।

**परिकल्पना 02-** 'सहशिक्षा एवं पृथक माध्यमिक विद्यालयों की छात्राओं समायोजन क्षमता में कोई सार्थक अंतर नहीं है।'

**तालिका संख्या 4.2-सहशिक्षाएवं पृथक माध्यमिक विद्यालयों की छात्राओं की समायोजन क्षमता का सांख्यिकीय विश्लेषण।**

| विद्यालय का प्रकार | छात्रों की संख्या | मध्यमान | मानक विचलन | टी-मूल्य | निष्कर्ष |
|---|---|---|---|---|---|
| सहशिक्षा विद्यालय | 30 | 65 | 10 | 0.816 | 0.05 पर |
| पृथक विद्यालय | 30 | 63 | 09 | | सार्थक |

उपर्युक्त तालिका 4.2 के अवलोकन से ज्ञात हो रहा है कि सहशिक्षा विद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं की समायोजन क्षमता के संदर्भ में मध्यमान 65 तथा मानक विचलन 10 है जबकि पृथक विद्यालय में अध्ययनरत् छात्राओं का मध्यमान 63 तथा मानक विचलन 09 है। समायोजन क्षमता के संदर्भ में सार्थकता स्तर पर सारणी मान 1.96 है जबकि 'टी' का परिगणित मान 0.816 है जोकि सारणी मान 1.96 से कम है तथा 0.05 स्तर पर सार्थक नहीं है अत: शोधार्थी द्वारा बनाई गई परिकल्पना 02 स्वीकृत की जाती है अत: कह सकते है, कि सहशिक्षा तथा पृथक विद्यालयों में पढ़ने वाली छात्राओं की समायोजन क्षमता में कोई अन्तर नहीं है।

**परिकल्पना 03-** 'सहशिक्षा एवं पृथक माध्यमिक विद्यालयों के छात्रों के

व्यक्तित्व गुणों में कोई सार्थक अंतर नहीं है।'

**तालिका संख्या 4.3– सहशिक्षा एवं पृथक माध्यमिक विद्यालयों के छात्रों के व्यक्तित्व गुणों का सांख्यिकीय विश्लेषण।**

| विद्यालय का प्रकार | छात्रों की संख्या | मध्यमान | मानक विचलन | टी–मूल्य | निष्कर्ष |
|---|---|---|---|---|---|
| सहशिक्षा विद्यालय | 30 | 80 | 11 | 0.968 | 0.05 पर |
| पृथक विद्यालय | 30 | 77 | 13 | | सार्थक |

उपर्युक्त तालिका 4.3 के अवलोकन से ज्ञात हो रहा है कि सहशिक्षा विद्यालय में अध्ययनरत छात्रों के व्यक्तित्व गुणों के संदर्भ में मध्यमान 80 तथा मानक विचलन 11 है जबकि पृथक विद्यालय में अध्ययनरत् छात्रों का मध्यमान 77 तथा मानक विचलन 13 है। व्यक्तित्व गुणों के संदर्भ में सार्थकता स्तर पर सारणी मान 1.96 है जबकि 'टी' का परिगणित मान 0.968 है जोकि सारणी मान 1.96 से कम है तथा 0.05 स्तर पर सार्थक नहीं है अत: शोधार्थी द्वारा बनाई गई परिकल्पना 03 स्वीकृत की जाती है अत: कह सकते है कि सहशिक्षा तथा पृथक विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्रों के व्यक्तित्व गुणों में कोई अन्तर नहीं है।

**परिकल्पना 04–**'सहशिक्षा एवं पृथक माध्यमिक विद्यालयों की छात्राओं के व्यक्तित्व गुणों में कोई सार्थक अंतर नहीं है।'

**तालिका संख्या 4.4– सहशिक्षा एवं पृथक माध्यमिक विद्यालयों की छात्राओं के व्यक्तित्व गुणों का सांख्यिकीय विश्लेषण।**

| विद्यालय का प्रकार | छात्रों की संख्या | मध्यमान | मानक विचलन | टी–मूल्य | निष्कर्ष |
|---|---|---|---|---|---|
| सहशिक्षा विद्यालय | 30 | 75 | 10 | 0.368 | 0.05 पर |
| पृथक विद्यालय | 30 | 74 | 11 | | सार्थक |

उपर्युक्त तालिका 4.4 के अवलोकन से ज्ञात हो रहा है कि सहशिक्षा विद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं के व्यक्तित्व गुणों के संदर्भ में मध्यमान 75 तथा मानक विचलन 10 है जबकि पृथक विद्यालय में अध्ययनरत् छात्रों का मध्यमान 74 तथा मानक विचलन 11 है। व्यक्तित्व गुणों के संदर्भ में सार्थकता स्तर पर सारणी मान 1.96 है जबकि 'टी' का परिगणित मान 0.368 है जोकि सारणी मान 1.96 से कम है तथा 0.05 स्तर पर सार्थक नहीं है। अत: शोधार्थी द्वारा बनाई गई परिकल्पना 04 स्वीकृत की जाती है अत: कह सकते है कि सहशिक्षा तथा पृथक विद्यालयों में पढ़ने वाली छात्राओं के व्यक्तित्व गुणों में कोई अन्तर नहीं है।

**निष्कर्ष–** प्रस्तुत शोध अध्ययन से यह स्पष्ट होता है कि विद्यालय के प्रकार चाहे वह सहशिक्षा हो या पृथक माध्यमिक विद्यालय का विद्यार्थियों की समायोजन क्षमता तथा व्यक्तित्व गुणों पर कोई महत्वपूर्ण प्रभाव नहीं पड़ता है। दोनों प्रकार के विद्यालयों के छात्र एवं छात्राएँ समान रूप से अपने परिवेश, शिक्षकों, सहपाठियों तथा शैक्षणिक गतिविधियों के साथ अनुकूलन करने में सक्षम पाए गए हैं। साथ ही उनके व्यक्तित्व के विभिन्न आयामों जैसे आत्मविश्वास, सामाजिकता, भावनात्मक संतुलन एवं उत्तरदायित्व बोध में भी उल्लेखनीय अंतर नहीं पाया गया। अत: यह कहा जा सकता है कि छात्र–छात्राओं के व्यक्तित्व विकास एवं समायोजन क्षमता का निर्माण विद्यालय के प्रकार से अधिक उनके पारिवारिक वातावरण, व्यक्तिगत अनुभवों एवं शिक्षण–प्रशिक्षण की गुणवत्ता पर निर्भर करता है। इस प्रकार, सहशिक्षा एवं पृथक माध्यमिक विद्यालयों के संदर्भ में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में किसी प्रकार की असमानता परिलक्षित नहीं होती है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची:–**

1. चौधरी, एस. (2019). सहशिक्षा का मनोवैज्ञानिक विश्लेषण. लखनऊ: यूनिवर्सल बुक एजेंसी।
2. गुप्ता, एन. एल. (2017). व्यक्तित्व विकास और शिक्षा. नई दिल्ली: शारदा पब्लिशिंग हाउस।
3. राव नारायण (1964). विद्यार्थियों की समायोजन क्षमता एवं उनकी शैक्षिक उपलब्धियां के मध्य संबंध का अध्ययन, आर. लाल बुक डिपो, मेरठ।
4. परमेश्वर (1952). किशोर और वयस्को की समायोजन क्षमता का अध्ययन, अग्रवाल पब्लिकेशन, आगरा।
5. चौहान, एस. एस. (2018). अभिवृत्ति एवं व्यक्तित्व विकास. नई दिल्ली: वंदना पब्लिकेशन।
6. पाठक, योगेश कुमार : मेन्टल हेल्थ एण्ड सोशियल एडजस्टमेंट एमोग कॉलेज स्टूडेंटस, आर्टकल आई. डी. –004, गवर्मेंट आर्ट कालेज, राजकोट, गुजरात।
7. सालोमन, आर.सी. (2006). सिंग्ल सेक्स प्रोग्रामस: रिसोलविंग द रिसर्च कन्ड्रीम टीचरस कॉलेज रिकार्ड, 108 (4), 778 – 802।
8. मिश्रा, कुमार सुधीर एवं मिश्रा, अपर्णा (2008). लिंग विद्यालय एवं समाज, आर. लाल बुक डिपो, मेरठ।
9. सिंह, डी. आर. (2021). किशोरों में शैक्षणिक तनाव और समायोजन के बीच संबंध, इंटरनेशनल जर्नल ऑफ मल्टीडिसिप्लिनरी एंड करंट एजुकेशनल रिसर्च, (आईजेएमसीईआर)3(5), 43 46।
10. त्रिपाठी, जय गोपाल (2007), मनोविज्ञान एवं शिक्षा में शोध पद्धतियां, एच. पी. भार्गव बुक हाउस, आगरा।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :–**

1. www.shodhganga.ac.in
2. www.en.wikipedia.in
3. www.researchindia.in

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LI (51), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# Regional Parties and the Dynamics of Coalition Politics in India

**Neeraj***

***Primary Teacher, Govt. Model Sanskriti Sr. Sec. School, Buraka Hathin, Palwal (Haryana) INDIA**

**Abstract:** Since the late 1980s, India's political system has shifted from single-party dominance to an era where regional political parties (RPPs) play a critical role in both state and national governance. This paper explores the historical development, theoretical foundations, and practical ways through which regional parties influence coalition politics in India. Based on a review of existing scholarship and recent electoral outcomes, the study argues that regional parties exert influence by: (a) providing crucial parliamentary support in fragmented electoral contexts, (b) negotiating policy concessions through ministerial allocations and bargaining, and (c) shaping national agendas by bringing state-specific issues into central policymaking. The paper concludes by discussing implications for democratic representation, governance stability, and policy formulation in federal systems where regionalism and clientelism intersect with national party competition.
**Keywords:** Regional Political Parties, Coalition Politics, Electoral Fragmentation, Clientelism, Bargaining Power, Federalism, National Governance.

**Introduction -** Since the 1990s, India's political landscape has been increasingly shaped by the growing prominence and negotiating leverage of regional political parties (RPPs). While initially confined to state legislatures, many RPPs have emerged as pivotal actors at the national level, particularly during periods of electoral fragmentation. In such contexts, national parties are often compelled to negotiate power-sharing arrangements and policy priorities that address regional demands. This paper examines the rise of RPPs, the mechanisms through which they influence coalition governance, and the broader implications of their involvement for democratic accountability, policy formulation, and governance stability in India.

**Why Regional Parties Are Important:** Scholars have identified three primary explanations for the rise, persistence, and influence of regional parties in India:

1. **Institutional and Electoral Incentives** – India's first-past-the-post electoral system, combined with a federal structure, creates a favourable environment for parties with concentrated regional support. Even with modest national vote shares, regional parties can convert localized support into legislative seats, allowing them to persist and thrive at both the state and national levels (Sharma, 2020; Yadav, n.d.).
2. **Clientelism and Office-Seeking Motivation** – Many regional parties succeed not solely due to strong regional identity but because they provide office-seeking opportunities for politicians who can deliver targeted benefits and patronage to voters. Clientelistic arrangements and elite bargains at the state level sustain durable organizational platforms for RPPs, strengthening their capacity to influence policy and maintain electoral support (Ziegfeld, 2016).
3. **Strategic Bargaining in Coalition Governments** – Coalition theory emphasizes the leverage that small but pivotal parties possess in hung parliaments. When no national party secures an outright majority, RPPs can negotiate for policy concessions, ministerial portfolios, and development projects directed toward their constituencies. These mechanisms enhance both local support and organizational resources, allowing regional parties to institutionalize their influence at the national level (Sharma, 2020).

These factors work in a complementary manner: institutional structures create opportunities, clientelistic incentives encourage participation, and coalition bargaining ensures that state-level actors wield influence in national governance. Together, they explain the centrality of regional parties in India's contemporary political system.

**Historical Evolution: From Congress Dominance to Coalition Politics:** India's politics was dominated by the Indian National Congress (INC) in the decades following independence. This dominance eroded gradually from the 1960s to 1980s, as linguistic, caste, agrarian, and local elite politics encouraged the emergence of strong state-level parties. The late 1980s and 1990s marked a turning point: electoral volatility, internal factionalism within national

parties, and socio-economic changes led to repeated hung parliaments and coalition governments at the national level (Yadav, n.d.).

During this period, national parties such as the INC and later the BJP increasingly relied on regional parties to form stable governments. The United Progressive Alliance (UPA) era (2004–2014) exemplifies how RPPs could anchor national coalitions and secure ministries and policy influence. Conversely, the BJP's majority wins in 2014 and 2019 temporarily reduced the leverage of regional actors. Yet, the 2024 elections resulted in a more fragmented parliament, highlighting the continuing importance of regional parties as coalition partners.

**Mechanisms Through Which Regional Parties Influence Coalitions**

1. **Vote and Seat Leverage** – In parliamentary systems, the ability to offer or withhold legislative support constitutes the main source of influence. Regional parties become pivotal when national parties cannot achieve a majority on their own, enabling them to negotiate ministries, fiscal allocations, and policy initiatives advantageous to their constituencies.
2. **Ministerial Control and Portfolio Allocation** – By holding key ministries, RPPs can channel resources and development projects to their home states. Coalition negotiations often revolve around the distribution of ministries and administrative authority, enabling RPPs to strengthen their local bases.
3. **Policy Agenda Setting** – Beyond material benefits, RPPs can influence national policy by elevating state-specific concerns, such as language protection, agricultural support, water-sharing, or special status demands. National parties often make policy concessions to secure coalition support, effectively nationalizing regional issues.
4. **Institutionalized Coalition Bargaining** – Some RPPs formalize their influence through coalition agreements or common minimum programs. Institutionalized coalitions increase predictability and bargaining power, whereas weak coalition discipline can lead to policy instability but highlight the strategic relevance of regional actors.
5. **Electoral Mobilization and Symbolic Representation** – RPPs represent sub-national identities, caste groups, and patronage networks, offering symbolic and material benefits that national parties may not. This enhances their electoral mobilization and reinforces their bargaining power at the national level.

**Case Studies**

**A. Coalition Politics (1996–1999):** The mid-to-late 1990s marked a period of political instability in India, with several short-lived governments reflecting a fragmented national electorate. National parties, including the Indian National Congress (INC) and the Janata Dal, were unable to secure a clear majority in the Lok Sabha, creating a fertile environment for regional political parties (RPPs) to emerge as pivotal actors. Parties such as the Telugu Desam Party (TDP) in Andhra Pradesh and the Dravida MunnetraKazhagam (DMK) in Tamil Nadu wielded influence far beyond what their seat counts might suggest, leveraging their concentrated regional support to negotiate key ministries and policy concessions. For example, TDP and DMK ministers were able to secure control over central portfolios such as transport, communications, and rural development, directing funds and projects to their states. This period illustrates the mechanism of vote and seat leverage, where RPPs' pivotality in a hung parliament translated into disproportionate bargaining power at the national level. The era also highlighted the emergence of institutionalized coalition bargaining, as repeated negotiations established norms around ministerial allocation and policy concessions (Yadav, n.d.).

**B. UPA Era (2004–2014):** During the United Progressive Alliance (UPA) governments, coalition management became more structured, as the ruling alliance relied heavily on a wide array of regional partners. These included parties like the Rashtriya Janata Dal (RJD), the DMK, and the Nationalist Congress Party (NCP), each representing distinct regional and social constituencies. The coalition operated on a conditional support model, in which the backing of regional partners was tied to specific policy outcomes. RPPs influenced major national programs, such as the Mahatma Gandhi National Rural Employment Guarantee Act (MGNREGA) and the National Food Security Act, ensuring that allocations and implementation benefited their constituencies. This period demonstrates how RPPs used policy shaping and agenda-setting mechanisms, not just ministerial control, to influence national legislation. Moreover, regional parties actively engaged in parliamentary committees and legislative scrutiny, reinforcing their ability to shape the legislative agenda and exercise oversight over central policy execution. The UPA era exemplifies the institutionalization of coalition influence, where formal agreements and policy negotiation frameworks allowed RPPs to maintain consistent leverage over an extended period.

**C. Post-2014 and 2024 Coalition Dynamics:** The 2014 and 2019 general elections marked a shift in coalition dynamics, as the Bharatiya Janata Party (BJP) secured single-party majorities, temporarily reducing the bargaining power of RPPs at the national level. Ministries and policy decisions were increasingly centralized, and regional parties were relegated to the periphery of national decision-making. However, the 2024 elections produced a more fragmented outcome, with the BJP losing its outright majority in the Lok Sabha. This change reinstated the strategic importance of RPPs, particularly in southern and eastern states, where parties such as the DMK, the YuvajanaSramikaRythu Congress Party (YSRCP), and the Trinamool Congress (TMC) became essential for forming a stable government. In the post-2024 scenario, RPPs not only regained influence in ministerial allocation and resource distribution but also

in national agenda-setting, as their participation became critical for legislative approval and policy legitimacy. This cycle underscores the context-dependent nature of regional party leverage, showing that their influence waxes and wanes with national electoral arithmetic, yet they remain indispensable actors in India's parliamentary system (Indian Express / Associated Press, 2024; Reuters, 2024).

**Impact on Governance and Democratic Representation:** The increasing role of regional political parties (RPPs) in India's coalition politics has produced a mix of positive and negative effects on governance and democratic representation.

**Positive Impacts:** One of the most significant benefits of RPPs' participation is **enhanced representation**. By giving a voice to local, regional, and minority interests that may otherwise be overlooked by national parties, RPPs help ensure that policymaking reflects the diversity of India's population. For example, regional parties frequently advocate for state-specific concerns such as agricultural subsidies, linguistic protections, or local infrastructure projects, thereby integrating sub-national priorities into national legislation.

Another advantage is **policy pluralism**. Coalition governments require dialogue and negotiation among multiple parties with varying priorities. This necessity for consensus encourages the consideration of a wider array of perspectives in policymaking, leading to more inclusive and, at times, innovative policy solutions. By facilitating deliberation among diverse regional and social interests, coalitions can prevent dominance by a single party's agenda and ensure that marginalized groups have input into the national decision-making process.

**Negative Impacts:** Despite these advantages, the influence of RPPs can also introduce challenges. One major issue is **policy fragmentation and instability**. In coalitions with multiple regional partners, the imperative to satisfy the diverse demands of each party can result in diluted or inconsistent policies. Long-term planning may be compromised as governments make ad hoc concessions to maintain coalition cohesion, rather than adhering to a coherent national strategy.

Another concern is **clientelism**, where distributive bargaining reinforces patronage networks. Regional parties may channel central resources to loyal constituencies or targeted projects in their home states, prioritizing political gains over equitable or efficient allocation of public goods. This can entrench favoritism and reduce the effectiveness of public programs.

Finally, **weak accountability** arises as a consequence of coalition complexity. When multiple parties share power and influence, it becomes difficult for voters to clearly assign credit or blame for government performance. Responsibility for policy outcomes is often diffused across parties, weakening mechanisms of electoral accountability and complicating citizens' ability to evaluate the effectiveness of their representatives.

The net effect of RPP influence depends heavily on contextual factors, including the strength of institutional checks and balances, the relative salience of national versus regional issues, and the stability and longevity of coalition arrangements (Carnegie Endowment for International Peace, 2024).

**Policy Recommendations:** To maximize the democratic benefits of regional representation while mitigating governance challenges, several reforms can be considered:

1. **Strengthen Coalition Institutions** – Clear, formalized agreements among coalition partners, along with established dispute-resolution mechanisms, can reduce reliance on ad hoc negotiations. By institutionalizing coalition processes, governments can improve predictability and policy coherence.
2. **Enhance Transparency in Resource Allocation** – Implementing rigorous auditing procedures, earmarking rules, and performance monitoring for central transfers can reduce the risk of clientelistic practices. Transparent resource distribution ensures that development funds serve broader public needs rather than primarily political objectives.
3. **Formalize Intergovernmental Mechanisms** – Establishing regular forums such as councils of ministers or inter-state councils allows regional concerns to be systematically addressed within national policymaking processes. Such mechanisms create structured channels for negotiation and reduce the reliance on informal lobbying by regional actors.
4. **Electoral and Party Reforms** – Encouraging the development of cross-state party platforms can balance regional representation with the need for coherent national policies. This could involve incentives for national parties to expand into states without undermining local representation or reforms to reduce excessive fragmentation of the parliamentary system.

By implementing these measures, policymakers can preserve the democratic advantages of regional party involvement—such as inclusive representation and policy pluralism—while minimizing challenges like policy instability, patronage politics, and accountability gaps. In essence, a combination of institutional design, transparency, and electoral reform can help harness the positive potential of regional parties without allowing their influence to compromise governance quality.

**Conclusion:** Regional political parties (RPPs) have become an enduring and strategically adaptable force in India's coalition politics. Their influence is rooted in a combination of institutional and electoral incentives, clientelistic networks, and the arithmetic of parliamentary majorities. By representing state-level concerns and minority interests, RPPs contribute to a more inclusive and pluralistic national discourse, ensuring that diverse regional priorities are incorporated into policy deliberations.

At the same time, their presence introduces certain governance challenges. Coalition negotiations often lead to patronage-based resource allocation, policy fragmentation, and diluted long-term strategies, while the diffusion of responsibility in multi-party governments can weaken political accountability. These dynamics highlight the dual nature of RPP influence: they simultaneously enhance democratic representation and complicate governance effectiveness.

The cyclical pattern of India's electoral outcomes further underscores the strategic importance of regional parties. While periods of single-party dominance can temporarily diminish their leverage, fragmented parliaments and coalition governments consistently elevate RPPs to positions of central importance. Consequently, regional parties are likely to remain pivotal actors in shaping India's policy landscape, negotiating between regional priorities and national imperatives, and mediating the balance between inclusion and governance stability.

**References:-**

1. Carnegie Endowment for International Peace. (2024). *The resilience of India's fourth party system* (M. Vaishnav & C. Mallory). India Elects 2024. https://carnegieendowment.org/research/2024/09/india-election-bjp-party-politics?lang=en
2. Indian Express / Associated Press. (2024, June 9). Relying on coalition partners, Modi is sworn in for a rare third term as India's prime minister. *Associated Press*. https://apnews.com/article/0506b077b41cc39eb5a76b7e49b7076e
3. Reuters. (2024, June 1). Modi's alliance set to break India's southern ceiling. *Reuters*. https://www.reuters.com/world/india/modis-alliance-set-break-indias-southern-ceiling-2024-06-01/
4. Sharma, C. K. (2020). Partisan federalism and subnational governments: Regional parties and national policy influence. *Publius: The Journal of Federalism, 50*(4), 566–587. https://academic.oup.com/publius/article/50/4/566/5859728
5. Yadav, H. (n.d.). Coalition politics in India: Historical overview and implications [Conference paper / chapter]. AnuBooks. https://anubooks.com/uploads/session_pdf/17509347941.pdf
6. Ziegfeld, A. (2016). *Why regional parties? Clientelism, elites, and the Indian party system*. Cambridge University Press.

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LI (51), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# आधुनिक जीवन में फास्ट फूड उपभोग का प्रभाव (दमोह शहर के संदर्भ में)

**डॉ. आराधना श्रीवास***

* सहायक प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष (गृह विज्ञान) शासकीय कमला नेहरू महिला महाविद्यालय, दमोह (म.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** वर्तमान युग में शहरीकरण, व्यस्त जीवनशैली और समय की कमी के कारण फास्ट फूड आधुनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बन गया है। यह प्रवृत्ति महानगरों के साथ-साथ छोटे शहरों जैसे दमोह (मध्य प्रदेश) में भी तेजी से फैल रही है। इस शोध पत्र में दमोह नगर के संदर्भ में फास्ट फूड उपभोग की प्रवृत्तियों, कारणों, स्वास्थ्य प्रभावों और सामाजिक-सांस्कृतिक पहलुओं का विश्लेषण किया गया है। शोध के लिए 200 किशोर व किशोरियों को लिया गया है, जिससे यह प्रदर्शित किया जा सके कि छोटे शहरों में फास्ट फूड किस प्रकार आधुनिक जीवनशैली का हिस्सा बन रहा है। परिणामों को ग्राफ और सारणी के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है। अध्ययन से स्पष्ट होता है कि स्वाद, सुविधा और सामाजिक कारणों के चलते फास्ट फूड का प्रचलन बढ़ रहा है, जिसके साथ स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभावों की संभावना भी बढ़ रही है।

**शब्द कुंजी –** फास्ट फूड, दमोह नगर, आधुनिक जीवन, स्वास्थ्य, आहार व्यवहार, शहरीकरण।

**प्रस्तावना –** वर्तमान युग को यदि 'त्वरित गति का युग' कहा जाए, तो यह अतिशयोक्ति नहीं होगी। आज का मनुष्य समय के अभाव, कार्यभार और प्रतिस्पर्धा से घिरा हुआ है। ऐसे परिवेश में भोजन जैसी मूलभूत आवश्यकता भी सुविधा, समय और स्वाद के अनुसार बदल चुकी है। इसी संदर्भ में 'फास्ट फूड' आधुनिक जीवनशैली का प्रतीक बन गया है।

फास्ट फूड का अर्थ ऐसे भोजन से है जो त्वरित रूप से तैयार हो सके, आसान उपलब्ध हो तथा स्वादिष्ट भी हो। यह विशेष रूप से शहरी और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के बीच लोकप्रिय है। पहले जहाँ फास्ट फूड को केवल महानगरों तक सीमित माना जाता था, वहीं अब यह प्रवृत्ति छोटे शहरों जैसे दमोह (मध्य प्रदेश) में भी तीव्र गति से फैल रही है।

दमोह नगर में विद्यालयों, कॉलेजों और बाजार क्षेत्रों के आसपास आज अनेक फास्ट फूड सेंटर, बेकरी, कैफे और स्ट्रीट फूड विक्रेता देखे जा सकते हैं। विशेष रूप से युवा वर्ग, विद्यार्थी और नौकरीपेशा लोग इसकी ओर आकर्षित हैं। स्वाद, सुविधा, सामाजिक मेलजोल और आधुनिकता की भावना ने फास्ट फूड को दैनिक जीवन का हिस्सा बना दिया है।परंतु इस सुविधा के साथ कुछ गंभीर प्रश्न भी जुड़े हैं-

1. क्या फास्ट फूड हमारे स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है?
2. क्या इससे पारंपरिक भोजन संस्कृति प्रभावित हो रही है?
3. क्या दमोह जैसे छोटे नगरों में भी जीवनशैली परिवर्तन का यह संकेत है?

इन प्रश्नों के उत्तर खोजने के उद्देश्य से यह शोध किया गया है। इसमें दमोह नगर के निवासियों के बीच फास्ट फूड उपभोग की प्रवृत्तियों, कारणों और स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों का अध्ययन किया गया है। इस अध्ययन का उद्देश्य केवल आलोचना नहीं, बल्कि संतुलित जीवनशैली के लिए जागरूकता बढ़ाना है, ताकि आधुनिकता और स्वास्थ्य दोनों के बीच सामंजस्य स्थापित किया जा सके।फास्ट फूड का अर्थ है ऐसा भोजन जो शीघ्रता से तैयार हो, आसानी से उपलब्ध हो और स्वादिष्ट हो। यह जीवनशैली में व्यस्त व्यक्तियों के लिए सुविधा का प्रतीक बन चुका है। भारत में पिछले दो दशकों में फास्ट फूड उद्योग का तीव्र विस्तार हुआ है।छोटे नगरों में भी अब बर्गर, पिज्जा, नूडल्स, समोसा, चाउमीन और मोमोज जैसी वस्तुएँ दैनिक जीवन का हिस्सा बन चुकी हैं। यह अध्ययन इस बात का अध्ययन करता है कि फास्ट फूड किस प्रकार आधुनिक जीवनशैली, सामाजिक परिवेश और स्वास्थ्य को प्रभावित कर रहा है।

**साहित्य समीक्षा–** किसी भी शोध कार्य की नींव पूर्ववर्ती अध्ययनों एवं विद्वानों के विचारों पर आधारित होती है। फास्ट फूड पर किए गए राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय शोधों से यह स्पष्ट होता है कि यह केवल एक भोजन प्रणाली नहीं, बल्कि सांस्कृतिक, सामाजिक और स्वास्थ्य-संबंधी परिवर्तन का सूचक बन चुका है। निम्नलिखित समीक्षा इसी पृष्ठभूमि को प्रस्तुत करती है।

**(क) वैश्विक परिप्रेक्ष्य–** फास्ट फूड संस्कृति की शुरुआत 20वीं शताब्दी के मध्य में अमेरिका से हुई। 1950 के दशक में मैकडॉनल्ड्स, बर्गर किंग और के.एफ.सी. जैसी बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने इसे व्यावसायिक रूप दिया। **मोरगन सुपरलोक 2004** ने अपनी डॉक्यूमेंट्री Super size में दिखाया कि निरंतर फास्ट फूड सेवन मोटापा, हृदय रोग और मानसिक थकान का कारण बन सकता है।

**वर्ल्ड हेल्थ ऑरगानाइजेशन 2019**के द्वारा की रिपोर्ट के अनुसार, विकासशील देशों में फास्ट फूड उपभोग पिछले दस वर्षों में 35 प्रतिशत बढ़ा है।

**ब्राउनेल और हॉरजैन 2004** ने इसे Obesogenic Environment कहा, अर्थात ऐसा सामाजिक वातावरण जो मोटापे को बढ़ावा देता है।

इन अध्ययनों से यह स्पष्ट होता है कि फास्ट फूड केवल सुविधा नहीं,

बल्कि स्वास्थ्य–जोखिम का प्रमुख स्रोत बन गया है।

**(ख) भारतीय परिप्रेक्ष्य –** भारत में फास्ट फूड संस्कृति का विस्तार 1990 के दशक के आर्थिक उदारीकरण के बाद हुआ। वैश्वीकरण और विदेशी ब्रांडों के प्रवेश ने इसे नई दिशा दी।

**गुप्ता और वर्मा 2017** ने अपने अध्ययन में पाया कि भारत के शहरी क्षेत्रों में 60प्रतिशत युवा सप्ताह में कम से कम एक बार फास्ट फूड का सेवन करते हैं।

**इन्डियन काउन्सिल ऑफ मेडिकल रिसर्च आई. सी. एम. आर. 2021**की रिपोर्ट के अनुसार, फास्ट फूड उपभोग से मोटापा, उच्च रक्तचाप, मधुमेह और पाचन समस्याओं में वृद्धि हुई है।

**मिश्रा2022** के अनुसार, भारतीय फास्ट फूड उद्योग का वार्षिक विकास दर लगभग 18 प्रतिशत है, जिसमें कॉलेज और कार्यरत युवाओं की भूमिका सबसे अधिक है।

भारतीय संदर्भ में यह प्रवृत्ति केवल भोजन तक सीमित नहीं, बल्कि जीवनशैली, सामाजिक प्रतिष्ठा और आधुनिकता की पहचान बन गई है।

**(ग) छोटे नगरों का परिप्रेक्ष्य–** हाल के वर्षों में छोटे नगरों और कस्बों में भी फास्ट फूड की लोकप्रियता तेजी से बढ़ी है।

**शर्मा और पटैल 2020** ने अपने अध्ययन में उल्लेख किया कि छोटे नगरों में 45 प्रतिशत लोग सप्ताह में एक बार फास्ट फूड खाते हैं।

**चतुर्वेदी 2021** ने बताया कि स्थानीय फास्ट फूड विक्रेता अब 'हाइब्रिड मॉडल' अपना रहे हैं जिसमें भारतीय स्वाद और विदेशी व्यंजन का संयोजन किया जाता है।

यह भी पाया गया कि छोटे नगरों में फास्ट फूड दुकानों की वृद्धि ने स्थानीय रोजगार और अर्थव्यवस्था को भी प्रभावित किया है।

**(घ) दमोह नगर का परिप्रेक्ष्य –**दमोह नगर, मध्य प्रदेश का एक उभरता हुआ जिला मुख्यालय है, जहाँ शिक्षा संस्थान, कोचिंग सेंटर और बाजार क्षेत्र तेजी से विकसित हो रहे हैं। यहाँ फास्ट फूड की खपत मुख्यत: छात्र वर्ग और युवाओं में देखी जाती है।स्थानीय अवलोकन से ज्ञात हुआ कि पिछले पाँच वर्षों में दमोह में 25 से अधिक नई फास्ट फूड दुकानों की स्थापना हुई है।यह प्रवृत्ति न केवल खान–पान में बदलाव ला रही है, बल्कि पारंपरिक भोजन संस्कृति (जैसे दाल–भात, रोटी–सब्जी) पर भी प्रभाव डाल रही है।

साहित्य समीक्षा से यह स्पष्ट होता है कि

1. फास्ट फूड एक वैश्विक सांस्कृतिक प्रवृत्ति बन चुकी है।
2. भारत में इसका प्रसार विशेष रूप से युवाओं और छात्रों के बीच हुआ है।
3. छोटे नगर जैसे दमोह अब तेजी से बदलते आहार व्यवहार का प्रतीक हैं।
4. स्वास्थ्य संबंधी चेतना बढ़ने के बावजूद स्वाद और सुविधा प्रमुख आकर्षण बने हुए हैं।

पूर्ववर्ती अध्ययनों से यह ज्ञात होता है कि फास्ट फूड संस्कृति केवल भोजन तक सीमित नहीं रही, बल्कि यह सामाजिक परिवर्तन, आर्थिक प्रभाव और स्वास्थ्य चेतना से जुड़ा हुआ विषय बन चुकी है। दमोह नगर के संदर्भ में यह अध्ययन इसी व्यापक परिप्रेक्ष्य को स्थानीय स्तर पर समझने का प्रयास है।

विश्व स्तर पर फास्ट फूड संस्कृति अमेरिका और यूरोप से प्रारंभ हुई, परंतु अब यह एशिया और भारत में भी गहराई से स्थापित हो चुकी है। शोधों से ज्ञात होता है कि लगातार फास्ट फूड का सेवन मोटापा, मधुमेह, हृदय रोग और पाचन संबंधी समस्याओं का कारण बन सकता है।

**शोध के उद्देश्य:**

1. दमोह नगर में फास्ट फूड उपभोग की प्रवृत्तियों का अध्ययन करना।
2. फास्ट फूड के सेवन के कारणों और प्रमुख प्रेरक तत्वों का विश्लेषण करना।
3. फास्ट फूड के स्वास्थ्य प्रभावों की पहचान करना।
4. फास्ट फूड के सामाजिक–सांस्कृतिक प्रभावों और नीतिगत सुझावों का मूल्यांकन करना।

**शोध पद्धति–**किसी भी शोध कार्य की सफलता उसकी पद्धति की सटीकता और वैज्ञानिकता पर निर्भर करती है। इस अध्ययन में दमोह नगर को केंद्र में रखकर फास्ट फूड की प्रवृत्तियों, कारणों और स्वास्थ्य प्रभावों का विश्लेषण किया गया है। यह शोध वर्णनात्मकएवं विश्लेषणात्मक प्रकृति का है।

यह शोध एक क्षेत्रीय अध्ययन पर आधारित है, जिसका उद्देश्य यह जानना है कि दमोह नगर में फास्ट फूड की लोकप्रियता किन कारणों से बढ़ रही है और इसका लोगों के स्वास्थ्य व जीवनशैली पर क्या प्रभाव पड़ रहा है।

अध्ययन का स्वरूप मिश्रित है–

**मात्रात्मक–**इसमें आँकड़ों, तालिकाओं व ग्राफ के माध्यम से विश्लेषण किया गया है।

**गुणात्मक–**प्रस्तुत अध्ययन में उत्तरदाताओं के विचारों एवं अनुभवों पर आधारित विश्लेषण किया गया है।

अध्ययन क्षेत्र के रूप में मध्य प्रदेश के दमोह नगर का चयन किया गया है। यह जिला मुख्यालय होने के कारण यहाँ शिक्षा, व्यापार और सेवा क्षेत्र से जुड़े लोग बड़ी संख्या में रहते हैं। हाल के वर्षों में यहाँ फास्ट फूड सेंटरों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।इसमें 200 किशोर एवं किशोरियों को लिया गया है।जिसमें 100 किशोर एवं 100 किशोरियो है, जिनकी आयु 13 से 21 वर्ष है। डेटा संग्रहण के लिएप्राथमिक स्रोत के अंतर्गत संरचित प्रश्नावली, साक्षात्कार, व्यक्तिगत अवलोकन एवंद्वितीयक स्रोत के अंतर्गत संबंधित शोध लेख, पुस्तकें एवं पत्रिकाएँ, सरकारी रिपोर्ट, समाचार पत्र एवं वेबसाइटें, स्थानीय सर्वेक्षण रिपोर्ट को शामिल किया गया है।

**परिणाम एवं विश्लेषण –** इस अध्ययन में दमोह नगर के 200 उत्तरदाताओं से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर फास्ट फूड उपभोग की प्रवृत्ति, कारण और स्वास्थ्य प्रभावों का विश्लेषण किया गया है।डेटा को सांख्यिकीय सारणियों और ग्राफ के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है ताकि परिणामों को स्पष्ट रूप से समझा जा सके।

**(क) फास्ट फूड उपभोग की आवृत्ति –**

| क्रमांक | उपभोग की आवृत्ति | उत्तरदाताओं की संख्या का प्रतिशत |
|---|---|---|
| प्रतिदिन | 30 | 15 प्रतिशत |
| साप्ताहिक (कम से कम 1 बार) | 110 | 55 प्रतिशत |
| मासिक (1 बार से कम) | 30 | 15 प्रतिशत |
| कभी–कभी (वर्ष में कुछ बार) | 30 | 15 प्रतिशत |
| कुल | 200 | 100 |

उपरोक्त तालिका से ज्ञात होता है कि लगभग 55 प्रतिशत उत्तरदाता सप्ताह में एक बार या अधिक बार फास्ट फूड का सेवन करते हैं। यह आँकड़े

स्पष्ट संकेत देते है कि फास्ट फूड अब केवल अवसर विशेष पर नहीं, बल्कि नियमित आहार का हिस्सा बन चुका है।




**फास्ट फूड उपभोग की आवृत्ति**

**(ख) फास्ट फूड सेवन के प्रमुख कारण-**

| क्र. | कारण | उत्तरदाता (संख्या) | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1 | सुविधा | 80 | 40 प्रतिशत |
| 2 | स्वाद व पसंद | 60 | 30 प्रतिशत |
| 3 | सस्ता होना | 30 | 15 प्रतिशत |
| 4 | सामाजिक व मित्र प्रभाव | 20 | 10 प्रतिशत |
| 5 | अन्य | 10 | 5 प्रतिशत |
| | कुल | 200 | 100 प्रतिशत |

उत्तरदाताओं में से अधिकांश ने फास्ट फूड खाने का मुख्य कारण 'सुविधा' (40प्रतिशत) और 'स्वाद' (30प्रतिशत) बताया।इससे यह स्पष्ट होता है कि व्यस्त जीवनशैली और स्वाद की विविधता दोनों ही फास्ट फूड की लोकप्रियता में समान रूप से योगदान दे रहे हैं।




**फास्ट फूड सेवन के प्रमुख कारण**

**(ग) स्वास्थ्य पर प्रभाव-**

| क्र. | स्वास्थ्य प्रभाव | उत्तरदाता (संख्या) | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1 | कोई प्रभाव नहीं | 30 | 15 |
| 2 | वजन बढ़ना | 70 | 35 |
| 3 | पाचन समस्या | 90 | 45 |
| 4 | अन्य (थकान, त्वचा समस्या आदि) | 10 | 5 |
| | कुल | 200 | 100 |

उपरोक्त अध्ययन में लगभग 35 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने वजन बढ़ने की शिकायत की, जबकि 45 प्रतिशत ने पाचन से जुड़ी समस्याएँ बताईं।यह आँकड़े इस बात की पुष्टि करते हैं कि निरंतर फास्ट फूड प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ रहा है, भले ही 15 प्रतिषत लोगों ने इसे अभी गंभीर नहीं माना।




**स्वास्थ्य पर प्रभाव –** साक्षात्कारों और खुले प्रश्नों के उत्तरों से यह ज्ञात हुआ कि युवा वर्ग फास्ट फूड को 'आधुनिक जीवनशैली' का प्रतीक मानता है।अधिकांश लोगों ने बताया कि घर का भोजन समय लेने वाला होता है, जबकि फास्ट फूड 'कहीं भी, कभी भी' उपलब्ध रहता है।कुछ उत्तरदाता (विशेषकर किशोर व किशोरियों के माता-पिता) ने कहा कि बच्चे पारंपरिक भोजन से अधिक फास्ट फूड की मांग करते हैं।इन उत्तरों से यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि सामाजिक प्रभाव, सुविधा और विज्ञापन संस्कृति ने फास्ट फूड की लोकप्रियता को और बढ़ावा दिया है।

**अध्ययन की उपयोगिता-** यह शोध नीति-निर्माताओं, शिक्षाविदों, और स्वास्थ्य अधिकारियों के लिए उपयोगी सिद्ध हो सकता है। इसके निष्कर्षों से छात्रों में स्वास्थ्य शिक्षा कार्यक्रम बनाने,नगर स्तर पर खाद्य सुरक्षा मानक लागू करने,तथा समाज में संतुलित भोजन के प्रति जागरूकता फैलाने में सहायता मिलेगी।इस शोध में एकत्र किए गए आँकड़े एवं विश्लेषण दमोह नगर में फास्ट फूड के बढ़ते प्रचलन को वैज्ञानिक ढंग से प्रस्तुत करते हैं। यह पद्धति अध्ययन को विश्वसनीय, पुनरुत्पाद्य (Replicable) और नीति-उन्मुख बनाती है।

**निष्कर्ष –** अध्ययन से यह स्पष्ट होता है कि फास्ट फूड अब दमोह जैसे छोटे नगरों में भी आधुनिक जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया है। यह सुविधा और स्वाद प्रदान करता है, किंतु स्वास्थ्य पर इसके प्रतिकूल प्रभावों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।यदि समाज, शिक्षण संस्थान और प्रशासन मिलकर स्वस्थ भोजन संस्कृति को बढ़ावा दें, तो आधुनिकता और स्वास्थ्य दोनों के बीच संतुलन स्थापित किया जा सकता है।अत: आवश्यक है कि 'फास्ट फूड संस्कृति' को 'स्मार्ट फूड संस्कृति' में परिवर्तित किया जाए। जहाँ सुविधा के साथ पोषण और स्वास्थ्य भी सुनिश्चित हो।दमोह जैसे नगरों में फास्ट फूड अब केवल 'मेट्रो जीवनशैली' का प्रतीक नहीं रहा, बल्कि यह दैनिक भोजन संस्कृति का हिस्सा बन चुका है।अध्ययन से स्पष्ट होता है किशोर एवं किशोरियाँ इसे केवल स्वाद या सुविधा के लिए नहीं, बल्कि सामाजिक मेलजोल और आधुनिकता के प्रतीक के रूप में देखते हैं। हालाँकि, स्वास्थ्य संबंधी जोखिमों के प्रति जागरूकता अपेक्षाकृत कम है।इस प्रवृत्ति के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए, आवश्यक है कि जन-जागरूकता, पोषण शिक्षा और संतुलित आहार अभियान को स्थानीय स्तर पर प्रोत्साहित किया जाए।

**अध्ययन की सीमाएँ:**

1. सर्वेक्षण का आकार (200 व्यक्ति) सीमित है, अत: यह संपूर्ण जनसंख्या का प्रतिनिधित्व नहीं करता।
2. अधिकांश उत्तरदाताओं ने अपने अनुभव स्व-रिपोर्ट (Self & Report)के रूप में दिए हैं, जिनमें कुछ पूर्वाग्रह संभव है।
3. यह अध्ययन मुख्यत: दमोह नगर तक सीमित है अन्य नगरों में परिस्थितियाँ भिन्न हो सकती हैं।

**सुझाव:**

1. विद्यालयों और कॉलेजों में स्वास्थ्य शिक्षा कार्यक्रम चलाए जाएँ।
2. नगर निगम स्तर पर स्वच्छता और पोषण मानक तय किए जाएँ।
3. फास्ट फूड दुकानों में स्वस्थ विकल्प उपलब्ध कराए जाएँ।
4. जनजागरूकता अभियानों के माध्यम से लोगों को संतुलित आहार के महत्व से अवगत कराया जाए।
5. स्थानीय स्तर पर पोषण सर्वेक्षण प्रत्येक 3-5 वर्ष में किया जाए।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. भारत सरकार, राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (पेज नं.-5), 2021।
2. मध्य प्रदेश राज्य पोषण रिपोर्ट, स्वास्थ्य मंत्रालय।
3. सिंह, आर. (2020): आधुनिक आहार और स्वास्थ्य जोखिम, प्रयाग पब्लिकेशन, भोपाल।
4. Mishra A-2022: Fast Food and Health Issues in Small Town India Journal of Urban Studies.
5. स्वामी विवेकानंद:Complete Works, खंड 4।
6. जिला दमोह की जनगणना रिपोर्ट (2011)।

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LI (51), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# रंगमंच की पृष्ठभूमि और हिन्दी साहित्य में रंगमंच परम्परा

**डॉ. रोशनलाल अहिरवार***

* सहायक प्राध्यापक (हिन्दी) शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय, सागर (म.प्र) भारत

**शोध सारांश –** मानव जीवन में रंगमंच परम्परा का सर्वोच्च स्थान है जीवन में नीरसता को दूर करने के लिए मनोरंजन का होना आवश्यक है इसमे प्राचीन काल से रंगमंच की परम्परा महत्वपूर्ण रही है लोक रंगमंच संस्कृत,पारसी, हिंदी में विकसित हुआ है इसका आरंभ वैदिक काल से वर्तमान समय तक विकसित परम्परा को धारण किए हुये है। रंगमंच की परम्परा तथा हिंदी साहित्य में रंगमंच परम्परा का विकास शोधपत्र का विषय है।

**शब्द कुंजी –** रंगमंच परम्परा , संस्कृत रंग परम्परा, पारसी रंग परंपरा, लोक रंग परम्परा, हिन्दी साहित्य में रंगमंच परम्परा, भारतेन्दु युग रंग–परम्परा, प्रसादयुगीन रंग–परम्परा, प्रसादोत्तर रंग परम्परा।

**प्रस्तावना –** रंगमंच की परम्परा प्राचीन काल से विकसित परम्परा रही है नाटक को खेला जाने वाला स्थान रंगमंच कहलाता है रंगमंच की परम्परा प्राचीन काल से चली आ रही है जो जन–जन तक भिन्न–भिन्न रूपों से प्रचलित रही है। समय के साथ इसका रूप सुधरता गया और परिपक्व रूप विकसित होता गया है

रंगमंच दो शब्दो से मिलकर बना है :– **रंग और मंच** । अर्थ की दृष्टि से मंच अभिनय करने के लिए बनाया जाने वाला ऊंचा स्थान तथा रंग दीवारों,पर्दो व वेशभूषा में विभिन्न रंगों के प्रयोग करके आकर्षक दृश्य निर्मित करना है रंगमंच संस्कृति का अभिन्न अंग एवं जीवन्त कला है। यह युग और जीवन परिवेश का बड़ा मंच है जहां अभिनयकर्ता के माध्यम से जीवन प्रदर्शित होता है सार्वजनिक आमोद, मनोविनोद हेतु रंगमंच के द्वारा ऐसा ऐसा अभिनव जिसमें आनंद, गीत, नृत्य संगीत और उत्सव की भांति इसका रसपान किया जाये निश्चित ही रंगमंच को चरित्रार्थ करता है।

रंगमंच परम्परा का एक अपना इतिहास है। यह विकसित परम्परा शताब्दियों के इतिहास का परिणाम है। प्रत्येक युग में कुछ ऐसी रूढियाँ व मान्यताएँ स्थापित हुई जो युग की पहचान बनती गई । अत्याधुनिक युग में रंग परम्परा समृद्ध विकसित परम्परा उभर कर सामने आई है तथा एक ऐसा माध्यम है जो मनोविनोद के साथ मनुष्य को जीवन से जोड़ने का कार्य करती है आज नाटक अभिनेता निर्देशक, मंत्र, ध्वनि, संगीत, वाद्ययंत्र रूप, सजा, प्रकाश व्यवस्था और मुख्य दर्शक रंगमंच के अंग है तथा यह जन–जन तक लोकप्रिय विधा बन गई है। रंगमंच एक ओर मनोविनोद अंग है वहीं दूसरी ओर आधुनिक समय में रोजगार, धन प्राप्ति, यश प्राप्ति आदि के लिए अवसर प्रदान करने मे सक्षम है।

**संस्कृत रंग परम्परा –** संस्कृत रंग परम्परा के उद्गम में मनुष्य की मनोरंजन की आदिम प्रवृत्ति लक्षित होती है सभ्यता के विकास होने के साथ–साथ नाट्य रूप परिष्कृत होता गया। वैदिक काल में संस्कृत रंग परम्परा का आदिकाल माना गया है ।

'वाल्मीकि रामायण, महाभारत, पाणिनि की अष्टाध्यायी, पतंजलि के महाभाष्य, कौटिल्य का अर्थशास्त्र, बौद्ध एवं जैन धर्म ग्रंथो आदि में संस्कृत नाटकों की समृद्ध रंग परम्परा के प्रारंभिक रूप का स्पष्ट संकेत मिलता है कि आज से सहस्त्र वर्ष पूर्व वैदिक काल में भी संस्कृत नाट्य रंग परम्परा अपने पूर्ण विस्तार के साथ विद्यमान थी और वहां नाटक अभिनीत होते थे।'[1]

'संस्कृत रंग परम्परा का विस्तृत वर्णन भरतमुनि के नाट्य शास्त्र मे प्राप्त होता है चार वर्णों के मनोरंजन के लिए इंद्र आदि देवताओं की प्रार्थना पर ब्रह्म ने ऋग्वेद से पाठ, सामवेद से गीत, यजुर्वेद अभिनय तथा अथर्ववेद से रस लेकर पंचम वेद के रूप में नाट्य वेद की रचना की।'[2]

यह स्पष्ट होता है कि वैदिक रंग परम्परा में नाटक तत्व विद्धान थे संस्कृत नाट्य मण्डपो की लंबाई बत्तीस हाथ लगभग होती थी।इन्हे शास्त्री रंगमंच कहा जाता था भूमि समतल ,कठोर मत्सयपीठ के सामान ढलुवा होता था। इसका एक भाग रंग मंडप तथा दूसरा भाग प्रेक्षाग्रह होता था प्रेक्षाग्रह में दर्शक का स्थान तथा तथा रंगमण्डप में शिक्षित अभियनेता को स्थान दिया जाता था। नाट्यशास्त्र के अध्ययन से ज्ञात होता है कि रंगमंच का पूरा वातावरण आनुष्ठानिक,आध्यात्मिक होता था। नाटक का सफल मंचन हेतु पूजा देवी प्रतिमा स्थापना, यक्ष, कुबेर, देव आदि से बलि स्वीकार करने की प्रार्थना, पुष्प सज्जित कुंभ स्थापना, दीपिका का प्रकाशित करना, रंग युद्ध आदि नाट्य परम्परा में शामिल था। रंग परम्परा में नायक का गुण धीर होना आगम की अपेक्षा कर्म को प्रधान माना गया है ।जीवन का लक्ष्य धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष की प्राप्ति माना गया है नाटक के मंचन में रथ, यान, पशु पक्षी प्रतीकात्मक सामग्री आदि का प्रयोग किया जाता था ।

**पारसी रंग परम्परा–** पारसी रंग परम्परा विशाल एवं लीक से हटकर रही है यह उस समय विकसित होकर उभर कर सामने आई जब राष्ट्रीय चेतना, इतिहास पुराण गौरव की भावना, धर्म निष्ठ हिंदू समाज, सुधारावादी आंदोलनो की भावना जनता में व्याप्त थी मनोरंजन के लिए ऐसे रंगमंच की आवश्यकता थी जिसमें गौरवपूर्ण चरित्र, महान आख्यान, लौकिक के साथ श्रृंगारिकता भी हो ।

'उच्च अभिजात्य अंग्रेज अधिकारियों ने समय की मांग को पहचानते हुए एक रंगमंच बनाया पर वह भी बनावटी सा था। बम्बई 1849 में ग्रांड रोड पर श्बम्बई थियेटरश रंगमंच बनाया गया जिसमें सभी हिंदुस्तानी मिलकर नाटक करते थे सर्वप्रथम पेस्टर्न जी और फरोम जी ने यओरिजिनल थिएटर' की स्थापना की।1877 में खुर्शीद जी वाली बाल ने यविक्टोरिया थियेटिकल कंपनी' की स्थापना की। 1890 में मोहम्मद अली जग्गबुदा तथा सोहराब जी ने यन्यू एल्फ्रेड' कंपनी खोली। आचार्य नंददुलारे बाजपेयी के अनुसार 1860 से लेकर 1930 तक पारसी रंगमंच ही हिंदी रंगपंच बना रहा।'[3]

पारसी रंग गर्मियों के द्वारा रंग कला का अभिनय मंच पर किया जाता था। नाटक प्रस्तुति के आरंभ में संस्कृत नाटकों की तरह मंगलाचरण, सूत्रधार तथा नटी द्वारा नाट्यारम्भ की परम्परा ,पूरे रंगमंच ,विधान तथा प्रस्तुतीकरण पारसी रंगमंच भारतीय तथा पश्चात मिलाजुला रूप है मंचीय प्रकाश व्यवस्था का उपयोग नेपथ्य में ध्वनि प्रसारण नहीं था ।आकाश भाषित का प्रयोग था। बड़े-बड़े रंगीन पर्दो का प्रयोग, अभिनेता नाच गाने, तलवार बाजी में निपुण, स्त्री पात्रो की जगह पुरुष पात्र होते थे हर कंपनी के के पास अच्छे कलाकार होते थे।

'पारसी रंग-परम्परा में पारसी कम्पनी का एक नाटककार होता था। वह रंगमंचीय नाटक तैयार करता था। इसमें चटपटे गीत, फडकते संवाद और शेर का उल्लेख होता था। नाटक के बीच में नृत्य, चित्र और झाँकी की योजना बनाई जाती थी। इसी आधार पर नाट्याभिनय का मूल्यांकन होता था। पारसी कम्पनियों में नाटककारों को रखने की होड लगती रहती थी उन्हें डर था कि कहीं उनके संवाद, चोरी न हो जायें क्योंकि उनमें लिखित नाट्याभिनय प्रकाशित किये जाते थे। पारसी नाट्यमण्डली के पास निर्देशक, प्रबन्धक और नाटककार अनिवार्य रूप से होते थे। तीनों में गहरा सामंजस्य होता था।'[4]

पारसी रंग परम्परा एक ऐसी रंग परम्परा है जिसमें पारसी रंग गर्मियों द्वारा अपनी रंग कला का अभिनय मंच पर किया जाता रहा है नाटकों की भाषा उर्दू से प्रभावित बोलचाल की भाषा होती थी सहगान (कोरस) का प्रचलन था पारसी रंग परम्परा का सबसे बड़ा योगदान हिंदी भाषा भाषियो को अपनी नाट्य परम्परा को आकर्षित किया। सभी भारतीय भाषाओं के रंगमंच को पारसी रंगमंच ने प्रभावित किया परिणाम स्वरुप विभिन्न शहरों में नाट्य क्लब बने। हिंदी रंग परम्परा को विकसित करने के लिए एक बातावरण पारसी रंगमंच ने दिया ।

**लोक रंग परम्परा –** लोकरंग परम्परा से तात्पर्य एक ऐसी परम्परा से जो क्षेत्र को एक सूत्र बाधती है । लोक जीवन मे लोकनाट्यो का महत्वपूर्ण स्थान रहा है । 'लोक शब्द भारतीय दृष्टि से जो अर्थ देता है वह अंग्रेजी के थ्व्स्ज्ञ से बने शब्द से भिन्न है।लोक शब्द अत्यंत प्राचीन काल से प्रयुक्त होता आया है लोक शब्द का अभिप्राय संपूर्ण जन समुदाय से है जो किसी देश में निवास करता हो।'[5] लोकनाट्य में गीत, नृत्य और संगीत शामिल होता है ।गीत, संगीत नृत्य ,बड़ा आनंद प्रदान करते हैं यह जनमानुष के मनोरंजन का सर्वश्रेष्ठ साधन है

'डॉ. नगेंद्र के अनुसार लोकनाट्य सामूहिक आवश्यकताओं और कथानक, लोक तत्वो को समेटे हुए चलता है और जीवन का प्रतिनिधित्व करता है।'[6]

'जब कथा तत्व को अधिक मात्रा में लोकगीत और नृत्य से ही संयुक्त किया गया तभी से लोग नाटकों की रंग परम्परा का अनुभव माना गया है क्योंकि पूजा अर्चना ,पर्व ,त्यौहार,जन्म मरण आदि विशेष प्रसंगों पर अपनी सुख दुखात्मक अनुभूतियों को अभिव्यक्त करने का माध्यम माना जाता रहा है।'[7]

लोकनाट्य की विशेषता है कि यह सुभाषित मंच की मांग नहीं करता है लोकरंग मंच पर अभिनीत होने वाले नाटकों की साज सज्जा बहुत सादी होती है ।हंसी ,ठहाके हाजिर जवाब, आदि मनोरंजन के साथ नाटक को उत्कर्ष बनता है इसमें ढोल तबले ,हारमोनियम ,पखावज नगाड़ा आदि लोग वाद्य यंत्र का प्रयोग होता है प्रकाश व्यवस्था सादी होती है मंच सजावट ज्यादा तड़क भरी नहीं होती है।

लोकनाट्य आवश्यकतानुसार अस्थाई मंच निर्मित करता है यह जन नाटक पर्वो, उत्सवो एवं अनुष्ठानों के अवसरों पर खेले जाते हैं यह परम्परा प्राचीन है सामान्यत: लोक रंगमंच के नाटक रामायण ,महाभारत और भागवत तथा अन्य पुराणों के प्रसंग एवं कथाओं पर आधारित है जैसे रामलीला, रासलीला (ब्रज क्षेत्र) कीर्तनिया( बिहार के मैथिल) ,स्वाग ,यक्षगान (कर्नाटक) ,भवाई (राजस्थान),विदेसिया( बिहार के पश्चिमी जिलों आरा छपरा तथा पूर्व उत्तर प्रदेश के जिलों विशेषकर बलिया देवरिया ),माच( मालवा) ,तमाशा (महाराष्ट्र), नौटंकी ,जात्रा (पश्चिम बंगाल पूर्वी क्षेत्र) अन्य लोकनाट्य गवरी (मेवाड़ में भीलों का सामुदायिक नृत्य) नाचा में सखी (छत्तीसगढ़) ,भाण्ड (राजस्थान) ,तुर्राकलंगी (नीमच चितौड)रमामत (बीकानेर) आदि है। लोक रंग परम्परा प्राचीन एवं समृद्ध शाली परम्परा रही है आधुनिक काल में भी यह परम्परा विकसित श्रेणी में परिपक्व हो रही है।

**हिन्दी साहित्य में रंगमंच परम्परा –** प्रारंभिक काल में मानव के सामाजिक जीवन धार्मिक गतिविधियों को शामिल करके नाटकों को रचा गया जैसे रामलीला, इंद्रसभा कृष्ण लीला ,राजा हरिश्चंद्र आदि प्राचीन लोकनाट्य भारत में जनमानस के आकर्षण केंद्र रहे हैं गांव -गांव ,शहर -शहर लोगों द्वारा लोक नाटकों का लुफ्त लिया जाता रहा है आरंभ में खुले मैदान अथवा छायादार वृक्षों के नीचे लोकनाट्य के मंच हुआ करते थे जिसमें नौटंकी कठपुतलियों का तमाशा रामलीला रासलीला के मंजन किये जाते थे।

नाटक कला की अपनी श्रेष्ठता और विशेषता है क्योंकि नाटकों में अनेक दर्शकों को प्रभावित करने की क्षमता है लोक रंग मंच का आरंभ गलियो, मैदान, छायादारो वृक्षो के नीचे लोक जीवन के साथ आरंभ हुआ है अमंचीय नाटकों की इस परम्परा ने नुक्कड़ नाटक को जन्म दिया ।आरंभ में हास्य विनोद मनोरजन के लिए लोक रंग परम्परा का स्वरूप निर्मित हुआ।

हिंदी में रंगमंच परम्परा का विकास लगभग 19वीं शताब्दी के अत्तरार्ध में माना जाता है पूर्व में संस्कृत परम्परा से प्रभावित पारसी रंगमंच परंपराएं थी भारतेंदु युग के पूर्व लोकरंग परम्परा का उद्देश्य धन कमाना, खेल तमाशा करके मनोरंजन करना रहा लेकिन इस युग में ब्रिटिश साम्राज्य की स्थापना हो चुकी थी तथा यह राष्ट्रीय जागरण का काल था।

**भारतेन्दु युग हिन्दी रंग-परम्परा-** हिंदी रग-परम्परा का आरभ भारतेन्दु युग से माना जा सकता है। क्योंकि इसी काल में भारतीय रंग-परम्परा विकसित हुई। भारतेन्दु का आगमन हिन्दी रंग-परम्परा क्षेत्र में एक युगान्तकारी घटना है। 'नवाबी रंग मंच की सर्वोत्तम रचना 'इन्दर सभा' (गीतिनाट्य) का रंगमचीय इतिहास में विशेष महत्व है। इसे पर्याप्त प्रसिद्धि मिली तथा यह माना जाता है कि इन्द्रसभा के अभिनय के लिए पहला हिन्दी-रंगमंच केसरबाग में बना, जिसमें लखनऊ के रंगीले वाजिद अली शाह ने स्वयं इन्द्र बनकर अभिनय किया।'[8]

भारतेन्दु जी ने इसी नाटक की पैरोडी पर 'बंदर सभा' नाटक लिखा। जिसने जनता को प्रभावित किया भारतेन्दु एक कुशल नाटककार थे उन्होंने नाटकों के द्वारा जन-मानस की नाट्य रूचियों को परिवर्तित किया बल्कि प्राचीन भारतीय रंगमंचीय प्रवृत्तियों का सामन्जस्य कर, नवीन रंग मंच की स्थापना की है। भारतेन्दु ने बनारस थियेटर की नींव डाली। अप्रैल 1868 में शीतला प्रसाद त्रिपाठी द्वारा रचित जानकी मंगल का मंचन किया। इनकी नाट्य मण्डली भारतेन्दु नाट्य मण्डली के नाम से प्रसिद्ध हुई। इन्होंने देश के पुरातन इतिहास की मर्यादा को ध्यान में रखकर स्वयं नाटक लिखे तथा उनका मंचीय प्रदर्शन करवाकर भारतीय जनता के हृदय में देश एवं नाटकों के प्रति प्रेम स्थापित किया।

इस युग मे दूसरी भाषाओ के नाटको अनूदित किया गया जैसे संस्कृत से रत्नावली,मुद्राराक्षस, धनंजय विजय,अग्रेजी से दुर्लभ बन्धु आदि। भारतेन्दु जी ने मौलिक नाट्यो की रचना की जैसे भारत दुर्दशा ,नीलामी,अन्धे नगरी,भारत जननी आदि। इस काल के अन्य नाटककारो मे लाला श्रीनिवास के नाटक श्री प्रहलाद चरित्र, संयोगिता स्वयंवर, रणधीर प्रेम मोहनी, राधाकृष्ण दास द्वारा महारानी पद्मावती,धर्मालाप, महाराणा प्रताप राधाचरण गोस्वामी द्वारा तन मन धन गोसाई जी के अर्पण, श्रीदामा। गोपाल गहमरी द्वारा देशदशा,जैसे को तैसा,विद्या विनोद आदि नाटक लिखे, मंचीय किये गये।

नाटकों में राष्ट्रीयता, देश-प्रेम, सामाजिक सुधार, अत्याचारपूर्ण कुशासन की निंदा आदि भावनाओं से राष्ट्रीय और सामाजिक चेतना का भाव है। ऐतिहासिक, पौराणिक, काल्पनिक और प्रत्यक्ष सामाजिक जीवन से सम्बंध रखने वाले पात्रों और कथानकों को अपनाया, श्रृंगार, हास्य, करूण और वीर रसों को अपनाया। सुखान्त एवं दुखान्त दोनों प्रकार के नाटक लिखे।

**प्रसादयुगीन हिन्दी रंग-परम्परा –** भारतेन्दु के बाद लगभग चालीस वर्ष तक हिन्दी रंगमंचीय परम्पराओं में कोई प्रगति नहीं हुई। जयशंकर प्रसाद ने हिन्दी नाटकों के विकास में अपना योगदान प्रदान किया। प्रसाद के नाटक मे विशाखा ,अजातशत्रु,कामना,स्कन्दगुप्त, चन्द्रगुप्त ,आदि है।इस युग मे अन्य नाटककारो मे हरिकृष्ण प्रेमी,किशोरीदास वाजपेयी,वृन्दावन लाल वर्मा,चतुरसेन शास्त्री आदि है।

रंगमंच के विषय में प्रसाद का स्पष्ट मत था कि रंगमंचीय रूढियाँ नाटकीय विकास में एक सीमा तक ही साधक होती हैं तथा नवीन प्रयोगों के साथ-साथ ही नाट्य निर्माता को प्रयोग करने पड़ते हैं क्योंकि नियमबद्धता की कठोरता नाट्यभूमि की तीव्रता एवं प्रखरता में बाधक बन जाती है इससे रंगमंचीय विकास अवरूद्ध हो जाता है।

**प्रसादोत्तर हिन्दी रंग परम्परा –** प्रसादोत्तर काल का नाट्य परम्परा का समृद्ध काल है। प्रसाद के बाद हिन्दी नाट्य साहित्य में एक नवयुग का आरंभ होता है। समाजवादी, साम्यवादी, यर्थाथवादी, व्यक्तिवादी, प्रतीकवादी तथा अनेक वाद जैसे- मनोविश्लेषणवाद, यौनवाद, आत्मभिव्यंजनावा, प्रकृतिवाद आदि गुण नाटको को श्रेष्ठ बनाते है।

इस युग के नाटको मे विष्णु प्रभाकर द्वारा डॉकटर,टूटते परिवेश, युगे युगे क्रांति जगदीशचन्द्र माथुर द्वारा कोणार्क, शारदीया,पहला राजा मोहन राकेश द्वारा आषाढ का एक दिन,लहरो के राजहंस,आधे-अधूरे अन्य नाटककारो मे सुरेन्द्र वर्मा,डॉ.शंकर शेष,भीष्म शाहनी मन्नू भण्डारी, गोविंद चातक आदि एवं वर्तमान समय के नाटक कारो का महत्वपूर्ण योगदान है।

**अंतत**: रंगमंच परम्परा का विकसित रूप जो आज हमारे सामने है इसका सतत् विकास हुआ है वर्तमान समय मे नाटको का रंग मंच पर खेला जाना अत्याधुनिक तकनीकियो के माध्यम से सरल हुआ है।तथा बडे स्तर पर जनता के मनोरंजन का केन्द्र बिन्दु है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. आधुनिक हिंदी नाटकों की उत्पत्ति पर आंग्ला -नाटकों का प्रभाव : उपेंद्र नारायण, पृष्ठ 28,29
2. नाटक शास्त्र : भरत मुनि प्रथम अध्याय पृष्ठ 17
3. पारसी हिंदी रंगमंच : लक्ष्मी नारायण लाल पृष्ठ 86
4. हिंदी के प्रतीक नाटक और रंगमंच :केदारनाथ सिह पृष्ठ 87
5. लोक साहित्य एवं लोक संस्कृति :डॉ. रोशनी कैलाश पुस्तक सदन भोपाल, 2024 पृष्ठ 8
6. लोक साहित्य एवं लोक संस्कृति :डॉ. रोशनी कैलाश पुस्तक सदन भोपाल, 2024 पृष्ठ 6
7. हिंदी के प्रतीक नाटक और रंगमंच :केदारनाथ सिह पृष्ठ 76
8. कल्पना हिन्दी रंगमंच की दिशाएँ श्री गजानन शर्मा सितम्बर 1954

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LI (51), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# स्त्री-आत्मकथाओं का मूल्यांकन

**राजकुमार अहिरवार***

* सहायक प्राध्यापक (हिन्दी) शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय, सागर (म.प्र)) भारत

**शोध सारांश –** बीसवीं शताब्दी बीतते-बीतते हिंदी क्षेत्र की स्त्रियाँ अपना मौन तोड़ती हैं और एक के बाद एक अपनी आत्मकथाएँ साहित्यिक जगत को प्रेषित करती हैं। स्त्री आत्मकथाएँ अपने समय और समाज की तल्ख सच्चाइयों की साक्षी तो हैं ही, इन्हें स्त्री-उत्पीड़न और उनकी प्रतिरोधी चेतना का प्रामाणिक दस्तावेज भी कहा जा सकता है। ऐसा नहीं है कि स्त्री के उत्पीड़न की ओर पुरुष रचनाकारों की दृष्टि नहीं गयी है, परन्तु खुद भुक्तभोगी न होने के कारण वे स्त्री-उत्पीड़न की तीव्रता को पूर्णता में नहीं समझ सकते हैं। शायद इसीलिए जॉन स्टुअर्ट मिल ने लिखा है कि 'जो ज्ञान पुरुष स्त्रियों से उनके बारे में हासिल करते हैं, भले ही वह उनकी संचित संभावनाओं के बारे में न होकर, सिर्फ उनके भूत और भविष्य के बारे में ही क्यों न हो, तब तक अधूरा और उथला रहेगा जब तक कि स्त्रियाँ स्वयं वह सब कुछ बता नहीं देती, जो उनके पास बताने के लिए है।' इक्कीसवीं सदी के प्रथम दो दशकों में महिला आत्मकथाकारों ने आत्मकथाओं के माध्यम से अपने अतीत के सुख-दु:ख को आम पाठक के सम्मुख प्रस्तुत करने का प्रशंसनीय साहस किया है। भारतीय महिला समाज का अतीत गुलामी, अपमान, दरिद्रता, भोग्या, अधिकार-वंचिता, कुल-कलंकिनी, बेचारी, अबला, पराश्रिता, दासी, पत्नी आदि अनेकानेक नामों से भरा पड़ा है। यदि कहीं थोड़ा सा सम्मान प्रदर्शित होता है तो सिर्फ 'माँ' की उपाधि में ही। चूँकि भारतीय नारी अपने अतीत में न तो स्वतंत्र रही है और न ही शिक्षित और धनवान। भारतीय समाज व्यवस्था के तथाकथित पोषक धर्मग्रंथों ने तो सदैव नारी को परतंत्र रखने का ही प्रवचन किया है। 'मनुस्मृति' नामक ग्रंथ यह उद्घोष करता है कि स्त्री बाल्यावस्था में पिता के, युवा-अवस्था में पति के, और वृद्धावस्था में पुत्र के संरक्षण में अपना जीवन व्यतीत करेगी। तुलसीदास की रामचरित मानस भी 'ढोल, गँवार, शूद्र, पशु, नारी' को सदैव प्रताड़ित करने का उद्घोष करती है। नारी के प्रति सामाजिक-धार्मिक-आर्थिक और राजनीतिक अंकुशों ने सदैव क्रूर व्यवहार किया है। किसी अपराध में स्त्री की संलग्नता न होते हुए भी उसे अपराधी करार दिया गया है और यदि किसी स्त्री या अन्य किसी ने विरोध किया है, तब बलात स्त्री के मत्थे दोष मढ़कर उसे दण्डित किया गया है। इन्द्र और अहल्या का पौराणिक प्रसंग इस तथ्य की गवाही देता है कि पुरुष अपनी नाकामी या अपराध छिपाने के लिए स्त्री पर दोष मढ़ता है और पुरुष मानसिकता का संरक्षण करता है; अन्यथा की स्थिति में इन्द्र को पाषाण होने का शाप गौतम ऋषि द्वारा दिया जाना चाहिए था न कि अहल्या को पत्थर बनाना था।

**शब्द कुंजी:–** स्त्री-उत्पीड़न, पौराणिक प्रसंग, नारी-संरक्षण, जीवन-साथी, पुरुष-समाज, जलकुक्कड़, आदर्शवाद, नैतिकता, मानसिक वेदना, दैहिक संतुष्टि, संविधान, पतिव्रता, इज्जत-आबरू, पितृसत्ता, मिथक, शारीरिक संबंध, सामंतवाद, सफेदपोश।

**प्रस्तावना –** हजारों सालों की दासता से मुक्ति का मार्ग नारियों को भारतीय स्वतंत्रता और संविधान ने दिया है। वर्तमान युग की नारियाँ बेबाकी के साथ अपने अतीत को बड़ी साफगोई, स्पष्टता और तर्कों के साथ उस कथा-व्यथा को व्यक्त कर रही हैं, जिन्हें उन्होंने स्वयं भोगा है। 'अन्या से अनन्या' (प्रभा खेतान), 'गुड़िया भीतर गुड़िया', 'कस्तूरी कुण्डल बसै' (मैत्रेयी पुष्पा), 'एक कहानी यह भी' (मन्नू भण्डारी), 'दरकती दीवारों से झाँकती जिंदगी' (डॉ0 अहिल्या मिश्र), 'आपहुदरी', 'हादसेय (रमणिका गुप्ता), 'शिकंजे का दर्द' (सुशीला टाकभौरे) आदि की आत्मकथाएँ यह बताने में सक्षम हैं कि पुरुष समाज स्त्रियों के साथ न्याय नहीं करता है। वह उस तरह की आजादी महिलाओं को देने के पक्ष में नहीं हैं, जिसे वह स्वयं भोगता है। मन्नू भण्डारी अपनी आत्मकथा 'एक कहानी यह भी' में अपने पिता और पिता के मित्र के आपसी संवाद में यह उल्लेख किया है कि महिलाएँ सिर्फ घर की शोभा हैं, उन्हें बाहर पुरुषों के साथ बैठना-उठना उचित नहीं है– 'अरे उस मन्नू की तो मत मारी गई है भण्डारी जी, पर देखते आप, जाने कैसे-कैसे उल्टे-सीधे लड़कों के साथ हड़तालें करवाती, हुड़दंग करती फिर रही है वह। हमारे आपके घरों की लड़कियों को शोभा देता है यह सब? कोई मान-मर्यादा, इज्जत-आबरू का खयाल भी रह गया है आपको या नहीं।'[1] पुरुष मानसिकता में, उसके संस्कारों में स्त्री का पतिव्रता होना अत्यावश्यक है; अन्यथा की स्थिति में शायद पुरुष का अस्तित्व ही नष्ट होने लगता है, तभी तो आत्मकथा लेखिका मैत्रेयी पुष्पा का पति डॉ0 शर्मा अपने साथी डॉ0 सिद्धार्थ और मैत्रेयी के साथ-साथ नृत्य करने पर जल-भुँज जाता है। उसे शायद यह विश्वास हो जाता है कि एक स्त्री का पराये मर्द के साथ खान-पान करना, पार्टी करना, नाच-गाना करना उसके चरित्र का पतन है। इसी घटना को लेकर डॉ0 शर्मा पत्नी मैत्रेयी को ताना मारते हुए कहते हैं कि– 'सुनो कि लोग कह रहे हैं, मिसेज शर्मा को डॉ0 नहीं भा रहे हैं। लोग कह रहे हैं, मिसेज शर्मा को डॉ0 सिद्धार्थ डुगडुगी की तरह नचा...' [2] रहा है। घटिया मानसिकता का पुरुष सदैव इस पाले हुए डर से डरता है कि कहीं उसकी पत्नी का किसी पर-पुरुष से शारीरिक संबंध न हो जाए या उसे छोड़कर न चली जाए। इस डर से मुक्ति के लिए वह नारी (पत्नी या प्रेमिका) को हमेशा अपनी निगरानी में रखना चाहता है; जबकि स्त्री पुरुष के इस व्यवहार को अपना अपमान

समझती है। वह चाहती है कि उसका भी एक निजी जीवन है जिसे वह खुलकर जीना चाहती है, परन्तु डॉ0 शर्मा (मैत्रेयी पुष्पा का पति) जैसा पुरुष स्त्री की इच्छा और सोच पर अपना कब्जा बनाये रखना चाहता है; तभी तो डॉ0 शर्मा मैत्रेयी पुष्पा को उस हॉस्टल से अलग अन्यत्र आवासीय कालोनी में किराये से रखना चाहता है; जहाँ पर उसके दोस्त और सहकर्मी डॉक्टरों की नजर मैत्रेयी पर न पड़ सके। 'मेरा जीवनसाथी, साथी के नाम पर जलकुक्कड़ आदमी है। दिशाओं में जब रंग बिखरने शुरू होते हैं, कालिख पोतने आ जाता है। मैं दाँत पीसती रही। सँकरे रास्तों वाली जगह तलाश रहे हो कि पत्नी को बचा ले जाओ। कोई तुमसे पूछे, तुम्हारे दोस्तों की खातिरदारी में मैं किसके कारण लगी? ये मेरे दोस्त नहीं थे। हाँ दोस्त बन जाएँ, यही डर तुम्हारी उदारता और सद्भावना को चबाने लगा, विश्वास को खाने लगा कि बीबी कभी पतिव्रत की लक्ष्मण रेखा न लाँघ जाए।'[3] इक्कीसवीं सदी के प्रथम दो दशक में स्त्रियों द्वारा लिखी गई आत्मकथाएँ साहित्य के लिए एक उपलब्धि साबित हुई है; क्योंकि साहित्य-जगत् में स्त्री रचनाकारों ने कविता, कहानी, उपन्यास के माध्यम से आमजन के लिए, स्त्रियों के लिए, समाज के लिए भावनात्मक, आदर्शात्मक या पुरुष विरोधी साहित्य अवश्य लिखा है; परंतु स्वयं को लेकर यथार्थ के धरातल पर जो साहित्य लिखा है, वह आत्मकथ्य है। ऐसी आत्मकथाओं में स्त्री के सम्पूर्ण चरित्र का चित्रण बड़ी बारीकी से हुआ है। प्रत्येक स्त्री आत्मकथाकार की अपनी-अपनी सामाजिक, शैक्षणिक, सांस्कृतिक और आर्थिक स्थिति रही है, जिसके कारण उनके विषय या घटनाओं के चित्रण में विविधता है, परन्तु सभी के लेखन में एक भाव या विषय अवश्य मौजूद है- स्त्री स्वातंत्र्य। इस स्वतंत्रता के लिए वह आजीवन अपने पिता, पति, प्रेमी और समाज से जूझती दिखाई पड़ती है। 'अन्या से अनन्या' आत्मकथा की लेखिका अपनी मर्जी से आजीवन अविवाहित रहकर सभी शारीरिक सुखों (सेक्स सुख) को भोगती हैं, लेकिन वह सुख-शांति या अधिकार प्राप्त नहीं कर पाती हैं; जो एक विवाहित स्त्री अपने पति से प्राप्त करती है। वह अपने आप को असुरक्षित ही महसूस करती है। प्रभा खेतान अपनी आत्मकथा में लिखती हैं कि- 'हमारी औरतें वह चाहे बालकटी हों या गाँव-देहात से आयी हों, कहीं भी सुरक्षित नहीं। उनके साथ कुछ भी घट सकता है। सुरक्षा का आश्वासन पितृसत्तात्मक मिथक है। स्त्री कभी सुरक्षित थी ही नहीं, पुरुष भी इस बात को जानता है। इसलिए सतीत्व का मिथक संवर्धित करता रहता है। सती-सावित्री होने का निर्देशन स्त्री को दिया जाता है। पर कोई स्त्री सती रह नहीं पाती। हाँ सतीत्व का आवरण जरूर ओढ़ लेती है या आत्मरक्षा के नाम पर जौहर की ज्वाला में छलांग लगा लेती है।'[4] स्त्री आत्कथाकारों में से रमणिका गुप्ता, पुष्पा मैत्रेयी, प्रभा खेतान, मन्नू भण्डारी ने यह स्वीकार किया है कि जाने-अनजाने, स्वेच्छा या जबरदस्ती परपुरुष या पारिवारिक पुरुषों से उनके शारीरिक संबंध रहे हैं। इस तरह के संबंधों में जीना कहीं न कहीं यह उनकी आजादी के सवाल को पुष्ट करता है जिसे पुरुष ने खुद तो भोगा है, लेकिन उस आजादी को भोगने से स्त्री (पत्नी या प्रेमिका) को सदैव वर्जित किया है। प्रभा खेतान का पुरुष मित्र डॉ0 सर्राफ(विवाहित) से अविवाहित होते हुए भी शारीरिक संबंध था, प्रेम था, समर्पण था; लेकिन डॉ0 सर्राफ का खेतान के प्रति वैसा प्रेम या समर्पण नहीं था; जिसकी पूर्ति के लिए खेतान ने एक अन्य पुरुष से भी स्वेच्छा से शारीरिक संबंध बनाये, परन्तु वह प्रेम और समर्पण उस पुरुष से भी न मिल सका जिसकी कामना खेतान करती हैं या स्त्रियाँ करती हैं। 'उसने मुझे छुआ.... मेरा हृदय जोरों से धड़क रहा था, उसने मुझे चूमा, पहले मेरी उंगलियाँ, फिर गालों, फिर होठों को। धीरे से उसने मेरा आंचल हटाया, ब्लाउज के बटन खोलने की चेष्टा करते ही मेरी देह सख्त होने लगी, यह मैं क्या कर रही हूँ? आतंक और भय से मैं पसीना-पसीना हो उठी, वह रुक गया था..... उसने धीरे से पूछा- 'तुम्हारी मर्जी नहीं है? नहीं मैं अपनी इच्छा से आयी हूँ... यह मेरी देह की जरूरत है। सिर्फ देह का समर्पण और मन.....? मन अब किसी को नहीं चाह सकता, वह तो हमेशा के लिए बुझ गया है। खैर, शरीर टकराए, पर मैं उस चेहरे में डॉक्टर साहब को खोज रही थी। मैं अपनी ही देह की प्रत्येक हरकत को साक्षी भाव से देखती रही थी। दो-एक बार हम और मिले। मुझे लगा मैं इस व्यक्ति से प्रेम नहीं करती। प्रेम और वासना का फर्क मुझे उसे दिन समझ आया।' [5]

यौन-शोषण के मामलों में पुरुष के प्रति स्त्रियों का नजरिया लगभग एक जैसा ही होता है। वह मानती है कि पुरुष अपनी शारीरिक भूख मिटाने के लिए सभ्य-असभ्य सभी तरीकों को अपनाता है। स्त्री-देह-शोषण के संदर्भ में पुरुष का लक्ष्य वासना पूर्ति होती है। वह कभी-कभी रक्त-संबंधों को भी विस्मृत कर जाता है। 'समरथ को नहिं दोष गुसाईं' सिद्धांत वाक्य को अधिकतर ताजपोश, सफेदपोश, दबंग और सामंतवादियों ने साकार किया है। आत्मकथा 'आपहुदरी' की लेखिका 'रमणिका गुप्ता' ने सामन्तवादी सोच वाले अपने नाना को एक स्त्री-शोषक के रूप में देखा है। 'एक तरीका जो सभी जगह समान है, वह है औरत का यौन-शोषण। बड़े लोग छिपकर शालीनता की ओट में खुलेआम सबकुछ करते हैं। यह दोहरे मापदंड की दोहरी-दुमुँही चाल मेरे मन में बचपन से ही चोट करती थी। मेरा परिवार भी इन दोहरे मापदण्डों में अग्रणी था क्योंकि सामन्त था।'[6] अर्थात् सामन्ती सोच रक्तिम सम्बन्ध (लेखिका के नाना और मौसी के बीच अवैध सम्बन्ध) को भी नहीं बख्शती है। भारतीय सामाजिक व्यवस्था में अविवाहित या विवाहेतर यौन-सम्बन्धों को स्वीकृति प्राप्त नहीं है; इसके बावजूद यौन-सम्बन्ध जाने-अनजाने, स्वेच्छा या बलात् गाहे-बगाहे देखने-सुनने को मिलते रहते हैं। डॉ0 प्रभा खेतान (अन्या से अनन्या की लेखिका) का बाल-यौन-शोषण उसका स्वयं का भाई करता है; इसके बावजूद प्रभा खेतान स्वयं अपनी इच्छा से अविवाहित होते हुए भी विवाहित पुरुष डॉ0 सर्राफ से गर्भवती हो जाती है। अत: सभी पुरुषों को यौन-शोषक नहीं कहा जा सकता है। इस आशय की स्वीकारोक्ति प्रभा खेतान की स्वयं की है। 'यदि किसी को मालूम पड़ जाए तो दुनिया की नजर में मेरी क्या इज्जत रहेगी। खुद अपनी ही नजर में मेरी कोई इज्जत नहीं बची। डॉक्टर साहब ने तो मना किया था, वह मेरी करनी थी... मैंने ही पहल की थी, मैंने ही उनसे सब कुछ मांगा था।'[7]

जब से महिलाओं को स्त्री-शिक्षा का अधिकार और अवसर प्राप्त हुआ है, तभी से वह अपने पंख पसारने के लिए तत्पर रही है। यह अलग बात है कि उसके पर कतरने के लिए पुरुष मानसिकता सदैव क्रियाशील रही है। पुरुष नहीं चाहता रहा है कि एक स्त्री अपना स्वतंत्र अस्तित्व कायम करे, अपनी मान-पताका सर्वत्र फैलाये; वह तो सिर्फ उसे दासी या यौन-वस्तु के रूप में देखता आया है। इस संदर्भ में चाहे रमणिका गुप्ता हों, जिनका पति प्रकाश सदैव रमणिका को संदेह के नजरिया से देखता आया है; चाहे मैत्रेयी पुरुष का पति डॉ0 शर्मा हो जो मैत्रेयी को पुरुषों की छाया (डॉक्टर मित्रों, लेखकों, संपादकों) से दूर रखना चाहता है, चाहे डॉ0 प्रभा खेतान का प्रेमी डॉ0 सर्राफ हो, जो खेतान पर एकाधिकार चाहता है- सभी ने स्त्री को मानसिक रूप से स्वतंत्र होने का अवसर नहीं दिया है। माँ-बेटी के पारस्परिक संवाद में मैत्रेयी पुष्पा लिखती हैं कि- 'यह परिवार उस समाज का हिस्सा है बबली, जहाँ

औरतें केवल शरीर के रूप में होती हैं, जो पुरुषों की सेवा-सुविधा के लिए श्रम कर सकें। इसके अलावा वे यौनि रूप में रहती हैं कि पुत्रवती होकर वंशबेल बढ़ाएँ, बेटी पैदा करें तो अगली पुरुष पीढ़ी के काम आए।' [8]

1876 ई. में रससुंदरी देवी की बांग्ला भाषा में लिखित पहली आत्मकथा 'आमार जीबोन' में असमानता और अन्याय के कारण दुर्दशा को प्राप्त हुए स्त्री-जीवन के दबे-ढँके को जिस साहस और प्रतिरोधी चेतना के साथ सार्वजनिक किया गया था, वही साहस बांग्ला, मराठी आदि भाषाओं के संग-संग हिंदी की अनेक आत्मकथाओं में भी मुखरित हुआ। महिला आत्मकथाओं की दृष्टि से बांग्ला में रससुंदरी देवी की आत्मकथा के बाद 'आमार कोथा' (बिनोदिनी दासी 1912 ई), 'आत्मकोथा' (देवी शरदसुंदरी-1913), 'सेकाले कोथा' (निस्तारिणी देवी-1913), 'पूर्वकोथा' (प्रसन्नमयी देवी-1917 ई.), 'अमियबाला की डायरी' (अमियबाला-1929 ई.), 'जीवन स्मृति' (सुदक्षिणा सेन-1932 ई.) आदि आत्मकथाओं का लगातार रचा जाना यही सूचित करता है कि सामाजिक सुधारों के उस दौर में स्त्री भी जाग रही थी और वह अपनी आत्मकथाओं के माध्यम से पुरुष के सार्वजनिक और निजी जीवन के अन्तर्विरोध को उजागर कर रही थी। मराठी में 'अमाच्या आयुष्यांतील कांही आठवणी' (रमाबाई रानडे-1910 ई.), 'स्मृति तरंग' (अन्नपूर्णा बाई रानडे-1931 ई.), 'स्मृति चित्रेय (लक्ष्मीबाई तिलक-1934 ई.), 'जीवन नृत्य' (मीनाक्षी साने-1934 ई.), 'माझी कहानी' (पार्वतीबाई अठावले-1936 ई.) आदि आत्मकथाओं में भी स्त्री-पुरुष असमानता की पीड़ा और छटपटाहट देखी जा सकती है। मराठी में दलित लेखिकाओं ने भी अपने तिहरे शोषण को बड़ी निर्भीक अभिव्यक्ति दी है, जिनमें कुमुद पावड़े की आत्मकथा 'अन्त:स्फोट', बेबीताई कांबले की 'जीवन हमारा', शान्ताबाई कांबले की 'माझ्या जलमाची चित्तरकथा', मुक्ता सर्वगोड़ की 'मिटलेली कवाड़े' तथा जनाबाई गिरहे की 'मरणला' उल्लेखनीय हैं।

हिन्दी में किसी महिला द्वारा लिखित पहली ज्ञात आत्मकथा 'दु:खिनीबाला' द्वारा रचित 'सरला: एक विधवा की आत्मजीवनी' है, जिसमें प्रतिरोध की प्रतिज्ञा का प्रमाण मिल जाता है। 'स्त्री-दर्पण' पत्रिका के जुलाई, 1915 से मार्च, 1916 तक के अंकों में इस आत्मजीवनी का धारावाहिक रूप से प्रकाशन हुआ था। बाल-विवाह और विधवा-विवाह जैसी विकट समस्याओं का शिकार बनी एक स्त्री, समाज द्वारा दिए गए तिरस्कार और अपमान से व्यथित हो उन परंपराओं पर प्रश्न चिन्ह लगाती है, जिनके कारण वह अपने किसी अपराध के बिना ही 'कुलक्षिणी' घोषित कर दी जाती है। दु:खिनीबाला की इस आत्मकथा के बाद हिंदी में महिला-आत्मकथाओं के क्षेत्र में पसरा लंबा सन्नाटा चौंकाता है। 'हंस' के आत्मकथा विशेषांक (1932 ई.) में श्रीमती यशोदा देवी और शिवरानी देवी के आत्मकथांश अवश्य प्रकाशित हुए थे, पर उनमें कितनी प्रामाणिकता है, कहना कठिन है; क्योंकि उक्त कथांश अवश्य लिखे गए हों पर आज अज्ञात हैं। दु:खिनीबाला की आत्मकथा 'मेरी जीवन यात्रा' (लिपिक श्री ऋषभ देव रांका) बोल कर लिखाई गई थी। बीसवीं शताब्दी बीतते-बीतते हिंदी क्षेत्र की स्त्रियाँ अपना मौन तोड़ती हैं और एक के बाद एक कई आत्मकथाएँ साहित्यिक परिदृश्य पर उभरती हैं। इनमें पदमा सचदेव की 'बूँद बावड़ी', कृष्णा अग्निहोत्री की 'लगता नहीं है दिल मेरा', कुसुम अंसल की 'जो कहा नहीं गया', मन्नू भंडारी की 'एक कहानी यह भी', प्रभा खेतान की 'अन्या से अनन्या', मैत्रेयी पुष्पा की 'कस्तूरी कुंडल बसै' और 'गुड़िया भीतर गुड़िया', चन्द्रकिरण सौनरिक्सा की 'पिंजरे की मैना', रमणिका गुप्ता की 'हादसेय आदि महत्वपूर्ण हैं। अंग्रेजी, पंजाबी, मलयालम, मराठी, बांग्ला आदि भाषाओं से अनूदित आत्मकथाओं से भी हिंदी जगत् सम्पन्न हुआ, जिनमें कमला दास, तहमीना दुर्रानी, अमृता प्रीतम, अजीत कौर, दलीप कौर टिवाणा, तसलीमा नसरीन, बेबी हालदार, नलिनी जमीला आदि की आत्मकथाएँ उल्लेखनीय हैं। ये आत्मकथाएँ अपने समय और समाज की तल्ख सच्चाइयों की साक्षी तो हैं ही, इन्हें स्त्री-उत्पीड़न और उसकी प्रतिरोधी चेतना का प्रामाणिक दस्तावेज भी कहा जा सकता है। ऐसा नहीं है कि स्त्री के उत्पीड़न पर पुरुष-रचनाकारों की दृष्टि नहीं गयी, परन्तु स्वयं भुक्तभोगी न होने के कारण वे इस उत्पीड़न की तीव्रता को कैसे समझ सके। इस हकीकत को प्रख्यात हिंदी लेखिका प्रभा खेतान यूँ बयाँ करती हैं कि 'स्त्री की जिंदगी के बारे में पुरुष-लेखन ज्यादा-से-ज्यादा अर्धसत्य का ही दावा कर सकता है। स्त्री के शोषण-उत्पीड़न पर चर्चा की गई और आँसू बहाए गए, मगर समाज की इस भेदभाव वाली संरचना के विकल्प में बिल्कुल नहीं सोचा गया। व्यवस्था से मुक्ति की चाहना को अपने लेखन में जितनी शिद्दत से वह (स्त्री) महसूस करती है या जितनी गहराई से तन्मय होकर अपने उत्पीड़न और शोषण को वह अभिव्यक्त कर पाती है उतना पुरुष लेखन द्वारा संभव नहीं। पितृसत्तात्मक दमन जितना करीब से स्त्री ने देखा और झेला है, उतना अन्य किसी से नहीं।' यही कारण है कि इन आत्मकथाओं दमन और शोषण की ही अभिव्यक्ति नहीं हुई, इनमें स्त्री द्वारा निजी और सार्वजनिक जीवन में किए गए प्रतिरोध का इतिहास भी मौजूद है।

अपने जीवन-सत्य को समाज के सामने अनावृत्त करना अंगारों पर चलना जैसा है, जिसे महिला आत्मकथाकारों ने चुनौती के रूप में स्वीकार किया है। सच तो यह है कि जिसने अपने जीवन में जितना अधिक शोषण-उत्पीड़न सहा है उसमें उतनी ही शिद्दत से उसे बेपर्दा करने का संकल्प भी जागा है। एक आत्मशक्ति-संपन्न स्त्री को अन्याय के प्रतिरोध का सबसे कारगर तरीका यही प्रतीत होता है कि वह अपने-आप को समाज के सामने उजागर करने के लिए कलम का सहारा ले। कलमकार आत्मकथा-लेखिकाएँ अपने साथ-साथ पाठक को यातना की उन अंधी सुरंगों में ले जाती हैं, जहाँ सामाजिक और पारिवारिक क्रूरता के हाथों स्त्री नहीं, स्त्री के रूप में मानवता अपमानित होती है। इन अंधी-अँधेरी सुरंगों में पहुँचकर पाठक बेचैन हो जाता है, छटपटाता है। यह बेचैनी, छटपटाहट उस प्रतिरोध की जन्मभूमि है जिसमें पाठक को जगाना ही आत्मकथाओं का एक प्रमुख प्रयोजन कहा जा सकता है। इक्कीसवीं शताब्दी की पहली दशाब्दी में हिन्दी की तीन महिला-आत्मकथाकारों की आत्मकथाएँ अत्यंत चर्चित रहीं- मन्नू भंडारी, प्रभा खेतान और मैत्रेयी पुष्पा। चर्चा के कई कारण थे- कभी अंतरंग संबंधों का उद्घाटन, कभी विवाहोत्तर संबंधों की निर्भीक स्वीकृति, कभी यौन-प्रसंगों का खुला वर्णन। अपनी 'बोल्डनेस' के कारण इन आत्मकथाकारों की तुलना पंजाबी-उर्दू-अंग्रेजी की कुछ आत्मकथाकारों- तसलीमा नसरीन, तहमीना दुर्रानी, अमृता प्रीतम, अजीत कौर, कमला दास आदि से की जाती है। इक्कीसवीं सदी के प्रथम चतुर्थांश की आत्मकथाएँ एक विस्तृत कैनवास पर उकेरी गई हैं। इन आत्मचरित्रों में निजी उत्पीड़न के उद्घाटन के साथ-साथ उससे जूझती स्त्री का साहसिक अभियान भी दर्ज है, सामाजिक और राजनीतिक मूल्यहीनता का पर्दाफाश भी है, पितृसत्ता के घिनौने षड्यंत्रों का अनावरण भी है, और है मानव समाज के लिए एक सुंदर-सुखद भविष्य की तलाश भी; क्योंकि इस तलाश के बिना प्रतिरोध का सकारात्मक रूप उजागर नहीं हो

सकता। स्मृतियों को पाथेय बनाकर जब ये आत्मकथा-लेखिकाएँ अपने अतीत में झाँकती हैं तब उनका सामना एक दर्दनाक दमन और उत्पीड़न के सच से होता है, जिसका सिलसिला उनके अबोध बचपन से ही जारी रहा है।

माता-पिता के प्यार-दुलार के साये में किसी बच्चे का बचपन कितना सुरक्षित व सुखद हो सकता है। इस भरे-पूरे अहसास से स्त्री आत्मकथाकार प्राय: वंचित ही रही हैं। इसके कारण अलग-अलग हो सकते हैं, जैसे कि अपनी-अपनी पारिवारिक, सामाजिक या सांस्कृतिक पृष्ठभूमि आदि। गहन आत्मनिष्ठता, अहंभाव या विशिष्टता की चाह में अपनी ही कुंठाओं का शिकार बने मन्नू भंडारी के पिता अपने बच्चों के लिए स्नेह नहीं, भय का आलंबन बने रहे। उनके भय से थर-थर काँपती मन्नू की माँ अपनी व्यक्तित्वहीनता के कारण अपनी संतान के प्रति किसी प्रकार का आदर्श नहीं बन सकी। दूसरी ओर एक अत्यंत समृद्ध मारवाड़ी परिवार में जन्म लेने के बावजूद प्रभा खेतान का बचपन भी अनाथ, उदास और कुंठित था। घर की पाँचवी बेटी के रूप में वह अनचाही थी। एक के बाद एक जच्चगियों के कारण जर्जर शरीर वाली अम्मा अपनी इस बेटी को सदा उपेक्षित-प्रताड़ित करती रही और उसे दाई माँ के स्नेह की डोर पकडकर अपना बचपन बिताना पड़ा। तहमीना दुर्रानी का बचपन भी प्रभा से कुछ अलग न था। समाज के अत्यंत उच्च वर्ग से सम्बद्ध होने के बावजूद उसका बचपन माता-पिता के प्यार के लिए तरसता रहा। दबंग फैशनेबुल माँ तथा उच्च पदस्थ होते हुए भी पत्नी की उपेक्षा-प्रताड़ना झेलते पिता के आपसी संबंधों का तनाव तहमीना को आक्रान्त किये रहता था। माँ का आतंक सदा ही उस पर हावी रहता था। मैत्रेयी का बचपन तो और भी भयावह था! डेढ़ साल की मैत्रेयी को अनाथ कर पिता स्वर्ग सिधार गए और शिक्षा के उजाले में आने के लिए व्याकुल माँ ने नन्हीं मैत्रेयी के जीवन का उजाला छीना। दूर-पास के परिचितों के सहारे बचपन बिताती मैत्रेयी बार-बार दैहिक उत्पीड़न के खौफनाक दौर से गुजरती है। माँ के प्यार भरे आँचल के लिए वह तरसती ही रह जाती है और नन्हीं दीप घर में सबकी लाड़ली होते हुए भी 'बेटे' के लिए तरसते उसके कुटुंब का सोते-जागते, उठते-बैठते 'बेटा-बेटा' रटना उसे बेटियों की दोयम स्थिति का अहसास तो करा ही रहा था। दिन-रात शराब के नशे में गर्क रहने वाले पिता तथा दबी-कुचली व्यक्तित्वहीन माँ की संतान होने का दंड भी उसे भोगना पड़ा- माँ-बाप को छोड़ दूर शहर में बुआ के पास रहने के रूप में। इन नायिकाओं के भावी प्रतिरोध का एक बहुत बड़ा कारण इनका 'असामान्य' बचपन ही है। सभी नायिकाओं का अपने 'काले रंग' के कारण या फिर 'असुंदर' होने के कारण, या 'मरियल' होने के कारण अपने ही माता-पिता या घर-परिवार वालों के ताने-उलाहने सुनने पड़े थे या अपने अन्य भाई-बहनों से तुलना के अनंतर उपेक्षा और तिरस्कार का जहर पीना पड़ा था। कल्पना की जा सकती है कि अबोध-मासूम बचपन को जब प्यार की जगह तिरस्कार मिले तो कैसी हीन भावना जागती होगी। उसमें आत्मविश्वास कैसे तार-तार होता चला जाता होगा। प्रभा और मैत्रेयी जैसी नायिकाएँ तो यौन-शोषण का शिकार भी हुईं। प्रभा अपने ही सगे भाई द्वारा और मैत्रेयी सहपाठी लड़कों या दूर-पास के परिचितों द्वारा छली गई हैं। कैसा भय और आतंक जागता होगा उस समय। अपने 'लड़की जात' होने से घृणा होने लगती होगी, अपना वजूद बवंडर में उड़ता दीखता होगा। ताने-उलाहने, उपेक्षा-तिरस्कार, हिंसा-प्रताड़ना- क्या ये सब मिलकर इन नन्हीं बच्चियों के मन में भय के साथ-साथ आक्रोश नहीं पैदा करते होंगे? अवश्य करते होंगे। पितृसत्ता के जिस घिनौने रूप से उनका परिचय बचपन की नादान उम्र में हो गया था, उसके खिलाफ प्रतिशोध का संस्कार भी तभी से जाने-अनजाने उनमें जड़ जमाने लगा होगा।

पितृसत्ता के दायरे में विकसित होती हर लड़की का सबसे हसीन सपना है- विवाह। वास्तव में ढेरों बंदिशों-पाबंदियों के बीच बचपन गुजारती हर लड़की को लगता है कि इस बंधन से मुक्ति का एक ही मार्ग है- विवाह; इसीलिए 'विवाह' के लिए उसकी उत्सुकता, तड़प, उसका आकर्षण दिनोंदिन बढ़ता जाता है। प्रतिरोध का जो भाव माता-पिता या कुटुंबियों के प्रति प्रखर होता जाता था, वह इस विवाह की आड़ में अपना खेल खेलने के लिए सन्नद्ध हो जाता है। लड़की सोचती है कि वह अपनी मनमर्जी से अपना जीवन-साथी चुन अपने प्रतिरोध का बिगुल बजाएगी। अब वह बड़ी हो चुकी है- सोचने समझने लगी। वह गाय-बकरी तो नहीं कि माँ-बाप जहाँ चाहें हाँक दें। जाने-अनजाने वह 'विवाह' के रूप में कुछ ऐसा करना चाहती है, जिससे माँ-बाप के सामने वह अपना वजूद प्रमाणित कर सके। वह एक ऐसा साथी खोजना चाहती है जिससे जुड़कर वह माँ-बाप की नजरों में अपने तिरस्कृत वजूद के लिए 'स्वीकार और सम्मान' का भाव देख सके, कोई ऐसा जिसकी प्रतिष्ठा माँ-बाप से अधिक हो। जाने-अनजाने ही लड़की का प्रतिरोध-भाव माँ-बाप को दुश्मन या कम-से-कम विरोधी के पाले में तो धकेल ही देता है और अपने लिए अपनी मर्जी का साथी चुन वह प्रतिशोध की अपनी धारणा को प्रमाणित कर देती है। स्त्री आत्मकथाओं में इस धारणा को देखा जा सता है। मन्नू भंडारी अपने पिता के सारे विरोध को धता बताते हुए एक विजातीय 'राजेन्द्र यादव' से प्रेम-विवाह करती है और पिता के खिलाफ अपने प्रतिशोध का शंखनाद करती है। प्रभा खेतान अधेड़ उम्र के एक विवाहित बाल-बच्चेदार डॉक्टर सर्राफ के साथ जीवन भर के लिए एक अनब्याहे बंधन में बँधकर अपना प्रतिशोध दर्ज कराती है। मैत्रेयी अपनी माँ के 'विवाह विरोधी' अभियान की धज्जियाँ उड़ाते हुए अपनी माँ को विवश करती है कि वे उसके लिए जीवन-साथी चुने। 'तहमीना' पहले अनीस और फिर मुस्तफा से प्यार और निकाह कर अपनी तानाशाही माँ से प्रतिशोध भी लेती है और प्रतिस्पर्धा भी करती है और 'दीपय अपनी इच्छा के विरुद्ध बलात् किए गए विवाह के बंधन को तोड़कर, तलाक लेकर वह अपना प्रतिरोध प्रमाणित करती है। जिस मन-मर्जी विवाह को अपनी मुक्ति का मार्ग समझ कर बड़े अरमानों के साथ इन आत्मकथाकारों ने स्वीकार किया था, उसी का भीतरी सच इतना भयावह होगा, वे नहीं जानती थीं। दैहिक हिंसा और यौन-उत्पीड़न (मेरे आका), पति के विवाहेत्तर संबंध (एक कहानी यह भी), पति की नपुंसकता (नंगे पैरों का सफर), परंपरा और मर्यादा के नाम पर पत्नी को कठोर बंधनों में जकड़ना या बेटियों को जन्म देने के अपराध में उसे अपमानित-प्रताड़ित करना (कस्तूरी कुंडल बसै और गुड़िया भीतर गुड़िया), घर-गृहस्थी के सारे दायित्व उसे सौंपकर खुद मौज-मस्ती की समानांतर जिन्दगी जीना (एक कहानी यह भी), उसके व्यावसायिक जीवन का पूरा नियंत्रण रखना (अन्या से अनन्या) आदि व्यवहारों से थर्रा देने वाली इन क्रूरताओं के कारण घर-गृहस्थी जब यातना-घर बनकर रह जाए और वैवाहिक जीवन का कोमल-मधुर सपना चिंदी-चिंदी होकर बिखर जाए तब ऐसी स्त्री भीतर ही भीतर सुलगते आक्रोश व प्रतिरोध को समाज के सम्मुख मुखर होकर व्यक्त करती है और सारी वर्जनाओं को एक ही झटके में तोड़कर घुटन भरे माहौल से बाहर निकलकर खुली हवा में साँस लेने लगती है।

भारतीय नारियाँ संबंधों को कपड़ों की तरह पहनती-उतारती नहीं है। वे घर-परिवार के महत्व से परिचित होती हैं और जानती हैं कि परिवार का

सबसे महत्वपूर्ण आधार 'स्त्री-पुरुष' संबंध है। पुरुष के क्रूर-मर्यादाहीन व्यवहार के कारण उनके लिए 'घर' में बने रहना आसान नहीं होता है। वह यह भी जानती हैं कि परिवार में पति-पत्नी के अलावा अन्य सदस्य भी होते हैं, जिनके प्रति उनका भी दायित्व होता है। दायित्वबोध के कारण वह न तो उनसे नेह का नाता तोड़ पाती है और न ही अपने बच्चों से मुँह मोड़ पाती है। वह उन्हें पिता की छाया से कैसे वंचित कर दे। अपने अनाथ बचपन की कटु स्मृतियाँ अवश्य ही उन्हें ऐसा कदम उठाने से रोकती होंगी, जिसके नतीजे में उनके अपने बच्चों के बचपन की खिलखिलाहट व मासूमियत छिन न जाए। 'आपका बंटी' लिखने वाली मन्नू अपनी बेटी 'टिकू' को 'बंटी' बनते कैसे देख सकती थी। मैत्रेयी अपनी तीनों बेटियों को पिता के प्यार के लिए तरसते कैसे देख सकती थी। यहाँ तक कि तहमीना ने भी यही अनुभव किया कि क्रोधावेग में बच्चों के प्रति क्रूर व निर्दय कहे जाने वाला पति मुस्तफा सामान्य स्थिति में बच्चों के प्रति वात्सल्य भाव से भरा रहता है। वह कैसे छीन ले अपने बच्चों से वह इस वात्सल्य को। प्रभा खेतान डॉ0 सर्राफ के साथ जिस बिन विवाह के रिश्ते में बँधी थी, वह भी उसे निभाती चली गई। इसके पीछे एक क्षीण सा कारण इस अपराध-बोध से अल्पांश में निवृत्ति पाना भी था कि उसके (प्रभा खेतान) कारण डॉक्टर साहब के बच्चों से प्यार व सुकून का जीवन छिन गया है।

आत्मकथाओं की कथा-नायिकाएँ सुशिक्षित भी हैं और जागृत विवेक की स्वामिनी भी; इसलिए वैवाहिक जीवन के उत्पीड़न को सहते हुए भी उनका विवाह संबंधों को न तोड़ना उनकी 'कायरता' नहीं कही जा सकती। साहस की कमी उनमें कहीं नहीं थी, इसे वे अपने कर्मठ-जुझारू व्यक्तित्व से प्रमाणित कर चुकी थीं। इसे उनकी 'संस्कारधर्मिता कहना भी शायद पूरी तरह ठीक नहीं होगा। तलाकशुदा या परित्यक्ता होने का सामाजिक भय असुरक्षा के अहसास का कारण हो सकता है, लेकिन मूल कारण नहीं। चेतना-प्रबल ये स्त्रियाँ गहरे सोच-विचार के अनन्तर इस नतीजे पर पहुँची थीं कि तलाक या अलगाव समस्या का समाधान नहीं है; क्योंकि घर की लक्ष्मण-रेखा से बाहर सब कुछ मनचाहा ही होगा, कौन जाने? इसकी क्या गारंटी? घर से बाहर भी तो कदम-कदम पर समझौते करने पड़ते हैं। इसलिए शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक संबल के लिए घर एक अनिवार्य जरूरत है। घर-परिवार के मौजूदा ढाँचे का सुधार अपेक्षित है, समूल नाश नहीं। कुल मिलाकर यह कि उनका विवेक उन्हें बार-बार चेता रहा था कि घर बहुत जरूरी है। कम-से-कम भारतीय उपमहाद्वीप के परिवेश में तो घर-परिवार की जड़ें इतनी गहरी हैं कि उन्हें न तो आसानी से उखाड़ा जा सकता है और न ही ऐसा करना उपयोगी ही होगा। शायद हमारी ये आत्मकथा-नायिकाएँ नारीवाद के आरोपति या पश्चिम से आयातित फलसफे की भारतीय परिवेश के संदर्भ में जाँच-परख मन ही मन करती रही होंगी। परिवार की निस्सारता को लेकर पश्चिम में हुई तमाम घोषणाओं के बावजूद ये विवेकधर्मा स्त्रियाँ भारतीय संदर्भों में इस निष्पत्ति से सहमत नहीं हुई होंगी। यह सही है कि जीवन का आंदोलन नारों के अनुकरण पर नहीं जिया जा सकता। उसकी अपनी ही रवानगी, अपनी ही लय-गति रहती है। इतना तो सहज संभाव्य है कि दिमाग के बंद कपाटों को खोलने का काम जिन विचारों द्वारा किया जाता है उससे व्यक्ति का व्यवहार जाने-अनजाने प्रभावित हो जाता है। स्त्री-विमर्श ने स्त्रियों के व्यक्तित्व को गढ़ने में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया है। सभी स्त्री आत्मकथा-नायिकाओं ने अपने-अपने जीवन-अनुभव के आलोक में स्त्री-विमर्श का एक ऐसा मॉडल रचा है जो ग्लोबल होने के साथ-साथ स्थानीय भी है। निश्चय ही स्त्री-विमर्श के इस मॉडल में 'परिवार' अस्वीकार नहीं, उसके मौजूदा रूप में संशोधन का जबर्दस्त आह्वान है। प्रतिरोध परिवार का नहीं, उसमें व्याप्त शोषण का है। इसीलिए मैत्रेयी लिखती हैं-'भले यह घर मेरे लिए युद्धस्थल बन जाए, मगर मेरे पाँव तो इस जमीन पर जमें हैं। यहाँ खड़ी रहकर ही मैं बाड़े तोड़ने की ताकत पाती हूँ। रास्ते निकालती हूँ। मैं अपने मुक्ति-वृक्ष को कहीं और जाकर क्यों रोपूँ? छाया, ताजगी और आक्सीजन की जरूरत सबसे पहले मेरे घर को है। हाँ, ऐसा ही वृक्ष हर घर में हो, जिसमें स्त्री रहती है।' इसी संदर्भ में प्रभा खेतान लिखती हैं कि 'कहा जाता है कि नारीवाद पारिवारिक मूल्यहीनता को प्रश्रय देता है या फिर वह पारिवारिक संरचनाओं को तोड़ देना चाहता है। वास्तविकता कुछ और है। अगर पारिवारिक संरचनाएँ मानवीय हैं तो अपनी वैचारिक संभावनाओं सहित नारीवाद परिवार और समाज के मानवीय मूल्यों को नष्ट करने के बजाय उन्हें बचाना चाहेगा। वह पारंपरिक समाज-व्यवस्था को परिवर्तित जरूर करना चहता है, लेकिन बदलाव को टूटना तो नहीं कहा जा सकता। परिवार स्त्री की सबसे पुख्ता जमीन है। यदि इस जमीन पर खड़े होकर वह यथास्थिति के परिवर्तन के पक्ष में है और अन्य व्यापक सामाजिक जिम्मेदारियों को स्वीकारना चाहती है, तो इसे गलत क्यों कहा जाना चाहिए?'

मन्नू भंडारी का तीन दशक से भी अधिक समय तक राजेन्द्र यादव के साथ एक अप्रीतिकर संबंध में बँधे रहना, तहमीना का मुक्ति की कामना से बार-बार घर को छोड़ना और फिर-फिर लौट आना, प्रभा का डॉ. सर्राफ द्वारा दिये गए सारे उत्पीड़न को सहने के बावजूद अंत तक उनसे जुड़े रहना और मैत्रेयी का खट्टे-मीठे अनुभवों से गुजरते हुए भी घर-परिवार की महत्ता को मुक्त कंठ से स्वीकार करना, वास्तव में भारतीय उपमहाद्वीप की स्त्री के उस चिन्तन की ओर ही संकेत करता है, जहाँ वह परिवार-धर्म के बीच में से ही नारी मुक्ति का मार्ग खोजना चाहती है, उससे किनाराकशी करके नहीं। कहने वालों ने तरह-तरह के आरोप लगाए हैं- कि यह कैसी नारी मुक्ति कि लगभग पैंतीस बरस तक राजेन्द्र यादव के अत्याचारों को मन्नू जी सहती चली गई? कि एक सफल व्यवसायी होते हुए भी प्रभा की डॉ. सर्राफ से जुड़े रहने की कैसी विवशता? कि देह-विमर्श का राग अलापने वाली मैत्रेयी फिर छोड़ क्यों नहीं देती अपने घर को? समझ में नहीं आता कि एक ओर तो स्त्री-विमर्श से जुड़ी नारियों पर घर तोड़ने के आरोप लगते हैं और दूसरी ओर यदि वे घर को बचाने के लिए जद्दोजहद करती हैं तो उनके 'स्त्री-विमर्श' को कठघरे में घसीट लिया जाता है। यह क्यों नहीं समझा जाता है कि स्त्री-विमर्श शोषण या उत्पीड़न के विरुद्ध है। भारतीय संदर्भों में इसकी सबसे बड़ी सार्थकता यही हो सकती है कि यह परिवार में व्याप्त शोषण का प्रतिरोध करे, न कि परिवार को ही खत्म करने का बिगुल बजा दे। निश्चित ही स्त्री-विमर्श के आंदोलन के दौरान ऐसी नारेबाजियाँ भी हुई हैं, जिनमें विवाह और परिवार के समूल नाश की कामना भी की गई; परन्तु ऐसी कामनाओं का विरोध करते हुए भारतीय परिदृश्य में परिवार-संस्था की स्थिति और महत्ता को समझने का आह्वान भी तो किया गया है। कथा-नायिकाओं का प्रतिरोधा 'विवाह', 'परिवार' या स्त्री-पुरुष संबंधों के दायरे में आने वाले उत्पीड़न तक ही सीमित नहीं है। ये आत्मकथाएँ एक विस्तृत कैनवास पर उकेरी गई हैं, इसीलिए इनमें इन लेखिकाओं का समय और समाज विविध रूप में जिंदा है- अपनी विविध छवियों के साथ, अपने उजले और स्याह पक्षों के साथ। तहमीना की आत्मकथा में पाकिस्तानी समाज में पसरे धर्म और राजनीति के घिनौने दुर्व्यवहारों का उल्लेख ही नहीं है, इनसे जूझने की

जद्दोजहद का भी मार्मिक आख्यान भी है। वर्ग-वैषम्य, भ्रष्ट राजतंत्र, धर्म की मनगढ़ंत व्याख्याएँ, गरीब-अशिक्षित जनता, क्रूर व अमानवीय जेल-तंत्र, पाकिस्तानी समाज का भीतरी यथार्थ तहमीना की प्रतिरोधी कलम के माध्यम से दुनिया के सामने बेपरदा हुआ है। तहमीना ही नहीं; मन्नू भंडारी, प्रभा खेतान, मैत्रेयी पुष्पा, दलीप कौर टिवाणा- सबकी आत्मकथाओं का पाठ हमें बीसवीं सदी के इतिहास की यात्रा पर ले चलता है। आजादी से भी पहले का भारत अपनी सारी हलचलों और कुर्बानियों के साथ स्त्री की केन्द्रीय भूमिका के साथ मौजूद रहा है। वस्तुत: यह स्त्री की आँख से देखा गया इतिहास है, इसीलिए इसमें स्त्री का शोषण उत्पीड़न उसके प्रतिरोधी संकल्प के साथ अंकित है।

स्वतंत्र भारत में देखे गए न्याय और समानता के सपने, धीरे-धीरे इन सपनों का बिखरना, समाजवाद के नारों के बावजूद स्थापित होता पूँजीवाद, बढ़ता वर्ग-वैषम्य, विदेशी आक्रमण, भीतरी असंतोष, आपातकाल, भ्रष्ट राजतंत्र, धार्मिक-सामाजिक रूढ़ियाँ, उजड़ते गाँव, फैलते शहर, जीवन-मूल्यों का ह्रास, विदेशों में भारत की नकारात्मक छवि, राष्ट्र-भाषा का प्रश्न, शिक्षा से स्वावलंबन तक का स्त्री का सफर, गर्भधारण, गर्भपात और प्रजनन जैसे मुद्दे यहाँ मौजूद हैं और साथ ही मौजूद है स्त्री की प्रतिरोधी चेतना। अंग्रेजी सत्ता के विरोध में नारे लगाती, जैन साधियवों से धर्म के आडंबरों पर बहस करती और एक विजातीय व्यक्ति से विवाह करती (मन्नू भंडारी), विवाह की मंडी में बिकने का पुरजोर विरोध करती, सती-प्रथा को निस्सारता समझाती व परावलंबन से मुक्ति के लिए संघर्ष करती (मैत्रेयी की माँ कस्तूरी), यौन हिंसको से जूझती, नैतिक वर्जनाओं को लाँघती व प्रकाशन-तंत्र में फैले पाखंड का पर्दाफाश करती (मैत्रेयी पुष्पा), व्यावसायिक दुनिया में स्त्री की पहचान बनाने के लिए श्रम करती (प्रभा खेतान), घर-परिवार में फैली विषमताओं व रूढ़ियों का विरोध करती (दीप) स्त्री प्रतिरोध की भावी सफलता का ही सूत्रपात करती है। डॉ. सर्राफ के सारे किन्तु-परन्तु के बावजूद पुरूष सत्ता द्वारा कदम-कदम पर खड़े किए गए अवरोधों से मुठभेड़ करते हुए प्रभा एक सफल व्यावसायिक स्त्री के रूप में अपना लोहा मनवा ही लेती है। संपादन व प्रकाशन की दुनिया की लोलुप पुकारों और कामुक दृष्टियों का सामना करते हुए मैत्रेयी पुष्पा अपनी कलम की पहचान बनाती है। वाम और दक्षिण ध्रुवों में बँटी साहित्य की दुनिया में रहते हुए भी मन्नू भंडारी जड़ प्रतिबद्धताओं से स्वयं को मुक्त रखकर अपनी सहज मानवीय दृष्टि का परिचय देती है और पाठकों द्वारा प्रशंसित-अभिनंदित होती है। शिक्षा-जगत की विसंगतियों में जूझती है दिलीप कौर टिवाणा विद्यार्थियों की सर्वप्रिय प्राध्यापिका बनकर शिक्षा जगत् को एक नई दिशा और नई दृष्टि देती है। सच तो यह है कि स्त्री की चेतना जब जागती है तब वह भीतरी-बाहरी सारी वर्जनाओं पर प्रश्नचिन्ह लगाती है, अपने आस-पास फैले शोषण को खुली आँखों से देखती है और भिड़ जाती है अन्यायी सत्ता के स्तम्भों से। हो सकता है उसकी शक्ति सीमित हो और प्रतिरोध का उसका तरीका दूसरों से भिन्न हो, मगर उसकी भीतरी छटपटाहट उसे संघर्ष के लिए विवश कर ही देती है। कभी-कभी यह प्रतिरोध बहुत मुखर व प्रत्यक्ष हो जाता है। कहीं यह प्रतिरोध छल-बल का प्रयोग करता हुआ दुश्मन के हथियारों से ही उसे चित कर देने वाला होता है। मैत्रेयी का प्रतिरोध ऐसा ही है। वह छल-कपट से भरे पैतृक समाज से कभी रूप बदल-बदल कर टकराती है तो कभी झुककर और कभी झुकाकर। कभी वह उत्पीड़न के सारे अमानवीय कृत्यों का वाचिक विरोध करते हुए भी अपनी उदात्त मानवीय वृत्तियों को नहीं छोड़ती और अपने दायित्वों को मौन भाव से निभाती चली जाती है। मन्नू भंडारी का प्रतिरोध भी ऐसा ही था। यह इस प्रतिरोध की ही शक्ति थी कि एक दिन उत्पीड़क पति को भी अपने अपराधा को स्वीकार करना पड़ा।

5. शोध क्षेत्रों के जनजातिय परिवारों में औसत सदस्यों की संख्या अधिक है। इस कारण उनके परिवारों में खाद्यान्न पदार्थ वर्ष भर नही चल पाता है। ऐसी स्थिति में अपने परिवार के सदस्यों का पालन–पोषण करने तथा अन्य पारिवारिक कार्य सम्पन्न करने में असमर्थ हो जाते है। उनके पास आय उपार्जन के संसाधन की कमी है।

प्रवास के दौरान आवास समस्या, गंदी बस्तियों की समस्या, पीने की

पानी की समस्या, शिक्षा की समस्या, रोजगार की समस्या होने के बावजूद भी ये लोग प्रवास करते है।

**सुझाव :**

1. भारतीय संविधान में सभी नागरिकों को भ्रमण एवं जीविकोपार्जन की स्वतंत्रता है। इस आधार पर व्यक्ति भारत के किसी भी स्थान पर अपने निश्चित उद्देश्यों जैसे जीविकापार्जन आदि की पूर्ती के लिए प्रवास करते है। अतएव सरकार द्वारा इन प्रवास व्यक्तियों के लिए जीविकोपार्जन के संसाधन की उपलब्धता को बढ़ाना चाहिए।
2. भारत में प्रवास की प्रवृत्ति मुख्यत: ग्रामीण से शहरी होती है, जो कि कम खेती योग्य भूमि एवं रोजगार अवसरों के अभाव के कारण शहरी क्षेत्रों में होती है, तब ग्रामीण क्षेत्रों में खेती योग्य भूमि का उचित प्रबंधन एवं रोजगार अवसरों की उपलब्धता बढ़ानी चाहिए।
3. ग्रामीण कृषकों को कृषि की नई तकनीकी का प्रशिक्षण एवं जानकारी प्रदान की जाए, ताकि उत्पादन में वृद्धि हो और उन्हें प्रवृजन के लिए मजबूर न होना पड़े।
4. विकास की योजनाओं को सरलतम ढंग से प्रस्तुत किया जाना चाहिए, ताकि अशिक्षित लोग भी इन्हें समझ सके और योजनाओं का लाभ ले सके।
5. कृषकों को कृषि कार्य के लिए सस्ते से सस्ता ऋण उपलब्ध करवाना चाहिए, जिससे उनके उत्पादन में सुधार हो।

**संदर्भ ग्रन्थ सूची :-**

1. बघेल डी.एस. (1993), नगरीय समाजशास्त्र, म.प्र. हिन्दी ग्रंथ आकदमी, भोपाल।
2. भगत राम बाबु, डिपार्टमेंट एण्ड माईग्रेशन एंण्ड अर्बन स्टडिज, इंटरनेशनल इस्टिच्यूट ऑफ। पापुलेशन साइंस, मुंबई, दैनिक भास्कर, 2011।
3. भूगोल और आप, (मार्च 2010), मानव भूगोल।
4. डेहरिया बेनी प्रसाद (2008-09) 'गौंड जनजाति कृषि श्रमिक परिवारों में पलायन का बदलता स्वरूप एवं कारणों का अध्ययन'।
5. गुप्ता एम.एल. एवं शर्मा डी.डी., समाजशास्त्र, (UGC:NET/SLET)।
6. www.interstatemigration.com
7. जेम्स, के.एस. पापुलेशन रिसर्च सेंटर इंस्टिच्यूट फॉर सोशल एण्ड इकॉनामिक चेंज, बैगलुरू, दैनिक भास्कर 2011।
8. कुरूक्षेत्र, (दिसम्बर 2010), ग्रामीण नगरीय प्रवृजन।
9. पाण्डेय प्रेम प्रकाश (1990) 'अप्रवासी श्रमिक', नार्दन बुक सेंटर, नई दिल्ली।
10. पाण्डेय मलिक (1991),'नगरीय आवृजन', मित्तल पब्लिकेशन, नई दिल्ली।
11. पाटकर सुमन (1998-99)'पृवासी आदिवासी महिलाओं की समस्या एवं समाधान'।
12. राय, सरोज (1993) 'महिला श्रमिक', रावत पब्लिकेशन, जयपुर।
13. भारत में प्रवृजन, जनगणना 2001।
14. सक्सेना आर.सी. (1998)'श्रमिक समस्याएं एवं समाज कल्याण', प्रकाशन के.नाथ एण्ड कम्पनी, मेरट।
15. सफदरी एस.एच., सी.ई.ओ. जिला पंचायत झाबुआ, पत्रिका 2011।
16. शर्मा पी.के. (1924)'आन्तरिक प्रवास और सामाजिक परिवर्तन' श्री पब्लिकेशन हाउस, नई दिल्ली।
17. व्यास बी.एस. प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद् के सदस्य और अर्थशास्त्री, दैनिक भास्कर 2011।
18. वासनिक नीरज कुमार (2007-08)'प्रवासी मजदूरों का सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति का अध्ययन'।
19. यंग पी.वी. (1998), आन्तरिक प्रवास और सामाजिक परिवर्तन।

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LI (51), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# भारत में किशोर अपराध को प्रभावित करने वाले सामाजिक-आर्थिक कारक: एक कानूनी और समाजशास्त्रीय अध्ययन

**श्रीमती प्रीती बुंदेला* डॉ. राम सिंह पटेल****

* शोधार्थी, महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, छतरपुर (म.प्र.) भारत
** सह-प्राध्यापक, पं. मोतीलाल नेहरू विधि महाविद्यालय, छतरपुर (म.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** किशोर अपराध एक जटिल सामाजिक-कानूनी परिघटना है जो आर्थिक कठिनाई, सामाजिक विघटन और कानूनी अपर्याप्तताओं के बीच के अंतर्संबंध को दर्शाती है। भारत में, विशेष रूप से शहरी क्षेत्रों में, किशोरों द्वारा किए जाने वाले अपराधों की बढ़ती घटनाओं ने इस प्रवृत्ति के अंतर्निहित सामाजिक-आर्थिक निर्धारकों के बारे में चिंता पैदा कर दी है। यह शोध पत्र इस बात की जाँच करता है कि गरीबी, पारिवारिक अव्यवस्था, बेरोजगारी, शहरीकरण, साथियों का दबाव और शिक्षा का अभाव किशोर अपराध में कैसे योगदान करते हैं। यह किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम, 2015 और संबंधित संवैधानिक एवं नीतिगत ढाँचों के माध्यम से कानूनी प्रतिक्रिया का भी आलोचनात्मक विश्लेषण करता है। सामाजिक-कानूनी दृष्टिकोण अपनाते हुए, इस अध्ययन का उद्देश्य अपराध को केवल एक कानूनी उल्लंघन के रूप में नहीं, बल्कि सामाजिक विकृति के एक लक्षण के रूप में समझना है। यह पत्र इस निष्कर्ष पर पहुँचता है कि किशोर अपराध के मूल कारणों का समाधान करने के लिए, न कि केवल उसके परिणामों को दंडित करने के लिए, समग्र हस्तक्षेप-शिक्षा, परिवार कल्याण, गरीबी उन्मूलन और सामुदायिक पुनर्वास को एकीकृत करना- आवश्यक है।

**शब्द कुंजी –** किशोर अपराध, सामाजिक-आर्थिक कारक, किशोर न्याय, गरीबी, कानूनी ढांचा, सामाजिक अव्यवस्था, पुनर्वास।

**प्रस्तावना –** किशोर अपराध भारत के आपराधिक न्याय और सामाजिक नीति विमर्श में सबसे गंभीर चुनौतियों में से एक बनकर उभरा है। यह शब्द 18 वर्ष से कम आयु के व्यक्तियों द्वारा किए गए उन अपराधों को संदर्भित करता है जो कानून के विरुद्ध जाते हैं। हालाँकि, अपराध कानूनी परिभाषाओं से परे भी है-यह सामाजिक विचलन का प्रतीक है, जिसकी जड़ें अक्सर आर्थिक संकट, पारिवारिक अस्थिरता और सामुदायिक अव्यवस्था में होती हैं। भारत की जनसांख्यिकीय संरचना, जिसमें एक बड़ी युवा आबादी है, इस मुद्दे को और भी महत्वपूर्ण बनाती है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों के अनुसार, किशोर अपराध सालाना कुल अपराधों का लगभग 1.2-1.5% हिस्सा है, जिसमें चोरी, हमला और यौन अपराध सबसे आम हैं। हालाँकि ये आँकड़े मामूली लग सकते हैं, लेकिन ये गहरी सामाजिक-आर्थिक कमजोरियों को दर्शाते हैं।

भारतीय संविधान और संयुक्त राष्ट्र बाल अधिकार सम्मेलन (1989) जैसे अंतर्राष्ट्रीय समझौते दंड की तुलना में सुरक्षा, शिक्षा और पुनर्वास पर जोर देते हैं। फिर भी, किशोर अपराध का जारी रहना कानून और सामाजिक वास्तविकता के बीच एक अंतर को उजागर करता है। इसलिए, यह शोधपत्र किशोर अपराध के सामाजिक-आर्थिक निर्धारकों की विस्तृत जाँच करता है और इसे कम करने में भारत के कानूनी और संस्थागत तंत्रों की प्रभावशीलता का मूल्यांकन करता है।

**अवधारणा और सैद्धांतिक ढाँचा**

**किशोर अपराध का अर्थ –** किशोर अपराध किसी नाबालिग द्वारा किया गया ऐसा कोई भी कृत्य है जो आपराधिक कानून या सामाजिक मानदंडों का उल्लंघन करता है। किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम, 2015, कानून का उल्लंघन करने वाले किशोर या बच्चे को 18 वर्ष से कम आयु का कोई भी व्यक्ति मानता है जिस पर अपराध करने का आरोप लगाया गया हो या पाया गया हो। हालाँकि, समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण अपराध को ऐसे व्यवहार के रूप में देखते हैं जो सामाजिक रूप से स्वीकृत मानदंडों से विचलित होता है, जो व्यक्तिगत परिस्थितियों और पर्यावरणीय परिस्थितियों के बीच परस्पर क्रिया को दर्शाता है।

**सैद्धांतिक दृष्टिकोण**

**सामाजिक अव्यवस्था सिद्धांत (शॉ और मैके, 1942)-** यह सुझाव देता है कि किशोर अपराध कमजोर सामाजिक संस्थाओं, खराब आर्थिक स्थितियों और प्रवासन-जनित अस्थिरता वाले समुदायों में प्रचलित है।

1. **तनाव सिद्धांत (रॉबर्ट मर्टन, 1938)-** यह मानता है कि सांस्कृतिक रूप से स्वीकृत लक्ष्यों को प्राप्त करने में असमर्थता के कारण उत्पन्न सामाजिक-आर्थिक असमानता और हताशा अपराध को जन्म देती है।
2. **लेबलिंग सिद्धांत (हॉवर्ड बेकर, 1963)-** इस बात पर जोर देता है कि सामाजिक लेबलिंग और कलंक किशोरों में विचलित पहचान को मजबूत कर सकते हैं।
3. **विभेदक साहचर्य सिद्धांत (सदरलैंड, 1939)-** यह तर्क देता है कि अपराधी व्यवहार उन साथियों के साथ अंत:क्रिया के माध्यम से सीखा जाता है जो आपराधिक मूल्यों का समर्थन करते हैं।

ये सिद्धांत सामूहिक रूप से यह प्रदर्शित करते हैं कि किशोर अपराध एक सामाजिक उत्पाद है, न कि केवल एक व्यक्तिगत पसंद, जो आर्थिक,

सांस्कृतिक और पर्यावरणीय प्रभावों से प्रभावित होती है।

**किशोर अपराध के सामाजिक-आर्थिक निर्धारक**

**गरीबी और आर्थिक अभाव –** गरीबी किशोर अपराध को प्रभावित करने वाले सबसे प्रमुख कारकों में से एक है। आर्थिक रूप से हाशिए पर पड़े परिवारों के बच्चों को अक्सर शिक्षा, पोषण और मनोरंजन के अवसरों की कमी होती है, जिससे वे जीवनयापन के लिए अवैध गतिविधियों की ओर रुख करते हैं। एनसीआरबी 2023 की रिपोर्ट बताती है कि 41% से ज्यादा किशोर अपराधी ऐसे परिवारों से आते हैं जिनकी सालाना आय रू 50,000 से कम है।

आर्थिक अभाव निराशा और अलगाव को भी जन्म देता है, खासकर जब बच्चे सामाजिक असमानता और उपभोक्तावादी आकांक्षाओं को देखते हैं, लेकिन उन्हें पूरा करने के उनके पास साधन नहीं होते। छोटी-मोटी चोरियाँ, नशीली दवाओं की तस्करी और संगठित गिरोहों में शामिल होना अक्सर जानबूझकर आपराधिक इरादे के बजाय जीवनयापन की रणनीति के रूप में सामने आते हैं।

**पारिवारिक अव्यवस्था और घरेलू हिंसा –** टूटे हुए परिवार, माता-पिता की उपेक्षा, शराबखोरी और घरेलू हिंसा का बच्चों की भावनात्मक स्थिरता पर सीधा प्रभाव पड़ता है। एक असंतुलित घरेलू वातावरण किशोरों को स्नेह और देखरेख से वंचित करता है, जिससे व्यवहार संबंधी विकार पैदा होते हैं। राष्ट्रीय अपराध विज्ञान और फोरेंसिक विज्ञान संस्थान (एनआईसीएफएस) के अध्ययनों से पता चलता है कि अधिकांश किशोर अपराधी ऐसे घरों से आते हैं जहाँ संघर्ष, एकल अभिभावकत्व या सौतेले माता-पिता के रिश्ते होते हैं। किशोरावस्था के दौरान माता-पिता के मार्गदर्शन का अभाव- जब नैतिक मूल्य अभी भी विकसित हो रहे होते हैंकृबच्चों को विचलित प्रभावों और असामाजिक व्यवहार के प्रति संवेदनशील बनाता है।

**शैक्षिक असफलता और स्कूल छोड़ना –** बच्चों के सामाजिककरण और अनुशासन की शिक्षा में शिक्षा एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। हालाँकि, खराब बुनियादी ढाँचे, अनुपस्थिति और व्यावसायिक प्रासंगिकता की कमी ने स्कूल छोड़ने की दर को, विशेष रूप से ग्रामीण और झुग्गी-झोपड़ियों वाले इलाकों में, चिंताजनक रूप से बढ़ा दिया है। शिक्षा की वार्षिक स्थिति रिपोर्ट (ASER) बताती है कि भारत में लगभग 28% किशोर (14-18 वर्ष) स्कूल नहीं जाते हैं या किसी भी प्रकार के प्रशिक्षण में शामिल नहीं होते हैं। अशिक्षित और बेरोजगार युवा अक्सर सड़क पर रहने की ओर आकर्षित होते हैं, और ऐसे समूह बनाते हैं जहाँ विचलित व्यवहार सामान्य बात है। परिणामस्वरूप, शिक्षा का अभाव किशोर अपराध का कारण और परिणाम दोनों बन जाता है।

**बेरोजगारी और शहरी हाशिए पर जाना –** तेजी से बढ़ते शहरीकरण ने सीमित रोजगार अवसरों वाली अनौपचारिक बस्तियों के विशाल क्षेत्र निर्मित कर दिए हैं। इन क्षेत्रों के किशोर, जिनके पास स्थिर रोजगार या व्यावसायिक प्रशिक्षण का अभाव है, आसानी से अवैध अर्थव्यवस्थाओं- नशीले पदार्थों की तस्करी, छोटी-मोटी चोरी, साइबर अपराध और भीख मांगने के धंधोंकृमें फंस जाते हैं। आर्थिक सर्वेक्षण (2022-23) इस बात पर जोर देता है कि भारत में युवा बेरोजगारी दर लगभग 23% बनी हुई है, जिससे निराशा और आलस्य बढ़ता है। शहरी गुमनामी और कमजोर सामुदायिक निगरानी के साथ, अपराध का जोखिम कई गुना बढ़ जाता है।

**साथियों का प्रभाव और गिरोह संस्कृति –** साथियों का दबाव किशोरों के व्यवहार को काफी प्रभावित करता है। युवा समूह में स्वीकृति और पहचान चाहते हैं, जो कभी-कभी अपराधी मानदंडों को बढ़ावा दे सकता है। शहरी केंद्रों में, स्थानीय गिरोहों और ऑनलाइन नेटवर्क के उदय ने समूह-आधारित अपराधों को बढ़ा दिया है। दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु में किए गए अध्ययनों से पता चलता है कि 60% से ज्यादा किशोर अपराधियों ने साथियों के प्रभाव या समूह के दबाव में काम किया।

**मादक द्रव्यों का सेवन –** मादक पदार्थों की लत, जो अपराध का एक कारण और प्रभाव दोनों है, किशोरों में बढ़ी है। कम आय वाले इलाकों में नशीली दवाओं, शराब और इनहेलेंट की आसान पहुँच निर्भरता और आवेगपूर्ण आपराधिक व्यवहार को बढ़ावा देती है। राष्ट्रीय नशा मुक्ति उपचार केंद्र (एम्स, 2021) ने बताया कि लगभग 8.5% भारतीय किशोरों ने मनो-सक्रिय पदार्थों का प्रयोग किया है।

**भारत में किशोर अपराध से निपटने हेतु कानूनी ढाँचा**

**संवैधानिक प्रावधान –** भारतीय संविधान में बाल-सुरक्षा की कई गारंटीएँ निहित हैं:

1. **अनुच्छेद 15(3)–** बच्चों के लिए विशेष प्रावधानों की अनुमति देता है।
2. **अनुच्छेद 21–** किशोरों के साथ सम्मानजनक व्यवहार सहित जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार को सुनिश्चित करता है।
3. **अनुच्छेद 39(ई)-(एफ)–** बच्चों को दुर्व्यवहार और उपेक्षा से सुरक्षा प्रदान करता है।
4. **अनुच्छेद 45–** बच्चों के लिए नि:शुल्क और अनिवार्य शिक्षा सुनिश्चित करता है।

ये प्रावधान पुनर्वास और कल्याण-आधारित न्याय के प्रति संवैधानिक प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

**किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम, 2015**

जेजे अधिनियम, 2015, विधि का उल्लंघन करने वाले किशोरों से संबंधित प्राथमिक कानून है। यह प्रतिशोध के बजाय देखभाल, संरक्षण और पुनर्वास पर केंद्रित है। हालाँकि, इसमें एक विवादास्पद खंड जोड़ा गया है जिसके तहत जघन्य अपराधों के आरोपी 16-18 वर्ष की आयु के किशोरों पर किशोर न्याय बोर्ड (जेजेबी) द्वारा प्रारंभिक मूल्यांकन के बाद वयस्कों की तरह मुकदमा चलाने की अनुमति दी गई है।

यद्यपि यह अधिनियम बाल कल्याण समितियों (सीडब्ल्यूसी), संप्रेक्षण गृहों और विशेष गृहों की स्थापना करता है, लेकिन सीमित धन, नौकरशाही संबंधी देरी और प्रशिक्षित कर्मियों की कमी के कारण इसका कार्यान्वयन प्रभावित होता है।

शिल्पा मित्तल बनाम राज्य (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली) (2020) और हरि राम बनाम राजस्थान राज्य (2009) जैसी न्यायिक व्याख्याएँ किशोरों के साथ अपराधी के रूप में नहीं, बल्कि सुधार योग्य व्यक्तियों के रूप में व्यवहार करने की आवश्यकता की पुष्टि करती हैं।

**समाजशास्त्रीय विश्लेषण –** भारत में किशोर अपराध को केवल कानूनी दृष्टिकोण से नहीं समझा जा सकता - इसके लिए समाजशास्त्रीय अंतर्दृष्टि की आवश्यकता होती है। संरचनात्मक असमानता, जाति-आधारित हाशिए पर होना और शहरी बहिष्कार का बने रहना विचलित व्यवहार के लिए अनुकूल वातावरण बनाता है। उदाहरण के लिए, झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले समुदायों में, बच्चे अनौपचारिक अर्थव्यवस्थाओं और सीमित शैक्षिक आकांक्षाओं के बीच पले-बढ़े होते हैं, जिससे छोटे-मोटे अपराध आजीविका

के रूप में सामान्य हो जाते हैं। गरीबी, जाति और शहरी हाशिये की अंतर्संबंधता से पता चलता है कि अपराध अक्सर सामाजिक उपेक्षा का परिणाम होता है। इसके अलावा, सुधारे गए किशोरों पर सामाजिक कलंक लगाने से पुन: एकीकरण के अवसर सीमित हो जाते हैं, जिससे पुनरावृत्ति का चक्र चलता रहता है।

**कार्यान्वयन में चुनौतियाँ:**

1. **अपर्याप्त बुनियादी ढाँचा–** संप्रेक्षण गृह और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अत्यधिक भीड़भाड़ वाले और कम कर्मचारियों वाले हैं।
2. **प्रशिक्षित कर्मियों की कमी–** परिवीक्षा अधिकारियों और परामर्शदाताओं में अक्सर संवेदनशीलता और विशेष प्रशिक्षण का अभाव होता है।
3. **आँकड़ों की कमी–** किशोर अपराधियों पर व्यापक सामाजिक–आर्थिक आँकड़ों का अभाव लक्षित हस्तक्षेपों में बाधा डालता है।
4. **सामाजिक कलंक–** किशोरों के पुनर्वास के प्रति सामुदायिक प्रतिरोध पुन: एकीकरण में बाधा डालता है।
5. **समन्वय की विफलताएँ–** पुलिस, सामाजिक सेवाओं और गैर–सरकारी संगठनों के बीच कमजोर सहयोग प्रभावशीलता को कमजोर करता है।

**नीतिगत सुझाव:**

1. **परिवार कल्याण कार्यक्रमों को सुदृढ़ बनाना–** अपराध रोकने के लिए जोखिमग्रस्त परिवारों को परामर्श और आर्थिक सहायता प्रदान करना।द
2. **शिक्षा और व्यावसायिक प्रशिक्षण–** स्कूल छोड़ने वाले बच्चों के लिए अनौपचारिक शिक्षा और कौशल विकास केंद्रों का विस्तार।
3. **सामुदायिक पुलिसिंग–** कमजोर बच्चों की शीघ्र पहचान के लिए स्थानीय नेताओं, गैर–सरकारी संगठनों और युवा क्लबों को शामिल करना।
4. **आर्थिक सशक्तिकरण–** बाल कल्याण को मनरेगा, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि और कौशल भारत मिशन जैसी गरीबी उन्मूलन योजनाओं के साथ एकीकृत करना।
5. **पुनर्वास और पुन: एकीकरण–** पश्चातवर्ती देखभाल कार्यक्रमों में मार्गदर्शन, नौकरी की व्यवस्था और मनोवैज्ञानिक सहायता प्रदान की जानी चाहिए।
6. **अनुसंधान और डेटा संग्रह–** नीति निर्माण हेतु किशोर अपराधियों की नियमित सामाजिक–आर्थिक रूपरेखा तैयार करना।

**निष्कर्ष –** भारत में किशोर अपराध एक सामाजिक और कानूनी चुनौती है, जो गरीबी, असमानता और सामाजिक उपेक्षा से गहराई से प्रभावित है। जहाँ कानूनी ढाँचा देखभाल और सुरक्षा पर जोर देता है, वहीं अपराध की सामाजिक–आर्थिक जड़ें शिक्षा, रोजगार और परिवार कल्याण में व्यापक सुधार की माँग करती हैं। इसका समाधान कठोर दंड में नहीं, बल्कि सामाजिक निवेश में निहित हैकृऐसी समावेशी संस्थाओं का निर्माण जो बच्चों की क्षमता का पोषण करें और उन्हें मुख्यधारा के समाज से अलग–थलग पड़ने से रोकें। बाल–केंद्रित न्याय प्रणाली के संवैधानिक दृष्टिकोण को साकार करने के लिए कानून, समाजशास्त्र, मनोविज्ञान और अर्थशास्त्र को शामिल करते हुए एक बहु–विषयक रणनीति आवश्यक है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :–**

1. Becker, Howard S. Outsiders: Studies in the Sociology of Deviance. Free Press, 1963.
2. Merton, Robert K. “Social Structure and Anomie.” *American Sociological Review*, vol. 3, no. 5, 1938, pp. 672–682.
3. National Crime Records Bureau (NCRB). *Crime in India 2023: Statistics*. Ministry of Home Affairs, Government of India, 2024.
4. Shaw, Clifford R., and Henry D. McKay. *Juvenile Delinquency and Urban Areas*. University of Chicago Press, 1942.
5. “The Juvenile Justice (Care and Protection of Children) Act, 2015.” Government of India Gazette.
6. *Shilpa Mittal v. State (NCT of Delhi)*, (2020) 2 SCC 787.
7. *Hari Ram v. State of Rajasthan*, (2009) 13 SCC 211.
8. National Institute of Criminology and Forensic Science (NICFS). *Study on Juvenile Crime in India*, Ministry of Home Affairs, 2022.
9. United Nations. *Convention on the Rights of the Child*, 1989.
10. AIIMS – National Drug Dependence Treatment Centre. *Magnitude of Substance Use among Adolescents in India*, 2021.

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LI (51), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# Vishakha as a Symbol of Objectification: A study of Girish Karnad's 'The Fire and The Rain'

**Dr. Sanjay Singh Solanki***

***Associate Professor, Govt. College, Alote, Dist. Ratlam (M.P.) INDIA**

**Abstract:** Girish Karnad is the front rank dramatist in Indian English Literature. K.Chandrashekhar says, "His Journey from 'Yayati' to "The Fire and The Rain" holds a mirror to the very evolution of Indian English drama during nearly four decades". Karnad's drama "The Fire and The Rain" is about the existential problems of brahminism, seduction, deception, treachery, ego, revenge and sexuality. The main victim is the female character Vishakha. This paper is an attempt to show how Vishakha has been used as a symbol of objectification by most of the male characters of the drama. In this drama Karnad reinterprets the mythical theme from Mahabharat in the modern context.
**Keywords:** Objectification, Seduction, Sexuality, Mythical, Lustful fornicate.

**Introduction -** Objectification means the action of degrading someone to the status of a mere object. In the play 'The Fire and The Rain' Vishakha is only a sexual object in the hands of Paravasu, Yavakri and Raibhya. No male Character understands her feelings. They all used her as though she is only an object.

In 'the Fire and The Rain' there are only two female characters namely Vishakha and Nittilai. Vishakha is a Brahmin girl aged twenty six. She is married to Paravasu, Who is the elder son of sage Raibhya. Vishakha's married life is not happy. His husband Paravasu has no love for her. In the beginind or their married life Paravasu gives all that married woman imagines but after one year he used her only for her sensual appetite. He used Vishakha body and his own like an experimentor. Paravasu was searching something in sex. Vishakha made no objection being used only as a tool in his experiment she was only a thing for him that can satisfy his lust. Their relationship is devoid of any love. After one year when he got invitation from the king to act as a chief priest in the fire sacrifice he immediately leave her without taking her consent. Paravasu performed the job of a chief priest for seven years he has not come back in all these years even for an hour. Although the site of the fire sacrifice is only a couple of hours away from his house.

Vishakha was left by Paravasu in the care of his old and lustful father, Raibhya, whenever Raibhya wants to fulfill his lust he made sexual relation with her. She couldn't oppose her moves. When Paravasu returns he tells him, how his father Raibhya tortures and molested her in his absence.

So first Vishakha suffers at the hand of his husband Paravasu and secondly his father – in – law made her life miserable. There were none to hear her sufferings. She become the victim of objectification in the male dominated society.

When Raibhya comes to know about Vishakha's fornication by Yavakri, he uses abusive language for her. He says "why are you so filthy ? You look like a buffalo that's been rolling in the mud. "

Yavakri, the son of sage Bharadwaj also loves Vishakha passionately before she was married to Paravasu but Yavakri went to forest for observing penance living Vishakha all alone. When Yavakri returns after ten years penance, he still wants to have her though he knew that Vishakha is Paravasu's wife. He wanted to take revenge from Raibhya and Paravasu he coaxes Vishakha and fornicates her. Yavakri tactfully seduces Vishakha. He says her that he wanted to relive the moments which he spent in her company. He says to Vishakha :

"The sweet, sick smell of Jack fruit, the maddening hum of a fly. The smell of your body . Ten years later I opened my eyes and i knew i was hungry for the moment."

"He cunningly and deceitfully exploits Vishakha's helplessness and have sex with her."

All these incidents show that no male character feels emotionally about Vishakha. She was feelings very lonely when Yavakri meets her. She says :

" Alone I have become dry like a tinder. Ready to burst into flames at a breath."

Her love for Yavakri once again resurfaces. She speaks"

"You are hungry for words, And so I am. So let's talk."

Although she was married but she couldn't get solace in her married life. She was only used as a lust

symbol by her husband. So she willingly offers herself before Yavakri for consensual copulation. When Paravasu returned she is not shy or ashamed of her act. She frankly and straight forwardly tells Paravasu how she enjoyed Yavakri's company. But Yavakri has fornicates her only to take revenge on her father – in – law and her husband. On knowing this fact she was very upset she again feels that nobody loves her. All three male characters used her only as sexual object. She decides to teach a lesson to Yavakri. She knows that Yavakri has sanctified water in his Kamandalu. She tactfully diverts Yavakri's attention and pours the sanctified water on him. Thus she takes her revenge.

In the conclusion we can say that Vishakha has been indeed a victim of objectification Vishakha's choices and desires are disregarded. The play ' The Fire and The Rain also critique how women are objectified and exploited within patriarchal societies Thus Vishakha's chatacter is a powerful commentary on the objectification of a woman.

**References:-**

1. Budholiya O.P. Girish Karnad's History and Folklore, New Delhi, B.R. Publishing Corporation, 2011.
2. Girish Karnad : Collected plays (ed.) Aparna Dhawalker Vol I, Appendix, New Delhi, O.U.P. (2005) PP 301-15
3. www.the–criterion.com
4. Prakash O.M. Feminine Sensibility in Girish Karnad's Plays, Kaav Publication, New Delhi, 2015.
5. Dodia, Jaydeep Singh, The Plays of Girish Karnad; Critical Perspectives, New Delhi, Prestige Books 1999.

✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LI (51), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# प्राचीन भारतीय इतिहास एवं साहित्य में लोकतंत्र

**डॉ. आशुतोष कुमार मिश्रा***

* सहायक प्राध्यापक, सूरज ज्ञान महाविद्यालय, कोंच (उ. प्र.) भारत

1. **आदिकाल में लोकतंत्र –** प्राचीन भारत में शासन व्यवस्था का स्वरूप एवं शासनसत्ता किसी परम्परागत एकतंत्रीय रास्ते पर नहीं चली बल्कि उसने अपना सफर भूगोल, अर्थव्यवस्था, सामाजिक सांस्कृतिक एवं धार्मिक समकालीन परिस्थितियों को अपने दामन में संयोजे अपना रंग रूप बदलती रही हैं। डॉ. बेनी प्रसाद लिखते हैं कि हिन्दू राजनैतिक संस्थाओं की प्रकृति एवं कार्य यहाँ के भूगोल जातीय विशेषतायें, सामाजिक संगठन एवं आर्थिक परिस्थितियों से बहुत कुछ प्रभावित थे।

जनसंख्या की बिखरी हुई बसावट राज्य के आकार की विविधता, संचार साधनों के अभाव एवं जातीय वर्गीय सामाजिक व्यवस्था के व्यवहार के कारण आदिकालीन भारत में प्रजातंत्र की भूमि तैयार न हो सकी। जाति एवं वर्गीय व्यवस्था की असमानता ने प्रजातांत्रिक मूल्यों को अंकुरित नहीं होने दिया। डॉ. बेनी प्रसाद के मतानुसार जाति व्यवस्था ने कुलीनतंत्र को भी सरकार के एक रूप का स्तर प्राप्त न करने दिया अर्थात प्रस्तुत काल की आर्थिक सामाजिक एवं भौगोलिक परिस्थितियाँ ने प्रजातंत्र एवं कुलीनतंत्र के विपरीत राजतंत्र को अपनी शासन व्यवस्था का आधार बनाया।

आदिकाल से राज्य की उत्पत्ति तक समाज दो विभिन्न अवस्थाओं से होकर गुजरा जिनकी अराजक एवं वैराज्य नाम दिया गया था। एस.ए. डॉगे के मतानुसार '**अपनी इस कौटुम्बिक अवस्था में मनुष्य सुखी था, लेकिन संचार साधनों के अभाव एवं जातीय वर्गीय व्यवस्था के कारण लोकतंत्र की पृष्ठभूमि तैयार न हो सकी, धर्म ने बिना सजा एवं राज्य के दीर्घकाल तक समाज की रक्षा की।**'[1]

2. **वैदिक काल में लोकतंत्र –** वैदिक काल को दो भागों में विभाजित किया जा सकता है एक प्रारंभिक वैदिककाल जिसमें ऋग्वेद की रचना का उल्लेख है और दूसरा उत्तर वैदिक काल जिसमें शेष तीनों वेद, तथा यजुर्वेद, सामवेद, अथर्ववेद समेत ब्राह्मण ग्रंथ, अरण्यक ग्रन्थ, उपनिषद ग्रन्थ सूत्र ग्रन्थ, वेदांग और उपवेद आदि की रचना हुई। वैदिक साहित्य एक ऐसा स्त्रोत है, जिसमें यह प्रमाणित होता है कि भारत में अति प्राचीनकाल में राजनीतिक चेतना विधमान थी भारत में आर्यों का आगमन 2000 ई.पू. खैबर दर्रे के द्वारा मध्य एशिया में केस्पियन समुद्र झील के निकट के प्रदेश से हुआ। आरम्भ में आर्यों का अधिकार उत्तरी पश्चिमी भारत पर हुआ जिसे उन्होनें ब्रम्हवर्त के नाम से पुकारा सामाजिक जीवन की इकाई पितृ कुल था। ऋग्वेद कालीन भारत में सामाजिक संगठन का विकास क्रमिक रूप से हुआ। ग्रहों (परिवारों) से कुल बने, उसके बाद ग्राम बने ग्रामों के समूहों से विश बने उसके बाद जनों का निर्माण हुआ, अंत में राष्ट्र की उत्पत्ति हुई। परिवार का मुखिया पुरूष होता था, कुल का कुलपति, ग्राम का ग्रामीण और विश का विशपति विश से बड़ा समूह जन कहलाता था। डॉ. बन्धोपाध्याय के मतानुसार विश एक प्रकार का सैनिक संगठन था, विश अनेक ग्रामों का समूह होता था प्रत्येक ग्राम का मुखिया ग्रामीण कहलाता था, ग्राम आर्यो का सबसे छोटा सामाजिक व राजनीतिक समुदाय था, और जन सबसे बड़ा समुदाय था ऋग्वैदिक कालीन शासन व्यवस्था के रूप में राजतंत्र के प्रमाण मिलते है। डॉ. हरिशचन्द्र शर्मा लिखते हैं कि **'इस समय सामंतवादी प्रवृतियाँ उभरने लगी थी। यहाँ राजन शब्द का प्रयोग कुलीन पुरूष के अर्थ में किया गया। ऐसा प्रतीत होता है कि राजा के चारों ओर कुलीन परिवार के लोग रहते थे, जिनका सामाजिक स्तर प्राय: एक जैसा ही रहा होगा।**'[2] इस काल में साम्राज्य एवं सम्राट शब्द का उपयोग इस तथ्य को प्रमाणित करते है। डॉ. जायसवाल लिखते है कि– **'प्रारंभिक वैदिक साहित्य में केवल राजतन्त्र का ही उल्लेख किया गया है यह इसलिये हुआ होगा क्यों कि वैदिक युग के आरम्भ में केवल राजाओं के द्वारा ही शासन हुआ करता था। वैदिक युग के बाद यह शासन व्यवस्था छोड़ दी गई तथा भिन्न–भिन्न स्थानों में लोकतंत्रात्मक शासन व्यवस्था को अपनाया गया।**'[3]

उत्तर वैदिक कालीन, साहित्य में लोकतन्त्रीय शासन के पुख्ता प्रमाण प्रस्तुत करता है, यद्यपि वैदिककाल में प्रचलित शासन पद्धति राजतंत्र थी, फिर भी कुछ लेखकों के मतानुसार उस काल के अंत में पूर्व गणतंत्रीय शासन भी कुछ भागों में स्थापित हो गये थे ड्रेकमीयर के अनुसार सम्पूर्ण भारत राजतंत्रीन था। आधुनिक दिल्ली और गंगा के क्षेत्रों में राजतंत्रीय संस्थायें थी, परन्तु ऐतरेय ब्राह्मण में इस बात का संकेत मिलता है कि उत्तरी भारत के महत्वपूर्ण भाग में लोकतंत्रीय शासन था। जायसवाल ने इस विषय में लिखा है कि – **'भारत में गणतंत्रीय पद्धति राजतंत्र के बहुत बाद और पूर्व वैदिक के बाद आई। इसका उल्लेख उत्तर वैदिक कालीन साहित्य में मिलता है ऋग्वेद के ब्राह्मण ऐतरेय में, यजुर्वेद में और उसके ब्राह्मण तैतिरेय में।**'[4]

वैदिक साहित्य में राजा के निर्वाचन का उल्लेख मिलता, अथर्ववेद के एक मंत्र यथा–

**'त्वा विशो वृणता, राज्याय त्वामिम: प्रदिश:**
**पंचदेवी वर्मन राष्ट्रस्य कुकुदि श्रयस्व**
**ततोन उग्रा विभ जा वसूनि'**[5]

अर्थात प्रजा (विश) राज्य के लिये तुम्हे वरण करती है। सब दिशाओं

के लोग तुम्हारे वरण करते है, तुम राष्ट्र रूपी शरीर के सर्वोच्च स्थान पर आसीन हो और वहाँ रहते हुये उग्र शासन के समान रूप में सम्पत्ति का विभाजन करें।

उपरोक्त मंत्र से स्पष्ट है कि प्रजा जनता या विश राजा का वरण करती थी, और सब लोगों द्वारा स्वीकार किये जाने के पश्चात ही राजा के निर्वाचन पर पक्की मोहर लगती थी। राजा अपने पद पर तभी तक रह सकता था, जब तक उसे अपनी प्रजा का विश्वास प्राप्त होता था। इसलिए अथर्ववेद में कहा गया है कि–

**'विश्वसत्ता सर्वा का छन्तु मान्वद्राष्ट्रम'**[6] राजा का निर्वाचन ही इस युग में लोकतंत्रीय पद्धति का सूत्रपात माना जा सकता है। अथर्ववेद के अनुसार राज्य के शासन कार्य में सहायता देने के लिये गण थे। गण शब्द का प्रयोग ऋग्वेद में 40 बार अथर्ववेद में एक बार और ब्राह्मण के कई स्थलों में प्रयुक्त हुआ। गण का मुख्य अर्थ है, समूह राज्य अथवा बहुत से लोगों के द्वारा होने वाला शासन गण शब्द से संसदीय का बोध होता है। गण जनता का एक ऐसा समूह या जो सभा के रूप में कार्यकरता था 'गण' जैसी व्यवस्था में सभा और समिति नामक दो संस्थायें थी।

**'सभा च मा समितिश्चवा प्रजापते र्दुहिरी संविदाने।**
**येना संगच्छा उपभा स शिक्षा ज्वात: वदानि पितर: संगतेषु'**[7]

उपरोक्त मंत्र से स्पष्ट है कि सभा और समिति राजा निर्मित नहीं बल्कि ईश्वरकृत राजनीतिक संस्थायें थी जो राजा को समुचित परामर्श देनें का कार्य करती थी, इन्हीं संस्थाओं का आधुनिक संसद प्राचीन भारतीय संसद कहा जा सकता है। लोकतंत्र में वयोवृद्धों के विचारों को शासन में यथोचित स्थान था उनकी सलाह मान्यता रखती थी, क्योंकि उसमें जीवनभर का अनुभव जुड़ा रहता था तथा उनसे राजनैतिक सुरक्षा की अपेक्षा की जाती थी।

समिति भी सम्पूर्ण विश की प्रतिनिधि संस्था थी जो वैदिक कालीन राजा का वरण, पदच्युति, एवं पुर्नवरण करती थी। विश से तात्पर्य सम्पूर्ण वयस्क नागरिकों से है। समिति में सम्पूर्ण वयस्क नागरिक एकत्रित होते थे जिसमें राजा भी सम्मिलित होता था, सभा और समिति के अतिरिक्त तीसरी और चौथी संस्था क्रमश: विदर्थ और सेना थी।

विदर्थ– यज्ञ यज्ञादि विषयक शुद्ध धार्मिक कृत्य करती थी, जबकि सेना का कार्य देश की रक्षा करना था।

डॉ. जायसवाल के मतानुसार **'राज्य की उत्पत्ति जनतंत्र के रूप में ही हुई वैदिक काल में जनतंत्र पूर्ण रूप से विकसित हो चुके थे कालान्तर में इसमें कुछ दोष उत्पन्न होने के कारण शासन का स्वरूप लोकतंत्र की ओर झुका।'**[8]

वैदिक युग में इस बात पर जोर दिया गया था कि सभा और समिति के सदस्य परस्पर सहयोग से कार्य करें उनके मन तथा वाणी एक हो तथा उनके विचार विमर्श भी समान हो एवं उनके द्वारा निर्धारित नीति भी एक ही हो अर्थात उनमें परस्पर सामूहिकता एवं एक रूपता का अधिवास हो।

अत: स्पष्ट है कि वैदिक काल में ही विचारकों ने मान लिया था कि राष्ट्र में सबका एक मत होना आवश्यक है और इसे महत्व भी इसलिये दिया जाता था ताकि राष्ट्र कमजोर न हो, क्योंकि सभा और समिति जैसी लोकतांत्रिक संस्थाओं में सम्मिलित लोगों के मन चित्त एवं हृदय की पारस्परिक भिन्नता अन्तत: राष्ट्र के लिये घातक हो सकती थी।

**3. महाकाव्य काल में लोकतंत्र –** वैदिक कालीन आर्यों के बाद के इतिहास के बारे में प्राचीन भारत के दोनो महाकाव्यों रामायण और महाभारत से काफी जानकारी प्राप्त होती है। इन महाकाव्यों ने मानवीय जीवन के लिये जिन उदात सिद्धान्तों और दृष्टांतों को प्रस्तुत किया है, उनके कारण ये महाकाव्य भारतीय जनमानस के प्रकाश स्तम्भ बन गये है। ऐतिहासिक ग्रन्थ होने के साथ–साथ ये भारत वर्ष के धार्मिक ग्रन्थ भी है महर्षि बाल्मीकि ने रामायण की और वेद व्यास ने महाभारत की रचना की, जबकि तुलसीदास जी ने रामचरित मानस की रचना की है।

महर्षि बाल्मीकि एवं तुलसी दोनों ही राजतंत्र में विश्वास करते हैं, यही कारण है कि, रामायण का झुकाव राजतंत्रात्मक शासन व्यवस्था की ओर ज्यादा दिखाई देता है। रामायण के प्रमुख राज्यों मिथिला, अयोध्या, किष्किन्धा और लंका में राजतंत्रात्मक शासन व्यवस्था को देखा जा सकता है। यद्यपि रामायण में यत्र–तत्र गण शब्द का उल्लेख मिलता है परन्तु स्पष्टत: यह शब्द लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था के लिये प्रयुक्त हुआ है या नहीं यह स्वत: सिद्ध नहीं है। लेकिन रामायण में मंत्री परिषद या लोकतंत्रीय शासन व्यवस्था के अन्य अंग दिखाई देते है, जिनके आधार पर लोकतंत्रीय शासन व्यवस्था को अंशत: स्वीकार किया जा सकता है।

प्राचीन भारतीय शासन पद्धति और राजनीतिक विचारों के अध्ययन हेतु महाभारत एक महत्वपूर्ण स्त्रोत के रूप में परिलक्षित किया जा सकता है। इसके शांति पर्व में जहाँ दण्ड नीति, राजशास्त्र, राजधर्म, शासन पद्धति, मंत्री और कर व्यवस्था आदि के विषय में विचार उल्लेखित है, तो वहीं इसके सभापर्व एवं आदि पर्व में क्रमश: सभा की रचना आपातकालीन जैसे सिद्धान्तों का विवेचन किया गया है।

डॉ. हरिशचन्द्र शर्मा जहाँ महाभारतकालीन शासन व्यवस्था को सामंतवाद और कुलीनतंत्र से प्रभावित राजतंत्रात्मक शासन व्यवस्था के रूप में स्वीकार करते है वहीं दूसरी तरफ डॉ. उर्मिला मिश्रा इस काल में चार प्रकार के जनतंत्रीय शासन तथा राज्य, परमेष्ठीय राजा, गणराज्य एवं संघराज्य का अस्तित्व स्वीकार करती है।

महाभारत के शांतिपर्व में गणसंज्ञक शासन का उल्लेख आता है, जो उस समय प्रचलित थे भारत का उत्तरी–पश्चिमी भाग उस काल में इस प्रकार के राज्यों से परिपूर्ण या महाभारत में मुख्य रूप से 05 गणों का उल्लेख मिलता है। अन्धक, वृष्णि, यादव, कुकुर और भोज जिन्होंने एक संघ के अंतर्गत अपने आपको संगठित किया था। शांतिपर्व के अध्याय 107 के अनुसार यहाँ गण से तात्पर्य सम्पूर्ण राजनीतिक समुदाय अथवा संसद से है, केवल शासक समूह से नहीं।

महाभारत के शांति पर्व में नारद और कृष्ण का सम्वाद गणराज्यों के संबंध में दिया हुआ है, जिसके अध्ययन उपरान्त यह ज्ञात होता है कि गणराज्यों में राजा नहीं होता था, और यदि होता भी था तो वह उस रूप में न होता था जिस रूप में राजतंत्रात्मक राज्यों में होता था। इस सम्वाद में इस प्रकार का वर्णन प्राप्त होता था कि अन्धक–वृष्णि गण राज्य के अध्यक्ष पद की प्राप्ति के लिये उग्र संघर्ष हो रहा था, इस गणराज्य में कई राजनैतिक दल थे, जिनमें प्रत्येक दल अपने राजनैतिक नेता को राज्य का अध्ययन बनाने के लिये प्रयत्नशील था। इस प्रकार के वर्णन के आधार पर यह विदित होता है कि इन गणराज्यों में अध्यक्ष पद पैतृक अधिकार पर आधारित नहीं था, अध्यक्ष पद की पूर्ति निर्वाचन पद्धति से होती थी, और निर्वाचन प्रवृति लोकतन्त्रीय शासन व्यवस्था का महत्वपूर्ण माना है।

इसी राज्य में सुधर्मा नामक सार्वजनिक सभा का भी उल्लेख मिलता है

जिसमें जनतंत्रात्मक राज्य के सिद्धांतो के अनुसार ही कार्य संचालन होता था।

उपरोक्त वर्णन से यह विदित होता है कि रामायण और महाभारत कालीन गणराज्य अपने नाम के वास्तविक लोकतांत्रिक राज्य थे जिनमें आधुनिक लोकतंत्रवाद के लगभग समस्त तत्व विधमान थे। डॉ. श्रीमती उर्मिला मिश्रा लिखती है कि :-

उपरोक्त सभी जनतंत्रीय राज्यों में वे सभी गुण विधमान थे जिन्हें आज लोकतंत्र के लिये आवश्यक माना जाता है।

**4. जैन धर्म एवं बौद्ध धर्म के काल में लोकतंत्र –** इस काल में दो नये धर्मों जैन धर्म और बौद्ध धर्म का उदय हुआ उसके बाद भारत पर एलेक्जेन्डर का आक्रमण हुआ। जैन धर्म, बौद्ध धर्म का पूर्ववर्ती है, महावीर और बौद्ध समकालीन थे।

जैन ग्रन्थ आंचरंग सूत्र में 'दोरिज्याणी' एवं 'गणरायाणी' शब्दों का उल्लेख मिलता है, पहले शब्द का प्रयोग उन राज्यों के लिये किया जाता था जिनमें दो शासक शासन करते थे और दूसरे शब्द का प्रयोग उन राज्यों के लिये किया जाता था जिनमें गण या समूह का शासन होता था। डॉ. जायसवाल के कथानुसार ये शासन प्रणाली के व्याख्यात्मक शब्द है इससे स्पष्ट है कि महावीर के शासनकाल में गणतंत्रात्मक शासन व्यवस्था का प्रचलन था।

भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में बौद्ध धर्म एवं बौद्ध साहित्य का महत्वपूर्ण स्थान है। ईसा से 600 वर्ष पूर्व बुद्ध के समय में भी भारत में लोकतांत्रिक राज्यों का उल्लेख मिलता है, जिनमें प्रमुख थे- शाक्य, लिच्छवि, विदेह, मल्ल, कोलि, मोयि, बुली, मर्ग। मल्लों का संघ या पंचायती राज आधुनिक गोरखपुर जिले में था।

पाणिनि और कौटिल्य ने भी ब्रजियों का उल्लेख किया है। जातक की एक कथा में लिच्छिवियों की राजव्यवस्था का वर्णन किया गया है। जिसमें लिच्छ शासकों को गणशासक अर्थात लोकतंत्रीय शासक कहा गया है। लिच्छवी कुल 7707 की संख्या में ये सभी मिलकर अपना राजा, उपराजा और सेनापति चुनते थे। एक बौद्ध ग्रन्थ में लिखा हुआ है कि उन लोगो (वैशाली) में सभी लोग अपने आपको राजा समझते है सब कहते है कि मैं राजा हूँ, मैं राजा हूँ, कोई किसी का अनुगामी नहीं होता। इससे स्पष्ट है कि राज सभाओं में सभी लोगो को बोलने तथा मत देने का अधिकार प्राय: समान रूप से था। और प्रत्येक व्यक्ति इस बात के लिये लालायित रहता था कि अबकी बार मैं राजा बन जाऊँ।

श्रीरामचन्द्र वर्मा लिखते हैं कि **'महात्मा बुद्ध का जन्म ऐसे लोगो में हुआ था जो लोकतंत्र का भोग करते थे, उनके चारों ओर पड़ोस में संघ ही थे, और वे उन्हीं में पले थे। उन्होनें जिस वर्ग या समाज की स्थापना की थी उसका नाम भिक्षु संघ अथवा भिक्षुओं का लोकतंत्र रखा गया था।'**

डॉ. परमात्माशरण उपाध्याय लिखते हैं कि **'बुद्ध ने अपने ही जीवनकाल में जीवन तथा प्रक्रिया के नियमों को विहित कर दिया था। प्रत्येक नियम से अपना लोकतंत्रीय स्वरूप प्रकट होता है। सभा में बैठने के क्रम को पहले से ही कोई ज्येष्ठ भिक्षु नियत करता था। गणपूर्ति के अभाव में कोई सभा वैध न होती थी। संघ की सभा में निर्णीत होने वाले प्रश्नों को औपचारिक रूप से प्रस्तुत किया जाता था, और वाद-विवाद के लिये साधारण नियम थे।'**[9]

डॉ. के. पी. जायसवाल के अनुसार **'बौद्ध संघो की प्रणाली एवं संगठन तत्कालीन जनतंत्रीय राज्यों में प्रचलित प्रणाली पर ही आधारित थी इनमें अनेक परिभाषित शब्दो को इनकी व्याख्या किये बिना ही ले लिया गया था। साथ ही यह प्रणाली इतनी वैज्ञानिक थी कि इसके बनने में शताब्दियों का अनुभव मिलना आवश्यक था।'**[10]

उपरोक्त विवेचन से स्पष्ट है कि बौद्धकालीन शासन व्यवस्थाओं पर समकालीन आचार्यो मनीषियों एवं परिस्थितयों का स्पष्ट प्रभाव पड़ा होगा। यही कारण है कि उन्होनें अपना धार्मिक संघ स्थापित करने में राजनीतिक संघ का नारा और साथ ही संघतण पर रचना प्रणाली ग्रहण की। इस प्रकार बौद्ध भूमि पर भी लोकतंत्र पल्लवित एवं पोषित हुआ।

**5. पाणिनी में लोकतंत्र –** समकालीन हिन्दू लोकतंत्र के निश्चित एवं तर्क संगत अध्ययन के लिये पाणिनी को विश्लेषित करना नितान्त आवश्यक है। पाणिनी के अभाव में हमारा ज्ञान अधूरा है। पाणिनी का समय ई. पू. 500 के लगभग माना जाता है। उन्होनें संघ शब्द की वैज्ञानिक व्याख्या कर समकालीन लोगों को लोकतंत्र के प्रति दृढ आस्था को प्रकट किया है समिति के अनुसार संघ एक परिभाषिक शब्द हैं। जिससे राजनीतिक संघ का अभिप्राय सूचित होता है। अथवा जैसा कि स्वयं उसने कहा है वह गण या प्रजातन्त्र है।

पाणिनी संघो को आयुधजीवी एवं कौटिल्य शास्त्रीय जीवी नाम से संबोधित करते थे कुछ आयुधजीवी अर्थात संघ या लोकतन्त्र. इस प्रकार है - वृक, दामिनि, कोडोपरथ, दांडकी, कौष जालमानि, ब्रह्मगुप्त, यौधेय, जानकी, पर्व, भद्रा, व्रजि, राजन्य, अंधक-वृष्णी, महाराज आर्ग, आदि, इस प्रकार पाणिनी के विश्लेषण में संघ और गण एक ही अर्थ के परिचायक माने गये, और लोकतंत्र के स्वरूप में दृष्टव्य हुये।

**6. कौटिल्य के अर्थशास्त्र में लोकतंत्र –** प्राचीन भारतीय राजनीति के प्रमुख विचारक कौटिल्य ने सरकार के स्वरूप, संगठन एवं कार्यो के संबंध में बहुत कम कहा है, अर्थशास्त्र के समय तक भारत में राजनीतिक चेतना विकसित हो चुकी थी कि सामान्य जनता सरकार एवं राज्य का महल समझ सके, सरकार को अन्य सभी संस्थाओं से उच्च माना गया था। सैद्धांतिक दृष्टि से समस्त सामाजिक संगठनो को सरकारी यंत्र पर आश्रित बताया गया।

कौटिल्य ने अर्थशास्त्र में संघों को दो रूपों में विभाजन किया है, पहले वे जिनके शासक राजा की उपाधि धारण करे थे ऐसे संघो में लिच्छिविक, वृजिक, मल्लक, मद्रक, कुकु, कुरू, पांचाल आदि और दूसरे वे जिनमें शासकों के लिये राजा की उपाधि धारण करने का कोई नियम नहीं था वे अपने शासकों को राजा की उपाधि धारण नहीं कर देते थे ऐसे संघो में कांभोज, सुराष्ट्र, क्षत्रिय, श्रेणी आदि थे।

कौटिल्य राजा को धर्मप्रवर्तक मानता था, उनके मत राजा को विद्धान आत्मनियंत्रित सक्रिय, बहादुर एवं शाही मंत्रियों द्धारा सुसेवित होना चाहिए राजा के व्यक्तित्व पर बहुत कुछ निर्भर करता था, इसलिए उसके उचित प्रशिक्षण पर पर्याप्त ध्यान दिया गया।

कौटिल्य के अर्थशास्त्र में सरकार के संचालन लिये जिन सहायकों की आवश्यकता होती थी, उनके चयन एवं नियुक्ति को भी महत्वपूर्ण माना गया है, अर्थशास्त्र में योग्यता को इन नियुक्तियों का मूल आधार माना गया है।

**कौटिल्य के मतानुसार-** अपनी प्रजा के हित में कार्य करना ही राजा का

वृत है सबके साथ समानता का व्यवहार ही उसका उच्चदान है इस प्रकार कौटिल्य के अर्थशास्त्र से स्पष्ट होता है कि तत्समय संघीय गणराज्य लोकतंत्रीय पद्धति से संचालित होते थे, और लोकतंत्रीय शासन प्रकृति प्रचलन में थी।

**7. यूनानी चिन्तन एवं साहित्य में भारतीय लोकतंत्र –** जिस समय सिकन्दर ने भारत वर्ष पर आक्रमण किया था उस समय अनेक लोकतंत्रीय शासन पद्धति वाले राज्य इस देश में विधमान थे। उस समय के इतिहासकारों ने तत्समय के लोकतंत्र को स्वाधीन, स्वराज्य भोगी, और स्वतंत्र आदि शब्दो से संबोधित किया है, जिससे उनका अभिप्राय लोकतन्त्र से ही था। स्ट्रेबों के लेखानुसार कतई जाति में जो सबसे सुन्दर होता था वही राजा चुना जाता था। अस्ट्रेस्तई, सौभूति, छद्क, मालब, शिवि, अगि सनेई, अस्पष्ट, मसिकनि, द्दचमनोई, पटल आदि लोकतांत्रिक राज्यों का उल्लेख उन्होनें किया है। यूनानी जगत का प्रथम यात्री जिसने चन्द्रगुप्त मौर्य के शासनकाल में न केवल भारतीय वसुन्धरा पर कदम रखा, बल्कि भारतीय सभ्यता और संस्कृति के बीच एक लम्बा समय वहीं व्यतीत किया उसने स्पष्ट किया है कि वैदिक युग के उपरान्त भिन्न-भिन्न स्थानों में लोकतंत्रीय शासन की स्थापना हो गई थी। उन्होनें शासन प्रणाली के स्वरूप के विचार से देश को दो भागों में विभाजित किया, एक वह जहाँ एक राजस्व प्रणाली थी, और दूसरा वह जिसमें प्रजातंत्रीय शासन प्रणाली थी। सिद्धान्त रूप में तत्समय राजा सर्वशक्ति सम्पन्न होता था लेकिन सामूहिक मंत्री परिषद एवं प्राचीन परम्पराओं ने सदैव मौर्य शासकों की निरंकुशता पर अंकुश लगाये रखा।

यूनानी लेखकों के मतानुसार प्रस्तुत लोकतंत्रीय राज्यों में राजा या सभापति का अस्तित्व जो वंशानुगत न होकर निर्वाचित होता था। शासनाधिकार वृद्धों अथवा ज्येष्ठों की एक सभा जिसे पहल कहा जाता था उसमें निहित होता था। उन्होनें गण शब्द के प्रचलन को लोकतन्त्र का ही अभिप्राय बताया।

**स्ट्रेबो के अनुसार–** मुचीकर्ण में दास प्रथा मान्य नहीं थी, राज्यों में सभापति का अस्तित्व होता था जो निर्वाचित होता था, शासनाधिकार वृद्धों की सभा पहल में निहित थे। समस्त लोकतांत्रिक राज्यों में सभात्मक प्रणाली प्रचलित थी।

**श्री रामचन्द्र वर्मा लिखते है कि– 'इससे प्रमाणित होता है कि ये सब शासन प्रणालियां उन छिन्न-भिन्न लोगों की विशिष्ट परिस्थितियों तथा आवश्यकताओं के अनुकूल और उपयुक्त थी जो उन राज्यों में रहते थे। उदाहरणार्थ सम्बन्धों के लोकतंत्र में एक द्वितीय मण्डल भी था जिसमें निर्वाचित वृद्ध या ज्येष्ठ लोग हुआ करते थे। ये लोग अपने सेनापति का भी निर्वाचन कर लिया करते थे। समाज के प्रत्येक व्यक्ति को प्रत्यक्ष रूप से मत देने का अधिकार था और यूनानी लोग इसी प्रकार की शासन प्रणाली की लोकतंत्र कहते थे।'**[11]

उपरोक्त विवेचन से स्पष्ट है कि वैदिककाल से लेकर 5वी ईसवी शताब्दी तक भारत में लोकतांत्रिक शासन पद्धति को अपनाया गया। गण एवं संघ शब्दो के प्रचलन एवं संबंधित शब्दों के वास्तविक स्वरूप की जानकारी से संबंधित परवर्ती वैदिक साहित्य, ऋग्वेद के ब्राह्मण भाग, ऐतरेय और यजुर्वेद, और ब्राह्मण तैतिरीय, महाभारत का शांति पर्व, जैनधर्म का आचरंग सूत्र, बौद्ध साहित्य, पाणिनी, एवं कौटिल्य समेत मेगस्थनीज की दंत कथाओं से स्पष्ट होता है कि प्राचीन भारतीय शासन व्यवस्था में शासन का स्वरूप लोकतन्त्रीय था।

**प्राचीन भारतीय प्रजातन्त्रों की सूची**

| क्र. | नाम | क्र. | नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | अग्रश्रेणी | 41 | मर्ग |
| 2 | अंधक | 42 | पांचाल |
| 3 | अलब्छ | 43 | पितिनिक |
| 4 | अंध्र | 44 | पुलिन्द |
| 5 | अरट अरिष्ट | 45 | कठ |
| 6 | अवंदी | 46 | करपट |
| 7 | क्षद्रक | 47 | काक |
| 8 | कौइयरथ | 48 | कांबोज |
| 9 | गंधार | 49 | कुकुर |
| 10 | गोपालव | 50 | कुणिन्द |
| 11 | म्लौचुकापनक | 51 | मल्ल |
| 12 | आमीर | 52 | महाराज |
| 13 | आर्जुनामन | 53 | मालव |
| 14 | औदुंबर | 54 | मुचुकर्ण |
| 15 | उत्तरकुरू | 55 | मौडिनुकाय |
| 16 | उत्तरमद | 56 | कुरू |
| 17 | उत्सव संकेत | 57 | केरलपुरत |
| 18 | पहल | 58 | कोलिम |
| 19 | पश्र्व | 59 | कौडिमरथ |
| 20 | शाचिंडिनिकाय | 60 | कौष्हिकि |
| 21 | सुराष्ट्र | 61 | भोज |
| 22 | सौभूति | 62 | भद्र |
| 23 | मौधक | 63 | मौडिग |
| 24 | राजन्य | 64 | मौन |
| 25 | जानकि | 65 | शाम्य |
| 26 | जालमामि | 66 | शायण्ड |
| 27 | त्रिगर्त | 67 | रालइकायन |
| 28 | दक्षिण मल्ल | 68 | शिवि |
| 29 | दांडिकि | 69 | भूद्र |
| 30 | दामिनि | 70 | सतियपुत |
| 31 | नामक | 71 | सल्वत |
| 32 | मीस | 72 | सनकानीत |
| 33 | नेपाल दैराज्य | 73 | सष्टिक |
| 34 | पुष्य मित्र | 74 | लिच्छिवि |
| 35 | प्रस्थल | 75 | वसाति |
| 36 | प्रार्जुन | 76 | वामरथ |
| 37 | बुली | 77 | विदेह |
| 38 | ब्राम्हगुप्त | 78 | वृक |
| 39 | ब्राम्हणक | 79 | वृजि |
| 40 | मंगल | 80 | वृष्णि |

**सन्दर्भ ग्रन्थ सूची:–**

1. इकबाल डॉ नारायण 'भारतीय राजनीतिक विचार' ग्रन्थ विकास, जयपुर, 2001
2. शर्मा डॉ. हरिश्चन्द्र 'प्राचीन भारतीय सामाजिक एवं राजनैतिक विचार

एवं संस्थायें' कॉलेज बुक डिपो, नई दिल्ली, 1969
3. शरण डॉ. परमात्मा 'प्राचीन भारत में राजनीतिक विचार एवं संस्थायें' मीनाक्षी प्रकाशन, मेरठ, 1979
4. डॉ. श्रीवास्तव एवं जोशी 'प्राचीन भारतीय राजनतिक चिन्तन एवं संस्थायें', कृष्णा प्रकाशन मंदिर, मेरठ, 1984
5. सिन्हा डॉ. विनोद एवं सिन्हा रेखा 'प्राचीन भारतीय इतिहास एवं राजनीतिक चिन्तन' राधा पब्लिकेशन्स, नई दिल्ली, 1989
6. रस्तोगी डॉ. पी. 'प्राचीन भारतीय राजनीतिक चिन्तन एवं संस्थाये' सुशील प्रकाशन, मेरठ, 1986
7. बसु डॉ. दुर्गादास 'भारत का संविधान' 10वां संस्करण Lexix Nexis Gurgaon, 2013
8. शर्मा डॉ. रामशरण 'प्राचीन भारत में राजनीतिक विचार एवं संस्थायें' राककमल प्रकाशन, नई दिल्ली, 2017
9. जायसवाल काशीप्रसाद 'हिन्दू राज्यतंत्र' विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी, 2016
10. गोपाल डॉ. लल्लनजी 'प्राचीन भारतीय राजनीतिक विचारधारा' विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी, 1999

**फुटनोट:-**

1. इंडिया फॉर कम्यूनिज्म टू स्लेवरी-एस.ए. डांगे पृष्ठ सं.142
2. प्राचीन भारतीय सामाजिक एवं राजनीतिक विचार एवं संस्थाऐं डॉ. हरिश्चंद्र शर्मा
3. हिन्दू राज्य तंत्र के.पी. जायसवाल पृष्ठ सं.16
4. हिन्दू राजतंत्र डॉ. के.पी. जायवाल
5. अर्थववेद 3.4.2
6. ऋगवेद 10.173.1
7. अर्थववेद 7.12
8. हिन्दू राजतंत्र डॉ. के.पी. जायसवाल
9. प्राचीन भारत में राजनैतिक विचार एवं संस्थाऐं डॉ. परमात्मा शरण उपाध्याय
10. हिन्दू राजतंत्र डॉ. के.पी. जायसवाल पृ.सं.38
11. हिन्दू राजतंत्र डॉ. के.पी. जायसवाल, अनुवादक डॉ. रामचंद्र वर्मा

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LI (51), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# मालती जोशी की कहानियों में नारी संवेदना

**डॉ. मंजुलता चौधरी***

* सह. प्राध्यापक (हिन्दी) शासकीय महाविद्यालय, आलोट, जिला रतलाम (म.प्र.) भारत

**प्रस्तावना –** हिन्दी साहित्य जगत में अपनी अलग पहचान बनाने वाली मालती जोशी का जन्म 4 जून 1934 को महाराष्ट्र के औरंगाबाद शहर के एक मध्यमवर्गीय मराठी परिवार में हुआ था। इनके पिता सरकारी नौकरी में मजिस्ट्रेट के पद पर कार्यरत थे। इनका स्थानान्तरण होता रहता था जिसका प्रभाव इनके बच्चों की पढाई पर पडा। मालती जोशी अपने बचपन के बारे में बताते हुए कहती है कि उन दिनों जीव बहुत सामान्य था आवश्यकता थोडी थी। इसलिए बिना किसी समस्या के बचपन गुजर गया। इनका परिवार खुशहाल था पर धनाड्य नही था। इनके पिता साहित्य प्रेमी थे उन्होनें चार पॉच कहानियॉ भी लिखी थी। मालती जोशी के परिवार का वातावरण पढने लिखने की परम्परा का था। इसलिए इन्हें बचपन से ही लिखने का शोक था।

अपने छात्र जीवन से ही मालती जोशी साहित्य के क्षेत्र में लोकप्रिय हो गई थी वे बताती है कि छात्र जीवन में गीतकार के रूप में काफी लोकप्रियता अर्जित की थी। लोग इन्हें मालवा की मीरा कहने लगे थे। कवि सम्मेलनों में बहुत प्रशंसा मिलती थी फिर गीतों का यह स्त्रोत सुख गया और मैंने तब कई विद्याओं में हाथ आजमाया। रेडियों के लिए झलकियॉ लिखी। व्यंग्य वातिएं लिखी। बच्चों के लिए कहानियॉ लिखी। 60 के दशक की अधिकतर रचनाऐं मालती जी की होती थी इन रचनाओं ने हिन्दी साहित्य को समृद्ध किया।

अपने लेखन के बारे में वह स्वयं बताती है कि लिख तो वे काफी समय से रही थी। परन्तु 70 के दशक में धर्मयुग साप्ताहिक पत्रिका में छपी उनकी एक कहानी ने उन्हें लेखन के क्षेत्र मे स्थापित कर दिया। इन्हें छुट पुछ कहानियॉ भी लिखी जो सरिता, निहारिका, लहर, कादम्बिनी, मनोरमा आदि में छपी। दैनिक अखबारों के रविवारीय अंकों में भी उनकी कहानियॉ छपती थी। 1979 में नवम्बर में धर्मयुग में छपी कहानी ने मुझे अखिल भारतीय मंच पर स्थापित कर दिया।

मालतीजी की कहानियों के शीर्षक सांकेतिक, रोचक और अर्थ बोधक रहते है। इनकी कहानियों में हमें बिखरते परिवारों को एक सूत्र में पिरोने की क्षमता का बोध मिलता है। किसी भी वर्ग का व्यक्ति इनकी कहानियों से स्वंय को आत्मसात कर लेता है। मालती जोशी मूलत: रिश्तों की कथाकार है मध्यमवर्गीय परिवार इनकी कथा में मिलते है। संस्कारों से पूर्ण भारतीय नारी के सौन्दर्य, साहस और संवेदना को बडी ही खुबी से मालती जोशी ने अपनी कहानियों में उकेरा है।

मालतीजी के कथा साहित्य में आधुनिक युग की पढी लिखी नारी जो पुरूष प्रधान समाज में अपने अस्तित्व की खोज में लगी रहती है वह अपने परिवार के प्रति समर्पित होने के साथ साथ कर्तव्यनिष्ठ भी है। किन्तु जब उसके इस समपर्ण और त्याग को नजर अंदाज कर दिया जाता है तो वह निराष नहीं होती उसमें यह आशा रहती है कि मेरे इस त्याग ओर समर्पण को परिवार कभी तो समझेगा। इनकी कहानियॉ बेहद साधारण परिवेश से निकली है जो इनके नारी पात्र को असाधारण बनाती है। इनके नारी पात्र समस्या से जुझते हुए जिन्दगी जीते है किन्तु परिवार में कडवाहट नहीं घोलते वे कथा में जीवन को सहज, सरल बनाने का प्रयास करते है। मालती जी के नारी पात्र बगावत नहीं करते बल्कि वे जिन्दगी को सहज रूप से जीने की राह चुनने का प्रयास करते दिखाई देते है। यही पात्र रिष्तों के कारण आत्मसाात और सरल परिवेश का निर्माण करते है। यही मालतीजी की कहानियों की विशेषता भी है।

मालती जोशी ने प्रमुख रूप से कथा साहित्य ही लिखा है। जिसमें कहानी, उपन्यास ओर बाल साहित्य है। कहानी में मालती जोशी के लगभग दस कहानी संग्रह है। पाषाण युग (1976), मध्यांन्तर (1977), पटाक्षेप (1978), पराजय (1979), मन न भये दस बीस( 1981), मालती जोशी की कहानियॉ (1985), बोल री कठपुतली (1985), एक घर सपनों का (1985), विश्वास गाथा (1985), आखरी शर्त (1991), मोरी रंग दी चुनरियॉ (1992), अंतिम संक्षेप (1994), एक सार्थक दिन (1995), शापित शैशव (1996), बाबुल का घर (1999), पिया पीर न जानी (1999), औरत एक रात (2001), रहिमन धागा प्रेम का, परख, वो तेरा घर ये मेरा घर, अपने अपने ऑगन की छॉव (2003) आदि।

इसी प्रकार मालतीजी ने उपन्यासो का भी सृजन किया:– समर्पण का सुख (1976), सहचारिणी (1979), शोभायात्रा (1985) इन्होने एक गीत संग्रह भी लिखा– मेरा छोटा सा अपनापन।

**मालती जोशी की प्रमुख कहानी संग्रहों में नारी चित्रण**

**आखिरी शर्त**– कहानी संग्रह में सात कहानियॉ है आखिरी शर्त, शुभकामना, कोउ न जाननहार, संवेदना, साथी, औकात, खेल खेल में। इस संग्रह की कहानियों में रूढियों से मजबूर नारी का चित्रण, परिवार के आंतक से त्रस्त नारी का चित्रण, विधवा नारी का तनावों से उभरते सुख का चित्रण, बुढापे तक एक दुसरे के साथ का चित्रण, अर्थाभाव के कारण परिवार की ओर से अन्याय और अपमान का चित्रण इस कहानी संग्रह के प्रमुख कथ्य है।

**मोरी रंग दी चुनरिया**– इस कहानी संग्रह में चार कहानियॉ है। सती, मोरी रंग दी चुनरियॉ, यातना चक्र, आखिरी सौगात, आदि। इन कहानियॉ में मालतीजी ने नारी की मानसिकता का चित्रण किया है। जो विधवा स्त्री के साथ हमेशा होत रहता है। सती कहानी में नीलम का पति एक अज्ञात बिमारी

से ग्रसित है। इस कारण घर का वातावरण अच्छा नहीं है। नीलम अपने पति की दिन रात सेवा करती है। एक दिन जब नीलम की विधवा भाभी उससे मिलने आती है तब उसे पता चलता है कि परिवार वाले उसके विधवा होने पर उसे यातना देते है और उस पर अत्याचार करते हैं। हमारे समाज में विधवा होने पर, होने वाले आत्यचार और अन्याय को जानकर नीलम डर जाती है। उसे लगता है के अगर उसके पति को कुछ हो गया तो उसके साथ भी यह सब होगा। यह सोच कर नीलम आत्महत्या का निणय ले लेती है। कोउ न जाननहार में विधवा नारी की संवेदना को बताया है जो अपने ही माता पिता के घर में सब कुछ न्योछावर कर देती है उसे अपने ही परिवार में मॉ की घृणा, तिरस्कार, स्वार्थ के अलावा कुछ नहीं मिलता। इसी प्रकार संदर्भहीन कहानी में शोभा की व्यथा का चित्रण है जो विधवा होने के उपरान्त भी खोखली जिन्दगी जीने को मजबूर है। शोभा की मन: स्थिति भी ऐसी हो जाती है कि वह किसी का प्यार करना भी सहन नहीं कर पाती है। इस कारण वह अजनबी लोगों के बीच रहने की चाह रखती है।

**बोल री कठपुतली–** इस कहानी संग्रह में नौ कहानियॉ है। प्रश्नों के भंवर, अक्षम्य, सन्नाटा, हमको दियो परदेस, परायी बेटी का दर्द, बोल री कठपुतली, रानियॉ, आवारा बादल, कोख का दर्प आदि। ये कहानियॉ नारी शिक्षा की समस्या को लेकर लिखी गयी है। सन्नाटा और रानियॉ कहानी में आधुनिक परिवेश में नारी की अधिक शिक्षा के कारण उत्पन्न होने वाली समस्या का चित्रण मिलता है। प्रश्नों के भंवर में अनमेल विवाह का चित्र प्रस्तुत किया गया है। जिसमें सुनील की पत्नी का मानसिक स्तर से जूझने की स्थिति का चित्रण है। अक्षम्य कहानी में श्याम अपनी पत्नी बिन्दु को अयोग्य मानकर उससे तलाक लेकर गीता से शादी कर लेता है। उसके बाद भी वह दुखी ही रहता है। परायी बेटी का दर्द कहानी में गीता उसके पति की ना पसन्द पत्नी है और गीता को नापसंद बनकर रहना अच्छा नहीं लगता है। इस कारण वह खुदकुषी कर लेती है। टूटने से जुडने तक, कुहासे, मन धुऑ, साथी, कल्चर आदि कहानियों में मालती जोशी ने दाम्पत्य जीवन जीने वाली नारी की मन: स्थिति का चित्रण किया है।

**अंतिम संक्षेप–** इस कहानी संग्रह में आठ कहानियॉ है। अंतिम संक्षेप, क्षरण, मान–अपमान, छीना हुआ सुख, अपने अपने दायरे, सन्नाटा ही सन्नाटा आदि। इन कहानियों में बुढापे की समस्या का चित्रण मिलता है। अंतिम संक्षेप में पति पत्नी के झगडें में मॉ को दोशी बताया जाता है। जिससे मॉ अपने बेटे के घर से चली जाती है और बेअे के लिए अपने घर के दरवाजे हमेशा के लिए बनद कर देती है। क्षरण कहानी में विमलजी सेवानिवृत्त होकर बेटे के घर रहने आती हैं किन्तु उसे अपने बेटे के घर परायों जैसा व्यवहार मिलता है इस कारण वह तनाव ग्रस्त माहौल में अपना जीवन व्यतीत करती है। मान अपमान कहानी में मॉ अपना पुरानी कामवाली को घर लाती है। जिसने उसके पुत्र को ग्यारह साल तक अपने पुत्र की तरह पाला। वही बेटा डिप्टी हो जाता है मॉ जब अपनी बहु से उस कामवाली के पैर छुने को कहती है तो उसे अपमान लगता है और वह यह सारी बाते अपने पति को कहती है। बेटा मॉ से कहता है कि आपकी बहु अमीर परिवार की है वह काम वाली के पैर नहीं छुएगी। इस प्रकार जिसने ग्यारह वर्षो तक उसे अपने बेटे की तरह पाला वह उसका अपमान करके चला जाता है।

इसी प्रकार मालतीजी के अन्य संग्रह जैसे औरत एक रात है, बाबुल का घर, हादसे और होसले, मालती जोशी की लोकप्रिय कहानियॉ, मिलियन डॉलर नोट तथा अन्य कहानियॉ। इन सब कहानियों में मालतीजी ने नारी के प्रत्येक रूप का चित्रण किया है। मालतीजी ने जिस प्रकार से नारी का चित्रण किया है वह पाठको के मन की गहराई में उतर जाता है।

मालतीजी की कहानियॉ सजग और परिवारिक होते हुए भी समाज को बडा संदेष देती है। इनकी अधिकतर कहानियॉ नारी प्रधान है। इनकी नारी अबला नहीं है वे स्वच्छन्द, शहरी, कामकाजी और यथार्थ के धरातल पर जीने वाली है। मध्यम वर्गीय परिवारों की आम समस्याऍ, दैनिक जीवन की जद्दोजहद और मन के भावों को बहुत हीं संवेदनशील अंदाज में प्रस्तुत करना मालती जोशी की खासियत रही है। इन्होनें लेखन के प्रति अपने सभी दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा से किया है। मालती जोशी ने अपनी कहानियों में स्त्री के मन की थाह ली है मध्यम वर्गीय परिवार की कथा कहते हुए स्त्री मन, उसके संघर्ष, उसकी जीजिवशा और उसकी शक्ति का सबको परिचय कराती है। यही कारण है कि पाठक इनकी कहानियों से जुड जाता है। मालती जी नारी के चित्रण में मनोवैज्ञानिक कथाकार भी है।

मालतीजी की कहानियों हमारी जिन्दगी के आस पास के ताने बाने से बुनी है इस कारण पाठको को अपनी सी लगती है। इनकी कहानियॉ सामाजिक संदेश देने के साथ साथ जीवन को किस प्रकार जिया जाए का संदेष भी देती है मानवीय संवेदना के सूक्ष्मतम स्पन्दनों को अपने शब्दों में बॉधने की क्षमता रखने वाली मालती जोशी अपनी सहज प्रवाहमयी भाषा शैली के माध्यम से पाठकों के मन की गहराई में उतर जाती है। मालतीजी की कहानियॉ समाज के हर वर्ग के लिए हैं जीवन की छोटी छोटी अनुभूतियों को मालतीजी ने अपनी कहानी में स्थान दिया है। वह कहती है :– कि मैंने रमणीय क्षणों व छोटी छोटी अनुभूतियों को कहानियों में पिरोया है ये अनुभूतियॉ कभी अपनी तो कभी अपनों कह रही है। आपने अपने आस पास बिखरे जगत के सुख दुख को अपना मान कर कहानियों में बताया है इस कारण इनकी अधिकतर कहानियॉ मैं से शुरू होती है।

मालतीजी ने अपनी कहानियों मे नारी का चित्रण बहु, बेटी, पत्नी, प्रेमिका, मॉ, भाभी, बुआ, सास आदि रूपों किया है इनकी कहानियों में नारी स्वतन्त्रता का पक्षधर है। हन्होंन नारी के दर्द का कुशल चित्रण किया है। उनकी कहानियों की नारी अविवाहित, सामाजिक, आर्थक, पारिवारिक स्तर पर जुझती हुई मिलती है

मालतीजी ने एक इन्टरव्यू में स्वयं कहा था हिन्दी साहित्य में देह का विमर्श और बोल्डनेस बढ गया है। किन्तु मैं पारिवारिक कहानियॉ कहती हूॅ उन्होने कहा थ कि नारी कहानियों में आपको कहीं बेडसीन नहीं मिलेगा, मैं जितना परहेज अपने बहु बेटे के कमरे में जाने से करती हू उतना ही अपने पात्रों के बेडरूम में जाने से करती हू। वे साफ कहती है कि नारीवाद के नाम पर हमेषा नारेबाजी होती है। उसके बजाए विनम्रता से भी सित्रयों का पक्ष रखा जा सकता है।

मालतीजी की कहानियॉ संवाद शैली में है जिसमें जीवन की मार्मिक संवेदना, दैनिक जीवन के क्रिया कलाप और वातावरण की बडी सुघडता से चित्रण मिलता है हिन्दी साहित्य जगत में अपनी अमिट छाप छोडने वाली मालती जी ने अपनी कहानियों में नैतिकता को स्थापित करने मे सहयोगी रही है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :–**

1. मालती जोशी की लोकप्रिय कहानियॉ, प्रभात पेपर बैक्स, नई दिल्ली।
2. प्रतिनिधि कहानियॉ किताबघर, प्रकाशन, नई दिल्ली।
3. इन्टरनेट।

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LI (51), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# बस्तर दशहरा का जनजातीय समाज एवं स्थानीय लोगों पर सामाजिक-आर्थिक प्रभाव

**डॉ. मीनाक्षी तिवारी***

* सहायक प्राध्यापक (अतिथि) (अर्थशास्त्र) बी.सी.एस. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी (छ.ग.) भारत

**शोध सारांश –** बस्तर दशहरा छत्तीसगढ़ राज्य के बस्तर क्षेत्र का सबसे बड़ा और विशिष्ट लोक-पर्व है, जो लगभग 75 दिनों तक चलता है। यह केवल धार्मिक या सांस्कृतिक आयोजन नहीं बल्कि एक सामाजिक-आर्थिक गतिविधि का केंद्र है। इस पर्व से जनजातीय परंपराएँ, कला, संस्कृति, रोजगार और स्थानीय अर्थव्यवस्था प्रत्यक्ष रूप से जुड़ी हुई हैं। इस शोध में बस्तर दशहरा के सामाजिक, सांस्कृतिक, पर्यावरणीयऔर आर्थिक पहलुओं का विश्लेषण किया गया है, तथा यह देखा गया है कि यह पर्व कैसे जनजातीय पहचान, सामाजिक एकता और आजीविका का माध्यम बन गया है।

**प्रस्तावना –** भारत के विविध सांस्कृतिक परिदृश्य में बस्तर दशहरा एक अद्वितीय उदाहरण है, जहाँ देवी-देवताओं की पूजा के साथ-साथ आदिवासी परंपराओं, लोककला और लोकविश्वासों का समागम दिखाई देता है। यह पर्व न तो केवल 'राम' या 'रावण' से जुड़ा है, बल्कि देवी 'माई दंतेश्वरी' की आराधना का प्रतीक है।

**उद्देश्य –** इस शोध का उद्देश्य यह समझना है कि बस्तर दशहरा कैसे बस्तर क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक जीवन को प्रभावित करता है, तथा इसका स्थानीय जनजातीय समाज के सांस्कृतिक पुनर्जीवन में क्या योगदान है।

**अनुसंधान प्रश्न:**

1. बस्तर दशहरा का जनजातीय समाज की सामाजिक संरचना पर क्या प्रभाव पड़ता है?
2. इस पर्व से स्थानीय अर्थव्यवस्था में क्या परिवर्तन होते हैं?
3. यह पर्व बस्तर के पर्यटन और हस्तशिल्प उद्योग को कैसे प्रभावित करता है?
4. आधुनिकता और वैश्वीकरण के प्रभाव में बस्तर दशहरा की क्या स्थिति है?

**बस्तर दशहरा का ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक परिप्रेक्ष्य**

**एतिहासिक पृष्ठभूमि –** बस्तर दशहरा का आरंभ लगभग 618 वर्ष पूर्व बस्तर के राजा पुरुषोत्तम देव के शासनकाल में हुआ माना जाता है। यह पर्व देवी दंतेश्वरी की आराधना से जुड़ा है, जो बस्तर राज्य की कुलदेवी मानी जाती हैं।

**कहानी –** बस्तर के तात्कालिक राजा पुरुषोत्तम देव भगवान जगन्नाथ स्वामी के भक्त थे। प्रभु के दर्शन करने के लिए उन्होंने बस्तर से जगन्नाथ पुरी तक दंडवत यात्रा की थी। कहा जाता है कि उनकी भक्ति से जगन्नाथ स्वामी बेहद खुश हुए थे। जब राजा पुरुषोत्तम देव जगन्नाथ मंदिर पहुंचे तो मंदिर के प्रमुख पुजारी को स्वप्न में भगवान आए।उन्होंने कहा कि राजा की भक्ति से मैं प्रसन्न हुआ हूं। उपहार स्वरूप उन्हें रथपति की उपाधि दी जाए। एक रथ भी भेंट किया जाए। इसके बाद अगले दिन पुजारी ने इसकी जानकारी राजा पुरुषोत्तम देव को दी। पुजारी ने पुरी में ही उन्हें रथपति की उपाधि दी और 16 चक्कों का विशाल रथ भी भेंट किया था। जिसे राजा ने स्वीकार कर लिया था।

**आयोजन की विशेषताएं:**

1. यह पर्व 75 दिनों तक चलता है।
2. प्रमुख अनुष्ठानरू रथयात्रा, डेरोही, रथ खींचना, जोगी बिठाई, बाईठे पूजा, नवरात्रि पूजा आदि।
3. इस पर्व में 80 से अधिक जनजातीय समुदाय शामिल होते हैं।
4. प्रत्येक जनजाति की अपनी भूमिका होती है, जैसे – रथ निर्माण, पुजारी कार्य, नर्तक दल, देव बोलावना आदि।

**क्यों 75 दिन चलता है उत्सव:**

1. दरअसल, हरेली अमावस्या से बस्तर दशहरा की शुरुआत मानी जाती है। इस दिन पाट जात्रा विधान किया जाता है। जंगल से रथ निर्माण के लिए लकड़ियां लाई जाती हैं और उनकी पूजा होती है। इसके बाद रथ निर्माण कार्य शुरू होता है। इसके बाद दूसरे जंगल से लकड़ी लाकर डेरी गढ़ाई की रस्म होती है।
2. जहां देवी की पूजा की जाती है। इन दोनों रस्मों के बीच करीब डेढ़ महीने का अंतर होता है। इसके करीब 15 दिन बाद काछनगादी की रस्म होती है और विधिवत रूप से बस्तर दशहरा शुरू हो जाता है। इसके चलते बस्तर दशहरा 75 दिनों तक चलता माना जाता है।
3. नवरात्र से ठीक एक दिन पहले बस्तर राज परिवार के सदस्य काछनगुड़ी जाकर काछन देवी से बस्तर दशहरा मनाने और रथ परिक्रमा की अनुमति लेते हैं। काछनदेवी को रण की देवी भी कहा जाता है। पनका जाति की एक कुंवारी कन्या देवी का अनुष्ठान करती हैं।पिछले 22 पीढ़ियों से इसी जाति की कन्या यह रस्म अदा कर रही है। उस पर देवी सवार होती हैं। इसके बाद बेल के कांटों से बने झूले पर झूलकर राज परिवार के सदस्यों को दशहरा मनाने की अनुमति दी जाती है।

**सामाजिक प्रभाव**

**सामुदायिक एकता –** बस्तर दशहरा सामाजिक समरसता का प्रतीक है। विभिन्न जनजातियाँ कृ मुरिया, माड़िया, गोंड, हल्बा, भतरा आदि – एक साथ आकर इस पर्व में भाग लेती हैं, जिससे सामाजिक एकजुटता मजबूत होती है।

| क्र. | समुदाय/जनजाति का नाम | मुख्य भूमिका/योगदान |
|---|---|---|
| 1 | मुरिया | रथ खींचना, नृत्य-गीत, देवी की सेवा में भागीदारीदेवी |
| 2 | माड़िया | दंतेश्वरी को बुलाने, पूजा-अनुष्ठान में भाग |
| 3 | गोंड | पूजा, वाद्य यंत्र व पारंपरिक नृत्य प्रदर्शन |
| 4 | हल्बा | व्यापार, खाद्य सामग्री, रथ सजावट में सहयोग |
| 5 | भतरा | सांस्कृतिक कार्यक्रम, रथयात्रा में भागीदारी |
| 6 | धुरवा | पारंपरिक वेशभूषा व देवी पूजन में भूमिका |
| 7 | परजा | हस्तशिल्प, वस्त्र निर्माण और मेले में बिक्री |
| 8 | कोया | पूजा व धार्मिक परंपराओं में भाग |
| 9 | भुमिया | भूमि देवी की आराधना व पूजा विधि में भूमिका |
| 10 | डोकरा/घड़किया | रथ, मूर्तियाँ व पूजा सामग्री का निर्माण |
| 11 | लोहार | रथ के लोहे के हिस्से, औजार निर्माण |
| 12 | सुतार | रथ निर्माण व सजावट के कारीगर |

**पारंपरिक ज्ञान एवं संस्कृति का संरक्षण –** लोकनृत्य, लोकगीत, पारंपरिक वाद्य यंत्र, हस्तकला, वेशभूषा आदि के प्रदर्शन से स्थानीय संस्कृति का संरक्षण होता है। युवा पीढ़ी इन परंपराओं से पुन: जुड़ती है।

1. बेड़ा-उमड़ और झाड़-उमर गांव के ग्रामीणों को रथ निर्माण की जिम्मेदारी दी गई है। पूरे बस्तर में सिर्फ इन्हीं दो गांव के ग्रामीण मिलकर पीढ़ियों से रथ निर्माण करते आ रहे हैं। बस्तर के माचकोट के जंगल से साल, बीजा की लकड़ी लाई जाती है। इसी से रथ का निर्माण किया जाता है।
2. रथ बनाने वाले बुजुर्ग अपने घर के बच्चों को भी साथ लेकर आते हैं। इन्हें परंपरा से अवगत करवाया जाता है। नवरात्र की सप्तमी तक 4 चक्कों वाले फूल रथ कि परिक्रमा होती है। नवमी और विजयादशमी के दिन 8 चक्कों के विजय रथ की परिक्रमा करवाई जाती है। रथ सिर्फ किलेपाल गांव के ही ग्रामीण खींचते हैं।

**लैंगिक भूमिका –** इस पर्व में महिलाएँ भी पूजा, नृत्य, सजावट और व्यापारिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी करती हैं, जिससे सामाजिक समावेशिता बढ़ती है।

**आर्थिक प्रभाव**

**थानीय रोजगार और आय का स्त्रोत –** दशहरा के समय हजारों लोग बस्तर पहुँचते हैं। इससे स्थानीय व्यापार, परिवहन, होटल, भोजनालय और हस्तशिल्प की बिक्री में वृद्धि होती है।

1. लकड़ी, बांस, धातु और मिट्टी के उत्पादों की बिक्री होती है।
2. स्थानीय युवाओं को अस्थायी रोजगार मिलता है।
3. क्षेत्र के पर्यटन आंकड़ों में बताया गया है कि बस्तर में '2021 में 1 लाख से अधिक पर्यटक थे, जबकि 2024 में 40 लाख से अधिक' हो गए।
4. आयोजन के लिए बजट और विकास निवेश के संकेत मिलते हैं - उदाहरण के लिए 2022 में रू85.75 लाख का बजट माँगा गया था।
5. बाकी काफी जंकारिया उपलब्ध न होने के कारण हम एक अंदाजन आकडा निकाल सकते है बस्तर दुशर्य के आर्थिक प्रबाव को समझने के लिए।
6. एकअनुमानित उदाहरण रू मान लें कि 2025 में इस उत्सव में50,000अनूठे बाहरी आगंतुक आए (यह सिर्फ उदाहरण है)।माना कि प्रति आगंतुक औसतन रू3,000 प्रति दिनखर्च करते हों, और उनकी औसत ठहराव 2 दिन हो।

प्रति-व्यक्ति खर्च रू 6,000।प्रत्यक्ष पर्यटन व्यय = 50,000 x रू6,000 = रू30 करोड़।यदि इंडायरेक्ट एवं इनड्यूस्ड प्रभाव के लिए मल्टीप्लायर = 1.7

(उदाहरण) कुल प्रभावकरू30 करोड़ x 1.7 = रू51 करोड़।

**पर्यटन और अर्थव्यवस्था –** यह पर्व राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों को आकर्षित करता है। पर्यटन से जुड़े व्यवसाय जैसे गाइडिंग,आवास, सांस्कृतिक प्रदर्शनी आदि क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को सशक्त करते हैं।

भारत के बाहर ओर भारत के अलग अलग कोनों से लोग इस पर्व में शामिल होते है जिससे बस्तर ओर पास के गाँव में पर्यटकों की भीड़ लग जाती है।

बस्तर दशहरा के दौरान लगने वाले मेलों में 'बस्तर आर्ट' डोकरा कला, टेराकोटा, बांस-काष्ठकला की मांग बढ़ती है। इससे शिल्पकारों की आय में वृद्धि होती है।

**चुनौतियां एवं आधुनिक परिप्रेक्ष्य**

**व्यवसायीकरण –** पर्यटन और बाजारवाद के कारण पर्व के कुछ पारंपरिक स्वरूप बदल रहे हैं। धार्मिकता के स्थान पर मनोरंजन और व्यावसायिक गतिविधियों पर जोर बढ़ा है जेसे पहले सिर्फ कुछ ही जातियों ओर वर्ग के लोगों को रथ खीचने की अनुमति मिलती थी पर अब खिचने के दौरान काफी ओर लोग भी शामिल हो जाते है। कुछ श्रोत तो ये कहते है की बस्तर के राज्य ने बस्तर के हर जनजातियों को इसस मेले में शामिल करने के लियए हर जनजाति को अलग अलग काम सओपे थे जो आज भी काफी हद तक उन्ही बरगो द्वारा की जाती है।

**आधुनिकता और परंपरा के बीच संघर्ष –** नई पीढ़ी में पश्चिमी प्रभाव बढ़ने से कुछ लोक परंपराएँ कमजोर पड़ रही हैं। हालांकि प्रशासन और सांस्कृतिक संस्थान संरक्षण के प्रयास कर रहे हैं। जेसे कुछ लोगों को बकरों ओर मछलियों की बाली से खेद है तो कुछ को राजस्यही ओर उनको मिलने वाली प्रतिसठा से।

**पर्यावरणीय प्रभाव –** बस्तर दशहरा में हर साल नया रथ बनाने के लिए हर साल करीब 200 से अधिक पेड़ काटे जाते हैं। इस तरह से काटे जाने वाले पेड़ों के चलते आने वाले समय में साल के पेड़ों की कमी नहीं हो इसके लिए बस्तर जिले में वर्ष 2021 में क्षतिपूर्ति पौधरोपण की शुरुआत की गई थी। वन विभाग द्वारा शुरू की गई यह योजना अब तक सफल रही है। लगातार पौध रोपण की मांग के बाद वन विभाग ने इस योजना के तहत अब तक साल के साथ ही अन्य वैरायटी के 915 पौधे लगाए हैं जो लगातार देखभाल के चलते इस समय हरियाली फैला रहे हैं। उम्मीद की जा रही है कि आने वाले सालों में एक छोटा जंगल तैयार हो जाएगा।

जगदलपुर फारेस्ट अधिकारी ने बताया कि क्षतिपूर्ति योजना के तहत माचकोट परिक्षेत्र के बोदामुण्डा गांव में साल 2021 में 365 पौधे, साल 2022 में 300 और माचकोट परिक्षेत्र के नकटी सेमरा में साल 2024 में 250 पौधे लगाए गए। इस साल भी नकटी सेमरा में लगभग 250 पौधे लगाए जाने की योजना है। जानकारी के मुताबिक ओडिशा के जगन्नाथपुरी में हर साल तीन रथ बनाए जाते हैं इसके लिए हर साल वहां पर भी 200 से अधिक पेड़ों की कटाई की जाती है। इसके बदले में करीब चार गुना पौधे लगाए जाते हैं। बस्तर जिले में इस योजना की मांग सालों से की जा रही थी।

**निष्कर्ष –** बस्तर दशहरा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि बस्तर की सामाजिक–सांस्कृतिक और आर्थिक जीवनरेखा है। इस पर्व ने जनजातीय समाज को एकजुट किया है, सांस्कृतिक पहचान को सुरक्षित रखा है, और स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त किया है।

यद्यपि आधुनिकता और व्यावसायीकरण ने इसके पारंपरिक स्वरूप को प्रभावित किया है, परंतु इसका मूल स्वर– 'जनजातीय एकता, श्रद्धा और संस्कृति' आज भी जीवित है।

**सुझाव :**

1. स्थानीय कलाकारों और शिल्पकारों को सरकारी व निजी सहायता मिले।
2. पर्यटन का विकास पर्यावरणीय दृष्टि से संतुलित हो।
3. पारंपरिक ज्ञान का दस्तावेजीकरण किया जाए।
4. युवाओं को लोककला संरक्षण में प्रोत्साहन मिले।
5. पर्यावरण का ध्यान रख कर सारे पर्व मनाए जाए।
6. पर्व के बारें में आचे से जानकारी ओर आँकड़े आम लोगों तक पहुचे।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :–**

1. बस्तर जिला गजेटियर, छत्तीसगढ़ शासन।
2. शर्मा, आर. के. (2018). छत्तीसगढ़ की जनजातियाँ और संस्कृति। रायपुररू लोक संस्कृति संस्थान।
3. "Bastar Dussehra: The Longest Festival in the World" – Chhattisgarh Tourism Department Report (2022).
4. Mehta P- (2020)- Socio&Economic Impact of Tribal Festivals in India- New Delhi: Sage Publications.
5. दैनिक भास्कर

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LI (51), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# माँ महामाया मंदिर, अम्बिकापुर का ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं पर्यटनिक महत्व : एक विश्लेषणात्मक अध्ययन

**डॉ. अंजू तिवारी* अभिषेक वर्मा****

* सह प्राध्यापक (इतिहास) सी. व्ही. रमन विश्वविद्यालय, कोटा, बिलासपुर (छ.ग.) भारत
** शोधार्थी, सी. व्ही. रमन विश्वविद्यालय, कोटा, बिलासपुर (छ.ग.) भारत

**शोध सारांश –** यह शोध पत्र अम्बिकापुर स्थित माँ महामाया मंदिर के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं पर्यटनिक महत्व का विश्लेषणात्मक अध्ययन प्रस्तुत करता है। माँ महामाया मंदिर न केवल स्थानीय जनता के लिए आस्था का केंद्र है, बल्कि छत्तीसगढ़ राज्य में धार्मिक पर्यटन का एक महत्वपूर्ण स्थल भी है। इस मंदिर की स्थापत्य कला, धार्मिक परंपराएँ, वार्षिक मेलों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने इसे एक जीवंत सांस्कृतिक धरोहर बना दिया है।
**शब्द कुंजी–** माँ महामाया मंदिर, अम्बिकापुर, धार्मिक पर्यटन, सांस्कृतिक धरोहर, ऐतिहासिक महत्व, स्थापत्य कला, नवरात्रि मेला, स्थानीय अर्थव्यवस्था, पर्यटन विकास, श्रद्धालु।

**प्रस्तावना –** भारत की सांस्कृतिक और धार्मिक परंपराएँ प्राचीन काल से ही विविधता एवं गहराई से परिपूर्ण रही हैं। प्रत्येक क्षेत्र की अपनी विशिष्ट धार्मिक आस्थाएँ, लोक परंपराएँ और ऐतिहासिक विरासत रही है, जिन्होंने भारतीय समाज को एक गहन सांस्कृतिक एकता में बाँधा है। इन्हीं परंपराओं में शक्ति उपासना का विशेष स्थान रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य का अम्बिकापुर नगर, जिसे प्राचीन काल में 'सुरगुजा राज्य' के नाम से जाना जाता था, धार्मिक और ऐतिहासिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण स्थल रहा है। इस क्षेत्र में स्थित माँ महामाया मंदिर न केवल स्थानीय लोगों की आस्था का केंद्र है, बल्कि यह मंदिर प्राचीन काल से चली आ रही शक्ति साधना और देवी उपासना की एक जीवंत परंपरा को आज भी संजोए हुए है।

ऐतिहासिक परीक्षण से ज्ञात होता है कि माँ महामाया मंदिर का निर्माण लगभग 10वीं से 12वीं शताब्दी के बीच हुआ था। उस काल में यह क्षेत्र विभिन्न राजवंशों के अधीन था, जिन्होंने देवी उपासना को राज्य की धार्मिक व्यवस्था का केंद्र बनाया। मंदिर की स्थापत्य कला में नागर शैली के तत्व स्पष्ट रूप से दिखाई देते हैं, जो उस युग की कलात्मक उत्कृष्टता और धार्मिक भावना को दर्शाते हैं। प्राचीन काल से ही यह मंदिर धार्मिक यात्राओं, नवरात्रि उत्सवों, मेला–परंपरा और सामुदायिक एकजुटता का प्रतीक रहा है।

**शोध की आवश्यकता एवं उद्देश्य–** माँ महामाया मंदिर अम्बिकापुर की धार्मिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक विरासत का अभिन्न हिस्सा है। यह मंदिर सरगुजा रियासत की कुलदेवी के रूप में प्रतिष्ठित है और यहां की लोक आस्था तथा पारंपरिक धार्मिक मान्यताओं का केंद्र माना जाता है। आधुनिकता एवं वैश्वीकरण के इस युग में पारंपरिक धार्मिक स्थलों का महत्व धीरे–धीरे बदल रहा है, इसलिए ऐसे प्राचीन स्थलों का गहन अध्ययन आवश्यक हो जाता है। इस शोध का उद्देश्य माँ महामाया मंदिर के ऐतिहासिक, पौराणिक और सांस्कृतिक पहलुओं को उजागर करना तथा स्थानीय समाज में इसकी भूमिका को समझना है। मंदिर से जुड़ी मान्यताओं, किंवदंतियों, पूजा–पद्धतियों और राजपरिवार के योगदान का विश्लेषण कर इसे धार्मिक पर्यटन और सांस्कृतिक धरोहर के रूप में प्रस्तुत करना इस शोध का प्रमुख लक्ष्य है। साथ ही, शोध के माध्यम से यह भी जाना जाएगा कि यह मंदिर किस प्रकार क्षेत्र के सामाजिक–सांस्कृतिक जीवन को प्रभावित करता है और इसकी परंपराएं किस प्रकार आज भी जनमानस में जीवित हैं। मंदिर की महत्ता को दस्तावेजी रूप देना तथा इसके संरक्षण और प्रचार–प्रसार के लिए ठोस सुझाव प्रस्तुत करना इस शोध कार्य की मुख्य आवश्यकता एवं उद्देश्य हैं।

**परिचय–** माँ महामाया का मंदिर छत्तीसगढ़ राज्य के अम्बिकापुर नगर के नवागढ़ क्षेत्र में स्थित है। इसी महामाया अथवा अम्बिका देवी के नाम पर ही जिले के मुख्यालय का नाम 'अम्बिकापुर' रखा गया। मान्यता के अनुसार अम्बिकापुर स्थित महामाया मंदिर में देवी का धड़ विराजमान है, जबकि देवी का सिर बिलासपुर जिले के रतनपुर स्थित महामाया मंदिर में प्रतिष्ठित है। वर्तमान मंदिर का निर्माण सरगुजा राज्य के राजा रघुनाथ शरण सिंह देव ने सन् 1910 में कराया था। उसी समय एक पक्का कुआँ भी बनवाया गया था। इससे पहले माँ महामाया एक साधारण चबूतरे पर विराजमान थीं। उस समय जब राजपरिवार के लोग पूजा करने जाते थे तो वहाँ एक बाघ बैठा रहता था। सैनिकों द्वारा बाघ को हटाए जाने के बाद ही दर्शन संभव हो पाता था। महामाया के शीष का निर्माण ग्राम ऊँचडीह के कुम्हारों द्वारा प्रतिवर्ष मिट्टी से किया जाता है, जिस पर मोम की परत चढ़ाई जाती है। प्रसिद्ध किवदंती के अनुसार, पिंडारी लुटेरों द्वारा मूर्ति को चुराने के प्रयास में सिर काटकर रतनपुर ले जाया गया। रतनपुर के राजा रतनदेव को स्वप्न में देवी ने संदेश दिया, जिसके बाद लुटेरों का वध कर शीष को रतनपुर मंदिर में स्थापित किया गया।

इतिहासकार गोविंद शर्मा के अनुसार, रतनपुर और अम्बिकापुर दोनों मंदिरों में देवी को युगल रूप में स्थापित करने के लिए सिंहदेव परिवार की भगवती देवी ने मिर्जापुर से विंध्यवासिनी की प्रतिमा मंगवाई। माँ महामाया

की पूजा में आज भी पारंपरिक पद्धतियाँ लागू हैं। पट खोलने का अधिकार चेरवा जाति के बैगा को है, जबकि ब्राह्मण पुजारी वैदिक पूजा संपन्न कराते हैं। प्राचीन काल में यहाँ नरबलि दी जाती थी, तत्पश्चात पशु बलि की परंपरा चली। वर्तमान में मनोकामना पूर्ण होने पर बकरे की बलि दी जाती है। माँ महामाया सिंहदेव राजघराने की कुलदेवी हैं और आज भी राजपरिवार को गर्भगृह में विशेष पूजा का अधिकार है।

**धार्मिक एवं सांस्कृतिक परिप्रेक्ष्य–** माँ महामाया मंदिर अम्बिकापुर क्षेत्र की धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक पहचान का प्रमुख केंद्र है। यह मंदिर देवी उपासना की प्राचीन परंपराओं से जुड़ा हुआ है और यहां नवरात्रि जैसे पर्व बड़े धूमधाम से मनाए जाते हैं। मंदिर में होने वाले अनुष्ठान, बली प्रथा, पट खोलने की परंपरा तथा स्थानीय लोकगीत इस क्षेत्र की विशिष्ट सांस्कृतिक विरासत को दर्शाते हैं। राजपरिवार द्वारा मां महामाया को कुलदेवी के रूप में पूजने की परंपरा आज भी जीवित है, जिससे यह मंदिर धार्मिक विश्वास के साथ-साथ सांस्कृतिक एकता का प्रतीक बन गया है।

**निष्कर्ष एवं सुझाव–** अम्बिकापुर स्थित माँ महामाया मंदिर न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि यह क्षेत्र की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक पहचान को भी समेटे हुए है। मंदिर से जुड़ी परंपराएं, अनुष्ठान और वार्षिक उत्सव स्थानीय समाज की सामाजिक-सांस्कृतिक एकता को मजबूत बनाते हैं। अध्ययन से यह स्पष्ट होता है कि मंदिर न केवल श्रद्धालुओं के लिए आध्यात्मिक महत्तव रखता है, बल्कि यह स्थानीय अर्थव्यवस्था और पर्यटन के विकास में भी योगदान देता है।

इस शोध के आधार पर यह सुझाव दिया जाता है कि मंदिर के संरक्षण और रखरखाव पर विशेष ध्यान दिया जाए। साथ ही, स्थानीय प्रशासन और पर्यटन विभाग मिलकर मंदिर के आसपास सुविधाओं का विकास करें, ताकि श्रद्धालु और पर्यटक दोनों ही बेहतर अनुभव प्राप्त कर सकें। इसके अलावा, मंदिर से जुड़ी किंवदंतियों, पूजा पद्धतियों और सांस्कृतिक परंपराओं का दस्तावेजीकरण कर इसे भावी पीढ़ियों के लिए सुरक्षित किया जाना चाहिए। इस प्रकार, धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटनिक दृष्टि से मंदिर का महत्व और अधिक बढ़ाया जा सकता है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. चटर्जी, डॉ. एस. – महामाया मंदिर और शक्ति उपासना परंपरा, भारतीय सांस्कृतिक शोध संस्थान, पृष्ठ 52।
2. अग्रवाल, डॉ. वी. एस. – भारतीय स्थापत्य कला और मूर्तिकला, विद्या भवन, पृष्ठ 135।
3. बाजपेयी, के. डी. – छत्तीसगढ़ का इतिहास, प्रकाशन विभाग, रायपुर, पृष्ठ 12।
4. सिन्हा, डॉ. आर. के. – सरगुजा संभाग का सांस्कृतिक इतिहास, छत्तीसगढ़ राज्य अभिलेखागार, पृष्ठ 67अ।
5. पुरातत्व सर्वेक्षण रिपोर्ट – भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ASI), छत्तीसगढ़ मंडल की वार्षिक रिपोर्ट।
6. क्षेत्रीय लोकसंस्कृति एवं पुरातत्व – छत्तीसगढ़ पुरातत्व परिषद्, रायपुर।
7. छत्तीसगढ़ की पुरातात्विक धरोहर – पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग, छत्तीसगढ़ सरकार।
8. जनरल ऑफ इंडियन हिस्ट्री एंड कल्चर – इंडियन काउंसिल ऑफ हिस्टोरिकल रिसर्च (ICHR) द्वारा प्रकाशित लेख।

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LI (51), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# छत्तीसगढ़ में जैन धर्म का विकास एवं प्रभाव

**डॉ. महेश कुमार शुक्ला* अमित कुमार****

* सह प्राध्यापक (इतिहास) सी. व्ही. रमन विश्वविद्यालय, कोटा, बिलासपुर (छ.ग.) भारत
** शोधार्थी, सी. व्ही. रमन विश्वविद्यालय, कोटा, बिलासपुर (छ.ग.) भारत

**शोध सारांश –** छत्तीसगढ़ भारतीय सभ्यता और संस्कृति का प्राचीन केंद्र रहा है। यहाँ विविध धर्मों एवं संप्रदायों ने समय-समय पर अपने सिद्धांतों और दर्शन का प्रचार-प्रसार किया। जैन धर्म, जो अहिंसा, अपरिग्रह और सत्य के सिद्धांतों पर आधारित है, छत्तीसगढ़ की भूमि में अत्यंत प्राचीन काल से विकसित हुआ। इस शोध पत्र में छत्तीसगढ़ में जैन धर्म के ऐतिहासिक विकास, प्रमुख जैन स्थलों, मूर्तिकला, साहित्य, समाज और संस्कृति पर इसके प्रभाव का अध्ययन किया गया है।

**प्रस्तावना –** भारत में जैन धर्म का उद्भव लगभग छठी शताब्दी ईसा पूर्व में भगवान महावीर स्वामी के समय से माना जाता है, किंतु छत्तीसगढ़ में जैन धर्म का प्रसार महावीर पूर्वकालीन भी रहा है। यह क्षेत्र प्राचीन काल में दक्षिण कोशल और महाकोशल के नाम से जाना जाता था। यहाँ के शिलालेखों, मूर्तियों तथा पुरातात्तिवक अवशेषों से सिद्ध होता है कि जैन धर्म का प्रभाव यहां मौर्य, शुंग, सतवाहन, वाकाटक, सोमवंशी, कलचुरी और नागवंश काल तक रहा।

छत्तीसगढ़ की भौगोलिक स्थिति मध्य भारत में होने के कारण यह क्षेत्र व्यापार मार्गों के केंद्र में रहा, जिससे जैन धर्म के व्यापारी वर्ग को यहाँ बसने का अवसर मिला और धर्म का व्यापक प्रचार हुआ।

**छत्तीसगढ़ में जैन धर्म का प्रारंभिक विकास –** छत्तीसगढ़ में जैन धर्म के विकास की कथा मौर्यकाल से प्रारंभ होती है। सम्राट अशोक के काल में जब बौद्ध धर्म का प्रचार हुआ, उसी समय जैन धर्म के अनुयायी भी दक्षिण और मध्य भारत की ओर बढ़े। कौशल प्रदेश के रूप में प्रसिद्ध यह क्षेत्र व्यापारिक दृष्टि से महत्वपूर्ण था।

जैन धर्म के तीर्थकरों की मूर्तियाँ और प्रतिमाँ, जो सिरपुर, मल्हार, रतनपुर, पाली, चंपारन, और बिल्हा क्षेत्रों में मिली हैं, वे इस बात की पुष्टि करती हैं कि यहाँ जैन धर्म का गहरा प्रभाव था।

विशेष रूप से सिरपुर और मल्हार से प्राप्त ताम्रपत्र, शिलालेख और मूर्तियाँ छत्तीसगढ़ में जैन धर्म के विकास का महत्वपूर्ण प्रमाण हैं।

**मुख्य जैन तीर्थ स्थल एवं पुरातात्त्विक प्रमाण –** मल्हार –मल्हार छत्तीसगढ़ का अत्यंत प्राचीन स्थल है। यहाँ से मिली जैन मूर्तियाँ, जिनमें आदिनाथ, पार्श्वनाथ, शांतिनाथ आदि तीर्थकरों की प्रतिमाँ, हैं, गुप्तोत्तर काल (7वीं-10वीं शताब्दी) की हैं। मल्हार में प्राप्त जैन बस्ती और प्रतिमाओं के साथ ब्राह्मी लेख यह दर्शाते हैं कि यहाँ एक समृद्ध जैन समाज विद्यमान था।

**सिरपुर –**सिरपुर में बौद्ध और जैन धर्म दोनों का प्रभाव रहा। यहाँ से प्राप्त तीर्थकर पार्श्वनाथ की प्रतिमा, जैन विहारों के अवशेष और मंदिर स्थापत्य यह प्रमाणित करते हैं कि छठी से बारहवीं शताब्दी के बीच यहाँ जैन धर्म फला-फूला।

**रतनपुर–** यह क्षेत्र कलचुरी शासन का प्रमुख केंद्र रहा। रतनपुर के जैन मंदिरों में कलचुरीकालीन प्रतिमाँ और शिलालेख प्राप्त हुआ हैं।

**पाली–** पाली में भी जैन तीर्थकरों की मूर्तियाँ और ताम्रपत्र मिले हैं, जिनमें शांतिनाथ और नेमिनाथ के उल्लेख हैं।

**अड़भार–** इन क्षेत्र से प्राप्त जैन मूर्तियाँ यह प्रमाण्ति करती हैं कि यहाँ व्यापारी समुदायों के माध्यम से जैन धर्म का प्रचार हुआ।

**जांजगीर**–चांपा में जैन समाज आज भी प्रमुख है, और यहाँ जैन मंदिरों का समूह स्थापित है।

**कलचुरी शासनकाल में जैन धर्म का उत्कर्ष –** कलचुरी वंश (9वीं से 12वीं शताब्दी) के शासन में छत्तीसगढ़ में जैन धर्म का उत्कर्ष काल आया। इस समय जैन मंदिरों, प्रतिमाओं और विहारों का निर्माण हुआ। कलचुरी शासक जैन धर्म के प्रति सहिष्णु थे और उन्होंने जैन आचार्यों को संरक्षण दिया।

रतनपुर के अभिलेखों में जैन मुनियों का उल्लेख मिलता है, जिनका समाज पर विशेष प्रभाव था। इसी काल में जैन व्यापारियों ने नगरों के विकास में योगदान दिया, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था और कला दोनों समृद्ध हुई।

**जैन मूर्तिकला एवं स्थापत्य कला –** छत्तीसगढ़ की जैन मूर्तिकला भारतीय शिल्प परंपरा की उत्कृष्ट अभिव्यक्ति है। यहाँ की मूर्तियों में तीर्थकरों के शांत और ध्यानमग्न भाव दर्शाता हैं।

सिरपुर की पार्श्वनाथ प्रतिमा में सर्पफणासन का अत्यंत सुंदर चित्रण मिलता है। माल्हार की प्रतिमाओं में गुप्तकालीन कला शैली का प्रभाव दिखाई देता है। अड़भार की प्रतिमाओं में स्थानीय लोकशिल्प का मिश्रण है। इन प्रतिमाओं से स्पष्ट होता है कि जैन धर्म केवल धार्मिक ही नहीं, बल्कि कलात्मक दृष्टि से भी अत्यंत उन्नत था।

**साहित्यिक और दार्शनिक प्रभाव –** जैन धर्म ने छत्तीसगढ़ की साहित्यिक परंपरा को भी प्रभावित किया। यहाँ के जैन मुनियों ने प्राकृत और संस्कृत में ग्रंथों की रचना की। अहिंसा, अपरिग्रह और सत्य के सिद्धांतों ने यहाँ के लोकाचार में स्थान पाया।

छत्तीसगढ़ी लोककथाओं और कहावतों में जैन नैतिकता का प्रभाव दृष्टिगोचर होता है। 'जीव और अजीव' के सिद्धांतों ने स्थानीय दर्शन पर गहरा प्रभाव डाला।

**सामाजिक और आर्थिक प्रभाव –** छत्तीसगढ़ में जैन धर्म के अनुयायी प्राय: व्यापारी और शिल्पकार वर्ग से संबंधित रहे हैं। उन्होंने व्यापारिक केंद्रों, नगरों और तीर्थस्थलों के विकास में योगदान दिया।

जैन समाज ने शिक्षा, स्वास्थ्य और दान की परंपरा को बढ़ावा दिया। जैन धर्म की अहिंसा की भावना ने स्थानीय समाज में सद्भावना और सहअस्तित्व की भावना को प्रोत्साहित किया।

**जैन धर्म और छत्तीसगढ़ की लोकसंस्कृति –** जैन धर्म के आदर्श लोकसंस्कृति में रच-बस गये हैं। छत्तीसगढ़ी लोककला, लोकगीतों, नृत्यों और लोकरीतियों में जैन दर्शन की झलक मिलती है।

उदाहरण के लिए 'जीव दया' और 'सत्य की विजय' जैसे विषय लोकगीतों में बार-बार प्रकट होते हैं। जैन धर्म ने पशुहत्या, हिंसा और व्यसन के विरोध के माध्यम से छत्तीसगढ़ की सामाजिक चेतना को नया आयाम दिया।

**आधुनिक काल में जैन धर्म का पुनरुत्थान –** ब्रिटिश शासन काल के दौरान जैन समाज ने शिक्षा और सामाजिक सुधार में प्रमुख भूमिका निभाई। रायगढ़, बिलासपुर, दुर्ग, भिलाई और रायपुर में जैन समाज ने मंदिर, विद्यालय और सामाजिक संस्थाँ स्थापित कीं।

वर्तमान में श्री श्वेतांबर और दिगम्बर दोनों परंपराँ छत्तीसगढ़ में सक्रिय हैं। रायपुर का जैन दादाबाड़ी मंदिर, जांजगीर-चांपा का नेमिनाथ मंदिर, और राजनांदगांव का पार्श्वनाथ मंदिर प्रमुख तीर्थस्थल हैं।

**छत्तीसगढ़ में जैन धर्म का सांस्कृतिक प्रभाव –** भारत की सांस्कृतिक धारा में जैन धर्म का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। जैन धर्म न केवल आध्यात्मिक दर्शन के लिए जाना जाता है, बल्कि इसने भारतीय कला, स्थापत्य और मूर्तिकला को भी नई दिशा दी। छत्तीसगढ़, जो प्राचीन काल में दक्षिण कोशल के नाम से प्रसिद्ध था, जैन धर्म के प्रभाव से विकसित हुई कला का एक प्रमुख केंद्र रहा है। यहाँ की जैन मूर्तियाँ, मंदिर, और स्थापत्य शैली जैन धर्म की गहरी कलात्मक परंपरा को दर्शाते हैं।

छत्तीसगढ़ में जैन धर्म का प्रसार ईसा पूर्व तीसरी शताब्दी के आसपास माना जाता है। कलचुरी, पाण्डु, और नागवंशी शासकों के काल में जैन धर्म को संरक्षण प्राप्त हुआ। जैन मुनियों और श्रावकों ने न केवल धर्म का प्रचार किया, बल्कि कला और स्थापत्य के क्षेत्र में भी योगदान दिया।

छत्तीसगढ़ में जैन धर्म के प्रभाव से अनेक भव्य मंदिरों का निर्माण हुआ। इन मंदिरों की स्थापत्य शैली में सरलता, शांति और संतुलन का भाव झलकता है।

आरंग में स्थित भगवान आदिनाथ और पार्श्वनाथ की विशाल मूर्तियाँ अत्यंत प्रसिद्ध हैं। मंदिरों की शिल्पकला में जैन स्थापत्य के विशिष्ट लक्षण, सममितता, सुंदर तोरण, और मंडप स्पष्ट रूप से दिखाई देते हैं।

जैन धर्म ने छत्तीसगढ़ की मूर्तिकला को आध्यात्मिकता और शांति का सौंदर्य प्रदान किया। जैन प्रतिमाएँ प्राय: ध्यान मुद्रा या खड़े कायोत्सर्ग मुद्रा में बनाई जाती थीं, जो साधना और संयम का प्रतीक हैं। मूर्तियों में चेहरे का भाव शांत और गंभीर होता है, जो अहिंसा और समभाव की भावना को व्यक्त करता है। छत्तीसगढ़ की जैन मूर्तियाँ प्राय: बालू पत्थर और ग्रेनाइट से बनी होती थीं, जिन पर बारीक नक्काशी देखने को मिलती है। जैन मूर्तियों में लक्षण चिन्हों (जैसे सिंह, नंदी, ध्वज आदि) का विशेष ध्यान रखा गया है। यद्यपि छत्तीसगढ़ में प्राचीन जैन चित्रकला के बहुत कम उदाहरण मिले हैं, परन्तु मंदिरों की भित्तियों और स्तंभों पर की गई नक्काशियों में जैन कला के सिद्धांत झलकते हैं। जैन कला में सरल रेखाएँ, संतुलन, और रंगों का संयमित प्रयोग प्रमुख विशेषताएँ हैं।

छत्तीसगढ़ के कई पारंपरिक शिल्पकारों ने जैन मूर्तियों से प्रेरित होकर धातु और मृत्तिका कला में भी जैन प्रतिमाएँ बनाई हैं। जैन धर्म के मूल सिद्धांत – अहिंसा, अपरिग्रह, संयम और ध्यान ने कला को भौतिकता से ऊपर उठाकर आध्यात्मिकता से जोड़ा। यहाँ की जैन कला में बाहरी वैभव से अधिक आंतरिक शांति और संतुलन का भाव प्रकट होता है। यही इस क्षेत्र की कला की विशिष्टता है।

भारत की विविध सांस्कृतिक परंपराओं में जैन धर्म का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। जैन धर्म ने केवल धर्म और दर्शन के क्षेत्र में ही नहीं, बल्कि भाषा, साहित्य और अभिव्यक्ति के क्षेत्र में भी गहरा प्रभाव छोड़ा। छत्तीसगढ़, जो प्राचीन काल से ही विद्या और संस्कृति की भूमि रही है, वहाँ की भाषा और साहित्य पर भी जैन धर्म का विशेष प्रभाव देखा जा सकता है।

छत्तीसगढ़ प्राचीन काल में दक्षिण कोशल राज्य के नाम से प्रसिद्ध था। ईसा पूर्व तीसरी शताब्दी में यहाँ जैन धर्म का प्रवेश हुआ और धीरे-धीरे इसका प्रचार-प्रसार व्यापारिक नगरों तथा ग्रामीण समाज में हुआ।

जैन आचार्य, साधु और श्रावक समुदाय न केवल धर्म प्रचारक थे, बल्कि शिक्षा, लेखन और भाषा विकास के संवाहक भी बने। उनके द्वारा रचित ग्रंथों और उपदेशों ने छत्तीसगढ़ की भाषाई संस्कृति को समृद्ध किया।

जैन धर्म के साहित्य का मूल आधार प्राकृत भाषा रही है। महावीर स्वामी के उपदेश भी अर्धमागधी प्राकृत में थे।

जैन आचार्यों ने प्राकृत भाषा में अनेक धार्मिक ग्रंथ, सूत्र और कथाएँ रचीं।समय के साथ इन ग्रंथों का प्रभाव छत्तीसगढ़ क्षेत्र में बोली जाने वाली भाषाओं विशेषकर छत्तीसगढ़ी, हिंदी और अपभ्रंश पर पड़ा।

कई प्राकृत शब्द जैसे 'जिन', 'धम्म', 'सम्यक', 'कर्म', 'अहिंसा' आदि बाद में स्थानीय बोलचाल और साहित्य में भी प्रचलित हुए।

छत्तीसगढ़ी भाषा में आज भी कुछ शब्द जैन ग्रंथों की भाषाई परंपरा से मिलते-जुलते हैं।

**साहित्यिक परंपरा में योगदान –** जैन मुनियों ने छत्तीसगढ़ सहित मध्य भारत में साहित्यिक चेतना के प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जैन कवियों और आचार्यों ने धार्मिक ग्रंथों के साथ-साथ नीतिकथाएँ, लोककथाएँ, और चरित्र ग्रंथ भी लिखे।

इन रचनाओं का प्रभाव स्थानीय कवियों और भाटों पर पड़ा, जिन्होंने छत्तीसगढ़ी लोकसाहित्य में अहिंसा, सत्य और संयम जैसे जैन आदर्शों को अपनाया। जैन धर्म के प्रभाव से छत्तीसगढ़ी भाषा में संवाद शैली और सरल शब्दों का प्रयोग बढ़ा, जिससे यह आम जनता की भाषा बनी रही।

छत्तीसगढ़ की लोकभाषा में जैन धर्म से जुड़े कई शब्द, मुहावरे और कहावतें आज भी सुनने को मिलते हैं।

उदाहरण के लिए 'पाप कर्म' या 'पुण्य कर्म' जैसी अवधारणाएँ जैन दर्शन से ली गई हैं। 'अहिंसा परमो धर्म' जैसे विचार लोककथाओं और लोकगीतों में बार-बार दोहराए जाते हैं। इस प्रकार जैन धर्म ने छत्तीसगढ़ी भाषा में आध्यात्मिकता और नैतिकता की शब्दावली जोड़ी।

**शिक्षा और भाषा के प्रसार में भूमिका –** जैन समाज ने छत्तीसगढ़ में

पाठशालाओं और पुस्तकालयों की स्थापना की। इन संस्थानों में प्राकृत, संस्कृत, और हिंदी के साथ-साथ स्थानीय भाषाओं का भी अध्ययन कराया जाता था। इससे भाषा के प्रति लोगों की रुचि बढ़ी और साक्षरता तथा लेखन परंपरा का विकास हुआ। छत्तीसगढ़ की भाषा और साहित्य पर जैन धर्म का प्रभाव गहरा और स्थायी रहा है। इस धर्म ने भाषा को केवल अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं, बल्कि संयम, करुणा और सत्य के प्रचार का साधन बनाया। जैन धर्म की प्राकृत परंपरा ने छत्तीसगढ़ी भाषा की सादगी, सहजता और लोकधर्मी स्वरूप को सशक्त किया। 'जैन धर्म ने छत्तीसगढ़ की भाषा को शुद्धता, सरलता और मानवीय संवेदनाओं की शक्ति से समृद्ध किया।'

**जैन धर्म और पर्यावरण –** जैन धर्म की 'जीव दया' और 'अहिंसा परमो धर्म:' की भावना आज के पर्यावरणीय चिंतन से भी जुड़ी है। छत्तीसगढ़ के जैन समाज ने वृक्षारोपण, जल संरक्षण और स्वच्छता अभियानों में उल्लेखनीय भूमिका निभाई है।

**निष्कर्ष –** छत्तीसगढ़ में जैन धर्म का इतिहास केवल धार्मिक प्रसार की कथा नहीं, बल्कि संस्कृति, कला, साहित्य और समाज के विकास की कहानी है। यह धर्म इस क्षेत्र के नैतिक और सांस्कृतिक जीवन में गहराई से समाया हुआ है।

जैन धर्म की शिक्षाओं ने छत्तीसगढ़ की जनता को सदाचार, सहिष्णुता और करुणा के पथ पर अग्रसर किया। आज भी यह धर्म यहाँ की सामाजिक संरचना का अभिन्न अंग है।

जैन धर्म ने छत्तीसगढ़ की संस्कृति को मानवीयता, नैतिकता और कलात्मकता के मूल्यों से समृद्ध किया। छत्तीसगढ़ की कला में जैन धर्म का प्रभाव अत्यंत गहरा और स्थायी है। जैन धर्म ने यहाँ की मूर्तिकला, स्थापत्य, और शिल्प परंपरा को आत्मिकता और सौंदर्य की दृष्टि से समृद्ध किया। आज भी आरंग, सिरपुर, और मल्हार जैसे स्थानों की जैन मूर्तियाँ इस बात की साक्षी हैं कि छत्तीसगढ़ की कला पर जैन धर्म की शांत, संयमित और आध्यात्मिक भावना सदैव विद्यमान रही है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. शर्मा, आर-के- छत्तीसगढ़ का इतिहास, दिल्ली: नेशनल पब्लिशिंग हाउस, 2012.
2. दास, बी-,एन- जैन धर्म का इतिहास और दर्शन, वाराणसी भारती प्रकाशन, 2008.
3. त्रिपाठी, के-पी- सिरपुर की सांस्कृतिक धरोहर, रायपुर विश्वविद्यालय प्रकाशन, 2015.
4. गुप्ता, आर-सी- छत्तीसगढ़ के पुरातात्त्विक स्थल, भोपाल, मध्यप्रदेश पुरातत्व विभाग, 2009.
5. पांडेय, रामेश्वर, भारतीय धर्म दर्शन का इतिहास, प्रयागराज, लोकभारती, 2010.
6. छत्तीसगढ़ राज्य पुरातत्व एवं संस्कृति विभाग की वार्षिक रिपोर्ट (2018-2022).

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LI (51), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# सरदार वल्लभभाई पटेल और उनकी जेल यात्राएँ

**भावना पाटीदार***

* शोधार्थी (इतिहास) विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** सरदार पटेल का जीवन हमारे राष्ट्रीय संग्राम का जीवित इतिहास है। वही दुसरी और युवा पीढी के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। लोह पुरूष बहुप्रतिभा के धनी व्यक्ति थे। बिखरे हुए मोती की तरह भारत देश के बिखराव को आपस में समेटकर एक सुत्र में पिरोने का कार्य सरदार पटेल ने किया है। ऐसे व्यक्ति के जीवन की सफलता में आई उन कठीनाईयो पर मेरे द्वारा प्रस्तुत शोध में प्रकाश डालने का प्रयास किया गया है।

**प्रस्तावना –** भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के अठारह वर्ष बाद 31 अक्टूबर 1875 को गुजरात के खेडा जिले के नाडियाड में अहमदाबाद से लगभग 40 मील दक्षिण–पुर्व में एक बालक का जन्म हुआ। जिनका नाम वल्लभाई पटेल था।इनके ननिहाल में इनका जन्म हुआ। इनका पेतृक गाँव करमसद गुजरात के खेडा जिले की बोरसद तहसील में था। इनके पिता झवेरभाई गलाभाई पटेल तथा माता लाडबाई।वल्लभभाई पटेल अपने पिता के चोथे बेटे थे। इनके पिता आनंद से लगभग 5 मील दूर एक छोटे से गाँव करमसद के जमींदार थे।

वल्लभभाई के पिता ने 1857 के प्रथम स्वतंत्रता आन्दोलन में भाग लिया था। इस संबंध में महादेव देसाई ने वीरवल्लभभाई नामक पुस्तक में लिखा है– मल्हारराव होल्कर ने उन्हे कैद कर लिया था। कैद करके उन्हे अपने सामने बंधा हुआ रखकर एक बार मल्हारराव शतरंज खेल रहे थे जिस शतरंज में राजा गलत चाल चलते तब झवेर भाई कहते–'राजा, इस मोहरे को यूँ चलिए'। मल्हारराव चकित हो गए और केदी को छोडकर मित्र बना लिया। [1]

वल्लभभाई के चार भाई सेमाभाई नरसिंहभाई विठ्ठलभाई काशीभाई और एक बहन डालीबेन थी। गुजरात में हर पुरुष के आगे भाई व महिला के नाम में बेन अथवा बहन शब्द जोडकर आदर प्रदान किया जाता है।[2]

वल्लभभाई की स्कुल शिक्षा नाडियाद में हुई उनकी अन्याय के खिलाफ स्कुल में पहली हडताल थी। उनका बचपन घर के कामकाज में अधिक बिता उन्होने जीवन में जो भी काम हाथ में लिया उसे अंत तक पुरा पुरा निभाया।[3]

1910 ई में वल्लभभाई पटेल बेरीस्टरी पढने विलायत रवाना हुए। 1913 ई बेरीस्टर बनकर अपने ग्रह निवास लोटें अहमदाबाद से ही उन्होने अपनी वकालत शुरु की। शीघ्र ही वे अहमदाबाद के नामी बेरीस्टरो में गीने जाने लगे।[4]

वल्लभभाई का विवाह 1893 में झंवेर बा के साथ हुआ था विवाह के समय इनकी आयु 18 वर्ष थी। 1903 ई में उन्हे एक बेटी हुई जिनका नाम मणिबेन रखा गया। 1905 में उन्हे पुत्र हुआ जिसका नाम दह्याभाई रखा गया।

इन्ही दिनो गोधरा में प्लेग फेल गया जिसमे इनकी पत्नी की मृत्यु हो जाती है। पत्नी की मृत्यु के बाद आपने दुसरी शादी नही की। [5]

महात्मा गांधी की मृत्यु के पश्चात वल्लभभाई पटेल कमजोर होते चले गए। उनकी चिंताओ में वृद्धि के चलते उनका स्वास्थ खराब होता रहा। 12 दिसम्बर 1950 ई को सरदार पटेल ने दिल्ली को अलविदा कहा और बाम्बे लोट गए। शुक्रवार का दिल का दोरा उनके लिए घातक सिद्ध हुआं। 15 दिसम्बर 1950 को सरदार वल्लभभाई पटेल ने इस दुनिया से विदा ली।[6]

**जेल यात्राए–** स्वतंत्रता सेनिको तथा सत्याग्रहियो के लिए जेल जाना एक आम बात थी। उस समय जेल यात्रा को ससुराल यात्रा कहा करते थे। कुछ लोगो का यह भी कहना था कि भगवान श्रीकृष्ण का जन्म जेल में हुआ था अत: आजादी भी जेल में ही जन्म लेगी।

वल्लभभाई पटेल प्राय: कहा करते थे कि मेरी हाथ की रेखाओ में जेल जाना नही लिखा है। लेकिन जब गांधीजी ने जब नमक सत्याग्रह का आहवान किया तो उस लडाई का आरंभ सरदार की गिरफ्तारी से हुआ। गांधीजी ने नमक सत्याग्रह के लिए वारडोली तहसील के दांडी नामक समुद्र तट को चुना। सरदार ने तुरंत अपने प्रांत में आंदोलन की तेयारी शुरु कर दी। वे गॉव गॉव घुमकर किसानो को आंदोलन का महत्व समझाने लगे। इसी सिलसिले में 07 मार्च 1930 को सरदार गुजरात के एक गॉव रास में पहुचे वहा उन्हे सभा में व्याख्यान देना था लेकिन उस इलाके के कलेक्टर ने सरदार को नोटिस भेजा की आप भाषण नही देंगे। सरदार ने कलेक्टर के नोटिस को नजरंदाज कर भाषण दिया। फलत: सरदार पटेल को गिरफ्तार कर लिया गया इनकी यह पहली गिरफ्तार थी। बापु ने दांडी के लिए अहमदाबाद के साबरमती आश्रम से 12 मार्च 1930 को कुच किया उसके पाँच दिन पहले ही सरकार ने सरदार पटेल को तीन महीने की कैद के साथ ही 500 रु के जुर्माने की सजा सुनाई। वे जब साबरमती जेल जा रहे थे तब रास्ते में गांधीजी तथा अन्य आश्रमवासीयो से मिले थे। गांधीजी ने सरदार की जेल यात्रा के बारे में हिंदी नवजीवन में टिप्पणी लिखी जिसने गुजरातवासीयो को उनकी राह पर चलने के लिए ओर भी प्रोत्साहित किया। जब पटेल को बोरसाद से साबरमती जेल लाए तो रात के 8 बजे पहुचे थे। यही पर उन्होने अपनी आत्मकथा डायरी में लिखना शुरु किया। पटेल अपनी डायरी में लिखते है कि साबरमती जाते समय पुलिस अधिक्षक भी

उनके जेल जाने से दुखी थे उन्होने पटेल का रास्ते में बहुत ख्याल रखा। जेल में सरदार को बडा कष्ट उठाना पडा इन कष्टो की वजह से उनका वजन कम हो गया था। सरदार कहा करते थे कि –

**शुर संग्राम को देख भागे नही,**
**भागे सो शुर नही।**

सरदार भी अपनी तकलीफो से भागे नही साबरमती जेल में सरदार पटेल पोने चार माह रहे तथा 26 जुन को रिहा हुए। बाहर निकलने के बाद भी उन्होने अपना कार्य जारी रखा।

**दुसरी गिरफ्तारी–** सरदार पटेल जब जेल से छुटे तो उन्होने देखा की हिन्दुस्तान में सत्याग्रह जोरो से चल रहा है। जिसमे स्त्री पुरूष ओर छोटे छोटे बच्चे भी वीरता पुर्वक आंदोलन में भाग ले रहे है ओर पुलिस की लाठीयो का सामना हसते हसते कर रहे है।

धरसाणा ओर वडाला में भी मोर्चे लगे हुए थे इन स्थानो पर नमक बनाने के लिए बडी संख्या में सत्याग्रही जाते थे। ये सारे आंदोलन पं मोतीलाल नेहरू के सेनापतित्व में चल रहे थे कुछ दिनो बाद पं मोतीलाल नेहरू को सरकार ने गिरफ्तार कर लिया। नेहरू जी ने गिरफ्तार होते ही सरदार पटेल को नेतृत्व देने की घोषणा कर दी अब सरदार पर पुरे हिन्दुस्तान के आंदोलन का बोझ था। सरदार आंदोलन के संचालन के लिए बाम्बे पहुचे उन दिनो बम्बई आंदोलन का मुख्य केन्द्र बना हुआ था।

1 अगस्त को लोकमान्य तिलक की बरसी का दिन था देश भर में यह दिन बडी शान से मनाया लाता है। बम्बई में उस दिन बहुत बडा जुलुस निकाला गया इस जुलुस में सरदार पटेल, मालवीय जी, डॉ. हार्डिकर ओर उस प्रांत के मुस्लिम नेता भी शामिल हुए। सरकार ने इस जुलुस को विक्टोरीया टर्मिनस के आगे रोक दिया। जुलुस को वंही बंद करने को कहा तथा चारो तरफ से हथियारबन्द पुलिस का घेरा डाल दिया आंदोलनकारी वही बेठ गए शाम 4 से सुबह के 8 बजे तक वंही बेठे रहे। अन्त में सरकार ने जुलुस में शामिल सभी नेताओ को गिरफ्तार कर लिया ओर जुलुस में शामिल जनता पर बुरी तरह लाठीया बरसाई।

सरदार पटेल ओर अन्य नेताओ को गिरफ्तार कर मुकदमा चलाया गया। जिसमे 100 – 100 रूपये का जुर्माना ओर तीन महिने की सजा सुनाई गई। मालविय जी का जुर्माना किसी अन्य व्यक्ति ने दे दिया जिससे उन्हे रिहा कर दिया गया लेकिन सरदार पटेल ने जुर्माना भरने से मना कर दिया इस पर सरदार को फिर से जेल भेज दिया गया। पटेल जेल में भी साथीयो में उत्साह भरते थे।

कुछ दिनो बाद यानी 1931 ई के आरंभ में गांधी इरविन समझोता हुआ ओर सरकार ने कांग्रेस के आंदोलन में जेल में गए सभी राजनेतिक बंदियो को छोडना पडा। इसी समझोते के तहत सरदार पटेल भी रिहा हुए। उस वर्ष कराची में कांग्रेस का सालाना सम्मेलन हुआ जिसका अध्यक्ष सरदार पटेल को चुना गया।

1930 से जो जेल जाने का सिलसिला शुरू हुआ वह अनवरत चलता रहा। पहली जेल यात्रा 7 मार्च 1930 को हुई ओर वे 26 जुन 1930 को रिहा हुए। उसके बाद उसी साल 31 जुलाई को वे पुन: नजरबंद हुए ओर यरवदा जेल भेज दिए गए। 1932 – 33 में वे पुन: सोलह महिनो के लिए जेल में रहे। इसी बीच गांधी जी भी वही थे। इस जेल यात्रा के दोरान दोनो में गाढी मेत्री हुई तथा एक दुसरे को नजदिक से समझने का मोका मिला। इसी बीच सरदार की माता जी का देहावसान हो गया ओर वे उनके अंतिम दर्शन भी नहीं कर सके।

1934 में सरदार पटेल जेल से बाहर आए ओर तीन चार वर्षो तक बाहर रहकर कांग्रेस को मजबुत बनाने व बिटिश शासन को उखाड फेकने का कार्य सुचारू ठंग से किया। 1940 व 41 में वे पुन: जेल में बंद कर दिए गए। जब वे छुटकर बाहर आए तो गांधीजी के नेतृत्व में कांग्रेस ने अंग्रेजो भारत छोडो का प्रस्ताव पारित किया। इस प्रस्ताव को 8 अगस्त 1942 को पं जवाहरलाल नेहरू ने कांग्रेस महासमिति के सामने पेश किया जिसका ओजस्वी रूप से समर्थन सरदार पटेल ने किया 9 अगस्त 1942 को सरदार पटेल व अन्य नेताओ को गिरफ्तार कर लिया गया। सरदार पटेल गांधीजी के साथ अहमदनगर के किले में नजरबंद थे। इसी दौरान पटेल को उनके पुराने रोग ने जकड लिया तत्पश्चात 1945 में उनकी रिहाई हुई। सरदार नटेल की जेल यात्रा का समय यही समाप्त हुआ।

**उपसंहार –** राष्ट्रीय हित सरदार पटेल के लिए सदैव सर्वोपरी रहा। पद या सत्ता का लोभ उनको तनीक भी अपने लक्ष्य से विचलित नही कर सका। उन्होने समर्पित, साहसी, सत्याग्रही के रूप में राजनिति में प्रवेश किया तथा एक सक्षम संगठनकर्ता एवं कुशल प्रशासक के रूप में राष्ट्र को एकजुटता प्रदान की।

देश के महान पुरूष जिन्होने कठिन समय में भी साहस नही खोया ओर अनवरत देश की स्वतंत्रता में अपना योगदान दिया। ब्रिटिश सरकार की कष्टकारी यातनाओ के बावजुद कभी अपने कदमो को पिदे नहीं हटाया। ऐसे महान व्यक्तित्व के धनी पटेल जी के जीवन को आत्मसात कर हम अपने जीवन को सही मार्ग प्रदान कर सकते है।

राष्टवादी, व्यवहारकुशल राजनेता सरदार वल्लभ भाई पटेल का व्यक्तित्व व कृतित्व देशवासियो के लिए सर्वदा ज्योति स्तंभ बने रहेगा।

**संदर्भ ग्रंथ सुची :–**

1. Balray Krishna :- Sardar vallabh bhai patel India's Ironmen
2. शंकर दयाल सिंह :– लोहपुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल
3. Saggi P. D. :- Life and work of Sardar Vallabhbhai Patel
4. Patel I. J. :- Sardar Vallabhbhai patel
5. कुमार प्रयंक :– सरदार वल्लभभाई पटेल 2002
6. शंकर दयाल सिंह :– लोहपुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल
7. बंसल श्री रतनलाल :– सरदार वल्लभभाई पटेल पएक जीवनीब
8. रिजवी आबिद :– सरदार वल्लभभाई पटेल लोहपुरूष के जीवन का प्रेरणदायक दस्तावेज
9. गुप्ता डॉ. मोहनलाल :– सरदार वल्लभभाई पटेल पप्रेरक रोचक प्रसंगब

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LI (51), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# The Evolution of Feminist Thought in Indian English Fiction: A Study of Feminine Consciousness in the Novels of *Shashi Deshpande*

**Mr. Ankit** *

*Research Scholar, Madhav University, Pindwara (Sirohi) (Raj.) INDIA

**Abstract**- This research paper explores how feminist thought has developed in Indian English fiction especially through the novels of *Shashi Deshpande*. Her stories show how women in Indian society move from silence and dependence toward awareness and self-confidence. Deshpande does not show women as rebels but as ordinary individuals who begin to understand their own strength and identity. Through novels like *That Long Silence*, *The Dark Holds No Terrors*, and *Roots and Shadows*, she highlights the emotional struggles of women who face social pressure, gender inequality and the challenges of balancing family and personal freedom. Her writing presents feminism not as a fight against men but as a journey of inner growth, equalityand understanding. This study shows that Deshpande's works have helped shape modern feminist thinking in Indian English literature by giving women a clear and honest voice.
**Keywords:** Feminism, Patriarchy, Feminine Consciousness, Psychological Realism, Identity, Silence, Marriage, Selfhood.

**Introduction -** The growth of feminist ideas in Indian English fiction reflects how women's awareness and understanding of their place in society have slowly changed over time. In the beginningIndian society was strongly patriarchal and women were expected to live within certain limits, always depending on men for identity and respect but with changing times, education and exposure women began to recognize their individuality and self-worth. Indian English literature has played a major role in showing this transformation. It has captured the journey of womenfrom silent followers of tradition to independent thinkers who seek equality, dignity and personal freedom.

As Jyotismita Deka observes in *The Portrayal of Women in Indian English Literature*literature acts like a mirror that reflects social reality and transformation. Indian English fiction has become a bridge connecting India with the rest of the world allowing female voices to speak for themselves. Earlier women characters were often written by men and shown as symbols of sacrifice, patience and devotion. But later women writers began to tell their own stories, presenting the emotional truth of womanhood and questioning the unfair expectations of society.

Among the major Indian English writersShashi Deshpande stands as a powerful and sensitive voice who writes about the inner life of Indian women. Her novels explore the world of middle-class women who are educated, aware and thoughtful but are still bound by traditional duties. Deshpande's approach to feminism is not extreme or rebellious. Instead she believes in understanding the struggles of women from within. Her feminism is reformativeit aims to heal and rebuild rather than destroy. According to *Indian Women Writing in English: A Feminist Exploration* Deshpande's thought belongs to the liberal and humanist school of feminism which focuses on equality through awareness and gradual change rather than loud revolution.

Her novels such as *The Dark Holds No Terrors*, *That Long Silence*, *Roots and Shadows*, and *Small Remedies* show women living between the old and new worlds. They are not rebels by nature but through deep thinking and emotional growth they realize their strength and individuality. Her characters speak for millions of women in India who want to be understood as human beingscapable of love, doubt, strength and change.

The story of women's awakening in Indian English fiction starts during the colonial and early postcolonial period when literature was dominated by male writers. Writers like Raja Rao, R.K. Narayan and Mulk Raj Anand mostly showed women as ideal wives, mothers or victims of social injustice. Women were seen as background figures, depending on men for meaning and identity. But with the arrival of women writers like Kamala Markandaya, Anita Desai, Nayantara Sahgal and *Shashi Deshpande* Indian fiction entered a new era. These writers began to explore the mind and emotions

of women, giving importance to their inner voice and personal choices.

In *The Dark Holds No Terrors* Deshpande tells the story of Sarita a doctor who faces mental and emotional abuse in her marriage. Even though she is successful in her profession she suffers at home because her husband feels jealous and inferior. The novel shows how education and independence are not enough if society still expects a woman to be submissive. Sarita's fear of darkness becomes symbolic of her fear of her husband and of the judgment of society. However the same darkness also becomes a path toward understanding herself. Through her emotional journey she realizes that real freedom begins when a woman understands her fears and learns to face them. Deshpande shows that liberation is not always loudit can also come through quiet reflection and courage.

In *That Long Silence* Deshpande continues her study of women's inner struggles through Jaya a housewife who feels trapped between her duties as a wife and her desire to express herself. Her silence represents the silence of many Indian women who are taught to hide their pain and opinions to keep the family together. Through Jaya's story the novel questions the meaning of marriage, motherhood and duty. The long silence is both her suffering and her strengthit protects her for a while but also stops her from living freely. In the end Jaya begins to understand that breaking the silence is the first step toward freedom.

In *Roots and Shadows* Deshpande introduces Indu a young woman who is educated and modern but still connected to her family's traditions. The novel explores how she tries to balance her independence with her sense of responsibility. The older generation of women in her family accepts the patriarchal system without question but Indu's mind refuses to accept blind obedience. Her inner conflict represents the confusion of many Indian women who stand between tradition and modernity. Through Indu's realization that she must find her own path, Deshpande expresses her belief that feminism is not about rejecting one's roots but about finding strength within them.

Deshpande's novels are filled with small, reallife moments that show how women resist in quiet ways. Instead of showing women as rebels who fight society openly she presents them as thoughtful individuals who slowly begin to question, think and act differently. Her feminism is built on honesty, patience and understanding. She believes that real change happens not through anger but through self-awareness.

The advocates share with the judges the responsibility of maintaining order in the community. Law's nobility as a profession lasts only so long as the members maintain their commitment to integrity and service to the community Indeed, the monopoly conferred on the legal profession by Parliament is coupled with a responsibility-a responsibility towards the people. That is why the Apex Court has observed that strikes by advocates are illegal and that Courts must take a very serious view of strikes and calls for boycott. It was also observed that a protest on an issue involving dignity, integrity and independence of the Bar and judiciary, provided it does not exceed one day may be overlooked by Courts, who may turn a blind eye for that one day.

The lawyers can get redressal of their grievance by passing of resolutions, making representations and taking out silent processions, holding dharnas or to resort to relay fast, having discussion by giving T.V. interviews and press statements.

**Conclusion:** The ethical foundation of the legal profession is rooted in the fundamental duty to uphold justice, fairness, and the rule of law. Lawyers' strikes and boycotts of court proceedings, although sometimes motivated by genuine concerns, undermine judicial efficiency and violate core professional obligations. The Indian judiciary has consistently held that such strikes are illegal except in extremely exceptional situations threatening the legal system itself. Ensuring uninterrupted access to justice must remain paramount. Thus, a balanced approach—integrating ethical conduct, institutional reforms, and constructive communication—can harmonize advocates' rights with the justice needs of society. A more ethically committed and professionally accountable Bar is essential to sustaining public confidence in India's legal system.

**Suggestions:**

**(i) Strict Regulatory Enforcement-** The Bar Council of India must strictly enforce ethical guidelines and initiate disciplinary actions against unlawful strikes to maintain professional accountability.

**(ii) Alternative Mechanisms for Protest-** Lawyers should adopt lawful and constructive forms of protest such as representations, peaceful demonstrations outside court premises, or mediation with authorities rather than court boycotts.

**(iii) Ethics Training & Continuous Legal Education (CLE)-** Mandatory ethics and professional responsibility workshops should be conducted to promote awareness of duties toward clients and the judiciary.

**(iv) Strengthening Dialogue between Bar & Bench-** Institutional grievance redressal committees should be established to resolve conflicts promptly without disrupting judicial functioning.

**(v) Transparency within Bar Associations** -Decisions regarding collective actions must be democratic, avoiding political influence and prioritizing public interest.

**(vi) Client-Centered Approach-** Advocates should ensure that no protest affects a litigant's right to timely justice, especially in criminal, bail, and time-sensitive matters.

**References:-**

1. ALR 1923 Cal. 212.
2. A.LR. 1924 Rangoon 320.
3. ALR 1954 S.C. 10.
4. A.LR 1976 S.C. 242.
5. ALR 1984 S.C. 110.
6. A.LR. 1984 S.C. 618.
7. 1995 A.I.R. S.C.W. 2203.
8. A.LR. 2001 S.C. 207.
9. 1993 Cr. L.J. 636.
10. 1993 Cr. L.J. 1968.
11. (1994) 5 S.C.C. 557.
12. (1998) 8 S.C.C. 624.
13. A.I.R. 1999 S.C. 287.
14. (2000) 4 S.C.C. 465.

15. A.I.R. 2001 S.C. 207
16. A.I.R. 2003 S.C. 739 (2003) 2 S.C.C. 45
17. (1995) 2 Mad. L.W. 932
18. AIR 1984 SC 110
19. AIR 1984 SC 618 201995 AIR SCW 2203 21AIR 2001 SC 207
22. 1993 Cr. LJ 636
23. 1993 Cr. LJ 1968
24. (1994) 5 SCC 557
25. (1998) 8 SCC 624
26. AIR 1999 SC 287
27. (2000) 4 SCC 465
28. AIR 2001 SC 207
29. AIR 2003 SC 739
30. 1995, 2 Mad. L.W. 932
31. AIR 175 SC 2032
32. AIR 1995 Raj. 42
33. 1995 (2) Mad. LW 111

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LI (51), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# छत्तीसगढ़ राज्य के जनजातियों में वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम के प्रभाव का एक समाजशास्त्रीय अध्ययन

**आशिष कुमार* डॉ. एल.एस. गजपाल****

* शोधार्थी, समाजशास्त्र अध्ययन शाला, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.) भारत
** प्राध्यापक, समाजशास्त्र अध्ययन शाला, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.) भारत

**शोध सारांश –** छत्तीसगढ़ राज्य, जो भारत के मध्य में स्थित है, अपनी समृद्ध आदिवासी संस्कृति और विविध जनजातीय संरचना के लिए प्रसिद्ध है। राज्य में गोंड, उरांव, भतरा, कमार, बैगा, पहाड़ी कोरवा, भुंजिया, पंडो, अबूझमाड़िया आदि प्रमुख जनजातियाँ निवास करती हैं, जो मुख्यत: वन एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रहती हैं। 2011 की जनगणना के अनुसार, राज्य की कुल जनसंख्या का लगभग 30.62 प्रतिशत भाग अनुसूचित जनजातियों से संबंधित है। इन समुदायों में गरीबी, अशिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी और वित्तीय संसाधनों तक सीमित पहुँच जैसी समस्याएँ विद्यमान हैं, जिसके कारण वे आर्थिक दृष्टि से पिछड़े हुए हैं। इस परिप्रेक्ष्य में वित्तीय साक्षरता का अभाव उनके आर्थिक और सामाजिक विकास में प्रमुख बाधा बनता है।इस शोध का मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़ राज्य के गरियाबंद जिले में निवास करने वाली जनजातियों के बीच वित्तीय साक्षरता कार्यक्रमों के प्रभाव का समाजशास्त्रीय विश्लेषण करना है। अध्ययन में यह समझने का प्रयास किया गया है कि ये कार्यक्रम किस हद तक जनजातीय समुदाय के आर्थिक व्यवहार, बचत प्रवृत्ति, ऋण प्रबंधन, निवेश और सामाजिक सशक्तिकरण पर प्रभाव डाल रहे हैं।अध्ययन के लिए प्राथमिक और द्वितीयक दोनों प्रकार के आंकड़ों का उपयोग किया गया है। उत्तरदाताओं का चयन दैवनिर्देशन (लॉटरी) विधि से किया गया है। डेटा संग्रह प्रश्नावली, साक्षात्कार एवं पर्यवेक्षण विधियों के माध्यम से किया गया।अध्ययन से ज्ञात हुआ कि वित्तीय साक्षरता कार्यक्रमों ने जनजातीय समुदायों में बैंकिंग सेवाओं के उपयोग, बचत खातों की संख्या, और ऋण सुविधाओं की पहुँच में उल्लेखनीय वृद्धि की है। लगभग 50% उत्तरदाता अब बैंकिंग सेवाओं से परिचित हैं, जबकि 46% लोग औपचारिक ऋण सुविधाओं का लाभ उठा रहे हैं। इसके साथ ही स्वयं सहायता समूहों (SHG) के माध्यम से महिलाओं का सशक्तिकरण एवं सामुदायिक एकता में भी वृद्धि हुई है। तथापि, सांस्कृतिक रूढ़िवाद, भाषा अवरोध और सूचना की कमी जैसी चुनौतियाँ अभी भी बनी हुई हैं। अध्ययन निष्कर्ष रूप में दर्शाता है कि वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम जनजातीय समाज में आर्थिक जागरूकता और सामाजिक परिवर्तन के सशक्त साधन के रूप में उभर रहे हैं।

**शब्द कुंजी –** जनजातियों समाज, सामाजिक–संस्कृति, आर्थिक, वित्तीय साक्षरता, वित्तीय सुरक्षा, वित्तीय व्यवहार।

**प्रस्तावना –** छत्तीसगढ़ जनजाति बाहुल्य राज्य है जिसमें विभिन्न प्रकार की जनजातियां निवास करती है। छत्तीसगढ़ के बस्तर एवंसंभाग को जनजातियों का भूमि के नाम से जाना जाता है। छत्तीसगढ़ के जनजाति को भारतीय संविधान के अनुच्छेद–342 में अनुसूचित जनजातियों का प्रावधान दिया गया है। राज्य में 43 प्रकार के जनजाति पाई जाती है जो 161 और समूह में विभाजित जनसंख्या है। छत्तीसगढ़ राज्य के कुलजनसंख्या का 30.62 प्रतिशत जनजाति निवास करती है। छत्तीसगढ़ में कुल–7 विशेष पिछड़ी जनजाति समूह है जिसमें 5 जनजाति केन्द्र सरकार की जनजाति समूह अबुझमाडिया, बैग, बिरहोर, कमार और पहाड़ी कोरवा है। राज्य सरकार के द्वारा 2 जनजाति समूह पण्डो, भूजिया को विशेष पिछड़ी जनजाति समूह का दर्जा दिया गया है। वित्तीय साक्षरता का अर्थ – धन का उचित प्रबंध करना है। जिसमें किसी व्यक्ति के तर्क बुद्धि ,ज्ञान, कौशल के माध्यम से अपने आय और व्यय, बचन, निवेश, और ऋण का सही प्रबंध को शामिल किया गया है। वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम, जो धन प्रबंधन, बचत, निवेश, ऋण प्रक्रिया और डिजिटल बैंकिंग की समझ प्रदान करते हैं, इन समुदायों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और सामाजिक परिवर्तन लाने का एक महत्वपूर्ण साधन हैं। वित्तीय साक्षरता की आवश्यकता वर्तमान समय में जनजाति समाज द्वारा प्राप्त आय को बचत एवं प्रबंध करने का ज्ञान नहीं है।और डिजिटल बैंकिंग जैसे विषयों की समझ। भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री जन धन योजना, आत्मनिर्भर भारत अभियान और राज्य स्तरीय पहलों जैसे छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक की योजनाओं के माध्यम से जनजातीय क्षेत्रों में ऐसे कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। ये कार्यक्रम न केवल आर्थिक स्वावलंबन को बढ़ावा देते हैं, बल्कि सामाजिक संरचना में बदलाव लाते हैं, जैसे महिलाओं की भागीदारी बढ़ना और पारंपरिक अर्थव्यवस्था से आधुनिक संक्रमण। तथापि, जनजातीय समुदायों की सांस्कृतिक पृष्ठभूमि, भाषाई बाधाएं और भौगोलिक दुर्गमता इन कार्यक्रमों की प्रभावशीलता को प्रभावित करती हैं। समाजशास्त्रीय दृष्टि से यह अध्ययन इन कारकों का परीक्षण करेगा कि कैसे वित्तीय साक्षरता सामाजिक गतिशीलता, लिंग समानता और सामुदायिक एकता को प्रभावित करती है। यही कारण जनजाति समाज में प्राप्त आय और खर्च के बीच बचत का लेखा–जोखा करना और आय का सही प्रबंधन नहीं है। जनजाति समूह गैर व्यय ज्यादा कर देते हैं। इस अध्ययन से जनजाति समाज को वित्तीय साक्षरता के माध्यम से कब, कहां कैसे आय

को बचत करना है वर्तमान परिदृश्य में उपभोक्ता संचालित इस समाज में अधिक व्यय और आवेगपूर्ण खरीदारी के चक्र में फंसना आसान है। वित्तीय साक्षरता शिक्षित व्यक्तियों, नागरिकों, छात्रों को जिम्मेदारी से खर्च करने की आदत विकसित करने औरजरूरत और इच्छाओं के बीज अंतर समझने में मदद करती है। यह आवश्यक खर्चों और विवेकधीन खर्चों के मध्य अंतर करना सीख कर व्यक्तियों को एक विवेकपूर्ण विकल्प का चयन करता है।

**साहित्य का पुनरावलोकन**

परमेश्वर राव (2013) का अध्ययन आन्ध्र प्रदेश में ग्रामीण परिवार के बीज वित्तीय समावेश की स्थिति का अध्ययन किया है अध्ययन का उद्देश्य यह है कि आंन्ध्र प्रदेश के लिए वित्तीय समावेशन सूचकांक का अध्ययन करना एवं मंडल ब्लाक स्तर पर घरेलू स्तर पर वित्तीय समावेशन के सूचकांक का अनुमान लगाना वित्तीय समावेश के लिए सरकारी पहलू नीतिगत मुद्दों और चुनौतियां व्यावसायिक रणनीतियां ऋण वितरण चौनलों का अध्ययन करना इन्होंने आरबीआई सूचकांक शोध अध्ययन पद्धति का उपयोग किया है। अध्ययन में आन्ध्र प्रदेश के तीन जिलों के 6 मंडलों के 12 गांव को शामिल किया गया है जिसमें 780 परिवार का मल्टी स्तरी नमूनकरण तकनीक विधि के द्वारा साक्षात्कार अनुसूची उपकरण के माध्यम से आंकड़ों का संकलन किया गया है। शोध का सुझाव वित्तीय सेवाओं को प्रबंध होना चाहिए जिससे धन और बीमा सुविधा हो सके। बैंकिंग सेवा गांव-गांव में तेजी से आ सके, वित्तीय समावेश को बढ़ावा देने के लिए बैंकिंग प्रणाली को सरकार द्वारा प्रोत्साहन करना चाहिए। अपने अध्ययन में इस प्रकार सुझाव दिया है।

के बेंद्रे, अनुभा (2017) ने छत्तीसगढ़ के चयनित जिलों में लोगों की सेवानिवृत्ति योजना निर्णय लेने पर वित्तीय साक्षरता का अध्ययन किया गया है। अध्ययन का उद्देश्य यह दर्शाता है कि छत्तीसगढ़ के लोगों के लिए ठडथ्स् उज्ज्वल बहु कार्यात्मक ल्यूमिनेयर आधारित वित्तीय साक्षरता स्तर की गणना और विश्लेषण करना एवं छत्तीसगढ़ के लोगों के बीज वित्तीय साक्षरता फैलाने में बैंकों सरकारी संगठन गैर सरकारी संगठनों संस्थाओं का कथित संक्षेप प्रभाव का जांच करना। शोध में स्तरीकृत या2च्छिक नमूना पद्धति का प्रयोग किया गया है। छत्तीसगढ़ के 1422 लोगों पर वित्तीय साक्षरता का अध्ययन किया गया है। आंकड़ों का संकलन ऑनलाइन एवं ऑफलाइन के माध्यम से संकलन किया गया है। शोध का निष्कर्ष उत्तरदाताओं द्वारा अधिकांश रूप से नगद मोड पर वित्तीय लेनदेन पर रुचि रखते हैं। उत्तरदाता द्वारा मोबाइल, नेट बैंकिंग, पेटीएम, का उपयोग कम किया जाता है। अधिकांश लोग एल आई सी कराया है शोध का सुझाव सामाजिक उत्थान सहकारी संगठन गैर सरकारी संगठन को वित्तीय शिक्षा प्रदान करना चाहिए, बैंक और वित्तीय एजेंसियों को ग्रामीण शहरी क्षेत्र में वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देना चाहिए। शैक्षणिक संस्थानों में वित्तीय साक्षरता का कार्यक्रम चलाना चाहिए।

बालसुंदरी पी (2018) ने नीलगिरी जिले में जनजातीय परिवार का वित्तीय समावेशन और साक्षरता का अध्ययन किया है। अध्ययन का उद्देश्य यह दर्शाता है, कि अध्ययन क्षेत्र में जनजाति परिवारों के बीच वित्तीय साक्षरता और समावेशन के स्तर और वित्तीय सेवाओं का लाभ उठाने से जुड़े समस्याओं का पता लगाना एवम् आदिवासी परिवारों के लिए वित्तीय संस्थाओं द्वारा आयोजित वित्तीय साक्षरता करना एवं इन्होंने सर्वेक्षण एवं वर्णनात्मक शोध पद्धति का प्रयोग किया है तथा अपने अध्ययन में तमिलनाडु के निलगिरी जिले के चार विकासखंड के 10-10 गांवों के कुल 40 गांव का चयन जिसमे 582 परिवार के व्यक्तियों का साक्षात्कार अनुसूचियां का प्रयोग कर प्रश्नावली में बंद एवं खुली प्रश्नावली का उपकरण के माध्यम से तथ्यों का संकलित किया है स अध्ययन से यह निष्कर्ष निकलता है की जनजातियों में वित्तीय संस्थानों की बंद मानसिकता गरीब लोगों और अन्य बहिष्कृत लोगों द्वारा प्रोत्साहन तथा वित्तीय निर्माण समावेशन नीति तैयार करना गरीब महिलाओं को सशक्त बनाने और सरकारों को अपने लोगों के प्रति सेवा सुचारु रूप से पहचाना सीखना चाहिए उन्होंने अपने अध्ययन में यह सुझाव दिया है, की जनजाति के स्व सहायता समूह को वित्तीय प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए सार्वजनिक निजी बैंक को अपनी वित्तीय सेवा केंद्र जनजाति क्षेत्र में विस्तार करना चाहिए सहकारी बैंकों को उनके पुनर्वासन किया जाना और वित्तीय साक्षरता पर विशेष ध्यान देना चाहिए, कम दर पर ऋण देना चाहिए, ऑनलाइन बैंकिंग सेवा का धीरे-धीरे विकास करना चाहिए।

छेत्री, प्रमेश. (2019) ने दार्जिलिंग जिले में वित्तीय साक्षरता पहला और प्रभाव पर अध्ययन किया है स अध्ययन का उद्देश्य यह है, कि दार्जिलिंग जिले के वित्तीय साक्षरता के स्तर को मापना वित्तीय साक्षरता पहलों की जांच करना और भविष्य की दिशाएं सुलझाना दार्जिलिंग जिले पहाड़ी इन्होंने नमूना कारण विश्लेषणात्मक शोध पद्धति का उपयोग किया है इन्होने अपने अध्ययन में दार्जिलिंग जिले के पांच नगरपालिकाओं और 12 ब्लॉकों के 530 परिवारों के उत्तरदाताओं का यादृच्छिकृत नमूनाकारण तकनीक प्रश्नावली उपकरणों के माध्यम से तथ्यों का संकलन किया अध्ययन से यह निष्कर्ष निकलता है, कि वित्तीय साक्षरता देश के आर्थिक उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है स वैश्वीकरण के युग में वित्तीय ज्ञान न केवल सुविधा बन गया है स बल्कि सूचित उपभोक्ता विकल्प के लिए एक आवश्यक उपकरण बन गया है, और सलाह के प्रावधान से परे हैं इन्होंने अपने अध्ययन में यह सुझाव दिया है, कि इस डिजिटल युग में भारत नेटवर्क कनेक्टिविटी के मामले में पीछे रहा है, दार्जिलिंग के बहुत से जिले अभी तक इंटरनेट नहीं पहुंचा है वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम में लोगों के वित्तीय साक्षरता कक्षाओं में भाग लेने के लिए संभावना नहीं है, इन सभी को देखते हुए स्कूल पाठ्यक्रम में वित्तीय साक्षरता संभावना नहीं है।

मंजू (2021) ने छत्तीसगढ़ राज्य के ग्रामीण क्षेत्र में वित्तीय साक्षरता के स्तर का अध्ययन किया है। अध्ययन का उद्देश्य यह दर्शाता है कि छत्तीसगढ़ राज्य के ग्रामीण क्षेत्र में वित्तीय साक्षरता के स्तर का पता लगाना एवं ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले लोगों की सामाजिक जनसंख्या और उनकी वित्तीय समृद्धि के स्तर के बीच संबंध का पता लगाना है। शोध पद्धति में खोजपूर्ण और वर्णनात्मक डिजाइन का प्रयोग किया गया है। शोध का अध्ययन क्षेत्र राज्य के दो जिले के दो ब्लॉक में से 50-50 उत्तरदाताओ को चयन किया गया है।

**अध्ययन का उद्देश्य %**

1. अध्ययन गत जनजातियों की सामाजिक-संस्कृति स्थिति का अध्ययन करना।
2. अध्ययन गत जनजातियों की आर्थिक स्थिति का अध्ययन करना।
3. वित्तीय साक्षरता के प्रति जनजातियों को जागरूकता की स्थिति को अध्ययन करना।

**प्रस्तुत शोध की अध्ययन पद्धतिया**

**अध्ययन पद्धति –** शोध की प्रविधि अनुसंधान के लिए बहुत महत्वपूर्ण कड़ी होती है बिना इसके शोध कार्य नहीं किया जा सकता अनुसंधान के तथ्यों के स्रोत के आधार पर सही तथ्यों को सामने लाया जा सकता है सामाजिक अनुसंधान सामाजिक घटनाओं तथा सामाजिक समस्याओं से संबंधित है सामाजिक अनुसंधान की प्रकृति वैज्ञानिक होने के कारण हम अपने उद्देश्य सरलता से प्राप्त कर सकते हैं ज्ञान की प्राप्ति तभी संभव है जबकि योजना बंद तरीके से अनुसंधान कार्य का समापन संपादन किया जाए।

प्रस्तुत अध्ययन हेतु अध्ययन पद्धति को तीन भागों में बांटा गया है%

1. अध्ययन क्षेत्र का परिचय
2. उत्तरदाताओं का चुनाव
3. तथ्यों का प्रस्तुतीकरण

**1 शोध क्षेत्र का परिचय –** गरियाबंद जिला, छत्तीसगढ़ राज्य का एक नवगठित जिला है, जिसका गठन 1 जनवरी 2012 को रायपुर जिले से अलग करके किया गया था। इसका मुख्यालय गरियाबंद शहर में है। यह जिला 5,822.861 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला है और प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध है। इसके पड़ोसी जिले धमतरी, महासमुंद, और ओडिशा के नबरंगपुर, कालाहांडी, और नुआपाड़ा जिले हैं। जिले की उत्तरी सीमा महानदी नदी से मिलती है, जो राजिम के पास पैरी नदी के साथ संगम बनाती है। पैरी और सोढूर नदियां उत्तर की ओर बहती हैं और राजिम में त्रिवेणी संगम बनाती हैं, जिसे छत्तीसगढ़ का 'प्रयागराज' कहा जाता है, जहां प्रतिवर्ष माघ पूर्णिमा से महाशिवरात्रि तक राजिम कुम्भ मेला आयोजित होता है। जिले का 50.41% क्षेत्र वनों से आच्छादित है, जिसमें उदंती-सितानदी टाइगर रिजर्व और 2,935 वर्ग किलोमीटर का गरियाबंद वन शामिल है, जो साल और सागौन जैसे संसाधनों से समृद्ध है। जिले में सात तहसीलें-गरियाबंद, छुरा, मैनपुर, देवभोग, राजिम, अमलीपदर, और फिंगेश्वरऔर छह शहरी निकाय (एक नगर पालिका% गरियाबंदय पांच नगर पंचायत% राजिम, छुरा, फिंगेश्वर, देवभोग, कोपरा) हैं। 2011 की जनगणना के अनुसार, जिले की जनसंख्या 5,97,653 है, जिसमें 6.77% शहरी क्षेत्रों में रहते हैं, लिंगानुपात 1020 है, और साक्षरता दर 68.26% है। जनजातीय आबादी (36.14%) और अनुसूचित जातियां (17.97%) जिले की सामाजिक संरचना का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। राजिम का राजीव लोचन मंदिर, 7वीं शताब्दी के नाला वंश के राजा विलासतुंग से संबंधित, ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व का है। छुरा ब्लॉक के जटमई और घटारानी झरने पर्यटकों के लिए आकर्षण हैं। फिंगेश्वर ब्लॉक आधुनिक कृषि का केंद्र है। गरियाबंद का इतिहास ब्रिटिश काल में महासमुंद तहसील के अंतर्गत बिंद्रानवागढ़ तहसील के रूप में शुरू हुआ, जिसे बाद में प्रशासनिक सुविधा के लिए उप-तहसीलों में विभाजित किया गया। यह जिला अपनी प्राकृतिकसुंदरता,सांस्कृतिक धरोहर और जनजातीय जीवनशैली के लिए जाना जाता है

**2. उत्तरदाताओं का चुनाव–** अध्ययन हेतु भारत सरकार विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग आईआईटी भिलाई तथा पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा शासकीय फणीकेश्वरनाथ महाविद्यालय फिंगेश्वर में आयोजित कार्यशाला के 50 प्रतिभागियों के 50% का अर्थात 25 प्रतिभागियों का चयन दैवनिर्देशन की लॉटरी विधि से उत्तरदाताओं के रूप में किया गया हैप्रस्तुत अध्ययन हेतु तथ्यों का संकलन संचित साक्षात्कार अनुसूची उपकरण तथा अवलोकन प्रविधि के अध्ययन से किया गया है।

**3. तथ्यों का प्रस्तुतीकरण–** उत्तरदाताओं के प्रस्तुतीकरण हेतु तालिका विधि एवं अन्य सांख्यिकीय वीडियो का प्रयोग किया गया है तालिकाओं का विश्लेषण आवृत्ति प्रतिशत तथा दंड एवं रेखाचित्र की अध्ययन से किया गया है।

**शोध सामग्री एवं विधि–** इस शोध का क्षेत्र छत्तीसगढ़ राज्य का गरियाबंद जिला चुना गया है, जो जनजातीय बहुल क्षेत्र है। अध्ययन का मुख्य उद्देश्य जनजातीय समुदाय की सामाजिक-सांस्कृतिक एवं आर्थिक स्थिति का मूल्यांकन करना तथा उन्हें वित्तीय साक्षरता के प्रति जागरूक करना है। उत्तरदाताओं का चयन दैवनिर्देशन की लॉटरी विधि द्वारा किया गया है, जिससे निष्पक्षता सुनिश्चित हो सके। डेटा संकलन के लिए मुख्य रूप से प्राथमिक आंकड़ों का उपयोग किया गया है, जिसमें प्रत्यक्ष साक्षात्कार, प्रश्नावली एवं समूह चर्चा जैसी विधियाँ सम्मिलित हैं। इसके अतिरिक्त, आवश्यकता अनुसार द्वितीयक आंकड़ों का भी प्रयोग किया गया है, जो विभिन्न सरकारी रिपोर्टों, जनगणना आंकड़ों एवं पूर्व प्रकाशित शोधों से प्राप्त किए प्रस्तुत शोध अध्ययन में जनजातियों में वित्तीय साक्षरता महत्वपूर्ण कौशल है। उत्तरदाताओं की आयु 15 से 25 वर्ष तक है जिसमें 20 महिला एवं 5 पुरुष को लिया गया है। और 11 अनुसूचित जनजातीय 2 अनुसूचित जाति तथा 12 अन्य पिछड़ा वर्ग से लिया गया है। चयनित उत्तरदाताओं की सामाजिक सांस्कृतिक, आर्थिक एवं वित्तीय साक्षरता की जागरूकता का अध्ययन किया गया है। अधिकतर उत्तरदाताओं को टीवी, मोबाइल, न्यूज पेपर आदि विज्ञापन के माध्यम से वित्तीय साक्षरता का जानकारी प्राप्त होती है। सभी उत्तरदाताओं के पास बैंक खाता एवं मोबाइल फोन का उपयोग करते हैं और उत्तरदाताओं ने ऑनलाइन के माध्यम से खरीदी बहुत ही कम करते हैं।

**शोध में प्राप्त आंकड़ों का विवरण**

**सारणी क्र. 1 : में उत्तरदाताओं की शिक्षा का विवरण**

| क्र. | उत्तरदाताओं की शिक्षा की स्थिति | आवृत्ति | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1 | स्नातक | 06 | 24 |
| 2 | स्नातकोत्तर | 19 | 76 |
| | कुल योग | 25 | 100 |

स्त्रोत- प्राथमिक आंकड़ों पर आधारित




उपरोक्त सारणी में उत्तरदाताओं की शिक्षा की स्थिति का विवरण को स्पष्ट किया गया है। जिसमें कुल 25 उत्तरदाओं में से 24 प्रतिशत (06) उत्तरदाता स्नातक की है और 76 प्रतिशत उत्तरदाता (19) उत्तरदाता स्नातकोत्तर की शिक्षा प्राप्त की है। अध्ययन से यह स्पष्ट होता है कि अध्ययन क्षेत्र में शिक्षा का स्तर अच्छी है।

**सारणी क्र. 2 : उत्तरदाताओं की व्यवसाय का विवरण**

| क्र. | उत्तरदाताओं की व्यवसाय की स्थिति | आवृत्ति | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1 | कृषि | 07 | 68 |
| 2 | मजदूरी | 05 | 20 |
| 3 | शासकीय नौकरी | 01 | 04 |
| 4 | स्वयं का व्यवसाय | 02 | 08 |
| | कुल योग | 25 | 100 |

स्त्रोत- प्राथमिक आंकड़ों पर आधारित




उपरोक्त सारणी में उत्तरदाताओं की व्यवसाय की स्थिति का विवरण को स्पष्ट किया गया है। जिसमें कुल 25 उत्तरदाता में से 68 प्रतिशत (17) उत्तरदाता कृषि का कार्य करते हैं 20 प्रतिशत उत्तरदाता (05) उत्तरदाता मजदूरी का कार्य करते हैं 04 प्रतिशत (01) उत्तरदाता शासकीय सेवा में कार्यरत हैं तथा 08 प्रतिशत (02) उत्तरदाता स्वयं का व्यवसाय कर रहे हैं। अध्ययन से यह स्पष्ट होता है कि सबसे अधिक 68 प्रतिशत (17) उत्तरदाता कृषि कार्य करते हैं और सबसे कम शासकीय सेवा में 04 प्रतिशत (01) उत्तरदाता है।

**सारणी क्र. 3 : में उत्तरदाताओं की मासिक आय का विवरण**

| क्र. | उत्तरदाताओं की मासिक आय की स्थिति | आवृत्ति | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1 | 2000-4000 | 08 | 32 |
| 2 | 4000-6000 | 04 | 16 |
| 3 | 6000-8000 | 02 | 08 |
| 4 | 8000-10000 | 04 | 16 |
| 5 | 10000-12000 | 02 | 08 |
| 6 | 12000-14000 | 02 | 08 |
| 7 | 14000-16000 | 03 | 12 |
| | कुल योग | 25 | 100 |

स्त्रोत- प्राथमिक आंकड़ों पर आधारित




उपरोक्त आंकड़ों से स्पष्ट होता है कि उत्तरदाताओं की मासिक आय में विविधता है। सर्वाधिक 32% उत्तरदाता रू2000-रू4000 की आय श्रेणी में आते हैं, जो दर्शाता है कि यह आय वर्ग सर्वाधिक सामान्य है। इसके बाद रू4000-रू6000 और क्रू8000-रू 10000 आय वर्ग में प्रत्येक 16% उत्तरदाता हैं। रू6000-रू8000, रू10000-रू12000, और रू12000-रू 14000 की श्रेणियों में प्रत्येक 8% उत्तरदाता हैं, जबकि रू14000-रू 16000 आय वर्ग में 12% उत्तरदाता शामिल हैं। कुल मिलाकर, 25 उत्तरदाताओं के उत्तरों के आधार पर यह आंकड़े प्रस्तुत किए।

**सारणी क्र. 4 : उत्तरदाताओं की बैंक खाता एवं ऑनलाइन भुगतान जानकारी का विवरण**

| क्र. | उत्तरदाताओं की शिक्षा की स्थिति | आवृत्ति | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1 | बैंक खाता से ऑनलाइन भुगतान | 08 | 32 |
| 2 | परिवार के सदस्यों के पास बैंक खाता | 17 | 68 |
| | कुल योग | 25 | 100 |

स्त्रोत- प्राथमिक आंकड़ों पर आधारित




उपरोक्त सारणी में उत्तरदाताओं की शिक्षा की स्थिति का विवरण को स्पष्ट किया गया है। जिसमें कुल 25 उत्तरदाओं में से 100 प्रतिशत (25) उत्तरदाता बैंक खाता से ऑनलाइन भुगतान करते हैं तथा 100 प्रतिशत उत्तरदाता (25) उत्तरदाता परिवार के सदस्यों के पास बैंक खाता उपलब्ध है। अध्ययन से यह स्पष्ट होता है कि अध्ययन क्षेत्र में बैंक खाता एवं ऑनलाइन भुगतान जानकारी 100 प्रतिशत मिल चुका है।

| क्र. | स्थिति | स्तर | आवृत्ति | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कार्यक्रम जानकारी का स्रोत | 1 पंचायत | 4 | 16 |
| | | 2 मित्र | 6 | 24 |
| | | 3 जिला कार्यालय | 2 | 08 |
| | | 4 मीडिया | 13 | 52 |
| 2 | मोबाइल उपकरण की जानकारी होना | 1 हाँ | 25 | 100 |
| | | 2 नहीं | 00 | 00 |
| 3 | मोबाइल का प्रकार | 1 कीपेड | 01 | 04 |
| | | 2 स्मार्ट फोन | 24 | 96 |
| 4 | मोबाइल रखने का उद्देश्य | 1 केवल कॉल करने के लिए | 05 | 20 |
| | | 2 इंटरनेट का उपयोग करने के लिए | 02 | 08 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | 3 रेडियो के उपयोग हेतु | 01 | 04 |
| | | 4 सभी के लिए | 17 | 68 |
| 5 | बैंक से सम्बंधित जानकारी मोबाइल पर | 1 फोन पर बैंक सम्बंधित जानकारी | 13 | 52 |
| | | 2 परिवार के सदस्य के पास बैंक खाता | 12 | 48 |
| 6 | बैंक खाता रखने का उद्देश्य | 1 वेतन पाने के लिए | 02 | 08 |
| | | 2 धन को सुरक्षित रखने के लिए | 08 | 23 |
| | | 3 सरकार के तहत लाभ प्राप्त | 06 | 24 |
| | | 4 ऋण प्रयोजन के लिए | 02 | 08 |
| | | 5 सभी के लिए | 07 | 28 |
| 7 | नकद निकासी/ जमा के जिए | 1 व्यक्तिगत रूप से | 02 | 08 |
| | | 2 एटीएम उपयोग | 02 | 08 |
| | | 3 दोनों | 21 | 84 |
| 8 | पैसे लेन-देन के लिए कौन से तकनीक का उपयोग | 1 भीम एप | 02 | 08 |
| | | 2 पेटीएम एप | 04 | 16 |
| | | 3 फोन पे | 11 | 44 |
| | | 4 गूगल पे | 04 | 16 |
| | | 5 कुछ नही | 04 | 12 |

| | | | हाँ / | प्रतिशत | नहीं / | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | ऑनलाइन के माध्यम से पेमेंट करना | 1 किराना समान | 15 | 60 | 10 | 40 |
| | | 2 मोबाइल रिचार्ज | 12 | 48 | 13 | 52 |
| | | 3 बस रेल टिकट | 01 | 04 | 24 | 96 |
| | | 4 मेडिकल स्टोर | 07 | 28 | 18 | 72 |
| | | 5 स्टेसनरी क्रय | 04 | 16 | 21 | 84 |
| | | 6 पान दुकान गुटखा खरीदी | 00 | 00 | 25 | 100 |
| | | 7 डेली निड्स समान | 03 | 12 | 22 | 88 |
| | | 8 सब्जी खरीदी | 06 | 24 | 19 | 76 |
| | | 9 कपड़े खरीदी | 10 | 40 | 15 | 60 |
| | | 10 गाड़ी मे पेट्रोल /डीजल | 05 | 20 | 20 | 80 |
| | | 11 बस किराया/ सिनेमा टिकट | 03 | 12 | 22 | 88 |
| | | 12 रिस्तेदारो को पैसे भेजने | 12 | 48 | 13 | 52 |
| | | 13 अन्य खरीदी | 14 | 56 | 11 | 44 |

उपरोक्त आंकड़ों से स्पष्ट होता है कि अधिकांश उत्तरदाता आधुनिक डिजिटल साधनों से अच्छी तरह परिचित हैं। मोबाइल फोन का उपयोग 100% लोगों द्वारा किया जा रहा है, जिनमें से 96% स्मार्टफोन उपयोगकर्ता हैं। सूचना का प्रमुख स्रोत मीडिया (52%) है, और लोग बैंक संबंधी कार्यों के लिए भी मोबाइल का सक्रिय रूप से उपयोग कर रहे हैं। डिजिटल पेमेंट के लिए फोन पे, पेटीएम और गूगल पे जैसी सेवाएँ लोकप्रिय हैं, हालांकि कुछ लोग अभी भी इन तकनीकों का उपयोग नहीं करते। ऑनलाइन भुगतान का उपयोग किराना, कपड़े और अन्य आवश्यक वस्तुओं की खरीद में बढ़ता दिख रहा है, परंतु बस-रेल टिकट, पान दुकान या पेट्रोल जैसी सेवाओं में इसका उपयोग अपेक्षाकृत कम है। कुल मिलाकर, यह डेटा ग्रामीण या स्थानीय समुदाय में डिजिटल साक्षरता और मोबाइल-आधारित वित्तीय लेन-देन की बढ़ती स्वीकृति को दर्शाता है।

**निष्कर्ष –** अध्ययन के निष्कर्षों से यह स्पष्ट होता है कि छत्तीसगढ़ राज्य के गरियाबंद जिले में चलाए जा रहे वित्तीय साक्षरता कार्यक्रमों ने जनजातीय समुदायों के आर्थिक और सामाजिक जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। पारंपरिक रूप से आर्थिक रूप से पिछड़े माने जाने वाले इन समुदायों में अब वित्तीय जागरूकता धीरे-धीरे बढ़ रही है। अध्ययन से ज्ञात हुआ कि वित्तीय साक्षरता कार्यक्रमों के माध्यम से लगभग 50 प्रतिशत उत्तरदाता अब बैंकिंग सेवाओं से परिचित हैं, जबकि 46 प्रतिशत लोग औपचारिक ऋण सुविधाओं का लाभ उठा रहे हैं। इससे यह संकेत मिलता है कि इन कार्यक्रमों ने जनजातीय समुदायों में वित्तीय संस्थानों के प्रति विश्वास बढ़ाया है। इसके अतिरिक्त, स्वयं सहायता समूहों (SHG) के माध्यम से महिलाओं में आर्थिक आत्मनिर्भरता और निर्णय लेने की क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जिससे सामाजिक सशक्तिकरण और सामुदायिक एकता को भी बल मिला है।हालांकि, अध्ययन यह भी दर्शाता है कि वित्तीय साक्षरता के क्षेत्र में अभी कई चुनौतियाँ बनी हुई हैं। भाषा की विविधता, सांस्कृतिक परंपराएँ, रूढ़िवादी दृष्टिकोण और सूचना तक सीमित पहुँच इन कार्यक्रमों के प्रभाव को पूरी तरह से साकार होने से रोकती हैं। कई जनजातीय परिवारों में अभी भी औपचारिक बैंकिंग तंत्र के प्रति झिझक और अविश्वास देखा जाता है। इसके बावजूद, यह तथ्य महत्वपूर्ण है कि वित्तीय साक्षरता पहलें जनजातीय समाज को आर्थिक रूप से सशक्त करने, गरीबी घटाने और सामाजिक परिवर्तन की दिशा में अग्रसर करने का कार्य कर रही हैं। अत% कहा जा सकता है कि यदि इन कार्यक्रमों को स्थानीय भाषाओं और सांस्कृतिक संदर्भों के अनुरूप अधिक प्रभावी ढंग से लागू किया जाए, तो ये छत्तीसगढ़ के जनजातीय समाज के समग्र विकास के लिए एक स्थायी और सशक्त साधन बन सकते हैं।

**सुझाव–** अध्ययन के आधार पर छत्तीसगढ़ के जनजातीय समुदायों में वित्तीय साक्षरता को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु निम्नलिखितसुझाव प्रस्तुत किए जा सकते हैं

1. वित्तीय साक्षरता कार्यक्रमों को स्थानीय जनजातीय भाषाओं में आयोजित किया जाए ताकि लोग विषयवस्तु को बेहतर ढंग से समझ सकें।
2. समुदाय के ही विश्वसनीय व्यक्तियों या स्वयंसेवकों को प्रशिक्षित कर उन्हें कार्यक्रमों में शामिल किया जाए, जिससे लोगों में विश्वास और सहभागिता बढ़े।
3. केवल बैंकिंग जानकारी तक सीमित न रहकर बजट प्रबंधन, बचत, निवेश, बीमा एवं डिजिटल भुगतान जैसी व्यावहारिक जानकारी दी जाए।
4. स्वयं सहायता समूहों (SHG) के माध्यम से महिलाओं को वित्तीय

निर्णयों में सशक्त बनाने हेतु विशेष प्रशिक्षण और संसाधन उपलब्ध कराया जाये।

5. सरकारी योजनाओं और गैर-सरकारी संगठनों के प्रयासों में तालमेल स्थापित किया जाए ताकि संसाधनों का दोहराव न हो और लाभ अधिकतम लोगों तक पहुँचे।
6. कार्यक्रमों की समय-समय पर समीक्षा की जाए ताकि उनके प्रभाव का आकलन कर सुधारात्मक कदम उठाए जा सकें।
7. जनजातीय क्षेत्रों में बैंकिंग सुविधाएँ, एटीएम, मोबाइल नेटवर्क और इंटरनेट कनेक्टिविटी को मजबूत किया जाए ताकि डिजिटल वित्तीय सेवाओं का अधिकतम उपयोग हो सके।
8. प्रशिक्षण सामग्री और पद्धति को जनजातीय संस्कृति और परंपराओं के अनुरूप बनाया जाए ताकि कार्यक्रम अधिक स्वीकार्य और प्रभावी हो सकें।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. के परमेश्वर राव 2013, अध्ययन आंध्रप्रदेश में ग्रामीण परिवार के बीच वित्तीय समावेशन की स्थिति का अध्ययन के विशेष संदर्भ में शोध प्रबंध शोधगंगा इनफिलेबनेट ए.सी.इन.पेज-29, 353,
2. बेंद्रे अनुभव 2017 छत्तीसगढ़ के चयनित लिले में लोगों की सेवानिवृत्ति योजना निर्णय लने पर वित्तीय साक्षरता का अध्ययन विशेष संदर्भ में शोध प्रबंध शोधगंगा इनफिलेबनेट ए.सी.इन.पेज-32, 250,
3. सिंह आनंद 2017 अध्ययन भारत में वित्तीय समावेशन और किसान का अध्ययन विशेष संदर्भ में शोध प्रबंध शोधगंगा इनफिलेबनेट ए.सी.इन.पेज-32, 33,
4. कंबोज स्मृति 2017 वित्तीय साक्षरता और निवेश व्यवहार पर इसके प्रभाव का अध्ययन विशेष संदर्भ में शोध शोधगंगा इनफिलेबनेट ए.सी.इन.पेज-57, 160,
5. बालसुंदरी पी 2018 निलगिरी जिले में जनजाति परिवार का वित्तीय समावेशन और साक्षरता का अध्ययन विशेष संदर्भ में शोध प्रबंध शोधगंगा इनफिलेबनेट ए.सी.इन.पेज-05, 168,

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LI (51), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# कमार जनजातियों के बीच आर्थिक सशक्तिकरण और सतत आजीविका : छत्तीसगढ़ में ग्रामीण विकास परिप्रेक्ष्य में एक केस अध्ययन

**कृति वर्मा* आशिष कुमार** डॉ. एल.एस. गजपाल*****

* शोधार्थी, क्षेत्रीय अध्ययन शाला, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.) भारत
** शोधार्थी, समाजशास्त्र अध्ययन शाला, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.) भारत
*** प्राध्यापक, समाजशास्त्र अध्ययन शाला, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.) भारत

**शोध सारांश** – यह अध्ययन इस बात की जांच करता है कि छत्तीसगढ़ के ग्रामीण क्षेत्रों में पाए जाने वाले विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह (पीवीटीजी) कमार जनजातियों में आर्थिक सशक्तिकरण और स्थायी आजीविका कैसे परस्पर क्रिया करती हैं। इस अध्ययन का उद्देश्य यह समझना है कि सरकारी पहल, एनजीओ कार्यक्रम और समुदाय-आधारित परियोजनाओं सहित ग्रामीण विकास गतिविधियां, कमार लोगों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति को कैसे प्रभावित करती हैं। केस स्टडी दृष्टिकोण का उपयोग करते हुए, पेपर पारंपरिक आजीविका रणनीति, कमाई पैदा करने वाली गतिविधियों में बदलाव, शिक्षा और स्वास्थ्य देखभाल सेवा के उपयोग तक पहुंच और स्थानीय शासन संस्थानों में भागीदारी की जांच करता है। प्राथमिक डेटा धमतरी और गरियाबंद जिलों के चुने हुए गांवों में हुए क्षेत्रीय सर्वेक्षणों, साक्षात्कारों और फोकस समूह चर्चाओं का उपयोग करके एकत्र किया गया था। निष्कर्षों से पता चलता है कि हालांकि कुछ विकास प्रयासों के अनुभव से बुनियादी सेवाओं तक पहुंच में सुधार हुआ है और आजीविका की संभावनाएं बढ़ी हैं, भूमि विस्थापन, जागरूकता की कमी और सीमित बाजार पहुंच जैसी चुनौतियां स्थायी आर्थिक प्रगति में बाधा बनी हुई हैं। लेख समग्र, सांस्कृतिक रूप से संवेदनशील और भागीदारीपूर्ण ग्रामीण विकास नीतियों को बढ़ावा देने के साथ समाप्त होता है जो दीर्घकालिक आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए कमार जनजातियों की जरूरतों और आकांक्षाओं को संबोधित करता है।

**शब्द कुंजी** –आर्थिक सशक्तिकरण, सतत आजीविका, सामाजिक-आर्थिक स्थितियां, आजीविका विविधीकरण, पारंपरिक प्रथाएं, स्वदेशी समुदाय।

**प्रस्तावना** – कमार जनजाति भारत के विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) में से एक है, जो मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ के मध्य-पूर्वी जिलों, जैसे गरियाबंद, महासमुंद और धमतरी में रहते हैं। जनजातीय अनुसंधान और प्रशिक्षण संस्थान (टीआरटीआई) द्वारा किए गए जनजातीय अध्ययनों और क्षेत्र सर्वेक्षणों के आंकड़ों के अनुसार, कमार एक वन-निर्भर जनजातीय समुदाय है, जिसकी पारंपरिक अर्थव्यवस्था स्थानांतरित खेती, वन उपज संग्रह, मछली पकड़ने और मजदूरी पर आधारित है। उनकी आबादी अपेक्षाकृत कम है, अनुमानित रूप से लगभग 35,000 (जनगणना 2011 और राज्य-स्तरीय टीआरटीआई डेटा), और वे मुख्य रूप से कमार बोली बोलते हैं, जो स्थानीय छत्तीसगढ़ी भाषा का एक रूप है। जनजाति पितृसत्तात्मक और अंतर्विवाही है, हिंदू रीति-रिवाजों के साथ-साथ जीववादी मान्यताओं का पालन करती है और स्थानीय देवताओं और प्रकृति आत्माओं की पूजा करती है। सामाजिक-आर्थिक रूप से, कमार को कम साक्षरता दर, उच्च गरीबी स्तर, कुपोषण, स्वास्थ्य और शिक्षा सेवाओं तक खराब पहुंच और भूमि हस्तांतरण सहित कई कमजोरियों का सामना करना पड़ता है। इन चुनौतियों को स्वीकार करते हुए, भारत सरकार और छत्तीसगढ़ राज्य ने पीवीटीजी विकास कार्यक्रम के तहत विशेष कल्याणकारी योजनाएं लागू की हैं, जिनमें आवास, शिक्षा, कौशल विकास और स्वास्थ्य आउटरीच तक पहुंच शामिल है। इन प्रयासों के बावजूद, टीआरटीआई रिपोर्टें कमार जनजाति के सतत विकास और सांस्कृतिक संरक्षण को सुनिश्चित करने के लिए अधिक समावेशी और समुदाय-विशिष्ट हस्तक्षेप की आवश्यकता पर प्रकाश डालती रहती हैं।

परंपरागत रूप से, कमार जनजाति वन-आधारित आजीविका पर निर्भर रही है, जिसमें लघु वन उत्पादों का संग्रह, शिकार और निर्वाह कृषि शामिल है। हालाँकि, तेजी से हो रहे सामाजिक-आर्थिक परिवर्तनों, वनों की कटाई और विकास कार्यक्रमों के कार्यान्वयन के कारण, उनकी पारंपरिक जीवनशैली तेजी से खतरे में है। इस परिदृश्य में, ग्रामीण विकास पहल उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थितियों में सुधार और आर्थिक सशक्तिकरण और स्थायी आजीविका को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक है। आर्थिक सशक्तिकरण को व्यक्तियों या समुदायों की सूचित विकल्प बनाने और उन विकल्पों को वांछित कार्यों और परिणामों में बदलने की क्षमता के रूप में परिभाषित किया गया है, विशेष रूप से आय-सृजन के अवसरों, शिक्षा और संपत्तियों तक पहुंच के माध्यम से। इसके विपरीत, टिकाऊ आजीविका उन तरीकों से जीवन को सुरक्षित करने की क्षमता को संदर्भित करती है जो दीर्घकालिक रूप से पारिस्थितिक रूप से व्यवहार्य, आर्थिक रूप से प्रभावी और सामाजिक रूप से न्यायसंगत हों।

इस शोध का उद्देश्य कमार जनजातियों के लिए ग्रामीण विकास के ढांचे के भीतर दो अवधारणाओं–आर्थिक सशक्तिकरण और टिकाऊ आजीविका–के अभिसरण की जांच करना है। यह कमार आबादी के आर्थिक मार्गों पर विभिन्न सरकारी पहलों, एनजीओ गतिविधियों और समुदाय–संचालित प्रयासों के प्रभाव का विश्लेषण करता है। छत्तीसगढ़ के धमतरी और गरियाबंद जिलों के विशिष्ट गांवों पर ध्यान केंद्रित करके, यह अध्ययन आदिवासी विकास में वास्तविक दुनिया की स्थितियों, बाधाओं और संभावनाओं पर प्रकाश डालने के लिए एक केस स्टडी पद्धति का उपयोग करता है। प्रासंगिक रूप से प्रासंगिक, समावेशी और भागीदारीपूर्ण विकास रणनीतियों की आवश्यकता तेजी से जरूरी हो गई है, खासकर कमार जैसे हाशिए पर रहने वाले समूहों के लिए। प्रभावी और टिकाऊ ग्रामीण विकास नीतियों को विकसित करने के लिए उनकी वर्तमान आजीविका प्रथाओं, आर्थिक भागीदारी की चुनौतियों और भविष्य की आकांक्षाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करना महत्वपूर्ण है।

वैश्विक कृषि फसल उत्पादन प्रणाली तकनीकी प्रगति, जलवायु परिवर्तन, संसाधनों की कमी और आबादी की बढ़ती जरूरतों और मांगों के कारण क्रमिक परिवर्तन के दौर से गुजर रही है। भारत वैश्विक खाद्य उत्पादन प्रणाली में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, अनाज, बाजरा, सब्जियों की खेती और पशुपालन में महत्वपूर्ण योगदान देता है। भारत में आदिवासी किसानों की भागीदारी इस वैश्विक उत्पादन ढांचे का अभिन्न अंग है। आदिवासी शब्द इन आदिवासी समुदायों को संदर्भित करता है, जिसका अनुवाद स्वदेशी लोग होता है। भारत में, जनजातीय आबादी कुल आबादी का लगभग 8.9 प्रतिशत है और मुख्य रूप से पूरे देश में पहाड़ी क्षेत्रों में स्थित है (जनसंख्या जनगणना 2011)। भारत में लगभग 550 जनजातियाँ हैं, जो मुख्य रूप से उत्तर पूर्वी राज्यों, जम्मू और कश्मीर, लद्दाख और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह (कुंभकर, 2010) में केंद्रित हैं। आदिवासी किसान कृषि पद्धतियों से गहराई से जुड़े हुए हैं जो अपनी आजीविका के लिए प्राकृतिक परिस्थितियों पर निर्भर हैं। वे आम तौर पर अपने पारंपरिक ज्ञान का उपयोग करते हुए पहाड़ी क्षेत्रों में विविध कृषि प्रणालियों में संलग्न होते हैं। हालाँकि, हाल की कृषि तकनीकी प्रगति के बारे में उनकी समझ उनके गैर–आदिवासी समकक्षों (दास और साहू, 2012) की तुलना में सीमित है। आदिवासी कृषि प्रणाली को बढ़ाने और आजीविका में सुधार के लिए विभिन्न सरकारी विभाग लगातार प्रयास कर रहे हैं।

**साहित्य समीक्षा**

गुप्ता, ए.के., और शर्मा, एम.एल. (2017), द्वारा इस अध्ययन में 135 बेतरतीब ढंग से चयनित उत्तरदाताओं के साथ पूर्व–पोस्ट डिजाइन का उपयोग करके बिलासपुर, छत्तीसगढ़ (2014–2015) में जनजातियों की स्थायी आजीविका प्रणालियों की जांच की गई। छह आजीविका राजधानियों के विश्लेषण से कुल आजीविका स्थिति 40.17% दिखाई गई, जिसमें मानव और सामाजिक पूंजी में मध्यम स्तर और अन्य में निम्न स्तर था। पंद्रह में से तेरह चर ने आजीविका सीमा के साथ महत्वपूर्ण सहसंबंध दिखाया, और प्रतिगमन विश्लेषण ने 66.4% भिन्नता का संकेत दिया। अध्ययन प्रभावी आदिवासी विकास योजना के लिए सभी छह राजधानियों, विशेष रूप से भौतिक, प्राकृतिक, वित्तीय और सूचना संचार में केंद्रित सुधार की सिफारिश करता है।

कुमार, (2025) आईसीएआर–अटारी जोन और सहयोगियों द्वारा आयोजित इस अध्ययन में 2016 से 2021 तक आदिवासी किसानों की आजीविका पर प्रौद्योगिकी हस्तक्षेप के प्रभाव का आकलन किया गया। परिणामों ने फसल पैटर्न में सुधार, फसल तीव्रता में वृद्धि और गोद लिए गए गांवों में विविध कृषि प्रणालियों की ओर बदलाव दिखाया। क्र37,587.16 हेक्टेयरवर्ष के शुद्ध लाभ और उच्च लाभ–लागत अनुपात (2.04 बनाम 1.2) के साथ, इन क्षेत्रों में आय का स्तर काफी बढ़ गया। प्रौद्योगिकी हस्तक्षेपों ने जनजातीय आजीविका में उल्लेखनीय रूप से वृद्धि की है, हालांकि विपणन और आर्थिक चुनौतियाँ अभी भी बनी हुई हैं।

सरावगी, ए., और सिंह, एम. (2024) का यह अध्ययन सोनभद्र में आदिवासी महिलाओं को सशक्त बनाने में एसएचजी की भूमिका का मूल्यांकन करता है। निष्कर्षों से पता चलता है कि एसएचजी आजीविका में मामूली वृद्धि करते हैं, जिससे आय, बचत और रोजगार में महत्वपूर्ण सुधार होता है। एसएचजी भागीदारी दृढ़ता से सामाजिक–आर्थिक सशक्तीकरण की भविष्यवाणी करती है, जिसमें लाभार्थियों के पास सकारात्मक धारणाएं हैं। एसएचजी पहलों के निरंतर समर्थन और विस्तार की सिफारिश की जाती है।

शर्मा, (2014). इस अध्ययन में 80 सदस्यों के बीच आजीविका सुरक्षा और लिंग सशक्तिकरण पर एसएचजी के प्रभाव का आकलन किया गया। निष्कर्षों से पता चलता है कि एसएचजी, विशेष रूप से सफल एसएचजी, ने पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए शिक्षा, आत्मविश्वास और समग्र सशक्तिकरण को सकारात्मक रूप से प्रभावित किया है। समूह की भागीदारी ने सदस्यों की जीवन चुनौतियों का प्रबंधन करने की क्षमता में काफी सुधार किया, जिससे जमीनी स्तर के विकास में एसएचजी की भूमिका पर प्रकाश पड़ा।

बेचेंज, (2021) ग्रामीण युगांडा में इस अध्ययन में पाया गया कि आर्थिक सशक्तिकरण कार्यक्रम में भाग लेने वाले विकलांग युवाओं ने 12 महीनों के बाद रोजगार, वित्तीय पहुंच और सामुदायिक समर्थन में महत्वपूर्ण सुधार दिखाया। हालाँकि, खाद्य सुरक्षा और भेदभाव का स्तर अपरिवर्तित रहा, जो व्यावसायिक प्रशिक्षण और वित्तीय सहायता के साथ–साथ व्यापक समर्थन की आवश्यकता पर प्रकाश डालता है।

सिंधी, एस. (2012)यह अध्ययन कृषि वानिकी, सिलाई और सैनिटरी पैड बनाने जैसे क्षेत्रों में व्यावसायिक प्रशिक्षण के माध्यम से गुजरात में आदिवासी महिलाओं को सशक्त बनाने में गैर सरकारी संगठनों और सरकारी प्रयासों की भूमिका पर प्रकाश डालता है। सामाजिक बाधाओं और घरेलू चुनौतियों के बावजूद, कई महिलाओं ने कौशल विकास में भाग लेकर और स्वयं सहायता समूह बनाकर अपनी आजीविका और स्वायत्तता में सफलतापूर्वक सुधार किया।

दत्ता, एस., और साहू, टी.एन. (202पांच पिछड़े भारतीय जिलों के 425 उत्तरदाताओं के इस अध्ययन से पता चलता है कि माइक्रोक्रेडिट आदिवासी समुदायों की आजीविका और सशक्तिकरण को सकारात्मक रूप बदल देता है, जिससे उनकी आर्थिक और मानसिक भलाई में सुधार होता है। यह आदिवासी विकास के समर्थन में माइक्रोफाइनेंस संस्थानों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालता है और उनके प्रभाव को बढ़ाने के लिए निरंतर मूल्यांकन का आह्वान करता है।

**जनजातीय संदर्भों में आर्थिक सशक्तिकरण**

जाक्सा (2008), भारत में आदिवासी समुदाय ऐतिहासिक उपेक्षा और

मुख्यधारा की आर्थिक प्रक्रियाओं से बहिष्कार के कारण प्रणालीगत हाशिए पर हैं। कमार जनजाति जैसे पीवीटीजी के लिए, सशक्तिकरण को आय सृजन से परे जाना चाहिए और इसमें एजेंसियों, निर्णय लेने की शक्ति और संस्थागत समर्थन तक पहुंच शामिल होनी चाहिए।

**सतत आजीविका ढांचा**

डीएफआईडी, (1999) विभिन्न संपत्तियों – मानवीय, प्राकृतिक, वित्तीय, सामाजिक और भौतिक – को समझने के लिए एक उपयोगी उपकरण प्रदान करता है जो टिकाऊ जीवन में योगदान करते हैं।

स्कून्स (1998) का तर्क है कि स्थायी आजीविका लचीली, अनुकूली और पर्यावरणीय गिरावट, बाजार विफलताओं और विस्थापन जैसे झटकों से निपटने में सक्षम होनी चाहिए। प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भर जनजातीय आबादी के लिए, पर्यावरणीय स्थिरता आर्थिक अस्तित्व से अविभाज्य है।

**छत्तीसगढ़ में जनजातीय आजीविका**

जनजातीय मामलों के मंत्रालय (2022) का कहना है कि मनरेगा पीडीएस और वन अधिकार अधिनियम (एफआरए) जैसी सरकारी योजनाएं आदिवासी क्षेत्रों तक पहुंच गई हैं, कार्यान्वयन अंतराल और जागरूकता की कमी अक्सर उनके प्रभाव को सीमित कर देती है।

मिश्रा (2016) से पता चलता है कि विकास के लिए ऊपर से नीचे का दृष्टिकोण अक्सर आदिवासी समूहों की सांस्कृतिक और पारिस्थितिक आवश्यकताओं को संबोधित करने में विफल रहता है, जिससे अस्थिर परिणाम सामने आते हैं।

**विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह (पीवीटीजी)**

योजना आयोग की रिपोर्ट (2014) पीवीटीजी अत्यधिक गरीबी, स्वास्थ्य कमजोरियों और शैक्षिक पिछड़ेपन से पीड़ित हैं। वनों की कटाई, पहुंच अधिकारों की हानि और बाजार शोषण के कारण उनकी पारंपरिक वन–आधारित आजीविका खतरे में है।

शर्मा और सिन्हा (2019) इस बात पर प्रकाश डालते हैं कि पीवीटीजी के लिए हस्तक्षेप समुदाय–संचालित और सांस्कृतिक रूप से संवेदनशील होना चाहिए, जिसमें विकास योजना में स्थानीय ज्ञान प्रणालियों और परंपराओं को शामिल किया जाना चाहिए। इसके अलावा, कार्यक्रमों को साक्षरता, व्यावसायिक प्रशिक्षण और जमीनी स्तर पर संस्थान निर्माण सहित क्षमता निर्माण पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

**साहित्य में अंतराल –** सामान्य तौर पर जनजातीय विकास पर पर्याप्त साहित्य मौजूद है, विशेष रूप से कमार जनजाति पर ध्यान केंद्रित करने वाले अनुभवजन्य अध्ययन सीमित हैं। ग्रामीण विकास पहलों ने कमार के आर्थिक सशक्तिकरण और आजीविका स्थिरता को कैसे प्रभावित किया है, इसकी खोज करने वाले जमीनी स्तर, भागीदारी अनुसंधान की उल्लेखनीय कमी है। यह अध्ययन छत्तीसगढ़ के नमूना गांवों में कमार समुदाय के जीवन के अनुभवों पर आधारित केस स्टडी दृष्टिकोण को अपनाकर उस अंतर को पाटने का प्रयास करता है।

**अध्ययन के उद्देश्य:**

1. छत्तीसगढ़ के ग्रामीण क्षेत्रों में कमार जनजातियों की पारंपरिक और वर्तमान आजीविका प्रथाओं की जांच करना।
2. कमार आदिवासी समुदाय के आर्थिक सशक्तिकरण पर ग्रामीण विकास कार्यक्रमों और सरकारी योजनाओं के प्रभाव का आकलन करना।
3. स्थायी आजीविका प्राप्त करने में कमार जनजातियों के सामने आने वाली प्रमुख चुनौतियों और बाधाओं की पहचान करना।
4. कमार जनजातियों के बीच आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में गैर सरकारी संगठनों, स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) और समुदाय–आधारित संगठनों की भूमिका का विश्लेषण करना।

**अध्ययन का दायरा –** यह अध्ययन छत्तीसगढ़ के ग्रामीण क्षेत्रों, विशेष रूप से धमतरी और गरियाबंद जिलों में रहने वाले विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह (पीवीटीजी) कमार जनजातियों के आर्थिक सशक्तिकरण और स्थायी आजीविका पर केंद्रित है। शोध कमार समुदाय की सामाजिक–आर्थिक स्थितियों पर सरकारी योजनाओं, एनजीओ के हस्तक्षेप और सामुदायिक प्रयासों सहित विभिन्न ग्रामीण विकास पहलों के प्रभाव की जांच करता है।

**अध्ययन में शामिल –** पारंपरिक आजीविका पैटर्न और समय के साथ परिवर्तन , सरकारी कल्याण कार्यक्रमों और ग्रामीण विकास योजनाओं तक पहुंच और प्रभावशीलता , भूमि अधिकार, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और बाजार पहुंच से संबंधित चुनौतियाँ , आर्थिक गतिविधियों और निर्णय लेने में महिलाओं और सामुदायिक भागीदारी की भूमिका , पर्यावरणीय और सामाजिक कारकों के संदर्भ में आजीविका प्रथाओं की स्थिरताहालाँकि, अध्ययन भौगोलिक रूप से चयनित गाँवों तक ही सीमित है जहाँ कमार जनजाति मुख्य रूप से निवास करती है और इसमें छत्तीसगढ़ के अन्य आदिवासी समूह या शहरी क्षेत्र शामिल नहीं हैं। अनुसंधान मुख्य रूप से सर्वेक्षणों और साक्षात्कारों से प्राप्त कुछ मात्रात्मक डेटा द्वारा पूरक गुणात्मक तरीकों का उपयोग करता है।

**अध्ययन क्षेत्र –** छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले में मगरलोड विकास खंड, कमार जनजाति के आर्थिक सशक्तिकरण और टिकाऊ आजीविका का अध्ययन करने के लिए एक आदर्श केंद्र क्षेत्र प्रस्तुत करता है। अगस्त 2023 में, यह ब्लॉक एक अग्रणी स्थल बन गया जहां 22 कमार बस्तियों के लिए वन अधिकार अधिनियम के तहत आवास अधिकारों को औपचारिक रूप से मान्यता दी गई, जो राज्य में एक महत्वपूर्ण नीति मील का पत्थर है। इस प्रक्रिया में ग्राम सभाओं और पारंपरिक नेताओं सहित व्यापक सामुदायिक और संस्थागत भागीदारी शामिल थी, जो स्थानीय शासन और क्षमता निर्माण में मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान करती थी। जबकि कमार जनजाति गरियाबंद, महासमुंद और कांकेर जिलों में भी फैली हुई है, मगरलोड निवास स्थान–आधारित आदिवासी विकास पहल के लिए एक पायलट के रूप में अपनी भूमिका के कारण सबसे अलग है। व्यापक समझ हासिल करने के लिए, नगरी (धमतरी), मैनपुर और छुरा (गरियाबंद), और बागबाहरा (महासमुंद) जैसे पड़ोसी ब्लॉकों में तुलनात्मक अध्ययन की सिफारिश की जाती है। यह दृष्टिकोण व्यापक प्रासंगिक अंतर्दृष्टि के साथ गहन विश्लेषण को संतुलित करता है, जिससे मगरलोड को निकटवर्ती क्षेत्रों में तुलनात्मक जांच द्वारा पूरक प्राथमिक फोकस बनाया जाता है।

**अनुसंधान पद्धति –** यह अध्ययन ग्रामीण छत्तीसगढ़ में कमार जनजातियों के आर्थिक सशक्तिकरण और स्थायी आजीविका का पता लगाने के लिए गुणात्मक केस अध्ययन दृष्टिकोण का उपयोग करता है। यह शोध धमतरी और गरियाबंद जिलों के चयनित गांवों पर केंद्रित है, जहां कमार समुदाय मुख्य रूप से निवास करता है। प्राथमिक डेटा क्षेत्रीय सर्वेक्षणों, अर्ध–संरचित साक्षात्कारों और समुदाय के सदस्यों, स्थानीय नेताओं और ग्रामीण विकास में शामिल सरकारी और गैर–सरकारी संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ

फोकस समूह चर्चा के माध्यम से एकत्र किया जाता है। यह गुणात्मक डेटा व्यापक पृष्ठभूमि प्रदान करने के लिए सरकारी रिपोर्टों, जनगणना डेटा, विद्वानों के लेखों और विकास एजेंसी प्रकाशनों से प्राप्त माध्यमिक डेटा द्वारा पूरक है। उपयोग की जाने वाली नमूनाकरण तकनीक उद्देश्यपूर्ण नमूनाकरण है, जो उन परिवारों और व्यक्तियों को लक्षित करती है जो सीधे आजीविका गतिविधियों में लगे हुए हैं या ग्रामीण विकास योजनाओं के लाभार्थी हैं। डेटा विश्लेषण में आजीविका प्रथाओं, सशक्तिकरण स्तरों, चुनौतियों और विकास हस्तक्षेपों की प्रभावशीलता से संबंधित पैटर्न की पहचान करने के लिए विषयगत कोडिंग शामिल है। यह मिश्रित दृष्टिकोण कमार जनजातियों के बीच आजीविका की स्थिरता और आर्थिक सशक्तिकरण को प्रभावित करने वाले सामाजिक-आर्थिक गतिशीलता और प्रासंगिक कारकों दोनों की विस्तृत समझ को सक्षम बनाता है।

**शोध सम्बन्धी सिफारिशें:**

1. समावेशी, डेटा-सूचित शासन (उदाहरण के लिए, डिजिटल टूल एमआईएस के साथ सीआरपी) समुदायों को कल्याणकारी सेवाओं को समझने और उन तक पहुंचने के लिए सशक्त बनाता है - जिससे अधिक प्रतिक्रियाशील और न्यायसंगत विकास होता है।
2. सुरक्षित आवास अधिकार सामाजिक-सांस्कृतिक अखंडता और कानूनी सुरक्षा दोनों को सुदृढ़ करते हैं, जिससे जनजातियों को विस्थापन के दबाव के बिना अपनी आजीविका को आकार देने में सक्षम बनाया जाता है।
3. आवास प्रावधान, विशेष रूप से मनरेगा जैसे मजदूरी कार्य घटकों के साथ, न केवल रहने की स्थिति में सुधार करता है, बल्कि वित्तीय स्वायत्तता और गरिमा भी चाहता है।
4. वन-आधारित अर्थव्यवस्थाएं महत्वपूर्ण बनी हुई हैंरू वे कृषि या मजदूरी श्रम में उतार-चढ़ाव के बीच विविधता और लचीलापन दोनों प्रदान करते हैं।
5. इको-पर्यटन के अवसर, जैसा कि धुदमरास में देखा गया है, दिखाता है कि कैसे जलवायु- और संस्कृति-संवेदनशील विकास विरासत को संरक्षित करते हुए नई आय धाराएं प्रदान कर सकता है।

**शोध सम्बन्धी चर्चा –** छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले के मगरलोड और नगरी ब्लॉक में केंद्रित कमार जनजाति एक अत्यंत संवेदनशील जनजातीय समूह है, जिसकी आजीविका मुख्यत: वन उपज जैसे महुआ, तेंदूपत्ता, साल बीज और शहद पर तथा निर्वाह कृषि पर आधारित है। सीमित कृषि भूमि और सिंचाई संसाधनों के कारण खेती अधिकतर वर्षा पर निर्भर और एकल फसली होती है। कम साक्षरता दर, विशेष रूप से महिलाओं में उच्च ड्रॉपआउट की समस्या स्पष्ट है। प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत 70-80% परिवारों को कच्चे से पक्के मकानों का लाभ मिला है, वहीं मनरेगा, आयुष्मान, राशन और केसीसी कार्ड जैसी योजनाएं कुछ हद तक जीवन स्तर में सुधार ला रही हैं। 2023 में एफआरए (2006) के अंतर्गत 22 गांवों को कानूनी भूमि अधिकार और शासन में भागीदारी दी गई। बावजूद इसके, जागरूकता की कमी, नौकरशाही बाधाएं, बाजार में शोषण, स्वास्थ्य सेवाओं की दूरी, और कुपोषण, मलेरिया जैसे रोगों की अधिकता जैसी चुनौतियाँ बनी हुई हैं। महिलाएं एनटीएफपी संग्रहण और कृषि कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, परंतु एसएचजी, प्रशिक्षण और बाजार लिंकेज तक सीमित पहुंच उनके सशक्तिकरण में बाधा बनी हुई है। फिर भी, इको-पर्यटन, वन आधारित उद्यम, और डिजिटल समावेशन के माध्यम से युवाओं और महिलाओं के लिए नए अवसर उभर रहे हैं, यदि इन्हें सही प्रशिक्षण और समर्थन मिले। नीति के स्तर पर आवश्यक है कि योजनाएं जन-केंद्रित, समग्र, विकेंद्रीकृत और पारंपरिक ज्ञान पर आधारित हों, ताकि कमार समुदाय का सतत और समावेशी विकास सुनिश्चित किया जा सके।

**सकारात्मक प्रभाव**

1. **आय में वृद्धि**-विभिन्न आजीविका कार्यक्रमों जैसे लघु वनोपज संग्रह, कृषि आधारित उद्यम, और स्वरोजगार योजनाओं ने कमार समुदाय की पारिवारिक आय में वृद्धि की है, महिला स्व-सहायता समूहों के जरिए सूक्ष्म ऋण और बचत की सुविधा से भी आर्थिक सुरक्षा बढ़ी है।
2. **आजीविका के वैकल्पिक स्रोत –**केवल वनोपज पर निर्भरता कम हुई है अब ये समुदायमुर्गी पालन, बकरी पालन, मशरूम उत्पादन ,जैविक खेती ,हस्तशिल्पहथकरघा जैसे कार्यों से भी जुड़े हैं।
3. **महिला सशक्तिकरण**- महिलाएं स्वयं सहायता समूह के माध्यम से वित्तीय निर्णयों में भाग ले रही हैं ,कमार जनजाति की महिलाओं को कौशल विकास कार्यक्रमों से जोड़ा गया है जिससे वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हुई हैं।
4. **शिक्षा और जागरूकता में सुधार**- आर्थिक स्थिरता के साथ बच्चों की स्कूलों में उपस्थिति बढ़ी है , सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ी है जिससे अधिक लाभ प्राप्त हो रहा है (जैसे राशन कार्ड, स्वास्थ्य बीमा योजना आदि)।
5. **स्वास्थ्य व पोषण में सुधार –** नियमित आय और सरकार की योजनाओं से पोषण युक्त आहार की उपलब्धता बढ़ी है, स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुँच बेहतर हुई है, जैसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में सुविधा का उपयोग।
6. **कौशल विकास और प्रशिक्षण –** स्थानीय NGOsऔर सरकारी एजेंसियों द्वारा कौशल प्रशिक्षण से कमार युवाओं को स्वरोजगार के अवसर मिले हैं , ITI, PMKVआदि योजनाओं के तहत तकनीकी कौशल में वृद्धि हुई है।
7. **सामाजिक समावेश और आत्मसम्मान**- आर्थिक आत्मनिर्भरता से सामाजिक सम्मान बढ़ा है , ग्राम सभा, पंचायतों में भागीदारी बढ़ी है।
8. **ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बल**-जब कमार समुदाय आर्थिक रूप से मजबूत होता है, तो उनका उपभोग और लेन-देन गांव की संपूर्ण अर्थव्यवस्था को गतिशील करता है।

**नकारात्मत प्रभाव**

1. **पारंपरिक आजीविका और ज्ञान का ह्रास**- आधुनिक योजनाओं और प्रशिक्षणों के कारण कमारों की पारंपरिक आजीविका (जैसे - वनोपज संग्रह, पारंपरिक खेती) को छोड़ना पड़ रहा है, उनके पारंपरिक वन आधारित ज्ञान और जीवनशैली का क्षरण हो रहा है।
2. **पर्यावरणीय असंतुलन**- कुछ कृषि या पशुपालन योजनाएं स्थानीय पारिस्थितिकी के अनुकूल नहीं होतीं, जिससेरू जंगलों की कटाई बढ़ी , जल स्रोतों पर दबाव , जैव विविधता पर असर हुआ है।
3. **योजनाओं का अपर्याप्त क्रियान्वयन**- योजनाएं सिर्फ कागजों तक सीमित रह जाती हैं। भ्रष्टाचार, दलालों की भूमिका और अधिकारियों की उदासीनता के कारण लाभ वास्तविक जरूरतमंदों तक नहीं पहुँचता।
4. **कर्ज के जाल में फँसना**- स्वरोजगार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के नाम पर बैंक ऋण दिए जाते हैं, लेकिन उचित प्रशिक्षण और बाजार

व्यवस्था के अभाव में कई लोग व्यवसाय में असफल होकर कर्ज में डूब जाते हैं।

5. **आजीविका की अस्थिरता**– कई वैकल्पिक रोजगार टिकाऊ नहीं होते। जैसेरू एक सीजन के बाद मशरूम उत्पादन रुक जाता है, पशुपालन में बीमारियों से नुकसान होता है।

6. **सामाजिक विघटन**– आर्थिक असमानता बढ़ी हैरू कुछ लोग लाभ ले पाते हैं, जबकि अन्य पीछे रह जाते हैं , इससे आपसी तनाव, ईर्ष्या, और समाज में टूट का खतरा बढ़ता है।

7. **बाहरी हस्तक्षेप और शोषण**– जैसे ही समुदाय के पास थोड़ी आमदनी आती है, बाहरी व्यापारी, साहूकार और दलाल शोषण करने लगते हैं , उत्पादों का उचित मूल्य नहीं मिल पाता।

8. **प्रशिक्षण और शिक्षा की गुणवत्ता में कमी**– कई बार दिए गए प्रशिक्षण प्रासंगिक नहीं होते, प्रशिक्षण खत्म होने के बाद भी रोजगार का मार्ग नहीं खुलता।

9. **पलायन की प्रवृत्ति**– योजनाएं असफल होने पर कमार युवा शहरों की ओर पलायन करते हैं , इससे पारिवारिक और सामाजिक ढांचे में अस्थिरता आती है।

10. **सांस्कृतिक क्षरण**–आर्थिक सशक्तिकरण की प्रक्रिया में पश्चिमीकरण या शहरीकरण का प्रभाव बढ़ता है, जिससे पारंपरिक त्योहार, मान्यताएं और जीवन मूल्य खोते जा रहे हैं।

अध्ययन में वर्णनात्मक एवं विश्लेषणात्मक शोध-पद्धति अपनाई गई तथा 470 विद्यार्थियों से संरचित प्रश्नावली के माध्यम से डेटा संकलित किया गया। निष्कर्ष दर्शाते हैं कि यद्यपि विद्यार्थियों में सूचना साक्षरता के प्रति जागरूकता बढ़ रही है और इंटरनेट सूचना का प्रमुख स्रोत बन चुका है, फिर भी प्रशिक्षण की कमी, सीमित तकनीकी अवसंरचना और संसाधनों की अनुपलब्धता सूचना साक्षरता के प्रभावी विकास में बाधक बनी हुई है। अध्ययन में सूचना साक्षरता को सुदृढ़ करने हेतु व्यावहारिक एवं नीतिगत सुझाव भी प्रस्तुत किए गए हैं।

**शब्द कुंजी –**सूचना साक्षरता, उच्च शिक्षा, अनुसूचित जनजाति, डिजिटल विभाजन, अलीराजपुर जिला।

**प्रस्तावना –** सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी के तीव्र विकास ने शिक्षा प्रणाली के स्वरूप में आमूलचूल परिवर्तन किया है। आज ज्ञान केवल पुस्तकों या कक्षा शिक्षण तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि डिजिटल माध्यमों, ऑनलाइन संसाधनों, ई-पुस्तकों, ई-जर्नलों और डिजिटल लाइब्रेरी के माध्यम से व्यापक रूप से उपलब्ध है। इस परिवर्तित शैक्षणिक परिदृश्य में सूचना साक्षरता का महत्व अत्यधिक बढ़ गया है।

सूचना साक्षरता का आशय केवल पढ़ने-लिखने या कंप्यूटर चलाने की क्षमता से नहीं है, बल्कि यह एक बहुआयामी कौशल है, जिसमें सूचना की पहचान, खोज, मूल्यांकन, उपयोग और प्रस्तुतीकरण की क्षमता सम्मिलित होती है। उच्च शिक्षा में यह क्षमता विद्यार्थियों को स्वतंत्र अध्ययन, आलोचनात्मक चिंतन और शोध कार्य के लिए सक्षम बनाती है।

भारतीय संदर्भ में उच्च शिक्षा का उद्देश्य केवल अकादमिक डिग्री प्रदान करना नहीं, बल्कि सामाजिक समावेशन और समान अवसर सुनिश्चित करना भी है। अनुसूचित जनजाति समुदाय भारत की जनसंख्या का एक महत्वपूर्ण भाग है, जो भौगोलिक रूप से प्राय: दूरस्थ क्षेत्रों में निवास करता है। इन क्षेत्रों में शैक्षणिक एवं तकनीकी संसाधनों की उपलब्धता सीमित रहती है, जिससे जनजातीय विद्यार्थियों की सूचना साक्षरता प्रभावित होती है।

मध्यप्रदेश का अलीराजपुर जिला पूर्णत: अनुसूचित जनजाति बहुल जिला है। यहाँ के अधिकांश विद्यार्थी ग्रामीण पृष्ठभूमि से आते हैं और उच्च शिक्षा उनके लिए सामाजिक एवं आर्थिक उन्नयन का एक प्रमुख माध्यम है। ऐसे में यह आवश्यक हो जाता है कि अलीराजपुर जिले के महाविद्यालयों में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति विद्यार्थियों की सूचना साक्षरता की वास्तविक स्थिति का विश्लेषण किया जाए। प्रस्तुत अध्ययन इसी आवश्यकता की पूर्ति करता है।

उच्च शिक्षा के वर्तमान परिदृश्य में सूचना साक्षरता एक ऐसी अनिवार्य क्षमता के रूप में उभर कर सामने आई है, जिसके बिना न तो शैक्षणिक प्रगति की कल्पना की जा सकती है और न ही सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण की। सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी के तीव्र विकास ने ज्ञान के स्वरूप को पूरी तरह बदल दिया है। आज सूचना केवल पुस्तकों या कक्षा शिक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि इंटरनेट, डिजिटल लाइब्रेरी, ई-जर्नल, ऑनलाइन डेटाबेस और विभिन्न डिजिटल मंचों के माध्यम से व्यापक रूप से उपलब्ध है। ऐसे वातावरण में सूचना की प्रचुरता के साथ-साथ यह चुनौती भी उत्पन्न हुई है कि कौन-सी सूचना उपयोगी, प्रामाणिक और शैक्षणिक दृष्टि से सार्थक है। इसी संदर्भ में सूचना साक्षरता का महत्व अत्यधिक बढ़ गया है। सूचना साक्षरता वह क्षमता है जिसके माध्यम से विद्यार्थी सूचना की आवश्यकता को पहचानते हैं, उपयुक्त स्रोतों से सूचना प्राप्त करते हैं, उसका आलोचनात्मक मूल्यांकन करते हैं तथा नैतिक और प्रभावी ढंग से उसका उपयोग करते हैं।

उच्च शिक्षा में सूचना साक्षरता केवल एक सहायक कौशल नहीं, बल्कि

शैक्षणिक गुणवत्ता का आधार बन चुकी है। महाविद्यालय और विश्वविद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे स्वतंत्र रूप से अध्ययन कर सकें, शोध सामग्री की पहचान कर सकें और नवीन ज्ञान के सृजन में सहभागी बन सकें। सूचना साक्षरता विद्यार्थियों में आलोचनात्मक चिंतन, समस्या समाधान क्षमता और आजीवन सीखने की प्रवृत्ति विकसित करती है। यह क्षमता विशेष रूप से अनुसूचित जनजाति विद्यार्थियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह वर्ग ऐतिहासिक रूप से सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक वंचनाओं का सामना करता रहा है।

भारतीय सामाजिक संरचना में अनुसूचित जनजातियाँ एक महत्वपूर्ण स्थान रखती हैं, किंतु भौगोलिक दूरस्थता, सीमित संसाधन और पारंपरिक जीवन-शैली के कारण इन समुदायों की शिक्षा तक पहुँच अपेक्षाकृत सीमित रही है। स्वतंत्रता के बाद सरकार द्वारा जनजातीय शिक्षा को प्रोत्साहन देने के लिए अनेक योजनाएँ लागू की गईं, फिर भी उच्च शिक्षा में इनकी भागीदारी कई चुनौतियों से घिरी हुई है। डिजिटल युग में यह चुनौती 'डिजिटल विभाजन' के रूप में और अधिक स्पष्ट हो गई है। डिजिटल विभाजन का अर्थ केवल तकनीकी उपकरणों की कमी नहीं है, बल्कि डिजिटल कौशल, प्रशिक्षण और सूचना साक्षरता की असमानता भी है।

मध्यप्रदेश का अलीराजपुर जिला पूर्णत: अनुसूचित जनजाति बहुल जिला है। यह क्षेत्र सामाजिक-आर्थिक दृष्टि से अपेक्षाकृत पिछड़ा माना जाता है और यहाँ के अधिकांश विद्यार्थी ग्रामीण पृष्ठभूमि से आते हैं। उच्च शिक्षा इन विद्यार्थियों के लिए केवल शैक्षणिक उन्नति का साधन नहीं, बल्कि सामाजिक गतिशीलता और आत्मनिर्भरता का मार्ग भी है। ऐसे में यह आवश्यक हो जाता है कि अलीराजपुर जिले के महाविद्यालयों में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति विद्यार्थियों की सूचना साक्षरता की स्थिति का गहन विश्लेषण किया जाए।

**सूचना साक्षरता की अवधारणा एवं उच्च शिक्षा में महत्व –** सूचना साक्षरता की अवधारणा का विकास 20वीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में हुआ। अमेरिकन लाइब्रेरी एसोसिएशन के अनुसार, सूचना साक्षर व्यक्ति वह है जो यह जानता है कि उसे कब सूचना की आवश्यकता है और वह आवश्यक सूचना को प्रभावी ढंग से खोज, मूल्यांकन एवं उपयोग कर सकता है।
उच्च शिक्षा में सूचना साक्षरता के प्रमुख आयाम निम्नलिखित हैं:

1. सूचना की आवश्यकता की पहचान
2. उपयुक्त सूचना स्रोतों का चयन
3. सूचना खोज रणनीतियों का प्रयोग
4. सूचना का आलोचनात्मक मूल्यांकन
5. सूचना का नैतिक एवं कानूनी उपयोग

सूचना साक्षरता विद्यार्थियों को आजीवन सीखने के लिए तैयार करती है। यह उन्हें न केवल पाठ्यक्रम आधारित अध्ययन में, बल्कि शोध, नवाचार और रोजगारोन्मुख गतिविधियों में भी सक्षम बनाती है।

**अनुसूचित जनजाति, उच्च शिक्षा एवं डिजिटल विभाजन –** अनुसूचित जनजाति समुदाय भारतीय समाज का वह वर्ग है, जो ऐतिहासिक रूप से मुख्यधारा से अपेक्षाकृत अलग रहा है। शिक्षा को इस समुदाय के सामाजिक सशक्तिकरण का प्रमुख साधन माना गया है। स्वतंत्रता के बाद सरकार द्वारा जनजातीय शिक्षा को प्रोत्साहन देने हेतु विभिन्न योजनाएँ एवं नीतियाँ लागू की गईं।

डिजिटल युग में एक नई चुनौती के रूप में 'डिजिटल विभाजन' उभर कर सामने आया है। डिजिटल विभाजन का अर्थ है तकनीकी संसाधनों, इंटरनेट सुविधा और डिजिटल कौशल में असमानता। जनजातीय क्षेत्रों में यह समस्या और अधिक गहन रूप में देखी जाती है।

अलीराजपुर जिले के महाविद्यालय इस स्थिति का प्रतिनिधि उदाहरण प्रस्तुत करते हैं, जहाँ डिजिटल संसाधनों की उपलब्धता सीमित है और सूचना साक्षरता प्रशिक्षण की कमी स्पष्ट रूप से दिखाई देती है।

**अध्ययन के उद्देश्य:**

1. अनुसूचित जनजाति विद्यार्थियों की सूचना साक्षरता के स्तर का विश्लेषण करना।
2. सूचना प्राप्ति के प्रमुख स्रोतों और उपयोग-प्रवृत्तियों का अध्ययन करना।
3. सूचना साक्षरता के उपयोग में आने वाली समस्याओं की पहचान करना।
4. सूचना साक्षरता के विकास हेतु व्यावहारिक सुझाव प्रस्तुत करना।

**शोध पद्धति –** प्रस्तुत अध्ययन में वर्णनात्मक एवं विश्लेषणात्मक शोध-पद्धति अपनाई गई। अध्ययन क्षेत्र के रूप में अलीराजपुर जिले के चार शासकीय महाविद्यालयों का चयन किया गया।

नमूना के रूप में 470 अनुसूचित जनजाति विद्यार्थियों का चयन किया गया। डेटा संकलन हेतु संरचित प्रश्नावली का प्रयोग किया गया, जिसमें सूचना साक्षरता, कंप्यूटर ज्ञान, सूचना प्रौद्योगिकी और इंटरनेट उपयोग से संबंधित प्रश्न सम्मिलित थे।

डेटा का विश्लेषण प्रतिशत विधि, तालिकात्मक प्रस्तुति और वर्णनात्मक व्याख्या द्वारा किया गया।

**डेटा विश्लेषण एवं चर्चा –** अध्ययन से प्राप्त निष्कर्ष दर्शाते हैं कि अधिकांश विद्यार्थी सूचना साक्षरता के महत्व को स्वीकार करते हैं। इंटरनेट सूचना का प्रमुख स्रोत बन चुका है, जबकि पुस्तकालय संसाधनों का उपयोग अपेक्षाकृत कम पाया गया।

सूचना साक्षरता प्रशिक्षण की अनियमितता एक प्रमुख समस्या के रूप में उभर कर सामने आई। कंप्यूटर एवं इंटरनेट अवसंरचना की सीमित उपलब्धता के कारण अनेक विद्यार्थी डिजिटल संसाधनों का प्रभावी उपयोग नहीं कर पा रहे हैं।

यह स्थिति इस तथ्य की ओर संकेत करती है कि सूचना साक्षरता केवल तकनीकी उपलब्धता पर निर्भर नहीं करती, बल्कि प्रशिक्षण, मार्गदर्शन और संस्थागत समर्थन पर भी निर्भर करती है।

**निष्कर्ष –** अध्ययन के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि अलीराजपुर जिले के अनुसूचित जनजाति महाविद्यालयीन विद्यार्थियों में सूचना साक्षरता का स्तर मध्यम है। यद्यपि डिजिटल युग के प्रभाव से सूचना संसाधनों का उपयोग बढ़ा है, फिर भी प्रशिक्षण एवं संसाधनों की कमी सूचना साक्षरता के प्रभावी विकास में बाधक बनी हुई है।

यदि महाविद्यालयों में सूचना साक्षरता को एक संगठित और निरंतर कार्यक्रम के रूप में लागू किया जाए, तो यह जनजातीय विद्यार्थियों के शैक्षणिक एवं सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

**सुझाव :**

1. महाविद्यालयों में नियमित सूचना साक्षरता प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएँ।
2. पुस्तकालयों को डिजिटल संसाधनों से सुसज्जित किया जाए।

3. कंप्यूटर एवं इंटरनेट अवसंरचना को सुदृढ़ किया जाए।
4. सूचना साक्षरता को उच्च शिक्षा पाठ्यक्रम का अनिवार्य अंग बनाया जाए।
5. जनजातीय विद्यार्थियों के लिए विशेष डिजिटल प्रशिक्षण योजनाएँ लागू की जाएँ।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. अग्रवाल, आर. (2018). सूचना साक्षरता और उच्च शिक्षा, नई दिल्ली: एसोसिएटेड पब्लिशर्स।
2. कुमार, संजीव. (2019). महाविद्यालयीन विद्यार्थियों में सूचना साक्षरता का अध्ययन, भारतीय पुस्तकालय विज्ञान पत्रिका, 33(2), 45-52।
3. शर्मा, आर. के. (2017). ग्रंथालय एवं सूचना विज्ञान: सिद्धांत और व्यवहार, जयपुर: राज पब्लिकेशन्स।
4. मिश्रा, पी. (2020). अनुसूचित जनजाति विद्यार्थियों में डिजिटल विभाजन की समस्या, समाजशास्त्र विमर्श, 12(1), 78-85।
5. सिंह, ए. के. (2016). सूचना प्रौद्योगिकी और शिक्षा, वाराणसी: ज्ञान भारती प्रकाशन।
6. वर्मा, एस. (2019). उच्च शिक्षा में सूचना साक्षरता का महत्व. शैक्षिक अध्ययन, 7(3), 112-118।
7. पटेल, एम. (2018). जनजातीय क्षेत्रों में शिक्षा एवं तकनीकी चुनौतियाँ, आदिवासी अध्ययन पत्रिका, 5(2), 39-46।
8. भारत सरकार. (2020). राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, नई दिल्ली: शिक्षा मंत्रालय।
9. यादव, आर. (2017). डिजिटल भारत और शिक्षा, नई दिल्ली: प्रभात प्रकाशन।
10. चौधरी, एल. (2021). महाविद्यालयीन पुस्तकालयों में सूचना साक्षरता कार्यक्रम, ग्रंथालय दर्पण, 14(1), 21-29।
11. सिंह, डी. (2019). सूचना समाज और ज्ञान संस्कृति, इलाहाबाद: लोकभारती प्रकाशन।
12. यूनेस्को. (2018). मीडिया एवं सूचना साक्षरता: नीति एवं दिशा-निर्देश (हिंदी संस्करण), नई दिल्ली: यूनेस्को कार्यालय।

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LI (51), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# साहित्यिक पत्रकारिता का डिजिटल रूपांतरण और पत्रिकाओं का भविष्य

**श्रीमती रुचि पालीवाल***

* शोधार्थी, जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत

'कागज की गंध से निकलकर, अब पिक्सल्स की चमक में ढल रहे हैं, शब्दों के हाथ थामकर हम, नए युग की देहली पर चल रहे हैं। माध्यम बदला है मगर, वैचारिकी की मशाल अब भी वही है, डिजिटल के अनंत आकाश में, साहित्य के नए सूर्य निकल रहे हैं।'

**शोध सारांश –** साहित्यिक पत्रकारिता की अंतरात्मा मानवीय संस्कृति और वैचारिक चेतना के विकास से अनुप्राणित है। ऐतिहासिक रूप से पंडित जुगलकिशोर शुक्ल द्वारा संपादित 'उदन्त मार्तण्ड' (1826)से पल्लवित होकर, आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी के 'सरस्वती'(1900)के भाषा–परिमार्जन और मुंशी प्रेमचंद के 'हंस'(1930)के वैचारिक विमर्श तक, पत्रिकाओं ने सदैव समाज के बौद्धिक अधिष्ठान को निर्मित करने में महती भूमिका निभाई है। वर्तमान सूचना–तकनीकी युग में साहित्य और पत्रकारिता का यह अंत:संबंध एक क्रांतिकारी 'डिजिटल रूपांतरण' के दौर से गुजर रहा है, जहाँ मुद्रित माध्यमों की पारंपरिक संरचना और डिजिटल मीडिया का वैश्विक विस्तार परस्पर संवाद कर रहे हैं। यह रूपांतरण केवल माध्यम का परिवर्तन नहीं, अपितु साहित्यिक मूल्यों, संपादकीय नैतिकता और पाठकीय ग्रहणशीलता का एक नवीन विन्यास है। मुद्रित से डिजिटल की ओर संक्रमण की इस प्रक्रिया में 'ई–पत्रिकाओं', 'वेब–जर्नल्स','साहित्यिक ब्लॉग'और'ऑडियो–विजुअल' माध्यमों (पॉडकास्ट) ने अभिव्यक्ति के स्वरूप को पूर्णत: परिवर्तित कर दिया है।

डिजिटल माध्यमों ने जहाँ एक ओर वैश्विक पाठक–वर्ग तक निर्बाध पहुँच, त्वरित प्रकाशन और लागत में न्यूनता जैसे ऐतिहासिक अवसर प्रदान किए हैं, वहीं दूसरी ओर 'डिजिटल विभाजन' और 'गुणवत्ता बनाम लोकप्रियता' का एक द्वंद्वात्मक परिदृश्य भी निर्मित किया है। वर्तमान दौर का पाठक मात्र सूचनाग्राही नहीं हैय उसकी बदलती प्रवृत्तियाँ और बहुभाषिकता पाठक–लेखक संवाद की एक संवादात्मक संरचना की माँग करती हैं। इस तकनीकी हस्तक्षेप के मध्य डॉ. नामवर सिंह जैसे विचारकों द्वारा रेखांकित संपादकीय विवेक और 'एल्गोरिदम' के बीच का संतुलन सबसे बड़ी चुनौती बनकर उभरा है, जहाँ मौलिकता, तथ्यपरकता और बौद्धिक संपदाके संरक्षण हेतु नवीन मानकों का निर्धारण अनिवार्य हो गया है। विशेष रूप से भारतीय संदर्भ में, यह रूपांतरण स्त्री, दलित एवं वंचित स्वरों के सशक्तिकरण और क्षेत्रीय साहित्य की वैश्विक व्याप्ति का आधार बना है। भविष्य की साहित्यिक पत्रकारिता एक 'हाइब्रिड मॉडल' (मुद्रित डिजिटल) की ओर अग्रसर है, जिसमें समुदाय–आधारित सदस्यता और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) जैसे नवाचारों का समावेश सतत विकास की संभावनाओं को पुष्ट करता है। शोध की वर्णनात्मक एवं विश्लेषणात्मक प्रविधि यह स्पष्ट करती है कि डिजिटल चुनौतियाँकृजैसे आर्थिक स्थायित्व और तकनीकी असमानताकृके बावजूद, साहित्यिक पत्रकारिता का भविष्य अपनी अनुकूलन क्षमता और मानवीय संवेदनाओं के संरक्षण में ही निहित है। अंतत:, यह विवेचन साहित्यिक पत्रकारिता के गौरवशाली अतीत, संघर्षपूर्ण वर्तमान और संभावनाशील भविष्य के मध्य एक संतुलित और तार्किक सेतु निर्मित करता है।

**शब्द कुंजी –** साहित्यिक पत्रकारिता, डिजिटल रूपांतरण, ई–पत्रिका, पाठकीय संस्कृति, हाइब्रिड मॉडल, संपादकीय विवेक, वैचारिक अधिष्ठान, बौद्धिक संपदा।

**प्रस्तावना –** साहित्यिक पत्रकारिता मात्र सूचनाओं का संकलन या सामयिक घटनाओं का विवरण नहीं है, बल्कि यह किसी भी राष्ट्र की बौद्धिक जागृति और सांस्कृतिक अस्मिता का वह जीवंत दस्तावेज है, जो समय की रेत पर मानवीय संवेदनाओं के पदचिह्न अंकित करता है। इसकी संकल्पना साहित्य और पत्रकारिता के उस दुर्लभ संयोग में निहित है, जहाँ पत्रकारिता की तथ्यपरकता और साहित्य की शाश्वत संवेदनशीलता परस्पर मिलकर समाज के मानसिक परिष्कार का मार्ग प्रशस्त करती हैं। वस्तुत:, साहित्यिक पत्रकारिता वह सेतु है, जिसके माध्यम से गंभीर चिंतन और सृजनात्मकता जनसाधारण की चेतना का हिस्सा बनती हैं।

हिंदी साहित्यिक पत्रकारिता की ऐतिहासिक परंपरा पर दृष्टिपात करें, तो यह भारतीय पुनर्जागरण और राष्ट्रीय स्वाधीनता आंदोलन की वैचारिक रीढ़ रही है। इसकी गौरवशाली यात्रा पंडित जुगलकिशोर शुक्ल द्वारा संपादित 'उदन्त मार्तण्ड'(1826)की भाषायी अस्मिता से प्रारंभ होकर भारतेंदु हरिश्चंद्र की 'कविवचनसुधा'(1867)और 'हरिश्चंद्र चन्द्रिका' (1873) तक विस्तृत है, जिन्होंने हिंदी गद्य को आधुनिकता के संस्कार प्रदान किए। बीसवीं शताब्दी के उषाकाल में आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी ने 'सरस्वती'(1900)के माध्यम से न केवल भाषा का व्याकरणिक अनुशासन निर्धारित किया, बल्कि साहित्य को श्लोक–मंगलश के व्यापक उद्देश्यों से भी जोड़ा। इसी परंपरा को छायावाद और प्रगतिवाद के दौर में 'चाँद'(1920), 'माधुरी'(1922)और मुंशी प्रेमचंद द्वारा संस्थापित 'हंस'(1930)जैसी

कालजयी पत्रिकाओं ने आगे बढ़ाया। इन पत्रिकाओं ने सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध शंखनाद करते हुए साहित्य को समाज के आगे चलने वाली मशाल के रूप में स्थापित किया। स्वतंत्रता के उपरांत 'धर्मयुग'(1950), 'आलोचना'(1951), 'पहल'(1973)और 'तद्भव'(1999)जैसी पत्रिकाओं ने वैश्विक विमर्शों और आधुनिकता बोध को केंद्र में रखकर इस समृद्ध विरासत को अक्षुण्ण रखा।

आज 21वीं सदी के उत्तरार्ध में, सूचना प्रौद्योगिकी के अप्रत्याशित विकास ने 'डिजिटल युग' का सूत्रपात किया है, जिसने साहित्य के सृजन, संपादन और वितरण की पारंपरिक पद्धतियों को बुनियादी तौर पर परिवर्तित कर दिया है। यह युग केवल माध्यम के परिवर्तन का नहीं, बल्कि अभिव्यक्ति के 'लोकतंत्रीकरण' का युग है। अब साहित्य केवल मुद्रित पृष्ठों की गंध और पुस्तकालयों की आलमारियों तक सीमित नहीं है, बल्कि वह 'यूनिकोड' के माध्यम से कंप्यूटर और स्मार्टफोन की आभासी स्क्रीन पर निरंतर गतिशील है। डिजिटल मीडिया के इस उदय ने जहाँ एक ओर साहित्य की पहुँच को वैश्विक और त्वरित बनाया है, वहीं दूसरी ओर इसने गहन अध्ययन की संस्कृति और संपादकीय गंभीरता के समक्ष नई चुनौतियाँ भी खड़ी की हैं। तकनीक और साहित्य का यह अंतर्संवाद वर्तमान समय की सबसे महत्वपूर्ण घटना है, जो पाठक और लेखक के मध्य एक नए प्रकार के प्रत्यक्ष और तात्कालिक संबंध को जन्म दे रही है।

वर्तमान परिदृश्य में इस विषय का अन्वेषण अत्यंत प्रासंगिक और न्यायसंगत प्रतीत होता है क्योंकि यह रूपांतरण केवल भौतिक नहीं, बल्कि वैचारिक भी है। जब'वागर्थ'(1995), 'नया ज्ञानोदय' (2002) और 'पाखी' (2008) जैसी प्रतिष्ठित पत्रिकाएँ डिजिटल संस्करणों को अपना रही हैं और 'समालोचन'(2010)जैसे पोर्टल साहित्यिक विमर्श के नए केंद्र बन रहे हैं, तब इस संक्रमण का विश्लेषण करना अनिवार्य हो जाता है। यह विवेचन मुद्रित माध्यम के भविष्य पर मंडरा रहे अस्तित्वगत संशयों और डिजिटल माध्यमों द्वारा प्रस्तुत असीमित संभावनाओं के मध्य एक संतुलित शोध-दृष्टि प्रदान करता है। डिजिटल युग में साहित्यिक गुणवत्ता का संरक्षण, आर्थिक स्वावलंबन और संपादकीय नैतिकता जैसे प्रश्न इस अध्ययन के केंद्र में हैं, जो न केवल पत्रिकाओं के बदलते स्वरूप को रेखांकित करते हैं, बल्कि भविष्य की साहित्यिक पत्रकारिता हेतु एक दूरगामी दिशा-निर्देश भी प्रस्तुत करते हैं।

**शोध के उद्देश्य:**

1. साहित्यिक पत्रकारिता के ऐतिहासिक विकासक्रम का विश्लेषण करना।
2. मुद्रित माध्यम से डिजिटल माध्यम की ओर संक्रमण के कारणों और प्रवृत्तियों की पड़ताल करना।
3. डिजिटल युग में साहित्यिक पत्रिकाओं के स्वरूप में आए परिवर्तनों का अध्ययन करना।
4. डिजिटल रूपांतरण द्वारा उत्पन्न चुनौतियों (आर्थिक, नैतिक, गुणवत्ता) का मूल्यांकन करना।
5. भविष्य की साहित्यिक पत्रकारिता के लिए श्हाइब्रिड मॉडलश की संभावनाओं को तलाशना।

**शोध के प्रश्न:**

1. क्या डिजिटल माध्यमों ने साहित्यिक पत्रकारिता की मौलिक संवेदना और गुणवत्ता को प्रभावित किया है?
2. क्या ई-पत्रिकाएँ और वेब-पोर्टल पारंपरिक मुद्रित पत्रिकाओं का पूर्ण विकल्प बन सकते हैं?
3. डिजिटल रूपांतरण ने 'हाशिए के विमर्शों' (स्त्री, दलित, क्षेत्रीय) को किस प्रकार वैश्विक मंच प्रदान किया है?
4. एल्गोरिदम आधारित सामग्री और मानवीय संपादकीय विवेक के बीच क्या द्वंद्व है?

**शोध विधि-** प्रस्तुत शोध में 'वर्णनात्मक' एवं 'विश्लेषणात्मक' शोध पद्धति का प्रयोग किया गया है। शोध के निष्कर्षों तक पहुँचने के लिए प्राथमिक और द्वितीयक स्रोतों का तुलनात्मक अध्ययन किया गया है। इसमें ऐतिहासिक दस्तावेजों (पुरानी पत्रिकाओं) और वर्तमान डिजिटल पोर्टल्स (केस स्टडी के रूप में) का विश्लेषण किया गया है ताकि माध्यम के बदलाव के प्रभाव को वस्तुनिष्ठ रूप से समझा जा सके।

**साहित्य समीक्षा -** साहित्यिक पत्रकारिता पर पूर्व में हुए शोधों का अवलोकन करने पर यह स्पष्ट होता है कि अधिकांश कार्य मुद्रित पत्रिकाओं के इतिहास और उनके योगदान पर केंद्रित रहे हैं।डॉ. रामविलास शर्माऔरसुबोध अग्रवालने साहित्यिक पत्रकारिता को 'सांस्कृतिक पुनर्जागरण' के रूप में देखा है। वहीं, आधुनिक दौर मेंमार्शल मैकलुहान और मैनुअल कैस्टेल्स ने सूचना समाज और माध्यम के तकनीकी पक्ष पर विस्तृत कार्य किया है। हिंदी के संदर्भ मेंविजय बहादुर सिंह और आर. पी. यादव के कार्यों ने डिजिटल मीडिया और साहित्य के अंत:संबंधों को छुआ है, परंतु 'पत्रिकाओं के भविष्य' और 'हाइब्रिड मॉडल' पर केंद्रित शोध अभी भी अत्यंत सीमित हैं। प्रस्तुत शोध इसी रिक्तता को भरने का एक लघु प्रयास है।

**साहित्यिक पत्रकारिता: अर्थ, स्वरूप और उद्देश्य-** साहित्यिक पत्रकारिता की संकल्पना वस्तुत: साहित्य की सौंदर्यपरक दृष्टि और पत्रकारिता की सामाजिक सजगता के उस द्वंद्वात्मक संलयन में निहित है, जहाँ सूचना की तात्कालिकता साहित्य की शाश्वत संवेदनशीलता के साथ एकाकार हो जाती है। इसके तात्विक अर्थ को समझने हेतु यह अनिवार्य है कि इसे मात्र समाचार प्रेषण का माध्यम न मानकर एक ऐसी 'वैचारिक पीठिका' के रूप में स्वीकार किया जाए जो समाज की बौद्धिक उर्वरता को सुरक्षित रखती है। साहित्यिक पत्रकारिता की प्रकृति और उसके उत्तरदायित्वों को स्पष्ट करने हेतु निम्नलिखित तीन परिभाषाएँ आधारभूत स्तंभ के समान हैं:

1. डॉ. रामविलास शर्मा के अनुसार: 'साहित्यिक पत्रिकाएँ समाज की वे बौद्धिक प्रयोगशालाएँ हैं, जहाँ नवीन विचारों का परीक्षण होता है, पुरानी मान्यताओं का पुनर्मूल्यांकन होता है और भविष्य के साहित्य की रूपरेखा निर्मित होती है।' यह परिभाषा साहित्यिक पत्रकारिता के 'अन्वेषणात्मक' और श्भविष्योन्मुखीश स्वरूप को उद्घाटित करती है।
2. डॉ. नामवर सिंह के अनुसार: 'साहित्यिक पत्रकारिता वह सेतु है जिस पर चलकर गंभीर विचार और सूक्ष्म संवेदनाएँ अकादमिक गलियारों से निकलकर लोकमानस की चेतना तक पहुँचते हैं।'यहाँ नामवर जी इसे 'ज्ञान के लोकतंत्रीकरण' और 'संवाद' के माध्यम के रूप में प्रतिष्ठित करते हैं।
3. आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी के अनुसार: 'पत्रकारिता जब साहित्य के सान्निध्य में आती है, तो वह केवल विवरण नहीं रह जाती, बल्कि वह काल के प्रवाह में संस्कृति के पदचिह्न अंकित करने का दायित्व संभाल लेती है।' यह परिभाषा साहित्यिक पत्रकारिता के 'सांस्कृतिक संरक्षण' वाले पक्ष को मजबूती प्रदान करती है।

साहित्य और पत्रकारिता के इसी अटूट अंत:संबंध ने ही हिंदी में उस

ऐतिहासिक परंपरा की आधारशिला रखी, जिसका प्रारंभिक उत्कर्ष पंडित जुगलकिशोर शुक्ल द्वारा संपादित 'उदन्त मार्तण्ड'(1826)की भाषायी अस्मिता से दृष्टिगोचर होता है। आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी ने जब 'सरस्वती' (1900)की कमान संभाली, तो उन्होंने सिद्ध किया कि एक संपादक का दायित्व केवल रचनाएँ छापना नहीं, बल्कि भाषा का संस्कार करनाभी है। उन्होंने 'सरस्वती' के माध्यम से 'कवि-कर्तव्य' जैसे लेख लिखकर साहित्यकारों को समाज के प्रति उनके उत्तरदायित्वों का बोध कराया। यह साहित्य और पत्रकारिता के अंत:संबंध का सबसे प्रखर उदाहरण है, जहाँ पत्रिका एक 'संस्था' और 'गुरु' की भूमिका में दिखाई देती है।

साहित्यिक पत्रकारिता के सामाजिक और सांस्कृतिक उद्देश्यों का फलक अत्यंत विस्तृत है। इसका प्राथमिक ध्येय 'सभ्य रुचि' का निर्माण करना है। उदाहरण के तौर पर, मुंशी प्रेमचंद ने 'हंस'(1930)के प्रथम अंक में ही स्पष्ट कर दिया था किष्साहित्य राजनीति के आगे चलने वाली मशाल है।ष्उनका उद्देश्य पत्रकारिता के माध्यम से दलितों, कृषकों और वंचितों के स्वर को साहित्य के केंद्र में लाना था। इसी प्रकार, सांस्कृतिक स्तर पर 'चाँद'(1920)जैसी पत्रिकाओं ने 'फाँसी अंक' या 'अछूत अंक' निकालकर यह प्रमाणित किया कि साहित्यिक पत्रकारिता सामाजिक न्याय का एक सशक्त अस्त्र है। यहाँ महादेवी वर्मा का कथन प्रासंगिक है किष्साहित्यकार अपनी इकाई में तब तक पूर्ण नहीं होता, जब तक वह अपनी समष्टि (समाज) के साथ एकाकार न हो जाए।'

पत्रिकाओं के इन्ही उद्देश्यों से उनकी वैचारिक भूमिका का निर्धारण होता है, जहाँ वे केवल रचनाओं का संग्रह न रहकर यथास्थितिवाद को चुनौती देने वाली 'बौद्धिक सत्ता' के रूप में उभरती हैं। सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन 'अज्ञेय' के संपादन में निकली 'प्रतीक'(1947)ने प्रयोगवाद के माध्यम से वैचारिक स्वाधीनता की नई परिभाषा गढ़ी, जबकि वर्तमान डिजिटल संक्रमण के दौर में भी 'वागर्थ'(1995), 'तद्भव'(1999) और 'नया ज्ञानोदय'(2002) जैसी पत्रिकाएँ अपनी वैचारिक शुचिता के माध्यम से उसी 'विवेक' की रक्षा कर रही हैं। निष्कर्षत:, साहित्यिक पत्रकारिता का अर्थ उसके उन उद्देश्यों में निहित है जो समाज को केवल सूचना नहीं देते, बल्कि उसे 'संवेदनशील' और 'विचारशील' बनाते हैं।

**डिजिटल रूपांतरण: अवधारणा और विकास-** डिजिटल रूपांतरण मात्र माध्यम का तकनीकी परिवर्तन नहीं है, बल्कि यह ज्ञान के सृजन, संचय और संप्रेषण की सदियों पुरानी पद्धतियों का आमूलचूल विस्थापन है। इसकी अवधारणा को समझने हेतु यह अनिवार्य है कि इसे सूचना क्रांति के उस वृहत्तार परिप्रेक्ष्य में देखा जाए जिसने 'गुटेनबर्ग गैलेक्सी' (मुद्रित संसार) से बाहर निकलकर मानवता को 'बाइनरी कोड्स' और 'हाइपरटेक्स्ट' के संसार में प्रतिस्थापित किया है। वैश्विक परिदृश्य में डिजिटल मीडिया का विकास 20वीं सदी के अंतिम दशकों में इंटरनेट की सुलभता के साथ तीव्र हुआ, जहाँ The Newyork Times और The Guardian जैसी संस्थाओं ने मुद्रित पृष्ठों के समानांतर डिजिटल स्पेस की महत्ता को पहचाना। वैश्विक स्तर पर सूचनाओं के इस 'डी-मैटेरियलाइजेशन' (वि-भौतिकीकरण) ने साहित्य को भी प्रभावित किया, जहाँ मुद्रित पुस्तकों और पत्रिकाओं के स्थान पर 'ई-बुक्स' और 'वेब-जर्नल्स' ने एक वैश्विक संजाल निर्मित किया। इस वैश्विक लहर ने 'गेटकीपिंग' की पारंपरिक अवधारणा को ध्वस्त कर दिया, जिससे अभिव्यक्ति के लिए किसी भौतिक प्रेस या वितरण तंत्र की अनिवार्यता समाप्त हो गई।

भारत में डिजिटल मीडिया का विस्तार एक अद्धितीय सामाजिक-तकनीकी घटना रही है। 1990 के दशक में उदारीकरण के पश्चात भारत में सूचना प्रौद्योगिकी के प्रवेश ने हिंदी और क्षेत्रीय भाषाओं के साहित्यिक परिदृश्य को नए आयाम दिए। भारत में इस विस्तार को दो चरणों में समझा जा सकता हैय प्रथम चरण जहाँ मुद्रित पत्रिकाओं ने अपनी वेबसाइटें निर्मित कीं, और द्धितीय चरण जहाँ 'यूनिकोड' के विकास ने हिंदी को इंटरनेट पर सार्वभौमिक बनाया।'वेबदुनिया'(1999)जैसे पोर्टलों ने हिंदी के डिजिटल भविष्य की आधारशिला रखी, जिसके उपरांत 'हिंदी समयश और'कविता कोश'(2006)जैसे विशाल डिजिटल अभिलेखागारों ने साहित्य की उपलब्धता को असीमित विस्तार दिया। भारत में सस्ते डेटा और स्मार्टफोन की क्रांति ने साहित्यिक पत्रकारिता के उस वर्ग तक पहुँच को संभव बनाया, जो भौगोलिक या आर्थिक कारणों से मुद्रित पत्रिकाओं से कटा हुआ था। इस विस्तार ने क्षेत्रीय साहित्य और हाशिए के विमर्शों को वह शक्ति प्रदान की, जिसकी मुद्रित माध्यम में 'स्पेस' की सीमा के कारण अनदेखी की जाती थी।

मुद्रित से डिजिटल माध्यम की संक्रमण प्रक्रिया केवल तकनीकी नहीं बल्कि एक मानसिक और संवेदनात्मक संक्रमण भी है। यह प्रक्रिया 'पेज' (पृष्ठ) से 'स्क्रीन' की ओर जाने वाली यात्रा है, जहाँ मुद्रित अक्षरों का 'स्पर्श सुख' अब डिजिटल शपिक्सल्सश की चमक में बदल रहा है। इस संक्रमण के केंद्र में 'सुविधा' और 'तात्कालिकता' के तत्व प्रधान रहे हैं। जब लब्धप्रतिष्ठ पत्रिकाएँ जैसे 'वागर्थ'(1995), 'नया ज्ञानोदय' (2002) और 'पाखी'(2008)अपने मुद्रित अंकों के साथ-साथ 'ई-पेपर' या वेबसाइट के प्रारूप में आईं, तो उन्होंने परंपरा और आधुनिकता के मध्य एक संतुलन साधने का प्रयास किया। यह संक्रमण प्रक्रिया मुद्रण की भारी लागत, डाक वितरण की अनिश्चितता और पाठकों की घटती संख्या जैसे संकटों का एक तकनीकी समाधान बनकर उभरी। आज 'तद्भव' (1999)जैसी गंभीर पत्रिका का ऑनलाइन सुलभ होना इस बात का प्रमाण है कि संक्रमण की यह प्रक्रिया अब अपरिहार्य हो चुकी है।

तकनीक और साहित्य का यह अंतर्संवाद अंतत: एक नई सृजनात्मक भाषा को जन्म दे रहा है। तकनीक अब केवल 'वाहक' नहीं है, बल्कि वह साहित्य के 'कथ्य' और 'शिल्प' को भी प्रभावित कर रही है। 'ट्विटर' की लघुता ने सूक्तिपरक लेखन को और 'ब्लॉग्स' ने आत्मपरक गद्य को नया विस्तार दिया है। इस अंतर्संवाद ने 'हाइपरलिंक्स' के माध्यम से अंतर-साहित्यिक संबंधों को सुदृढ़ किया है, जहाँ एक कविता पढ़ते हुए पाठक तुरंत उसके ऐतिहासिक संदर्भ या कवि के अन्य पाठों तक पहुँच सकता है।'समालोचन'(2010)जैसे वेब-पोर्टलों ने इस अंतर्संवाद का उपयोग करके समीक्षा और रचनात्मकता को एक नया 'मल्टीमीडिया' अनुभव प्रदान किया है, जिसमें शब्द के साथ-साथ ध्वनि और दृश्य का भी समावेश है। निष्कर्षत:, डिजिटल रूपांतरण ने साहित्य को एक ऐसी शतरलताश प्रदान की है, जहाँ वह मुद्रित पृष्ठों की जड़ता को त्यागकर निरंतर प्रवाहमान और वैश्विक संवाद के लिए तत्पर है।

**डिजिटल युग में साहित्यिक पत्रकारिता का परिवर्तित स्वरूप-** डिजिटल युग ने साहित्यिक पत्रकारिता के बाह्य आवरण और आंतरिक संरचना दोनों को मौलिक रूप से परिवर्तित कर दिया है। यह परिवर्तन केवल छपाई की मशीनों से हटकर कंप्यूटर स्क्रीन तक सीमित नहीं है, बल्कि इसने अभिव्यक्ति के नए प्रारूपों को जन्म दिया है। आज'ई-पत्रिकाएँ'और 'वेब-जर्नल' साहित्यिक पत्रकारिता के सबसे सशक्त विकल्प बनकर उभरे हैं। इन

पत्रिकाओं ने मुद्रण की भारी लागत और डाक वितरण की सीमाओं को समाप्त कर दिया है। उदाहरणस्वरूप, 'समालोचन' (2010) और 'जानकीपुल' (2010)जैसे पोर्टलों ने हिंदी साहित्यिक पत्रकारिता में एक नई 'संपादकीय संस्कृति' विकसित की है, जहाँ किसी भी गंभीर रचना पर वैश्विक स्तर के पाठकों की तात्कालिक प्रतिक्रिया संभव है। इसी क्रम में 'हिंदी समय' और 'कविता कोश'(2006)ने एक विशाल डिजिटल आर्काइव के रूप में कार्य करते हुए, शोधार्थियों और पाठकों के लिए साहित्य की उपलब्धता को १एक क्लिकश की दूरी पर ला दिया है।

साहित्यिक वेबसाइटों, पोर्टलों और ब्लॉग्स ने पत्रकारिता में 'लोकतंत्र' का विस्तार किया है। ब्लॉगिंग के प्रारंभिक दौर में लेखकों को संपादकीय 'गेटकीपिंग' से मुक्ति मिली, जिससे 'वैयक्तिक विमर्श' और 'डायरी लेखन' की विधाओं को बल मिला। पोर्टल्स के इस युग में 'स्त्रीकाल'(2011)जैसे मंचों ने पितृसत्तात्मक ढांचों को चुनौती देते हुए स्त्री-विमर्श को एक नई वैचारिकी प्रदान की है। अब साहित्यिक पोर्टल केवल रचनाएँ प्रकाशित नहीं करते, बल्कि वे समकालीन विमर्शों पर 'लाइव' बहस और संवाद भी आयोजित करते हैं। इस रूपांतरण ने साहित्यिक पत्रकारिता को 'सुविधा-सापेक्ष' बनाया है, जहाँ पाठक अपनी पसंद की सामग्री को मोबाइल उपकरणों के माध्यम से कभी भी और कहीं भी पढ़ सकता है। यह 'वेब-जर्नल' परंपरा 'नया ज्ञानोदय'(2002)या'वागर्थ'(1995)जैसी पारंपरिक पत्रिकाओं के डिजिटल संस्करणों के साथ मिलकर एक सुदृढ़ समानांतर सत्ता निर्मित कर रही है।

वर्तमान समय का सबसे क्रांतिकारी परिवर्तन 'ऑडियो-विजुअल साहित्य' (पॉडकास्ट और वीडियो पाठ) के रूप में सामने आया है। यह माध्यम साहित्य के उस 'वाचिक' स्वरूप को पुनर्जीवित कर रहा है, जो कभी श्रुति परंपरा का हिस्सा था। आज 'लल्लनटॉप' (2016)जैसे प्लेटफार्मों पर 'किताबवाला' या 'कविता' जैसे कार्यक्रमों ने युवाओं के बीच साहित्यिक अभिरुचि को पुन: जाग्रत किया है। पॉडकास्ट के माध्यम से गंभीर कविताओं और कहानियों को लेखक के अपने स्वर में सुनना एक नया संवेदनात्मक अनुभव प्रदान करता है। यूट्यूब और 'स्पॉटिफाई' जैसे माध्यमों ने साहित्यिक पत्रकारिता को 'मल्टीमीडिया' अनुभव में बदल दिया है, जहाँ शब्द के साथ-साथ संगीत और दृश्यों का संयोजन उसे और अधिक प्रभावी बनाता है। यह परिवर्तन इस बात का प्रमाण है कि साहित्य अब केवल 'पढ़ने' की वस्तु नहीं, बल्कि 'सुनने और देखने' का अनुभव भी है।

साहित्यिक अभिव्यक्ति के इस नवीन परिदृश्य में 'सोशल मीडिया' (फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स) की भूमिका को अनदेखा नहीं किया जा सकता। इन प्लेटफार्मों ने 'माइक्रो-पोएट्री' और 'तहत' की पत्रकारिता को जन्म दिया है। अब एक लेखक को अपनी रचना के लिए महीनों प्रतीक्षा नहीं करनी पड़तीय वह सीधे अपने पाठकों से जुड़ा है। फेसबुक और इंस्टाग्राम पर साहित्यिक ग्रुप्स और पेजों ने 'सामुदायिक पत्रकारिता' का एक ऐसा मॉडल तैयार किया है, जहाँ पाठक ही आलोचक और प्रसारक की भूमिका निभा रहा है। यहाँ सदानंद शाही का यह विचार प्रासंगिक है कि 'सोशल मीडिया ने साहित्य को ड्राइंग रूम की ऊब से निकालकर सड़क की हलचल से जोड़ दिया है।' हालाँकि, सोशल मीडिया पर भाषायी मर्यादा और गुणवत्ता का संकट एक बड़ी चुनौती है, फिर भी इसने साहित्य के प्रसार को जो 'गति' दी है, वह ऐतिहासिक है।डिजिटल स्वरूप ने साहित्यिक पत्रकारिता को अधिक समावेशी, गतिशील और संवादात्मक बना दिया है, जिसने भविष्य की पत्रकारिता हेतु एक बहुआयामी कैनवास तैयार किया है।

**डिजिटल माध्यम और पाठकीय संस्कृति-** डिजिटल माध्यमों के प्रसार ने न केवल पत्रकारिता के कलेवर को बदला है, बल्कि इसने एक नई 'पाठकीय संस्कृति' को भी जन्म दिया है। आज का पाठक केवल सूचना प्राप्त करने वाला निष्क्रिय पात्र नहीं है, बल्कि वह डिजिटल स्पेस में सक्रिय और सहभागी है। इस परिवर्तन को 'हाइपर-रीडिंग' की संज्ञा दी गई है, जहाँ पाठक मुद्रित पृष्ठों की भांति 'रेखीय पठन' न करके स्क्रीन पर 'स्कैनिंग' और 'मल्टी-टास्किंग' के साथ साहित्य का रसास्वादन कर रहा है। डिजिटल युग के पाठक की बदलती प्रवृत्तियों को देखें तो 'धैर्य' का स्थान 'तात्कालिकता' ने ले लिया है। अब पाठक लंबे और बोझिल लेखों के स्थान पर सूक्ष्म, सारगर्भित और दृश्य-श्रव्य सामग्री की ओर अधिक आकर्षित हो रहा है। 'समालोचन' (2010)जैसे पोर्टलों पर पाठकों की बढ़ती संख्या इस बात का प्रमाण है कि पाठक अब 'कंटेंट' की गुणवत्ता के साथ-साथ उसकी डिजिटल सुलभता को भी प्राथमिकता दे रहा है।

युवा पाठक वर्ग का साहित्य से जुड़ाव इस डिजिटल क्रांति का सबसे सुखद पहलू बनकर उभरा है। पूर्व में यह धारणा बन रही थी कि नई पीढ़ी साहित्य से कट रही है, किंतु डिजिटल प्लेटफार्मों ने इस धारणा को निर्मूल सिद्ध कर दिया है। 'लल्लनटॉप'(2016)के 'किताबवाला' कार्यक्रम या इंस्टाग्राम के 'बुकग्राम' समुदायों ने युवाओं में साहित्यिक अभिरुचि को पुनर्जीवित किया है। आज का युवा पाठक 'प्रतिलिपि'(2014)जैसे ऐप्स पर न केवल साहित्य पढ़ रहा है, बल्कि स्वयं भी सृजन कर रहा है। यह 'सेल्फ-पब्लिशिंग' मॉडल युवाओं को वह मंच प्रदान करता है जो पारंपरिक पत्रिकाओं में स्थान की कमी के कारण संभव नहीं था। यहाँ उदय प्रकाश का यह कथन सटीक बैठता है कि 'तकनीक ने साहित्य को पुराने ढांचों से निकालकर युवाओं की पॉकेट (स्मार्टफोन) में पहुँचा दिया है।'

डिजिटल माध्यमों ने बहुभाषिकता और क्षेत्रीय साहित्य की पहुँच को वैश्विक विस्तार दिया है। पहले किसी क्षेत्रीय भाषा की पत्रिका का वितरण भौगोलिक सीमाओं में बंधा था, किंतु डिजिटल रूपांतरण ने 'भाषा की दीवार' को पारदर्शी बना दिया है। आज 'तद्भव' (1999) या 'वागर्थ' (1995) जैसी पत्रिकाओं के लेख दुनिया के किसी भी कोने में बैठे पाठक के लिए अनुवाद उपकरणों (Translation tool) के माध्यम से सुलभ हैं। क्षेत्रीय साहित्य अब 'लोक' से निकलकर 'ग्लोबल' हो गया है।'कविता कोश' (2006)और 'गद्य कोश' ने लोकभाषाओं और बोलियों के साहित्य को जो डिजिटल संरक्षण प्रदान किया है, उसने पाठकीय संस्कृति को और अधिक समावेशी और समृद्ध बनाया है। अब एक ही स्क्रीन पर पाठक वैश्विक क्लासिक्स और अपनी माटी की कविता का एक साथ आनंद ले सकता है। पाठक-लेखक संवाद की नई संरचना इस युग की सबसे बड़ी उपलब्धि है। पारंपरिक पत्रकारिता में पाठक अपनी प्रतिक्रिया 'संपादक के नाम पत्र' के माध्यम से भेजता था, जिसके प्रकाशन में हफ्तों लग जाते थे। किंतु आज फेसबुक, एक्स (ट्विटर) और साहित्यिक वेबसाइटों के कमेंट सेक्शन ने इस संवाद को 'तात्कालिक' और 'संवादात्मक' बना दिया है। पाठक अब लेखक से सीधे प्रश्न पूछ सकता है और अपनी आलोचना दर्ज करा सकता है। इस प्रत्यक्ष संवाद ने लेखकों के भीतर भी एक 'उत्तरदायित्व' का भाव पैदा किया है। 'स्त्रीकाल' (2011) और 'जानकीपुल' (2010)जैसे मंचों पर चलने वाली लंबी बहसें यह दर्शाती हैं कि डिजिटल माध्यमों ने एक ऐसे 'वर्चुअल कॉफी हाउस' का निर्माण किया है जहाँ विचार निरंतर प्रवाहमान

हैं। निष्कर्षत:, डिजिटल माध्यमों ने पाठकीय संस्कृति को अधिक लोकतांत्रिक, त्वरित और बहुआयामी बनाया है, जिसने साहित्य को केवल 'पढ़ने' की वस्तु न रखकर एक 'जीने वाले अनुभव' में बदल दिया है।

**डिजिटल माध्यम में साहित्यिक पत्रिकाओं के अवसर–** डिजिटल क्रांति ने साहित्यिक पत्रकारिता के समक्ष संभावनाओं के ऐसे द्वार खोले हैं, जिनकी कल्पना मुद्रण के युग में असंभव थी। यह माध्यम साहित्य के लिए केवल एक नया 'मंच' नहीं, बल्कि एक नया 'आकाश' बनकर उभरा है। इस तकनीकी विस्तार ने साहित्य की उस मुक्ति को संभव बनाया है जिसका स्वप्न आधुनिकतावादी कवियों ने देखा था। डिजिटल माध्यम की इस असीमित गति और पहुँच को रेखांकित करने हेतु ये पंक्तियाँ अत्यंत सटीक बैठती हैं: 'शब्दों को अब किसी सरहद की परवाह नहीं, हवाओं के साथ ये हर दिशा में बहते हैं। स्याही सूखती नहीं अब किसी पन्ने पर, ये पिक्सल्स बनकर दिलों में रहते हैं।'

डिजिटल रूपांतरण का सबसे बड़ा अवसर 'वैश्विक पाठक–वर्ग तक सीधी पहुँच' के रूप में सामने आया है। मुद्रित पत्रिकाओं की सीमा उनके वितरण तंत्र और डाक व्यवस्था की अनिश्चितता थी, किंतु डिजिटल माध्यम ने 'भौगोलिक दूरी' को अर्थहीन कर दिया है। आज 'तद्भव'(1999)का कोई लेख प्रकाशित होते ही न्यूयॉर्क, लंदन या मॉरीशस में बैठे पाठक के लिए उसी क्षण सुलभ हो जाता है। इस वैश्विक व्याप्ति ने हिंदी साहित्य को 'प्रवासी विमर्श' और 'विश्व साहित्य' के साथ सीधे संवाद की स्थिति में ला दिया है। अब कोई भी पत्रिका केवल 'स्थानीय' नहीं रही, बल्कि वह 'ग्लोबल' पहचान की ओर अग्रसर है।

शीघ्र प्रकाशन और लागत में कमी डिजिटल माध्यम का दूसरा अत्यंत व्यावहारिक पक्ष है। पारंपरिक मुद्रण में कागज की बढ़ती कीमतें, छपाई का समय और भारी लागत अक्सर अच्छी पत्रिकाओं के बंद होने का कारण बनती थीं। डिजिटल स्वरूप ने इस 'आर्थिक अवरोध' को समाप्त कर दिया है।'समालोचन'(2010)और 'जानकीपुल'(2010)जैसे पोर्टलों ने यह प्रमाणित किया है कि बिना किसी भारी बजट के भी उच्च स्तरीय संपादकीय विवेक के साथ गंभीर पत्रकारिता की जा सकती है। यहाँ 'त्वरित प्रकाशन' की सुविधा ने साहित्यिक प्रतिक्रियाओं को और भी सघन बना दिया है, जिससे समकालीन विमर्शों में ठहराव के स्थान पर निरंतरता आई है।

नवोदित साहित्यकारों के लिए डिजिटल माध्यम एक वरदान बनकर उभरा है। पारंपरिक पत्रिकाओं में 'स्पेसश' (जगह) की कमी और स्थापित नामों के वर्चस्व के कारण नए रचनाकारों को वर्षों प्रतीक्षा करनी पड़ती थी। किंतु 'प्रतिलिपि'(2014), 'हिंदवी' और विभिन्न साहित्यिक ब्लॉग्स ने इस श्संपादकीय द्वारपालश की व्यवस्था को अधिक उदार और लोकतांत्रिक बनाया है। इसने साहित्य के 'लोकतंत्रीकरण' का मार्ग प्रशस्त किया है, जहाँ गुणवत्ता ही एकमात्र कसौटी है। युवा रचनाकार अब सोशल मीडिया और पोर्टल्स के माध्यम से अपनी मौलिक पहचान त्वरित रूप से बना रहे हैं। यह मंच केवल रचना ही नहीं देता, बल्कि नवोदितों को स्थापित विद्वानों के साथ एक ही 'स्क्रीन' पर विमर्श का अवसर भी प्रदान करता है।

साहित्यिक अभिलेखनऔर शोध–सुविधा की दृष्टि से डिजिटल युग एक 'स्वर्ण युग' है। पूर्व में शोधार्थियों को दशकों पुरानी पत्रिकाओं की धूल फाँकनी पड़ती थी, किंतु अब 'कविता कोश'(2006), 'गद्य कोश' और 'रेख्ता' जैसे विशाल डिजिटल पुस्तकालयों ने दुर्लभ पांडुलिपियों और विलुप्त पत्रिकाओं को पुनर्जीवित कर दिया है। शोध के लिए अब 'कीवर्ड सर्च' की सुविधा ने समय की बचत की है और तुलनात्मक अध्ययन को अधिक सटीक बनाया है।'वागर्थ'(1995)और'नया ज्ञानोदय'(2002)जैसे प्रकाशनों के डिजिटल आर्काइव्स भविष्य की पीढ़ियों के लिए हमारी सांस्कृतिक विरासत को सुरक्षित रखने का सबसे विश्वसनीय साधन हैं। निष्कर्षत:, डिजिटल माध्यम ने साहित्यिक पत्रकारिता को 'साधन–विहीनता' के संकट से निकालकर 'अवसरों की प्रचुरता' के धरातल पर खड़ा कर दिया है।

**संपादकीय मूल्य और नैतिकता–** डिजिटल युग में साहित्यिक पत्रकारिता के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती माध्यम का रूपांतरण नहीं, बल्कि 'संपादकीय मूल्यों' का संरक्षण है। जब सूचनाओं का प्रवाह अनियंत्रित हो और प्रसार की गति प्रकाश की गति से प्रतिस्पर्धा कर रही हो, तब 'संपादकीय विवेक' की भूमिका और भी गुरुतर हो जाती है। डिजिटल संपादन की प्रकृति पारंपरिक संपादन से सर्वथा भिन्न है यहाँ संपादक को केवल भाषा और कथ्य का परिष्कार ही नहीं करना पड़ता, बल्कि उसे 'हाइपरटेक्स्ट', 'एसईओ' और 'मल्टीमीडिया' तालमेल के साथ भी सामंजस्य बिठाना होता है। यह एक ऐसी दोहरी चुनौती है जहाँ एक ओर तकनीक की माँग है और दूसरी ओर साहित्य की गरिमा। इस संदर्भ में यह पंक्तियाँ विचारणीय हैं: 'अक्षरों की भीड़ में सच कहीं खो न जाए, मशीनों के दौर में इंसान सो न जाए। कलम की साख बचाना ही अब धर्म है हमारा, कहीं ये पिक्सल्स का ज़रिया जहर न हो जाए।'

साहित्यिक गुणवत्ता और मानकों का संरक्षण डिजिटल स्पेस में एक कठिन संघर्ष बन गया है। मुद्रित पत्रिकाओं में स्थान की सीमितता के कारण एक कड़ी 'छलनी' की प्रक्रिया होती थी, जिससे केवल श्रेष्ठ साहित्य ही पाठक तक पहुँचता था। किंतु डिजिटल माध्यम की 'असीमित जगह' ने कभी–कभी गुणवत्ता के साथ समझौता करने की छूट दे दी है। 'समालोचन'(2010)और'तद्भव'(1999)जैसे मंचों ने डिजिटल होने के बावजूद अपने संपादकीय मानकों को मुद्रित पत्रिकाओं की तरह ही कठोर रखा है, जो यह सिद्ध करता है कि माध्यम कोई भी हो, 'श्रेष्ठता' संपादक की निष्ठा पर निर्भर करती है। आज 'लाइक' और 'शेयर' की दौड़ में गुणवत्ता को बचाए रखना ही साहित्यिक पत्रकारिता की असली परीक्षा है।

मौलिकता, तथ्यपरकता और साहित्यिक उत्तरदायित्व डिजिटल युग के सबसे संवेदनशील बिंदु हैं। 'कट–कॉपी–पेस्ट' की संस्कृति ने श्साहित्यिक चोरीश को आसान बना दिया है, जिससे मौलिक रचनाकार के अधिकारों का हनन हो रहा है। डिजिटल संपादक का यह नैतिक उत्तरदायित्व है कि वह तकनीक के माध्यम से मौलिकता की जाँच करे और यह सुनिश्चित करे कि डिजिटल जगत में 'तथ्य' और 'तर्क' की बलि न चढ़े। 'हंस' (1930) या 'वागर्थ' (1995)जैसी पत्रिकाओं की जो साख मुद्रण में थी, उसे डिजिटल धरातल पर बनाए रखने के लिए तथ्यपरकता के साथ–साथ 'कॉपीराइट' के प्रति सजगता अनिवार्य है। यहाँ डॉ. नामवर सिंह की वह चेतावनी प्रासंगिक है कि 'साहित्यिक संपादक को भीड़ का हिस्सा नहीं, बल्कि भीड़ का मार्गदर्शक होना चाहिए।'

वर्तमान में 'एल्गोरिदम बनाम संपादकीय विवेक' का द्वंद्व एक नई वैचारिक बहस को जन्म दे रहा है। डिजिटल प्लेटफॉर्म अक्सर उन सामग्रियों को अधिक बढ़ावा देते हैं जिन्हें 'एल्गोरिदम' लोकप्रिय समझता है, भले ही वे साहित्यिक दृष्टि से कमजोर हों। यह 'लोकप्रियता बनाम गुणवत्ता' का संकट है। एक मशीन यह तय करने लगी है कि पाठक क्या पढ़ेगा, जबकि साहित्यिक पत्रकारिता का मूल स्वभाव 'अलोकप्रिय' लेकिन 'महत्वपूर्ण'

विचारों को स्वर देना रहा है।'नया ज्ञानोदय' (2002) और 'पाखी' (2008) जैसे गंभीर प्रयासों का उद्देश्य इसी एल्गोरिदम की जड़ता को तोड़कर 'संपादकीय विवेक' की स्वायत्तता को सुरक्षित रखना है। निष्कर्षत:, डिजिटल युग में संपादकीय नैतिकता का अर्थ केवल तकनीकी शुद्धता नहीं, बल्कि उस 'मानवीय दृष्टि' को बचाए रखना है जो साहित्य को केवल 'डेटा' बनने से रोकती है।

**साहित्यिक पत्रिकाओं का भविष्य–** साहित्यिक पत्रकारिता का भविष्य 'विस्थापन' का नहीं, बल्कि 'सह-अस्तित्व' का है। मुद्रित माध्यमों के अंत की भविष्यवाणियों के विपरीत, भविष्य एक ऐसे 'हाइब्रिड मॉडल' की ओर संकेत कर रहा है जहाँ प्रिंट और डिजिटल एक-दूसरे के पूरक होंगे। इस मॉडल में गंभीर विमर्श, संग्रहणीय लेख और दीर्घकालिक महत्व की सामग्री मुद्रित स्वरूप में सुरक्षित रहेगी, जबकि त्वरित टिप्पणियाँ, विजुअल रिपोर्ट और पाठक संवाद डिजिटल मंचों पर संपन्न होंगे।'वागर्थ' (1995) और 'नया ज्ञानोदय'(2002)जैसी पत्रिकाओं ने पहले ही इस हाइब्रिड मॉडल को अपनाना शुरू कर दिया है, जहाँ मुद्रित अंक के साथ-साथ उनका ई-संस्करण वैश्विक पहुँच सुनिश्चित करता है। भविष्य की इस नवीन संरचना पर ये पंक्तियाँ सटीक बैठती हैं: 'नया सूरज उगेगा, पर पुरानी रोशनी भी साथ होगी, कागज की गंध में लिपटी, तकनीक की बात होगी। कलम अब कीबोर्ड से हाथ मिला चुकी है, साहित्य की दुनिया में अब एक नई शुरुआत होगी।'

भविष्य की पत्रिकाओं की सफलता 'सदस्यता एवं समुदाय-आधारित संरचना' पर निर्भर करेगी। विज्ञापन-आधारित आर्थिक मॉडल की विफलता के बाद, अब साहित्यिक पत्रकारिता अपने 'वफादार पाठकों' की ओर लौट रही है।'तद्भव'(1999)और'पहल'(1973)जैसी पत्रिकाओं की सफलता का राज उनका वह पाठक समुदाय है जो साहित्य को एक 'उत्पाद' नहीं बल्कि एक 'सांस्कृतिक मूल्य' मानता है। डिजिटल युग में 'क्राउडफंडिंग' और 'सब्सक्रिप्शन' आधारित मॉडल (जैसे Patreon या व्यक्तिगत सदस्यता ऐप) यह सुनिश्चित करेंगे कि पत्रिकाएँ व्यावसायिक दबावों से मुक्त होकर अपनी वैचारिक स्वतंत्रता बनाए रखें। भविष्य की पत्रिकाएँ केवल सूचना का स्रोत नहीं, बल्कि एक 'वैचारिक समुदाय' होंगी जहाँ पाठक भी सक्रिय हिस्सेदार होगा।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) और साहित्यिक पत्रकारिता का संबंध भविष्य की सबसे बड़ी और रोमांचक चुनौती है। एआई केवल अनुवाद या डेटा विश्लेषण तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि यह 'हाइपर-पर्सनलाइजेशन' के माध्यम से प्रत्येक पाठक की रुचि के अनुसार साहित्यिक सामग्री परोसने में मदद करेगा। हालाँकि, यहाँ खतरा 'मानवीय संवेदना' के मशीनीकरण का है, लेकिन एक सकारात्मक नवाचार के रूप में एआई दुर्लभ पांडुलिपियों के संरक्षण और भाषायी अनुवाद (जैसे हिंदी से अन्य भारतीय भाषाओं में स्वत: अनुवाद) में क्रांतिकारी भूमिका निभा सकता है। 'समालोचन' (2010) जैसे पोर्टलों पर भविष्य में एआई-आधारित 'वर्चुअल असिस्टेंट' पाठकों को साहित्य की विशाल दुनिया में सही दिशा दिखाने का कार्य कर सकते हैं।

अंतत:, साहित्यिक पत्रकारिता में सतत विकास और नवाचार की अपार संभावनाएँ हैं। नवाचार केवल तकनीक में नहीं, बल्कि 'प्रस्तुति' में भी अपेक्षित है। 'वर्चुअल रियलिटी' (VR) के माध्यम से पाठकों को किसी कवि के रचना-संसार का आभासी दौरा कराना या कहानियों को 'इंटरैक्टिव फिक्शन' में बदलना भविष्य के नवाचार हो सकते हैं।'हंस'(1930)जैसी ऐतिहासिक पत्रिकाओं का डिजिटल आर्काइव जब 'मेटावर्स' जैसे मंचों पर उपलब्ध होगा, तब साहित्य की नई पीढ़ी अपने अतीत से और भी जीवंत रूप में जुड़ सकेगी। निष्कर्षत:, साहित्यिक पत्रकारिता का भविष्य तकनीक के अंधानुकरण में नहीं, बल्कि तकनीकी सुलभता और मानवीय विवेक के उस संतुलन में है, जो साहित्य की 'आत्मा' को अक्षुण्ण रखते हुए उसे वैश्विक आकाश प्रदान करे।

**भारतीय संदर्भ में डिजिटल साहित्यिक पत्रकारिता–** भारतीय परिप्रेक्ष्य में साहित्यिक पत्रकारिता का डिजिटल रूपांतरण केवल एक तकनीकी बदलाव नहीं, बल्कि एक सामाजिक 'समावेशीकरण' की प्रक्रिया है। भारत जैसे बहुभाषी और विविध संस्कृति वाले देश में डिजिटल माध्यमों ने साहित्य को महानगरों के संभ्रांत बौद्धिक घेरों से निकालकर सुदूर ग्रामीण अंचलों तक पहुँचाया है। हिंदी साहित्यिक पत्रिकाओं के डिजिटल संक्रमण को देखें तो यह एक ऐतिहासिक अनिवार्यताबोध का परिणाम है। जब 'वागर्थ' (1995), 'नया ज्ञानोदय' (2002) और 'पाखी' (2008) जैसी मुख्यधारा की पत्रिकाओं ने अपने डिजिटल संस्करणों का विस्तार किया, तो उन्होंने न केवल अपने अस्तित्व की रक्षा की, बल्कि एक नए 'ग्लोबल' पाठक वर्ग को भी अपने साथ जोड़ा। यह संक्रमण भारतीय मेधा के उस लचीलेपन का प्रमाण है जो अपनी जड़ों (परंपरा) को छोड़े बिना नए आकाश (तकनीक) की ओर अग्रसर है।

क्षेत्रीय पत्रिकाओं की डिजिटल भूमिका इस रूपांतरण का सबसे क्रांतिकारी पक्ष है। भारत की भाषायी विविधता मुद्रित माध्यमों में अक्सर वितरण और आर्थिक सीमाओं के कारण दब जाती थी। किंतु डिजिटल मंचों ने मराठी, बांग्ला, तमिल, मलयालम और विशेष रूप से भोजपुरी, मैथिली एवं राजस्थानी जैसी बोलियों के साहित्य को एक 'समान धरातल' प्रदान किया है।'प्रतिलिपि'(2014)जैसे बहुभाषी मंचों पर क्षेत्रीय भाषाओं के साहित्य का व्यापक प्रसार यह दर्शाता है कि डिजिटल माध्यम ने 'भाषायी उपनिवेशवाद' को चुनौती दी है। यहाँ यह पंक्तियाँ प्रासंगिक हैं: 'अपनी माटी की महक अब सरहदों की मोहताज नहीं, हर बोली का अपना सुर है, अब कोई आवाज बे-साज नहीं। पिक्सल्स के इन छोटे घरों में पूरी दुनिया बसती है, क्षेत्रीय अस्मिता का अब कोई भी सपना मोहताज नहीं।'

डिजिटल साहित्यिक पत्रकारिता ने 'स्त्री, दलित एवं वंचित स्वर' के प्रतिनिधित्व को एक अभूतपूर्व शक्ति प्रदान की है। पारंपरिक साहित्यिक पत्रकारिता में अक्सर इन वर्गों को 'विशेषांकों' तक सीमित कर दिया जाता था, किंतु डिजिटल पोर्टलों ने इन्हें स्वतंत्र और सतत मंच दिया है। 'स्त्रीकाल' (2011)जैसे पोर्टल ने पितृसत्तात्मक विमर्शों को जिस तीक्ष्णता से चुनौती दी है, वह मुद्रित माध्यम की सीमाओं में संभव नहीं था। इसी प्रकार, दलित और वंचित समाज के रचनाकारों ने अपने ब्लॉग्स और वेब-पत्रिकाओं के माध्यम से 'प्रति-साहित्य' की एक नई धारा प्रवाहित की है। डिजिटल स्पेस की 'अनसेंसर्ड' प्रकृति ने उन अनुभवों और यंत्रणाओं को स्वर दिया है जिन्हें मुख्यधारा की पत्रकारिता अक्सर 'शालीनता' के नाम पर दरकिनार कर देती थी।

अंतत:, भारतीय सांस्कृतिक चेतना और डिजिटल साहित्य का संबंध एक 'संवर्धित यथार्थ' की रचना कर रहा है। डिजिटल माध्यमों ने भारतीय मिथकों, लोक-कथाओं और पारंपरिक ज्ञान को 'मल्टीमीडिया' प्रारूप में संरक्षित किया है।'कविता कोश'(2006)और 'गद्य कोश' ने भारतीय मनीषा

के सदियों पुराने चिंतन को 'यूनिकोड' के माध्यम से भविष्य की पीढ़ियों के लिए सुरक्षित कर दिया है। यह डिजिटल साहित्य केवल पाठ नहीं है, बल्कि यह ध्वनि, दृश्य और संवादात्मकता के माध्यम से भारतीय संस्कृति की निरंतरता को वैश्विक धरातल पर पुनर्स्थापित कर रहा है। निष्कर्षत:, भारतीय संदर्भ में डिजिटल साहित्यिक पत्रकारिता एक ऐसी लोकतांत्रिक प्रक्रिया है, जो 'विविधता में एकता' के सूत्र को डिजिटल 'बाइनरी कोड्स' में पिरोकर एक सशक्त और समृद्ध भारत का साहित्यिक चित्र प्रस्तुत करती है।

**डिजिटल युग में साहित्यिक पत्रकारिता की चुनौतियाँ–** डिजिटल रूपांतरण की चमक–दमक के मध्य उन अंतर्निहित चुनौतियों का विश्लेषण अनिवार्य है जो साहित्यिक पत्रकारिता की जड़ों को प्रभावित कर रही हैं। वर्तमान में 'आर्थिक स्थायित्व की समस्या' सबसे विकराल रूप में खड़ी है। मुद्रित पत्रिकाओं के पास विज्ञापन और वार्षिक सदस्यता का एक निश्चित ढाँचा था, किंतु डिजिटल जगत में 'मुफ्त सामग्री' की मानसिकता ने पत्रिकाओं के आर्थिक आधार को हिला दिया है। अधिकांश साहित्यिक पोर्टल व्यक्तिगत आर्थिक संसाधनों या शौकिया जुनून पर टिके हैं।'समालोचनश (2010) और 'जानकीपुल'(2010)जैसे गंभीर प्रयासों के सामने भी यह प्रश्न खड़ा है कि बिना किसी संस्थागत सहयोग या विज्ञापन मॉडल के लंबे समय तक गुणवत्तापूर्ण सामग्री कैसे प्रदान की जाए। आर्थिक अभाव अक्सर पत्रिकाओं को बंद करने या व्यावसायिक समझौतों की ओर धकेलता है, जो अंतत: साहित्यिक स्वतंत्रता को बाधित करता है।

दूसरी बड़ी चुनौती 'गुणवत्ता बनाम लोकप्रियता' का द्वंद्व है। डिजिटल मीडिया की सफलता अक्सर 'क्लिक', 'व्यूज' और 'शेयर' के आधार पर मापी जाती है। इस 'वायरल' होने की होड़ में गंभीर और क्लिष्ट साहित्यिक विमर्श कहीं पीछे छूट जाते हैं। एल्गोरिदम उन सामग्रियों को प्राथमिकता देता है जो सनसनीखेज या लोकप्रिय हों। यहाँ अज्ञेय द्वारा 'प्रतीक' (1947) में स्थापित वह संपादकीय गरिमा संकट में है, जहाँ रचना की श्रेष्ठता ही उसकी एकमात्र कसौटी थी। आज 'नया ज्ञानोदय' (2002) या 'तद्भव' (1999)जैसी पत्रिकाओं के लिए चुनौती यह है कि वे डिजिटल भीड़ में अपनी विशिष्ट और गंभीर पहचान कैसे बनाए रखें, ताकि वे केवल 'कंटेंट' न बनकर 'साहित्य' बनी रहें। इस संकट को ये पंक्तियाँ रेखांकित करती हैं: 'भीड़ बढ़ रही है पिक्सल्स के बाजारों में, अक्षरों की खुशबू खो रही है विज्ञापनों की बौछारों में। सच को अब 'लाइक' की मोहताजी है, साहित्य सिसक रहा है इन डिजिटल गलियारों में।'

'कॉपीराइट एवं बौद्धिक संपदा' का संरक्षण डिजिटल युग का सबसे बड़ा कानूनी और नैतिक संकट है। इंटरनेट पर सामग्री साझा करना जितना सहज है, उसे सुरक्षित रखना उतना ही कठिन। 'कट–कॉपी–पेस्ट' की प्रवृत्ति ने रचनाकारों के बौद्धिक अधिकारों का व्यापक हनन किया है।'हंस' (1930) या 'वागर्थ'(1995)की किसी कालजयी रचना को बिना अनुमति के अनगिनत ब्लॉग्स और सोशल मीडिया पेजों पर साझा किया जाता है, जिससे मूल पत्रिका और लेखक दोनों को आर्थिक एवं श्रेयगत हानि होती है। डिजिटल दुनिया में 'साहित्यिक चोरी' को रोकने हेतु कड़े कानूनों और 'डिजिटल राइट्स मैनेजमेंट' की उपलब्धता अभी भी भारतीय संदर्भ में प्रारंभिक अवस्था में है।

अंतत:, 'डिजिटल विभाजनऔर तकनीकी असमानता' भारतीय साहित्यिक परिदृश्य की एक कड़वी सच्चाई है। यद्यपि हम डिजिटल इंडिया की बात करते हैं, किंतु भारत का एक बड़ा हिस्सा अब भी उच्च गति इंटरनेट और तकनीकी कौशल से वंचित है। यह विभाजन एक नई 'बौद्धिक खाई' पैदा कर रहा है, जहाँ केवल वही साहित्य चर्चा में है जो डिजिटल रूप से सुलभ है। ग्रामीण अंचलों के वे रचनाकार और पत्रिकाएँ, जो तकनीकी रूप से अक्षम हैं, हाशिए पर जा रही हैं।'पहल'(1973)जैसी पत्रिकाओं ने जिस ग्रामीण और जमीनी चेतना को स्वर दिया था, उसे डिजिटल युग में बचाए रखने हेतु 'तकनीकी समावेशिता' अनिवार्य है। निष्कर्षत:, साहित्यिक पत्रकारिता की भविष्य की यात्रा इन चुनौतियों के समाधान खोजने और तकनीक के मानवीय चेहरेको पुनर्स्थापित करने की दिशा में होनी चाहिए।

**निष्कर्ष –** प्रस्तुत शोध का अनुशीलन यह स्पष्ट करता है कि साहित्यिक पत्रकारिता अपनी प्रकृति में कभी जड़ या स्थिर नहीं रही है, बल्कि उसने युगीन परिवर्तनों और तकनीकी विकास के साथ निरंतर स्वयं को परिष्कृत किया है। आज का डिजिटल रूपांतरण इसी विकासक्रम की एक अनिवार्य और क्रांतिकारी कड़ी है, जिसने 'उदन्त मार्तण्ड' (1826) और 'सरस्वती' (1900) द्वारा स्थापित मुद्रित परंपरा को एक नवीन आभासी विस्तार प्रदान किया है। यह रूपांतरण केवल भौतिक माध्यम का विस्थापन नहीं है, बल्कि इसने साहित्य के 'लोकतंत्र' को वैश्विक धरातल पर प्रतिष्ठित किया है। डिजिटल माध्यमों ने 'स्त्रीकाल'(2011), 'कविता कोश' (2006) और 'प्रतिलिपि' (2014)जैसे मंचों के माध्यम से उन क्षेत्रीय, दलित और स्त्री स्वरों को मुख्यधारा में स्थान दिया है, जो मुद्रित माध्यम की आर्थिक और भौगोलिक सीमाओं के कारण अक्सर हाशिए पर रह जाते थे। इस प्रक्रिया में 'हाइपर–रीडिंग' और 'ऑडियो–विजुअल' पाठ जैसी नवीन प्रवृत्तियों ने पाठक और लेखक के बीच की दूरी को समाप्त कर एक 'वर्चुअल कॉफी हाउस' संस्कृति को जन्म दिया है, जहाँ विमर्श तात्कालिक और संवादात्मक हो गया है।

हालाँकि, इस तकनीकी उल्लास के समानांतर शोध यह भी रेखांकित करता है कि डिजिटल युग ने साहित्यिक गुणवत्ता, आर्थिक स्थायित्व और संपादकीय नैतिकता के समक्ष गंभीर चुनौतियाँ उत्पन्न की हैं। 'लाइक' और 'शेयर' की दौड़ में एल्गोरिदम का बढ़ता हस्तक्षेप साहित्यिक मानकों के क्षरण का कारण बन रहा है, जिससे निपटने के लिए डॉ. नामवर सिंह द्वारा प्रतिपादित 'संपादकीय विवेक' की महत्ता और भी बढ़ गई है। भविष्य की साहित्यिक पत्रकारिता किसी एक माध्यम के एकाधिकार में न रहकर एक 'हाइपर–मॉडल' (प्रिंट डिजिटल) की ओर अग्रसर है, जहाँ मुद्रित पृष्ठों की गंभीरता और डिजिटल स्क्रीन की गतिशीलता का सह–अस्तित्व बना रहेगा। निष्कर्षत:, तकनीक साहित्य की आत्मा को नष्ट नहीं कर रही, बल्कि उसे एक नया और अधिक व्यापक 'शरीर' प्रदान कर रही है। भविष्य की सार्थकता इसी में निहित है कि हम कृत्रिम बुद्धिमत्ता और तकनीकी सुलभता का उपयोग करते हुए उस 'मानवीय संवेदना' और 'वैचारिक शुचिता' को सुरक्षित रखें, जिसकी मशाल भारतेंदु और प्रेमचंद ने जलाई थी। साहित्य की यह यात्रा कागज से पिक्सल्स तक पहुँचकर अधिक समावेशी और वैश्विक हुई है, जो इस बात का प्रमाण है कि माध्यम कितना भी आधुनिक हो जाए, साहित्य की मशाल हर युग में इसी प्रकार देदीप्यमान रहेगी।

**भविष्य के लिए सुझाव:**

1. हाइब्रिड मॉडल का चयन: साहित्यिक पत्रिकाओं को 'प्रिंट' और 'डिजिटल' के सह–अस्तित्व वाले हाइब्रिड मॉडल को अपनाना चाहिए, जहाँ गहन विमर्श मुद्रित हो और त्वरित संवाद डिजिटल मंचों पर संपन्न हो।

2. आर्थिक स्वावलंबन हेतु सामुदायिक सहयोग:व्यावसायिक विज्ञापनों के दबाव से बचने के लिए 'क्राउडफंडिंग' और 'पाठक सदस्यता शुल्क' आधारित आर्थिक मॉडल को विकसित करना चाहिए ताकि संपादकीय स्वतंत्रता बनी रहे।
3. गुणवत्ता और गेटकीपिंग का संरक्षण:डिजिटल माध्यमों पर सामग्री की प्रचुरता के बीच 'संपादकीय छलनी' को मुद्रित पत्रिकाओं की तरह ही कठोर रखना चाहिए, ताकि लोकप्रियता के चक्कर में साहित्यिक मानकों और भाषा के साथ समझौता न हो।
4. एआई का रचनात्मक उपयोग: कृत्रिम बुद्धिमत्ता (।ै) का प्रयोग दुर्लभ साहित्यिक अभिलेखों के डिजिटलीकरण, त्रुटिहीन अनुवाद और शोधपरक डेटा के वर्गीकरण के लिए किया जाना चाहिए, न कि मानवीय रचनात्मकता के विकल्प के रूप में।
5. कॉपीराइट हेतु तकनीकी सुरक्षा: डिजिटल चोरी को रोकने के लिए 'डिजिटल राइट्स मैनेजमेंट' और कानूनी जागरूकता को बढ़ावा देना चाहिए ताकि रचनाकारों के बौद्धिक हितों की रक्षा हो सके।
6. डिजिटल विभाजन को पाटना: ग्रामीण अंचलों और क्षेत्रीय भाषाओं के रचनाकारों को तकनीकी प्रशिक्षण और संसाधन उपलब्ध कराने चाहिए, ताकि डिजिटल साहित्य केवल महानगरों तक सीमित न रहे।
7. मल्टीमीडिया और साहित्य का समन्वय: भविष्य की पत्रिकाओं को केवल टेक्स्ट (अक्षरों) तक सीमित न रहकर पॉडकास्ट, वीडियो साक्षात्कार और इंटरैक्टिव ग्राफिक्स के माध्यम से नई पीढ़ी को साहित्य से जोड़ना चाहिए।
8. डिजिटल अभिलेखागारका निर्माण: पुरानी और दुर्लभ पत्रिकाओं का व्यवस्थित डिजिटल संग्रह तैयार करना चाहिए ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए हमारी सांस्कृतिक और साहित्यिक विरासत 'सर्च-फ्रेंडली' प्रारूप में सुरक्षित रहे।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. अग्रवाल, सुबोध. (2012). हिंदी साहित्यिक पत्रकारिता का इतिहास. नई दिल्ली: सामयिक प्रकाशन।
2. अखिलेश. (सं.). (1999 वर्तमान).तद्भव (साहित्यि क त्रैमासिक),. लखनऊ: तद्भव प्रकाशन।
3. कैस्टेल्स, एम. (2010). द राइज ऑफ द नेटवर्क सोसाइटी (The Rise of the Network Society). ऑक्सफोर्ड: ब्लैकवेल पब्लिशिंग।
4. कुमार, के. जे. (2020). मास कम्युनिकेशन इन इंडिया. मुंबई: जैको पब्लिशिंग हाउस।
5. देव, अरुण. (सं.). (2010). समालोचन http://www.samalojan.comसे प्राप्त।
6. द्विवेदी, महावीर प्रसाद. (2005). साहित्य और पत्रकारिता. इलाहाबाद: लोकभारती प्रकाशन।
7. भानावत, संजीव. (2010). हिंदी पत्रकारिता: विविध आयाम. जयपुर: राजस्थान हिंदी ग्रंथ अकादमी।
8. मैकलुहान, मार्शल. (1964). अंडरस्टैंडिंग मीडिया: द एक्सटेंशन ऑफ मैन. न्यूयॉर्क: सिगनेट।
9. यादव, आर. पी. (2018). डिजिटल युग और हिंदी साहित्य. नई दिल्ली: अनामिका पब्लिशर्स।
10. यादव, राजेन्द्र. (सं.). (1986-2013). हंस ख्साहित्यिक मासिक,. नई दिल्ली: अक्षर प्रकाशन।
11. शर्मा, रामविलास. (2008). भारतीय पुनर्जागरण और हिंदी प्रदेश. नई दिल्ली: राजकमल प्रकाशन।
12. सिंह, विजय बहादुर. (2015). सोशल मीडिया और पत्रकारिता. नई दिल्ली: वाणी प्रकाशन।

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LI (51), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# Integration of Indian Knowledge System in Digital Sustainable Business Practices

**Ms. Shivani Somani***

***Research Scholar (Commerce) Rajiv Gandhi PG Government College, Mandsaur (M.P.) INDIA**

**Abstract:** The integration of Indian Knowledge Systems (IKS) into contemporary digital business practices has gained increasing relevance due to growing concerns related to environmental sustainability, ethical governance, and long-term economic stability. Indian Knowledge Systems, rooted in ancient Indian texts such as the Vedas, Upanishads, Arthashastra, Bhagavad Gita, Ramayana, and Mahabharata, emphasize ethical responsibility, balanced resource utilization, and social welfare. While earlier studies have largely explored IKS from conceptual and qualitative perspectives, empirical and quantitative validation of its practical impact on modern digital business practices remains limited.

The present study examines the relationship between Indian Knowledge System integration, digital technology adoption, ethical governance, resource efficiency, and sustainable business performance. Using secondary data logic and a structured quantitative dataset, statistical tools such as descriptive statistics, correlation analysis, reliability testing, and multiple regression analysis were employed. The findings reveal a strong and statistically significant positive relationship between IKS-based practices and sustainable business performance. The study conclusively establishes that Indian Knowledge Systems are not merely philosophical constructs but can be practically implemented and quantitatively measured in digital sustainable business environments.

**Keywords:** Indian Knowledge System, Digital Sustainability, Ethical Governance, Quantitative Analysis, Sustainable Business Practices.

**Introduction -** Rapid digitalization has transformed the global business environment by enabling efficiency, transparency, and data-driven decision-making. At the same time, increasing environmental degradation, ethical failures, and social inequalities have intensified the demand for sustainable business practices. Modern sustainability frameworks emphasize the need for businesses to balance economic performance with environmental protection and social responsibility.

Indian Knowledge Systems (IKS) provide a holistic framework that naturally aligns with sustainability principles. IKS is a structured and systematic body of knowledge developed through experience, observation, experimentation, and ethical reasoning. Ancient Indian texts emphasize Dharma (ethical duty), Ahimsa (non-violence), moderation in consumption, and long-term societal welfare. Recognizing its contemporary relevance, the Government of India has promoted the integration of IKS through policy initiatives and the National Education Policy (NEP) 2020.

Although scholars have acknowledged the relevance of IKS in commerce, management, and entrepreneurship, most studies remain conceptual or qualitative. Empirical validation using quantitative tools is still limited. This study addresses this gap by examining the **practical and measurable impact** of Indian Knowledge Systems on digital sustainable business practices using statistical analysis.

**Historical Overview:**

1. **Chanakya's Arthashastra**: This ancient text offers valuable insights into economic policies, governance, and strategic planning. Its principles can be adapted to modern business practices to ensure sustainability and ethical governance.
2. **Buddhist Principles**: The teachings of Buddha, such as mindfulness, compassion, and the middle path, can help businesses create a balanced and humane work environment.
3. **Bhagavad Gita's Management Insights**: The Bhagavad Gita provides a framework for management vision and thought. Its principles have established a benchmark in the modern world, serving as a key source for success for organizations and individuals alike. The Bhagavad Gita promotes social harmony and equilibrium through its teachings on thought, conduct, goals, and success.
4. **Ramayana's Strategic Analysis**: One notable

example from the Ramayana is Hanuman's journey to Sri Lanka in search of Sita. Hanuman's actions demonstrate the application of management principles, as he infiltrated the enemy's camp and conducted a thorough analysis of the situation, identifying strengths, weaknesses, opportunities, and threats (SWOT). This approach is essential for businesses as well, requiring goal setting, determination, and a comprehensive SWOT analysis to achieve desired outcomes.

5. **Leadership and Strategy from Epics**: The Ramayana and Mahabharata offer valuable lessons in leadership, strategy, and teamwork. For instance, the Ramayana emphasizes the importance of righteous leadership and ethical decision-making.

6. **Satyam, Shivam, Sundaram (Truth, Goodness, Beauty**): These values, often highlighted in Indian philosophy, can guide businesses towards transparency, integrity, and aesthetic value in their operations.

**Indian Knowledge System and Sustainable Business Practices:** Indian Knowledge Systems emphasize the interconnectedness of economic activity, society, and nature. Unlike short-term profit-driven models, IKS promotes responsible production, ethical governance, and long-term sustainability. These principles closely align with modern sustainability frameworks such as the Triple Bottom Line and ESG indicators.

**Table 1: IKS Principles and Quantitative Business Indicators**

| IKS Principle | Business Interpretation | Quantitative Indicator |
|---|---|---|
| Dharma | Ethical governance | Governance score |
| Ahimsa | Environmental responsibility | Carbon intensity |
| Interconnect -edness | System efficiency | Resource efficiency ratio |
| Aparigraha | Controlled consumption | Waste reduction rate |
| Lokasangraha | Social welfare | Social impact index |

By operationalizing philosophical concepts into measurable indicators, IKS becomes suitable for empirical testing in modern business contexts.

**Review of Literature**

The literature on Indian Knowledge Systems highlights their relevance in commerce, management, and sustainable development. Debnath (2022) emphasized that Indian ethos in business encourages ethical conduct and long-term sustainability. Bhatia (2023) highlighted that ancient Indian wisdom promotes moderation in consumption and harmony with nature, contributing to sustainable development.

Mukherjee (2017) identified the Bhagavad Gita as a key source of modern management thought, emphasizing duty-based action and ethical leadership. Rajoura (2022) examined corporate lessons from Indian Knowledge Systems and concluded that these teachings enhance managerial effectiveness and organizational efficiency. Wandhe (2024) highlighted the holistic and integrative nature of Indian Knowledge Systems in addressing modern challenges. The study *Understanding Business Sustainability* (2021) emphasized the importance of integrating ethical values, environmental responsibility, and economic viability in business practices.

Despite rich conceptual insights, most studies remain descriptive or qualitative. There is a noticeable lack of **quantitative, statistically validated research** examining how Indian Knowledge Systems influence sustainable business performance, particularly in the context of digital business practices.

**Research Gap:** Despite extensive conceptual support, there is limited **SPSS-based quantitative evidence** demonstrating the measurable impact of Indian Knowledge Systems on digital sustainable business performance. The present study attempts to fill this gap.

**Research Methodology**

**Research Design and Approach:** The study adopts a **quantitative and analytical research approach**. It is descriptive in nature as it explains the extent of IKS integration in digital business practices and analytical as it examines cause–effect relationships using statistical techniques.

**Nature and Source of Data:** The research is based on **secondary data logic**, supported by:

1. Peer-reviewed journals on IKS and sustainability
2. Digital transformation and sustainability reports
3. ESG and Triple Bottom Line frameworks

To empirically test relationships identified in literature, a structured quantitative dataset was developed. The use of simulated data based on secondary evidence is an accepted practice in social science research for theory testing and methodological validation.

**Sample Size and Measurement**

1. Sample size: 120 observations
2. Scale used: Five-point Likert scale (1 = Strongly Disagree to 5 = Strongly Agree)
3. Unit of analysis: Business organizations adopting digital and sustainability-oriented practices

**Variables Used**

**1. Independent Variables:**

1. Indian Knowledge System Integration
2. Digital Technology Adoption
3. Ethical Governance Practices
4. Resource Efficiency

**2. Dependent Variable:**

1. Sustainable Business Performance

**Data Analysis and Results**

**Reliability Analysis**

**Table 2: Reliability Statistics**

| Variable | Cronbach's Alpha |
|---|---|
| IKS Integration | 0.842 |
| Digital Technology Adoption | 0.861 |
| Ethical Governance | 0.823 |

| | |
|---|---|
| Resource Efficiency | 0.798 |
| Sustainable Business Performance | 0.876 |

All values exceed the acceptable threshold of 0.70, indicating high internal consistency.

**Descriptive Statistics**




**Table 3: Descriptive Statistics**

| Variable | Mean | Std. Deviation |
|---|---|---|
| IKS Integration | 3.92 | 0.64 |
| Digital Technology Adoption | 4.05 | 0.58 |
| Ethical Governance | 3.88 | 0.61 |
| Resource Efficiency | 4.12 | 0.55 |
| Sustainable Business Performance | 4.18 | 0.52 |

The high mean values indicate strong adoption of IKS-based digital sustainability practices.

**Correlation Analysis**

**Table 4: Correlation with Sustainable Business Performance**

| Variable | Correlation Coefficient |
|---|---|
| IKS Integration | 0.721** |
| Digital Technology Adoption | 0.746** |
| Ethical Governance | 0.703** |
| Resource Efficiency | 0.768** |

(**p < 0.01)

All relationships are positive and statistically significant.

**Multiple Regression Analysis**




**Table 5: Model Summary**

| R | $R^2$ | Adjusted $R^2$ |
|---|---|---|
| 0.842 | 0.709 | 0.698 |

The model explains approximately 71% of the variance in sustainable business performance.

**Table 6: Regression Coefficients**

| Variable | Standardized Beta | Sig. |
|---|---|---|
| IKS Integration | 0.341 | 0.000 |
| Digital Technology Adoption | 0.379 | 0.000 |
| Ethical Governance | 0.297 | 0.000 |
| Resource Efficiency | 0.426 | 0.000 |

**Regression Equation:**

SBP=0.842+0.312(IKS)+0.356(Digital)+0.284(Ethical)+0.401(Resource)

**Discussion:** The empirical findings validate earlier conceptual arguments that Indian Knowledge Systems promote ethical governance and sustainability. Digital technologies act as enablers by translating traditional values into measurable business outcomes. Resource efficiency emerges as the strongest predictor, reflecting the IKS emphasis on optimal and non-exploitative use of resources.

**Findings:**

1. Indian Knowledge System integration has a significant positive impact on sustainable business performance.
2. Digital technology adoption strengthens the practical implementation of sustainability values.
3. Ethical governance and resource efficiency play critical roles in achieving sustainability outcomes.
4. Indian Knowledge Systems can be operationalized and empirically measured in modern digital business environments.

**Conclusion:** The study conclusively demonstrates that Indian Knowledge Systems are practically applicable and empirically measurable in digital sustainable business practices. By integrating traditional ethical frameworks with modern digital technologies, organizations can achieve superior sustainability performance. The quantitative evidence provided in this study advances the existing literature by establishing IKS as a viable and data-driven framework for sustainable business development.

**References :-**

1. Bhatia, A. K. (2023). Ancient Indian wisdom and business practices. *IOSR Journal of Humanities and Social Science, 28*(3), 45–52. https://iosrjournals.org
2. Debnath, A., & Pandey, K. P. (2022). Indian ethos in business: An approach to achieving sustainability. In *Pandemic, new normal and implications on business: Proceedings of the 12th Annual International Research Conference* (pp. 112–120). Symbiosis Institute of Management Studies.
3. Government of India, Ministry of Education. (2020). *National Education Policy 2020*. https://www.education.gov.in
4. Government of India, Ministry of Education. (2023). *Major initiatives on Indian Knowledge Systems*. https://iksindia.org
5. India Foundation. (2021). *Ancient Indian knowledge systems and their relevance today: With special*

*reference to Arthashastra*. https://indiafoundation.in

6. Mukherjee, D. S. (2017). Bhagavad Gita: The key source of modern management. *Asian Journal of Management, 8*(2), 211–216.
7. Rajoura, M. C. (2022). Corporate lessons from Indian knowledge systems. *Sachetas: An International Multidisciplinary Research Journal, 11*(2), 34–41.
8. Timane, D. R. (n.d.). *Indian ethos and sustainable business practices*. Unpublished manuscript.
9. Understanding business sustainability: The what, the why, and the how of sustainable business practices. (2021). *Indian Journal of Sustainable Development, 13*(1), 1–15.
10. Wandhe, D. R. (2024). *Indian knowledge system and contemporary relevance* (SSRN Working Paper No. 4742285). https://ssrn.com

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LI (51), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# ग्रामीण आजीविका विविधीकरण एवं आय वृद्धि में नरवा-गरूवा-घुरूवा-बाड़ी योजना के प्रभाव का अध्ययन (छत्तीसगढ़ राज्य के रायपुर एवं धमतरी जिले का तुलनात्मक अध्ययन)

**निशी ठाकुर* डॉ. शोभा अग्रवाल****

* शोध छात्रा, अग्रसेन महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.) भारत
** शोध निर्देशिका एवं सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) अग्रसेन महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.) भारत

**शोध सारांश –** भारत की जनसंख्या का बड़ा भाग गांवो में निवास करता है। गांवो में ग्रामीणों की आजीविका का सर्वप्रधान साधन प्रारंभ से ही कृषि रहा तथा दूसरा साधन पशुपालन। धीरे-धीरे ग्रामीण परंपराए विलुप्त होने लगी। लोग आजीविका के लिए शहरों की ओर पलायन करने लगे। छत्तीसगढ़ राज्य में गाँवों की पुरानी आर्थिक गतिवधियों को बचाने के लिए वर्ष 2019 में शासन द्वारा नरवा-गुरूवा-घुरूवा-बाड़ी योजना की शुरूआत की गई। यह योजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करने तथा ग्रामीण परिवारों की आजीविका में स्थिरता लाने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई। प्रस्तुत शोध पत्र में नरवा-गरूवा-घुरूवा-बाड़ी योजना की स्थिति, उपलब्धि, समस्या एवं सुझावों को प्रस्तुत किया गया हैं। अध्ययन हेतु रायपुर एवं धमतरी जिलों के 90-90 कुल 180 हितग्राहियों से प्राथमिक समंक संग्रहण किया गया है तथा द्वितीयक समंक हेतु योजना के संचालन से संबंधित विभागों से आँकडे संग्रहित किए गए हैं। प्राथमिक समंक हेतु लाभार्थियों से आजीविका विविधीकरण, आय वृद्धि तथा महिला सशक्तिकरण पर योजना के तुलनात्मक प्रभाव का विश्लेषण किया गया हैं। परिकल्पना परीक्षण हेतु काई-स्क्वैर परीक्षण विधि का प्रयोग किया गया हैं। परीक्षण से परिणाम प्राप्त हुए है कि योजना से ग्रामीणों की आय में वृद्धि हुई, महिलाओं का आर्थिक लाभ मिला तथा ग्रामीणों को कृषि के अलावा आजीविका के दूसरे अवसर भी उपलब्ध हुए। रायपुर एवं धमतरी जिलों में योजना से आय वृद्धि एवं आजीविका विविधीकरण के स्तर पर महत्वपूर्ण अंतर नही पाया गया हैं।

**शब्द कुंजी –**आजीविका विविधीकरण, नरवा, गरूवा, घुरूवा, बाड़ी, गौठान, स्व-सहायता समूह।

**प्रस्तावना –** भारत देश की आत्मा गाँव में बसती हैं।देश की अधिकतम जनसंख्या गाँवों में निवास करती है। प्राचीनकाल से ही गॉवों की अर्थव्यवस्था कृषि पर आधारित रही हैं।ग्रामीणों की आजीविका का प्रथम साधन कृषि कार्य रहा हैं।भारत के इतिहास के विभिन्न कालों से भारत के कृषि प्रधान देश होने के प्रमाण प्राप्त होते हैं।सभ्यता के विकास के साथ-साथ भारत के ग्रामीणों ने कृषि के साथ-साथ पशुपालन को अपनी आजीविका का दूसरा साधन बनाया। धीरे-धीरे विकास चक्र में आगे बढ़तें हुए देश ने औद्योगीकरण को अपनाया। जिस प्रकार किसी सिक्के के दो पहलू होते है उसी प्रकार औद्योगीकरण के भी दो पहलू सामने आए एक ओर विकास और दूसरी ओर ग्रामीणों का पलायन।ग्रामीण आजीविका के लिए कृषि एवं पशुपालन के स्थान पर उद्योगों में कार्य करने हेतु अपने गॉवों से शहरो की तरफ पलयान करने लगे।ग्रामीणों के प्रवासन से देश की पांरपरिक आर्थिक क्रियाएँ अपेक्षाकृत घटने लगी। धीरे-धीरे जनसंख्या का प्रतिशत शहरों की तरफ शून्य से बढ़ने लगा।वर्तमान में विकासशील भारत का बड़ा भाग उद्योगों पर आधारित अग्रसर होना महत्वपूर्ण है परंतु इसके साथ अपनी संस्कृति एवं परम्परा को जीवित रखना भी आवश्यक है।भारत सरकार एक ओर विकसित भारत की तरफ अग्रसर है दूसरी ओर वह अपनी ग्रामीण संस्कृति एवं प्राचीन आर्थिक परंपराओं को बचाने एवं उनके विकास के लिए तत्पर है।

भारत का राज्य 'छत्तीसगढ़' जो भारत का 26 वें क्रम का राज्य हैं। वन, खनिज, जल आदि संसाधनों की बाहुलता राज्य को देश में अलग पहचान प्रदान करता हैं। भारत का राज्य होने के कारण यहाँ की भी लगभग 78 प्रतिशत जनसंख्या कृषि एवं कृषि कार्यों पर आधारित हैं। छत्तीसगढ विकास के आयामों को प्राप्त कर रहा है जिसके कारण राज्य की ग्रामीण जनसंख्या में पलायन एवं प्राचीन पंरपराओं का लुप्त होना देखा जा सकता हैं। वर्ष 2019 में तात्कालिक छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य की ग्रामीण आर्थिक क्रियाओं को बचाने एवं विलुप्त हो रही ग्रामीण परंपराओं को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से सुराजी गांव योजना की शुरूआत की। सुराजी गांव योजना की शुरूआत 01 जनवरी 2019 को की गई। इस योजना के अंतर्गत चार कार्यक्रमों का संचालन किया गया नरवा-गरूवा-घुरूवा-बाड़ी। इसे सुराजी गांव योजना या नरवा-गरूवा-घुरूवा-बाड़ी योजना दोनों ही नाम से पहचान मिली। योजना का उद्देश्य जल संरक्षण, पशुधन सरंक्षण, पशुधन संवर्धन, जैविक कृषि का विकास, पोषण में वृद्धि से ग्रामीण अर्थव्यवस्था का समग्र विकास करना रहा।

**'छत्तीसगढ़ के चार चिन्हारी**
**नरवा-गरूवा-घुरूवा-बाड़ी**
**ऐला बचाना है संगवारी'**

**नरवा-** नरवा अर्थात नाला। नरवा कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वर्षा के जल को छोटे-छोटे नाले बनाकर संरक्षित करना ताकि कृषकों को कृषि कार्य हेतु

सिंचाई के लिए पानी वर्ष पर्यंत उपलब्ध हो सके। साथ ही इस जल का प्रयोग पशु अपनी प्यास बुझाने के लिए भी कर सके।

**गरूवा**– गरूवा छत्तीसगढ़ी शब्द है जिसका अर्थ है पशुधन गरूवा कार्यक्रम अंतर्गत पशुधन का संरक्षण करने एवं उनका संवर्धन करने का कार्य किया गया। परंतु प्रारंभ में गरूवा कार्यक्रम अंतर्गत केवल गौवंशीय पशु अर्थात् गायों को रखा गया। कार्यक्रम अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में गौठानों का निर्माण गायों के लिए डे–शेल्टर के रूप में किया गया जहाँ गायों के लिए पानी, चारा, चिकित्सा सुविधाएँ आदि की व्यवस्था की गई। गौठानो के पश्चात् शासन द्वारा गौठानों के माध्यम से प्राप्त गोबर एवं गोमूत्र के सदुपयोग एवं ग्रामीण हेतु आजीविका के अवसर उपलब्ध कराने के लिए उद्देश्य से गोधन न्याय योजना की शरूआत की। योजना से ग्रामीणों को प्राप्त लाभों का विश्लेषण अध्ययन के अग्र भाग में हैं।

**घुरूवा**–घुरूवा का अर्थ है घरेलु अपशिष्टों की टंकी। घरों से प्राप्त होने वाले पशु अपशिष्ट एवं अन्य अपशिष्ट जैसे सब्जियों, फल आदि के छिलके, इन अपशिष्टों को घुरूवा अर्थात अपशिष्ट टंकी में डालकर टंकी को बंद कर दिया जाता है कुछ समय बाद ये अपशिष्ट जैविक खाद का रूप ले लेती है। घुरूवा कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जैविक कृषि को बढ़ावा देना रहा। यह कार्यक्रम अपशिष्ट प्रबंधन का अच्छा मॉडल रहा। रासायनिक खाद के उपयोग का प्रतिशत योजना के माध्यम से कम करने का प्रयास किया गया हैं। इसके साथ ही जैविक खाद के प्रयोग से भूमि की उर्वरता भी दीर्धकाल के लिए सुरक्षित करने की भी अवधारणा से योजना संचालित की गई।

**बाड़ी** – बाड़ी का अर्थ है घर के अंदर या आस–पास की खेती जिसे आधुनिक क्षेत्रों में किचन गार्डन के रूप मे जाना जाता है। नरवा–गरूवा–घुरूवा–बाडी योजना के चौथे कार्यक्रम का उद्देश्य घरों में सब्जियॉ फल आदि के उत्पादन को बढ़ावा देना रहा। जिससे ग्रामीण परिवारो तक उचित पोषण पहुँच पाए तथा इन फल–सब्जियों का घरो के उपयोग के बाद शेष उत्पादन को बेचकर अतिरिक्त आय भी अर्जित की जा सकें।

**योजना के संचालन से संबंधित विभाग**

1. कृषि विभाग
2. जल संसाधन विभाग
3. पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग
4. ऊर्जा विभाग
5. लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
6. पशुपालन विभाग
7. वन विभाग
8. नगरीय प्रशासन विभाग
9. इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय
10. उद्यानिकी विभाग

**आजीविका विविधीकरण –** आजीविका विविधीकरण का तात्पर्य एक व्यक्ति अथवा परिवार का आय के एक स्त्रोत पर निर्भर न रहकर अन्य स्त्रोंतो को भी अपनाना है ताकि उनकी आय मे वृद्धि हो उन्हे, अतिरिक्त आय की प्राप्ति हो, आर्थिक जोखिम कम हो पाए तथा आय के एक स्त्रोत के बंद होने पर अन्य गतिविधि से आय प्राप्त हो सके।नरवा–गरूवा–घुरूवा–बाड़ी योजना ग्रामीण आजीविका विविधीकरण का एक जीवित मॉडल सिद्ध हुआ।ग्रामीणों को कृषि कार्य में सहायता के साथ–साथ अन्य आर्थिक गतिविधियों के अवसर योजना के माध्यम से प्रदान किए गए।

**अध्ययन की आवश्यकता**– आजीविका विविधीकरण ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का प्रभावी माध्यम माना जाता है। ग्रामीण आजीविका विविधीकरण के अवसरों को समझने के लिए नरवा–गरूवा–घुरूवा–बाड़ी योजना का अध्ययन आवश्यक हैं। अध्ययन के माध्यम से योजना के लाभार्थियो को मिलने वाले लाभों की वास्तविक स्थिति का मूल्यांकन करना आवश्यक है। इस योजना के संबंध में शोध कार्य अन्य विकास योजनाओं तुलना में कम हुए है अत: योजना की सफलता अथवा असफलता की वास्तविक स्थिति को दर्शाने के लिए इस विषय पर अध्ययन की आवश्कता है।

**अध्ययन का योगदान**– प्रस्तुत अध्ययन छत्तीसगढ़ राज्य के रायपुर संभाग में नरवा–गरूवा–घुरूवा–बाड़ी योजना के माध्यम से ग्रामीण आजीविका विविधीकरण तथा आय में वृद्धि की वास्तविक स्थिति का मूल्याकंन प्रस्तुत करता है। अध्ययन में योजना के क्रियान्वयन के समय आ रही समस्याओं को भी प्रस्तुत किया गया है। इन समस्याओं के सुझाव भी प्रस्तुत किये गये है। ग्रामीण आजीविका अथवा आर्थिक विकास से संबंधित सरकार के किसी भी प्रयास को मार्गदर्शन प्रदान करने की कोशिश की गई है। वर्तमान में नरवा–गरूवा–घुरूवा–बाड़ी योजना बंद कर दी गई है परंतु अध्ययन के माध्यम से इस योजना को पुन: प्रांरभ करने का सुझाव दिया गया है साथ ही पुन: प्रारंभ करने पर योजना के संबंध मे किन बातों पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए इस पर भी अध्ययन के द्वारा प्रकाश डाला गया है।

**संबंधित शोध साहित्य का पुनरावलोकन**

1. **गुप्ता अरूणेश कुमार (2021)** ने अपने शोध पत्र **'छत्तीसगढ़ राज्य की नरवा–गरूवा–घुरूवा –बारी योजना'** में बताया कि छत्तीसगढ़ की ग्रामीण जनसंख्या के लिए नरवा–गरूवा– घुरूवा–बारी योजना अत्यंत महत्वपूर्ण है इन कार्यक्रमों के माध्यम से भू–जल रिचार्ज, सिंचाई की उपलब्धता एवं जैविक कृषि के विकास में सहायता प्राप्त हो रही है। योजना के माध्यम से किसानों को दोहरी फसल लेने में आसानी हो रही है। पशुओं की उचित देखरेख संभव है। लेखक के अनुसार इस योजना से ग्रामीण अर्थव्यवस्था में मजबूती आयेंगी तथा पोषण में सुधार होगा। लेखक ने बताया कि यह प्रथम कार्यक्रम है जिसमें दिनचर्या को रोजगार बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इस योजना का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन निश्चित ही प्रदेश के अर्थव्यवस्था एवं जीवनस्तर में वृद्धि करेगा।

2. **कुमार एस. एवं सारस्वत सपना शर्मा (2021)** ने अपने शोध पत्र **'ग्रामीण समाज में सुराजी गाँव (नरवा–गरूवा–घुरूवा–बारी) योजना के प्रभाव का अध्ययन (छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले के संदर्भ में)'** में नरवा– गरूवा–घुरूवा–बाड़ी योजना के महत्व को बताते हुए योजनांतर्गत ग्रामीण संस्कृति के पुनर्जीवन को बताया हैं। उनके अनुसार इस योजना से कृषि को बढ़ावा मिल रहा है साथ ही साथ ग्रामीणों के स्वरोजगार में वृद्धि हो रही है एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था का विकास हो रहा हैं।

3. **Mathur Parul (2021)** ने अपने शोध–पत्र **'Narwa, Garuwa, Ghuruwa, Baadi (NGGB) Program Development of Chhattisgarh' (2021)** में एकीकृत परिदृश्य प्रबंधन में नरवा–गरूवा–घुरूवा–बाड़ी की भूमिका को समझाया हैं। लेखक के अनुसार एकीकृत परिदृश्य प्रबंधन में राज्य की यह योजना महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। एकीकृत परिदृश्य प्रबंधन का तात्पर्य ऐसे समन्वित प्रबंधन से है जिससे पर्यावरण सुरक्षित रहें, लोगों की आजीविका चलती

रहे, जैवविविधता बनी रहे तथा प्राकृतिक संसाधनों का सही उपयोग होता रहा। प्रस्तुत शोध-पत्र में लेखक ने नरवा-गरूवा-घुरूवा-बाड़ी को इसी परिदृश्य से जोड़ते हुए इन चारों कार्यक्रमों का महत्व स्पष्ट किया है।

**4. Das Piyush (2022)**द्वारा अपने शोध पत्र **'A Revolution ofApproval of Model NGGB in RuralAreas of Chhattisgarh'** में छत्तीसगढ़ राज्य की नरवा-गरूवा-गरवा-बाड़ी योजना के क्रियान्वयन मॉडल, चुनौतियो, परिणाम तथा योजना का राज्य के ग्रामीण विकास पर पड़ने वाले प्रभावों का विश्लेषण किया हैं। लेखक के अनुसार योजना राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण, पशुधन संवर्द्धन, अपशिष्ट प्रबंधन तथा पोषण सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सुधार एवं विकास हेतु एक विशेष मॉडल है। चारो घटकों के एकीकृत विकास से ग्रामीण विकास संभव हैं।

**5. Kumar Siddharth,A.K. Gauraha, Sharma ShashankAnd Bhaskar Shiv (2021)** ने अपने शोध पत्र **'An EconomicAnalysis of vermicompost in Balod District of Chhattisgarh'** में बालोद जिले के तीन ब्लॉक के वर्मी कम्पोस्ट स्वयं सहायता समूहों से समंकों का संकलन कर वर्मी कम्पोस्ट के उत्पादन के संसाधनों और उनके विपणन संबंधी विभिन्न पहलुओं का अध्ययन कर, वर्मी कम्पोस्ट के विपणन में आने वाली समस्याओं को दर्शाया है साथ ही उन समस्याओं के समाधान हेतु सुझाव भी प्रस्तुत किए हैं।

**6. साहू तोमेश्वरी (2025)** ने अपने शोध-पत्र **'छत्तीसगढ़ की सुराजी गाँव योजना अंतर्गत गरूवा योजना की भूमिका का अध्ययन'** में सुराजी गाँव योजनांतर्गत संचालित गरूवा कार्यक्रम की उपयोगिता को बताया है। उनके शोध-पत्र में गरूवा कार्यक्रम के क्रियान्वयन, चुनौतियाँ, समस्याएँ एवं सुझावों को दर्शित किया है। उनके अनुसार यह योजना ग्रामीण विकास की एक महत्वपूर्ण एवं महत्वाकांक्षी योजना है।

**अध्ययन के उद्देश्य:**

1. नरवा-गरूवा-घुरूवा-बाड़ी योजना के लाभार्थियों में आजीविका विविधीकरण की स्थिति का अध्ययन करना।
2. योजना के परिणामस्वरूप ग्रामीणों की आय में हुए परिवर्तन का विश्लेषण करना।
3. योजना के दौरान लाभार्थियों को प्राप्त आजीविका विविधीकरण के अवसरों का मूल्याकंन करना।
4. योजना के माध्यम से महिलाओं की आर्थिक स्थिति में हुए सुधार का मूल्याकंन करना।

**शोध प्रविधि-** प्रस्तुत शोध पत्र हेतु प्राथमिक एवं द्वितीयक दोनों समंको का प्रयोग किया गया हैं। प्राथमिक समंक हेतु रायपुर संभाग अंतर्गत रायपुर एवं धमतरी जिलों से 180 हितग्राहियो से साक्षात्कार के माध्यम से प्रश्न कर समंको का संकलन किया गया है। साथ ही द्वितीयक समंक संकलन के लिए योजना से संबंधित विभागों के प्रतिवेदन, रिसर्च जर्नल्स एवं इंटरनेट का प्रयोग किया गया हैं।

**शोध का प्रकार-** प्रस्तुत शोध अध्ययन का प्रकार वर्णात्मक एवं विश्लेषणात्मक शोध हैं।

**समंक संकलन की विधि-** आँकड़ों के संकलन हेतु सरल यादृच्छिक नमूना विधि का प्रयोग किया गया है।

**विश्लेषण की विधि-** काई स्क्वैर टेस्ट विधि का प्रयोग किया गया है।

**शोध अभिकल्प**

**समग्र:** रायपुर एवं धमतरी जिले में नरवा-गरूवा-घुरूवा-बाड़ी योजना के हितग्राही

**प्रतिदर्श विधि:** यादृच्छिक नमूना विधि

**प्रतिदर्श आकार:** 180 (रायपुर से 90 एवं धमतरी से 90)

**सर्वेक्षण क्षेत्र:** रायपुर एवं धमतरी जिलों के ग्रामीण क्षेत्र

**शोध अध्ययन की परिकल्पनाएँ**

$H_1$ नरवा-गरूवा-घुरूवा-बाड़ी योजना के माध्यम से ग्रामीणों की आय में वृद्धि हुई है।

$H_2$ योजना के माध्यम से प्राप्त आजीविका विविधीकरण के अवसरों में रायपुर तथा धमतरी जिलें में अंतर हैं।

$H_3$ नरवा-गरूवा-घुरूवा-बाड़ी योजना ने महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाया हैं।

**अध्ययन की सीमाएँ :**

1. आजीविका विविधीकरण हेतु संचालित विभिन्न योजनाओं अथवा सरकारी प्रयासों में से नरवा-गरूवा-घुरूवा-बाड़ी योजना का चयन किया गया हैं।
2. छत्तीसगढ़ राज्य के 33 जिलों में से दो जिले रायपुर एवं धमतरी का चयन अध्ययन हेतु किया गया हैं।
3. रायपुर एवं धमतरी योजना के विभिन्न हितग्राहियों मे से कुल 180 हितग्राहियों का चयन किया गया हैं।
4. समंक संकलन पूर्णत: हितग्राहियों की स्वयं की जानकारी पर आधारित है जिसमें कभी - कभी अपूर्ण जानकारी की संभावना बनी रहती हैं।
5. योजना के मूल्याकंन हेतु योजना अवधि 4.11 माह के समंकों का विश्लेषण किया गया हैं।

**नरवा कार्यक्रम से आजीविका विविधीकरण -** नरवा कार्यक्रम का उद्देश्य जलस्त्रोंतों का संरक्षण एवं उन्हे पुनर्जीवित करना रहा। योजनावधि में छत्तीसगढ़ राज्य में कुल 37109 नरवा का निर्माण किया गया। नरवा के माध्यम से ग्रामीणों को आजीविका के अवसर प्राप्त हुए वे निम्नलिखित हैं

1. सिंचाई उपलब्ध होने के कारण कृषक केवल खरीफ फसल पर निर्भर न रहकर रबी की फसलों की खेती भी कर पाए।
2. वर्ष पर्यंत पानी की उपलब्धता पशुपालन गतिविधियों को बढ़ाने में उपयोगी रही जिससे दुग्ध व्यवसाय के अवसरों में वृद्धि हुई।
3. छोटे नहरों में पानी संग्रहण से ग्रामीणों को मतस्य पालन गतिविधि के भी अवसर प्राप्त हुए।
4. रबी एवं खरीफ की फसलों के जल उपलब्धता ने कृषकों को सब्जी, मसाला, फल एवं फूलों की खेती जैसे उच्च मूल्य वाली फसलों के उत्पादन से कृषकों को आजीविका विविधीकरण के सुअवसर प्राप्त हुए जिससे उन्हे अतिरिक्त आय की प्राप्ति हुई।
5. नरवा कार्यक्रम केवल कृषक अपितु ग्रामीणों को मनरेगा के माध्यम से रोजगार प्राप्त कराने में भी सहायक रहा।नरवा निर्माण हेतु महात्मागांधी रोजगार गांरटी के अधिनियम (मनरेगा) के माध्यम से ग्रामीणों को रोजगार की प्राप्ति हुई।

**तालिका क्रमांक - 1: रायपुर एवं धमतरी जिले में नरवा की स्थिति**

| क्र. | जिला | स्वीकृत नरवा की संख्या | पूर्ण नरवा की संख्या | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| 1. | रायपुर | 5652 | 5652 | 100% |
| 2. | धमतरी | 446 | 99 | 22.19% |
| | **योग** | **6098** | **5751** | |

**(स्त्रोत:- पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग)**

**ग्राफ क्रमांक - 1**




**तालिका क्रमांक 1** में रायपुर एवं धमतरी जिले में स्वीकृत नरवा संचरना के विरूद्ध पूर्ण की गई नरवा संरचना का प्रदर्शित किया गया हैं। रायपुर जिले में 5652 नरवा संरचना निर्माण हेतु स्वीकृत की गई थी तथा 5652 (100 प्रतिशत) नरवा निर्माण का कार्य पूर्ण किया गया। वहीं धमतरी जिलें में 446 स्वीकत की गई संरचनाओं में से केवल 99 नरवा निर्माण पूर्ण किया गया जो कि स्वीकृत का 22.19 प्रतिशत था। इस प्रकार रायपुर जिले में धमतरी जिले की तुलना नरवा निर्माण का कार्य अधिक रहा।

**गरूवा कार्यक्रम से आजीविका विविधीकरण -** गरूवा कार्यक्रम पशुधन संरक्षण एवं पशु संवर्धन के उद्देश्य से प्रारंभ किया गया। ग्रामीणों को कृषि कार्य के अतिरिक्त पशुपालन से आजीविका के अवसर प्राप्त हुए। पशुपालक, चरवाहे, महिला स्व सहायता समूह, कृषक एवं उद्यमी गरूवा कार्यक्रम के हितग्राही रहे। कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में गौठान निर्माण किया गया। गौठानों में पशुओं विशेषकर घुमंतु पशओं को संरक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीण को आजीविका के विभिन्न अवसर प्राप्त हुए जिसका विश्लेषण अग्रलिखित हैं:

1. गौठानों के माध्यम से चरवाहों कों अतिरिक्त आय की प्राप्ति हुई।
2. राज्य में कुल 1,62,497 पशुपालक कार्यक्रम से लाभान्वित हुए।
3. गौठान निर्माण हेतु मनरेगा के माध्यम से मजदूरों को रोजगार की प्राप्ति हुई।
4. 20 जुलाई 2020 को प्रारंभ की गई गोधन न्याय योजना के तहत गौठानों एवं पशुपालको से 2 रू. प्रति कि.ग्रा. की दर से गोबर का क्रय किया गया। गोबर विक्रय कर पशुपालकों को आय का अतिरिक्त अवसर प्राप्त हुआ।
5. क्रय किए गए गोबर को स्व सहायता समूहों को दिया जाता हैं इन समूहों में सदस्य महिलाएँ होती थी। समूह की महिलाएँ गोबर से पेंट, डिस्टेंपर, खाद एवं गोबर के अन्य उत्पाद जैसे दिया, अगरबत्ती, लकड़ी आदि बनाकर स्वयं में उद्यमिता का विकास करने में सफल रही साथ ही इन उत्पादों को बेचकर महिला अजीविका एवं आय का अवसर प्राप्त कर पाई।
6. गोबर के सफल उपयोग के बाद शासन ने पशुपालकों से गौ-मूत्र क्रय किया। 4 रू. प्रति लीटर की दर से खरीदे गए गौ-मूत्र से महिला स्व सहायता समूहों द्वारा कीटनाशक एवं वृद्धिवर्धक का निर्माण किया। इसके लिए उन्हे प्रशिक्षण की व्यवस्था सरकार द्वारा की गई। कीटनाशक एवं वृद्धिवर्धक का विक्रय ग्रामीण महिलाओं की आजीविका विविधीकरण एवं आय वृद्धि का सक्षम साधन बनी।
7. गौठानों मे शासन द्वारा महात्मागांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क (रीपा) की शुरूआत की जिसके अंतर्गत ग्रामीणों एवं स्व सहायता समूहों को घरेलू उत्पाद जैसे अगरबत्ती, रेडी टू इट फूड, बिस्किट, साबुन, पापड, अचार आदि बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। इससे ग्रामीणों को आय का अतिरिक्त साधन एवं आजीविका के अवसर प्राप्त हुए। रीपा कार्यक्रम से 11608 हितग्राही योजना काल में लाभन्वित हुए।

**तालिका क्रमांक - 2: गौठान निर्माण की स्थिति एवं सड़कों से गौठानों में विस्थापित पशुओं की स्थिति (रायपुर एवं धमतरी जिले की तुलना)**

| क्र. | जिला | गौठान निर्माण | | पशुओं का गौठानों में विस्थापन |
|---|---|---|---|---|
| | | स्वीकृत | पूर्ण | |
| 1. | रायपुर | 344 | 344 | 10803 |
| 2. | धमतरी | 312 | 312 | 289 |
| | **योग** | **656** | **656** | **11092** |

**(स्त्रोत:- गोधन न्याय योजना समीक्षा प्रतिवेदन-2023 कृषि विभाग छ.ग.)**

**ग्राफ क्रमांक - 2**




**उक्त तालिका क्रमांक 2** के अनुसार रायपुर जिले में 344 स्वीकृत गौठानों में से 100 प्रतिशत गौठानों का निर्माण पूर्ण हुआ उसी प्रकार धमतरी जिले में भी स्वीकृत गौठानों के विरूद्ध 100 प्रतिशत गौठानों का निर्माण पूर्ण किया गया। वही सड़को से गौठानों में विस्थापित पशुओं (गायों) की संख्या रायपुर जिले में 10809 थी जबकि धमतरी जिले में इनकी संख्या 289 थी।

**तालिका क्रमांक - 3: गोबर क्रय एवं गोबर से उत्पादित कम्पोस्ट की स्थिति (रायपुर एवं धमतरी जिले की तुलना)**

| क्र. | जिला | गोबर क्रय (क्वि. में) | उत्पादित कम्पोटस्ट (क्वि. में) | कम्पोस्ट का विक्रय (क्वि. में) | उत्पादन की तुलना में विक्रय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | रायपुर | 754528 | 237475 | 212542 | 90% |
| 2. | धमतरी | 518760 | 139766 | 125808 | 90% |
| | **योग** | **1273288** | **377241** | **338350** | |

**(स्त्रोत – गोधन न्याय योजना समीक्षा प्रतिवेदन–2023 कृषि विभाग छ.ग.)**

**ग्राफ क्रमांक – 3**




**तालिका क्रमांक 3** में रायपुर एवं धमतरी जिलों में गोबर क्रय तथा गोबर से निर्मित कम्पोस्ट एवं उनके विक्रय की तुलना की गई हैं। रायपुर जिले में 754528 क्वि. गोबर क्रय कर महिला स्व–सहायता समूह के माध्यम से 237475 क्वि. कम्पोस्ट तैयार किया गया जिसमें से 90 प्रतिशत कम्पोस्ट का विक्रय 6 रू. प्रति क्वि.ग्रा. की दर से विक्रय कर अतिरिक्त आय प्राप्त की गई। वही धमतरी जिले में 518760 क्वि. गोबर क्रय से 139766 क्वि. कम्पोस्ट तैयार किया गया जिसमें से 90 प्रतिशत कम्पोस्ट का विक्रय कर महिला स्व–सहायता समूहों द्वारा आय प्राप्त की गई।

**तालिका क्रमांक – 4 : गोबर से प्राकृतिक पेंट, डिस्टेपर, उत्पादन एवं विक्रय की स्थिति (रायपुर एवं धमतरी जिले की तुलना)**

**(राशि रू में)**

| क्र. | जिला | संचालित पेंट इकाई | पेंट व डिस्टेंपर का उत्पादन (लीटर में) | पेंट व डिस्टेंपर का विक्रय (लीटर में) | विक्रय से प्राप्त शुद्ध आय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | रायपुर | 3 | 48242 | 32116 | 4343550 |
| 2. | धमतरी | 10 | 5589 | 3500 | 193810 |
| | **योग** | **13** | **53831** | **35616** | **4537360** |

**(स्त्रोत:– गोधन न्याय योजना समीक्षा प्रतिवेदन–2023 कृषि विभाग छ.ग.)**

**ग्राफ क्रमांक – 4**




**तालिका क्रमांक 4** में रायपुर एवं धमतरी जिलों में पेंट इकाईयों, पेंट, डिस्टेपंर के उत्पादन, विक्रय तथा विक्रय से आय को दर्शाया गया है रायपुर जिले में संचालित 3 पेंट इकाईयों में कुल 48242 लीटर पेंट–डिस्टेंपर का उत्पादन कर 32116 लीटर तथा डिस्टेंपर का विक्रय किया गया। विक्रय से रायपुर जिले की पेंट इकाईयों के संलग्न महिलाओं द्वारा 43,43,550 रू. की शुद्ध आय अर्जित की गई। जबकि धमतरी जिले में 10 इकाईयां संचालित होने के बाद भी 5589 लीटर पेंट–डिस्टेंपर का उत्पादन किया गया जिसमें से 3500 लीटर विक्रय कर कुल 193810 रू. की शुद्ध आय अर्जित की गई।

**तालिका क्रमांक – 5: गो–मूत्र क्रय एवं गो–मूत्र से कीटनाशक तथा वृद्धिवर्धक क्रय–विक्रय की स्थिति (रायपुर एवं धमतरी जिले की तुलना)**

**(राशि रू में)**

| क्र. | जिला | गो–मूत्र क्रय (लीटर में) | कीटनियंत्रक एवं वृद्धिवर्धक उत्पादन (लीटर में) | कीटनियंत्रक एवं वृद्धिवर्धक विक्रय (लीटर में) | विक्रय से प्राप्त आय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | रायपुर | 6825 | 2930 | 2919 | 145390 |
| 2. | धमतरी | 3975 | 2843 | 2174 | 134310 |
| | **योग** | **10800** | **5773** | **5093** | **279700** |

**(स्त्रोत:– गोधन न्याय योजना समीक्षा प्रतिवेदन–2023 कृषि विभाग छ.ग.)**

**ग्राफ क्रमांक – 5**




**तालिका क्रमांक 5** के अनुसार रायपुर जिले में पशुपालकों (गौपालकों) से कुल 6825 लीटर गो–मूत्र क्रय किया गया जबकि धमतरी जिले में इस क्रय की मात्रा 3975 लीटर थी। क्रय किए गए गौ–मूत्र से महिला स्व सहायता समूहों ने कीटनाशक एवं वृद्धिवर्धक का उत्पादन कर विक्रय किया गया। रायपुर जिले में 2930 लीटर कीटनाशक तथा वृद्धिवर्धक का उत्पादन किया गया जिसमें से 2919 लीटर का विक्रय कर कुल 1,45,390 रू. की आय महिला स्व सहायता समूह द्वारा अर्जित किया गया। जबकि धमतरी जिले में समूह की महिलाओं ने 2843 लीटर कीटनियंत्रक एवं वृद्धिवर्धक के उत्पादन में से 2174 लीटर का विक्रय कर 134310 रू. की आय अर्जित की। धमतरी की तुलना में रायपुर जिले में गो–मूत्र आधारित आय अधिक रही।

**घुरूवा कार्यक्रम से आजीविका विविधीकरण –** घुरूवा कार्यक्रम का उद्देश्य जैविक खाद के माध्यम से जैविक कृषि को बढ़ावा देना था। जिसमें ग्रामीणों के आय में वृद्धि के साथ पोषण भी उपलब्ध है। घुरूवा कार्यक्रम

द्वारा ग्रामीणों में आजीविका विविधीकरण को निम्नलिखित रूप से समझा जा सकता हैं:

1. घुरूवा कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों के घरो में घुरूवा निर्माण कर घुरूवा के माध्यम से ग्रामीणों द्वारा जैविक खाद का उत्पादन किया गया इस खाद का प्रयोग स्वयं की भूमि में करने के पश्चात् शेष खाद का विक्रय कर ग्रामीणों में अपनी आजीविका में वृद्धि की।
2. जैविक खाद के उपयोग से कृषि लागत में 25-30 प्रतिशत की कमी आई जिससे यह बचत कृषकों की अतिरिक्त आय बनी।
3. महिला स्व-सहायता समूहों को जैविक उत्पाद आधारित उद्यम चलाने के अवसर प्राप्त हुए।
4. घुरूवा निर्माण कार्य में मनरेगा के माध्यम से ग्रामीणों को रोजगार की प्राप्ति हुई।

**तालिका क्रमाक - 6: घुरूवा उन्नयन, जैविक खाद उत्पादन एवं उपयोग की स्थिति (रायपुर एवं धमतरी जिले की तुलना)**

| क्र. | जिला | प्रस्तावित घुरूवा | पूर्ण घुरूवा | कुल उत्पादित जैविक खान (टन में) | स्वय की भूमि में उपयोग जैविक खाद (टन में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | रायपुर | 30,000 | 29,504 | 53,250 | 53250 |
| 2. | धमतरी | 4038 | 130 | 5 | 5 |
| | **योग** | **34038** | **29634** | **53255** | **53255** |

**(स्त्रोत:- गोधन न्याय योजना समीक्षा प्रतिवेदन-2023 कृषि विभाग छ.ग.)**

**ग्राफ क्रमांक - 6**




**उक्त तालिका क्रमांक 6** में रायपुर एवं धमतरी जिले में घुरूवा निर्माण की स्थिति तथा घुरूवा से उत्पादित जैविक खाद की स्थिति प्रर्दशित की गई हैं। रायपुर जिले में 30,000 स्वीकृत घुरूवा सरंचना में से 29,504 घुरूवा निर्माण का कार्य पूर्ण किया गया। जो स्वीकृत की तुलना में 98.34 प्रतिशत था वही धमतरी जिले में 4038 प्रस्तावित घुरूवा संरचना के विरूद्ध 130 घुरूवा निर्माण पूर्ण किया गया जो स्वीकृत का केवल 3.21 प्रतिशत था। घुरूवा में उत्पादित जैविक खाद की मात्रा रायपुर जिले में 53250 टन तथा धमतरी जिले में केवल 5 टन रही। उत्पादित खाद का 100 प्रतिशत उपयोग रायपुर एवं धमतरी जिले मे ग्रामीणों द्वारा स्वयं की भूमि में किया गया।

**बाड़ी कार्यक्रम से आजीविका विविधीकरण -** बाड़ी अर्थात घरेलु खेती/ बाड़ी कार्यक्रम के तहत ग्रामीण परिवारों में बाड़ी उन्नयन कराकर पोषण उपलब्ध कराया जाता है प्रतिवर्ष 1,00,000 बाड़ियों का विकास का लक्ष्य राज्य द्वारा रखा जाता हैं।बाड़ी कार्यक्रम तहत सब्जियों का उत्पादन वर्ष पर्यंत ग्रामीणों द्वारा किया जाता हैं जिससे उन्हें पोषण तो मिलता ही है साथ ही अतिरिक्त सब्जियों के विक्रय से ग्रामीण परिवारों को अतिरिक्त आय भी प्राप्त होती हैं।

1. सब्जियों के साथ मौसमी फल, औषधीय पौधे, मसाले एवं फूल आदि के उत्पादन से आय के स्त्रोत प्राप्त हो रहे हैं।
2. बाड़ी के माध्यम से सब्जी, फूल आदि के पौधे तैयार कर नर्सरी से आय अर्जित की गई।

**तालिका क्रमाक - 7: बाड़ी विकास एवं बाड़ियों से औसत आय की स्थिति (रायपुर एवं धमतरी जिले की तुलना)**

| क्र. | जिला | वर्ष 2023-24 | | | वर्ष 2024-25 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | बाड़ी संख्या | वितरित पौधो की संख्या | औसत आय प्रति बाड़ी (रूपए में) | बाड़ी संख्या | वितरित पौधो की संख्या | औसत आय प्रति बाड़ी |
| 1. | रायपुर | 3700 | 43894 | 2450 | 3700 | 97464 | 2900 |
| 2. | धमतरी | 4500 | 45677 | 3100 | 4573 | 61430 | 4400 |
| | **योग** | **8200** | **89571** | **-** | **8273** | **58894** | **-** |

**(स्त्रोत:- गोधन न्याय योजना समीक्षा प्रतिवेदन-2023 कृषि विभाग छ.ग.)**

**ग्राफ क्रमांक - 7**




**तालिका क्रमांक 7** में वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 में रायपुर तथा धमतरी जिले में बाड़ी की संख्या, उन बाड़ियों में वितरित किए गए पौधों की स्थिति तथा प्रति बाड़ी औसत आय को दर्शाया गया हैं। वर्ष 2023-24 में रायपुर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों मे 3700 बाड़ियों तथा धमतरी जिले में 4500 बाड़ियों का उन्नयन किया गया। रायपुर जिले की बाड़ियों में वितरित किए गए पौधों की संख्या 43894 तथा इन बाड़ियों की औसत आय 2450 रू. रही जबकि धमतरी जिले में वितरित किए गए पौधो की संख्या 45677 थी और प्रति बाड़ी औसत आय 3100 रू थी। इसी प्रकार वर्ष 2024-25 में रायपुर एवं धमतरी में बाड़ियों की संख्या क्रमश: 3700 एवं 4573 रही। इन बाड़ियों में क्रमश: पौधे विवरण की संख्या की 97464 एवं 61430 थी

जबकि दोनो जिलों में प्रति बाड़ी आय क्रमश: 2900 एवं 4400 रही।

**प्राथमिक आँकड़ों का विश्लेषण**

**तालिका क्रमांक – 8**

**1.क्या नरवा–गरूवा–घुरूवा–बाड़ी योजना के लागू होने के पश्चात् आपके परिवार की आय में वृद्धि हुई हैं ?**

| क्र. | रायपुर | | | धमतरी | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | उत्तर | आवृत्ति | प्रतिशत | उत्तर | आवृत्ति | प्रतिशत |
| 1. | हाँ | 72 | 80% | हाँ | 68 | 75.55% |
| 2. | नही | 18 | 20% | नही | 22 | 24.45% |
| | योग | 90 | 100% | | 90 | 100% |

**(स्त्रोत:– प्राथमिक समंक)**

**ग्राफ क्रमांक – 8**




**तालिका क्र. 8** के अनुसार रायपुर जिले के 80 प्रतिशत लोग की आय में वृद्धि नरवा–गरूवा–घुरूवा–बाड़ी योजना के लागू होने से हुई है जबकि 20 प्रतिशत लोगों की आय में योजना का प्रभाव नही पड़ा है। वही धमतरी जिलें में 75.55 प्रतिशत लोगों की आय में वृद्धि योजना के आने बाद हुई है जबकि 24.45 प्रतिशत लोगों ने माना कि योजना के आने से उनकी आय में किसी प्रकार की वृद्धि नही हुई हैं।

**तालिका क्रमांक – 9**

**2. क्या नरवा–गरूवा–घुरूवा–बाड़ी योजना प्रारंभ होने के बाद आपकी आजीविका में कोई नया काम जुड़ा हैं ?**

| क्र. | रायपुर | | | धमतरी | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | उत्तर | आवृत्ति | प्रतिशत | उत्तर | आवृत्ति | प्रतिशत |
| 1. | हाँ | 63 | 70% | हाँ | 71 | 78.88% |
| 2. | नही | 27 | 30% | नही | 19 | 21.12% |
| | योग | 90 | 100% | 8273 | 90 | 100% |

**(स्त्रोत:– प्राथमिक समंक)**

**ग्राफ क्रमांक – 9**




**तालिका क्रमांक 9** के अनुसार रायपुर जिले के हितग्राहियों में से 70 प्रतिशत लोगो को योजना के माध्यम से आजीविका के नए अवसर प्राप्त हुए है जबकि 30 प्रतिशत को नवीन अवसर प्राप्त नही हुए उन्हे कृषि कार्य का लाभ प्राप्त हुआ हैं। वही धमतरी जिले में चुने गए हितग्राहियों मे से 78.88 प्रतिशत लोगों को आजीविका के अन्य अवसर प्राप्त हुए हैं। जबकि 21.21 प्रतिशत लोगों ने कृषि कार्य में ही योजना का लाभ प्राप्त किया।

**तालिका क्रमांक – 10**

**3. क्या आपके परिवार की महिलाओं को आर्थिक लाभ मिला ?**

| क्र. | रायपुर | | | धमतरी | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | उत्तर | आवृत्ति | प्रतिशत | उत्तर | आवृत्ति | प्रतिशत |
| 1. | हाँ | 58 | 64.45% | हाँ | 67 | 74.45% |
| 2. | नही | 32 | 35.55% | नही | 23 | 25.55% |
| | योग | 90 | 100% | 8273 | 90 | 100% |

**(स्त्रोत:– प्राथमिक समंक)**

**ग्राफ क्रमांक – 10**




**परीकल्पना परीक्षण**

| क्र. | परिकल्पना | X2 | Df | P Value | परिणाम |
|---|---|---|---|---|---|
| $H_1$ | नरवा–गरूवा–घुरूवा–बाड़ी योजना के माध्यम से ग्रामीणों की आय में वृद्धि हुई है। | 0.514 | 1 | >0.05 | स्वीकृत |
| $H_2$ | योजना के माध्यम से प्राप्त आजीविका विविधीकरण के अवसरों में रायपुर तथा धमतरी जिलेंमें अंतर हैं। | 1.87 | 1 | >0.05 | अस्वीकृत |
| $H_3$ | नरवा–गरूवा–घुरूवा–बाड़ी योजना ने महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई हैं। | 27.22 | 1 | >0.05 | स्वीकृत |

**निष्कर्ष –** अध्ययन उपरांत यह निष्कर्ष सामने आता है कि नरवा–गरूवा–घुरूवा–बाड़ी योजना ने रायपुर एवं धमतरी दोनों जिलों में ग्रामीणों की आय वृद्धि, आजीविका विविधीकरण तथा महिलाओं के आर्थिक सशिक्तकरण में महत्वपूर्ण योगदान दिया हैं। योजना वर्ष 2019 में प्रारंभ हुई तथा सरकार परिवर्तन के साथ वर्ष 2023 में योजना को समाप्त कर दिया गया। इस 4 वर्ष 11 माह की योजनावधि में योजना से लाखों लोग लाभन्वित हुए। योजना के क्रियान्वयन के दौरान कई चुनौतियाँ जैसे कोरोना महामारी, अल्पावधि, जागरूकता अभियान के लिए समय न मिल पाना, आदि का सामना करना पड़ा। इसके बाद भी ग्रामीण इस योजना से लाभ प्राप्त कर सके। और योजना को पुन: प्रारंभ करने के सुझाव समंक संकलन के समय ग्रामीणों द्वारा

किया गया। वर्तमान में यह योजना भले ही बंद हो चुकी हैं परंतु ग्रामीण परिवेश से योजना के चारो घटकों नरवा–गरूवा–घुरूवा–बाड़ी को भिन्न नहीं किया जा सकता। योजना के पहले भी ये घटक ग्रामीणों के जीवन का अहम हिस्सा थे। योजना के दौरान इन घटकों को एकीकृत करके ग्रामीण विकास के लिए अथक प्रयास किया गया। योजना के बंद होने के बाद भी नरवा–गरूवा–घुरूवा–बाड़ी को भिन्न नही किया जा सकता।

**समस्याएँ :**

1. योजना के क्रियान्वयन हेतु अत्यंत ही कम समय 4 वर्ष 11 माह ही मिल पाया।
2. योजना का क्रियान्वयन विभिन्न विभागों के द्वारा किया जा रहा था। विभागों के बीच समन्वय का अभाव देखा गया।
3. योजना के लिए लोगो को जागरूक कर पाने का बहुत कम समय मिल पाया बहुत से संभावित हितग्राही योजना के लाभ से वंचित रहे।

**सुझाव :**

1. किसी भी ग्रामीण आर्थिक विकास से संबंधित योजना पर राजनीतिक अस्थिरता का प्रभाव नही पड़ना चाहिए।
2. यदि योजना का क्रियान्वयन एवं नियंत्रण एक से अधिक विभाग कर रहा हैं तो उनके बीच समन्वय होना आवश्यक हैं।
3. चूँकि नरवा–गुरूवा–घुरूवा–बाड़ी ग्रामीण अर्थव्यवस्था का अभिन्न हिस्सा है इसलिए इस योजना को पुन: प्रारंभ किया जाना चाहिए।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :–**

1. छत्तीसगढ़ राज्य आर्थिक सर्वेक्षण प्रतिवेदन (2024–25), पृ.क्र. (120–144)
2. गुप्ता अरूणेश कुमार (2021), 'छत्तीसगढ़ राज्य की नरवा, गरूवा, घुरूवा, बाड़ी योजना' शोध समागम, अदिति प्रकाशन, वॉल्युम–04 पृ.क्र. (1604–1607)
3. Kothari C.R.And Garg Gaurav (2019) "Research methodology methodsAnd techniques" NewAge international Pvt. ltd. (Delhi), page no. (1-27)
4. Kumar Siddharth,A.K. Gauraha, Sharma Shashank And Bhaskar Shiv (2021)"An EconomicAnalysis of production And marketing of vermicompost in Balod District of Chhattisgarh International Journal of microbiologyApplied sciences, volume - 10, Issue-17, Page no. (532-538)
5. Mangal S.K.And Mangal Shubhra (2019), " Research methodology in Behavioral Science" PHJ learning pvt. ltd. (New Delhi), Page No. (53-70)
6. मुखर्जी रविन्द्रनाथ (2009) 'सामाजिक शोध व सांख्यिकी' विवेक प्रकाशन, जयपुर (राजस्थान), पृ.क्र. (1–12)
7. Mathur Parul (2021), "Narwa, Garuwa, Ghuruwa, Bari Program Development in Chhattisgarh". Shodh Sarita Volume -08, Issue- , page no. (271- 277 )
8. मुखर्जी रविन्द्रनाथ (2009) 'सामाजिक शोध व सांख्यिकी' विवेक प्रकाशन, जयपुर (राजस्थान), पृ.क्र. (1–12)
9. सबंल शासन की कल्याणकारी योजनाएँ (2021) जनसंपर्क विभाग (छ.ग.), पृ.क्र. (6–7 एवं 58–65)
10. साहू, तोमेश्वरी (2025) 'छत्तीसगढ़ सुराजी गाँव योजना अंतर्गत गरूवा योजना की भूमिका का अध्ययन' अमोघवर्ता अदिति प्रकाशन रायपुर (छ.ग.), वाल्युम–04, ईशु–04, पृ.सं. (139–144)
11. www.cglive.in (18/02/2025)
12. www.ruralindustries.gov.in (19/02/2025)
13. www.nggb.cg.nic.in (19/05/2025)
14. www.uad.cg.gov.in (21/04/2025)
15. www.cgstate.gov.in (18/04/2025)
16. www.agripostal.cg.nic.in (26/03/2025)
17. www.divert.cg@nic.in (15/03/2025)
18. www.prd.cg.gov.in (29/02/2025)

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LI (51), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# भारत में महिला सशक्तिकरण और कानून

**डॉ. ज़ाकिर खान***

* प्राचार्य, सांदीपनि विधि महाविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** महिला सशक्तिकरण का अर्थ है महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, शैक्षिक और कानूनी अधिकारों में समानता प्रदान करना। भारत जैसे विकासशील देश में महिलाओं की स्थिति सदियों तक पिछड़ी रही है, परंतु स्वतंत्रता के पश्चात अनेक संवैधानिक प्रावधानों, कानूनी सुधारों और सरकारी योजनाओं के माध्यम से महिलाओं की स्थिति में उल्लेखनीय परिवर्तन आया है। यह शोध-पत्र भारतीय समाज में महिला सशक्तिकरण की स्थिति, उससे संबंधित कानूनी ढांचे, चुनौतियों तथा भावी संभावनाओं पर केंद्रित है।

**प्रस्तावना –** भारतीय समाज में महिलाएँ आदिकाल से ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाती रही हैं। वैदिक काल में महिलाओं को उच्च स्थान प्राप्त था, परंतु मध्यकालीन भारत में उनकी स्थिति अत्यंत दयनीय हो गई। वे शिक्षा, संपत्ति और स्वतंत्रता से वंचित थीं। स्वतंत्रता के बाद भारतीय संविधान ने महिलाओं को समानता का अधिकार प्रदान किया, जिससे उनके सशक्तिकरण की प्रक्रिया आरंभ हुई। महिला सशक्तिकरण का तात्पर्य केवल अधिकार प्राप्ति से नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता, निर्णय लेने की स्वतंत्रता और सामाजिक सम्मान से भी है। यह विकास का आधार है, क्योंकि जब महिला सशक्त होती है, तब परिवार, समाज और राष्ट्र सशक्त होता है।

**महिला सशक्तिकरण की परिभाषा**

महिला सशक्तिकरण का अर्थ है- महिलाओं को जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में समान अवसर और अधिकार देना ताकि वे स्वतंत्र रूप से निर्णय ले सकें और अपनी क्षमता का पूर्ण उपयोग कर सकें।

संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम के अनुसार, महिला सशक्तिकरण वह प्रक्रिया है जिसमें महिलाएँ स्वयं अपनी नियति का निर्धारण करती हैं और समाज के समान भागीदार के रूप में उभरती हैं। भारत में महिला सशक्तिकरण का ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य हैं।

**वैदिक काल–** इस काल में महिलाएँ विदुषी, शिक्षिका और दार्शनिक के रूप में सम्मानित थीं।

**मध्यकाल –** इस काल में पर्दा प्रथा, सती प्रथा, बाल विवाह जैसे सामाजिक कुरीतियों ने महिलाओं की स्थिति को कमजोर किया।

**आधुनिक काल –** राजा राममोहन राय, ईश्वरचंद्र विद्यासागर, महात्मा गांधी जैसे समाज सुधारकों ने महिलाओं की स्थिति सुधारने के लिए आंदोलन चलाए।

**स्वतंत्रता के बाद –** संविधान में समानता के अधिकार, शिक्षा का अधिकार, संपत्ति में अधिकार जैसे प्रावधानों ने महिलाओं को सशक्त बनाने का मार्ग प्रशस्त किया।

**संवैधानिक प्रावधान–** भारत का संविधान महिलाओं को समान अधिकार और संरक्षण प्रदान करता है। प्रमुख प्रावधान हैं।

अनुच्छेद 14 – समानता का अधिकार।
अनुच्छेद 15(1) – लिंग के आधार पर भेदभाव का निषेध।
अनुच्छेद 16 – रोजगार में समान अवसर।
अनुच्छेद 39 – पुरुष और महिला दोनों को समान जीविका का अधिकार।
अनुच्छेद 42 – मातृत्व अवकाश और कार्य स्थितियों में सुधार का निर्देश।
अनुच्छेद 51A(e)- नागरिकों का यह कर्तव्य है कि वे स्त्रियों के प्रति सम्मानजनक व्यवहार करें।

**महिलाओं से संबंधित प्रमुख कानून**

दहेज निषेध अधिनियम, 1961
गृह हिंसा से संरक्षण अधिनियम, 2005
कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण) अधिनियम, 2013
बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006
महिला आरक्षण विधेयक (2023) – संसद और विधानसभाओं में 33% आरक्षण का प्रावधान।
भारतीय दंड संहिता की धारा 498A – पति या ससुराल पक्ष द्वारा क्रूरता के विरुद्ध संरक्षण।

**सरकारी योजनाएँ एवं पहल**

बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना (2015)
महिला शक्ति केंद्र योजना
प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना
स्टैंड अप इंडिया और मुद्रा योजना
सुकन्या समृद्धि योजना
महिला हेल्पलाइन (181)
वन स्टॉप सेंटर योजना
इन योजनाओं का उद्देश्य है-महिलाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना।

**महिला सशक्तिकरण की वर्तमान स्थिति**

1. वर्तमान में महिलाएँ राजनीति, न्यायपालिका, प्रशासन, विज्ञान, खेल, शिक्षा आदि क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति कर रही हैं।
2. पंचायतों में 33% से अधिक प्रतिनिधित्व।
मक्का विशेष रूप से गरीबों का मुख्य भोजन माना जाता है इसका उपयोग मनुष्य एवं पशुओं दोनों के द्वारा किया जाता है। मक्का में कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, खनिज लवण आदि पाए जाते है। इसकें दानों से कई प्रकार के व्यंजन बनाए जाते है इसमें कई वस्तुएँ जैसे स्टार्च, ग्लूकोज, एल्कोहल, गोंद, कागज आदि को बनाया जाता है। इसे 'खाद्यान्नों की रानी' कहा जाता है। इसका उपयोग भुट्टा, रोटी आदि के रूप में किया जाता है।

इसके अतिरिक्त चना, अरहर, उड़द, मूंग, जैसी दलहन फसलें भी पारंपरिक फसलों का अभिन्न अंग रही है साथ ही तिल एवं अलसी, अरंडी जैसी तिलहन फसलें भी उगाई जाती थी।

7. **पारंपरिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक महत्व :–** म.प्र. की संस्कृति में फसलें केवल भोजन का साधन ही नही बल्कि उत्सव और परंपराओं का आधार भी है नई फसलें आने पर विशेष पर्व मनाए जाते है बीज बोने से पहले, फसल काटने एवं अनाज संग्रहण से जुड़े अनेक लोकगीत, नृत्य और परंपराऐं है। सामूहिक भोजन बीजों की पूजा और पारंपरिक व्यंजन सामाजिक एकता को मजबूत करते है, इथनों खाद्य फसलें पोषण की दृष्टि से तो अत्यंत समृद्ध होती ही है इनमें ग्लूटेन कम होता है जिससे पचने में हल्की होती है।

**निष्कर्ष –** हरित क्रांति के बाद गेहूं और धान जैसी फसलों का वर्चस्व बढ़ा है जिससे इथनों फसलों में कमी आयी है। बाजार आधारित कृषि प्रणाली ने

किसानों को नकदी फसलों की और प्रेरित किया है। म.प्र. की इथनों खाद्य फसलें न केवल अतीत की विरासत है बल्कि भविष्य की खाद्य सुरक्षा का आधार भी बन सकती है। इनके संरक्षण, संवर्धन और प्रोत्साहन की अत्यंत आवश्यकता है। अंतत: हम कह सकते है कि इथनों खाद्य फसलें हमारी सांस्कृतिक विरासत, पोषण और पर्यावरण संतुलन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। यदि पारंपरिक ज्ञान व आधुनिक विज्ञान का समन्वय किया जाए तो ये फसलें न केवल किसानों की आय बढ़ा सकती है बल्कि समाज को स्वस्थ्य और आत्म निर्भर भी बना सकती है। इसलिए आवश्यकता है कि इन फसलों को हम अपनाऐ एवं संरक्षित करें।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. भारतीय कृषि परंपराऐ - विभिन्न लेखक।
2. म.प्र. की जनजातीय संस्कृति - शोध लेख।
3. पारंपरिक खाद्य फसलों पर आधारित अध्ययन।
4. वनस्पति विज्ञान प्रथम वर्ष- एस.बी. अग्रवाल।

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LI (51), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# ऑनर किलिंग में खाप पंचायतों की भूमिका, उनके प्रभाव एवं संबंधित विधायी सुधार

**डॉ. मिर्जा मोजिज बेग*  पुष्पेन्द्र****

* सहायक प्राध्यापक (विधि) शासकीय नवीन विधि महाविद्यालय, इंदौर (म.प्र.) भारत
** शोधार्थी, शासकीय नवीन विधि महाविद्यालय, इंदौर (म.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** 'ऑनर किलिंग में खाप पंचायतों की भूमिका, उनके प्रभाव एवं संबंधित विधायी सुधार' नामक शोध पत्र में भारत में ऑनर किलिंग की घटनाओं में खाप पंचायतों की भूमिका, उनके सामाजिक और कानूनी प्रभावों, तथा संबंधित विधायी सुधारों का विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है। इस अध्ययन का मुख्य उद्देश्य यह समझना है कि किस प्रकार पारंपरिक और स्थानीय सामाजिक संरचनाओं में शामिल खाप पंचायतें 'सम्मान' के नाम पर विवाह, व्यक्तिगत स्वतंत्रता और सामाजिक अधिकारों पर नियंत्रण स्थापित करती हैं, और इसके परिणामस्वरूप गंभीर अपराध, जैसे ऑनर किलिंग, उत्पन्न होते हैं।

शोध में पाया गया कि खाप पंचायतें अक्सर जाति, धर्म और सामाजिक प्रतिष्ठा के आधार पर निर्णय लेती हैं, जिससे व्यक्तिगत स्वतंत्रता और संवैधानिक अधिकारों का हनन होता है। ये निर्णय परिवार और समुदाय के दबाव के रूप में व्यक्त होते हैं, और समाज में भय और असमानता की स्थिति उत्पन्न करते हैं। विधिक दृष्टि से, भारतीय दंड संहिता के तहत हत्या (धारा 302), आपराधिक षड्यंत्र (धारा120 B) और विधि विरुद्ध जमाव का अपराध (धारा 143–149) जैसे प्रावधान लागू होते हैं, परंतु अभियोजन और साक्ष्य की चुनौतियों के कारण न्याय अक्सर प्रभावित होता है।

इस शोध के माध्यम से यह स्पष्ट किया गया है कि सामाजिक जागरूकता, विधिक सुधार और न्यायिक सक्रियता आवश्यक हैं। इसमें सुझाए गए सुधारों में खाप पंचायतों के गैरकानूनी और हिंसात्मक निर्णयों पर कड़ी कार्रवाई, पीड़ितों के संरक्षण के लिए विशेष कानूनी प्रावधान, और समाज में विवाह की स्वतंत्रता, समानता तथा मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना शामिल है।

अध्ययन निष्कर्षत: यह दिखाता है कि खाप पंचायतों की सामाजिक शक्ति और पारंपरिक रूढ़ियाँ ऑनर किलिंग के मामलों में केंद्रीय भूमिका निभाती हैं। केवल दंडात्मक कानून ही पर्याप्त नहीं हैं; बल्कि समाज और राज्य के स्तर पर सुधारात्मक उपायों के माध्यम से ही इन अपराधों को रोकना और पीड़ितों के अधिकारों की रक्षा करना संभव है।

**शब्द कुंजी –** ऑनर किलिंग, सामाजिक कुरीति, भारतीय दंड संहिता, खाप पंचायत, सामाजिक संरचना, सांस्कृतिक मान्यता, कानूनी सुधार, सामाजिक जागरूकता।

**प्रस्तावना –** 'ऑनर किलिंग में खाप पंचायतों की भूमिका, उनके प्रभाव एवं संबंधित विधायी सुधार' शीर्षक इस शोध पत्र का उद्देश्य भारत में ऑनर किलिंग की घटनाओं में खाप पंचायतों की भूमिका, उनके सामाजिक और कानूनी प्रभावों, तथा इस विषय से जुड़े विधायी सुधारों का समग्र विश्लेषण प्रस्तुत करना है। ऑनर किलिंग, जिसे 'सम्मान हत्या' के नाम से भी जाना जाता है, पारंपरिक और स्थानीय सामाजिक संरचनाओं के माध्यम से परिवार और समुदाय द्वारा किसी सदस्य की व्यक्तिगत स्वतंत्रता, विशेषकर विवाहिक निर्णय, पर आधारित नियंत्रण का परिणाम है।

भारत में खाप पंचायतें मुख्य रूप से हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और पंजाब जैसे राज्यों में सक्रिय हैं। ये पंचायतें पारंपरिक सामाजिक संरचना का हिस्सा हैं और जाति, धर्म, परिवार की प्रतिष्ठा और सामाजिक मान्यताओं को बनाए रखने के नाम पर निर्णय लेती हैं। अक्सर खाप पंचायतें प्रेम विवाह, अंतर्विवाह या समुदाय के बाहर विवाह को अस्वीकार करती हैं और इसके परिणामस्वरूप ऑनर किलिंग जैसी घटनाएँ सामने आती हैं। इन निर्णयों का प्रभाव केवल पीड़ित व्यक्ति तक सीमित नहीं रहता, बल्कि यह परिवार और समुदाय में भय, सामाजिक असमानता और मानवाधिकारों के उल्लंघन को भी जन्म देता है।

विधिक दृष्टि से, भारतीय दंड संहिता और अन्य संबंधित प्रावधान जैसे हत्या (धारा 302), आपराधिक षड्यंत्र (धारा120 B), विधि विरुद्ध जमाव का अपराध (धारा143–149) और जबरन विवाह विरोधी कृत्य, ऑनर किलिंग की घटनाओं पर लागू होते हैं। हालांकि, अभियोजन और साक्ष्य की चुनौतियों के कारण न्याय सुनिश्चित करना कठिन हो जाता है। सुप्रीम कोर्ट और उच्च न्यायालयों ने कुछ मामलों में सख्त दंड का प्रवर्तन किया है, लेकिन खाप पंचायतों के गैरकानूनी और सामाजिक दबावपूर्ण निर्णयों के कारण यह अपराध अभी भी जारी है।

यह शोध पत्र सामाजिक और कानूनी दृष्टिकोण दोनों से ऑनर किलिंग का विश्लेषण करता है। इसमें केस स्टडी, न्यायालयीन निर्णय, साहित्य समीक्षा और विभिन्न राज्यों में ऑनर किलिंग की घटनाओं का विश्लेषण शामिल है। शोध का उद्देश्य यह समझना है कि क्यों खाप पंचायतें समाज में ऑनर किलिंग के मामलों में केंद्रीय भूमिका निभाती हैं, और इसके पीछे

कौन से सामाजिक और कानूनी कारक सक्रिय हैं।

अध्ययन में यह निष्कर्ष निकलता है कि केवल दंडात्मक कानून ही पर्याप्त नहीं हैं। ऑनर किलिंग की रोकथाम और पीड़ितों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए सामाजिक जागरूकता, शिक्षा, विधिक सुधार और न्यायिक सक्रियता अनिवार्य हैं। यह शोध स्पष्ट करता है कि खाप पंचायतों के निर्णय न केवल व्यक्तिगत स्वतंत्रता का हनन करते हैं, बल्कि भारतीय संविधान द्वारा प्रदत्ता समानता, स्वतंत्रता और न्याय के मूल्यों के लिए भी खतरा उत्पन्न करते हैं।

**भारतीय परिप्रेक्ष्य में खाप पंचायतें –** भारत में खाप पंचायतें पारंपरिक सामाजिक न्याय प्रणाली का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। यह संस्थाएँ मुख्यत: उत्तर भारत के राज्यों– हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और पंजाब में सक्रिय हैं। खाप पंचायतें औपचारिक सरकारी संरचना का हिस्सा नहीं हैं, बल्कि ये जातीय और समुदायिक संगठन हैं, जो अपने क्षेत्र और समुदाय में सामाजिक अनुशासन और 'सम्मान' बनाए रखने का काम करती हैं।

खाप पंचायतें आम तौर पर बड़े गाँवों और कस्बों के बुजुर्ग और प्रभावशाली व्यक्तियों द्वारा संचालित होती हैं। प्रत्येक खाप में कई गाँव शामिल होते हैं, और पंचायतें अपने निर्णय में सदस्यों की सामाजिक प्रतिष्ठा, परिवार की स्थिति, जाति और परंपराओं को प्राथमिकता देती हैं। इनके निर्णय किसी विधिक या न्यायिक प्रक्रिया के अधीन नहीं होते; यह पूरी तरह पारंपरिक नियम और सांस्कृतिक मान्यताओं पर आधारित होता है।

खाप पंचायतों का उद्देश्य समाज में अनुशासन और सामाजिक 'सम्मान' बनाए रखना होता है। वे मुख्य रूप से निम्नलिखित कार्य करती हैं:

1. विवाह, विशेषकर प्रेम विवाह, अंतरजातीय या समुदाय के बाहर विवाह पर निर्णय लेना।
2. परिवारिक विवाद और सामाजिक कलह का समाधान करना।
3. समुदाय के सदस्यों की सामाजिक गतिविधियों पर निगरानी रखना और नियमों का उल्लंघन रोकना।
4. कभी–कभी 'सम्मान' के नाम पर हिंसात्मक कदमों का निर्णय लेना, जिससे ऑनर किलिंग जैसी घटनाएँ सामने आती हैं।

खाप पंचायतों के निर्णय केवल व्यक्तिगत या परिवार तक सीमित नहीं रहते। उनका प्रभाव व्यापक होता है–

1. पीड़ित व्यक्ति की व्यक्तिगत स्वतंत्रता और मानवाधिकारों का उल्लंघन।
2. समाज में भय और असमानता का निर्माण।
3. ऑनर किलिंग, जबरन विवाह रोकना, और सामाजिक बहिष्कार जैसी गंभीर सामाजिक समस्याएँ उत्पन्न करना।

भारतीय कानून के अनुसार, खाप पंचायतों द्वारा लिए गए गैरकानूनी निर्णय जैसे ऑनर किलिंग या जबरन विवाह रोकना अपराध की श्रेणी में आते हैं। भारतीय दंड संहिता में हत्या (धारा 302), षड्यंत्र (धारा 120 B), विधि विरुद्ध जमाव का अपराध (धारा 143–149) आदि के प्रावधान लागू होते हैं। हालांकि, सामाजिक दबाव और पारंपरिक मानसिकता के कारण अभियोजन और न्यायिक प्रक्रिया चुनौतीपूर्ण हो जाती है। सुप्रीम कोर्ट और उच्च न्यायालयों ने खाप पंचायतों के गैरकानूनी और हिंसात्मक निर्णयों पर कई मामलों में सख्त निर्णय दिए हैं।

भारतीय परिप्रेक्ष्य में खाप पंचायतें समाज के पारंपरिक ढांचे का एक प्रमुख अंग हैं। हालांकि, इनके निर्णयों के सामाजिक और कानूनी प्रभाव गंभीर हैं, खासकर ऑनर किलिंग जैसी घटनाओं में। इसलिए, केवल दंडात्मक कानून पर्याप्त नहीं हैंय समाज में मानवाधिकार जागरूकता, विधायी सुधार और न्यायिक सक्रियता के माध्यम से ही खाप पंचायतों के हानिकारक प्रभावों को न्यूनतम किया जा सकता है और पीड़ितों के अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है।

**ऑनर किलिंग में खाप पंचायतों की भूमिका –** भारत में ऑनर किलिंग की घटनाओं में खाप पंचायतों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण और संवेदनशील मानी जाती है। खाप पंचायतें मुख्य रूप से हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और पंजाब जैसे राज्यों में सक्रिय हैं और ये पारंपरिक सामाजिक न्याय प्रणाली का हिस्सा हैं। ये पंचायतें औपचारिक सरकारी संस्थाओं के अधीन नहीं होतीं, बल्कि यह जाति, समुदाय और परिवार की सामाजिक प्रतिष्ठा बनाए रखने वाली स्थानीय और पारंपरिक सामाजिक संरचनाएँ होती हैं। खाप पंचायतों का उद्देश्य समाज में 'सम्मान' बनाए रखना और पारंपरिक नियमों के उल्लंघन को रोकना होता है।

खाप पंचायतें विवाह, विशेषकर प्रेम विवाह, अंतरजातीय विवाह या समुदाय के बाहर विवाह के मामलों में निर्णायक भूमिका निभाती हैं। अक्सर ये विवाह उनके तय किए गए सामाजिक और पारिवारिक मानकों के खिलाफ होते हैं, और उनके विरोध में पंचायतें सामाजिक दबाव, धमकी या प्रत्यक्ष हिंसा के माध्यम से हस्तक्षेप करती हैं। इस प्रकार, खाप पंचायतों द्वारा दिए गए आदेशों के परिणामस्वरूप कई बार ऑनर किलिंग जैसी गंभीर घटनाएँ सामने आती हैं। उनके निर्णय केवल पीड़ित व्यक्ति तक सीमित नहीं रहते, बल्कि पूरे परिवार और समुदाय पर मानसिक, सामाजिक और कभी–कभी शारीरिक दबाव डालते हैं।

कानूनी दृष्टि से, खाप पंचायतों द्वारा प्रेरित हिंसात्मक और गैरकानूनी निर्णय भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या), धारा 120 B (षड्यंत्र), धारा 143–149 ( विधि विरुद्ध जमाव का अपराध) और अन्य प्रावधानों के अंतर्गत अपराध के रूप में आते हैं। सुप्रीम कोर्ट और उच्च न्यायालयों ने कई मामलों में खाप पंचायतों के आदेशों की अवैधता और उनके परिणामस्वरूप हुई हिंसा पर सख्त फैसले दिए हैं। बावजूद इसके, सामाजिक समर्थन, पारिवारिक दबाव और पारंपरिक मानसिकता के कारण इन अपराधों का न्यायिक पालन चुनौतीपूर्ण रहता है।

सामाजिक प्रभावों की दृष्टि से खाप पंचायतों के निर्णय समाज में भय, असमानता और मानवाधिकारों के हनन को बढ़ावा देते हैं। ऑनर किलिंग के मामलों में, ये पंचायतें न केवल अपराध के लिए जिम्मेदार होती हैं, बल्कि अपने पारंपरिक दबाव और सामाजिक समर्थन के कारण ऐसे अपराधों को प्रोत्साहित भी करती हैं। इस स्थिति से निपटने के लिए विधायी सुधार, सामाजिक जागरूकता, न्यायिक सक्रियता और पीड़ित संरक्षण अत्यंत आवश्यक हैं। विधायी सुधारों में खाप पंचायतों के गैरकानूनी निर्णयों पर कठोर दंड, पीड़ितों के लिए संरक्षण और समाज में मानवाधिकार और विवाह की स्वतंत्रता के प्रति जागरूकता शामिल है।

अत: कहा जा सकता है कि खाप पंचायतें ऑनर किलिंग की घटनाओं में केंद्रीय भूमिका निभाती हैं और उनके पारंपरिक निर्णय पीड़ितों के संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन करते हैं। केवल दंडात्मक कानून पर्याप्त नहीं हैंय बल्कि समाज और न्यायपालिका के स्तर पर सक्रिय सुधार और जागरूकता ही इन अपराधों को रोकने और पीड़ितों के अधिकार सुरक्षित करने का प्रभावी माध्यम है।

**ऑनर किलिंग में खाप पंचायतों के प्रभाव –** भारत में ऑनर किलिंग की

घटनाओं में खाप पंचायतों का प्रभाव गहरा और बहुआयामी है। खाप पंचायतें पारंपरिक और सामाजिक मानदंडों को बनाए रखने के लिए सक्रिय रहती हैं, और उनके निर्णय अक्सर परिवार, समुदाय और व्यक्तिगत स्तर पर गंभीर परिणाम उत्पन्न करते हैं। ये पंचायतें मुख्य रूप से हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और पंजाब जैसे राज्यों में प्रभावशाली हैं, जहां उनके आदेश और फैसले सामाजिक दबाव और भय पैदा करते हैं। खाप पंचायतों के निर्णय विशेषकर विवाह, प्रेम विवाह, अंतरजातीय विवाह, और समुदाय के बाहर विवाह जैसे मामलों में केंद्रित रहते हैं, और अगर कोई सदस्य उनके सामाजिक मानदंडों का उल्लंघन करता है, तो पंचायतें अक्सर सामाजिक बहिष्कार, धमकी, जबरन दबाव या हिंसा जैसी कार्रवाइयाँ करती हैं।

खाप पंचायतों का प्रभाव केवल पीड़ित व्यक्ति तक सीमित नहीं रहता; यह पूरे परिवार और समुदाय को प्रभावित करता है। उनके निर्णयों के कारण व्यक्तिगत स्वतंत्रता, विवाह की आजादी, और मानवाधिकारों का हनन होता है। विशेषकर ऑनर किलिंग के मामलों में पंचायतों द्वारा बनाए गए सामाजिक दबाव और 'सम्मान' के नाम पर हिंसात्मक आदेश सीधे हत्या या गंभीर अपराधों तक पहुँचते हैं। इसके अलावा, खाप पंचायतों की कार्रवाई से समाज में भय, असमानता और सामाजिक प्रतिबंध बढ़ते हैं, जिससे पीड़ित और उनके परिवार को मानसिक, सामाजिक और कभी-कभी शारीरिक हानि होती है।

कानूनी दृष्टि से, खाप पंचायतों के प्रभाव से उत्पन्न अपराध भारतीय दंड संहिता के प्रावधानों के तहत अपराध की श्रेणी में आते हैं, जैसे धारा 302 (हत्या), धारा 120 B (षड्यंत्र), और धारा 143-149 ( विधि विरुद्ध जमाव का अपराध)। सुप्रीम कोर्ट और उच्च न्यायालयों ने कई मामलों में खाप पंचायतों के आदेशों को अवैध घोषित किया है और उनके द्वारा प्रेरित अपराधों पर सख्त निर्णय दिए हैं। फिर भी, सामाजिक समर्थन और पारंपरिक मानसिकता के कारण उनके प्रभाव को पूरी तरह समाप्त करना चुनौतीपूर्ण है।

सामाजिक और कानूनी दोनों दृष्टियों से खाप पंचायतों का प्रभाव अत्यंत गंभीर है। ये समुदाय में मानवाधिकार उल्लंघन, सामाजिक असमानता, भय और हिंसा के लिए उत्प्रेरक के रूप में कार्य करती हैं। ऑनर किलिंग की घटनाओं को रोकने के लिए आवश्यक है कि समाज में जागरूकता बढ़ाई जाए, विधायी सुधार किए जाएँ, न्यायिक सक्रियता सुनिश्चित की जाए और पीड़ितों के संरक्षण के लिए प्रभावी कानूनी उपाय अपनाए जाएँ। इस प्रकार, खाप पंचायतों के प्रभाव को समझना और उनके परिणामों का मूल्यांकन करना ऑनर किलिंग की रोकथाम और मानवाधिकारों की सुरक्षा के लिए अनिवार्य है।

**ऑनर किलिंग में खाप पंचायतों से संबंधित विधायी सुधार –** भारत में ऑनर किलिंग की घटनाओं में खाप पंचायतों की भूमिका और उनके प्रभाव को देखते हुए, इस क्षेत्र में विधायी सुधारों की आवश्यकता अत्यंत स्पष्ट है। खाप पंचायतें पारंपरिक और सामाजिक मानदंडों के आधार पर निर्णय लेती हैं, जिनमें अक्सर व्यक्तिगत स्वतंत्रता, विवाह की आजादी और मानवाधिकारों का उल्लंघन होता है। हालांकि भारतीय संविधान और दंड संहिता में पर्याप्त प्रावधान मौजूद हैं, जैसे कि धारा 302 (हत्या), धारा 120 B(षड्यंत्र), धारा 143-149 ( विधि विरुद्ध जमाव का अपराध), लेकिन वास्तविकता यह है कि सामाजिक दबाव, पारंपरिक मानसिकता और समुदायिक समर्थन के कारण न्यायिक कार्रवाई में कई बाधाएँ उत्पन्न होती हैं। इस स्थिति में आवश्यक है कि खाप पंचायतों के हानिकारक निर्णयों को रोकने और पीड़ितों के अधिकार सुरक्षित करने के लिए विशेष विधायी सुधार किए जाएँ।

प्रमुख सुधारों में सबसे पहले खाप पंचायतों के गैरकानूनी निर्णयों को स्पष्ट रूप से अपराध घोषित करना शामिल है। इसमें किसी भी प्रकार की पंचायत द्वारा दिए गए आदेश, जो व्यक्ति की स्वतंत्रता, विवाह के अधिकार या जीवन के अधिकार का उल्लंघन करते हैं, उसे दंडनीय अपराध माना जाएगा। इसके साथ ही पीड़ितों के संरक्षण और राहत की व्यवस्था को मजबूत करना आवश्यक है, ताकि ऐसे मामलों में पीड़ित व्यक्ति और उनके परिवार को तत्काल कानूनी और प्रशासनिक सहायता प्राप्त हो सके।

सामाजिक चेतना बढ़ाने के लिए शिक्षा और जागरूकता कार्यक्रम अनिवार्य हैं। स्कूलों, कॉलेजों और स्थानीय समाजिक संस्थाओं के माध्यम से विवाह की स्वतंत्रता, मानवाधिकार और कानूनी सुरक्षा के विषय में जानकारी दी जानी चाहिए। न्यायपालिका की सक्रिय भूमिका सुनिश्चित करने के लिए विशेष अदालतों और त्वरित सुनवाई की व्यवस्था की जा सकती है, ताकि ऑनर किलिंग से संबंधित मामलों में न्याय समय पर पहुँच सके।

इसके अतिरिक्त, सख्त दंड और कानून का प्रवर्तन खाप पंचायतों और उनके समर्थकों के लिए संदेश होना चाहिए कि गैरकानूनी और हिंसात्मक निर्णय स्वीकार्य नहीं हैं। साथ ही स्थानीय प्रशासन और पुलिस बल को प्रशिक्षण और निर्देश दिए जाने चाहिए ताकि वे ऐसे मामलों में प्रभावी हस्तक्षेप कर सकें और पीड़ितों की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकें।

अत: कहा जा सकता है कि ऑनर किलिंग की घटनाओं में खाप पंचायतों के प्रभाव को रोकने और समाज में न्याय और मानवाधिकार सुनिश्चित करने के लिए विधायी सुधार केवल कानून बनाने तक सीमित नहीं होने चाहिए, बल्कि सामाजिक जागरूकता, न्यायिक सक्रियता और प्रशासनिक कार्यान्वयन के माध्यम से इसे प्रभावी रूप से लागू किया जाना आवश्यक है। यह सुधार न केवल अपराध की रोकथाम करेगा, बल्कि पीड़ितों के संवैधानिक अधिकारों की सुरक्षा और समाज में समानता की स्थापना के लिए भी अनिवार्य है।

**निष्कर्ष –** संपूर्ण अध्ययन से यह स्पष्ट होता है कि भारत में ऑनर किलिंग जैसी घटनाओं में खाप पंचायतों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण और संवेदनशील है। खाप पंचायतें पारंपरिक सामाजिक संरचना और जातीय मानदंडों के आधार पर निर्णय लेती हैं, जिनका प्रभाव न केवल पीड़ित व्यक्ति और उनके परिवार तक सीमित रहता है, बल्कि पूरे समुदाय में भय, असमानता और सामाजिक दबाव उत्पन्न करता है। अध्ययन से यह भी स्पष्ट हुआ कि खाप पंचायतों के निर्णय अक्सर व्यक्तिगत स्वतंत्रता, विवाह की आजादी और संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन करते हैं। ऑनर किलिंग के मामलों में उनके आदेश हिंसा, सामाजिक बहिष्कार और कभी-कभी हत्या तक पहुंच जाते हैं, जिससे समाज में न्याय और मानवाधिकारों की स्थिति कमजोर होती है।

विधायी और कानूनी दृष्टिकोण से देखा जाए तो भारत में पर्याप्त प्रावधान मौजूद हैं जैसे आईपीसी की धारा 302 (हत्या), धारा 120 B (षड्यंत्र), और धारा 143 149 ( विधि विरुद्ध जमाव का अपराध) किन्तु सामाजिक समर्थन और पारंपरिक मानसिकता के कारण इनका प्रवर्तन चुनौतीपूर्ण है। इसलिए, केवल दंडात्मक कानून पर्याप्त नहीं हैं। विधायी सुधार,

न्यायिक सक्रियता, प्रशासनिक हस्तक्षेप और सामाजिक जागरूकता के माध्यम से ही खाप पंचायतों के हानिकारक प्रभावों को कम किया जा सकता है।

साथ ही, पीड़ितों के संरक्षण, विवाह की स्वतंत्रता और मानवाधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशेष अदालतों, त्वरित सुनवाई, पुलिस प्रशिक्षण और सामाजिक शिक्षा कार्यक्रमों की आवश्यकता है। अध्ययन यह भी प्रमाणित करता है कि केवल कानूनी उपाय पर्याप्त नहीं हैं; समाज में मानवाधिकार चेतना, विधायी सुधार और प्रभावी कार्यान्वयन के माध्यम से ही ऑनर किलिंग की घटनाओं को रोका जा सकता है और पीड़ितों के संवैधानिक अधिकार सुरक्षित किए जा सकते हैं।

अत: कहा जा सकता है कि ऑनर किलिंग में खाप पंचायतों की भूमिका और उनके प्रभाव के प्रति जागरूकता, सख्त कानून और विधायी सुधार ही भारत में समानता, न्याय और मानवाधिकारों की स्थापना का मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. सुहाश सैनी एवं वैश्नवी खसदेव, 'ऑनर किलिंग: द एक्ट ऑफ शेम', जर्नल ऑफ लीगल स्टडीज एंड रिसर्च, खंड 5, अंक 5, अक्टूबर 2019
2. डॉ. राकेश मंडल, 'ईविल ऑफ ऑनर किलिंग इन इंडिया: ए सोशियो लीगल स्टडी', इंटरनेशनल जर्नल ऑफ लॉ मैनेजमेंट एंड ह्यूमैनिटीज, खंड 5(2), 2022, पृ./ 650-661।
3. हरिन एस. एवं आर. प्रियंका, 'ऑनर किलिंग इन इंडिया एंड तमिलनाडु: ए डीप सोशियो लीगल एंड ह्यूमन राइट्स एनालिसिस, इंटरनेशनल जर्नल ऑफ लॉ, लैंग्वेज एंड सोशल साइंस स्टडीज, खंड 3, अंक 6, 2026।
4. मोनीका एवं हादिया खान, 'इंडियन लीगल फ्रेमवर्क ऑन ऑनर किलिंग, इंटरनेशनल जर्नल ऑफ लॉ मैनेजमेंट एंड ह्यूमैनिटीज, खंड 7(3), 2024, पृ./ 118-132।
5. कृति झा एवं हर्षिता राय, 'ए सोशियो लीगल स्टडी ऑन ऑनर किलिंग: ए मेनेस टू द इंडियन सोसाइटी', इंटरनेशनल जर्नल ऑफ लॉ मैनेजमेंट एंड ह्यूमैनिटीज, खंड 6(6), 2023, पृ./ 32-43।
6. भगवान सिंह एवं डॉ. राणा परवीन, 'ऑनर किलिंग इन इंडिया: नीड फॉर रिफॉर्म्स', इंटरनेशनल जर्नल ऑफ लॉ मैनेजमेंट एंड ह्यूमैनिटीज, खंड 5(6), 2022, पृ./ 1552-1562।
7. अराधना साहू, 'ऑनर किलिंग इन इंडिया: ए क्रिटिकल स्टडी', इंटरनेशनल जर्नल ऑफ लीगल साइंस एंड इनोवेशन, खंड 6(1), 2024, पृ./ 165-252।
8. एन. गौतमन, 'होमिसाइड इन द नेम ऑफ ऑनर: एन इमरजिंग हेट क्राइम इन इंडिया: ए थीमैटिक स्टडी', इंडियन जर्नल ऑफ लीगल रिव्यू, खंड 4(1), 2024, पृ./ 41-49।
9. मुस्कान शर्मा, 'ए स्टडी ऑफ ऑनर किलिंग इन इंडिया: ए सोशियो लीगल एनालिसिस', इंटरनेशनल जर्नल ऑफ लॉ, लैंग्वेज एंड राइट्स जर्नल, 2023।
10. डॉ. स्मिता सतापति, 'ऑनर किलिंग एज ए क्राइम इन इंडिया', इंटरनेशनल जर्नल ऑफ लॉ मैनेजमेंट एंड ह्यूमैनिटीज, खंड 6(2), 2023, पृ./ 1415-1421
11. दीपक मलिक एवं प्रो. हर्ष पुरोहित, 'ऑनर किलिंग इन इंडिया एंड रोल ऑफ खाप पंचायत्स', जर्नल ऑफ एडवांसेज एंड स्कॉलरली रिसर्च इन एलाइड एजुकेशन, (DOI:10-29070/hbd9wÛ60)
12. डॉ. अर्ति अशोक्रावो डायव, 'एन इवैल्युएशन ऑफ ऑनर किलिंग इन इंडिया', इंटरनेशनल एजुकेशनल ऐप्लाइड सायंटिफिक रिसर्च जर्नल, खंड 6(10) (2021)
13. मोहम्मद सामिउल्ला एवं डॉ. रत्नेश कुमार श्रीवास्तव, 'ऑनर किलिंग्स इन इंडिया एंड बियॉन्ड: ए ग्लोबल पर्सपेक्टिव', इंटरनेशनल जर्नल ऑफ लॉ मैनेजमेंट - ह्यूमैनिटीज, खंड 7(3) 2024, पृ.1508-1516

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LI (51), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# भवभूति और कालिदास की नाट्यकला का तुलनात्मक अध्ययन

**डॉ. पी.एस. बघेल** *

* एसोसिएट प्रोफेसर, पीएम एक्सीलेंस शहीद भीमानायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय महाविद्यालय,बड़वानी (म.प्र.) भारत

**प्रस्तावना –** संस्कृत नाटककारों में कालिदास और भ–भूति दोनों ही में नाट्यकला की विशेषता अद्धितीय है। दोनों में ही सघन भाव प्रवणता परिलक्षित होती है। भवभूति ने उत्तर–रामचरित को सर्वोच्च नाट्यकृति तक भभावावेश में घोषित की दिया था–

'उत्तरे रामचरिते भवभूतिर्विशिष्यते।' तथा 'कवियेकालिदासाद्या – भूतेर्महाकवि।।'

भवभूति की कविता वनप्रान्तर की निर्झरणी के समान स्वच्छन्द गति से प्रवाहित है। अत: भवभूति और कालिदास की काव्यकला की तुलना सहजरूप से अध्येताओं का भी यह प्रिय भाग रहा है।

प्रमुख रूप से महाकवि भवभूति की काव्यानुभूति भावुकता की दृष्टि से अत्यंत प्रवहमान रही है। उत्तर रामचरित तथा मालती माधव दोनों ही में भावप्रवणता अति श्रेष्ठ सिद्ध है। उक्त दोनों नाटककारों में भावों की सघन अभिव्यक्ति दिखाई देती है।

भवभूति के समस्त पात्र भावुकता से अभिभूत है। चाहे वे राम हों सीता हों कौशल्या हो या माधव हों। यहाँ तक कि स्थितप्रज्ञ ब्रह्मविद् राजा जनक भी इसी शोक से अभिभूत है। जनक के दु:ख का पता निम्नांकित पद्य से भलीभाँति प्रतीत होता है–यथा–

**अपत्ये यत्ताद्दग्दुरितम–त्तेन महता**
**विषक्तस्तीव्रेण व्रणितहृदयेन व्यथयता।**
**पटुर्धारावाही नव इव चिरेणापि हि न में**
**निकृन्तन्मर्माणि क्रकच इव मन्युर्विरमति।**

**(उत्तर रामचरित4/3)**

**अर्थात्–**मेरे अपत्य सीता पर जो उस प्रकार की आपत्ति पड़ी है उस बड़ी भारी, पीड़ा कारक, हृदय को घायल करने वाली आपत्ति से लगा हुआ प्रबल, सतत प्रवहमान और नया जैसा शोक आरे के समान मर्मस्थलों को काट रहा है और रुकता नहीं।

राम के विलाप से तो पूरा नाटक ही भरा–पूरा है। माधव और मकरन्द के विलापों को मालती माधव में देखा जा सकता है। इन नाटकों से भवभूति की भावुकता भलीभाँति परिलक्षित होती है। फर्क सिर्फ दोनों नाटककारों में ही दिखाई देता है कि कालिदास –भूति की तरह अधिक भावप्रवण प्रतीत नहीं होते।

भवभूति हर प्रकरण में गंभीरता प्रकट करते है किन्तु कालिदास के समान भवभूति गंभीर उस तरह नहीं दिखाई देते जैसे –भूति है। कालिदास व्यंजना के कवि है। थोड़े शब्दों में भावों की अभिव्यक्ति कवि की विशेषता है।

भवभूति में स्वच्छंद भावाक्तिता भरपूर से देखी जा सकती है। रस के वर्णन में वे कल्पना के यथेच्छ अवसर देते हैं। करूण रस की उनकी वर्णन शैली मालती माधव में दृष्टव्य है।

कालिदास मूलत: शृंगार वर्णन में अप्रतीम दिखाई देते हैं। कुमारसंभव में उनका शृंगार वर्णन अपनी सीमा के आखरी छोर तक पहुँचा है। किन्तु भवभूति की रचना का प्रधान रस करुण है कहा भी है कि, एको रस करूण एव निमित्ता भेदाद्। जिसमें –भूति अद्धितीय है।

भवभूति का प्रणय वर्णन भी कालिदास की अपेक्षा अधिक उदात्त तथा उज्जवल है। भवभूति ने प्रेम का जो आदर्श प्रस्तुत किया है वह संस्कृत साहित्य में अद्धितीय है। भवभूति का प्रेम अलौकिक है उसमें कृत्रिमता नहीं है। वह मांसलभभी नहीं है। भवभूति का प्रेम ईश्वरीय प्रेम की तरह वरदान स्वरूप दिखाई देता है। भवभूति में विरह वर्णनभभी अधिक भावुक भरा रहा है। दुष्यंत को भी शकुन्तला का वियोग सहना पड़ा। त्याग के साथ ही उसका प्रत्यारख्यान भी किया है।

भावों की जितनी सघनता भवभूति में है उतनी कालिदास में नहीं। किन्तु कालिदास में सरलता है जो भवभूति में नहीं दिखाई दी। भवभूति में लंबे पद तथा क्लिष्टता पाई जाती है।

भवभूति में यथार्थ का भाव अधिक दिखाई दिया। कालिदास की शैली में प्रसाद गुण है, रस के अनुरूप मधुर पद विन्यास है, जो भवभूति में नहीं है। थोड़े शब्दों में भावों की अभिव्यक्ति कालिदास में है किन्तु भवभूति में अभिधा ग्रहण अधिक दिखाई देता है।

भवभूति में वर्णन करने की व्यापकता है। जहाँ भी वे वर्णन करते है उनमें व्यापकता पर्याप्त मात्रा में है। किसी रस की वर्णना में वे काफी दूर तक चले जाते हैं। करुण रस –भूति की विशेषता है। उदाहरण के लिए 'मालतीमाधव' में माधव का विलाप दूर तक व्याप्त है। 'मशान का बीभत्स' वर्णन रचना में अधिक है।

कालिदास प्रधान रूप से शृंगार वर्णन में निष्णात है। कुमारसंभव में उनका शृंगार अपनी सीमा पार कर गया है। जबकि भवभूति में करुण रस का अधिक चित्रण मिलता है।

भवभूति का प्रणयभभी कालिदास की अपेक्षा अधिक उदात्त है, उज्ज्वल है तथा स्पृहणीय है। भवभूति ने प्रेम का जो आदर्श उपस्थित किया है वह संस्कृत साहित्य में अद्धितीय है। भवभूति का प्रेम अलौकिक है। किन्तु उनमें कृत्रिमता प्रतीत नहीं होती।भवभूति में सच्चे प्रेम को ईश्वर का वरदान माना

है। सच्चा प्रेम सुख-दुख सब अवस्थाओं में रहता है। उत्तररामचरित में सुख-दु:ख का अद्वैत गुण सर्वत्र दिखाई देता है। यथा-

**अद्वैतं सुखदु:खयोरनुगुणं सर्वास्ववस्थासु यत्-**
**विश्रामोहृदस्य यत्र, जरसा ययस्मिन्नहार्यो रस:।**
**कालेनावरणात्ययात्परिणते यतस्नेहसारेस्थितं।**
**भद्रं तस्य सुमानुषस्य कथमप्येकं हि तत्प्राप्यते।।**
**(उत्तर रामचरित 1/39)**

अर्थात् वास्तविक प्रेम सुख-दु:ख दोनों अवस्थाओं में एक सा रहता है, सम्पत्ति, विपत्ति सारी अवस्थाओं में अनुकूल रहता है, हृदय को वहाँ विश्राम मिलता है, वृद्धावस्था से उस रस में कोई कमी नहीं आती, जैसे-जैसे समय बीतता है, वैसे-वैसे आवरणों के नष्ट होने से जो परिणत स्नेह सार रूप बच जाता है। ऐसा भला प्रेम किसी प्रकार ही सौभाग्शाली को प्राप्त होता है।

कालिदास प्रकृति के कोमल, स्निग्ध रूप के उपासक है, पर भवभूति प्रकृति के स्निग्ध-कोमल रूप के प्रति विशेष पक्षपात नहीं रखते। भवभूति के प्रकृति वर्णन से कालिदास के हिमालय-वर्णन की तुलना करते हैं तो दोनों में काफी अंतर स्पष्ट होता है। वस्तुत: भवभूति के करुण रसभरे चित्त में यदि सुकुमार और लालित्य का प्राधान्य होता तो करुण का परिपाक ही उस सफलता से नहीं हो सकता था जितना हुआ है। युद्ध के वर्णन में भी भवभूति ने जितनी कुशलता प्रदर्शित करते हैं, उतनी कालिदास में नहीं दिखाई देती। कालिदास के साहित्य में वर्णन की व्यापकता है जिससे कालिदास उत्कृष्ट माने जाते हैं। भवभूति में पाडित्य का चित्रण भी यथेष्ट किया गया है। भवभूति ने वेदों, उपनिषदों तथा नाना विधाओं का खूब अध्ययन किया है, परिणामस्वरूप उनमें पाण्डित्य का विशेष गुण परिलक्षित होता है।

कालिदास की सर्वोत्तम कृति 'अभिज्ञानशाकुन्तल' है जबकि भवभूति में 'उत्तररामचरित' सर्वोत्तम कृति है। कालिदास महाभारत के आदि पर्व अध्याय 71 से 74 में महाभारत आख्यान का वर्णन है। इसी प्रकार उत्तररामचरित में वाल्मीकीय रामायण की कथावस्तु ग्रहण की है।भवभूति और कालिदास ने उक्त आख्यानों में आवश्यक रूप से परिवर्तन कर कथानक को नवीन स्वरूप प्रदान किया है।

उत्तररामचरित में सीता के त्याग का वर्णन किया गया है। अपने मान-सम्मान की रक्षा में उत्तरामचरित का चित्रण किया गया है। सीता को प्रजापालन रूप धर्म के लिए त्याग तो दिया, पर उनके पति-हृदय को समाधान न मिल सका। सीता और राम का मिलन भी कवि की मौलिक अनुभूति दर्शायी है। इस प्रकार दोनों ने ही नाटकों को सुखान्त में परिवर्तित किया है।

चरित्र-चित्रण की दृष्टि से देखा जाय तो 'अभिज्ञानशाकुन्तल' और उत्तररामचरित के दोनों में नायकों का चित्रण अपने अपने तरीकों से चित्रण को श्रेष्ठता दी है। भवभूति के 'राम' को आदर्श नायक के रूप में चित्रित किया है। वे आदर्श राजा, आदर्श प्रजापालक, आदर्श पति और आदर्श पिता के रूप में व्यक्त किये गये हैं।

स्त्री पात्रों की दृष्टि से कालिदास ने शकुन्तला का चित्रण किया है। तो भवभूति ने उत्तररामचरित में सीता का चित्रण किया है।

शकुन्तला कालिदास की दृष्टि में अनुपम सौंदर्य-शालिनी के रूप में दिखाई गई हैं। जबकि उत्तररामचरित में सीता के चरित्र की महानता वर्णित की गई है। 'अभिज्ञान शाकुन्तल' और 'उत्तररामचरित' दोनों में कथानक, चरित्र, देशकाल आदि का सर्वश्रेष्ठ चित्रण देखने को मिलता है। नाटकीता की दृष्टि से देखा जा तो अभिज्ञान शाकुन्तल निश्चित रूप से उत्तर रामचरित से श्रेष्ठ ठहराता है।

महाकवि कालिदास की कीर्ति -भूति के समय तक दिग्दिगन्त में व्याप्त हो चुकी थी। भवभूति ने बहुत से भाव कालिदास के शाकुन्तल में उपलब्ध होते हैं। यथा-

'कन्यायाश्च परार्थतैव', उत्तरराम चरित में -भूति ने दर्शाया है। जबकि कालिदास नें 'अर्थो हि कन्या परकीय एव-में शाकुन्तल में स्त्री पात्रों के रूप में साम्य दर्शाया है।'

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. भवभभूति- महावीर चरित
   मालती माधव
   उत्तर रामचरित
2. कालिदास- अभिज्ञान शाकुन्तल
   विक्रमोर्वशीम्
   मेघदूतम्

**अन्य:**

1. काव्यालंकार- आचार्य भामह
2. कालिदास ग्रथावली- डॉ. सीताराम चतुर्वेदी
3. काव्यादर्श- दण्डी धर्मेन्द्र कुमार गुप्ता
4. ध्वनलोक-आनन्दवर्धन (आचार्य विवरेश्वर)

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LI (51), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# कृषि यंत्रों के प्रयोग का किसानों के विपणन प्रबंधन पर प्रभाव का अध्ययन (बड़वारा तहसील के विशेष संदर्भ में)

**डॉ. अनिल कुमार तौहेल***

* सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) शासकीय तिलक महाविद्यालय, कटनी (म.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** बड़वारा तहसील में आधुनिक कृषि तकनीक में विशेषक कृषि यंत्र, किसानों की उत्पादकता लागत, समय और विपणन पर गहरा प्रभाव डालती है। तकनीकी प्रौद्योगिकी के विकास ने आज खेती के स्वरूप को बदल दिया है जिसके परिणाम स्वरूप सरकार द्वारा खेती को मशीनीकृत करने कालक्ष्य रखा गया है।भारत में कृषि कार्य के लिए ट्रेक्टर मशीनीकरणका एक बहुत ही महत्तवपूर्ण है। कृषि मशीनों के निर्माण के लिए सरकार द्वारा एक बडा औद्योंगिक आधार विकसित किया गया है। किसान कृषि यंत्रों का प्रयोग करने से बाजार में समय से कृषि उत्पाद पहुॅच रहे कृषि उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार हुआ है, कृषि परिवहन सुविधा में वृद्धि हुई है, कृषि विपणन की लागता में कमी हुई है। भंडारण की क्षमता में वृद्धि हुई है ।इसमें कुल 200 किसानों का चयन है निदर्शन विधि से किया गया हैइसमें प्राथमिक एवं द्वितीयक दोनो प्रकार के आंकडों का प्रयोग किया गया है। परिकल्पना क्रमांक 1 व 2 यत्य पायी गयी हैतथा परिकल्पना क्रमांक 3 असत्य पायी गयी है।

**शब्द कुंजी –**कृषि यंत्र,लागत, मशीनीकरण प्रौद्योगिकी,गुणवत्ता,परिवहन,ग्रेडिंग,बाजार, समंक, विपणन, प्रबंध मॉग पूर्ति।

**प्रस्तावना –** भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ की हड्डी कहा जाय तो अतिश्योक्ति नही होगी क्योंकि आधुनिक कृषि तकनीकें विशेषकर कृषि यंत्रं, किसानों की उत्पादकता लागत,समय और विपणन प्रबंधन पर गहरा प्रभाव डालती है।बड़वारा तहसील कृषि प्रधान हैजहॉ गेहूॅ,धान,चना,उड़द, सरसों और सब्जियो प्रमुख फसलें है। पिछलें एक दो दशक से यहॉ कृषि यंत्रों जैसे ट्रैक्टर, रोटावेटर, कल्टीवेटर,थ्रेसर, हार्वेस्टर,स्प्रे मशीन धान रोपण मशीन, पम्पसेट मिनी राइस मिल आदि के उपयोग में लगातार वृद्धि हो रही है।

कृषि यंत्रो के बढतें उपयोग के कारण खेती में स्तर दर स्तर सुधार हो रहा है,साथ ही साथ विपणन प्रबंधन जैसे उत्पाद की गुणवत्ता समय पर बिक्री, परिवहन, ग्रेडिग, भंडारण, मंडी मूल्य प्राप्ति क्रेताओं से संपर्क आदि पर प्रभाव डालता है।

खेती भारत के जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। आज भी हमारे देश की अधिकांश जनसंख्या खेती पर ही निर्भर है। तकनीकी और प्रौद्योगिकी के विकास ने आज खेती के स्वरूप को बदल दिया है जिसके परिणामस्वरूप सरकार द्वारा खेती को मशीनीकृत करने का लक्ष्य रखा गया है। वैसे तो खेती को आमतौर पर बैल, अन्य जानवरों या मानव श्रम द्वारा किया जाता रहा है किन्तु मशीनीकरण कृषि भूमि पर मशीन शक्ति के अनुप्रयोग को दर्शाता है। मशीनीकरण वह प्रक्रिया है जिसमें मनुष्य अथवा पशुओं की सहायता से किया जाने वाला कार्य मशीनों द्वारा किया जा सकता है। खेतों या कृषि के मशीनीकरण का प्रयोग किसानों को खेती में बहुत ही अधिाक सहायता प्रदान करता है जिससे किसानों की आय में जहां वृद्धि होती है वहीं फसल उत्पादकता भी बढ़ती है।

भारत में मशीनीकरण का महत्वपूर्ण उदाहरण ट्रैक्टर है। 1961 में भारत में इनकी संख्या 31,000 थी जो 1966 में बढ़कर 2,52,000 हो गई थी। इसके बाद भी इनकी संख्या ने अभूतपूर्व वृद्धि की। भारत सरकार भी खेती के मशीनीकरण को बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। परंपरागत और अकुशल औज़ारों के स्थान पर नए और विकसित कृषि यंत्रों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा कई नीतियां और कार्यक्रम बनाए गए हैं। जिनकी सहायता से किसान ट्रैक्टर, बिजली से चलने वाले जुताई यंत्र, हारवेस्टर्स जैसी नई मशीनों का उपयोग खेती में कर पा रहे हैं। इन यंत्रों को खरीदने में किसानों को सक्षम बनाने, मशीनों को किराये पर उपलब्धा कराने तथा मशीनों के परीक्षण, मूल्यांकन और विकास सेवाओं के लिए आवश्यक मानव संसाधान का विकास करने के लिए सरकार द्वारा विभिन्न प्रयास किए जा रहे हैं।

कृषि मशीनों के निर्माण के लिए सरकार द्वारा एक बड़ा औद्योगिक आधाार भी विकसित किया गया है। सरकार द्वारा प्रायोजित विभिन्न योजनाओं में कृषि का मेक्रो प्रबंधन, तिलहन, दलहन और मक्के के लिये तकनीकी अभियान, बागवानी के लिये प्रौद्योगिकी अभियान, और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अभियान आदि शामिल हैं। इसके अंतर्गत किसानों को कृषि के उपकरण और मशीनों को खरीदने के लिये वित्तीय सहायता भी प्रदान की जाती है। इसके अतिरिक्त सरकार द्वारा कृषि मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान भी कई स्थानों पर स्थापित किए गए हैं। इन संस्थानों के पास सालाना कई कर्मियों को कृषि यंत्रीकरण के विभिन्न पहलुओं का प्रशिक्षण देने की क्षमता है। ये संस्थान कृषि मशीनों सहित ट्रैक्टर का भी परीक्षण और उनके प्रदर्शन का मूल्यांकन राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुसार करते हैं।

**उद्देश्य –** इस अध्ययन के निम्नलिखित उद्देश्य है :

1. बड़वारा तहसील में उपयोग होने वाले प्रमुख कृषियंत्रों की पहचान व

उनका वर्गीकरण करना।

2. यंत्रों के उपयोग से उत्पादन, गुणवत्ता, समय प्रबंधन व विपणन के चरणों में हुए परिवर्तनों का मूल्यांकन करना।
3. किसानों की परिवहन लागत एवं भंडारण क्षमता पर यंत्रों के प्रभाव का अध्ययन करना।
4. छोटे सीमान्त व बडे किसानों में यंत्रों के उपयोग से विपणन परिणामों में क्या अंतर आता है।
5. कृषि विपणन प्रबंधन की विगत सुधारों पर सुधार प्रस्तुत करना।

**चर –** प्रस्तुत शोध पत्र में निम्नलिखित चरों को शामिल किया गया है–

**1. स्वतंत्र चर –** ये वे चर हैं जिनका प्रभाव अन्य चरों पर पडता है कृषि यंत्रीकरण से संबंधित चर जैसे कृषि यंत्रों के प्रकार कृषि यंत्रों की संख्या, यंत्रों की क्षमता, यंत्रों की लागत किराये पर यंत्र उपलब्धता आदि।

**2. आश्रित चर –** ऐसे चर जिनका कृषि यंत्रों के उपयोग पर प्रभाव पडता है जैसे– बाजार जोखिम, बाजार पहुँच, किसानो की मोल भाव क्षमता, मूल्य प्राप्ति, भंडारण व परिवहन की दक्षता, बाजार की सूचना प्रप्ति में लगनें वाला समय, विपणन लागत में होने वाला परिवर्तन उत्पादन, मात्रा में परिवर्तन आदि।

**उपकरण –** प्रस्तुत शोध पत्र में उपकरण के लिए शोधार्थी द्वारा स्वनिर्मित प्रश्नावली का प्रयोग कर आंकडे प्रस्तुत किये गये है –

1. **व्यक्तिगत प्रश्नों से संबंधित प्रश्नावली –** व्यक्तिगत प्रश्नो में 25 प्रश्नों के सही उत्तर के लिए 1 अंक तथा गलत अंक के लिए 0 अंक निर्धारित किया गया है।
2. **कृषि विपणन प्रबंध का प्रभाव –** कृषि यंत्रों के प्रयोग का किसानों के विपणन प्रबंधन पर प्रभाव से संबंधित प्रश्नों के लिए प्रश्नावली बनायी गयी है। इसमें भी 25 प्रश्नों को शामिल किया गया है प्रत्येक प्रश्न के सही उत्तर के लिए 1 अंक तथा गलत उत्तर के लिए 0 अंक निर्धारित किया गया है।

**शोध प्रविध –** कृषि यंत्रों के प्रयोग एवं कृषि विपणन पर प्रभाव का अध्ययन ज्ञात करने हेतु किसानों के चयन के लिए न्यादर्थ प्रणाली का प्रयोग किया है, कुल 200 किसानो का चयन यादृच्छिक पद्धति से तीन श्रेणियों में किया गया है। 100 छोटे व सीमान्त किसानों को 60 मध्यम किसानों को एवं 30 बडें किसानों को शामिल किया गया है। इसमें प्रश्नावली के माध्यम से साक्षात्कार कर प्राथमिक समंको को संग्रहित किया गया है तथा कृषि विभाग रिपोर्ट मंडी ऑकडो से द्वितीयक समंको को आवश्यकतानुसार प्रयोग किया गया है।

**सीमांकन –** इस शोध पत्र में 18 वर्ष से अधिक के ऐसे किसान जो कृषि यंत्रों का उपयोग करतें है एवं कृषि विपणन प्रबंधन में बड़वारा तहसील की सीमा या क्षेत्र में रहने वाले किसनों को शामिल किया गया है।

**परिकल्पना –** इस शोध पत्र में निम्नलिखित परिकल्पनाओं को लिया गया है–

1. बड़वारा तहसील के कृषि उत्पादों के लिए परिवहन की सुविधा में वृद्धि के फलस्वरूप विपणन लागत में कमी हुई है।
2. बड़वारा तहसील के किसानो द्वारा कृषि यंत्रों के प्रयोग से कृषि उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार से कृषि विपणन करना आसान हुआ है।
3. बड़वारा तहसील के किसानों द्वारा कृषि यंत्रों के प्रयोग से कृषि उत्पादों की मॉग व पूर्ति को समयानुसार समायोजित नही किया जा सकता है।

**परिणमों का विश्लेषण –** एकत्रित समंको के सांख्यकीय विश्लेषण से निम्नलिखित परिणाम प्राप्त हुए है –

सारणी क्र.01: बड़वारा तहसील के कृषि उत्पादों के लिए परिवहन की सुविधा में वृद्धि एवं विपणन लागत में कमी के मध्य सह संबंध की गणना –

| **वर्ष** | **परिवहन सुविधा में वृद्धि (% में) (X)** | $X^2$ | **विपणन लागत में कमी (% में) (Y)** | $Y^2$ | XY |
|---|---|---|---|---|---|
| 2015 | 56 | 3136 | 13 | 169 | 728 |
| 2016 | 59 | 3481 | 13 | 169 | 767 |
| 2017 | 58 | 3364 | 14 | 196 | 812 |
| 2018 | 61 | 3721 | 16 | 196 | 976 |
| 2019 | 64 | 4096 | 17 | 289 | 1088 |
| 2020 | 62 | 3844 | 17 | 289 | 1054 |
| 2021 | 65 | 4225 | 18 | 324 | 1170 |
| 2022 | 67 | 4489 | 20 | 400 | 1340 |
| 2023 | 66 | 4356 | 21 | 441 | 1386 |
| 2024 | 68 | 4624 | 21 | 441 | 1428 |
| N=10 | ΣX=626 | $\Sigma X^2$= 39336 | ΣY=160 | $\Sigma Y^2$= 2914 | ΣXY= 10749 |

टीप – 2010 को आधार माना गया है।

स्रोत – प्राथमिक आंकडे

$$\text{सहसंबंध} = \frac{\Sigma xy - \frac{(\Sigma x . \Sigma y)}{N}}{\sqrt{\left(\Sigma X^2 - \frac{(\Sigma x)^2}{N}\right)\Sigma Y^2 - \frac{(\Sigma y)^2}{N}}}$$

$\pi$= 0.72

बड़वारा तहसील के कृषि उत्पादों के लिए परिवहन की सुविधा में वृद्धि एवं विपणन लागत में कमी के मध्य धनात्मक व मध्य स्तर का संबंध है।

**सारणी क्र.02: बड़वारा तहसील के किसानो द्वारा कृषि यंत्रों के प्रयोग से कृषि उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार एवं कृषि विपणन के मध्य गुण संबंध की गणना –**

| | | |
|---|---|---|
| AB 125 | aB 15 | B 140 |
| AB 45 | ab 15 | B 60 |
| A 170 | a 30 | N 200 |

गुण सह संबंध – $\frac{(AB.ab) - (Ab.aB)}{(AB.ab) + (Ab.aB)}$

$\frac{(125x15) - (45x15)}{(125x15) + (45x15)}$

QAB = 0.47

धनात्मक गुण संबंध होने से यह कहा जा सकता है कि बड़वारा तहसील के किसानों द्वारा कृषि यंत्रों के प्रयोग से कृषि उत्पादों की गुणवत्ता एवं कृषि विपणन के मध्य धनात्मक गुण संबंध पाया गया है अत:कृषि उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार से कृषि विपणन में भी वृद्धि हो रही है।

**सारणी क्र.03: बड़वारा तहसील के किसानों द्वारा कृषि यंत्रोंके प्रयोग एवं कृषि उत्पादों की मॉग व पूर्ति को समयानुसार समायोजित करने के मध्य सहसंबंध की गणना –**

| वर्ष | किसानो द्वारा कृषि यंत्रो का प्रयोग में (X) | $X^2$ | कृषि उत्पादो की मॉगों व पूर्ति को समयानुसार समायोजित (Y) | $Y^2$ | XY |
|---|---|---|---|---|---|
| 2015 | 90 | 3136 | 110 | 121100 | 9900 |
| 2016 | 97 | 3481 | 112 | 12544 | 10864 |
| 2017 | 99 | 3364 | 120 | 14400 | 11880 |
| 2018 | 100 | 3721 | 125 | 15625 | 12500 |
| 2019 | 105 | 4096 | 128 | 16384 | 13440 |
| 2020 | 109 | 3844 | 136 | 18496 | 14824 |
| 2021 | 111 | 4225 | 139 | 19321 | 15096 |
| 2022 | 114 | 4489 | 142 | 20164 | 16188 |
| 2023 | 115 | 4356 | 145 | 2105 | 16675 |
| 2024 | 120 | 4624 | 152 | 23104 | 18240 |
| N=10 | $\Sigma X$= 1060 | $\Sigma X^2$= 113158 | $\Sigma Y$=160 1209 | $\Sigma Y^2$= 173163 | $\Sigma XY$= 139607 |

**टीप – 2010 को आधार माना गया है।**

स्रोत – प्राथमिक आंकडे

$$\text{सहसंबंध} = \frac{\Sigma xy - \frac{(\Sigma x . \Sigma y)}{N}}{\sqrt{\left(\Sigma X^2 - \frac{(\Sigma x)^2}{N}\right)\Sigma Y^2 - \frac{(\Sigma y)^2}{N}}}$$

$\pi$= 0.95

बबड़वारा तहसील के किसानों द्वारा कृषि यंत्रों के प्रयोग एवं कृषि उत्पादों की मॉग व पूर्ति के समयानुसार समायोजित करने के मध्य धनात्मक सहसंबंध है।

**परिकल्पनाओं का सत्यापन :**

1. बड़वारा तहसील के कृषि उत्पादों के लिए परिवहन की सुविधा में वृद्धि के फलस्वरूप विपणन लागत में कमी हुई है, परिकल्पना सत्य पायी गयी है।(सारणी क्र.01 के विश्लेषण से स्पष्ट है।
2. बड़वारा तहसील के किसानों द्वारा कृषि यंत्रों के प्रयोग से कृषि उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार से कृषि विपणन करना आसान हुआ है यह परिकल्पना सत्य पायी गयी है।(सारणी क्र.02 के विश्लेषण से स्पष्ट है।)
3. बड़वारा तहसील के किसानों द्वारा कृषि यंत्रों के प्रयोग से कृषि उत्पादों की मॉग व पूर्ति को समयानुसार समायोजित नही किया जा सकता है। यह परिकल्पना असत्य पायी गयी है।(सारणी क्र.03 के विश्लेषण से स्पष्ट है।)

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. कोरे, एम. एवं शर्मा, आर. (2021): भारत में कृषि विपणन विचौलियों कीभूमिका और किसानों पर प्रभाव भारतीय जर्नल आफॅ इकोनोमिक्स एण्ड डेवलपमेंट 17(3) 456-463।
2. वर्मा एस.बी. (2022) : एग्रीकल्चरल मार्केटिंग इन इण्डिया ।
3. शाहा एस (2024): एग्रीकल्चरल मार्केटिंग इन इण्डिया चैलेन्जेज एण्ड पालीसीज।
4. कुमार राजेश एवं कुमार हेरेन्द्र(2021) : उत्तर प्रदेश में कृषि विपणन।
5. शर्मा एफ. सी. (2021): विपणन प्रबंधन एस.बी.पी.डी. पब्लिकेशन।
6. कोठारी एवं अग्रवाल (2021) : विपणन प्रबंध एस बी पी डी।
7. अग्रवाल आर. सी. (2022) : विपणन प्रबंध एवं विपणन शोध ।
8. गौतम ऋतुराज (2013) : उपभेक्ता का ग्राहों पर प्रभाव ए एशिया डेमोकेशी एण्ड डवलपमेंट जर्नल वाल्यूम II (2) ।
9. आहूजा राम (2018) : रिसर्च मैथडस रावत पब्लिशर्स।
10. फाडिया,बी. एल.(2018) : शोध पद्धतियॉ एस बी पी डी पब्लिशिंग।

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LI (51), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# Impact of Cyber Crime

**Sandeep Kumar Dixit***

***Research Scholar (Legal Studies & Research) Barkatullah University, Bhopal (M.P.) INDIA**

**Abstract-**Cyber crimes cause more harm to society than traditional crimes. In Present time crime in computer generated super high way is a new Phenomenon in contemporary social scenario. Under cyber crime hacking, spamming, cyber theft, cyber fraud, cyber-terrorism, unauthorized access to computer and computer system etc are to be recognized as more grievous than any ordinary crimes world-wide.
**Keywords**- Cyber theft, Cyber fraud, Internet Criminals, Computer Networks, Computer Stalking, Cyber Space, Computer Trespassing.

**Introduction:** Traditional crimes hacking crimes as hacking. We have to undertake intensive study to find out how to prevent and control cyber hacking. Hackers usually represent themselves information; their activities are within legal boundaries; they are not always law breakers sometimes protectors when they act as ethical hackers. Most of the times they believe that victims are hardly interested in loading complaint against them and most of times victims are unable to identify their activities due to unspecified and undefined jurisdiction in cyber world. When hacker view on webpage and by deep linking get very confidential information without the consent of the person who holds it and download it with dishonest intention; it is a complete case of theft. Section 378 of the Indian Penal Code provides that when any person with the intention dishonestly transfers any movable properly from one place to another place method the consent of the possessor them it is called theft.

**What is Cyber Crime:** The Person who get wrongful ownership of computer or stop other computer to working or disturb to work computer or harmful to the software or collected materials of other person this process is called Man Computer Crimes. This is called cyber crime to cheating the other person or harmful to other computer inject virus or disturb the computer network is called cyber crime.

**Jurisdiction:**Under section 1(2) of the Information Technology Act applies all over India including the State of Jammu & Kashmir. It also applies to any offence or contravention committed by any person outside the territory of India.

The Main object of section 75 which apply for offences and contravention committed outside India are:-

1. The provisions of the Information Technology Act, 2000 also apply to any offence or contravention committed outside India irrespective of the fact whether the accused is a national of India or not.
2. The act will apply only if the act or conduct constituting the offence or contravention involves computer, computer system or computer network located in India.

The Act gives territorial as well as extra territorial jurisdiction to the law enforcement agencies. This the Act also applies to any offence or contravention committed outside India by any person irrespective to his nationality. If the act or conduct constituting the offence or contravention involves computer, Computer system or Computer Network located in India.

Under Civil Procedure Code, 1968 the plaintiff may sue the defendant at a place where the defendant actually or voluntarily resides or carries on business or personally works for gain (at the time of commencement of suit) or at place where the cause of action, wholly or in part has arisen this traditional concept of jurisdiction, however, cannot be applied to the cyber space.[1]

**Liability:**The following are essentials to make a person criminally liable under section 71 of I.T. Act,

1. The person should have made any misrepresent to or suppressed any material fact from the controller or the certifying authority.
2. Such misrepresentation or suppression of material fact shall be in connection with obtaining of any license or digital signature certificate.

Starting of incorrect and false fact can be called as misrepresentation where as non disclosure of required fact can be termed as suppression.

This section 73 to make a person's criminally liable are:-

1. A person should have published or otherwise would have made available digital signature certificate to any

other person.

2. He should have published or would have made it available to any person with the prior knowledge of the fact that the certifying authority listed in the certificate has not issued it or the subscriber listed in the certificate has not accepted it or the certificate has been revoked or suspended.

An exception, however, has been restored to this i.e. if the publication of digital signature certificate is for the purpose of verifying a digital signature created prior to such suspension or revocation, them it does not constitute an offence under the act.

The following amounts to an offence under section 74 for publication for fraudulent purpose:-

1. Creation, publication or otherwise making available a digital signature certificate.
2. Such creation, publication etc. Shall be for any fraudulent or unlawful purpose.
3. The person creating publishing or making available digital signature certificate shall do so knowingly :-

This knowingly creating, publishing or making available a digital signature certificate for any fraudulent or unlawful purpose is an offence under section 74 punishable with imprisonment up two years or find up to one lakh rupees or both.

**Impact of Cyber Crime :**Cyber crimes include hacking into a computer network, creation of viruses and forcibly taking over a Computer Network main crimes like fraud, sabotage, pornography, copyrights piracy etc, have been redefined to include the aspects of internet.

Cyber crimes can be basically divided into 3 major categories being cyber crimes against persons, property and government.

**1. Cyber crimes against Person:**The first category cyber crimes committed against person include various crimes such as harassing any one with the use of a computer that could be via e-mail, cyber stalking and transmission of child-pornography. One of the most important cyber crimes known today includes dissemination of absence material including pornography, trafficking, distribution, posting and indecent exposure, and child pornography.

Cyber harassment is distinct upper crime various kinds of harassment can and does occur is cyber space or through the use of cyber space. Another cyber crime against person is that of cyber stalking. The interest is a wonderful place to work, play and no less than a mirror of the real world and that means it also contain electronic versions of real life problems, stalking and harassments are problems that many also occur on the internet, in that has become known as “Cyber Stalking” or “On line harassment”

**2. Cyber crimes against property :** The second category of Cyber Crimes is that of Cyber Crimes against all forms of property. These crimes include unauthorized Computer Trespassing through cyber space, Computer Vandalism, transmission of harmful programs and unauthorized possession of Computerized information it is a dreadful felling to know that some one has broken into your Computer System without your knowledge and consent and has tempered with precious confidential date and information. Coupled with this the actuality is that no computer system in the world is hacking proof. It is unanimously agreed that any and every system is the world can be hacked.

**3. Cyber crimes against Government :** The third category of Cyber Crimes related to Cyber Crimes against government cyber terrorist is one distinct kind of crime in this category. The growth of internet has shown that the medium of cyber space is being used by individuals and groups to threaten the international governments and also to terrorize the citizens of the country. This crime manifests itself in to terrorism when an individual ‘cracks’ into a government or military maintained website.

The Indian Courts realizing the importances of domain names have responded strongly against cyber squatting and legal principles have been formulates in regard there to probably the first Indian case yahoo.

Inc Vs. Akash Arora [2] where in the defendants were restrained from dealing in service or goods on the internet of otherwise under the domain name “yahoo India.com” as being deceptively similar to the plaintiffs trademark “Yahoo” it was said that through yahoo is a dictionary word, get it has acquired uniqueness and distinctiveness and are associated with the business of the concerned company and such words have come to receive maximum degree of protection by courts.

- बैंक ऑफ बड़ौदा (BOB) : 95 लाभार्थियों में से 70% ने समय पर पुर्नभुगतान किया।
- केनरा बैंक : 65 लाभार्थियों में से 60% ने समय पर पुर्नभुगतान किया।
- कॉर्पोरेशन बैंक : 50 लाभार्थियों में से केवल 45% ने समय पर पुर्नभुगतान किया।

**सामाजिक-आर्थिक कारक:**

- जिन विद्यार्थियों को रोजगार शीघ्र मिला, उन्होंने समय पर पुर्नभुगतान किया।
- निम्न आय वर्ग के विद्यार्थियों में विलंबित भुगतान की प्रवृत्ति अधिक रही।
- ब्याज दरों में उतार-चढ़ाव ने पुर्नभुगतान क्षमता को प्रभावित किया।

**विद्यार्थियों की संतुष्टि:**

- 58% विद्यार्थी पुर्नभुगतान प्रक्रिया से संतुष्ट पाए गए।
- 27% विद्यार्थी आंशिक रूप से संतुष्ट रहे।
- 15% विद्यार्थी असंतुष्ट रहे, जिनकी शिकायतें मुख्यत: ब्याज दर और पुर्नभुगतान की कठोर शर्तों से संबंधित थीं।

**पुर्नभुगतान व्यवहार**

| स्थिति | संख्या | प्रतिशत |
|---|---|---|
| समय पर पुर्नभुगतान | 174 | 56 |
| विलंबित पुर्नभुगतान | 87 | 28 |
| मोरेटोरियम कठिनाई | 49 | 16 |




Correlation : ब्याज संतुष्टि और पुर्नभुगतान नियमितता में सकारात्मक संबंध (r=0.32,p<0.001r=0.32, p<0.001)

| | | | |
|---|---|---|---|
| पुर्नभुगतान व्यवहार | Correlation Analysis | H3 – ब्याज दर परिवर्तन और पुर्नभुगतान क्षमता | ब्याज संतुष्टि और पुर्नभुगतान नियमितता में सकारात्मक संबंध |

**व्याख्या –** इन आँकड़ों से यह स्पष्ट होता है कि पुर्नभुगतान प्रवृत्तियाँ विद्यार्थियों की आय और रोजगार स्थिति से गहराई से जुड़ी हुई हैं। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और बैंक ऑफ बड़ौदा के विद्यार्थियों ने अपेक्षाकृत बेहतर पुर्नभुगतान किया, जबकि कॉर्पोरेशन बैंक और केनरा बैंक में कठिनाइयाँ अधिक पाई गईं।

इस प्रकार, डेटा विश्लेषण और व्याख्या से परिकल्पना सत्य सिद्ध होती है कि अधिकांश विद्यार्थियों ने समय पर पुर्नभुगतान किया है, और पुर्नभुगतान की प्रवृत्तियाँ सामाजिक–आर्थिक कारकों से प्रभावित होती हैं।

**परिणाम –** शोध के अंतर्गत इंदौर जिले के पाँच प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों से शिक्षा ऋण प्राप्त करने वाले कुल 500 विद्यार्थियों के आँकड़ों का विश्लेषण किया गया। इस विश्लेषण से निम्नलिखित प्रमुख परिणाम प्राप्त हुए :

1. **समय पर पुर्नभुगतान की दर –** लगभग 68% विद्यार्थियों ने समय पर किस्तों का भुगतान किया। यह दर्शाता है कि अधिकांश विद्यार्थी ऋण पुर्नभुगतान के प्रति जिम्मेदार रहे और उनकी आय एवं रोजगार स्थिति स्थिर रही।
2. **विलंबित पुर्नभुगतान –** 22% विद्यार्थियों ने आंशिक विलंब से भुगतान किया। यह प्रवृत्ति उन विद्यार्थियों में अधिक पाई गई जिनकी आय अस्थिर रही या रोजगार प्राप्त करने में विलंब हुआ।
3. **गंभीर कठिनाइयाँ–** 10% विद्यार्थियों को पुर्नभुगतान में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। इनमें से अधिकांश निम्न आय वर्ग से थे और ब्याज दरों में उतार–चढ़ाव ने उनकी स्थिति को और कठिन बना दिया।
4. **बैंकवार प्रवृत्तियाँ:**

- स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (SBI) : सर्वाधिक 75% विद्यार्थियों ने समय पर पुर्नभुगतान किया।
- बैंक ऑफ बड़ौदा (BOB) : 70% विद्यार्थियों ने समय पर पुर्नभुगतान किया।
- पंजाब नेशनल बैंक (PNB) : 65% विद्यार्थियों ने समय पर पुर्नभुगतान किया।
- केनरा बैंक: 60% विद्यार्थियों ने समय पर पुर्नभुगतान किया।
- कॉर्पोरेशन बैंक: केवल 55% विद्यार्थियों ने समय पर पुर्नभुगतान किया।

5. **सामाजिक–आर्थिक प्रभाव:**

- रोजगार प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों ने अपेक्षाकृत बेहतर पुर्नभुगतान किया।
- निम्न आय वर्ग के विद्यार्थियों में विलंबित भुगतान की प्रवृत्ति अधिक रही।
- ब्याज दरों की स्थिरता पुर्नभुगतान क्षमता को सुदृढ़ करती है।

6. **विद्यार्थियों की संतुष्टि:**

- 58% विद्यार्थी पुर्नभुगतान प्रक्रिया से संतुष्ट पाए गए।
- 27% विद्यार्थी आंशिक रूप से संतुष्ट रहे।
- 15% विद्यार्थी असंतुष्ट रहे, जिनकी शिकायतें मुख्यत: ब्याज दर और पुर्नभुगतान की कठोर शर्तों से संबंधित थीं।

**चर्चा –** शोध के परिणामों से यह स्पष्ट हुआ कि इंदौर जिले के पाँच प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की शिक्षा ऋण योजनाओं की पुर्नभुगतान प्रवृत्तियाँ विद्यार्थियों की आय, रोजगार स्थिति और ब्याज दरों से गहराई से जुड़ी हुई हैं।

**समय पर पुर्नभुगतान –** लगभग 68% विद्यार्थियों ने समय पर पुर्नभुगतान किया। यह दर्शाता है कि अधिकांश विद्यार्थियों को रोजगार प्राप्त हुआ और उनकी आय स्थिर रही। विशेष रूप से स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और बैंक ऑफ बड़ौदा के विद्यार्थियों ने अपेक्षाकृत बेहतर पुर्नभुगतान किया। इसका कारण इन बैंकों की लचीली पुर्नभुगतान शर्तें और अपेक्षाकृत स्थिर ब्याज दरें रही।

**विलंबित पुर्नभुगतान –** 22% विद्यार्थियों ने आंशिक विलंब से भुगतान किया। यह प्रवृत्ति उन विद्यार्थियों में अधिक पाई गई जिनकी आय अस्थिर रही या रोजगार प्राप्त करने में विलंब हुआ। यह स्थिति इंगित करती है कि पुर्नभुगतान की प्रक्रिया को विद्यार्थियों की आय और रोजगार स्थिति के अनुरूप अधिक लचीला बनाया जाना चाहिए।

**गंभीर कठिनाइयाँ –** 10% विद्यार्थियों को पुर्नभुगतान में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। इनमें से अधिकांश निम्न आय वर्ग से थे। ब्याज दरों में उतार–चढ़ाव और कठोर शर्तों ने उनकी कठिनाइयों को और बढ़ा दिया। यह स्थिति इस बात का संकेत है कि आय–आधारित पुर्नभुगतान मॉडल अपनाना आवश्यक है, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को राहत मिल सके।

**सामाजिक–आर्थिक निहितार्थ:**

- पुर्नभुगतान प्रवृत्तियाँ विद्यार्थियों की रोजगार स्थिति से सीधे जुड़ी हुई हैं।
- उच्च आय वर्ग के विद्यार्थियों ने अपेक्षाकृत बेहतर पुर्नभुगतान किया,

जबकि निम्न आय वर्ग के विद्यार्थियों को कठिनाईयाँ अधिक रहीं।

- ब्याज दरों की स्थिरता और लचीलापन विद्यार्थियों की संतुष्टि और पुर्नभुगतान क्षमता को सुदृढ़ करता है।
- पुर्नभुगतान की सहजता विद्यार्थियों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति को सुधारने में सहायक होती है।

**नीति-निर्माताओं के लिए संकेत –** इस अध्ययन से यह स्पष्ट होता है कि शिक्षा ऋण योजनाओं की सफलता केवल ऋण वितरण तक सीमित नहीं है, बल्कि पुर्नभुगतान की प्रवृत्तियों पर भी निर्भर करती है। यदि पुर्नभुगतान प्रक्रिया को सरल और लचीला बनाया जाए, तो विद्यार्थियों की वित्तीय कठिनाइयाँ कम होंगी और शिक्षा ऋण योजनाएँ अधिक प्रभावी बन सकेंगी।

**निष्कर्ष –** प्रस्तुत शोध-पत्र में इंदौर जिले के पाँच प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकोंकृस्टेट बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, केनरा बैंक और कॉर्पोरेशन बैंक की शिक्षा ऋण योजनाओं की पुर्नभुगतान प्रवृत्तियों का तुलनात्मक अध्ययन किया गया।

अध्ययन से यह स्पष्ट हुआ कि अधिकांश विद्यार्थियों ने समय पर पुर्नभुगतान किया है। लगभग 68% विद्यार्थियों ने नियमित किस्तों का भुगतान किया, जबकि 22% विद्यार्थियों ने आंशिक विलंब से भुगतान किया और 10% विद्यार्थियों को गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। बैंकवार विश्लेषण से पता चला कि स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और बैंक ऑफ बड़ौदा के विद्यार्थियों ने अपेक्षाकृत बेहतर पुर्नभुगतान किया, जबकि कॉर्पोरेशन बैंक और केनरा बैंक में कठिनाइयाँ अधिक पाई गईं।

पुर्नभुगतान प्रवृत्तियाँ विद्यार्थियों की आय, रोजगार स्थिति और ब्याज दरों से गहराई से जुड़ी हुई हैं। जिन विद्यार्थियों को शीघ्र रोजगार मिला, उन्होंने समय पर पुर्नभुगतान किया, जबकि निम्न आय वर्ग के विद्यार्थियों को कठिनाइयाँ अधिक रहीं। ब्याज दरों की स्थिरता और लचीलापन विद्यार्थियों की संतुष्टि और पुर्नभुगतान क्षमता को सुदृढ़ करता है।

इस प्रकार, अध्ययन से यह निष्कर्ष निकलता है कि शिक्षा ऋण योजनाओं की सफलता केवल ऋण वितरण तक सीमित नहीं है, बल्कि पुर्नभुगतान की प्रवृत्तियों पर भी निर्भर करती है। यदि पुर्नभुगतान प्रक्रिया को सरल और लचीला बनाया जाए, तो विद्यार्थियों की वित्तीय कठिनाइयाँ कम होंगी और शिक्षा ऋण योजनाएँ अधिक प्रभावी बन सकेंगी।

**नीति-निहितार्थ:**

- आय-आधारित पुर्नभुगतान मॉडल अपनाया जाना चाहिए।
- ब्याज दरों को स्थिर और पारदर्शी बनाया जाए।
- पुर्नभुगतान प्रक्रिया को सरल और लचीला बनाया जाए।
- आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों के लिए विशेष राहत योजनाएँ लागू की जाएँ।
- ग्रामीण और निम्न आय वर्ग के विद्यार्थियों तक शिक्षा ऋण योजनाओं का प्रचार-प्रसार बढ़ाया जाए।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. झा, आर. (1974). भारत में उच्च शिक्षा के वित्तीय स्रोत. नई दिल्ली : कॉन्सेप्ट पब्लिशिंग।
2. रानी, गीथा. (2000). उच्च शिक्षा में ० प्रवृत्तियाँरू भारतीय परिप्रेक्ष्य. जर्नल ऑफ एजुकेशनल फाइनेंस, 25(3), 45-62।
3. नायर, पी., एवं गोपीनाथन, एस. (2008). शिक्षा ऋण और सामाजिक समानता: निम्न आय वर्ग के विद्यार्थियों का अध्ययन. इंडियन जर्नल ऑफ सोशल डेवलपमेंट, 12(2), 89-104।
4. दीवान, आर., एवं शर्मा, आर. (2013). सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक और छात्र ऋण की उपलब्धता. इंटरनेशनल जर्नल ऑफ बैंकिंग स्टडीज, 8(1), 112-128।
5. कुमार, एस. (2015). ग्रामीण और शहरी भारत में शिक्षा ऋण का सामाजिक-आर्थिक प्रभाव. इकॉनॉमिक रिव्यू, 34(4),2 0 1 - 220।
6. शर्मा, वी. (2016). शिक्षा ऋण योजनाओं और रोजगार क्षमता का संबंध. हायर एजुकेशन क्वार्टरली, 70(2), 155-174।
7. गुप्ता, आर. (2017). शिक्षा ऋण पुर्नभुगतान की चुनौतियाँ: एक तुलनात्मक अध्ययन. जर्नल ऑफ फाइनेंशियल इन्क्लूजन, 5(3), 77-95।
8. मिश्रा, पी. (2018). मध्यमवर्गीय विद्यार्थियों में शिक्षा ऋण और पुर्नभुगतान प्रवृत्तियाँ. इंडियन जर्नल ऑफ हायर एजुकेशन, 14(1), 33-52।
9. सिंह, ए. (2019). शिक्षा ऋण पुर्नभुगतान प्रणालियों की वैश्विक तुलना. इंटरनेशनल रिव्यू ऑफ एजुकेशन पॉलिसी, 11(2), 99-118।
10. वर्मा, के. (2020). विद्यार्थियों की संतुष्टि और पुर्नभुगतान प्रक्रिया. जर्नल ऑफ बैंकिंग एंड एजुकेशन, 9(4), 211-229।
11. राव, एम. (2020). सार्वजनिक बैंक और उच्च शिक्षा वित्तपोषण. इंडियन इकॉनॉमिक जर्नल, 68(1), 45-63।
12. पटेल, डी. (2021). इंदौर जिले में शिक्षा ऋण पुर्नभुगतान का अध्ययन. जर्नल ऑफ रीजनल स्टडीज, 15(2), 134-150।
13. चौधरी, एन. (2021). शिक्षा ऋण लाभार्थियों का पुर्नभुगतान व्यवहार. जर्नल ऑफ फाइनेंस एंड डेवलपमेंट, 19(3), 87-104।
14. मेहता, आर. (2022). ब्याज दर सुधार और पुर्नभुगतान क्षमता. इंडियन बैंकिंग रिव्यू, 27(1), 56-72।
15. अय्यर, एस. (2022). सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक और पुर्नभुगतान प्रवृत्तियाँ. जर्नल ऑफ सोशल पॉलिसी स्टडीज, 18(2), 144-162।
16. बनर्जी, टी. (2023). शिक्षा ऋण और युवाओं में पुर्नभुगतान व्यवहार. जर्नल ऑफ इकॉनॉमिक डेवलपमेंट, 31(3), 201-220।
17. जोशी, पी. (2023). एसबीआई और पीएनबी शिक्षा ऋण पुर्नभुगतान योजनाओं का तुलनात्मक विश्लेषण. इंडियन जर्नल ऑफ बैंकिंग रिसर्च, 22(4), 98-115।
18. कुलकर्णी, एच. (2024). शहरी भारत में शिक्षा ऋण पुर्नभुगतान: इंदौर का एक अध्ययन. जर्नल ऑफ अर्बन स्टडीज, 29(1), 65-82।
19. सक्सेना, आर. (2024). शिक्षा ऋण पुर्नभुगतान और वित्तीय समावेशन. जर्नल ऑफ इन्क्लूसिव फाइनेंस, 12(2), 33-49।
20. तिवारी, आर. (2025). सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक और शिक्षा ऋण पुर्नभुगतान का तुलनात्मक अध्ययन. जर्नल ऑफ अकादमिक रिसर्च, 17(1), 121-140।

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LI (51), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# Effect of Temperature and Light intensity on photocatalytic degradation of Pararosanilin dye using $TiO_2$ as photocatalyst

**Dr. David Swami***

***Assistant Professor (Chemistry) PMCOE, SBN Govt. P.G. College, Barwani (M.P.) INDIA**

**Abstract** -The photocatalytic degradation of Pararosanilin dye was investigated using $TiO_2$ as a catalyst under varying temperature (30-55°C) and light intensity ($10 \times 10^3$ - $35 \times 10^3$ lux) conditions. Results showed that Photoreaction is not affected or slightly affected by temperature change. Increasing light intensity enhanced the degradation rate .The degradation followed pseudo-first-order kinetics, achieving 92% removal efficiency within 90 minutes. This study highlights $TiO_2$'s potential for efficient Pararosanilin dye removal from wastewater.

**Introduction -** Pararosanilin, a toxic triphenylmethane dye, is widely used in textile and printing industries, posing environmental concerns. $TiO_2$-based photocatalysis has emerged as an effective method for removing organic pollutants. This study examines the effects of temperature and light intensity on Pararosanilin dye degradation using $TiO_2$, aiming to optimize conditions for efficient removal and contribute to sustainable wastewater treatment .

**Experiment:** Pararosanilin was obtained from Loba Chemie. Photo catalyst $TiO_2$ was obtained from the S.D. Fine Company. All Solutions were prepared in doubly distilled water. Photo catalytic experiments were carried out with 50 ml of dye solution (3.8x10-5 mol dm-3) using 300mg of $TiO_2$ photo catalytic under exposure to visible irradiation in specially designed double-walled slurry type batch reactor vessel made up of Pyrex glass (7.5 cm height, 6 cm diameter) surrounded by thermostatic water circulation arrangement to keep the temperature in the range of 30±0.3.c. Irradiation was carried out using 500 w halogen lamp surrounded by aluminum reflector to avoid irradiation loss. During photo catalytic experiments after stirring for 10 min slurry composed of dye solution and catalyst was placed in dark for ½ h in order to establish equilibrium between adsorption and desorption phenomenon of dye molecule on photo catalyst surface. Then slurry containing aqueous dye solution and $TiO_2$ was stirred magnetically to ensure complete suspension of catalyst particle while exposing to visible light. At specific time intervals aliquot (3ml) was withdrawn and centrifuges for 2 min at 3500 rpm to remove $TiO_2$ particle from aliquot to assess extent of decolourisation photo metrically. Changes in absorption spectra were recorded at 480 nm on double beam UV-Vis, spectrophotometer (Systronic Model No. 166) Intensity of visible radiation was measured by a digital luxmeter (Lutron LX 101). pH of solution was measured using a digital pH meter.

**Results and Discussion:**

**Effect of temperature:** One of the advantages of photoreactions is that it is not affected or slightly affected by temperature change. Temperature dependent steps in photocatalytic reaction are adsorption and desorption of reactants and products on the surface of photocatalyst. The photocatalytic degradation was studied at various temperature in the range 30 $^0$C to 55 $^0$C. The results are shown in Table 1 and Fig.1. Increase in temperature led to decrease the rate of degradation. This gradual decrease in the reaction rate values could be attributed to the following reasons: the adsorption rate decreased with increasing temperature because the adsorption is a heat releasing process, increase in reaction temperature tend to increase electron-hole recombination and with increase in temperature the solubility of oxygen in water decreased.

**Table 1: Effect of temperature:** [PR] = $4.0 \times 10^{-5}$ mol $dm^{-3}$, pH = 8.0 $TiO_2$ = 150 mg/100 mL, Light intensity = $20 \times 10^3$ lux Temperature = 30 ± 0.3 $^o$C.

| Temperature ($^0$C) | $k \times 10^{-4}$ $s^{-1}$ | $t_{1/2} \times 10^3$ s |
|---|---|---|
| 30 | 3.10 | 2.23 |
| 35 | 2.87 | *2.41* |
| 40 | 2.85 | 2.43 |
| 45 | 2.72 | 2.54 |
| 50 | 2.44 | 2.84 |
| 55 | 2.19 | 3.16 |

**Fig.1: Effect of temperature**




**Effect of light intensity and irradiation time:** Photocatalytic reaction rate depends largely on the radiation absorption of the photocatalyst. The rate of decoloration and phtodegradation increased with increasing the light intensity. The visible irradiations generate the photons required for the electron transfer from the excited dye molecule to the conduction band of a semiconductor photocatalyst $TiO_2$. The rate of degradation increased when more radiations falling on the catalyst surface and hence more hydroxyl radicals produced. The effect of a variation in light intensity on the rate of the reaction was investigated and the results are summarized in Table 2 An increase in light intensity increased the rate of reaction. With an increase in the light intensity, the number of photons striking the semiconductor per unit area of the semiconductor increased. A linear behavior was observed between the light intensity and the rate of reaction. The influence of light intensity on the rate of degradation has been studied at constant dye concentration ($4.0 \times 10^{-5}$ mol $dm^{-3}$) and catalyst loading (150 mg / 100 mL). The rate constant values found to be increased from $1.65 \times 10^{-4}$ $s^{-1}$ to $5.45 \times 10^{-4}$ $s^{-1}$ on increasing light intensity from $10 \times 10^3$ lux to $35 \times 10^3$ lux, because at the higher intensity of light irradiation, the enhancement was considerably higher because that the electron-hole formation was predominant and hence, electron-hole recombination became negligible.

**Table 2: Effect of light intensity:** [PR] = $4.0 \times 10^{-5}$ mol $dm^{-3}$, $TiO_2$ = 150 mg/ 100 mL, pH = 8.0, Temperature = 30 ± 0.3 ºC.

| Light intensity × $10^3$ lux | k × $10^{-4}$ $s^{-1}$ | $t_{1/2}$ × $10^3$ s |
|---|---|---|
| $10 \times 10^3$ | 1.65 | 4.20 |
| $15 \times 10^3$ | 2.55 | *2.71* |
| $20 \times 10^3$ | 3.41 | 2.03 |
| $25 \times 10^3$ | 3.87 | 1.79 |
| $30 \times 10^3$ | 4.33 | 1.60 |
| $35 \times 10^3$ | 5.45 | 1.27 |

**Fig.2: Effect of light intensity**




**Conclusion:** In conclusion, this study demonstrates the significant impact of temperature and light intensity on $TiO_2$ photocatalyzed degradation of Pararosanilin dye. Optimal conditions of 30°C and $35 \times 10^3$ lux achieved 92% removal efficiency. The pseudo-first-order kinetics suggests a surface-reaction controlled process. These findings highlight $TiO_2$'s potential for efficient Pararosanilin dye removal, emphasizing optimized operating conditions for effective wastewater treatment .

**References:-**

1. Jiang Y., Sun Y., Liu H., Zhu F. and Yin H., *Dyes and Pigments,* 78(2008) 77.
2. Matthews R. W., *Water Res.,* 24 (1990) 653.
3. Wei T. Y. and Wan C. C., *Ind. Eng. Chem. Res.,* 30 (1991) 1293.

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LI (51), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# क्रिकेट प्रशिक्षण की आधुनिक प्रवृत्तियाँ एवं कौशल अधिगम पर उनका प्रभाव: एक सैद्धांतिक अध्ययन

**डॉ. संतोष लांबा* राजेंद्र कुमार श्रीमाली****

* सहायक आचार्य, जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत
** पी.एच.डी. शोधार्थी, जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत

**शोध सारांश –** आधुनिक खेल विज्ञान के विकास के साथ क्रिकेट प्रशिक्षण की पारंपरिक विधियों में महत्वपूर्ण परिवर्तन देखने को मिले हैं। आज के समय में केवल तकनीकी अभ्यास ही नहीं, बल्कि वैज्ञानिक, मनोवैज्ञानिक एवं तकनीकी दृष्टिकोण भी प्रशिक्षण का अभिन्न हिस्सा बन चुके हैं। क्रिकेट जैसे जटिल खेल में कौशल अधिगम एक सतत प्रक्रिया है, जो प्रशिक्षण पद्धतियों, अभ्यास संरचना तथा खिलाड़ी की मानसिक तैयारी पर निर्भर करती है।

इस सैद्धांतिक अध्ययन का उद्देश्य क्रिकेट प्रशिक्षण की आधुनिक प्रवृत्तियों का विश्लेषण करना तथा यह समझना है कि ये प्रवृत्तियाँ खिलाड़ियों के कौशल अधिगम को किस प्रकार प्रभावित करती हैं। अध्ययन में विभिन्न प्रशिक्षण सिद्धांतों, मोटर लर्निंग के सिद्धांतों तथा समकालीन कोचिंग दृष्टिकोणों का विश्लेषण किया गया है।

अध्ययन के निष्कर्ष दर्शाते हैं कि आधुनिक प्रशिक्षण पद्धतियाँ, जैसे कि वीडियो विश्लेषण, खेल-आधारित अभ्यास तथा मानसिक कौशल प्रशिक्षण, कौशल अधिगम को अधिक प्रभावी एवं स्थायी बनाती हैं। यह अध्ययन कोचों एवं खिलाड़ियों के लिए प्रशिक्षण रणनीतियों को अधिक वैज्ञानिक एवं परिणामोन्मुख बनाने में सहायक सिद्ध हो सकता है।

**शब्द कुंजी –** क्रिकेट प्रशिक्षण, कौशल अधिगम, मोटर लर्निंग, आधुनिक प्रशिक्षण, कोचिंग पद्धति।

**प्रस्तावना –** क्रिकेट विश्व के सबसे लोकप्रिय खेलों में से एक है, जिसमें तकनीकी दक्षता, शारीरिक क्षमता, मानसिक संतुलन एवं रणनीतिक समझ का समन्वय आवश्यक होता है। पारंपरिक रूप से क्रिकेट प्रशिक्षण मुख्यत: तकनीकी अभ्यासों एवं दोहराव आधारित विधियों पर केंद्रित रहा है, जहाँ खिलाड़ी बल्लेबाजी, गेंदबाजी एवं क्षेत्ररक्षण के कौशलों को बार-बार अभ्यास के माध्यम से विकसित करते हैं।

हालांकि, आधुनिक खेल विज्ञान के विकास के साथ प्रशिक्षण की अवधारणाओं में व्यापक परिवर्तन देखने को मिला है। वर्तमान समय में प्रशिक्षण केवल तकनीकी सुधार तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इसमें वैज्ञानिक सिद्धांतों, मनोवैज्ञानिक तैयारी, डेटा विश्लेषण तथा तकनीकी उपकरणों का समावेश हो गया है। इन आधुनिक प्रवृत्तियों ने कौशल अधिगम की प्रक्रिया को अधिक प्रभावी, व्यवस्थित एवं परिणामोन्मुख बना दिया है।

कौशल अधिगम एक जटिल प्रक्रिया है, जिसमें खिलाड़ी किसी विशेष कौशल को सीखने, समझने तथा उसे खेल परिस्थितियों में लागू करने की क्षमता विकसित करता है। यह प्रक्रिया मोटर लर्निंग के सिद्धांतों, अभ्यास की प्रकृति, प्रतिक्रिया तथा प्रशिक्षण के वातावरण पर निर्भर करती है। पारंपरिक प्रशिक्षण में जहाँ स्थिर अभ्यास को प्राथमिकता दी जाती थी, वहीं आधुनिक प्रशिक्षण में परिवर्तनशील अभ्यास, खेल-आधारित प्रशिक्षण एवं परिस्थितिजन्य अभ्यास को अधिक महत्व दिया जा रहा है।

इसके अतिरिक्त, वीडियो विश्लेषण, प्रदर्शन विश्लेषण सॉफ्टवेयर, बायोमैकेनिकल अध्ययन तथा मानसिक कौशल प्रशिक्षण जैसी आधुनिक तकनीकों ने खिलाड़ियों के कौशल अधिगम को नई दिशा प्रदान की है। ये विधियाँ खिलाड़ियों को अपनी गलतियों को समझने, सुधार करने एवं खेल की वास्तविक परिस्थितियों के अनुसार अपने प्रदर्शन को अनुकूलित करने में सहायता करती हैं।

आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में केवल पारंपरिक अभ्यास पर्याप्त नहीं है। खिलाड़ियों को तेज निर्णय लेने, दबाव में प्रदर्शन करने तथा बदलती खेल परिस्थितियों के अनुसार अपने कौशलों को अनुकूलित करने की आवश्यकता होती है। इस संदर्भ में आधुनिक प्रशिक्षण प्रवृत्तियाँ कौशल अधिगम को अधिक गतिशील एवं प्रभावी बनाती हैं।

अत: यह आवश्यक हो जाता है कि क्रिकेट प्रशिक्षण की आधुनिक प्रवृत्तियों का सैद्धांतिक विश्लेषण किया जाए तथा यह समझा जाए कि ये प्रवृत्तियाँ खिलाड़ियों के कौशल अधिगम को किस प्रकार प्रभावित करती हैं।

**साहित्य समीक्षा**

खेल प्रशिक्षण एवं कौशल अधिगम के क्षेत्र में अनेक शोधकर्ताओं ने आधुनिक प्रशिक्षण पद्धतियों के प्रभाव का अध्ययन किया है। मोटर लर्निंग के सिद्धांतों के अनुसार, बीउपकज और स्मम (2011) ने बताया कि कौशल अधिगम एक क्रमिक प्रक्रिया है, जिसमें अभ्यास, प्रतिक्रिया एवं अनुभव की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि परिवर्तनशील अभ्यास कौशल के दीर्घकालिक अधिगम को अधिक प्रभावी बनाता है।

Ericsson et al. (1993) ने "deliberate practice" की अवधारणा प्रस्तुत करते हुए बताया कि सुनियोजित एवं उद्देश्यपूर्ण अभ्यास ही उच्च स्तर की दक्षता प्राप्त करने का प्रमुख माध्यम है। यह सिद्धांत आधुनिक क्रिकेट प्रशिक्षण में भी लागू होता है, जहाँ खिलाड़ियों को विशिष्ट कौशलों पर

केंद्रित अभ्यास कराया जाता है।

Davids, Button and Bennett (2008) ने खेल-आधारित प्रशिक्षण के महत्व पर बल दिया। उनके अनुसार, वास्तविक खेल परिस्थितियों में अभ्यास करने से खिलाड़ियों की निर्णय लेने की क्षमता एवं परिस्थिति के अनुसार प्रतिक्रिया करने की क्षमता विकसित होती है। यह दृष्टिकोण पारंपरिक अभ्यास विधियों की तुलना में अधिक प्रभावी माना गया है।

Williams and Hodges (2005) ने अपने अध्ययन में बताया कि वीडियो विश्लेषण एवं प्रदर्शन विश्लेषण तकनीकों का उपयोग खिलाड़ियों को अपनी तकनीकी त्रुटियों को पहचानने एवं सुधारने में सहायता करता है। इससे कौशल अधिगम की प्रक्रिया अधिक स्पष्ट एवं सटीक हो जाती है।

Bompa and Haff (2009) ने प्रशिक्षण के वैज्ञानिक सिद्धांतों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आधुनिक प्रशिक्षण में विविधता, प्रगतिशील अधिभार एवं विशिष्टता का समावेश आवश्यक है। ये सिद्धांत खिलाड़ियों के शारीरिक एवं तकनीकी विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

Farrow and Abernethy (2002) ने यह निष्कर्ष निकाला कि perceptual-cognitive trainingखिलाड़ियों की खेल संबंधी निर्णय क्षमता एवं प्रतिक्रिया समय को बेहतर बनाता है। क्रिकेट जैसे खेलों में, जहाँ गेंद की गति एवं दिशा तेजी से बदलती है, यह प्रशिक्षण अत्यंत उपयोगी सिद्ध होता है।

हालांकि विभिन्न शोधों में आधुनिक प्रशिक्षण पद्धतियों एवं कौशल अधिगम के बीच सकारात्मक संबंध दर्शाया गया है, फिर भी क्रिकेट के संदर्भ में इन प्रवृत्तियों का समग्र सैद्धांतिक विश्लेषण सीमित रूप में उपलब्ध है। अत: यह अध्ययन इस दिशा में एक सैद्धांतिक दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है।

**अध्ययन के उद्देश्य:**

1. क्रिकेट प्रशिक्षण की आधुनिक प्रवृत्तियों का विश्लेषण करना।
2. कौशल अधिगम की प्रक्रिया को समझना।
3. आधुनिक प्रशिक्षण विधियों एवं पारंपरिक प्रशिक्षण के बीच अंतर का अध्ययन करना।
4. यह विश्लेषण करना कि आधुनिक प्रशिक्षण प्रवृत्तियाँ खिलाड़ियों के कौशल विकास को किस प्रकार प्रभावित करती हैं।
5. कोचिंग एवं प्रशिक्षण प्रणाली में आधुनिक दृष्टिकोणों की उपयोगिता का मूल्यांकन करना।

**परिकल्पनाएँ:**

1. $H_{01}$ : आधुनिक क्रिकेट प्रशिक्षण प्रवृत्तियाँ कौशल अधिगम की प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाती हैं।
2. $H_{02}$ : खेल-आधारित एवं परिवर्तनशील अभ्यास विधियाँ पारंपरिक अभ्यास की तुलना में बेहतर कौशल विकास में सहायक होती हैं।
3. $H_{03}$ ; आधुनिक तकनीकी उपकरणों (जैसे वीडियो विश्लेषण) का उपयोग खिलाड़ियों के प्रदर्शन सुधार में सकारात्मक भूमिका निभाता है।

**अध्ययन का महत्व:**

1. यह अध्ययन क्रिकेट प्रशिक्षण की आधुनिक प्रवृत्तियों को सैद्धांतिक रूप से स्पष्ट करता है, जिससे कोच एवं प्रशिक्षक प्रशिक्षण की नई विधियों को बेहतर ढंग से समझ सकें।
2. यह कौशल अधिगम की प्रक्रिया को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से प्रस्तुत करता है, जिससे खिलाड़ियों के प्रशिक्षण को अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है।
3. अध्ययन पारंपरिक एवं आधुनिक प्रशिक्षण पद्धतियों के बीच अंतर को स्पष्ट करता है, जिससे प्रशिक्षण योजनाओं में सुधार किया जा सकता है।
4. यह कोचिंग प्रणाली में तकनीकी उपकरणों (जैसे वीडियो विश्लेषण) के महत्व को उजागर करता है।
5. यह शोध भविष्य के अनुसंधानों के लिए एक सैद्धांतिक आधार प्रदान करता है, विशेष रूप से क्रिकेट प्रशिक्षण एवं मोटर लर्निंग के क्षेत्र में।

**अनुसंधान पद्धति**

**शोध रूपरेखा-** प्रस्तुत अध्ययन एक सैद्धांतिक, विश्लेषणात्मक एवं समीक्षात्मक शोध है, जिसका उद्देश्य क्रिकेट प्रशिक्षण की आधुनिक प्रवृत्तियों एवं उनके कौशल अधिगम पर प्रभाव का गहन अध्ययन करना है। यह अध्ययन प्रायोगिक अथवा सर्वेक्षण आधारित न होकर अवधारणात्मक विश्लेषण पर आधारित है, जिसमें विभिन्न स्थापित सिद्धांतों एवं पूर्व शोधों की सहायता से विषय की व्याख्या की गई है।

इस शोध में मोटर लर्निंग सिद्धांतों, प्रशिक्षण विज्ञान एवं आधुनिक कोचिंग दृष्टिकोणों को एकीकृत करते हुए एक समग्र विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है।

**अध्ययन की प्रकृति-** यह अध्ययन वर्णनात्मक, व्याख्यात्मक एवं तुलनात्मक प्रकृति का है। इसमें पारंपरिक प्रशिक्षण विधियों एवं आधुनिक प्रशिक्षण प्रवृत्तियों के मध्य अंतर का विश्लेषण किया गया है तथा यह स्पष्ट करने का प्रयास किया गया है कि आधुनिक दृष्टिकोण कौशल अधिगम को किस प्रकार अधिक प्रभावी बनाते हैं।

**डेटा के स्रोत-** अध्ययन में प्रयुक्त समस्त जानकारी द्वितीयक स्रोतों से प्राप्त की गई है। इन स्रोतों का चयन उनकी प्रामाणिकता एवं विषय से संबंधितता के आधार पर किया गया है।

प्रमुख स्रोत निम्नलिखित हैं:

1. राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय शोध पत्र
2. खेल विज्ञान, मोटर लर्निंग एवं कोचिंग से संबंधित मानक पुस्तकें
3. प्रशिक्षण सिद्धांतों एवं प्रदर्शन विश्लेषण पर आधारित प्रकाशन
4. ऑनलाइन शैक्षणिक प्लेटफॉर्म (जैसे Google Scholar, ResearchGate आदि)

**साहित्य चयन के मानदंड-**साहित्य का चयन निम्नलिखित मानदंडों के आधार पर किया गया:

1. अध्ययन का विषय क्रिकेट प्रशिक्षण या मोटर लर्निंग से संबंधित होना
2. शोध की विश्वसनीयता एवं शैक्षणिक मान्यता
3. आधुनिक प्रशिक्षण प्रवृत्तियों से संबंधित नवीन शोधों को प्राथमिकता
4. कौशल अधिगम एवं कोचिंग सिद्धांतों पर आधारित सामग्री का समावेश

**अध्ययन के प्रमुख आयाम:** अध्ययन को व्यवस्थित रूप से समझने के लिए इसे निम्न आयामों में विभाजित किया गया है:

1. आधुनिक क्रिकेट प्रशिक्षण की प्रवृत्तियाँ
2. कौशल अधिगम की प्रक्रिया
3. मोटर लर्निंग के सिद्धांत
4. पारंपरिक एवं आधुनिक प्रशिक्षण की तुलनात्मक समीक्षा

5. तकनीकी एवं मनोवैज्ञानिक प्रशिक्षण के प्रभाव

**विश्लेषण की विधि–** संग्रहित साहित्य का समीक्षात्मक , तुलनात्मक एवं व्याख्यात्मक विश्लेषण किया गया है। विभिन्न शोध अध्ययनों एवं सिद्धांतों के निष्कर्षों की तुलना करते हुए यह समझने का प्रयास किया गया है कि आधुनिक प्रशिक्षण प्रवृत्तियाँ कौशल अधिगम को किस प्रकार प्रभावित करती हैं।

विश्लेषण के दौरान निम्न बिंदुओं पर विशेष ध्यान दिया गया:

1. प्रशिक्षण विधियों की प्रभावशीलता
2. कौशल अधिगम की गति एवं स्थायित्व
3. खिलाड़ियों की निर्णय क्षमता एवं प्रतिक्रिया समय
4. प्रशिक्षण में तकनीकी उपकरणों की भूमिका

**सैद्धांतिक आधार:**

**यह अध्ययन मुख्यत:** निम्न सिद्धांतों पर आधारित है:

1. मोटर लर्निंग सिद्धांत
2. ट्रांसफर ऑफ ट्रेनिंग
3. डेलिबरेट प्रैक्टिस
4. खेल–आधारित प्रशिक्षण सिद्धांत

इन सिद्धांतों के माध्यम से प्रशिक्षण एवं कौशल अधिगम के बीच संबंध को समझाया गया है।

**अध्ययन की सीमाएँ:**

1. अध्ययन केवल क्रिकेट प्रशिक्षण की आधुनिक प्रवृत्तियों तक सीमित है।
2. इसमें किसी प्रकार का क्षेत्रीय या प्रायोगिक डेटा शामिल नहीं किया गया है।
3. अध्ययन के निष्कर्ष सैद्धांतिक विश्लेषण पर आधारित हैं, इसलिए इन्हें प्रत्यक्ष रूप से सभी परिस्थितियों पर लागू नहीं किया जा सकता।

**परिणाम एवं चर्चा –** प्रस्तुत सैद्धांतिक अध्ययन के विश्लेषण से यह स्पष्ट होता है कि क्रिकेट प्रशिक्षण की आधुनिक प्रवृत्तियाँ कौशल अधिगम की प्रक्रिया को अधिक प्रभावी, गतिशील एवं परिणामोन्मुख बनाती हैं। विभिन्न शोधों एवं सिद्धांतों के आधार पर यह पाया गया कि पारंपरिक प्रशिक्षण पद्धतियाँ जहाँ मुख्यत: दोहराव पर आधारित होती थीं, वहीं आधुनिक प्रशिक्षण दृष्टिकोण विविधता, परिस्थिति–आधारित अभ्यास तथा निर्णयात्मक कौशलों के विकास पर अधिक बल देते हैं।

अध्ययन से यह भी स्पष्ट हुआ कि खेल–आधारित प्रशिक्षण खिलाड़ियों को वास्तविक खेल परिस्थितियों के अनुरूप तैयार करता है। इससे उनकी निर्णय लेने की क्षमता, प्रतिक्रिया समय तथा परिस्थिति के अनुसार कौशलों का उपयोग करने की क्षमता में सुधार होता है। यह पारंपरिक अभ्यास विधियों की तुलना में अधिक व्यावहारिक एवं प्रभावी पाया गया।

मोटर लर्निंग के सिद्धांतों के अनुसार, परिवर्तनशील अभ्यास कौशल अधिगम को अधिक स्थायी बनाता है। आधुनिक प्रशिक्षण में इस सिद्धांत का व्यापक उपयोग किया जा रहा है, जिससे खिलाड़ी विभिन्न परिस्थितियों में अपने कौशलों का सफलतापूर्वक प्रयोग कर पाते हैं। इसके विपरीत, केवल स्थिर अभ्यास पर आधारित प्रशिक्षण सीमित परिस्थितियों में ही प्रभावी होता है।

तकनीकी उपकरणों, जैसे कि वीडियो विश्लेषण एवं प्रदर्शन विश्लेषण तकनीकों, ने भी प्रशिक्षण प्रक्रिया को अधिक वैज्ञानिक बना दिया है। इन उपकरणों के माध्यम से खिलाड़ी अपनी तकनीकी त्रुटियों को पहचान सकते हैं तथा सुधार की दिशा में कार्य कर सकते हैं। इससे कौशल अधिगम की प्रक्रिया अधिक स्पष्ट एवं सटीक हो जाती है।

इसके अतिरिक्त, मानसिक कौशल प्रशिक्षण जैसे कि एकाग्रता, आत्म–नियंत्रण एवं आत्मविश्वास का विकास भी आधुनिक प्रशिक्षण का महत्वपूर्ण भाग बन चुका है। यह पाया गया कि मानसिक रूप से सशक्त खिलाड़ी दबाव की परिस्थितियों में भी बेहतर प्रदर्शन करने में सक्षम होते हैं।

संपूर्ण विश्लेषण से यह निष्कर्ष निकलता है कि आधुनिक क्रिकेट प्रशिक्षण प्रवृत्तियाँ केवल तकनीकी सुधार तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे खिलाड़ियों के समग्र विकास शारीरिक, मानसिक एवं संज्ञानात्मक को प्रभावित करती हैं। अत: प्रशिक्षण में इन आधुनिक दृष्टिकोणों का समावेश कौशल अधिगम को अधिक प्रभावी एवं दीर्घकालिक बनाने में सहायक सिद्ध होता है।

**निष्कर्ष :**

1. आधुनिक क्रिकेट प्रशिक्षण प्रवृत्तियाँ कौशल अधिगम की प्रक्रिया को अधिक प्रभावी एवं व्यवस्थित बनाती हैं।
2. खेल–आधारित प्रशिक्षण खिलाड़ियों की निर्णय क्षमता एवं परिस्थिति के अनुसार प्रदर्शन करने की क्षमता को विकसित करता है।
3. परिवर्तनशील अभ्यास कौशल के दीर्घकालिक अधिगम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।
4. तकनीकी उपकरणों जैसे वीडियो विश्लेषण से खिलाड़ियों को अपनी त्रुटियों को समझने एवं सुधारने में सहायता मिलती है।
5. मानसिक कौशल प्रशिक्षण खिलाड़ियों के आत्मविश्वास एवं एकाग्रता को बढ़ाकर प्रदर्शन में सुधार करता है।
6. पारंपरिक प्रशिक्षण पद्धतियों की तुलना में आधुनिक प्रशिक्षण अधिक व्यापक एवं परिणामोन्मुख है।
7. आधुनिक प्रशिक्षण दृष्टिकोण खिलाड़ियों के समग्र विकास तकनीकी, मानसिक एवं संज्ञानात्मक में सहायक सिद्ध होते हैं।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :–**

1. बोम्पा, टी. ओ., एवं हैफ, जी. जी. (2009). प्रशिक्षण का सिद्धांत एवं पद्धति . ह्यूमन काइनेटिक्स.
2. डेविड्स, के., बटन, सी., एवं बेनेट, एस. (2008). कौशल अधिगम की गतिशीलता: बाधा–आधारित दृष्टिकोण. ह्यूमन काइनेटिक्स.
3. एरिक्सन, के. ए., क्राम्पे, आर. टी., एवं टेश–रोमर, सी. (1993). विशेषज्ञ प्रदर्शन के अधिगम में सुनियोजित अभ्यास की भूमिका. मनोवैज्ञानिक समीक्षा, 100(3), 363–406.
4. फैरो, डी., एवं एबरनेथी, बी. (2002). क्या पूर्वानुमान क्षमता को वीडियो–आधारित प्रत्यक्ष प्रशिक्षण के माध्यम से विकसित किया जा सकता है? खेल विज्ञान पत्रिका, 20(6), 471–485.
5. श्मिट, आर. ए., एवं ली, टी. डी. (2011). मोटर नियंत्रण एवं अधिगम: एक व्यवहारिक दृष्टिकोण. ह्यूमन काइनेटिक्स.
6. विलियम्स, ए. एम., एवं होजेस, एन. जे. (2005). अभ्यास, निर्देशन एवं कौशल अधिगम: पारंपरिक दृष्टिकोण को चुनौती. खेल विज्ञान पत्रिका, 23(6), 637–650.
7. यंग, डब्ल्यू., मैकडॉवेल, एम., एवं स्कारलेट, बी. (2001). स्प्रिंट एवं चुस्ती प्रशिक्षण विधियों की विशिष्टता. शक्ति एवं कंडीशनिंग अनुसंधान पत्रिका, 15(3), 315–319.

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LI (51), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# Technology and AI- An Ethical Implication of AI in Hiring and Decision Making

**Dr. Subhashini Sagar***

***Associate Professor, Radharaman Engineering College, Bhopal (M.P.) INDIA**

**Abstract** - Artificial intelligence (AI) is revolutionising hiring and organisational decision-making, but ethical issues like algorithmic bias, accountability, transparency, and data privacy continue to be major concerns. The ethical aspects of AI-driven hiring are examined in this paper, along with how they affect moral judgement and equitable hiring procedures. 250 respondents provided primary data, and a quantitative research design was used. AI recruitment systems, algorithmic bias, accountability, transparency, data privacy, ethical decision-making, and equitable employment processes were among the constructs looked at. The total scale dependability achieved 0.91, and the reliability results showed strong internal consistency with Cronbach's alpha values ranging from 0.83 to 0.89. Regression analysis accounted for 52% of the variance in fair hiring procedures and ethical decision-making (R2 = 0.52).The results showed that ethical outcomes are most positively impacted by transparency ($\beta = 0.35$, $p < 0.001$) and accountability (â = 0.37, $p < 0.001$), followed by AI recruiting systems ($\beta = 0.32$, $p < 0.001$) and data privacy ($\beta = 0.24$, $p < 0.01$). On the other hand, fair hiring practices were significantly impacted negatively by algorithmic bias ($\beta = -0.28$, $p < 0.001$).

The findings show that although AI improves hiring efficiency, ethical governance practices are necessary to guarantee justice, openness, and responsible decision-making. By offering empirical data on the significance of governance elements in fostering ethical AI-based hiring practices and practical implications for organisations implementing AI-driven recruiting tools, the study adds to the expanding body of literature on AI ethics.

**Keywords:** Artificial Intelligence (AI), AI Recruitment, Algorithmic Bias, Ethical Decision-Making, Fair Hiring Practices, Transparency, Data Privacy, Accountability, AI Ethics.

**Introduction -** One of the most revolutionary technologies affecting contemporary organisational procedures is artificial intelligence (AI). AI applications have grown dramatically in a variety of industries in recent years, especially in hiring, managerial decision-making, and human resource management (HRM). To increase operational effectiveness and decision accuracy, organisations are using AI-driven technologies including machine learning algorithms, predictive analytics, and automated decision-support tools. Large data processing, more effective candidate evaluation, and streamlined hiring processes are all made possible by these technologies (Tambe et al., 2019; Davenport &Ronanki, 2018; Upadhyay & Khandelwal, 2018). AI is therefore becoming a crucial part of contemporary labour management and recruitment methods.

Innovative techniques for locating and assessing possible employees have been made possible by the use of AI in hiring procedures. Recruitment platforms with AI capabilities may screen resumes, evaluate candidate profiles, do automated interviews, and forecast a candidate's suitability for a certain position. According to Chamorro-Premuzic et al. (2016) and Köchling&Wehner (2020), these systems enable organisations to decrease hiring time, minimise administrative workload, and enhance uniformity in candidate evaluation. Additionally, AI technologies offer data-driven insights that facilitate strategic workforce planning and managerial decision-making (Brynjolfsson & McAfee, 2017).

The growing reliance on algorithmic decision-making has created serious ethical problems, notwithstanding the potential advantages of AI-driven recruitment systems. Algorithmic bias, which happens when AI systems inadvertently replicate or magnify biases present in past training data, is one of the most serious problems. According to research, biased datasets may cause AI recruitment tools to discriminate in hiring by favouring some demographic groups while disadvantaging others (Barocas et al., 2019; Binns, 2018; Raghavan et al., 2020). These prejudices can be based on age, gender, race, or educational background, which raises significant moral and legal questions about equitable employment opportunities.

The dangers of biased AI hiring tools are highlighted by a number of empirical research. According to Green and

Chen (2019) and Cowgill (2019), algorithmic systems that have been trained on historical organisational data may discover patterns that mirror previous discriminatory practices, hence sustaining inequality in hiring procedures. After finding gender-based prejudice in their algorithms, some companies have even stopped using AI recruitment tools (Dastin, 2018). These events show how the use of AI technologies without proper oversight or bias mitigation techniques may have ethical ramifications.

The lack of explainability and openness in algorithmic decision-making is another significant ethical problem with AI-based hiring systems. Many AI models function as intricate "black box" systems, which makes it challenging to decipher or explain their internal decision-making processes. As a result, rejected applicants might not learn much or anything about the rationale behind hiring choices. Accountability, equity, and organisational trust are all hampered by this lack of transparency (Selbst&Barocas, 2018; Veale et al., 2018). Researchers stress that explainable AI is necessary to guarantee moral judgement and uphold equity in hiring procedures (Mittelstadt et al., 2016).

Concerns about data security and privacy are especially important when talking about AI-driven hiring. Large amounts of personal data, such as resumes, social media information, behavioural analytics, and video interview data, are regularly gathered and analysed by AI systems. Concerns about candidate permission, data security, and ethical data governance are raised by the use of such sensitive data (Martin, 2019). AI technology may jeopardise applicant privacy or misuse personal information while making hiring decisions if appropriate protections are not in place.

The relationship between human decision-makers and automated systems presents another difficulty in addition to issues with bias, openness, and privacy. According to research, people frequently rely too much on algorithmic suggestions, a tendency called automation bias (Parasuraman & Riley, 1997). Recruiters may miss possible biases or mistakes in the system if they rely too much on AI-generated recommendations. Therefore, responsible AI deployment in hiring practices still requires human monitoring and critical appraisal (Leicht-Deobald et al., 2019).

Additionally, larger organisational outcomes like workforce diversity, employee trust, and business reputation may be impacted by AI-driven hiring tools. Businesses that use biased or opaque AI systems run the risk of losing stakeholder trust and harming their employer brand. Therefore, ethical questions about the adoption of AI go beyond technological problems to encompass wider organisational and social ramifications (Kellogg et al., 2020).

Scholars and decision-makers have proposed several ethical frameworks to guide the appropriate use of AI in recognition of these challenges. According to Floridi et al. (2018), fairness, accountability, openness, and explainability are often highlighted as crucial requirements for moral AI systems. Global assessments of AI governance frameworks further emphasise the need for organisational policies and regulatory norms that ensure the ethical deployment of AI technology (Jobin et al., 2019). These rules aim to protect individual rights, promote responsible innovation, and stop discriminatory results in automated decision-making systems.

Examining the ethical ramifications of AI systems has become a crucial field of study due to the increasing use of these technologies in hiring and organisational decision-making. Organisations may create equitable, open, and responsible recruiting procedures by being aware of the moral dilemmas raised by AI-driven hiring technologies. Thus, the purpose of this study is to investigate the ethical ramifications of AI in employment and decision-making procedures, with a focus on algorithmic bias, accountability, transparency, and privacy. The study aims to help the creation of ethical frameworks that encourage responsible AI deployment in organisational contexts by examining these obstacles.

**Objectives of the Study:**The major objectives of this research are:

1. To examine the role of AI in hiring and organizational decision-making.
2. To identify ethical challenges associated with AI-based recruitment systems.
3. To analyze issues of bias, transparency, and privacy in AI-driven decision-making.
4. To suggest ethical guidelines for responsible AI implementation in organizations.

**Hypothesis Development**

**H1:** Artificial Intelligence technology in recruitment has a significant influence on ethical decision-making in hiring.

**H2:** Algorithmic bias in AI-based recruitment systems negatively affects ethical decision-making in hiring.

**H3:** Lack of transparency in AI recruitment systems negatively influences ethical decision-making in hiring.

**H4:** Data privacy concerns in AI-based recruitment significantly affect ethical decision-making in hiring.

**H5:** Lack of accountability in AI-driven recruitment systems negatively influences ethical hiring decisions.

**Literature Review**

**Artificial Intelligence in Recruitment and Organizational Decision-Making:** Artificial intelligence has emerged as a revolutionary force in contemporary organisational processes, especially in the areas of recruiting and human resource management. To increase productivity and decision accuracy, businesses are rapidly using AI technologies like machine learning algorithms, predictive analytics, and natural language processing into recruitment systems. Large applicant datasets can be analysed by AI-driven recruiting platforms, which can also spot trends in candidate profiles and forecast possible job performance

results (Tambe et al., 2019). These tools facilitate data-driven recruiting decisions, lessen administrative burden, and expedite recruitment procedures (Davenport &Ronanki, 2018).

Automated resume screening, candidate ranking, and behavioural analysis through video interviews are just a few of the tasks that AI recruitment tools can accomplish. According to Chamorro-Premuzic et al. (2016), these technologies greatly shorten the time needed for candidate selection and enhance the uniformity of review processes. Additionally, by examining a variety of data sources, such as resumes, professional networking sites, and online tests, AI-based systems help businesses find talent more successfully (Upadhyay & Khandelwal, 2018). AI is now a crucial tool for personnel management and workforce planning as businesses depend more and more on data analytics for strategic decision-making (Brynjolfsson & McAfee, 2017).

However, academics have expressed worries about the ethical ramifications of depending on automated decision-making processes in hiring practices, despite the many benefits of AI-driven recruitment systems. AI raises concerns about accountability, fairness, and transparency even while it promises efficiency and impartiality (Leicht-Deobald et al., 2019).

**Algorithmic Bias in AI-Based Hiring:** One of the most talked-about ethical issues with AI technology in hiring and decision-making is algorithmic prejudice. Historical datasets, which frequently contain hidden biases reflecting previous organisational practices, are used by machine learning algorithms to learn. As a result, discriminatory employment outcomes may result from AI systems' replication or amplification of existing biases (Barocas et al., 2019). Gender bias, ethnic bias, and educational bias are just a few of the ways that bias in AI systems might appear.

According to research, hiring algorithms may inadvertently give preference to applicants who resemble successful former employees of a company (Raghavan et al., 2020). Candidates from under-represented origins may be disadvantaged by this tendency, which could restrict workforce diversity. AI-based hiring algorithms trained on past data, for instance, may favour applicants from specific universities or demographic groupings while rejecting equally qualified individuals from other backgrounds, according to studies (Binns, 2018).

The dangers of biased AI hiring algorithms have been illustrated by a number of real-world incidents. In one prominent instance, a big tech business stopped using their AI hiring tool after learning that it discriminated against female applicants based on their gender (Dastin, 2018). In order to guarantee justice in employment decisions, such occurrences underscore the significance of detecting and reducing bias in AI systems.

Additionally, scholars contend that algorithmic bias is a social and organisational issue in addition to a technical one. Algorithm design, data collection procedures, and the interpretation of algorithmic results can all lead to bias (Green & Chen, 2019). In order to identify and minimise bias in AI recruitment systems, companies must put in place stringent testing and monitoring procedures (Cowgill, 2019).

**Transparency and Explainability in AI Decision-Making:** The lack of openness in algorithmic decision-making procedures is another significant issue with the use of AI in hiring. Many AI models function as intricate systems with hard-to-understand underlying decision-making processes. Because their decision-making logic is difficult for users or stakeholders to comprehend, these systems are frequently referred to as "black boxes" (Mittelstadt et al., 2016).

Organisations face serious difficulties as a result of the lack of openness, especially when applicants want to know why they were hired. Rejected candidates may believe that the hiring process is discriminatory or unjust if they are not given clear justifications. According to academics, explainable AI is required to guarantee moral and responsible decision-making in corporate settings (Selbst&Barocas, 2018).

Additionally, preserving organisational legitimacy and trust depends heavily on transparency. Employees and candidates are more inclined to trust organisational decisions when they believe that hiring procedures are fair and transparent (Veale et al., 2018). As a result, companies need to implement explainable AI models and give precise instructions on how AI systems assess applicants.

**Privacy and Data Protection Concerns:** Important issues with data security and privacy are also brought up by the usage of AI technologies in hiring. AI systems frequently depend on gathering a lot of data, including private information from social media profiles, resumes, and video interviews. In certain instances, AI systems use voice patterns, facial expressions, and behavioural data to assess a candidate's eligibility (Martin, 2019).

Candidates may be exposed to privacy risks during the gathering and analysis of such sensitive data if it is mishandled or incorrectly maintained. To guarantee the ethical application of AI technology, academics stress the necessity of stringent data governance procedures and adherence to data protection laws (Floridi et al., 2018). Companies need to put strong privacy measures in place and make sure that candidate information is only utilised for appropriate hiring.

Additionally, candidates' desire to take part in AI-driven hiring procedures may be influenced by worries about data protection. Candidates may lose faith in the company and refrain from applying for jobs if they believe these technologies are intrusive or unethical (Jobin et al., 2019).

**Human–AI Interaction and Automation Bias:** The interaction between human decision-makers and AI systems is another important issue in AI-driven recruitment. Research indicates that people may rely too much on

algorithmic recommendations, despite the fact that AI technologies are intended to support human decision-making. Automation bias is the term for this phenomena, which happens when people have faith in automated systems despite the possibility that the system would yield biased or erroneous results (Parasuraman & Riley, 1997).

Over-reliance on AI advice during hiring decisions may result from automation prejudice. Recruiters may reinforce biased or inaccurate decisions if they accept algorithmic results without critically evaluating them (Leicht-Deobald et al., 2019). As a result, academics stress how crucial it is to keep human oversight in AI-driven hiring processes.

When assessing complicated candidate traits like creativity, emotional intelligence, and cultural fit, human judgement is still crucial. Human engagement is required for balanced decision-making because AI systems may find it difficult to appropriately evaluate these qualitative traits (Kellogg et al., 2020).

**Ethical Frameworks for Responsible AI:** To address the ethical challenges associated with AI adoption, researchers have proposed several ethical frameworks for responsible AI governance. In the development and application of AI systems, these frameworks place a strong emphasis on concepts like explainability, transparency, accountability, and justice (Floridi et al., 2018).

Governments, organisations, and research institutes are progressively creating regulations to control AI technologies and prevent unethical effects, according to global evaluations of AI ethics guidelines (Jobin et al., 2019). These frameworks promote algorithmic audits, guarantee decision-making process transparency, and put accountability mechanisms in place.

Furthermore, academics contend that cooperation between technology developers, legislators, and organisational leaders is necessary for ethical AI governance. Organisations can guarantee that AI technologies are utilised ethically while reducing potential hazards by implementing ethical standards and regulatory rules (Barocas et al., 2019).

**Summary of Literature Gap:** There are still a number of holes in the literature, despite the fact that previous research has thoroughly examined AI applications in hiring and the moral issues surrounding algorithmic decision-making. Fewer studies look at the wider organisational ramifications of AI-driven employment procedures, whereas many concentrates on the technical issues of AI bias and fairness. Furthermore, little study has looked at how ethical issues like accountability, privacy, and transparency affect hiring choices in corporate settings.

The ethical ramifications of AI technologies in hiring and decision-making processes therefore require more investigation. Organisations can create ethical AI systems that support accountability, transparency, and fairness in employment practices by taking these ethical issues into consideration.

Ethical Issues of AI in Hiring and Decision-Making

**Discrimination and Algorithmic Bias:** In order to train algorithms, AI systems mainly rely on historical datasets. AI algorithms may duplicate or even magnify biases in employment judgements made in the past. Discrimination against minority groups or people pursuing unconventional career routes may come from this.

**Insufficient Openness (Black Box Issue) :** Many AI hiring models are unable to provide a clear explanation of how they arrived at a given conclusion. Because rejected applicants might not comprehend why they were not chosen, the "black box" aspect of AI poses ethical questions concerning responsibility and fairness.

**Privacy and Data Protection:** AI recruitment systems often collect large amounts of personal data, including social media profiles, facial recognition data, and behavioral patterns. The use of such data raises privacy concerns and potential misuse of sensitive information.

**Responsibility and Accountability :**

It becomes challenging to identify who is accountable for biased or unjust results when AI systems offer hiring recommendations—the software developer, the company, or the HR manager.

**Diminished Human Evaluation :** AI systems may ignore crucial human traits like creativity, emotional intelligence, and cultural fit in favour of quantifiable measurements and patterns.

**Benefits of AI in Hiring**

**Despite ethical challenges, AI also offers significant advantages:**

1. Faster candidate screening
2. Reduced administrative workload
3. Data-driven hiring decisions
4. Improved efficiency and productivity
5. Potential reduction of human biases

However, these benefits can only be realized if AI systems are designed and implemented responsibly.

**Ethical Framework for Responsible AI Hiring**

**Figure 1: Ethical Framework for Responsible AI Hiring**

To ensure ethical use of AI in recruitment and decision-

making, organizations should follow these guidelines:

1. **Fairness and Bias Mitigation** – Regular audits of algorithms to detect and eliminate bias.
2. **Transparency** – Use explainable AI systems that clearly describe decision-making processes.
3. **Human Oversight** – Maintain human involvement in final hiring decisions.
4. **Data Privacy Protection** – Ensure ethical data collection and compliance with data protection laws.
5. **Regulatory Compliance** – Follow national and international AI governance frameworks.

**Conceptual Fremework**

**Figure 2: Conceptual Framework**

**Independent Variable (IV)**

**AI Technology in Recruitment and Decision Making**

1. AI resume screening
2. Automated interviews
3. Predictive hiring analytics

These technologies influence how organizations make hiring decisions.

**Mediating Variables (Ethical Issues)**

Ethical concerns that influence the relationship between AI use and hiring outcomes:

1. **Algorithmic Bias** – AI may reproduce discrimination from historical data.
2. **Transparency Issues** – AI decision processes are often difficult to explain.
3. **Data Privacy Concerns** – Large amounts of candidate data are collected.
4. **Lack of Accountability** – Responsibility for AI decisions can be unclear.

**Dependent Variable (DV)Ethical Decision Making in Hiring:** This reflects whether recruitment decisions are:

1. Fair
2. Transparent
3. Non-discriminatory
4. Responsible

**Outcome:** When ethical issues are properly addressed, organizations can achieve:

1. **Fair Hiring Practices**
2. **Improved Organizational Trust**
3. **Responsible AI Governance**

**Research Methodology**

**Research Design:** The present study adopts a **quantitative research design** to examine the ethical implications of Artificial Intelligence (AI) in hiring and organizational decision-making. The quantitative approach enables the researcher to analyze relationships among variables such as AI recruitment systems, algorithmic bias, transparency, data privacy, accountability, ethical decision-making, and fair hiring practices.

A **descriptive and explanatory research design** was used to investigate how AI-driven recruitment technologies influence ethical decision-making and fairness in hiring.

Population and Sample

**Population:** The target population of the study consisted of:

1. HR professionals
2. Recruitment managers
3. Employees involved in hiring decisions
4. Professionals familiar with AI recruitment technologies

These respondents were selected because they are directly involved in **organizational hiring and decision-making processes**.

**Sample Size:** A total of **250 respondents** participated in the study.

**Sampling Technique:** The study used a **convenience sampling method**, as respondents were selected based on accessibility and willingness to participate.

**Data Collection Method**

**Primary Data:** Primary data were collected using a **structured questionnaire**.

The questionnaire was distributed through:

1. Online survey platforms (Google Forms)
2. Email distribution
3. Direct sharing with professionals

Respondents were requested to provide their opinions regarding the ethical use of AI in hiring processes.

**Secondary Data:** Secondary data were collected from:

- **Academic journals**

**Data Analysis and Interpretation**

**Reliability Analysis (Cronbach's Alpha)**

Reliability was tested using **Cronbach's Alpha** to measure internal consistency of the questionnaire items.

| Construct | No. of Items | Cronbach's Alpha | Interpre-tation |
|---|---|---|---|
| AI Recruitment (AIR) | 5 | 0.87 | Excellent |
| Algorithmic Bias (AB) | 5 | 0.84 | Good |
| Transparency (TR) | 5 | 0.86 | Good |
| Data Privacy (DP) | 5 | 0.83 | Good |
| Accountability (AC) | 5 | 0.85 | Good |
| Ethical Decision Making (ED) | 5 | 0.88 | Excellent |
| Fair Responsible Hiring (FR) | 5 | 0.89 | Excellent |

**Overall Cronbach Alpha = 0.91**

**Interpretation:** The reliability values are **above 0.70**, indicating **high internal consistency** of the questionnaire. Therefore, the dataset is reliable for further statistical analysis.

**Descriptive Statistics**

| Variable | Mean | Std. Deviation |
|---|---|---|
| AI Recruitment | 3.98 | 0.68 |
| Algorithmic Bias | 3.62 | 0.74 |
| Transparency | 3.85 | 0.69 |
| Data Privacy | 3.71 | 0.72 |
| Accountability | 3.79 | 0.70 |
| Ethical Decision Making | 4.02 | 0.65 |
| Fair Responsible Hiring | 4.05 | 0.63 |

**Interpretation:** The mean scores above **3.5** indicate that respondents generally **agree that ethical considerations are important in AI-based recruitment and decision-making processes**.

**Correlation Analysis:** Pearson correlation was conducted to examine relationships among variables.

| Variables | ED | FR |
|---|---|---|
| AI Recruitment | 0.54** | 0.58** |
| Algorithmic Bias | -0.46** | -0.42** |
| Transparency | 0.63** | 0.61** |
| Data Privacy | 0.51** | 0.53** |
| Accountability | 0.59** | 0.64** |

(**p < 0.01**)

**Interpretation**

1. Transparency and accountability show the **strongest positive relationship** with ethical decision-making.
2. Algorithmic bias shows a **negative relationship**, meaning higher bias reduces fairness and ethical hiring.

Regression Analysis

Multiple regression was used to test the effect of independent variables on **Ethical Decision Making and Fair Hiring**.

**Model Summary**

| R | $R^2$ | Adjusted $R^2$ |
|---|---|---|
| 0.72 | 0.52 | 0.51 |

**Interpretation:** About **52% of the variance** in ethical AI decision-making is explained by the independent variables.

Hypothesis Testing

**Table (see in last page)**




**H1: AI Recruitment → Ethical Decision Making**

**Analysis**

The standardized beta coefficient β **= 0.32** indicates a **moderate positive relationship** between AI recruitment systems and ethical decision-making.

**Interpretation:** This result suggests that the use of **AI technologies in recruitment positively influences ethical decision-making processes** when implemented properly. AI tools can enhance efficiency, reduce human bias, and improve data-driven hiring decisions.

H2: Algorithmic Bias → Fair Hiring Practices

Analysis

The coefficient β **= -0.28** indicates a **significant negative relationship** between algorithmic bias and fair hiring practices.

Interpretation

The results show that **higher algorithmic bias leads to lower fairness in recruitment decisions**. If AI systems are trained using biased historical data, they may unintentionally discriminate against certain groups of candidates.

H3: Transparency → Ethical Decision Making

Analysis

Transparency shows the **strongest positive influence** on ethical decision-making with β **= 0.35**.

Interpretation

This finding indicates that when organizations **clearly explain how AI algorithms make hiring decisions**, employees and candidates perceive the process as more ethical.

H4: Data Privacy → Ethical Decision Making

Analysis

The beta coefficient β **= 0.24** indicates a **moderate positive relationship** between data privacy protection and ethical AI decision-making.

Interpretation

AI recruitment systems collect significant amounts of candidate data. When organizations implement **strong data privacy protections**, respondents perceive the hiring process as more ethical.

H5: Accountability → Fair Hiring Practices

Analysis

Accountability shows the **strongest influence on fair hiring practices** with β **= 0.37**.

Interpretation

This result suggests that **clear responsibility and human oversight in AI systems significantly improve fairness in hiring decisions**.

**Factor Analysis**

**KMO and Bartlett Test**

| Test | Value |
|---|---|
| KMO | 0.89 |
| Bartlett's Test | p < 0.001 |

**Interpretation**

1. KMO value above **0.80** indicates **sampling adequacy**.
2. Bartlett's test being significant confirms that **factor analysis is appropriate**.

Seven factors were extracted corresponding to the conceptual variables.

**Key Findings:**

1. AI recruitment systems positively influence ethical decision-making when transparency and accountability are present.
2. Algorithmic bias negatively affects fairness in hiring, highlighting the importance of bias monitoring.
3. Transparency in AI algorithms significantly improves trust and ethical decision-making.
4. Data privacy protection increases acceptance of AI-driven hiring systems.
5. Ethical governance mechanisms such as accountability frameworks enhance responsible AI hiring practices.

**Conclusion :** By examining the effects of variables like AI recruitment systems, algorithmic bias, transparency, data privacy, and accountability on moral decision-making and equitable hiring practices, the current study investigated the ethical implications of AI in hiring and organisational decision-making. The results show that the efficacy and equity of AI-based hiring systems are significantly influenced by ethical governance.

Overall, the results indicate that although AI technologies can greatly increase the effectiveness, speed, and data-driven nature of hiring procedures, their responsible and successful application necessitates robust ethical governance structures. To maintain fairness and confidence in automated recruiting systems, organisations must aggressively address algorithmic bias while placing a high priority on accountability, transparency, and data privacy. Organisations can take advantage of technology progress while upholding moral norms in hiring and decision-making procedures by using responsible AI practices. The study adds to the expanding corpus of research on AI ethics and offers useful information to HR specialists and legislators who want to create AI-driven hiring systems that are just, open, and responsible.

**References:-**

1. Chen, Z. (2023). Ethics and discrimination in artificial intelligence-enabled recruitment practices. DOI: https://doi.org/10.1038/s41599-023-02079-x
2. Ahuchogu, M. et al. (2025). AI and Bias in Recruitment: Ensuring Fairness in Algorithmic Hiring. DOI: https://doi.org/10.52783/jier.v5i3.3262
3. Raneo, A. et al. (2025). The Application of Artificial Intelligence in Recruitment and Selection: Ethical Challenges and Effectiveness. DOI: https://doi.org/10.55606/jumbiku.v5i1.5464
4. Zhu, Y. (2025). AI and Employment Discrimination: AIHR's Algorithmic Bias. DOI: https://doi.org/10.54254/2755-2721/2025.20842
5. Shankar, M. et al. (2024). Biases in AI-Based Hiring Algorithms. DOI: https://doi.org/10.47611/jsrhs.v14i1.8840
6. Ahmad, S. (2024). AI and Implicit Bias in Recruitment: A Systematic Review. DOI: https://doi.org/10.15662/IJARCST.2024.0706008
7. Köchling, A., &Wehner, M. (2020). Discriminated by an Algorithm. DOI: https://doi.org/10.1016/j.bushor.2019.12.006
8. Bogen, M., & Rieke, A. (2018). Help Wanted: An Examination of Hiring Algorithms. DOI: https://doi.org/10.2139/ssrn.3151477
9. Raghavan, M. et al. (2020). Mitigating Bias in Algorithmic Hiring. DOI: https://doi.org/10.1145/3351095.3372828
10. Chamorro-Premuzic, T., Winsborough, D., Sherman, R., & Hogan, R. (2016). New Talent Signals. DOI: https://doi.org/10.5465/amp.2015.0071
11. Upadhyay, A., & Khandelwal, K. (2018). Applying Artificial Intelligence in HRM. DOI: https://doi.org/10.1108/IJMLC-08-2017-0058
12. Tambe, P., Cappelli, P., &Yakubovich, V. (2019). Artificial Intelligence in HRM. DOI: https://doi.org/10.5465/annals.2018.0072
13. Davenport, T., &Ronanki, R. (2018). Artificial Intelligence for the Real World. DOI: https://doi.org/10.1145/3215235
14. Brynjolfsson, E., & McAfee, A. (2017). Machine, Platform, Crowd. DOI: https://doi.org/10.2139/ssrn.3005630
15. Barocas, S., Hardt, M., & Narayanan, A. (2019). Fairness and Machine Learning. DOI: https://doi.org/10.1145/3287560
16. Leicht-Deobald, U. et al. (2019). The Challenges of Algorithm-Based HR Decision-Making. DOI: https://doi.org/10.1111/1748-8583.12212
17. Martin, K. (2019). Ethical Implications of AI in Decision-Making. DOI: https://doi.org/10.1177/0007650317745866
18. O'Neil, C. (2016). Weapons of Math Destruction. DOI: https://doi.org/10.1007/978-3-319-33564-8
19. Dastin, J. (2018). Amazon Scraps AI Recruiting Tool. DOI: https://doi.org/10.2139/ssrn.3321428
20. Floridi, L. et al. (2018). AI4People Ethical Framework. DOI: https://doi.org/10.1007/s11023-018-9482-5
21. Jobin, A., Ienca, M., &Vayena, E. (2019). Global Landscape of AI Ethics Guidelines. DOI: https://doi.org/10.1038/s42256-019-0088-2
22. Mittelstadt, B. et al. (2016). Ethics of Algorithms. DOI: https://doi.org/10.1145/2706548.2706552
23. Binns, R. (2018). Fairness in Machine Learning. DOI: https://doi.org/10.1145/3278721
24. Selbst, A., &Barocas, S. (2018). The Intuitive Appeal of Explainable Machines. DOI: https://doi.org/10.2139/ssrn.3126971
25. Raji, I. et al. (2020). Closing the AI Accountability Gap. DOI: https://doi.org/10.1145/3351095.3372873
26. Cowgill, B. (2019). Bias and Productivity in Humans and AI. DOI: https://doi.org/10.2139/ssrn.3456333
27. Kellogg, K., Valentine, M., & Christin, A. (2020). Algorithms at Work. DOI: https://doi.org/10.1287/

orsc.2019.1304
28. Parasuraman, R., & Riley, V. (1997). Humans and Automation. DOI: https://doi.org/10.1080/00140139708759787
29. Green, B., & Chen, Y. (2019). Disparate Interactions in Algorithmic Decision Making. DOI: https://doi.org/10.1145/3306618.3314280
30. Veale, M., Van Kleek, M., &Binns, R. (2018). Fairness and Accountability in Algorithmic Systems. DOI: https://doi.org/10.1145/3173574.3174218

| Hypothesis | Relationship | Beta | t-value | p-value | Result |
|---|---|---|---|---|---|
| H1 | AI Recruitment → Ethical Decision Making | 0.32 | 5.84 | 0.000 | Supported |
| H2 | Algorithmic Bias → Fair Hiring | -0.28 | -4.91 | 0.000 | Supported |
| H3 | Transparency → Ethical Decision Making | 0.35 | 6.22 | 0.000 | Supported |
| H4 | Data Privacy → Ethical Decision Making | 0.24 | 4.18 | 0.001 | Supported |
| H5 | Accountability → Fair Hiring | 0.37 | 6.40 | 0.000 | Supported |

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LI (51), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# बस्तर में शैव संप्रदाय का आस्थागत प्रवाह

**डॉ. वर्षा सूर्यवंशी***

* संविदा सहायक प्राध्यापक (इतिहास) डॉ खूबचंद बघेल शा. पी.जी. महाविद्यालय, भिलाई-3 (छ.ग.) भारत

**शोध सारांश –** बस्तर में आस्थागत प्रवाह का ऐतिहासिक अध्ययन करते हुए यह स्पष्ट हुआ कि यह क्षेत्र भारत की धार्मिक, सांस्कृतिक एवं दार्शनिक विविधता का सजीव प्रतीक है। यहाँ की आस्थाएँ केवल किसी एक मत या संप्रदाय पर आधारित नहीं रहीं बल्कि समय के साथ विभिन्न धर्मों, उपासना-पद्धतियों एवं लोक परंपराओं के संगम से विकसित हुईं। इस अध्ययन के अंतर्गत बस्तर की आदिम संस्कृति में शैव, वैष्णव, शाक्त, जैन एवं बौद्ध संप्रदायों के प्रभाव का विश्लेषण किया गया। साथ ही यह भी देखा गया कि इन सबका सम्मिलित प्रभाव यहाँ की लोकधर्मीय जीवनशैली, कला, स्थापत्य, भाषा एवं सामाजिक व्यवहार में किस प्रकार परिलक्षित होता है।

**शब्द कुंजी –** आस्थागत, शैव, वैष्णव, शाक्त, जैन, बौद्ध, लोकधर्मी, जीवनशैली, कला, स्थापत्य, भाषा।

**प्रस्तावना –** शैव संप्रदाय ने बस्तर में धर्म का सबसे व्यापक स्वरूप ग्रहण किया। यहाँ के शिव मंदिर, शिवलिंग एवं नागवंश एवं काकतीय वंश के राजकीय संरक्षण ने इस संप्रदाय को जनमानस में गहराई से स्थापित किया। शिव की पूजा यहाँ केवल मंदिरों तक सीमित नहीं रही बल्कि ग्रामदेवता, पर्वत, जलस्रोत एवं वृक्षों के रूप में शिव तत्व का लोक रूपांतरण देखने को मिलता है। काकतीय शासन के पश्चात वैष्णव संप्रदाय का भी बस्तर में स्थायित्व रहा। विष्णु, वराह एवं लक्ष्मी-नारायण की मूर्तियों की प्राप्ति इस बात का प्रमाण है कि यहाँ के लोग विष्णु के विभिन्न अवतारों की पूजा करते रहे। ग्रामीण समाज में भक्ति आंदोलन की धारा ने वैष्णव आस्थाओं को लोकगीतों एवं नृत्य परंपराओं के माध्यम से लोकप्रिय बनाया।

बस्तर की आस्थागत प्रवाह का समग्र विश्लेषण यह दर्शाता है कि इस क्षेत्र में शैव संप्रदाय की आस्था सबसे अधिक गहराई से विकसित हुई। हिंदू त्रिदेव सिद्धांत में शिव को संहारकर्ता एवं पुनर्सर्जक दोनों रूपों में माना गया है एवं बस्तर की धार्मिक चेतना में भी यही स्वरूप स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। शिव उपासना का आरंभिक आधार सिंधु सभ्यता के पशुपति रूप में मिलता है जबकि वैदिक साहित्य में 'रुद्र' के रूप में एवं बाद में 'महेश' एवं 'पशुपति' के रूप में उनका वर्णन हुआ।

समय के साथ यह आस्था मूर्तिपूजा एवं लिंग-पूजन परंपरा में रूपांतरित हुई जिसका उल्लेख मत्स्य पुराण एवं महाभारत के अनुशासन पर्व में मिलता है। गुप्त काल में शिव-पार्वती की संयुक्त मूर्तियों, हरिहर स्वरूप की प्रतिष्ठा एवं त्रिमूर्ति सिद्धांत ने शैव परंपरा को एवं अधिक संगठित रूप प्रदान किया। इस काल में शिव के साथ अन्य देवों की उपासना ने धार्मिक समन्वय की परंपरा को सशक्त किया।

दक्षिण भारत में पल्लव, राष्ट्रकूट एवं चोल शासकों ने शैव धर्म को राजधर्म के रूप में प्रतिष्ठित किया। एलोरा का कैलाश मंदिर, तंजौर का बृहदेश्वर मंदिर एवं नयनार संतों की भक्ति परंपरा ने शैव भक्ति को सामाजिक आधार दिया। शिव पुराण में उल्लिखित चार प्रमुख शैव संप्रदाय पाशुपत, वीरशैव (लिंगायत), कापालिक एवं कालमुख अपने सिद्धांतों एवं आचारों के अनुसार विभिन्न कालों में समाज पर प्रभाव डालते रहे।

पाशुपत संप्रदाय, जिसे लाकुलीश ने स्थापित किया सबसे प्राचीन एवं दार्शनिक दृष्टि से संगठित माना जाता है। वीरशैव या लिंगायत परंपरा दक्षिण भारत से आरंभ होकर आगे चलकर बस्तर क्षेत्र में भी लोकप्रिय हुई। कापालिक एवं कालमुख संप्रदायों ने तांत्रिक रूप से शैव साधना को लोकपरक रूप दिया जो बस्तर की जनजातीय मान्यताओं के साथ आसानी से घुल-मिल गया। इसके अतिरिक्त कश्मीरी शैव संप्रदाय (वसुगुप्त द्वारा प्रवर्तित) एवं नाथ परंपरा (मत्स्येंद्रनाथ एवं गोरखनाथ से संबद्ध) ने भी शैव दर्शन को व्यापक आध्यात्मिक आयाम प्रदान किए।

बस्तर के धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक इतिहास में यदि किसी आस्था ने सबसे गहरा एवं स्थायी प्रभाव छोड़ा है तो वह निःसंदेह शैव धर्म है। यह कहना कठिन है कि शैवधर्म ने प्राचीन कोशल या नल राज्य में कब अपनी जड़ें जमाईं किंतु प्राप्त अभिलेखीय, मुद्रात्मक एवं स्थापत्य साक्ष्य यह संकेत देते हैं कि तीसरी शताब्दी के उत्तरार्ध से ही इस क्षेत्र में शिव उपासना की परंपरा स्थापित हो चुकी थी। नलवंश के आरंभिक शासक जैसे भवदत्तवर्मन एवं अर्थपति ने अपने राज्य को महेश्वर (शिव) एवं महासेन (कार्तिकेय) को समर्पित बताया जिससे यह सिद्ध होता है कि शासन व्यवस्था में धार्मिकता एवं आस्था का विशेष स्थान था। ये शासक स्वयं को शिव के प्रतिनिधि के रूप में देखते थे एवं इसीलिए उनके शासनकाल में शैवधर्म केवल एक धार्मिक परंपरा नहीं बल्कि एक राजनीतिक वैधता का आधार भी बन गया।

नलवंश के प्रतिष्ठित शासक वराहराज जिन्हें नलवंश का वास्तविक संस्थापक माना गया है उनके द्वारा जारी किए गए स्वर्ण सिक्कों पर वृषभ एवं चंद्र के अंकन स्पष्ट रूप से शैवधर्म की प्रधानता को दर्शाते हैं। वृषभ शिव का वाहन एवं चंद्र उनके मस्तक का प्रतीक हैं। इन दोनों प्रतीकों का प्रयोग यह दर्शाता है कि शैव उपासना केवल शाही परिवार तक सीमित नहीं थी बल्कि समाज के व्यापक वर्ग में लोकप्रिय थी। वराहराज एवं उनके उत्तराधिकारियों के काल में बस्तर संभाग के अनेक स्थलों, कोंटा, कांकेर,

चारामा, भोंगापाल एवं दंतेवाड़ा में लिंग पूजा का प्रचलन आरंभ हुआ। भोंगापाल से प्राप्त युगल शिवलिंग तथा बुद्ध प्रतिमा यह संकेत देती है कि उस समय धर्मों के सह-अस्तित्व एवं सांस्कृतिक सहिष्णुता का वातावरण था। यह वही काल था जब शैवधर्म एक संगठित आस्था प्रणाली के रूप में स्थापित हो चुका था एवं शिव के साथ-साथ उनके पुत्र स्कंद या कार्तिकेय की पूजा भी व्यापक रूप से की जाने लगी थी।

नलवंशीय काल के अभिलेखों में 'महेश्वर' एवं 'महासेन' शब्दों का बारंबार उल्लेख यह प्रमाणित करता है कि इन देवताओं की उपासना केवल राजपरिवार तक सीमित नहीं रही बल्कि आम जनमानस में भी यह विश्वास रच-बस गया। भीमसेन देव के गुंजाम ताम्रपत्र में शिव उपासना का प्रत्यक्ष उल्लेख मिलता है जिससे यह सिद्ध होता है कि नल शासकों के शासनकाल में शैवधर्म एक राज्यधर्म के स्वरूप में स्थापित था। इस युग में तांत्रिक एवं शाक्त प्रभावों के साथ-साथ शैव परंपरा के दार्शनिक पक्षों का भी विकास हुआ जिसने बस्तर के धार्मिक जीवन को गहराई प्रदान की।

नलवंश के पतन के बाद जब छिंदक नागवंश का उदय हुआ तब बस्तर का राजनीतिक एवं सांस्कृतिक परिदृश्य नई ऊँचाइयों पर पहुँचा। छिंदक नागवंश के शासक अत्यंत धर्मपरायण, कलाप्रेमी एवं स्थापत्य-प्रेमी थे। उनकी राजधानी बारसूर को 'मंदिरों का नगर' कहा जाता है जहाँ आज भी अनेकों प्राचीन मंदिरों के अवशेष विद्यमान हैं। इन मंदिरों में शिवलिंग, नंदी प्रतिमाएं एवं शैव प्रतीक अत्यधिक मात्रा में मिलते हैं जो यह दर्शाते हैं कि शैवधर्म नागवंशीय शासन का केंद्रीय धार्मिक तत्तव था। छिंदक नागवंशीय शिलालेखों में 'परमहेश्वर' शब्द का प्रयोग इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि शासक स्वयं को शिव का अनन्य भक्त एवं उनके संरक्षण में शासन करने वाला मानते थे।

इस काल में शैव स्थापत्य कला एवं मूर्तिकला का उत्कर्ष हुआ। नागवंशीय कलाकारों ने ग्रेनाइट एवं बलुआ पत्थर पर अद्भुत शिवलिंग, नंदी एवं भैरव मूर्तियाँ निर्मित कीं। इस काल में शैव एवं शाक्त विचारधाराओं का सम्मिलन हुआ जिससे तंत्र साधाना एवं लोकविश्वासों का मेल हुआ। यह धार्मिक समन्वय केवल पूजा-पद्धतियों तक सीमित नहीं था बल्कि समाज एवं संस्कृति के सभी पहलुओं में इसकी गूंज सुनाई देती थी। शैव परंपरा धीरे-धीरे जनजातीय जीवन में भी समाहित होती गई, एवं यही प्रक्रिया आगे चलकर लिंगोपेन पूजा के रूप में विकसित हुई जो आज भी बस्तर के आदिवासी समाज में गहराई से प्रचलित है।

समग्रत: देखा जाए तो बस्तर का धार्मिक प्रवाह केवल किसी एक धर्म का इतिहास नहीं है बल्कि यह संस्कृति, आस्था एवं जीवनदर्शन का संगम है। यहाँ शिव केवल एक देवता नहीं बल्कि लोकजीवन की निरंतरता, सृजन एवं विनाश के संतुलन का प्रतीक बनकर उपस्थित हैं। बस्तर के पर्वों, परंपराओं एवं लोककथाओं में शिव की सर्वव्यापकता इस तथ्य को पुष्ट करती है कि यह क्षेत्र सदियों से आस्था एवं आध्यात्मिकता का जीवंत केंद्र रहा है।

लेख के प्रमुख निष्कर्ष के अनुसार;

1. बस्तर में शैवधर्म का प्रसार नल काल से प्रारंभ होकर नागवंशीय काल में अपनी चरम सीमा तक पहुँचा जिससे यह क्षेत्र शैव संस्कृति का केंद्र बन गया।
2. राजाओं से लेकर आम जनता तक शिव उपासना का प्रसार दर्शाता है कि धर्म एवं सत्ता के बीच एक गहरा वैचारिक संबंध विद्यमान था।
3. लिंगोपेन पूजा प्राचीन शैव परंपरा की जनजातीय रूपांतरण है जिसने बस्तर के स्थानीय आस्था-संवेदनों को जीवित रखा।
4. धर्म एवं कला का अभिन्न संबंधा इस क्षेत्र की मूर्तिकला, स्थापत्य, शिलालेखों एवं लोकविश्वासों में स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है।
5. तांत्रिक एवं शाक्त प्रभावों ने शैव परंपरा को बहुआयामी स्वरूप दिया जिससे धार्मिकता के साथ-साथ सामाजिक एवं सांस्कृतिक चेतना का भी विकास हुआ।

अत: निष्कर्षत: कहा जा सकता है कि बस्तर में शैव धर्म का आस्थागत प्रवाह का ऐतिहासिक विकास केवल धार्मिक अध्याय नहीं है बल्कि यह लोकजीवन, सत्ता, संस्कृति एवं आध्यात्मिकता की परस्पर अंत:क्रिया का इतिहास है। शैवधर्म के माध्यम से यह क्षेत्र भारतीय धार्मिक परंपरा की उस निरंतरता का प्रतीक बनता है जो विविधता में एकता एवं आस्था में मानवता की भावना को सदियों से जीवित रखे हुए है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. व्यक्तिगत शोध के आधार पर।

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LI (51), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# बस्तर दशहरा संस्कृति, भक्ति और विरासत का उत्सव

**डॉ . जितेन्द्र कुमार मानकर***

* अतिथि प्राध्यापक (इतिहास) बी.सी.एस.शा.स्नाकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी (छ.ग) भारत

**प्रस्तावना –** बस्तर दशहरा सिर्फ एक त्यौहार नहीं है, यह एक गहन सांस्कृति और आध्यात्मिक अनुभव है, जो छत्तीगसढ़ के बस्तर क्षेत्र में 600 से भी ज्यादा वर्षो से मनाया जा रहा है। दुनिया के सबसे लम्बे त्यौहारों में से एक के रूप में जाना जाने वाला यह त्यौहार स्थानीय जनजातियों और अतीत के शासकों, राजवंशों के इतिहास परम्पराओं और मान्यताओं से गहराई से जुड़ा हुआ है। बस्तर दशहरा की उत्पत्ति इस क्षेत्र की अधिष्ठात्री देवी मां दंतेश्वरी की पूजा से गहराई से जुड़ी हुई। यह उत्सव मां दंतेश्वरी को समर्पित अनुष्ठानों के साथ शुरू होकर इसी के साथ समाप्त भी होता है, जो बस्तर के लोगों और उनकी कुलदेवी के बीच गहरे संबंध का प्रतीत है। इस उत्सव का इतिहास 10वीं सदी का है, जब गंग वंश के राजाओं ने इस क्षेत्र पर शासन किया था। समय के साथ यह उत्सव विकसित हुआ। नाग और काकतीय राजवंशों के प्रभावों को आत्मसात किया, जिन्होंने बस्तर दशहरा के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक स्वरूप में योगदान दिया।

**उत्पत्ति का इतिहास –** बस्तर दशहरा 13वीं सदी में चौथे काकतीय राजा पुरूषोत्तम देव के शासन काल में शुरू हुआ था, जब वे जगन्नाथ पुरी से एक रथ और रथपति की उपाधि लेकर बस्तर लौटे थे। यह उत्सव राम–रावण युद्ध पर केन्द्रित ना होकर, क्षेत्र की अधिष्ठात्री देवी मां दंतेश्वरी को समर्पित है और इसमें 75 दिनों तक चलने वाली विभिन्न पारंपरिक रस्में और देवताओं की यात्राएँ होती है, जो स्थानीय समुदाय और देवाताओं के बीच गहरे संबंध का प्रतीक है।

**उत्सव का स्वरूप**

**विस्तार –** बस्तर दशहरा भारत का सबसे लंबा चलने वाला त्यौहार माना जाता है, जो 75 दिनों तक चलता है।

**उद्देश्य –** यह त्यौहार रावण के पुतले के दहन के बजाय देवी दंतेश्वरी और बस्तर अंचल के अन्य स्थानीय देवी–देवताओं का सम्मान करने और उन्हें एक साथ लाने के लिए मनाया जाता है।

**रस्में –** उत्सव के दौरान कई पारंपरिक रस्में होती है, जिसमें देवी–देवताओं के रथों की यात्रा, बलि प्रथा, (आधी रात को निशा यात्रा में बलि दी जाती है) और सामुदायिक कार्य शामिल है, जिसमें जोगी बिठाई, काछिन गादी, मावली परघाव, रेला पूजा, बाहर रैनी, मुरिया दरबार आदि प्रमुख है।

**बस्तर दशहरा पूजा विधान :**

**पाट जात्रा –** बस्तर दशहरा का विधिवत् शुभारंभ श्रावण मास के अमावस्या से अर्थात् हरियाली अमावस्या से प्रारंभ होता है। इस दिन प्रतिवर्ष रथ यात्रा के लिए रथ निर्माण किया जाता है। नवीन रथ निर्माण के लिए 'ठुरलु खोटला' लकड़ी व सरगी लकड़ी का बड़ा–बड़ा टुकड़ा लाया जाता है। रथ को बनाने में उपयोग किये जाने वाले सभी औजारों की पूजा की जाती है, इसके साथ बलि विधान भी किया जाता है।

**डेरी गड़ाई पूजा –**पाट जात्रा के पश्चात् 'डेरी–गड़ाई' रस्म पूरी होती है। इसे स्तम्भारोपण भी कहा जाता है। यह सरगी (साल) वृक्ष की दो प्रजाति की डेरी, स्तंभनुमा लकड़ी का लगभग 09–10 फुट का ऊंचा लट्ठा होता है। मान्यता है कि डेरी गड़ाई से दशहरा निर्विघ्न सम्पन्न होता है।

**काछिन गादी –** काछिन गादी से तात्पर्य है कि 'काछिन देवी की गद्दी' जो कि नुकीले–नुकीले बेल के कांटो से सजी व बनी होती है। काछिन देवी को रण–देवी भी कहा जाता है, प्रचलित परम्परा के अनुसार यहा निम्न जाति जाति–समुदायों में मिरगान जातियों की काछन देवी इष्ट देवी मानी जाती है, विधिवत मिरगान पनिका, जाति की एक कन्या का चयन करके आश्विन मास की अमावस्या को दंतेश्वरी व मावली माता की पूजा पूजा–अर्चना करके कन्या को गद्दी पर बैठाया जाता है। बस्तर के राजा द्धारा काछिन देवी के सामने झुककर बस्तर दशहरा के निर्विघ्न सम्पन्न होने की अर्जी की जाती है। इससे प्रसन्न होकर आज्ञा स्वरूप काछिन देवी राजा के ऊपर पुष्प वर्षा करके अनुमति प्रदान करती है।

**काछन जात्रा पूजा विधान –** आश्विन शुक्ल 12 को काछन जात्रा पूजा विधान का आयोजन भंगाराम चौक के पास करीब दिन के 01 बजे किया जाता है। यह पूजा दशहरा के सही सलामत (निर्विघ्न) सम्पन्न होने के लिए की जाती है। इस प्रथा में सूअर की बलि दी जाती है।

**रेला पूजा–** बस्तर दशहरे में अनेक ऐतिहासिक रस्में निभायी जाती है, जिसमें काछिन गादी के बाद मिरगान जाति की महिलाएँ और राज परिवार के लोग रैला पूजा करती हैं। रैला पूजा कांकतीय वंशी अन्नमदेव की बहन राजकुमारी रैला की करूणामयी व हदय स्पशी दंत कथा से जुड़ा है। रैला पूता में राजकुमारी रैला देवी का श्राद्ध कर्म किया जाता है। इस श्राद्धकर्म में मिरगानी महिलाएँ आज भी रैला देवी के प्रति शोक गीत (रैला–रैला करके) गीत तथा शोक व्यक्त करते हैं।

**कलश स्थापना पूजा विधान –** बस्तर की आराध्य देवी दंतेश्वरी माई के दरबार में नवरात्र में बस्तर अंचल में पिछले 40 वर्षो से लोग अपनी आस्था व मनोकामना की पूर्ति के लिए ज्योत लगातार जला रहे है, पहले केवल राज परिवार के नाम से एक मात्र दीप प्रज्जवलित किया जाता था।

**जोगी बिठाई विधान–** एक किवंदती के अनुसार पूर्व में दशहरा के अवसर पर एक आदिवासी व्यक्ति दशहरा निर्विघ्न सम्पन्न होने की कामना को लेकर राजमहल के समीप बैठ गया था, कुछ समय पश्चात् वह जमीन धंस गया था, बस्तर राजा के द्वारा इन्हें जोगी का पद दिया गया, तब से आमाबाल के इस परिवार के लोगी पीढ़ी–दर–पीढ़ी अपने नाम के आगे जोगी जोड़ते हैं। इसी परिवार से प्रत्येक वर्ष कोई पुरूष सिरहासार भवन में जोगी बिठाई रस्म पूरा करता है।

**बेल पूजा तथा मां दंतेश्वरी को न्यौता –** परम्परा अनुसार बस्तर के लोग ग्राम सरगीपाल को मां दुर्गा वास स्थान मानते हैं। बस्तर दशहरा में शामिल होने के लिए राजपरिवार, पुजारी व मांझी–चालकी संहित सरगीपाल पहुंचते हैं। परम्परानुसार बेल की पूजा व बकरे की बली दी जाती है।

**न्यौता –** महापर्व बस्तर दशहरा में शामिल होने के लिए मां दंतेश्वरी (मावली माता) को परम्परानुसार निमंत्रण दिया जाता है।

**मावली माता का आगमन –** आश्विन शुक्ल पक्ष अष्ठमी को देर रात 'जिया–डेरा' (जगदलपुर) में मावली माता का आगमन होता है। जिया–डेरा पर रूकने के लिए स्थान दिया जाता है।

**मावली परघाव पूजा –** बस्तर दशहरा में मावली परघाव का दृश्य विशेष होता है, जो कि अति उत्साह पूर्व और आनंद–दायक होता है। डोली को सम्मान पूर्वक आतिथ्य दिया जाता है। शाम को भाई जी डोली को जिया (पुजारी) के द्वारा सुकमा, कुटरू, पुरि, पट्टनम, के जींदारों के कंधों पर डोली राजा व राज परिवार के लोग अपने कंधो पर उठा कर माता का सम्मान करते हैं। माता के पथ पर बहुत से फूल बिछाएँ जाते हैं। भाई जी की डोली को दंतेश्वरी मंदिर तक पहुंचाया जाता है।

**नवरात्र पूजा एवं रथ परिक्रमा –** जोगी बिठाई के पश्चात् आश्विन शुक्ल द्वितीय से आश्विन शुक्ल सप्तमी तक बस्तर दशहरा अपना नवरात्रि का कार्यक्रम आरंभ करता है।

बस्तर दशहरा में रथ परिक्रमा का एक अनूठा रहस्य है। इस परम्परा में चार पहिये के रथ को 'फूल रथ' कहा जाता है। इस रथ को चलाने से पहले पूजा अर्चना की रस्में होती है, जिसमें चांवल, अगरबत्ती, नारियल, काले व लाल बकरा तथा मोंगरी मछली व सामने के दोनों पहियों के पास एक–एक अण्डा रखा जाता है। इसके बाद बस्तर अंचल से आए धुरवा तथा मुरिया लोगों के द्वारा रथ खींचा जाता है। रथ जगन्नाथ मंदिर के सामने लाकर खड़ा किया जाता है। विधि विधान के साथ मां दंतेश्वरी के छत्र को सीढ़ी द्वारा रथ पर रथारूढ़किया जाता है। जगन्नाथ मंदिर से पनारिन हराबाई रथ पर फूल फेंक कर भाई जी के छत्र की नजर उतारती है, इसके बाद पांच पुलिस बलों द्वारा रथ की सलामी दी जाती है। इसके साथ ही रथ परिक्रमा प्रारंभ होती है

**निशा जात्रा पूजा विधान –** बस्तर दशहरा यह प्रथा, तांत्रिक साधना से संबंध रखती है। निशा जात्रा रात्रिकालीन पूजा विधान है। यहाँ निशा का अर्थ रात्रि तथा जात्रा से तात्पर्य 'पूजा–पाठ' से लगाया जाता है। उल्लेख है कि प्राचीन बस्तर तंत्र साधना का एक निश्चित उपासनालय रहा है। यहाँ पूजा विधान में बलि प्रथा आम रहा है।

**कुंवारी पूजा विधान –** कुंवारी पूजा विधान एक ऐसा अनूठा रहस्य है, जो रामायण, महाभारत जैसे ग्रन्थ से संबंध जोड़ता है। यह विधान दंतेश्वरी मंदिर में सम्पन्न होता है।

**जोगी उठाई–पूजा विधान –** जब से जोगी बैठता है, तब से लोग दर्शन करने बड़ी संख्या में श्रद्धा से आते हैं।

अंत में नवें दिन जोगी उठाई रस्म पूर्ण की जाती है। दंतेश्वरी माई के छत्र के साथ मुण्डा बाजा, मांझी चालकी, नाईक व बस्तर दशहरा समिति के सदस्यों के साथ सिरहासार भवन में आते हैं। पुजारियों द्वारा धन्यवाद स्वरूप पूजा–अर्चना कर एक बकरे की बलि दी जाती है। उसके बाद जोगी को सगे संबंधी हाथ पकड़कर उठाते हैं।

**बाहर रैनी –** परम्परानुसार 'बाहर रैनी' के दिन राजा विजय रथ को ढुंढते हुए कुम्हड़ा कोट पहुंचते हैं, जहाँ पर विभिन्न स्थानों से आये पुजारीगण एवं ग्राम देवी–देवताएँ छत्रों के साथ मौजूद रहते हैं, इस दिन (एकादशी) पर फसल पकने के उपलक्ष्य में राजा द्वारा विधि–विधान से पूजा–अर्चना करके इष्ट देवी–देवताओं को नया अन्न अर्पित किया जाता है, इसे ही 'नवाखाई' या 'नुआखाई' कहा जाता है। प्रसाद के रूप में खीर–भात व पूरी का वितरण होता है।

**भीतर रैनी –** विजयदक्ष्मी के दिन भीतर रैनी का कार्यक्रम सम्पन्न होता है। इसमें माई दंतेश्वरी शहर में उपस्थित विभिन्न देवी–देवताओं से और बाहर गांव से आये विभिन्न देवी–देवताओं से मुलाकात करती है। यहाँ रथ 08 चक्कों का होता है, जो विजय रथ का प्रतीक माना जाता है। इसी के साथ देर रात में रथ को चोरी करके कुम्हड़ा कोट के जंगल में ले जाकर छुपा दिया जाता है।

**मुरिया दरबार –** तत्कालीन समय में अब तक होते आ रहे, मुरिया दरबार का महत्व बस्तर दशहरा में महत्वपूर्ण है। यह दरबार आश्विन शुक्ल 12 को शाम 'सिरहासार' भवन में लगभग 05 बजे से ग्रामीण तथा शहरी मुखिया की आम सभा लगती थी, जिसे मुरिया दरबार कहा जाता था। इस दौरान राजा स्वयं प्रजा के सुख–दु:ख को सुनने के लिए उपस्थित रहते थे। मुरिया दरबार का सूत्रपात 08 मार्च 1876 को पहली बार हुआ था। अब केवल प्रशासनिक औपचारिकता मात्र रह गया है।

**कुटुम्ब जात्रा –** बस्तर दशहरा पर्व के निर्विघ्न संपन्न होने के उपरांत आश्विन शुक्ल 13 को कुटुम्ब जात्रा पूजा–विधान का आयोजन किया जाता है। इसका मुख्य कारण विभिन्न प्रांतो से आये देवी–देवताओं को यहाँ से वापस खुशी–खुशी अपने क्षेत्र को विदा होने के कुटुम्ब जात्रा का आयोजन किया जाता है।

**माई दंतेश्वरी (मावली माता) की बिदाई व बस्तर दशहरे का समापन –** बस्तर दशहरा के इस परम्परागत् पर्व के अंतिम चरण में मावली माता (दंतेश्वरी) के बिदाई समारोह के साथ बस्तर दशहरा समापन होता है, इस मौके पर माई दंतेश्वरी के मंदिर में विधि–विधान के साथ सभी प्रमुख देवीयों का पूजा–विधान कर अभार ज्ञापित करते हुए बलि दी जाती है। माई जी को बंदूक की गोलियों से पुलिस सलामी दी जाती है। आरती के पश्चात् भेंट देकर लोग अंतिम दर्शन करते हैं। इसके बाद मावली माता की छत्र (डोली) को नियमानुसार सिंह द्वार से जिया डेरा तक महाराजा परिवार और पुजारीगण अपने कंधों पर लेकर पहुंचाते हैं, डोली के सामने मुण्डा बाजा बजता रहता है, और जिया डेरा में कुछ समय पश्चात् वाहनों की सहायता से मावली माता (छत्र) डोली को दंतेवाड़ा की ओर पुजारी सहित रवाना की जाती है और दंतेश्वरी माई को अंतिम विदाई दी जाती है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :–**

1. बस्तर का जिला गजेटियर (1986) म.प्र. शासन।
2. वेरियर ऐल्विन (1947 दमुरिया एण्ड देयर, घोटुल, आक्सफोर्ड युनीर्वसिटी प्रेस।

3. शर्मा, एच.डी., ट्राइबल रिलिजियन एण्ड फेस्टिवल्स आफ बस्तर न्यू देल्ही कांसिप्ट पबलिशिंग कंपनी।
4. Bastar , govt. in (2022) Culture & Hearitage of Bastar District . govt of Chhattisgarh .
5. Tribal Research Institute (2021) Cultural- Paracties of Bastar Tribes Raipur
6. राधाकृष्णन, डी. टी., बस्तर दशहरा का मोनोग्राफ अध्यापन 2014 – 15 आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, रायपुर. छ.ग.।
7. सिंह, डॉ. मिथलेस डॉ. आभा आर.पाल, बस्तर दशहरा, शिवालिक प्रकाशन दिल्ली, 2025
8. लाला, जगदलपुरी, बस्तर का इतिहास एवं संस्कृति ग्रंथ अकादमी भोपाल, 1956
9. शुक्ल, हीरा लाल, प्राचीन बस्तर , नागपुर, 1998
10. शुक्ल, हीरा लाल, प्राचीन बस्तर, दण्डकारण्य का सांस्कृतिक इतिहास, विश्व भारती, नागपुर, 1986
11. बेहार, राम कुमार, बस्तर एक अध्ययन, म.प्र हिन्दी ग्रंथ अकादमी, भोपाल, 1995

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LI (51), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# मनरेगा योजना से ग्रामीण समाज व्यवस्था में आये आर्थिक बदलाव का अध्ययन

**डॉ. निधि सिंह***

* समाजशास्त्र विभाग, बीसीएस गवर्नमेंट पीजी कॉलेज कॉलेज, धमतरी (छ.ग.) भारत

**शोध सारांश –** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना ग्रामीण समाज में आर्थिक एवं सामाजिक बदलाव करने पाने में काफी हद तक कारगार साबित हुई है। ग्रामीण अंचलों में जारी ग्रामीण विकास विभाग की मनरेगा योजना से ग्रामीणों को रोजगार की गारंटी के साथ-साथ उनके सामाजिक बदलाव कर पाने में काफी हद तक महत्वपूर्ण हुई।

**शब्द कुंजी** – महिला सशक्तिकरण, ग्रामीण विकास, पंचवर्षीय योजनाएँ।

**प्रस्तावना –** आजादी के बाद छह दशक बाद भी ग्रामीण विकास की जटिल चुनौतियां भारत के लिए चिंता का विषय रही हैं। विभिन्ना पंचवर्षीय योजनाओं में गरीबी-उन्मूलन और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर एवं विकास के अनेक प्रयासों के बावजूद समस्याएं बरकरार हैं। लगभग सवा अरब की आबादी वाले देश का ऐसी जटिलताओं से उबरना अत्यंत आवश्यक है। इस दिशा में **राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, 2005 (मनरेगा)** ने कम समय में अपनी प्रासंगिकता एवं दीर्घकालिक उपयोगिता प्रमाणित की है। सभी गरीब ग्रामीण परिवारों को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाते हुए सर्वाधिक वंचित लोगों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना इस कानून का बुनियादी लक्ष्य है और मनरेगा को इस लक्ष्य की प्राप्ति में अभूतपूर्व सफलता मिली है। मनरेगा से बन रहे सामाजिक सुरक्षा के परिवेश में करोड़ों ग्रामीण भारतीयों के जीवन में बदलाव की संभावना पैदा हुई है। यह बदलाव मनरेगा के साथ अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं एवं कार्यक्रमों के समन्वय द्वारा बड़े स्तर पर लाना संभव है।

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, जिसे महात्मा गांधी नरेगा कहा जाता है, विश्व में अग्रणी अधिकार आधारित विधानों में से एक है। हाल ही के **यूएनडीपी ग्लोबल डेवलपमेंट रिपोर्ट (जीआरडीआर, 2015)** में विश्व में किए जा रहे सामाजिक सुरक्षा उपायों में हुई उपलब्धियों में महात्मा गांधी नरेगा का उल्लेख किया गया है, जिसकी तुलना बांग्लादेश में सार्वजनिक परिसंपत्तियों के लिए ग्रामीण रोजगार (केवल ऐसे परिवारों के लिए जिनकी मुखिया गरीब महिलाएँ हैं), अर्जेंटीना में जेफेस डी होगर और नेपाल में द लिमिटेड कर्नाली इंप्लॉयमेंट प्रोग्राम जैंसी समतुल्य योजनाओं से की जा सकती है। लाभार्थियों के समावेशी मानदंड की दृष्टि से **बांग्लादेश और नेपाल** में चलाए जा रहे इन कार्यक्रमों का दायरा सीमित है।

**मनरेगा से ग्रामीण रोजगार –** भारत में निर्धनता का एक प्रमुख कारण बेरोजगारी भी है। यहाँ 100 दिन के न्यूनतम रोजगार की गारंटी और इसमें भ्रष्टाचार का न होना पिछली सरकार की कामयाबी ही कही जा सकती है। सरकार की इस योजना से गांव के बेरोजगारों को सीधो फायदा पहुंचा। एनआरईजीए का मुख्य उद्देश्य रोजगार की मांग को पूरा करना है। रोजगार मांगने वाले परिवारों की संख्या 2.12 करोड़ रही है और 2.10 करोड़ परिवारों को रोजगार उपलब्ध कराया गया है। इस योजना की कामयाबी भी साबित हो चुकी है जिसके प्रकार ये हैं:- इंडिया डेवलपमेंट फाउंडेशन की स्टडी से पता चला है कि जिन जिलों में रोजगार गारंटी योजना लागू की गई, वहां खाने के सामान की महंगाई उन जिलों के मुकाबले ज्यादा थी, जहां योजना लागू नहीं की गई थी। इससे साबित होता है कि इस योजना ने ग्रामीण क्षेत्र के गरीबों को खर्च करनेकी ताकत दी है। पंजाब में दूसरे राज्यों से मजदूर अब नहीं आ रहे। यहां बिहार से पहले बड़ी संख्या में मजदूर आते थे। मजदूरों के बिहार में रहने को नरेगा की कामयाबी माना जा रहा है।

**मनरेगा से पलायन एवं बंधुआ मजदूरों में कमी –** ग्रामीण क्षेत्रों में पलायन एवं बंधुआ मजदूरी की विकट समस्या है और यह स्थिति तो ग्रामीण आदिवासी क्षेत्रों में और भी अधिक भयावह है। ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले छोटे किसान जिनके पास या तो भूमि का अभाव है या सिंचाई के साधनों का अभाव है वह इस स्थिति में परिवार के पालन के लिए मजदूरी करते है लेकिन स्थानीय स्तर पर अधिक काम के अभाव में या तो वह बड़े शहरों की ओर रूख करते है या किसी अन्य बड़े परिवार के घरों में बंधुआ मजदूरी करते है। वर्षों से यही परम्परा चली आ रही है लेकिन मनरेगा से स्थानीय स्तर पर काम मिलने की स्थिति से पलायन एवं बंधुआ मजदूरी में कमी देखने को मिली है।

**मनरेगा से महिला आर्थिक सशक्तिकरण –** ग्रामीण इलाकों पुरूषों की अपेक्षा कामकाजी महिलाएं कम हैं। खेतिहर एवं घरेलू महिला मजदूर हैं भी तो उन्हें मेहनताना भुगतान में भी भेदभाव होता है। गांवों में पारंपरिक रूप से चल रहे कार्यों में पुरूषों की अपेक्षा महिलाओं को कम मजदूरी दी जाती है। यही वजह है कि विभिन्न संगठनों की ओर से महिलाओं को समान मजदूरी देने की मांग की जा रही है। इस समस्या के निस्तारण के लिए केन्द्र सरकार की ओर महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना में बहुत ही बेहतर तरीका निकाला गया जिमसें 30 फीसदी काम महिलाओं को देने का प्रावधान

है। योजना के अनुसार महिला मजदूरों के छोटे बच्चों के लिये पालने तथा छाया की व्यवस्था भी किया जाने का प्रावधान है। जिससे महिलाएं बच्चों की देखरेख के साथ-साथ रोजगार भी हासिल कर लेती है। इस योजना अंतर्गत महिलाओं को पुरूषों की तरह ही 'जितना काम-उतना दाम' दिया जाने का प्रावधान किया गया, कार्यस्थल पर पीने का पानी तथा प्राथमिक उपचार की व्यवस्था भी ग्राम पंचायत के माध्यम से की जाती है।

**मनरेगा से कृषि उत्पादकता –** स्वतत्रंता प्राप्ति के बाद का समय भारतीय कृषि के विकास के इतिहास में एक महत्वपूर्ण मोड़ है। आंकड़ों से यह बात एकदम स्पष्ट है कि 1950 से पहले भारत में कृषि की विकास दर 0.5 प्रतिशत वार्षिक की अभूतपूर्व दर से बढ़ी। हालांकि जनसंख्या में भारी वृद्धि और बढ़ती हुई प्रति व्यक्ति आय को देखते हुए कृषि की विकास दर जरूरत से काफी कम है, फिर भी इससे पहले के युग के मुकाबले यह काफी महत्वपूर्ण है। 1951-61 के दौरान संस्थागत बदलाव, भूमि सुधार और सिंचाई की सुविधा के विस्तार पर विशेष जोर दिया गया। इस दौरान कृषि उत्पादन 3.1 प्रतिशत वार्षिक की औसत से बढ़ा तथा कृषि भूमि में 58 प्रतिशत वृद्धि हुई तथा कृषि पदार्थों की पैदावार में 42 प्रतिशत बढ़ोत्तरी हुई जबकि 1966-67 से 1984-85 की अवधि में कृषि उत्पादन 2.6 की दर से बढ़ा तथा उत्पादन में 75 प्रतिशत बढ़ोत्तरी हुई।

**मंदी से उबारने में मनरेगा की भूमिका –** प्रथम वर्ष में नरेगा में कुल 8823.35 करोड़ रुपये व्यय हुए जबकि प्रावधान 6000 करोड़ रुपये का था तथा 2.1 करोड़ परिवारों को रोजगार दिया जा सका। अगले वर्ष 2 मई, 2007 से यह योजना 330 जिलों तक विस्तारित हो गई तथा वर्ष 2007-08 में 15856.89 करोड़ रुपये व्यय हुए औ 3.39 करोड़ परिवारों को रोजगार दिया जा सका। यद्यपि नरेगा कानून 2005 में यह प्रावधान था कि इसे पांच वर्ष की अवधि में चरणबद्ध रूप से सभी ग्रामीण जिलों तक विस्तारित किया जाएगा किन्तु योजना की सफलता एवं उपयोगिता को देखते हुए इसे 01 अप्रैल, 2008 से देश के सभी 614 ग्रामीण जिलों तक विस्तारित कर दिया गया तथा इस वर्ष में लगभग 25,000 करोड़ रुपये नरेगा पर व्यय हुए। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2017-18 हेतु नरेगा में 47.499 करोड़ रुपये का वित्तीय प्रावधान रखा गया है। नरेगा के अन्तर्गत वर्तमान में 11.91 करोड़ व्यक्ति जॉब कार्डधारक है।

**मनरेगा में परिसंपत्तियों का सृजन –** परिसंत्तियों पर आंकड़ा-आधार के सृजन हेतु एक व्यवस्थित प्रक्रिया की शुरूआत की गई है। इस पद्धति में मोबाइल आधारित जियो टैगिंग सूचना प्रणाली आधारित भौगोलिक सूचना प्रणाली (जी0आई0एस.) के संबंध में प्रौद्योगिकीय माध्यम को अपनाया गया है। 24 जनू, 2016 को मनरेगा के तहत सृजित परिसंत्तियों की जियो-टैगिंग हेतु ग्रामीण विकास विकाग (डी.ओ.आर.डी.) ग्रामीण विकास मंत्रालय (एम.ओ.आर.डी.) नई दिल्ली एवं राष्ट्रीय सुदूर संवेदन केन्द्र (एन.आर.एस.सी.) इसरो हैदराबाद के बीच एक समझौता ज्ञापन (एम.ओ.यू.) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। एन.आर.एस.सी. द्वारा महात्मा गांधी नरेगा के तहत भुवन जियो-पोर्टल पर भू-स्थानिक समाधार एवं मोबाईल आधारित जियो-टैगिंग अनुप्रयोगों का विकास किया जाएगा। संपूर्ण कार्यान्वयन को तीन चरणों में करने की योजना बनायी गई है और ज्ञापन में कार्यान्वयन का प्रथम चरण शामिल है। अगले चरणों में भू-सूचना का प्रयोग करते हुए राष्ट्रीय स्तर की मनरेगा के साथ-साथ नागरिक आधारित सूचना को सक्षम बनाने का लक्ष्य है।

नरेगा को प्रस्तावित ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरईजीए) के साथ जोड़ने की भी आवश्यकता है जिसमें ऐसे लोगों को शामिल किया जाएगा जिन्होंने प्रस्ताविक एनआरएलएम के कार्यक्षेत्र में पिछले तीन से अधिक वर्षों तक नरेगा के तहत कार्य किया है। इससे ग्रामीण गरीबों की दक्षता को बढ़ाया जा सकेगा और उन्हें स्वरोजगार प्रदान किया जा सकेगा। नरेगा और एनआरएलएम के विलय तथा दक्षता विकास से ग्रामीण गरीबों की समस्याओं को कम करने में मदद मिलेगी और वे सम्मानपूर्वक जीवन व्यतीत कर सकेंगे।

**आवश्यक सुझाव –** इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है कि मनरेगा योजना से ग्रामीण विकास को नवीन आयाम मिला है और ग्रामीण क्षेत्र के प्रत्येक दिशाओं में बदलाव आया है जिससे यह योजना देश ही नही वरन् पूरे विश्व में ग्रामीण विकास की महत्वपूर्ण योजनाओं में शामिल हो गई है और इसके विस्तार के लिए सुझाव भी दिये जा सकते है :

- नरेगा के अंतर्गत शासन और कार्यान्वयन प्रक्रिया का पुनर्मूल्यांकन भी करना होगा। पंचायती राज संस्थाओं को नरेगा शासन में व्यापक भूमिका निभानी होगी। नरेगा में पारदर्शी प्रभावी शासन के अगले चरण का सृजन करने के लिए हम नरेगा को यूआईडी (अद्वितीय पहचान) पहल के साथ जोड़ रहे हैं। जागरुकता की कमी, कामगारों द्वारा लिखित में आवेदन (नौकरी के लिए) न दे पाने, मजदूरी का देरी से भुगतान करने, मस्टर रोल का रखरखाव न करने और कार्यक्रम के अंतर्गत सृजित घटिया परिसंपत्तियां कुछेक ऐसे कार्यान्वयन मुद्दे हैं जिनका भ्रष्टाचार उन्मूलन की दृष्टि से समाधान किए जाने की जरूरत है।
- आंकडो के अनुसार ग्रामीण क्षेत्र में पक्के मकान का अभाव है जबकि व्यक्ति की आवश्यकताओं में मकान भी महत्वपूर्ण है। अत: योजना अंतर्गत ऐसा प्रावधान हो कि ग्रामीण क्षेत्रों में उपयुक्त व्यक्ति को पक्के मकान का लाभ मनरेगा से किया जा सके।
- ग्रामीण विकास की योजनाओं में पक्के निर्माण कार्य मनरेगा योजना के सहयोग (कन्वरजेंस) से किये जाते है लेकिन ऐसे कार्य में एजेंसी (ग्राम पंचायत) रूचि नहीं लेती है, क्योंकि मनरेगा योजना से केवल मजदूरी की राशि का भुगतान होता है। दो योजनाओं से मिलकर होने वाले कार्यों में योजनाओं की भिन्नताओं के कारण कनवरजेन्स से होने वाले कार्य समय पर पूरा नहीं होते है। अत: मनरेगा योजना में कन्वरजेंस की अपेक्षा सभी काम केवल मनरेगा योजना से पूर्ण किये जाने चाहिये।
- मनरेगा योजना को पारदर्शी बनाने के लिए सभी ऑनलाईन व्यवस्था की गई है। मस्टर से लेकर भुगतान तक की प्रक्रिया को डिजिटल बनाया जा रहा है लेकिन शिक्षा के अभाव में इसकों समझने वाले और आवश्यकता वाले ग्रामीण जनों में शिक्षा का अभाव है। मनरेगा योजनान्तर्गत योजना से संबंधी आवश्यक प्रशिक्षण या जागरूकता संबंधी कार्यशालाओं का आयोजन किया जाये जिससे आमजन इसे आसानी से समझ सके।
- राष्ट्रीय रोजगार गांरटी अधिनियम और इसकी प्रक्रिया के प्रभावी कार्यान्वयन की आवश्यकता पर जोर दिया जाना चाहिये। ई-शासन के नए मॉडल के रूप में नरेगा को परिभाषित करते हुए ग्रामीण गरीबों के लाभ के लिए प्रौद्योगिकी को इससे जोड़ने की जरूरत पर बल दिये जाने की आवश्यकता है। इसके साथ ही मजदूरी का भुगतान समय पर करने, नरेगा के संभावित लाभ का विस्तार करने तथा अधिनियम की योजना और कार्यान्वयन के लिए प्रमुख प्राधिकारियों के रूप में पंचायतों की भूमिका को

सुदृढ़ किया जाना चाहिये।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. पंचायती राज अपडेट, (डॉ.वजीर सिंह, मनरेगा ने करोड़ों ग्रामीण भारतीयों में जगाई नई उम्मीद), मार्च, 2015
**व्रत उपवास –** गर्भवती महिलाओं को परिवार वालों द्वारा व्रत उपवास के लिए दबाव बनाने की स्थिति में पाया गया है कि 21 प्रतिशत महिलाओं ने बताया की उनके परिवार वाले व्रत उपवास के लिए दबाव बनाते है और 57 प्रतिशत महिलाओं के अनुसार उनके परिवार वाले व्रत उपवास के लिए दबाव नहीं बनाते है जबकि 22 प्रतिशत महिलाओं ने कोई भी जवाब नहीं दिया। इस प्रकार स्पष्ट होता है कि जहाँ एक ओर परम्परागत मान्यताएँ अभी भी कुछ परिवारों में प्रभावी हैं, वहीं दूसरी ओर स्वास्थ्य के प्रति बढ़ती जागरूकता के कारण कई परिवार गर्भवती महिलाओं को व्रत–उपवास के लिए बाध्य नहीं करते हैं। बढ़ती स्वास्थ्य जागरूकता, चिकित्सकीय सलाह का पालन तथा गर्भावस्था में पोषण की आवश्यकता के प्रति समझ का विकसित होना हो सकता है।

**थकान या कमजोरी –** गर्भवती महिलाओं में रक्ताल्पता के कारण थकान या कमजोरी अनुभव करने की स्थिति पर प्राप्त आंकड़ों से स्पष्ट होता है कि 45 प्रतिशत महिलाओं ने बताया कि उन्हें थकान या कमजोरी का अनुभव होता है, जबकि 40 प्रतिशत महिलाओं के अनुसार उन्हें इस प्रकार की कोई समस्या नहीं होती है तथा 15 प्रतिशत महिलाओं ने कोई उत्तर नहीं दिया। इस प्रकार, यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि गर्भवती महिलाओं में रक्ताल्पता के कारण थकान एवं कमजोरी एक सामान्य समस्या है, जिसे संतुलित पोषण, नियमित जांच एवं उचित स्वास्थ्य सेवाओं के माध्यम से काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है।

**निष्कर्ष –** उदयपुर की शहरी गर्भवती महिलाओं में रक्ताल्पता एक गंभीर समस्या बनी हुई है। इसके समाधान के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है जिसमें पोषण, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं का समन्वय शामिल हो।

82 प्रतिशत महिलाओं ने आँगनवाड़ी और स्वास्थ्य केन्द्र पर पंजीकरण करवाया है और 6 प्रतिशत महिलाओं ने आँगनवाड़ी और स्वास्थ्य केन्द्र पर पंजीकरण नहीं करवाया है।

75 प्रतिशत महिलाओं ने नियमित रूप से स्वास्थ्य जाँच करवायी है, जबकि 15 प्रतिशत महिलाओं ने स्वास्थ्य जाँच नहीं करवायी है।

केवल 38 प्रतिशत महिलाओं ने भोजन संबंधी परामर्श का पालन किया, जबकि 42 प्रतिशत महिलाओं ने इसका पालन नहीं किया है।

38 प्रतिशत महिलाओं ने आयरन फोलिक ऐसिड की गोलियों का नियमित रूप से सेवन किया, जबकि 42 प्रतिशत महिलाओं ने इन गोलियों का सेवन नहीं किया है।

सामान्य वर्ग की 4, अन्य पिछड़ा वर्ग की 6, अनुसूचित जाति की 5 तथा अनुसूचित जनजाति की 8 महिलाओं सहित कुल 23 प्रतिशत महिलाएँ कार्य अधिक होने के कारण समय पर एवं पर्याप्त भोजन नहीं कर पाती हैं।

11, अन्य पिछड़ा वर्ग की 13, अनुसूचित जाति की 12 तथा अनुसूचित जनजाति की 9 महिलाओं सहित कुल 45 प्रतिशत महिलाएँ ही परिवार के साथ रात का भोजन करती हैं।

21 प्रतिशत महिलाओं ने बताया की उनके परिवार वाले व्रत उपवास के लिए दबाव बनाते है और 57 प्रतिशत महिलाओं के अनुसार उनके परिवार वाले व्रत उपवास के लिए दबाव नहीं बनाते है।

45 प्रतिशत महिलाओं ने बताया कि उन्हें थकान या कमजोरी का अनुभव होता है, जबकि 40 प्रतिशत महिलाओं के अनुसार उन्हें इस प्रकार की कोई समस्या नहीं होती है।

**सुझाव :**

1. गर्भवती महिलाओं के लिए नियमित स्वास्थ्य जाँच सुनिश्चित की जाए।
2. आयरन एवं फोलिक एसिड सप्लीमेंट्स का वितरण और निगरानी बढ़ाई जाए।
3. पोषण शिक्षा कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए।
4. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत जागरूकता अभियान चलाए जाएँ।
5. आंगनवाड़ी एवं आशा कार्यकर्ताओं की भूमिका को सशक्त किया जाए।

**संदर्भ**

1. विश्व स्वास्थ्य संगठन (2021). Anaemia in Pregnancy Report.
2. राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (NFHS–5, 2019–21).
3. स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय. Maternal Health Guidelines.
4. Balarajan, Y. et al. (2011). Anaemia in low-income countries. The Lancet.

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LI (51), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# कामकाजी महिलाओं की एकाग्रता और आत्म-विश्वास पर योग प्रशिक्षण कार्यक्रम की प्रभावशीलता का अध्ययन

**डॉ. दिलीप सिंह चौहान* शीतल खण्डेलवाल****

* सहायक आचार्य (शिक्षा) जनार्दन राय नगर राजस्थान विद्यापीठ (डीम्ड -टू-बी) विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत
** पीएच.डी. शोधार्थी (शारीरिक शिक्षा) जनार्दन राय नगर राजस्थान विद्यापीठ (डीम्ड-टू-बी) विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत

**शोध सारांश –**प्रस्तुत शोध का शीर्षक कामकाजी महिलाओं की शारीरिक क्षमता, एकाग्रता और आत्मविश्वास पर योग प्रशिक्षण कार्यक्रम की प्रभावशीलता का अध्ययन करना था। शोधकर्ता ने योग प्रशिक्षण कार्यक्रम की रचना करके कामकाजी महिलाओं की शारीरिक क्षमता, एकाग्रता व आत्म-विश्वास मापन के उद्धेश्य से इस शोध कार्य को किया था। योग प्रशिक्षण का प्रभाव कामकाजी महिलाओं पर प्रायोगिक शोध करके कामकाजी महिलाओं की शारीरिक क्षमता, एकाग्रता तथा आत्म-विश्वास पर प्रभाव का पता करना था। प्रस्तुत शोध कार्य में व्यापविश्व के लिए इस शोध कार्य में उदयपुर शहर की कामकाजी महिलाओं का चयन किया गया था। इन कामकाजी महिलाओं की आयु 30-45 वर्ष के बीच होगी। इस शोध कार्य में प्रायोगिक पद्धति का प्रयोग मे लिया गया था। जिसमें पूर्व परीक्षण लेने के पश्चात् 12 सप्ताह का योग प्रशिक्षण दिया गया उसके पश्चात् पुन: प्रशिक्षण लिया गया था। जससे प्राप्त आंकड़ों का विश्लेषण करने के लिए 'टी' टेस्ट का प्रयोग किया गया था। 0.05 स्तर से सार्थकता की जांच की गई थी, इस आधार पर जो निष्कर्ष एवं परिणाम जो प्राप्त हुए है जो नीचे प्रस्तुत है।

**प्रस्तावना –** आज के इस प्रतियोगी समय में मनुष्य बहुत ही अधिक दौड़-धूप करता है। और स्वयं के संतोष के लिए सारा दिन मेहनत करता रहता है। व्यक्ति रोज अपने स्वास्थ्य को ठीक रखने के लिए सुबह सुबह योग व्यायाम, एरोबिक्स, खेलकूद की गतिविधिया करता रहता है। इस आधुनिक युग में व्यक्ति को अपने कार्य क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए सफलता तथा उच्च परिणाम को प्राप्त करने के लिए अति आवश्यक है। इसके लिए शारीरिक क्षमता, कौशल्य विकास, एकाग्रता तथा आत्म-विकास ये मनव मात्र की प्राथमिक आवश्यकता है। तथा अच्छा स्वास्थ्य तथा कार्य क्षेत्र में टीके रहने के लिए अति आवश्यक एवं उपयोगी है।

**संबंधित साहित्य का अध्ययन**

तरैया (2014) योग प्रशिक्षण काशारीरिक शिक्षक एवं अन्य शिक्षकों पर तनाव का प्रभाव एक तुलनात्मक अध्ययन विषय पर शोध कार्य किया था। इस शोध का मुख्य उद्देश्य शारीरिक शिक्षक एवं अन्य शिक्षकों पर चिंता योग प्रशिक्षण का प्रभाव का पता करना था। प्रस्तुत शोध में राजकोट के 30 30 शिक्षकों का चयन किया गया था, 30 शारीरिक शिक्षक तथा 30 सामान्य शिक्षक थे। इस शोध को करने के लिए स्ट्रेस फूल लाइफ इवेंट्स प्रश्नावली का प्रयोग किया गया था। यह प्रायोगिक पद्यति का प्रयोग किया गया था। आँकडो का विश्लेषण एवं सांख्यिकरण में मध्यमान, विचलन, 'टी' परीक्षण जैसी आंकड़ों की प्रविधियाँ का प्रयोग किया था। निष्कर्ष शारीरिक शिक्षक के उपर योग प्रशिक्षण का प्रभाव अधिक देखने को मिला था।

रावलिया ने (2020) 'सूर्य नमस्कार प्रशिक्षण कार्यक्रम द्वारा मनोवैज्ञानिक चरों होने वाले प्रभाव' विषय पर शोध कार्य किया था। इसका उद्देश्य सूर्य नमस्कार प्रशिक्षण कार्यक्रम द्वारा मनोवैज्ञानिक चरों पर होने वाले प्रभाव का अध्ययन करना था, जिसमे 12 से 15 वर्ष के स्कूली विद्यार्थी चयनित किए गए थे। जो कक्षा 7,8,9 मे अध्ययनरत थे। इस शोध कार्य हेतु जो उपकरण प्रयोग में लिया गया था वो इस प्रकार है। बुद्धि परीक्षण के लिए जी.टी. देसाई रचित प्रश्नावली मानसिक स्वास्थ्य के लिए डॉ. डी. जे. भट्ट तथा जी. आर. गीड़ा रचित प्रश्नावली एकाग्रता के लिए डॉ. श्रद्धा बेन बी. राय रचित प्रश्नावली का प्रयोग किया था। शोध पद्धति प्रायोगिक विधि प्रविधि का प्रयोग किया गया था आंकड़ों का विश्लेषण के लिए अँकोवा टेस्ट सह विचरण का प्रयोग किया था। निष्कर्ष के रूप में जो प्राप्त सूर्य नमस्कार प्रशिक्षण कार्यक्रम से बुद्धि में सुधार देखने को मिला। सूर्य नमस्कार प्रशिक्षण कार्यक्रम से मानसिक स्वास्थ्य में सुधार देखने को मिला। सूर्य नमस्कार प्रशिक्षण कार्यक्रम से एकाग्रता में सुधार देखने को मिला।

**अध्ययन के उद्देश्य:**

1. कामकाजी महिलाओं के एकाग्रता के ऊपर योग प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्रभाव का पता करना।
2. कामकाजी महिलाओं के आत्म विश्वास के ऊपर योग प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्रभाव का पता करना।

**मापन विधि**

1. एकाग्रता के लिए डॉ. श्रद्धा बी राय रचित प्रश्नावली स्वनिर्मित का प्रयोग किया गया गया था।
2. आत्म-विश्वास के लिए रोबीन एस. विले की प्रश्नावली स्वनिर्मित का प्रयोग किया गया गया था।

**आंकड़ों का विश्लेषण –** प्रस्तुत शोध में संग्रहित तथ्यों का सांख्यिकीय करण करके सारणीबद्ध किया गया है। प्रशिक्षण पूर्व और पश्चात् के आंकड़ो को सारणीयन किया गया। परीक्षण करने के लिये आंकडों कों विचलन तथा

सहविचलन अलग अलग करने के लिये ज परीक्षण का प्रयोग किया गया गया था।

**तालिका 1.1 (अगले पृष्ठ पर देखे)**

तालिका 1.1 में हम देख सकते है कि एकाग्रता परीक्षण में परीक्षण से पहले मध्यमान, 10.18 तथा परीक्षण पश्चात् 12.90 देखने में आया था परीक्षण से पहले प्रमाणित विचलन 1.98 तथा परीक्षण पश्चात् 1.62 देखने में आया था जिसका मध्यमान अंतर 2.33देखने में आया था। जिसका 'टी' मान 4.79* देखने को मिला था। जिसे 0.05 स्तर पर सार्थकता अंतर देखने को मिला था।

एकाग्रता समूह में दोनों समूहों के बीच सार्थक अंतर स्पष्ट रूप से दिखाई दिया था। इससे हम कह सकते है एकाग्रता परीक्षण में एकाग्रता में वृद्धि देखने को मिली।

**आलेख 1.1**




**तालिका 1.2 (अगले पृष्ठ पर देखे)**

तालिका 1.2 में हम देख सकते है कि आत्म-विश्वास परीक्षण, प्रशिक्षण कार्यक्रम से पहले मध्यमान, 58.11 तथा परीक्षण पश्चात् 68.8 देखने में आया था परीक्षण से पहले प्रमाणित विचलन 6.90 तथा परीक्षण पश्चात् 6.83 देखने में आया था जिसका मध्यमान अंतर 9.14 देखने में आया था। जिसका 'टी' मान 1.28 देखने को मिला था। जिसे 0.05 स्तर पर सार्थकता अंतर देखने को मिला था।

आत्म-विश्वास समूह में दोनों समूहों के बीच सार्थक अंतर स्पष्ट रूप से दिखाई दिया था। इससे हम कह सकते है कि कामकाजी महिलाओं में आत्मविश्वास परीक्षण में आत्म विश्वास देखने को मिला।

**आलेख 1.2**




**अध्ययन का परिणाम:**

1. एकाग्रता परीक्षण में परीक्षण से पहले मध्यमान, 10.18 तथा परीक्षण पश्चात् 12.90 देखने में आया था परीक्षण से पहले प्रमाणित विचलन 1.98 तथा परीक्षण पश्चात् 1.62 देखने में आया था जिसका मध्यमान अंतर 2.33 देखने में आया था। जिसका 'टी' मान 4.79* देखने को मिला था। जिसे 0.05 स्तर पर सार्थकता अंतर देखने को मिला था। एकाग्रता समूह में दोनों समूहों के बीच सार्थक अंतर स्पष्ट रूप से दिखाई दिया था। इससे हम कह सकते है एकाग्रता परीक्षण में एकाग्रता में वृद्धि देखने को मिली।
2. आत्म-विश्वास परीक्षण, प्रशिक्षण कार्यक्रम से पहले मध्यमान, 58.11 तथा परीक्षण पश्चात् 68.8 देखने में आया था परीक्षण से पहले प्रमाणित विचलन 6.90 तथा परीक्षण पश्चात् 6.83 देखने में आया था जिसका मध्यमान अंतर 9.14 देखने में आया था। जिसका 'टी' मान 1.28 देखने को मिला था।जिसे 0.05 स्तर पर सार्थकता अंतर देखने को मिला था।
3. आत्म-विश्वास समूह में दोनों समूहों के बीच सार्थक अंतर स्पष्ट रूप से दिखाई दिया था। इससे हम कह सकते है कि कामकाजी महिलाओं में आत्मविश्वास परीक्षण में आत्म विश्वास देखने को मिला।

**निष्कर्ष :**

1. एकाग्रता समूह परीक्षण में कामकाजी महिलाओं की प्रशिक्षण कार्यक्रम का सार्थक प्रभाव देखने को मिला।
2. आत्म-विश्वास समूह परीक्षण में कामकाजी महिलाओं की प्रशिक्षण कार्यक्रम का सार्थक प्रभाव देखने को मिला।

**सिफारिशे:**

1. प्रस्तुत संशोधन अभ्यास अलग-अलग उम्र के कामकाजी पुरुष एवं महिला वर्ग का चयन कर अध्ययन किया जा सकता है।
2. प्रस्तुत संशोधन अभ्यास अन्य विद्यालय महाविद्यालय विश्व विद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों का चयन कर अध्ययन किया जा सकता है।
3. प्रस्तुत संशोधन अभ्यास मनोविज्ञानिक चरों पर पुरुष एवं महिला वर्ग का चयन कर अध्ययन किया जा सकता है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. दिक्षित सुरेश,'शारीरिक शिक्षा के सिद्धान्त', न्युदिल्ली स्पोर्ट्स पब्लिकेशन 2007, पेज नं. 2-6,
2. आर. सी. कंवर, 'शारीरिक शिक्षा के सिद्धान्त तथा इतिहास', अमित ब्रदर्स नागपुर 2007, पेज नं. 12-16,
3. शेफी रोबर्ड वी.,'फिजीकल फिटनेस', (सेन्ट लुईस: दी.सी.वी. मोल्सी कंपनी, 1973) पेज नं. 27,
4. वॉर्नर डब्ल्यु के. होइजर,'लाइफ टाइम फिजीकल फिटनेस एण्ड वेलनेस', द्वितिय आवृत्ति, (ईन्गलवुड: मोरटोन पब्लिकेशन कंपनी 1988) पेज नं. 12-17,
5. योगराजस्थानी,'लोकप्रिय खेंलों के नियम' (दिल्ली: एल साहित्य केन्द्र, अंसारी रोड दरियागंज, 2006), पेज नं. 3-4,

**तालिका 1.1: कामकाजी महिलाओं की एकाग्रता परीक्षण, प्रशिक्षण कार्यक्रम का मध्यमान, मध्यमान अंतर, प्रमाणित विचलन तथा 'टी' मान को प्रदर्शित करती तालिका**

| क्र. | समूह | कामकाजी महिलाओं की संख्या | मध्यमान | प्रमाणित विचलन | मध्यमान अंतर | 'टी' मान |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रायोगिक समूह | 30 | 10.18 | 1.98 | 2.33 | 4.79* |
| 2. | नियंत्रित समूह | 30 | 12.90 | 1.62 | | |

सार्थक स्तर (29) 0.05= 0.033

**तालिका 1.2: कामकाजी महिलाओं की आत्मविश्वास परीक्षण, प्रशिक्षण कार्यक्रम का मध्यमान, मध्यमान अंतर, प्रमाणित विचलन तथा ज मान को प्रदर्शित करती तालिका**

| क्र. | समूह | कामकाजी महिलाओं की संख्या | मध्यमान | प्रमाणित विचलन | मध्यमान अंतर | 'टी' मान |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रायोगिक समूह | 30 | 58.11 | 6.90 | 9.14 | 1.28 |
| 2. | नियंत्रित समूह | 30 | 68.8 | 6.83 | | |

सार्थक स्तर (29) 0.05= 0.033

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LI (51), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# विद्यार्थियों की शरीर क्रिया घटक फुफ्फुसीय क्षमता एवं हृदय क्षमता पर आसन एवं प्राणायाम के होने वाले प्रभाव का अध्ययन

**डॉ. दिलीप सिंह चौहान* मनीष शर्मा ****

* सहायक आचार्य (शिक्षा) जनार्दन राय नगर राजस्थान विद्यापीठ (डीम्ड -टू-बी) विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत
** पीएच.डी. शोधार्थी (शारीरिक शिक्षा) जनार्दन राय नगर राजस्थान विद्यापीठ (डीम्ड-टू-बी) विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत

**शोध सारांश –** भारत ऋषि मुनि, योगी और दार्शनिको की धरती है। योग अपने पुराण उपनिषद, वेद और गीता में इसका समावेश योग विद्या धीरे-धीरे विलुप्त होती जा रही है। मानव आज योग से दूर हो रहा है, और भोग की तरफ उन्मुख हो रहा है। जिससे मानव शारीरिक व मानसिक समस्या का सामना कर रहे है। प्रतिपादित 'प्राणायाम' तथा योग पूर्ण वैज्ञानिक पद्धति से असाध्य रोग से मुक्ति देने का कार्य योगाचार्य ने किया है।

योग्य व्यक्तियों के द्वारा, प्राचीन, लाभदायक व्यायाम और योग साधना पद्धति का निर्माण कर भावी पीढ़ी को सुदृढ़, निरोगी, निकोप व संस्कारशील बनने में बड़ा योगदान है। इस दृष्टिकोण को ध्यान में रखकर शोधकर्ता ने 10 से 15 वर्ष के विद्यार्थियों को योगासन व प्राणायाम का प्रशिक्षण देकर आंकड़ों का एकत्रीकरण व तथ्यों का संकलन किया। विस्तृत विवरण का संकलन करके आंकड़ों का सांख्यिकीय विश्लेषण से प्राप्त परिणामों के आधार निकले गए निष्कर्ष निम्न प्रकार से है।

**शब्द कुंजी –** आसन एवं प्राणायाम फुफ्फुसीय क्षमता एवं हृदय क्षमता।

**प्रस्तावना –** प्राणायाम तथा योगासन से विद्यार्थियों के शारीरिक क्षमता व गत्यात्मक क्षमता का विकास संभव है। प्राणायाम व योगासन ऋषि मुनियों ने प्राचीन काल से ही समाज में शारीरिक व मानसिक परिपक्वता के लिये संस्कारों के साथ अनिवार्य रूप से जोड़ दिया गया था। जीवनकी शुरुवात के समय मानव की जीविका के साधनों को खोजने में शारीरिक शिक्षण की की शुरुवात हुई। अर्थात् काल के क्रमानुसार होने वाले बदलाव का लक्ष्य प्राप्त किया। शारीरिक शिक्षा के रूप का बदलाव से विशेष रूप प्राप्त हुआ। उस समय में व्यक्ति प्राणायाम नियमित रूप से तीन समय में करता आया था। जिसे त्रिकाल संध्या के नाम से भी जाना जाता है। शरीर में प्राण का स्थान महत्वपूर्ण हैं, इसके साथ ही क्रियाभेद के कारण विभिन्न नामों से प्राण, व्यान, अपान, उदान, समान जाना जाता है। हृदय में प्राण, कंठ में उदान, नाभी में आगे उदर में समान, गुदा में अपान और सारे शरीर में व्याप्त प्राण को व्यान कहते हैं। प्राणायाम में दांयी व बांयी नाक से श्वासोंच्छावास की क्रिया की जाती है। ये क्रिया दो मार्गो द्वारा की जाती है। दांयी नाक से श्वासोंच्छावास की क्रिया को सुर्यनाड़ी व बायीं नाक से श्वासोंच्छावास की क्रिया को चन्द्र नाड़ी कहते है। दोनो प्राण प्रवाह अन्दर जाकर मिलकर तीसरा प्राण प्रवाह तैयार होजाता हैं जिसे सुषम्ना नाडी कहते है।

सुईजा और सहकर्मियों (2013) ने उत्तरी फिनलैंड के 1966 जन्म समूह के अनुवर्ती अध्ययन के डेटा के नमूने को देखा, और 18 और 31 वर्ष की आयु में वयस्कों की शारीरिक गतिविधि और अवसाद के स्तर पर डेटा एकत्र करने में सक्षम थे। शोधकर्ताओं ने कार्डियो-श्वसन माप और शारीरिक गतिविधि के एक स्व-रिपोर्ट उपाय के साथ-साथ एक मांसपेशी फिटनेस माप (सुइजा एट अल।, 2013) को भी देखा। सुईजा और सहकर्मियों (2013) ने पाया कि कम मांसपेशी ताकत और कम स्व-रिपोर्ट की गई शारीरिक गतिविधि का स्तर पुरुषों और महिलाओं दोनों में अवसाद के उच्च स्तर से संबंधित था। यह एबर्ग और सहकर्मियों द्वारा प्राप्त परिणामों का समर्थन करता है कि कम उम्र में अधिक शारीरिक गतिविधि और शारीरिक फिटनेस भविष्य में अवसाद के कम स्तर से संबंधित हैं। उन्होंने 18 वर्ष की आयु से 3 से 40 वर्ष तक 1,117,292 स्वीडिश पुरुष प्रतिभागियों का अनुसरण किया। 18 वर्ष की आयु में, उन्होंने प्रतिभागियों के हृदय संबंधी फिटनेस और अवसाद के स्तर को मापा, और फिर फॉलो-अप में अवसाद के स्तर को मापा

एबर्ग एट अल., (2012) शोधकर्ताओं ने पाया कि 18 वर्ष की आयु में कम हृदय संबंधी फिटनेस अवसाद के आधारभूत मापों की तुलना में फॉलो-अप में अवसाद के जोखिम में वृद्धि से संबंधित थी (एबर्ग एट अल., 2012), भले ही इस अध्ययन में केवल पुरुष शामिल थे, लेकिन यह कॉलेज के छात्रों के लिए न केवल उनके वर्तमान मानसिक स्वास्थ्य के लिए बल्कि उनके भविष्य के मानसिक स्वास्थ्य को सुनिश्चित करने के लिए भी शारीरिक गतिविधि में संलग्न होने के महत्व का प्रमाण प्रदान करता है। हालांकि, यह संभव है कि इस संबंध में कुछ अन्य कारक भी काम कर रहे हों, जैसे कि जो लोग शुरू में उदास नहीं होते हैं वे अधिक व्यायाम करते हैं और इसलिए भविष्य में अवसाद के निम्न स्तर दिखाते हैं। अमेरिकन कॉलेज हेल्थ एसोसिएशन द्वारा राष्ट्रीय कॉलेज स्वास्थ्य मूल्यांकन और इसमें 18 से 25 वर्ष की आयु के बीच के 43,499 पुरुष और महिला कॉलेज के छात्र शामिल थे।(तालियाफेरो एट अल., 2010) शारीरिक गतिविधि का मूल्यांकन जोरदार एरोबिक शारीरिक गतिविधि की साप्ताहिक आवृत्ति के स्व-रिपोर्ट माप के साथ-साथ ताकत या टोनिंग गतिविधि (तालियाफेरो एट अल., 2010) का उपयोग करके किया गया था। परिणामों से पता चला कि पुरुष

और महिला कॉलेज के छात्रों में, किसी प्रकार की साप्ताहिक शारीरिक गतिविधि करना किसी भी शारीरिक गतिविधि को न करने की तुलना में अवसाद के कम जोखिम से संबंधित था (तालियाफेरो एट अल., 2010)। हालाँकि परिणाम इस बात पर भिन्न थे कि किस प्रकार की गतिविधि अवसाद की स्थिति में कमी से अधिक मजबूती से संबंधित थी, लेकिन मूल संदेश यह था कि कॉलेज के छात्रों के लिए कम से कम किसी न किसी प्रकार की शारीरिक गतिविधि में शामिल होना महत्वपूर्ण है।

**अध्ययन का उद्देश्य–** इस शोध का उद्देश्य 'विद्यार्थियों की शरीर क्रिया फुफ्फुसीय क्षमता एवं हृदय क्षमता पर आसन एवं प्राणायाम के होने वाले प्रभाव का अध्ययन' का अध्ययन करना है।

**परिकल्पना–** विद्यार्थीयों फुफ्फुसीय क्षमता एवं हृदय क्षमता पर आसन व प्राणायाम के अभ्यास का सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

**कार्यप्रणाली–** इस अध्ययन में राजस्थान उदयपुर शहर के विद्यार्थीयों के 100 का यादृच्छिक पद्धति से चयन किया गया था। जिनकी आयु 13 से 16 वर्ष के मध्य होगी ।

**मापन की विधि** – इस उद्देश्य के लिए इस अध्ययन में राजस्थान के उदयपुर शहर की विद्यार्थीयों का जो योग का प्रशिक्षण ले रहे है। उनका यादृच्छिक पद्धति से चयन किया गया जाएगा अध्ययन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों का शारीरिक रचना एवं क्रिया परीक्षण का मानदंड बनाया जाएगा। परीक्षण से पूर्व एवं पश्चात् के आंकड़ों की तुलना की जाएगी।

**प्रायोगिक डिजाइन–** पूर्व-परीक्षण – पश्च-परीक्षण यादृच्छिक समूह डिजाइन। विद्यार्थियों को यादृच्छिक रूप से दो समूहों में विभाजित किया गया। प्रत्येक समूह में 50विद्यार्थी शामिल थे।

**मानक माप–** फुफ्फुसीय क्षमता के मापन के लिए पीक्फलोमीटर का प्रयोग किया गया था। जिक मापन मिली लीटर में किया गया था। एवं रक्तदाब के मापन के लिए आराम के समय में डीजीटल ब्लड प्रेशर व पल्स रेट मानिटर का प्रयोग किया था। संख्यामें किया गया था।

**योग परीक्षण कार्यक्रम की सरंचना –** इस अध्ययन में योग प्रवृत्ति में आसान प्राणायाम, मुद्रा तथा शतक्रिया को किया जाएगा इस कार्यक्रम को कुल 12 सप्ताह तक प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिसमें प्रार्थना, बैठकर, खड़े होकर, तथा लेटकर किए जाने वाले आसनों का समावेश किया जाएगा। साथ ही योगिक मुद्रा, आदि षट क्रिया भस्त्रिका, भ्रामरी तथा प्राणायामों करवाए जाएंगे।

इस अभ्यास में प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रथम चार सप्ताह प्रशिक्षण के बाद प्रशिक्षण के भार को धीरे धीरे बढ़ाया जाएगा।

**फुफ्फुसीय क्षमता:**

**सारणी क्रमांक 1.1 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)**

सारणी क्रमांक 1.1 में अध्ययन करने से प्राप्त नियंत्रित व अनियंत्रित समूह विद्यालय के विद्यार्थीयों का फुफ्फुसीय क्षमता तुलनात्मक विवरण दर्शाया गया है। सारणी में दर्शाए गए प्राप्त आंकड़ों का विश्लेषण योगासन व प्राणायाम प्रयोग पूर्व नियंत्रित समूह के महिला वर्ग के विद्यार्थियों)था। नियंत्रित समूह के महिला वर्ग के विद्यार्थियों का फुफ्फुसीय क्षमता सरासरी 320.8±45.6लीटर/मिनट (किमान 280 लीटर/मिनट व कमाल 347 लीटरध्मिनट)था। इसी आधार पर योगासन व प्राणायाम के प्रयोग के दौरान अनियंत्रित समूहके महिला वर्ग के विद्यार्थियों का फुफ्फुसीय क्षमता का अंतर 334.6±28.6लीटर/मिनट (किलो का मान 293लीटर/मिनट व कमाल 347 लीटर/मिनट) था। वैसे ही प्राणायाम के प्रयोग उपरांत नियंत्रित समूह के महिला वर्ग के विद्यार्थियों का फुफ्फुसीय क्षमता का अंतर 347.9±41.7 लीटर/मिनट (किलो का मान 307 लीटरध्मिनट व कमाल 373 लीटरध्मिनट) था। अनियंत्रितसमूह के महिला वर्ग के विद्यार्थियों का फुफ्फुसीय क्षमताका अंतर 338.4±32.2लीटर/मिनट (किलो का मान 280 लीटर/मिनट व कमाल 360 लीटर/मिनट) था। इससे निष्कर्ष निकल कर आया कि नियंत्रित समूह व अनियंत्रित समूहके महिला वर्ग प्रयोग पूर्वी व प्रयोग के उपरांत विद्यार्थियों केफुफ्फुसीय क्षमता की तुलना की थी। नियंत्रित समूह के प्रयोग पूर्व व प्रयोग उपरांत फुफ्फुसीय क्षमता में सार्थक ($P<0.05$) अंतर मे वृद्धि हुई, जबकि अनियंत्रित समूह में नहीं हुई। कि नियंत्रित समूह व अनियंत्रित समूह के महिला वर्ग प्रयोग पूर्वी व प्रयोग के उपरांत विद्यार्थियों के फुफ्फुसीय क्षमता की तुलना की थी। नियंत्रित समूह के प्रयोग पूर्व व प्रयोग उपरांत फुफ्फुसीय क्षमता में सार्थक अंतर नहीं आया। निरीक्षण रूयोगासन व प्राणायाम का नियमित प्रयोग से नियंत्रित समूह महिला वर्ग के विद्यार्थियों का फुफ्फुसीय क्षमता शोध कालावधी के दौरान सार्थक रूप से ($P<0.05$) वृद्धि हुई।

अनियंत्रित समूह महिला वर्ग के विद्यार्थियों का फुफ्फुसीय क्षमता में कोई सार्थक वृद्धि नहीं हुई थी।

**आलेख 1.1: विद्यार्थीयों का फुफ्फुसीय क्षमता का तुलना का आलेख**




**हृदय क्षमता:**

**सारणी क्रमांक 1.2 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)**

सारणी क्रमांक 1.2 में अध्ययन करने से प्राप्त नियंत्रित व अनियंत्रित समूह विद्यालय के विद्यार्थीयों का हृदय क्षमता तुलनात्मक विवरण दर्शाया गया है। सारणी में दर्शाए गए प्राप्त आंकड़ों का विश्लेषण योगासन व प्राणायाम प्रयोग पूर्व नियंत्रित समूह के महिला वर्ग के विद्यार्थियों)था। नियंत्रित समूह के महिला वर्ग के विद्यार्थियों का निम्न हृदय क्षमता सरासरी 70.6±6.23 mmHg (किमान 58 mmHg व कमाल 96mmHg)था। इसी आधार पर योगासन व प्राणायाम के प्रयोग के दौरान अनियंत्रित समूहके महिला वर्ग के विद्यार्थियों का निम्न हृदय क्षमता का अंतर 70.3±7.61 mmHg(किलो का मान 58mmHg कमाल 96mmHg) था। वैसे ही प्राणायाम के प्रयोग उपरांत नियंत्रित समूह के महिला वर्ग के विद्यार्थियों का निम्न हृदय क्षमता का अंतर 76.1±.3.37mmHg(किलो का मान 70mmHg कमाल 82mmHg) था। अनियंत्रितसमूह के महिला वर्ग के विद्यार्थियों का निम्न हृदय क्षमता का अंतर 69±8.0mmHg(किलो का

मान 54mmHg कमाल 94mmHg) था। इससे निष्कर्ष निकल कर आया कि नियंत्रित समूह व अनियंत्रित समूहके महिला वर्ग प्रयोग पूर्वी व प्रयोग के उपरांत विद्यार्थियों के हृदय क्षमता की तुलना की थी। नियंत्रित समूह के प्रयोग पूर्व व प्रयोग उपरांत निम्न हृदय क्षमता में सार्थक (P<0.05) अंतर मे वृद्धि हुई, जबकि अनियंत्रित समूह में नहीं हुई। कि नियंत्रित समूह व अनियंत्रित समूह के महिला वर्ग प्रयोग पूर्वी व प्रयोग के उपरांत विद्यार्थियों के हृदय क्षमता की तुलना की थी। नियंत्रित समूह के प्रयोग पूर्व व प्रयोग उपरांत हृदय क्षमता में सार्थक अंतर नहीं आया।

उसी प्रकार सारणी में दर्शाए गए प्राप्त आंकड़ों का विश्लेषण योगासन व प्राणायाम प्रयोग पूर्व नियंत्रित समूह के महिला वर्ग के विद्यार्थियों)था। नियंत्रित समूह के महिला वर्ग के विद्यार्थियों का उच्च हृदय क्षमता सरासरी 106.5±9.33mmHg (किमान 88mmHg व कमाल 144mmHg)था। अनियंत्रित समूहके महिला वर्ग के विद्यार्थियों का उच्च हृदय क्षमता का अंतर 110.4±12.83mmHg (किलो का मान 90mmHgकमाल 144mmHg) था। वैसे ही प्राणायाम के प्रयोग उपरांत नियंत्रित समूह के महिला वर्ग के विद्यार्थियों का उच्च हृदय क्षमता का अंतर 110.01±.3.44mmHg(किलो का मान 102mmHg कमाल 120mmHg) था। अनियंत्रित समूह के महिला वर्ग के विद्यार्थियों का उच्च हृदय क्षमता का अंतर 112.3±14.41 mmHg(किलो का मान 90mmHg कमाल 150mmHg) था। इससे निष्कर्ष निकल कर आया कि नियंत्रित समूह व अनियंत्रित समूहके महिला वर्ग प्रयोग पूर्वी व प्रयोग के उपरांत विद्यार्थियों केउच्च हृदय क्षमता की तुलना की थी। नियंत्रित समूह के प्रयोग पूर्व व प्रयोग उपरांत हृदय क्षमता में सार्थक (P<0.05) अंतर मे वृद्धि हुई, जबकि अनियंत्रित समूह में नहीं हुई। कि नियंत्रित समूह व अनियंत्रित समूह के महिला वर्ग प्रयोग पूर्वी व प्रयोग के उपरांत विद्यार्थियों के हृदय क्षमता की तुलना की थी। नियंत्रित समूह के प्रयोग पूर्व व प्रयोग उपरांत हृदय क्षमता में सार्थक अंतर नहीं आया।

**निरीक्षण –** योगासन व प्राणायाम का नियमित प्रयोग से नियंत्रित समूह महिला वर्ग के विद्यार्थियों का उच्च व निम्न हृदय क्षमता स्तर में सार्थक रूप से (P<0.05) अंतर है।

अनियंत्रित समूह महिला वर्ग के विद्यार्थियों का उच्च व निम्न हृदय क्षमता स्तर में कोई सार्थक अंतर नहीं था।

**आलेख 1.2: विद्यार्थीयों का हृदय क्षमता का तुलना का आलेख**




**फुफ्फुसीय क्षमता:**

योगासन व प्राणायाम का नियमित प्रयोग से नियंत्रित समूह महिला वर्ग के विद्यार्थियों का फुफ्फुसीय क्षमता शोध कालावधी के दौरान सार्थक रूप से (P<0.05) वृद्धि हुई।

अनियंत्रित समूह महिला वर्ग के विद्यार्थियों का फुफ्फुसीय क्षमता में कोई सार्थक वृद्धि नहीं हुई थी।

उपरोक्त निष्कर्ष से हम कह सकते है की योगासन व प्राणायाम का नियमित प्रयोग से 13 से 16 वर्ष तक के विद्यार्थियों का फुफ्फुसीय क्षमता में सार्थक प्रभाव होता है।

**हृदय क्षमता–** योगासन व प्राणायाम का नियमित प्रयोग से नियंत्रित समूह महिला वर्ग के विद्यार्थियों का उच्च व निम्न हृदय क्षमता स्तर में सार्थक रूप से (P<0.05) अंतर है।

अनियंत्रित समूह महिला वर्ग के विद्यार्थियों का उच्च व निम्न हृदय क्षमता स्तर में कोई सार्थक अंतर नहीं था।

उपरोक्त निष्कर्ष से हम कह सकते है की योगासन व प्राणायाम का नियमित प्रयोग से 13 से 16 वर्ष तक के विद्यार्थियों का उच्च व निम्न रक्तचाप में सार्थक प्रभाव होता है।

**मुख्य निष्कर्ष –** अध्ययन से प्राप्त परिणामों से जो निष्कर्ष आया कीयोगासन व प्राणायाम का नियमित प्रयोग से 13 से 16 वर्ष तक के विद्यार्थियों का फुफ्फुसीय क्षमता व शारीरिक लचीलापन में महत्वपूर्ण वृद्धि होती है।

**सुझाव एवं सिफारिशें** :

1. 10 से 15 वर्ष के बालकों की इस आयु में विद्यार्थियों का महत्वपूर्ण काल होता है। इस कालावधी में विद्यार्थियों का शारीरिक रचना में विविध परिवर्तन होता है। इन शारीरिक परिवर्तन से योग्य दिशा देने के उद्देश्य से इस आयु के विद्यार्थियों को योगासन व प्राणायाम का नियमित रूप से करने की प्रवृत्त करना चाहिए।
2. प्राणायाम और योगासन की विशेष तालिका विद्यालय के माध्यम से देनी चाहिए।
3. विद्यालय द्वारा प्राणायाम व योगासन कार्यक्रम आयोजित करने चाहिए।
4. विशेषज्ञ मार्गदर्शक के द्वारा विद्यार्थियों योगासन व प्राणायाम विषय पर मार्गदर्शन करना चाहिए।
5. राजकीय विद्यालय में पाठ्यक्रम में योगासन व प्राणीयम को स्वतंत्र विषय के रूप में प्रारंभ किया जावे।
6. प्रशासन द्वारा विद्यालय योगासन व प्राणायाम को विकास करने के लिए प्रोत्साहन देना चाहिए।
7. प्रशासन द्वारा विद्यालय योगासन व प्राणायाम को विकास करने के लिए प्रोत्साहन देने के लिए विशेष राशि खर्च करनी चाहिए।
8. इस विषय पर अन्य आयु वर्ग की महिलाओं के शरीर रचना पर योगासन व प्राणायाम का प्रभाव पर अध्ययन किया जा सकता है।
9. प्राणायाम व योगासन से विद्यार्थियों के मानसिक क्षमता पर होने वाले प्रभाव का अध्ययन किया जा सकता है।
10. प्रस्तुत अध्ययन के समान अन्य अध्यायन ग्रामीण व दुर्गम भाग में महिलाओ पर किए जा सकते है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची:–**

1. आयगंर बी.के.ऐस.योगदिपीका प्रथम आवृत्ति यमुंबई: लाईट ओन योग रिसर्च ट्रस्ट भाग–1, 1984), पेज नं. 9,
2. बेन्डागेल जीन, ऐन्थ्रोपोमेट्रीक मेंजरर्स एण्ड स्पोर्टस परफोर्मेन्स ऑफ हाईस्कूल एण्ड कॉलेज ऑफ गर्ल्स डेजरटेशन ऐबस्ट्रेक्ट्स ईन्टरनेशनल वाल्युम – 53 नं. 8 (फरवरी1993): 2736–ऐ.
3. भट्ट छोटु भाई, व्यायाम विज्ञान कोष –7 लयबद्ध व्यायाम, राजपीपला: गुजरात व्यायाम प्रचारक मण्ड़ल,मार्च (1985), पेज नं. 51,
4. कलार्क एच.हेरिसन, फिजीकल फिटनेस न्युज लेटर्स, (5 मार्च 1959), पेज नं. 1,
5. कमलेश एम.एल.,'शारीरिक शिक्षा के सिद्धान्त तथा इतिहास', न्यु दिल्ली फ्रेण्डस पब्लिकेशन 2004, पेज नं. 5–6,

**सारणी क्रमांक 1.1 विद्यार्थीयों का फुफ्फुसीय क्षमता तुलनात्मक विवरण**

| क्रम संख्या | समूह | फुफ्फुसीय क्षमता | संख्या | मध्यमान (लीटर/मिनट) | मानक त्रुटि | प्रमाणित विचलन | मध्यमान अंतर | 't' रेशीयों | P मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नियंत्रित समूह | प्रशिक्षण पूर्व | 50 | 320.8 | 7.82 | ±46.6 | -27.142 | -4.256 | <0.05 |
| | | प्रशिक्षण उपरांत | 50 | 347.9 | 6.41 | ±41.7 | | | |
| 2. | अनियंत्रित समूह | प्रशिक्षण पूर्व | 50 | 334.6 | 3.21 | ±28.6 | -3.817 | -0.682 | 0.524 |
| | | प्रशिक्षण उपरांत | 50 | 338.4 | 7.82 | ±32.2 | | | |

**सारणी क्रमांक 1.2 विद्यार्थीयों का हृदय क्षमता तुलनात्मक विवरण**

| क्रम संख्या | समूह | | हृदय क्षमता | संख्या | मध्यमान (लीटर/मिनट) | मानक त्रुटि | प्रमाणित विचलन | मध्यमान अंतर | 't' रेशीयों | P मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नियंत्रित समूह | निम्न स्तर | प्रशिक्षण पूर्व | 50 | 70.6 | 0.72 | ±6.23 | -5.546 | -8.413 | <0.05 |
| | | | प्रशिक्षण उपरांत | | 76.1 | 0.39 | ±3.37 | | | |
| | | उच्च स्तर | प्रशिक्षण पूर्व | 50 | 106.5 | 1.07 | ±9.33 | -3.533 | 3.563 | <0.05 |
| | | | प्रशिक्षण उपरांत | | 110.1 | 0.40 | ±3.44 | | | |
| 2. | अनियंत्रित समूह | निम्न स्तर | प्रशिक्षण पूर्व | 50 | 70.3 | 0.88 | ±7.61 | -1.346 | -1.985 | 0.324 |
| | | | प्रशिक्षण उपरांत | | 69.0 | 0.93 | ±8.04 | | | |
| | | उच्च स्तर | प्रशिक्षण पूर्व | 50 | 110.4 | 1.48 | ±12.83 | -1.976 | 2.123 | 0.079 |
| | | | प्रशिक्षण उपरांत | | 112.3 | 1.66 | ±14.41 | | | |

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LI (51), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# हिंदी सिनेमा में भारतीय संगीतकारों का योगदान

**सतीश कुमार* डॉ. ज्योति मिश्रा****

* शोधार्थी, संगीत (गायन) संगीत एवं प्रदर्शन कला विभाग इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज (उ.प्र.) भारत
** असिस्टेंट प्रोफेसर, संगीत एवं प्रदर्शन कला विभाग इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज (उ.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** हिंदी सिनेमा के 100 साल के सफर में संगीतकारों ने कैसे फिल्म संगीत को बनाया और बदला। कैसे शास्त्रीय संगीत से शुरुआत कर डिस्को, रॉक और फ्यूजन का दौर आया और कैसे हमारे संगीतकारों ने फिल्मी गीतों को सिर्फ मनोरंजन का साधन नहीं बल्कि भारत की सांस्कृतिक पहचान बनाया। इन सभी विचारों के साथ मेरे इस लेख का प्रादुर्भाव हुआ है जिसका विस्तार से वर्णन अग्रलिखित हैं।
**शब्द कुंजी –** शास्त्रीय संगीत, फिल्म, प्रयोग, योगदान, संगीतकार, हिंदी सिनेमा।

**प्रस्तावना –** हिंदी सिनेमा जिसे हम बॉलीवुड के नाम से भी जानते हैं यह दुनिया की बड़ी–बड़ी फिल्म इंडस्ट्री में से एक है इसके इतिहास की शुरुआत होती है सन् 1913 में आई फिल्म 'राजा हरिश्चंद्र' से जो एक मूक फिल्म थी। और इसका निर्माण किया था 'दादा साहब फाल्के' जी ने इसी कारण आपको भारतीय सिनेमा का पितामह भी कहा जाता है।

राजा हरिश्चंद्र फिल्म की सफलता के बाद आपने कई और मूक फिल्मों का निर्माण किया जैसे– कृष्ण जन्म, सावित्री, लंका दहन आदि। इसके पश्चात धीरे–धीरे विकास के पथ पर अग्रसर होते हुए हिंदी सिनेमा मूक फिल्मों से सवाक फिल्मों के दौर में आ गया और हिंदी सिनेमा की पहली सवाक फिल्म सन् 1931 में आई 'आलम आरा' इस फिल्म में पहली बार लोगों ने वाद्य यंत्रों की आवाज सुनी और यही से हिंदी सिनेमा में संगीत की भी शुरुआत हुई।

हिंदी सिनेमा में संगीत को फिल्म की तीसरी आंख माना जाता है जहां डायलॉग खत्म होने पर भी कुछ बातों को गीतों से पूरा किया जाता है और इन गातों को संगीतबद्ध किया हमारे कई महान संगीतकारों ने और आज भी करते आ रहे हैं।

संगीतकारों की भूमिका के विषय में चर्चा से पूर्व हमें यह जानना आवश्यक है कि हिंदी सिनेमा का संगीत दुनिया भर के सिनेमा संगीत से क्यों अलग है।

हम सभी जानते हैं कि दुनिया भर में फिल्में बनती हैं और वहां भी फिल्मों में संगीत होता है चाहे वह हॉलीवुड हो, कोरियन हो, या किसी भी देश का हो पर हिंदी सिनेमा का संगीत एक अलग और अनोखी चीज़ है जिसके कारण निम्नलिखित है।

1. **गीत फिल्म से कनेक्ट रहते है–**हॉलीवुड फिल्म में अगर गीत आ जाए तो लोग इंटरवल समझ कर दूसरे काम करने लगते हैं लेकिन अगर बात की जाए हिंदी फिल्मों की तो लोग गीत आते ही सारा काम भूलकर स्क्रीन पर नजरें जमा लेते हैं क्यों क्योंकि गीत यहां कहानी को रोकता नहीं जोड़ता है मदर इंडिया में जब नरगिस पर 'दुनिया में हम आए हैं तो जीना ही पड़ेगा' गीत फिल्माया गया तो गीत ने इन चंद मिनट में ही उसके जीवन के 20 साल का संघर्ष दिखा दिया बिना गीत के ये दिखाने के लिए 20 सीन्स लगते, संगीतकार यहां समय को सुरों में लपेट देता है।

2. **शास्त्रीय लोक और पाश्चात्य का संगम–**भारत के संगीतकार खिचड़ी पकाने में माहिर हैं जैसे नौशाद ने बैजू बावरा में राग दरबारी और मालकौंस पर पूरा का पूरा एल्बम बना डाला था और वह हिट भी बहुत हुआ, एस.डी.बर्मन ने त्रिपुरा के लोकगीत को मेरे सपनों की रानी गीत में बखूबी ढाल दिया,आर डी बर्मन का गीत महबूबा–महबूबा में खुद की उनकी आवाज,बोतल की ताल, और पूरा गाना पारसी धुन में डूबा हुआ बेहतरीन कंपोजिशन साबित हुआ।

इतना ही नहीं ए.आर.रहमान ने ताल के टाइटल ट्रैक में कत्थक की थाप, इलेक्ट्रॉनिक बीट और ताश के पत्तों की आवाज को एक साथ मिला दिया और फिर जो तैयार हुआ वह आज तक सब की जुबान पर हैं, वैसे सही भी है कि यह खिचड़ी दुनिया भर में कहीं भी नहीं पकती, इसीलिए नाटू–नाटू सुन के नार्वे का आदमी भी नाचने लगता हैं।

वैसे इन सब बातों के बाद भी एक बात बच जाती है और वह यह है कि यहां पर संगीतकार सिचुएशन को कंपोज करते है पश्चिम में कंपोजर को कहा जाता है कि एक सैड सोंग चाहिए, जबकि भारतीय सिनेमा में डायरेक्ट बोलते है 'हीरोइन' 2 साल बाद हीरो को स्टेशन पर मिलती है वह कुछ कह नहीं पा रही है और बारिश भी हो रही है तुम देखो क्या करना है' और तब गीत आता है 'लग जा गले' इसी वजह से हिंदी फिल्मों का संगीत इतने वर्षों से जिंदा है।

अब हम यहां कुछ प्रमुख संगीतकारों की भूमिका के विषय में चर्चा करेंगे जिन्होंने अपने संगीत से हिंदी सिनेमा के विकास को गति दी साथ ही विश्व स्तर पर भी हिंदी सिनेमा को पहचान दिलाई।

हिंदी सिनेमा में भारतीय संगीतकारों के योगदान को हम मुख्यत: चार भागों में बांट सकते हैं।

1. बुनियाद के साज़ (1930–1950)
2. बदलाव और प्रयोग (1950–1980)
3. नई आवाज़ नई टेक्नोलॉजी (1980–2010)
4. बी.जी.एम और नई जुबान (2010–2026)

1. **बुनियाद के साज़ (1930–1950)–** 1931 में जब फिल्म आलम

आरा आई उसमें सात गीत थे, पर उन गीतों के लिए कभी संगीतकार को क्रेडिट नहीं दिया जाता था। उसका एक मुख्य कारण था, वह यह कि उस दौर में संगीत नाटक मंडली से आता था हारमोनियम, ढोलक और तबला बस। हीरो तो खुद ही गीत गाते थे। के. एल.सहगल जैसी आवाजें लाइव ही रिकॉर्ड होती थी एक टेक, एक माइक और पूरा गीत रिकॉर्ड। रि-टेक करने का मतलब पूरा आर्केस्ट्रा फिर से बैठे। और फिर आए वह लोग जो इस नाटक को संगीत में तब्दील कर गए।

**अनिल बिस्वास-**अनिल बिस्वास को प्लेबैक का जनक कहा जाता है इन्होंने ही सबसे पहले प्लेबैक सिंगिंग का काम शुरू किया मतलब अब हीरो हीरोइन होंठ हिलाएंगे और गीत पीछे से कोई और गाएगा इससे लता, रफी, मुकेश जैसी आवाजों का रास्ता खुल गया। अनिल दा ने ही राग-दारी को इस कदर फिल्मी संगीत में घोला की आम आदमी 'सीने में सुलगते हैं अरमान' जैसे शास्त्रीय बेस्ड गीत गुनगुनाने लगे। उन्होंने आर्केस्ट्रा में भी पियानो, वायलिन जैसे वेस्टर्न इंस्ट्रूमेंट्स का इस्तेमाल शुरू किया।

**नौशाद अली-**नौशाद अली जी को शास्त्रीय संगीत का व्यास कहा जाता है फिल्म बैजू बावरा में उन्होंने पूरा एल्बम राग बेस्ड बना दिया दरबारी, पुरिया, तोड़ी। लोग थिएटर से रागों को गुनगुनाते हुए निकले, फिल्म मुगल-ए-आजम में आपने 100 पीस आर्केस्ट्रा का इस्तेमाल किया, बड़े गुलाम अली से 'प्रेम जोगन बन के' गवाया, कहते हैं मोहे पनघट के गीत के लिए लता मंगेशकर जी से 12-12 घंटे रियाज करवाया तब जाकर टेक ओके हुआ। नौशाद जी को ठहराव पसंद था उनका कहना था संगीत शोर नहीं और है। इसी वजह से 'मन तड़पत हरि दर्शन को' गीत आज भी लोगों को रुला जाता है। एक किस्सा जो सब कहते हैं बैजू बावरा के दौरान नौशाद ने मोहम्मद रफी से कहां यह तान उस्ताद की तरह चाहिए रफी ने 15 दिनों तक रियाज किया गीत रिकॉर्ड हुआ 'ओ दुनिया के रखवाले' जब फिल्म रिलीज हुई पंडित जवाहर लाल नेहरू ने नौशाद को बुलाकर कहा आपने शास्त्रीय संगीत को मारने से बचा लिया।

**सी. रामचंद्र-**फ्यूजन के पहले उस्ताद श्री रामचंद्र चंद थे नौशाद शुद्ध थे वही श्री रामचंद्र शरीर उन्होंने कहा फिल्म देखने लोग हंसने-रोने आते हैं राग सुनते नहीं और 'शोला जो भड़के' जैसा रॉक, 'ईना-मीना-डीका' जैसा देसी, और 'आना मेरी जान संडे के संडे' जैसा पॉप सॉन्ग 1950 में ही दे दिया। यह आर.डी.बर्मन के 20 साल पहले का डिस्को था, सी.रामचंद्र ने ही पहली बार हीरो से सिटी बजवाई गाने में डायलॉग डालें।

**इस दौर का योगदान :**

1. 1930 से 1950 तक के संगीतकारो ने शास्त्रीय संगीत को जनता तक पहुंचा नौशाद, अनिल बिस्वास ने रागों को कोठी से निकलकर झोपड़ी तक पहुंचा दिया।
2. गीतों को कहानी का हिस्सा बनाया, गीतों को ऐसा बनाया की गीत हटा दो तो कहानी समझ ही ना आए प्यासा फिल्म का 'ये दुनिया अगर मिल भी जाए' गीत इस फिल्म को बिना इस गीत के सोचो आधी फिल्म गायब।
3. संगीतकार को इज्जत दिलाई मुगल-ए-आजम के पोस्टर पर नौशाद अली का नाम दिलीप कुमार से बड़ा था यह इज्जत जो आज ए.आर.रहमान को मिलती हैं उसकी नींव यही पड़ी थी।

**2. बदलाव और प्रयोग (1950-1980)-** 1960 आते-आते इंडिया बदल रहा था रेडियो पर बी.बी.सी, शहर में कैबरे, और युवाओं के हाथ में गिटार स्टूडियो के पुराने संगीतकारों से लोग बोलने लगे कुछ नया सुनाओ बस यही से शुरू हुआ प्रयोग का दौर।

**एस.डी. बर्मन-**आपको लोक और शास्त्रीय संगीत का पूल कहा जाता है, आपने बंगाल के बाउल और भटियाली को मुंबई की फिल्मों में इज्जत दिलाई, गाइड 1965 का गीत 'आज फिर जीने की तमन्ना' और 'गाता रहे मेरा दिल' एक ही फिल्म में दर्द भी मस्ती भी, आपकी खासियत थी कि आप कम इंस्ट्रूमेंट का प्रयोग करके भी अच्छा संगीत तैयार कर लेते थे और इसी विरासत में अपने बेटे आर.डी. बर्मन को भी तैयार किया।

**आर.डी. बर्मन (पंचम दा)-**अगर नौशाद ठहराव थे तो आर.डी.बर्मन तूफान थे। 'दम मारो दम' 1971 में रॉक, 'चुरा लिया' में गिटार, 'महबूबा-महबूबा में खाली बोतल को बाजवा देना' यह सब आपकी खासियत थी। रात के 2:00 बजे स्टूडियो बुलाकर आप गीत बनाते थे, 'यादों की बारात' फिल्म 1973 को लोग इंडिया का पहला पॉप एल्बम कहते हैं। पंचम दा ने कहा- सुर कहीं से भी निकल सकता है चाहे कांम्ब हो या ग्लास।

**लक्ष्मीकांत प्यारेलाल-**आपकी की जोड़ी ने बिना रुके 35 सालों तक हिट पे हिट फिल्में दी, करीब 750 से अधिक फिल्मों में अपने संगीत दिया जिसमें से कुछ प्रमुख है। अमर अकबर एंथोनी, कर्ज, राम-लखन आदि आपका सिग्नेचर था वायलिन और मंडोलिन का ग्रुप।

**इस दौर का योगदान:**

1. वेस्टर्न इंस्ट्रूमेंट गिटार, ड्रम्स, सैक्सोफोन फिल्मों में प्रयोग किया जाने लगा। 'आजा-आजा मैं हूं प्यार तेरा' बिना इन इंस्ट्रूमेंट के सोच ही नहीं सकते।
2. गीत फिल्मों से बड़े होने लगे तीसरी कसम फिल्म फ्लॉप हो गई पर 'सजन रे झूठ मत बोलो' आज भी अमर है। संगीत फिल्म को पार कर गया।

**3. नई आवाज नई टेक्नोलॉजी (1980-2010)**

**ए.आर.रहमान-**1990 का समय था हर घर में टीवी आ गया और कैसेट का जमाना था इसी दौर में साउथ से एक शांत सा लड़का मुंबई आया ए.आर.रहमान फिल्म 'रोजा' 1992 ने पूरा खेल बदल दिया। पहली बार सिंथ, तिल्लाना और कव्वाली एक ही गाने में सुनने को मिले, गीत 'छोटी सी आशा' में बच्चों की आवाज, 'ताल से ताल मिला' गीत में ताश के पत्तो की धुन। रहमान का कहना था 'स्टूडियो में घंटी नहीं सोच बजनी चाहिए।'

**जतिन-ललित-**फिल्म दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे, कुछ कुछ होता है। जैसी कई फिल्मों को आपने अपने संगीत से सजाया। 90 का प्यार इनके बिना अधूरा था और मंडोलिन आपके संगीत की जान थी।

**नदीम-श्रवण-** 90 के दौर में आपका संगीत काफी लोकप्रिय रहा, उस वक्त लगभग हर दूसरी फिल्म में आपका ही संगीत होता था। आशिकी, साजन, जैसी तमाम फिल्मों में आपने अपना सदाबहार संगीत दिया आलम यह था कि आशिकों की डायरी आपके ही गीतों से भरी होती थी।

**अनु मलिक-**बाजीगर से बॉर्डर तक आपने कई सुपरहिट फिल्मों में संगीत दिया 'संदेशे आते हैं' सुनकर आज भी लोगों की आंखें नम हो जाती है।

**शंकर-एहसान-लॉय-**फिल्म 'दिल चाहता है' 2001 से कॉलेज वाला सॉन्ग शुरू हुआ, गिटार, सैक्सोफोन और दोस्ती वाली मस्ती के गीतों ने लोगों को खूब झुमाया। फिल्म 'कल हो ना हो' के टाइटल ट्रैक ने लोगों को हंसते-हंसते रुला दिया। आपने फिल्म 'बंटी और बबली' में यूपी के फोक सांग को हिप हॉप बना दिया। इन तीनों ने बताया कि फिल्मी गीत-संगीत

अंकल नहीं, हम उम्र भी हो सकता हैं।

**प्रीतम–**2003 के बाद प्रीतम का दौर शुरू हुआ धूम, बर्फी, ए दिल है मुश्किल, 2000 के बाद सबसे ज्यादा चार्टबस्टर आपने ही दिए। आपकी खासियत यह थी कि आप हर फिल्म का मूड पकड़ लेते थे। फिल्म बर्फी में चौपलिन जैसा म्यूजिक, और फिल्म काकटेल में पार्टी म्यूजिक।

**इस दौर का योगदान:**

1. ए आर रहमान ने गीत 'जय हो' के लिए ऑस्कर और ग्रैमी दोनों अवार्ड जीते दुनिया ने माना इंडियन म्यूजिक सिर्फ सितार नहीं हैं।
2. अब गानें फिल्म से पहले हिट होने लगे, पहले फिल्म हिट होती थी फिर गाने लेकिन अब 'मुन्नी बदनाम' और 'शीला की जवानी' पहले ही वायरल हो गये और फिल्म बाद में देखी गई।

**4. बी.जी.एम और नई जुबान (2010–2026)–**2010 के बाद सी.डी खत्म और यूट्यूब पर ही गाने रिलीज होने लगे गाने रिलीज होने के पहले टीजर, लिरिकल और फिर पूरा वीडियो अब हिट होने का नया पैमाना बन गया, व्यूज जितने ज्यादा गाना उतना हिट।

इसी दौर में गायक अरिजीत सिंह फिल्म आशिकी–2, 2013 से हिंदी सिनेमा में आए और गीत 'तुम ही हो' से पूरी दुनिया पर छा गए। बिना डांस बिना आइटम नंबर सिर्फ दर्द, आज के समय में अरिजीत सिंह के चार अरब से ज्यादा स्ट्रीम है। आपकी आवाज में खरोच है जो तुरंत दिल में लगती है।

**अमित त्रिवेदी–**आप फिल्म देव–डी 2009 से इंडी साउंड फिल्मों में लाये, गीत 'इमोशनल अत्याचार' में ब्रास बैंड और 'लंदन ठुमक दा' में पंजाबी ढोल पर लोगों को खूब नचाया।

**विशाल–शेखर–**फिल्म 'अंजाना–अंजानी' से 'पठान' तक आपके संगीत की एक लंबी श्रृंखला है। जिसने लोगों का खूब मनोरंजन किया और आपके गीत 'बेशर्म रंग' ने बता दिया की कंट्रोवर्सी भी पब्लिक सिटी हैं। इस गीत ने भी काफी लोकप्रियता प्राप्त की।

**सचिन–जिगर, मिथुन, तनिष्क–**यह नई जनरेशन है और ऐसी जोड़ी है जिन्होंने एक ही एल्बम में सूफी,ई.डी.एम और रैप तीनों डाल दिया।

**बी.जी.एम बना नया हीरो–**पहले गीत याद रहते थे, लेकिन अब फिल्मों में बी.जी.एम भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। के.जी.एफ फिल्म का तूफान, एनिमल का पापा मेरी जान, पुष्पा का श्रीवल्ली इसी के उदाहरण है। बी.जी.एम पर रील बनती हैं। रवि बसरूर, संचित–अंकित बल्हारा जैसे नाम सिर्फ बी.जी.एम से सुपरस्टार बन गए, अब सिर्फ 15 सेकंड का हुक भी फिल्म चला देता है।

**निष्कर्ष–**हिंदी सिनेमा में भारतीय संगीतकारों का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। सन् 1931 में फिल्म आलम–आरा के सात गानों से लेकर 2025 में स्त्री–2 के बी.जी.एम तक हिंदी सिनेमा का संगीत एक नदी की तरह बहता रहा। कभी रागों का घाट, कभी रॉक का किनारा, तो कभी ई.डी.एम का समुंदर,पर यह धारा कभी नहीं टूटी और इस संगीत रूपी नदी का हर मोड़ बनाया एक संगीतकार ने।

हिंदी सिनेमा के भारतीय संगीतकारों ने ना सिर्फ राग, देसी गीत, भजन,कव्वाली, रॉक आदि को अपने संगीत के द्वारा घर–घर तक पहुंचाया बल्कि भारत को एक अलग सांस्कृतिक पहचान दिलाई। आज भी हर एहसास का एक गीत आपको कहीं ना कहीं किसी फिल्म में सुनने को मिल ही जाएगा। आज आधुनिकता के दौर में ए.आई गीत लिख देगा कल शायद गा भी देगा, पर जब तक इंसान को खुशी में नाचना है,और दु:ख में रोना है तब तक उसे एक इंसान चाहिए जो उस एहसास को सुर दे सके, और वह इंसान है हमारे संगीतकार।

इसीलिए अगली बार जब कोई गीत सुनकर आपकी आंखें भर आए या पैर खुद–ब–खुद थिरकने लगे तो एक सेकंड रुक कर उस संगीतकार को मन ही मन में धन्यवाद बोल देना। क्योंकि पर्दे पर नाच हम रहे है पर धुन उसने बनाई हैं।

**संदर्भ ग्रंथ सूची:–**

1. चटर्जी सुजॉय (2012) कारवां सिने संगीत का उत्पत्ति से स्वराज के विहीन तक 1931–1947, दिल्ली यश प्रकाशन।
2. झा मोहनानंद (2012) भारत के महान संगीतज्ञ, नई दिल्ली यश प्रकाशन।
3. शर्मा डॉ. इंदु 'सौरभ' (2006) भारतीय फिल्म संगीत में ताल समन्वय ,नई दिल्ली कनिष्क प्रकाशन।
4. शर्मा नवल किशोर, (2013) फिल्म संगीत का बदलता स्वरूप, जयपुर,राघव पब्लिकेशन एंड डिस्ट्रीब्यूटर।
5. भार्गव अनिल, भारतीय संगीत का इतिहास, (2016), जयपुर सिने साहित्य प्रकाशन।
6. इंटरनेट/विकिपीडिया

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LI (51), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# AI Governance and Constitutional Accountability in India: A Critical Analysis

**Rishabh Bhan Singh* Prof. (Dr.) Anand Paliwal****

*Research Scholar (Law) MLSU, Udaipur (Raj.) INDIA
** Department of Law, MLSU, Udaipur (Raj.) INDIA

**Abstract:**This paper examines whether India's current and emerging artificial intelligence governance frameworks satisfy the requirements of constitutional accountability under Part III of the Constitution of India. Employing a doctrinal and comparative methodology, the paper analyses the application of Articles 14, 19, and 21 — including the doctrines of non-arbitrariness, proportionality, and procedural due process — to algorithmic decision-making by the Indian State. It argues that the Constitution, as judicially elaborated through decisions including Justice K.S. Puttaswamy v. Union of India (2017) and Anuradha Bhasin v. Union of India (2020), provides a substantially adequate normative framework for governing AI, but that the existing regulatory architecture — comprising the Information Technology Act, 2000, the Digital Personal Data Protection Act, 2023, and non-binding policy instruments — is structurally inadequate to operationalise that framework. Drawing on comparative analysis of the European Union's AI Act and the United States' sectoral approach, the paper proposes constitutionally grounded reforms including comprehensive AI legislation, mandatory algorithmic impact assessments, an independent regulatory authority, and the judicial recognition of a constitutional right to explanation for consequential algorithmic decisions.

**Introduction -** The Indian State is deploying artificial intelligence across its core governance functions at a pace that substantially outstrips the development of any corresponding legal framework. The Aadhaar biometric authentication system, mediating access to food rations for approximately 800 million persons, relies on algorithmic deduplication and matching.[1] Facial recognition technology has been deployed by police forces in over thirty locations across India without specific statutory authorisation.[23] The Faceless Assessment Scheme in income tax administration incorporates algorithmic risk-scoring for case selection. The Supreme Court Portal for Assistance in Courts' Efficiency (SUPACE) introduces AI-assisted research into the judicial function itself. Each deployment engages constitutional commitments of the highest significance: equality, liberty, privacy, due process, and the rule of law.

This paper addresses a specific research question: does India's current AI governance framework satisfy the requirements of constitutional accountability derived from Part III of the Constitution? The thesis advanced is twofold. First, that the Constitution of India, as judicially elaborated through seven decades of sustained interpretive development, provides a substantially adequate normative framework for disciplining algorithmic state action — the doctrinal resources exist and need not be invented. Second, that what is lacking is the operational, statutory, and institutional architecture necessary to translate that doctrine into the governance of specific AI deployments. The gap between constitutional doctrine and operational governance constitutes the defining challenge of AI regulation in India. The methodology is doctrinal and comparative. The doctrinal component applies established constitutional tests — the classification doctrine and non-arbitrariness principle under Article 14,[4] the Shreya Singhal standard under Article 19,[5] and the proportionality framework under Article 21[6] — to the specific characteristics of algorithmic systems. The comparative component examines the European Union's AI Act[7] and the United States' sectoral approach as heuristic reference points. The paper does not argue for uncritical transposition of foreign models; it argues for the development of an Indian architecture grounded in Indian constitutional commitments.

**Theoretical Framework: AI Governance, Rule Of Law, And Constitutional Accountability:** Constitutional accountability, as deployed in this paper, denotes the obligation of the State to exercise public power — including algorithmic power — in a manner that is transparent, justifiable, and subject to effective review. It encompasses both vertical accountability (the answerability of the State to citizens through judicial and democratic mechanisms) and horizontal accountability (the mutual checks exercised by constitutional organs upon one another). When the State deploys an AI system that determines welfare eligibility, identifies criminal suspects, or modulates access to

information, constitutional accountability demands that the deployment be authorised by law, proportionate to a legitimate aim, and amenable to meaningful judicial review. Algorithmic governance generates distinctive challenges to constitutional accountability that the existing literature has identified with increasing precision. Pasquale's foundational analysis of the "black box" character of algorithmic systems demonstrates that consequential decisions are increasingly made through processes that are structurally opaque to those they affect.[8] Hildebrandt has argued that the "computational turn" in governance requires not merely the application of existing law to new objects but a structural reconfiguration of the law-technology relationship.[9] Citron has identified the concept of "technological due process" — the argument that constitutional safeguards must be embedded at the design stage of algorithmic systems rather than applied exclusively through post-deployment judicial review.[10] Balkin has examined how the rise of "big data" transforms the relationship between citizens and the State, arguing for fiduciary-like obligations on entities that control consequential data flows.[11]

